भूमिका।

जानकीवल्लभो जयति ॥ दो० ॥ सीताराघव कृपातन, प्रकट नमो गुरुदेव ॥ ज तरी आरोह नर, पार भवाब्धीखेव १ कवित्त ॥ राम सिया वेदतत्त्व नि सिधि भूविलास क्रम मन शरन क्षमाधमलौं बसि भूरि । तातीताप जोत शिव तात सर वास रामजसचारिनाश तमासमनसपूरि ॥ भूप भक्ति नदि रभस सेवत पारमेश आशनाशकाम जपू विदुषन भूरि । करम अ ज्ञान जन्म भूमि गुणधाम गुरु श्रीकृपालु राम नौमि पादपद्मधूरि २ दो श्रीमानन्दप्रकाश श्री, सीतायै रामाय ॥ नमो नमो संतत सतर, भवसारणाय ३ श्रीगुरु रामानन्दके, भये अनन्तानन्द ॥ गयादास तिनके भक्षेमीदास अमन्द ४ तिनके माधवदास भे, तिनके खोजीराम ॥ चतुसंज्ञा लिये, द्वारा प्रकटो जास ५ रामदास तिनके भये, तिनके भ हरिदाराम तिनके सु जैकृष्णदास भय तास ६ संतोषदास तिनके भये, ताह रघुनाथ ॥ पूर्णदास तिनके भये, ब्रह्मदास यशगाथ ७ श्यामदास तिनके, रामदास भे तास ॥ मन्दिर सुन्दर विरचिकरि, पञ्चवटीकृत वासके वैष्णवदासजी, तिनके सबगुणधाम ॥ कृपावारिधर स्वामि मम, विदिकीरेराम ८ अवधजन्म भू पूर्व बासि, दक्षिण मखको धाम ॥ कहौं स्वगुणापनो, जन्मभूमिको ठाम १० छन्द मात्रा सवैया ॥ पूर्व लखनऊते है यो जिला बाराबंकी नाम ॥ हीरानन्द पिता ग्रामाधिप डेहवा निकट मानपु ११ गुरू सोपि पितृव्यसवंशी ग्रामाधीश पाटमउ वास ॥ तिन मों पिलप्रीति यों दुइ तन प्रकट जीव यक खास १२ अष्टादश शत नब्बे शुचि पूनवको जन्म हमार ॥ ताछिनते गुरुदेव हमारे पिता मात लनहार १३ यद्यपि गुरु ऐश्वर्य ग्राममें सचिव सुभट शिविका रथ घोदपि सकल सुख त्यागि आश यक सीतारामभक्तिपथ ओर १४ अट्ठानवे रहसै में दैवयोग यक समै स्वग्राम ॥ वैष्णवदास स्वामि आये चलि म उठि किय दण्डप्रणाम १५ दै उपदेश कृपा बसि कछु दिन पुनि च अयोध्याधाम ॥ मों गुरु भजन करत अतिआनँद आठ वर्ष म १६ उनइससै षट संवत फाल्गुन बन्धु भार दै तजि जग आस ॥ हौं सँ रह्यो मोहिं लौटारे आपु सु कियो अयोध्यावास १७ पुनि द्वै वर्ष बादि गयनेउँ सेवा करत रह्यो गुरुपास ॥ तब दीन्हें उपदेश आशिषा भजनभावना बुद्धिप्रकाश १८ उनइससै चौदह संवतमें जब मम

पिता गये परधाम ॥ तबते आज्ञा पाय गुरुकी निश्चय वास रहे ाहि
ग्राम १९ उनइससै बत्तिस संवतमें श्रीगुरु हरिकरुणाबल आश ॥ ासी
कृत गीतावलि ऊपर मम कर टीका भयो प्रकाश २० पैंतिसमें यव न्थ
छन्दमय काव्यकल्पद्रुम भो निरधार ॥ भो भादउँ उनइससै अरतिस विः
तावलि को तिलक तयार २१ ऊनविंश शत अधिक बयालिस म शीर्ष
पूनव शशिवार ॥ गुरुकी कृपा रामसतसैयाभावप्रकाशिका भयो त । २२
माधवशुक्लपक्ष द्वितियाको उनइससै तेंतालिस पाय ॥ रामंसिय ोग-
पदावलि ग्रन्थ माधुरी पूरण भाय २३ अब श्रीरामचरित मानस ूषण
करि गुरुपद धरि माथ ॥ बुधि विद्या बलहीन दीनहौं पूरण करिय नकी-
नाथ २४ दो० ॥ रसिकलता अवलम्बहित, कल्पद्रुमसी तास ॥ सिय-
वल्लभशरण कहि, बैजनाथ पितु पास २५ ज्यों तुलसीतरुमूलकी, हो त्तिका
पोत ॥ त्यों तुलसीपद परस करि, मम वाणी उद्दोत २६ हरिपदछ । वेद-
वेद्य परपुरुष जबहिं श्रीदशरथलाल कहाये ॥ रामायणसौं कोटि स्वइ
वालमीकिमुनि गाये २७ यथा ॥ वेदवेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात । वेदः
प्राचेतसादासीत्साक्षाद्रामायणात्मनः ॥ तहाँ वेद कया कहते ऋग्वेदे
महावाक्यं यथा ॥ प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म ॥ अस्यार्थः ॥ तत्र प्रश उभयत्र
योज्यते तेन प्रकर्षं ज्ञानं प्रकर्षानन्दश्च अत्र ज्ञानानन्द साहचर्य
कस्मात् तत्रोच्यते ज्ञानं विना आनन्दस्याभावात् ज्ञानं विना वं सुख-
यति न दुःखं दुःखयति यथा विदेशे सति कस्यचित् गृहे पुत्रो ः कस्य-
चिन्मृतः तस्य ज्ञानं विना यस्य जातः तस्य सुखाभावः यस्तः तस्य
दुःखाभावः एवं ज्ञानमेव आनन्दकारणं भवति तस्मात् ानन्दयोः
साहचर्यं भवति, तत्र ज्ञानं द्विविधम्—एकं चैतन्यमात्रं ज्ञान कं बुद्धि-
ज्ञानं प्राप्त्यनुभवमात्रं चैतन्यज्ञानं प्राप्तेः पूर्वानुभावमात्रं बुद्धि चैतन्य-
ज्ञानं तु यथा पशूनां कीटपतङ्गादीनां शीतोष्णादिस्पर्शम जानन्ति
पशुपक्षिणां ज्ञातिविशेषेण भिन्नस्वभावः प्रकृतिज्ञानं यथा गोदयः पाल-
कवधिकादीनां शब्देन परीक्षणं कुर्वन्ति तत्केवलस्वभावज्ञानं बुद्धिज्ञानं
तु सुरासुरमनुष्यादीनां बुद्धेः परं ज्ञानं तु तुरीयं तदैश्वरं [illegible]
ज्ञानं त्रिविधं तत्र गीतायाम् ॥ मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेश्च परतस्तु सः ॥
एवमखण्डैकरसबाहुल्यभूतं प्रज्ञानं एवं ज्ञानेन सह आनन्दोयं विज्ञेयः
तत्तु रामचन्द्रे परब्रह्मणि उभयं नियतं यथा ॥ रमन्ते योगिनोनन्ते सत्या-

नन्दे चिदात्मनि । इति रामपदेनासौ परब्रह्माभिधीयते ॥ तत्ज्ञानानन्दयोरंशेन महाविष्णोरन्तरं प्रकाशते तदेव श्रीमन्नारायणस्यान्तरं प्रकाशते तदेव व्यूहानामन्तरं प्रकाशते तदेव सर्वेषां विभूनामन्तरं प्रकाशते तदेवोत्तरोत्तरं ब्रह्मविष्णुशिवादीनामन्तरं प्रकाशते तदेव इन्द्रादिदेवमनुष्याणामनन्तब्रह्माण्डानामन्तरं प्रकाशते विशेषेण स्वभक्तानामन्तरं प्रकाशते एवं प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म श्रीराम इति विज्ञेयं पुनः यजुर्वेदे महावाक्यं यथा ॥ अहंब्रह्मास्मि ॥ अस्यार्थः ॥ अहं १ ब्रह्म २ अस्मि ३ इति वाक्यत्रयं तत्र अहंकारस्तु सर्वेश्वरे स्वतन्त्रे सम्भवति तेन अहं सर्वस्य जगतो माता धाता पितामहः अहं सर्वेश्वरः अहं सर्वकर्ता अहं सर्वान्तर्यामी अहं मायाधीशः अहं बहुरूपधृक् अहं विराट् अहमधिपुरुषः ॥ मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥ यत्र अहंकारस्तत्र ममकारोपि सम्भवति तेन ममैव सर्वं दृश्यादृश्यम् । अहंसर्वस्वामी अहंसर्वोद्धारकः अहंसर्वाश्रयमतः परतरं नान्यत्किंचिदस्ति धनंजय सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ रामः सत्यं परंब्रह्म रामात्किंचिन्न विद्यते ॥ अहं रामः आदिपुरुषः रमणशीलः सर्वनायकः इत्याद्यहंशब्दार्थः एतत्सर्वं बृहति संभाति तेन अहं ब्रह्मसर्वप्रकाशकःसर्वव्यापकः इति ब्रह्मशब्दार्थाः अथ अस्मिशब्दार्थोविधीयते असमइ इति पदानि तत्र अकारोऽन्तर्यामिवाचकः सकारोजीववाचकः मकारः प्रकृतिवाचकः इकारोविद्याप्रकृतिवाचकः अथवा अकारःकैवल्यनित्यमुक्तजीवः सकारोमुमुक्षुजीवः मकारोबद्धजीववाचकः इकारःप्रकृतिवाचकः अथवा अः वासुदेवः सः अनिरुद्धः मः प्रद्युम्नः इःसंकर्षणः अथवा अःविष्णुः सः ब्रह्मा मः रुद्रः इर्महाविष्णुः अथवा अकारः पराभक्तिः सकारः प्रेमाभक्तिः मकारो नवधा इकारः उत्तमकर्मवाचकः अथवा अकारस्तुरीयावस्थावाचकः सकारः सुषुप्तिः मकारःस्वप्नः इकारोजाग्रदवस्था अथवा अकारोनामवाचकः सकारोरूपवाचकः मकारोलीलावाचकः इकारोधामवाचकः तेन रामस्य नामरूपं च लीलाधाम परात्परम् । एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दमव्ययम् ॥ इत्यादि ॥ अहंब्रह्मास्मि इति महावाक्यस्य ईश्वरःस्वरूपनिर्णयसमासेन अर्थोविधीयते पुनः सामवेदे यथा तत्त्वमसि इति महावाक्यम् ॥ अस्यार्थः ॥ तपत्दईश्वरवाचकः त्वंपदजीववाचकः असि इतिक्रियापदं तेन तत्कोर्थः तस्य ईश्वरस्य त्वमसि भवसि इत्यर्थः तेन जीवेश्वरयोरेव अनादिसम्बन्धः अथ वाक्यानां विशेषार्थमाह तत्पदंस्वतन्त्रकर्तृ ईश्वरवाचकः त्वंपदंनित्यमुक्तजीववाचकः

अकारोमुमुक्षुजीववाचकः सकारोबद्धजीववाचकः इकारोदैवीप्रकृतिवाचकः अथवा तत्‌इतिपदे तद्धाम तन्नाम तद्रूपं तल्लीला तेषामधिकारी त्वंपदवाच्यौ नित्यमुक्तौ भवतः अकारस्तु कैवल्यजीववाचकः सकारस्तु मुमुक्षुजीववाचकः इकारः प्रकृतिबद्धजीववाचकः अथवा तत्पदपदेनामरूपलीलाधामपूर्वकपरमात्मापरब्रह्म बुध्यते त्वंपदे नित्या मुक्ताः पार्षदादासीदाससखीसखादिरूपेण अकारः आह्लादिनीशक्तिवाचकः सकारःसंधिनीशक्तिवाचकः इकारः संदीपिनीशक्तिवाचकः अथवा तत्‌शब्दसच्चिदानन्दविग्रहवाचकः त्वंपदधामवाचकः अकारः समस्तवैभवभोगोपकरणवाचकः सकारः समस्तविहारवाचकः इकारः माधुर्यानन्दशक्तिवाचकः अथवा तत्पदश्रीमद्दशरथादिगुरुजनवाचकः त्वंपदश्रीमद्रामचन्द्रवाचकः अकारोबाल्याद्यनन्तलीलावाचकः सकारःशक्तिनित्यखण्डैकरतवाचकः इकारः सर्वसुखानन्दवाचकः तत्त्वमसि इति वाक्ये मुख्यत्वेन जीवानां सम्बन्धदर्शनं भवति तत्कोर्थः तस्य हे जीव ! त्वमसि तस्य कस्य इति पूर्वामर्षत्वं वर्तते तेन तस्य कस्य परात्परब्रह्मणः श्रीरामचन्द्रस्य मुख्यत्वेन ननु श्रीमद्रामचन्द्रे एव जीवानां मुख्यसम्बन्धः तत्र किं बीजं तत्र शृणु परात्परत्वात् भवति ननु परत्वं तु अर्थपञ्चकादौ भगवतो रूपस्य पञ्चधा उक्ता यथार्थपञ्चके परव्यूहौ च बाह्यान्तर्यामी ततः परम् । अर्चावतार इत्येवं पञ्चधा चेश्वरः स्मृतः ॥ अर्थात् जगत् उद्धार हेतु दयाकरि उत्तरोत्तर सौलभ्यता प्रकटत संते प्रभु पांच रूप धारण करे ताको कारण यह कि विषयलीन जीवनको दुःखित देखि किशोरीजीने श्रीकोशलकिशोरजीसों प्रीति समेत विनय करत भईं कि आपु करुणादयादि अनन्त गुणके खानि हैं परंतु सरकारकी सौलभ्यता छिपी है ताते सौलभ्यगुणको विशेष प्रकाश कीजिये तौ पामरभी जीव कृतार्थ होवै यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ स्वालीनान्मूर्च्छिताञ्जीवाञ्छून्यान्स्वाभीष्टसाधनैः । दृष्ट्वा मूलाख्यया देव्या प्रकृत्या प्रार्थितः प्रभुः ॥ सो वाणी सुनि प्रभु चतुर्व्यूहरूप प्रकट कीन्हें तब किशोरीजीने कहा कि यामें सौलभ्यता नहीं भई यथा ॥ चतुर्व्यूहं समाधत्त सृष्टिस्थित्यन्तकारणात् । न सुलभोसि सर्वेषां देवदेव जगत्पते ॥ तब प्रभु अन्तर्यामी रूप प्रकट ह्वै सबके अन्तर बसे तबहूं किशोरीजी कहें कि यद्यपि यह रूप सर्वत्र है परंतु सिवाय योगिनको और सबको सुलभ नहीं है तब प्रभु चतुर्भुजादि रूप प्रकटे तबभी सौलभ्यता न मानी तब प्रभु विभवरूप मत्स्यादि अवतार प्रकटे तबभी किशोरीजी सुलभता न मानी तब रङ्गदेवादि

स्वयं व्यक्तादि अर्चारूप प्रकटे तब किशोरीजीने कहा कि सिवाय सुकृतिनको और सबको सुलभ नहीं है तब प्रभुने कहा कि अब सुलभता आपु कहैं सो मैं करौं तब किशोरीजीने कहा कि बिना सजाती मिले सरस सनेह जीवनको नहीं होता है अरु देवतादि विग्रहमें सनेहकी विचित्रता नहीं है अरु जो विष्णुके रूप मनुष्याकार होवै तौ कल्पित मनुष्यत्व है यथा वामनादि तिनकी कीर्तिहू परमविचित्र नहीं ताते श्रीसाकेतविहारीरूप मनुजाकार आपही प्रकृति मण्डलमें युगलकिशोर परिकर समेत प्रकट ह्वै विचित्र चरित्र करैं तौ सबको सुलभ होइ तब साकेतविहारीजी नाम रूप लीला धाम चारिहू नित्य परिकर समेत अवतीर्ण भये तिनको कोऊ मतिमन्द कहै कि प्रथम देवाकार रहैं अब भक्तन हेतु मनुजाकार भये हैं सो असम्भव है काहेते कोशलकिशोरजी सदा ऐसेही हैं यह रहस्य ब्रह्मादिकन को दुर्लभ है सो विना प्रभुकी कृपा कोऊ कैसे जानिसकै अरु जो रावणादिवध नरदेह कपटमय सो होता तौ इन्द्रादि देवता नरदेह धरि सहजही मारिडारते अरु विष्णु भी देवताही रूपहैं याते नित्य मनुजाकार जो परब्रह्महैं तिनहींके कर रावण का वध है पुनः सरकार आपही ब्रह्माजी से कहैं कि हम मनुष्य दशरथात्मज राम हमारा नामहै यथा ॥ आत्मानं मानुषं मन्ये रामं दशरथात्मजम् ॥ यह प्रभुकी पूर्वप्रतिज्ञाहै याते नित्य द्विभुजरूप सूचित करे तिनको नाम रूप लीला धाम नित्यपरात्पर है सो केवल जगत् के उद्धारहेतु प्रकट भये ताके आदि कारण मनु शतरूपा हैं ताते वही श्रीरामनाम वही रामरूप वही अयोध्याधाम वही रामायणादिलीला सो आचार्यन द्वारा प्रकट भई प्रथमाचार्य श्रीमन्नारायण श्रीरामतत्त्व प्रणवमय उपदेश करे ताको सिद्धान्त श्रीराम नाम है तब सब वेदमय रामतत्त्व श्रीब्रह्माजी नारदादिकनको उपदेश किया ताको सिद्धान्त प्रणवहै पुनः नारदजी श्रीरामतत्त्व वाल्मीकिजी को उपदेश किया ताको सिद्धान्त गायत्री बीजरूपहै पुनः ब्रह्मा नारदको संवाद शिवजी प्रथम पार्वतीजीको उपदेश किया यथा महेश्वरतन्त्रे महादेव उवाच ॥ शृणु देवि प्रवक्ष्यामि गुह्यानां गुह्यमुत्तमम् । ब्रह्मनारदसंवादं महापातकनाशनम् ॥ ब्रह्मोवाच ॥ नारायणमुखोद्गीर्णं प्रोच्यते यच्छ्रुतं मया । ततः किंचित् प्रवक्ष्यामि शृणु ब्रह्मन् महाऋषे ॥ चिन्मयानन्दसारात्मानन्तमाधुर्यविग्रहः । परिपूर्णतमं ब्रह्म स्वयं रामः सनातनः ॥ पुनः स्वप्नमें विश्वामित्रजी को उपदेश किया सोई श्रीरामरक्षारूप अंकुरहै सोई वाल्मीकिजी प्रतिअक्षर गायत्री

के चौबिस हजार किया ताहीते पुनः सौ करोरि किया पुनः शंकर, भुशुण्डि, याज्ञवल्क्य, व्यासादि अनन्त श्रीरामचरित गान करैं तहां प्रथम सत्ययुग में वेद उपनिषदमय श्रीरामतत्त्व रहे सो अन्न ऊखसम यद्यपि वाके अन्तर स्वादहै तथापि कठिनताते प्राप्त होवैगी पुनः त्रेतामें आचार्य संहितादि रामतत्त्व कहे सो पिसान, चाउर, दालि, इक्षुरस सम तबहूं सुगम स्वाद नहीं पुनः द्वापरमें पुराणादिकनमें श्रीरामतत्त्व आचार्यलोग कहे सो बनी रसोई शक्करसम यद्यपि स्वादप्रकट तथापि वक्तारूप परोसनहार विना स्वाद नहीं मिलिसकत अब कलियुगमें गोसाईंजी भाषामय रामतत्त्व वर्णन किया सो परोसी व्यञ्जनमय थारीहै केवल अभ्यासमात्र भोजन करनेहीमें स्वाद सबहै तहां जाति विद्यादिमत मदिरापान करि जे मदान्धहैं ते भाषाको निरादर करते हैं ताको यह उत्तर है कि यथा अन्न है सो विना व्यञ्जन बनाये कोऊ स्वाद नहीं पावत तथा संस्कृतभी भाषामें वक्ता सुनावते हैं तबै सब स्वाद पावत पुनः यथा जगन्नाथजीको महाप्रसाद तथा तुलसीकृत भाषा सबको पावन मुक्तिदायक है साङ्गलीला यथा दो० ॥ कीरति सुयश प्रताप गुण, रामचरितके अङ्ग ॥ सो ऐश्वर्य मधुर्य मिलि, त्रैलीलाके ढङ्ग १ अस्तुति करि वा दानदै, नाम सुकीरति जान ॥ लङ्क विभीषणको दये, मुनि जन करि सनमान २ धर्म नीति बल बाहुते, प्रकटत यशकी धारि। अभय किये सब लोकपति, खल रावणको मारि ३ यश कीरति सुनि रिपु डरै, ताको नाम प्रताप ॥ भृगुपति गति तिय तरण सुनि, खल नृप भगे सवाप ४ चाहत व्यापक वशिकरण, जगप्रशंसगुण सोइ ॥ विभु प्रेरक मोहन शरण, पाल शीलनिधि होइ ५ प्रकट विभव ऐश्वर्यमय, लीला कोशलपाल ॥ अति समर्थ प्रभु गीधको, मुक्ति दई तत्काल ६ छवि क्रीड़ा माधुर्य है, लोकरीति निजगोत ॥ मधुरबैन शोभा निरखि, जन मारग वश होत ७ ऐश्वर्यहु माधुर्यलै, मिश्रित लीलामोद ॥ ज्यहिविधि ध्यान न पावहीं, त्यहि रानी लिय गोद ८ तीनि भांति लीला सगुण, गायक चारि विधान ॥ मागध वन्दी सूत अरु, अर्थी चौथ प्रमान ९ मागध मधुरी कीर्तिको, ऐश्वर्य वन्दि प्रताप ॥ पौराणिक मिश्रित यशै, सब गुण स्वाराथि आप १० त्रैलीला कीरति सुयश, गुणगणसहित प्रताप ॥ सबको वर्णन जासुमें, रामचरित त्यहि थाप ११ अथ वार्त्तिक ॥ प्रथम पौराणिक भावकरि श्रीगोसाईंजी श्रीरामचरितमानस वर्णन करयो पौराणिकभाव यथा ॥ कहौं रामकी कथा सुहाई। सादर सुनहु

सुजन मनलाई ॥ तहां श्रेष्ठवक्ता अधिकारी करे यथा ॥ रामचरित मुनिवर्य बखानी । सुनी महेश परमहित मानी ॥ पुनः ॥ याज्ञवल्क्य जो कथा सुहाई । भरद्वाज मुनिवर प्रति गाई ॥ पुनः ॥ सुनु शुभकथा भवानि, रामचरितमानस विमल ॥ कहा भुशुण्डि बखानि, सुना विहगनायक गरुड़ ॥ अथ ऐश्वर्यलीला यथा ॥ दिखरावा निज मातहि, अद्भुतरूप अखण्ड । रोमरोम प्रति राजहीं, कोटिकोटि ब्रह्मण्ड ॥ माधुर्य यथा ॥ धूसरधूरिभरे तनु आये । भूपति बिहँसि गोद बैठाये ॥ अथ मिश्रितलीला यथा ॥ गुरु गृह गये पढ़न रघुराई ॥ इति माधुर्य ॥ जाकी सहज श्वास श्रुति चारी ॥ इति ऐश्वर्य ॥ सो प्रभु पढ़ यह कौतुक भारी ॥ इति मिश्रित ॥ निजनिज रुचि सब लेहिं बुलाई । सहित सनेह जाहिं द्वौ भाई ॥ इति माधुर्य ॥ निमिषमात्रमहँ भुवननिकाया । रचै जासु अनुशासन माया ॥ इति ऐश्वर्य ॥ भक्तहेतु स्वइ दीनदयाला । चितवत चकित धनुषमखशाला ॥ इति मिश्रित ॥ दानते कीर्ति यथा ॥ मुनि आगमन सुनत रघुनाथा ॥ अरु ॥ राम कस न अस कहहु तुम, हंसवंस अवतंस ॥ इति पुनः दानते कीर्ति यथा ॥ सो सम्पदा विभीषणहिं, सकुचि दीन्ह रघुनाथ ॥ पुनः यश यथा ॥ रिपु रण जीति सुयश सुर गावत ॥ पुनः प्रताप यथा ॥ जबते रामप्रताप खगेशा ॥ अरु ॥ मांगे वारिद देहिं जल, रामचन्द्र के राज ॥ पुनः गुण यथा ॥ जहँ तहँ नर रघुपतिगुण गावहिं ॥ अरु ॥ भजहु प्रणतप्रतिपालक रामहिं । शोभा शील ज्ञान गुणधामहिं ॥ अरु ॥ नाम रूप धाम लीलादि परात्परहै यह यहि ग्रन्थको सिद्धान्त है नाम यथा ॥ राकारजनी भक्ति तव, रामनाम स्वइ सोम । अपरनाम उडुगण विमल, बसहु भक्त उर व्योम ॥ पुनः रूप यथा ॥ शम्भु विरञ्चि विष्णु भगवाना । उपजहिं जासु अंशते नाना ॥ पुनः ॥ लीला यथा ॥ विधि हरि शम्भु नचावनहारे । तेउ नहिं जानहिं मरम तुम्हारे ॥ पुनः धाम यथा ॥ अवध सरिस प्रिय मोहिं न सोऊ ॥ पुनः प्रयोजन यह कि विना भक्ति जीवको कल्याण नहीं यथा ॥ भक्तिहीन विरञ्चि कि न होई ॥ इत्यादि मानसरामायण कुल रामचरितको रोज़नामा तहां गोसाईंजीके अपरग्रन्थ सो सब खातास्थाने हैं यथा कीरति माधुर्य लीलाको खाता गीतावलीहै प्रताप, ऐश्वर्य, लीलाको खाता कवित्तावली है गुणनको खाता विनयपत्रिकाहै नीति, कर्म, ज्ञान, भक्ति को खाता रामसतसई है चरितनको सूचीपत्र छन्दावली है विरुदावली को खाता छप्पैरामायण है शोभाको खाता बरवारामायण वैराग्यको खाता

मङ्गलको खाता जानकी-
वैराग्यसंदीपिनीहै चातुर्यताको खाता अङ्कावलीहै
मङ्गलहै रक्षाहेतु हनुमान्बाहुकहै प्रश्नहेतु रामशलाका है सतसई ते कछु
दोहा लैकै दोहावलीहै कुण्डलियारामायण इत्यादि सब मानस के अङ्ग हैं
ताते यह ग्रन्थ अगाधहै याकी बहुत संदेहैं अपर ग्रन्थनते मिटती हैं यथा॥
इति संदेह गीतावलीमें निवृत्त यथा ॥ जो हौं
चले प्रभञ्जनसुत बलभाषी ॥ चन्द्रमहि निचोरि चैल जिमि आनि अमी शिर
प्रभु रजाय करि पावों । तौ
नावों । इत्यादि ॥ पुनः ॥ कहा अनुजसन सैन बुझाई ॥ इति संदेह बरवैमें
निवृत्त यथा ॥ वेदनाम गनि अँगुरिन खण्डि अकास । पठयो शूर्पणखाहि
लषणके पास ॥ भये कुमार जबहिं सब भ्राता।दीन्ह जनेऊ गुरु पितु माता॥
आयुवर्ष संदेह छन्दावलीमें निवृत्त ॥ ग्यारह वर्ष के राम भये जब । बोलि
वशिष्ठ उपनयन दये तब ॥ इत्यादि अनेकन हैं ॥ इति भूमिका समाप्ता ॥

अथ मङ्गलाचरणम् ।

उदधितीर्णगिरिर्दिशताद्वचः प्रभवति स्वयशोविवृतौ वचः ॥
न मम यत्र स्वसज्जनहृद्वचाः कुसुतया सहितः स स सद्वचाः १

रामवेदनिधिभूविक्रमसर । माधवसिता तीज शशिवासर ॥ रामचरित
मानस भूषनवर । भवतमेशनासजपूषनकर ॥ यह चौपाई प्रथम कवित्त गुरु-
पदवन्दनामें गर्भित है कवित्त ॥ धाम धरिया स्वरूप कुन्दन सुकृति दारु
अनलानुराग प्रेमफूकसो तचत हौं । धीरता निहाय धी हथौरि साधुमत
चोट ढारि भावलीलामय नखासको खँचत हौं ॥ मञ्जनपुराणश्रुति ओपि
जटि नामरत्न ताहिकी प्रकाश मोहतम सो बचत हौं । गिरा सूत्रपुहित
सुहावनि सुग्रन्थ साथ वैजनाथ राम यश भूषण रचत हौं १ काय वच
मानस हिये न आश राग रोष मगन प्रभास्वरूप मान तजि एक रस ।
भूतद्रोह मित्र शत्रु जाति मान ये न होहि तमसपथै न भूलि बहुरि न चख
वस ॥ यातुधान नर सुरक्यैन भूललोकजाल करमसमान फल तापशीरये
तनस । हीयत्यागि मो हियाह श्रीपदाब्जसीय चाह ताहि दीजिये निशाह
नवल नमोनमस २ शीलवन्त तेजवन्त शाश्वत सुयशवन्त कृत दीनपाल
सबलायक मयनवार । जानि मन नयकृत कीरति अवधिगुण ललित प्रभाव
पुंज यज्वन अचलकार ॥ महाधर्मधुरिनके रक्षकहौ प्रजापाल सन्तजननलिन
के वन हरदश्वचार । नामरूप यश धाम श्रीउदार राघवेन्द्र मांरक्षणाय
अक्ष को न सो छमासँभार ३ ॥ इति मङ्गलाचरणम् ॥

Giri Raj Kishore Bakhshi Murar (Shahabad Behar)
& (A) Faizabad
Mohalla Lalbagh U.P.

श्रीगणेशाय नमः ॥

गोस्वामितुलसीदासकृत

रामायणबालकाण्ड

बैजनाथकृतटीकासमेत ।

वर्णानामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि ॥
मङ्गलानां च कर्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ १

अथ श्लोकार्थः ॥ वाणीविनायकौ तावहं वन्दे कथंभूतौ वाणीविनायकौ वर्णानां च पुनः मङ्गलानां कर्तारौ कथंभूतानां वर्णानां अर्थसंघानां पुनः कथंभूतानां वर्णानां रसानां पुनः कथंभूतानां अपीति निश्चयेन छन्दसां इहां प्रथम काव्यको लक्षण वर्णन करतेहैं दोहा ॥ दोषरहित शब्दार्थ रस, छन्दसहालङ्कार । गुणभूषित सबही प्रिया, काव्युत्तम सविचार ॥ यथा शब्द अर्थ रस छन्दादि दूषण रहित होय अरु अलङ्कार अरु गुणनकरिकै भूषित होय अरु सबको प्रिय लगै सो उत्तम काव्य है लहां कटुकर्णादि शब्ददोष प्रातिकूलाक्षरादि वाक्यदोष इति वर्णदोष है पुनः इवशब्दार्थ कष्टार्थ पुनरुक्तादि अर्थदोष है पुनः भावाभास रसाभास रस वा भावादिको प्रसिद्ध नाम कहिना इत्यादि रसदोष है पुनः अगन दग्धाक्षर तुकान्त छन्दोभङ्गादि छन्ददोषहै इत्यादि करिकै रहित होइ पुनः उपमादि अलङ्कार ओजादि गुणन करि भूषित अमलयश कीर्ति युक्ति सहित सरल अर्थ सो उत्तम काव्य है सोई उत्तमता हेतु गोसाईंजी वाणी विनायक को वन्दना करते हैं काहेते काव्य के यावत् दोष हैं तिनको निवारण करि विचित्र काव्य की करनहारी

सरस्वतीजी हैं अरु विक्षेपादि जो विघ्न हैं तिनको निवारण करि आनन्द सहित काव्य पूर्ण होना इत्यादि मङ्गलकर्ता गणेशजी हैं तहां सरस्वतीजी सों यह प्रार्थना है कि वर्णनको अर्थ साथ कहिबेते वर्णमैत्री आदि शब्द सुन्दर कीजे युक्ति सहित अर्थ कीजे पुनः शृङ्गारादि जो नवरस हैं ते विभावानुभाव संचारी स्थायी करि पूर्ण अङ्ग कीजे पुनः चौपाई आदि जो छन्दें हैं सो निश्चय करिकै उत्तम कीजे काहेते स्वरूपवत् प्रथम छन्दही देखात पुनः गणेशजी से प्रार्थना की आद्यन्त निर्विघ्न निवाहिये अथवा मङ्गलके कर्तार श्रीरामनामके जो दोऊ वर्ण हैं तिनहिं वन्दना करते हैं कैसे हैं वर्ण वाणीके विशेषि नायक हैं कौन वाणी वर्णार्थसहित रस निश्चय करि छन्दनकी वाणी काहेते जानिये कि वाणी के नायक हैं रकारकी रेफ मकारकी अनुस्वार सर्व वर्णनके शीशपर विलसत यथा महारामायणे ॥ निर्वर्णं रामनामेदं केवलं चाक्षराधिपम्। छत्रं मुकुटश्च सर्वेषां मकारो रेफ एव हि ॥ सो रेफ अरु अनुस्वार या श्लोकमें आदिही शब्दते विचारि देखो सब रेफ अनुस्वारही देखात ताते श्रीरामनामही को मङ्गलाचरण है १ ॥

भवानीशङ्करौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ॥
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम् २

भवानीति भवानीशङ्करौ अहं वन्दे श्रीपार्वती अरु शिवजी को वन्दना करते हैं कैसेहैं दोऊ श्रीरामनाम बिषे श्रद्धारूप भवानी है यथा ॥ सहसनाम सम सुनि शिववानी। जपि जेईं पियसङ्ग भवानी ॥ पुनः श्रीरामनाम बिषे विश्वासरूप है शङ्कर सो श्रद्धाविश्वास कैसे है याभ्यां विना जिन विना श्री रामनामकी सिद्धि अरु स्व कहे आपने अन्तःकरणकमल में स्थित जो श्रीरामरूप सो दोऊ श्रद्धा विश्वास विना नहीं देखात यथा श्रद्धा विश्वास को सङ्ग तथा भवानी शङ्करको सदा संयोग यथा रामनामरूपकी प्राप्ति हेतु श्रद्धा विश्वास है तथा रामतत्त्वके अधिकारी भवानी शङ्कर हैं याहूमें राम नामहीको प्रचार जानिये २ ॥

वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शङ्कररूपिणम् ॥
यमाश्रितो हि वक्रोपि चन्द्रः सर्वत्र वन्द्यते ३

वन्देति नित्यही बोधमय कहे पूर्णज्ञान है जिनके ऐसे श्रीगुरुको वन्दत हौं कैसेहैं शङ्कररूपहैं कैसेहैं शङ्कर जेहि आश्रित ह्वै निश्चयकरि वक्र कहे

टेढ़ा चन्द्रमा सोऊ सर्वत्र वन्दितहै यामें रामनाममें विश्वासकी दृढ़ता देखावत यथा ॥ राहिरदै अरु ग्रावदन, विधुहि धरे ज्यहिभाल । तुलसी पूरणनाम बल, गहे कालके काल ॥ अर्थात् नामहीको सम्बन्धी जानि चन्द्रमा को शीशधरे तहां राम यह उच्चारणमें शुद्ध लिखनेमें शुद्ध स्मरणमें शुद्ध पुनः चन्द्र यह जो शब्दहै सो लिखनेमें टेढ़ा उच्चारणमें टेढ़ा सोऊ नामके सम्बन्धते शिवजी शीश धरे सो रूपभी टेढ़ा ऐसा नाममें दृढ़ विश्वास शिवजी में देखि टेढ़े चन्द्रमाको भी सब वन्दना करते हैं तहां यथा राम नाममें विश्वासरूप शङ्करहै तथा शङ्कररूप गुरु श्रीरामनामके बोधमय है भाव औरनके मुखते सुनि काहूको बोध नहीं होत अरु वही रामनाम गुरुमुखते सुनि सबको बोध होत पुनः रामनामपक्षते गुरु कौनो मन्त्र उपदेश करै ताको सब वन्दना करत इहां तक नामका प्रचार है ३ ॥

सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिणौ ॥
वन्दे विशुद्धविज्ञानौ कवीश्वरकपीश्वरौ ४

अब लीला अरु धाम कहत ताके अधिकारिनको वन्दत यथा कवीश्वर वाल्मीकिजी कपीश्वर हनुमान्जी तिनहि वन्दतहौं कैसे हैं दोऊ विशुद्धविज्ञानौ विशेषि शुद्धरूप हैं वाल्मीकिजी अरु विज्ञानरूप हैं हनुमान्जी पुनः कैसे हैं सीतारामके गुणग्राम पुण्यारण्यके विहार करनेवालेहैं गुण पुण्यमय जो सीतारामजी की लीला ताके विहार करनेवाले हैं वाल्मीकिजी अर्थात् रामचरित शतकोटि निर्माण कीन्हे औरको चरित एक अक्षर नहीं कीन्हे पुनः अयोध्या मिथिलादि जो ग्राम कहे सीतारामजी के धाम पुनः चित्रकूट दण्डक पञ्चवटी आदि जो आरण्य हैं तहांके विहार करनेवाले श्रीहनुमान्जी हैं अर्थात् जहां रामधाम तहां सदैव हनुमान्जी को रूप रहत तहां नामके अधिकारी जानि शिव पार्वती को वन्दना करै लीलाके अधिकारी जानि वाल्मीकि को वन्दना करै धामको अधिकारी जानि हनुमान्जी को वन्दना करै ४ ॥

उद्भवस्थितिसंहारकारिणीं क्लेशहारिणीम् ॥
सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोहं रामवल्लभाम् ५

अब रूपको अधिकारी जानि श्रीजानकीजी की वन्दना करते हैं रामवल्लभां सीतां अहं नतः सदा वामभागमें आसीन है जिनको वियोग सरकार

अर्धनिमेष नहीं सहिसकते हैं ऐसी रामवल्लभा कहे प्राणप्रिया श्रीजानकीजी तिनहिं नत कहे नमस्कार करता हौं कैसी हैं श्रीजानकीजी जो लोक परलोकादि सर्वप्रकारकी श्रेय जो है कल्याण ताकी करणहारी हैं अर्थात् सम्पत्तिरूप लोकमें कल्याण करत भक्तिरूप परलोकमें कल्याण करत पुनः कैसीहैं क्लेशकी हरणहारी हैं सोई सम्पत्तिरूप लोकको क्लेश हरत भक्तिरूप परलोकको क्लेश हरत पुनः कैसी हैं श्रीजानकीजी उद्भव जो लोककी उत्पत्ति स्थिति जो पालन संहार जो प्रलय ताकी करणहारी हैं अर्थात् प्रभुको रुख पाय आपनी शक्तिते लोकनको उत्पत्ति पालन संहारादि करती हैं यह श्लोक श्रीरामतापिनीकी एक ऋचा है यथा ॥ श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी । उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् ॥ सा सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता । प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः॥ तहां उत्पत्त्यादि करणहारी कहि ऐश्वर्य कहे क्लेशहारिणी कहि क्षमावान् कहे श्रेय करणहारी कहि दयावान् कहे रामवल्लभा कहि यह सूचित करे कि श्रीरामरूप इनहीं के आधीन है यथा अगस्त्यसंहितायां श्रीमुखवाक्यं शङ्करं प्रति ॥ आह्लादिनीं परां शक्तिं स्तूयाः सात्त्वतसम्मताम् । तदाराध्यस्तदारामस्तदाधीनस्तया विना ॥ तिष्ठामि न क्षणं शम्भो जीवनं परमं मम ॥ ताते श्रीजानकीजी की कृपा विना श्रीरामरूप की प्राप्ति नहीं होसक्ती है यथा अगस्त्यसंहितायाम् ॥ यावन्न ते सरसिजद्युतिहारिपादे न स्याद्गतिस्तरुनवाङ्कुरखण्डिताशे ॥ तावत्कथं तरुणिमौलिमणे जनानां ज्ञानं दृढं भवति भामिनि रामरूपम् ५ ॥

यन्मायावशवर्त्तिविश्वमखिलं ब्रह्मादिदेवाः सुरा
यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलं रज्जौ यथाहेर्भ्रमः ॥
यत्पादप्लव एक एव हि भवाम्भोधेस्तितीर्षावतां
वन्देहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम् ६

अब रूपको वर्णन करि वन्दना करत श्रीरामकरि आख्य कहे प्रसिद्ध जो रूपहै ताहि मैं वन्दना करतहौं कैसाहै श्रीरामरूप अशेष कारणते परेहै कारण काको कहीं लोकनकी उत्पत्तिको आदिहेतु प्रकृति जाके सङ्गते ब्रह्मकी आत्मदृष्टि भूलि जीव भयो आशामें बद्ध भयो तब बुद्धि भई तब असत् वासनामें बँधो तब अहङ्कार भयो ताते जीवमें विषमता आई सो अहङ्कार

तीनि भांति यथा सात्त्विक अहङ्कारते दशेन्द्रिय मनु भयो राजस अहङ्कारते इन्द्रिनके देवता भये अरु तामस अहङ्कारते शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि सूक्ष्मभूत ताते आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी क्रम सो भयो इत्यादि स्थूलशरीर विषयसङ्गते काम भयो कामना नाश भये क्रोध भयो ताते मोहान्ध ह्वै बुद्धि नष्ट भई तब विषयीजीव ह्वै गयो इत्यादि जो अशेष कारण आदिप्रकृतिहै ताते परेहै श्रीरामरूप अर्थात् प्रकृतिगुण जा रूपमें छुइ नहीं जात आनन्दरूप स्वतन्त्र सदा अचल एकरस है यथा ॥ रामो न गच्छति न तिष्ठति नानुशोचत्याकाङ्क्षते त्यजति नो न करोति किञ्चित्। आनन्दमूर्तिरचलः परिणामहीनो मायागुणाननुगतो हि तथा विभाति ॥ काहेते सदा स्वतन्त्रहै सर्व रूपनते परेहै जिनकी इच्छाते अनेक भगवत्रूप लोकनको कार्य करिरहे हैं यथा ॥ शम्भु विरञ्चि विष्णु भगवाना। उपजहिं जासु अंशते नाना ॥ पुनः सदाशिवसंहितायाम् ॥ महाशम्भुर्महामाया महाविष्णुश्च शक्तयः। कालेन समनुप्राप्ता राघवं परिचिन्तयत् ॥ पुनः कूर्मपुराणे ॥ मत्स्यः कूर्मो वराहो नरहरिरतुलो वामनो जामदग्निः सभ्राता कंसशत्रुः करुणमयवपुर्म्लेंक्षिविध्वंसनश्च ॥ एते चान्येपि सर्वे तरणिकुलभवो यस्य जाताः कलांशैस्तं व्याप्तं ब्रह्मतेजं विमलगुणमयं रामचन्द्रं नमामि ॥ पुनः श्रुतिः ॥ यस्यांशेनैव ब्रह्माविष्णुमहेश्वरा अपि जाता महाविष्णुर्यस्य दिव्यगुणाश्च स एव कार्यकारणयोः परः परमपुरुषो रामो दाशरथी बभूव ॥ पुनः कैसेहैं श्रीरघुनाथजी मायाके वशमें वर्तमान सबहै को सब विश्व जो संसार अखिल कहे सम्पूर्ण अर्थात् यावत् विषयी जीव हैं पुनः ब्रह्मा आदि देवता अर्थात् मुक्तजीव पुनः असुर जोहैं दैत्य अर्थात् विमुख जीव भाव मुक्त विषयी विमुक्त सब प्रभुकी मायाके वशमें हैं तहां प्रभुकी आज्ञाते श्रीभ्रूलीलादि जो तेंतिस शक्ति हैं तेई लोकनके सब कार्य करती हैं यथा महारामायणे ॥ स्वे स्वे कार्ये रताः सर्वाः शक्तयः त्रीणि त्रिंशतीः। यस्मिन्काले भवेद्यासां सीतारामानुशासनम् ॥ तस्मिन्कालेषु कुर्वीत सर्वकार्यमशेषतः ॥ पुनः कैसेहैं जिन श्रीरघुनाथजी की सत्यताते मृषा जगत् सोभी मोह सहायताते निश्चय करिकै सत्यही भासत कौन भांति यथा सर्पकी सत्यताते मिथ्या रज्जु नाम रस्सी तामें तमसहाय ताते सर्पही भासतहै अर्थात् कारणरूप जो माया तेहिकृत त्रिगुणात्मक जो लोकनको रचना कार्यरूप है ताके अन्तर भगवत् की सत्यता है ताहीते लोकभी सत्य भासतहै सो ब्रह्मादि सब

Imp

V.V. Imp.

VV Imp

जाके वश परे बूड़त तौ अथाह है सोई संसारसागरको कोऊ पार जावा चहै ताकी दूसरी उपाय नहीं श्रीरघुनाथजी के पादारविन्द एक निश्चय करिकै जहाजहै अर्थात् जो भवसागर पार जावा चहै सो श्रीरघुनाथजी के चरणारविन्दनकी शरण गहै विना शरणागति जीवको कल्याण नहीं यथा ॥ हिमते अनल प्रकट बरु होई। विमुखराम सुख पाव न कोई ॥ पुनः सत्योपाख्याने ॥ विना भक्ति न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते। यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिश्च राघवे । इहांतक नाम लीला धाम रूपादिको अधिकारिन सहित वन्दना कीन्हे ६ ॥

नानापुराणनिगमागमसम्मतं य-
द्रामायणे निगदितं क्वचिदन्यतोपि ॥
स्वान्तःसुखाय तुलसी रघुनाथगाथा
भाषानिबन्धमतिमञ्जुलमातनोति ७

अब काव्य को प्रयोजन कहत यथा मैं जो तुलसीदास सो श्रीरघुनाथजी की गाथा जो कथा ताको आतनोति नाम विस्तारते कहत हौं कैसी है कथा भाषानिबन्धहै भाषा यथा ॥ संस्कृतं प्राकृतश्चैव सूरसेनं च मागधी ॥ फारसीमपभ्रंशं च भाषायां लक्षणानि षट् ॥ सो कैसी भाषा है अति मञ्जुल नाम उज्ज्वलि अर्थात् देशनकी सुन्दरी भाषा जो प्रसिद्ध है कौन संमत लैकै भाषा है नाना पुराण यथा ॥ ब्रह्म, ब्रह्माण्ड, वामन, ब्रह्मवैवर्त, मार्कण्डेय, भविष्य ६ इति राजसी है नारदीय, विष्णु, वाराह, गरुड़, पद्म, भागवत ६ इति सात्त्विकी है मीन, कूर्म, लिङ्ग, शिव, स्कन्द, अग्न्यादि ६ तामसी है पुनः उपपुराण यथा सनत्कुमार, नरसिंह, स्कन्द, दुर्वासा, आश्चर्य, नारद, कपिल, मानव, ब्रह्माण्ड, भार्गव, गरुड़, महेश्वर, कालिका, साम्ब, सूर्य, विष्णु, पाराशरी, देवीभागवत १८ इति उपपुराण पुनः निगम कहे वेद यथा ऋग्वेद ताको उपवेद चिकित्साशास्त्र वैद्यक है यजुर्वेद ताको उपवेद धनुर्वेदहै सामवेद ताको उपवेद गन्धर्ववेद अथर्वणको उपवेद अर्थ शास्त्र नीति शिल्पादि पुनः षडङ्ग यथा शिक्षा १ गृह्यसूत्र २ व्याकरण ३ निरुक्ति ४ छन्दशास्त्र ५ ज्योतिष ६ पुनः आगम कहे तन्त्रशास्त्रादि इत्यादिकनको सम्मत अरु यत् कहे जौन रामायणविषे निगदित कहे वर्णनहै सो विशेषि पुनः क्वचित् कहे कुछ अन्यतः अपि कुछ संहितादिकनको संमत

ताको भाषा में श्रीरामकथा कहतहै का प्रयोजन हेतु स्व कहे आपने अन्तःकरणके सुखके अर्थ तहां अन्तष्करण चारि हैं यथा वस्तुमें संशय कि यह है कि नहीं ताको मन कही जब वस्तु में निश्चय भयो सो बुद्धिहै पुनः वस्तु को स्मरण करना सो चित्त है फिरि जब वा वस्तुमें ऐसो आग्रह होय कि ऐसेहीहै दूसरी नहीं ताको अभिमान कही इत्यादि इन्द्रिय विषयनकी चाहते अनेक संकल्प विकल्प सोई दुःख रहे सो नानापुराणनमें मन लगाये निगमागममें चित्त लगाये अन्य सम्मतमें बुद्धि लगाये कथावर्णन में अहङ्कार लगाये तब अन्तःकरण अमल ह्वै प्रभुकी सन्मुख भयो तब सुखी भयो ७ ॥

सो० । ज्यहि सुमिरत सिधि होइ, गणनायक करिवरवदन ॥
करहु अनुग्रह सोइ, बुद्धिराशि शुभगुणसदन ८

रामायण मुख्यचरित साकेतविहारी को है सो नित्य है ताहीके प्रसिद्ध हेतु अनेक अवतार होत तिनकी संकीर्णता में चारि अवतारन को प्रसिद्ध कहे तामें दुइवार वैकुण्ठवासी रामरूप ह्वै रामलीला प्रकट करे एकवार क्षीरशायी रामरूप ह्वै लीला प्रकट करे ताके अन्तर्गत साकेतविहारी को लीला गुप्त है ताहेतु गणनायक के आड़ते साकेतविहारी की वन्दना गुप्त करे अरु क्षीरशायी पुनः वैकुण्ठवासी की वन्दना प्रकट करे तथा कथामें इनहीं रूप देखावमें है तामें गुप्त साकेतविहारीरूप ताते गुप्तवन्दना यथा गोसाईं जी कहत कि सो साकेतविहारीरूप मेरे ऊपर अनुग्रह नाम सदा दया करौ जा रूपको नाम सुमिरण करतमात्रहीं गणनायक करिवरवदन ऐसे सिद्धि होत अर्थात श्रीरामनाम लिखि ताकी परिक्रमा करतही सिद्ध भये अर्थात् प्रथम पूज्य भये तहां शिवगण तमोगुणी तिनके नायक तौ निर्बुद्धि होइगे पुनः करिवरवदन पशुको मुख तौ अवगुणी होइगे तेई बुद्धिके राशि भये अर्थात् व्यासजी की काव्यमें एकवर्ण आगेही लिखते चलेजाते रहें पुनः शुभगुणसदन भये अर्थात् स्वाभाविक विघ्न निवारण करत तौ क्षमादि गुणसमूह है सो ज्यहिके सुमिरत ऐसे भये सोई प्रभु मेरे ऊपर अनुग्रह करौ तौ मोकोभी बुद्धि अमल दीजिये जामें श्रीरामचरित साङ्गोपाङ्ग बनि आवै पुनः शुभगुण दीजे जामें अन्तःकरण स्थिर ह्वै आपके रूपके ध्यान में लागै तौ लीला समझिबेको अनुभव होइ पुनः जहां छन्द तहां गननको विचार प्रथम चाहिये सो या सोरठामें नगन आदिमें धरेहैं ताकेदवता

शेष हैं ते सुखके दाताहैं सो यामें नगनगण आदिमेंहै जाके सुमिरत अर्थात् काव्य उच्चारण करतही सिद्धि होइ अर्थात् शीघ्रही सुख देनहारहै जा गणके नायक कहे स्वामी करिहै करि हाथीको नाम अरु नागभी नाम नाग शेषजी को नाम सो जाके नायक हैं शेष वर कहे श्रेष्ठ है वदन जिनको काहेते छन्दशास्त्रके आचार्य भगवत्यशके अधिकारी सोई अनुग्रह करा आपु बुद्धिराशि शुभगुणसदन हौ ताते मोको भी ऐसी बुद्धि दीजै जामें मेरी वाणी अमल यश की अनुहारि होवै ८ ॥

मूक होहि वाचाल, पंगु चढ़ै गिरिवरगहन ॥
जासु कृपासुदयाल, द्रवौ सकल कलिमलदहन ९

अब वैकुण्ठवासीकी वन्दना करते हैं काहेते येभी द्वैवार धनुषधारी है श्रीरामलीला कीन्हे सो या ग्रन्थविषे प्रसिद्ध है यथा ॥ भये प्रकट श्रीकन्ता ताते वन्दनाभी योग्यहै यथा सज्जनलोग प्राकृत बालकनको शृङ्गारकरि श्रीरामलीला करते हैं तिनकी साष्टाङ्ग दण्डवत् करते हैं सो दण्डवत् उस बालक की नहीं है वह धनुषधारी प्रभुकी है तथा यहभी वन्दना साकेतविहारी की जानिये यथा ॥ मूकं करोति वाचालं पंगुं लंघयते गिरिम् । यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ॥ इसीको उलथा है जासु कहे ज्यहि भगवत् की कृपाते मूक जो है बावरा सो वाचा करिकै अल कहे समर्थ होत पुनः पंगु सोई गहन वन सहित गिरिवर जो ऊंचा पर्वत ताके ऊपर चढ़िबे को समर्थ होत ऐसा निर्हेतु दयालु जो प्रभु सो द्रवौ अर्थात् मेरे ऊपर कृपा करो काहेते मैं कलिमलग्रसित ताते रामचरित कहनेमें मूक हौं पुनः बुद्धिते पंगु हौं ताते जब प्रभु कृपा करैं तब सब प्रकारको कलिमल जो पाप सो दहन नाम भस्म होइ तब वाचा करि अल नाम समर्थ होउँ पुनः बुद्धि सबल होइ तब शब्दरूप गहन सहित वेदादि गिरिवर पर चढ़ै अर्थात् वेद पुराणन में रामतत्त्व लैकै वचनन द्वारा रामचरित वर्णन करौं तहां श्रीरघुनाथ जी पालनशक्ति विष्णुरूपमें स्थापित करै हैं ताते दया कृपा गुण इनमें विशेषिहै काहेते लोकमें चराचर यावत् जीवहैं जब प्रथम उत्पन्न होत तब सब मूक अरु पंगु होते हैं अर्थात् बालअवस्थामें बोलने चलनेकी सामर्थ्य किसीको नहीं होती तेई भगवत् की कृपाते कुछ कालमें बोलने चलनेको समर्थ ह्वैजाते हैं इत्यादि निर्हेतु एकरस जगको पालना शुद्धकृपा यहीहै अरु

ध्रुव आदिकनपै शुद्ध कृपा नहीं कर्म हेतु लिहे किन्तु भक्तवात्सल्यता है अरु कृपागुणको लक्षण यह है कि सदा एकरस सब भूतमात्रके रक्षा करनहारे सर्वोपरि हमहीं समर्थ हैं दूसरा नहीं है यह दृढानुसन्धान भगवत् में सोई कृपागुणहै यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी॥ पुनः कृपागुण यह है कि जीवमात्रको कालुष्यनाशन अपनी सामर्थानुसन्धानाधीन जानना ऐसा विशेष प्रेमभाव ताको कृपा कही यथा॥ यद्वा स्वसामर्थानुसन्धानाधीनकालुष्यनाशनः। हार्दो भावविशेषो यः कृपा सा जागदीश्वरी॥ यहि कृपाते कलिमलदहन करो पूर्व कृपाते काव्यको समर्थ करो काहेते दयालु हौ दयागुणको यह लक्षण कि निर्हेतु जीवनको सदा भला चाहना ताते मेरे भी ऊपर द्रवो सदा कृपाकरो९॥

नीलसरोरुह श्याम, तरुणअरुण वारिजनयन॥
करो सो मम उर धाम, सदा क्षीरसागरशयन १०

अब क्षीरशायी भगवान् को हृदय में बसावते हैं काहेते येभी एकबार धनुषधारी ह्वै श्रीरामलीला करै ताते उरमें वास मांगते हैं यथा नीलरङ्गको सरोरुह जो है कमल तद्वत् है श्यामस्वरूप पुनः तरुण कहे तुरन्तको फूलो अरुण कहे लालरंगको वारिज जो कमल तद्वत् हैं नयन जिनके पुनः सदा क्षीरसागर में शयन कीन्हे हैं जो सोई भगवान् मेरे उरमें धाम करो काहेके हेतु यथा दुर्वासा के कुवचनते श्रीलक्ष्मीजी लोप भईं तब विश्वको पालन कौन करै तब ब्रह्मादि भगवान् सों विनती करी तब प्रभु बोले कि यामें लोप है क्षीरसागर मथौ लक्ष्मी प्रकटैं तब पालन करैं जब मथे तब लक्ष्मी प्रकटीं तब जगको पालन करी और रत्नन को हाल प्रसिद्ध है तथा कलियुग दुर्वासाते भक्तिलक्ष्मी लोप ताते जग पीड़ित है ताते मेरे उरको क्षीरसागर करि मथन करावो इहां विवेकादि देवता हैं अविवेकादि दैत्य हैं मनोरथ मन्दर है विचार शेष रस्सी है प्रभुकृपा सहायते काव्यरूप लोक में चौदह रत्नैं प्रकट होवैं यथा मोह विष है नारदरूप शिव पान करे पुनः नरनाट्यवारुणी अविवेकी दैत्य पानकरि माते पुनः श्रीरामरूप अमृत पाय सन्तरूपी सुर पुष्ट भये पुनः हरियशरूप अश्वविवेक सूर्य पाये पुनः माधुर्यलीला अप्सरा सबको मोहत पुनः धर्म ऐरावतहै पुनः कल्पवृक्ष रामनाम है पुनः ऐश्वर्यलीला कामधेनुहै पुनः धाम चन्द्रमाहै पुनः सुकर्म धन्वन्तरि है पुनः

अनुराग शंख है पुनः कीर्ति मणिहै पुनः धनुष प्रताप है रामराज्यमें पुनः काकभुशुण्डिप्रसङ्गमें जब भक्तिलक्ष्मी प्रकटी तब सब जगको पालन भयो इत्यादि हेतु क्षीरशायी मेरे उरमें वास करौ १० ॥

कुन्द इन्दु सम देह, उमारमण करुणायतन ॥
जाहि दीन पर नेह, करहु कृपा मर्दनमयन ११

श्रीरामचरितमानसके आदि आचार्य हैं ऐसा जानि शङ्कर की वन्दना करत अथवा कलिमल दहनहेतु विष्णु की वन्दना करे उरअमलहेतु क्षीरशायी को बसाये अब काम शत्रु निवारणहेतु कहत कि मैनके मर्दनहार जो शङ्कर सो मेरे ऊपर कृपा करौ अर्थात् मैनकी भयते रक्षा करौ कैसे हैं शङ्कर जाहि सदा दीनपर नेह है काहेते करुणाके अयन नाम स्थान हैं अर्थात् जन को दुःख देखि आप दुःखितहोना वाको निवारणा सो करुणा है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ आश्रितार्त्याग्निना हेम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः ॥ अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकृद्भवेत् ॥ सो रामाश्वमेध में जब वीरमणिको सङ्कट परा तामें शामिल ह्वै शत्रुहन ते युद्ध करे भागवत में बाणासुरके हेतु श्रीकृष्ण ते युद्ध करे यह करुणागुणहै अरु सदा दीनपर नेह याते जानिये कि काशीमें कोऊ जीव मरत ताको रामनाम उपदेश दे मुक्त करिदेत पुनः उमारमण है अर्थात् पार्वतीजी को रामचरितको श्रोताअधिकारी जानि अथवा नामको जपते जानि अर्द्धाङ्गमें मिलाइलीन्हे याते रामभक्तनको आपनी देहई जानते हैं इत्यादि अन्तरके गुण कहे अब देहके गुण कहत कि कुन्दइन्दुसम जिनकी देह है तेहि कुन्द में उज्ज्वलता कोमलता सुगन्धहै उज्ज्वलता में छः भेद उज्ज्वलता तमोगुणरहित निर्मलता कुज्ञानरहित स्वच्छता रजोगुणरहित शुद्धता भक्ष्याभक्ष्यरहित सुखाजरादि चेष्टारहित देदीप्यमान सदा स्वतन्त्र इत्यादि पुनः परसे परसन जानिये सो कोमलता है एक सुगन्धित देह एक कीर्ति पुनः चन्द्रमा में शीतलता आह्लादकता प्रकाश अमृतस्रवी औषधीपोषक यहां सदा दया शीतलताहै सबको सुखद आह्लादकता है कृपामृत सो जीव औषधी पोषत प्रकाश प्रसिद्ध है इत्यादि सब निर्हेतु परस्वार्थहेतु है तो अवशि मोपै कृपा करैंगे ११ ॥

बन्दौं गुरुपदकञ्ज, कृपासिन्धु नररूपहरि ॥
महामोहतम पुञ्ज, जासुवचन रविकरनिकर १२

अब गुरुपदकमल की वन्दना करते हैं प्रथम तो गुरुको नाम रहे नरहरि सो शास्त्रनिषेधते प्रसिद्ध नाम नहीं कहे नरहरिके मध्यमें रूपशब्द मिलाय गुरुको नाम प्रसिद्ध करे काहेते कि जैसा नाम गोसाईंजी को प्रसिद्धहै तैसा उनको नाम नहीं प्रसिद्ध है तेहि प्रसिद्धता हेतु यह युक्ति करे अथवा कृपारूप क्षीरसिन्धुनिवासी नररूप हरि कहे क्षीरशायी भगवान् हैं व साधारण गुरुको माहात्म्यहै अर्थात् जाभांति भगवान् साधारण लोकजीवनको कृपा दया करि पालन करि समर्थ करिदेते हैं तथा परलोक देशमें गुरुकृपा करि अज्ञानी जीवनको पालनकरि कर्म ज्ञान उपासनादिकी समर्थ करि देतेहैं कौन भांति कि सर्व जीवमात्रमें महामोहरूप तम नाम अन्धकार पुञ्ज नाम बहुत है ताते जीव निर्बल ह्वै जाताहै ताही अन्धकार नाश करिबे हेतु जासु कहे जिन गुरुके वचनरूप रविकी कर नाम किरणैं निकर नाम समूह हैं तावचन प्रकाशते मोह तम सहजही नाश करिदेते हैं इहां रवि कौन पदार्थ है तहां गुरुको हृदय ब्रह्माण्ड सम्पुट है तामें ज्ञानरूप सूर्य है वचन किरणैं हैं अब जानना चाहिये कि महामोह काको कही तहां शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादि जो वाह्य इन्द्रियनका विषयहै तामें बुद्धिको ध्यान रहे तासङ्गते कामना उपजत जब कामनाकी हानि भई तब क्रोध भयो सोई मोहको हेतु है अर्थात् हानि लाभको विचार नहीं रहत है सम्मोह होनेते शास्त्र आचार्यनको उपदेश भूलिजाताहै तब बुद्धि नष्ट होजातीहै तब जीव मृतक सरीखे होताहै यही महामोह है यथा गीतायाम्। ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते। सङ्गात्संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते॥ क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात् स्मृतिविभ्रमः। स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति॥ तिनको शुद्ध करत ऐसे जो श्रीगुरुहैं तिनके पदकञ्जको वन्दना करतहौं १२॥

बन्दौं गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुवास सरस अनुरागा १३

प्रथम गुरुपदकञ्ज करि कहे तामें पीत पराग होती है सो रस सुगन्ध सहित होती अब गुरुपदकञ्जकी पराग नाम रजको वन्दना करताहौं तहां रज तौ प्रसिद्धहीहै पुनः भूमिको रङ्ग पीतहै ताते रङ्गभी प्रसिद्धहै अब सुगन्ध अरु रस कहत तहां पदरज बिषे जो सुन्दरि रुचिहै सो सुवास नाम सुगन्ध है तहां अपर इष्टनामनमें एकरस जगकी रुचि नहीं होत अरु गुरुपदमें सब जगकी एकरस रुचिहै सोई सुगन्ध है रुचि कहत चाहको पुनः रज बिषे एकरस जो अनुराग है अर्थात् तैलवत् धार वा सरिताप्रवाहवत् जो

अचल प्रीति सो अनुरागहै यथा ॥ व्यापकता जो प्रीतिकी, जिमि सुठि वसन सुरङ्ग। दृगनद्वार दरशै चटक, सो अनुराग अभङ्ग॥ इत्यादि जो अनुराग सोई पराग बिषे रसहै १३ ॥

अमियमूरिमय चूरण चारू। शमन सकल भवरुज परिवारू १४

पुनः कैसी है पराग कि अमृतवत् जो मूरि है तिनमय चारु नाम सुन्दर एक चूर्ण है तहां औषधन में पञ्च अङ्ग होत यथा मूल त्वचा दल फूल फल फलते पुनः मूल होती ताते श्रेष्ठ मूलही है तामें तीनि भांति एक विषवत् यथा करवीरकरि आरी दूसरे मध्यस्थ यथा सोंठि पिपरामूरि तीसरे अमृतवत् यथा मुरेठी मोथा शतावरि मूसरि जिनमें कुछ हानिही नहीं सो अमियमूरि अथवा जो विशेष अमृतवत् है जिनते काया कल्पादि होते हैं यथा ॥ असिततिलविमिश्रं भृङ्गराजस्य चूर्णं सवितुरुदयकाले भक्षयेद्यः पलार्धम्। स भवतु चिरजीवी चक्षुषा गृध्रतुल्यो भ्रमरसदृशकेशः कामरूपो द्वितीयः॥ इत्यादि चूर्ण खायेते जरापलित ज्वरादि रोग नाश करि देह अमरवत् करि देत तथा परमार्थ पथमें गुरुपद पराग एक अमृतमूरिमय चूर्ण है ताके सेवन कीन्हेते भवरुज यथा॥ काम वात कफ लोभ अपारा। क्रोध पित्त नित छाती जारा॥ इत्यादि भवरुजको जो परिवार सो सकल शमन कहे नाश होत भगवत्प्राप्ति अमरवत् जीव करत अमियमूरिमय याते कहे कि अपर देवादि आराधनमें बाधाभी होत गुरुपद रज सबको सुलभ चूर्ण कहिबेको भाव कि बनायबे को खाबेको सुगम होत काथादिकनमें उचाफति तथा और साधनमें त्रिकालस्नान न्यासादि उचाफति गुरुपदरज सुगम पुनः और साधनमें शीघ्र सिद्धि नहीं गुरुपदरज शीघ्र सिद्धिदायक यथा भागवते ॥ रहूगणैतत्तपसा न याति न चेज्यया निर्वपनाद्गृहाद्वा। नच्छन्दसा नैव जलाग्निसूर्यैर्विना महत्पादरजोभिषेकम् १४ ॥

सुकृत शम्भुतन विमल विभूती। मञ्जुल मङ्गल मोद प्रसूती १५

ऐसा माहात्म्य सुनि कोऊ अधर्मी सन्देह करै कि न मालूम कहां कहां की अपावन धूरि सो पावनमें लागेते कैसे पवित्र ह्वैगई ताहेतु कहत कि चिताकी भस्म महाअपावनहै सो जब शिवजी की देहमें लागिगई तब पावन ह्वैगई तथा सुकृतरूप शिव को तन पाय जो अपावन धूरि गुरुपदमें लगी तौ विमल ह्वैगई अर्थात् सुकृतिनकी समाजमें यह माहात्म्यहै कुछ अधर्मिन

की समाजकी बात नहीं है पुनः जीवकल्याणकी तीनि मार्गें हैं कर्म ज्ञान उपासनादि सर्वत्र आदिकारणहै प्रथम कर्मदेशमें कहत कि उहां शिव को तन पाय चिताविभूति विमल होत इहां सुकृतिरूप जो शिव को तनहै सो गुरुपद रजरूप विभूति लागेते विमल होत अर्थात् तीर्थादि में सुकृतकी वृद्धिहो अर्थात् एक कीन्हे दशभरि होत इहां गुरुपदरज सर्वतीर्थमय है यथा गुरुगीतायाम् ॥ सर्वतीर्थावगाहस्य संप्राप्नोति फलं नरः । गुरोःपादाम्बुजौ स्मृत्वा जलं शिरसि धारयेत् ॥ अर्थात् काहू भांतिकी सुकृत करै जो गुरुपद रज शीशपर धारिकै करै सो सुकृत उत्तम होत पुनः मङ्गल कहे पुत्रजन्म विवाहादि प्रसिद्ध उत्सव पुनः मोद कहे मानसी आनन्द सो दुइप्रकारके होत यथा काहूको दण्ड दैकै वा शत्रुको जीतिकै मङ्गल मोद होइ सो मलीन है अरु साधु ब्राह्मणको भोजन कथापारायण भगवत् उत्सवादि ये उज्ज्वल उत्सव हैं इत्यादि मोदभी जानिये सो कहत कि मञ्जुल कहे उज्ज्वल जो मङ्गल मोदहै तिनकी प्रसूती नाम माता है अर्थात् जो सुमार्गी होइ सोई गुरुपदरज की आश्रित रही ताते सिवाय उज्ज्वल काम अरु मलीन उनते होवै न करी मञ्जुल सदा होतही रहगे याते प्रसूती कहे १५ ॥

जन मनमञ्जु मुकुर मलहरणी । कियेतिलक गुणगण वशकरणी १६

अब गुरुपदरजको ज्ञानदेशमें सहायक कहत यथा जन जो प्राणीमात्र तिनको मन मञ्जु नाम उज्ज्वल अर्थात् विचारसहित मन सोई मुकुर नाम दर्पणहै तहां दर्पणते तौ आपनो मुख देखात यह जो विचार सहित मनरूप दर्पणहै तामें आपनो आत्मस्वरूप देखात यथा पद्मपुराणे कपिलगीतायाम् ॥ विचारं दर्पणं यस्य अवलोकनमीक्षितम् । दृश्यते तत्स्वरूपं च तत्रैव तु पृथङ्न हि ॥ हृदयं दर्पणं यस्य मनस्तत्रावलोकयन् । दृश्यते प्रतिविम्बेन आत्मरूपं च निश्चिते ॥ सोई मनरूप दर्पणमें विषय चिकनाई पाय राग द्वेषादि मल लागि गयो ताके छोड़ायबेका उपाय कहत यथा प्रसिद्ध दर्पणमें रज लगाय मलिदीजिये तौ दर्पण अमल ह्वैजाता है तथा गुरुपद रज लागेते विचार सहित मनरूप दर्पण अमल होता है तब आत्मरूप साफ़ देखाई देता है तहां मन दर्पणमें रज कैसे लागिसक्तीहै अर्थात् पादोदक पान कीन्हे अन्तःकरण शुद्ध ह्वैजात ताते विचार आवत यथा गुरुगीतायाम् ॥ शोषणं पापपङ्कस्य दीपनं ज्ञानतेजसा । गुरुपादोदकं पीत्वा

संसारार्णवतारकम् ॥ पुनः तन्त्ररीतिमें भक्तिकी सहायक रजको कहत यथा तन्त्रन में वशीकरण तिलक होतेहैं सो विधि लिखतहौं यथा ॥ ॐनमो आदेश गुरुको राजा मोहूं प्रजा मोहूं मोहूं ब्राह्मण बाणिया। हनुमन्तरूपमें जगत मोहूं तौ रामचन्द्र परमाणिया ॥ गुरुकी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाच प्रथम षोड़शोपचार श्रीरामजानकी की पूजन करि पुनः प्रभुको ध्यानसहित इसी मन्त्रको १२१ बार जपै इसी भांति २१ दिन प्रतिदिन करै पीछे चौरहे की धूरि लै ताको सातबार मन्त्रितकरि भालमें तिलक कीजै तौ सर्वजन वश होइँ तथा गुरुपदरज तिलक करनेते गुणनके जे गणहैं तिनको वश करनेवाली है तहां गुणनको वश करने को कौन हेतु कहे कि विना शान्ति आदि गुण आये श्री रामभक्ति नहीं आइ सक्तीहै यथा महारामायणे ॥ शान्ताः समानमनसश्च सुशीलयुक्तास्तोषक्षमागुणदयाऋजुबुद्धियुक्ताः । विज्ञानज्ञानविरतिः परमार्थवेत्ता निर्धामकोऽभयमनः स च रामभक्तः ॥ इत्यादि गुण प्रथम होवै तब श्रीरामभक्ति आवै इत्यादि गुण कैसे होय ताको उपाय यथा चौ० ॥ प्रथम भक्ति सन्तनकर सङ्गा। दूसरि रत मम कथाप्रसङ्गा ॥ दो०॥ गुरुपदपङ्कजसेवा, तीसरि भक्ति अमान। चौथि भक्ति मम गुणगण, करै कपट तजि गान ॥ इहां सन्तनके सङ्गते प्रभुकी पूजा सहज बनि आवैगी कथा सुने प्रभुको ध्यान बनारहैगो यथा उहां मन्त्र तथा इहां षडक्षर राममन्त्रकी जाप ताही मन्त्रसों मन्त्रित गुरुपदसेवन में पादोदक सर्वतीर्थमय शीशपै धारण कीन्हे पाप नाश ह्वैगये देह पावन भई गुरुकृपा उपदेशते प्रभु के गुणगण गान करते करते तेई सब शान्ति आदि गुण आपही आइगये याभांति गुरुपद रजतिलक कीन्हेते गुणगण वश करनेवाली है १६ ॥

श्रीगुरुपद नख मणिगण जोती। सुमिरत दिव्यदृष्टि हिय होती १७

जब हृदय शुद्धभयो शान्त्यादि गुण भये तब ध्यान करिबेयोग्य भयो ताते गुरुपदको ध्यान कहत ऋद्धि सिद्धि यश प्रताप गुण कीर्ति भुक्ति मुक्ति ज्ञान भक्ति आदि ऐश्वर्ययुक्त ऐसे श्रीमान् जो गुरुहैं तिनके पद नख सोई मणिगणकी ज्योति हैं अर्थात् हिंसा बाधा मलिनता क्षीणतादि अवगुण दीपक बिषे होतेहैं सो रहित पुनः अखण्ड एकरस शीतल प्रकाश सदा मणिमय ताते नखनकी मणिगणकी उपमा दीन्हे सोई श्रीगुरुपद नखरूप जो मणिगणकी ज्योति है तिनको ध्यान करि हृदयमें सुमिरत सन्ते शीघ्र

ही हियेमें दिव्यदृष्टि कहे शुद्धबुद्धिमें ज्ञानका प्रकाश होता है यथा गुरुगीतायाम् ॥ यस्य स्मरणमात्रेण ज्ञानमुत्पद्यते स्वयम् । स एव सर्वसम्पत्तिः तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ तहां शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादि जो इन्द्रियनका विषयहै तिनमें इन्द्रिय आसक्त रहे कामना बाढ़त जब कामना न पूर्ण भयो तब क्रोध भयो क्रोध भयेते मोह भयो तब शास्त्र उपदेशादि भूलि गयो तब बुद्धि नष्टभई इत्यादि अज्ञानते हृदयमें अन्धकार ह्वैगयो ताते दृष्टि हृदयकी मन्द परिगई सोई जब गुरुपद नखरूप मणिनकी प्रकाश भई जब प्रकाश एकरस बनी तब बुद्धिरूप नेत्रनमें ज्ञान अनुभवरूप दृष्टिभी एकरस बनीरही सोई दिव्यदृष्टि है सो कौन भांति भई सो आगे कहत १७ ॥

दलन मोह तम सो सुप्रकासू । बड़े भाग्य उर आवहिं जासू १८

सो गुरुपद नख मणिगण का प्रकाश कैसा है सु कहे सुन्दरि है बाधा हिंसारहित सदा अखण्ड एकरस रहत अरु दीपककी प्रकाश हिंसा बाधा मलिनता सहितहै अरु सूर्यनकी प्रकाश तप्त पुनः रात्रिमें नहीं रहत अरु ग्रहण धूम धूरि आंधी बादरादि बाधा हैं अरु मणिनकी प्रकाश राति दिन एकरस तमनाशक है ताते जो पूर्व चौपाईमें कहिआये तेहि मोहको तम जो हृदय में अज्ञान है ताको दलन कहे नाश करता है कोऊ कहै कि मणिमें प्रकाश थोरो होत तहां मणिनमें प्रकाश थोरो नहीं होत देखिये सीमन्तक मणिमें सूर्यवत् प्रकाशहै तहां सबतौ सुलभताहै परन्तु यह दुर्घटताहै कि बड़े भाग्यवाले को मणि प्राप्त होती है तथा जाकी बड़ी भाग्य उदय होय तौ गुरुपदनखरूप मणिगण उरमें आवैं यथा महारामायणे ॥ ये कल्पकोटिसततं जपहोमयोगैर्ध्यानैः समाधिभिरहोरतब्रह्मज्ञानात् । ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तदा भवति तेष्वपि रामपादौ ॥ तहां प्रथम गुरुपदमें भक्ति होइ तौ पीछे श्रीरामपद की भक्ति होइ काहेते प्रथम गुरुको ध्यान पीछे प्रभुको ध्यान सर्वत्र लिखा है १८ ॥

उघरहिं विमल विलोचन हीके । मिटहिं दोष दुख भवरजनीके १९

निवृत्तिमार्ग त्यागि प्रवृत्ति में लीन अर्थात् संसारही को सांच मानि लेना इत्यादि अज्ञान सोई मोह तम जब नाश भयो बुद्धिमें प्रकाश भयो तब हृदयमें जो विलोचन कहे नेत्र अर्थात् ज्ञान वैराग्य विमल मलरहित ते उघरहिं अर्थात् अनुभव दृष्टिते सब वस्तु देखिपरै तहां कैसेहू नेत्र

विमल होइँ परन्तु विना प्रकाश पाये अँधेरेमें नहीं देखिपरत ताते जब दृष्टि खुली तब लोक परलोक सब देखिपरो यथा पाद्मे ॥ निन्दको वञ्चको धूर्तः खलो द्वेषकतामसौ । एते नारकिकाः प्रोक्ताः सर्वतः परिवर्जयेत् ॥ पुनः ॥ सद्बुद्धिश्च सदाचारी अभेदी देवतासु च। आशापाशविनिर्मुक्त एते मोक्षाधिकारिणः ॥ इत्यादि देखाने पुनः भव जो संसार ताकी आशारूप रजनी जो रात्रि है ताके दोष अरु दुःख सो सब मिटहिं अर्थात् नाश ह्वैजाते हैं तहां दोष तौ बेमर्यादा कर्म कीन्हेते होत ताको फल दुःख आपही होत यथा परस्त्रीगमन चोरी आदि दोष रात्रिही को होत तामें कु नाम राजदण्डादि दुःख होत यहां भव रात्रिमें जो इन्द्रियनका विषय है सोई दोष है यथा काननसों परनिन्दा काम वार्ता सुने त्वचाते परस्त्री आदि स्पर्श नेत्रन सों स्त्री आदिकनको देखना रसनासों भक्ष्याभक्ष्य खाना नासिकासों सुगन्धकी चाह इत्यादि विषयाधीन भोगी पुरुषकी इन्द्रियों के मध्य जब एक इन्द्रिय के साथ मन धावता है तौ वह मन पुरुषकी बुद्धि हरिकै विषय में विक्षित करि देता है तब सब इन्द्रिय मिलि बुद्धि को बौराय जैसे वायु जल में नाव को नचावत तथा यह मन इन्द्रियों के साथ विक्षिप्त भ्रमता पुरुषको अनेक योनिन में फिरावता है इत्यादि दोष पुनः जन्मजरामरण त्रयतापैं नरकगर्भवासादि दुःख हैं ॥ यथा गीतायाम् ॥ इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते । तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥ इत्यादि दोष दुःख कैसे मिटैं कि जब अत्यन्त भाग्य जागी गुरुकृपाते सूझि परो मन भगवत् के सन्मुख भयो तब इन्द्रियन की वासना नाश भई सोई दोष दुःखको मिटि जाना है १९ ॥

सूझहिंरामचरितमणिमानिक। गुप्तप्रकटजहँजोज्यहिखानिक २०

मणि माणिक अर्थात् रत्नमात्रकी जो खानि है तामें कुछ गुप्त है कुछ प्रकट है रत्न यथा ॥ हीरा मरकत शूकरी, इन्द्रनीलमणिराज । लालफटिक गोमेदशशि, पदुमराग पुखराज ॥ करके तन विमलापुलक, वैडूरज महँ नील। शंख पिरोजा जोतरिस, ब्रह्म मुक्तदै पील ॥ अथ हीरा देशरङ्ग ॥ कलिङ्ग कोशला पीतरँग, बेनासरितटश्वेत । हिमगिरि सोरठतामढ़ा, पौण्ड्रकदेश असेत ॥ समफूल मातङ्गमें, भूमिस्वनेयक होत । पत्थर चीरे कढ़त यक, एक कढ़त है सोत ॥ अथ मुक्ताखानि ॥ गज शूकर अहि शंख घन, मीन

बांस बहु सीप। अरुण श्याम कछु ताम्रमें, श्वेत सुसिंहलद्वीप॥ ज्योतिवन्त पारस बिषे, सोरठ ज्यों नवनीत। देशपरलौकिक बिषम, असित श्वेत रँग पीत॥ रँग चाउर फल निम्बवत, पाण्ड्यवटक में होत। बिषम सुदेश कुबेरके, असित श्वेत लघु जोत॥ अथ गजमुक्ता यथा। रविशशिदिन वा ग्रहण वा, उत्रायन श्रुति पुष्य। ऐरावतकुलजन्म इति, गजमुक्ता इन मुष्य॥ राजयोगभो सुवरछवि, शशिसम मुक्ता दाढ़। तथा नीर स्वाती पिये, मीन नैन छवि बाढ़॥ तड़ितवरण घनते गिरत, लगे सातसौ पौन। बीचहिते लैजात सुर, भूमि न आवत तौन॥ नील सचिक्कण शीशमें, तक्षक वासुकि गोत। रजतपत्र वह धरतही, अकसमात घन होत॥ चिपटो मोती बांस में, फटिक कपूरहि रङ्ग। ज्योतिवन्त अति शंखते, शशि सो प्रभा अभङ्ग॥ इत्यादिक खानि प्रकट और रत्नसमुदाय तिनकी खानि गुप्त हैं मरमी खोजत पाय इत्यादि गुप्त प्रकट जो खानि सो सुदृष्टि प्रकाश पाइ देखि परत यथा तथा गुरुपद नखमणिको प्रकाश पाइ हृदयके नेत्रनते गुप्त प्रकट जहां ज्यहि खानि में श्रीरामचरित मणिमाणिक हैं ते सूझिपरत कौन गुप्त है कौन प्रकट है तहां श्यामसुन्दर द्विभुज धनुर्धारीरूप एक साकेतविहारीहीको तिनको नामरूप लीलाधाम चारिहू नित्य सच्चिदानन्दरूप परात्पर है यथा वशिष्ठसंहितायाम्॥ रामस्य नामरूपं च लीलाधाम परात्परम्। एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम्॥ तेई प्रभु दया करि लोकउद्धार हेतु लोक में मनुमहाराज के द्वारा अवतीर्ण भये सुलभ ह्वै नरवत् लीला करे यह प्रकट है पुनः जो सुलभ नरवत् लीला करे तौ अपनी ऐश्वर्य छिपायबे हेतु स्वयंरूप गुप्त राखे दशरथनन्दन करि प्रसिद्ध भये यथा॥ आत्मानं मानुषं मन्ये रामं दशरथात्मजम्॥ अरु जहां ऐश्वर्य को काम परा तहां विष्णु को ऐश्वर्य प्रकट करि दिया क्योंकि पालन शक्ति इन्हींकी है यथा भये प्रकट श्रीकन्ता॥ पुनः॥ कश्यप अदिति महातप कीन्हा॥ पुनः॥ नारदवचन सत्य सब करिहौं॥ इत्यादि को भेद राम जन्मप्रसङ्ग में विस्तारते लिखब याते इहां नहीं लिखा ताते माधुर्य प्रकट ऐश्वर्य गुप्त यथा॥ कबहुँ उछङ्ग कबहुँ वरपलना। मातु दुलारहि कहि प्रिय ललना॥ इति माधुर्य प्रकट॥ पुनः॥ व्यापक ब्रह्म निरञ्जन, निर्गुण विगत विनोद। सो अज प्रेम भक्तिवश, कौशल्या की गोद॥ इति ऐश्वर्य गुप्त॥ पुनः॥ एक बार जननी अन्हवाये। करि शृँगार पलँगा पौढ़ाये॥ इति माधुर्य॥

पुनः ॥ दिखरावा निज मातहि, अद्भुत रूप अखण्ड । रोम रोम प्रति राजहिं, कोटि कोटि ब्रह्मण्ड ॥ इति ऐश्वर्य ॥ हरि जननी बहुविधि समुझाई । यह जनि कतहुँ कहसि सुनु माई ॥ इति गुप्त ॥ पुनः ॥ प्रातकाल उठिकै रघुनाथा । मात पिता गुरु नावहिं माथा ॥ इति माधुर्य ॥ पुनः ॥ व्यापक अकल अनीह अज, निर्गुण नाम न रूप ॥ इति ऐश्वर्य गुप्त ॥ पुनः ॥ जनकपुर में माधुर्यरूप सबको देखाये ऐश्वर्य किसी किसीको सो गुप्त तथा सतीजी को पुनः काकभुशुण्डि को सोऊ गुप्त महाप्रकटखानि तौ सबको सुलभ गुप्त कौन भांति करिकै देखात ताको उपाय आगे कहत २० ॥

दो० यथा सुअञ्जन आंजि दृग, साधक सिद्ध सुजान ॥
कौतुक देखहिं शैल वन, भूतल भूरि निधान २१

सुअञ्जन कहे सिद्धाञ्जन यथा ॥ ॐश्रींह्रींक्लींसर्वौषधीप्रणतेनमोविच्चे स्वाहा । याको सपादलक्ष जपि ॥ पुनः ॥ करटरसज्ञां श्यामरोहिणीपयसि सम्पाच्य घृतेन कज्जलं कृत्वा मन्त्रेणामन्त्र्य नेत्रे अज्य भूमिधनं पश्येत् । इत्यादि अनेकन सिद्धाञ्जन तन्त्रन में लिखे हैं इत्यादि अञ्जन नेत्रन में आंजिकै साधकजन सुजान सिद्ध है अनेक कौतुक देखते हैं कैसे कौतुक यथा शैल जो पर्वत तिनमें धातुन की रत्नन की खानि देखत वन में दिव्य औषधी भूतलमें गड़ा धन भूरिनिधान गृह ग्रामनमें अनेक चरित सो सब निरावरण देखात इहां शैल वेद पुराण रामचरितकी खानि वन संसार तामें सज्जन सिद्धौषधी भूतल सत्सङ्ग तामें ज्ञान भक्ति धन अनेक निधान जननके उर ताके मन की बात सो सब स्वाभाविक देखात जाभांति सो आगे कहत २१ ॥

गुरुपद रज मृदु मञ्जुल अञ्जन । नयन अमिय दृगदोष विभञ्जन २२

यथा सिद्धाञ्जन पूर्व कहि आये सो सामान्य है गुरुपद रजको अञ्जन विशेषकरि कहत वह अञ्जन कर्कश अरु मलिन है गुरुपदरजको जो अञ्जन है सो मृदु नाम कोमल अरु उज्ज्वल है वह अञ्जन करकरहट आदिते नेत्रन को सुखद नहीं पुनः तिमिरादि नेत्रके दोष नहीं मिटाय सकत गुरुपदरज अञ्जन कैसा है यथा लौकिकमें नयनामृत अर्थात् शोधा शीशा पारा तासम सुर्मा सबको दशवां भाग कपूर भीमसेनी मिलाय घोटै इति नयनामृत लागता नहीं अरु तिमिर आदि नेत्रनके सब दोष हरिलेता है तथा गुरुपद रजरूप जो अञ्जन है सो गुप्त वस्तु देखने को सिद्धाञ्जनसम

अरु पावनता सुखद नेत्रन के दोष हरता नयनामृत सम ताके लगायबेको फल आगे कहत २२ ॥

त्यहिकरिविमलविवेकविलोचन। बरणब रामचरित भवमोचन २३

उहां सिद्धाञ्जन मन्त्र सों मन्त्रितकरि लगावत तब दिव्यदृष्टि होत इहां गुरुमुख उपदेश मन्त्र सों मन्त्रित गुरुपद में प्रीति सहित जो चरणोदक पान करना ताके प्रभावते अज्ञान नाश भा ज्ञानरूप नेत्रकी दिव्यदृष्टि भई सो गोसाईंजी कहत कि तेहि अञ्जन करिकै विवेकरूप विलोचन जो नेत्र सो विमल भये तब वेद पुराणादि पर्वतन में जो रामचरितन की खानि है सो देखिपरी उहां मणि मिलेते दरिद्र नाशत इहां का होत सो कहत कि वेद पुराण रामायणादिकनते लैकै जो श्रीरामचरित वर्णन करत हौं सोई मणिगण पायेते भवमोचन कहे जन्म मरणादि जो दरिद्र है सो छूटि जात जीवको रामसनेहरूप धन प्राप्त होत ताते सदा स्वतन्त्र सुखी रहत अथवा वर नाम श्रेष्ठ नवप्रकारके जो रामचरित हैं तेई नवरत्न हैं यथा ॥ माणिक मुक्ता विद्रुम रु, पन्ना पुनि पुखराज। हीरा नीलक लहसुनी, पिरोजादि नव साज ॥ इहां सत्सङ्ग माणिक शरणागति पन्ना साधुता पुखराज अनन्यता विद्रुम उपासना पिरोजा लीला नीलक धाम लहसुनी नाम मुक्तारूप हीरा नवरत्न धारण कीन्हे नवग्रहादि बाधा अरु रोग शान्त रहत चरित नवरत्न धारण कीन्हे कामादि बाधा भवरोग नाश होत २३ ॥

बन्दौं प्रथम महीसुरचरणा। मोहजनित संशय सब हरणा २४

इहांतक वन्दना आपनी शुद्धताहेतु करे जब गुरुपदरज प्रभावते विवेकरूप नेत्र विमल भये तब श्रीरामचरित वर्णन की इच्छा करी तामें प्रथम महीसुर जो ब्राह्मण तिनके चरणनकी वन्दना करी कैसे हैं महीसुर मोह जो अज्ञानतम तामें रज सर्पवत् संशय ताको हरनेवाले हैं कौन संशय श्रीरामरूपमें संशय किहिके भई ताको कौन मिटावा है तहां गोसाईंजी जहांते रामचरित प्रारम्भ कीन्हे तहांते प्रतिसंवाद संशय मूल है प्रथम भरद्वाज यथा ॥ नाथ एक संशय बड़ि मोरे। पुनः पार्वती यथा ॥ अजहूं कछु संशय मन मोरे ॥ पुनः गरुड़ यथा ॥ कहेसि जो संशय निज मन माहीं ॥ तहां काकभुशुण्डि अरु पार्वती के उपदेशक नारद अरु सबको पूर्वसंवाद भरद्वाज तामें याज्ञवल्क्य उपदेश करे ताके अन्तर्गत सब सन्देहन को नाश हो जाना चाहिये पुनः जहां कथा श्रवण होत तहां ब्राह्मणही के मुखते सब

सुनत याते सदा सबकी संशय हरणहार ब्राह्मणही हैं याते जहां कथा बांचने को प्रारम्भ करौ तहां मेरी वन्दना जानि ऐसा कीजे कि जो कथा बिषे मोह करि संशय कोऊ करै ताको शीघ्रही हरिलीजै अथवा प्रथम महीसुर सनकादि नारद अगस्त्य वशिष्ठ लोमशादि आचार्य ये विज्ञानप्रकाशते स्वाभाविक मोहजनित संशय के हरनेवाले हैं २४ ॥

सुजन समाज सकल गुणखानी। करौं प्रणाम सप्रेम सुबानी २५

अब सुजनन की समाज को वन्दना करत सुजन काको कहिये धर्मनीति कर्म ज्ञानसहित हरिभक्त हैं तिनकी जो समाज है सो सकल गुणन की खानि है कौन गुण यथा ॥ षटविकार तजि अनघ अकामा। अकल अकिञ्चन शुचि सुखधामा ॥ अमित बोध परमारथभोगी। सत्त्वसार कवि कोविद योगी॥ सावधान मद मानविहीना। धीर भक्त गति परम प्रवीना॥ श्रद्धा क्षमा मयत्री दाया। मुदिता मम पद प्रीति अमाया॥ विरति विवेक विनय विज्ञाना। बोध यथारथ वेदपुराना॥ दम्भ मान मद करहिं न काऊ। भूलि न देहिं कुमारग पाऊ॥ गावहिं सुनहिं सदा मम लीला। हेतुरहित परहित दमशीला॥ इत्यादि गुणकी खानि अर्थात् जो कोऊ सङ्ग रहत ताको येई गुण मिलिजाते हैं तेहि सुजनन की समाजको सहित प्रेम सुवाणीते प्रणाम करतहौं प्रेमको क्या लक्षण है यथा॥ अन्तर प्रीति उमँगि तन, रोम कण्ठ भरि होय। विह्वलता जल नेत्रमें, प्रेम कहावै सोय॥ पुनः सुवाणी काको कही यथा॥ अर्थ बड़ो आखर अलप, मधुर श्रवण सुखदानि। सांची समय सोहावनी, कहिये ताहि सुबानि॥ सोई प्रेम सहित तन मनते शुद्ध है पुनः सुवाणीकरि वचन शुद्ध अर्थात् तन, मन, वचन करि सांचे भावकरि सुजननकी समाजको वन्दना करतहौं कैसी है सन्तसमाज निर्हेतु सब सुख देनहारी है २५ ॥

साधुचरित शुभ सरिस कपासू। निरसविशद गुणमय फल जासू२६

साधुनके चरित कैसे हैं यथा॥ विषय अलम्पट शील गुणाकर। परदुख दुख सुख सुख देखेपर॥ समअभूत रिपु विमद विरागी। लोभामर्ष हर्ष भय त्यागी॥ कोमलचित दीननपर दाया। मन वच क्रम ममभक्त अमाया॥ सबहिं मानप्रद आपु अमानी॥ इत्यादि साधुनके चरित शुभ कहे मङ्गलमय हैं कैसे सरिस कपासू कपासकी सम हैं इहां ज्ञान देशमें सन्तन के चरित देखावत कपास खेतमें होत इहां सुमति भूमि है उहां बीज इहां

सत्सङ्गबीज है उहां अंकुर इहां उपदेश अंकुर है यम नियमादि सींचना निरावना है निवृत्ति वृक्षहोना है विवेक फल है उहां कपास फल निरस होत इहां संसारते निरस उहां बिशद नाम उज्ज्वल इहां कामादि मलरहित अमलता है उहां रुईमें महीन गुण देखात इहां विवेक के अन्तर्गत शान्ति सन्तोषादि अनेक गुणहैं उहां फोकलाते रुई लैलेत इहां असार त्यागि सार रुई ग्रहण है २६ ॥

जो सहि दुख पर छिद्र दुरावा । वन्दनीय ज्यहि जग यश पावा २७

उहां कपास अनेक दुःख सहिकै पराछिद्र कहे इन्द्रियन की लाज दुरावत भाव अपना वसन ह्वै सब अङ्ग ढांकेरहत तथा सन्त ज्ञानके साधनमें अनेक दुःख सहि ज्ञानते जीवनको मर्यादा देत ताते वन्दनीय कहे जगके वन्दना करिवे योग्य यश पावते हैं यथा कपास ओटिकै रुई लेत इहां जगते वैराग्य उहां धुनकत इहां इन्द्रियनको दमन उहां कातत इहां शम अर्थात् वासना त्याग उहां वैनत इहां उपराम है उहां बीनत इहां समाधान है उहां वस्त्र धोवत इहां मुमुक्षुता है उहां अमल वस्त्र इहां अमल ज्ञान है उहां वसन धारण कीन्हे लौकिक इन्द्रियनकी लाज रहत अरु लोकमें मर्यादा बढ़त ज्ञानरूप वसनकरि विषयरूप लाज ढँकत अरु परलोक में मर्यादा बढ़त इत्यादि यश सन्तनको सुनि सब जग वन्दना करत २७ ॥

मुद मङ्गलमय सन्तसमाजू । जो जग जङ्गम तीरथराजू २८

प्रथम साधु कहिआये अर्थात् जे साधना करनेवाले हैं पुनः जिनकी साधना पूर्ण भई ते सन्त हैं तिन सन्तनकी समाज कैसी है मुद मङ्गलमयहै मुद कहे मानसी आनन्द तहां उनके आचरण देखि वा कथा आदि सुनि हृदय को विकार दूरि होत तब मनमें आनन्द होत पुनः मङ्गल कहे प्रसिद्ध उत्सव सो ठाकुरको पूजादि सन्ध्या समय गान बाजा वा समय पाय जन्म विवाहादि ठाकुरको उत्सव सदैव होतरहत इत्यादि तौ शीघ्रही फलहै पुनः माहात्म्य कहत कि सन्तसमाज कैसी मुदमङ्गलमयहै जो जगमें एक जङ्गम कहे चलता प्रयाग है यह विशेषता है कि वह प्रयाग स्थावर है सर्वत्र नहीं प्राप्त होत अरु सन्तसमाज प्रयाग सर्वत्र प्राप्त होत २८ ॥

रामभक्ति जहँ सुरसरि धारा । सरसै ब्रह्मविचार प्रचारा २९

उहां प्रयाग बिषे गङ्गादि पावन सरिता हैं इहां का हैं इहां जो श्रीराम-

भक्तिहै सोई सन्तसमाज प्रयागमें श्रीगङ्गाजी हैं रामभक्ति के क्या लक्षणहैं यथा ॥ चौ० ॥ मम गुण गावत पुलक शरीरा । गद्गदगिरा नयन बह नीरा ॥ दोहा ॥ वचन कर्म मन मोरि गति, भजन करै निष्काम । तिनके हृदयकमल महँ,सदा करौं विश्राम ॥ महारामायणे ॥ येऽन्ये विहाय सकलं सदसच्च कार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति ॥ श्रीरामनामशुभदं प्रपठन्ति भक्त्या प्रेम्णा च गद्गदगिरोप्यथ हृष्टलोमाः ॥ सीतायुतं रघुपतिं च विशोकमूर्तिं पश्यन्त्यहर्निशमुदा परमेण रम्यम् ॥ तामें नवधा भागवते ॥ श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् । अर्चनं वन्दनन्दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ प्रेमा नारदसूत्रे ॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः सा कस्मै प्रेमरूपा ॥ पुनः परा शाण्डिल्यसूत्रे ॥ अथातो भक्तिजिज्ञासा सा पुरानुरक्तिरीश्वरे । इत्यादि जो श्रीरामभक्ति सोई श्रीगङ्गाजी हैं अर्थात् नीच ऊंच सर्वथा जीवनको उद्धार करनेवाली हैं यथा गीतायाम् ॥ मांहि पार्थ व्यपाश्रित्य येपि स्युः पापयोनयः ॥ स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेपि यान्ति परां गतिम् ॥ पुनः ब्रह्म जो अन्तर्यामीरूप अर्थात् सदा स्वतन्त्र एकरस अमल प्रकाशमय जो अन्तरात्मा ताको विचार जो ब्रह्मज्ञान ताको प्रचार जो ब्रह्मविद्या प्रसिद्ध है यथा विवेकः विरागः शमादिषट्सम्पत्तिः मुमुक्षुत्वमिति साधनचतुष्टयं मोक्षाधिकारिणः, ब्रह्मनित्यं तद्व्यतिरिक्तं सर्वमनित्यम् इति विवेकः, इह स्वर्गभोगेषु इच्छारहितः इति विरागः, षट्सम्पत्तिः यथा ॥ मनआदिनिग्रहः शमः १ चक्षुरादिबाह्येन्द्रियनिग्रहः दमः २ स्वधर्मानुष्ठानमेव तपः ३ शीतोष्णसुखदुःखादिसहिष्णुत्वम् तितीक्षा ४ गुरुवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा ५ चित्तैकाग्रयम् समाधानम् ६ इति पुनः मोक्षो मे भूयादितीच्छा मुमुक्षुत्वम् इति विवेकाधिकारिणः त्रयःशरीरात् व्यतिरिक्तपञ्चकोशातीतः अवस्थात्रयसाक्षी सच्चिदानन्दस्वरूपस्सन् यस्तिष्ठति स आत्मा सर्वान्तर्यामी इति निश्चयज्ञानः स जीवन्मुक्तः इत्यादि ब्रह्मविद्या सोई सरसै नाम सरस्वतीजी हैं यथा सरस्वती गुप्त तथा ब्रह्मविचार गुप्त २९ ॥

विधि निषेधमय कलिमल हरणी । कर्मकथा रविनन्दिनि वरणी ३०

अथ कर्म यथा शुभाशुभ जो द्वै भांतिके कर्म हैं ते जीवरूप पक्षीके दोऊ पक्ष हैं यथा दोऊ पक्ष करिकै पक्षी उड़िसकत तथा शुभाशुभ कर्म करि जीव अनेक योनिन में उड़ाफिरत एक सो नहीं उड़िसकत तथा जो अशुभै कर्म करै तो नरकै में रहै अरु शुभै करै तौ सवासिक स्वर्गादि निर्वासिक

हरिधामादि तहां चोरी, जुवा, परस्त्री, हिंसादि अशुभहैं ये सब त्यागिबे योग्य हैं पुनः धर्मबाधक यथा झूंठ वचन किसीको अनादर स्वमुख धर्मकथन अभिमानादि इनको बरायेरहै पुनः सत्कर्ममें अपराध यथा अशुद्ध हरिमन्दिर में जाना व क्रोधकरना पीठि दै बैठना इत्यादि निषेधकर्म त्यागिबे योग्य हैं पुनः शुभ यथा तीर्थ, तप, पूजा, जप, दान, यज्ञ, व्रतादि तामें त्यागिबेयोग्य यथा वेदरीति छोंड़ि वासनिक अथवा दम्भ अहङ्कार व नाम होने हेतु इत्यादि निषेध हैं पुनः विधि कहे शान्ति श्रद्धासहित मान वासना त्यागि स्वधर्मसहित सत्कर्म करै सो भगवत् को अर्पण करै इत्यादि अथवा विधि कहे हरि अनुकूलको ग्रहण यथा ॥ नाम रूप लीला सुरति, धाम वास सतसङ्ग। स्वाति सलिल श्रीराम मन, चातक प्रीति अभङ्ग ॥ पुनः निषेध कहे हरि प्रतिकूलको त्याग यथा ॥ मद कुसङ्ग परदार धन, द्रोह मान जनि भूल। धर्म रामप्रतिकूल जे, अमी त्यागि विषतूल ॥ इत्यादि विधि निषेधमय जो कर्मकी कथाहै सो कलिमल जो पाप ताको हरणहारी है अर्थात् बिना कर्म कीन्हे पाप नहीं नाश होत काहेते ज्ञानों के आदिमें कर्म है ॥ यथा ॥ संयम जप तप नेम अचारा ॥ पुनः श्रवण कीर्तन आदि भक्तिहूकी आदिमें कर्म है सोई रविनन्दिनि कहे यमुनाजी हैं सो मथुराजी में अरु प्रयाग में जीव उद्धार करनेवाली हैं तथा कर्मभी द्वै भांति जीवोद्धार करत एक तौ सत्कर्म करि भगवत् अर्पण करै दूसरे भक्तिके साथ जीवोद्धार करत है ३० ॥

हरि हरकथा विराजत बेनी। सुनत सकल मुद मङ्गल देनी ३१

सरस्वती यमुनाको गङ्गाजी में सङ्गम होना सोई वेणी कहावती है तथा इहां ज्ञान अरु कर्म भक्तिके साथहोना वेणी कहनेको चाहित रहै तहां हरि हर कथा वेणी कहनेते पूर्व प्रकरण कैसे आवै तहां कर्म ज्ञानमय जो शिव जी की कथा सोई भक्तिरूप हरिकथामें सङ्गम होना सोई वेणी है यथा ॥ भरद्वाज को अरु याज्ञवल्क्य को संवाद सो कर्ममय ताके अन्तर्गत शिव पार्वती को संवाद सो ज्ञानमय ताके अन्तर्गत नाम रूप लीला धामादि जो रामचरित सोई भक्ति गङ्गामें सङ्गम है याज्ञवल्क्य यथा ॥ उहां शम्भु अस मन अनुमाना। दक्षसुता कर नहिं कल्याना ॥ मोरेहु कहे न संशय जाहीं। विधि विपरीत भलाई नाहीं ॥ हरि इच्छा भावी बलवाना। पुनि पुनि वर्णत शम्भु सुजाना ॥ इत्यादि कर्ममय शिव की कथा पुनः ताके अन्तर शिव को संवाद ज्ञानमय यथा ॥ बिनु पद चलै सुनै बिनु काना ॥ इत्यादि ज्ञान

सरस्वती सो कर्ममय शिव की कथाके अन्तर्गत है रामभक्ति गङ्गामें सङ्गम यथा ॥ ज्यहि इमि गावहिं वेद बुध, जाहि धरैं मुनि ध्यान । सो दशरथसुत भक्तहित, कोशलपति भगवान ॥ इत्यादि हरिहर कथा सोई वेणी विराजमान उहां मज्जनते फलदायक इहां कथा सुनतमें सकल भांति मुद उर आनन्द मङ्गल प्रसिद्ध उत्सव ताकी देनहारी कथा है ३१ ॥

वट विश्वास अचल निज धर्मा । तीरथराज समाज सुकर्मा ३२

निज धर्म काको कहिये तहां वेदसम्मत गुरु उपदेशते काहू निष्ठाको ग्रहण करि कर्म ज्ञान उपासनादि काहू मार्गपर आरूढ़ होइ कर्ममें निष्ठा यथा यज्ञमें पृथु, तपस्यामें ध्रुव, क्रियामें अम्बरीष, धर्ममें युधिष्ठिर, व्रतमें रुक्माङ्गद, ज्ञानमें जनकादि, भक्तिकी निष्ठा श्रवणमें पार्वती, कीर्तनमें वाल्मीकि, सुमिरण में सुतीक्ष्ण, अर्चन में अम्बरीष, वन्दन में विभीषण, दास्यता में हनुमान्, सख्यता में सुग्रीव, पदसेवामें लक्ष्मण, आत्मनिवेदन में जटायु इत्यादि निज धर्म तामें जो दृढ़विश्वास यथा ॥ अस विश्वास जाहि जनि भोरे । मैं सेवक रघुपति पति मोरे ॥ सोई विश्वास सन्तसमाज प्रयागमें वटको वृक्ष है तहां प्रयाग में जो वट है सो अक्षय है अर्थात् प्रलयमें नहीं नाश होत यहां निज धर्मका विश्वास अचल यथा ॥ स्वातिबुन्द रघुवंशमणि, चातक तुलसीदास ॥ इत्यादि वटकी अक्षयता है वहां प्रयागराज में माधवआदि राजसमाज है यहां सुकर्म यथा भगवत्पूजा माधव है सद्वार्ता भरद्वाज है एकादशी आदि व्रत वासुकी है नामस्मरण सोमेश्वर है कथाकीर्तन नागेश्वर है प्रथम साधनदेश के विधिनिषेधमय अर्थात् त्यागिबेयोग्य ये कर्म ग्रहण करिबेयोग्य इत्यादि उपदेश कथा सो यमुनाजी कहे यहां सिद्धावस्था के जो सुकर्म हैं तेई राजसमाज हैं ३२ ॥

सबहिं सुलभ सब दिन सब देशा । सेवत सादर शमन कलेशा ३३

अब सन्तसमाज प्रयागकी विशेषता देखावत कि वह प्रयाग सबको सुलभ नहीं है काहेते दूरदेशवासी नहीं पहुँचि सकत यह सत्सङ्ग प्रयाग सबको सुलभ है काहेते वा प्रयाग में मकरसंक्रान्ति अमावसको विशेष माहात्म्य अरु एक देशमें है अरु सत्सङ्ग प्रयागको माहात्म्य सब दिन में है अरु सब देशनमें है अर्थात् जहां जब इच्छा करौ तबै मिलै वहां कल्पवासमें ऐश्वर्य चाहिये यहां सादर अर्थात् प्रीति सम्मान सहित मन लगायके जो

सत्सङ्ग प्रयागको सेवन करै तौ गर्भवास, जन्म, जरा, मरण, नरकादि जो क्लेश हैं अथवा शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि जो इन्द्रियन की विषय तामें आसक्त मन अनेक कामना को धावत पावत कुछ नहीं इत्यादि जो क्लेश सो सब शमन कहे नाश ह्वै जात भाव विषय आशा त्यागि मन हरिसम्मुख ह्वै सुखी होत ३३ ॥

अकथ अलौकिक तीरथराऊ। देइ सद्यफल प्रकट प्रभाऊ ३४

वा प्रयाग को माहात्म्य कथनीय है अर्थात् पुराणन में वर्णन है अरु सत्सङ्गरूप प्रयाग अकथ है कि याको माहात्म्य कोऊ कहि नहीं सकत काहेते भगवत् को पकरिलेनेवाला तीर्थादि कोई नहीं एक सत्सङ्गही बरबस भगवत् को पकरिलेता है भागवते ॥ न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव। न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्तं न दक्षिणा ॥ व्रतानि यज्ञश्छन्दांसि तीर्थानि नियमा यमाः। यथावरुन्धेत्सत्सङ्गः सर्वसङ्गापहो हि माम् ॥ पुनः वह प्रयाग लौकिक है अर्थात् सत् असत् दोऊ रहत सत्सङ्ग में असत् जन आवतही नहीं कदाचित् आवैं तौ वे भी सत्पुरुष ह्वै जावैं याते सत्सङ्गरूप प्रयाग अलौकिक है पुनः वह प्रयाग अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि जो फल देत सो देहान्तर में देत पुनः सत्सङ्ग को प्रभाव प्रकट है कि सद्य नाम शीघ्रही दर्शनमात्र में भक्ति सहित सब फल देत यथा भागवते ॥ न ह्यम्मयानि तीर्थानि न देवा मृच्छिलामयाः। ते पुनन्त्युरुकालेन दर्शनादेव साधवः ३४ ॥

दो० सुनि समुझहिं जन मुदितमन, मज्जहिं अतिअनुराग ॥
लहहिं चारि फल अछततनु, साधुसमाज प्रयाग ३५

सत्सङ्गरूप जो प्रयाग है सो शीघ्रही फलदायक है ऐसा प्रभाव प्रकट है अर्थात् वेद पुराण द्वारा साधुन के मुखते अथवा लोक में सब कहत कि जैसी सङ्गति परत तैसेही गुण लागत इत्यादि सत्सङ्ग के गुण सुनिकै जन जो प्राणीमात्र ते समुझहिं अर्थात् विचार करि मनमें मानिलेइँ कि यह बात सांची है ऐसा समुझि पुनः अनुराग कहे यथा ॥ व्यापकता जो प्रीति की, जिमि सुठि बसत सुरङ्ग। दृगन द्वार दरशै चटक, सो अनुराग अभङ्ग ॥ इत्यादि अति अनुराग कहे जो सत्सङ्ग को माहात्म्य है तामें श्रवण नेत्र अत्यन्तकरि रँगिजायँ अर्थात् देखब सुनब सिवाय सत्सङ्ग और कुछ न सुहाय

ऐसा अति अनुराग सहित जो जन मज्जहिं यहां मज्जन का है हरिहरकथा जो वेणीहै अर्थात् शिव पार्वती का संवाद सहित जो श्रीरामकथा है ताको समचित्त ह्वै श्रवण करै पुनः मनन करै पुनः वाही रीतिपर आरूढ़ रहै सोई मज्जन करना है ताको फल कहत कि अछततन कहे याही देहीके देखते चारिउ फल प्राप्त होवैं अर्थात् विषय, आशा, पाप छूटि जीव अमल ह्वै हरिसम्मुख भयो कामना नाश भई पूर्णकाम फल प्राप्त भयो पुनः सन्तोष आयो सो अर्थ फल है हरिस्नेह सोई धर्मफल है भगवत्शरणागति सोई जीवन्मुक्ति है इत्यादि चारिहू फल हैं ३५ ॥

मज्जन फल पेखिय ततकाला । काक होहिं पिक बकौ मराला ३६

सन्त समाजरूप प्रयागके मज्जन करनेको फल तत्काल कहे वाही देहमें शीघ्रही पेखिय नाम देखिये क्या देखिये काक होहिं पिक काक चाण्डाल पक्षी हिंसारत कठोर वचन अर्थात् विमुख जीवहिंसाप्रिय कठोरचित्त कुवचनी यथा पूर्व अवस्थामें वाल्मीकि तेई सप्तऋषिन को सत्सङ्ग पायकै काक ते पिक नाम कोकिल ह्वैगये यथा ॥ कूजन्तं रामरामेति मधुरं मधुराक्षरम् । आरुह्य कविताशाखां वन्दे वाल्मीकिकोकिलम् ॥ पुनः बकौ यामें द्विवचन होत अर्थात् द्वै भांतिके बक एक मैले होत दूसरे श्वेत तथा द्वैभांति के विषयी जीव एक केवल विषयासक्त जे सत्वार्त्ता जानतही नहीं ते मैले बक हैं यथा पूर्व अवस्था में नारदजी दासीपुत्रते सन्तन के सङ्ग प्रभावते सदसद्विवेकी हंस ह्वैगये दूसरे बक श्वेत होतेहैं ते वे विषयी जीव हैं ये भीतर ते विषयासक्त हैं परन्तु सत्बात जानते हैं ताते देखाव में मैली क्रिया नहीं करते हैं देखावमात्र सत्वार्त्ता करते हैं यथा अगस्त्य प्रथम अवस्था कुम्भते उत्पन्न भये तब सामान्य रहैं अर्थात् देहमें जाति व कर्मादिकी मलिनता न रहै परन्तु जीव में चैतन्यता नहीं रहै तेऊ सत्संगप्रभाव ते सारासार के विवेकी हंस ह्वैगये ३६ ॥

सुनि आश्चर्य करै जनि कोई । सतसङ्गति महिमा नहिं गोई ३७

जो पूर्व सत्संग प्रभावको माहात्म्य कहिआये ताको सुनिकै कोऊ आश्चर्य जनि करै काहेते सत्संगति की जो महिमा है सो गोई नाम चोराई नहीं है अर्थात् प्रकट सब जग जानत है यथा सन्तन के संगते शुकसारिका रामनाम पढ़त तौ नर तौ चैतन्य है सो पूर्व चौपाई की प्रमाण आगे प्रसिद्ध कहत ३७ ॥

वाल्मीकि नारद घटयोनी। निजनिज मुखन कही निजहोनी ३८

वाल्मीकि श्रीरघुनाथजी सों नारद व्यासजी सों घटयोनि जो अगस्त्यजी ते शिवजी सों अपनी अपनी समर्थता की होनी अपनेही मुखनते कहे यथा श्रीरघुनाथजी सों वाल्मीकिजी कहे कि मैं प्रचेता को पुत्र हौं बालअवस्था ते किरातन को संग भयो मेरीभी रीति वैसीही ह्वै गई पुनः सप्तऋषिन के सत्संगते आपके यशगान को अधिकारी भयों अरु व्यासजी सों नारदजी कहा कि बालअवस्था में अकाल पस्यो मेरी माता अन्य देश जाइ साधुसेवी स्थान में दासिता करि जीविका कस्यो ताके संग मैंभी दासता करों पुनः साधुन के संगसे चैतन्य ह्वै भजन करने लग्यों तब पुनः देह त्यागि ब्रह्मा का पुत्र ह्वै ऋषि भयों पुनः शिवजी सों अगस्त्यजी कहा कि सूर्य मित्रावरुणकी यज्ञमें सब देव मुनि मिलि कशल में अपनी शक्ति स्थापित करयो तामें मैं प्रकट भयों पुनः सत्संगके प्रभावते ऐसो भयों कि सिन्धु पान करिगयों ३८॥

जलचर थलचर नभचर नाना। जे जड़ चेतन जीव जहाना ३९
मति कीरति गति भूति भलाई। जब जेहि यतन जहां ज्यहि पाई ४०

इहां द्वै चौपाई का अर्थ एकही में है जल थल नभादि के चरनेवाले पुनः जड़ चेतनादि जहान में जे जीव मतिआदि जेहि यत्न ते जहां ज्यहिने जयपाई है सो सत्सङ्ग ते पाईहै यथा पांच जनन में पांचवस्तु क्रमसे वर्णन है प्रथम जलचर मैनाक सिन्धुके सत्संगते यह मति पाई कि रामदूत को श्रमहारी भयो अथवा हनुमान्जी की सत्संगति पाय मकरी ने गति पाई ताते बतायादियो कि मुनि न होय यह निशिचर घोरा॥ अथवा राघवमत्स्य, जब कौशल्याजी को रावण हरिल्यायो मञ्जूषामें करि राघवमत्स्यको सौंपि दियो ताको यह मति मिली कि या कन्याते रामावतार ह्वै सबको हित होई यह जानि राजा कौशल को दैदियो अथवा गज ग्राह पूर्व के दोऊ सुकृती हैं शापवश रहैं सो ग्राहक के मतिआई कि गजको गहिलेउँ तौ भगवान् गजकी रक्षाते मोंको मारैंगे शापते छूटि जाउँगो पुनः थलचर गज ताको कीर्ति मिली जो आजतक विदित है अथवा॥ करि केहरि कपि कोल कुरंगा। वैर विगत बिचरहिं यक संगा॥ इत्यादि पुनः नभचर जटायु किशोरीजी के संगते गति पाई पुनः जड़ गोवर्धन चित्रकूटादि हरिपद संगते भूति नाम ऐश्वर्य पाये लोक पूजत अथवा अहल्या पतिको धाम ऐश्वर्य पायो पुनः चेतन तौ हनुमान्

आदि अनेकन भलाई पाये यथा॥ सुन सुत तोहिं उऋण मैं नाहीं॥ इत्यादि ३९। ४०॥

सो जानब सतसङ्ग प्रभाऊ। लोकहु वेद न आन उपाऊ ४१

ताते जब कोऊ जहां उत्तमता पावा है अरु अब पावत है पुनः आगे पाई सो सब सत्संगही को प्रभाव जानब लोकमत में अरु वेदमत में दूसरो उपाय नहीं है केवल एक सत्सङ्गै से सब उत्तमता ह्वैसक्ती है ४१॥

बिनु सतसङ्ग विवेक न होई। रामकृपा बिनु सुलभ न सोई ४२

सोई जो सत्सङ्ग है सो परमार्थ की मूल देखावत तहां मूल बीजते होत बीजको कोऊ बोवनेवाला चाही सो रामकृपा कहे ताको प्रयोजन कि प्रभुकी शरणागत को भरोसा सदा राखै तहां परलोक को मार्ग है विवेक अर्थात् संसार असारताकी आशा त्यागि व्याप्त भगवत्रूप को ग्रहण इत्यादि विवेक सो बिनु सत्संग नहीं होत सोई जो सत्संग सोऊ बिनु श्रीरामकृपा सुलभ नहीं है ताते प्रभु की शरणागति गहै तब प्रभु की कृपाते सत्संगमें मन लागै तब साधुन के उपदेशते विवेक होवै ४२॥

सतसङ्गति मुद मङ्गलमूला। स्वइ फल सिधि सब साधन फूला ४३

पुनः सत्संगति कैसी है मुद जो मानसी आनन्द मंगल जो प्रसिद्ध उत्सव तिनकी मूलहै पुनः सोई सत्संग सिद्धफलभी है अर्थात् मूल फलको सम्बन्ध एकमें है अरु अंकुर आदि फूलपर्यन्त बीचमें है ताते सब साधन फूल कही विवेकरूप वृक्षके सर्वांग सूचित करै तहां सिद्ध अवस्था को सत्संग फलरूपहै सोई फल भूमिमें बोइबे ते मूल है सब वृक्ष ह्वै जात इहां सुमति भूमि है सत्संग उपदेश बीज मूल अंकुर है, शम दम द्वौ दल हैं, श्रद्धा फुनगी है, उपराम तितीक्षा बाढ़ब है, समाधान हरेरी है, विवेक वृक्ष है, वैराग्य वाकी सेवा है, मुमुक्षुता फूल है, ज्ञान फल है, भक्तिरस है, सत्संग बीज है ४३॥

शठ सुधरहिं सतसङ्गति पाई। पारस परसि कुधातु सुहाई ४४

जो सत्सङ्ग को सिद्ध फल करि कहै ताकी प्रमाण देखावत कि साधनहीन केवल सत्सङ्गमात्र ते सिद्धता होती है यथा पारस को परसि कुधातु नीच धातु सारहीन सो भी सुहाये कहे सोना उत्तम धातु होत ताही भांति शठ जो बुद्धि विचारहीन पशु सम जड़ स्वभाव यथा॥ बह्वाहारी बुधैर्वैरं जडता पशुकर्म च। करोति कलहो नित्यं मुचण्डं पश्चलक्षणम्॥

ऐसेहू जे शठ हैं तेऊ सत्सङ्ग पाइके सुधरहिं बुद्धि विवेकी हरिभक्त होते हैं यह साधनहीन सिद्धी है पुनः विवेक वैराग्य शमादिषट्सम्पत्ति मुमुक्षुतादि साधन करि जो होत वा श्रवण कीर्तनादि करि जो होत यह तौ वेद की परिपाटी है परन्तु किञ्चित् सुकृती को योग्य है शठन को योग्य नहीं जा भांति रसायन ते सोना बनत तामें तांबा धातु ते बनत यथा गन्धक को तेलते अथवा पारा की खाकते अथवा॥ गन्धक पारा अरु हरतार। टंकम आनि बराबरि धार॥ श्यामाके रस गोली करै। लैआनि जल यन्त्रम धरै॥ बारह पहर आंच यदि देई। ताम्रभूमि सोना करिलेई॥ तहां जा भांति ज्ञान भक्ति के साधन पुराणन में लिखे तथा गोरखादिरसायन साधन लिखि गये इत्यादि विधि सहित सिद्धी है अरु सत्सङ्ग पारस की अवधि है ४४॥

विधिवशसुजनकुसङ्गतिपरहीं। फणिमणिसमनिजगुणअनुसरहीं ४५

अब यह सन्देह है कि जा भांति पारस परसि लोह सोना होत जा भांति सत्सङ्ग पाइकै शठ सुधरत ताही भांति जो सुजन कुसङ्गति में परि जायँ तौ वे भी बिगरि जायँ तापै कहत कि नहीं एक तौ सुजन कुसङ्ग के लगजातही नहीं यह प्रसिद्धै है कि॥ सन्तसङ्ग अपवर्गकर, कामी भवकर पन्थ॥ तातै जानिकै को जहर खाइ जो विधिवश अर्थात् विधि लिखित प्रारब्ध कर्माधीन ह्वै सुजन भी कुसंगतिमें परिगये सो संगति नहीं है काहेते जब रीति रहस्य इष्ट उपासनादि में चाहै सहित मन तनते मिलै ताको संग कही अरु जो विधिवश कुसंग में परै तौ निर्वाहमात्र दिन भरना है उनमें मन नहीं मिलावते कौन भांति यथा फणि जो सर्प ताकी मणि सम आपने गुणको अनुसरत नाम बर्त्तत अर्थात् सर्प में महाविष भरो है ताही में मणि रहत परन्तु विष को गुण जो मारता सो मणि में नहीं छुइजात आपनो अमृतवत् गुण नहीं त्यागत अथवा जाभांति सर्प आपनी मणिकी प्रकाशमें चरत जब काहूको देखत तब गोपकरिलेत तथा सज्जन सत्ग्रन्थादि की प्रकाश में आनन्द चरत जब काहू दुष्ट को देखे तब ग्रन्थ मूंदि चुप ह्वै रहे इत्यादि सजग तामें लघु गुण कैसे व्यापै ४५॥

विधि हरिहर कवि कोविद बानी। कहत साधुमहिमा सकुचानी ४६

विधि ब्रह्मा हरि विष्णु हर शिव कवि अनन्तादि कोविद बृहस्पत्यादि तिनकी जो वाणी है सोऊ साधु की महिमा कहत में सकुचाती है काहे ते

हरि प्रेम प्रक्षालित साधुन में अमल गुण होत यथा महारामायणे ॥ शान्तः समानमनसश्च सुशीलयुक्तस्तोपक्षमागुणदया ऋजुबुद्धियुक्तः । विज्ञानज्ञानविरतिः परमार्थवेत्ता निर्द्धामकोऽभयमनाः सच रामभक्तः ॥ पुनः ॥ मद्भक्तः सरितां पतिं चुलकवत् खद्योतवद्‌ भास्करं मेरुं पश्यति लोष्टवत् किमपरं भूमेः पतिं भृत्यवत् ॥ चिन्तारत्नचयं शिलाशकलवत्कल्पद्रुमं काष्ठवत् संसारं तृणराशिवत्किमपरं देहं निजं भारवत्॥ ऐसे साधुन के गुण कैसे कोऊ कहि सकै काहेते विधि रजोगुणवश उत्पत्ति में लगे हरि सतोगुणवश पालन में लगे हर तमोगुणवश संहार में लगे कवि मानवश उपमान प्रासादिकन में परे कोविद मानवश क्रिया कर्ता कर्ममें परे इत्यादि व्यापारन में परे ताते वाणी अमल नहीं तौ अमल महिमा कैसे कहै याते वाणी सकुचत यामें किसी को माहात्म्य नहीं जात यथा रामजन्म हेत वशिष्ठादि के बनेरहे अमल बालकाली योगी शृंगी ऋषिही बुलाये गये परीक्षित मृत्युसमय उपदेशहेत गर्ग व्यासादि के बैठे अमल योगी शुकदेव बुलाये गये गरुड़ के मोहसमय नारद ब्रह्मा शिवादि बनेरहे काकभुशुण्डि के पास मोह छूटो पुनः महारामायणे शिववाक्यम् ॥ अहं विधाता गरुडध्वजश्च रामस्य बाले समुपासकानाम् । गुणाननन्तान् कथितुं न शक्तास्सर्वेषु भूतेष्वपि पावनस्ते ॥ ४६ ॥

सो मोसन कहि जात न कैसे । शाक वणिक मणिगुणगण जैसे ४७

ऐसी अपार अमल महिमा साधुन की सो मोसन कही नहीं जात कैसे जैसे शाकवणिक कुजरा ताते मणिगण के गुण नहीं कहे जात शाकाख्यम्पत्रपुष्पादि इत्यमरः । काहे ते पत्रादि लघुमोलताको बेंचनहार सो अत्यन्त मोल की वस्तु मणिगण ताको मोल कैसे कहा जाइ अथवा विश्वकोश में शाक कहे कांच की पोत सो इहां है पाखण्डवेष ताको वणिक अर्थात् पाखण्ड वेष बनाय लोक में पुजावनेवाला मैं सो अमोल मणिसम साधुन के गुण कैसे कहौं जाको ब्रह्मादि जवाहिरी नहीं कहि सकत यथा मणि अमोल तथा साधुनमें गुण अनूप जाकी उपमा कोऊ नहीं कहिसकत ४७ ॥

दो० वन्दौं सन्त समान चित, हित अनहित नहिं कोउ ॥
अञ्जलिगत शुभ सुमन जिमि, समसुगन्ध कर दोउ ४८

सोई जो सन्त हैं तिनकी वन्दना करतहौं कैसे हैं सन्त समान चित्त हैं

RAILWAY
CLASSES
YS

समानको लक्षण क्या है जाके हित अनहित कोऊ नहीं तौ यह तौ जड़बुद्धि है यामें गुण कौन भयो सो कहत कि नाहीं काहू में प्रीति काहू में वैर यह भाव छांड़ि एकरस सब के हितकारी हैं कौन भांति यथा शुभ नाम उत्तम सुगन्धित बेला चँबेली गुलाबादि सुमन जो फूल जिमि अञ्जलिनाम हाथन में गतनाम प्राप्त भये सन्ते दोऊ हाथों में समनाम बराबरि सुगन्ध करते हैं अर्थात् दहिना उत्तम बांवा मध्यम नहीं विचारते तथा राजा रंक नहीं मानते सब पर एकरस दया करते हैं अथवा दहिना हाथ फूल तोरता ताको शत्रु नहीं मानते बांवा रक्षा करता ताको हितू नहीं मानते दोऊ में सम सुगन्ध देते हैं तथा साधुन के निन्दा स्तुति उभयसम सबपर दया राखते हैं ४८ ॥

दो० सन्तसरलचित जगतहित, जानि सुभाव सनेहु ॥
बालविनय सुनि करि कृपा, रामचरण रति देहु ४९

सन्तनके अन्तर तौ सरल कहे सहज चित्त होतेहैं याते राग द्वेष रहितहैं अरु बाह्य कर्म वचनते जगत् के हितकर्ता होते हैं यथा माता पिता हितकर्ता बालककी अपभ्रंश वाणी सुनि प्रसन्न ह्वै वाके उरकी प्रीति विचारि अर्थात् तोतरी वाणी में जो वस्तु बालक मांगता है अर्थात् खलौना फल मिठाई आदि सो कृपाकरि दैदेता है तथा हे सन्तजनो! जगके हितकर्ता आप माता पितासम हौ सो आपनो स्वभाव जानि मैं जोहौं बालक ताकी बिगरी विनय सुनि प्रसन्न ह्वैकै मेरे उरमें प्रभुपदमें प्रीति विचारि कृपाकरि श्रीरामचरणमें रतिनाम प्रीति देहु कृपा काको कही लोकरक्षा के हमहीं समर्थ हैं भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ ४९ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां रामचरितमानसभूषणे गुरुपदसत्सङ्गमाहात्म्य-
वर्णनो नाम प्रथमः प्रकाशः १ ॥

बहुरि वन्दि खलगण सतिभाये। जे बिन काज दाहिने बांये १

अब वन्दना व्याज खलनके अवगुण वर्णन करते हैं यथा साधुनके गुण वर्णनमें निवृत्ति मार्ग व्यंग्य अर्थात् परलोक राह दर्शाये तथा खल अव-

गुणवर्णन में प्रवृत्तमार्ग व्यंग्य अर्थात् भवसागरकी राह दर्शावते हैं बहुरि मैं सत्यभायते खलके जे गणहैं तिनको वन्दना करताहौं कैसे जिनमें कुलक्षण हैं जे विना काजही परमार्थमार्ग त्यागि दहिने बांये चलत तहां दहिनो यह कि कदाचित् कुछ उत्तम कार्य किये तौ अभिमानते नामहेत व काहू प्रयोजन हेत जो परमार्थ में छुइ न जाय अरु बांयेको तौ आगे प्रसिद्धहै अथवा बिन काजही दहिनेते बांय ह्वैजाते भाव जे हितकारीहैं ताहूते शत्रुता राखते हैं १॥

परहित हानि लाभ जिनकेरे। उजरे हर्ष विषाद बसेरे २

अथवा वा रास्ता देखाते कि सज्जन तौ परलाभ में आपनी लाभ परहानिमें आपनी हानि मानते अरु साधारणजन आपनी हानिमें हानि आपनी लाभमें लाभ मानते अरु खल कैसे हैं जे परहित होना सोई हानिहै अरु पराये हितकी हानि होना सोई जिनके लाभ है पुनः परारे उजरेते हर्षते बसेरे सुखी रहते देखि आप विषादनाम दुःखी होतेहैं अथवा परारे हित की हानि सोई जिनके लाभहै ताते उनके हर्ष उजरिगये अरु विषाद उनमें बसेरे करैं भाव शोक के पात्र भये २॥

हरिहर यश राकेश राहु से। पर अकाज भट सहस बाहु से ३

हरि जो भगवान् हर महादेव तिनको जो यश है सोई राकेशनाम पूर्णमासीको चन्द्रमा है ताके हेत कैसेहैं खल राहु से यथा राहु चन्द्रमा लोप करिदेत तथा खलहरि हरको यश लोप करि देतेहैं कौन भांति यथा राहु संधिपाय चन्द्रमाको ग्रसत तथा खल कथादिमें सन्धिपाय अनेकतर्क करि कुवचन करि बन्द कराय देते हैं सोई ग्रहण है पुनः परअकाज करिबे में सहस्राबाहु की सम भटहैं वाको दत्तात्रेयी सिद्ध करिदिये रहै जहैं देखो तहैं ठाढ़ो है पुनः जमदग्निते कामधेनु मांगे जब न दिये तब बरवश छीने तबौं न मिली तब ऋषिको मारिडास्यो तथा खल परअकाजहेत व्यासवत् अनेकके पास जाते हैं पुनः काहुके अच्छी वस्तु देखैं मांगैं न पावैं बरवश चोराइलेयँ तदपि न पावैं तौ अनेक उपद्रव करैं ३॥

जे पर दोष लखहिं सहसाखी। परहित घृत जिनके मन माखी ४

सहस आंखिन सों परदोष निहारते ऐसार्थ करने ते सहसनयन पर दोष निहारा याते पुनरुक्ति होत पुनः आंखिगामीन पद है क्योंकि अक्षिशब्द को अपभ्रंश है ताते जे खल हैं ते सहित साखी परदोष देखते हैं अर्थात् काहू

को दोष देखैं तब औरनको बुलाय देखाय गवाह करिलिये जामें हमारी बात प्रमाण बनीरहै पुनः सब देशमें फैलाय दियैं पुनः परहित बिगारिबेके जिनके मन माखी सम आपनी देह त्यागि वाको बिगारते हैं ४ ॥

तेज कृशानु रोष महिषेशा। अघ अवगुण धन धनी धनेशा ५

तेज कहे आंच अर्थात् विभव बल जो कुछ है सब परारेको जारिबे हेतु है काहेते प्रीति वैर काहू तरह उनके निकट कोऊ जाय ऐसा दाहकर्ता गुण प्रकट करैं कि वाको हृदय दग्ध करिदेवैं पुनः रोष नाम क्रोध जिनमें महिषेश नाम यमराजके तुल्य है अर्थात जहां दंडके सिवाय रक्षाको नाम नहीं पुनः हिंसादि जो अघ हैं अरु अवगुण यथा ॥ कामक्रोधयुत क्रियाहत, दुर्वादी अतिलोभ । लम्पट लज्जाहीनगनि, विद्याहीन अशोभ ॥ आलस अतिनिद्रा बहुत, दुष्ट दयाकरि हीन । सूम दरिद्री जानिये, रागी सदा मलीन ॥ देत कुपात्रहि दान पुनि, मरणज्ञान दृढ़ नाहिं । भोगी सर्व न समुझई, कछु शास्त्रनके माहिं ॥ अतिअहार प्रिय जानिये, अहंकारयुत देखु । महा अलक्षणपुरुष में, ये अट्ठाइस लेखु ॥ इत्यादिकके धनी धनेश नाम कुबेर के तुल्य हैं ५ ॥

उदय केतुसम हित सबहीके। कुम्भकरण सम सोवत नीके ६

उदय कहे जब खलनकी वढ़ती भई तब सब आपने हितमें हानि मानि डेराय जाते हैं यथा केतुके उदय भयेते सब संसार अनहितकर्ता जानि डरतहै अर्थात् अनेक भांतिके केतु उदय होतेहैं तिनमें बहुत शुभ करताहू हैं यथा मयूरचित्रे॥धूमाकारा शिखा यस्य कृत्तिकायां समाश्रिता । दृश्यते रश्मिकेतुः स्यात्सप्ताहानि शुभप्रदः ॥ पुनः कोऊ जा नक्षत्रपर उदय होत ताके देश को हानि करत सर्वत्र को नहीं यथा ॥ अश्विन्यामश्वकं हन्ति याम्ये केतुः किरातकान् । वह्नौ कलिङ्गनृपतीन् रोहिण्यां शूरसेनकान् ॥ तथा खल चहैं किसीको हितभी करैं तबहूं उनको सब डरते रहत यथा चोर लम्पट को घर आवते सब डरत पुनः कुम्भकर्ण के सोवने सम जो खल किसी शोच में दबे रहैं तौ सब नीके नाम तहादिल रहैं ६ ॥

पर अकाजलगि तनु परिहरहीं। जिमि हिमउपल कृषीदलि गरहीं ७

यथा सज्जन परअकाज हेतु आपनी देह त्यागि देते हैं यथा जटायु तथा खल परारे अकाज होने हेतु आपनो तन त्याग करते हैं यथा कालनेमि

मारीच जैसे हिम जो पाला उपल आसमानी पत्थर जब गिरे तब कृषी जो खेतन में अनाज ताको दलि कहे नाश करि पाछे आपहू गलिगये ७ ॥

बन्दौं खल जस शेष सरोषा । सहसवदन वरणाहिं परदोषा ८

पुनः बन्दौं सहित रोष खल शेषजी की सम हैं शेषजी भक्ति ते हज़ार मुखते हरियश वर्णन करते हैं खल कुटिलताते एकही मुख में सहसवदन सम साहस करि परदोष वर्णन करते भाव दोष कहिवे में कबहूं अमित नहीं होते ८ ॥

पुनि प्रणवौं पृथुराज समाना । पर अघ सुनै सहसदश काना ९

पृथुमहाराज भगवान् ते वर मांगि लीन्हे कि आपुको यश सुनते में हमारे दशहज़ार कान होवैं तिन पृथुकी समान मैं खलन को जानि प्रणाम करता हौं जे परअघ जो पाप ताके सुनत में दशहज़ार कानसम दोऊ कानते सुनते हैं भाव ऐसा समचित सावधान ह्वै सुनते हैं जो दश हज़ारबार सुने कैसो पाप होत है ९ ॥

बहुरि शक्र सम बिनवौं तेहीं । सन्तत सुरानीक हित जेही १०

बहुरि शक्र जो इन्द्र ताकी सम मानि खलन को बिनवत हौं तहां इन्द्र को सुर जो देवता तिनकी अनीक नाम सेना सोई हित है इहां खलन के विमुखन की जो सेना सोई हित है अथवा इन्द्र को सुरा जो राजमद सोई नीक हित है इहां कामादि मद सोई सदा हित नीक लागत १० ॥

वचन वज्र ज्यहि सदा पियारा । सहस नयन परदोष निहारा ११

इन्द्र को वज्र सदा प्रिय है काहेते सदा धारण किहे रहत खलनके वचनै वज्रहैं अर्थात् सदा कठोरै वचन बोलिबो प्रिय है इन्द्र हज़ार नेत्रन सों प्रभु को विवाह देखि आनन्द भये खल परावा दोष देखि ऐसा आनन्द पावते हैं जो दोई नयन सहसनयन सम करि देखते हैं भाव जेतो दोष उनको देखिपरता है तेतो औरको नहीं देखात अर्थात् कैसेहू सूक्ष्म होवै ताहू को देखते हैं ११ ॥

दो० उदासीन अरि मीतहित, सुनत जरहि खलरीति ॥
जानु पाणियुग जोरिकरि, विनती करौं सप्रीति १२

सन्तन की तौ यह रीति है कि शत्रु मित्र उदासीन काहूको हित होइ तौ आनन्द होते हैं सामान्य जनों की यह रीति कि मित्रको हित सुनै तौ

आनन्द होवैं शत्रुको हित होय ताको सुने न खुशी होवैं उदासीन ते कुछ प्रयोजन नहीं अरु खलन की यह रीति है कि चहै उदासीन होइ चहै शत्रु होइ चहै मित्र होइ काहूको हित सुनै तो तुरतही जरि उठते हैं ताते जानु जो फीली आदि पाणि हाथ पुनः युग कहे पांव अर्थात् सर्वांग जोरिकै सहित प्रीति खलनसों मैं विनती करत हौं कौन हेतु कि मेरी काव्य के कहते सुनते आपने गुणकी प्रकाश न करौ का प्रकाश है पण्डित भये तौ भाषा मानि अनादर करे कवि भये तो दूषण निसारे अनपढ़े हैं ते अनेक कुतर्क करत इत्यादि औरेन को चित्त बिगारत ता मेरी विनती मानि आपने मनमें चहौ जो बात माने रहौ परन्तु मुखते कुछ न कहौ अर्थात् न भलाई करौ तो बे प्रयोजन बुराई भी न करौ इत्यादि विनतीपूर्वक खलन के गुण प्रकट करि उनको प्रथमही रोकि दीन्हें यथा राजदरबार में याचकलोग चुगुलन को कुवचन कहि रोंकि देते हैं तथा जानिये १२ ॥

मैं अपनी दिशि कीन्ह निहोरा। तिन निज ओर न लाउब भोरा १३

ताहू पर कहत कि मैं तो आपनी दिशिते निहोरा कीन भाव जो काव्य में कुटिलता न करै तो मेरे ऊपर निहोरा है परन्तु वै आपनी दिशिते भोरा न लावैंगे भूलिकै निहोरा न लावैंगे अर्थात् कुटिलता करना जो उनको गुण है सो विशेषि कीन्हें करैंगे काहू हर्ष अथवा शोक पाइकै आपनो गुण कवहूं न भूलैंगे भाव खलन में दुष्टतागुण पक्का होत ताको आगे कहत १३ ॥

पायस पालिय अति अनुरागा। होहि निरामिष कबहुँ कि कागा १४

यह जो वायस पाठ सो अशुद्ध है एकतौ पुनरुक्ति दूसरे काक को कुछ भोजन नहीं होत ताते पायस चाहिये यथा पायस जो खीर सो परम पावन है ताको भोजन दै अत्यन्त अनुरागते पालिये अर्थात् मधुर वचन बोलिये भाव उत्तम भोजन दीजै उत्तम वचन सिखाइये तथापि काक कबहूँ कि निरामिष होय॥ अर्थात् कबहूं न निरामिष हो आमिष नाम मांस सो विना खाये न रही भाव आपनो स्वभाव न छांड़ी तथा खलनकी लाखु विनती करौ वे दुष्टता बिन किहे न रहैंगे १४ ॥

बन्दौं सन्त असज्जन चरणा। दुखप्रद उभय बीच कछु वरणा १५

अब साधु असाधु में एकही गुण देखावते हैं संत असज्जन दोऊ के

चरण वन्दतहौं दुःखप्रद कहे दुःखके देनहार उभय कहे दोऊ हैं परन्तु दुःख देने में कुछ बीच वर्णन है सो आगे कहत १५ ॥

बिछुरत एक प्राण हरिलेहीं । मिलत एक दारुण दुख देहीं १६

एक जो साधु हैं जब मिले तब प्रेम सहित मधुरवाणी ते हरि यश नाम प्रतापरूप की माधुरी आदि सुनाय परम आनन्द करि दिये तेई जब बिछुरे तब प्राण हरिलेगये अरु एक जो दुष्ट हैं जब मिले तब ऐसे कठोर वचन क्रोध के भरे कठोर उरते कहे यथा काहूकी निंदा काहू के पाप को प्रकट करना काहूको अयश अथवा आपुही कटु वचन कहे यामें दारुण कहे कठिन दुःख के देनेवाले भये ऐसा मन में खेद भयो कि ऐसे पुरुषन ते कबहूं मुलाकाति न होवै तेई जो पुनः कबहूं मिले तौ देखतही महादुःख ह्वै गयो इत्यादि बीच है १६ ॥

उपजहिं एक सङ्ग जलमाहीं । जलज जोंक जिमि गुण बिलगाहीं १७

पूर्व की उपमा देखाते हैं जलज जो कमल अरु जोंक जलौका ये दोऊ जल माहिं एक सङ्गही उपजते हैं परन्तु जिमि कहे जा भांति जलज के गुण बिलग हैं अरु जोंक के गुण बिलग हैं कौन गुण हैं एक तौ कमल के देखे ते आनन्द पुनः वाके सूंघे शीतलता बीज खाये रुधिर बढ़ावत तथा साधु सुखद अरु जोंक कैसी जाके देखतही डर लागत अरु निकट गये काटत अरु लागि जात पुनः रुधिर खैंचिकै पान करि जात तैसे दुःखद असाधु हैं ते दोऊ एकही साथ संसारही में होते हैं परन्तु गुण बिलग हैं १७ ॥

सुधा सुरासम साधु असाधू । जनक एक जग जलधि अगाधू १८

सुरा मदिरा जाके दर्श स्पर्श अपावन ग्रहणते लोक निन्दा ज्ञान भ्रष्ट अधिक ह्वै जाइ तौ प्राण हानि सुधा कहे अमृत जाको दर्श स्पर्श उत्तम पावन ग्रहणते ज्ञानवृद्ध अमरता दोऊको पिता एक समुद्रही है तथा सुधासम साधु सुरासम असाधु तिन दोउनको जनक नाम पिता एक जगतही अगाध जलधि नाम समुद्र है १८ ॥

भलअनभलनिजनिज करतूती । लहतसुयश अपलोक विभूती १९

धातु मूल जीव कोऊ होइ जे स्वाभाविक समान सबके सुखद हैं ते भले हैं सो आपनी भलाई करतूतिते सुयशकी विभूति नाम ऐश्वर्य लहत नाम प्राप्त होत यथा साधुजन पुनः जे समान स्वाभाविक सबके दुःखद हैं तेई

अनभल हैं सो आपनी बुराई करतूतिते अपलोक नाम अपयश की ऐश्वर्य को प्राप्त होत यथा असाधु इत्यादि गुण अवगुणकी तुल्यता देखावत १९ ॥

सुधा सुधाकर सुरसरि साधू । गरल अनल कलिमल सरि व्याधू २०

अमृत चन्द्रमा गंगाजी सम साधु हैं यथा सुधा नाम अमृत पानते देह की अमरता देत साधु भगवत् रूपकी प्राप्तिरूप जीवकी अमरता देत पुनः सुधाकर जो चन्द्रमा शीतल साधुन के वचन शीतल चन्द्रमामें प्रकाश साधु में भक्ति प्रकाश चन्द्रमा आनन्ददायक साधु प्रेमानन्ददायक पुनः सुरसरि गंगाजी दर्शन ते पाप हरत मज्जनते मुक्त करत साधुवों के दर्शन पाप हरत समागमते मुक्त करत पुनः विष अग्नि कर्मनाशा व्याधकी सम असाधुहै यथा गरल जो विष खाये देह छूटत खल आत्मरूप नाश करि भवमें डारत अनल अग्निदाहक है खल तन मनको दाहक कलिमलसरि कर्मनाशा को जल छुये कर्म नाश होवे प्रसिद्धही कर्म नाशत व्याध हिंसारत खल महाहिंसारत २० ॥

गुण अवगुण जानत सब कोई । जो ज्यहि भाव नीक त्यहि सोई २१

गुण जो है यथा शान्ति, समता, सुशीलता, सन्तोष, क्षमा, दया, कोमलता, तितिक्षा, श्रद्धा, ज्ञान, वैराग्य, उदारतादि पुनः अवगुण यथा काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, अहंकार, झूठ, कठोरता, दुर्वादी, सूम, कलह, आलस, निद्रादि अवगुण अरु पूर्व कहे गुण तिनको सर्व जानते हैं परन्तु जो जाको भावत अर्थात् पूर्व जस संस्कारवश जैसा स्वभाव परिगयो सोई भावत वही कर्म करते नीक लागता इत्यादि तुल्यता है २१ ॥

दो० भलो भलाई पै लहै, लहै निचाई नीच ॥
सुधा सराहिय अमरता, गरल सराहिय मीच २२

जाको जो स्वभाव पूर्वज है ताको ताहीमें भलाई मिलत यथा मिरचादिकन में करोई आम्रादिकन में मिठाई तथा भले जन जे हैं ते भला कार्य करि भलाई पावते हैं तथा नीच जे हैं ते निचाई करिकै भलाई पावते हैं यथा सुधा जो अमृत सो अमरता करै तब सराहिये नाम प्रशंसा करिबे योग्य है अरु गरल जो जहर है सो मीच कहे शीघ्रही मारिडारै तब सराहिबे योग्य है २२ ॥

खल अघ अगुण साधु गुणगाहा । उभय अपार उदधि अवगाहा २३

खलन के अघ नाम पाप हिंसादि पुनः अवगुण दुष्टताआदि अरु साधुन की सुकृति निर्वासिक शुभ कर्म हरिअर्चनादि पुनः गुण साधुता आदिते दोउन

को गाथा जो है कथा सो अपार उदधि नाम समुद्रसम अवगाह है अर्थात् खलन में अघ अवगुण पुनः साधुन में गुण सुकृत कितने हैं सो नहीं जानि सकत यह अगाधता है पुनः कहांतक करेंगे सो अपारता है २३ ॥

तेहिते कछु गुण दोष बखाने। संग्रह त्याग न बिनु पहिंचाने २४

परदोष कहना खलनको काम साधु है गोसाईंजी क्यों कहे तहां उदाहरण तौ नहीं कहे अर्थात् काहूको रूप व नाम लैकै तौ नहीं कहे कि या शख़्स में दोषहै इहां केवल लक्षण प्रकट करनाहै ताते कहे पुनः पूर्व अपारसिंधु कहि अब कैसे कहिसकै तामेंते कुछ बुन्दमात्र गुण दोष बखाने लोक जानिबे हेतु कुछ लक्षणमात्र कहे यामें प्रयोजन क्याहै तहां लक्षण विना जाने पहिंचान नहीं होत बिन पहिंचाने न संग्रह बनै न त्याग बनै जब पहिंचाने तब साधु गुण संग्रह करै खल अवगुण त्याग करै यह लोकशिक्षात्मक है २४ ॥

भले पोच सब विधि उपजाये। गनि गुण दोष वेद बिलगाये २५

विधि लोकरचनाको कर्तार जो भगवत् है ताने भले अरु पोच नाम बुरे अर्थात् भले बुरे सबको संसार में उपजाये हैं तिनमें अनेकन गुण अनेकन दोष सब संसारही में हैं ताको कोऊ कैसे जानिसक्ता है तामें जौन गुण है अरु जौन दोष है तिनको गनिकै अर्थात् यामें इतने गुणहैं यामें इतने दोष हैं यह वेद बिलगायदिये २५ ॥

कहहि वेद इतिहास पुराना। विधिप्रपञ्च गुण अवगुण साना २६

वेद ऋगादि इतिहास भारतादि पुराण भागवतादि ते सब कहत हैं कि विधिको जो प्रपञ्च अर्थात् लोकरचना तामें गुण अवगुण साना है तहां सानाको अर्थ गुण अवगुण एक में मिले हैं तहां एक साधारण गुण अवगुण सो तौ एक वस्तु में गुण है एक में अवगुण है दोऊ एकत्र रहत यथा खटाई व मिठाई एकमुख्य गुण अवगुण है सो एकत्र नहीं रहत यथा तमप्रकाश अर्थात् सूर्य राहु एक कारण गुण अवगुण होत ते एकमें साने रहत जैसे जामें प्रसिद्ध गुण है ताहूमें कुछ अवगुण कारण पाइकै होइ यथा दुग्ध दधि भोजन गुणदायक परन्तु ज्वरादि कारण पाय अवगुणी पुनः जामें प्रसिद्ध अवगुणै है यथा विष्ठादि सोऊ कृषीकारीमें गुणदायक अर्थात् एक गुण एक अवगुण सबमें है इत्यादि गुण अवगुणते साना है २६ ॥

दुख सुख पाप पुण्य दिन राती। साधु असाधु सुजाति कुजाती २७

अब बारह वस्तुन में विशेषि गुण देखाये अरु बारहमें साधारण गुण देखाये बारहमें गुण अवगुण साने देखाये यथा दुःखमें क्लेश अवगुण सुखमें आनन्द गुण ये विशेषि हैं पुनः पापमें निन्दा पीछे दुःख अवगुण पुण्य में यश पीछे सुख गुण साधारण हैं एकत्रहू रहत दिनमें प्रकाशगुण घामादि अवगुण रातिमें तम अवगुण शीतलतादि गुण इत्यादि साने हैं पुनः साधु में साधुतादि गुण असाधु में दुष्टता अवगुण ये मुख्य हैं सुजाति में उजलई गुण कुजाति में मैलई अवगुण ये साधारण हैं एकत्र रहत २७॥

दानव देव ऊंच अरु नीचू। अमिय सजीवन माहुर मीचू २८

दानवमें उपद्रव अवगुण वीरता उदारतादि गुण देवनमें शान्तिगुण स्वार्थ लोभ अवगुण इत्यादि साना है ऊंचमें उँचाई गुण नीचमें निचाई अवगुण ये सुख्यहैं अमृत में अमरतागुण विषमें मृत्युअवगुण ये साधारणहैं सजीवनते जीवत रहना गुण दुःख भोग अवगुण मीचुते मरिजाना अवगुण अयशी दुःखी अतिवृद्ध शापोद्धार मुक्तिभागी को मृत्यु गुण इत्यादि साने हैं २८॥

माया ब्रह्म जीव जगदीशा। लक्षि अलक्षि रङ्क अवनीशा २९

ब्रह्ममें स्वतन्त्र आनन्दगुण माया में परतन्त्र दुःख अवगुण ये मुख्य हैं जीवमें अहमिति अल्पज्ञता अवगुण जगदीशमें सर्वज्ञतादि गुण ये साधारण हैं लक्षि धनसञ्चयमें भोजन वस्त्रादि भोगगुण अभिमानादि अवगुण साने अलक्षि दरिद्रतामें दुःख भोगादि अवगुण अमान दैन्यतादि गुण साने रङ्क भाग्यहीन जो मजूरी आदि जीविका तामें परतन्त्रता अवगुण अवनीश राजा तामें स्वतन्त्रता गुण ये मुख्यहैं अर्थात् स्वतन्त्रता परतन्त्रता एकत्र नहीं रहत एकको एक मिटाइ देत २९॥

काशी मगसुरसरि क्रमनाशा। मरु मालव महिदेव गवाशा ३०
स्वर्ग नरक अनुराग विरागा। निगमागम गुण दोष विभागा ३१

काशीमें मुक्ति गुण मग मगहदेश काशीते पूर्व जो गुरुशापते चाण्डालरूप त्रिशंकुकी छाया परे देश अपावन तामें मरे नरक होत यह अवगुण साधारण है पुनः सुरसरि गङ्गाजी मुक्तिदायक गुण कर्मनाशा सुकर्म नाश करत ये मुख्यहैं अरु मारवाड़में दुर्भिक्षता अवगुण तामें कबौं वा कुछ वस्तुको सुखौ है यह साना मालवमें सदा सुभिक्षगुण काहू समय कुछ बातको दुर्भिक्षौ होत यह साना है महिदेव ब्राह्मण में सुकर्मगुण गवाश कसाई में

दुःकर्म अवगुण ये साधारण हैं स्वर्ग में सुखभोग गुण तहां सुकृत व्यापार नहीं यह अवगुण नरकमें दुःख भोग अवगुण पुनः सांसति में जीव में विकार नहीं रहत चैतन्यता गुण इत्यादि साना है तहां विशेषि गुण प्रसिद्ध है अरु साधारण गुण विचारेते प्रसिद्धता है अरु जे साने गुणहैं अर्थात् ऐसी वस्तु नहीं है जामें गुण अवगुण दोऊ न होयँ ते विशेषि विचारते जाने जात तहां जो गुण हैं तिनमें अनुराग चाही अरु जे अवगुणहैं तिनमें विराग चाहिये सो गुण अवगुण कैसे जानेजायँ तापै कहत कि निगम जो वेद आगम कहे शास्त्र सो गुण अवगुणको विभाग करिदिये हैं यथा अगस्ति-संहितामें लिखा कि रामनाम सर्वोपरि सुगम मुक्तिदायक परन्तु मारणादि षट्प्रयोग करै तौ नारकी होवै पुनः कर्म जीवको बन्धन है सो गीता में लिखा कि निर्वासिक अमान कर्म करि मुक्त होत इत्यादि सर्वत्र विचारना ३०।३१॥

दो० जड़ चेतन गुण दोषमय, विश्व कीन करतार ॥
संत हंस गुण गहहिं पै, परिहरि वारि विकार ३२

पूर्वगुण अवगुण लक्षित करि अब संसार में सारासार देखावते हैं कि जड़ जो त्रिगुणात्ममाया पंचतत्त्व पर्यंत अरु चेतन जो अन्तरात्मा जीव पर्यंत सोतौ अनन्त गुणमय है अरु जो जड़ है त्रिगुणात्म माया सो अनेक दोषमय है सोई दोऊ जड़ चेतन मिलाइकै गुण दोषमय विश्व जो है संसार ताको कर्ता जो है भगवत् वा हरिइच्छा ते ब्रह्मा ने कीन्ह नाम रचा है यथा पानी में दुग्ध तथा पंचतत्त्व में आत्मा तहां शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध काम क्रोध लोभ मोह मद अहंकार ईर्षा रागद्वेषादि दोषहैं पुनः शान्ति संतोष क्षमा दया शील विवेक वैराग्यादि गुण हैं तहां जाभांति क्षीर नीर मिले में हंस दुग्ध ग्रहण करि पानी त्यागि देते हैं तथा सन्त हंस हैं गुण रूपै नाम दुग्ध को गहहिं कहे ग्रहणकरि वारिरूप विकार जो अवगुण तिनको परिहरि नाम त्यागि देते हैं तहां जे आत्मा को सत्य मानै ताही में गुण वृद्ध होत तेई सन्त हैं अरु जे पंचतत्त्व की शब्दादि विकार अर्थात् लोकही सुखको सांचु मानै तिनके अवगुण वृद्ध होत तेई खल हैं ते दोऊ संसारही में हैं तिनके गुण अवगुण विना कहे कैसे जानिपरै या हेतु गुण दोष वर्णन कीन्हे ताको जानि जे संत हंस हैं ते गुणकी संग्रहकरि अवगुण त्याग करैंगे ३२॥

अस विवेक जब देइ विधाता। तब तजि दोष गुणहिं मनराता ३३

अस कहे हंस कैसो विवेक जो विधाता देइ अर्थात् प्रारब्ध में होइ तो स्वाभाविकही दोष तजिकै रागद्वेषादि त्यागि सम सन्तोष विचार विवेकादि जो गुण हैं तिनमें मन राता नाम प्रीति होइ अर्थात् अवगुण में न लागै अरु गुणन में मन लागै ३३॥

काल स्वभाव कर्म बरिआई। भलेउ प्रकृति वश चूक भलाई ३४

काल कहे पल दण्ड याम दिन राति तामें षट्अंग तिथि वार नक्षत्र योग कर्ण लग्न पुनः वर्ष ताके पांच अंग पक्ष मास ऋतु काल अयन पुनः सतयुग त्रेता द्वापर कलियुगादि हजार बार बीतें सो कल्प ब्रह्माको दिन तामें रवि गुरु चन्द्रवार तीज सप्तमी तेरसि तिथि पुष्य अनुराधादि नक्षत्र सिद्धादि योग मीनादि लग्न मार्ग ज्येष्ठ भाद्रमास उत्तरायण सतयुग ये सब उत्तम हैं पुनः दुइज पंचमी दशमी शुक्र बुध अश्विनी रोहिणी उत्तरादि पूस आषाढ़ मेषादि त्रेता द्वापर ये मध्यम हैं चौथि षष्ठी भरणी शनि भौम विष्टि माघ कार्त्तिक वैशाख दक्षिणायन कलियुग ये नष्ट हैं इत्यादि उत्तम समय में उत्तम कार्य करौ तौ सिद्ध होइ नष्ट करौ तौ न सिद्ध होइ तथा नष्ट समय में नष्टकार्य करौ तौ सिद्ध होइ उत्तम नहीं होत यथा चन्द्रमा यात्रा में दाहिना शुभ युद्ध में बायें शुभ इत्यादि जैसा काल आवत तैसही कार्य सिद्ध होत विपरीत बिगरिजात पुनः स्वभाव कहे जो पूर्व ते शुभाशुभ कर्म करिरह्यो सोई स्वभाव परिजात पुनः कर्म शुभाशुभ जो पूर्व करो है सोई प्रारब्ध ह्वै उदय होत तब तैसही कर्म करावत तहां साधु इनकी आधीन नहीं होते हैं काहेते नाम भजन कीन्हे काल कर्म शुभ ह्वैजात यथा॥ तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि॥ अरु सत्संग बलते स्वभाव बदल जाता है कदाचित् सत्संग न मिला भजन में गाफिल भये तब काल पाय कर्म उदय ह्वै स्वभाव के वश करिदियो जीवकी प्रकृति बदलिकै बुराई करने लगी ताके वश ह्वै जे भलेजन रहे तेऊ भलाई करने में चूकि कहे भूलिकै बुराई करनेलगे यथा अक्रूर उद्धव मणि लै भागे ३४॥

सो सुधारि हरिजन जिमि लेहीं। दलिदुख दोष विमल यश देहीं ३५

जा भांति प्रचेताके पुत्र उत्तम तिनको प्रकृति बदलि गई व्याधा को

कर्म करनेलगे जब सप्तऋषिको संग परो नाम उपदेश करिदिये नाम प्रभाव से दोष नाश भयो ताको फल दुःख सोऊ नाश भयो रामचरित के भविष्य वक्ता भयो इत्यादि विमल यश पाये तथा कोऊ जीव अच्छा रहे काल कर्म स्वभाव की प्रबलताते प्रकृति बदलिगई चूकिकै बुराई करनेलगे तिनको जब हरिभक्तन को संग भयो तब तुरतही उपदेश दै भजन कराय वाके पूर्वकृत दोष दुःख दलिडारे हरिदासन में गिनती भई इत्यादि विमल यश दीन्हे इत्यादि जिमि सो सुनयन को हरिजन जिमि सुधारि लेहीं शुद्धकरि आपु में लीन करिलेते हैं तथा खल गुण आगे कहत ३५ ॥

खलहु करहिं भलपाइ सुसंगू । मिटइ न मलिन सुभाव अभंगू ३६

भला काल पाय भली प्रारब्ध उदय भई तब सज्जनको संग ह्वै गयो तासु संग पाय स्वभाव बदलि खलजनौ भलकहे भलाई करते हैं परन्तु मलीन स्वभाव नहीं मिटत काहेते अभंग स्वभाव है तहां काल कर्म स्वाभाविक बदलत काहेते नीक बुरा काल पायकै कर्म बदलि जात परन्तु स्वभाव नहीं बदलत काहेते स्वभाव आदिको है जो संगतिते बदलत तौ ऊपरते देखावमात्र भीतर बनारहत याते स्वभावते बचने की उपाय एक संतन को संगै है और उपाय नहीं ३६ ॥

लखि सुवेष जग वंचक जेऊ । वेष प्रताप पूजियत तेऊ ३७

जे केवल स्वार्थहेतु साधुवेष बनाये हैं ऐसे जे जग में वंचक नाम छली हैं तिनको सुवेष देखिकै वेषके प्रताप ते पूजेजाते हैं तहां प्रताप काको कही यथा ॥ कीरति अस्तुति दान ते, बलसो यशको थाप । सो सुनि सब ज्यहिडरि उठै, कहिये ताहि प्रताप ॥ सो साधुनमें स्वाभाविक सुनात तिनके वेषके प्रतापते छलीभी पूजे जात ३७ ॥

उघरहिं अन्त न होइ निबाहू । कालनेमि जिमि रावणराहू ३८

परन्तु कछु काल बादि अन्तमें उघरिजाते हैं तब निर्वाह नहीं होता है अर्थात् भीतरकी वासना वचन कर्मद्वारा प्रकट ह्वैजात अथवा कोऊ बताय देत यथा कालनेमि हनुमान्‌जी के छलिवेहेतु मुनि बना ताको मकरी बताय दियो पुनः जानकीजी के निकट रावण यती बना पीछे आपनेही वचनते प्रकट ह्वैगयो अमृत बांटत में राहु देवता बना ताको सूर्य चन्द्रमा बताय दिये अर्थात् झूंठा वेष अन्त खुलिजात तब अपमान अनादर होत ३८॥

किये कुवेष साधु सनमानू । जिमि जग जामवन्त हनुमानू ३९

वेष काको कही यथा साधारण वस्त्र अस्त्रधारी विकटचेष्टा वीरवेष दिव्य भूषण वस्त्र प्रसन्न चेष्टा शृंगारवेष मलिनवस्त्र उदासचेष्टा करुणावेष विपरीत भूषण वस्त्र अति प्रसन्नचेष्टा हास्यवेष तिलक माल मृगछाल जटिल व मुंडित करवाय व पीतवस्त्र वल्कलादि शुद्धचेष्टा शान्तवेष तहां अन्यरस में अन्यवेष अनुचित देखात तामें शान्तरसवालेन को अन्यवेष कुवेषै है सो कहत कि जो सांचा साधु है सो जो कुवेषो किये होइ तबहूं वाको गुण जानि लोक में सन्मान होत यथा भयंकर चेष्टा वीरवेष किहे जामवन्त हनुमान्‌जी तिनको जाभांति जगमें सब पूजत नमस्कार करत तथा लोक में बहुत हैं ३९ ॥

हानि कुसंग सुसंगति लाहू । लोकहु वेद विदित सब काहू ४०

जीवको स्वभाव यथा ॥ हर्षविषाद ज्ञान अज्ञाना । जीवधर्म अहमिति अभिमाना ॥ तहां कुसंग में परे तौ अज्ञान बढ़ो विषयासक्तह्वै भवसागरमें परे यह हानि है अरु सुसंगतिमें परे तौ ज्ञान भयो भगवत्‌रूप में आसक्त ह्वै मुक्त भयो यह लाभ है सो लोकहू में विदित सब जानत यथा ॥ महिमा घटी समुद्रकी, रावण बसे परोस ॥ पुनः वेद यथा भागवते ॥ दुर्लभो मानुषो देहो देहिनां क्षणभंगुरः । तत्रापि दुर्लभं मन्ये वैकुण्ठं प्रियदर्शनम् ॥ इहां प्रयोजन यह है कि साधुके गुण सांचे चाहिये कुछ वेष बनावने में हानि लाभादि नहीं अर्थात् असाधु को सुवेषते लाभ नहीं साधुको कुवेषते हानि नहीं ४०॥

गगन चढ़ै रज पवन प्रसंगा । कीचहि मिलै नीच जल संगा ४१

संगति के गुण देखावत आकाशते सम्बन्ध राखे है ताते पवनकी ऊर्ध्वगति है ताको प्रसंग कहे ऊंचा संग पाइकै रज जो धूरि सो गगनको उड़िजात पुनः भूमिते सम्बन्ध राखेहै ताते जलकी नीचेको गतिहै ताको संगपाय जो ऊंचेहूपर रज है सोऊ कीचमें मिलि पदप्रहार सहत तहां पवनमें शब्द स्पर्श दोई विकार हैं अरु जल में शब्द स्पर्श रूप रस चारि विकार हैं अरु रज में पांचहू विकार हैं शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध सो विषयी जीव है अरु साधु पवनरूप है कैसे कि गन्ध विषयरस विषयरूप विषय जीतिगये तौ तीसरी भूमिका ज्ञानपर पहुँचिगये केवल जगको स्पर्श लिहे शब्द सुनते हैं सोऊ त्यागकी इच्छाहै तिनको संग पाय रज जो विषयी जीव तेऊ ऊर्ध्वगति होते

हैं पुनः जल विमुख जीव है अर्थात् शब्द स्पर्श रूप रसमें आसक्त अर्थात् विमुख तिनको संग पाय चौरासी चहलामें परे ४१ ॥

साधु असाधु सदन शुक सारी । सुमिरहिं राम देहिं गनिगारी ४२

सो प्रसिद्ध देखावत कि साधुन के सदन जो घर तामें शुक सुवा सारी मैना अर्थात् पक्षी तेऊ साधुनको करते देखि आपहू रामनामको स्मरण करते हैं पुनः असाधुनके घरमें जे सुवा मैना हैं ते खलनको गारी देते सुना करते हैं ते पक्षीभी गारी देत गनि कहे सैकरन इत्यादि पक्षिनकी दशा है तौ चैतन्य की कौन कहै ४२ ॥

धूम कुसंगति कारिख होई । लिखिय पुराण मंजुमसि सोई ४३

वही दीपको धूम दीवार अथवा छातिमें लागेते कारिख भयो जाको कोऊ स्पर्श नहीं करत वही धूमको काजर पारि मसि बनाय पुराण लिखिये सो तामें पावन यशके संग पायकै वही मसि मंजु नाम पावन अमल जाको सब पूजत माथ नावत अरु विचित्र वस्त्रन में आदर सहित राखत ४३ ॥

सोइ जल अनल अनिल संघाता । होइ जलद जग जीवनदाता ४४

सोई जो धूम जल अनल करिकै अर्थात् यज्ञादिकन को तहां शाकल्यादिकमें जल रहत सोई अग्निमें स्वाहा परेते समूह धूम उत्पन्न होइकै अनिल जो पवन के संग पाय जलद नाम मेघ ह्वै जगत् को जीवन जो जल ताको दाता भयो इहां जल स्थाने विमुखजीव अग्निस्थाने चैतन्य जीव दोऊको संगपाय स्वर्गकी वासनारूप धूम उठो अर्थात् सवासिक कर्मकी इच्छा भई सोई पवनरूप साधु संग पाइ सत्कर्म करि स्वर्गवास पाये ४४ ॥

दो० ग्रह भेषज जलपवन पट, पाइ कुयोग सुयोग ॥
होइ कुवस्तु सुवस्तु जग, लखहिं सुलक्षण लोग ४५

ग्रह रवि चंद्र भौमादि भेषज औषध हर्र गुर्च मिर्चादि पुनः जल पवन पट कहे वसन इत्यादि जो वस्तुइ है ते कुयोग कहे कुसंग पायकै कुवस्तु ह्वै जाती है पुनः सुयोग पायकै सुवस्तु ह्वै जाती है इत्यादि विचार सब नहीं जानत जे सुलक्षण कहे सुन्दर लक्षण अर्थात् बुद्धि विद्या विचार विवेक सहित ऐसे सुलक्षण जे जन हैं ते लखत नाम देखते हैं ग्रह सूर्यादि चौथे अठयें बारहें योगते अशुभ पुनः तीसरे गेरहें योगते शुभ औषध यथा शहद

हर्र अद्रक गुर्चादि योगते सुवस्तु अर्थात् गुणकारक घृत योगते कुवस्तु अर्थात् जहरकी तुल्य है जात पुनः घृत दुग्ध नताकतीयोग में सुवस्तु ज्वरादि योगमें कुवस्तु जल गंगाजी में गये सुवस्तु कर्मनाशा में गये कुवस्तु अथवा मिश्री शक्करादि के योगते सुवस्तु विषयोगते कुवस्तु पुनः पवन पश्चिम ते आये सुवस्तु अनूपदेश जो भूमि सदा ओदी तहां कुवस्तु पूर्वते आये कुवस्तु समथरदेश गिरि सरि रहित रूखी भूमि तहां कुवस्तु अथवा फुलवारी आदि योगते सुवस्तु मैलाआदि योगते कुवस्तु अथवा मलयगिरियोगते सुवस्तु अरु हलाहल जहरको वृक्ष जहां होत ताको स्पर्शकरि पवन लागे जीव मरिजात इति कुवस्तु पुनः पट कहे वस्त्र जो ठाकुरके अंगमें पोशाक भये तौ सुवस्तु पुनः मृतक अंगमें लागे कुवस्तु अथवा जलयोग पाय सुवस्तु मैलाआदि योग पाय कुवस्तु तथा साधारण जीव जैसी संगति पावै तैसीही रीति परिजाय ४५॥

दो० सम प्रकाश तम पाख दुहुँ, नाम भेद विधि कीन्ह ॥
शशिपोषक शोषक समुझि, जग यश अपयश दीन्ह ४६

कृष्णपक्ष प्रतिपदाको चन्द्रमा पूर्ण देखात पुनः द्वितीयाते एक एक कला प्रतिदिन घटत अमावस को चन्द्रमा नहीं देखात अर्थात् एक कला रहत सोऊ सूर्यनके साथ क्षीण परिजात पुनः शुक्लपक्ष में प्रतिपदाको नहीं देखात द्वितीयाते बढ़तजात पूर्णिमाको पूर्णचन्द्रमा रहत ताते प्रकाश अरु तम नाम अन्धकार सो दोऊ पक्षन में सम कहे बराबर रहत परन्तु शशि जो चन्द्रमा ताको पोषक अर्थात् बढ़ावनेवाला जानिकै जगत् यश देत कि शुक्लपक्ष है पुनः शोषक कहे घटावनेवाला समुझि जगत् अपयश देत कि कृष्णपक्ष है तहां शुक्लपक्ष चन्द्रमाको वृद्ध करता कृष्णपक्ष हानि करता याहीते इनके नाममें विधिने भेद करिदियो यह दृष्टान्त है अब दार्ष्टान्त यथा इहां चन्द्रमा जीवहै चन्द्रमामें षोड़श कला यथा शारदातिलकतन्त्रे ॥ अमृतां मानदां तुष्टिम्पुष्टिम्प्रीतिं रतिं तथा। लज्जां श्रियं स्वधां रात्रिं ज्योत्स्नां हंसवतीन्ततः ॥ छायां चपूरणीं वामाममाचन्द्रकला इमः॥ इत्यादि षोड़शकलायुत पूर्णचन्द्रमा पूर्णमासीको रहत तथा निराशा आदि षोड़श कलाकरि भक्तिरूप पूर्णमासी को जीव पूर्ण प्रकाशमान रहत सोई कुसंगरूप कृष्णपक्ष पाय विषय आशा परेवाको निराशता कलाहीन भई स्पर्धा द्वितीयाको सत्वासना कलाहीन भई

अपकीर्ति तृतीया को कीर्ति कलाहीन भई अविद्या चतुर्थी को यज्ञासा कलाहीन भई चिन्ता पंचमीको करुणा कलाहीन भई भूल षष्ठीको मुदिता कलाहीन भई लोलुप्ता सप्तमीको स्थिरता कलाहीन भई ममता अष्टमीको असंग कलाहीन भई ईर्षा नवमीको उदासीनता कलाहीन भई अश्रद्धा दशमीको श्रद्धाकला हीन भई आशा एकादशीको लज्जा कला हीन भई निन्दा द्वादशीको साधुता कलाहीन भई तृष्णा त्रयोदशी को तृप्ति कलाहीन भई हिंसा चतुर्दशी को क्षमा कलाहीन भई मिथ्यादृष्टि अमावसको विद्या कलाहीन भई केवल एक प्रेमा कला रही सोऊ क्षीण ह्वै अविवेक सूर्यन के संग परि अस्त ह्वै गई पुनः जब सत्संगरूप शुक्लपक्ष मिल्यो अभ्यासरूप जन्म रात्रिको निराशा प्रकटी प्रकाश द्वितीया को सत्वासना कला प्रकटी सुयश तृतीयाको कीर्तिकला प्रकटी निष्कपट चौथिको यज्ञासा कला प्रकटी आनन्दपंचमीको करुणा कला प्रकटी आर्यव षष्ठीको मुदिता कला प्रकटी त्याग सप्तमीको स्थिरता कला प्रकटी ज्ञान अष्टमीको असंग कला प्रकटी वैराग्य नवमीको उदासीनता कला प्रकटी धर्म दशमीको श्रद्धाकला प्रकटी शील एकादशी को लज्जाकला प्रकटी सत्य द्वादशीको साधुता कला प्रकटी सन्तोष त्रयोदशीको तृप्तिकला प्रकटी धैर्य चतुर्दशीको क्षमा कला प्रकटी भक्ति पूर्णमासी को विवेक विद्याकला प्रकटी तब प्रेमा कला मिलि षोड़श कला पूर्ण जीव भयो इत्यादि जीव चन्द्रमा है कुसंग कृष्णपक्ष सत्संग शुक्लपक्ष है ४६ ॥

दो० जड़ चेतन जग जीवयत, सकल राममय जानि ॥
बन्दौं सब के पदकमल, सदा जोरि युग पानि ४७

जड़ अचर चैतन्य चर वा जड़ अज्ञानी चैतन्य ज्ञानी वा जड़ माया चैतन्य ब्रह्माज्ञा मिलिकै जगत् भयो तामें यत कहे जितने जीव हैं तिनमें प्रभु अन्तर्यामीरूप प्रकाश किये हैं याते सबनको श्रीराममय जानिकै तिनके पदकमलन को सदा वन्दना करतहौं युग कहे दोऊ पाणि जो हाथ तिनको जोरि भाव राग द्वेष छांड़ि सम भावते ४७ ॥

दो० देव दनुज नर नाग खग, प्रेत पितर गन्धर्व ॥
बन्दौं किन्नर रजनिचर, कृपा करहु अब सर्व ४८

काहूमें जड़को अंश ज़्यादह काहू में चैतन्यको अंश ज़्यादह ऐसे जे

श्रेष्ठजीव तिनको कहत यथा देव जो इन्द्रादि दनुज प्रह्लादादि नर मनु आदि नाग अनंतादि खग गरुड़ादि प्रेत शिवगण पितर कश्यपादि गन्धर्व वसंतादि किन्नर कुबेरादि वा उनके पार्षद् रज निशिचर विभीषणादि इत्यादि सबको वन्दना करतहौं अब मोपै सर्व कृपा करौ ४८ ॥

आकर चारिलाख चौरासी । जाति जीव जल थल नभवासी ४९

अब सामान्य जीवनको कहत आकर कहे खानि सो चारि हैं तामें चौरासीलाख जाति जीवहैं ते कुछ जलमें कुछ थल कहे भूमि में कुछ नभ में बसते हैं यथा पक्षी आदि अंडा फोरि होते ते अंडज खानिहैं पशु नरादि जारा बँधे होते ते जरायुज हैं वृक्षादि भूमि फोरि होते ते उद्भिज हैं वर्षा पाय जे जीव होतेहैं ते स्वेदज हैं तामें चौरासीलाख यथा धर्मशास्त्रे ॥ स्थावरं विंशतेर्लक्षं जलजं नवलक्षकम्।कूर्माश्च रुद्रलक्षं च दशलक्षं च पक्षिणः ॥ त्रिंशल्लक्षं पशूनां च चतुर्लक्षं च वानराः । ततः मनुष्यतां प्राप्य ततः कर्माणि साधयेत् ४९ ॥

सीय राममय सब जग जानी । करौं प्रणाम जोरि युग पानी ५०

संसारबिषे चराचर यावत् जीव हैं तिन सबको सियाराममय जानिकै दोऊ हाथ जोरिकै प्रणाम करत हौं यही उत्तम भक्तनको लक्षणहै यथा ॥ उमा जे रामचरण रत,गतममता मद क्रोध । निज प्रभुमय देखहिं जगत, कासन करहिं विरोध ॥ पुनः महारामायणे ॥ भूमौ जले नभसि देवनरासुरेषु भूतेषु देवि सकलेषु चराचरेषु। पश्यन्ति शुद्धमनसा खलु रामरूपं रामस्य ते भुवितले समुपासकाश्च ॥ तामें द्वैभेदहैं प्रथम ऐश्वर्यरूप यथा॥ रोम रोम प्रतिराजहिं, कोटि कोटि ब्रह्मण्ड ॥ तेहिमय देखना यथा ॥ जहँ चितवैं तहँ प्रभु आसीना। सेवहिं सिद्ध मुनीश प्रवीना ॥ पुनः दूसरा माधुर्यरूप यथा ॥ देखहु खोजि भुवन दशचारी । कहँ अस पुरुष कहां असि नारी ॥ तिनमय देखना यथा गीतावल्यां कौशल्यावचन॥लगेरहत मेरे नयनन आगे राम लषण अरु सीता ताते ऐश्वर्यरूप तौ जगको प्रकाशक है ताते सियाराममय अरु माधुर्यरूप मेरे नेत्रनमें समायगयो याते सर्वत्र सियारामही देखात ताते सबमें राग द्वेष त्यागि समचित्त ह्वै सबके प्रणाम करत हौं ५० ॥

जानि कृपा करि किंकर मोहू । सब मिलि करहु छांड़ि छल छोहू ५१

सो प्रभुको अंतर्यामी भी रूप सबमें प्रकाश किहे है ता रूपराशि प्रभुको मैं किंकरहौं ऐसा जानि छल छांड़ि सब मिलि कृपा करि छोह नाम मया करौ

तहां जीव आपनो नित्यरूप भूलि नैमित्त्यरूप में अपनपौ मानि लियो है ताते मान बड़ाई देहसुख हेतु सदा स्वारथमें रत रहत याहेतु छलीप्रकृति है गई ताते देवतादि हरिभक्तिमें बाधा करत परन्तु जो सांचा भक्त है सो विघ्नकर्तनके शीशपर पांव धरिकै चलाजात अरु जे सवासिक हैं ते देवतनके फल देनेमें भूलिजात सो गोसाईंजी कहतकि मेरे वासना नहीं है याते देवादि रूप मैं नहीं मानेहौं सबको सियाराममय मानि प्रणाम करतहौं ताते छल छाड़िकै जो आपने नित्यरूप को किंकर जानि छोह करौ भाव मैं कुछ स्वारथ नहीं चाहत हौं ताते छल छाड़िकै छोह करौ हाथ जोरेको भाव कि दाहिन मित्र वामा शत्रुको है सो रहित सम भावते प्रणाम करत हौं ५१॥

निज बुधिबल भरोस मोहिं नाहीं । ताते विनय करौं सब पाहीं ५२

काव्यके कारण तीनि हैं प्रथमशक्ति देवकृपा यथा हरिकृपा ते ध्रुव सौभाविक सब विद्या पाये दूसरी व्युत्पत्ति जो पढ़ै यथा हनुमान्जी सूर्यनके लग सब विद्या पढ़े तीसरी अभ्यास परिश्रम किहे कुछ दिनमें काव्यकी गति होय यथा वाल्मीकिजी को भजन करने ते भई सो कहत कि निज अभ्यास अरु बुद्धिसहित विद्या अरु बल कहे शक्ति इन तीनिहू को भरोसा मोहिं नहीं है अरु रामचरित कीन चाहत हौं ताकी सहायता हेतु तुम सबनके पाहीं कहे पास विनय करत हौं ५२ ॥

करन चहौं रघुपति गुण गाहा । लघु मति मोरि चरित अवगाहा ५३

तहां रघुकुल के गुण कोऊ नहीं कहिसकत अरु मैं तौ रघुपति के करुणा दया शील उदारतादि अनंत परम दिव्य जो गुणहैं तिनकी गाहा नाम कथा ताको करन चाहतहौं तौ मोरि मति जो है बुद्धि सो लघु नाम थोरी है अरु जिन चरित्रोंते गुण प्रकट होते हैं सो चरित अवगाह नाम अथाह है समुद्र तामें मेरी मति कैसे अवगाहन करै जो गुण रत्न निकारिलावै अर्थात् व्युत्पत्ति विद्याहीन बुद्धि लघुतन ताहूमें शक्तिरूप पराक्रमहीन ताते डरत है ५३ ॥

सूझ न एकौ अंग उपाऊ । मन मतिरंक मनोरथ राऊ ५४

तीनि उपाय ते काव्य होत यथा देवकृपा सो शक्तिहै पठिकवि सो व्युत्पत्ति बैजनाथ बहु सुनि समुझि ताकि अभ्यास सुमति इन तीनिउमें एकहू मेरे अंगमें सूझत कहे नहीं देखात अरु शक्ति व्युत्पत्ति अभ्यास ते बुद्धिकी वृद्धि होत सो तौ है नहीं तौ बुद्धि करिकै हीन ताते मनतौ रंक नाम कंगाल है अरु

मनोरथ राउ कहे राजसी अर्थात् यथा राजाको अमल सर्वत्र तथा मेरी काव्यको प्रचार सर्वत्र होइ अरु सब मतवाले आदर करैं पुनः काव्य बिषे जे मेरे वचन हैं सो यथा राजा कैसो हुक्म सब जग मंजूर करिलेइ कोऊ इनकार न करै इत्यादि राजसी मनोरथ कंगालमनको कैसे पूर्ण होय सो बुद्धिकी हीनता आगे कहत ५४॥

मति अति नीच ऊंचि रुचि आछी। चहिय अमियजगजुरै न छाछी ५५

मति जो बुद्धि सोतौ अत्यन्त नीची है मतिकी निचाई काहेते होत तहां शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादि जो विषय हैं ताकी चाहकरि जब इन्द्रिय द्वारा मन दौरत तब सब इन्द्रिय मिलि अरु मन बुद्धिको बौराय देतेहैं तब बुद्धि नीची प्रकृति धारण करत विक्षिप्त मनके साथ भ्रमत है यथा गीतायाम्॥ इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते। तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि॥ इत्यादि बुद्धि तौ नीची अर्थात् इन्द्रिय विषयनमें आसक्त अरु रुचि जो है मनकी चाह सो अच्छी ऊंचिहै अर्थात् मन इन्द्रिय बुद्धिते परे श्रीरामरूप तिनको यश वर्णन कीन चाहतहौं जाको वेद नेति कहत सो नीचेको जानेवाला ऊंचेको हाल कैसे जानै यथा अमृतकी तौ चाहहै जो स्वादन में शिरोमणि है अरु मिलती छांछी नहीं जो कच्चाही दुग्ध जमाय मथि माखन निकारते हैं उसी मट्ठाको छांछी नाम है बिलकुल स्वादरहित है ताहूको मिलना दुर्घटहै अर्थात् रामचरितकी कौन बात विना बुद्धि प्राकृत वार्ता नहीं कहत बनत ५५॥

क्षमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई। सुनिहहिं बाल वचन मनलाई ५६

तहां जो वार्ता मोसों न कहतबनी अरु ढिठाई करि कहौंगो सो मेरी ढिठाईको सज्जन क्षमा करैंगे काहेते मैं नीचानुसन्धान लिहे ताते सब सुजनको लघुबालक समहौं ताते बुद्धिहीन जो मेरे बालवचन हैं तिनको सज्जन लोग मन लगायकै सुनैंगे यह लोकमें मर्याद है सो आगे कहत ५६॥

जो बालक कह तोतरि बाता। सुनहिं मुदितमन पितु अरु माता ५७

तोतरे काको कहिये तहां चवर्ग के तरे के जो वर्ण हैं ते जासों शुद्ध उच्चारण होइँ ते चातुरे वचन हैं अरु जासों टवर्गादि नहीं बनत वे तवर्ग के वर्ण बोलत यथा टेटूको तेतू ते तोतरे वचनहैं सो कहत कि बालक तोतरि बात कहत यथा तोरी रोती धीरी माय यामें अर्थ कि मायरी तोरि धी रोती

है अरु शुद्ध वचन यही यथा टोरी रोटी घीरी माय यथार्थ प्रयोजन कि री माय रोटी टोरि घी में बोरि मोको खवाउ यह विचारे वामें केतरी अशुद्धता है सो माता नहीं मानत जो बालक तोतरी बात कहत ताको माता अरु पिता मुदितमन ते सुनत अरु जो मांगत सो समुझिकै वाको देते हैं ५७॥

हँसिहैं कूर कुटिल कुविचारी। जे परदूषण भूषण धारी ५८

अरु जे कूरहैं कठोर हृदय कटुवचनी अरु कुटिल जिनके वचन कर्म टेढ़े कुविचारी जिनको विचार उलटा है यथा भलेको बुरा बुरेको भला अरु जे अभिमानवश परारे दूषणको भूषण धारे हैं अर्थात् परारी काव्य में दूषण लगावना ताहीमें आपनी चतुरता मानेहैं इत्यादि मेरी काव्यको हँसिहैं ५८॥

निज कवित्त कयहि लाग न नीका। सरस होइ अथवा अतिफीका ५९

यथा आपनो बनावा भोजन तथा निज कहे आपनो बनावा कवित्त केहिका नहीं नीक लागत तामें सन्देह कि अच्छी काव्य सबका नीक लागत तथा आपौको नीक लागे क्या बुराई तापर कहत कि नहीं चहै सरस होइ चहै अत्यन्त फीका होय सरस कहे सर्वांग अर्थ में रस अरु सुनबे में मीठा यथा॥ सिय राम अवलोकनि परस्पर प्रेम काहु न लखिपरै॥ इहां आलम्बन शृङ्गाररस सुन्दर अर्थ अरु पद श्रवण रोचक इति सरस अरु अतिफीका कहे जो रसकी हानि आदिते अर्थ सुन्दर नहीं सुनिबे में फीका लगै यथा॥ सौंपि आजु खल कालको, लेहौं वैर चुकाय। बैजनाथ रण जुटतही, क्रोधित रावण गाय॥ इहां क्रोधस्थायी रौद्ररसकी है सो वीररस में अनुचित दूसरे क्रोधमें गावना ताते अनुचितार्थ दूषणते अर्थ सुन्दर नहीं पुनः प्रभुको अनादर ताते सुनतहू प्रिय नहीं इत्यादि अतिफीका इत्यादि चहै सरस होइ चहै फीका होइ अपना बनावा कवित्त सबको नीक लागत यथा आपने ऐब कोऊ नहीं देखत ५९ ॥

जे पर भणित सुनत हरषाहीं। ते वर पुरुष बहुत जग नाहीं ६०

जे जन परारी भणित जो काव्य ताको सुनत अरु वाकी परिश्रम सफलता हेतु हर्षात प्रशंसा करत जामें वाके मनमें उत्साह बढ़ै ऐसे वर नाम श्रेष्ठ पुरुष जगत् में बहुत नहीं हैं अर्थात् खल औरेकी काव्य में दूषण देखत आपनी में गुण देखत औ साधारण जन आपनी में गुण देखत औरेमें गुण

अवगुण कछु नहीं देखत अरु जे सज्जनहैं ते औरकी काव्य में गुणो देखत ऐसे जगमें थोरे हैं ६० ॥

जग बहु नर सर सरि सम भाई । जे निज बाढ़ि बढ़हिं जलपाई ६१

सर ताल सरि नदी सो जगमें बहुत नर ताल समहैं बहुत नदी सम हैं यथा गंगा सरयू आदि जो हिमालय छुये हैं तो आपनी बाढ़ते बढ़ती हैं जब जेठ में बरफ गला तब बहिकै आपही बाढ़ि जाती हैं अरु ताल वर्षा को जल पायकै बढ़त आपते बढ़बे की गति नहीं है तथा जिनमें विद्या अरु शक्ति नहीं है केवल अभ्यास ते औरकी काव्य काटि आपने नामसे बनाय प्रसिद्ध भये तेई नर ताल समहैं अरु जे विद्या पढ़े शक्ति भी है ते आपनी उक्ति सों काव्य बनाय देशन में प्रसिद्ध भये ते नदी समान हैं अरु जो भाई पद है सो सादर लोगनको संबोधन है हे भाई ! सुनो ६१ ॥

सज्जन सुकृत सिन्धु सम कोई । देखि पूर विधु बाढ़हिं जोई ६२

सज्जन सुकृती सिन्धु सम कोऊ बहुतन में एकहै अर्थात् समुद्र न आपते बाढ़ै न वर्षाको जल पायकै बाढ़ै जो पूर विधु कहे पूर्णमासी को पूर्णचन्द्रमा देखत तब आनन्द ह्वै बाढ़त तथा जे सज्जन सुकृती हैं ते न आपनी काव्य को देखाय प्रसिद्ध होनेको चाहत अरु न सौभाविक किसीको काव्य काटि आपनो नाम धरैं पूर विधुसम सर्वाङ्ग पूर्ण श्रीरामयश रूप चन्द्रमाको देखि आनन्द ह्वै बाढ़त अर्थात् जा ग्रन्थ में सुन्दर रामयश वर्णन देखे तहां आपनी विद्या शक्तिते वा ग्रन्थपर तिलक करिदिये ताके द्वारा लोक में प्रसिद्ध भये यथा भागवत पर श्रीधर बालमीकि पर शिवलाल पाठक पुनः कहीं कहीं सकृत पाठ है तहां ऐसा अर्थ होत कि सिन्धु सम सज्जन अनेकन नरन में कोई सकृत नाम एकहै ६२ ॥

दो० भाग छोट अभिलाष बड़, करउँ एक विश्वास ॥
पैहहिं सुख सुनि सुजनजन, खल करिहैं उपहास ६३

भाग छोट अर्थात् रामयश गायकन में मेरो हींसा छोटा है अर्थात् कलिको कवि पुनः बुद्धि विद्याहीन तदपि भाषाकाव्य इत्यादि मेरी काव्यको कौन आदर करैगो अरु अभिलाष कहे भविष्य की वस्तुको पूर्वही मनोरथ करना सो अभिलाष बड़ा है अर्थात् मेरी काव्य को सब आदर करैं सो कैसे ह्वैसकत ताके होनेको एक विश्वास करत हौं कि यामें श्रीरामयश वर्णन है

ताको सुनिकै सुजनजन जे विकारहीन रामानुरागी हैं ते आपने स्वामीको यश जानिकै सुख पैहैं क्योंकि सारग्राही हैं यथा दुग्ध हेतु माटी को पात्र अहीरके घरको ताको कोऊ नहीं बिचारत दुग्ध लैलेत तथा भाषा काव्य मेरी कृत न बिचारैंगे सुजनजन रामयश ग्रहण करैंगे अरु जे खल हैं मिलेको फोरनेवाले ते उपहास करि हैं काहेते जाको किसी बातको बिगारिदेना मंजूर वह शख्स झूठ ऐब निकारत ताकी कोऊ प्रमाण नहीं करत ताकी प्रमाण आगे कहत ६३ ॥

खल परिहास होइ हित मोरा । काक कहहिं कलकण्ठ कठोरा ६४

खलनको जो परिहास करना है ताही में मेरो हित होइगो काहेते खलन की बात को कोऊ प्रमाण नहीं करत ताते जो सांचहू दूषण लगावैंगे सो भी सब झूठा समुझैंगे ताते उनके मुखते दूषण भी भूषण ह्वैजायँगे यथा कठोरवचनी काक कहै कि कल जो कोकिल ताको कंठ कठोर है ताको कौन प्रमाण करी काहेते कोकिल को मधुर कण्ठ सब जानते हैं ताको जो कठोर कहत तौ सर्वथा झूठा है तथा खल वृथाही साधुन को हँसते हैं मोको भी हँसे तौ साधुन में मिलाइ दिये वा हँसनेते मेरा पाप बांटिलेइँगे इत्यादि मेरा हित है ६४ ॥

हंसहि बक दादुर चातकही । हँसहिं मलिन खलविमलबतकही ६५

इहां हास्यरस देखावते हैं यथा अलंकार विपरीत अरु विकृतवेष अभिधान विकृताचारादिकन ते हास्यविभाव प्रमाण तहां मैले जल के वासी मांसाहारी हिंसारत बक नाम बगुला ते हंसनको विपरीत देखते हैं अर्थात् मानसवासी मुक्ताहारी क्षीरनीरविवेकी इत्यादि विपरीत देखि बगुला हंसन को हँसते हैं भाव विषयीजन विवेकिन को हँसते पुनः सर्वभक्षी मैले जलको वासी दादुर जो मेढ़क सो एक टेकधारी चातक को हँसत भाव मलीन कर्मकांडी अनन्य भक्तन को हँसत तथा मलिन प्रकृतिवाले खल हरियशआदि विमल वार्ता को हँसत ६५ ॥

कवित रसिक न रामपद नेहू । तिनकहँ सुखद हासरस येहू ६६

जे जन कवित के रसिक नहीं हैं अर्थात् काव्यरीति नहीं जानते हैं पुनः न रामपद में नेह है अर्थात् भगवत् भक्तिकी रीति नहीं जानते हैं तिनको

सुख देनहारी यह मेरी काव्य यथार्थ हास्यरसही है अर्थात् यामें विपरीतता प्रकट है ६६ ॥

भाषा भणित मोरि मति थोरी । हँसिबे योग हँसे नहिं खोरी ६७

जे काव्य के सब अंग जानते हैं ते कहौं तौ दूषण देखि हँसिबे की इच्छा करैंगे पुनः कहौं भूषण देव योग्य ह्वैगयो ताको देखि प्रसन्न भये तौ यथार्थ हास्य न बन्यो पुनः जे रामानुरागी हैं ते रामयश देखि प्रसन्न होइ हैं तामें काव्य के दूषण देखे हँसी न आवैगी तौभी हास्य न भयो ताते जे हरि सनेह नहीं जानते अर्थात् विषयी पुनः जे काव्य की रीति नहीं जानते अर्थात् मूर्ख तिनके हँसिबे योग्य यह यथार्थ हास्यरस पूर्ण है कैसे कि एकतौ भाषाभणित अर्थात् भाषा काव्य संस्कृत नहीं यह विषमता दूसरे मैं काव्यकर्ता सो मेरी मति थोरी अर्थात् बुद्धि अच्छी नहीं यह विपरीतता इत्यादि हँसिबे योग्य है पुनः हँसनेवाले जे हैं विषयी मूर्ख ते भला बुरा कुछ जानते नहीं तो उनका हँसेते कुछ खोरि नाम कसूर नहीं ६७ ॥

प्रभुपद प्रीति न सामुझ नीकी । तिनहिं कथा सुनि लागहि फीकी ६८

जे जननके उरमें प्रभुपदकी प्रीति नहीं है अर्थात् रामसनेहते रहित हैं अरु काव्यांगनकी समुझ नीकी है अर्थात् रजोगुणी चतुर तिनको कथा सुनि कै फीकी लागैगी यथा काहू फलको रस न खाये छिकला चीखे वह फीका लगो ताते अनादर करिदिये तथा रामतत्त्व तौ जानते नहीं काव्य के दूषणादि देखि अनादर करे अथवा न प्रभुपद में प्रीति है न अच्छी समुझदारी है जो माहात्म्य मानि अंगीकार करैं अर्थात् विषयमें आसक्त मूर्ख तिनको फीकी लागी अथवा प्रभुपद प्रीति में क्या लाभहै ताकी समुझ नीकी नहीं अर्थात् हरिविमुखनको फीकी लागी अथवा प्रीतिहोनेका जो उपायहै श्रवणकीर्तनादि ताकी समुझ नीकी नहीं अर्थात् सत्संग नहीं किहे तिनको फीकी लागी ६८ ॥

हरिहरपद रति मति न कुतरकी । तिनकहँ मधुरकथा रघुवरकी ६९

हरिहरपद में रति नाम प्रीति है पुनः मति में कुतर्कणा नहीं है तिनका रघुवर की कथा मधुर नाम मीठी है तहां हरि हर में कुतर्करहित समभाव मानैवाले यथा स्मार्तमतवाले पंचदेव समान मानत तहां गणेशकी वन्दना सूर्यवंश की प्रशंसा भवानी श्रोता शिव वक्ता भगवत् यशै इत्यादि पंचदेवमय जानि स्मार्तन को मधुर लागी अथवा जे शैव हैं अरु विष्णु में अभावादि

कुतर्क नहीं करते ते शिवै को चरित मानैंगे अर्थात् प्रथम तौ शिव विवाहादि प्रसिद्धै है पीछे अन्त तक शिव पार्वती को संवाद है याते शैवनको भी मधुर है पुनः जे वैष्णवहैं शिवजी में कुतर्कणा नहीं करते हैं अर्थात् शिवको रामभक्त जानि भेद नहीं करते हैं कि प्रथमै शिवको चरित देखि कुतर्क करि अनादर करैं सो नहीं करते ऐसे वैष्णवन को स्वाभाविकै मधुरहै ६६ ॥

रामभक्ति भूषित जिय जानी । सुनिहहिं सुजन सराहि सुबानी ७०

नाम रूप लीला धाम चारिहू भक्तिके अंगहैं सोतौ साधारण वर्णनै है ॥पुनः॥ भक्तिहीन विरञ्चि किन होई ॥ पुनः ॥ अविरलभक्ति विशुद्ध तव, श्रुति पुराण ज्यहि गाव ॥ पुनः ॥ रामभक्ति चिन्तामणि चारु इत्यादि सर्वत्रवर्णन सोई भक्ति करिकै भूषित यहि ग्रन्थको जानिकै कौन प्रकार जीव में अर्थात् समचित्त है सुजन जो रामानुरागी ते सुन्दरवाणी ते सराहना करि अथवा सुन्दरिकाव्य कहि सराहि सुनैंगे ७० ॥

कवि न होउँ नहिं चतुर प्रबीना । सकल कला सब विद्या हीना ७१

काहेते सुजन सराहैंगे कि नातौ मैं कविहौं न चतुर हौं न प्रवीणहौं तहां कविवाको कही जो लक्षण उदाहरण सहित काव्यके अंग वर्णन करै यथा ममटाचार्य काव्यप्रकाश भानुदेव रसमंजरी दामोदर मिश्र वाणीभूषण पुनः ये भी काव्य कहावत यामें काव्यांगके लक्षण नहीं कहते उदाहरण में किसी को चरित वर्णन करत तामें उवाचादि किसीको सवांद नहीं धरते यथा बाल्मीकि रघुवंशादि तिनमें भी शब्दन की चमत्कारी देखावते हैं यथा बाल्मीकीये ॥ लोकस्य पापानि विनाशयन्तं महोदधिं चापि समेधयन्तम् । भूतानि सर्वाणि विराजयन्तं ददर्श शीतांशमथाभियान्तम्॥या भाति लक्ष्मीर्भुवि मन्दरस्था यथा प्रदोषेषु च सागरस्था । तथैव तोयेषु च पुष्करस्था रराज सा चारु निशाकरस्था ॥ हंसो यथाराजतपञ्जरस्थः सिंहो यथा मन्दरकन्दरस्थः । वीरो यथा गर्वितकुञ्जरस्थः चन्द्रोपि बभ्राज तथाम्बरस्थः ॥ इहां हंससिंहादि उपमान वहुत यथा वाचक एक चन्द्रमा उपमेय याते मालोपमालंकारहै पुनः सर्वत्र तुकान्त यह शब्द की चमत्कारी है पुनः रघुवंशे यथा ॥ शमितपक्षबलश्शितकोटिना शिखरिणां कुलिशेनपुरन्दरः । सशरवृष्टिमुचाधनुषा द्विषां स्वनवतानवतामरसाननः ॥ इहां युद्ध में दशरथजी को नव कमलवत् आनन कहि उत्साहस्थायी दर्शित करि वीररस की पूर्णता

कहे अरु नवता नवता है बार शब्द की चमतकी अर्थात् जमक शब्दालंकार है इत्यादि काव्यकर्ता कवि कहावते हैं पुनः चतुर कहे व्याकरणादि विद्या के ग्रन्थकर्ता यथा रामाश्रमाचार्य चन्द्रिका अनुभूतिस्वरूपाचार्य सारस्वत अमरसिंह अमरकोष इत्यादि जे पण्डित हैं ते चतुर कहावते हैं पुनः प्रवीण कहे जो कारीगरी की चौंसठि कला हैं तिनको विधिपूर्वक जानना यथा शैवतन्त्रोक्ते ॥ गीत १ वाद्य २ नृत्य ३ नाटक ४ आलेख्य ५ विशेषिच्छेद्यं हीरादिवेधन ६ कुसुममांसादि के रंग निकारना ७ पुष्पस्तरण ८ दशनवसनाङ्गरागः ९ मणिभूमिका कर्म १० शयनरचना ११ जलतरंग बजावना १२ उदकघात जलताड़न १३ चित्रयोगः १४ माल्यग्रन्थन १५ मुकुटचन्द्रिकादि विधान १६ शृंगारोपाय १७ श्रवण भूषणादि रचना १८ गन्धयुक्ति अतरादि १९ भूषणयोजना २० इन्द्रजाल २१ बहुरूप २२ पटेबाजी २३ सूपकारी २४ केवड़ादि रसमद्य २५ सियब बानविद्या २६ चकई लट्टू खेल २७ वीणा डमरू बाजा २८ पहेलिका २९ सब जीवों की सी बोली ३० छलविद्या ३१ पुस्तक बांचना ३२ हावभावादि देखावना ३३ काव्यसमस्यापूर्ण ३४ पर्यंकादि बीनना ३५ तर्क ३६ बढ़ई कर्म ३७ थवई ३८ स्वर्णरत्नादि परीक्षा ३९ सोनारी ४० जवाहिरी ४१ माली क्रिया ४२ मेषकुक्कुटादि युद्ध कुशल ४३ शुकसारिकप्रलापक ४४ उच्चाटन ४५ केशमार्जन ४६ मूकप्रश्न ४७ म्लेक्षित विकल्प ४८ देशन की भाषा ४९ फूलोंते रथादि रचना ५० कठपुतरी ५१ मन स्थिर वचन प्रवीण ५२ मानसी काव्यक्रिया ५३ कोश ५४ पिंगल ५५ कार्य सिद्ध करनो ५६ छल जानि लेना ५७ ऊनादि वस्त्र की रक्षा ५८ पांसादि खेल ५९ खेल जीतना ६० वालक्रीड़ा ६१ सभाचातुरी ६२ जयदायक देवकी वशीकरण विद्या ६३ पुराणादि में प्रवीणता ६४ इत्यादिकन को जाननेवाला प्रवीण कहावत इत्यादि सकल कला अरु सब विद्या यथा श्लोक ॥ ब्रह्मज्ञानरसायनं स्वरधरं वेदं तथा ज्योतिषं व्याकरणं च धनुर्धरं जलतरं वैद्यं च कृष्यापरम् । कोकेवाहनवाजिनां नटनृत्तं सम्बोधनं चातुरी विद्यानामचतुर्दशं प्रतिदिनं कुर्वन्तु नो मङ्गलम् ॥ इत्यादि जो सब विद्या हैं अरु सब कला तिन करि हीन हौं अथवा इन पर मेरी दृष्टि नहीं है तहां चतुरन की चौदह विद्या अरु प्रवीणन की चौंसठि कला अरु कविन के काव्य के सर्वांग हैं सो आगे कहत यथा ७१ ॥

आखर अर्थ अलंकृत नाना। छन्द प्रबन्ध अनेक विधाना ७२

आखर जो कवर्गादि वर्ण हैं तिनमें सत्रह वर्ण दग्धाक्षर कहावत ते कवित्तादि में दीन्हे अशुभफल सो रुद्रयामलते कुछ लिखत हौं कखगघ शुभ है यथा॥ ककारे राज्यसम्मानं सर्वथा प्रियदर्शनम्। खकारे धनधान्यं च सर्वकार्यं च सिध्यति॥ गकारे चिन्तितं कार्यं सिद्धिश्चैव प्रजायते। घकारे कार्यसिद्धिश्च लभ्यते प्रियदर्शनम्॥ पुनः भाषापिङ्गलछन्दप्रस्तारे॥ कखगघलक्ष्मी देइ देइ ङकुयश कह्त कवि ङ अशुभ यथा॥ ङकारे कार्यनाशं च सिद्धिर्भवति निष्फलम्॥ चछञ शुभ झज अशुभ टठ अशुभ ड शुभ ढण अशुभ त शुभ थ अशुभ दधन शुभ पफबभम अशुभ य शुभ रलव अशुभ शसक्ष शुभ षह अशुभ अवरग शुभ इत्यादि अथवा वर्णमैत्री यथा अक खगघङह कंठते उच्चारण होत इचछजझञयश तालूते ऋटठडढणरष मूर्द्धाते लृतथदधनलस दन्तते उपफबभम ओठते तहां ऊर्ध्ववर्ग वर्ण नीचे वर्णते मित्रता राखत यथा कचचटचपतप पुनः नीचेवाले ऊंचेते नहीं मिलत यथा पत तट टच चक इत्यादि विचारना सो आखर है पुनः अर्थ तीनि भांति यथा वाचक लक्षक व्यंजक वाचक जो सुनतेही अर्थ जानो जाय सो चारि भांति यथा जाति ब्राह्मणादि गुणवाचक यथा श्यामगौरादि क्रिया यथा खरारि यदिक्षा यथा यथा भैया स्वामी आदि पुनः वाचक में जो बहुअर्थी शब्द हैं सो संयोगादिते अर्थ जानो ताको अविधा शक्ति कही यथा हरिलक्ष्मीयुक्त विष्णु प्रभायुक्त सूर्य सो संयोग वियोग उचित समर्थादि अनेक चिह्न हैं पुनः लक्षक कहे सो मुख्य अर्थ त्यागि लक्षितार्थ कहै सो द्वै एक रूढ़ि जो प्रसिद्ध है अरु मुख्यार्थ नहीं यथा मन कामना पूर्ण भयो यह अर्थ प्रसिद्ध है परन्तु वृक्षवत् फलता नहीं है पुनः दूसरी लक्षणा प्रयोजनवती जामें धुनि होय यथा चित्त चोराय लियो चित्त धन नहीं है जो चोराये चित्त आसक्ति कहे प्रयोजन कि वहुत सुन्दर है सो प्रयोजनवती छःभांति यथा उपादान जो परगुण लिहे हैं यथा चले बाण कराल चलावनहार को गुण प्रयोग सबल है दूजी लक्षलक्षणा जो आपनो गुण और को देवै यथा गङ्गावासी धन्य गङ्गा आपनो गुण तटको दिये शीतलतादि प्रयोजनकी मुक्ति पावैंगे तीजी शुद्धसारोपा जो और को और में थापै यथा॥ मोरे राम भरत द्वै आंखी। रामभरत को आंखी थापै प्रयोजन कि बराबरि प्रिय है चौथी गौणीसारोपा जो गुण देखि आरोपै॥ पुरुषसिंह

तिहुँपुर उजियारे ॥ वीरता गुणते सिंह में थापे प्रयोजन कि लोकविजयी है पँचईं शुद्धा साध्य वासना जो केवल उपमानक है यथा ॥ बैरिनि सेज अग्नि जनि डासू। दासी को बैरिनि फूलन को कृशानु प्रयोजनकि विरह बढ़ावत छठई गौणी साध्य वासना जो गुण लै उपमानक है यथा ॥ अरुण पराग जलज भरि नीके। शशिहि भूष अहिलोभ अमीके ॥ लाल पराग सेंदुर जलज हाथ बाहु अहिमुख शशि सब में गुण मिलत प्रयोजन कि प्रेमामृत की प्यास है इति लक्षणा अथ व्यंजक यथा शब्दार्थते अधिक अर्थ सो व्यङ्ग सो अविधामूल पहिले कहि आये लक्षणामूल द्वै अगूढव्यङ्ग यथा ॥ मातहि पितहि उऋण भये नीके। माता दोषी व्यङ्ग सो प्रकट है दूसरी गूढ़ यथा ॥ मखरक्षक हरिमुख निरखि फूलिरहे सिय नयन। यकटक लक्षणा में यज्ञरक्षक तौ धनुष भी तोरैंगे यह व्यङ्ग पुनः अर्थव्यञ्जक दशभांति यथा ॥ मुकुट न होहिं भूपगुण चारी। वक्ता अङ्गद आपनो साहस छिपावत ताते वक्ता विशिष्ट व्यङ्ग है दूसरी बोधव्य यथा ॥ पुनि आउब यहि बिरिया काली इहां बोध जानकीपै व्यङ्ग तीजी काकु यथा ॥ बाल मराल कि मन्दर लेहीं। काकुवचनमें सङ्ग चलिबो व्यङ्ग चौथी वाक्य विशिष्ट यथा ॥ जस कौशल्या मोर भल ताका। इहि वाक्य में बुराई व्यङ्ग पँचईं वाच्य विशिष्ट यथा फिरि आउब यहि बिरिया काली। यहां कालि आइबो वाच्य में प्रभु को बुलाइबो व्यङ्ग छठईं समय व्यङ्ग यथा ॥ देखहु तात वसन्त सुहावा। हमको भयदायक यह व्यङ्ग सतईं चेष्टा विशिष्ट ॥ कहे लषण सन सैन बुझाई। सैन में नाक कान काटना व्यङ्ग अठईं देश विशिष्ट ॥ पावन पुरी रुचिर यह देशा। इहां बसि मम समीपी होत यह व्यङ्ग नवईं अन्य सांनिधि ते व्यङ्ग नीकि दीन हरि पुनः रीझी राजकुँवरि समीपही कुद्रूपता व्यङ्ग दशईं प्रस्तावविशिष्ट यथा ॥ जो विधि कुशल निबाहै काजू। विधि कुशल निबाहे याते विघ्न व्यङ्ग इत्यादि औरहू भेद हैं सो प्रसङ्गपरे लिखब इति व्यञ्जक पुनः अलंकृत कहे अनेक भांति की जो अलङ्कार यथा धर्मसहित उपमानकी सम उपमेय कहेते पूर्णोपमालङ्कार होत यथा ॥ अरुण कञ्जसम चरण पुनः धर्मादि एकौ घटै सो लुप्तोपमा है यथा रति है रतिसी रतिसी तिय चन्द्रमुखी प्रकाश मुखादि पुनः तोसम तुहीं अनन्वय राम सो सीता सीतासम राम उपमानोपमेय पुनः प्रतीय पांच भेद यथा मुखसम चन्द्र १ चन्द्र देखि मुख लाजत २ मुख देखि

चन्द्र लाजत ३ चन्द्रमुख सम नहीं ४ मुख आगे चन्द्र व्यर्थ ५ पुनः चन्द्र मुखरूप कपटभेद सो तद्रूप अभेद तिनमें अधिक न्यूनसम दोउमें नहीं लिखा पुनः परिनाम दृगकञ्ज सो देखत पुनः एकको वहुभांति प्रथम उल्लेख यथा ॥ याचक जानै कल्पतरु, अरि जानै हरिकाल ॥ पुनः बहुतनको गुण एकमें दूजी उल्लेख यथा ॥ कामसे रूप प्रताप दिनेशसे सोमसे सीत गनेश से माने पुनः चन्द्र देखि सियमुख सुधि आई ॥ सो सुमिरण मुख देखि चन्द्र जानि चकोर धाये सो भ्रम चन्द्र है कि कञ्ज है कि मुख है सो सन्देहा पुनः अपह्नुति पञ्चभेद शुद्ध यथा बन्धु नहीं मोर कालहै हन्ता यथा चन्द्र नहीं निशि भानु पर्यस्ता शशि सुधाधर नहीं मुख सुधाधरहै भ्राता राहु केतु नहीं रावणके मुकुटहैं छेका परीक्षा नहीं लीन तुम्हरी नाईं प्रणाम कीन कैतव। तिय मिस मीच शीशपर नाची पुनः मुख जनु चन्द्र उत्प्रेक्षा षट्भेद नहीं लिखा पुनः अतिशयोक्तिरूपक केवल उपमान सिरससुमन कहुँ बेधत हीरा पुनः हँसिबो बोलिबो और भांति सो भेद कान्ति है पुनः धाम आकाशलगे सो सम्बन्धाति पुनः बाण सन्धानत शत्रु मरो सो अक्रमात् पुनः पीव देश चलते ही तियकी मुँदरी कङ्कणसम करमें भई सो चपलाति पुनः प्रथम वस्तु लै दाम पीछे दिये सो अत्यन्तातिशयोक्ति पुनः तुल्ययोग्यता तीनि यथा लगै नराच सो शृँगार सौति नाह के हिये दूसर मुख देखि चन्द्र सकुचत तीसर श्रीनिधि तेजनिधि कल्पतरु प्रभुही हैं पुनः हेमकसे पुरुष सङ्ग बसे परखिये सो दीपक पुनः दीपकावृत्ति तीनि हे विधि मिलै कौनविधि बाला इति पदावृत्ति कूजहि कोकिल गुञ्जहि भृङ्गा ॥ अर्था ॥ राम साधु तुम साधु सयाने इति पदार्था पुनः राजत मुख मृदुबानि सो,लसत सुधासो चन्द । सो प्रतिवस्तूपमा पुनः श्रीराम देखि और नहीं सुहात कहौ सुधा पाये विष सुहात सो दृष्टान्त पुनः निदर्शना तीनि जो दाता में नम्रता सोई सोन सुगन्ध दूसर सियमुख शशिभये नयन चकोरा । तीसर तरु सफल ह्वै देखावत कि धनी ह्वै दान करौ भिखारि देखावतकी विना दिये यही फलहै पुनः मुखकञ्ज से मृदुबैन विशेषि सो व्यतिरेक पुनः नाक पिनाकहि साथ सिधाई । सो सहोक्ति पुनः विनोक्ति द्वै विमलसर विना कमल शोभा नहीं दूजी कपट विना प्रीति सुखद पुनः घन बिजुली को मिल्यो भावनाय ये नायका सो समासोक्ति पुनः मुख चन्द्र मुसक्याय ताप हरत सो परिकर पुनः तुम अशोक मेरा शोक हरौ सो परिकर अंकुर पुनः बहु अर्थ सो श्लेष यथा बालभर बीरा खाव पुनः रोगी कुपथ्य

मांगत वैद्य नहीं देत तथा तुम्हारो हित मैं करोंगो सो अप्रस्तुत प्रशंसा पुनः सुधासिन्धु त्यागि मृगजलमें धावत सो प्रस्तुतांकुर पुनः प्रजा उक्ति द्वै तिनका कहिय नाथ किमि चीन्हे । इति रचनाबैन गैनिशि बहुत शयन अब कीजे छल सो काज साधन पुनः ॥ अहो मुनीश महाभट मानी । सो व्याजनिन्दा पुनः ॥ पतित स्वर्ग पठाये गङ्गा तोको का कहौं इति व्याजस्तुति पुनः अक्षेप तीनि भांति हे राम ! संयम करौ जो विधि कुशल निबाहै दूसर यद्यपि कवित्तरस नाहीं रामप्रताप यामें है तीसर। राज देन कहि दीन वन, मोहिं न दुख लवलेश । तुमबिन भरतहि भूपतिहि, प्रजहि प्रचण्ड कलेश ॥ पुनः विरोधाभास नयन लगे जबते तबते लगै न नयन पुनः विभावना षट्भेद बिनरंग गे रँगि नैन १ तब बाधि पवि मृदुबैन २ बजौं तऊ उत जात ३ गति काग बोलत घात ४ रविभाव नाह सुखेन्दु । छतसज्ज तोमरछेन्दु ६ पुनः विशेषोक्ति अपने देखे दोष, राम न कबहूं उर धरे ॥ पुनः असंभावना को जानत रहै कि कपि लङ्का फूंकी पुनः असङ्गति तीनि राम चलेजात लोग थकित भे १ ते मातु पितु कैसे जे वन दिये २ राज देन कहि वन दियो ३ पुनः विषम तीनि कहा रामको नाम कहां काम की वार्ता १ श्याम रंग तन मन लगे, उज्ज्वल होत बनाय २ भलो कहत दुख रौरेहि लागा ३ पुनः सम तीनि ॥ जस दूलह तस बनी बराता १ राम कस न अस कहौ तुम, हंसवंस अवतंस २ जाहेतु चले सो आपै मिल्यो ३ पुनः विचित्र जो मेरे मोह न होत तौ तुमको कैसे पावते पुनः अधिक द्वै बहुत उछाह भवन अति थोरा १ विश्वव्यापक सो कौशल्या के गोद २ पुनः अल्प अँगुरी छल्ला भुज में भयो पुनः अन्योन्या पुनि रघुवीर परस्पर नवहीं पुनः विशेष तीनि गहि गिरि निशि नभ धावत भयऊ १ तुम्हरे दरश आश सब पूजी २ जहँतहँ देख धरे धनुबाना ३ पुनः व्याघात द्वै उरग श्वाससम त्रिविध समीरा १ राखिय अवध जो अवधिलगि, रहत न जानिय प्रान २ पुनः कारनमाला धर्मते त्याग त्यागते ज्ञान ज्ञानते मोक्ष पुनः एकावली भूपर शित्र शिव पर गंगा पुनः माला दीपक जग जप राम राम जप जेही पुनः सार सबमें द्विज द्विज में श्रुतिधारी। तिनमहँ निगमनीति अनुसारी ॥ पुनः यथासंख्य कच कुच नेत्र कुटिल कठोर विशाल पुनः पर्याय द्वै पदकी चञ्चलता नेत्रनमें आई १ रथते उतरि बाजि चढ़ि धायो २ पुनः प्रवृत्ति नेक दान दै चारि फल लीन्हे पुनः परसंख्या दण्ड यतिनकर भेद जहँ, नृत्तक नृत्यसमाज पुनः विकल्प की

तन प्राण कि केवल प्राणा पुनः समुच्चय द्वै हर्ष विषाद हृदय अकुलानी १ काम युवा धन मद उपजावै पुनः कारक दीपक लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़े पुनः समाधि भङ्ग सहाय शारद मैं जाना पुनः प्रत्यनीक रामते हारि कपिन खल मारत पुन काव्यार्थ पति धनु तोरे भृगुपति जिते, कहा बापुरे भूप पुनः काव्यलिङ्ग सो नर क्यों दशकन्ध बालि बध्यो जेहि एक शरं पुनः अर्थान्तरन्यास रघुपति के बल गिरि तरे, बड़े करैं न कहासु पुनः विकस्वर नाम सुमिरि रामहिं वश कीन्हे पुनः प्रौढ़ोक्ति काम कलभकर भुजबल सीवां पुनः सम्भावना जे शेष बखानैं तौ गुणपार न पावैं पुनः मिथ्याध्यवसित बन्ध्यासुत बरु काहुहि मारा पुनः ललित मीन जियनहित वारि उलीचा पुनः प्रहर्षण तीनि अब प्रभु देखि जुड़ानी छाती १ तृषावन्त जिमि पाय पियूषा २ आइगये कपि सहित समाजा ३ पुनः विशाद लिखत सुधाकर गालिखि राहू पुनः उल्लास पर दुखदुख सुखसुख देखेपर पुनः अवज्ञा ऊषर वर्षै तृण नहिं जामा पुनः अनुज्ञा गौतमशाप परम हित माना पुनः लेश द्वै मधुरी वाणीते शुक बांधा जात १ काक कठोर वाणीते नहीं बांधा जात २ पुनः मुद्रा असलीबरसों ह्वैरही, पीपर पास न जाउँ पुनः रत्नावली बहुरि बच्छकहि लालकहि, रघुपति रघुबर तात पुनः तद्गुण धूमहु तजै सहज करुवाई पुनः पूर्वरूप द्वै अरुणमुक्त गुञ्जानिकट, बिलग भये पुनि श्वेत १ दीप बुझाये भूषणनि, मणी प्रकाशहि देत पुनः अतद्गुण होहिं निरामिष कबहुँ कि कागा पुनः अनगुण माणिककर मिलि अधिक सुलाली पुनः पीक बिलग नहिं अधर सुलाली पुनः सामान्य रामलखण सखि होहिं कि नाहीं पुनः उन्मीलित चम्पहार मिलि अङ्गमें, कुम्हिलाने दरशात पुनः विशेष दुष्टनबिच मृदुवचनते, सज्जन जानो जात पुनः गूढोत्तर पीव देश सूनो सदन, पथिक बसो मो द्वार पुनः प्रश्नोत्तर तू कपि को मैं रामदूत पुनः चित्रहल परसाधन घरको राम पुनः सूक्ष्म कहा अनुजसन सैन बुझाई पुनः पिहित विपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू पुनः व्याजोक्ति तासु सचिव मैं सुनहु मुनीशा पुनः गूढ़ोक्ति फिरि आउब यहि बिरिया काली ॥ पुनः विव्रोक्ति सुदिन सुमङ्गल तबहिं जब, राम होहिं युवराज ॥ पुनः युक्ति पीयचलत आंसू जम्हाई मिस पोछत पुनः लोकोक्ति ईंधनपात किरात मिताई ॥ पुनः छेकोक्ति जूठ खाई मीठे को पुनः वक्रोक्ति वर बैन कहौ नहिं छन्द पढ़ी बतियां जु करौ हम दीपन वारै पुनः स्वभावोक्ति राम सुभाय चले गुरुपाहीं ॥ पुनः भाविक भये जे अहहिं होहिंजे

आगे ॥ प्रणवौ पुनः उदात त्याहि लघुलाग भुवन दशचारी ॥ पुनः अत्युक्ति तव रिपुनारि रुदन जलधारा ॥ पुनः निरुक्ति कनक कलित अहिवेलि बनाई ॥ पुनः प्रतिखेद सियकङ्कण को छोरिबो, धनुष तोरिबो नाहिं ॥ पुनः विधि विश्व भरै पोषै ताको नाम भरत पुनः हेतु द्वै आये कुशल देव मुनि त्राता १ मोरे सबै एक तुम स्वामी २ इत्यादि अलङ्कारै भाषा भूषणादिते प्रसिद्ध है ताते लक्षण नहीं लिखा अरु औरी अलङ्कारैं जो प्रसिद्ध सर्वथा नहीं काव्यप्रकाशादि में हैं यथा पहरू चोरी कीन सो अमतालङ्कार नदी बाढ़ी तौ पानी बरसो है सो अनुमान गाईको भाग रासभै दीन्हेसे अयुक्ता जो अशुभै शुभ होइ सो युक्तायुक्त यथा मान प्रेमवर्धक पुनः युक्तायुक्त यथा होम करत हाथ जरै पुनः उपमान कहि उपमेय करत जाय सो रसनोपमा यथा सुन्दर मुकुर कैसो शरद पूर्णचन्द्र जैसो शरद पूर्णचन्द्र कैसो जैसो मुख राघव को ॥ पुनः बहुउपमान की एक उपमेय सो मालोपमा यथा जिय बिन देह नदी बिन बारी। तैसे पति बिन नारि ॥ पुनः उपमेय में उपमान लक्षित सो गुच्छोपमा है यथा थके नैन रघुपति छवि देखी इहां मुखचन्द्र नेत्र चकोर लक्षित होत पुनः उपमान में दूषण सो दूषणोपमा यथा विष्णु चारिभुज विधि मुखचारी ॥ जैसी कबहुँ न भई सो अभूतोपमा यथा राम सिया सिंहासन कैसे। घनदामिनि तन धरि रवि ऐसे ॥ अद्भुत उपमा अचरज जानू। शिर किरीट जस शशिपर भानू ॥ निरनय सो गुण दोष देखात। मुखरस एक चन्द घटिजात ॥ सम लक्षण सो लक्षणोपमा है वै वपु शोभा वीरतमाहै मोहन धनुधर लोकोत्तम है सीतापति रतिपति द्वौ सम है द्वौ में विरोध सो विरोधोपमा वदन हँसत दिन मन्दता, मानसमय हसि चन्द ॥ पुनः दृढ़ता अतिशय उक्ति जब, दृढ़ उपमेय बनाव। सोहै नाहै हैनहै, त्रय उपमान गनाव ॥ प्रथम यथा गिरामुखर तन अरध भवानी ॥ इत्यादि असंख्य साम विचारि वैदेही की अनूपता दृढ़ करी पुनः जो या विधि लक्ष्मी प्रकटै तौ सीयसम होय दूसर मायावश जड़ चेतन की ग्रन्थि विचारि जीव को बन्धन दृढ़ करी पुनः अस संयोग ईश जब करई। तबहुँ कदाचित सो निरुवरई ॥ पुनः तीजो प्रभु गुण वेदनते दृढ़ प्रभु प्राप्तिते भाग्य दृढ़ तापै कहत कि होइ सदृश शारद शेषा। करै कल्प कोटिकलौ लेषा ॥ मोर भाग्य राउर गुणगाथा। कहि न सिराहि सुनहु रघुनाथा ॥ बहु अकाज एकइ सो हानि अलङ्कार ग्रह-

ग्रसित पुनि वातवश ॥ इत्यादि बहुलाभ एकत्र सो मुदालङ्कार पिता वचन पुनि मातुहित ॥ इत्यादि एकते बहुतो लाभ सो मुदश्शृङ्खला यथा लोकलाहु परलोक निबाहू ॥ एक और विधि एक और सो विषमवृत्ति है तुम कहँ भरत कलङ्क यह, हम सब कहँ उपदेश ॥ समवृत्ति यथा उभयप्रबोधक चतुर दुभाषी ॥ रसवत् आदि अलङ्कारै रसभाव भेदमें कहब इति अर्थालङ्कार अथ शब्दा यथा एकवर्ण बहुबार आवै सो वृत्त्यनुप्रास यथा कहि जय जय जय रघुकुलकेतू ॥ पुनः एक वर्ण व अनेक वर्ण की आवृत्ति एक बार होइ सो छेकानुप्रास यथा भयप्रकट कृपाला परमदयाला ॥ पुनः एक शब्द बहुबार आवै अर्थ और सो लाटानुप्रास यथा भव भव विभव पराभवकारिणि ॥ पुनः एक शब्द द्वैबार आवै सो यमक है यथा भये विदेह विदेह विशेषी ॥ इत्यादि अलङ्कार है ॥ पुनः छन्दनके प्रबन्ध अनेक प्रकार के हैं तामें किंचित् लिखतहौं सो संस्कृत अरु भाषा द्वैविधि की छन्दैं होती हैं तिनको मूलवर्ण है सो एक मात्रा को लघु कही ताको रूप सीधी पाई। यथा द्विमात्राका गुरु कही सो टेढ़ी पाई यथा ऽ जब तीनि वर्ण होइँ ताको गन कही सो आठगन देवफल यथा मगनऽऽऽ भूमि देव सम्पत्ति फल १ नगन ।।। शेष सुख २ ये मित्रसंज्ञा आदिगुरु भगन ऽ।। चन्द्रमा यश ३ आदि लघु यगन ऽ।ऽ जलदेव धनवृद्धि ४ ये दाससंज्ञा इति शुभ ४ मध्य गुरु जगन ।ऽ। रवि रोग फल ५ रगन ऽ।ऽ अग्नि मृत्यु ६ सगन ।।ऽ वायु भ्रमन ७ तगनांत लघु ऽऽ। व्योम शून्य ये अशुभ इतने रचना जो चरणरहित सो गद्य यथा यायोध्या सा सर्वे वैकुण्ठानामेव मूलाधार ॥ इत्यादि पुनः चरण सहित सो पद्य सोई छन्द है सो संस्कृतशब्दन में भूआदि धातु तामें दश लकारैं यथा भवति भवेत् भवतु अभवत् बभूव भूयात् भविता भविष्यति अभविष्यत् अभूत् पुनः रामादि जो नाम हैं तिनमें सात विभक्ति यथा रामः रामं रामे रामाय रामात् रामस्य रामे हे रामेत्यादि यथा रामो मेभिहितं करोतु सततं रामं भजे सादरम्। रामेणापहृतं समस्तदुरितं रामाय दत्तं धनुः ॥ रामान्मुक्तिरभीप्सिता सरभसं रामस्य दासोस्म्यहम्। रामे रज्जतु मे मनः करुणया हे राम मामुद्धर ॥ इत्यादि सो उत्तम ब्राह्मण तुल्य है सो भाषा कौन भांति होत यथा ब्राह्मण आपने धर्म कर्म त्यागे तौ सर्व वर्णमें मिलि नाममात्र ब्राह्मण रहे तहां संस्कृत कर्ता कर्म करण क्रियादि त्यागेते प्राकृत भई जब कुछ वर्णभी बिगरिगये तब अपभ्रंश वर्णसंकर

भयो यथा शार्ङ्गको सार्ङ्ग भयो पुनः काशी की भाषा क्षत्री वर्ण सम है अरु व्रजभाषा वैश्यवर्ण तुल्य फारसी शूद्रवर्ण सम इत्यादि षट्मिले भाषा भई सो नागर है अरु जब ग्रामनकी भाषा मिली सो ग्रामीण है पुनः जब भाषा में छन्दरचना करत तामें व्याकरणकी छाया सूक्ष्म रीति ते बनीरहत यथा भूतकाल बभूव ताको भाषा यथा भयो तुम्हार तनय सो स्वामी वर्तमान भवति ताको भाषा होत महारण रावण रामहि भविष्यकाल भविष्यति तब होई तब संशय भङ्गा पुनः सातो विभक्ति यथा यःश्रीरामः स भगवान् भाषा पार्वती जोइ निर्मयो, सोइ करिहै कल्याण जो सो प्रथमा है १ ताहि तिनहिं द्वितीयाहै यथा पिय तुम ताहि जितब संग्रामा पुनः तिनहिं कहत कछु अघटित नाहीं २ तिहि करिकै तृतीया है यथा प्रभु करि कृपा पावरी दीन्हीं ३ हेतु चतुर्थी है यथा तुम्हरे हेतु राम वन जाहीं ४ ते पञ्चमी है यथा धर्मते विरत योगते ज्ञाना ५ के षष्ठी है यथा जिनके यश प्रताप के आगे ६ यह सप्तमी है यथा राजत राजसमाज महँ । इत्यादि जहां पदमें न होइ अरु अर्थते प्रकट होय सो समास है यथा पीत झीन झँगुली तन सोहा पीत जो झँगुली सो तन में सोहा द्वितीया यथा राम गये वन राम वनहिं गये तृतीया यथा तुम्हरी अनुग्रह तुम्हारी अनुग्रह करिकै चतुर्थी यथा राम नमामि राम हेतु नमामि पञ्चमी यथा कर नितकरै रामपद पूजा करते नित करै षष्ठी यथा रामदूत मैं रामको दूत सप्तमी यथा वन बसि कीन्हे चरित अपारा वन में बसि इत्यादि समासै जहां बहुतही होत तहां अर्थ कठिन ह्वैजात यथा ॥ राम सदा हितही धरौ, कृपा हरै सब पाप । नौमि रामपर रूप नहिं, बसे दासमन आप ॥ इसीको विभक्तिसहित कहे सरल अर्थ यथा ॥ राम सोई मोहित सदा, ताहि धरौ हियमाहिं । पाप हरै सबकरि कृपा, नौमि तदर्थ सदाहिं ॥ परे रूप नहिं रामते, शरणागत अनुरागि । दासनके मनमें सदा, आप बसे हितलागि ॥ पुनः उत्तम मध्यम अधम तीनिभांति तुकान्त तहां उत्तम में तीनि भेद प्रथम समसरि यथा जनक से कनक से दूसर विषमसरि यथा नीरनि समीरनि तीसर कष्टसरि यथा मुसुकातहै सरसातहै पुनः मध्यम तुकान्त में तीनि भेद प्रथम असंयोग यथा ब्याहि वाहि दूसर मिस्वर यथा द्वैक्ष्वै तीसर दुर्मिल यथा उज्ज्वल निर्मल पुनः अधम तुकान्त प्रथम आदिमात्रा अनमिल यथा दाननको दीननको दूसर मध्यमात्रा अनमिल यथा दामिनसी पावनसी तीसर अन्तमात्रा अनमिल समीर समार पुनः छन्दनमें द्वै

प्रस्तार हैं प्रथम मात्रा प्रस्तार जै मात्राको प्रस्तार करै जो सम होइ तौ ताके आधे गुरु वर्ण टेढ़ी पाई धरै यथा आठके भये चारि ऽऽऽऽ अरु जो विषम होइ तौ एक लघु लिखै और गुरु लिखै यथा ।ऽऽऽ सात मात्रा हैं पुनः प्रथम गुरु तर लघु देइ वाके ऊपर समपांति करै जो मात्रा बाक़ी रहै सो लघु गुरुते पूर्ण करै जब सब लघु आवै तब प्रस्तार को अन्त है सो एकतें बत्तीस मात्रा तक सब भेद एकत्र कीन्हेते बानबे लाख सत्ताईस हज़ार चारिसौ तिरसठि भेद होतेहैं यथा ९२२७४६३ पुनः वर्ण प्रस्तारमें प्रथम सब गुरु धरै यथा तीनिवर्णऽऽऽ पुनः प्रथम गुरुतर लघु दै ऊपर समपांति लिखि जो बाक़ी रहै सो गुरुते पूर्ण करै तामें एकते बत्तीसतक सब भेद ४२९४४९३००७ एते होते हैं तहां वर्णछन्दन में वर्ण की गिनती मात्राछन्दन में मात्रा की गिनती तामें चारि प्रबन्ध हैं एक तो जे छन्दै दूजे तीजे आदि स्थानमें लघु गुरु आदि नेम राखत ते गननते लक्षित होत यथा बारहवर्ण गुरु विद्याधर छन्द चारि भगन भये पुनः तीजो छठौं नवौं बारहौं गुरु सो त्रोटक चारि सगन भये इत्यादि एकवर्ण गुरुकी श्रीछन्दआदि स्रग्धरा यकइस वर्णपर्यन्त वृत्ति कहावती है पुनः एकविंशते छब्बिस तक सवैया कहावत छब्बिसते अधिक दण्डक है ताहू में घनाक्षरी सर्वत्र नेम नहीं यकतिस वर्णान्त गुरु तथा रूप घनाक्षरी बत्तीस वर्णान्त लघु इति वर्ण में चारि प्रबन्ध पुनः मात्रा में एक-मात्रा गिनती को नेम वर्णनेम नहीं यथा रूप चौपाई सोरह मात्राकी अरु एक वर्णको भी नेम लेत यथा त्रिभङ्गी बत्तिस मात्रा अन्त एक गुरु पुनः एक मुक्तक यथा चित्रवानि प्रथमपद सोरहकल दूसर सत्रहकल एक विषम वृत्ति यथा गाहू चारिहू चरण चारिभांति पुनः जो बत्तिस मात्राते अधिकते मात्रा दण्डक है यथा झूलनाआदि एक संयोगी छन्द होत यथा दोहा रोला मिलि कुण्डलिया पुनः काव्य उल्लालामिलि छप्पै इत्यादि दश प्रबन्ध पुनः काव्य में द्वै प्रबन्ध होत एक श्राविक जामें यश कीरति प्रताप गुणादिको गान केवल सुनिबे लायक होय यथा कवित्तावली गीतावली विनय अरु मानस में जन्म के आदि राजगद्दी के अन्त दूसरा नाटक प्रबन्ध यथा राम-जन्म ते राजगद्दी पर्यन्त जाको लीला देखिबे योग्य है ७२॥

भावभेद रसभेद अपारा। कवित दोष गुण विविध प्रकारा ७३

अब भावन के अरु रसनके भेद अपार हैं तिनमें किञ्चित् लिखत हौं भाव चारि हैं विभाव १ अनुभाव २ संचारी ३ स्थायी ४ इन चारिउ करि

रसको रूप पूर्ण होत सो नाटक काव्यमें आठ रस यथा शृङ्गार १ हास्य २ करुणा ३ रौद्र ४ वीर ५ भयानक ६ बीभत्स्य ७ अद्भुत ८ अरु आधिक काव्यनमें शान्तसहित नवरस हैं तहां शृङ्गार रसनको राजाहै विष्णु देवता श्याम रङ्ग ताको रूप यथा सत्योपाख्याने ॥ भावः कटाक्षादिहेतुश्च शृङ्गारे बीजमादिनि । प्रेममानः प्रणयश्च स्नेहो रागश्च संस्मृतः ॥ अनुरागः सएव स्यादंकुरः पल्लवस्तथा । कलिकाकुसुमानीति फलं भोगः स एव च ॥ सो शृङ्गार एक विप्रलम्भ अर्थात् वियोग दूसर संभोग दम्पति संयोग ताको बीजांकुर अनुभाव है सो द्वै भांति एक उद्दीपन बाग रागादि देखि सुनि सुधि होय यथा बाग तड़ाग विलोकि प्रभु हरषे पुनः कङ्कणकिङ्किणि नूपुर धुनि सुनि दूसर आलम्बन विभाव परस्पर अवलोकन सियमुख शशिभय नयन चकोरा पुनः रसको डार पात अनुभाव है सो चारि भांति प्रथम कायिक देह क्रिया यथा ॥ अस कहि फिरि चितये तेहि ओरा ॥ दूसर मानसिक यथा ॥ देखि सियाशोभा सुख पावा । तीसर अहार्य शोभा दर्शावनो यथा ॥ गुच्छा बिच बिच कुसुम कलीके । चतुर्थ सात्त्विक आठ भांति यथा ॥ स्तम्भ देह थिर यथा ॥ भये विलोचन चारु अचंचल । स्वरभंग यथा ॥ हृदय सराहत वचन न आवा । पुनः स्वेद रोमाञ्च कम्प विवर्त आशु प्रलय कहे विह्वलता ये छः सात्त्विक याते दर्शित होत यथा ॥ प्रभु आपनि दशा विचारि । पुनः कली फूलादि संचारी है सो तेंतिस भांति ते सब रसन में जात याते इनको व्यभिचारी भी कहत ते स्थायिन के साथ जलतरंगवत् प्रकटत है तिनके विभावानुभाव लिखे ग्रन्थ बढ़िजाई ताते नाम उदाहरण लिखब यथा॥ जगते उदासी सो निर्वेद ॥ करहिं मोहिं रघुपति की दासी १ ग्लानि मनही मन मनाय अकुलानी २ शङ्का जन शिशुमृगी सभीत ३ असूया कूर कपूत मूढ़ मन माखे ४ मद सियहि विलोकि तक्यो धनु कैसे ५ श्रम थके नयन रघुपति छवि देखी ६ आलस्य अधिक सनेह देहभइ भोरी ७ दीनता मनहीं मन मनाय अकुलानी ८ चिन्ता कहँगय नृपकिशोर मन चिन्ता ९ मोह लोचनमग रामहि उरआनी १० स्मृति सियमुख सरिस देखि सुख पावा ११ धृति धरि बड़ि धीर राम उर आने १२ लाज गुरुजन लाज समाज बड़ि १३ आवेग पितुप्रण समुझि बहुरि मन क्षोभा १४ चपलता प्रभुहि चितै पुनि चितै महि १५ जड़ता दीन्हे पलक कपाट १६ हर्ष हर्षे जन निज निधि पहिचाने १७ गर्व रघुवंशिनकर सहज सुभाऊ १८ विषाद सभय हृदय विनवत १९

निद्रा रघुवर जाय शयन तव २० अमर्ष ज्यहि स्वपनेहु परनारि न हेरी २१
औत्सुक्य जनु तहँ बरष कमलसित श्रेणी २२ अपस्मार चितवत चकित
चहूंदिशि सीता २३ स्वप्न जागी सीय स्वप्न अस देखा २४ बोध प्रात पुनीत
काल प्रभु जागे २५ उग्रता एकबार कालहु किन होई २६ मरण रामराम
कहि २७ ज्ञान प्रभुतन्न चितै प्रेम प्रण ठाने २८ व्याधि अतिपरिताप सीय
मनमाहीं २९ अवहित्था तन सँकोच मन परम उछाहू ३० उन्माद अहह
तात दारुण प्रण ३१ त्रास भयो विलम्ब मातु भय मानी ३२ तर्क सो सब
कारण जान विधाता ३३ इति संचारी पुनः फलस्थाने स्थायी है सो शृङ्गारकी
स्थायी रति है यथा॥ मुख सरोज मकरन्द छवि, करत मधुप इव पान। पुनः।
शरद शशिहि जनु चितव चकोरी। रति कहिये प्रीति ताके आठ अङ्ग यथा॥
प्रणय प्रेम आसक्ति पुनि, लगन लाग अनुराग। नेह सहित सब प्रीति के
जानब अङ्गविभाग॥ अपनपौ प्रणय है ताकी सौम्यदृष्टि आसक्तता आसक्ति
है यकटक दृष्टि ये दोऊ अहङ्कारकी विषय है चित्त उमँगि कण्ठरोध अश्रु सो
प्रेम विह्वल दृष्टि है प्रतिक्षण सुधि होना लग्न है उत्कण्ठा दृष्टि ये प्रेमलग्न
दोऊ मनकी विषय हैं चित्तकी चाह लाग है चोपदृष्टि जा प्रीति में चित्त
नेत्र रँगिजाय ताको अनुराग कही ये चोप अनुराग चित्त की विषय है जाके
मिले बोले प्रसन्नता सो स्नेह ललित दृष्टि है चिक्कणता शोभा सहित सर्वाङ्ग
व्यवहार सो प्रीति है याकी आधीन दृष्टि ये दोऊ बुद्धि की विषयहै इत्यादि
अहङ्कार मन चित्त बुद्धि द्वारा सब विषय अनुकूल ह्वै जेहि रसको अत्यन्त
भोगी ह्वै सर्वाङ्ग परिपूर्ण ह्वैजाइ सो प्रीति है यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ अत्यन्त-
भोग्यता बुद्धिरानुकूलादिशालिनी। अपरिपूर्णस्वरूपा या सा स्यात्प्रीति-
रनुत्तमा॥ पुनः हाव यथा॥ सो लीला पियवेष तिय, निजतन रचै बनाइ।
यह विलास जो लखि करै, तिय मनहरण सुभाय॥ चितवनादि क्रिय अधर-
फव, ललितहाव है सोइ। रिसते निदरै भूषणनि, छवि विक्षिप्त में होइ॥
कपट निरादर गर्वते, सो विब्बोक विचार। पूरण होइ न चाह जहँ, पियसँग
विहित निहार॥ मोटाइत प्रकटै तिया, रैडनादिते चाव। कलह करै जो केलि
में, स्त्रई कुटुंमित्तहाव॥ किलकिंचित रोवनि हसनि, रिस भय आदि गनाइ।
सो विभ्रम उलटो तिया, करै जु काज भ्रमाइ॥ इति संयोग अथ वियोग
विप्रलम्भ पांच भांति विदेशगमन १ गुरुजन आज्ञा २ ईर्षा ३ अभिलाष ४
शापते ५ शृङ्गाररसमें एकप्रीति कारण है ताते प्रथम गनोगयो इति शृङ्गार १

अथ हास्य ब्रह्मा देवता श्वेतरङ्ग विभाव यथा ॥ अलङ्कार विप्रीति अरु, विकृत वेष अभिधान। विकृताचारादिकन ते, हास्य विभाव प्रमान ॥ कहत हास्य अनुभाव है, विकृतवेष आकार। विकृत वचन मुख अधरदृग, आदिक अङ्ग विकार ॥ संचारी यथा ॥ अवहित्था आलस हर्ष, निद्रा सुप्त प्रबोध । उद्वेग असुइया चपलता, ये संचारी सोध ॥ उत्तम अस्मित हसित मधि, विहसितोपहसि तिष्ठ। अधम अपहसित अतिहसित, सो स्वनिष्ठ परनिष्ठ ॥ स्वनिष्ठ उत्तम यथा ॥ मनही मन महेश मुसक्याही । परनि अधम यथा ॥ पुनिपुनि हसत कोशलाधीशा। यामें स्वनिष्ठ परनिष्ठ द्वै भेदते दूसरा रस गने २ अथ करुणा कपोतरंग यम देवता शोकस्थायी । इष्टनाश बन्धन व्यसन, शापरु कष्ट विभाव। रोदन परिदेवन प्रलय, मोह प्रलाप अनुभाव॥ संचारी यथा॥ आलस शङ्का नींद भ्रम, उत्सक्का निर्वेद। ग्लानि असुइया बोधमृति, मोह दैन जड़ खेद ॥ व्याधि अश्रुस्तम्भ स्वर, भेद स्मृति उन्माद। सो स्वनिष्ठ परनिष्ठ पुनि, होत परस्पर वाद ॥ स्वनिष्ठ यथा ॥ गै मूर्च्छा रामहिं सुमिरि, नृप फिरि करवट लीन ॥ परनिष्ठ यथा॥ लषण देखि प्रभु अतिदुख माना॥ परस्पर यथा ॥ कहेउ रामवियोग तब सीता। मोकहँ सकल भयो विपरीता ॥ सीताकी अतिविपति विशाला ॥ इत्यादि तीनि कारण ते यह तीसरा रसहै ३ अथ रौद्ररस अरुण रंग रुद्र देवता क्रोध स्थायी यथा॥ होत अवज्ञादिकन ते, जो प्रमोद प्रतिकूल। परमित चित्त विकारते, क्रोध रौद्ररसमूल ॥ आयुध अविभव अरिखलन, विकृतिविदारनवान। रणवारे जे अर्थते, रौद्रविभाव बखान॥ शीश कम्प कर मीड़िबो, ओठचवैबे आदि। अनूभाव मन दाम पुनि, भेददण्ड सामादि ॥ संचारी यथा ॥ चञ्चलता अमर्ष सम्मृति, कम्प उग्रता स्वेद। आवेगरु रोमांच उत्साह दशम स्वर भेद ॥ सामते रौद्र यथा ॥ सुनु दशकण्ठ कहौं प्रण रोपी। रामविमुख त्राता नहिं कोपी ॥ दानते यथा ॥ सीता देहु मिलौ नतौ आवा काल तुम्हार दण्डते रौद्र यथा ॥ बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति। भेदते रौद्र यथा। निजमुख तापसदूत कहायो। इति चारि हेतु ते रौद्र चतुर्थ रसहै ४ अथ वीररस इन्द्रदेवता पीतरङ्ग उत्साह स्थायी यथा॥ शौर्य त्याग विद्या दया, धर्मादिक ते होय। परमित चित्तविकार जो, सो उछाह जिय होय ॥ रणयाचक विद्वनदुखी, समय सुधर्म विभाव। पुलकोदार प्रसन्नता, वीर्य धीर्य अनुभाव ॥ संचारी यथा ॥ धृति मति अमरष उग्रता, गर्व असूयावेग। हर्ष चपलता वीर में, संचारी कहि नेग। युद्धवीर

यथा ॥ द्वन्द्वयुद्ध देखहु सकल, त्यागवीर राजिवलोचन । रामचले तजि बापको, राज बटाउ कि नाइ । विद्यावीर यथा ॥ वचन किरातन के सुनत, जिमि पितुबालक बैन । जैसे बाल वचन पिता समुभत तथा प्रभु सब भाषादि विद्या में प्रवीण हैं दयावीर यथा ॥ सुनि सेवक दुख दीनदयाला । फरकि उठे दोउ भुजा विशाला ॥ धर्मवीर यथा ॥ आयसु देइय हरषि हिय, कहि पुलके प्रभुगात । इति पञ्चहेतुते यह पांचवां रसहै अथ भयानक श्यामरङ्ग यमदेवता भयस्थायी यथा ॥ शब्द स्पर्श रूप रस, गन्ध समय विकराल । मनविकार अस मग्न जो, भय थायी जिय साल ॥ विषमशब्द विषधर परस, घोररूप विषपान । विषमगन्ध परतियगमन, ये विभाव अनुमान ॥ कर पग शिर दृग सकल अँग, कम्प स्वेद पुनि जानि । ओठ ताल गल सूखिबो, ये अनुभाव बखानि ॥ संचारी यथा । शङ्क मूर्च्छा चपलता, गद्गदता वैवर्ण्य । अपस्मार स्वेदरु प्रलय, मोह दीनता वर्ण्य ॥ स्तम्भ स्वेद रोमाञ्च अरु, आवेगहि ठहराइ । कहे भयानकके भरत , ये व्यभिचारी भाइ ॥ अथ शब्दते गर्भ स्रवहि रजनीचरनारी । स्पर्शते नूतन किसलय मनहु कृशानू । रूपते सकै न विलोकि वेष केशरीकिशोर को । रसते जरत सकल सुरवृन्द । गन्धते उरग स्वास सम त्रिविध समीरा । परनारी यथा ॥ इतउत चितै चला इति षट्हेतु ते यह रस छठाहै अथ बीभत्स नील रङ्ग महाकाल देवता विना स्थायी यथा ॥ हाड़ मांस रोमा त्वचा, मेदन से रुधिरादि । होत विभाव बिभत्स में, विकृत विलग तन्त्रादि ॥ मुख नयनन को घूमिबो, मुख दृग नाक पिधान । अरु खखारिबो थूकिबो, यो अनुभाव प्रमान ॥ यथा ॥ कादर भयङ्कर रुधिरसरिता । शातघिनाते सात बार सहै अथ अद्भुत पीतरङ्ग ब्रह्मा देवता विस्मय स्थायी । द्युतिलावण्य स्वरूप स्वइ, सुन्दरता रमनीक । माधुरि कान्तिविभाव है, ये अद्भुत में ठीक ॥ दशन जीभ अँगुरी ग्रहन, वेपथु गद्गदबैन । साधुवाद हाहाकरण, लखिबो अनमिष नैन ॥ इति अनुभाव संचारी यथा ॥ विभ्रम विस्मय अश्रु पुनि, रोमाञ्चथम्भ अरु स्वेद । गद्गदता भाषे भरत, अद्भुत में ये भेद ॥ यथा ॥ देखरावा निज मात कहँ, अद्भुतरूप अखण्ड । द्युतिआदि आठ शोभाङ्ग हैं ताते आठवां रस है ८ इति नाटक में अरु आविक काव्यनमें चारि रस और हैं यथा शान्त दास्य वात्सल्य सख्य शान्त यथा श्वेत वर्णपर ब्रह्मदेवता शांतिस्थायी यथा परमात्म आलम्बन आत्म ततो दीपन । शास्त्रचिन्त हरिगुरुकृपा, है विभाव सत्सङ्ग । अनूभाव

नासाग्र दृग, सात्त्विक सकल अभङ्ग ॥ मति धृति अरु निरवेदता, अपसमृती संभ्रान्ति । वितर्कादिसंचार सब, अस्थायीमतिशान्ति ॥ यथा ॥ ज्यहि जाने जग जाइ हेराई । जागे यथा स्वप्न भ्रम जाई ॥ दास्य यथा ॥ हम सेवक स्वामी सियनाहू ॥ सख्य यथा ॥ करिहैं विधि मोसन ये प्रीती ॥ वात्सल्य यथा ॥ मेरे प्राणनाथ सुत दोऊ ॥ रसते रसोत्पत्ति यथा ॥ शृङ्गारते हास यथा ॥ रनिवास हास विलासवश ॥ रौद्रते करुणा यथा ॥ जारि करौं पुर छार व्याकुल नगर विलोकि । वीरते अद्भुत यथा ॥ लेत उठावत खैंचत गाढ़े । लखा न काहु बीभत्सते भयानक । यथा ॥ कादर भयङ्कर रुधिरसरिता ॥ रसशत्रु यथा ॥ करुणा हासते वैर बीभत्स शृङ्गारते वैर वीर भयानक ते वैर रौद्र अद्भुतते वैर यथा विभावानुभाव संचारी में विचारिये अरु कहूं देश समयते वैरी भी मित्रसम यथा ॥ कीश गिरत रावण हँस्यो, तब राघव धनु तानि । शर मुमोच तिक्षण सुलखि, खल भागे भयमानि ॥ कीश में करुणा रावणमें हास्य प्रभुमें वीर खलनमें भय रणसमयते अविरुद्ध पुनः । प्रभु छवि लखि सिय चकिरही, सिय तकि खलकृत शोर । जयमाला हर्षित दियो, पावछुवत मन मोर ॥ सीयमें अद्भुत भूपन में रौद्र जयमाला में शृङ्गार पग छूवे में बीभत्स समयते अविरोध विनासमय विरोध है रस अनुचितते रसाभास यथा ॥ प्रभु लक्ष्मणपहँ बहुरि पठाई । एक स्त्री द्वै पुरुष रतिरसाभास है भाव अनुचितते भावाभास यथा ॥ कौन भांति लङ्कापति मारे ॥ चिन्ता अनुचित है भावोदय यथा ॥ सुनि पाती पुलके द्वौ भ्राता । इहां हर्षकी उदय है भावसन्धय यथा ॥ सकुचत कहि न सकत गुरुपाहीं । पितुदरशन लालच मनमाहीं ॥ इहां लाज हर्षकी सन्धय है भावसबलता । दूत वचनरचना प्रिय लागी । प्रेम प्रताप वीररस पागी ॥ भाव शान्ति यथा ॥ पैरत थके थाह जनु पाई ॥ इहां चिन्ता शान्ति कहौ रसौ भावको अङ्ग होत यथा ॥ सेवककी वरात स्वामी जाय यथा ॥ मुनिगण गुरुजन धीर जनक से । ज्ञानअनल मनकसे कनकसे ॥ जे विरञ्चि निरलेप उपाये । पद्मपत्र जिमि जलज लजाये ॥ तेउ विलोकि रघुवर भरत, प्रीति अनूप अपार । भये मगनतन मन वचन, सहित विराग विचार ॥ इहां शान्तरस मोहभावको अङ्ग है इति भावरस भेद ॥ अब कवित्तके जो दोषहैं पुनः देशकाल पाइ दोष गुण होत इत्यादि विविध प्रकारके हैं तिनमें कुछ लिखतहौं शब्ददोष यथा सुनत में करू सो कटुकर्ण यथा पीबुद्धि कठेठी रीतिविरुद्ध बोल सो संस्कारहत है यथा अली

गयो जो शुद्धभी शब्द कवि अनादरै सो अप्रयुक्त है यथा वैयस्या सखीको नाम कवि धरै नहीं जो अर्थ न प्रकटै सो असमर्थ यथा सहित सुरतरुको ससुर साखि द्वै अर्थी सो निहितार्थ यथा सूर्यकुण्डको हरिसर कहिबो उचित नहीं सो अनुचितार्थ यथा वैद्यको गदहा विना अर्थ सो निरर्थक यथा काम वाम गुरुसुरव रीति शब्द बना अवाच्य है यथा रविको सहसकर जा शब्द में विना अमङ्गल लज्जा सो श्लीलहै यथा जीमूतन पितरादिन गुदरान एकदेश बोली सो अप्रतीत यथा चित्रकूट में पहारको भाठा सन्देही यथा उरमें सालत प्रीति वैरकी ॥ सन्देह है जो लक्ष्यार्थ अप्रयोजन सो नैयार्थ है तब मुखने चंदैकमीना करी सीढ़ी सीढ़ी चढ़े अर्थ सो क्लिष्ट है यथा भूमिसुता पति ग्रामीण यथा ॥ गल्लभल्लपद बद्ध विधान ॥ उलटा अपभ्रंश है यथा मुखीचन्द विरुद्धमति यथा ॥ अम्बिकारमण इति शब्ददोष अथ वाक्यदोष यथा रसअनुकूलाक्षर नहीं सो प्रतिकूलाक्षर यथा ॥ रतिसुख लुटत अवीरमें ॥ चाहिये छन्दभङ्ग प्रसिद्ध है सन्धि विगरी सो विसन्धि है यथा ॥ खरआरि जाबिन अर्थ न बनै ॥ सो न्यूनपद यथा खगते यश फूल भरत खगला चाहिये तब यशफूल वनी जाविना कुछ बिगरै न सो अधिक पद यथा चम्पक सो गोरो तन गोरो अधिक है पूर्वरीति अन्ततक न होइ सो पतत्प्रकर्ष यथा मानमहि महाहर्ष महामोद चाहिये ॥ कहा पद पुनः कहै अर्थ वही सो कथित पद यथा ॥ लाल हरे मन कित गुलाल ॥ बातैं समाप्त करि फिरि कुछ कहै सो समाप्त पुनः रात है यथा ॥ सीय सिखायो निरखि निरखि सीय सिखयो चाही ॥ एकपद द्वै पदनके मध्य सो चरणान्तर्गत पद है यथा ॥ धनु शर लीन्हे आजु मैं, रामहिं देख्यो जात । रामहिं देख्यो आजु मैं, धनु शर लीन्हे जात ॥ ऐसा चाही मुख्यको मुख्य न कहे सो अभवन मत्तयोगहै यथा ॥ तुमतौ ल्याउल्याउ रटि लागी ॥ तुम्हरे तौ चाहिये जो अवशि कहिबो नहीं सोई कहै सो अकथित कथनीयहै यथा ॥ प्रीतम पाय लग्यो नहीं, मान छाड़ती तीय ॥ प्रीतम पायलगेहू नहीं ऐसा चाहिये जहां चाहिये तहां न होइ सो अस्थानपद है यथा ॥ ओई कुटिल गड़ी अजौ, अलकै मोदग माहिं । कुटिल अलकके ढिग चाही दूरिदूरि पदसों संकीर्ण है यथा ॥ भजौ गयो बालौ तरुण आयौ वृद्ध राम । बालतरुण गयो वृद्धा आयो राम ॥ भजौ चाही बीचमें और वाक्य दैदेवैं सो गर्भित पदहै यथा । सतसङ्गति है विषम जग, दुहौ धेनुपै नाम । और में और रसकी बात सो अमितपरार्थ है यथा ॥

अतिकराल रघुवीर के शरकटाक्ष की चोट । करालता बीरमें चाही जहां विधि सहित बात नहीं सो प्रक्रमभङ्ग है यथा । जहँ लागत तियसों गिरत, मिथिला मगघर ओट । ज्यहि लागत चाही जहां क्रम न मिलै सो यथा संख्या प्रक्रमभङ्ग है । रम उमा बनी सदाविधि हरि हर के सङ्ग । हरि हर विधि चाही प्रसिद्ध यथा नूपुर में करालस्वर डङ्का में मधुर स्वर इति वाक्यदोष अथ अर्थदोष जाविना कुछ बिगरै न सो अप्रष्टार्थ है यथा । अति बड़ो गगन में चन्द उयो अति बड़ो विना कुछ बिगरत नहीं अक्षरते अर्थ भिन्न सो अप्रष्टार्थ है खगवरौ तव नयन खञ्जनहै निरादरि पुनः चाह सो व्याहत है यथा चन्द कौन शशिमुखी ढिग पुनः वही अर्थ सो पुनरुक्त यथा कञ्ज विकसि फूले कमल अनुचित क्रमसों दुक्रम यथा अश्व न देहौ मतङ्ग तौ दीजै बहुअर्थ सों सन्दिग्धार्थ यथा हरि कराल निरहेतु यथा फूल नहीं झरे काम दिये शरडारि है कौन हेतु शर डारे सो हेतु नहीं शिव की शङ्का चाहिये वही अर्थ वही शब्द बारबार कहै सो अनविकृत है यथा । अग्नि तप्त अचरज नहीं, नहिं अचरज हिम शीत । रीति सदाहिम शीत ऐसा चाहिये नेममें अनियम यथा । नेहभरे दृगवचन मृदु, शोभा आननमाहिं । मुखमें मुसक्यान ने मनहीं अनियम में नेम यथा शुभदायक मणि गिरिगयो माशाभरि मिले काह माशा तौल नेम है अविशेष में विशेष यथा रैनि श्याम शशि पूरण रैनि श्याम अविशेषहै श्वेत रैनि चाही विशेषमें अविशेष यथा । मुख शशिप्रभा अपार, सकल अङ्ग शोभित सदा । मुख विशेष सर्वाङ्ग अविशेष है ग्राम्य यथा कोरे घड़ा नीर सों छिरकौ जेठ जावासन टाटी कुछ अर्थ बाकी रहै सो साकांक्ष है यथा । जननीरुचि पुनि पितु वचन, क्यों तजि कै वन राम । राम वन जाइबो क्यों तजिहैं सो शेषहै पद विधि अनुवाद अयोग्य सो अयुक्त है । मोहन छवि दृग हिय मुसक्यान । मुख चर्चा गुण सम नहिं आन ॥ पीछेको पद अयुक्त है विधिते यथा । पवन अहेरी व्यालहै, व्यालौ खातमयूर । अहेरी न चाहिये विधि रीतिहै अनुवाद बारम्बार । यथा । रेके सबकर आभरण, मोदकरन श्रीधाम । कमल वियोगी जियहरण, करुहो प्रिय अभिराम । वियोगी जियहरण अनुवाद अयुक्त है लोकविरोध यथा ॥ सबको अनादर वेद विरुद्ध प्रभाशयन कवि रीति विरोध भादोंकी चांदनी पूर्वापर विरोध सो प्रकाशित विरोध यथा । हसनि तकनि बोलनि सकुच, रोसन सुकिया सोय । सब लक्षण न पराकिया के मिलत सहचर भिन्न यथा ॥

सोहै सहचर भिन्न जहँ सह कहते न विवेक। निजपर पतनमानते, साधु काकगति एक॥ साधु साचे काकभ्रमते यह भेद है भोंड़े भेद सो श्लीलार्थ उन्नत है पराछिद्र को लाज प्रकट छोड़ि बात पुनि कहैं सो त्यक्त पुनः स्वाकृत्य यथा॥ मोसुधि हरिने हरलई, काम करो डर हेत। सुधि विना काम कैसे करती इति अर्थ दोष अथ रसदोष रसभावादिकन को नाम लेना विभावादिकी प्रतीति कष्ट सो वा प्रतिकूल प्रकृति विपर्ययादि पुनः कारण पाइकै दोषौ गुण होतहैं यथा अतिप्रसिद्ध में निर्हेतु ओजगुणमें श्रुति कटु अर्थ बलते पतत्प्रकर्ष चित्रश्लेष में अप्रयुक्त निहितार्थ सरति ज्ञान क्रोधमें श्लील व्याजस्तुति में सन्दिग्ध शास्त्रचर्चामें अप्रतीत ग्राम चर्चा में ग्रामीण हर्ष में न्यून पद अतिनिश्चय में अधिक पद विरही लाटादि में कथित पद छन्दतुकान्त समो आदि कारणते सब गुण ह्वैजात असमर्थ अनुचितार्थ निरर्थक अवाच्य ये नित्य दोष हैं इति कवित दोष गुण ७३॥

कवित विवेक एक नहिं मोरे। सत्य कहौं लिखि कागद कोरे ७४

दग्धाक्षर वर्ण मैत्री आदि आखर वाचक व्यञ्जक लक्षकादि अर्थ पूर्ण उपमादि अलङ्कार श्रीआदि छन्द प्रबन्ध अस्थायी आदि भाव शृङ्गारादि रस श्रुति कटुआदि दोष पुनः कारणते दोषन के गुण इत्यादि कवित्त में अनेक विवेक हैं अर्थात् सब बातैं विचारिकै पदपदार्थ वर्णन करै एकहू रीति बिगरै न पावै भूषण सर्वत्र दूषण कहौ न होवै इत्यादि विवेक मेरे एकहू नहीं है अर्थात् काव्य अङ्गनपर मेरी दृष्टि नहीं श्रीरामतत्त्व पर दृष्टि है यथा॥ यहि महँ रघुपति नाम उदारा। इत्यादि वार्ता मैं सत्य कहत हौं कोरे कागजपर लिखिकै अर्थात् सौगन्द करिकै भाव रामतत्त्व दिव्यदृष्टि ते देखात अरु काव्य अङ्ग प्राकृत दृष्टिकी बात ताते इधर दृष्टि नहीं स्वाभाविक चहै सो परिजाय बनायकै नहीं धरतहौं तहां कछु बातैं ऐसी हैं कि जो सांचहू कहौं तबहूं हानि यथा अङ्गद कहे। मुकुट न होहिं भूप गुण चारी। तहां सांचु कहे निजमुख वीरता को वर्णन दूषण होता है ताते सर्वाङ्ग काव्य प्रथम गनाय गये पीछे कहे ये मेरे एकहू नहीं हैं यह वेद प्रमाणिक प्रार्थनाहै षोडशोपचार पूजा करिचुकै पीछे प्रार्थना पढ़त यथा नारदपञ्चरात्रे॥ मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वर। पूजितोसि मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे॥ आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम्। पूजां चैव न जानामि त्वां गतिं परमेश्वर॥ इत्यादि अपराधनिवारणार्थ है तथा॥

गोसाईंजी की कहतूति है अरु करतूति यथा ॥ वर्णगनानद शब्द पदारथ वाक्य तुकान्तस छन्द लसी है । वाचक व्यञ्जक लक्षक मूल रसाङ्गपराङ्ग-गुणादि कसी है ॥ चित्रअलंकृत सो धुनिअर्थ सभूषण दूषण रातिखसी है । शक्तिरथे हरिभक्ति प्रभा करि बैजसुनाथ रविः तुलसी है ७४ ॥

दो० भणित मोरि सब गुण रहित, विश्वविदित गुण एक ।
सो विचारि सुनिहैं सुमति, जिनके विमल विवेक ७५

गुण क्या चीजहै यथा ॥ जगव्यापक जगवशकरण, जगत सराहत जाहि । जग चाहत ज्याहि त्याहि सुकवि, गुणगण कहिये ताहि ॥ तहां काव्यन में दश गुण होत यथा ओज प्रसाद माधुर्य ये तीनि वर्ण प्रकाशक हैं पुनः अर्थ-व्यक्ति समाधि ये द्वै अर्थ प्रकाशक हैं पुनः समिता कान्ति उदारता ये तीनि दूषण मिटावनहार हैं पुनः श्लेष पुनरुक्त प्रतीकाश वाक्यन के गुण प्रकटत इनके उदाहरण धुनि अवरेवकवित गुण जाती यहां कहब इत्यादि गुण कविनमें विदितहै पुनः व्याकरणरीति पण्डितनमें गुण वीरता वीरन में रसरीति विष इनमें युद्धादि क्रोधित में ऐश्वर्यता रजोगुणी में सत्कथा सतोगुणी में इत्यादि एक एक गुण अनेकनमें विदित सो सब गुण एकत्र नहीं होत ताते कौनकी रुचि कहिये याते मेरी भणित सब गुणन करिकै रहित है तौ फिर क्या है जाको देखि कोऊ सुनी तापै कहत कि एक गुण या में है सो कैसा है विश्वभरे में विदित है तहां और गुण नक्षत्रवत् किञ्चित् प्रकाश करता अरु जो यामें गुण है सो सूर्यवत् विश्वभरे में प्रकाश करता तहां जे अन्धे हैं ते दिनों को नहीं देखत अरु जे कुमति में रत तिनकी विदित कि हियो कपार की फूटी ताहेतु कहत कि जो मोहान्ध हैं तिनको नहीं सूझत जिनके विमल विवेकरूप नेत्र हैं अर्थात् असार त्यागि सार ग्रहण करते हैं पुनः मन चित्त अहंकार बुद्धि की अनुकूल परमार्थ में लागत ऐसे जे सुमति हैं ते वा गुण को विचारि यहि काव्य को सुनि हैं ७५ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे नीचानुसन्धानवर्णनो
नाम द्वितीयःप्रकाशः २ ॥

यहिमहँ रघुपति नाम उदारा । अतिपावन पुराण श्रुति सारा १

यावत् ग्रन्थ हैं तिनमें चारि अनुबन्ध होत यथा विषय १ प्रयोजन २

सम्बन्ध २ अधिकारी ४ सो यहि चौपाई में ग्रन्थकी विषय कहत कि यहिमा
यहि ग्रन्थमा रघुपतिको नाम है तहां केवल रामनामही न जानना रघुपति
नाम कहिबे ते अनेक अभिप्रायी आवत प्रथम रघुको बड़ा नाम भयो पश्चात्
रघुकुल को बड़ा नाम तेहिके पति पुनः तिन रघुपति के धामकी कीरति यश
प्रताप गुण रघुपति के नाम की कीरति यश प्रताप रघुपति के रूपकी कीरति
यश प्रताप इत्यादिमय ऐश्वर्य माधुर्यमिश्रित लीला वर्णन है जाको ब्रह्मा
शिव सनत्कुमार नारद व्यास वशिष्ठ अगस्त्य हनुमान् याज्ञवल्क्य लोमश
भुशुण्डिआदि अनेक आचार्य वर्णन करे तिनकी संख्या कौन जानिसकै
केवल वाल्मीकि सौकरोरि कहे सो शिवजी तीनिहू लोक में बांटे इत्यादि रघु-
पतिको नाम विश्वभरे में विदित है इति रघुपति को नाम सो कैसा है उदार
है उदारता को क्या स्वरूप है तहां पात्र अपात्र देश कालको कुछ विचार न
करै स्वारथ रहित वाचकमात्रको वाञ्छित ते अधिक दान देना सो अहल्या
निषाद शबरी गीध अवधपुर के कीट पतङ्गादि को परम धाम दीन्हे
इत्यादि उदारता विदित है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देश-
कालाद्युपेक्षणात् । वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः ॥ स्वजनैर्ब्राह्मणैः
सर्वैर्देवैश्च सहनायकैः । भुक्तं रामधनं सर्वं सप्तद्वीपसमुद्भवम् ॥ ससीतेन तु
रामेण यशोमात्रमुपाहृतम् । तस्य यशः सुधास्वादु आत्मनः स्थितिकारणम् ॥
पुनः बारक नाम कहत जग जेऊ । औध तजे तन नहिं संसारा ॥ जेहि चितये
प्रभु जे प्रभु हेरे ॥ यथा ॥ रामकथाश्रवन्नादं को न याति परां गतिम् ॥ पुनः
कैसा है अत्यन्त करिकै पावन है पुनः कैसाहै पुराणनको अरु वेदनको सार
अंश है यथा हनुमन्नाटके ॥ सुक्तिः श्रीकर्णपूरौ मुनिहृदयवयःपक्षती तीर-
भूमी संसारापारसिन्धोः कलिकलुषतमस्तोमसोमार्कबिम्बौ । उन्मीलत्पुण्य-
पुञ्जद्रुमललितदले लोचने च श्रुतीनां कामं रामेति वर्णौ शमिह कलयतां
सन्ततं सज्जनानाम् ॥ पाद्मे ॥ सर्वेषां वेदसाराणां रहस्यान्ते प्रकाशितम् ।
एको देवो रामचन्द्रो व्रतमन्यं न तत्समम् १ ॥

मङ्गल भवन अमङ्गलहारी । उमासहित ज्यहि जपत पुरारी २

मङ्गल जो प्रसिद्ध उत्सवादि ताको भवन नाम घर है अर्थात् यावत
मङ्गल है सो सब याही में वास किये है जो कोऊ स्मरण कीर्तन श्रवणादि
करत तहां सौभाविक प्रकट होतेहैं यथा ॥ सुर दुर्लभ सुखकरि जगमाहीं ।
अन्तकाल रघुपतिपुर जाहीं ॥ पुनः रहस्यनाटके ॥ मधुरमधुरमेतं मङ्गलं मङ्ग

लानां सकलनिगमवल्ली तत्फलं चित्स्वरूपम्। सकृदपि परिगीतं श्रद्धया हेलया वा स भवति भवपारं रामनामानुभावात्॥ पुनः॥ अमङ्गल जोहै सुख बाधक विघ्न तिनको हारी कहे नाश करता है यथा नारदीयपुराणे॥ श्रीरामस्मरणाच्छ्रीशात्समस्तक्लेशसंक्षयः। मुक्तिं प्रयाति विप्रेन्द्र तस्य विघ्नो न बाधते॥ पुनः॥ जिहिको उमा सहित पुरारि जो शिवजी सो जपते हैं तहां नाम जपते हैं रूपको ध्यान करते यश वर्णन करते पार्वती सुनती हैं यह लोक प्रसिद्ध है २॥

भणित विचित्र सुकविकृत जेऊ। रामनाम बिन सोह न तेऊ ३

तहां लोक परलोक सुखद श्रवणरोचक नाम श्रवण में काव्यके औगुण कोऊ न देखी यथा स्वादिष्ठ पुष्टकार फलके छिकलाको कौन देखताहै पुनः शक्ति विपत्ति अभ्यास तीनिहू जामें हैं ऐसा सुकवि ताकी कृत वाचक व्यञ्जक लक्षकर साङ्ग पराङ्ग अलङ्कार छन्द सुन्दर गुणयुत दूषणरहित ऐसेहू विचित्र भणित नाम काव्य होय अरु वामें श्रीरघुनाथजीको यश प्रताप गुण कीर्ति आदि प्रभुको नाम नहीं तौ सोऊ काव्य शोभा नहीं देती अर्थात् जे कवि हैं तेई काव्याङ्ग जानि पढ़ैं सुनैंगे कुछ वाको माहात्म्य मानि कोऊ न सुनी सोई अशोभा है अरु शोभा यह है कि जो रामयश वर्णन है ताको माहात्म्यकी कान पावन होइँगे याते सब सुनत सोई शोभा है ३॥

विधुवदनी सबभांति सँवारी। सोह न वसन विना वर नारी ४

यथा विधुवदनी चन्द्रमुखी सुन्दरि स्त्री है सर्वाङ्ग सुन्दर बने तापै सोने रत्नके सब भूषण पहिरे उबटन मज्जन सिंदूर कज्जल महाउरादि भूषित इत्यादि सबभांति सँवारी है पुनः शीलसुभाव मधुरवचनी कुलवन्ती ऐसी वर कहे श्रेष्ठ नारी सोऊ सारी चूनरादि वसनहीन अर्थात् नग्न नहीं सोहत भाव नग्न स्त्रीको देखना शास्त्र में पाप लिखाहै याते लक्षित होत कि विना रामयश वर्णन जो काव्य देखना ताहू में पाप होत कौन भांति यथा॥ लाई केलिभवन भुराय भोरी भामिनिको फूल गन्ध कै फवस कीन्हीं पवनरुखतै। कञ्चन कलित कृश तन कच कमनीय लीबागहि प्रीतम प्रसूनसेज सुखतै। भज यजनेश भुज भरत हहाकहीय सीबीकै समेटि सांस नीबी दाबि दुखतै। आह करि उचटि सचोट पन्नगीसी ऐंठि उमठि अरेरी मैं मरेरी कही मुखतै। यह सुकविको कहा विचित्र कवित्त है पर अर्थ विचारे मन में पाप आइजाइगो इत्यादि रामनाम विना विचित्र भी काव्य अशोभित है ४॥

सबगुण रहित कुकविकृत बानी । रामनाम यश अंकित जानी ५

ज्यहि काव्यबिषे गुण कीरति यश प्रतापादि रामचरित वर्णन है यद्यपि वह वाणी कुकवि की करी है जो काव्याङ्ग एकहू नहीं जानत ताते अपभ्रंश ग्रामीन छन्दभङ्ग अलङ्कारखण्डित कथितपद पुनरुक्तादि दूषणनकी सेवाइ गुण एकहू नहीं परन्तु यशरूपी रामनाम अङ्कित नाम मुद्रितहै यथा जापर राजा की मोहर है ताको सब प्रमाण करत बात चहै भली होय चहै बुरी होय ताके गुण औगुणते प्रयोजन नहीं तथा नाम यश अङ्कित कही मुद्रित ताको अर्थ यह कि एक मुद्रालङ्कार होत ताको लक्षण यथा मुद्राप्रस्तुत पदबिषे और अर्थ प्रकाश उदाहरण यथा ॥ अमलीबरसों ह्वै रही, पीपर पास न जाउँ । जामुनि ध्यान न पावहीं, तासों मैं अठिलाउँ ॥ यहां अर्थ विचारे पतिव्रतगर्वित नायकाहै अमली पीपर जामुनि बरगद ते प्रयोजन नहीं तथा कुकवि कृत वाणीते प्रयोजन नहीं मुद्रित अर्थ यशरूप रामनाम है ऐसा जानिके बुधजन आदर करत ५ ॥

सादर कहहिं सुनहिं बुध ताही । मधुकर सरिस सन्तगुणग्राही ६

यथा मधुकर जो भ्रमर सुगन्ध रस चाहत फूलते प्रयोजन नहीं तथा संत गुणग्राही होत रामयशते प्रयोजन काव्य भली बुरी ते प्रयोजन नहीं ताते ताही काव्यको बुधजन आदरसहित कहत अरु आदरसहित सुनत काव्य के अवगुण नहीं विचारत ६ ॥

यदपि कवित रस एकउ नाहीं । रामप्रताप प्रकट यहिमाहीं ७

माधुर्यादि गुण उपनागरिकादि वृत्तिलाटाजमकादि शब्द लक्षकादि अर्थ शृङ्गारादि रस उपमादि अलङ्कार इत्यादि जो कवितके रस हैं ते मेरी काव्य बिषे यद्यपि एकहू नहीं है यथा ॥ उपमा कालिदासस्य । इत्यादि तौ यामें है क्या सो कहत कि यहि काव्यविषे श्रीरामप्रताप प्रकट है प्रताप काको कही यथा ॥ कीर्ति स्तुति दान ते, भुजबलते यशथाप । कीर्ति यश सुनि सब डरैं, कहिये ताहि प्रताप ॥ प्रतापको डर मानि सब सुनैंगे ७ ॥

सोइ भरोस मोरे मन आवा । को न सुसङ्ग बड़प्पन पावा ८

कौन प्रताप प्रकटहै यथा ॥ परसि जासु पदपंकज धूरी । जाना राम प्रभाव राखिको सकै रामकर द्रोही । इत्यादि बारम्बारहै सोई रामप्रतापको भरोसा मेरे मनमें निश्चय करिकै आयो है यथा भूपके साथ श्वानहू को

सन्मान होत तथा श्रीरामप्रताप के साथ मेरी काव्यहूको आदर होइगो काहेते सुन्दरे सङ्गमें परिकै को नहीं बड़प्पन कहे बड़ाई पावाहै अर्थात् सुसङ्ग में सब बड़ाई पावत सो आगे देखावत ८ ॥

धूमौ तजै सहज करुआई। अगर प्रसङ्ग सुगन्ध बसाई ९

तहां देखिये लकड़ी अग्निमें सुलगे जो धुवां उड़ता है सो अत्यन्त करू होताहै सोऊ सुसङ्ग पाइकै धूमभी करोई आपनी सहजही त्यागि देताहै अर्थात् कुछ उपायते नहीं केवल सुसङ्गते देखिये घृत शक्कर चन्दन गुग्गुल कपूर अगरादि सुगन्धित वस्तुन को प्रसङ्ग प्रकर्ष सङ्ग प्रकर्ष कहे ऊंचा सङ्ग पाइकै करोई त्यागि पुनः वासभी सुगन्धित ह्वै जाती है तथा रामयश प्रकर्ष सङ्गते मेरी भणित भी आदरणीय होइगी ९ ॥

भणित भदेश वस्तु भलि बरणी। रामकथा जगमङ्गलकरणी १०

काहेते आदरणीय होयगी सो कहत कि भणित जो काव्य सो तौ भदेश भाषा देश अर्थात् प्राकृत अपभ्रंश ग्रामीण भाषा है परन्तु यामें वस्तु भली वर्णन करीहै कौन वस्तु वर्णन करी है श्रीरामकथा जो सब जगत् भरेको मङ्गल करणहारीहै अर्थात् जहां प्रचार होवै तहां सौभाविक मङ्गल करत यथा ॥ रामकथाश्रवन्नादं को न याति परां गतिम् १० ॥

ह० छं० मङ्गल करणि कलिमल हरणि तुलसी कथा रघुनाथकी।
गति कूर कविता सरितकी ज्यों सरित पावन पाथकी ॥
प्रभुसुयश सङ्गति भणित भलि होइहि सुजन मनभावनी।
भवअङ्गभूति मशानकी सुमिरत सुहावनि पावनी ११

गोसाईंजी कहत कि श्रीरघुनाथजी की कथा कैसी है कि जगत् में मङ्गल की करणहारी है पुनः कलिमल जो पाप अमङ्गल ताकी हरणहारी है अरु कविता की गति कैसी है कूर है कौन भांति की ज्यों सरित नाम नदी की टेढ़ी गति सो रामकथा के साथ कूर कविता कैसी शोभित होत यथा पावन पाथ कहे पवित्र जल की सरित गङ्गा यमुना सरयू आदि तिनकी टेढ़ी गति को कोऊ नहीं बिचारत केवल उनके जल की पावनता विचारि सब जग स्नान पान कर ताही भांति प्रभु जो श्रीरघुनाथजी तिनको सुयश कहे सुन्दर यश वर्णत ताकी सङ्गति पायकै मेरी भणित भी भली होइगी कैसी भली होइगी सो कहत कि श्रीरामानुरागी जे सुजन हैं तिनके

मन की भावनी होइगी अर्थात् रामभक्तन को प्रिय लागैगी कौन प्रकार ते यथा भव जो महादेव तिनके अङ्ग विषे लागेते मसान की विभूति सो कैसी होत कि शिव के तनके साथ सुमिरत कहे ध्यान करत सन्ते सोहावनी लागत अर्थात् मन में जुगुप्सा नहीं होत पुनः पावनी कहे ध्यान करणहार को हृदय पवित्र होत तथा श्रीरामयश के साथ मेरी काव्य सुहावनि पावनि है ११ ॥

दो० प्रियलागिहि अति सबहि मम, भणित रामरससङ्ग ॥
दारु विचारु कि करै कोउ, वन्दिय मलयप्रसङ्ग १२
श्यामसुरभि पय विशद अति, गुणद करहिं सब पान ॥
गिराग्राम सिय राम यश, गावहिं सुनहिं सुजान १३

यथा नदी की टेढ़ी चाल त्यागि स्नान पान करि सब पावन होत यथा मसान विभूतिको अपावन कोऊ नहीं विचारत शिव को ध्यानकरि सब पावन होत तथा रामयश गाये सुनेते सब पवित्र होत ताते श्रीरामयश के सङ्ग मेरी वाणीभी सबको अतिप्रिय लागैगी याको गुण दोष कोऊ न विचारैगो कौन भांति यथा मलयागिरि पर यावत् वृक्ष सब चन्दनवत् सुगन्धित ह्वै जातेहैं तहां दारु कहे काठ कौन वृक्षको है ऐसा विचार कि कोऊ करै अर्थात् वृक्षजातिको विचार कोऊ नहीं करत मलयप्रसङ्ग उत्तम सङ्ग गुणते वन्दिय नाम सब शीशपर धारण करत तथा मेरी काव्य कौन विचारैगो रामयश सब सुनैंगे १२ ॥

यथा श्याम सुरभि तथा ग्रामीण वाणी अर्थात् कपिला गाय को दूध ब्राह्मणहीको अधिकार यथा वेदादिको पढ़ना सबको अधिकार नहीं ताते श्याम गऊको पय जो दूध सो विशद नाम श्वेत अर्थात् सब रङ्गकी गौवैं दूधमें श्वेतता एकही है अरु श्यामा गौको दूध गुणदायक सबते अधिक अरु सबको अधिकार याते गुणद विचारि सब पान करते हैं तथा सब वाणिन में अर्थ एकही भांति अरु ग्रामवाणीमें गुण सब वाणिनते अधिक है प्रथम तौ सब वाणिनके अन्तर विचारे ग्रामीणै है तौ सबको सारांश है पुनः थोरे परिश्रम में आवत ताते अल्पायु कलिमें यही को अधिकार पुनः सर्व जातिको बोलनेको अधिकार है पुनः जब महाराज कुमार ह्वै नरवत् लीला करें तौ उनकी भी बोली ग्रामीणै रही तौ उनको समग्र चरित ग्रामीणै

बोली में भयो याते सियरामयश यथार्थ ग्रामीणो वाणी है ऐसा जानिके जे सुजानहैं ते याही वाणी में सियारामयश गावते सुनते हैं १३ ॥

मणिमाणिक मुक्ताछवि जैसी। अहिगिरि गजाशिर सोहत तैसी १४

मणिसर्प के माणिक पर्वत में मुक्ता हाथी के तहां मणि में जैसी छवि है तैसी सर्प के शीश में नहीं सोहत पुनः माणिक में जैसी छवि है तैसी पर्वत में नहीं सोहत पुनः मुक्ता में जैसी छवि है तैसी गज के शिर में नहीं सोहत १४ ॥

नृपकिरीट तरुणी तन पाई। लहहिं सकल शोभा अधिकाई १५

तेई जब नृप जो राजालोग तिनके किरीटादि भूषणनमें पुनः चूड़ामणि टीका करणफूल उरबसी आदि स्वर्णसहित जो भूषणते तरुणी स्त्रीके तन पायकै तिन भूषणनमें जे मणिमाणिक मुक्तादि जटित हैं ते पूर्व शोभाते सकल अधिक करिकै शोभा लहहिं अर्थात् पूर्व की शोभा ते इहां अधिक शोभा पावते हैं काहेते एकतौ स्वर्णकान्तिकी सहायता पुनः तनकी शोभाके साथ याते मणिआदिकी शोभा वृद्धि होत १५ ॥

तैसहि सुकवि कवित बुध कहहीं। उपजहिं अनतअनत छविलहहीं १६

तैसे बुद्धिमान् जन कहत कि जो सुकविको बनावा कवित्त है सो उपजत तौ अनत परन्तु बनावनेवाले के मुखते वा काव्य की शोभा नहीं दर्शत वही जब अनत गई और सुकविन के मुख ते शोभा पावत अर्थात् जब उसी काव्य पर किसी सुकविने विचित्र तिलक करिदिया सो अनेक भाव जो दरशावत ताकी सहायता पुनः अनेक प्राचीन ग्रन्थन की प्रमाण के साथ ग्रन्थ की शोभा वृद्ध ह्वैगई अर्थात् काव्य की शोभा सबके मन हरणहारी ह्वैगई इत्यादि प्राचीनन की रीति है कि कच्छा सूत्र श्लोकादि और आचार्यनि कीन्हे तापर भाष्य और आचार्य कीन्हे तब वाकी शोभा प्रकट भई इति शोभा प्रकट होने को हेतु कहे अब काव्य बनावनेको हेतु आगे कहत १६ ॥

भक्तिहेतु विधिभवन बिहाई। सुमिरत शारद आवत धाई १७

श्रीरामभक्ति करिकै भूषित ऐसी जो काव्य ताके बनावनेके हेतु जब कोऊ कवि स्मरण कीन अर्थात् परा वाणीमें रामचरित उत्पन्न ह्वै वैखरी में प्रकट होवै ऐसा स्मरण करतेही विधिभवन जो नाभिस्थान तहांते शारद

धाइ आवत अर्थात् हृदयमें आये पश्यन्ती होत कण्ठमें मध्यमा मुखमें वैखरी सो हृदय कण्ठको विश्राम त्यागि परावनी वैखरीमें आइजात अर्थात् हृदय में विद्या नहीं कण्ठ में तर्कणा नहीं केवल अनुभवते काव्य करत यही धाइ आवना है १७ ॥

रामचरित सर बिनु अन्हवाये । सो श्रम जात न कोटि उपाय १८

सो अनुभवते काव्य हरिभक्तिकी कथा भक्तजन गावते हैं तामें वाणी आपको धन्य मानती है कदाचित् कोऊ मङ्गलाचरणमात्र भगवत्‌को स्मरण करि वाणीको दौराये पीछे रामचरितरूप सरमें स्नान न कराये कछु और काव्य करे तौ धाइआइबेको जो श्रमहै सो कोटिन उपाय कीन्हे नहीं जात ताहीते वह काव्य अशोभित होत १८ ॥

कवि कोविद अस हृदय विचारी । गावहिं हरियश कलिमलहारी १९

पूर्ववार्ताको विचार कहत कि देखो अनेकन हरिभक्त पढ़े नहीं रहे अरु हरिभजन कीन्हे अनुभव खुलिगयो ते अनेकन पदादि में हरियश गान कीन्हे तिनको सब आदर करत अरु रीति यह कि विद्या पढ़ै पुनः अनेक वार्ता समुझै तब काव्य करै तब परावाणीते उठै हृदयमें विद्याते पश्यन्ती में बनी कण्ठ मध्यमा में विचारि तब मुख वैखरीते प्रकट होइ तब वाणी को धावै को नहीं परत ताते जब पढ़े विचारे नहीं अरु हरिभक्ति त्यागि और कर्म ज्ञानादि की काव्य करे तब वाणी प्रसन्न नहीं होत ताते काव्य अनादरणीय होत ये विचारि अर्थात् भक्तिकाव्य में वाणी प्रसन्न रहते ऐसा विचारि हृदयते जे कविहैं अथवा कोविद नाम पण्डित हैं तेऊ हरियश गावतहैं कैसा है हरियश कलिमल जो पाप ताको हरनेवाला है तहां एकतौ आदरणीय पुनः पापनाशक पुनः वाणी प्रसन्नता इत्यादि १९ ॥

कीन्हे प्राकृत जन गुणगाना । शिर धुनि गिरा लागि पछिताना २०

अरु वाणी को स्मरण करि बोलाय पीछे प्राकृतजन राजादिकनको अथवा जननके प्राकृत गुण लौकिक गुण अर्थात् जामें धर्म हरिभक्ति नहीं केवल विषयी जीवनको गुणगान कीन्हे तब शिर धुनिकै गिरा जो वाणी सो पछिताय लागत कि कौने नीचके संगमें मोको डारिदिया याते प्राकृत कवि सदा अमान है स्तुति करतही दिन व्यतीत होत सो आशा अमानता परम दुःख सो वाणीके अप्रसन्नताको फल है २० ॥

हृदयसिन्धु मतिसीप सुजाना । स्वाती शारद कहहिं सुजाना २१
जो बरषै वर वारि विचारू । होहि कवित मुक्तामणि चारू २२

अब कवित को मुक्ताको सावयोरूपक वर्णन करत यथा मोती सिंधु में होत इहां कविको हृदय सिंधुहै उहां सीपी इहां कविकी मति जो बुद्धि सोई सीपीके समान है उहां स्वाती है इहां सुजान जन कहत कि शारदा सोई स्वाती है उहां मेघजल वरषत इहां मनादि मेघ है श्रेष्ठ विचार जल है अर्थात् मनकी तर्क चित्तकी स्मरण अभिमान की दृढ़ निश्चय इत्यादि वर विचाररूप जल बर्ष्यौ भाव सब एकत्र ह्वै बुद्धिरूप सीपी में विचार जल आयो थिरह्वै निश्चय भयो पुनः वैखरी द्वारा प्रकट ह्वै चारु नाम सुन्दर कवितरूप मुक्तामणि होते हैं २२ ॥

दो० युक्ति बेधि पुनि पोहिये, रामचरित वर ताग ॥
पहिरहिं सज्जन विमलउर, शोभा अतिअनुराग २३

अब मुक्तमाल भूषित देखावत तहां मुक्ता बरमाते व्याधत इहां युक्ति वेधि अर्थात् संवाद वक्तन के वचन बरमा है तामें गोसाईंजी के संवादान्तर्गत याज्ञवल्क्यको संवाद ताके अन्तर्गत महादेवजी को संवाद ताके अन्तर्गत काकभुशुण्डिको संवाद इत्यादि बेधब अर्थात् छिद्रहै तब पोहिवेको धागा चाहिये तहां नामरूप को प्रचार कीर्ति यश प्रताप गुणादि जो रामचरित सोई ताग है तिनको बटोरि लीलारूप डोरा है ताको दोहरा करि अर्थात् ऐश्वर्य माधुर्य दोऊको मिश्रित वर्णन सोई बटिकै कवितन को रामलीला के साथ पोहिये तब पहिरनेवाला चाहिये तहां जिनके विकार नाश ह्वै गये ऐसे विमल उरके जे सज्जनहैं तेई पहिरिहैं अर्थात् श्रवण कीर्तन करिहैं तामें जो अनुराग अर्थात् सीतारामकी माधुरी में नेत्र मनादि एकरस सदा लगे रहना ऐसा अतिअनुराग को होना सोई शोभा है २३ ॥

जे जन्मे कलिकाल कराला । करतब वायस वेष मराला २४

अब वञ्चक भक्तन के लक्षण कहि तिनमें अपनाका अग्रणीय कहैंगे यथा एकतौ कलियुगै कराल ताहू में शर अथवा युग्वी आदि योगनमें ऐसे कराल कालमें जन्मे अथवा जे जननमें कराल कलिकाल वास किहेहैं अर्थात् कलियुगी प्रकृतिवाले जिनके कर्तव्य तो वायस नाम काकके छल सयानी

निर्दयी तहां विना वेष बनाये छल कैसे बनै याते वेष मराल नाम हंस कैसो अर्थात् तिलक मालादि चिह्न रामभक्तन के ऐसे २४ ॥

चलत कुपन्थ वेदमग छांड़े। कपट कलेवर कलिमल भांड़े २५

करतब काक कैसो है याते वेदमग जो स्वधर्म ताको त्यागि कुपन्थ यथा काम क्रोध मद लोभ परायन। निर्दय कपटी कुटिल मलायन ॥ पुनः परद्रोही परदार रत, परधन पर अपवाद। इत्यादि कुमार्ग में चलत हैं पुनः कपट को कलेवर नाम देहैं धारण किहे अरु कलिमल जो पाप ताके भांड़े कहे पात्र हैं भाव भीतर पाप भरा है २५ ॥

वञ्चक भक्त कहाय रामके। किङ्कर कञ्चन कोह कामके २६

भीतर पाप ऊपर सुवेष ऐसे वंचक नाम छली ह्वै श्रीरामभक्त कहावते हैं भाव हम रामदास हैं कहते तौ ऐसा हैं अरु किंकर नाम दास किहिके हैं कञ्चन सोनादि द्रव्य हेतु अनेक उपाय करत पुनः लोभ क्रोध कामादि तहां कहावते तौ निवृत्तमार्गी जाते हैं अरु प्रवृत्तमार्ग में भवसागरको अर्थात् शब्द स्पर्श रूप रस सुगन्धादि में आसक्त ताते कामवश त्रिनमें फँसे वा कामना वश धनादि लोभवश अनेकन की सेवा करन जो न पाये तौ क्रोधित भये इत्यादि में परे हैं २६ ॥

तिनमहँ प्रथम रेख जग मोरी। धृग धर्मध्वज धन्धकधोरी २७

पूर्व रीतिवाले ऐसे जे छली रामभक्त कहावते हैं तिनमें सबनमें प्रथम मेरी रेखहै अर्थात् जहां उनके नाम हैं तहां प्रथम मेरा नाम है ताते मोको धिक्कारहै कैसाहौं मैं धर्मध्वजी हौं यथाधर्मध्वजी ॥ लिङ्गवृत्तिः अस्यार्थः धर्मध्वजी लिङ्गवृत्तिः द्वे जीविकार्थजटादिधारणवतः लिङ्गं धर्मचिह्नं वृत्तिर्जीविका यस्य सः अर्थात् मृगचर्म विभूति जटा मालादि धारण ऐसा वेष बनाय पुजाय जीविका करते हैं ते देखावने हेतु तौ धर्मको ध्वजा धारे हैं अरु हैं कैसे कि धन्धकधोरी पेटके धन्धाकी जो धुरीहै भार ताके धारण में धुरीण हैं भाव लोभवश द्रव्य कमावेमें पोढ़े वृषभसम कमानेवाले हैं तहां औरन त्यागि केवल रामभक्तनैको क्यों वंचकनमें कहे तहां रामभक्त सबनसे श्रेष्ठ हैं यथा शिवसंहितायाम्। रामादन्यः परो ध्येयो नास्तीति जगतां प्रभुः। तस्माद्रामस्य ये भक्तास्ते नमस्याः शुभार्थिभिः ॥ इत्यादि ऊंचा ह्वैकै पाप करना महापाप है यथा सुक्षेत्रमें बीज परे उपजत तथा एक पाप करि लाखन भरा होत याते सुक्षेत्रमें उत्तम वस्तु बोवना चाहिये २७ ॥

जो आपन अवगुण सब कहऊं। बाढ़ै कथा पार नहिं लहऊं २८

अपने मुखते अपना को नीच कहना सो बड़ाई प्रकटत याते नीचानुसन्धान कहे अरु अपने औगुण कहेते पाप नाश होत ताते पूर्व कहेमें बोध करत कि जो अपने अवगुण सब विस्तारकरि कहौं तौ कथा तौ बाढ़ि जाय अरु पार न पावै पुनः रामचरित काहेको मेरे अवगुणचरित ह्वै जाय याते पूर्व कहनूति जो वंचकभक्तनमें अग्रणीय हो याही में सब आइगयो २८ ॥

ताते मैं अति अलप बखाने। थोरे महँ जानिहैं सयाने २९

तहां जे चतुर सयाने हैं ते थोरे कहेमें सर्वहाल जानि लेवैंगे ताते अपने औगुण अत्यन्त अलपकरि मैं बखाने अलपता यह कि औगुणिनमें मैं अग्रणीय हौं भाव मोको देखि और जन सिखैंगे २९ ॥

समुझिविविधविधिविनती मोरी। कोउ न कथा सुनि देइहि खोरी ३०

पूर्वते इहां तक अनेक नीचानुसंधान करि आये सोई कहत कि मोरी कीन्ही जो विविध कहे अनेक प्रकार की जो विनती हैं तिनको समुझिकै अर्थात् मानसहित जो बात कहत तापै सबके माख आवत चहै उत्तमही कहै अरु जो अमान ह्वै कहत यद्यपि मध्यम बात होइ तापै सुनतौ बहुत प्रसन्न होत सामान्यजन भी बुराई नहीं करते हैं ताते मेरी कृत रामकथा सुनि कोऊ खोरि नाम दोष न लगावैगो तहां रामचरित तौ उत्तमै है मेरी अमानता भी उत्तम मानैंगे ३० ॥

एतेहु पर करिहैं जे शंका। मोहिंते अधिक ते जड़ मतिरंका ३१

एकतौ मेरी अमानता दूसरे श्रीरामकथा एतेहु पर जे जन शंका करिहैं अर्थात् जाति विद्यादि मानवश जे दूषण लगावैंगे ते मति जो बुद्धि ताके रंक कहे दारिद्री भाव बुद्धिहीन जड़ हैं अर्थात् अत्यन्त मूढ़हैं यथा ॥ जडोऽज्ञ इत्यमरः अस्यार्थ जडः अज्ञः द्वे अत्यन्तमूढस्य यदुक्तं इष्टं वानिष्टं वा सुखदुःखे वा न चेहयो मोहात् विन्दाति परवशगः स भवेदिह जडसंज्ञकः ॥ ऐसे जड़ बुद्धिहीन मोहूंते कधिक हैं भाव मैं तो अपनेही मुखते अपनाको जड़ कहतहौं उनको सब संसार कहतहै ३१ ॥

कवि न होउं नहिं चतुर कहावौं। मतिअनुरूप रामगुण गावौं ३२

यथा ममटाचार्यादि का व्यंग वर्णन करनेवाले ऐसा मैं कवि न होउँ भाव कवि नहीं बनताहौं अरु न चतुर कहावतहौं कि व्याकरणादि विद्या में

प्रवीण नहीं बनतहौं तौ फिरि का करतहौं तापर कहत कि मति जो बुद्धि ताकी अनुरूप कहे तुल्य जैसी बुद्धिहै ताकी तुल्य श्रीरामगुण अर्थात् रामरूप में जे गुण हैं तिनको गावतहौं ३२ ॥

कहँ रघुपतिके चरित अपारा । कहँ मति मोरि निरत संसारा ३३

तहां एक संदेह है कि उत्तमन में उत्तम रघु तिनको परम उत्तम वंश ताके पति श्रीरघुनाथजी तिनके चरित ब्रह्मादिकनको अपारसिंधु समान हैं ताको वर्णन करनेवाली मेरी मति कैसीहै जो संसार अर्थात् शब्द स्पर्श रूप रस गंधादि इन्द्रियनकी विषय धन लोभादि में निरत कहे अत्यन्त प्रीति किहे है सो कैसी बनावट बनी सो कहत ३३ ॥

ज्यहि मारुत गिरिमेरु उड़ाहीं । कहहु तूल केहि लेखे माहीं ३४

ज्यहि मारुत कहे वायुवेगकी ठोकर लगे गिरिमेरु कहे सुमेरु गिरि उड़ि जाय जो अत्यन्त उन्नत विस्तार गरू है सोऊ जामें उड़ै तौ कहौ तूल जो रुई सो केहि लेखेमें है अर्थात् अत्यन्त हलुकी जो स्वाभाविक उड़त भाव जाको यश कहने में ब्रह्मा शिवादि असमर्थ हैं ता यश कहिबेमें प्राकृत नरन की कौन गनती है यामें काव्यार्थापत्त्यलङ्कार है ३४ ॥

समुझत अमित रामप्रभुताई । करत कथा मन अतिकदराई ३५

कैसी प्रभुता है प्रभुकी जिनको नामरूप लीलाधाम चारिहू सच्चिदानंदविग्रहहै यथा वशिष्ठसंहितायाम् ॥ रामस्य नामरूपं च लीलाधाम परात्परम् । एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम् ॥ पुनः श्रुतिः देही देहविभागो न स्यात्सच्चिदानन्दविग्रहः । सन्तकुमारसंहितायाम् ॥ वेदान्तवेद्यं कविमीशितारमनादिमध्यन्तमचिन्त्यमाद्यम् । अगोचरं निर्मलमेकरूपं नमामि रामं तमसःपरस्तात् ॥ ऐसी अमित प्रभुकी प्रभुताई नाम ऐश्वर्य समुझत संते तिनके अपार चरितन में कथा वर्णन करतेमें मेरोमन अत्यंत करिकै कदरातहै अर्थात् चरितनकी अपारता विचारि मनकी धैर्यता थिरता जात रहत ऊबिकै पछरत सोई कादरता है यथा रणमें भयातुर ह्वै भागत तथा कथा वर्णन करने में मेरो मन भागत ३५ ॥

दो० शारद शेष महेश विधि, आगम निगम पुराण ॥
नेतिनेति कहि जासु गुण, करहिं निरन्तर गान ३६

आगम जो मीमांसादि शास्त्र निगम जो सामादि वेद भागवत पद्मादि

पुराण पुनः संहिता नाटक तन्त्र रहस्य रामायणादि अनेक ग्रंथन द्वारा ब्रह्मा शिवादि देव शारदादि देवी शेषादि आचार्य ते सब जासु कहे जिन श्रीरघुनाथजी के गुण निरन्तर गावते हैं जामें कबहूं अन्तर नहीं परत सदैव गावते हैं पुनः नेतिनेति करते हैं इति कबहूं नहीं करते हैं भाव कहिके पार कोऊ नहीं पावत ३६ ॥

सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहे बिन रहा न कोई ३७

ऐसा अपार चरितहै तौ काहेको कहतेहौ तापर कहत कि प्रभुकी प्रभुता को सब जानते हैं कि अपार है कहिके पार न पावब परन्तु विना कहे कोऊ रहा नहीं ते सब काहेको कहे सो ताको हेतु आगे कहत ३७ ॥

तहां वेद अस कारण राखा। भजन प्रभाव भांति बहु भाखा ३८

सबके कहिबेको उत्साह मनमें याते होत कि जहां अपार प्रभुताहै तहां वेदने ऐसा कारण राखा है कि प्रभुके भजन करनेको प्रभाव बहुत भांतिते भाषा है अर्थात् जीव अनेक भाव मानेहैं यथा शेष शेषीभाव पितापुत्रभाव भार्या स्वामीभाव नियम्य नियामिकभाव आधाराधेयभाव सेवक स्वामीभाव शरीर शरीरीभाव धर्म धर्मीभाव रक्ष्य रक्षकभाव सखावात्सल्यादि अनेक भाव माने हैं पुनः स्वइच्छित राम कृष्णादि अवतार सब नारायणादि अनेक नाम रूप मंत्रादि मानेहैं पुनः कोऊ आदिज्योति कोऊ निराकार ब्रह्म परब्रह्म कोऊ बीज कोऊ प्रणव कोऊ सोहं पुनः अनेक जाति हैं ते आपनी विद्या में अनेक नामनते प्रभुको मानते हैं पुनः कोऊ कथा श्रवण कोऊ कीर्तन कोऊ स्मरण कोऊ सेवन कोऊ अर्चन कोऊ वन्दन कोऊ दास्य कोऊ सख्य कोऊ आत्मनिवेदन कोऊप्रेमावेश कोऊ अनुरागावेश कोऊ अभिमानावेश कोऊ ध्यान कोऊ मन्त्रजाप कोऊ मानसी कोऊ तीर्थ व्रत यज्ञादि कर्म करि भगवत् को अर्पण करत कोऊ आत्मतत्त्व विचारत कोऊ योग करत कोऊ साधुसेवा कोऊ गुरुसेवा कोऊ तीर्थसेवा कोऊ सर्वभूतात्मा पुनः बहुती जाती हैं ते आपनी रीति में हरियश गावत तिन सबपर प्रभु प्रसन्न होत यथा ॥ सर्वभाव भजि कपट तजि, मोहिं परमप्रिय सोय ॥ इत्यादि विचारि सब निश्चित ह्वै भजत ३८ ॥

एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानन्द परधामा ३९

परमधाम साकेतलोक ताके निवासी सबते पर एक श्रीरामरूपहै जाकी

समान दूसरा रूप नहीं है यथा सदाशिवसंहितायाम् ॥ तदूर्ध्वं तु स्वयं भ्रान्तो गोलोकाप्रकृतेः परः। वाङ्मनोगोचरातीतो ज्योतीरूपः सनातनः॥ तस्मिन्मध्ये पुरं दिव्यं साकेतमिति संज्ञकम्। तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः॥ यदंशेन समुद्भूता ब्रह्माविष्णुमहेश्वराः। उद्भवन्ति विनश्यन्ति कालज्ञानविडम्बनैः॥ सो रूप कैसाहै अनीह है बाल युवा क्षीण पीन हर्ष शोकादि इहा नाम चेष्टारहित सदा एकरस है पुनः अरूप कहे प्राकृतरूप काहूको बनावा नहीं है अर्थात् यथा सबके देहमें आत्मा व्याप्त है ऐसा रूप नहीं आत्मदेह एकही तत्त्वहै देही देहको विभाग नहीं है यथा मिठाई को हाथी आदि खिलौना में भीतर बाहर मिठाईही है तथा बाहर भीतर एकही तत्त्व है पुनः कैसे है अनाम है तहां जब रूप प्रकटत तब वाको नाम धरत सो चारिभांति एक जातिनाम यथा रघुवीर एक गुण नाम यथा श्याम एक क्रियानाम यथा खरारि एक यदृच्छानाम यथा प्राणनाथ स्वामी भैयादि ते सब साक्षर हैं इत्यादिकनते रहित रामनाम निरक्षरातीत है अर्थात् रेफ अनुस्वार केवल नादबिन्दुमात्र है याते अनाम है अथवा जाके नामको प्रभाव वेदादि नहीं जानत याते अनाम अथवा नामकी सम दूसरा नाम नहीं है पुनः अज कहे किसीमें जन्म कबहूं नहीं भया अर्थात् यथा चारि खानिमें सम्भव सबको है तैसा बीज क्षेत्रादि कारणरहित है पुनः सत् कहे असत्य पदार्थरहित केवल सत् पदार्थ सर्वकाल एकरस है अर्थात् असत् जो माया तेहिते रहितहै पुनः चित् कहे सदा एकरस चैतन्य है जाकी चैतन्यता ते माया जड़मय जगत् सोऊ चैतन्य है अरु उहां केवल चैतन्यतै है जड़ता मायाको अभावहै पुनः आनन्द कहे हर्ष शोकरहित सदा एकरस अखंड आनन्द है ऐसो सच्चिदानन्द रामरूप एक परधाम साकेतनिवासी है तहां ब्रह्मादिकनकी गति नहीं है तेई प्रभु कृपा दया करि जगज्जीवनके उद्धार हेतु सबको सुलभ प्राप्तयर्थ चारि प्रकारके और रूप धारण करे ताको हेतु यह है कि एक समय महरानीजी कहे कि आपको सौलभ्यगुण छिपा है ताते सुलभ है सबको प्राप्त हूजे तब प्रभु अन्तर्यामीरूप प्रकट है सबमें बसे तब महारानीजी कहे कि यह रूप तत्त्वदर्शिनको प्राप्तहोइगो सबको सुलभ नहीं है तब प्रभु चतुर्व्यूह संकर्षण वासुदेव अनिरुद्ध प्रद्युम्नरूप प्रकटे तब महारानीजी कहे कि ये रूप योगिन को प्राप्त होयँगे सबको सुलभ नहीं हैं तब प्रभु जगन्नाथ रंगनाथादि स्वयंव्यक्त शालिग्रामादि अनेक रूप प्रकटे तब

महारानी कहे येतौ सुकृतिनको प्राप्तहैं सबको सुलभ नहीं तब प्रभु मत्स्यादि अवतार प्रकटे तबौ सुलभता न मानी कि एकतौ थोरे काल रहे पुनः मनोहर कीर्ति नहीं ताते आपही प्रकृतिमण्डल में प्रकट ह्वै बहुत काल तक नरवत् लीला विचित्र करौ जाके दर्शन स्पर्शन श्रवण कीर्तन स्मरणमात्रते सबको उद्धार होइ तब सौलभ्यता है सोई आगे की चौपाई में कहत यह इतिहास भगवद्गुणदर्पण में प्रसिद्ध है सौलभ्यतागुण में ३९ ॥

व्यापक विश्वरूप भगवाना। तेइ धरि देह चरितकृत नाना ४०

जो पूर्व चौपाई में कहि आयन सोई चारि भांति के रूप या चौपाई में प्रकट देखावत यथा व्यापक सब में अर्थात् अन्तर्यामीरूप ह्वै सबमें बसे सुलभ सबको पासही मिलब जब न सुलभता भई तब विश्वरूप कहे जगन्नाथादि जो विश्वमें प्रसिद्धरूप हैं पुनः भगवान् कहे वासुदेवादि चतुर्व्यूह तबहूं न सुलभता भई तब मत्स्यादि देहधारी अवतारादि प्रकटे विभवरूप ताहूमें सुलभता न भई तब आपही विभवरूप धारण करे अर्थात् तेई साकेतविहारी नरदेह धरि नाना कहे अनेक भांतिके चरित किये यथार्थपञ्चके ॥ परव्यूहौ च विभवौ ह्यन्तर्यामी ततःपरम्। अर्चावतार इत्येवं पञ्चधा चेश्वरः स्मृतः॥ तत्र परः परिज्ञेयो नित्यो भयविभूतिमान्। प्रद्युम्नः अनिरुद्धश्च तथा सङ्कर्षणादयः ॥ एवं लोकहितार्थाय चतुर्व्यूहः स उच्यते। विभवस्तु चतुर्धा स्यान्मुख्यशक्त्यवतारकः ॥ मुख्यस्तु रामकृष्णाद्यो दीपादुत्पन्नदीपवत् । अथान्तर्यामी विज्ञेयः सशरीरो शरीरकः ॥ अथाप्यर्चावतारस्तु चतुर्धा परिकीर्तितः। श्रीरङ्गव्यङ्कटेशाद्याः स्वयंव्यक्तास्समीरिताः ॥ दिव्यं देवप्रतिष्ठानात् सैद्धं सिद्धैस्तु पूजितः। मानुषैः स्थापितं तत्तु ग्रामग्रहाभिदा द्विधा ४० ॥

सो केवल भक्तनाहित लागी। परम कृपाल प्रणत अनुरागी ४१

तहां एकरूपते पांच रूप होना पुनः आपुही प्रकृतिमण्डल में अवतीर्ण ह्वै नरवत् लीला करना इत्यादि यावत् परिश्रम साकेतविहारी कीन है सो केवल भक्तनके हित लागि सौलभ्यतागुण के अधिकारते कीन्हे पुनः परम कृपालु हैं कृपागुण को यह लक्षण हैं कि सब भूतमात्र के रक्षा करने में हमहीं समर्थ हैं दूसरा नहीं यथा। भगवद्गुणदर्पणे । रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसन्धानां कृपा सा पारमेश्वरी ॥ पुनः प्रणत जो शरणागत तापै तौ सदा अनुराग है जिनके उरमें ताते आप अवतीर्ण

है यह रक्षा करे कि सब जीवमात्र को भवसागर ते पार करैं ऐसा जानि ब्रह्मादि याचना करे कि धर्माधर्म वेदमर्यादा न मिटाइये भाव सुकृती पापिनको एक राह न चलाइये जे नेकहू शरण आवैं तिनको उद्धारिये तातें नर पशु पक्षी जो कोऊ नेकहू सन्मुख भयो तिन सबको उद्धार करत सन्ते पीछे परधाम यात्रासमय कीट पतंगादि सबको उद्धारे यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ सर्वाञ्जीवानभोधिं तारयेयमिति प्रभुः । चिन्तयन्नवतारस्य कार्यं तस्थौ महीतले ॥ ततो वेदैः पुराणैश्च सेतिहासैः सहेश्वरैः । आगत्य याचितो रामः पूर्वां वार्तां रिरक्षुभिः ॥ धर्माधर्मादिवैयर्थ्यं कर्तुं तेनोचितं प्रभो। सनातनीं च मर्यादां सकृतां रक्ष राघव ॥ तव भक्तिप्रपत्तिभ्यां ये ये सेप्स्यन्ति राघव । कृतार्थी कुरु तांस्तांश्च लीला नैवं विछिद्यते ॥ इति तेषां मतिं शुद्धां मत्वापि रघुनन्दनः । चक्रस्याभिमतं कार्यं दीनानाथैकपालकः ॥ ऐसे उदार कृपालु सुलभपै जे नहीं सन्मुख होत ते कल्पवृक्षतर उपास करैंगे ४१ ॥

ज्यहि जनपर ममता अतिछोहू । त्यहि करुणाकर कीन्ह न कोहू ४२

जो गुण पूर्व कहे सो देखावत कि जो कोऊ जीव काहूकारणते सन्मुख भयो ताको आपनो मानि ममता करै तापै अत्यन्त छोह नाम मया करै अर्थात् वाके दुःखमें आप दुःखी होते हैं ऐसे करुणा के आकर नाम खानि हैं जो ताजनते कछु चूकभी परी तबहूं वाके ऊपर कोह नाम क्रोध नहीं करै भाव वाके अपराध फलनको नाशकरि दिये भाव जो करै सो पलटै नहीं ४२॥

गई बहोरि गरीब नेवाजू । सरल सबल साहब रघुराजू ४३

गई बहोरि कहे जो वस्तु पूर्व रही कारण पाय गई ताको बहोरिकै वैसेही करिदेते हैं यथा अहल्याकी देह पाषाण ह्वैगई ताको पुनः पूर्ववत् पावन करिदिये यह कृपागुण है बालकाण्ड को हेतु पुनः गरीबनको निवाजते हैं यथा केवटको परिवारसहित उद्धारे लोकमें पावन करे यह प्रणतपालता अयोध्याकाण्ड है पुनः सरल स्वभाव है यथा शबरी को जटायुको मिले यह सौशील्यता आरण्य है पुनः सबल कैसेहैं जो अजित वीर बालि ताको एकही बाणते मारे यह वीर्यगुण किष्किन्धा है पुनः साहबी विभीषणके साथ करे भाव तुरतहीं लंकनायक बनाये यह उदारता सुन्दरहै पुनः रघुराज अर्थात् शत्रुनाश करि अकंटक राज करे यह प्रतापगुण लंका उत्तरपर्यंत है यह सब को हेतुकी शरणागत दीननको सरल है अरु विमुख बलवाननपै सबल है

यह एक अद्भुतता सरकारमें है यथा ॥ यहि बिधि रहा आहि जस भाऊ। तेइ तस देख्यउ कौशलराऊ ४३ ॥

बुध वरणहिं हरियश अस जानी । करहिं पुनीत सफल निजबानी ४४

तहां जो वेद नेतिनेति करत अरु दीनको सुलभ है यह अद्भुत स्वभाव प्रभुको है अस जानिकै निर्भय ह्वैकै जे जन बुद्धिमान् हैं ते हरियश वर्णन करत तहां यह प्रयोजन नहीं कि हरियशसिंधुको पार जाई प्रयोजन यह कि जिनकी ऐसी कृपादृष्टि कि जीवमात्र को उद्धार करिदेवै तौ यश गानते तौ स्वाभाविक भवपार होइँगे ताते निज कहे अपनाको पुनीत करिबे हेतु अरु वाणीको सफल होबे हेतु अर्थात् वाणी भी वृथा न जाय ४४ ॥

त्यहि बल मैं रघुपतिगुण गाथा । करिहौं नाइ रामपद माथा ४५

गरीबनेवाज प्रभुहैं सरल स्वभावहैं यह जानि मेरे उरमें भरोसा आयो ताही बलते मैं श्रीराम पदारविन्दन में माथ नाय अर्थात् शरणागत ह्वै पुनः रघुपति के गुणनको गाथा जो कथा ताकी रचना करिहौं ४५ ॥

मुनिन प्रथम हरिकीरति गाई । त्यहि मग चलत सुगम म्वहिं भाई ४६

कौन भांति रचना करिहौं कि जा भांति मुनिन वाल्मीकादि हरि श्रीरघुनाथजी की कीर्ति प्रथम गान करे हैं तहां स्तुति कीन्हेते अरु दान कीन्हेते जो बड़ाई होत ताको कीर्ति कही तहां कृपाशील उदारता सौलभ्यता वात्सल्यतादि मधुर गुणनको अधिकार है अरु बाहुबल करि खलवधादि करि देव मुनि साधुनकी रक्षा करे ताकी बड़ाईको यश कही यामें शौर्य वीर्य वल संहनन वीरतादि ऐश्वर्यगुणनको अधिकार ताके वर्णन में कविके हृदय में दृष्टता चाहिये याते सुगमकीर्ति के अन्तर्गत यश कहैंगे यही रीति वाल्मीकिजीकी है कि ऐश्वर्यता यदा कदाहै अरु माधुर्यता बारम्बार है अर्थात् सर्वथा राजकुमारै करि कहे सोई गोसाईंजी कहत कि जा रीति आगे मुनि वर्णन करि गये ताही मार्ग पर चलते मोको भी प्रभु गुणकी गाथा करते में सुलभ है ताहीते यह मार्ग मेरे मनमें भाई नाम अच्छी लागती है तहां वाल्मीकिजी सतयुगमें करे तबके शुद्ध जीव माधुर्य लीला सुनि संदेह नहीं करते रहैं अरु गोसाईंजी कलियुग में करते हैं अब जीव शुद्ध नहीं हैं तिनकी संदेह निवृत्तिहेतु जहां विशेष माधुर्यहै तहां ऐश्वर्य दर्शाय दिया यथा जाकी सहजश्वास श्रुतिचारी । सो प्रभु पढ़ यह कौतुक भारी ॥ इत्यादि सर्वत्रहै ४६ ॥

दो० अतिअपार जे सरितवर, जो नृपसेतु कराहिं ॥
चढ़ि पिपीलिका परम लघु, बिनुश्रम पारहि जाहिं ४७

प्रथमकी मार्ग काहेते मोको भाई है सो कहत कि यथा अत्यन्त करिकै अपार जो काहू उपायते पार जानेवाली नहीं ऐसी वर नाम श्रेष्ठ सरित जो नदी है तिनमें नृप कहे राजालोग जो सेतु कराहिं अर्थात् पुल बँधाय देतेहैं तिनपर चढ़िकै पिपीलिका जो परम लघु अतिछोटी है सोऊ पार को चली जाती है इहां रामचरित अपार नदी है वाल्मीकादिराजा रामायणसेतु तुलसी की बुद्धि लघुपिपीलिका चींटी पार जाती है ४७ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतवैजनाथ-
विरचितायां रामचरितमानसे भूषणे नीचानुसन्धाने प्रभुकृपा-
बलवर्णनो नाम तृतीयः प्रकाशः ३ ॥

यहिप्रकार बल मनहिं देखाई । करिहौं रघुपतिकथा सुहाई १

जो पूर्व कहिआये कि करत कथा मन अतिकदराई ॥ ताहेतु पूर्ववत् रीति दिखाइ कादर मनको बल दृढ़ाइकै पोढ़ करिकै जो मेरे मनकी सुहाई रीति है ताहीमें रघुपतिकी कथा वर्णन करिहौं १ ॥

व्यास आदि कविपुंगव नाना । जिन सादर हरिचरित बखाना २

अब कविनकी वन्दना करत तहां पुराणन के आचार्य आवेशावतार व्यासजी भये अरु रामायणके आचार्य आदिकवि वाल्मीकिजी पुनः पुंगव नाम बड़े कवि नारद अगस्त्य वशिष्ठ याज्ञवल्क्यादि नाना कहे अनेकन भये जिन देववाणीमें सहित आदर प्रेमभावते हरिचरित बखान कीन्हे २ ॥

चरणकमल बन्दौं तिनकेरे । पुरवहु सकल मनोरथ मेरे ३

तिन सबके चरणकमलनको वन्दना करतहौं कि सकल मिलिकै भाव सब जने कृपाकरिकै मेरे मनोरथ मनकी चाहको पूर्ण करौ भाव रामचरित की रीति उरमें दरशायदेउ ३ ॥

कलिके कविन करौं परणामा । जिन वरणे रघुपतिगुणग्रामा ४

पुनः कलिके कलियुगके जे कवि संस्कृतमें रघुपतिके गुणनको ग्राम नाम रामायण वर्णन करे तिनको प्रणाम करतहौं ४ ॥

जे प्राकृत कवि परम सयाने । भाषा जिन हरिचरित बखाने ५

इहांतक देववाणी कर्ता आचार्यनको बंदे अब नागभाषाके आचार्यन

को कहत यथा जे प्राकृतभाषाके कवि परम सयाने अर्थात् प्राकृतभाषा में रामचरित वर्णन करे तहां प्राकृतभाषाकी एक कौमुदी है तामें कुछ संस्कृत त्यागे भाषावत् है कुछ संस्कृत कायदा लिहे होत यथा सीताशब्दकी तकार लोप है अकार भई सीमें दीर्घ इकारकी इय भई सकार इकारमें मिली य अकारमें मिली यथा सइयआताको भयो सिया तथा बीजको बिया जीवको जिया पीवको पिया दीपको दिया इत्यादि यथा काव्यप्रकाशे ॥ मायघरोव अरणंअज्जहुणन्थित्ति साहिअं तुम। येता भण किंकरणिज्जंयेमेअणात्रासरोट्ठाई ॥ अस्यार्थः मातर्गृहोपकरणं अद्य नास्तीति साधितं त्वया। तस्माद्भण किं करणीयं एवमेव वासरो न स्थास्यति॥तहां माताको माय गृहको घर ऐसे ही सब जानिलीजे पुनः नरवाणीके ये आचार्य जिन भाषामें हरिचरित बखान करे यथा संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश काशीभाषा व्रजभाषा फ़ारसी ये छः मिलीहोइँ ताहि भाषा कही ५ ॥

भये जे अहहिं जे होइहहिं आगे। प्रणवौं सबहि कपटछलत्यागे ६

जे रामयश कहनेवाले पूर्व भये अरु जे अब अहहिं पुनः जे आगे होहिंगे तिन सबको प्रणवौं प्रणाम करतहौं कौनभांति कपट छल त्यागिकै तन मन में एकरस शुद्ध भावते मनमें और मुखते और कहना आपनेही वेषते सो कपट है अन्य वेष बनायकै कार्य साधना सो छल है ६ ॥

होहु प्रसन्न देहु वरदानू। साधु समाज भणित सनमानू ७

ताते सबजने प्रसन्न होहु यह वरदान देहु कि साधुनकी समाज में मेरी भणितको सन्मान नाम आदर होय ७ ॥

जो प्रबन्ध बुध नहिं आदरहीं। सो श्रम बादि बालकवि करहीं ८

काहेते जो काव्यको प्रबन्ध देखि बुद्धिमान् हरिजन आदर न करैं तेहि काव्यमें जो परिश्रम कविको है सो बादि नाम वृथा है ऐसी काव्य बालबुद्धि अज्ञान कविहैं ते वृथा परिश्रम करते हैं ८ ॥

कीरति भणित भूति भलि सोई। सुरसरि सम सबकर हित होई ९

नम्रतापूर्वक दान देनो तेहि करिकै बड़ाई ऐसी जो कीर्ति है हरियश कीर्ति आदिको छन्दनमें कहना सो भणितहै पुनः कीर्ति यश प्रतापादि भाग्य सहित प्रसिद्ध होना ताको भूति नाम ऐश्वर्य कही इत्यादि भली सोई है जो सुरसरिसम नीच ऊंच यावत् जीव हैं तिन सबकर एकरस हित

करता होइ तहां रंगदेवादिके मन्दिरनमें म्लेच्छ चांडालादिके जानेको अधिकार नहीं प्रयागादि जो क्षेत्रहैं सो एकदेशीहैं तहां सब देशवाले पहुँचि नहीं सकत अरु गंगाजी गंगोतरी गंगासागर पर्यंत नीच ऊंच सबको सुलभ हित करती हैं तथा वेदादि में सबको अधिकार नहीं पुराणादि एकदेशी संस्कृत पढ़नेवालेनको प्राप्त अरु श्रीरामकीर्ति जो भाषाकाव्य ऐसी बनै जाको ऐश्वर्य प्रचार होवै तो सब जीवन को हित होवै ऐसा मनोराज है ९ ॥

राम सुकीरति भणित भदेशा। असमंजस अस मोहिं अँदेशा १०

तामें श्रीरामकीर्ति तौ सु नाम सुन्दरि है परन्तु मेरी भणित जो काव्य सो भदेश है सो देखावमें ऊपरही देखि कदाचित् आदरणीय न होवै यही अंदेशा नाम चिंता मानि मेरे मनमें काव्य करने में असमंजस होत कि काव्य करों कि न करों १० ॥

तुम्हरी कृपा सुलभ सब मोरे। सियनि सुहावनि टाटपटोरे ११

जो कहौ कि प्रभुकी कीर्ति तो उत्तमै है अरु भाषा सबको सुलभ ताके बनावने में कौन असमंजस करतेहौ तापै कहत कि नहीं चहै संस्कृत होइ चहै भाषा होइ काव्यकी बनावट सबमें भली लागत यथा चहै पाटोर कहे रेशमी वस्त्र होवै चहै टाट होवै जो अच्छी सीवनि बनै सोई टाटहू में सीवनि सबको भली लागै तथा पटाम्बरोंमें सीवनि भली लागै सोई सीवनि रूप सुन्दर काव्य करिबे योग्य नहीं है सो तुम्हरी सब कविनकी कृपाते मेरे सब सुलभ है का सुलभ है सो आगे कहत ११ ॥

करहु अनुग्रह अस जिय जानी। विमल यशहि अनुहरै सुबानी १२

तुम्हारी कृपाते सब सुलभ है ऐसा अपने जीवमें जानिकै हे सन्तजनो! ऐसी अनुग्रह नाम दया करि मेरी बुद्धि विमल करिदेहु जामें विमल यश को सुन्दर वाणीभी अनुहरै नाम तुलै अर्थात् जैसा श्रीरामयश विमल ताही की तुल्य सुन्दर वाणी जो काव्य सोऊ विमल होवै जो रामयश के साथ शोभित होइ १२ ॥

दो० सरल कवित कीरति विमल, सो आदरहि सुजान ॥
सहज वैर बिसराय रिपु, जो सुनि करहिं बखान १३

सो कैसी वाणी होइ कि दूषणरहित श्रवणरोचक काव्य रीति सहित ललिताक्षर जिह्वाको रस गद्यपद अर्थ सुगम आशय गंभीरताको सरल कवित्त

कही यथा ॥ सोहत युग जस जलज सनाला ॥ पुनः सुनि सुन्दर बैन सुधारस सानि सयानिहै जानकि जानभली। तिरछे करि नैन उसे न तिन्हैं समुझाय कछू मुसक्याय चली ॥ तुलसी त्यहि औसर सोह सबै अवलोकत लोचन लाहु अली। अनुराग तड़ागमें भानुउदय त्रिकसी मनमंजुल कञ्जकली ॥ इत्यादि सरल कवित्त होय अरु वामें कीर्ति विमल अर्थात् जहां कृपा दया सुहृदता सौलभ्यता उदारतादि माधुर्य लीलामें वर्णन होय यथा अहल्या शवरी गीधको मुक्ति विभीषणकी मिलानि इत्यादि विमल कीर्ति होइ सरल काव्य होइ सोई काव्यको सुजान सन्तजन आदर करतेहैं अरु जे रिपु नाम शत्रु हैं तेऊ ऐसी काव्यको सुनिकै सहजही वैर बिसारिकै काव्य को बखान करते हैं अर्थात् अद्भुत काव्य को प्रभाव ही ऐसा होत कि वैर भुलायकै प्रशंसा करायलेत नाहीं तौ सौभाविक काव्य हरियश जानि सुजन आदरत मित्र बड़ाई करत उदासीन यथार्थ कहत शत्रु दूषण लगावत अरु उत्तम को सब सराहत १३ ॥

दो० सो न होइ बिनु विमलमति, म्वहिं मतिबल अतिथोर ॥
करहु कृपा हरियश कहौं, पुनि पुनि करत निहोर १४

ऐसी जो उत्तम काव्य सो विना विमल मति अर्थात् निर्मल बुद्धि विना नहीं होत अरु मति को बल मोको अत्यन्त करिकै थोरा है याते हरियश करता सन्त कविन सो पुनि पुनि कहे बार बार निहोरा करत हौं कि सब सन्त कृपा करहु बुद्धि विमल करि देहु जामें अदूषित सुन्दर वाणी में श्रीरामयश कहौं १४ ॥

दो० कवि कोविद रघुवर चरित, मानस मंजु मराल ॥
वालविनय सुनि सुरुचि लखि, मोपर होहु कृपाल १५

ज्ञे कवि अरु कोविद नाम विद्वान् ऐसे हैं जो रामचरितरूप मानसर के हंसहैं भाव जिनको पावन मन रामचरितै में सदा वास कीन्हे है तहां मंजु कहबेको यह भाव कि और वासनारहित है केवल रामचरितमें अनुराग है ऐसे जो सज्जनहौ ते सब मेरी बालककी विनय सुनिकै पुनः मेरे हृदय की सुन्दर रुचि रामचरितमें लखि नाम देखिकै अर्थात् जो सांची चाह होइ तौ तुम कृपालुहौ मोपर भी कृपा करौ १५ ॥

सो० बंदौं मुनि पद कंजु, रामायण जिन निर्मयो ॥
सखर सकोमल मंजु, दोषरहित दूषणसहित १६

मुनि मननशील सो तौ अनेक हैं तामें रामायण आचार्य सोऊ अनेक हैं तिनमें विशेषि वाल्मीकि मुनि के पदकंज कहे कमलसम पद बन्दौं कैसे हैं मुनि जे रामायण सौ करोरि निर्मयो नाम बनायो कैसी है रामायण अद्भुत रीति है कौन अद्भुतता है तहां खर नाम है तीक्षण को सो खरसहित है ताहू पर सकोमल सहित कोमल अरु मंजु नाम उज्ज्वलि है पुनः सहित दूषण है ताहूपर दोषरहित है अर्थात् काव्यके यावत् दोष दूषण हैं ते एकहू नहींहैं तहां झूंठेको सांचु सांचेको झूंठ कहना दोष है अरु श्रुति कटु आदि दूषण है इत्यादि करिकै रहितहै अरु खरदूषण नामे राक्षसन के नामसहित है अर्थात् नाममात्र दोष दूषण है यह विरोधाभास अलंकार है अर्थात् दोषदूषण भाषत है परन्तु है नहीं यथा ॥ नमस्तस्मै कृता येन पुण्या रामायणी कथा। सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सकोमला ॥ यहीकी छाया सोरठा है अरु अर्थ विचारेते परिसंख्यालंकार होत अर्थात् जो वस्तु एक स्थल वर्जित करि दूसरे स्थल ठहरावै यथा दंड यतिनकर तहां रामराज्यमें दंड कोऊ काहूको नहीं देत एक दंडिनके हाथ में दंड नाम रहिगयो अन्त नहीं है तथा रामायण में दोष दूषणरहित है दूषण नाममात्र राक्षस एक है अरु दोष एक खर राक्षसको नाममें है अथवा सखर नाम उदार दानी हैं दारिद्ररूप पाप हरि परम्पदरूप महाधन देत यथा ॥ चरितं रघुनाथस्य शतकोटिप्रविस्तरम्। एकैकमक्षरं पुंसां महापातकनाशनम् ॥ पुनः कोमल है अरु मंजु है अर्थात् कठोरता अज्ञानता दूषणसहित दोषरहित है १६ ॥

सो० बंदौं चारिउ वेद, भववारिधि बोहित सरिस ॥
जिनहिं न सपनेहु खेद, वरणत रघुवर विशद यश १७

ऋग् यजुस्साम अथर्वणादि चारिउ वेदनको वन्दतहौं कैसेहैं भवसागर तारिबे को बोहित नाम जहाज की तुल्य हैं केहिके अर्थ जाके सपनेहू में खेद नहीं है वेदनकी रीतिते रघुपति को विशद नाम उज्ज्वल यश वर्णन करते हैं तिनको वेद जहाज तुल्य हैं अथवा सदा रघुपति को विशद यश वर्णन करते हैं तापरिश्रम करि जिनहिं वेदनको सपनेहूमें खेद नहीं होत भाव रामयश कहिबे में सदा उत्साह है ताते श्रम नहीं है काहेते जानिये कि

साकेतानिवासी रूपको यश वेद गावते हैं तेई पररूप जब दशरथात्मज भये तब वेद वाल्मीकिद्वारा रामायण भयो यथा ॥ वेदवेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात्मजे। वेदः प्राचेतसादासीत्साक्षाद्रामायणात्मनः ॥ ताते रामायण के कर्ता जानि वाल्मीकि को बन्दना करे अरु रामायणको सूक्ष्मरूप जानि वेदनको बंदे अब वेदके आचार्य जानि ब्रह्माको वन्दना करत १७ ॥

सो० बंदौं विधिपदरेनु, भवसागर जिन कीन यह ॥
संतसुधा शशि धेनु, प्रकटे खल विष वारुणी १८

विधि जो ब्रह्मा तिनके पदरेणु को वन्दना करत हौं जिन यह संसाररूप भवसागर कीन्हे यामें आशा अगाधता है मनोरथ जल है तृष्णा तरंग है कामादि जल जन्तु है शब्दादि विषयन को ग्रहण बूड़ि जाना है उहां सामुद्र में चौदह रत्न निकसे जहां संत उत्तम रत्न हैं यथा उपासक अमृत है ज्ञानी चन्द्रमा है कर्मी कामधेनु है अरु नष्ट रत्न खल है यथा विमुख विष है विषयी मदिरा है अरु जो बाकी रहे सो और भांति के सब हैं यथा धर्मी ऐरावत है चतुर पंडित उच्चैःश्रवा है सुकवि अप्सरा है दानी कल्पवृक्ष है दयावान् धन्वन्तरि है ध्रुवादि शंख है साकावाले राजामणि है मतपक्षी आचार्य धनुष है पतिव्रता लक्ष्मी है १८ ॥

दो० विबुध विप्र बुध ग्रह चरण, बंदि कहौं कर जोरि ॥
ह्वै प्रसन्न पुरवहु सकल, मंजु मनोरथ मोरि १९

उहां देव दैत्य मिलि सिंधु मथे इहां भवसागर को मथनेवाले नवौ ग्रह हैं अर्थात् कुण्डली मुहूर्तादि द्वारा सबके गुण अवगुण लोक में प्रकट करि देते हैं तहां राहु केतु दैत्य प्रसिद्ध हैं बुध कहेते मध्यमग्रह अर्थात् सहित चन्द्रमा अरु विप्र बृहस्पति शुक्र विबुध कहिये ते रवि भौम शनि इत्यादि अथवा। वेदाभ्यासात्भवेद्विप्रः ॥ तहां वेदाभ्यासी विप्र तेई विबुध हैं पुनः बुधग्रह जे विशेषि वेदाभ्यास करे नहीं गृह कहे घरही में अभ्यास बल कुछ पढ़ि विचारि बुद्धिमान् भये ते दैत्य हैं अथवा देवता बुध पण्डित विप्र नवौ ग्रह तिन सबके चरण को बंदौं पुनः हाथ जोरिके कहत हौं कि मंजु उज्ज्वलि यावत् मेरे मनोरथ हैं तिनको पुरवहु इहां मोरि बहुवचन हैं १९ ॥

पुनि बंदौं शारद सुरसरिता। युगल पुनीत मनोहर चरिता २०

पुनः शारद अरु सुरसरित गंगाजी को वन्दत हौं कैसी है युगल कहे दोऊ के चरित पुनीत अरु मनोहर अत्यन्त सुन्दर हैं तहां धाम नाम रूप गुण लीलादि को वरणन ताको चरित कही तहां नाभी तुरीय अवस्था में परा हृदय में पश्यन्ती कंठ में मध्यमा मुख में वैखरी इति वाणी के धाम पावन पुनः भगवत्पद ब्रह्मकमण्डल शिव शीश भूमि में अनेक तीर्थ इति गंगा के धाम पावन पुनः शारद नाम में भगण सुरसरि में नगण दोऊ पवित्र गण हैं पुनः नाम रूपादि को माहात्म्य पुराणै प्रसिद्ध गावत यथा ॥ स्कान्दे विना स्नानेन गङ्गायां नृणां जन्म निरर्थकम् ॥ तथा वाणीरूप सब वेदादिही है २० ॥

मज्जन पान पापहर एका । कहत सुनत इक हर अविवेका २१

एक जो श्रीगंगाजीहैं तिनमें स्नान करै अथवा जलपान करै ताते पाप नाश ह्वै जात जीव शुद्ध हो भगवत्शरण हो एक जो वाणीहै अर्थात् रामायणादि कथा ताके कहते सुनतेमें अविवेक अज्ञान हरिलेत सज्ञानह्वै परमार्थ पथ आरूढ़ होत २१ ॥

गुरु पितु मातु महेश भवानी । प्रणवों दीनबंधु दिन दानी २२

आदि हित माता पिता जे कृपा करि पालि पोषि देहते समर्थ करि देते हैं पुनः हितकार गुरु जो विद्या बुद्धि ज्ञान दै चैतन्य करि देते हैं तहां मातासम पार्वती हैं अरु पिता अरु गुरुरूप महादेवहैं तिनको प्रणवों नाम नमस्कार करत हौं कैसेहैं दीनबंधु हैं दीनन को पालन करत पुनः प्रतिदिन दानी हैं सदा दानही भावत रक्षा करिबे में माता पिता हैं रामतत्त्व उपदेश करिबे में गुरु हैं २२ ॥

सेवक स्वामि सखा सिय पीके । हितनिरुपधि सबविधि तुलसीके२३

कौन कारणते शिव पार्वती माता पिता गुरुके तुल्य भये सो कहत कि मेरे स्वामी जो सीतापतिहैं तिनके सेवकौहै अरु स्वामीहै अरु सखाहै सेवक यथा ॥ रघुकुलमणि मम स्वामि स्वइ, कहि शिव नायो माथ ॥ स्वामी यथा मज्जन कीन पारथी सेवा । अर्थात् माधुर्यलीला में राजकुमारहैं याते शिवको पूजत सखा यथा शंकरप्रिय मम द्रोही, शिवद्रोही मम दास ॥ इहां सम प्रीति देखाये अथवा रामेश्वर नामके समासमें तीनहू भाव प्रकट होत यथा रामस्यईश्वरः रामेश्वरः जो राम को ईश्वर सो रामेश्वरषष्ठीतत्पुरुष

समासहै पुनः रामः ईश्वरो यस्य सः रामेश्वरः राम ईश्वर जिह्निके तिहिका कही रामेश्वर यह बहुव्रीहि समासहै पुनः रामश्चासौ ईश्वरश्च रामेश्वरः जो राम सो ईश्वर तेहिते कही रामेश्वर यह कर्मधारय समास सख्यत्व है ताही सीतापतिको में गुलाम हों ताते जप पूजादि उपाधिरहित निर्हेतु सब विधि ते हितकर्ता शिवजी तुलसीके हैं २३ ॥

कलि बिलोकि जगहित हरगिरिजा। साबरमंत्रजाल जिन सिरिजा २४

अतिदयालु शिवहैं काहेते कलियुगको प्रभाव देखि अर्थात् पुरश्चरण पूजाविधि किसीते न बनैगी तब जगके हित होने हेतु पार्वती शिव साबर अर्थात् किरातरूप धारण करि ताही बोलीमें स्वाभात्रिक सिद्धिदायक मंत्रन को जाल कहे समूह मंत्रमय साबरतंत्र सिरिजा नाम रचिदिया २४ ॥

अनमिल अक्षर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेशप्रतापू २५

कैसे मंत्रहैं साबरमें जिनमें अनमिल अक्षर अर्थात् संधिविभक्ति समासादि संस्कृतको कायदा नहीं वर्णमैत्री शब्दकी गम्भीरता तुकान्तादि भाषाओं के कायदा नहीं अरु पदन में विचारेते अर्थभी शुद्ध नहीं पुरश्चरणादि कुछ जाप करनेको नहीं परन्तु महेशके प्रतापते साबरी मंत्रनको प्रभाव लोकमें प्रकट है यथा दृष्टिनिवारण मन्त्र ॐनमो नषकटाविषकटामेंदमजावदफोड़ाफुनसीआदींठदुंमलदुखनोरत्यावरीघनवाय चौंसाठियोगिनी बावन वीर छप्पन भयरव रक्षा करैं जो आइ दांतपीड़ाको ॐनमो आदेशगुरु को वनमें ब्याई अंजनी जिन जाया हनुमन्त। फूनीफुन्सी गूमनी ये तीनौ भस्मन्त ॥ अँगुरी पाकेमें बलाय को मन्त्र ॥ धोबीकी गदहिया कन्याकुमारी दुहाई लोनाचमारी की भरई काटेको ॥ अरे ततैया तै मोर भैया विषकी घुंडी खोल विषकी घुंडी न खुलै तो डारो टंगन तोरि दुहाई लोनाचमारीकी हज़ारन सब सिद्ध हैं २५॥

सो महेश मोपर अनुकूला। करहिं कथा मुदमंगलमूला २६

जिनके प्रतापते साबरीमन्त्र सिद्ध सोई महेश मोपर अनुकूल नाम प्रसन्न हैं तौ काव्यमें तौ सहित अर्थ वर्णमैत्री तुकान्तादि है ताते रामकथा को मुदमंगलकी मूल करिदेइँगे अर्थात् जो गाई अथवा सुनी ताके मनमें आनन्द प्रसिद्ध उत्सवादि मंगल सदा बनारही २६ ॥

सुमिरि शिवा शिव पाय पसाऊ। बरणौं रामचरित चित चाऊ २७

शिवा पार्वती शिव महादेव अर्थात् जिनको नामही कल्याणरूप है

तिनको सुमिरि तिनको पसाउ नाम प्रसन्नता पायकै अभयह्वै चित्तमें चाउ नाम उत्साह सहित श्रीरामचरित वर्णन करतहौं २७ ॥

भणित मोरि शिवकृपा विभाती। शशिसमाज मिलि मनहु सुराती २८

शिव की कृपाते मोरि जो भणित है सो विशेषि करिकै शोभित है कौन भांति यथा रात्रि स्वाभाविक भयानक होत सोऊ नक्षत्रनकी समाज सहित पूर्ण चन्द्रमाको पायके रात्रिहू सुन्दर लागत इहां अपर देव नक्षत्र शिव चन्द्रमा संवादरूप चांदनी फैलीहै २८ ॥

जो यहि कथहि सनेह समेता। कहिहहिंसुनिहहिंसमुझिसचेता २९

जो कोऊ प्राणी सचेत कहे मनआदिको थिर करि सावधान ह्वै यहि कथा को कहिहैं अथवा जो सावधान ह्वै सुनिहैं पुनः जो याके भीतर अभिप्राय है ज्ञान विराग नवधा प्रेमापरादि भक्ति नामरूपादि प्रभाव इत्यादि जो राम तत्त्वहै तामें मन लगाय बुद्धिते विचारि समुझिके निश्चय उरमें धारण करि हैं तिनका यह रामायण फलदायक होई का फल देई सो कहत २९ ॥

होइहहिं रामचरणअनुरागी। कलिमलरहित सुमंगलभागी ३०

रामायणके वक्ता श्रोतनको का फल होई सो कहत प्रथम देह पावन होई तब असत्कर्म त्यागि सत्कर्म करी ताते भागि उदय होई तब भोजन वस्त्र वाहनादि सुख प्राप्त होई पुनः इन्द्रियनकी बेकार मिटी मन हरिसम्मुख होई तब अमंगल नाश ह्वै पुत्रजन्म विवाहादि मंगल होइँगे मन हरिसम्मुख रहेते कलिमल जो है पाप तिनते रहित ह्वै जीव शुद्ध ह्वै श्रीराम चरण बिषे अनुरागी होई यथा ॥ व्यापकता जो प्रीति की, ज्यों सुठि वसन सुरंग। दृगन द्वार दरशै चटक, सो अनुराग अभंग ॥ अर्थात् तैलधारवत् प्रभु में एकरस सदा प्रीति बनीरही यह आशीर्वाद है सो लोक में प्रसिद्ध देखात है ३० ॥

दो० सपनेहु सांचेहु मोहिंपर, जो हर गौरि पसाउ ॥
तौ फुर होइ जो कहौं सब, भाषा भणित प्रभाउ ३१

यह मालूम होत कि कबहूं स्वप्ने में शिवजी दर्शन दै कृपा करिहैं अरु प्रसिद्धको कृपा करना तुलसीचरित ग्रंथमें लिखा है कि शैवन बहिरायदिये काशीते तब शिवजी बोलवाय कृपा करि राखे सो कहत कि सपनेहूमें पुनः सांचेहू जो हरगौरिको पसाउ नाम प्रसन्नता मेरे ऊपर है तौ जो कुछ भाषा भणितको प्रभाव कहतहौं सो सब फुर होई ३१ ॥

बंदौं अवधपुरी अतिपावनि। सरयू सरि कलि कलुष नशावनि ३२

अवधपुरी अयोध्या जहां कैसेहू अपावन आवै सोऊ पावन ह्वैजात ताते अतिपावन है यथा अयोध्यामाहात्म्ये ॥ श्रूयते महिमा तस्या मनो दत्त्वा च पार्वती । अकारो वासुदेवः स्याद्यकारस्तु प्रजापतिः ॥ उकारो रुद्ररूपस्तु तां ध्यायन्ति मुनीश्वराः । सर्वैऽपिपातकैर्युक्ता ब्रह्महत्यादिनामकैः ॥ नयोध्या सर्वतो यस्मात्तामयोध्यां ततो विदुः ॥ तहां सरयूसरि कैसी है जो कलिकलुष जो पाप ताके नाश करनहारी है सो सत्योपाख्यानमें श्रीमुख कहे यथा ॥ स्वर्गद्वारसमं तीर्थं नास्ति ब्रह्माण्डगोलके ॥ तहां भूमिमें छानबे मुक्तिक्षेत्र तिनमें मुख्य सात पुरी तिनमां मुख्य आदि अयोध्या जो भगवान् को शीशहै यथा पाद्मे ॥ विष्णोः पादमवन्तिका गुणवती मध्ये च काञ्चीपुरी नाभौ द्वारवती तथा च हृदये मायापुरी पुण्यदा । ग्रीवामूलमुदाहरन्ति मथुरा नासाग्रवाराणसीमेतद्ब्रह्मपदं वदन्ति मुनयोऽयोध्यापुरीमस्तके ॥ ऐसी अतिपावनि अवधपुरीको वन्दतहौं ३२ ॥

प्रणवौं पुरनरनारि बहोरी। ममता जिन पर प्रभुहि न थोरी ३३

जा अवधपुरके नर नारि कैसे हैं धन्य हैं काहेते जिनपर प्रभुकी ममता थोरी नहीं है अर्थात् बहुति है ते पुरके नर नारिनको प्रणवौं नाम प्रणाम करतहौं ३३ ॥

सियनिन्दक अघ ओघ नशाये । लोकविशोक बनाय बसाये ३४

काहेते जानिये कि पुरवासिनपर बड़ी ममताहै कि सियनिन्दक रजकके अघ जो पाप ओघ समूह तिनको नशायकै अर्थात् निन्दाके पापते सशोक ह्वै नरकमें वास योग्य रहै ताको विशोक बनाय पावन करि निज साकेत लोक में वसाये तहां सन्देह है कि अवधवासी चराचर कृतार्थरूप तिनमें यह कठोर वचन कैसे कहे पुनः भागवतापराध प्रभु कैसे क्षमा करें ताको समाधान कि उसने अपराध नहीं किया काहेते सिद्धान्ततत्त्वदीपिका में बालकृष्णदास स्वामी लिखिगये हैं यथा ॥ तिहि जो कह्यो राम हौं नाहीं । इती शक्ति कहँ है मो माहीं ॥ जिहि आवत रावणहै जान्यो । राखहु छाया सियहि बखान्यो ॥ लै निजप्रिया अग्निपहँ राखी । जननी जानि तेहि सु अभिलाखी ॥ छायाहरणहारहू मारयो । यों जगमहँ निज यश विस्तारयो ॥ तिहि समता अब हौं क्यों करौं । याकरि जग अपयशते डरौं ॥ सियहू रूप शील गुण करिकै । सबविधि अतुल पतिव्रत धरिकै ॥ अपनो पिय अस वश

तिहि कीनो । निशिदिन रहै तासु रसभीनो ॥ तिहिसम तू न हौं न वश तेरे । यों नाहिं तुहिं राखौं निज नेरे ॥ इत्यादि राम जानकी के गुण गाय अपनी स्त्री को शिक्षा दीन्ही इत्यादि वाके अन्तर तौ वेकार रहो नहीं परन्तु ऊपरले सुनतमें लोगनको अनैसी लागी ताको प्रभु मानते नहीं यथा ॥ कहत नशाय होय हिय नीकी । रीझत राम जानि जन जीकी ॥ पुनः वाल्मीकि पुत्री करि भजे ताकी आश पूरण हेतु पिताकी आयुर्बल गहे ताधर्म निर्वाह हेतु स्वपुत्रन करि आपने वीरनको मानभंग हेतु एक बहानामात्र रजकको वचन सुनाय मुनि आश्रमको किशोरीजी को पठाये तामें रजकको कौन दोष यथा सनकादि द्वारा जय विजयको शाप नारद द्वारा नारायण को शाप कैकेयी द्वारा वनयात्रा इत्यादि हरि इच्छाहै उन लोगनको कौन दोष यथा ॥ राम कीन चाहैं सो होई । करै अमिथ्या अस नहिं कोई ॥ याते रजक को पाप लोक देखनेकोहै यथार्थ नहीं है सोई प्रभु मिटाय स्वधाम में बसाये ३४ ॥

बंदौं कौशल्या दिशि प्राची । कीरति जासु सकल जग माची ३५

श्रीकौशल्याजीको वन्दतहौं कैसीहैं कौशल्याजी प्राची नाम पूर्वदिशा हैं कौन विशेषता पूर्व दिशा में है ऐसी पूर्व दिशा है जाकी कीर्ति अमल उज्ज्वल तीनिहू लोकमें माची नाम प्रकाशमान फैली है ३५ ॥

प्रकटे जहँ रघुपति शशि चारू । विश्वसुखद खलकमल तुषारू ३६

जेहि प्राची दिशि रूप कौशल्याजी के द्वारा चारु नाम सुन्दर शशिरूप रघुपति प्रकटे अर्थात् मन्दता क्षीणता कलङ्कतादि रहित सदा एकरस अमल पूर्ण प्रकाशमान अशङ्क चन्द्र कैसे हैं जो स्वाभाविक विश्व जो संसार ताके सुखदाता अथवा स्व कहे आपने भक्तको कि चकोरादिकनके वि कहे विशेषि सुखदाता पुनः रावणादि खल सोई कमलहैं तिनके नाशकर्ता तुषार नाम पालारूपहैं कमलखल कैसेहैं जाकी उत्पत्ति पालन जलतेहै ताहीते विमुख रहत कि जलको स्पर्शही नहीं करत तथा खल भगवत्ते उत्पत्ति पालन तिनहींते विमुख होत ३६ ॥

दशरथ राउ सहित सब रानी । सुकृति सुमूरति मंगलखानी ३७

एकतौ राममातु दूसरे रानिनमें मुख्य तीसरे ज्ञानशक्ति शुद्ध भक्त ताते कौशल्याजीको प्रथम वन्दना करि पुनः सबके साथ वन्दना करत दशरथ राव कौशल्यादि रानिन सहित कैसे सोहत यथा सुन्दर सुकृतकी मूर्ति के

साथ सुमङ्गल की खानि सोहत सुन्दर सुकृतिकी मूर्ति दशरथ महाराज हैं सुन्दर मङ्गलकी खानि सब रानी हैं ३७ ॥

करौं प्रणाम कर्म मन बानी । करहु कृपा सुत सेवक जानी ३८

तिनको मनसा वाचा कर्मणा करिकै प्रणाम करतहौं अर्थात् सबते अधिक जानि काहेते जाको सेवक होत ताते कुछ ढिठाईभी राखत अरु स्वामी के माता पिता को दबाउ मानत तथा पुत्र के सेवकको माता पिता पुत्रही की तुल्य छोह करत यह हेतु ते कहत कि मैं रघुनाथजीको सेवकहौं ताते आपने सुत कहे पुत्रको सेवक जानि मेरे ऊपर कृपा करौ भाव मेरे पालन को आपही समर्थहौ लोक में अन्न वस्त्र द्रव्य इहां बुद्धि ज्ञान भक्ति करि पालिये ३८ ॥

जिनहिं बिरचि बड़ भयउ विधाता । महिमा अवधि राम पितु माता ३९

जिन रानिन सहित दशरथ महाराजको विरचि लोकमें उत्पन्न करि ब्रह्मा बड़ा कहायो कौन बड़ाई पायो कि श्रीरघुनाथजी के माता पिताहैं तौ इनते श्रेष्ठ कौनहै इति महिमाकी अवधि है तिनको ब्रह्मा बनाये यह बड़ाई पाये अथवा सर्वोपरि रामरूप तौ इनकी महिमाते अधिकी कौनकी महिमा इति महिमाकी अवधि श्रीरामरूप तिनके माताको ब्रह्मा विरचे यह बड़ाई लोक वेदमें विदित है इति ब्रह्मा बड़ाई पाये ३९ ॥

सो० बंदौं अवधभुवाल, सत्य प्रेम ज्यहि रामपद ॥
बिछुरत दीनदयाल, प्रियतनु तृण इव परिहरेउ ४०

अवधभुवाल केवल दशरथ महाराजको बंदौं कैसे हैं जिनके उर में श्रीरामपदको प्रेम सत्य रहै काहेते जानिये कि दीनदयालु श्रीरघुनाथजीके बिछुरत संते अत्यन्त प्रिय तनु ताको तृण इव तिनुकाकी सम त्यागि दिये यामें मनु महाराज दशरथकी वन्दनाहै काहेते पूर्वही प्रभुको नाम कहा है यथा ॥ ह्वैहौ अवधभुवाल, तब मैं होब तुम्हार सुत ॥ अरु सत्य प्रेमहूं इनही में है यथा ॥ मम जीवन तिमि तुमहिं अधीना ॥ अरु पूर्व जो राम पितु माता रानिन सहित दशरथ को वन्दना करे सो कश्यप अदितिरूप दशरथ हैं काहेते उनको यही वरदान है कि जब अवतार होइ तब माता पिता हमहीं होईं ताहीते महिमा अवधि राम पितु माता कहे पुनः दशरथैनाम आकाशवाणीमें प्रभु कहे यथा ॥ कश्यप अदिति महातप कीन्हा । तिनकहँ

मैं पूरब वर दीन्हा ॥ ते दशरथ कौशल्यारूपा । अरु पूर्व दिशा करि जो कौशल्याको बंदे ते शतरूपा है इहां प्रेमकी सचाई दशरथजीमें देखाये प्रेम को लक्षण यह है कि प्रीति को सोत हृदय ते उमँगै देहमें रोमांच उठै कण्ठारोधन वचनबंद नेत्रनमें अश्रु आवैं प्रेमकी दृष्टि विह्वल है तहां प्रेमी जनको प्रियतमके बिछुरेमें दश दशा होतीहैं यथा ॥ अभिलाष अरु चिन्ता गुण कथन, स्मृति उद्वेग प्रलाप । उन्माद व्याधि जड़ता मरण, प्रेम वियोगदशाप ॥ इनको रूप अयोध्याकाण्डे दशरथजी में देखाउब इहां एक मरणदशाको कहब जब प्रिया प्रियतम के वियोगमें छल बलादि काहू उपाय ते प्रियतम को मिलन न देखानो तब देह तजि प्राणही धावत सो सांचा प्रेम रहै तौ महाराजको दशईं दशा आई अरु भूमिसुर साधु आदि दीनहैं तिन पर दया करि वनको गये याते दीनदयालु कहे अरु इसी तनमें प्रभु पुत्र है प्राप्त भये याते प्रियतनु कहे ४० ॥

बंदौं पुरजन सहित विदेहू । जिनहिं रामपद गूढ़ सनेहू ४१

जनकपुरवासी जन स्त्री पुरुषसाहित विदेहजीको वन्दतहौं कैसेहैं जिनहिं श्रीरामपदमें गूढ़ सनेह सबको प्राप्त रहै ४१ ॥

योग भोग महँ राख्यउ गोई । राम विलोकत प्रकट्यउ सोई ४२

ते योगमें अरु भोगमें गोइ नाम गुप्त राखे जब श्रीरघुनाथजी को देखे तब सोई गूढ़ सनेह प्रकट भयो तहां विदेहजीमें तो गूढ़ प्रेम रहा सो योग में गुप्त रहा जब प्रभुको देखे तब प्रकट भयो यथा ॥ प्रेममगनमन जानि नृप, करि विवेक मतिधीर । बोले मुनिपदनाय शिर, गदगद गिरा गँभीर ॥ इहां गद्गद वाणी प्रेमही को लक्षणहै पुनः प्रसिद्ध प्रेमको नाम कहा है अरु पुरजन स्त्री पुरुषन सनेह गुप्त रहै सो भोगमें गोय नाम गुप्त किहे रहै सो प्रभुको देखतही प्रकट भयो तहां नेहके भाव अरु चेष्टा अनेक भांतिके होत यथा ॥ चिक्कणता शोभासहित, प्रीति होय व्यवहार । मिलनि मिलनि बोलनि हँसनि, नेहजान सुखसार ॥ ये सब भाव पुरवासिन में प्रसिद्धहैं यथा ॥ जो प्रेमकी चेष्टा प्रसिद्ध देखिपरै ताको चिक्कणता कही यथा ॥ भे सब सुखी देखि दउ भ्राता । वारिविलोचन पुलकित गाता ॥ पुनः आपनी शीलशोभादि प्रसिद्ध करै दूसरेकी देखै प्रशंसा करै ताको शोभासहित कही ॥ युवती भवन झरोखनि लागी । निरखहिं रामरूप अनुरागी ॥ कहहिं परस्पर वचन

सप्रीती। सखि इन कोटि काम छवि जीती ॥ पुनः मित्रकी आधीन होना ताको प्रीति कही यथा ॥ धाये धाम काम सब त्यागे। मनहुँ रंक निधि लूटनलागे ॥ पुनः लोक रीति सहित प्रीति ताको व्यवहार कही यथा ॥ निज निज रुचि सब लेहिं बोलाई। सहित सनेह जाहिं दोउ भाई ॥ पुनः चलिके दरश अंग स्पर्श ताको मिलनि कही यथा ॥ बालक बृन्द देखि अति शोभा लगे संग ॥ पुनः ॥ सब शिशु इहि मिसु प्रेमवश, परसि मनोहर गात ॥ पुनः बोलनि बोलकारनि यथा ॥ पुरबालक कहि कहि मृदु वचना। ऋरु ॥ कहि बातैं मृदु मधुर सुहाई ॥ पुनः हँसिके बोलनि यथा ॥ फिरि आवब यहि ब्यरिया काली। अस कहि मन बिहँसी यक आली ॥ इत्यादि नेहके अनेक भाव चेष्टा पुरवासिनमें प्रकट हैं सो प्रथम भोग विलास में गुप्त रहैं जब प्रभुको देखे तब प्रकट ह्वै आयो अर्थात् जनकजीको योग भूलिगा केवल रामअनुराग रहिगा यथा ॥ इनहिं विलोकत अति अनुरागा। बरबस ब्रह्मसुखहि मन त्यागा ॥ तथा पुरवासिनको भोग बिसरिगा यथा ॥ पहिंचान को केहि जान सबहि अपान सुधि भोरी भई ४२ ॥

बंदौं प्रथम भरत के चरणा। जासु नेम व्रत जाइ न बरणा ४३

तीनि भाइनमें बड़े प्रेमिनमें शिरोमणि भक्तनमें श्रेष्ठ ऐसा जानि प्रथम भरतजी के चरण बंदौं कैसे हैं भरतजी जासु कहे जिनको नेम कहे शौचादि व भक्तिके सहायकको ग्रहण भक्तिविरोधीको त्याग इति नेम व्रत चान्द्रायणादि अथवा अनन्यता रामहीको भरोसा और नहीं इत्यादि काहूके वर्णिबे योग्य नहीं है ४३ ॥

भक्त

राम चरण पंकज मन जासू। लुब्ध मधुप इव तजै न पासू ४४

प्रशंशनीय

काहेते वर्णिबे योग्य नहीं है कि श्रीरामचरण सोई पंकज नाम कमल है तिनमें जाको मन सदा लिप्त रहत कबहूं पास नहीं तजत कौन भांति यथा लुब्ध कहे लोभी मधुप भँवर इव अर्थात् रातिको बन्दहू भयेपर प्रभात खुले पर त्यागत नहीं तथा प्रभुपद अनुरागरसको भरतजीको मन नहीं तजत ४४ ॥

बंदौं लक्ष्मणपद जलजाता। शीतल सुभग भक्तसुखदाता ४५

जलजात कमलसम पद लक्ष्मणजीको बंदौं कैसे हैं शीतलहैं तीनिउँ ताप के हर्ता हैं पुनः सुभग हैं जिनमें कुछ विकार नहीं शुद्ध रामभक्त हैं पुनः भक्तनके सुखदाता अर्थात् आचार्य ह्वै भक्ति उपदेशत ४५ ॥

रघुपतिकीरति विमल पताका । दण्डसमान भयो यश जाका ४६

पुनः रघुपतिकी कीरति सोई विमल पताका सम अति ऊंचे फहरायरही ताके बिषे लक्ष्मणजीको यश दण्डकी समान भयो तहां स्तुति दानते कीरति होत तामें करुणा रसको अधिकार होत तहां सौशील्यता उदारतादि गुणनते होत तहां कीरतिको उन्नति करनेवाला यश है सो बहुत बलते होत तहां वीर रसको अधिकार तामें शौर्य वीर्यादि गुण होत तहां लक्ष्मणजीमें सदा शुद्ध वीररस परिपूर्ण है सो प्रभुके करुणारसको सहायकहै यथा ॥ अनुज निशाचर कटक सँहारा ॥ चितवत नृपन सकोप ॥ बोले परशुधरहि अपमाने ॥ पुनः नागफांसते कीरति नत होतही मेघनादको मारि कीरति उन्नत करे ४६ ॥

शेष सहस्रशीश जग कारन । सो अवतरेउ भूमि भय टारन ४७

शेष जो सहस्रशीश हैं पुनः जगकारण जो विष्णु हैं अरु सो कहे प्रथम जो कहिआये अर्थात् गौर द्विभुज लक्ष्मणजी जो सदा प्रभुके समीपही रहत सो मिलि तीनिहूं एकरूप ह्वै अवतरे काहेके हेतु भूमिभयके टारने हेतु अर्थात् स्वयं लक्ष्मण अंशते प्रभुकैंकर्यतामें रहे अरु विष्णुरूपते युद्धकरे शेषरूपते प्रभु शयनसमय जागरण निषादादिकोंको उपदेश चित्रकूटकी प्रशंसा पंचवटीमें प्रश्न रावणको पत्रिकादि कर्त्तव्यता है सो परमधाम यात्रा समय तीनिहूं रूप प्रकट भये शेषरूप सरयूमें प्रवेश करि पाताल गये विष्णुरूप विमानपर आरूढ़ वैकुण्ठको गये द्विभुज लक्ष्मणरूप प्रभुके साथ परम धाम गये यथा ब्रह्मरामायणे ॥ एकेन सरयूमध्ये प्रविवेश कृपानिधिः । सहस्रशीर्षा भगवाञ्छेषरूपी रसाश्रयः ॥ रामानुजश्चतुर्बाहुर्विष्णुस्सर्वगुहाशयः । ऐन्द्रं रथं समारुह्य वैकुण्ठमगमद्द्विभुः ॥ यानस्थो रघुनन्दनः परपुरीं प्रेम्णागमद्भ्रातृभिर्लोकानां शिरसि स्थितां मणिमयीं नित्यैकलीलापदाम् । सौमित्रिश्च तदाकलेन प्रथमं रामाज्ञया वर्त्तते तेनैव क्रमकेन बन्धुमिलितो रामेण साकं गतः ४७ ॥

सदा सो सानुकूल रहु मोपर । कृपासिंधु सौमित्रि गुणाकर ४८

सोई लषणलाल मोपर सदा सानुकूल नाम प्रसन्न रहौ काहे भक्तिके आचार्यहौ ताते जीवनको उद्धारहेतु स्वाभाविक कृपा करत याते कृपासिंधु हौ पुनः सौमित्रि सुमित्राके पुत्रहौ जो उपासनाशक्ति अनेक उत्तम गुण जिनमें हैं जिन आपने पुत्रको लोकसुख छोड़ाइ भक्तिमें आरूढ़ करी तिनके

पुत्र याते गुणनके आकर नाम खानिहौ तौ मोपै अवश्य कृपा करोगे ४८ ॥

रिपुसूदन पदकमल नमामी । शूर सुशील भरत अनुगामी ४९

रिपुसूदन जो शत्रुघ्न हैं तिनके पदकमलनको नमस्कार है कैसे हैं शूर अर्थात् वीरनमें शिरोमणि हैं जिन एकही बाणते लवणासुरको मारे पुनः सुन्दर शीलवान् स्वभाव है काहेते भरतके अनुगामी नाम सेवक हैं अर्थात् रामभक्तन में शिरोमणि भरतकी सेवामें रहते हैं तौ क्यों न शीलमयी स्वभाव होवै ४९ ॥

महावीर प्रणवौं हनुमाना । राम जासु यश आपु बखाना ५०

हनुमान्‌जीको प्रणवतहौं कैसे हैं महावीर हैं अर्थात् शृंगार हास करुणादि रसन में भूलिकै दृष्टि नहीं देतेहैं केवल वीररसते परिपूर्ण रहते हैं जिनकी वीरताको यश श्रीरघुनाथजी आपही बखान करे हैं प्रथम कामदेव वीरको जीते हैं पुनः त्रिलोकविजयी रावणकी सभाको मान भंगकरि पुर भस्म करे ५० ॥

सो० बन्दौं पवनकुमार, खलवनपावक ज्ञानघन ॥
जासु हृदय आगार, बसहिं राम शरचापधर ५१

हनुमान्‌जी तीनि रूपते हैं एक वीररूप जासों युद्ध करते हैं ताकी वन्दना पूर्व करिचुके एक चारुशीलारूप किशोरीजीकी सेवामें रहत सो प्रकट करने को प्रयोजन नहीं एक दासरूपते प्रभुकी कैंकर्यता करते हैं ताकी वन्दना करत पवनके कुमार पवनपुत्र जे कुमार अवस्था रहते हैं तिनको वन्दतहौं कैसे हैं जिनको शुद्ध अमल हृदयहै काहेते खल जो है कामादि सोई समूह वृक्षनकरि सघन जो वन रहा हृदयमें ताको ज्ञानरूप पावक जो अग्नि घन नाम समूह तिहिकरिकै भस्म करिदियो है अज्ञानरूप वन जिनने ताते विकाररहित अमल हृदयरूप आगारहै जासु कही जिहिका ताते शरचापधर राम अर्थात् अन्तर्यामी आदि और रूप नहीं साकेतविहारी धनुषधारी रामरूप जामें सदा बसत है ५१ ॥

कपिपति ऋक्ष निशाचरराजा । अंगदादि सब कीशसमाजा ५२

कपिपतिं सुग्रीव ऋक्षपति जाम्बवान् निशाचरनके राजा विभीषण पुनः अंगद आदि कहे सुखेण पनस नील नल द्विविद मयन्द गवय गवाक्षादि यावत् कीश नाम वानरकी समाज है ५२ ॥

बन्दौं तिनके चरण सुहाये । अधम शरीर राम जिन पाये ५३

तिन सबके सुहाये कहे मेरे मनके भाये उन सबके जो चरण हैं तिनको बन्दौं कैसेहैं जे अधमशरीर अर्थात् पंचरचित यह अधम शरीर भाव सूक्ष्म रूप अथवा दिव्यरूप परधाम ध्यानादिते नहीं जो पंचभौतिक स्थूलशरीर है तेही करिकै श्रीरघुनाथजीको पाये जो शिवादिको ध्यानमें अगम तेई प्रभु जिनको देह करि सुलभ मिले याते ये सब धन्यहैं अथवा जे अधमै क्रिया करत जो देहते यथा केवट कोल भीलादि ५३ ॥

रघुपतिचरण उपासक जेते । खग मृग सुर नर असुरसमेते ५४

खग काकभुशुण्डि मृग वानर सुर अग्नि इन्द्रादि नर मनुआदि असुर प्रह्लादादि जेते कोउ रघुपतिके चरणकमल के उपासक हैं ५४ ॥

बन्दौं पदसरोज सब केरे । जे बिनुकाम रामके चेरे ५५

अथवा कोऊ होइ जो विना काम अर्थात् सकल कामनाहीन रघुनाथजी के जे सेवक हैं तिन सबके पदसरोज कहे पदकमलनको बन्दौं ५५ ॥

शुक सनकादिभक्त मुनि नारद । जे मुनिवर विज्ञानविशारद ५६

शुकदेव सनक सनन्दन सनातन सनत्कुमार भक्त अगस्ति नारदादि अरु जे विशेष ज्ञानके विशारद नाम जाननेवाले हैं ५६ ॥

बन्दौं सबहिं धरणि धरि शीशा । करहु कृपा जन जानि मुनीशा ५७

तिन सबको वन्दौं कौन भांति पादारविन्दन हेतु धरणि जो भूमि तापर शीश धरिकै काहे हेतु हे मुनीशहु ! आपनो किंवा रघुनाथजीको जन जानिकै सब जने कृपा करौ भाव काव्य रामयशकी अनुकूल वनाय देहु ५७ ॥

जनकसुता जगजननि जानकी । अतिशयप्रिय करुणानिधानकी ५८

जनकसुता तौ उर्मिलौ है ताहेतु कहत कि जाको जानकी ऐसा नाम प्रसिद्ध है तेई जनकसुता कैसी है जगत्की जननी अथवा जगत्के जान कहे जीवनकी जननी अर्थात् आह्लादिनी आदि शक्ति जो जगोत्पत्ति पालन संहारादि कारणहै यथा ॥ रामतापिन्याम् ॥ श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी । उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् ॥ सा सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता । प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः ॥ अथवा करुणा के निधान कहे स्थान जो श्रीरघुनाथजी तिनकी अतिशय प्राणप्रिय जगत् की जननी जो श्रीजानकीजी हैं पुनः शुक्रसुता वेदवती लंक नाश करन-

हारी अर्थात् छायारूप है किशोरीजीमें आवेश है जिनको माया सीता करि लोक वेदमें प्रसिद्ध है सो जनकसुता अरु जगजननि आदि जानकी इत्यादि द्वै रूप एकमें आवेश ताहेतु जनकसुता अरु जानकी दोऊ नाम कहे ५८ ॥

ताके युग पदकमल मनाऊं। जासु कृपा निर्मल मति पाऊं ५९

ताही रूपके अन्तर्गत जो युग कहे द्वै रूप हैं तिनके पदकमल मेरे मन में आऊ आइ वास करौ अथवा तिनके पदकमल मनाऊं नाम ध्यावौं प्रसन्नता हेतु जो लोक परलोक दोऊ दिशिकी सुखदाताहै जासु कहे जिन श्रीजानकी जी की कृपा होइ तौ मति जो बुद्धि ताको निर्मल करि पावौं भाव रामयश कहिबे योग्य बुद्धि होवै काहेते श्रीरामरूप इनहीं के आधीन है याते जो रामतत्त्व जाना चाहै सो किशोरीजी के पदकमलनमें प्रीति करै नाहीं तौ रामरूपकी प्राप्ति शिवादिकन को दुर्घटता श्रीमुखवाक्य अगस्तिसंहिता में प्रसिद्धहै यथा ॥ आह्लादिनीं परां शक्तिं स्तुयाःसात्वतसंमताम्। तदाराध्यस्तदारामस्तदाधीनस्तया विना ॥ तिष्ठामि न क्षणं शंभो जीवनं परमं मम ५९ ॥

पुनि मन वचन कर्म रघुनायक। चरणकमल बन्दौं सबलायक ६०

पुनः रघुनायक अर्थात् वीरताधर्मादि कुलीनता में लोकोत्तर सूर्यवंशोत्तम तिनमें रघुकुल उत्तम ताके नायक ताते सब लायक हैं तिनके चरणकमल बन्दौं कौन भांति मन करिकै रूप को स्मरण वचन करि नाम यशकीर्तन कर्म करिकै सेवा पूजा लीला स्वरूप दर्शन परिक्रमा दण्डवतादि ६० ॥

राजिवनयन धरे धनुशायक। भक्तविपतिभंजन सुखदायक ६१

कैसे सब लायकके हैं कि अर्थार्थी भक्तन के पालनकरता राजीवनयनहैं राजीवनयनपदस्यार्थः तत्र रेफः परब्रह्मवाचकः स श्रीरामस्य लोचनकञ्जयोस्तेजः यथा महारामायणे ॥ तेजोरूपमयो रेफः श्रीरामाम्बककञ्जयोः। कोटिसूर्यप्रकाशश्च परब्रह्म स उच्यते ॥ पुनः रेफस्याकारः प्रकाशवाचकः। स श्रीराममुखमण्डलस्य तेजोरूपः ॥ यथा ॥ रामास्यमण्डलस्यैव तेजोरूपे वरानने। कोटिकन्दर्पशोभाढ्यो रेफाकारो हि विद्धि च ॥ पुनः दीर्घाकारः जगस्थितवाचकः। स श्रीरामवक्षसस्य तेजोरूपः ॥ यथा ॥ मध्याकारो महारूपः श्रीरामस्यैव वक्षसः ॥ पुनः जीवशब्दजगपालनसगुणवाचकः तहां परब्रह्म प्रकाशमय जगोत्पत्ति पालनहेतु अनेक दिव्य गुणनयुत सगुणरूप है इति राजिवशब्दस्यार्थः यथा रामानुजकृतमन्त्रार्थे। राम एव हि लोकानां

उत्पत्तिस्थितिकारकः । एवंभूतो व्यापनशीलः श्रीरामो रकारार्थः ॥ रकारवाच्यः रा दाने इति धातोः राति गृह्णाति कुक्षौ विश्वमिति रः रा दीप्ताविति धातोः राति प्रकाशते इति रः इत्यनेन जगज्जन्मादिकर्तृत्वेन रकारस्य सर्वेश्वरत्वं जगत्कारणत्वं सिद्धं उक्तं च हारीते ॥ रकारमैश्वर्यबीजं तु मकारस्तेन संयुतः । अवधारणयोगेन रामो यस्मान्मनुः स्मृतः ॥ यद्वा रमु क्रीडायामिति धातोः डप्रत्यये रमयति सुखदुःखादिदातृत्वेन विश्वमिति रः एतेन जगत्पालकत्वं सिद्धं यद्वा रमुधातोर्विसर्गार्थकत्वं तदा जगतो रमयति उत्पादयति इति रः इत्यनेनाखिलब्रह्माण्डानन्तापरिच्छिन्नैश्वर्यविशिष्टोपहतपापमाविज्वरो विमृत्युर्विशोको विजिघित्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्प इत्यादिगुणविशिष्टत्वं सिद्धं अयं रकारो योगरूढः तत्र योगेन जगज्जन्मादिकर्तृत्वं प्रसिद्धं रूढ्या तु अखण्डब्रह्मवाचकत्वं परवाचकत्वेन प्रधानःसर्ववेदाश्रयत्वाच्च सर्वलोकस्य कारणत्वात् ईश्वरप्रतिपाद्यत्वादखण्डब्रह्मवाचकः॥उक्तंच। वीर्ये यथा स्थितो वृक्षःशाखापल्लवसंयुतः। तथैव सर्ववेदा हि रकारेषु व्यवस्थिताः ॥ रकाराज्जायते ब्रह्म रकाराज्जायते हरिः । रकाराज्जायते शम्भुः रकारात्सर्वशक्तयः ॥ आदावन्ते तथा मध्ये रकारेषु प्रतिष्ठितः । विश्वं चराचरं सर्वमत्रकाशेन नित्यशः ॥ तथा करण्डे रत्नानि गुप्तान्यन्यैर्न दृश्यते । तद्वन्मन्त्राश्च वेदाश्च रकारेषु व्यवस्थिताः ॥ इति पुलहसंहितावचनात् रघुनाथस्य साक्षाद्रकारवाच्यस्य परब्रह्मवाचकत्वं सिद्धम् ॥ तहां रेफको अर्थ परब्रह्म भयो रकारकी अकारको अर्थ शोभामय प्रकाश भयो अरु दीर्घ आकार उत्पत्ति पालन अर्थ भयो अरु सौशील वात्सल्य करुणा दयादि जो दिव्य गुण हैं ते जीवशब्द को अर्थ गुणनिधि भयो पुनः नयन कहि यह सूचित कऱ्यो कि सदा एकरस दयारस हैं जिनमें सुशीलता सुगंध है जिनमें सौलभ्यता कोमलता है जिनमें करुणा शीतलता है जिनमें ताते सब जग के पालनहार पुनः अर्थार्थी भक्तन को मनोरथ सदा पूर्ण करते हैं पुनः जे आर्तभक्त हैं यथा सुग्रीव ॥ बालित्रास व्याकुल दिन राती । तन विवरण चिंता जर छाती ॥ इत्यादि विपत्ति जो आर्ति भक्तनकी ताके भंजन कहे नाश करिबेहेतु धनुशायक धारण किये हैं पुनः साधक अरु ज्ञानी भक्तनके सुखदायक अर्थात् उरमें आनन्द प्रकाश करत इत्यादि सबल समर्थ उदार सुलभ सर्वोपरि दीन पीन एकरस पालत ताते सब लायक हैं ६१ ॥

दो० गिराअर्थ जलवीचिसम, कहियत भिन्न न भिन्न ॥
बन्दौं सीतारामपद, जिनहिं परमप्रिय खिन्न ६२

शब्द स्पर्श रूप रस गंधादि जो इन्द्रियनकी विषयहैं तिनकी चाहते यावत् लोकसुखहैं तेई जिनको दुःखरूप लाग्यो तामें दुःखित ह्वै पुनः जाति विद्या महत्त्व रूप यौवनादिके मान द्रव्यादिके मद करि हीन ऐसे खिन्न कहे दुर्बल ह्वै जे शरण आये तेई परम प्रियहैं जिनको भाव साधारण तौ सबै प्रियहैं यथा ॥ सब पर मोरि बराबरि दाया ॥ तिनमा जे दीनस्वभाव ते भक्तहैं ते परमप्रियहैं यथा ॥ भक्तिवन्त अतिनीचौ प्राणी । मोहिं परम प्रिय सुनु मम वाणी ॥ ऐसे जो सीताराम हैं तिनके पद बन्दौं कैसे हैं दोऊ जिनको भिन्न कहियत है अर्थात् कहिबेमात्र नाम भिन्न है अरु भिन्न नहीं है वास्तुकरि एकही तत्त्व है पुनः धाम एक लीला एक परस्पर प्रीति करि रूप एक अर्थात् उनके अन्तर उनका रूप उनके अन्तर उनका रूप पुनः किशोरीजी श्याम वसन धारे रघुनाथजी पीतवसन धारे ताते द्वै रूप सो भी प्रेमतत्त्व करि एकही हैं यथा ॥ तत्त्व प्रेमकर मम अरु तोरा । जानत प्रिया एक मन मोरा ॥ यथा रामतापिन्याम् ॥ उत्पन्नं शीतया भाति चन्द्रश्चन्द्रिकया यथा। प्रकृत्या सहितः श्यामापीतवासाप्रभाकरः ॥ द्विभुजःकुण्डली रत्नमाली धीरो धनुर्धरः । ताते दोऊ रूप एकहीहै कौन प्रकार यथा गिरा अर्थ वा जलवीचि तहां जो अगुणरूप है सो अर्थसम गुप्तहै अरु प्रकृति वाणीसम प्रकट है अर्थात् वाणी प्रकट सुनतमें भासत परन्तु अर्थ नहीं भासत जब विद्याबल करि विचारौ तब अर्थ भासत तथा किशोरीजीको प्रकृतिरूप संसार प्रसिद्ध देखात अरु अगुणरूप या जगके अन्तर्गतहै सो ज्ञानबल करि जानो जात तौ विचारेते प्रकृतिपुरुष एकहीहै यथा वाणीमें अर्थ पुनः लोकोद्धारहेतु जो सगुणरूपहै अर्थात् कृपा दया करुणा उदारता सौशील वात्सल्य सौलभ्यादि गुणनको धारण करि लोकमें अवतीर्ण भये तहां रूप तौ दोऊ प्रसिद्ध देखात यथा जल अरु वीचि नाम लहरी दोऊ एकही तत्त्व हैं जब पवन अथवा स्नान पानादि लोकको स्वार्थ भयो ताहेतु जल चलायमान भयो सोई लहरी कहाई तथा प्रभुमें करुणादि वायु अथवा साधुनके स्वार्थ हेतु प्रसिद्ध कार्य यावत् होत सो किशोरीजीके द्वारा पालन पोषण होत नाहीं तौ पररूप साकेतविहारी सदा स्वतंत्र हैं तिनकी इच्छाते अन्तर्यामीरूप घट घट प्रकाश करत व्यूहरूप लोकव्यापार करत अवतारादि लोकोद्धार करत प्रभु तौ सदा स्वतंत्रहैं

तिनको अवतीर्णहोना किशोरीजीकी प्रार्थनाते लोक में अनेक लीला करे सोई जलवत् चलना दोऊ रूप संगही लीला करे सोई जलतरंगवत् द्वै नाम प्रसिद्ध अभिप्राय यह कि अचलरूप जलवत् प्रभुको जगत्में किशोरीजीको लावना तरंग है भाव लीला प्रकरण किशोरीजी को व्यापारहै यथा रामतापिन्याम् ॥ श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी । उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् ॥ सा सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता । याते तरंग कहे नातरु दोऊ रूपमें भेद नहीं सदाशिवसंहितायाम् ॥ रामः सीता जानकी रामचन्द्रो नानुर्भेदो ह्येतयोरिति कश्चित् ६२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां रामचरितमानसभूषणे अनेकवन्दनावर्णनो नाम चतुर्थःप्रकाशः ४ ॥

बन्दौं रामनाम रघुवरको । हेतुकृशानु भानु हिमकरको १

अब श्रीरामनामको अर्थ वर्णन कीन चाहत ताते रामनामहीके अन्तर्गत दोऊ नामके बोध हेतु प्रथम दोऊ रूपमें अभेद कहि आये सो नामार्थ तौ वेदादि कहिबेको समर्थ नहीं यह शिवजीको वचन है यथा महारामायणे ॥ वेदाः सर्वे तथा शास्त्रा मुनयो निर्जरार्षभाः । नाम्नःप्रभावमत्युग्रं ते न जानन्ति सुव्रते ॥ रामं ये वाभिजानाति कृत्स्नं नामार्थमद्भुतम् । ईषद्वदामि नामार्थं देवि तस्यानुकम्पया ॥ शिवजी कहत कि नामको जो अद्भुत अर्थ है सो सम्पूर्ण एक रघुनाथजी जानत तिनकी दयाते किंचित् मैं भी कहत तहां रूपकी दया तौ शंकर ऐसे भक्तनको प्राप्त है अरु नामकी दया तौ नीच ऊंच सबको सुलभहै या हेतु गोसाईंजी नामही वन्दना करि नामही की दया बलते रामनामको अर्थ कहते हैं ताहेतु कहत कि रामनामकी मैं वन्दना करतहौं कौने रूपको नाम रघुवरको तहां रमणद्राम परशुराम बलराम इत्यादि संदेह निवारणार्थ अथवा रामनाम कहि ऐश्वर्य देखाये अरु रघुवर कहि माधुर्य देखाये काहेते ऐश्वर्यरूप सबको सुलभ नहीं अरु माधुर्यरूप सबको सुलभहै कौन भांति यथा मंडलेश्वर राजा को मन्दिर में मिलनो राजनको दुर्गम है तथा साकेतविहारी श्रीरामरूप को मिलनो ब्रह्मा शिवादिकन को प्राप्ति दुर्घट है पुनः प्रजापालनहेतु दया करि सोई राजा ऐश्वर्य त्यागि साधारण रीतिते ग्राम ग्राम बिचरत है तब नीचहू जननको प्राप्ति सुलभहै तथा जीवनपर दया करि ऐश्वर्य त्यागि साकेतविहारी दशरथ-

नन्दन ह्वै सबको सुलभ प्राप्त भये देखिये प्रथम अवतीर्ण ह्वै रविवंश कृतार्थ करे पुनः बालक्रीड़ा व्याज पुरवासिनको कृतार्थ करे पुनः मृगयादि व्याजपंचयोजन पर्यंत चौदिशिवासिनको कृतार्थ करे पुनः सखनकी भीर त्यागि सेवक बनि मुनिसंग जनकपुर तक मगवासिनको जनकपुरवासिनको कृतार्थ करे तब विचारे कि स्त्रीनको सुलभ नहीं भये याहेतु किशोरीजी समेत तापस वेषते बिचरत ग्राम ग्रामकी स्त्री पुरुषादि सबको कृतार्थ करे पुनः केवटको मिले भीलनको आदरे शबरीको माता गीधको पिता कहि गति दिये वानरनको सखा करे इत्यादि दया सौलभ्यता जामें याते गाइबेको ध्याइबे को सेइबेको सुमिरिबे को तुलसी को सब भांति सुखद समाज भो इत्यादि सुलभता विचारि रघुवररूप सब भांति उत्तम जानि तिनके नामको वन्दना करत हौं कैसा है रामनाम जगको पोषण करता है कौन भांति कि अग्नि सूर्य चन्द्रमा जगपोषण के कार्यरूप हैं अग्नि यथा प्रथम भोजन पकावत पुनः जठराग्नि भोजन पचाय देह पोषत शीतमें सब तापत आहुति आदि पूजे सब फल देत निशिमें प्रकाश करत इत्यादि अनेक भांति पोषत पुनः भानु तम नाशत उष्णता करि भूमि शोधत पुनः जल वर्षि अन्नादि अनेक औषधी उपजावत हिम जलकी सरसाई हरत प्रकाशादि अनेक भांति पोषत पुनः चन्द्रमा अमी स्त्रवत ताते औषधी पुष्टता पावत शीतलताकरि ताप हरत प्रकाश ते आनन्द देत इत्यादि जगपोषणको तीनिहूं कार्यरूपहैं तिनको कारण रामनाम है अर्थात् रकार अग्निको बीजहै सो कृशानुके अन्तर रेफ प्राप्तहै ताही ते अग्निमें भस्मतादि तेजहै पुनः अकार भानुको बीज है सो भानुके अन्तर भकार में अकार प्राप्त ताते भानुमें प्रकाशतादि प्रतापहै पुनः मकार चन्द्रमा को बीज है सो हिमकरके अन्तर मकार प्राप्त ताहीते चन्द्रमामें शीतलतादि गुणहै इति स्थूलरूपहै अरु सूक्ष्मरूपते नामके बिषे वास है जब कोऊ नाम स्मरण करत ताके उरमें तीनिहूंको प्रभाव प्रकट होत अर्थात् रकार अग्नि बीज ताके प्रभावते मोहादि जो मनको मल पुनः शुभाशुभ कर्म तिनको भस्म करिदेत यथा महारामायणे ॥ रकारोनलबीजं स्याद्ये सर्वे वाडवादयः । कृत्वा मनोमलं सर्वं भस्मकर्म शुभाशुभम् ॥ पुनः अकार भानुबीजहै सो वेदशास्त्रादि प्रकाश करि अविद्या तम नाश करत यथा ॥ अकारो भानुबीजं स्याद्वेदशास्त्रप्रकाशकः । नाशयत्येव सा दीप्त्या या विद्या हृदये तमः ॥ पुनः मकार चन्द्रबीज है तीनों तापैं हरत उरमें शीतलता करत यथा ॥ मकारश्चन्द्र-

बीजञ्च सदम्यापरिपूर्णकम् । त्रितापं हरते नित्यं शीतलत्वं करोति च ॥ पुनः दिव्यरूपते रकार वैराग्यको हेतुहै ताते शब्द स्पर्श रूप रस गंधादि जो इंद्रियनकी विषयकी चाहते कामलोभादि विकार सहित संसारसुखहेतु राग द्वेषव्यापार में मन फँसा है ताको त्याग कराय मनको शुद्ध करिकै स्वतन्त्र करत पुनः अकार ज्ञानको हेतुहै ताते जड़ चैतन्यकी ग्रन्थि भेदन करत अर्थात् ईश्वरअंश जीव प्रकृति अंश मन ताके आधीन ह्वै आपनो रूप भूलि संसाररूप अर्थात् ब्राह्मणादि देहहीको सांच मान्यो है ताको मिटाय आत्मदृष्टि की प्रकाश करत तब आपनो स्वरूप जानिपरत जो सदा स्वतन्त्र आनन्दराशि है पुनः मकार भक्ति को हेतु है अर्थात् सब आश भरोसा त्यागि प्रभुकी शुद्ध शरणागतिको प्राप्त करत यथा ॥ रकारहेतुवैराग्यं परमं यच्च कथ्यते । अकारो ज्ञानहेतुश्च मकारो भक्तिहेतुकम् ॥ तहां रकार वैराग्यद्वारा परलोक में अग्निद्वारा लोक में पोषत अकार ज्ञान द्वारा परलोकमें भानुद्वारा लोकमें पालत मकार भक्तिद्वारा परलोकमें चन्द्रमा द्वारा लोकमें सुखद लागत ताते श्रीरामनाम जीवनको लोकहू परलोकमें लालन पालन पोषणकर्ता यह प्रथमार्थहै १ ॥

2 विधि हरिहरमय वेद प्रानसे । अगुण अनूपम गुणनिधानसे २

श्रीरामनामते प्रणव सिद्ध होत ताको प्रभाव कहत कौन भांति प्रणव सिद्ध होत यथा महारामायणे ॥ रकारगुरुराकारस्तथा वर्णविपर्ययः । मकारव्यञ्जनं चैव प्रणवं चाभिधीयते ॥ अर्थात् आदि रकार पुनः दीर्घ आकार तिन दोऊ वर्णनको विपर्यय कहे उलटे ह्वैगये आकार आदि गई रकार मध्य गई आरम् अस भयो तब सूत्र लाग स्रोर्विसर्गः ॥ सकाररेफयोर्विसर्जनीय आदेशो भवति आःम् अस पद भयो हवे ॥ अकारात्परस्य विसर्जनीयस्य उकारो भवति आउम् भयो उओ ॥ अवर्णउवर्णौ परे सह ओ भवति ओम् ॥ अस भयो मोनुस्वारः ॥ मकारस्यानुस्वारो भवति ओं सिद्ध भयो सोई प्रणव वेदनको प्राणसेहै अर्थात् वेदप्रणवते सजीव है पुनः प्रणवमें अकार उकार मकार तीनि वर्ण हैं तेई विधि हरि हरमय हैं तहां अकार सतोगुणरूपहै तेहिते अनेकन विष्णु उत्पन्न ह्वै सब ब्रह्माण्डनको पालन करत अरु उकार रजोगुणरूपहै तेहिते अनेकन ब्रह्मा उत्पन्न ह्वै ब्रह्माण्डनमें उत्पन्न करत पुनः मकार तमोगुणरूपहै तेहिते अनेकन महादेव उत्पन्न ह्वै नाश करत ताते विधि हरिहरमय तीनों वर्णहैं यथा ॥ महारामायणे ॥ अकारः

प्रणवे सत्त्वमकारश्च रजोगुणः । तमोहलमकारः स्यात्त्रयोहङ्कारमुद्भवे ॥ प्रिये भगवतो रूपे त्रिविधो जायतेपि च । विष्णुर्विधिरहं चैव त्रयोगुणविधारिणः॥ पुनः प्रणवके द्वै रूपहैं तामें एक अगुणहै सो अनूपमहै जाकी उपमा को दूसरा वर्ण नहीं है ताको स्वरूप यह है ॐ पुनः दूसरा रूप गुणनिधानसे है अर्थात् क्षमा दया शांति संतोषादि अनेकन दिव्यगुण जामेंहैं ताको स्वरूप यहहै ओं यामें अकार उकार मकार प्रसिद्ध देखात सो अकारादि यावत् वर्ण हैं सब याके अन्तर्गतहैं सूक्ष्मरूपते यथा बीजके अंतर्गत वृक्ष है पुलहसंहितायाम् ॥ वीर्ये यथा स्थितो वृक्षः शाखापल्लवसंयुतः । तथैव सर्ववेदा हि रकारेषु व्यवस्थिताः ॥ पुनः स्थूलरूपते भी सर्व वर्ण हैं कौन प्रकार तहां रकार अकारकी जब वर्णविपर्यय भयो तब अर भयो तव रलयोः सावर्ण्य वा वक्तव्यम् ॥ ताते रकारकी लकार भई अल भयो सो आदिवर्णोऽन्तेन सह गृह्यमाणस्तं नामप्रत्याहारः अर्थात् मध्यवर्ण त्यागि आदि अन्तवर्ण ग्रहण करै सोई नाम प्रत्याहार भयो तहां महादेवकृत जो चतुर्दश सूत्र हैं तामें प्रथम अइउण यामें आदिकी अकार लीन पुनः अंतमें हैं शषसरहल यामें अंतकी लकार लीन दोऊ मिलेते अल भयो अब यावत् वर्ण हैं सब याही के अन्तर आइगयो याहेतु ओं यह सगुणरूप प्रणव है अब अगुणरूप प्रणव की व्याख्या यथा तहां एकआदि नवपर्यंत जो गनती के अंक हैं इनहिनमें यह ॐ प्रणव है सूक्ष्मरूपते नवो अंक यामें हैं यथा ऊपर एकको दाहिने द्वै को नीचे तीनको नीचे बीचमें चारि बाईं दिशि पांच नीचे छः नीचे बाईंदिशि सात दहिनी दिशि आठ नीचे नव येऊ नव अंक इनहूं रामनामते उत्पन्न है यथा रेफ अकार दीर्घ आकार ये तीनि वस्तु राकारमें हैं पुनः मकारमें जो सीधी पाई सो जीवको रूपहै पीछे नीचे जो बिन्दुहै सो ब्रह्मको रूपहै यथा ० पुनः बिन्दु अरु अकारके मध्य जो टेढ़ी लकीरहै यथा ∠ । सो आदि प्रकृति को स्वरूप है जो जीव ब्रह्मके बीच आवर्ण है पुनः जो जीवरूप अकारहै तामें जब नीची टेढ़ाई भई यथा ∧ सो तमोगुण है पुनः जो ऊंचे टेढ़ाईहै सो रजोगुणीहै यथा 7 पुनः जब शुद्ध जीव सतोगुणीहै सो साधाहै यथा जब सतोगुणी जीव शुद्ध पाई ब्रह्म बिन्दुमें मिल्यो यथा १ सोई एकको अंक है पुनः जब यामें रजोगुण मिल्यो यथा २ सो द्वैको अंकहै पुनः जब यामें तमोगुण मिल्यो ३ सो तीनिको अंकहै पुनः बिन्दुमें प्रकृति लागे यथा ४ चारिको अंकहै पुनः प्रकृतिमें

जीव मिले यथा ५ पांचको अंकहै याहीभांति नवो भये याही शक्तिते यंत्रादिकनमें अंकही सिद्धिदायक है इत्यादि अंक नवो यामें हैं सोई अगुण प्रणव है इन दोऊ चौपाइनमें मुदश्शृंखलालंकार है यथा रघुवरकर्णाभरणे ॥ एक मूलकार्य पुनः ताते कार्य अनेक सो कहिये मुदश्शृंखला लखौ सुहिये विवेक यामें तीनि वर्ण त्रिगुणात्मक त्रिदेव द्वारा उत्पत्ति पालन प्रलय करता रामनाम पुनः तीनों वर्ण प्रणवरूप वेद संहिता पुराण तन्त्रनके मन्त्र यन्त्रादिकनको सजीव करता प्राणरूप रामनाम यह दूसरा अर्थ भयो २॥

महामंत्र जेहि जपत महेशू । काशी मुक्तिहेतु उपदेशू ३

पुनः रामनाम जो महामंत्ररूप है अर्थात् षडक्षर रामतारक ज्यहि को महेश जपते हैं इतनेही में समग्र मन्त्रको प्रभाव कहिगये यथा सूत्रकरता बहुत अर्थ थोरे वर्णमें कहिदेत तथा महेशके जपहै अर्थात् देवनमें श्रेष्ठ योगिनमें ज्ञानिनमें भक्तनमें अग्रणीय नादवेदके आचार्य प्रलयकर्ता ऐसे महान् जाको जाप करत तौ सर्वोपरि श्रेष्ठहै पुनः जाके प्रभावते कालकूट पान करि पचाये जाके प्रभावते अजर अमर हैं इत्यादि गोप्यहैं पुनः प्रकट काशीक्षेत्रमें नर पशु पक्षी कीट पतंगादि यावत् जीव मरत ता समय दक्षिण कानमें रामतारक महामन्त्र उपदेश करि मुक्त करि देत याको प्रचार रामतापिनी उपनिषद्में प्रसिद्धहै यथा ॥ श्रीरामचन्द्रस्य मनुः काश्यां जजाप वृषभध्वजः। मन्वन्तरसहस्रैस्तु जपहोमार्चनादिभिः ॥ ततः प्रसन्नो भगवान् श्रीरामः प्राह शङ्करम्। वृणीष्व यदभीष्टं तद्दास्यामि परमेश्वरेति स होवाच मणिकर्णिकायां क्षेत्रे गंगायां वा तटे पुनः । म्रियते देहस्तज्जन्तोर्मुक्ति नातःपरं वरान्तरामिति ॥ अथ होवाच श्रीरामः क्षेत्रे च तत्र देवेश यत्र कुत्रापि वा मृताः। कृमिकीटादयोप्याशु मुक्ताः सन्तु न चान्यथा ॥ अविमुक्ते तव क्षेत्रे सर्वेषां मुक्तसिद्धये । त्वत्तो वा ब्राह्मणे वापि ये लभन्ते षडक्षरम् । जीवन्तो मन्त्रसिद्धाःस्युर्मुक्ता मां प्राप्नुवन्ति ते ॥ मुमूर्षोर्दक्षिणे कर्णे यस्य कस्यापि वा स्वयम्। उपदेक्ष्यासि मन्मन्त्रं स मुक्तो भविता शिवे ॥ इत्यादि प्रभाव है जामें सो षडक्षर कौन प्रथम बीज है पुनः चतुर्थी सहित नाम है पुनः नमः अव्यय इत्यादि षडक्षर है प्रथम बीज यथा रामनाममें षट् वस्तु हैं रेफ रकारकी अकार दीर्घाकार ये तीनि राकारमें हैं पुनः मकारमें बिन्दुहल मकार अकार तहां रेफ अर्द्धमात्रा परब्रह्महै रकारकी अकार नाद है आकार स्वर है बिन्दु ब्रह्म है मकारकी अकार जीव है बिन्दु अकारके मध्य जो टेढ़ी

लकीर सो दिव्य मात्रा है जब बिन्दु राकारके शीशपर गयो तब बीज ह्वै गयो इत्यादि सूक्ष्मरूपते षट् वर्ण तारणहार हैं यथा ॥ रामतापिन्याम् ॥ रकारः प्रथमाक्षरो भवति। अकारो द्वितीयाक्षरो भवति मकारस्तृतीयाक्षरो भवति ॥ अर्द्धमात्रश्चतुर्थाक्षरो भवति बिन्दुपञ्चमाक्षरो भवति। नादःपष्ठाक्षरो भवति। तारकत्वात्तारको भवति ॥ तदेव तारकं ब्रह्म त्वं विद्धि तदेवोपास्यमिति ज्ञेयम्। गर्भजन्मजरामरणसंसारमहद्भयात्स तारयतीति॥ तस्मात्तदुच्यते तारकमितिपरातत्तारकम्। ब्रह्मणो नित्यमधीयते स पाप्मानन्तरति॥ स मृत्युं तरति स वीरहत्यां तरति स भ्रूणहत्यान्तरति। स सर्वहत्यां तरति स संसारं तरति॥ स सर्वं तरति सोविमुक्तात्माश्रितो भवति। स महान्भवति सोमृतत्वं च गच्छतीति ॥ पुनः पूर्ण नामहै जो स्मरण करि भक्तजन अचल मन प्रेम भावते प्रभुके समीप प्राप्त रहत महारामायणे॥ जिह्वयाप्यन्तरेणैव रामनाम जपन्ति ये। तेषां प्रेमापराभक्त्या नित्यं रामसमीपकाः ॥ पुनः नामान्त चतुर्थी विभक्ति है ताको अर्थ यह कि सब आश भरोसा त्यागि शुद्ध प्रेमादि निरन्तर कैंकर्यता को पात्रहौं पुनः नमः शब्दको यह अर्थ कि शरणागतवत्सल शरणपाल जानि भवभयते आपकी शरणहौं ऐसा महामन्त्र जाको शिवजी जपत जाके उपदेशमात्र मुक्ति प्राप्त ऐसा रामनाम यह तृतीय अर्थ भयो ३ ॥

महिमा जासु जान गणराऊ। प्रथम पूजियत नामप्रभाऊ ४

पुनः ज्यहि रामनामकी महिमा गणराउ जो गणेशजी तिनहूं जानेउ है काहेते नामहीं के प्रभावते प्रथम पूजियत है जा समय शिवजी लोक में आदि पूज्य गणेश को अधिकार देनेलगे तब स्वामिकार्त्तिक आपना को बड़ा मानि उजुर करे तब शिवजी दोउनको ब्रह्मा ढिग पठाये तब ब्रह्माजी कहे कि जो त्रिलोक प्रदक्षिणा करि आवै सो पूज्य होय तब स्वामिकार्त्तिक को वाहन मयूर उड़ि चलो गणेश को मूषक शीघ्र न चलि सक्यो तब नारदजी बताये कि समग्र ब्रह्माण्ड जाके अन्तर्गत है ऐसा रामनाम लिख ताकी प्रदक्षिणा करिलेउ यह सुनि वैसही करे तब स्वामिकार्त्तिक जहां देखैं तहां मूषकके पांव आगे बने हैं सब हाल जानि संतोष करि आपही पूजे ग्रहसैवतन्त्र में प्रसिद्ध है पुनः गणेशपुराणे गणेशवाक्यं मुनिन प्रति ॥ रामनाम परं ध्येयं पेयं पेयमहर्निशम्। सर्वदा सद्भिरत्युक्तं पूर्वं मां जगदीश्वरैः ॥ अहं पूज्योभवं लोके श्रीमन्नामानुकीर्तनात्। अतः श्रीरामनाम्नस्तु कीर्तनं

सर्वदोचितम्॥ विघ्नानां च निहन्तारं दातारं सर्वसम्पदाम्। शुद्धसारं सदा स्वच्छानिर्विकारं निराश्रयम्॥ तदादिसर्वदेवानां पूज्योस्मि मुनिसत्तम। रामनामप्रभा दिव्या राजते मद्हृदिस्थले॥ अभिप्राय कि नाम पूजि सबके पूज्य भये पुनः नामांतर सर्व ब्रह्माण्ड है यह चतुर्थार्थ भयो ४॥

जान आदि कवि नामप्रतापू। भये शुद्ध करि उलटा जापू ५

पुनः नामको प्रताप आदि कवि वाल्मीकिजीने जान्योहै काहेते व्याधन की संगति पाय जिनके जीवमें कुटिलता आयगई ताते लोभवश हिंसारत ह्वैगये जब सप्तऋषिनको संग भयो नाम उपदेश दियो सो उलटा उपदेश कस्यो अर्थात् मरा मरा याको यह प्रयोजन कि रकार रामरूप है अकार भक्तिरूपहै मकार जीवरूप है याते प्रथम मकार उपदेश करे जब जीवकी वृत्ति मकारमें रत भई तब जीवकी विषमता नाश ह्वै शुद्ध भयो भाव आपने स्वरूप जानिबेको ज्ञान भयो तब शुद्ध शरणागत ह्वै नाम स्मरण करते ब्रह्मऋषि भये रामरूपकी प्राप्ति भई सो वाल्मीकिजी प्रभुसों आपही कहे यथा अध्यात्मे॥ राम त्वन्नाममहिमा वर्ण्यते केन वा कथम्। यत्प्रसादादहं राम ब्रह्मर्षित्वमवाप्तवान्॥ अहं ते रामनाम्नश्च प्रभावादीदृशोभवम्। अद्य साक्षात्प्रपश्यामि ससीतां लक्ष्मणेन च॥ अभिप्राय उलटा सीधा कैसहू जपै अनेकन जन्मके पाप नाश करि प्रभुके निकट प्राप्त करत ऐसा प्रताप नाममें है यह पञ्चमार्थ है ५॥

सहस नामसम सुनि शिव बानी। जपि जेई पिय संग भवानी ६

किसी समय शिवजी भोजनहेतु बोलाये तब पार्वतीजी कहे कि भगवत् को सहस नाम पाठ करिलेवैं तौ आवैं यह नेम आपहीकी आज्ञा ते है पुनः आपु बुलावतेहौ सो भी आज्ञा नहीं भंग करिसक्ती हैं सो कैसा करैं तब शिवजी प्रसन्न ह्वै कहे कि हे प्रिया! एक वार रामनाम उच्चारण करने ते अनेकन सहस्रनाम के तुल्य फलदायक है ताते रामनाम एक वार जपौ मानौं कोटिन सहस्रनाम पाठ करिचुकिउ तब पार्वतीजी तैसेही सत्य मानि रामनाम जपिकै पिय जो शिवजी तिनके संग भवानी पार्वती जेई नाम भोजन करतीभई शिववाक्यं पद्मपुराणे॥ रामरामेति रामेति रमे रामे मनोरमे। सहस्रनामततातुल्यं रामनामं वरानने॥ अस्यार्थः नाम स्मरणते श्रेष्ठ है मुख ताते हे वरानने! अपर सहस्र नाम जो हैं ताते अतुल्यफल राम-

नाम एक वार उच्चारण कीन्हेते होत कौन प्रकारते करै मनोरमे कहे सुन्दरे रामे कहे रामरूपे रमेसन्ते इति राम अर्थात् सुन्दरे रामरूप बिषे मन आसक्त किहे सहित इस प्रकारते राम ऐसा नाम उच्चारण करै पुनः कर्म करि राम पुनः वचन करि राम इति राम राम अर्थात् पांवनकरि प्रदक्षिणा हाथन करि सेवा पूजा श्रवण करि कथा नेत्रन करि लीला स्वरूप दर्शन इत्यादि देह करि यावत् कर्म सो राम के मुखते वचनकरि रामसुन्दरे रामरूपमें मन आसक्त या प्रकार मन कर्म वचन करि रामनाम एक वार कहेते अनेकन सहस्र नामते अधिक फलदायक है आदिरामायणे श्रीमुखवाक्यम् ॥ नारायणस्य यावन्ति पुराणेष्वागमेषु च । दिव्यनाम्ना सहस्राणि कीर्तयन् यत्फलं लभेत् ॥ ततः कोटिगुणं पुण्यं फलं दिव्यं मदात्मकम् । लभते सहसा ब्रह्मन् सकृद्रामेतिकीर्तनात् ॥ कोटिन सहस्र नाम सम एक रामनाम यह छठवार्थ है ६ ॥

हरषे हेतु हेरि हरहीको । किय भूषण तियभूषण तीको ७

पार्वतीजी केही कहे हृदय को हेतु हेरिकै अर्थात् रामनाम की प्रीति हृदय में है तहां पतिव्रतन के हृदय में प्रीति आपने पतिकी चाहिये अन्य पुरुष को नाम स्वप्ने में न लेना चाहिये यथा ॥ उत्तम के अस बस मन माहीं । स्वप्नेहुँ आन पुरुष जग नाहीं ॥ पुनः शिवपुराणे ॥ स्वप्नेपि यन्मनो नित्यं स्वपतिं पश्यति ध्रुवम् । नान्यं परपतिं भद्रे उत्तमा सा प्रकीर्तिता ॥ तौ रामनाम की प्रीति काहे को करती हैं जो कहौ भगवत् नाम है तौ वृन्दाको पतिव्रत भगवानै करिकै भंग भयो ताको उत्तर यह कि जो पतिको इष्ट देव है ता परिचर्या में स्त्री को स्वाभाविक अधिकार है तथापि जब पतिने आज्ञा दे दिया तौ अतिउत्तम ह्वै गया ताते एक तौ रामरूप इष्ट तथापि नाम स्मरण कथा श्रवणकी शिवजी की आज्ञा ताते रामनामकी प्रीति अति उत्तम है पुनः रामरूप के ध्यान नाम स्मरणते पतिव्रत नहीं लोप होत यह वचन शिवजी पार्वतीजी सों कहे हैं यथा शिवसंहितायाम् ॥ स च सीतापतिः श्रीमान् जडजीवविलक्षणः । वेदवेदान्तसर्वार्थो योगिनां परमा गतिः ॥ एष एव भवेद्भर्ता सर्वासां सुरसुभ्रुवाम् । सुरासुरनराणां च ममोपास्यश्च हैमनि ॥ एतस्मिन्कीर्तिते ध्याते श्रुते वाप्यर्चितेर्थिते । पातिव्रत्यक्षयो नैव सतीनामपि जायते ॥ इत्यादि लोकपावन सर्वोपरि रामरूप पुनः स्वइष्ट ताको नाम जीवन धन तामें प्रीति यह उत्तमता पुनः मेरी आज्ञाते पति-

व्रतधर्म सहित यथा सुगंधित सोना यह हेतु शिवजी विचारे कि एक तौ पार्वतीजी पतिव्रता सो कैसो है धर्मसाधारण स्त्री में होइ ताको त्रिदेवादि सब पूजत यथा शिवपुराणे ॥ पातिव्रत्यवृषेणैता गतास्सर्वत्र पूज्यताम्। ब्रह्मविष्णुहरेश्चापि मान्या जाता मुनीश्वरैः ॥ दूसरे रामनाम में प्रीति सो नाम कैसा है जो बेसुधि उच्चारण करै सो सुनि पाप भागत यथा सिंह के भय से मृगा भागत यथा विष्णुपुराणे ॥ अवशेनापि यन्नाम्नि कीर्तिते सर्वपातकैः। पुमान् विमुच्यते सद्यस्सिंहत्रस्तमृगैरिव ॥ तीसरे शंकर को उपदेश जो एकही वार उपदेश दैकै काशीजी में पतितन को मुक्त करत यथा अध्यात्मे ॥ अहोभवन्नामगृणात्कृतार्थो वसामि काश्यामनिशं भवान्या। मुमूर्षमाणस्य विमुक्तयेहं दिशामि मन्त्रं तव रामनाम इत्यादि शिवको उपदेश पुनः पतिकी आज्ञाते श्रद्धासमेत प्रीतिते जाप रामनाम सहस्रनाम सम विश्वास करि पुनः पतिव्रता के उरमें इत्यादि असंख्य लाभ को हेतु देखि हर जो शिवजी हरषे कहे परम प्रसन्न भये कौन प्रकार यथा बन्धुवर्ग कोऊ अलग है यद्यपि उसको मिले राखने की इच्छा नहीं है परन्तु जब काहू भांति वाको बड़े लाभ को हेतु देखिपरो तौ चतुर जन वाको मिले करि सब घरपै हुकूमति दै देत तथा शिवजी को यद्यपि तीको तन आपने तनमें मिलाइ लेने को भूख नाम मनोरथ नहीं रहै तथापि रामनाम की असंख्य लाभ जानि आपने तनमें तियतन भूषण किये भाव अर्द्धांग में मिलाइ लिये अथवा तियतनरूप एक भूषण है सो आपने अर्द्धांग में भूषित किये अरु आपनो तनरूप एक भूषणहै सो लैकै तीको जो तन है ताके अर्द्धांगमें भूषित करे अथवा तीको भूषणहै सोहाग प्रीति सहित पतिको सदा संयोग सो अचल संयोगरूप सोहाग तियको भूषण किये ऐसा सदा संयोग करे जो अर्द्धांगमें मिलाय वियोग निर्मूल करिदिये अथवा तियनमें भूषण पतिव्रता तिनमें भूषण आपनी तीको करे अर्थात् औरनमें द्वै तन हैं तिनमें मानादि विप्रलंभ ह्वै सकत इहां एक तनमें प्रयोजनै नहीं रह्यो अभिप्राय कि रामनाम जौने धर्ममें मिलै ताही को असंख्य बढ़ाय देवै यह सातवां अर्थ ७ ॥

नामप्रभाव जानि शिव नीके। कालकूट फल दीन अमीके ८

पुनः नामको यथार्थ प्रभाव शिवजी नीकी प्रकार जान्यो है काहेते शीघ्र ही मृत्युदाता कालकूटविष सोऊ नाम के प्रभावते अमीके फल दीन अर्थात्

अमर भये तहां विष तौ स्वाभाविक मृत्युदायकहै परन्तु औषधिनते शोधि अग्निमें फूंकि अनोपान के साथ खायेते अमृतके फल देत तथा सिंधु मथत में जब विष कढ़ो ताको तेज देवता न सहिसके तब भगवान् शिवजीको दैदीन तब भगवान्की आज्ञारूप औषधिनको शोधनहै हृदयमें रकाररूप अग्नि धरि तामें अकार घरियाहै विषको पानकरना सोई घरियाको धरि देनाहै मकाररूप संपुट मुखमें बंद करि चन्द्रमारूप माथेमें सलेवासो सब संधि ताय बंद करिदये रकाररूप अग्निके प्रताप विषको विकार भस्म ह्वै गयो शुद्धरस खाक रह्यो सो भक्तिरूप अनोपानके साथ खायेते अमृतसम फल दीन्हे ताते अजर अमर ह्वै गये भाव नामके प्रभावते विष ऐसी कुवस्तु सोऊ सुवस्तु होत यामें व्याघातालंकारहै यह आठवां अर्थ है ८॥

दो० वरषाऋतु रघुपतिभगति, तुलसीशालि सुदास॥
रामनाम वर वरण युग, सावन भादौं मास ९

दोहार्थ॥ इहांतक शब्दवत् नामार्थ कहि नामको प्रभाव कहे अब द्वै वर्ण करि प्रभाव कहत तहां वर्षाऋतुमें सावन भादोंके वर्षे शाली कहे धानकी वृद्धि होत यह उपमान है इहां भक्तिमें दोऊ वर्ण के स्मरण प्रभावते सुष्ठु दासनकी वृद्धि होत यह उपमेय है दोऊसम स्थापनते रूपकालंकार है अरु जहां उपमानकी शोभा लै उपमेय को शोभित करै सो लुप्तोपमा होत यथा चन्द्रमुखी इहां वर्षारूप रघुपतिकी भक्तिहै सो भक्ति तीनि भांति प्रथम नवधा यथा भागवते॥ श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। (1)
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥ पुनः प्रेमा नारदसूत्रे॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः १ सा कस्मै परमप्रेमरूपा २ अमृतस्वरूपा च ३ यल्लब्ध्वा पुमान्सिद्धो भवत्यमृतो भवति ४ यत्प्राप्य न किञ्चिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साहो भवति॥पुनः॥ प्रीति उमँगि तन रोम उठि, कंठबैन रुकिजाहि। नेत्र आंशु सो प्रेमहै, विह्वलदृष्टी ताहि॥ पुनः पराभक्ति (3)
यथा शाण्डिल्यसूत्रे॥ अथातो भक्तिजिज्ञासः। सापरानुरक्तिरीश्वरे अर्थात् ईश्वरे अनुरक्ति सा पराभक्तिः यथा सरिता प्रवाह तथा निरंतर ईश्वर में अनुरागी रहना ताको पराभक्ति कही तहां श्रवणादि व्यापारसहित ईश्वर में प्रेमानुराग होना सो भक्तिहै तामें बारह रसहैं यथा करुणा हास्य वीर भयानक बीभत्स अद्भुत ये सात गौणहैं पुनः शांत दास्य वात्सल्य सख्य

(1) श्रृंगार ये पांच रस मुख्यहैं ता रसमें चारि भाव होत प्रथम विभाव सो द्वै (2) भांति एक आलंबन विभाव जो प्रभुके लीला स्वरूपादिको देखनो दूसर (3) उद्दीपन जो कथादिको श्रवण पुनः अनुभाव पुलकांगादि तीसरे संचारी (4) हर्षादि चौथा स्थायी प्रीति इत्यादि भक्ति सोई वर्षाऋतु वर्षाकालहै तामें आषाढ़ श्रावण भाद्र क्वार चारि मास होत इहां धाम नाम रूप लीलादि मास जानिये उहां पुरवाई पवन पाय बादर उठत इहां सत्संग पुरवाई पाइ भगवत्प्राप्ति चाहके अनेक मनोरथ बादरहै मनोरथ वचन गर्जनिहै तामें चमत्कारी बिजुली है प्रीति जलहै प्रेमकी उमंग अतिवृष्टिहै सुमति भूमिहै अंतष्करण तड़ागहै अनुराग जलकी परिपूर्णताहै सब प्रकारके भक्त अनाजहैं उपदेश बीज बोवन है हरिसन्मुखादि अंकुर सनेह वृद्ध होना कामादि त्याग निरावनाहै तहां अन्नमात्र भक्तनमें जे शुद्ध रामसनेही दास हैं ते शालि नाम धान हैं सो केवल रामप्रीतिही जल करि इनकी उपराजहैं तिनके विशेषि पालनहेतु रामनामके जो द्वै वर्ण हैं ते श्रावण भादौं मास हैं कौन विधि कि धाम आषाढ़ मास है अरु लीला कुवार मास है अरु राम कहेते नाम रूप दोऊको बोध होत पुनः रामनाम दोऊ शब्द निकटहैं ताते राम कहे रामरूप अरु नाम कहेते रामको नाम तहां नाम के द्वै वर्ण राकार मकार श्रावण भादोंहैं अरु रूपमें द्वै वर्ण श्याम गौर काहेते प्रथम कहिआये हैं यथा ॥ कहियत भिन्न न भिन्न ॥ ताते दोऊ रूप दोऊ मास तामें श्याम वर्ण रघुनाथजी ते दोऊ मासके कृष्णपक्षहैं गौर वर्ण जानकीजी सो दोऊ मासके शुक्लपक्ष हैं इत्यादि गोप्य अर्थहै अरु प्रसिद्ध तौ राकार मकारही है तहां धानविशेषि पानिही में होत तथा सुष्ठु दासनको रूप नामहीं आधार है नतरु वर्षा भयेते सब अन्न होत परंतु जलकी विशेषता नहीं चाहत इहां प्रेमी भक्त मुख्य धानहैं साधकादि सावां कादौ मकरादि सामान्यहैं पुनः भगवत् कर्म शीतऋतुहै तामें निर्वासिक भक्त मुख्य ते उर्द हैं अरु सवासिक अर्थार्थी आर्त ते सामान्य मोथी जुआर बाजरादि हैं पुनः विवेक गरमऋतु है तामें ज्ञानी भक्त मुख्य ते गोहूंसमहैं जे रूक्ष ज्ञानी ते सामान्य चना मटर अरहर आदिसम हैं यथा सब ऋतु में वर्षा सहायक तथा कर्म ज्ञानादिमें रामनामहै ९ ॥

आखर मधुर मनोहर दोऊ। वरणविलोचन जन जिय जोऊ १०

अब दोऊ वर्णमात्रके गुण कहत आखर कहे अक्षर राकार मकार कैसे हैं

उच्चारण में मधुर काहेते हषऋठधघ भये ए ऐ ओ औ ये वर्ण गंभीर हैं वो जगुनके लायकहैं पुनः मन यवरलजड दगबश्र ये वर्ण मधुरहैं माधुर्य गुण के लायकहैं बाकी जो वर्ण हैं ते मध्यहैं प्रसाद गुणके लायकहैं राम ये दोऊ मधुराक्षरहैं पुनः मनोहर कहे सुन्दरहैं काहेते संध्यक्षर द्वित्वाक्षर संयोगादि नहीं ताते लिखिबेमें देखिबेमें सुनिबेमें मनोहरहैं पुनः सारीगमपधनी ये वर्ण सातों स्वर हैं तहां रकार ऋषभस्वर मकार मध्यमस्वर ताते राग के साथ गानेमें मनोहरहैं भाव भेद में मधुर अरु नादमें मनोहर पुनः यावत् वर्ण हैं तिनमें वी कहे दोऊ राकार मकार लोचनसमहैं तहां रकारकी रेफ मकारकी अनुस्वार सब वर्णनके शीशपर नेत्रसमहैं अथवा कवर्गको कंठस्थानहै सो वाणी के पांवमें है यही क्रम सर्वांगमें सब वर्णहोते मकार वाम नेत्रहै यकार नासिकाहै रकार दहिना नेत्रहै या भांति वाणीके नेत्रहैं अथवा जन जो प्राणीमात्र ते आपने जीवके नेत्रनते जोउ नाम देखु वी कहे दोऊ वर्ण राकार मकार तिनहीं के ध्यानते रामजानकीरूप देखि परैगो १० ॥

सुमिरत सुलभ सुखद सबकाहू । लोकलाहु परलोकनिबाहू ११

पुनः दोऊ वर्ण कैसेहैं सुमिरिबे को सुलभहै भाव काहूभांतिकी विषमता नहीं है पुरश्चरणादि विधिको प्रयोजन नहीं स्वाभाविक जिह्वा ते उच्चारणमात्र फलदायकहै यथा शुकसंहितायाम् ॥ आकृष्टः कृतचेतसां सुमहतामुच्चाटनं चांहसा माचांडालममूकलोकसुलभो वश्यं च मुक्तिश्रियः । नो दीक्षां न च दक्षिणां न च पुरश्चर्या मनागीक्षते मन्त्रोयं रसनास्पृशेव फलति श्रीरामनामात्मकः ॥ इत्यादि सब भांतिते सुमिरिबेको सुलभ पुनः वर्णाश्रम म्लेच्छ चांडालपर्यन्त यावत् जन हैं तिन सबको सुखदायक है काहेते प्रणवादि मन्त्र गायत्री सबको अधिकार नहीं क्योंकि उनमें इतनी पावनता नहीं जो चांडाल म्लेच्छादिकन को पावन करिसकै अरु रामनाम ऊंच नीच कोऊ होइ जो स्मरण करै तेहिको परम पावन करिदेत है यथा बृहद्विष्णुपुराणे ॥ अविकारी विकारी वा सर्वदोषैकभाजनः । परमेशपदं याति रामनामानुकीर्तनात् ॥ अथर्वणे श्रुतिः ॥ यश्चाण्डालोपि रामेति वाचं वदेत् । तेनसह संवदेत् तेनसह संवसेत तेनसह संभुञ्जीयात् ॥ पुनः सिद्धि आदि लोकही में लाभदायक अरु ज्ञान परलोकही में निबाहि अरु रामनाम कैसा है कि जाके स्मरण कीन्हेते तन धन धाम स्त्री पुत्र यश कीर्ति आदि लोक सुखकी लाभ होत पुनः परलोक में निर्वाह करत अर्थात् जब लोक सुख में

रही तौ अनेक शुभाशुभ कर्म होइँगे तिनकी बाधा मिटाय अकंटक शुभ गतिको पठैदेत सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ श्रीरामरामेति जना ये जपन्ति च सर्वदा। तेषां मुक्तिश्च भुक्तिश्च भविष्यति न संशयः ११ ॥

कहत सुनत सुमिरत सुठि नीके। रामलषण सम प्रिय तुलसीके १२

अब नाम अरु नामीकी ऐक्यता देखावत भाव यह न कोऊ समुझै कि रूपते भिन्न नामको प्रभाव कहते हैं या हेतु कहत कि तुलसीको श्रीराम लषणही की समान दोऊ वर्ण प्रिय हैं तहां जानकीरूप तौ प्रभुही के रूप में बोध प्रथमै कहि आये याते दोई रूपमें तीनिउँ रूप आइ गये तहां रकार प्रभु को रूप है अकार जानकीजी को रूप परन्तु दोऊ वर्ण एकही में हैं ताते अभेद ते रामैरूप कहे अरु मकार श्रीलक्ष्मणजी हैं याते नाम के दोऊ वर्णही रूपसम प्रिय हैं ताते सुठि कहे अत्यन्त करि नीके भावते दोऊ वर्णन को प्रभाव मुखकरि औरन सों कहतहौं अरु काननकरि सुनतहौं अरु मनकरि स्मरण करतहौं १२ ॥

वरणत वरण प्रीति बिलगाती। ब्रह्मजीवइव सहज सँघाती १३

अब नित्य नैमित्य विभूति को हेतु कहत कि या भांति नैमित्य विभूति लीलामात्र श्रीरामजानकी अरु लषणलाल तीनिहूं रूप भिन्नभी ह्वै जात ताही भांति रकार अकार अर्थात् राकार अरु मकार इत्यादि जो वर्ण हैं ते अपर अक्षरन के साथ वाणी में वर्णन करत सन्ते इनहूं वर्णकी प्रीति बिलगाइ जाती है अर्थात् छन्दादिकन में रकार कहौ अकार कहौ मकार कहौ सो यह नैमित्य लीलामात्रवत् है अरु नित्य विभूति में तौ राकार मकार सहजही में संघाती है सदैव एक संगही रहत कौन भांति ब्रह्म जीव इव यथा ब्रह्म जीव सदा संघाती है तहां रकार परब्रह्म दिव्यगुण धाम श्रीरामरूप है अरु मकार सकल कैंकर्यता में प्रवीण जीवरूप लक्ष्मणजी हैं अरु मध्यकी अकार दोऊ ब्रह्म जीव के सम्बन्ध करावने में प्रवीण भक्तिरूप महाराणीजी हैं यथा रामानुजमन्त्रार्थे ॥ रकारार्थो रामः सगुणपरमैश्वर्यजलधिर्मकारार्थो जीवः सकलविधिकैङ्कर्यनिपुणः तयोर्मध्याकारो युगलमथसम्बन्धमनयोरनन्याहं ब्रूते त्रिनिगमसुसारोयमतुलः ॥ ताते जव तक जीव आपनो रूप नहीं पहिंचानत तब तक भूला रहत जब आपनो रूप जान्यो तब भक्तिद्वारा प्रभुके निकटही है तथा राकार मकार नित्य संघाती है १३ ॥

नरनारायणसरिस सुभ्राता। जगपालक विशेषि जनत्राता १४

सुभ्राता सुष्ठुभाई जाभांति नरनारायण दोऊ भाइन को भाइपन सुन्दर है एकरस प्रीति सदा संयोग रहत तथा राकार मकारकी प्रीति संयोग सदा रहत पुनः नरनारायण सम्पूर्ण जगत् भरेको पालत परन्तु भरतखण्ड की विशेषि रक्षा राखत काहेते इहांके पालनकर्ता यही रूप है तैसे रामनाम के दोऊ वर्ण सब जग अर्थात् योगी ज्ञानी कर्मी आदिक सबको रक्षक परन्तु राम भक्तजनन को विशेष त्राता नाम रक्षक हैं इहां भरतखण्ड भरतजी की रीतिवाले जन जानिये वहांके पुजारी नारद हैं इहां नामको सनेह नारद सम पुजारी है १४॥

भक्ति सुतिय कलकरण विभूषण। जगहितहेतु विमलविधुपूषण १५

नवधा प्रेमापरादि जो भक्ति है अर्थात् अनन्य रामोपासना सोई सुतिया कहे सुन्दरि पतिव्रता स्त्री है ताकी शोभा बढ़ाइबे हेतु कल नाम सुन्दरि काननके विभूषणहैं दोऊ वर्णन भाव सौभाग्यके चिह्नहैं पुनः शोभा बढ़ावनहारहै पुनः जगत्के हितके हेतु दोऊ वर्ण विमल विधु कहे चन्द्रमा पोषण कहे सूर्य है उहां चन्द्रमा में कलंक क्षीणतादि मल है इहां मकार विमल चन्द्रसम तीनों तापैं हरत कृपारूप अमृत दै सबको पुष्ट करत रामसनेहरूप शीतल प्रकाश करि आनन्द बढ़ावत उहां चन्द्रमा रातिहूको प्रकाशते सबको मार्गादि दर्शावत तथा मकार भक्तिरूप प्रकाशते विषयी जीवन को भी कृतार्थ करत तथा सूर्यनमें बादर धूम धूरि आदि मल देखात इहां रकार सदा प्रकाशमान विमल है उहां सूर्य ताप करि भूमि शोधत प्रकाश करि सब वस्तु देखावत जल वर्षि सबकी जीविका करत इहां रकार तप्त करि कर्म भस्म करि जीवकी बुद्धि शोधत ज्ञानप्रकाश करि परमार्थ देखावत पुनः कृपाजल दै शान्ति संतोषादि अनेक चैतन्यतारूप जीविका देत यह उक्ति हनुमन्नाटककी है यथा ॥ मुक्तिस्त्रीकर्णपूरौ मुनिहृदयवयः पक्षतीतीरभूमी संसारापारसिन्धोः कलिकलुषतमस्तोमसोमार्कबिम्बौ। उन्मीलत्पुण्यपुञ्जद्रुमललितदले लोचने च श्रुतीनां कामं रामेति वर्णौ शमिह कलयतां सन्ततं सज्जनानाम्॥ इहां अभिप्राय कि ये भक्तहैं अरु नामस्मरण करत तिनकी भक्ति शोभायमान रहत पुनः जे संसारहीमें मन लगाये नाम स्मरण करत तेऊ सुखी रहत १५॥

स्वादतोषसम सुगति सुधाके। कमठशेषशम धर वसुधा के १६

यामें कर्मविपर्यय विशेष्य विशेषण हैं पुनः कैसे हैं दोऊ वर्ण जिन में स्वाद अरु संतोष दोऊ हैं कौनप्रकार तहां स्वाद तौ सुधा नाम अमृतकी ऐसीहै पुनः तोष कहे संतोष सुगतिकी समहै अर्थात् जाको सुगति प्राप्तभई ताको किसी बातकी चाह नहीं रहत पूर्ण संतोष आइजात तथा नामस्मरण कीन्हेते रकार वैराग्यरूप जगकी आशा छोड़ाइ जीवको शुद्ध करिदेत अरु अकार ज्ञानरूप प्रकाशकरि आत्मरूप दर्शायदेत तव स्वाभाविक संतोष आइजात पुनः स्वाद तीनि प्रकारका होत एक दिव्यस्वाद जो सदा बना रहै यथा नीर मिला गोदुग्ध औषधी मिलाइ पीना जामें जन्मपर्यंत पुष्टतारूप स्वादहै दूसरी सूक्ष्मरूप स्वाद यथा थोरी मिश्री मिलाय दुग्ध पीना यामें एक दिनकी पुष्ट कुछ जिह्वाको स्वादहै एक स्थूलस्वाद यथा अधौटा दुग्धमें शक्कर चीनी मिलाय पीना यह जिह्वै को स्वाद है सो अमृतमें तीनों हैं पीवतमें स्थूलस्वाद पीछे सूक्ष्मस्वाद देह पुष्ट राखत पीछे दिव्य स्वाद अमर करत तथा मकारमें अमीरूप भक्तिते भगवत् लीलास्वरूप उत्साह अवलोकनादि स्थूलस्वाद ताकरिकै पुनः नामस्मरण करि मनमें आनन्द सो सूक्ष्मस्वादहै पुनः अन्तकाल भगवत्की प्राप्ति सो दिव्य स्वादहै यहतौ परमार्थवालेनकोहै पुनः जे संसारही स्वार्थमें लगे हैं अरु नामस्मरण करते हैं तिनके धन धाम स्त्री पुत्रादि यावत् सुखद पदार्थ हैं तेई प्रजारूप जापै निवास किहे ऐसी चाहरूप वसुधा नाम भूमिहै ताको अचल धारण करिवे हेतु दोऊ वर्ण कमठ शेषसमहैं जा भांति भूमि को कच्छप शेष धरे रहत तथा रकार कमठ मकार शेषसम जापककी चाह भूमिको अचल राखत भाव धर्मसहित सुखी राखत १६ ॥

जनमन मंजुकंज मधुकरसे। जीहयशोमति हरिहलधरसे १७

द्वैकरिकै कमलको सुख प्रथम जलकी सहायताते मकरन्द रहत तेहिते कमल लवलीन रहत पुनः सूर्यनकी सहायताते किरण पाय प्रफुल्लित होत तथा जे जन अन्तमें नाम जपत ताके प्रभावते अमल ह्वैगा है मन जिनका ऐसे जे भक्तजनहैं तिनके मंजु उज्ज्वल मन तेई कञ्ज नाम कमलहैं तेहि हेतु मकार जलरूप सहायक आनन्दरूप मधु नाम रस दै मनकमलको लवलीन राखत पुनः रकार रविरूप अनुभवरूप किरणि दै मनकंजको प्रफुल्लित करत अथवा अन्तर जापक जनके मंजुमन कमलमें दोऊवर्ण मधुकर नाम

भ्रमरसम सदा बसेरहत इहां वर्णके अन्तररूप जानिये अरु जे मुखहीते नाम जपतेहैं तिनकी जीह सोई यशोमति है ताके हेतु दोऊ वर्ण हरिहलधरसम प्राप्त ह्वै पुत्रको सुख देते हैं तहां श्रीकृष्ण देवकीके प्रकट ह्वै गुप्तही आइ यशोमति के पुत्र प्रसिद्ध कहाये अरु बलभद्र गर्भ तौ देवकी के रहे सो योगमाया खैंचि रोहिणीके उदरमें करिदिये तिनके उदरते प्रकट ह्वै प्रसिद्ध रहे नाममात्र यशोदाके कहाये पुनः ग्यारहवर्ष पुत्रवत् सुख दै पश्चात् आपने स्थानको चलेगये ताहीभांति परावाणीते नामोच्चारण नाभिस्थान ते प्रकट होत सो नाभिस्थान मथुराहै परावाणी देवकी है मुख गोकुलहै जिह्वा यशोमति है रकार श्रीकृष्णहै सो जिह्वा सों उच्चारणमात्र पुत्रकरि पाये पुनः मकार बलदेवहै ओष्ठस्थान रोहिणीके पुत्र प्रसिद्ध नाममात्र जिह्वा यशोमति के कहाये तहां जो जन ग्यारहवर्ष जिह्वाते जपै ताके स्वाभाविक नाम नाभिस्थान परावाणी में उच्चारण होनेलगै १७॥

दो० एकछत्र यकमुकुटमणि, सब वरणन पर जोउ॥
तुलसी रघुवर नामके, वरण विराजत दोउ १८

अब अन्तर बाहर जापको प्रभाव कहिचुके तदनन्तर निर्वर्णकरि देखावत कि जो दोऊ वर्ण में अकारहै सो सब स्वरन में राजा है काहेते यावत् वर्ण अकारको नहीं पावत तावत् व्यंजन कहावत अर्थात् निर्बल रहत जब अकार पावत तबहीं सबै वर्ण सबल स्वतन्त्र राजपद पावत पुनः जो दोऊ वर्ण हलन्त हैं तिनमें एक जो रकार सो रेफ ह्वै छत्रसम समग्र वर्ण के शीश पर विराजत पुनः एक जो मकार सो अनुस्वार ह्वै समग्र वर्णन के शीशपर मुकुटमणिसम विराजत है इत्यादि रघुवर के रामनाम के जो दोऊवर्ण हैं ते वर्णमात्र में अर्थात् अर्थप्रभाव में नहीं केवल वर्णनमें जोउ नाम देखि लेउ यह गोसाईंजी समान लोकशिक्षात्मक उपदेश करतेहैं कि ये दो अवर्णस्वरहीन भये पर सर्व वर्णनके ऊपर छत्रमुकुट मणिसम भये जिनकी ऐसी ऊर्ध्वगामी गतिहै तिन वर्णन को उरमें धारण करो तो जीवको अवश्य ऊर्ध्वगतिको लेजावेंगे यथा मनुस्मृतौ॥ यन्नामसंसर्गवशाद्विवर्णौ नष्टस्वरौ मूर्ध्निगतौ स्वराणाम्। तद्रामपादौ हृदि संनिधाय देही कथं नोर्द्ध्वगतिं प्रयाति १८॥

समुझत सरिस नाम अरु नामी। प्रीति परस्पर प्रभु अनुगामी १९

अब नाम अरु नामी को अभेदता कहते हैं कि रामनाम अरु नामी कहे

रामरूप दोउनमें गुण समझतसंते सरिस नाम बराबरिहै कौनभांति समुझिये सो कहत कि जो नाम अरु नामी इन दोऊ शब्दन में अर्थ विचारिये तो दोऊकी प्रीतिसंबंध परस्पर कैसा देखात यथा प्रभु अरु अनुगामी अर्थात् सेवक कौन भांति यथा देहदेही अंगअंगी शेषशेषी प्रकाशप्रकाशी तथा नामनामी अर्थात् या भांति प्रकाशधामादि अनुगामी अरु प्रकाशी सूर्यादि प्रभुप्रीति परस्पर की घाम अरु सूर्य कबहूं बिलग नहीं होत तथा नाम अनुगामी अरु नामी जो रूप सो प्रभु यही प्रीति परस्पर है कि नाम अरु नामी कबहूं भिन्न नहीं होत अरु जो गुणनके समुझे नाम अरु नामी बराबरि है सो आगे देखावत १६ ॥

नाम रूप द्वौ ईश उपाधी। अकथ अनादि सुसामुझि साधी२०

कौन प्रकार नाम अरु नामी बराबरि है कि जा ईश्वर को रूप है ताही ईश्वर को नाम है अर्थात् यथा रामरूप तथा रामनाम तहां ईश कहे पर रामरूप जो साकेतनिवासी सबको प्रेरक सदा स्वतंत्र जहां ब्रह्मा शिवादि की गति नहीं यथा सदाशिवसंहितायाम् ॥ तदूर्द्ध्वं तु स्वयं भ्रान्तो गोलोकाः प्रकृतेःपरः। वाङ्मनोगोचरातीतो ज्योतीरूपः सनातनः ॥ तस्मिन्मध्ये पुरं दिव्यं साकेतमिति संज्ञकम्। योषिद्रत्नमणिस्तंभप्रमदागणसेविते ॥ तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः ॥ तहां जब किशोरीजी प्रार्थना करी कि सब जीव पीड़ित हैं तिनके उद्धारहेतु नररूप प्रकट ह्वै भूमण्डल में सुलभ ह्वै जीवन को उद्धार करो यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यन्तपीडितान् जीवान् दृष्ट्वा प्रकृतिमण्डले। सौलभ्यार्थं प्रभोस्तेषां भगवन्तं हरिं प्रियम्॥ एकान्ते प्रार्थयामास प्रसन्नं कमलेक्षणम् ॥ इत्यादि प्रार्थना मानि करुणा दया सौशील्यता उदारतादि गुण लिहे धर्ममय नररूप रघुवंशनाथ अवतीर्ण ह्वै यह इच्छा करे कि जीवमात्रनको भवसागरते पारकरि तब वेद पुराणादि प्रार्थना करे कि हमारी मर्यादा न तूरिये जे जीव भक्ति में नेकहू लागें तिनको उद्धार करिये भगवद्गुणदर्पणे ॥ सर्वान् जीवान् भवाम्भोधिं तारयेयमिति प्रभुः। चिन्तयन्नवतारस्य कार्यं तस्थौ महीतले ॥ ततो वेदैः पुराणैश्च सेतिहासैः सहेश्वरैः। आगत्य याचितो रामः पूर्वां वार्तां रिरक्षुभिः॥ सनातनीं च मर्यादां सकृतां रक्ष राघव। तवभक्तिप्रपत्तिभ्यां ये ये सेप्स्यन्ति राघव॥ कृतार्थी कुरु तांस्तांश्च लीला नैवं विछिद्यते॥ अर्थात् जे सेवा पूजा ध्यान वन्दना दर्शनादिरूप की भक्ति नेकहू करैं वा धामनामादि द्वारा नेकहू शरण होय तिन

रामरूप दोउनमें गुण समझतसंते सरिस नाम बराबरिहै कौनभांति समुझिये सो कहत कि जो नाम अरु नामी इन दोऊ शब्दन में अर्थ विचारिये तो दोऊकी प्रीतिसंबंध परस्पर कैसा देखात यथा प्रभु अरु अनुगामी अर्थात् सेवक कौन भांति यथा देहदेही अंगअंगी शेषशेषी प्रकाशप्रकाशी तथा नामनामी अर्थात् या भांति प्रकाशधामादि अनुगामी अरु प्रकाशी सूर्यादि प्रभुप्रीति परस्पर की घाम अरु सूर्य कबहूं बिलग नहीं होत तथा नाम अनुगामी अरु नामी जो रूप सो प्रभु यही प्रीति परस्पर है कि नाम अरु नामी कबहूं भिन्न नहीं होत अरु जो गुणनके समुझे नाम अरु नामी बराबरि है सो आगे देखावत १६ ॥

नाम रूप द्वौ ईश उपाधी। अकथ अनादि सुसामुझि साधी२०

कौन प्रकार नाम अरु नामी बराबरि है कि जा ईश्वर को रूप है ताही ईश्वर को नाम है अर्थात् यथा रामरूप तथा रामनाम तहां ईश कहे पर रामरूप जो साकेतनिवासी सबको प्रेरक सदा स्वतंत्र जहां ब्रह्मा शिवादि की गति नहीं यथा सदाशिवसंहितायाम् ॥ तदूर्द्ध्वं तु स्वयं भ्रान्तो गोलोकाः प्रकृतेःपरः। वाङ्मनोगोचरातीतो ज्योतीरूपः सनातनः ॥ तस्मिन्मध्ये पुरं दिव्यं साकेतमिति संज्ञकम्। योषिद्रत्नमणिस्तंभप्रमदागणसेविते ॥ तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः ॥ तहां जब किशोरीजी प्रार्थना. करी कि सब जीव पीड़ित हैं तिनके उद्धारहेतु नररूप प्रकट ह्वै भूमण्डल में सुलभ ह्वै जीवन को उद्धार करो यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यन्तपीडितान् जीवान् दृष्ट्वा प्रकृतिमण्डले। सौलभ्यार्थं प्रभोस्तेषां भगवन्तं हरिं प्रियम् ॥ एकान्ते प्रार्थयामास प्रसन्नं कमलेक्षणम् ॥ इत्यादि प्रार्थना मानि करुणा दया सौशील्यता उदारतादि गुण लिहे धर्ममय नररूप रघुवंशनाथ अवतीर्ण ह्वै यह इच्छा करे कि जीवमात्रनको भवसागरते पारकरि तब वेद पुराणादि प्रार्थना करे कि हमारी मर्यादा न तूरिये जे जीव भक्ति में नेकहू लागें तिनको उद्धार करिये भगवद्गुणदर्पणे ॥ सर्वान् जीवान् भवाम्भोधिं तारयेयमिति प्रभुः। चिन्तयन्नवतारस्य कार्यं तस्थौ महीतले ॥ ततो वेदैः पुराणैश्च सेतिहासैः सहेश्वरैः। आगत्य याचितो रामः पूर्वां वार्तां रिरक्षुभिः॥ सनातनीं च मर्यादां सकृतां रक्ष राघव। तवभक्तिप्रपत्तिभ्यां ये ये सेप्स्यन्ति राघव॥ कृतार्थी कुरु तांस्तांश्च लीला नैवं विछिद्यते॥ अर्थात् जे सेवा पूजा ध्यान वन्दना दर्शनादिरूप की भक्ति नेकहू करैं वा धामनामादि द्वारा नेकहू शरण होय तिन

तिनको उद्धार करौ सोई नामरूप द्वारा जीवन को उद्धार करिबेकी धर्मधुरीण प्रभुने प्रतिज्ञा करी यथा ॥ जो नर होइ चराचर द्रोही । आवै सभय शरण तकि मोही ॥ तजि मद मोह कपट छल नाना । करौं सद्य त्यहि साधु समाना ॥ पुनः रामायणे ॥ सकृदेवप्रपन्नाय तवाऽस्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यः ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ इति रूप पुनः नाम ब्रह्मरामायणे श्रीमुखवाक्यम् ॥ श्रीसीतारामनाम्नस्तु सदैक्यं नास्ति संशयः । इति ज्ञात्वा जपेद्यस्तु स धन्यो सर्वदा मलः ॥ पुनः आदिरामायणे श्रीमुखवाक्यम् ॥ यस्मिन्देशे न कोप्यस्ति स्वजनस्संबंधिनस्तथा । तद्देशे क्लेशसंबाधे नाम्नैको दुःखहारकः ॥ पुनः रघुकुलमें वर है तो धर्मधुरीण है तहां धर्म में चारि अंग सत्य शौच दया दान सो परिपूर्ण है यथा रामो मिथ्या न भाष्यते पुनः सत्येन लोकान् जयति दीनान् दानेन राघवः ॥ इति रामायणे पुनः रघुवीर हैं ताते समग्र वीरता करि परिपूर्ण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः । पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदा स्वतः ॥ पञ्चवीराः समाख्याता राम एव स पञ्चधा । रघुवीर इति ख्यातिः सर्ववीरोपलक्षणः ॥ ऐसे धर्मात्मा रघुवीर तेई नामरूप द्वारा जीवोद्धार की प्रतिज्ञा करे सोई प्रतिज्ञा रूप धर्मकी चिंता सदा रहत सोई उपाधि है यथा उपाधिर्नो धर्मचिन्ता इत्यमरः ॥ अर्थात् धर्मकी जो चिंता ताको उपाधि कही ताते पररूप साकेतनिवासी जे सदा स्वतन्त्र ईश हैं तेई दयाकरि लोकोद्धार हेतु रघुवंशनाथ रूप रामनाम प्रकट करे सोई नामरूप दोऊ परात्पररूप ईश में उपाधि है यथा ॥ राम सत्यव्रत धर्मरत, सबकर शील सनेहु। संकटसहत सकोचवश॥ इत्यादि भक्तभूमि भूसुरसुरभिं, सुरहित लागि कृपाल । करत चरित धरि मनुजतन, सुनत मिटहिं जगजाल ॥ इत्यादि स्वाभाविक स्वइच्छित प्रभु धारण करे है केवल दयादृष्टिकरि ताते प्रभुकी प्राप्तिके हेतु नाम रूप दोऊ मार्गैं वरोबरि हैं पुनः अकथ है काहूके कहिबे योग्य नहीं पुनः अनादि कालते ऐसेही रीति चलीआई है तामें कौन मार्ग साधिये सो कहत सुसमुझि सुगम समुझिकै साधिये २० ॥

को बड़ छोट कहत अपराधू । सुनि गुण भेद समुझिहहिं साधू २१

ध्यान सेवन पूजन वन्दनादि शरणागति रूपकी आधार पुनः कीर्ति यश प्रताप गुणादिको श्रवण कीर्तन स्मरणादि शरणागति नामकी आधार है

ये दोऊ पंथ लोकोद्धार हेतु प्रभुने प्रकट किया है तामें कौन पथ बड़ा है कौन छोटा है यह कहना अपराध है भाव दोऊ बराबरि कहा चाहिये तिनके गुण वर्णन करतमें जो गुप्त भेद है ताको साधुजन समुझि लेहैं इहां कौन भेदहै कि रूपके गुण सामान्य कहिहैं अरु नामके गुण विशेष कहिहैं याको प्रयोजन यह है कि जाभांति मुग्धा स्त्रिनको दूतीजन किसी राजाको मिलावा चाहती हैं तौ जो राजा के रूपके मिलने की वार्ता प्रथमही करै तौ वाके युवावस्था तौ पूरणभई नहीं तौ पुरुषकी चाह कहां इति अचाहते दूती की वार्ता सुनिबै न करै और अनादर करि देवै याते उस राजाके नामहीकी प्रशंसा करते करते मनमें सनेह पैदा कराय देती है आखिर कुछ काल में यौवन उमँग्यो पुरुषकी चाहरूप तरंग उठते देखि रूप रतिकी वार्ता करि मन लोभाय स्वाभाविक मिलाय देतीहै इति दृष्टांत अब दार्ष्टांत यथा इहां रघुनाथजी राजानायक हैं आचार्य दूतीहै सज्जन साधुसखी विषयी जीवनमें किंचित् चैतन्यता मुग्धावस्था है तिनको आचार्य जो प्रथमैं प्रभुरूप प्राप्तिकी क्रिया ध्यानादि उपदेशै तौ कैसे अरूढ़ होवै काहेते विषय आश लरिकाई के वश ज्ञान युवावस्था आई नहीं भक्ति तरुणता छाई नहीं तौ रघुनायक पुरुषकी चाह कहां है ताते आचार्यकी उपदेशही त्यागिदेवै ताहेतु नाम के गुण सुनावत सो स्मरण करते करते जब ज्ञान युवाभक्ति तरुणता छाई रूप प्राप्ति की चाह भई तब रूप प्राप्तिकी क्रिया भक्ति उपदेशकरि प्रभुमें रति करायदियो यथा ॥ गुरुदूती सखिया सजन, रामपिया जियनारि । ज्ञानयुवा जब वय भई, भक्ति तरुणता छाय ॥ तब कीन्हीं सुधि पीवकी, सखियां चलीं लवाय । सो रूप भक्ति की महिमा ग्रन्थांत उत्तरकांडमें कहे यथा ॥ सेवक सेव्यभाव बिनु, भव न तरिय उरगारि । भजिय रामपदपंकज, यह सिद्धांत विचारि ॥ पुनः तरहि न बिन सेए मम स्वामी ॥ इत्यादि गुप्त भेदहै २१ ॥

देखिय रूप नाम आधीना । रूपज्ञान नहिं नामविहीना २२

सोई गुण वर्णन करि नामकी विशेषता देखावते हैं कि यह बात लोक में प्रसिद्ध देखियतहै कि रूप नाम के आधीन है कौन प्रकार कि इन्द्रिय अंतष्करण जीवपर्यन्त अपनपौ नामहीको माने हैं काहेते जानिये कि दश जने एकत्र सोवते होइँ तहां जाको नाम लै पुकारौ सोई जागिकै बोलै पुनः नामही के अनुकूल सबल मुहूर्तमें यात्रा कीन्हे कार्य सिद्ध होत नाम बेधेते युद्धमें मृत्यु होत पुनः नाम विहीन किसी रूपको ज्ञान नहीं होत अर्थात् विना

नाम कहे किसी वस्तुको कोऊ समुझा समुझावा चहै सो बनतही नहीं ताते समग्र गुणन सहित रूप सूक्ष्मस्वरूप ते नामैके अंतर बसाहै काहेते नामके प्रशंसाते रूप प्रसन्न होत नाम लीन्हेते रूप चला आवत इत्यादि नाम के आधीन रूपहै २२ ॥

रूपविशेष नाम बिन जाने। करतलगत न परत पहिंचाने २३

यद्यपि रूप विशेष है अर्थात् जो गुण रूपमें है सो नाममें नहीं है यथा वज्रोपल या नाम में पत्थरमें कठोरता गुण आवत अरु याके रूपमें कौन कौन गुण हैं यथा अमोल है पुत्रदायक सुखदायक पुनः विष अरु वज्र की बाधा हरत पुनः जो हीरा नाम कहिये तौ ही कहे हृदय मेरा नाम प्रकाश हीमें प्रकाश एकही गुण यहू नाममें है सो कहत कि जो गुणनकरि रूपाविशेष है अर्थात् नामते श्रेष्ठहै तथापि जो रूप करतल कहे हाथ गत कहे प्राप्त अर्थात् हीरा हाथमें धरेहौ अरु वाको नाम नहीं जानतेहौ तौ प्राप्तहू रूपको नहीं पहिंचानि सक्केहौ जो रूपहीको न चीन्हे तौ वाके गुण कैसे जानेजायँ यथा विदेहजीको रूप प्राप्त भये परन्तु जबतक नाम नहीं जाने तबतक बोध नहीं भया तहां नाम चारि भांतिके होत प्रथम जाति यथा रघुवंशी गुण यथा श्याम क्रिया यथा धनुधारी यदृक्षा यथा प्राणनाथ तिन में अनेक भेदहैं अर्थात् ज्यों ज्यों रूपमें गुण बढ़त त्यों त्यों नामन में भेद बढ़त तिन गुणनके प्रकट करने हेतु अनेक नाम कहे जात यथा विश्वामित्र कहे यथा रघुकुलमणि दशरथके जाये। अर्थात् महाराजके पुत्र हैं इहां रूपके गुण नहीं प्रकट भये ताहेतु कहत कि ॥ राम लषण द्वउ बंधुवर, रूपशील बलधाम। मख राख्यो सब साखि जग, जीति असुर संग्राम ॥ इत्यादि रूपके गुण नामही ते प्रकट होत २३ ॥

सुमिरिय नाम रूप बिनु देखे। आवत हृदय सनेह विशेखे २४

जाभांति लोकमें किसीको यश कीर्ति गुणादि सुनि मनमें स्नेह आयो यद्यपि वाको रूप देखे नहीं तथापि विशेष सनेहते जब नाम सुमिरिये तौ वाको रूप अवश्य हृदयमें आइजाइगो तथा यद्यपि प्रभुको रूप नहीं देखा पर जब यश कीर्ति प्रतापादि गुण सुनि प्रेम आयो ताही नेहवश जब प्रभु को नाम स्मरण करनेलगे तौ नेहकी विशेषताते अवश्य रूप हृदयमें आइ जाइगो नामको सुमिरण तौ मनमें जाप करना है जाकी विशेषताते रूप

आवत वह सनेह का वस्तुहै यथा॥ चिक्कणता शोभासहित, प्रीति होय व्यवहार। मिलनिमिलनि बोलनिहँसनि, नेह जान सुखसार॥ इत्यादि की विशेषता कहे, नेहकी अधिकाई समेत नाम सुमिरै यथा अश्रु रोमांच गद्गदतादि जो प्रेम की चेष्टाहैं तिनको चिक्कणता कही पुनः प्रभुकी शोभा सुनत ही मगन ह्वैजाय ताको शोभा कही पुनः प्रभुके आधीन रहना ताको प्रीति कही पुनः लीला स्वरूपादि ढिग सदैव जाना ताको व्यवहार कही पुनः मिलनि प्रति मिलनि कहे स्वरूपादिके जब दर्शन होइ तब साष्टांगादि दण्डवत् करना पुनः स्वरूप में अपने भाव के अनुकूल हँसना बोलना इत्यादि नेह की विशेषता सहित नाम सुमिरै तौ अवश्य रूप हृदय में आवै ऐसे विदग्ध शब्दन में सुगमता देखावना यह विषयी जीवनके मन फँसावने के फन्दा हैं २४॥

नाम रूप गति अकथ कहानी। समुझत सुखद न परत बखानी २५

नामकी अरु रूपकी जो गति है प्रभावकी समुझदारी अर्थात् दोऊ के गुण वर्णन करिबेकी कहानी जोहै कथा सो अकथ है अर्थात् काहूके कहिबे योग्य नहीं है काहेते जाकी गति जानिबे में वेदादि नेति नेति करत ऐसी अगम अथाहहै ताते बरणी नहीं परत कहत नहीं बनत अरु समुझत में दोऊ सौभाविक जीवन के सुख देनहार हैं यथा॥ वारक नाम लेत जग जेऊ। होत शरण तारण नर तेऊ॥ विष्णुपुराणे॥ अवशेनापि यन्नाम्नि कीर्तिते सर्वपातकैः। पुमान्विमुच्यते सद्यस्सिंहत्रस्तमृगैरिव॥ पुनः॥ परसि चरणरज अचर सुखारी। भये परमपदके अधिकारी॥ रामायणे॥ शक्कदेवप्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम २५॥

अगुणसगुण बिच नाम सुसाखी। उभय प्रबोधक चतुर दुभाखी २६

पुनः भगवत् के पांच रूप हैं तामें द्वै संज्ञा हैं एक अगुण अर्थात् अन्तर्यामी यथा अर्थपञ्चके॥ अथान्तर्यामी विज्ञेयः सशरीरोशरीरकः। तत्राशरीरो भगवान् ज्ञानानन्दैकरूपकः॥ पुनः दूसर सगुण अर्थात् दिव्य गुणन के धाम यथा पररूप साकेतनिवासी पुनः चतुर्व्यूह पुनः अवतारादि विभव पुनः अर्चा रंगनाथादि सो सब सगुण तिनको समग्र भेद जाननहार दोऊ रूपन के बीचमें नाम साखीहै अर्थात् दोऊ को यथार्थ हाल कहिसकत पुनः अगुण सगुण द्वै देश हैं दोऊकी भाषा और और तरहकी है तहांके जाने-

वाले साधक जननको दोऊ दिशिते प्रबोधक बोली समुझाय देनेको नाम चतुर दुभासियाहै यथा विषय देशवासिनकी तौ बोली यहहै कि काम क्रोध लोभ मोह दम्भ गर्व मद अधर्म मिथःरति हिंसा तृष्णा आशा निन्दा ईर्षा अश्रद्धा अहंकार लालच अविचार पाप पाखण्ड अपयश विरोध असत्य ममता लोलुपता भूल चिन्ता अविद्या अपकीर्ति अस्पर्द्धा विषयाशादि हैं तहांते जो कोऊ साधकरूप विदेशी ह्वै अगुणदेश को गयो तहांकी बोली यहहै कि सारासारको विवेक पुनः वैराग्य पुनः षट्संपत्ति यथा ॥ वासनात्याग सदा समहै दम बाह्यवितर्कको निग्रह ठानै। देख निदोष विषयउपराम तितिक्षासहै सुख ज्यों दुख मानै ॥ शासन वेद अचारजकी सो प्रमाण हिये श्रद्धा सो बखानै। एक ह्वै चित्तसमाधि बसै यहि भांति समादि छसाधन जानै ॥ पुनः ॥ जन्म मृत्यु संसारते, कैसे छुटिहौ मित्त। सो मुमोक्ष कहिये सदा, यही विचारत चित्त ॥ इनको गाहक है पुनः विचार संतोष धर्मादि बोली नहीं समुझत सोई जो रामनामते मिलै तौ दोऊ दिशिकी बोली समझाय प्रबोधकरि मिलायदेवै अरु सगुणदेशको जो साधक विदेशी गयो तहां श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदनादि नवधा पुनः प्रेमा परादि को गाहक भयो तहांकी बोली यथा धर्म शांति संतोष समता सुशीलता क्षमा दया कोमलतादि नहीं समुझत सोऊ जो रामनामते मिलै तौ दोऊ दिशि की बोली समुझाय प्रबोधकरि मिलाइ देवै इत्यादि नाम चतुर दुभासिया है २६ ॥

दो० रामनाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ॥
तुलसी भीतर बाहिरहु, जो चाहौ उजियार २७

अब दोऊदिशि प्रकाश देखावत यथा ॥ हियनिर्गुण नयनन सगुण, रसना राम सुनाम। मनहु पुरट सम्पुट लसत, तुलसी ललित ललाम ॥ यह रामसतसई को दोहाहै इसीके अनुकूल इहौं कहत सो हृदयके भीतर अगुणरूप अन्तरात्मा बसत तहां मोहान्धकारहै सो विवेक विचार अनुभव प्रकाश में बुद्धि ज्ञाननयन करि देखिपरत पुनः ॥ गुणनिधि श्यामसुन्दर द्विभुज, धनुधारी श्रीराम ॥ रूप प्रसिद्ध नेत्रनमें प्रीति प्रकाशते प्रेमानुराग दृष्टिते देखिपरत सो गोसाईंजी कहत कि अन्तरात्मा रूप देखने हेतु विवेक विचार ज्ञानादि जो भीतर की प्रकाश है अरु रामरूप देखने की प्रेमानुराग प्रीति प्रकाश बाहेर नेत्रनमें इत्यादि भीतर बाहरहु जो उजियार चाहौ तौ हृदय-

रूप मन्दिर को द्वारहै मुख ताकी देहरी है जीभ ताके ऊपर रामनाम रूप जो मणिदीप है ताको धरौ तहां ज्ञान दीपमें विघ्न होत अरु नाम जो मणिदीपहै सो निर्विघ्न अखण्ड ज्योति है याते जिह्वाते रामनाम जपौ तौ प्रेमा परा भक्ति आई तब प्रभुकी प्राप्ति होइ यथा महारामायणे ॥ जिह्वयाप्यन्तरेणैव रामनाम जपन्ति ये । तेच प्रेमपराभक्त्या नित्यं रामसमीपकाः ॥ अथवा भीतर प्रकाशज्ञान भक्ति बाहेर प्रकाश यश कीर्ति दोऊ होत २७ ॥

नाम जीह जपि जागहिं योगी । विरति विरंचि प्रपंच वियोगी २८

यम नेम आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि इत्यादि अष्टांग योग के करनेवाले जे योगीजन हैं तेऊ जिह्वाते रामनाम जपतेहैं यथा योगप्रक्रियायाम् ॥ नामसङ्कीर्तनं विष्णोस्सुनादं श्रवणस्परम् । धृतिः क्षमा तपः शौचं ह्रीर्मतिर्गुरुसेवनम् ॥ सदैतानि परं योगी नियमानि समाचरेत् । ताही नामके प्रताप ते मोहरूप रात्रि में जागतेहैं पुनः विरति जो है वैराग्य सोई भोर है ताके प्रभावते विरंचि जो ब्रह्मा तिनको जो प्रपंच यथा ॥ जन्म मरण जहँलगि जग जालू । सम्पति विपति कर्म अरु कालू ॥ धरणि धाम धन पुर परिवारू । स्वर्ग नरक जहँ लगि व्यवहारू ॥ इत्यादि ते वियोगी कहे याहि संसारबन्धनते छूटिजाते हैं २८ ॥

ब्रह्मसुखहिं अनुभवहिं अनूपा । अकथ अनामय नाम न रूपा २९

पुनः योगिनको रामनाम कैसा करिदेत है कि जो अन्तरात्मा स्थूल सूक्ष्म कारणादि देहनते भिन्न ताते रूप नहीं पुनः जब रूप नहीं ताते जाति गुण क्रिया यदृक्षादि नाम नहीं जो नाम रूप नहीं तौ जन्म वर्धन क्षीण पीन गौर श्याम लघु वृद्ध क्षुधा पिपासा हर्ष शोकादि है तिनते रहित ताते अनामय नाम रोगरहित पुनः मन वाणीते परे ताते अकथ कहे कहिवे योग्य नहीं है ऐसा जो ब्रह्म ताको अनूप सुख जाकी उपमा दूसरी नहीं ताही सुखको अनुभवहि कहे जीव के अन्तर्गत ब्रह्मसुख तदाकार प्राप्ति करिदेत यथा उपलम्भस्त्वनुभवः इत्यमरः अस्यार्थः उपलंभः अनुभवः । द्वे साक्षात्कारस्य इत्यमरविवेके टीकायाम् ॥ अर्थात् योगीजनौ रामनाम के जाप प्रभावते ब्रह्मसुखको प्राप्त होत २९ ॥

जाना चहै गूढ़ गति जेऊ । नाम जीह जपि जानहिं तेऊ ३०

गूढ़ कहे गुप्त सो कौन वस्तु गुप्तहै तहां जो अमल आत्मा सो आठ आव-

रणमें गुप्तहै सो कौन आवरण है प्रथम प्रकृति दूसर बुद्धि तीसर अभिमान चौथ आकाश को शब्दावरण पंचम वायुके स्पर्श छठा अग्नि तत्त्व को आवरण रूप इहां तक ज्ञान रहत सातवां जल को आवरण रस अर्थात् मधुरादि रस चाह में परि जीव विमुख ह्वै गयो आठवां पृथ्वी को आवरण गन्ध तामें परि जीव विषयी ह्वैगयो ताको उद्धार करनेवाली भक्तिही है ज्ञान नहीं है ताते जे जलै आवरण तक विमुख जीव है जो शास्त्रसत्सङ्ग पाय सन्मुख भये तब सात आवरण में गुप्त जो आत्मतत्त्व है सोई गूढ़ गति जाना चाहते हैं ऐसे जिज्ञासु भक्त तेऊ जिह्वाते रामनाम जपि आत्मा को जानि लेते हैं कौन प्रकार नाम जपे वैराग्य आयो तब रस आवरण जीते पुनः सारासार को विवेक आयो तब रूप आवरण जीते पुनः मुमुक्षुता करि स्पर्श जीते पुनः शम दम करि शब्द जीते उपराम करि अहंकार जीते तितिक्षा करि बुद्धि जीते श्रद्धा करि प्रकृति जीते समाधान ह्वै आत्म आनन्द में लीन भये इत्यादि गूढ़ गति रामनाम जपत सन्ते जानि लेते हैं ३० ॥

साधक नाम जपहिं लवलाये। होहिं सिद्धि अणिमादिक पाये ३१

सिद्ध होने की कांक्षा है जिनके ते श्रवण नयनादि बाह्य इन्द्रियन की विषय खैंचि पुनः मन चित्त बुद्धि अहंकारादि की वृत्ति खैंचि एक स्थिति इति लव लगायकै जे नाम जपते हैं साधक जन तेऊ अणिमादिक सिद्धिन को पायकै सिद्ध ह्वैजाते हैं कौन भांति रामरूप में मन लगाय नाम जपै थोरे कालमें त्रिकालज्ञत्व सिद्धि पावै त्रिकालको ज्ञान होवै १ पुनः कुछ काल बीते अद्वन्द्व सिद्धि पावै शीत उष्ण न व्यापै २ पुनः कुछ काल बीते परचित्ताद्यभिज्ञाता सिद्धि पावै परचित्त की बात जानि लेइ ३ पुनः कुछ काल बीते अग्न्यर्काम्बुविषादीनां प्रतिष्टंभ सिद्धि पावै अग्न्यादिकन ते बाधा न होवै ४ पुनः कुछ काल में अपराजिता सिद्धि पावै काहूसों पराजय न होइ ५ इति क्षुद्रसिद्धि सौभाविक होती हैं पुनः श्रीरामरूप में मन लगाये नाम जपै कुछ काल बीते क्षुधा पिपासा शोक मोह जन्म मरणादि षडूर्मीरहित होय १ पुनः ब्रह्मांडनाद में श्रवण दिहे रामरूप में मन लगाये नाम जपै तौ दूरि श्रवण सिद्धि पावै दूरिकी वार्ता सुनाय २ पुनः सूर्य तेज में रामरूप स्थित करि तामें मनदृष्टि लगाय नाम जपै ताको दूरि दर्शन सिद्धि प्राप्त होइ दूरिकी वस्तु देखै ३ पुनः पवनमें रामरूप स्थित करि करि तामें मन लगाय रामनाम जपै तब मनोजव सिद्धि पावै मनसम देह की

गति होई ४ पुनः मनोरथ में रामरूप स्थित मन लगाय नाम जपै ताको मनोकाम सिद्धि होइ मनचाही वस्तु मिलै ५ पुनः सब देहन में जो आत्मा तामें रामरूप स्थित करि तामें मन लगाय नाम जपै तब परकायप्रवेश सिद्धि होइ परदेहमें प्रवेश ह्वै जाय ६ प्राणायाम विधि प्राण ब्रह्मांडमें चढ़ाय तहां रामरूप में मन लगाय नाम जपै तब स्वच्छंदमृत्यु सिद्धि होइ ७ देवसत्त्व सहित रामरूप में मन लगाय नाम जपै तब देव स्त्रीक्रीड़ा सिद्धि प्राप्त होइ ८ सत्यसंकल्पमय रामरूप में मन लगाय नाम जपै तब यथासंकल्प सिद्धि प्राप्त होइ ९ अभंग आज्ञामय प्रभु में मन लगाय नाम जपै ताको आज्ञा अप्रतिहतासिद्धि होइ कबहूं आज्ञा न भंग होइ १० इति दश सिद्धि सामान्य गुणसंबंधी हैं पुनः शब्द स्पर्श रूप रस गंधादि जो तन्मात्रा हैं तिनमें रामरूप स्थित करि तामें मन लगाय नाम जपै तौ अणिमासिद्धि प्राप्त होइ अणुमात्र देह होइ १ पुनः ज्ञानमय महत्तत्त्व में रामरूप स्थित करि तामें मन लगाय नाम जपै ताको महिमा सिद्धि प्राप्त होइ देह स्थूल ह्वैसकै २ आकाशादि पंचभूतन में रामरूप स्थित करि मन लगाय नाम जपै तौ लघिमा सिद्धि होइ देह लघु होइ ३ पुनः सात्त्विक अहंकारमय प्रभुरूपमें मन लगाय नाम जपै तौ प्राप्ति सिद्धि होइ इन्द्रिय देवसहित परदेह में प्रवेश होइ ४ पुनः क्रिया महत्तत्त्वमें रामरूप में मन लगाय नाम जपै तौ प्रकाश्य सिद्धि होइ भूम्यादि गुप्त पदार्थ देखै ५ पुनः त्रिगुण मायाप्रेरक कालमय रामरूप में मन लगाय नाम जपै तौ ईशता सिद्धि होइ ईश्वरी शक्ति प्रेरणादि ६ पुनः तुरीय अवस्थामय रामरूप में मन लगाय नाम जपै तौ वशिता सिद्धि होइ विषयते विलग ह्वैजाय ७ पुनः अगुणमय रामरूपमें मन लगाय नाम जपै ताको अवश्य अति सिद्धि प्राप्त होइ इच्छामात्र सर्वांग सुख प्राप्त रहै ८ इत्यादि आठौ सिद्धि भगवत् प्रधान हैं सब ते ईश सिद्धि है सोपि रचित रामरूपमें मन लगाय नाम जपै सब सिद्धि प्राप्त ह्वै सक्ती हैं परन्तु विषय सुख परम सिद्धि है ताके साधन में सौभाविक जीव लगे हैं तौ इनको कौन पूछै ३१ ॥

जपहिं नाम जन आरत भारी। मिटहिं कुसंकट होहिं सुखारी ३२

प्रथम योग बलवाले ज्ञानी भक्त कहे पुनः गूढ़तत्त्व जाननेवाले जिज्ञासु कहे पुनः साधनावाले अर्थार्थी कहे अब आरत कहते हैं कि जिनको अत्यंत क्लेश परो काहू भांति उबार न देखै यथा गज द्रौपदी आदि अथवा जब

किसीते कोई कसम में गोला तप्त कराही आदि लेत ता समय में सब आश भरोसा छांड़ि महाभारी आरत है नाम जपत ताको कुसंकट तुरतही मिटि जात अर्थात् बरत गोला हाथेपर धरिलेत सो प्रभुकृपाते शीतल है जात यह लोकविदितहै इत्यादि आरत जन नाम भजि सुखी होते हैं ३२॥

रामभक्ति जग चारि प्रकारा। सुकृती चारिउ अनघ उदारा ३३

तहां आरत जिज्ञासु अर्थार्थी ज्ञानी इत्यादि चारि प्रकारके श्रीरामभक्त जग में होतेहैं ते चारिहू सुकृती हैं पुनः अनघ कहे पापरहितहैं काहेते अनेकन जन्म जब सुकृत किहिनिहै तव सब पाप नाश भयो हृदय शुद्ध भयो तब रामभक्ति आवत यथा महारामायणे॥ ये कल्पकोटिसततं जपहोमयोगैर्ध्यानैः समाधिभिरहोरतब्रह्मज्ञानात्। ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तदा भवति तेष्वपि रामपादौ॥ पुनः उदार कहे औरन को भवसागर पार करनेवालेहैं काहेते उनको यश भगवत् यशसम्बन्धी है ताते उदारहै ३३॥

चहुँ चतुरनकहँ नाम अधारा। ज्ञानी प्रभुहि विशेष पियारा ३४

पुनः चारिहू प्रकार के भक्त चतुर हैं कौन चातुर्यता है कि इन्द्रियनकी विषय चाह देहसुख जो जगमें मायाजाल है ताके फन्दमें नहीं आवते अथवा और साधनमें नहीं भूलते केवल भक्तिहीको ढूंढ़ते हैं यथा प्रभु कहे भुशुण्डि जीसों। रीझेउँ देखि तोरि चतुराई। मांगेउ भक्ति मोहिं अति भाई॥ ताते चतुरहै तिन चारिहू भक्त चतुरनको सब साधन त्यागि निर्विघ्न सर्वोपरि जानि एक रामनामही आधारहै ताते प्रभुके सब प्यारे हैं तिनमें जो ज्ञानी हैं अर्थात् जाके काहू बातकी कांक्षा नहीं है लोकमें समदृष्टि किहे प्रभुको भजते हैं ते प्रभुको विशेष प्यारे हैं यथा गीतायाम्॥ चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन। आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥ तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते। प्रियो हि ज्ञानी नित्यार्थमहं स च मम प्रियः॥ अर्थात् एक भक्तिही में रतहै याते अधिक प्रिय है ३४॥

चहुँयुग चहुँश्रुति नाम प्रभाऊ। कलि विशेषि नहिं आन उपाऊ ३५

चारिहूं युगमें रामनामको प्रभाव विदित रहाहै तहां सतयुगमें प्रह्लाद वाल्मीक्यादि द्वारा प्रसिद्ध है पुनः त्रेतामें तो रामरूप नाम प्रसिद्धै रहै द्वापर में श्वपचादिकनते प्रसिद्ध कलियुग में रामानन्दादि बहुत महात्मा भये पुनः चारिउ वेदनमें रामनामको प्रभाव विदितहै॥ ऋग्वेदे॥ परंब्रह्म

ज्योतिर्मयं ना उपास्यं मुमुक्षुभिः ॥ यजुर्वेदे ॥ रामनाम जपते नैव देवतादर्शनं करोति कलौ नान्येषाम् ॥ सामवेदे ॥ रामनामजपादेव मुक्तिर्भवति ॥ अथर्वणवेदे ॥ यश्चाण्डालोपि रामेति वाचं वदेत्तेन सह संवदेत् तेन सह संवसेत्तेन सह संभुञ्जीयात् इत्यादि चारिउ वेदन चारिउ युगनमें है परन्तु कलियुगमें तो विशेष रामनामहीके प्रभावते जीवनको उद्धार ह्वै सकत काहेते अधर्मको प्रचार ताते विषयी विमुख जीवनकी वृद्धि ताते ध्यान पूजा यज्ञादि और उपाय नहींहै यथा वाल्मीकीयटीकायाम् ॥ रामेति वर्णद्वयमादरेण सदा स्मरन् मुक्तिमुपैति जन्तुः । कलौ युगे कल्मषमानसानामन्यत्र धर्मेष्वनुनाधिकारः ॥ पुनः प्रपन्नगीतायाम् ॥ हरिर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम् । कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा ॥ अरु जे रामनामौं ते विमुख हैं ते कलियुग में कैसे उद्धार होइँगे सो लक्ष्मीजीसों नारायणको वचन है भविष्योत्तरे ॥ जीवाः कलियुगे घोरा मत्पादविमुखाः सदा । भविष्यन्ति प्रिये सत्यं रामनामविनिन्दकाः ॥ गमिष्यन्ति दुराचारा निरये नात्र संशयः । कथं सुखं भवेद्देवि रामनामबहिर्मुखे ३५ ॥

दो॰ सकल कामनाहीन जे, रामभक्ति रसलीन ॥
नाम सुप्रेम पियूषह्रद, जिनहिं कियो मनलीन ३६

अब चारिउको सारांश पंचम भक्त प्रेमीको कहते हैं तहां साधक अर्थार्थिनके तौ कामना प्रसिद्धै है जिज्ञासुनके तत्त्वज्ञाता होनेकी कांक्षा ज्ञानिनके मुक्तिकी कांक्षाहै सो कहत कि जे सकल कामनाहीनहैं अर्थात् शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादि इन्द्रिय सुखभोगादि जो लोककी कामना पुनः स्वर्गमुक्ति वैकुंठादि परलोक की कामना इत्यादि करि हीन हैं अरु श्रीरामभक्तिको रस जोहै प्रेम तामें जे लीनहैं उसीमें मिलिगये ऐसे जे प्रेमी भक्तहैं ते कैसे हैं कि सुन्दर जो रामनाम है ता सम्बन्धी जो प्रेमहै सोई पियूष नाम अमृत ताको ह्रद नाम अथाह जलाशय है तामें आपनो मन जिन्होंने मीन नाम मछरी करि उसीमें मग्न है यथा मीन जल त्यागतही मरत तथा प्रेमकी दशइं दशा में प्राण त्याग होत यथा दशरथ महाराज ३६ ॥

अगुण सगुण द्वै ब्रह्म अनूपा । अकथ अनादि अगाध अनूपा ३७

ब्रह्म कैसाहै अकथहै वेदादि काहूके कहिबे योग्य नहीं पुनः अनादि है जाकी आदि कोऊ नहीं जानत पुनः अगाधहै जाके प्रभावकी थाह नहीं

अनूपहै जाकी उपमाको दूसरा नहीं ऐसा जो ब्रह्म है ताके द्वै रूप हैं एक अगुण अन्तरात्मा चिदानन्दमय प्रकाशक अमूर्ति सद्गुणराशि दूसरा सगुण ब्रह्म तामें द्वै भेद प्रथम चितूस्वरूप यथा ईश्वर जीव गुण ज्ञान दूसरा अचितूस्वरूप तामें द्वै भेद प्रथम प्राकृत यथा माया महातत्त्व अहंकार पंचभूतादि ब्रह्मांडरचना दूसरा आचित अप्राकृत ताहू में द्वै भेद प्रथम नित्य विभूति वैकुण्ठादि दूसरा अप्राकृत कालरूप यथा दण्ड पल दिन राति युग कल्पांतादि ३७॥

मोरे मत बड़ नाम दुहूते। कियज्यहि जग निजवश निजबूते ३८

सो गोसाईंजी कहत कि मोरे मतसों अगुण सगुण दोऊते नाम बड़ाहै कौने विचारते मैं कहतहौं कि ज्यहि रामनामने निज कहे आपने बूतते बरबस दोऊ रूपनको जगमें निज वश करिराख्यो है काहेते जाही रूपमें मन लगाय नाम जपो ताही रूपको मिलाय देवे ३८॥

प्रौढ़ि सुजनजनि जानहिं जनकी। कहौं प्रतीति प्रीति रुचि मनकी ३९

यह जो मैंने अपना मत कहा है ताको सुनिकै सुजन लोग जे हैं ते जन की प्रौढ़ि जनि जानैं अर्थात् जन जो हौं मैं ताकी प्रौढ़ि कहे यथा कविजन प्रौढ़ोक्ति अलङ्कारमें झूंठ सांच निज मति कल्पित ढिठाई करि कहि डारते हैं तैसी प्रौढ़ोक्ति सुजन जन न समुझैं काहेते वेद प्रमाण सुनि रामनाम के माहात्म्य को मेरे प्रतीति आई ताकारणते प्रीति भई यही हेतुते मैं आपने मनकी रुचि कहतहौं ३९॥

एक दारुगत देखिय एकू। पावकसम युग ब्रह्मविवेकू ४०

मेरी बातको सुजन लोगो विचारि लेउ कि जो ब्रह्मके युग नाम द्वै जो विवेक हैं अर्थात् अगुण सगुण सो पावक नाम अग्निसम हैं कौन प्रकार एक दारु नाम काठके अन्तर्गत एक अग्निहै तथा अन्तरात्मा व्यापक ब्रह्महै अरु एक अग्नि दीपक चूल्हा दावानलादि में जो प्रसिद्ध देखात है तथा ईश्वर जीव ब्रह्माण्ड की यावत् रचना पुनः कालादि सो सगुण ब्रह्मको रूप है इत्यादि ब्रह्म अग्नि की समहै ४०॥

उभय अगम जग सुगम नामते। कहौं नाम बड़ ब्रह्म रामते ४१

या भांति दोऊ अग्निके स्वरूप विना नाम लीन्हे मनोरथमात्र चाहना कीन्हेते अगमहै पुनः जब नाम लै मांगो कि अग्नि हमको चाहिये तब

प्रसिद्ध भी अग्नि मिलिसकत अरु जो काठ के अन्तर्गत है सो काठ घसेते सोऊ प्रकट ह्वै सकत ताहीभांति उभय कहे दोऊ सगुण अगुण ब्रह्मस्वरूप मिलिबे में अगम है सोऊ श्रीरामनामके प्रभावतें जगमें सुगमहै जो मन लगाय नाम जपै तौ अगुण भी ब्रह्म प्रकट होत यथा प्रह्लादजी अगुणै ब्रह्म में मन लगाये नाम जपत रहैं सो खम्भाते नृसिंहजी प्रकट भये पुनः ध्रुवजी सगुणरूप में मन लगाय नाम जपत रहैं तहां वैकुंठवासी चतुर्भुजरूप प्रसिद्ध दर्शन दये इत्यादि दोऊ ब्रह्मरूप नाम प्रभावते सुगम हैं इत्यादि द्वै रूप ब्रह्म तेहिते पररूप साकेतविहारी जो दशरथनन्दन अवतीर्ण भये सो रामरूप अरु जो प्रथम ब्रह्मरूप कहि आये इन दोऊ ते नाम बड़ा करि कहतहौं ४१ ॥

व्यापक एक ब्रह्म अविनाशी । सत चेतन घन आनँदराशी ४२

प्रथम सगुण अगुण द्वै रूप ब्रह्मके कहिआये तहां सौभाविक ब्रह्म निर्गुणै बोधक है या हेतु कहत कि जो एक ब्रह्म सबमें व्यापक अविनाशी है यथा घाम सब जगमें व्यापक अरु सबसे न्यारा है पुनः जाकी कबहूं नाश नहीं पुनः सत कही कालकर्म स्वभाव रहित सदा एकरस पुनः चेतन कहे शब्दादि विषय विकार जामें छुइ नहीं जात अर्थात् सदा स्वतन्त्रहै पुनः घन कहे समूह आनन्द की राशिहै सदा आनन्द परिपूर्ण है ४२ ॥

अस प्रभु हृदय अछत अविकारी । सकल जीव जगदीन दुखारी ४३

जो पूर्व कहि आये ऐसा प्रभु अगुण ब्रह्म जीवके अंतर व्याप्त है यथा औषधमें पुष्टता जो औषध सूखिजाय अथवा फूंकि देने पर खाकपर्यन्त पुष्टता बनीरहत तथा जीवनके हृदय में जो ब्रह्महै ताके अछत कहे वर्तमान देखत है जो अविकारी अर्थात् आप विकार रहितहै अरु जे जीवहैं ते अनेक विकार धारण किहे अर्थात् काम क्रोध लोभ मोह मद अहंकारादि विकारन के वश ह्वै जगसम्बन्धी सकल जीवते शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादि इन्द्रिय विषयकी चाह में सब दीन हैं अर्थात् चाहनावश कंगाल ह्वै रहेहैं पुनः काम क्रोध लोभ मोहादिवश दुखारी कहे काल कर्म स्वभाव के फंदमें परे अनेकन योनिन में भ्रमते हैं दुःख भोगते हैं इत्यादि विकारी जीवके अंतर अविकारी ब्रह्म स्वयं प्रकाश नहीं करत ४३ ॥

नामनिरूपण नाम यतनते । सो प्रकटत जिमि मोलरतनते ४४

जो रूप ब्रह्मव्यापकादि नहीं प्रकट ह्वै सकत ताही हेतु नामकी यतनते अर्थात् रामनाम जापकरि जो अगुणरूप प्राप्तिकी इच्छा करै तौ रामनाम के प्रभावते जब अगुण ब्रह्मादि नामनको निरूपण करै अर्थात् नामनको अर्थ विचारै तौ सोई अगुणादिरूप प्रकट ह्वै आवै कौन प्रकार यथा रत्नते मोल प्रकटत सो उहां रत्न नाम मुख्य इहां रामनाम मुख्य उहां रत्नपारखी जवाहिरी इहां नाम पारखी रामानुरागी भक्त उहां रत्नपरीक्षा विद्यामें प्रवीण इहां नाम निरूपण में प्रवीण उहां रत्नयतन अर्थात् रत्नपारखि में अभ्यास इहां नाम यतन अर्थात् नाम जपने में अभ्यास उहां जवाहिरी रत्न यत्नते परीक्षा करि रत्नको मोल प्रकटत इहां रामानुरागी भक्त नाम यतनते नाम निरूपण करि नाम में रूप प्रकटत प्रथम रत्नपारखि मोल यथा मोती एक तौल रत्ती द्वै सो पैंतिस रुपया मोल रत्ती ३ मोल ५०) रत्ती ६ मोल १३२) पुनः मासा १ मोल ३५३) मासा १॥ मोल ८००) मासा २ मोल १०००) मासा २॥ मोल १३००) मासा ३ मोल २०००) मासा ३॥ मोल ३२००) मासा ४ मोल ५३००) पुनः चारिमासेमें तेरह मोती ताको मोल ३२५) मासे ४ मोती १६ मोल २००) मासा ४ मोती २० मोल १७०) चारि मासे को धुवा में गनती मोल यथा मोती २५ मोल १३०) मोती ३० मोल ७०) मोती ४० मोल ५०) मोती ५५ मोल ४०) मोती ८० मोल ३०) मोती १०० मोल २५) मोती २०० मोल १२) मोती ३०० मासे ४ मोल ६) मोती ४५० मासे ४ मोल ३) इति मोती अथ पद्मराग एकपल तौल १ मोल छब्बीस हजार २६०००) मासे ३० मोल २००००) आधेपलको पुखराज मोल १२०००) मासे दश मोल ६०००) मासे ४ मोल २१००) मासे २ मोल ५००) इति पद्मराग अथ हीरा तौल चाउर २० भरि मोल द्वै लाख चाउर १८ भरि डेढ़ लाख चाउर १६ भरि सवाउ लाख चाउर १४ भरि एक लाख चाउर १२ भरि मोल ६६५००) चाउर १० भरि मोल ४००००) चाउर ८ भरि मोल १२५००) चाउर ६ भरि मोल ८०००) चाउर ४ भरि मोल ६६६६) इति हीरा पुनः लालको यही भाव पुनः इन्द्रनीलमणि मरकत पिरोजा वैडूर्यादि को पद्मरागवत् भाव पुनः मीन शङ्खवाराह सर्प गजादिके मुक्तावत् भाव सबमें दोषण के भये मोल घटि भी जातहै पुनः नामनिरूपण महारामायणे॥ अप्सु नारे गृहं यस्य तेन नारायणः स्मृतः। जीवानाराश्रया यस्य तेन नाराणोपि वा॥ सर्वे वसन्तिवै यस्मिन्सर्वस्मिन्वसते च यः। तामाहुर्वासुदेवं च योगिनस्तत्त्वद-

शिनः ॥ व्यापकोपि हि यो नित्यः सर्वे चैव चराचरे । विष्लृव्याप्तौ च यो धातुर्विष्णुरित्यभिधीयते ॥ कृषिर्भूवाचकश्चैव णश्च निर्वृतिवाचकः । तयोरैक्यं महाविद्ये कृष्ण इत्यभिधीयते ॥ कथ्यते स हरिर्नित्यं भक्तानां क्लेशनाशनः । भरणं पोषणं विश्वं विश्वंभर इति स्मृतः ॥ वायुर्बहुगणे पूर्णो जगतामेव वर्वते । सर्वभिन्नं निराकारं निर्गुणं ब्रह्म उच्यतो । यस्यानन्तानि रूपाणि यस्य चान्तं न विद्यते ॥ कला वै धिष्ठिताः सर्वा यस्मिन्निति कलानिधिः ॥ इत्यादि यावत् नाम हैं तिनके निरूपण कीन्हे ते रूप प्रकट होत पुनः यावत् नामहैं तिनको प्रकाशकर्ता रामनाम है यथा महारामायणे ॥ परमेश्वरनामानि सन्त्यनेकानि पार्वति । एकादेकमहास्वच्छमुच्चारान्मोक्षदायकम् ॥ नाम्नामेव च सर्वेषां रामनामप्रकाशकः ॥ तथा यावत् रूपहैं तिनको प्रकट करनेवाला रामनामहै यथा रामनामहीके प्रभावते नृसिंहजी खंभाते प्रकटभयेइत्यादि पुनः दूसरा अर्थ जाभांति जवाहिरी रत्नपरीक्षा यतनते यावत्रत्नहैं तिनके नामको प्रकट करि सकत अर्थात् यह हीराहै वा पद्मराग है वा मोतीहै पुनः तिनके रूपको जो प्रभाव अर्थात् मोल प्रकट करि सकत यथा मोती आधी रत्तीकोहै ताको भाउकी मोती सवाये दूने दाम तहां चारि मासेमें १६ मोती २००) के भये सो आधी रत्तीको एक मोती भया ताको मोल १२॥) को भया जब याको सवाया होय तब २५) को भया ताहीभांति रामानुरागी रामनामकी यतनते अर्थात् नामाभ्यासते सब नामनते सब रूपनको प्रकटत यथा वासुदेव नाम ताको रूप कि जामें सब बसा है वा जो सबमें बसा है सोई वासुदेवरूप है इत्यादि सब रूपनको बोधकर्ता रामनाम है ४४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणेबालकाण्डेरामनामवर्णनोनामपञ्चमःप्रकाशः५॥

दो० निर्गुणते यहिभांति बड़, नामप्रभाव अपार ॥
कहौं नाम बड़ रामते, निज विचार अनुसार १

जो पूर्व कहिआये यहिभांति निर्गुण ब्रह्मते बड़ा रामनाम को प्रभाव अपार है अर्थात् जाके प्रभावको वेदादि पार नहीं पावते हैं पुनः गोसाईजी कहत कि निज कहे आपने विचारके अनुसार श्रीरामरूपते रामनाम बड़ा करि कहतहौं १ ॥

राम भक्तहित नरतनु धारी। सहि संकट किय साधु सुखारी २

या प्रसंगमें जो रूपमें एक गुण कहे सोई नाममें अनन्त कहे सो कौने विचारते कहे सो जौन गुण रूपमें होत सोई नामद्वारा लोकमें प्रकाश होत यथा बलि हरिश्चंद्रादि दानकरि दानी कहाये पुनः नामकी जो प्रशंसा सो रूप में स्थित होत यथा भक्तमालादिकमें भक्तनके नामकी प्रशंसा सुनि उनकेरूपन को सब धन्य मानत तामें यह विशेषताहै कि रूप तौ एक समय प्रसिद्ध पुनः एक थल स्थित पुनः जो जो गुणहैं सो एक रूपते स्थित पुनः सोई गुणनको लैकै नाम दशौ दिशा को चल्यौ यथा एक मूलते बेलीनसी ज्यों फैलत गयो त्यों त्यों शाखा बढ़त बढ़त अनंत ह्वै गई जब वाके दल फूल फलादिते लोकजननको भला भयो यथा नाम स्मरणादिक ते सबको भला होत सो अनंत ठौर प्रशंसा ह्वैरही इत्यादि जो गुण रूपमें एक सोई गुण नाममें अनंत होत यहि विचारते गोसाईंजी कहत यथा भक्तनके हितहेतु श्रीरघुनाथजी नरतनधारणकरे अर्थात् जो साकेतनिवासीरूप ब्रह्मादिकनको अलभ्य तेई प्रभु आपनी ऐश्वर्य गुप्त करि प्रकृतिमण्डलमें अवतीर्ण ह्वै राजकुमार कहाये अर्थात् परिकर समेत रूप नाम लीला धाम प्रकट भये ताते गाइबे को ध्याइबे को सुमिरिबे सेइबे को दर्शनादि भक्तन को सुलभ प्राप्त भये इत्यादि नरतन धरेते भक्तन को हित भयो पुनः नरनाट्यलीलामात्र दुःख सहिकै साधुन को सुखारी किये अर्थात् पैदर चलि राक्षसन सों युद्ध करि ऋषिकी यज्ञ पूर्ण करे धनु तोरि विदेहको प्रण राखे वनयात्रामें पैदर चलना फल फूल खाना भूमिशयन वल्कलवसन धारण इत्यादि संकट सहि राहमें अत्रि शरभंग सुतीक्ष्ण अगस्त्य शबरी जटायु आदि अनेकनको सुखी करे पुनः प्रियवियोग खलन सों युद्ध करि शक्ति लागनादि संकट सहि खलनको मारि अनेकन साधुन को सुखी करे यह एक मूलस्थान रूपके गुण हैं २॥

नाम सप्रेम जपत अनयासा। भक्त होहिं मुदमंगलवासा ३

अब पूर्व चौपाईके अंतर्गत यावत् गुणहैं अर्थात् करुणा दया सुशीलता उदारता शरणपालता वत्सलता सौलभ्यता यश कीर्ति प्रतापादि सो सब श्रीराघवेन्द्रजीको नाम है ताको श्रवण कीर्तनादि अथवा रामनाम सहित प्रेम जपत संते अनयास कहे नामको कुछ परिश्रम नहीं परत सौभाविक नामके प्रभावते मुदमंगल में भक्तनको वास होत मुद कहे अंतर आनन्द

समूह में मन बसो मंगल कहे प्रसिद्ध उत्सव में देहते बसे तहां नामांतर रूप को प्रभाव रहत यह वार्ता लोक में प्रसिद्ध है कि अधर्मी पुरुषको प्रभातकाल कोऊ नाम नहीं लेत अरु धर्मात्मा उदार दानिन को नाम लै सब आपनो व्यापार प्रारंभ करत ३ ॥

राम एक तापस तिय तारी । नाम कोटि खल कुमति सुधारी ४

अब मूलस्थाने रूपते शाखा समगुण प्रकट करत तहां दशादिशाहैं याते दशै गुण नाम द्वारा कहत यथा राम जो श्रीरघुनाथजी ते रूपते एक तापस की तियको तारी अर्थात् अहल्याको पापशापते उद्धार करे यामें उदारता गुणहै तहां देश काल पात्र कुपात्र कुछ न विचारना स्वार्थहीन याचकमात्र को मनवांछित दान देना सोई उदारता गुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात् । वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरे ॥ यामें क्रम भंग है अर्थात् प्रमथ ऋषिकी यज्ञ कहि तब अहल्याको कहनो क्रम रहै सो प्रथमही अहल्याको कहे ताको यह हेतु कि प्रभु अवतीर्ण होतही प्रथम उदारता गुणको प्रकट करे कि जीवमात्रनको भवसागर उतारि देवैं यह जानि वेदादि स्तुति करे कि हे प्रभु ! सनातन मर्यादा न तूरिये जे जन नेकहू भक्ति धारण करें तिनको उद्धार कीजे तब प्रभु यह प्रतिज्ञा करे कि तन मन ते रूपके दर्शनमात्र पुनः नाम के उच्चारणमात्रते जीवन को उद्धार करैंगे यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ दित्साकुलमना रामः कीर्त्याकृष्टसदुत्तरः । सर्वान् जीवानम्भोधिं तारयेयमिति प्रभुः ॥ ततो वेदैः पुराणैश्च सेतिहासैः सहेश्वरैः । आगत्य याचितो रामः पूर्वां वार्तां रिरक्षुभिः ॥ धर्माधर्मादिवैयर्थ्यं कर्तुं तेनोचितं प्रभो । सनातनीं च मर्यादां सकृतां रक्ष राघव ॥ तव भक्तिप्रपत्तिभ्यां ये ये संप्स्यन्ति राघव । कृतार्थी कुरु तांस्तांश्च लीला नैवं विछिद्यते ॥ सो निर्हेतु उद्धार करे याते यह उदारता गुण याही में है या हेतु प्रथम अहल्या को प्रसंग है तहां औरनके उद्धार में दर्शन प्रणामादि कुछ हेतु प्रथम होइगो अरु अहल्यामें निर्हेतुहै काहेते वह पाषाण रहै याते दर्शादि अभावहै या हेतु कहत कि नाम रूप द्वै मार्ग प्रभुने प्रकट किया तामें रूपते एक अहल्या को तारे अरु प्रभु को नाम कोटिन खलन की कुमति सुधारी अर्थात् जिनकी मोहवशते बुद्धि कुमार्गी है गई ताते हिंसादि में प्रीति भई पापकर्म करत पापनके धनी भये ऐसे कोटिन खलन की जो कुमति है ताको रामनामने सुधारि दई अर्थात् भूलिहूकै नाम मुखसों उच्चार

भयो ता प्रभाव ते सुमतिमान है भगवत् पदकी प्राप्ति भई यथा अजामील यमनादिकन को नाम प्रभावते परम पद प्राप्त भया तहां रूपकी प्राप्ति सब काल अगम है अरु नाम ब्रह्माण्ड भरे में सुलभ है याते कोटिन को सुधारना कौन आश्चर्य ४ ॥

ऋषिहित राम सुकेतु सुताकी । सहित सेनसुत कीन्ह बिबाकी ५

पुनः यज्ञ पूर्ण होना इति विश्वामित्र ऋषिके हित राम श्रीरघुनाथजी सुकेतु यक्षकी सुता जो ताड़का ताकी सेनासहित सुत जो पुत्र तिनको बिबाकी कीन्हे तहां ताड़का सुबाहु सेनासहित प्रथमै मारे पुनः मारीच को बाकी राखे सो जब पंचबटीमें कंचनमृग बनिआयो तब मारे याते बिबाकी कहे यामें प्रभुको वीर्य गुण अर्थात् वीरताहै काहेते एक तौ किशोर अवस्था दूसरे केलिके धनु बाण धारण तीसरे साधारण भी युद्ध कबहूं देखे नहीं चौथे विकट भटनसों युद्ध तामें उदासीनता न आई मुख प्रसन्न बनारहा इति मनमें उत्साहते वीररसकी परिपूर्णताहै यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ वीर्यं चाक्षीणशक्तित्वं वर्द्धमानातिपौरुषम् । अपि सर्वदशाश्वस्य रामस्याविकृतिश्च तत् ॥ त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः ॥ पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदास्वतः । पञ्च वीराः समाख्याता राम एव स पञ्चधा ॥ रघुवीर इति ख्यातिः सर्ववीरोपलक्षणा ॥ यहां पिताकी आज्ञा गुरुको हित यज्ञकी रक्षा याते धर्मवीरता पुनः ऋषीश्वरनको खल सतावतेरहे तिनकी करुणा मिटावनेहेतु ताते दया वीरता प्रसन्नता युद्ध करुणा ताते युद्धवीरता माता पिता त्याग में प्रसन्न बनेरहे ताते त्याग वीरता केवल अग्निबाणते सुबाहु को भस्म करदिया ताते बाणविद्या वीरता इत्यादि वीरता गुणते प्रभु एकथल खलनको नाश किया सोई गुण नामद्वारा ब्रह्माण्डमें विस्तृत भया ताको हेतु आगे कहत हैं ५ ॥

सहित दोष दुख दास निरासा । दलै नाम जिमि रवि निशिनाशा ६

यथा वहां ताड़का तथा यहां दुराशा वहां सेना यहां अनेकन मनोरथ वहां सुबाहु मारीच इहां दोष दुख उहां ऋषि के हित इहां अनेकन दासन के हित दुराशा जो कुवासना दोष जो कामादि दुःख तीनों तापादि तिनको नाम कैसे दलत यथा सूर्य रात्रिको नाश करत अर्थात् बेपरिश्रम केवल प्रताप ते भाव नाम जपत सन्ते स्वाभाविक सब विकार नाश होत इहां

तेज गुण देखाये तहां शौर्य वीर्य तेज बल ये प्रतापही के अंगहैं याते रूपमें वीर्यगुण नाममें तेजगुण देखाये ६ ॥

भंजेउ राम आपु भवचापू । भवभय भंजन नाम प्रतापू ७

भव कहे महादेव तिनको चाप पिनाक धनुष जो अत्यन्त गरू कठोरहै ताको राम श्रीरघुनाथजी आपु भंज्यो अर्थात् विद्या अस्त्रादि काहू उपायते नहीं आपने करकमलनसों तोरि डारे अरु परिश्रम न आई यह बल गुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ यस्यामस्य च गुर्व्यान्तु खेदाभावो बलं गुणः ॥ इति बलगुण प्रभुमें एक थल देखाये सोई नाममें असंख्य थल देखावते हैं कि भव जो है संसार ताकी भय चौरासी दुःख महादुर्घट है ताको भंजनहारा नाम को प्रतापहै भाव मरणसमय भूलिहूके नाम उच्चारण होय ताकी सहज ही चौरासी टूटिजाइ परमपद पावै एक धनुष प्रभु आपु भंजन करे नाम प्रतापते भवभय सदैव भंजन होत ताको हेतु यह कि जो शौर्य वीर्य तेज बल उदारतादि गुणनकी क्रिया रूपते प्रकट भई सोई नामके साथ लोकन में फैलिगई तिनहीं को यश कीरति कही तिनका सुनि जो शत्रुनके मनमें ताप होत अरु स्वाभाविक सब संसार डरत ताहीको प्रताप कही यथा ॥ होत जो अस्तुति दानते, कीरति कहिये ताहि । होत बाहुबलते सुयश, सज्जन कहत सराहि ॥ जाकी कीरति सुयश सुनि, होत शत्रुउर ताप । जग डरात सब आपही, कहिये ताहि प्रताप ॥ इत्यादि रूपके गुण नामके संग प्रताप कहावत ताके बलते अनेकन को भला होत अरु रूप तक को अटि सकत ७ ॥

दण्डकवन प्रभु कीन सुहावन । जनमनअमित नाम कियपावन ८

राजा दण्डक शुक्राचार्यकी कन्याके साथ बरबस रति कीन्हे याते शुक्राचार्य शाप दीन्हे ताते सब दण्डककी राज्यभरि भस्म ह्वैगई रहे तामें जब प्रभुके पदकमल परे तब सब नर पशु तृण वृक्षादि ज्योंके त्यों ह्वैगये इत्यादि एकथल दण्डक वन को प्रभु सुहावन कीन्हे यह विना स्वार्थ जीवन को पालन करना दयागुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ दया दयावतां ज्ञेया स्वार्थस्तत्र न कारणम् । पुनः प्रतिकूलो न कूलोदासीनसर्वचेतनाचेतनवस्तु विषयस्वरूपसत्तोपलम्भनरूपदालनानुगुणव्यापारविशेषो हि भगवतो दया ॥ इत्यादि दयागुणते प्रभु दंडकवन को सुहावन करे सोई दयालता नाम द्वारा लोकमें फैलिगई सोई दयाकी प्यासते अनेकन जन दयाल प्रभुको

नाम स्मरण करनेलगे ते सब पवित्र ह्वैगये सोई कहत अमित हरिजननके मननको नाम पावन करिदिये शुद्ध भगवत् शरणागत होगये ८॥

निशिचरनिकर दले रघुनन्दन। नाम सकल कलिकलुषनिकन्दन ९

विराध कबन्ध खरदूषणादि निशिचर निकर नाम बहुतन को रघुनन्दन दले अर्थात् विकट समूह निशाचरनको रघुनन्दन क्षण में नाश करे यह शौर्यता गुणहै यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ सर्वस्माद्भीतिराहित्यं युद्धोत्साहश्च कीर्तये। शूरैः शौर्यमिदं चोक्तं राज्ञां स्वर्ग्यं यशस्करम्॥ एकतो राघवस्त्वेको योद्धुं जातमतिः स्थिरः। एकतो योद्धुकामा च भुवनानां चतुर्दशी॥ श्रीरामस्य कलालेशं नैति त्रिभुवनी जनः। प्रवृत्ते संगरे घोरे सत्यमेतत्सुरा विदुः॥ रामवध्यो न शक्यः स्यात् रक्षितुं सुरसत्तमैः। ब्रह्मरुद्रेन्द्रसंज्ञैश्च त्रैलोक्यप्रभुभिस्त्रिभिः॥ अर्थात् नर नाग सुरासुरादि तीनिहूं लोकके वीर एकत्र होवैं तहूं किंचित् भय न करैं एक क्षण में सबको नाश करिदेवैं सोई शूरता गुण एक थलमें प्रभु प्रकट किया सोई प्रताप नामके साथ लोकनमें फैल गया ताही ते अनेकन जन पाप खलनते भयातुर ह्वै प्रतापी प्रभुको नाम जपने लगे तिनके पाप नाश ह्वै गये याते कहत कि सकल प्रकार के कलिकलुष जो पाप ताको नाम निकन्दन कहे नाशकर्ता है ९॥

दो० शबरी गीध सुसेवकन, सुगति दीन्ह रघुनाथ॥
नाम उधारे अमित खल, वेदविदित गुणगाथ १०

शबरी अरु गीध जटायु ऐसे सु कहे सुष्ठु सेवकनको श्रीरघुनाथजी सुगति नाम मुक्ति दीन इहां सुसेवक याते कहे कि शबरी नरमें अधम सो शुद्ध प्रेमवश प्रभुपै तन मन प्राण वारणकरी ताको मर्यादसहित मुक्ति दिये अरु मातासम माने अरु गीध किशोरीजी पर तन प्राण वारेते पक्षिनमें अधम ताको मर्याद बाहर मुक्ति दिये कि इसी लोक में दिव्य देह बनाय विमान पर चढ़ाय सबके देखत परधामको पठाये ताको पितासम माने यह प्रभुमें अनुकंपा गुणहै यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ रक्षिताश्रितभक्तानामनुरागसुखेच्छया। भूयोभीष्टप्रदानाय यश्चताननुधावति॥ अनुकम्पागुणो ह्येष प्रपन्नप्रियगोचरः॥ अर्थात् जे पूर्वरक्षित आश्रित अनुरागी भक्तहैं तिनको सुख अभिलाष लाखन प्रकार पूर्ण करना यह हर्षसहित प्रतिज्ञा सदा बनीरहना सोई अनुकंपा गुणते प्रभु शबरी गीध की समग्र अभिलाषा पूर्ण करे इत्यादि प्रभु एक

थल प्रकट करे सोई नाम द्वारा लोक में विस्तार भयो ताकी प्यासते अनेकन जन शरणागतकी राह गहि जनपालक प्रभुको नाम जपत संते लोकोद्धार भये सोई कहत कि अमित खलन को नाम उद्धारे ता गुणनको गाथा कहे कथा सो वेद में विदित है वाल्मीक्यादिको प्रसंग १० ॥

राम सुकंठ विभीषण दोऊ। राखे शरण जान सब कोऊ ११

सुकंठ कहे सुग्रीव अरु विभीषण ये दोऊ बंधुनिरादर ते दीन ह्वै प्रभु की शरण आये तिन दोउनको श्रीरघुनाथजी शरणमें राखे ताको वृत्तान्त सब कोऊ जानत अर्थात् बालिको मारि सुग्रीवको राज्य दिये पुनः नित्य पार्षद बनाये रावण सकुल मारि विभीषणको राज्य दै नित्य पार्षद बनाये यह करुणागुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ आश्रितार्त्याग्निना हेम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः। अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकृद्भवेत्॥ कथं कुर्यां कदा कुर्यामाश्रितार्तनिवारणम्। इति व्यादुःखदुःखित्वमार्तानां रक्षणे त्वरा ॥ परदुःखानुसन्धानाद्विह्वलीभवनं विभोः। कारुण्यात्मगुणस्त्वेष आर्तानां भीतिवारकः॥ अर्थात् शरणागत के दुःख देखतही आपही दुःखित ह्वै जातेहैं पुनः शीघ्रही नाश करतेहैं सो यह गुण प्रभु सुग्रीव विभीषणमें प्रकट करे सो रामायण द्वारा समग्र लोकन प्रसिद्ध भयो ताते अनेकन आर्त जन करुणासागर को नाम जपि आनन्द भये ११ ॥

नाम गरीब अनेक निवाजे। लोक वेद वर विरद विराजे १२

सोई रीतिते नाम अनेकन गरीबनको नेवाजे अर्थात् जे काहू दुःख में परि आर्त ह्वै करुणासागर को नाम उच्चारण करे तिनको दुःख नाश भयो सब भांति आनंद पाये ताको विरद नाम बाना वर कहे श्रेष्ठ सो लोक अरु वेद दोऊ में अचल विराजमान है गजादिकन को प्रसंग प्रसिद्ध है १२ ॥

राम भालु कपिकटक बटोरा। सेतुहेतु श्रम कीन न थोरा १३

भालु कहे ऋक्ष कपि कहे वानर तिनकी कटक नाम सेना रघुनाथजी बटोरे पुनः सेतु बांधनेहेतु बड़ी परिश्रम किया यामें चातुर्यता गुणहै अर्थात् सबकी बोली अरु सर्व कलाविद्या में प्रवीण है याते ऋक्ष वानरनकी भाषा समुझते हैं पुनः उनको उत्तर देते हैं पुनः अगाधसमुद्र में जल के ऊपर पहारनको उतराइ सेतु बांधे यही चातुर्यतागुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ केवलया स्वबुद्ध्यैव प्रयासार्थविदुत्तमः। दुःसाध्यकर्मकारित्वं चातुर्यं चतुरा

विदुः ॥ साधकोऽत्रापि सिद्धानां चतुराणां च राघवः। कीशानां भाषया रामः कीशेषु व्यपदेशिकः ॥ ऋक्षराक्षसपक्षीषु तेषां गीर्भिस्तथैव सः। ताही गुण ते वानर ऋक्ष पशुनको शरण राखे पुनः दुर्घट सेतु बांधे इत्यादि गुण नाम द्वारा लोकन में प्रसिद्ध भयो ताको सुनि भवसिंधु तरिबे को अरु शरण रहिबे को पावरनको भी मनोरथ उठा ताते म्लेच्छादि प्रभुको नाम स्मरण करने लगे यथा वर्तमानकाल में नव्वाब खानखाना कहे अहल्यापाषाणं प्रकृतिपशुराशिः कपिचमूं गुहासश्चाण्डालस्त्रितयमपि नीतं निजपदम्। अहं चित्ते जाने कृतंनहितवार्चोधिकरणं क्रियाभिश्चाण्डालो रघुवर नमःउद्धरासि नः ॥ पुनः रसखानकवित्त ॥ शीलके निधान रघुवीर धनुतीर धरे सोई रसखानि सुखदानि वंशीधर हैं। ज्ञानहूं गिराके पार सार सब तत्त्वहूं के शंभु मनमानसके राजहंस वरहैं ॥ सिद्धिहू समाधिहूके आदिहूके आदि राम सोई विश्रामथल संतमन धरे हैं। गीध गणिका उधास्यो लंकनाथ मारि डारयो राख्यो है विभीषण तब तोको कौन डरहै १३ ॥

नाम लेत भवसिंधु सुखाहीं। करहु विचार सुजन मनमाहीं १४

जिन केवट अहल्या शवरी गीधादिको उद्धारे कपि ऋक्षन को सखा बनाये जलपर पाषाण उतराये ऐसे प्रभुको नाम लेतही भवसिंधु सूखिजात कर्म ज्ञानादि नाव जहाजको प्रयोजनै नहीं रहत यथा यमनप्रसंग वाराहपुराणे ॥ दैवाच्छूकरशावकेन निहतो म्लेच्छो जराजर्जरो हा रामेति हतोऽस्मि भूमिपतितो जल्पंस्तनुं त्यक्तवान्। तीर्णो गोष्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नः प्रभावात्पुनः किं चित्रं यदि रामनामरसिकास्ते यान्ति रामास्पदम् ॥ तहां पूर्व जो कहि आये हैं कि सुनि गुण भेद समुझिहैं साधू ॥ सोई पुनः कहत कि हे सुजनौ! मन में विचार करो अर्थात् जो यहि प्रसंग में विदग्ध शब्दन में वचनचातुरी है ताको शब्दार्थही समुझि न बोध करौ याके अन्तर जो गुण वर्णन है तिनको हेतु मनते विचारिलेउ अर्थात् जो गुण रूप ते एक वार प्रकट भयो सोई नाम द्वारा अनन्त भये तिनका स्मरण करि अनेकन को भला होत जा भांति किसी पंडित ने तंत्र मंत्र विद्या गुण ते काहू चोर को नाम प्रसिद्ध करि दिया ताको नाम लोक में फैलि गयो तब जहां चोरी भई तहां वा पण्डित को नाम लेत ही चोर डरिकै वस्तु डारिदेत इत्यादि विचारा चाहिये कि रूपही के गुण को प्रभाव नाम में है १४ ॥

राम सकुल रण रावण मारा। सीयसहित निजपुर पगु धारा १५

श्रीरघुनाथजी कुलसहित रावणको मारे पुनः जानकीजी सहित निज पुर अयोध्याजीको पग धारे कहे आवतेभये याके अन्तर अनेक गुण हैं अर्थात् एक तौ बली पुनः वरदानी याते त्रिलोकविजयी आपही रावणहै पुनः कुल में कुम्भकर्ण मेघनादादि तेऊ अजित महाबली तिनके युद्धमें स्थिरता धैर्य शौर्य अर्थात् शूरता वीर्य अर्थात् वीरता तेज बलादि गुणते मारे यामें बाहुबल कारणते यश भयो पुनः लोकपालन को अभय दिये भूमिको भार उतारे संत मुनिनको अभय करे यामें कृपा दया गुण है विभीषणको अचल करे तामें अनुकंपा उदारताहै पुनः किशोरीजी सहित पुरमें आवना समग्र विभव सहित राजसिंहासन आसीन होना यामें भाग्यवान्ता गुणहै यथा॥ सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भागाष्टकमुदीरितम् १५ ॥

राजा राम अवध रजधानी। गावत गुण सुर मुनि वर बानी १६

अवध राजधानीमें महाराजाधिराज राजसिंहासन आसीन भये तब यावत् गुण सूक्ष्म रीतिते पूर्व कहि आये अरु ताके अन्तर्गत और भीहैं जो विना रूप के देखे केवल नामहीं ते नहीं बोध होत यथा सौंदर्यता माधुरी स्वरूपता उज्ज्वलत्व सौगन्ध सुकुमारता सुवेष लावण्यता नवयौवनादि॥ यथा॥ ज्यहि वीथिन बिहरहिं सब भाई। थकित होहिं सब लोग लुगाई॥ पुनः॥ जिन निजरूप मोहनी डारी। कीन्हें स्ववश सकल नर नारी॥ पुनः॥ जिन जिन देखे पाथिक प्रिय, सीयसहित दोउ भाइ॥ भव मग अगम अनन्द ते, बिनुश्रम रहे सिराइ॥ पुनः॥ परसि चरणरज अचर सुखारी। भये परमपदके अधिकारी॥ पुनः॥ जबते प्रभुपदपद्म निहारे। मिटे दुसह दुख दोष हमारे॥ इत्यादि माधुर्य गुणनकरि अनेकन जीवनको भला भयो ते नाममें नहीं आइ सकत यथा॥ वरणत छवि जहँ तहँ सब लोगू। अवशि देखिये देखनयोगू॥ सुनि स्वरूप पूछहिं अकुलाई। अबलगि गये कहांलगि भाई॥ आजु देखिहौं परम सनेही। भरि नयनन देखहु अवधेशा॥ इत्यादि माधुर्य गुण नहीं ह्वै सकत केवल ऐश्वर्यगुणनको कहेहैं ताहूमें कृपागुण नहीं है यथा॥ निर्वाणदायक क्रोध जाकर भक्तिवश अवसहकरी॥ अर्थात शत्रु मित्र काहू भावते होवे वाको अपराध न देखना एकरस कल्याण करना भाव सबके रक्षा करिबेको हमहीं एक समर्थ हैं दूसरा नहीं यही प्रतिज्ञा सदा राखना सोई कृपागुण है यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ रक्षणे सर्वभूतानाम-

हमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ यथा ॥ तुलसी कृपा रघुवंशमणि की लोहलै लौकातरा ॥ इति साधारण पुनः ॥ कृपादृष्टि करि वृष्टि प्रभु, अभय किये सुरवृन्द ॥ इति मित्रभाव पुनः ॥ अहह नाथ रघुनाथ सम, कृपासिन्धु को आन । मुनिदुर्लभ जो परमगति, तोहिं दीन्ह भगवान ॥ इति शत्रुभाव इत्यादि अनन्तगुण प्रभुमेंहैं यथा ॥ करुणा उदार शील क्षमा दयाधार नीति प्रीतिके अगार ज्ञानचातुरी सुधरे हैं । सुलभ गँभीर थिर सुहृदय सधीरकृत ज्ञातजनपीर जू शरण पाल करेहैं ॥ लोकन प्रसिद्ध वात्सल्या ताको निधि एकरस जगवृद्ध रघुवंशकुल खरे हैं । दीनन उबार बैजनाथ निरधार इमि कोशलकुमार में अपार गुण भरेहैं ॥ रूप सुकुमार नवयौवन उदार मृदु माधुरी अपारसों छबीले छैल छरे हैं । लावनी सुगन्ध भाग्यवान सत्यसंध तेज वीर्य दीनबन्धु वीरता सुवेष करेहैं ॥ व्यापक रमण सौम्य सांचे शत्रुहनहैं अनन्त वशकरण सुबानी वेदपरेहैं । प्रेरक अधार बैजनाथ जगसार इमि कोशलकुमारमें अपार गुण भरेहैं ॥ कीरति सुकौमुदी सुयशकृत चन्द मन्दवंतभा प्रभाकर प्रताप सो अधीरहैं । कामगौर सुदृष्टि कामतरु फलकरोदार चरित अमलकै समल गंग नीरहैं ॥ वीर्यसंहनन सुडरत कराल काल बैजनाथ भूविलास अग्निकृत शीर हैं । दीनजन दानन स्वलीन जनमाननसों वीर जनवाननसों जीते रघुवीरहैं ॥ इत्यादि अनन्त दिव्यगुण हैं तिनको सुर ब्रह्मा शिवादि मुनि नारद वाल्मीक्यादिते वर कहे श्रेष्ठ वाणी अर्थात् परा वाणीते वेद संहिता रामायणादि दूषणरहित १६ ॥

सेवक सुमिरत नाम सप्रीती । बिनश्रम प्रबल मोहदल जीती १७

सोई गुणधाम प्रभुको जो नाम है ताको सेवक प्रीतिसहित सुमिरतसंते विना श्रमही अत्यन्त प्रबल जो मोहको दल ताको जीतिलेतेहैं इहां सेवक केहिका कही सेवा करनेवाला सेवा क्या चीजहै षोड़शोपचारादि पूजा यथा ॥ आसनं स्वागतं पाद्यमर्घमाचमनीयकम् । मधुपर्काचमनं स्नानं वस्त्रं चाभरणानि च ॥ सुगन्धं सुमनो धूपं दीपं नैवेद्यवन्दनम् ॥ इत्यादि शालग्राम व श्रीस्वरूप व चित्रादि में अर्चा करनेवाले अथवा मानसी परिचर्या करनेवाले इत्यादि जो सेवक हैं पुनः प्रीति क्या चीजहै जब इन्द्रियनकी विषय मनमें मिली मनादिकी वासना बुद्धि में लय भई बुद्धि शुद्ध अनुकूल है प्रभुके गुण सुमिरि लाखन अभिलाष करना सो प्रीतिहै यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यन्तभोग्यता बुद्धिरानुकूल्यादिशालिनी । अपरिपूर्णस्वरूपा या सा

स्यात्प्रीतिरनुत्तमा ॥ ता प्रीतिके आठ अंग हैं यथा ॥ प्रणय प्रेम आसक्ति पुनि, लगन लाग अनुराग। नेहसहित सब प्रीतिके, जानब अंगविभाग ॥ यथा तुम हमारे हम तुम्हारे यह प्रणयहै याकी सौम्यदृष्टिहै रूपमें आसक्त होना आसक्तिहै याकी यकटकदृष्टि ये प्रणय आसक्ति दोऊ अहंकारकी विषयहैं पुनः ॥ प्रीति उमँगि रोमरोम ह्वै, नेत्र कंठ भरिजाय ॥ ताको प्रेम कही याकी विह्वलदृष्टि है प्रभुकी प्रीति क्षण सुधि होना सो लगनहै याको उत्कंठा दृष्टिहै ये प्रेम लगन दोऊ मनकी विषयहैं पुनः चित्तकी जो चाह सो लाग है याकी चोपदृष्टि है जाकी प्रीति रंगमें चित्त रँगा रहै ताको अनुराग कही याकी मत्तदृष्टिहै ये लाग अनुराग दोऊ चित्तकी विषय हैं पुनः मिलनि बोलनि हँसनि सो प्रसन्नता सो नेहहै याकी ललितदृष्टि है चिक्कणता शोभा सहित व्यवहार सो प्रीति है याकी आधीन दृष्टि है ये नेह प्रीति दोऊ बुद्धि की विषयहैं इत्यादि प्रीति अंगहै तहां षोड़शोपचार पूजन करनेवाला ऐसा जो सेवक सो प्रभुमें प्रीति सहित नाम स्मरण करते हैं ते मोहको जो दलहै अर्थात् काम क्रोध लोभ मद अहंकार दम्भ पाखण्ड ईर्षा राग द्वेषादि जो विवेकते नहीं जीताजात ऐसा प्रबल ताको विना परिश्रम जीति लेतेहैं भाव जब प्रभुमें प्रीति लागी तब सब जगते उदासीनता आइगई यही सुगमता है १७ ॥

फिरत सनेह मगन सुख अपने। नामप्रताप शोच नहिं सपने १८

स्मरण करते करते नामके प्रतापते प्रभुके पदनमें प्रीति भई ताही को अंग जो सनेहहै ताही रंगमें रँगिगाहै जो मन ताहीते लोकवासना छूटिगई शुद्ध ह्वै मन रामसनेहते आपने सुखमें मगन अर्थात् स्वतन्त्र निर्भय विचरतेहैं अरु जा प्रभुको कालहू डरत ऐसे सवल प्रभुके हम सेवक हैं तेहिके नामके प्रतापते स्वप्नेहूमें शोच नहीं है १८ ॥

दो० ब्रह्म रामते नाम बड़, वरदायक वरदानि ॥
रामचरित शतकोटि महँ, लिय महेश जिय जानि १९

व्यापक ब्रह्मरूपते अरु दाशरथी रामते नाम बड़ाहै कौन भांति जो पूर्व कहिआये हैं अर्थात् जो ब्रह्म प्रकट नहीं ह्वैसकत सोई नाम निरूपण कीन्हे ते रूप प्रकट होत इति ब्रह्मते नाम बड़ा पुनः रामरूप एकत्र नाम सर्वत्र रूप में जो गुण एक सोई नामद्वारा अनन्त रूप अगम नाम सुगम इत्यादि

रामते नाम बड़ाहै पुनः ब्रह्मा विष्णु शिवादि यावत् देवता वरदायक कहे औरनको वर देनहारे हैं तिन सबको वरदानि कहे घर देनहारा श्रीरामनाम है अर्थात् रामनामही जाप करि सब सिद्ध भयेहैं यथा विष्णुपुराणे ब्रह्मवाक्यम्॥ अहं च शंकरो विष्णुस्तथा सर्वे दिवौकसः। रामनामप्रभावेण संप्राप्तास्सिद्धिमुत्तमाम् ॥ पुनः पुलहसंहितायां विष्णुवाक्यम्॥ सावित्री ब्रह्मणा सार्द्धं लक्ष्मी नारायणेन च । शम्भुना रामरामेति पार्वती जपति स्फुटम्॥ पुनः रुद्रयामले शंकरवाक्यम्॥ यत्प्रसादेन कर्ताभूद्देवो ब्रह्मा प्रजापतिः। यत्प्रभावेण हर्ताहं त्राता विष्णू रमापतिः॥ ये नराधमलोकेषु रामभक्तिपराङ्मुखाः। जपं तपं दयाशौचं शास्त्रानामवगाहनम्॥ सर्वं वृथा विना येन शृणुध्वं पार्वति प्रिये॥ ऐसा प्रभाव जियमें जानिकै महेश जो महादेवजी ते सौकरोरि वाल्मीकिजीकृत जो रामचरित है तेहिमाते रामनामही लैलिये जब सबके सम्मत ते शिवजी तीनि लोकनको बांटनेलगे सौकरोरिते तीनि हिस्सा किये तेंतिस तेंतिस करोरि दिये एक करोरि रहा तेंतिस तेंतिस लाख दिये एक लाख रहा तेंतिस तेंतिस हजार दिये एक हजार रहा तीनि तीनिसै दिये सौ रहे तेंतिस तेंतिस श्लोक दिये एक श्लोक रहा तामें बत्तिस अक्षर दश दश अक्षर दिये द्वै अक्षर रामनाम बाकी रहे तब शिवजी कहे कि तीनि होते तौ बांटिदेते द्वै कैसे बांटैं याते त्रिलोकते काशी न्यारी है ताके हेतु ये दोऊ वर्ण हम लेते हैं तहां ऐश्वर्य माधुर्य यावत् गुण रूप में होत तिनकरिकै यश कीर्ति प्रतापादि यावत् रूपकी प्रशंसा है सो सब नामही कहावत याते सब रामचरित को सारांश नामहीं है ऐसा जानि शिवजी दृढ़ करि नाम को गहिलिये सोई सदा स्मरण करत पुनः काशीजी में जो जीव मरत ताको नामोपदेश दै मुक्त करत १९ ॥

नामप्रताप शंभु अविनाशी। साज अमंगल मंगलराशी २०

अब नामको प्रताप वर्णन करत यथा अहर्निश नाम स्मरण करत सोई रामके प्रतापते शंभु जो महादेव ते अविनाशी हैं अर्थात् नामके प्रतापते काल नहीं व्यापत पुनः मुण्डमाल कपाल सर्प चिताभस्मादि साज तो सब अमंगल किहे हैं अरु हैं मंगल की राशि अर्थात् दर्शनादि ते मंगल होत भाव रामनाम मंगल की मूलहै ताते अमंगलता नहीं व्यापत २०॥

शुक सनकादि सिद्ध मुनि योगी। नाम प्रसाद ब्रह्मसुखभोगी २१

शुकदेव पुनः सनक सनन्दन सनत्कुमार सनातनादि सिद्धदशा में प्राप्त

पुनः मुनि मननशील लोमशादि योगी याज्ञवल्क्यादि नामहींके प्रसाद ते ब्रह्मसुख सदा अखण्ड एकरस ता सुखके भोक्ताहैं २१ ॥

नारद जानेउ नाम प्रतापू । जगप्रिय हरिहर हरिप्रिय आपू २२

पुनः नाम स्मरण करतसन्ते नामको प्रताप नारदजी जान्यो है यथा ॥ सुमिरत हरिहि शापगति बाधी। विमल अचल मन लागि समाधी ॥ इत्यादि नामके प्रतापते शाप नहीं व्यापिसकी पुनः हरि भगवान् हर महादेव सब जगको प्रियहैं तिन दोऊको नारद प्रियहैं यथा॥ कवन वस्तु अस प्रिय मोहिं लागी। जो वर मुनि न सकहु तुम मांगी ॥ पुनः ॥ अतिप्रिय जानि महेश सिखाये ॥ यामें मालादीपकअलंकार है २२ ॥

नाम जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू । भक्तशिरोमणि भे प्रहलादू २३

रामनाम जपत संते प्रभु श्रीरघुनाथजी प्रसाद नाम अनुग्रह कीन अर्थात् नृसिंहरूप खंभा फोरि प्रकट ह्वै रक्षा कीन प्रतिज्ञा राखे याते प्रह्लादजी भक्तभक्तनमें शिरोमणि करि गिने गये अर्थात् जहां परम भागवतनकी गिनती है तिनमें प्रथमही प्रह्लादजी कहेगये यथा प्रह्लाद नारद पराशर पुंडरीक व्यासांबरीष शुक शौनक इत्यादि भक्तशिरोमणि भये २३ ॥

ध्रुव सगलानि जपेउ हरिनामू । पायो अचल अनूपम ठामू २४

उत्तानपादके पुत्र पिताकी गोद की इच्छा करे सो दूसरी माताने कहा जो मेरे उदरते उत्पन्न होउ तब गोद की इच्छा करौ तब ध्रुवजी उदास भये तब उनकी माता भगवत् शरण सुखद बतायो ताते भगवत् हेतु चले नारद मिले नामोपदेश करि दिये भजन करनेलगे छई मासमें भगवान् दर्शन दै पूर्ण काम करि दिया कुछ काल राज्य कराय पीछे अचल पद दै दिया यह भागवत में प्रसिद्ध है सो कहत कि दूसरी माता पिताके अनादर ते ग्लानि सहित ध्रुवजी नाम जपेते अनूपम अचल जाकी समता दूसरा नहीं ऐसा ठाम कहे वासस्थान पाये २४ ॥

सुमिरि पवनसुत पावन नामू । अपने वश करि राखे रामू २५

पुनः पवनसुत हनुमान्जी पावन हृदयते अर्थात् वासनारहित ह्वै अथवा पावन कहे पवित्र नाम सुमिरिकै श्रीहनुमान्जी आपनी वश करिकै श्री रघुनाथजीको राखे भाव जे वासनारहित नाम जपत ताके स्वाभाविक प्रभु आधीन रहत यथा हनुमान्जी सों प्रभु कहे ॥ प्रतिउपकार करौं का तोरा । सन्मुख होइ न सकत मन मोरा २५ ॥

अपर अजामिल गज गणिकाऊ। भये मुक्त हरिनाम प्रभाऊ २६

इहां तक मुख्य सनेहिनको कहे अब सामान्यनको कहत कि अपर जे साधारण नाम लिये यथा अजामील महापातकी सो पुत्रहेतु प्रभुको नाम लै मुक्त भयो पुनः गज ग्राहकी भय करिकै प्रभुको नाम लै मुक्त भयो पुनः गणिका सुवाके मुखते सुनि ज्ञान भयो प्रभुको नाम स्मरण करि मुक्त भई इत्यादि साधारण नाम लै मुक्त भये ऐसा नामको प्रभाव है २६ ॥

करौं कहां लगि नाम बड़ाई। राम न सकहिं नाम गुण गाई २७

तहां गणिका आदि नीच पुनः सनकादि पर्यन्त ऊंच यावत् जन हैं सब को सुखद रामनाम है ताकी महिमा की बड़ाई कहांतक करौं अर्थात् जहां तक विचारौं तहांतक अगमै देखात काहेते आचार्यनकी वाणी देखि सब कहत तहां वेदादि नामको प्रभाव नहीं जानत ताको और कोऊ कैसे कहै यथा महारामायणे ॥ वेदाः सर्वे तथा शास्त्रा मुनयो निर्जरर्षभाः। नाम्नः प्रभावमत्युग्रं ते न जानन्ति सुव्रते ॥ राम एवाभिजानाति कृत्स्नं नामार्थमुत्तमम् ॥ अर्थात् नामार्थ अद्भुत प्रभाव नाम को सम्पूर्ण यथार्थ एक रघुनाथजी जानते हैं तेऊ आपने नामके गुण आपने मुखते गाइ नहीं सकते हैं काहेते सत्पुरुषनकी यह रीति है कि जो कोऊ औरते आपने नाम की बड़ाई सुनै तौ सकुचिजाना चाहिये यथा श्रीमुखवचन है ॥ निज गुण श्रवण सुनत सकुचाहीं ॥ तौ जो सुनतै में संकोच तौ निज मुखते निज नामकी बड़ाई कैसे कहिसकै कदाचित् न संकोच करै कहिबै करै तौ कौन सों कहै को ऐसा है जो सुनिकै समुझै काहेते वक्ता श्रोता समशील समदर्शी होवै तौ तौ वक्ताकी कही ताको श्रोता सुनिकै समुझै तहां नाम के गुणनमें किसीकी गति नहीं तौ कौनते कहै याते प्रभुहू नहीं कहिसकत ताको फिरि कोऊ जाना कैसे तहां जे उत्तम भक्त हैं तिनपर प्रभु दया करि उनके उरमें अनुभव प्रकाश करि देते हैं यथा ॥ ध्रुव अज्ञान रहैं तिनके कानन में भगवान् शंख बजाय दिये सब वेदशास्त्रादि हृदय में प्रकाश ह्वै गये तथा प्रभुकी अनुग्रहते भक्त जन कुछ कहत हैं यथा महारामायण में शिवजी कहे ॥ ईषद्वदामि नामार्थं देवि तस्यानुकम्पया ॥ यामें व्याज स्तुति अलंकार है २७ ॥

दो० नाम राम को कल्पतरु, कलि कल्याण निवास ॥
जो सुमिरत भयो भांगते, तुलसी तुलसीदास २८

राम श्रीरघुनाथजीको जो नामहै सो कल्पवृक्षहै यामें अधिक अभेद रूपकअलंकार है काहेते कल्पवृक्ष अर्थ धर्म काम तीनिहीं फलको दाताहै अरु नाम अर्थ काम धर्म मोक्ष भक्ति ज्ञानादि अनेक फलदाता है पुनः कल्पवृक्ष सदा एकरीति लिहे अरु नाम कैसा है जो कलियुग ऐसा धर्महीन युग तामें विशेष करिकै कल्याणको निवास कहे वासस्थान है भाव निकृष्ट समय में अधिक दानी हैं ताको प्रमाण देखावत कि देखो मदसाध्य ऐसी अपावन कि जहां जामत सो भूमि अपावन होत ऐसी भांगसम अपावन तुलसीदास तेऊ जा नामके सुमिरत संते कैसो भयो जो लोकपूज्य जहां जामै सो भूमि पवित्र ह्वै जात ऐसा पावन वृक्ष तुलसी ताकी समान तुलसीदास लोकपूज्य प्रभुको प्रिय भयो नाम कल्पवृक्ष को रूपक यथा अयोध्याधाम थाल्हाहै रामरूप मूलहै नाम वृक्षहै ऐश्वर्य माधुर्यमिश्रित लीला स्कन्ध है अनेकन दिव्यगुण शाखाहैं पुनः शृंगारादि आठौ रस तेई पत्र हैं विराग विवेकादि फूलहैं ज्ञान फल हैं नवधा प्रेमापरादि भक्ति सोई रसहै रामानुरागी साधु प्रेमानुरागरस के भोक्ताहैं तुलसी अरु तुलसीदास की समता गुणनकरि ताते तुल्य योग्यतालंकार है २८ ॥

चहुँयुग तीनिकाल तिहुँलोका । भये नाम जपि जीव विशोका २९

पाताल भूमि स्वर्गादि तीनिहूं लोकनमें सतयुग त्रेता द्वापर कलियुगादि चारिहू युगनमें जो काल बीता अर्थात् भूत जो बीततहै अर्थात् वर्तमान पुनः जो आगे आई अर्थात् भविष्य इत्यादि तीनिहूं कालमें नामको जपिकै जीव विशोक भये तहां जन्म जरा मरण व तीनों तापैं इत्यादि शोक जो दुःख तेहिते रहित भये इहां भये एकही क्रियामें तीनिहूं काल वर्णन याते भाविकालंकार है २९ ॥

वेद पुराण संतमत येहू । सकल सुकृति फल रामसनेहू ३०

ऋगादि वेद भागवतादि पुराण पुनः गुरुसेवा साधुसेवा करि भजनकी रीति प्राप्त भई करते करते हृदय प्रकाश भई तेहि करिकै जो अनुभव इत्यादि साधुमत इन सबको सिद्धांत यहीहै कि जप तप तीर्थ व्रत दान गुरुसाधुसेवा पूजा पाठ सन्ध्या तर्पणादि यावत् कर्मकाण्डहैं पुनः विवेक वैराग्य शम दम उपराम श्रद्धा समाधान मुमुक्षुतादि जो ज्ञानकाण्ड हैं पुनः श्रवण कीर्तन स्मरण सेवन अर्चन वन्दन दास्य सख्य आत्मनिवेदनादि नवधा

प्रेमापरादि पुनः षट् शरणागति इत्यादि जो उपासनाकाण्ड इन सकल सुकृतिन को फल केवल एक श्रीरामसनेह है सनेह काको कही यथा दर्श स्पर्श हसनि बोलनि समीपरहना इत्यादि आचरण सहित ललित दृष्टिते प्रभुमें प्रीति परिपूर्णता सोई रामसनेह है सोई सबको सारांश है यथा पद्मपुराणे॥ सर्वेषां वेदसाराणां रहस्यं ते प्रकाशितम्। एको देवो रामचन्द्रो व्रतमन्यन्न तत्समम् ३०॥

ध्यान प्रथमयुग मखविधि दूजे। द्वापर परितोषत प्रभु पूजे ३१

अब रामसनेह होनेके उपाय देखावत यथा प्रथम युग जो सतयुग है तामें रूपको ध्यान करि रामसनेह होत रहै अर्थात् शुद्ध जीव रहैं याते इन्द्रिय विषयते विराग ह्वै मानादि वासनाहीन ह्वै थिर चित्तकी वृत्ति नाभिकमल स्थित श्रीरामरूप में सरिताप्रवाहवत् लगाये रहना इत्यादि ध्यान करि रामसनेह होवै तब जीव कृतार्थ होवै पुनः दूजे युग त्रेता में मख कहे यज्ञविधि ते रामसनेह होत रहै सो यज्ञ पांचप्रकार यथा अग्नि में होम करना सो अश्वमेधादि यह देवयज्ञ है १ पुनः तर्पणादि पितृयज्ञ है २ पुनः अग्रासनादि भूतयज्ञ है ३ पुनः साधु ब्राह्मणनको विधिपूर्वक भोजन देना यह मनुष्ययज्ञ है ४ पुनः सामादि वेदकी ऋचा पढ़ना यह ब्रह्मयज्ञ है ५ तहां त्रेतामें किंचित् अधर्मके प्रचारते जीवनमें कुछ चंचलता आई ताते रामयशरूप धर्म के आधार यज्ञ करि रामसनेह होवै तब जीव कृतार्थ होत रहै जब द्वापर आयो अधर्मको अधिक प्रचार भयो ताते विषयसुखकी चाह बढ़ी तब विभव सहित भगवत् की पूजा अर्थात् शालग्राम वा प्रतिष्ठित श्रीस्वरूपनको रामतापिनी उपनिषदादि की रीति अर्थात् भूमि शोधि वेदी चौक यन्त्रराज पर स्वरूप स्थितकरि अंगदेव पार्षदनसहित षोड़शोपचार पूजन करि अथवा प्रेम ते साधारण लाड़ दुलार सहित पूजन करि रामसनेह होत रहै या भांति प्रभुको परितोषत कहे प्रसन्न करि जीवन को कल्याण होत रहै ३१॥

कलि केवल मल मूल मलीना। पाप पयोनिधि जनमन मीना ३२

पुनः जब कलियुग आयो सो कलिकाल कैसाहै मलीन जो केवल मोहादि मलको मूल नाम जड़है अर्थात् धर्मकी हीनताते अधर्मकी वृद्धि भई ताते पापरूप पयोनिधि नाम समुद्र में जननके मन मीन नाम मछरी ह्वै रहे भाव चोरी ठगी बटपारी जीवहिंसादि में जीविका भई याते पापही में

प्रीति भई ताते जन मन मीननको काल धीमरने चौरासी रूप जाल में बांधि लियो ३२ ॥

नाम कामतरु काल कराला । सुमिरत शमन सकल जग जाला ३३

यहि समयके विषयी विमुख जीवनते ध्यान यज्ञ पूजादि तो होत नहीं तिनको उद्धार कैसे होइ ताको उपाय कि या समयमें रामनामही रामसनेह करनेवाला है दूसरो उपाय नहीं सो कहत कि अब प्रभुको नामही कामतरु कहे कल्पवृक्ष है ताको जो कोऊ जन सुमिरतहै ताके हेतु धीमर जो कराल कालहै पुनः चौरासी जो जगजाल हैं ये दोऊ नामके प्रतापते शमन नाम नाश ह्वै जात यथा विष्णुपुराणे ॥ ध्यायन्कृते यजन्यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेर्चयन् । यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ श्रीनामकीर्तनात् ३३ ॥

रामनाम कलि अभिमतदाता । हित परलोक लोक पितु माता ३४

कुमार्ग में लीन पापपीन भाग्यहीन जीवनके सब मनोरथ वृथा जात तिनके मनोरथ कैसे पूर्ण होइँ सो कहत कि कलियुग में अभिमत नाम मनोरथ को दाता एक रामनामही है कैसा मनोरथ को दाता है सो कहत कि लोकमें तौ यथा माता पिता अर्थात् निर्हेतु पालन करि देह विद्या बुद्धि आदि ते समर्थ करिदेत पुनः कृपादृष्टिते सब मनोरथ पूर्ण करत पुनः विघ्न एकहू नहीं व्यापै पावत पुनः परलोक में हित कहे परम मित्रके तुल्य निर्हेतु सब सुख को देनहार है ३४ ॥

नहिं कलि कर्म न भक्ति विवेकू । रामनाम अवलंबन एकू ३५

कर्म वर्णाश्रम के अनुकूल तप जप पुरश्चरण यज्ञ तीर्थ व्रत दान पूजादि जो करै सो भगवत्प्रीत्यर्थ निर्वासनिक करना इत्यादि कर्म है पुनः श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वन्दन दास्य सख्य आत्मनिवेदनादि नवधा पुनः प्रेमापरादि जो भक्तिहै पुनः विवेक वैराग्य शम दम उपराम तितिक्षा श्रद्धा समाधानादि जो ज्ञानके साधन इत्यादि विवेकसो कहत कि कलियुगमें न कर्म है न भक्तिहै न विवेक है कौनभांति जानिये कि ब्राह्मणकी जाति के नव कर्महैं यथा वासनात्याग शमहै इन्द्रियनका विषयरोकना दमहै पुनः पंचाग्न्यादि तप है त्रिकाल स्नानादि शौच है निन्दा स्तुति सम शांति है करुणा दयादि आर्जवहै असार त्यागि सारग्रहण ज्ञानहै स्वस्वरूप परस्वरूप जानना विज्ञानहै शापाशीर्वाद की सामर्थ्य आस्तिक्य है गीतायाम् ॥ शमो दमस्तपः

लिहेहै सोई सहायक है प्रभुको प्रताप ताते कहौं भगवत् लीला देखिपरो तब कुमतिरूप मकरी शापोद्धारते सुमति भई सोई वैराग्य हनुमान्को समुझाय दियो इत्यादि नामके प्रतापते सुमति प्रकाशते विराग हनुमान् समर्थ कलि को नाश करि दियो अर्थात् नाम के प्रतापते कलिकाल नहीं बाधा करिसकत ३६॥

दो० राम नाम नरकेहरी, कनककशिपु कलिकाल॥
जापक जन प्रह्लाद जिमि, पालहिं दलि सुरसाल ३७

प्रथम कपटरूप कहि अब सबल अजीतरूप कलियुग को देखावत यथा कलिकाल सोई कनककशिपु कहे हिरण्यकशिपु है जो साधुरूप देवन को दुःखदायी है ताहीके पुत्र प्रह्लाद भये इहां कलियुग बिषे जे रामनामके जापक जनहैं तेई प्रह्लाद हैं उहां प्रह्लादजीको दुःखदायी जानि खम्भ फोरि नृसिंहजी प्रकट ह्वै हिरण्यकशिपुको मारि प्रह्लादजीको पालन करे इहां कलिकालरूप हिरण्यकशिपु जापक जनरूप प्रह्लादको सतावत देखि रामनाम सोई नृसिंह ह्वै कलिकाल को नाश करि जापक जनन को पालन करे भाव सब धर्मन को कलिकाल बाधक है रामनाम जापकन को नहीं बाधा करिसकत ३७॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे सर्वोपरिरामनामवर्णनो
नाम षष्ठः प्रकाशः ६॥

भाय कुभाय अनख आलसहू। नाम जपत मंगल दिशि दसहू १

भाय कहे भाव यथा शेषशेषी भाव पितापुत्र भाव भार्यास्वामि भाव नियम्यनियामक भाव आधारआधेय भाव दासस्वामि भाव शरीरशरीरी भाव धर्मधर्मी भाव रक्ष्यरक्षक भाव इत्यादि अनन्त हैं इति मित्रपक्ष है पुनः कुभाय कहे कुत्सितभाव यथा अनरस भाव जो स्वाभाविक विरोध ईर्षाभाव जो बढ़ती न सहिसकै असूयाभाव जो गुण में दोष आरोपै दुसह भाव जो मारनेकी दुसह राखै वैरभाव जो बराबरि युद्धकी सामां करै इत्यादि अनेक ते शत्रुपक्ष हैं पुनः अनख भाव जो प्रीति विरोधरहित है किसी कारण ते मन नाराज भयो आलस शोक अमितमें सुधि आइजाना इत्यादि उदासीन पक्षमें है सो कहत कि भाव अर्थात् प्रीतिते कुभाव अर्थात् वैरते अनख

आलस अर्थात् उदासीनता इत्यादि कौनहू रीतिते नाम जपै तौ दशौ दिशि मंगलदायकहैं दशौ दिशि याते कहे कि जापकी विधि तंत्रनमें लिखी है तहां दशौ दिशा शोधिकै बैठ जाप करै तब मंत्रादि सिद्ध होत यथा प्रथम पाताल अर्थात् भूमिशोधन जिस स्थान में पूजनको बैठै उसके कूर्मचक्रते नव भाग करै द्वारादिशिमें कवर्ग लिखै पुनः दहिनावर्तते चवर्गादि आठो दिशि लिखै मध्यकोठामें अकारादि स्वर लिखै उस स्थान नाम को प्रथमाक्षर जिस कोठामें परै वा खण्डके पुनः नव खण्ड करै द्वारादिशिते अकारादि स्वर लिखै पूर्वाक्षरको स्वर जहां परै तहां चौका दे कूर्मचक्र लिखि तापै आसन बिछाय बैठै पुनः आकाशशोधन यथा शुभ कार्यको चन्द्रमा सन्मुख दहिने योगिनी बायें पीछे शुभहै अशुभकार्यहेतु योगिनी सन्मुख चन्द्रपीछे शुभ पुनः पूर्वादि आठौ दिशि शोधि तहां जो दिन वर्तमान सोई पूर्वमें यथा यतवार को यतवार पूर्व मंगर आग्नेय बुध दक्षिण सोमवारको सोमवार पूर्व मंगर आग्नेय बुध दक्षिण गुरु नैर्ऋत्य शुक्र पश्चिम शनि वायव्य रवि उत्तर ईशान्य खाली रहत इसी भांति सब दिन विचारना तामें रवि सोमवार गुरु उत्तम है ते उत्तम कार्यहेतु सन्मुख व दाहिने करि बैठै पुनः बुध शुक्र मध्यम है ते मध्यम कार्य हेतु सन्मुख दाहिने करि बैठै पुनः भौम शनि निकृष्ट है ते निकृष्ट कार्य हेतु दाहिने सन्मुख करि बैठै इत्यादि दशौ दिशा शोधि बैठि जपै तौ मंत्र सिद्ध होत जो यहि विधि ना बनै तौ मंत्रादि सिद्ध नहीं होत पुनः मंत्र भी शोधाजात यथा कुण्डली बारह घर खैंचि वामावर्त ककारादि वर्ण प्रथम घरते एक एक वर्ण प्रतिकोठन लिखै पुनः ऋ लृ त्यागि अकारादि प्रथम घरते बारहौ स्वर लिखै यह अकडमचक्र है पुनः देखै निज नाम को प्रथम वर्ण किस घर में है तिहिते गनै कि मंत्रको प्रथम बीज कैसरे घर पर है सो प्रथम पंचम नवम घर में है तौ सिद्धिस्थान है परिश्रम ते सिद्धि होई जो दूजे छठे दशवें में है तौ साध्यस्थान है न सिद्ध होई जो तीजे सातयें ग्यारहें स्थान है तौ सुसिद्ध है शीघ्रही सिद्ध होई जो चौथे आठयें बारहें है तौ शत्रुस्थान है सिद्ध न होई और विघ्न करी पुनः ताराकाकनी मुहूर्तादि अनेक विचार इत्यादि इहां एकहू को विचार नहीं सब काल सब दिशा सबको रामनाम मंगलदायक है यथा ॥ तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि ॥ अब यह विचारा चाहिये कि सर्वत्रको पाप तीर्थ में

छूटिजात परन्तु तीर्थही में पाप करै वह नहीं छूटत तथा और बाधा तौ नाममें नहीं व्यापत परन्तु नामापराध कीन्हे ते नाम नहीं सिद्ध होत तहां जिनके आलस ईर्षा ताते नाम मुख ते निसरो ते नामको प्रभाव जानतही नहीं तिनको अपराध नहीं है काहेते अजान है अरु जे वैरभावते हैं ते तौ अपराध अगाध में परेन हैं तिनके अपराध लागतही नहीं नामप्रभावते मुक्त है जात अरु जे भावसहित प्रीतिते नाम जपत तिनको दश अपराध त्यागना चाहिये सो कौन हैं शिवविष्णु में भेद १ वेद की निंदा २ साधुन को अनादर ३ नाम के बलते पाप करना ४ श्रद्धाहीनन को नामोपदेश करना ५ सब साधना तथा नामहू समुझना ६ नाम के माहात्म्य में कुतर्क बुद्धि करना ७ नाममाहात्म्य सुनि विश्वास न करना ८ गुरुको अनादर ९ और साधनसहित नाम मोक्षदाता है १० इत्यादि दश अपराध त्यागि भावीक नाम जपै तौ फलीभूत होइ यथा पद्मपुराणे ॥ दशापराधयुक्तानां न भवेत्सौख्यमुत्तमम् । तस्माद्धेयं विशेषेण सर्वावस्थासु सर्वदा ॥ याको भाव यह कि अज्ञानको दोष नहीं जाननहारको दोष सो यथा संबंधी ते मान करत तथा इहां जानिये १ ॥

सुमिरि सो नाम रामगुणगाथा । करौं नाय रघुनाथहिं माथा २

इहां नवधा में जो स्मरण वंदन सोई साधनद्वारा कथा सिद्ध फल कहत यथा सोई रामनाम को स्मरण करि पुनः श्रीरघुनाथजी को माथ नवाइ श्रीरघुनाथजी के गुणनकी गाथा जो है कथा ताको वर्णन करतहौं तहां यह जो प्रभुको वचन है यथा ॥ वचन कर्म मन मोरि गति, भजन करहि निष्काम । तिनके हृदयकमल महँ, सदा करौं विश्राम ॥ यही रीति को दृढ़ करत तहां पांचौ जो ज्ञानेन्द्रिय हैं तिनकी विषय खैंचि मनद्वारा नाम स्मरण करत पुनः पांचौ कर्मेन्द्रियनकी विषय खैंचि शीश द्वारा वंदन करत पुनः वचन द्वारा गुणनको गाथा वर्णन करत इत्यादि मन कर्म वचन प्रभुहीकी गति है २ ॥

मोरि सुधारिहि सो सबभांती । जासु कृपा नहिं कृपा अघाती ३

तहां मन कर्म वचनते जो प्रभुको गहे है सोई प्रभु मोरि बनी बिगरी सब भांतिते सुधारी काहेते जासु कृपा इहां कृपाशब्दको यह अर्थ है कि सब भूतन के अर्थात् जीवमात्र के रक्षा करने में हमहीं समर्थ सर्वोपरि हैं

यह समर्थको जो अनुसंधान सोई प्रभुकी कृपा है अथवा आपनी सामर्थ्य अनुसंधान के आधीन पाप नाश न समुझना अरु विशेष मित्रभाव सबसें राखना सो कृपा है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ यद्वा ॥ स्वसामर्थ्यानुसन्धानाधीनकालुष्यनाशनः। हार्दो भावविशेषो यः कृपा सा जागदीश्वरी ॥ तहां जीवरक्षण अरु पापनाशन अरु मित्रभाव इन तीन रूप कृपा के लोक हेतु हैं पुनः जासु यह जो शब्द है सो स्त्रीलिंग बिषे यत्शब्द सप्तमी को बहुवचन है ताते जासु कृपा यामें बहुवचन अर्थात् तीनि रूप कृपा भये संते पुनः नहिं कृपा अघाती यामें एकवचन है अर्थात् जा प्रभुकी एक जो कृपाहै सोई जासु कहे जे तीनिरूप कृपाके हैं तिनहूंबिषे लोकन के जीवन को हित करत संते आपु कबहूं अघाती नहीं अधिक होनेकी अभिलाषा बनीरहती है अथवा जिनकी कृपा जीवन पर कृपा करिकै अघाती नहीं अथवा जिनकी कृपाके समान अघ जो पाप ताको घात करनहारी दूसरे की कृपा नहीं है ३ ॥

राम सुस्वामि कुसेवक मोसे। निजदिशि देखि दयानिधि पोसे ४

यद्यपि मैं कुसेवकहौं काहेते सुसेवकके आचरण तौ येहैं यथा दासरसनिरूपणे ॥ दोहा ॥ सर्वेश्वर सर्वज्ञ प्रभु, अतिशय कृपानिधान। इत्यादिक गुण आश्रयण, सो आलंबन जान १ आठौ अंग प्रणामकै, पादप्रक्षालनपान। कृपादृष्टि की चाह नित, सो उद्दीपन जान २ आज्ञा शिर धारै सदा, सेवन चतुर अमान। ढीठ वचन बोलै नहीं, यह अनुभाव बखान ३ पूर्व कहे ते प्रणययुत, अष्टसात्त्विका जान। तन मनको जो क्षोभही, ताहि सात्त्विका मान ४ हर्ष गर्व चिंता स्मृती, मति धृति अरु निर्वेद। तर्क शंक पुनि दीनता, सब संचारि सुवेद ५ जिय प्रभुताको ज्ञान नित, संभ्रम आदरदान। स्वामिभाव करि प्रीति यह, थाइ भाव जिय जान ६ प्रथमहिंते सिय रामको, दर्शनही संयोग। दर्शन पुनि अन्तर परै, ताकहँ जान वियोग ७ बिजत प्रयुत द्वै योग हैं, यह दशदशा बखानि। कृशता जड़ता जागरण, अनालंब धृति हानि ८ ज्वरतापादिक व्याधि पुनि, जरनिअंग सो जान। बाढ़ै चित उन्मत्तता, मूर्च्छामरण निदान ९ इत्यादिक लक्षण जामें होइ सो सुसेवक याके विपरीत ताते कुसेवकहौं सो कहत कि मोहिं ऐसे कुसेवक पर प्रभु दया करे तौ श्रीरघुनाथजी सुस्वामी हैं काहेते दयानिधि कहे दयाके समुद्र

हैं दया को क्या लक्षण है तहां धर्म को मुख्य अंग है दया अर्थात् विना स्वार्थ जीवन को भला करना सोई दया है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ दया दयावंतां ज्ञेया स्वार्थस्तत्र न कारणम् ॥ इत्यादि दयानिधि दयागुणते निज दिशि हेरिकै अर्थात् विना स्वार्थही जीवनको पाला चाहिये याते प्रभु मोको पोसे नाम पालन करे ४ ॥

लोकहु वेद सुसाहिब रीती । विनय सुनत पहिंचानत प्रीती ५

सुसाहिब सुष्ठु साहिबकी जो रीति है सो वेदहूमें लिखी है पुनः लोकहूमें प्रसिद्ध है वेदवार्ता रामतापिन्याम् ॥ धर्ममार्गश्चरित्रेण ज्ञानमार्गश्च नामतः। तथा ध्यानेन वैराग्यमैश्वर्यं यस्य पूजनात्॥इति अथर्वणवेद रामतापिनीउपनिषद् में लिखा है कि लोकोद्धारहेतु दया करि प्रभु चारि मार्ग प्रकट करे यथा सुन्दर चरितन करि धर्ममार्ग प्रकटे अरु नामके प्रभावकरि ज्ञानमार्ग प्रकट करे पुनः रूप ध्यान के प्रभावते वैराग्यमार्ग प्रकटे पूजन प्रभावते ऐश्वर्य अर्थात् राजार्ची मार्ग प्रकट करे पुनः लोकविदित रामचन्द्रिकायाम् ॥ बोलि न बोल्यो बोल दियो फिरि ताहि न दीन्हे । जुरि न मुच्यो संग्राम क्रोध मन वृथा न कीन्हे ॥ मारि न मारे शत्रु लोककी लीक न लोपी । दान सत्य सन्मान सुयश दिशि विदिशि कियोपी॥ मद काम क्रोध अरु लोभवश भयो न केशवदास भनि । स्वइ परब्रह्म श्रीरामजू अवतारी अवतारमनि ॥ अर्थात् प्रभु की यह रीतिहै कि कोऊ विनती करै ताको सुनतही वाके अन्तर की प्रीति पहिंचानि लेते हैं अर्थात् अन्तर प्रीति है अरु मुखते नहीं कहत बनत सो नहीं विचारत अन्तरकी प्रीति ग्रहण करत तथाअन्तर प्रीति नहीं मुखते बहुत बनायकै कहै ताको नहीं ग्रहण करत ५ ॥

गनी गरीब ग्रामनर नागर । पण्डित मूढ़ मलीन उजागर ६

तैसी रीति प्राकृत राजनमें होत सो कहत कि राजाकी राज्यमें सब तरहके लोग बसते हैं तिनको राजा पहिंचानि लेता है यथा गनी गनतीवाले धनी गरीब लघुधन व दीन स्वभाव के ग्रामनर साधारण वासी नागर जे चतुर जन पण्डित जे व्याकरणादि विद्यामें प्रवीण मूढ़ जे विद्या बुद्धिहीन मलीन जे मैली प्रकृतिवाले उजागर जे उज्ज्वली प्रकृतिवाले ६ ॥

सुकवि कुकवि निज मतिअनुहारी । नृपहिं सराहत सब नर नारी ७

सुकवि जे काव्यकला में प्रवीण विद्या बुद्धि अमल कुकवि जे काव्यरीति

नहीं जानत बुद्धिभी अच्छी नहीं इत्यादि सब अपनी मति की अनुहारि सब स्त्री पुरुष राजाकी सराहना करत ७ ॥

साधु सुजान सुशील नृपाला । ईश अंशभव परम कृपाला ८

तिन सबकी वाणी समुझिबे में राजा प्रवीण होत कैसा साधु सन्मार्गी पुनः सुजान अर्थात् धर्मनीति विद्या में प्रवीण पुनः सुशील अर्थात् हीन दीन मलीनन को अपनावना पुनः नृपाल कहे नरनको पालनहार सो ईश्वर के अंशते भव नाम उत्पन्न है याते परम कृपालु होत अर्थात् सबको पालन करिबे को मैंही समर्थ हौं यही दृढ़ राखना कृपालुता है ८ ॥

सुनि सनमानत सबहि सुबानी । भणित भक्ति मति गति पहिंचानी ६

सोई राजा सबकी वाणी सुनि सबकी वाणिनको भेद सबके अन्तर की प्रीति पहिंचानिकै आपने गुणनते सुवाणी करिकै सबको सन्मान करत सो कौने गुणते किसकी कौन बात पहिंचानत यथा पण्डित जे व्याकरण षट् काव्यन में प्रवीण सुकवि जे व्याकरण काव्यप्रकाश कुवलयानंद रसार्णवादिमें प्रवीण पुनः नागर किंचित् व्याकरण चन्द्रावलोक रसमंजरी आदिकनमें प्रवीण इत्यादिकनकी भणित जो हैं काव्य ताको सुजान ता गुणते पहिंचानत सुजान कही जो सब विद्या सब भाषा में प्रवीण होय पुनः गनी कहे धनी जे उदारतादि में नाम प्रसिद्ध उजागर जो धर्म क्रियादि में रत इनकी भक्ति अर्थात् अपना में प्रीति शुद्ध इति भक्ति साधुता गुणते पहिंचानत साधुता सन्मार्ग में मन राखना पुनः हीन इत्यादि जो गरीब हैं पुनः कुत्सित बीभत्सित आदि जे मलिन जनहैं तिनकी नति कहे नम्रता पहिंचानत सुशीलता गुणते सुशीलता यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ हीनैर्दीनैश्रमालिनैभत्सैः कुत्सितैरपि । महदुच्छिद्रसंश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः ॥ अर्थात् दीन कुत्सितन को बड़ाई देना सोई सुशीलता है पुनः मूढ़ जे अज्ञान हैं पुनः कुकवि जे काव्य की रीति नहीं जानते हैं अरु काव्य करते हैं पुनः ग्रामनर जे ग्रामीण अर्थात् गँवारी बोली में प्रशंसादि करते हैं तिनकी गति पहिंचानत अर्थात् हमहीं तक इनकी गति है अथवा इनकी जितनी गतिहै तितनेही कहि सकते हैं और आगे गति नहीं है सो कृपालुता गुणते पहिंचानत भाव इनको पालनहार हमहीं हैं ६ ॥

यह प्राकृत महिपाल स्वभाऊ । जान शिरोमणि कोशलराऊ १०

यह जो रीति कहि आयेहैं सो तौ प्राकृत महिपालको स्वभाव है अरु कोशलराउ अर्थात् अयोध्याजी में तौ एकते एक उत्तम राजा होत आये तिनमें शिरोमणि हैं ताते प्रभु तौ सुजाननमें शिरोमणि हैं १० ॥

रीझत रामसनेह निसोते। को जग मंद मलिनमति मोते ११

तहां कहते बनै अथवा न बनै परन्तु हृदयकी तौ प्रीति देखतेहैं सो कहत कि जब बाहर किसी विषय की चाह न रहै अंतरमें काहू बात की वासना न रहै सब इन्द्रिय मनादि प्रभुके नाम रूप लीला धामादिमें लौ लागरहै ऐसा निसोत सनेह जब होय तब श्रीरघुनाथजी रीझतेहैं यहांते षट्शरणागति वर्णन करिहैं सो निसोत सनेहमें द्वै भेद आवत प्रथम हरि-अनुकूल वस्तुनको ग्रहण यथा ॥ नाम रूप लीला सुरति, धाम वास सत्संग। स्वातिसलिल श्रीराम मन, चातक प्रीति अभंग ॥ पुनः प्रतिकूलको त्याग यथा ॥ मद कुसंग परदार धन, द्रोह मान जनि भूल। धर्म रामप्रतिकूल ये, अमी त्यागि विषतूल ॥ पुनः कृपालु प्रभुते आपने दोष वर्णन करना सो कार्पण्यता शरणागतिहै यथा ॥ कायर क्रूर कपूत खल, लंपट मंद लबार। नीच अघी अतिमूढ़ मैं, कीजे नाथ उबार ॥ ता हेतु कहत कि मति जो बुद्धि ताको मलिन पुनः मंद कहे आलसी मोते अधिक दूसरा को है यही कार्पण्यता शरणागति है ११ ॥

दो० शठ सेवककी प्रीति रुचि, रखिहैं राम कृपालु ॥
उपल किये जलयान जिन, सचिव सुमति कपि भालु १२

जो ऊपर कहिआये सोई कार्पण्यता अर्थात् दीनता इहौं प्रथम देखावत यथा मैं जो निर्बुद्धि शठ सेवक हौं सो मेरे उरकी प्रीति विचारि मेरी रुचि श्रीरघुनाथजी राखैंगे काहेते कृपालु हैं कृपा क्या चीज है अर्थात् सब जीवन के रक्षा करिबे को हमहीं समर्थहैं यह विचार दृढ़ मनमें राखना सोई कृपाहै यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इतिसामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ इत्यादिके स्थानहैं प्रभु तहां कृपा दया करुणा उदारता सुशीलादि गुण प्रभुके विचारना यह गोप्तृत्व वर्णन शरणागतिहै यथा ॥ केवट कपिकृत सख्यता, शबरी गीध पषान। सुगति दीन्ह रघुनाथ तजि, कृपासिन्धु को आन ॥ सोई कहत कि सौलभ्यता उदारता कृपा दयादि यश कीर्ति प्रताप किसीने नहीं प्रकट किया अर्थात् उपल जो पत्थर ताकी

जलयान कहे नाव कीन्हे पुनः सुग्रीव जामवंतादि कपि भालुन को सखा मंत्री कीन्हे अर्थात् जे पाषाण और को लैके आप बूड़त ते आप जलपर तरे और को तारे पुनः कपि भालुनकी स्वाभाविक चंचल प्रकृति जिनको देखि औरन को स्वभाव बिगरिजाय तिनको प्रभु ऐसा कृतार्थरूप करिदिये कि जिनको यश सुनि औरहू कृतार्थ होत पुनः निषाद कोल भील गीध शबरी आदि अनेकन को दर्शनमात्रते उद्धारे ऐसा उदाररूप को है १२ ॥

महूं कहावत सब कहत, राम सहत उपहास ॥
साहिब सीतानाथ सों, सेवक तुलसीदास १३

महूं कहावत अर्थात् मैं सीतानाथ को सेवक हौं ऐसा सबसों कहतहौं अरु औरो सब कहत कि सीतानाथको सेवक है तहां सीतानाथ ऐसे उत्तम स्वामी तिनको सेवक तुलसीदास ऐसो कुसेवक तहां माता पिता के अनुकूल पुत्र पतिकी अनुकूल स्त्री तथा स्वामीकी अनुकूल सेवक यह साधारण लोकरीति है अरु जो पुत्र स्त्री सेवक गुणनमें अधिक होइ तौ दोउनकी प्रशंसा है अरु जो स्वामी आदि में उत्तमता सेवकादि में न्यूनता तौ स्वामी को उपहास होत इत्यादि मेरे संबंध ते जो प्रभु को उपहास होत सो श्रीरघुनाथजी सहत हैं अथवा सीता स्वकीया पतिव्रतन में शिरोमणि तिनके नाथ कैसे॥ ज्यहि स्वप्नेहु परनारि न हेरी ॥ यथा ॥ एकपत्नीव्रतो रामः ॥ पुनः सत्योपाख्याने ॥ त्रेतायुगे च श्रीरामो भविष्यति पतिर्मम । एकपत्नीव्रतं तस्य न विहन्येत्कथंचन ॥ पुनः तुलसी जलन्धर दैत्यकी स्त्री है यद्यपि भगवान् अति प्रिया मानि ग्रहण कीन्हे तथापि परकीयै तौ है तहां और रूपनमें नहीं दूषण परंतु रामरूप में तुलसी को संबंध कहेते एकपत्नीव्रत यह जो धर्म है तामें बाधक है यथा सतसई में गोसाईंजी लिखे ॥ सहसनाम मुनिभनित सुनि, तुलसीवल्लभनाम । सकुचत हिय हँसि निरखि सिय, धर्मधुरंधर राम ॥ अर्थात् सहस्र नामनमें जहां तुलसीवल्लभो रामः ऐसा नाम निसरत तहां किशोरीजी हँसती हैं ताते तुलसी को दास सीतानाथ को सेवक यह तुलसी की प्रीति दरशावत सोई एकपत्नीव्रतमें बाधक इति प्रभु मेरे हेतु उपहास सहत यह वाच्य व्यंजक है १३ ॥

अतिबड़ि मोरि ढिठाई खोरी । सुनि अघ नरकहु नाक सिकोरी १४

पूर्व दोहामें तुलसीको माहात्म्य व्यंग्यहै तहां जो बातमें प्रभु की उपहास

सोई मैं प्रसिद्ध करतहौं अर्थात् तुलसीको दास रामसेवक मैं हौं अरु सब सों यही बात कहवावत तहां लोक में भी यह रीति है कि जे प्रतिष्ठित पुरुष हैं कदाचित् किसी और स्त्री सों नेह लागिगयो ताको गुप्त राखत कदाचित उसी स्त्री के स्नेह सों किसी पुरुष को उस स्वामी ने अधिकार दैदिया तौ उस पुरुष को न चाहिये कि यह बात प्रसिद्ध करै कदाचित् प्रसिद्ध करि कहने लगो कि मैं उस स्त्रीका सिफ़ारशी हौं यह बड़ी ढिठाई की बात है सोई तुलसी तौ गुप्त प्रभुकी वल्लभा है तिनको मैं प्रसिद्ध करताहौं यह एक मेरी बड़ी ढिठाई है यहि ढिठाई की जो खोरि अर्थात् अपराध है सो तौ केवल प्रभुके निकट है परंतु यही बात सुनिकै अघ जो अनेक जन्मके मेरे पाप अरु नरक दोऊ मेरे ग्राहक रहैं ते दोऊ नाक सिकोरि लिये अर्थात् बड़ा बली याको पक्ष है अब हमारे योग्य नहीं रह्यो काहेते तुलसी को ऐसा माहात्म्य है पाद्मे यथा ॥ वनस्पतीनां तुलसी मासानां कार्त्तिकः प्रियः। एकादशी तिथीनां च क्षेत्राणां द्वारका मम ॥ एतेषां सेवनं यस्तु करोति नियतेन्द्रियः। स मे वल्लभतामेति न तथा पूजनादिभिः ॥ पापेभ्यो न भयं तेन कर्तव्यं निरयादपि। एतेषां सेवनं कान्ते कुर्वतां मत्प्रसादतः ॥ इत्यादि तुलसी को नामै सुनि नरक पाप डरत है १४ ॥

समुझिसहमिस्वहिं अपडरअपने। सो सुधि राम कीन्ह नहिं सपने १५

इहां तेई चौपाई में आत्मनिक्षेप शरणागति है आपनी ढिठाई समुझि अपडर कहे आपनेही दिशिते डर मानि आपने मनमें मोहिं सहमि नाम भयातुरी भई परन्तु सो ढिठाई की सुधि श्रीरघुनाथजी सपनेहू में नहीं कीन जो सुधि करते तौ मेरे उरमें प्रभुकी सन्मुखता न रहती १५ ॥

सुनि अवलोकि सुचित चषचाही। भक्ति मोरिमति स्वामि सराही १६

सोई जो मेरे उरमें प्रीतिहै अर्थात् मैं श्रीरामसेवक हौं यह निश्चय प्रीति मेरे उरमें अवलोकि कहे देखि पुनः औरनकी कही सुनिकै सुचित कहे थिरचित्त विचार सहित चष जो नेत्र तिनते चाहि कहे देखिकै औरन की कही सुनि ताको विचारि मेरे उरमें देखि मोरि भक्ति पुनः मति जो बुद्धि ताको स्वामी श्रीरघुनाथजी ने सराही काहेते श्रीनाभाजी लिखे हैं कि कलिकुटिल जीव निस्तार हित वाल्मीकि तुलसी भये इत्यादि महात्मनकी वाणी स्वामी के प्रेरणाते है १६ ॥

कहत नशाइ होइ हिय नीकी । रीझत राम जानि जन जीकी १७

मैं प्रभुको हौं व मेरे एक प्रभुही हैं इत्यादि जो दृढ़प्रीति हृदयमें होइ अरु मुखते कहत में नशायजाय अर्थात् मर्यादा अनुकूल वार्ता न बने यथा॥ पानि पाद धोयेव विनाहीं । जो शठ पैठत मंदिरमाहीं ॥ अर्चन करत मौन नहिं राखै । असुर काल पूजा अभिलाखै ॥ जे शठ बैठहिं प्रभुके द्वारि । प्रौढ़ासन अकि पाउं पसारि ॥ बैठे किधौं प्रभुहि दे पीठि । औरहि तन चितवैं दै दीठि ॥ प्रभुढिग भोजन करैं कि शैन । अकि बोलै कछु मिथ्या बैन ॥ इत्यादि अनेक बातैं वर्जित हैं सो यद्यपि बिगरैं परंतु हियमें प्रीति नीकि होय सोई जनके जीकी नीकी बात देखिकै श्रीरघुनाथजी रीतेहैं भाव बाहर भीतरकी वासना खैंचि आत्म प्रभु पर वारन करै अरु वेदविधान बनै चहै न बनै इसीमें प्रसन्न हैं १७ ॥

रहत न प्रभु चित चूक कियेकी । करत सुरति सौबार हियेकी १८

जो शुद्ध सांचे भावते मन प्रभुमें लागहै अरु बाह्य देश किसी कर्तव्यता ते चूक परिगई इत्यादि दासनके चूक कियेकी जो सुधिहै सो प्रभुके चित्तमें रहतै नहीं वाको भुलाय देते हैं अरु दास के हीकी जो सांची प्रीति है ताको सौबार सुरति करत तहां जे देह मिथ्या मानि ताको व्यवहार झूठा जानि ताकी ममता खैंचि आत्मा सत्य मानत ताको प्रभु पर वारन करे तिनकी देहकी चूकभी प्रभु झूठी समुझते हैं सो आगे कहत १८ ॥

ज्यहिअघबध्यो व्याधजिमि बाली । पुनिसुकंठसोइकीन्हकुचाली १९

ज्यहि अघ अर्थात् सुग्रीव की स्त्री बालिने ग्रहण कीन्ह ताको व्याधाकी रीति छिपिकै मारे वीरता धर्मते नहीं भाव सन्मुख विमुख कैसेहू मिलै वाको मारि डारने मंजूर रहै अर्थात् वाको अपराध क्षमा करने लायक न विचारे पुनः सोई कुचाल सुग्रीव भी कीन्हे १९ ॥

स्वइ करतूति विभीषण केरी । सपनेहु सो न राम हिय हेरी २०

जा भांति बालि की स्त्री तारा को सुग्रीव ग्रहण कीन सोई करतूति बड़े भाईकी स्त्रीके संग भोग महापाप विभीषणौ करे इत्यादि दोउनकी कर्तव्यताको जो अपराध ताकी दिशि श्रीरघुनाथजी स्वप्नेउमें नहीं हेरे यामें भक्तवात्सल्यतागुण है यथा ॥ भोगत आपु सुदासनके अघ देत भुलाय कि भूलि न हेरे । की निज शक्ति दवानलसों दहि डारत दासनके अघ ढेरे ॥

की प्रभु रूखता दूषणहीन सनेह सों दासन के नित नेरे । वात्सल्यता रघुनंदनकी धरु बैजसुनाथ हिये बिच मेरे ॥ यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ आश्रितदोषभोक्तृत्वं वात्सल्यमिति केचन । आश्रितागस्तिरस्कारो बुद्धिर्वात्सल्यमित्यपि ॥ सुस्निग्धहृदयत्वं यद्दोषरौक्ष्यातिगं निजे । जने स्यात्तद्धि वात्सल्यं भक्तप्राणस्य वै हरेः ॥ ममतामोहसंपर्को दृढीयांस्तनुजादिषु । यत्पिच्छलमनहकत्वं विदुर्वात्सल्यमुत्तमाः ॥ इत्यादि वात्सल्यगुण को लक्षणहै यह गुण तौ हमको मुदिता बनायो काहेते जबते जन्म धरे तबते पापही कर्मनमें रत रहे अब शास्त्र सत्संग द्वारा कछु शंका आई रहै अब यह गुण प्रभुको सुनिकै निश्चिंत ह्वै गये काहेते तुलसी तिलक मुद्रा धारणै किहे हन देखावमात्र ठाकुर को पूजौ पाठ मंत्र जाप करित सनेहिनके संयोग वियोग समय एक दो बार प्रभु को नामौ लेइत ताते हमहूं रामदासहैं याते हमारे पाप तौ प्रभु देखबै न करैंगे तौ हम ऐसे पापी कलियुगी जीवनको निःशंक पाप करने को द्वारा खुला ताके द्वारपाल सब तिलककर्ता बैठे हुक्म सुनायरहे हैं जो कहौ कि तुम ऐसे झूंठे भक्तनको नहीं कहत सांचे भक्तनको कहत तौ हम कहते हैं कि सांचे भक्त पाप करतै नहीं सो प्रभुको वचन है यथा ॥ षटविकार तजि अनघ अकामा । अकल अकिंचन शुचि सुखधामा ॥ दम्भ मान मद करहिं न काऊ । भूलि न देहिं कुमारग पाऊ ॥ शम दम नेम नीति नहिं डोलहिं । परुष वचन कबहूं नहिं बोलहिं ॥ भागवते ॥ कामैरहतधीर्दान्तो मृदुः शुचिरकिञ्चनः । अनीहो मितभुक् शान्तः स्थिरो मच्छरणो मुनिः ॥ सांचे भक्तनके तौ ये लक्षण हैं अरु वे कैसे सेवकहैं जे अपनी इन्द्रियनके सुखभोग हेतु पाप करैं सो पाप स्वामी ते भोग करावैं ते सेवक का भये मानों शत्रु भये यथा भरतजी कहे ॥ जो सेवक साहबहि सकोची । निजहित चहै तासु मति पोची ॥ ताते सेवक कहाय स्वामीको सकोच देना बड़ी उपहासकी बातहै अरु सुग्रीव विभीषणमें जो यह बात कहे सो केवल प्रभुको गुण दरशावने हेतु कहे काहेते किसीको गुलाम कहौ तौ क्रोध करै परंतु उसीके इष्टदेवको गुलाम कहौ तौ प्रसन्न होइ तैसे यहांभी समझना चाहिये नातरु सुग्रीव विभीषण परम भागवत तिनमें पाप कहना यह भागवतापराधहै काहेते जैसा पाप बालिको तैसा पाप सुग्रीव को नहींहै काहेते एकतौ अनुजवधू दूजे पतिसों छीनिलेना तीसरे बरबस रति करना चौथे परस्त्रीरत पुनः विषयमें मन ताते सांचे पापहैं पुनः सुग्रीव में एकतौ तारा पंचकन्या जिनको परपतिरत दोष लागतही नहीं पुनः राजीसमेत है ताहू

पर वाके पतिको प्रभु मारे अरु प्रसन्न ह्वै भक्ति दिये पुनः लोकसुखहेतु पुत्रको युवराज दिये सुग्रीवको पति बनाये राज्ञतिलक समय उसीकी गांठि जोराय रानी बनाये इतनेमें सुग्रीवकी कर्तव्यता एकौ नहीं काहेते सुग्रीव तौ पहिले ही कहे कि ॥ अब प्रभु कृपा करौ यहिभांती । सब तजि भजन करौं दिन राती ॥ ताके पीछे प्रभुकी आज्ञाते राजस्त्री अंगीकार कीन्हें तामें कौन पाप है यथा विभीषणौ की जानिये तहां भक्तवात्सल्यता गुण नारदजी सों प्रभु आपही कहे ॥ सुनु मुनि तोहिं कहौं सहरोसा । भजै मोहिं तजि सकल भरोसा ॥ करौं सदा ताकी रखवारी । जिमि बालक पालै महतारी ॥ मोरे प्रौढ़तनय सम ज्ञानी । बालकसुत सम दास अमानी ॥ ताते जे संसारमें सबको आश भरोसा त्यागि अमान ह्वै अहर्निश रामानुरागरंगमें रँगे हैं तिनके हेतु भक्तवत्सलतागुण है अरु जो नेकहू किसी बातको मान आयो तौ नारद काकभुशुंडिसों अधिकी कोऊ भक्त नहीं तिनकी गति इसीमें प्रसिद्ध है ताते हम लोगनको तौ यह प्रसंग देखना चाहिये यथा ॥ करहिं मोहवश नर अघ नाना । स्वारथरत परलोक नशाना ॥ कालरूप तिनकर मैं भ्राता । शुभ अरु अशुभ कर्म फलदाता ॥ यह विचारि हरिप्रतिकूल कर्मनको त्यागि हरि भक्ति अनुकूल कर्मनको ग्रहण किया चाहिये जब सांची प्रीति प्रभुमें आवैगी तब भक्तवत्सलता प्रभुकी आपु सहायक है २० ॥

ते भरतहि भेंटत सनमाने । राजसभा रघुवीर बखाने २१

तिनके उरमें सांची प्रीति देखि सुग्रीव विभीषण को अयोध्याजी में भरतजीके भेंटत समय में प्रभु सन्मान करे पुनः राजसभा के बीच जहां वशिष्ठ वामदेव सुमंतादि मंत्री भरतादि सब बंधु अवधवासी अर्थात् जहां सब रामप्रेम की मूर्ति ऐसी समाजमें श्रीरघुनाथजी इनकी प्रीतिको बखान कीन्हें यथा ॥ ममहित लागि जन्म इन हारे । भरतहुते म्वहिं अधिक पियारे ॥ तहां भक्तन में शिरोमणि राम प्रेमको रूप भरतजी तिनते अधिक पियारे इनको काहेते कहे तहां भरतजी रघुवंशकुल में जन्म दशरथके पुत्र प्रभुके बंधु बालअवस्थाते संगी अवधपुरी में तिनके जहांतक गुण होइँ सो सब उचितहैं अरु सुग्रीव वानर पशु चंचलस्वभाव ताहूमें जङ्गली जीवनकी संगति पुनः विभीषण राक्षस रावणके भाई सदा कुसंग में वास इत्यादि सब प्रकारते हीनता तिनमें सांची प्रीति प्रभु में होना यह परम उत्तमता है पुनः असमय के सखा अर्थात् प्रियवियोगजनित दुःख में प्राण वारण

करि सहायता करे सो बात लोकहू में राजा लोग संग्राम के सहायकन को जन्मभरि मानत अरु प्रभु तौ वीरशिरोमणि हैं इत्यादि कारणते ये भरतते अधिक प्यारे हैं २१ ॥

दो० प्रभु तरुतर कपि डारपर, ते किय आपु समान ॥
तुलसी कहूं न राम से, साहिब शीलनिधान २२

अब रक्षामें विश्वास शरणागति कहत यथा ॥ अम्बरीष प्रह्लाद ध्रुव, गज द्रौपदि कपिनाथ । भे रक्षक अब मेरहू, करिहैं श्रीरघुनाथ ॥ तहां जो पूर्व कहिआये कि ॥ कहत नशाय होय हिय नीकी । रीझत राम जानि जनजीकी ॥ ताहीको उदाहरण देखावत कि देखो प्रभु तौ तरु जो वृक्ष ताके तरे भूमिमें बैठेहैं अरु वानर ऐसे अविवेकी कि उसी वृक्षकी डारपर अर्थात् ऊंचे बैठे हैं तहां वानरनको चित्त तौ प्रभुके कार्यमें लाग याते देहके बने बिगरे की सुधि नहीं ताहीते उनकी बिगरी नहीं मानते हृदयकी प्रीति सांची विचारि तिन कपिनको आपनी समान कीन अर्थात् लोकमें कीर्ति समान अरु परलोक में समीपवासके अधिकारी कीन सो गोसाईंजी कहत कि श्रीरघुनाथजी के समान शीलनिधान साहिब दूसरा कोऊ कहूं नहीं है अर्थात् सुर नर नाग और अवतार अथवा अपर यावत् भगवत्रूप हैं तिन काहूमें ऐसा शील नहीं है शीलगुण यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ हीनैर्दीनैश्चमलिनैर्बीभत्सैः कुत्सितैरपि । महतोऽच्छिद्रसंश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः ॥ तहां केवट कोल शबरी गीधादिकनको दर्शनमात्रते परम पद दीन पाषाण की नाव वानरनको सखा इत्यादि औरको कीन पुनः चराचर पुरीभरि परे धामको को लैगाहै याते शीलनिधानरूप दूसरा रूप नहीं एक रघुनाथैजी हैं २२ ॥

राम निकाई रावरी, है सबही को नीक ॥
जो यह सांचीहै सदा, तौ नीको तुलसीक २३

ब्रह्मा शिव नारद सनकादिक जो उत्तमनको भला कीन्हे ताको यश वेद गावत यथा रामतापिन्याम् ॥ रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम । भो दशास्यान्तकास्माकं रक्ष देहि श्रियं च ते ॥ पुनः अवध मिथिलावासी मध्य पुनः निषाद कोल शबरी आदि नीचनको जो भला कीन ताको यश पुराणे गावत यथा अध्यात्मे ॥ को वा दयालुः स्मृतकामधेनुरन्यो जगत्यां रघुनायकादहो । स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञातोमृतो मे स्वयमेव

यातः ॥ अरु अब अनेकन को भजा भक्तिद्वारा होत सो देखियत है तो हे श्रीरघुनाथजी ! रावरी कहे आपकी यह जो निकाई सदा सांची है तो नीच ऊंच सबको भला है तौ तुलसी को भी भला अवश्यही होयगो यामें संदेह नहीं इति रक्षामें विश्वास शरणागति है २३ ॥

यहिविधि निज गुणदोष कहि, सकल सभहि शिरनाइ ॥
बरणौं रघुपति विमल यश, सुनि कलिकलुष नशाइ २४

यहिविधि पूर्वरीति अर्थात् या प्रसंगमें जो षट्शरणागति हैं तिनमें जो निज कहे आपने गुण दोष अर्थात् दोषरूपी गुण भाव दोषगुण कहिकै अथवा शरणागतिरूप गुण और सब दोष अथवा जो आपने दोष सांचु करि कहौं तौ स्वामी प्रसन्न ह्वैकै दोष माफ करत सो शरणागति रीति ते आपने दोष कहिकै प्रभुकी कृपाते गुण करि पाये ताही आनन्दते पुनः सब को शीश नवायके अब श्रीरघुनाथजी को विशद नाम उज्ज्वल यश वर्णन करतहौं कैसा यशहै जाके सुनेते कलियुगको कलुष जो पाप सो नशाइ नाम नाश होई भाव जो सुनी अथवा कीर्तन करी ताके कलियुगके उपराजे पाप नाश होयँगे जीव शुद्ध ह्वै रामसनेही होइँगे २४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे षट्शरणागति-
वर्णनो नाम सप्तमः प्रकाशः ७ ॥

याज्ञवल्क्य जो कथा सुहाई। भरद्वाज मुनिवरहि सुनाई १

वेदवादी शास्त्री पौराणिक शैव शाक्त वैष्णव सौर गाणपत कर्म ज्ञान उपासनादि यावत् मत मतान्ती हैं तिन सबको प्रिय लागै जो ऐसी सुहाई सुन्दरि जो कथा रामतापिनी आदि द्वारा याज्ञवल्क्यजी मुनिन में वर नाम श्रेष्ठ भरद्वाजजी को सुनाई है १ ॥

कहिहौं सोइ संवाद बखानी। सुनहु सकल सज्जन सुखमानी २

सोई याज्ञवल्क्य भरद्वाजको संवाद ताको विस्तार सहित बखान करिकै कहिहौं हे सकल सज्जनो ! ता कथाको सुख मानिकै सुनौ अर्थात् लोक परलोक सब भांतिकी सुखदायक है २ ॥

शंभु कीन्ह यह चरित सुहावा। बहुरि कृपाकरि उमहिं सुनावा ३

काहेते सुखदायक है यह जो रामचरितमानस है ताको शम्भु कीनहै तहां जा भांति जगत् के जीवनके लौकिक सुखहेतु मंत्रजाल साबर तन्त्र सिद्धरूप बनाये ताहीभांति लौकिक पारलौकिक दोऊ सुख हेतु यह रामचरितमानस बनाये यथा ॥ सुरदुर्लभ सुखकरि जग माहीं । अन्तकाल रघुपतिपुर जाहीं ॥ याते सुहावा नाम सब जगको प्याराहै पुनः शिवजी कृपा करिकै उमा जो पार्वतीजी तिनको सुनाये ३ ॥

सो शिव काकभुशुंडिहि दीन्हा । रामभक्ति अधिकारी चीन्हा ४

पुनः रामभक्तिको अधिकारी चीन्हिकै काकभुशुण्डिको सोई रामचरित शिवजी दीन्हे कब शिवजी दीन्हे जब शूद्रजन्म में शाप दीन्हे तब कहे यथा ॥ रघुपति पुरी जन्म तव भयऊ । पुनि तैं मम सेवा मन दयऊ ॥ पुरी प्रभाव अनुग्रह मेरे । रामभक्ति उपजी उर तेरे ॥ तहां पुरीको प्रभाव तौ भक्तिको अधिकारी चीन्हे अरु मेरी अनुग्रहते रामभक्ति तेरे उरमें उपजी तौ जब भक्ति उपजी तौ नाम रूप लीला धामादि सब भक्तिके अंगही हैं इति भविष्यदेना है पुनः लोमश के द्वारा प्रकट होना सोऊ शिवैजी को देनाहै सो लोमशको वचनहै यथा ॥ रामचरितसर गुप्त सुहावा। शंभुप्रसाद तात मैं पावा ॥ त्वहिं निजभक्त रामकर जानी। ताते मैं सब कहेउँ बखानी॥ भाव शिवकी अनुग्रह ते तैं रामभक्तहै यह मैं जानिकै ताते शिवजीते जो मैं पायों सोई रामचरित तोको सुनायों याते शिवै को देना जाना चाहिये ४ ॥

त्यहिसन याज्ञवल्क्य मुनि पावा । तिन पुनि भरद्वाज प्रति गावा ५

पुनः किसी काल तीर्थयात्रा में विचरते हुये याज्ञवल्क्य नीलगिरि पर गये तहां काकभुशुण्डिते समागम भयो तहां काकभुशुण्डजीते रामचरित याज्ञवल्क्य पाये तिन पुनः याज्ञवल्क्यजी प्रयागजीमें विस्तारपूर्वक भरद्वाज प्रति गाये कहे सुनाये ५ ॥

ते वक्ता श्रोता समशीला । समदर्शी जानहिं हरिलीला ६

तहां शिव पार्वती लोमश भुशुण्डि याज्ञवल्क्य भरद्वाज इत्यादि जो सब जन हैं ते वक्ता कहे वर्णन करिवेमें अरु श्रोता कहे श्रवणकरिवे में समशील रहे अर्थात् कहिवे सुनिबे में ज्ञान बुद्धि बराबरिहै पुनः समदर्शी कहे हिताहित भावहीन सर्व भूतमें भगवत् व्याप्त देखतेहैं याते बुद्धि अमलहै ताते हरि की लीलाभी यथार्थ जानते हैं ६ ॥

जानहिं तीनिकाल निज ज्ञाना। करतलगत आमलकसमाना ७

यथा करतल नाम हाथेमें गत नाम प्राप्त आमलक नाम अँवरा अर्थात् जा भांति हाथमें अँवरा देखात ताहीसमान जो पूर्व ह्वैगयाहै अब जो होता है आगे जो होनहार है इति भूत भविष्य वर्तमान तीनिउ कालकी जो गति सो ताको जो गुप्त प्रकट हाल है ताको सब जने अपने ज्ञानबलते नीकी प्रकार जानते हैं भाव सब रामतत्त्वके ज्ञाता रहे तिनको संवाद वर्णन करत हौं ७॥

औरौ जे हरिभक्त सुजाना। कहहिं सुनहिं समुझहिं विधि नाना८

और जे हरिभक्त सुजानहैं यथा नारद अगस्त्य वाल्मीकि हनुमानादि अथवा पाराशर व्यास शुकदेव सूतादि अथवा वर्तमान कालमें जे रामकथा अनेक विधिते कहत सुनत समुझते हैं अनेक विधि कल्पभेद आदि सुनि समुझिलेते हैं संदेह नहीं करतेहैं काहेते सुजान हैं ८॥

दो० मैं पुनि निज गुरुसन सुनी, कथा सुशूकरखेत॥
समुझ नहीं तस बालपन, तब अतिरहेहुँ अचेत ९

पुनः शूकरखेत अर्थात् गंगातट सोरौघाट वा घाघरा सरयूको संगम वाराहक्षेत्र में निजगुरु अपने गुरु श्रीस्वामी नरहरिदासजी के मुखकी कही श्रीरामकथा महूं सुनीहै पर जैसी समुझ चाहिये तस समुझ तव नहीं रहै काहेते बालपन लरिकाईं चंचलस्वभावते तब अत्यंत अचेत रहेहुँ भाव मोहरात्रि में इन्द्रिय विषयरूप निद्रा के मन वश रहै ज्ञानरूप चैतन्यता नहीं रहै ताते बुद्धिमंद रामचरित कैसे समुझिपरै ९॥

श्रोता वक्ता ज्ञाननिधि, कथा रामकी गूढ़॥
किमि समुझौं मैं मंदमति, कलिमलग्रसित विमूढ़ १०

तहां श्रीरामकथा का आशय गूढ़ अर्थात् वाचकमें अर्थ गुप्त अर्थमें आशय गुप्त यथा॥ जो प्रभु अवशि पार गा चहहू। तौ पदपद्म पखारन कहहू॥ इति वाचक जो पार जाना चहौ तौ मोको पांवधोवन कहौ इति अर्थ परिवार सहित तरा चाहत यह आशय गुप्त इत्यादि कहनेको वक्ता अरु समुझनेको श्रोता दोऊ ज्ञाननिधि अर्थात् परिपूर्ण ज्ञान चाहिये तब कहतहू बनै अरु समुझतौ बनै तब गूढ़ रामचरितको मैं किमि समुझौं काहेते मति जो बुद्धि सो मंद नाम आलसी भाव विषय नींदके वश पुनः कलिमल कहे

कलियुग करिकै उत्पन्न जो पाप तिनकरिकै ग्रसित पापनके वश परा तातै विशेषि करि मूढ़ अज्ञान सो कैसे समुझौं १० ॥

तदपि कही गुरु बारहिंबारा । समुझिपरी कछु मतिअनुसारा ११

तदपि जब गुरु बारबार अनेकन बार अर्थात् मेरी अज्ञानता मिटायवे हेतु कृपा करि अनेक बार समुझाये तब कुछ मति अनुसार जैसी मेरी बुद्धि तैसी कुछ समुझिपरी ११ ॥

भाषाबद्ध करब मैं सोई । मोरे मन प्रबोध ज्यहि होई १२

तहां अध्यात्म महारामायण आदि रामायण ब्रह्मरामायण वशिष्ठरामायण रामतापिनीसंहिता नाटक पुराणादि अनेकन ग्रंथ सुनाये तिनमें जो कुछ मेरी समुझमें आयो सोई मैं भाषाबद्ध अर्थात् षट्बोलिनका समाहार यथा ॥ संस्कृतं प्राकृतं चैव शूरसेनं च मागधीम् । फारसीमपभ्रंशं च भाषायां लक्षणानि षट् ॥ इत्यादि भाषारीतिमें श्रीरामचरित वर्णन करब काहे हेतु जामें मेरे मनमें प्रबोध होइ दृढ़ करिकै समुझमें आइजाइ तहां जा पदार्थको आपनी काव्यमें वर्णन करत सो विशेषि चित्तमें चढ़िजात षट्भाषा यथा॥ मामवलोकय पंकजलोचन ॥ हे पंकजलोचन इति संबोधन मां इति अस्मत् द्वितीयाको एकवचनहै अवलोकय तीसरी लकार मध्यम पुरुषको एकवचन है इति संस्कृत ॥ पुनः ॥ सीय कि पियसँग परिहरिहि, लषण कि रहिहैं धाम ॥ सीताकी सीय पीवकी पिया लक्ष्मणको लषण इति प्राकृत है पुनः ॥ भलो भलाईपै लहै ॥ अरु तौ नीको तुलसीक ॥ भलो नीको इति शूरसेन व्रजभाषा पुनः ॥ यहिविधि लेसै दीपले ॥ सब मागधकाशीकी भाषा ॥ त्यहि अवसर कछु कहनालिय ॥ इति फारसी पुनः ॥ अपभ्रंश दूषणनमें गिनती है ॥ यातै इस ग्रंथमें उदाहरण नहीं देसकते हैं याको लक्षण यह है यथा मृगनैनीको नैनमृगी कहौ १२ ॥

जस कुछ बुधि विवेकबल मोरे । तस कहिहौं हिय हरिके प्रेरे १३

संसार विषय स्वादमे जीव भूला परा ताहीको पुनः सुधिकरि अपनो रूप जानि लेना अर्थात् असारको त्यागि सारग्रहण करना इति विवेक पुनः जो विचारपूर्वक सत् वस्तु को ग्रहण निश्चय करै ताको बुद्धि कही अथवा सत्ग्रन्थ पढ़े सत्संगते जो सारासार जानै सो विवेक अर्थात् व्युत्पत्ति है पुनः अनेक बात सुनत विचारत वस्तु को निश्चय जानि लेना सो बुद्धि

अर्थात् अभ्यास है इत्यादि बुधि विवेक पुनः प्रभु कृपारूप बल अर्थात् शक्ति इति बुधि विवेक बल जो कुछ मेरे है ताकी अनुकूल अरु हिये में जो हरि श्रीरघुनाथजी प्रेरणा करिहैं तस कहिहौं तहां काव्य को कारण चित्त है तामें जैसी प्रभु प्रेरणा करिहैं पुनः कारण तीनि यथा शक्ति हरिकृपा पुनः व्युत्पत्ति विद्यापढ़ना पुनः अभ्यास अनेक बातको जानना इत्यादि जैसा मेरेहै तैसी काव्य करिहौं १३ ॥

निज संदेह मोह भ्रम हरणी । करौं कथा भवसरिता तरणी १४

अब काव्य को प्रयोजन कहत सोई समग्र मिलि ग्रंथको माहात्म्य जानिये तहां प्रयोजन तौ अनेक हैं तिनमें मुख्य कुछ कविलोग गनायेहैं यथा॥ यश संपति आनन्द अति, दुरितन डारै खोय। होत कवित ते चतुरई,जगत रामवश होय ॥ सो यामें आपनो अरु संसार दोऊ को भला देखावत कैसी श्रीरामकथा वर्णन करिहौं जो निज कहे आपनी संदेह अरु मोह अरु भ्रम तिनकी हरणहारी है कथा पुनः सब जीवमात्रन को तारिबेहेतु भवसरिता की तरणी कहे नावहै अर्थात् जब इन्द्रिय विषय सुख भोग में मन आसक्त भयो तब भगवत्रूप में आवरण परो ताते चित्त में संदेह उत्पन्न भई ताते मन मोह के वश ह्वै बुद्धि को हरिलियो तब बुद्धि से वायु जलकीसी नाव भ्रमित भई यथा गीतायाम् ॥ इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते । तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥ इत्यादि चित्तका संदेह मन को मोह बुद्धि की भ्रम हरणहारीहै अर्थात् हरि यश वर्णनमें जब मन लाग तब सब संदेहादि आपही नाश भये पुनः श्रवण कीतनमें जाके प्रेम आयो तब भवसागर सूखिकै सरितासम रहिगयो भाव नरक चौरासी छूटि गई वासनामात्र नर देह धारण रूप सरिता रहिगई ताके तारिबे हेतु कथा नावसम है १४ ॥

बुध विश्राम सकल जनरंजनि । रामकथा कलिकलुष विभंजनि १५

जे अनेक शास्त्रनमें परिश्रम करि रामतत्त्वज्ञाता भये ऐसे बुद्धिमाननको शास्त्रसम निवारणहेतु रामकथा विश्रामहेतु सुखद भूमि है अर्थात् शास्त्रन के सम्मत समेत रामतत्त्व देखि आनन्द पावैंगे पुनः साधारण जन जब श्रवणकीतन वा लीलादि देखनेते जब प्रेम आइजायगो तब जगत् जंजाल दुःख मिटिजायगो याते सकल जननको रंजनि कहे आनन्द देनहारी है

इति आनन्दप्रयोजन है पुनः श्रीरामकथा कैसी है कि सकल प्रकार के कलियुगी स्वभावकृत अनीतिमय कलुष जो पाप तिनको विभंजनि कहे नाश करनहारी है इति पापनाशन प्रयोजन है १५ ॥

रामकथा कलिपन्नग भरणी । पुनि विवेक पावक कहँ अरणी १६

। सूलक

कलियुगरूप पन्नग जो सर्प ताको उर विदारणहेतु रामकथा भरणीमूषक व्रजदेश में प्रसिद्ध वाको जब सर्प लीलिगयो सो वाके अंग में कांटा होत सो फैलायदेत सर्पको पेट फाड़ि मरिजात इहां नाम रूप लीला धामादि कांटा हैं पुनः विवेकरूप पावक जो अग्नि ताको बढ़ायबेहेतु अरणी कहे ईंधन है पापनाशन प्रयोजन है १६ ॥

रामकथा कलि कामद गाई । सुजन सजीवनमूरि सुहाई १७

विषयिनको सम्पत्ति विमुखन को गति विरक्तन को मुक्ति देत इत्यादि श्रवण कीर्तनते रामकथा कलियुगमें कामधेनु है जे प्रीतिते श्रवण कीर्तन करत तिनको राम प्रेमरूप अमृत दै भक्तिरूप अमरता देत ताते सुजननको सजीवनमूरि स्वादसहितहै इति सम्पत्ति प्रयोजन है १७ ॥

सोइ वसुधातल सुधातरंगिनि । भवभंजनि भ्रमभेक भुवंगिनि १८

सोई रामकथा वसुधातल विषे सुधा नाम अमृत की तरंगिनि नाम नदी है जो श्रवण कीर्तन में श्रीराम प्रेम उठत सोई प्रेमामृत की तरंगें हैं तिनमें रामायण रूप सरिता भूमि भरेमें परिपूर्ण है तहां श्रवण कीर्तनरूप दोऊ किनारा हैं तहां भवरूप वृक्षहै ताको भंजनि कहे समूल उखारनेवाली है पुनः विषयवश ते जो बुद्धिकी भ्रमहै सोई भेक नाम मेढ़क है ताको खाइ जाने हेतु भुवंगिनि नाम सर्पिणी है भाव श्रवणमात्र ही भ्रम नाश होत बुद्धि अमल होत यहौ पापनाशन प्रयोजन है १८ ॥

असुरसेनसम नरकनिकंदिनि । साधु विबुधकुलहित गिरिनंदिनि १९

नरक निकन्दनि जीवनको नरक जानो बन्द करिबे हेतु असुरसेनग या सुरसमहै पुनः साधुजन विबुधकुल देवकुल तिनके हित करिबेहेतु गिरिनन्दनि पार्वतीसमहै अर्थात् मोहरूप तारकासुर है ताके नाश हेतु विवेकरूप षण्मुख उपजावनेवाली है अथवा साधु देवनहित गिरिनन्दनि दुर्गारूप है तहां नरकरूप असुरसेन महिषासुर चंड मुण्ड शुंभ निशुंभादि हैं तिनको नाश करता है यहौ पाप हरता प्रयोजन है १९ ॥

संत समाज पयोधि रमासी । विश्वभारभर अचल क्षमासी २०

जब दुर्वासा शाप दिये ताते लक्ष्मीजी कोप करि क्षीरसागर में लोप भई तब जीवन को कौन पालै याते हाहाकार भयो सब देवता भगवान् के पास पुकारे भगवान् ने कहा विना माता बालकको कौन पालै याते सिंधु मथो तब मथेते प्रकट ह्वै रक्षा करी प्रसिद्ध क्षीरसागरमें रहीं इहां कलिप्रभावते रामकथा संतसमाज में लोप रहीं सो गोसाईंजी के विवेकादि द्वारा प्रकटीं संतसभामें प्रसिद्ध जीवन की रक्षा करती हैं विश्व चराचर जीव सिंधु सरितादि अचल पर्वत सबको भार भरिबे हेतु यथा क्षमा नाम पृथ्वी आधार है इहां विवेकादि जीवहैं संहितादि सागर पुराणादि नदी वेदादि पर्व्वत तिनको भार भरिबे हेतु यह कथा भूमिसम सबको आधार है भाव याके द्वारा उनको भी माहात्म्य प्रसिद्ध रहैगो सो प्रसिद्ध देखि परत २० ॥

यमगण मुखमसि जगयमुनासी । जीवनमुक्ति हेतु जनु कासी २१

यमुनाजी को यमराजने वर दियो कि व्रजविश्रामघाट में यमद्वितीया को स्नान करनेवाले यमपुर को न आवैंगे सो भगवत्पुरी को बल है इहां यमरूप कलियुग को वचन है कि जहां तुलसीकृत रामायण होय तहां मेरा प्रभाव न व्यापैगो ताते रामचरित को ऐसा प्रभाव है जो श्रवणमात्र परपद होत ताके श्रवण कीर्तन करनेवालेन को यमदूत मुखै नहीं देखावत ताते यमगण के मुखे मसि नाम स्याही लगावने हेतु सब जगभरे में यमुनाजी के समहै पुनः काशी में जो जीव मरत ताको शिवजी रामनाम उपदेश दै मुक्त करत यहि रामायण में नाम रूप लीला धाम द्वारा जीवन को मुक्ति देन हेतु सब संसार भरेमें काशीसम है यहौ पापहरण प्रयोजन है २१ ॥

रामहिं प्रिय पावनि तुलसीसी । तुलसिदास हित हिय हुलसीसी २२

श्रीरघुनाथजी को प्रिया पावन ता तुलसी वृक्षके समान तुलसी की मञ्जरी चढ़ायेते प्रसन्न होत याकी चौपाई आदि सुने प्रभु प्रसन्न होत तुलसी वृक्षतरुकी भूमि पवित्र इहां श्रवण कीर्तन करनहारे को हृदय पावन होत पुनः तुलसीदासके हित हियमें हुलसी कहे श्रीरामप्रेमानन्द सिंधुकी लहरि सीहै वा हुलसी गोसाईंजी की माताको नाम रहा सो कहत जा भांति हुलसी ने अपने उरते उत्पन्न करि स्थूलरूप पालन करी तथा रामायण अपने उरते उत्पन्न करि आत्मरूपको पालन करी याते हुलसी सम है इति रामवश होनो प्रयोजनहै २२ ॥

शिव प्रिय मेकल शैलसुतासी। सकल सिद्धि सुख संपतिरासी २३

मेकल शैल पर्वत ताकी सुता नर्मदा यथा॥ रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका इत्यमरः॥ यथा नर्मदा शिवजीको प्रिया अर्थात् जल रेणु पंक तृण पत्थरादि जाके शिवरूपहीहैं जाके पूजनते शिव शीघ्रही प्रसन्न होत तथा रामायणभी शिवको प्रियहै भाव श्रवण कीर्तन ते प्रसन्न होत पुनः सकल प्रकारकी जो अणिमादि सिद्धि हैं पुनः सुख आठ अंग यथा॥ सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भागाष्टकसुदीरितम्॥ इत्यादि सर्वांग सुख पुनः सम्पत्ति कहे इच्छापूर्वक धन इत्यादि सब वस्तुन की राशि कहे ढेरी है भाव मन लगाय जो श्रवण कीर्तन करी ताको सर्व मनोरथ पूर्ण होई २३॥

सद्गुणसुरगणअम्बअदितिसी। रघुपतिभक्ति प्रेम परिमितिसी२४

सद्गुण यथा॥ शील उदार दया बुधिकोमल तोष क्षमा समभाव किये है। ज्ञानविराग जितेंद्रिय राग सुमुक्षुनरीति शमादि हिये है॥ आप अमान सुमानद दानद सत्य सुपावन नेम लिये है। रामसनेह सबैजसुनाथहि सद्गुण सज्जनके ताकिये है॥ इत्यादि यावत् सद्गुण हैं तेई सुर नाम देवगण हैं तिनकी अम्ब नाम माता यथा अदिति सों सब देवता उत्पन्न भये तथा रामायण श्रवण कीर्तनते शुभ गुण उत्पन्न होत पुनः नवधा प्रेमा परादि जो श्रीरघुनाथजी की भक्तिहै ताकी मूल जो प्रेम ताकी परिमिति नाम मर्यादाहै अर्थात् रामायण श्रवण कीर्तनते परिपूर्ण प्रेम उत्पन्न भयेते जीव भक्तिको धारण करत यामें चातुर्यता प्रयोजन है २४॥

दो॰ रामकथा मंदाकिनी, चित्रकूट चित चारु॥
तुलसी सुभगसनेह वन, सियरघुवीर विहारु २५

श्रीरामकथारूप मंदाकिनी गंगा प्रसिद्धहै जहां सो चारु नाम सुन्दर तुलसी को चित्त सोई पावन चित्रकूट है तेहि चित्त विषे प्रणय प्रेम आसक्ति लगन लाग अनुरागादि अनेक वृक्षनमें श्रीरामसनेहरूप सुभग वनहै अर्थात् नेहकी ललित दृष्टिहै सोई ललिताई शोभा है त्याहिविषे सिय रघुवीरको नित्य विहार है भाव जो रामसनेहमें सुन्दर चित्त करि रामायण धारण करै ताही को प्रभुविहार प्राप्त होय याहूमें रामवश होनो प्रयोजन है २५॥

रामकथा चिंतामणि चारू। संत सुमति तिय सुभग शृँगारू २६

यह जो रामकथाहै सो चिन्तामणि रूप गाई कहे वर्णन करी है तहां चिंतामणिमें चारि गुण हैं यथा ॥ तम नाशत दारिद हरत, रुज हरि विघ्न निवारि। चिंतामणिमें सुजन ये, प्रकट कहे गुण चारि ॥ इहां जो भक्तिहै सोई चिन्तामणिको रूप है ताके चारिउ गुण यथा ॥ परम प्रकाशरूप दिन राती। नहिं कछु चहिय दियाघृत बाती ॥ इति अविद्यातमनाशन गुण ॥ पुनः ॥ मोहदरिद्र निकट नहिं आवहिं ॥ इति दरिद्रनाशन गुण ॥ पुनः ॥ खलकामादि निकट नहिं जाहीं ॥ इति विघ्ननिवारण गुण ॥ पुनः ॥ व्यापहि मानस रोग न ताही ॥ इति रुजहरता गुण इति चिन्तामणि ॥ पुनः संतन की मति सुंदरि तियाहै ताके अंगनमें सोरहों शृंगार रूपहै रामायण यथा ॥ उबटि सुकृति प्रेम मज्जनसुधर्म पटनेहनेह मांगशमदम से दुरारीहै। नूपुर सुबैन गुणयावक सुबुद्धि आंजि चूरि सज्जनाई सेवमेहँदी सँवारी है ॥ दया कानफूल नथ शांति हरिगुण माल शुद्धता सुगंध पानज्ञानत्यागकारीहै। घूंघट सध्यानसेजतुरिया में बैजनाथ रामपति पास तियसुमति शृँगारी है ॥ इति श्रवणमात्रते प्राप्त होत २६ ॥

जगमंगल गुणग्राम रामके। दानि मुक्ति धन धर्म धाम के २७

सुशीलता उदारता करुणा दया सौलभ्यता वात्सल्यता माधुरी यश कीर्ति प्रतापादि यावत् गुण श्रीरघुनाथजीके हैं तिनका ग्राम जो श्रीरामायण जगमें मंगलको रूपहै अर्थात् श्रवण कीर्तन कीन्हे स्वाभाविक लोकउत्सवहू न करत पुनः धाम घरको सुख यथा भोजन वसन वाहन वनितादि जो कामना है पुनः सुधर्म सत्य शौच दया दान पुनः इच्छापूर्वक धन पुनः अंतकाल मुक्ति इत्यादि चारिउ फलकी दानिहै श्रीरामायण २७ ॥

सद्गुरुज्ञान विराग योग के। विबुध वैद्य भव भीमरोग के २८

विराग कहे लोकसुख ऐश्वर्य वृथा मानि त्यागना पुनः संसार असार त्यागि आत्मा सार ग्रहण करना सो विवेकहै पुनः वासनात्याग शमहै इन्द्रिय विषे त्याग दम है विषयको पीठिदेना उपराम है दुःख सुख सम मानै सो तितीक्षाहै गुरु शास्त्रवचन में विश्वास श्रद्धाहै चित्त स्थिरता समाधानहै इति षट् संपत्ति पुनः मेरी मुक्ति निश्चय होई इति मुमुक्षुतादि करि आपनो रूप पहिंचानना इति ज्ञानहै पुनः यम नियम आसन प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि इत्यष्टांगयोग इत्यादिकनको सतुगुरु अर्थात् उपदेश देनहार है पुनः

भव संसार को जन्म मरणादि सोई भीम नाम भयंकर रोगहै ताकी औषध करि निरुज करिबेहेतु रामायण अश्विनीकुमारहैं भक्ति औषध देत २८ ॥

जननि जनक सियराम प्रेम के। बीजसकल व्रत धर्म नेम के २९

सियराम विषयक जो प्रेम है ताके हेतु साधारण जो रामचरित सो जननी नाम माताहै अरु जो कृपा दया उदारतादि गुणको ग्रामहै सो पिताहै पुनः रामनवमी जानकीनवमी एकादशी अथवा अनन्तादि जो व्रत हैं पुनः सत्य शौच दया दानादि वा दासादि जो धर्म हैं पुनः शौच संतोष जप तप निष्ठा इति पंचनेमादि तिनके बीजरूपहैं भाव कीर्तनमात्रते सब अंकुरित होत अथवा सबके बीज के यामें वर्णनहैं २९ ॥

शमन पाप संताप शोकके। प्रियपालक परलोक लोकके ३०

पाप परद्रोहादि करना संताप संपूर्ण ताप दैहिक दैविक भौतिकादि शोक इष्ट हानि प्रियवियोग क्षुधार्तादि इत्यादिकनको श्रीरामगुणग्राम शमन नाम नाश करताहै भाव श्रवणमात्रही सब शांत होत पुनः जा भांति आपना कोऊ परमप्यारा पालन करता ताहीभांति श्रवणकीर्तन करनहारेनको लोकहू में सर्वांग सुख देत पुनः परलोकमें प्रभुकी प्राप्ति करत इति प्रियपालकहै ३०॥

सचिव सुभट भूपति विचारके। कुंभजलोभ उदधि अपारके ३१

सत्यासत्य मिश्रित जो पदार्थ ताको प्रत्यक्ष प्रमाण अनुमानादिते समुझि असत्य त्यागि सत्य ग्रहण करना इत्यादि जो हँसी बुद्धिको व्यापार रूप विचार है सोई हृदयरूप देशमें भूपतिहै ताके न्याय करने में मंत्र देन हेतु तौ मंत्री है पुनः अविवेकते युद्ध संकट में सहायक सुभट सुंदर योधा है पुनः अत्यन्त धनादि कामनाते जीवको अल्पज्ञ करनेवाला जो लोभ सोई अपार उदधि नाम समुद्र है ताको स्वाभाविक पान करिलेनेहेतु श्रीरामगुणग्राम कुम्भज नाम अगस्त्यऋषि भाव श्रवणमात्रही संतोष आवत लोभ नाश होत ३१ ॥

काम कोह कलिमल करिगनके। केहरि शावक जनमन वनके ३२

विषयरत इन्द्रियनके साथ मन रहेते कामना बाढ़त कामना हानिते क्रोध होत ताते मोह आवत तब बुद्धि नष्ट होत तब अनेकन पापकर्म होत इत्यादि काम क्रोधादि कलियुगकृत पापादि मल सोई करि कहे हाथिनके गण झुण्ड हैं ते जन जो प्राणी तिनके मनरूप वन में बसते हैं तिनके नाश करिबेहेतु

रामगुणग्राम केहरि नाम सिंहको शावक नाम पुत्रहै भाव नाद श्रवण परतही लव नाश होत ये भी पापहरण प्रयोजनहैं ३२ ॥

अतिथिपूज्य प्रीतम पुरारिके । कामद घन दारिद दवारिके ३३

पुरारि जो श्रीमहादेव हैं तिनको श्रीरामगुणग्राम कौन भांति है कि प्रियतम कहे अत्यंत प्यारा पूज्य अतिथि नाम पाहुनसम है तहां मनते प्रियतम कर्मते पूज्य वचनते अतिथि अथवा रूप अतिथि नाम पूज्य लीला प्रियतम भाव शिवजी को जीवनधन है पुनः दारिदरूप दावानल बुझायबे हेतु मनोकाम रूप जल देबे को घन नाम मेघसम है अर्थात् जे दारिदरूप अग्नि में तप्त हैं जब याको श्रवण कीर्तन करे याके प्रभावते मनचाही वस्तु अन्न धनादि प्राप्त भयो तब दारिदताप आपही बुझिगई यामें संपति प्रयोजन है ३३ ॥

मंत्रमहामणि विषय व्यालके । मेटत कठिन कुअंक भालके ३४

शब्द स्पर्श रूप रस गंधादि जो इन्द्रियनका विषय है सोई व्याल नाम सर्प है विषयनमें मनलगावना सोई डसना है कामना विष है कामहानि जो क्रोध सो गर्मी है ताके वेगते मोहरूप मूर्च्छा है आत्मरूप भूलिजाना जीव को मरण है ते विष निवारण हेतु श्रीरामगुणग्राम कैसा है मन्त्र है पुनः महाऔषधी है पुनः मणि है तहां मंत्र के प्रभावते सर्प नहीं काटिसकत अरु जाके काटै ताको मंत्र ते फूंके विष उतरिजात इहां मंत्र रामनाम है जाके स्मरणते विषय लागतही नहीं जो पूर्वकी लागी है सो छूटि जात पुनः घृत मधु मक्खन पिपरी अदरक मिरच सेंधानोन मिलाय इत्यादि औषधी खानेते विष उतरिजात इहां प्रभुकी लीला औषधी है जाके श्रवणते विषय नाश होत पुनः मणि हीरादिके स्पर्शते विष व्यापतही नहीं यथा ॥ विषकी भय भय वज्रकी, नेक न व्यापत तास । शुद्ध अंगको होतहै, हीरा जाके पास॥ इहां मणि रामरूपके प्रभावते विषय व्यापतै नहीं पुनः जो अनेक जन्मते शुभाशुभ कर्म जीव करत आयो सोई बटुरिकै संचित भये तिहिमाते कुछ शुभाशुभ लैकै जन्मसमय ब्रह्मा वाके माथे में लिखि देत भाव यतरा दुःख यतरा सुख होयगा इति भालपत्रमें प्रारब्धरूप अंक जो लिखे हैं तिनमें प्रियवियोग अभिमान विषम रोग यमसांसतिआदि जे कठिन कुअंकहैं तिनको मेटत अर्थात् श्रीरामगुणग्राम श्रवण कीर्तन करतमें जहां प्रेम आयो सोई

जल पायकै जीवको मल धोयगयो हरिसनेहते रूपको ध्यान नाम स्मरण धाम यात्रादि ते पाप नाश भये ताते कुअंक भी छेकि डारे गये यथा नवमी अयोध्यास्नानते पापी चौरनको पाय यम छेके यथा सत्योपाख्याने ॥ स्नात्वा तु सरयूं दिव्यां जन्मस्थानं तु ते गताः । व्रतिनो रामचन्द्रस्य जन्मभूमेः प्रदर्शनात् ॥ पापमुक्तास्तदा सर्वे बभूवुः पञ्च पापिनः । तस्मिन्काले तु चाहूतश्चित्रगुप्तो यमेन वै ॥ क्रियतां भवता चाद्य चौराणां पापमार्जनम् ३४ ॥

हरण मोहतम दिनकरकरसे । सेवक शालिपाल जलधरसे ३५

विषय संगते कामना कामहानि ते क्रोधते मोहते जीवांध होत इति मोहतम हरनेहेतु श्रीरामगुणग्राम दिनकर सूर्य तिनकी कर नाम किरणसम हैं भानुरूप प्रभुकी लीला किरण श्रवणमात्र बुद्धि ज्ञान प्रकाशते मोह नाश होत पुनः रामसेवक जन शालि नाम धान हैं तिनको पालनेहेतु जलधर नाम मेघसमहै अर्थात् श्रवणते जो प्रेम उत्पन्न सोई जल पाय आनंद बढ़त जात सोई पालन है ३५ ॥

अभिमत दानि देवतरुवरसे । सेवत सुलभ सुखद हरिहरसे ३६

श्रवण कीर्तन करनहारनको अभिमत नाम मनवांछित फल देने हेतु श्रीरामगुणग्राम देवतरुवरसम है तहां कल्पवृक्ष तौ भला बुरा जोई मांगौ सोई देय याते सामान्य है अरु यहां भलाइन देत याते श्रेष्ठ है पुनः सेवत में सुलभ पुनः परम सुख देनहार है हरि हर सम अर्थात् और देवन को सेवा कीन्हेते विघ्नबाधा लागत पुनः विशेषि सुख नहीं देसकत अरु हरि हरकी सेवा में कुछ विघ्नबाधा नहीं पुनः लोकहू परलोक के सुख देनहार है तथा रामायणवाचा वेसमुझबेको सुलभ पुनः लोक परलोक सुखदाता यामें संपति प्रयोजन है ३६ ॥

सुकवि शरदनभमन उडुगनसे । रामभक्त जन जीवनधनसे ३७

सद्ग्रन्थ काव्य करनेवाले जे सुकवि हैं तिनको मन सोई शरद्ऋतु की रात्रिसमय को नभ नाम आकाश है ताकी शोभा बढ़ायबे हेतु श्रीरामगुणग्राम उडुगन नाम नक्षत्रन सम उदय शोभा बढ़ावत पुनः जे जन श्रीरामभक्त हैं तिनको जीवनधन है भाव याके श्रवण कीर्तन ते सौभाविक भक्ति की वृद्धि होत ३७ ॥

सकल सुकृतफल भूरि भोगसे । जगहित निरुपधि साधुलोगसे ३८

जप तप यज्ञ व्रत तीर्थ दानादि यावत् सकल प्रकारकी सुकृती हैं तिनको जो फल अर्थात् स्वर्ग मृत्यु पातालादि लोकनको सुखभोग जहांतकहै तिनते भूरि नाम अत्यंत अधिक सुख भोगरूपहै अर्थात् और सुख सवासनिकहै ताते लघुहै अरु रामायण सत्संगरूप सुख निर्वासनिक देनहारी ताते अधिक सुखमयहै पुनः जगत् जीवनको हित करता कौन भांति है यथा निरुपधि उपाधि जो धर्मचिंता तिहिते रहित अर्थात् काहूको धर्मसंकटमें नहीं डारत निर्हेतु सब संसारको हित साधुलोग करत तैसे जगत्को हित करता अरु निरुपाधि रामगुणग्राम है अर्थात् भाषाकाव्य ताते सबको बांचनेको अधिकारहै इति निरुपाधि है ३८ ॥

सेवक मनमानस मरालसे । पावन गंगतरंग मालसे ३९

जो रामसेवक हैं तिनके अमल मन सोई पावन मानसरहै यामें रामसनेहरूप अगाध जल परिपूर्ण है त्यहिबिषे प्रभुके जे दिव्य गुण परम शुद्ध हैं तेई मराल नाम हंससम सदा बसे हैं पुनः ऊंच नीच पतित पावनादिकनको एकरस सुगम उद्धारकर्ता कैसे हैं प्रभुके गुणग्राम यथा श्रीगंगाजी के तरंगनके माला जो अति पावन सबको सुगम ३९ ॥

दो० कुपथ कुतर्क कुचाल कलि, कपट दंभ पाखण्ड ॥
दहन रामगुणग्राम जिमि, ईंधन अनल प्रचण्ड ४०

कुपथ लोक वेदविरुद्ध अनीति मार्ग कुतर्क तहां तर्क कहत अपूर्व उत्प्रेक्षणको यथा ॥ अपूर्वोत्प्रेक्षणं तर्कः इत्यमरविवेके प्रसिद्धः ॥ अर्थात् अपूर्व रीति ते और वस्तु में और कहना ताको तर्क कही पुनः कु लागे ते चारि अर्थ होत यथा॥कुपापीयसि कुत्सायामीषदर्थे निवारणे इति हैमः ॥ ताते कुतर्क कहे पावन पदार्थमें पाप निकारना पुनः उत्तमको लघु करि देखावना पुनः युक्तिसों बड़ेनकी निन्दा करना पुनः सत्कर्म करते मने करना इत्यादि कुतर्क पुनः परस्त्री परधन परअपवाद जुआ चोरी हिंसादि यावत् कलियुग की कुचालैं हैं पुनः कपट कहे भीतर और बात ऊपर और बनायकै कहना पुनः दंभ कहे भीतर असाधु देखावमें सत्कर्म करै पुनः पाखण्ड कहे वेदधर्मको खंडन करै यथा बौधादि तिन सबको दहन करिदेवैहै श्रीरामगुणग्राम कैसाहै यथा लकरी कण्डादि भूर ईंधन भस्म करिबे हेतु प्रचण्ड अग्नि भाव या भांति प्रचंड अग्निमें परेते ईंधन बरिजात तथा रामायण श्रवणमात्र सब विकार नाश होत ४० ॥

रामचरित राकेशकर, शरद सुखद सब काहु ॥
सज्जन कुमुद चकोरचित, हित विशेषि बड़ लाहु ४१

भक्ति शरद्पूर्णिमाकी रात्रि श्रीरामरूप पूर्ण अमल चंद्रमा है तिनके चरितरूप किरणें हैं सो सौभाविक सब संसारको सुखदाताहै पर नवधा भक्तिवाले जे सज्जनहैं ते कुमुद नाम कोकाबेली हैं तिनको विशेषि हितहै अर्थात् याको देखतही मन प्रफुल्लित होत पुनः जे प्रेमा परा भक्तिवाले सुजनहैं ते चकोरहैं तिनको बड़ा लाभहै अर्थात् वे पलकरहित ह्वै देखतेहैं भाव रामयश सबहीको सुखदाताहै परन्तु सुजननको विशेषिहै ४१ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामायणमाहात्म्य-
वर्णनो नामाष्टमः प्रकाशः ८ ॥

---

१ पृष्ठसे १६२ पृष्ठ तक ३१ अष्टपदी हुईं प्रथम अष्टपदी नहीं लिखीगई अब ३२ अष्टपदी से लिखीजावेंगी जोकि १६३ पृष्ठसे हैं

३२कीन्ह प्रश्न ज्यहिभांति भवानी। ज्यहिविधि शंकर कहेउ बखानी १
सो सब हेतु कहब मैं गाई। कथाप्रबंध विचित्र बनाई २
जे यह कथा सुनी नहिं होई। जनि आश्चर्य करै सुनि कोई ३
कथा अलौकिक सुनहिं जे ज्ञानी। नहिं आश्चर्य करैं अस जानी ४
रामकथा कै मिति जग नाहीं। अस प्रतीति तिनके मनमाहीं ५
नानाभांति राम अवतारा। रामायण शतकोटि अपारा ६
कल्पभेद हरिचरित सुहाये। भांति अनेक मुनीशन गाये ७
करिय न संशय अस उर आनी। सुनिय कथा सादर रति मानी ८

दो० राम अनंत अनंत गुण, अमित कथाविस्तार॥
सुनि आश्चर्य न मानिहैं, जिनके विमलविचार ९

३२ प्रथम याज्ञवल्क्य भरद्वाजको संवाद ते गुरुमुख सुनेलौ ताको भाषाबद्धको रूपमाहात्म्य पर्यंत कहिगये अब ताके अंतर्गत कहत कि ज्यहि भांतिते भवानी पार्वतीजी प्रश्न कीन्ह ताको उत्तर ज्यहि विधिते शंकर महादेवजी वखान करि विस्तारते कहेउहै १ गोसाईंजी कहत कि सोई पार्वती शिवके संवादको जो हेतु है सो सब मैं गाइकै कहब कौन प्रकारते कहब कि कथाको प्रबंध विचित्र वनाइकै कहव तहां विचित्रता काको कही तहां चित्र-काव्य तौ वाको कहिये जो नर पशु वृक्षादिकी प्रतिमा बनी तामें दोहा कवित्तादि युक्त सो लिखे अथवा अंतर्लापिका बहिर्लापिका गतागतादि अनेक हैं अरु विचित्र तौ वाको कही जो अर्थके अंतर अर्थ ताके अंतर अर्थ जो काहूकी समुझमें न आवै ऐसी विचित्र रीति ते कथाको प्रबंध बनायकै वर्णन करिहौं २ सोई विचित्र ताको सुगम समुझायवे हेतु प्रथमही कहदेत कि जे जन यहि विचित्र कथाको न सुना होयँ तौ याकी विचित्रताई ते अनेक भांतिकी कहनूति सुनिवेमें आवैगी ताकौ सुनिकै आश्चर्य जनि कोऊ करो काहेते आश्चर्यमें परि मन भ्रमित होई कथाको सुख कहां ताते आश्चर्य न करी काहेते सो आगे कहत ३ लोक में होइ ताको लौकिक कही जो लोक प्रसिद्ध नहीं सो अलौकिक है ताको सुनि अज्ञानी भ्रम में परते हैं अरु जे ज्ञानी जनहैं ते जब अलौकिक कथा को सुनहिं ते आश्चर्य नहीं करते हैं आपने मन में ऐसा जानतेहैं सो आगे कहत ४ जगत् विषे राम-

कथाकी मिति नाम अंत नहीं है ऐसी प्रतीति तिन ज्ञानिनके मनमा सदा दृढ़ निश्चय है ५ का प्रतीति है कि श्रीरामअवतार नाना कहे अनेकभांतिते न मालूम कबते होत आये अरु केतरे भये अरु कौन अवतार में कैसी लीला करे ताको कौन जानि सकै तिनमें ते एक अवतार की कथा अपार है जामें अकेले वाल्मीकिजी सौकरोड़ श्लोक वर्णन करे औरनकी गनती नहीं किं केतरे आचार्यहैं अरु केतनी कहा यासों रामायण अपारहै ६ पुनः प्रतिकल्प जो अवतार भयो तिनके जो चरित सुहाय कहे अत्यंत सुंदर सबको सुखद सबको प्रिय लागत तिन चरितनमें भेद परत अर्थात् और और भांतिके लीलाहैं तिनको अगस्त्य लोमश वशिष्ठ पाराशर व्यासादि जे मुनिहैं पुनः ब्रह्मा शिवादि जे ईशहैं ते अनेकन भांति ते गाये हैं पुनः काकभुशुण्डि अपनी रामायणमें कइउ कल्पकी कथा वर्णन करेहैं ७ श्रीरामकथा अनेक भांतिकी है तिनकी संकीर्णता वर्णन है अस अपने जीवमें आनिकै काहू भांतिकी लीला सुनिपरै तामें संशय द्वैतबुद्धि न करिये क्योंकि इसमें कुछ प्रयोजन नहीं है ताते रति मानि भाव प्रीतिते आदरसहित सुनिये मनते प्रीति वचन कर्मते आदरसहित चंदनाक्षत तुलसी फूलादि चढ़ाई वचनते प्रशंसा जय उच्चारिये इति आदर ८ जिनके रूपको अंत ब्रह्मा शिवादि नहीं पावत वेद नेतिनेति करत नाहीं अंत पावत जिनको ऐसे अनंत श्रीरघुनाथ जीहैं पुनः जिनमें कृपा दया उदारता सुशीलतादि परम दिव्य गुण जिनमें अनन्त हैं ताते कथाको विस्तार भी अनन्त है ऐसा समुझि कुतर्कणारहित शुद्ध बुद्धिमें जिनके विमल विचार है ऐसे जे सज्जन हैं ते कथा सुनिकै आश्चर्य मनमें न मानि हैं भाव जाकी गति ब्रह्मादि नहीं जानत तामें प्राकृत जननकी वृथा संदेह है ९ ॥

३३ यहिविधिसब संशयकरिदूरी। शिरधरि गुरुपदपंकजधूरी १०
पुनि सबही बिनवों करजोरी। करत कथा ज्यहि लाग न खोरी ११
सादर शिवहि नाइ पदमाथा। बरणौं विमल रामगुणगाथा १२
संवत सोरहसै यकतीसा। करौं कथा हरिपद धरि शीसा १३
नौमी भौमवार मधुमासा। अवधपुरी यह चरित प्रकासा १४
ज्यहिदिनरामजन्मश्रुतिगावहिं। तीरथ सकल तहां चलिआवहिं १५

असुर नाग खग नर मुनि देवा। आय करहिं रघुनायक सेवा १६
जन्ममहोत्सव रचैं सुजाना। करहिं रामकलकीरति गाना १७
दो० मज्जहिं सज्जन वृन्द बहु, पावन सरयूनीर॥
जपहिं राम धरि ध्यान उर, सुंदर श्यामशरीर १८

३३ याहिविधि पूर्व रीति कहि सब विधिकी संशय दूरि करिकै अर्थात् जामें कथा विषे कोऊ संशय न करै इति संशय दूरि करि पुनः श्रीगुरुके पदकमलनकी धूरि शिरपर धरिकै १० पुनः सुर नर नाग मुनीश्वरादि सबहिनको हाथ जोरिकै बिनवतहौं काहेते जामें कथा करतमें खोरि न लागे भाव कोऊ दूषण न देवै ११ पुनः आदरसहित श्रीशिवजीके पांवन को माथ नाय प्रणाम करि श्रीरघुनाथजी के विशद जो उज्ज्वल अमल पावन अनंत गुण हैं तिनकी गाथा जो कथा ताको वर्णन करौं विस्तार करि कहतहौं १२ विक्रमादित्यजी के संवत् सोरहसै यकतिस के समय में हरि श्रीरघुनाथजी के पदकमल में माथ धरि अर्थात् शरणागति को भरोसा राखि श्रीरामकथा वर्णन करतहौं १३ नौमी तिथि भौम मंगलवार मधु नाम चैत्रमास में शुक्लपक्ष पुनः अवध कहे यावत् हरिपुरी है तिनकी अवध जो श्रीअयोध्यापुरी है तामें श्रीरामचरित को प्रकाश कीन तहां रामचरित तौ अपर ग्रन्थन द्वारा सदैव प्रकाश है ताहेतु कहत कि, यह ग्रन्थरूप श्रीरामचरित चन्द्र उदय भयो १४ पूर्व में पक्ष नहीं लिखे याहेतु निश्चय कहत यथा चैत्रकी कौन नौमी जा दिन श्रीरामजन्म श्रुति नाम वेद गावत हैं अर्थात् श्रीरामनवमी जाको वेद कहत तिहिदिन तहां श्रीअयोध्याजी में यावत् तीर्थ ब्रह्माण्डमें हैं ते सकल चलि आवते हैं अर्थात् एक तौ अयोध्या पुनः श्रीरामजन्मसमय पुनः सर्व तीर्थ एकत्र इति प्रारम्भ मुहूर्तकी उत्तमता देखावत १५ पुनः प्रह्लादादि असुर अनन्तादि नाग इत्यादि पातालवासी पुनः खग काकभुशुण्डि आदि अरु नर ध्रुव अंबरीषादि जे पूर्व भये अरु वर्तमान में जे हैं इत्यादि मृत्युलोकवासी पुनः मुनि सनकादि नारदादि देव ब्रह्मा आदि यावत् स्वर्गवासी इत्यादि तीनिउ लोकन में यावत् सज्जन हैं ते सदैव नौमी को आवते हैं अरु श्रीरघुनाथजी की सेवा पूजा करते हैं १६ तिनमें जे विशेषि सुजान अर्थात् जन्मोत्सव का माहात्म्य जानते हैं ते जन्मसमय

की महोत्सव की रचना रचते हैं अर्थात् मंदिरमार्जन वितानरोपणादि यावत् मंगल द्रव्य सो सजत ठाकुर को पञ्चामृत में स्नान कराय दिव्य भूषण वसन सजि धूप आरती नृत्य बाजादि सहित कल नाम सुन्दरि लोकपावनि श्रीरघुनाथजी की माधुर्य कीर्ति गान करते हैं १७ पुनः बहुत सज्जन ऐसे हैं जे वृंद बहुत एकत्र ह्वैकै श्रीसरयूजी के पावन नीरमें मज्जन करतेहैं यथाशक्ति दान देते हैं पुनः जन्मस्थानादि में बैठिकै नीलकमल वर्ण श्याम शरीर बालरूप कोटिकाम सम सुन्दर माताकी गोदमें विराजमान या भांति उर में प्रभु को ध्यान धरि या भांति चित्तको स्थिर करि पुनः जिह्वाते षडक्षर मंत्र अथवा रामनाम ताको जाप करते हैं १८ ॥

३४दरश परश मज्जन अरु पाना। हरैं पाप कहैं वेद पुराना १९
नदीपुनीत अमितमहिमाअति। कहि न सकै शारदा विमलमति२०
रामधामदा पुरी सुहावनि। लोकसमस्तविदित अतिपावनि २१
चारिखानि जग जीव अपारा। अवध तजे तन नहिं संसारा २२
सब विधि पुरी मनोहर जानी। सकल सिद्धिप्रद मंगलखानी २३
विमल कथा कर कीन अरंभा। सुनत नशाहिं काम मद दंभा २४
रामचरित मानस यहि नामा। सुनत श्रवण पाइय विश्रामा २५
मनकरि विषय अनल वन जरई। होइ सुखी जो यहि सर परई २६
रामचरित मानस मुनि भावन। विरचेउ शंभु सुहावन पावन २७
त्रिविधि दोष दुखदारिददावन। कलिकुचालि कलिकलुषनशावन२८
रचि महेश निजमानस राखा। पाय सुसमय शिवासन भाखा २९
ताते रामचरित मानसवर। धरेउ नाम हियहेरि हरषि हर ३०
कहौं कथा सोइ सुखद सुहाई। सादर सुनहु सुजन मनलाई ३१
दो० जसमानस यहि विधि भयो, जगप्रचार ज्यहि हेतु॥
अब सोइ कहौं प्रसंग सब, सुमिरि उमा वृषकेतु ३२

३४ पुनः साधारणकी रीति कहत कि श्रीस्वरूप वा सरयूके दरश कीन्हेते पुनः जन्मभूमिकी धूरि स्पर्शते पुनः सरयूजी के मज्जन कीन्हेते सरयूजल अथवा चरणामृत पान कीन्हेते साधारणहू जनन के पाप हरिजात ऐसी

माहात्म्य वेद पुराण कहत १९ जहां नदी श्रीसरयूजी अतिपुनीत नाम पवित्र है जिनकी महिमा अत्यन्त करिकै अमित जाकी इति कोऊ नहीं कहिसकत तहां औरकी को कहै जिनकी मति विमल है ऐसी जो शारदा सोऊ नहीं कहिसकति काहेते सरस्वतीजी सो ब्रह्माजी प्रथमहि कहे यथा सत्योपाख्याने॥ सरय्वा महिमानं को वेत्ति लोके च पण्डितः। यत्र नारायणो नाम्ना रामः स्नास्यति सर्वदा॥ ब्रह्मद्रवं पुनश्चात्र रामः क्रीडां करिष्यति। केरस्या लभ्यते पारः शास्त्रज्ञैः स्थूलदृष्टिभिः॥ याते सरस्वती भी नहीं कहि सक्री है पुनः सत्योपाख्यान में श्रीमुख किशोरीजी प्रति॥ स्वर्गद्वारसमं तीर्थं नास्ति ब्रह्माण्डगोलके॥ इत्यादि अगम महिमा है २० पुनः अयोध्यापुरी कैसी है सुहाई नाम परम शोभामय सब को मनमोहन करनहारी है ताते दर्शन करते सबको परम प्रिय है पुनः श्रीरघुनाथजी को जो परम धाम है साकेत ताकी दा नाम देनहारी है पुनः समस्त लोकन में विदित सब याके प्रभाव को जानते हैं पुनः अत्यन्त पावन कहे पवित्र है पुनः प्रमाण सहित विस्तारते अर्थ यथा रामधामदा कहे कैसहू पापी होइ अयोध्याजी को जाय जन्मभूमि के दर्शन कीन्हेते तुरतही परमधाम को अधिकारी होत यथा सत्योपाख्याने॥ यमवाक्य दूतन प्रति॥ विमलायाश्च माहात्म्यं शुक्लानवम्या मधोस्तथा। एतैर्न ज्ञायते दूतैर्महिमा चक्रपाणिनः॥ यमभूपस्तु माहात्म्यं वक्तुं शक्तो न पद्मजः। पापकोटिसमायुक्तश्चैत्रे नावमिके तिथौ॥ पापकोटिं नरस्त्यक्त्वा जन्मभूमेः प्रदर्शनात्। प्राप्नोति परमं लोकं यत्र गत्वा न शोचते॥ प्रसन्ना यस्य सत्या चेत्तस्य किं कुरुते यमः॥ पुनः सुहावनि कहे परम सुन्दर दिव्यरूप है जिनको यथा सत्योपाख्याने॥ अयोध्या च तदा मूर्ता ददृशे चाग्रतश्च तैः। शुक्लाम्बरधरा देवी दिव्यचन्दनभूषिता॥ दिव्यमालां च सा कण्ठे बिभ्रती सा मनोहरा। शङ्खचक्रधरा देवी चक्रारूढा शुभानना॥ मूर्तिमद्भिश्च तीर्थैश्च परितः सेविता च सा। चामरैर्वीज्यमाना सा सखिभिः परिवारिता॥ रामप्रिया पुरी चाद्या विबुधैः सेविता च सा॥ इति सूक्ष्मरूप अथ स्थूलरूप की शोभा सत्योपाख्याने॥ स्फटिकानाञ्च शौधानि चन्द्ररश्मियुतानि च। रात्रौ रात्रौ विलोक्यन्ते जनैरारुह्य सर्वतः॥ अट्टेषु चन्द्रकान्तेभ्यो जलधारा पतत्यधः। निशायां रश्मिसंयोगाद् द्विजराजस्य नित्यदा॥ इतस्ततो जना येच स्फटिकानां च भित्तिषु। तेषां तादृशबिम्बेन सजीवा इव वै गृहाः॥ यत्र स्वर्णमयाः स्तम्भाः

शौधे शौधे निरूपिताः ॥ अयोध्यायां यथा राजन् दृश्यन्ते पुरुषाः स्त्रियः । न तथा क्वापि वर्तन्ते स्वर्गे भूमेरधः प्रभो ॥ कुर्वन्तु संशयं देव्याः सौन्दर्ये न कदाचन । अत्र नार्यः श्रियो मूर्त्यो नराश्च हरिविग्रहाः ॥ पुनः अत्यन्त पावनि है अर्थात् कृमि कीट म्लेच्छादि यावत् जीव मरत सब मुक्त होत यथा सत्योपाख्याने ॥ अत्र मृताश्च वैकुण्ठमूर्ध्नि गच्छन्ति मानवाः । कृमिकीटपतङ्गाश्च म्लेच्छाः संकीर्णजातयः ॥ कौमोदकीकराः सर्वे प्रयान्ति गरुडासनाः । लोकं सान्तानकं नाम दिव्यभोगसमन्वितम् ॥ यद्गत्वा न पतन्त्यस्मिँल्लोके मृत्युमुखे नराः । माहात्म्यं चाधिकं स्वर्गात्साकेतं नगरं शुभम् ॥ इत्यादि जो माहात्म्य है पुनः शोभा अरु पावनता श्रीअयोध्याजी की है सो समस्त लोकन में विदित है काहे ते एक तौ सातौ पुरिन में आदि पुनः सब पुरी भगवत् के अंग हैं तिनमें अयोध्यापुरी मस्तक है यथा पाद्मे ॥ विष्णोर्पादमवन्तिका गुणवती मध्ये च काञ्ची पुरी नाभौ द्वारवती तथा च हृदये मायापुरी पुण्यदा । ग्रीवामूलमुदाहरन्ति मथुरा नासाग्रवाराणसी एतद्ब्रह्मपदं वदन्ति मुनयोऽयोध्यापुरीमस्तके ॥ पुनः वेद पुराण संहिता नाटक रहस्यादि यावत् ग्रन्थ हैं सब में राम रामरूप रामनाम रामलीला रामधाम को प्रचार है यथा वशिष्ठसंहितायाम् ॥ रामस्य नाम रूपं च लीला धाम परात्परम् । एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम् ॥ पुनः श्रुति ॥ अयोध्यापुरी सा सर्ववैकुण्ठानामेव मूलाधारा मूलप्रकृतेः परा तत्सद्ब्रह्ममया विरजोत्तरा दिव्यरत्नकोशाढ्या तस्यां नित्यमेवं सीतारामयोर्विहारस्थलमस्तीत्यथर्वणे उत्तरार्धे पुनः देवानां पुण्यायोध्या तस्यां हिरण्मयः कोशः स्वर्गो लोको ज्योतिषावृता यो वै तां ब्रह्मणे वेदाभृतेनावृतां पुरीं तस्मै ब्रह्म च ब्रह्मा च आयुः कीर्तिं प्रजां ददुरिति सामवेदे तैत्तिरीयश्रुतिः ॥ सो अयोध्याजी के द्वै रूप हैं तामें एकतौ वैकुण्ठादि सब लोकनते ऊर्ध्व साकेतलोकमें परधाम जहां ब्रह्मादिकी गति नहीं सो प्रभुको आनंद विलास धाम है दूसर प्रकृतिमण्डल में सब जीवनके सुगम उद्धार हेतु है सो प्रभुको लीलाविलास स्थान है पुनः दोऊ एकही रूपहै कौन भांति यथा वायस के नेत्रगोलकहैं तौ दो परंतु दृष्टि एकही में रहत अर्थात् जिधर सूरति करत तिधरही दृष्टिको प्रकाश होत तहां और जीवनके जो एक नेत्रमें चोट लागै तौ दूसरे नेत्रमें न व्यापै अरु वायस के एक दिशि चोट लागै तौ दोऊ दिशि व्यापि जाय तथा अयोध्याजी में जो कुछ रचना इहां होत सोई परमधाम

को चलाजात इसी हेतु अयोध्याजीमें चराचर जीवन सहित परम धाम जाना हमेशा होतही रहत ताहेतु आगे कहत २१ अण्डज जरायुज स्वेदज उद्भिज्ज इत्यादि चारि खानिमें चौरासी लक्ष योनि हैं इत्यादि जगमें अपार जीवहैं तिनमें कोऊ जीव कौनेउ कारणते अयोध्याजीमें तनको तजै तौ वह जीव संसार को नहीं जात अयोध्येजीमें रहत तामें जे सुकृती वा वासनाहीनहैं ते सदैव परम धामको चले जात अरु जे पापी हैं अथवा वासना सहित हैं ते अनेकन योनिन में जन्मत दुःख सुख भोगत पर अयोध्या नहीं छूटत तिनमें भी सुकृती ह्वै ह्वै जाते जाते जे रहिगये ते जब पुरी गई तब सब जीव परम धामको चलेगये २२ इत्यादि सब विधि ते पुरी मनोहर नाम सुंदरि है भाव नीच ऊंच सबकी रक्षक है कोऊ आवै ताको त्यागत नहीं है पुनः जप पूजादि कुछ साधन करो ताकी सिद्धि करि देनहारी है पुनः मङ्गल कहे प्रसिद्ध आनन्द उत्सव तिनकी खानिहै ऐसा निश्चय जीव में जानिकै भाव एक तौ अयोध्या पुनः जन्मसमय जन्मस्थान में जहां देव मुनि सब तीर्थादि इकट्ठा तिनके बीच में परम उत्तमता जानिकै ऐसे समय में २३ यह जो विमल कथा है ताको प्रारम्भ कीन सो कैसा याको प्रभाव होयगो कि इन्द्रियनके विषयकी जो कामना पुनः जाति विद्या महत्व रूप यौवनादिको मद पुनः अंतर असाधुता देखनेमें कर्म साधुनके इति दंभ इत्यादि यावत् विकार जीव की है सो सब या रामायण के सुनतही नशाय जायँगे काहेते सो आगे कहत २४ यहि ग्रन्थ को रामचरितमानस ऐसा नाम है ताते श्रवण से सुनतही जीव विश्राम पावैगो यथा मानसमें प्रसिद्ध स्नान इहां श्रवण करना सोई स्नान कीन्हेते पापरूप मल छूटत पुनः अनेकन योनिनको थका जीव विश्राम पावत ताप जात ताते शीतल होत २५ संसाररूप वन है तामें कामादि किरातों नें शुभाशुभ कर्मफल भोगरूप दावानल लगायो है तहां तीनिउँ तापरूप ज्वालनमें मनरूप करि नाम हाथी सो इन्द्रिय विषय सुख चाहमें परा जरिरहो है सोई जब यहि रामचरितमानसरमें परै अर्थात् मनते श्रवण कीर्तन करै तौ सुखी होय ताप जाय २६ आदि में रामचरितमानसरको शंभु महादेवजीने विशेषि करिकै रच्यो नाम बनायो है सो कैसा है पावन है भाव विषयी जीवन को पाप छुड़ायवेहेतु अत्यन्त पवित्र है अरु मुमुक्षु जीवनको ज्ञान भक्तिदायक ताते तिनको अति सुहात याते सुहावन है पुनः जे मननशील हैं तिनको तौ

आनन्दरूपही है याते उनके मनको विशेपि भावत ताते मुनिमनभावन है २७ पुनः साधारण सबके हेतु कैसाहै रामचरितमानस है सो कहत कि त्रिविध दोष तहां लोकमर्यादा विरुद्ध जो कर्म ताको दोप कही यथा कामवश परस्त्रीमें रत होना अथवा क्रोधवश किसीकी हानि वा दण्ड वा जीवहिंसा करना पुनः लोभवश चोरी ठगी अथवा बरबस परधन लेना ते त्रिविध कहे तीनिभांति यथा मन करिकै अथवा वचन करिकै अथवा कर्म करिकै इत्यादि तीनि भांतिके दोष पुनः दुःख इष्टहानि प्रियवियोग रोग पीड़ादि पुनः भोजन वस्त्रकी संकेततादि दरिद्र इत्यादि सब वनसमान हैं ताको नाशकर्ता रामचरित दावानल है पुनः कलियुग के प्रभावते कुचाल जो है अनीतिमार्ग में चलना पुनः कुलप्रकार के कलुष जो हैं पाप तिनको नशावनहार है २८ सो रामचरित रचिकै महेशजी अपने मनमें राखे तहां वाल्मीकिजी तौ भविष्य कहे हैं शिवजी कब रचे तब वाल्मीकिजी एक अवतारकी कहे तामें माधुर्य विशेषि कहे हैं अरु शिवजी तौ अनेकन अवतार की लीला देखे हैं तिनकी समाहार में संकीर्णताते ऐश्वर्य माधुर्य मिश्रित रचे सोई सुन्दर समय पायकै शिवा जो पार्वती तिनको सुनाये अथवा शिवा कहिबे ते सती पार्वती दोऊ रूपको बोध होत ताते मानस तौ अपार है जब समय सुन्दर पाये तब सतीरूपमें भाखे पुनः पार्वतीरूप में भाखे २९ तहां जो शिवजी मनमें रचे पुनः मनै में राखे ताते हृदय में विचारपूर्वक हेरि नाम ढूँढ़िकै रामचरित मानसरवर ऐसा नाम हर जो महादेव सो हरषिकै धरे अर्थात् बहुत आनंदते यह नाम धरे ३० प्रथम कहिआये कि याज्ञवल्क्य भरद्वाज को संवाद बखानिकै कहिहौं ताते भाषा में वा संवाद को विशेषि विस्तार जानिये पुनः अब कहत कि जो शिवजी रचे ताको शिवा को सुनाये सोई सुहाई सुन्दरि सब को सुख देनहारी जो कथा है ताको कहौं अर्थात् उसी विस्तार के अंतर्गत युक्ति ते याको कहिहौं याही कथा को प्रबन्ध विचित्र है साधारण समुझ में न आवेगा ताते सहित आदर मन लगायकै सुजनलोगो सुनौ ३१ श्रीरामयश मानस ज्यहि विधिते उत्पन्न भयो पुनः जौने हेतु कहे कारणते जगमें प्रचार भयो इत्यादि सब वार्ता श्रीशिवा शिव को सुमिरिकै अब सब प्रसंग कहत हौं ३२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां
श्रीरामचरितमानसभूषणे अवधप्रभाववर्णनो नाम नवमः प्रकाशः ९ ॥

३५ शंभुप्रसाद सुमति हिय हुलसी । रामचरितमानस कवि तुलसी १
करौं मनोहर मतिअनुहारी । सुजन सुचित सुनिलेहु सुधारी २
सुमति भूमिथल हृदय अगाधू । वेद पुराण उदधि घन साधू ३
बरषहिं राम सुयश वर वारी । मधुर मनोहर मंगलकारी ४
लीला सगुण जो कहै बखानी । स्वइ स्वच्छता करै मलहानी ५
प्रेमभक्ति जो बरणि न जाई । स्वई मधुरता शीतलताई ६
सो जल सुकृत शालिहित होई । रामभक्त जन जीवन सोई ७
मेधा महिगत सो जल पावन । सकिलि श्रवणमग चलेउ सुहावन ८
भरेउ सुमानस सुथल थिराना । सुखद शीतऋतु चारु चिराना ९

दो० सुठि सुन्दर संवाद वर, विरचेउ बुद्धि विचारि ॥
ते यहि पावन सुभगसर, घाट मनोहर चारि १०

३५ शंभुप्रसाद श्रीशिवजीकी प्रसन्नताते हिये में सुमति हुलसी काव्य करिबेको बुद्धिमें उमंग भई ताते रामचरितमानस के तुलसी कवि भये यथा धनी पुरुषकी प्रसन्नता ते निर्धन भी धनी कहावत तथा शिव रामचरित के धनी तिनकी प्रसन्नताते काव्यधनहीन मैं भी कवि भयों १ ताते मनोहर जो रामचरित ताको अपनी मति जो बुद्धि ताकी अनुहारि अर्थात् जैसा बुद्धिके विचार में आई तैसा वर्णन करत हौं तामें जो कुछ कहते न बनै ताको दुचिताई छांड़ि सुचित अर्थात् स्थिर चित्त ह्वैके सुनि तहां बांचने में बुद्धि स्थिर नहीं रहत याते औरते वँचाय ताको सुनि विचारिलेउ जो कुछ बिगरा होय ताको सुजनलोग सुधारिलेउ अर्थात् अंतर में शिवजीको बल बाहर सुजनन को बल अथवा सुजनशिरोमणि हनुमान्जी तेई सुधारत जात इति गुप्त भाव २ अब मुख्य तौ सावयवरूपकालंकार में मानसर वर्णन करत ताके अंगन में अनेक अलंकारैं हैं यथा उहां किंपुरुषखण्ड रामरूप पूज्य हनुमान् अधिकारी इहां तुलसी को तन किंपुरुषखण्ड इहौ रामरूप पूज्य हनुमान् अधिकारी उहां भूमि इहां सुन्दरि मति सोई भूमिस्थल है उहां तड़ाग में गहिराई इहां कविको हृदय अगाध कहे गाम्भीर्यता ताको यह लक्षण है कि जाके कर्तव्यताकी ऐसी गूढ़ अभिप्राय होय जाकी थाह कोऊ न पावै यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ गूढाभिप्रायरूपत्वं कर्तव्येषु च कर्मसु । गाम्भीर्यं राम ते

व्यक्तं व्यक्ताव्यक्तनिरूपकैः ॥ पुनः समुद्रते मेघ जल लैआवते हैं सो बर्षते हैं सोई भूमिपर बहि बटुरि मानसको आवत इहां वेद पुराण उदधि नाम समुद्र है तामें अनेक भांति की कथा सोई मीठ खारी जल मिला भराहै तहां मेघ खारी त्यागि मीठही जल लेते हैं तथा साधुजन मेघ हैं ते और कथा खारी त्यागि रामचरितरूप मीठा जल लेते हैं ३ तहां सत्संगरूप वर्षाकाल पाय कथाप्रसंग में श्रीरघुनाथजीको सुंदर पावन यशरूप वर वारि बर्षते हैं अर्थात् पावन यश वर्णन करत सोई श्रेष्ठ जल बर्षना है तहां मेघन को वर्षा जल जो ऊपरही शुद्धपात्र में लैलेवै तौ कैसाहै कि पीवत में मधुर अर्थात् मीठा स्वादिष्ठ है पुनः मनोहर कहे सोहावनी शीतलता अरु अमलता है पुनः मंगलकारी कहे कफ, पित्त, वात शांति करै देहको पुष्ट राखै तथा श्रीरामयश सुनत में मधुर श्रवणरोचक पुनः देखने में मनोहर अर्थात् जामें करुणा दया सुशीलादि शीतलता विषय कथादि मलहीन उदारता वीर सत्य व्रतादि अमलता इति मनोहरता है पुनः जाके सुनेते कामरूप वात क्रोधरूप पित्त लोभरूप कफ शांति होत पुनः जीवको आनन्द देत इत्यादि मंगलकारी है ४ लीला सगुण सहित गुण लीला अर्थात् कृपा, दया, उदारता, सुशीलता, माधुरी आदि जो परम दिव्य अनन्त गुण हैं प्रभुमें तिनको प्रकट करि जो लीला कीन्हे अहल्यामें उदारता धनुभंग में बल परशुराम ते प्रताप पुरवासिन में माधुरी निषादते उदारता सुशीलता कोलभिल्लनते सौलभ्यता गीध शबरीते अनुकंपा सुग्रीव विभीषणते शरणपालता करुणा राक्षसनते शौर्य वीरता इत्यादि गुणन सहित जो प्रभुकी लीला बखान करि विस्तार सहित कहते हैं सोई स्वच्छता है तहां षडंग जो उज्ज्वलताके हैं यथा औज्ज्वलत्व यथा चन्द्रमा १ नैर्मल्य यथा शरद् में नभ२ स्वच्छत्व यथा स्फटिक ३ शुद्धता यथा गंगाजल ४ सुषमा एकरस शोभा ५ दीप्ति यथा सूर्य इत्यादि तहां उदारतादि गुणन सहित जो लीला स्वच्छता कहे स्फटिकमणिवत् अमल लीला है सोई स्वच्छता लीलारूप जलमें रजोगुणादि जो मल है ताको नाश करत भाव सौलभ्यतादि गुण विचारे प्रभुकी लीलामें रजोगुण छुई नहीं जात स्फटिकमणिसम अमल जलरूप लीला सुनावत भाव जलमें रज आदि मल ताको नाश करि स्वच्छ जल करि वर्षत तथा लीलारूप जल में रजोगुणआदि मल स्वच्छताको विरोधी है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ रजोगुणोपरागः स्वच्छत्वविरोधी ॥ ताको त्यागि संतजन शुभगुण में लीलारूप

जल स्वच्छ करि वर्णनरूप बर्षत ५ प्रेमभक्ति जाको प्रेमलक्षणा कहत यथा नारदसूत्रे॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः सा कस्मै परमप्रेमरूपा अमृतस्वरूपा च। यल्लब्ध्वा पुमान् सिद्धो भवत्यमृतो भवति तृप्तो भवति॥ यत्प्राप्य न कञ्चिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साहो भवति॥ अर्थात् जब प्रभु में प्रीति है तौ जा समय गुणनकी सुधि आई तब प्रीतिप्रवाह उमँगी ताकी लहरी उठीं अंगमें रोमांच उठे कंठ रुँधिगयो जिह्वा फँसिगई नेत्र भरि गये तब वचन भी रुकिगये इत्यादि प्रेमदशाते परिपूर्ण जो भक्ति है ताते लीला बरणी नहीं जात अर्थात् गद्गद वाणीते कहना सोई इहां मधुरता अरु जलकी शीतलताई है अर्थात् प्रेम होना सोई मधुरता कहे मीठी स्वादु है पुनः भक्ति जो साधारण प्रीति है सोई यशरूप जलकी शीतलता है जाते जीवकी सब चाहरूप प्यास जात पुनः दैहिकादि ताप नाश होत जब मेघते जल छूटो अरु भूमितक न गयो तबतक जल के गुण वर्णन करे ६ अब भूमि पर आये जलके गुण कहत यथा जब जल बर्षत तब शालि जो है धान ताको हित होत अर्थात् धाननकी बृद्धि होत परिपूर्ण उपजत ताते कृषी कारणको जल वृष्टि अतिप्रिय लागत इहां सो जो रामयशरूप जल है जब संतन के मुखते वर्णरूप वृष्टि भयो तब सज्जनन के श्रवणद्वारा हृदयभूमिपै गयो तहां जाप, पूजा, व्रत, श्रवण, कीर्तनादि जो सुकृत है तिनको हित भयो अर्थात् बृद्धि ह्वै परिपूर्ण उपज्यो ताको पाय श्रीरामभक्तजन जो किसान हैं तिनको यशश्रवणरूप जो जल है सो जीवन कहे आत्मा को आनंदरूप है ७ मेधा कही वाको जो पदार्थको सुनि धारण करत सो तौ श्रवण द्वारपर सदा स्थित रहत जो कुछ सुने ताको धारण करि श्रवणमार्ग उरमें करि दियो पुनः सुबुद्धि कही वाको जो उरमें स्थित रहत जो पदार्थ सुने ताको विचार करि असत् को त्यागि सत् ग्रहण कियो तहां मेधारूप श्रवणद्वारा जो महि नाम भूमिहै तामें रामयशश्रवणरूप सोई पावन जल गत नाम प्राप्त भयो सोई सुंदर सुहावन जल मेधा भूमिमें बटुरि श्रवणरूप मोरीमार्ग में सिकिलि कहे बहिकै अगाध हृदय गहिराई तड़ागको चल्यो ८ भूमि स्पर्शते ढाबर जल जब सुन्दर मानसर में भरिभयो तहां सुथल कहे सुंदरि भूमि पाय थिरानो अर्थात् मैल छँटिकै नीचे बैठिगयो अमल जल ऊपर रहिगयो पुनः शीत कहे शरदृतु पायकै क्वार में पुरान कार्त्तिक में चिरान होत पुनः आतपते औटि चारु नाम सुन्दर अर्थात् अमल अरु स्वादिष्ठ होत पुनः सुखद कहे

निर्विकार होत तथा वर्णनरूप वृष्टिते रामयशरूप जल मेधारूप भूमि स्पर्शते
विषय सुख वासनारूप रज मिले जल ढावर ह्वैगयो जब सुन्दर मनरूप
मानस में भरो तहां सुथल सुबुद्धि पाय थिरानो अर्थात् बुद्धिके विचारते
कुतर्कणारूप मल नीचे बैठिगयो अमल यश रहि गयो तहां भक्ति शरदृतु
पाय अर्थात् नवधा क्वार में पुरान प्रेमा कार्त्तिक में चिरान पुनः राम विरह
आतप पाय यशरूप जल औटि सुन्दर भयो जीवको स्वच्छ देखिपरो अरु
मीठ लागो पुनः सुखद कहे कामादि रुज हरता भयो ६ उहां मानसरमें सो
पाषाण मणिचित्रित चारि घाटहैं इहां रामचरित मानस में कौन घाट है सो
कहत सुठि सुंदर कहे अतिसुन्दर वर नाम श्रेष्ठ जो चारि संवाद हैं सो
बुद्धिने विचारिकै रचो अर्थात् चारिउ संवादन को शोभित कियो यथा गोसाईं
(1) जी को अरु सज्जननको दूसर याज्ञवल्क्य भरद्वाज को तीसर शिव पार्वती
को चौथ काकभुशुंडि गरुड़को इत्यादि चारिउ संवाद सोई यहि पवित्र सुभग
मानसर में मनहरणहारे चारिउ घाट हैं तहां प्रथम संवाद गोसाईंजी को
(१) अर्थात् भाषाबद्ध करना सो पूर्वदिशा में दैन्यतारूप श्वेत पाषाणरचित
तहां धाम मणिवत् चित्रितहै दैन्यता यथा ॥ भाषाभणित मोरि मति थोरी॥
पुनः धाम मणिचित्रित याते कहे कि अयोध्यापुरी में प्रारम्भ कीन्हे ताके
प्रभावते ग्रन्थको महत्त्व माने यथा ॥ सबविधि पुरी मनोहर जानी । सकल
सिद्धिप्रद मंगलखानी ॥ रामकथाकर कीन्ह अरंभा । सुनत नशाहिं काम
(2) मद दंभा ॥ इत्यादि पुनः दूसर संवाद याज्ञवल्क्य भरद्वाजजी को दक्षिण
दिशा में कर्मकाण्डरूप हरित पाषाणरचित तहां लीला मणिवत् चित्रित है
कर्म यथा ॥ भरद्वाज सुनु जाहि जब, होत विधाता वाम । धूरि मेरुसम जनक
यम, ताहि व्याल सम दाम ॥ पुनः लीलाचित्रित यथा ॥ महामोह महिषेश
विशाला । रामकथा कालिका कराला ॥ रामकथा शशिकिरण समाना।
(3) संत चकोर करहिं त्यहि पाना ॥ इत्यादि तीसरा संवाद महादेव पार्वती को
पश्चिम दिशामें ज्ञानरूप स्फटिक पाषाण रचित तहां नाम मणिवत् चित्रित
है ज्ञान यथा ॥ ज्यहि जाने जग जाय हेराई ॥ जागे यथा स्वप्नभ्रम जाई ॥
पुनः नामचित्रित यथा ॥ काशी मरत जंतु अवलोकी । जासु नामबल
(4) करौ विशोकी ॥ चतुर्थ संवाद काकभुशुण्डिजी को उत्तर दिशामें घाट सो
उपासनारूप लालि पाषाणरचित तहां प्रभुको रूप मणिवत् चित्रित है उपासना
यथा ॥ सेवक सेव्य भाव बिनु, भव न तरिय उरगारि । भजिय राम

पदपंकज, यह सिद्धान्त विचारि ॥ पुनः रूप यथा ॥ परमप्रकाश रूप दिन राती। नहिं तहँ चहिय दिया घृत बाती १० ॥ V. V. Important

३६ सप्तप्रबन्ध सुभग सोपाना। ज्ञाननयन निरखत मनमाना ११
रघुपति महिमा अगुण अगाधा। वर्णब सोइ वर वारि अगाधा १२
रामसीय यश शालि सुधासम। उपमा वीचिविलास मनोरम १३
पुरइनि सघन चारु चौपाई। युक्तिमंजुमणि सीप सुहाई १४
छन्द सोरठा सुन्दर दोहा। सो बहुरंग कमलकुल सोहा १५
अर्थ अनूप सुभाव सुभासा। स्वइ पराग मकरंद सुवासा १६
सुकृत पुंज मंजुल अलिमाला। ज्ञान विराग विचार मराला १७
ध्वनि अवरेव कवित गुणजाती। मीन मनोहर ते बहुभांती १८
अर्थ धर्म कामादिक चारी। कहब ज्ञान विज्ञान विचारी १९
नवरस जप तप योग विरागा। ते सब जलचर चारु तड़ागा २०
सुकृती साधु नाम गुण गाना। ते विचित्र जल विहग समाना २१
संतसभा चहुँदिशि अमराई। श्रद्धाऋतु वसंत सम गाई २२
भक्ति निरूपण विविध विधाना। क्षमा दया द्रुम लता विताना २३
संयम नेम फूल फल ज्ञाना। हरिपदरति रस वेद बखाना २४
औरौ कथा अनेक प्रसंगा। ते शुक पिक बहुवर्ण विहंगा २५

दो० पुलक वाटिका बाग वन, सुख सो विहँग विहारु ॥
माली सुमन सनेह जल, सींचत लोचन चारु २६

३६ मानसर में तौ प्रतिघाटन सीढ़ी हैं इहां कौन सीढ़ी हैं सो कहत सप्तप्रबंध जो सातौ काण्ड हैं सोई सुभग नाम सुंदरी सात सोपान नाम सीढ़ी हैं सो ज्ञान विचार नेत्रनते देखै तब मनमानै सो क्या देखै बाल सांख्यशास्त्र अयोध्या वैशेषिक आरण्य मीमांसा किष्किंधा योग सुंदर न्याय लंका वेदांत उत्तर सम्राज इत्यादि देखै अथवा सात ज्ञानकी भूमिका सात सोई सीढ़ी हैं अथवा नवधा में श्रवण कीर्तन द्वै सीढ़ी बाहरते चढ़िबे की अरु सात सीढ़ी भीतरकी हैं अथवा ज्ञानते यह विचारा चाहिये कि इहां चारि संवाद घाट कहे जो प्रथम शिवजी रचे तामें चारि घाट कौन रहैं

बालकांड
(१) सांख्य के प्रतिपादक कपिलमुनि यह पुरुष प्रकृति प्रधान है।
(२) अयोध्याकांड वैशेषिक के प्रतिपादक - कणाद यह मत परमाणु प्रधान है।
(३) आरण्यकांड मीमांसा के प्रतिपादक - जैमिनि हैं। यह मत कर्म प्रधान है

(४) किष्किन्धाकांड, योग के प्रतिपादक पतंजलि हैं। यह ईश्वर प्रधान है।
(५) सुन्दर कांड - न्याय। का प्रतिपादक - गौतम हैं। यह मत द्रव्य प्रधान है
(६) लंका बेदान्त - इसके प्रतिपादक व्यास जी हैं। यह ब्रह्म प्रधान है
(७) उत्तर कांड परिशिष्ट वा सम्राज इसके प्रधान गुशाईं जी हैं।

तहां नाम, रूप, लीला, धाम येई चारि घाट रहैं तिनहीं के अवलंब चारिउ
संवाद हैं तिनके अंतर्गत धामादि सात सात ठौर वर्णन ग्रंथ में हैं सोई
सातौ प्रबंध सुंदरी सीढ़ी हैं पूर्व ग्रंथ में सोई पूर्व दिशामें गोसाईंजीको दैन
घाट सो धामके अवलंबसों सात प्रबंध सात ठेकाने वर्णन यथा तहां राम-
चरित जलरूप हैताके प्रारंभमें जो प्रथम सीढ़ी सो देखनमात्र खुली है अरु
① छहसीढ़ी चरितांतर सो जलसों बूड़ी हैं प्रथम सीढ़ी प्रारंभ समय गोसाईंजी
अयोध्याजी को पूर्ण प्रभाव वर्णन करे यथा ॥ राम धामदा पुरी सुहावनि।
लोक समस्त विदित जगपावनि ॥ इति प्रथम सोपान १ पुनः श्रीरामजन्म
② समय वर्णन करे यथा ॥ अवधपुरी सोहै यहि भांती ॥ इति दूसर सोपान २

❋ चित्र रामायण मानसर ❋



१ पूर्व दिशा गोसाईं को दैन्यघाट धाम ७ प्रवन्ध ॥
रामधामदा पुरी सोहावनि १ लोक समस्त विदित अति पावनि
अवधपुरी सोहै यहि भांती २ प्रभुहिं मिलन आई जनु राती
यद्यपि अवध सदैव सुहावनि ३ रामपुरी मङ्गलमय पावनि
जन्मभूमि ममपुरी सोहावनि ४ उत्तरदिशि सरयूवह पावनि
देखतपुरी अखिलअघ भागा ५ वन उपवन वापिका तड़ागा
अवधप्रभावजानतबप्रानी ६ जबउरवसहिंरामधनुपानी
पुरी प्रभाव अनुग्रह मोरे ७

२ दक्षिण दिशा याज्ञवल्क्यजी को कर्मघाट लीला ७ प्रवन्ध ॥
तेहि अवसर भंजन महि भारा १ हरि रघुबंश लीन अवतारा
पुनि प्रभु कहौ राम अवतारा २ बाल चरित पुनि कहौ उदारा
असुर मारि थापहिं सुर राखहिं ३ निज श्रुति सेतु जगत बिस्तारहिं
द्वारपाल हरिके प्रिय दोऊ ४ जय अरु विजय जान सबकोऊ
जहां जलन्धर रावण भयऊ ५ रण हति राम परमपद दयऊ
नारदशापदीनयकवारा ६ कल्पएकत्यहिलगिअवतारा
प्रभु अवतार कथा पुनि गाई ७

३ पश्चिम दिशा शिवजी को ज्ञानघाट नाम ७ प्रवन्ध ॥
राम नाम कर अमित प्रभावा १ सन्त पुराण उपनिषद गावा
काशी मरत जन्तु अवलोकी २ जासु नाम बल करौ विशोकी
जासुनाम सुमिरत यकबारा ३ उतरहिं नर भवसिन्धु अपारा
रामरामकहि जे जमुहाहीं ४ तिनहिं न पापपुंज समुहाहीं
नामप्रभाव जान शिव नीके ५ काल कूट फल दीन अमीके
रामनामबिनुगिरानसोहा ६ देखुविचारित्यागिमदमोहा
नामअखिल अघपुंजनशावन ७

४ उत्तर दिशा कागभुशुण्डि की उपासनाघाट रूप ७ प्रवन्ध ॥
मूरति मधुर मनोहर देखी १ भये विदेह विदेह विशेखी
काम कोटि छवि श्याम शरीरा २ नील कञ्ज वारिद गम्भीरा
पीत बसन परिकर कटि भाथा ३ चारु चाप शर सोहत हाथा
शोभा सींव सुभग दोउ बीरा ४ नील पीत जल जात शरीरा
सहज मनोहर मूरति दोऊ ५ कोटि काम उपमा लघु सोऊ
केकिकंठद्युतिश्यामलअंगा ६ तड़ितविनिंदितवसनसुरंगा
मरकत मृदुल कलेवर श्यामा ७

पुनः ब्याह समय वर्णन करे यथा ॥ यद्यपि अवध सदैव सुहावन। इति (३)
तीसर सोपान ३ पुनः वनते प्रभु लौटे तासमय यथा ॥ जन्मभूमि मम पुरी
सुहावनि ॥ इति चौथ सोपान ४ पुनः प्रभु राज भये पर यथा ॥ देखत पुरी (४)
अखिल अघ भागा ॥ इति पांचौ सोपान ५ पुनः भुशुण्डिप्रसंग में यथा ॥ (५)
अवध प्रभाव जान तब प्राणी। जब उर बसहिं राम धनुपाणी ॥ इति षष्ठ (६)
सोपान ६ पुनः शिववचने यथा ॥ पुरी प्रभाव अनुग्रह मोरे ॥ इति सप्तम (७)
सोपान ७ इति धाम सात प्रबंध दैन्यता घाट पूर्वदिशामें है तथा तीनिउँ
संवादन में जो प्रबंध सो चक्र में लिखित है ॥

दूसर संवाद याज्ञवल्क्यजी को दक्षिणदिशि कर्मघाट लीला अवलंब ताके सात प्रबंध लीला सोपान यथा प्रथम सतीमोह समय यथा ॥ तेहि अवसर भंजन महिभारा। हरि रघुवंश लीन अवतारा ॥ इति खुली प्रथम सोपान १ पुनः दूसर लीला प्रबंध यथा पार्वती के प्रश्नमें ॥ पुनि प्रभु कहौं राम अवतारा। बालचरित पुनि कहौं उदारा ॥ इति दूसर सोपान २ पुनः॥ जब जब होय धर्मकी हानी। बाढ़हिं॥ तब तब प्रभुधरि विविध शरीरा। हरहिं कृपानिधि ॥ असुर मारि थापहिं सुरनि ॥ इति तीसर सोपान ३ पुनः जय विजय हेतु ॥ एकवार तिनके हित लागी। धरेउ शरीर भक्त अनुरागी ॥ कश्यप अदिति तहां पितु माता ॥ इति चौथ सोपान ४ पुनः तुलसी वृन्दा के शापते तहां जलंधर रावण भयऊ ॥ रणहति राम॥ एक जन्म कर कारण येहा ॥ इति पंचम सोपान ५ पुनः नारद शाप दीन्ह यकबारा ॥ एक कल्प यहि हेतु प्रभु, लीन्ह मनुज अवतार ॥ इति छठवां सोपान ६ पुनः भुशुंडि द्वारा सातौ काण्ड यथा ॥ प्रभु अवतार कथा पुनि गाई ॥ इति लीलाप्रबंध॥ सातौ सोपान ७ दक्षिण याज्ञवल्क्यको कर्मघाट चित्र में लिखा है २ तीसर संवाद शिवजी को पश्चिम दिशा ज्ञानघाट नामावलंब नामके सात प्रबंध सोपान यथा प्रथम भरद्वाजके प्रश्न में ॥ रामनाम कर अमित प्रभावा। सन्त पुराण उपनिषद गावा ॥ संतत जपत शंभु अविनाशी। शिव भगवान ज्ञान गुणराशी ॥ इति खुला प्रथम प्रबंध पहिलो सोपान १ पुनः जहां सगुण अगुण रूप देखाये तहां यथा ॥ काशी मरत जन्तु अवलोकी। जासु नाम बल करौं विशोकी ॥ विवशहु जासु नाम नर कहहीं। जन्म अनेक रचित अघ दहहीं ॥ इति दूसर सोपान २ पुनः केवटप्रसंग में ॥ जासु नाम सुमिरत यकबारा। उतरहिं नर भवसिन्धु अपारा ॥ इति तीसर सोपान ३ पुनः

भरत निषादके मिलन समय यथा ॥ राम राम कहि जे जमुआहीं। तिनहिं न पापपुंज समुहाहीं ॥ इति चौथ सोपान ४ पुनः ॥ पंपापर नारद वचन ॥ राका रजनी भक्ति तव, रामनाम स्वइ सोम ॥ अपर नाम उडुगण विमल, बसहु भक्त उर व्योम ॥ इति पांचौ सोपान ५ पुनः हनुमान्जी रावणते ॥ रामनाम बिनु गिरा न सोहा ॥ इति छठवां सोपान ६ पुनः उत्तरांत में ॥ तीरथ अमित कोटि शत पावन । नाम अखिल अघ पुंज नशावन ॥ इति नाम प्रबंध सातौ सोपान शिवजी को ज्ञानघाट पश्चिमदिशि चित्रमें लिखाहै ३ चौथा संवाद काकभुशुण्डजी को उत्तरदिशि उपासना घाटरूप अवलंबरूपके सात प्रबंध सोपान यथा ॥ प्रथम स्वयंभू मनुको दर्शन में समग्र रूप वर्णन ॥ नीलसरोरुह नीलमणि, नील नीरधर श्याम ॥ इति प्रथम सोपान १ पुनः बालसमय रूपवर्णन ॥ काम कोटि छवि श्याम शरीरा । नीलकञ्ज वारिद गंभीरा ॥ इति दूसर सोपान २ पुनः जनकपुर देखन समय में सर्वांगवर्णन यथा ॥ पीत वसन परिकर कटि भाथा। चारु चाप शर सोहत हाथा॥ इति तीसर सोपान ३ चौथ फुलवारी में यथा ॥ शोभासींव सुभग दोउ वीरा ॥ नील पीत जलजात शरीरा ॥ इति चौथ सोपान ४ पुनः रंगभूमि में ॥ सहज मनोहर मूरति दोऊ । कोटिकाम उपमा लघु सोऊ ॥ इति पांचौ सोपान ५ पुनः ब्याह समय ॥ केकिकंठ द्युति श्यामल अंगा। तड़ित विनिंदित वसन सुरंगा ॥ इहांते ब्याह पर्यंत इति छठवां सोपान ६ पुनः भुशुण्ड मोह समय ॥ मरकत मृदुल कलेवर श्यामा। अंगअंग प्रति छवि बहुकामा ॥ इति रूप सातौ सोपान भुशुण्डजी के उपासना घाट उत्तर दिशि चित्र में लिखा है इत्यादि सात सोपान हैं ११ दूषणादि बाधारहित ऐसी अबाधा तीनों गुणनते परे ऐसी अगुण जो श्रीरघुनाथजी की महिमा जो यामें वर्णन करब सोई चरितरूप वारि जो जल वर नाम श्रेष्ठ ताकी अगाधता है अर्थात् नाम रूप लीला धाम चारिहू अमल परात्पर जो वर्णन हैं नामकी महिमा यथा ॥ महामंत्र जो जपत महेशू। काशी मुक्तिहेतु उपदेशू॥ रूप यथा ॥ व्यापक ब्रह्म निरंजन, निर्गुण विगत विनोद। सो अज प्रेम भक्ति वश, कौशल्याकी गोद ॥ लीला यथा ॥ जग पेखन तुम देखनहारे। विधि हरि शंभु नचावनहारे॥सोउ नहिं जानहिं मर्म तुम्हारा । और तुमहिं को जाननहारा ॥ धाम यथा ॥ रामधामदा पुरी सुहावनि । लोक समस्त विदित अतिपावनि ॥ इत्यादि यावत् प्रभुकी महिमा है सोई चरितरूप

जलकी अगाधता है अर्थात् कोऊ थाह नहीं पायसकत १२ पुनः श्रीरघुनाथजीको जो अमल पावन यश है सो तौ सलिल नाम जल परिपूर्ण है तहां यश काको कही तहां धर्मनीति मार्गमें बाहुबल की प्रशंसा है ताहीको यश कही तहां मुनिमखरक्षा धनुभंग विराध कबंध खर रावणादिवधते भूमिभार उतारे देवन की विपत्ति टारे इत्यादि अनेकन को सुख भये ते प्रभु को यश सोई अमल जलरूप यामें भरा है तामें सीय श्रीजानकीजी को सहित जो यश सो सुधा नाम अमृतसम जल को स्वाद है अर्थात् दम्पति संयोग रस युक्त में परस्पर नेहकी प्रबलताते प्रेम शिथिलतादि जय पराजय में रूपकी सौंदर्यतादि बल वर्णन यथा ॥ अस कहि फिरि चितये त्यहि ओरा। सियमुख शशि भये नयन चकोरा ॥ इति प्रभुकी पराजय पुनः ॥ देखि सीय शोभा सुख पावा। हृदय सराहत वचन न आवा ॥ पुनः ॥ क्यहि पटतरिय विदेहकुमारी। इति किशोरीजी के रूप सौंदर्यता बल वर्णन सोई यशहै पुनः ॥ थके नयन रघुपतिछवि देखी। पलकनहू परिहरी निमेखी ॥ अधिक सनेह देह भइ भोरी। शरदशशिहि जनु चितव चकोरी ॥ इति किशोरीजी की पराजय प्रभुरूपकी सौंदर्यता बल वर्णन सोई यशहै तथा ब्याहसमय ॥ चलि ल्याइ सीतहि। यामें रसवृद्धि शृंगार वीरताते ओजगुण के शब्द धरे तहां ॥ देखि राम भे पूरणकामा। इति पराजयते किशोरीजीकी सौंदर्यता बलते यश भयो पुनः ॥ विरहवश भइ जानकी। याते गाथे महामणि मौरादि प्रभुकी सौंदर्यताते यश भयो इत्यादि रामसिया को यश तामें प्रेमानंदका अपूर्व स्वादु सोई अमृतसम स्वादु जलका है पुनः युगुलरूपकी माधुरी परस्पर नेह लोकोत्तर चमत्कारी अनूपहै अर्थात् दांपत्य ऐसा दूसरे में नहीं है यथा सत्योपाख्याने ॥ दाम्पत्यं नैव लोकेस्मिन् विद्यते नैव लभ्यते। अलौकिकं तु दाम्पत्यं विद्यते रामसीतयोः ॥ तिनको कविस्वभावते जो उपमा देना यथा ॥ सुन्दरी सुंदर वरण वपु एक मण्डप राजहीं। जनु जीव उर चारिउ अवस्था विभुन सहित विराजहीं ॥ वा। जनु पाये महिपालमणि, क्रियन सहित फल चारि। पुनः ॥ देखि मनोहर चारहु जोरी। शारद उपमा सकल ढँढोरी॥ पुनः ॥ पावा परमतत्त्वजनु योगी। अमृतलहि मनु संतत रोगी ॥ इहि सुखते शतकोटि गुण, पावहिं मातु अनंद। इत्यादि यावत् वार्ता मनको रमावनहारी हैं तेई वीचिन को विलास हैं अर्थात् मनोहर जो उपमा सोई श्रीरामयश जलकी तरंगैं हैं १३ उहां मानस में पुरयन सघन छाई है तामें

जल ढकाहै सोई इहां कहत कि चारु नाम सुंदरी जो चौपाई हैं तेई सघन पुरयन हैं यामें यशरूप जल ढका है अर्थात् चौपाइन में अर्थ ढका है तिन चौपाइनमें जहां युक्ति है जहां विचारे ते अपूर्व वार्ता मिलै ऐसी जो युक्तिहै सोई मंजुमणि जो मोती ताके उपजावनेवाली सुहाई सुंदरि सीपी है सो कहां युक्ति है यथा जब गोसाईंजी ग्रंथ प्रारंभ करे तब विचारे कि विषयी विमुख मतवादी लोग दशरथनन्दन के लीलामें अनेक तर्कणा निकासैंगे याहेतु प्रथम भरद्वाजै के प्रश्नते संदेह धरे याज्ञवल्क्य के वचनन में सती के संदेहमें सजाय वर्णन करे पुनः शिवके वचनन में गरुड़की संदेह तिनकी व्याकुलता वर्णन करे तामें युक्ति यह कि शिवकी वामांगी विष्णुके वाहनते दशरथनंदनमें संदेह करि सजाय पाये ताते औरनको मन समुझि संदेह न करैगो इत्यादि जो युक्तिकी कहनूति सोई सीपी है ताअंत श्रीरामरूप में विश्वास सोई मुक्ताहै १४ छंद अहल्यास्तुतिमें त्रिभंगी बत्तिस मात्रा की जन्मसमय चौपैया तीस मात्राकी ब्याहसमय हरिगीतिका अट्ठाइस मात्रा की इत्यादि छंदैं बड़ी सो श्याम कमलहैं वेद्यकमुनिकी भुजंगप्रयात चारि यगण बारा वर्ण तिलक समय शिवकी त्रोटक सगण बारा वर्ण अत्रिमुनिकी नगस्वरूपिणी लघु गुरु क्रम आठ वर्ण इत्यादि श्वेत वर्णहैं खरके युद्धमें तोमर बारा मात्राकी सो पीत वर्णहैं पुनः सोरठा सुंदर दोहा चौबिस मात्रा के ते लालवर्ण कमल ये बहुतहैं इत्यादि बहुरंग कमलकुल की समान चौपाई पुरयनके बीच बीच शोभित हैं तहां जे बड़ी छंदैं हैं ते हजार दलवाले जे मध्यहैं ते शतदलके दोहादि ते छोटे इति कमलकुलहैं १५ जो छन्दादिकन में अनूप अर्थ है सो फूल के भीतर है सो पराग है पुनः जो अर्थ के अंतर सुंदर भाव यथा जबते प्रभु व्याहि आये तबते मंगलमोद अधिक भयो ताको भाव कि किशोरीजी मंगलादि की मूर्ति हैं इत्यादि भाव सोई मकरंद नाम कमलको रस सो गुप्तहै पुनः संस्कृतादि जो भाषा दूरिहीते दरशत सो सुगंधहै यामें क्रमालंकारहै १६ सुकृत यथा ॥ मंत्रराज नित जपहिं तुम्हारा । पूजहिं तुमहिं सहित परिवारा ॥ तर्पण होम करहिं विधि नाना । विप्र जेंवाइ देहिं नित दाना ॥ इत्यादि जो सुकृत पुंज कहे बहुत ठवर वर्णनते मंजुल उज्ज्वल अर्थात् वासनारूप मलरहित निर्वासिक सुकृत तेई अलि नाम भ्रमरनके माला नाम समूहहैं पुनः ज्ञान यथा ॥ सात्त्विक श्रद्धा धेनु सुहाई । इत्यादि जो ज्ञानहै पुनः विराग यथा ॥ होय न विषय विराग, भवन बसत

भा चौथ पन। इत्यादि विराग पुनः विचार यथा॥ करि विचार जिय दीन्हेउ टीका। राम रजायसु हित सबहीका॥ इति विचार इत्यादि ज्ञान विचारादि जे यामें हैं तेई मराल नाम हंससम सदा इसीमें वास करत अथवा ज्ञान विरागमय जो विचार सोई हंस है १७ ध्वनि कहिये वाको जहां वाच्यार्थ ते व्यंग्यमें अधिक चमत्कारी होय यथा॥ विप्रकाज करि बंधु दोउ, मग मुनिवधू उधारि। आये देखन चापमख, सुनि हरषीं सब नारि॥ भाव ऐसे प्रतापी बली तौ धनुषभी तोरैंगे तामें तीनि भेद प्रथम शब्दशक्ति यथा॥ भरत भुवाल होय यह सांची। भूमिमें धाम करैंगे यह धुनि दूसर अर्थ शक्ति यथा तामें बारह भेद स्वतःसंभावी वस्तु अलंकार चारि प्रकार कविप्रौढोक्ति ते चारि प्रकार कविनिबद्ध ते चारि इति बारह जगमें प्रसिद्ध अर्थ ताको स्वतःसंभावी कही पुनः कविकी करी प्रौढ़ यथा यश श्वेत कलंक श्यामता को कवि प्रौढोक्ति कही वस्तु यथा॥ दोहा॥ जहँ विशेष्य गण वाक्य को, अर्थ चमत्कृत होय। अलंकार ते भिन्न जो, वस्तु कहावै सोय॥ पुनः उपमेयको उपमा देना इत्यादि अलंकार इनते ध्वनि के उदाहरण स्वतःसंभावी वस्तु ते वस्तुव्यंग्य यथा॥ सिय न दीन पग अवनि कठोरे। खुले अर्थ ते स्वतःसंभावी सुकुमारता वस्तु तामें धुनि कि वन को न लैजाउ यह वस्तुव्यंग्य १ पुनः स्वतःसंभावी वस्तुते अलंकारव्यंग्य। पाहनकृमि जिमि कठिन सुभाउ। यहौ सुकुमारतावस्तुते उपमालंकार २ पुनः स्वतःसंभावी अलंकार ते अलंकार यथा॥ कल्पवेलि जिमि बहुविधि लाली। सींचि सनेहसुधा प्रतिपाली॥ खुले अर्थ ते स्वतःसंभावी कल्पबेलि जिमि उपमाते सनेह सुधारूपका अलंकार ३ पुनः स्वतःसंभावी अलंकार ते वस्तु यथा॥ चन्द्रकिरणरस रसिक चकोरी। रविसम्मुख इहां दृष्टांतालंकारते सुकुमारता वस्तु ४ कविप्रौढोक्ति वस्तुते अलंकार यथा॥ दंडयतिन कर भेद जहँ, नर्तक नृत्यसमाज। जीतहु मनहिं सुनी अस, रामचन्द्र के राज॥ दंड नहीं रहो इति प्रौढोक्ति यती के हाथ में दण्ड रहेउ एकथल वर्य दूसरे थल कहे यह परिसंख्यालंकार रामराजवस्तुते व्यंग्यहै ५ कविप्रौढोक्ति अलंकार ते अलंकार। आश्रमसागर शांतरस, पूरण पावन पाथ। सैन मनहु करुणासरित, लियेजात रघुनाथ॥ शांतरस जल यह प्रौढोक्ति आश्रमसागरमें रूपक मानौ करुणासरित में उत्प्रेक्षा सो व्यंग्य ६ कविप्रौढोक्ति अलंकारते वस्तु यथा॥ नाम पाहरू दिवस निशि, ध्यान तुम्हार कपाट। लोचन निजपदयंत्रिका,

है यहँ ध्यान कपाट ॥ प्रौढोक्ति नाम पाहरू में रूपकते विरहवस्तु व्यंग्य ७ कविप्रौढोक्ति वंस्तुते वस्तु यथा ॥ तव रिपु नारि रुदन जलधारा। आंसुनते सिन्धु भरा सो प्रौढोक्ति रामप्रताप वस्तु ते वैरिनको भास दूसरि वस्तु व्यंग्य ८ ग्रंथकारकी नवीन उक्ति ताको कविनिबंध कही यथा कविनिबंध वस्तुते वस्तु यथा ॥ चरणकमल वन्दौं तिनकेरे। पुरवौ सकल मनोरथ मेरे ॥ चरणकमल कविनिबंध वन्दना वस्तुमें मनोरथ पूरण वस्तु ९ वस्तुते अलंकार यथा ॥ शंभुप्रसाद सुमति हिय हुलसी। रामचरितमानस हुलसी वस्तु चरित मानस रूपक १० अलंकारते अलंकार यथा ॥ अरुण चरणपंकज नखजोती। कमलदलन बैठे जनु मोती ॥ सम रूपकते उत्प्रेक्षाव्यंग्य ११ अलंकारते वस्तु यथा ॥ करि मुनिचरणसरोज प्रणामा। आयसु पाय कीन्ह विश्रामा ॥ चरणसरोजसम रूपकते विश्राम वस्तु १२ इति अर्थशक्तिध्वनि। अथ शब्दार्थशक्ति यथा ॥ कवितविवेक एक नहिं मोरे। सत्य कहौं इहां शब्दार्थते आपनी नम्रताव्यंग्य इति ध्वनि पुनः अवरेव कही जहां है तौ दूषण सोई किसी कारणते भूषण ह्वै जाय यथा ॥ श्यामतनश्रोणितकनी। रक्तकनी देहकी शोभा नहीं है सो रणभूमिते शोभा है यथा सौभागिनी को तापसवेष अशोभित सो किशोरीजी में पतिसंग वनवासते शोभित अथवा हितमें अनहित यथा केकयी को मनोरथ वा हनुमान्‌जीकी पूंछ फूंकना व चित्रकूट अवधवासिनपै देवमाया यथा ॥ रामकृपा अवरेव सुधारी। इति अर्थ अथ शब्द अवरेव यथा ॥ जो सुमिरत भय भागते, तुलसी तुलसीदास। जाको सुमिरत तुलसीदास भागते तुलसी भये आदिशब्द अंतमें मिलत पुनः कवित्तके गुण यथा तहां काव्यनमें दश गुण होत तामें ओज, प्रसाद, माधुर्य ये तीनि वर्णप्रकाशकहैं पुनः अर्थव्यक्ति समाधि ये द्वय अर्थप्रकाशक हैं पुनः समिता, क्रांति, उदारता ये तीनि दूषण मिटावनहार हैं पुनः श्लेष पुनरुक्त प्रतीकाशवाक्यनके गुण प्रकटत। अथ समितालक्षण ॥ जहां शब्दपद वर्णसम, अनुप्रासअनुसार। विषमनअक्षर एकसम, सो समकाव्य सुढार ॥ यथा ॥ कंकणकिंकिणि नूपुरधुनि सुनि। पुनः क्रांति यथा ॥ रुचिर रुचिर बातैंपरैं, अर्थ न प्रकट न गूढ़। ग्राम्यरहित सो क्रांतिगुण, समुझै सुमति न मूढ़ ॥ यथा ॥ हृदयअनुग्रह इन्दु प्रकाशा। सूचित किरण मनोहर हासा ॥ पुनः उदारतालक्षण ॥ जो अन्वयबलपढ़ातिबल, समुझि परै चतुरैन। औरनको लागत कठिन, सो उदारगुणऐन ॥ यथा ॥ विधि

हरिहरमय वेद प्राणसे । अगुण अनूपम गुणनिधानसे ॥ पुनः व्यक्तिलक्षण ॥ साजुअर्थ अतिही प्रकट, नहिं समास अधिकाय । अर्थव्यक्तिगुण बातज्यों, बोलै सहज स्वभाय ॥ यथा ॥ भये विलोचनचारु अचंचल । पुनः समाधिगुण लक्षण ॥ जो है रोह अवरोह गति, रुचिरभांति क्रम भाइ । त्यहि समाधि गुण कहत हैं, ज्यों भूषणपर्याइ ॥ यथा ॥ गिरो रतन मुख अरधभवानी । रति अतिदुखित अतनपति जानी ॥ विषवारुणी बंधुप्रिय जेही । कहिय रमासम किमि वैदेही ॥ पुनः श्लेषलक्षण ॥ बहुशब्दनको एक करि, कीजै जहां समास । तहँ सुअधिक श्लेषगुण, गुरु मध्यम लघु दास ॥ यथा दीर्घसमास ॥ विप्रकाज करि बंधु दोउ, मग मुनिवधू उधारि । आये देखन चापमख ॥ पुनः मध्यसमास यथा ॥ रघुकुलमणि दशरथ के जाये । पुनः लघुसमास यथा ॥ मारु मारु धरु धरु धरु मारू । पुनः पुनरुक्त प्रतीकाश लक्षण ॥ एकशब्द बहुबार जहँ, परै रुचिरता अर्थ । पुनरुक्तप्रतिकाश सो, वर्णै बुद्धि समर्थ ॥ यथा ॥ मूरति मधुर मनोहर देखी । भये विदेह विदेह विशेखी ॥ पुनः ॥ मधुर ओजप्रसादके, सब गुण हैं अधीन ॥ ताते इनहीं को गन्यो, ममन सुकवि प्रवीन ॥ श्लेषौ मध्यसमास को, समिताकांति विचार । लीन्हे गुणमाधुर्यरस, करुणा हासशिंगार ॥ माधुर्यलक्षण ॥ अनुस्वारयुत वर्णयुंत, सवै वर्ग अटवर्ग । अक्षर जामें मृदुपरै, सो माधुर्यनिसर्ग ॥ यथा ॥ रुचिरचौतनी सुभगशिर, मेचक कुंचितकेश । नख शिख सुन्दर बंधु द्वउ, शोभा सकल सुदेश ॥ पुनः ॥ श्लेषसमाधि उदारता, शिथिल ओजगुण रीति । रौद्र भयानक वीररस, बीभत्सहुते प्रीति ॥ लक्षण यथा ॥ उद्यत अक्षर जहँ परै, सषटवर्ग मिलि आइ । ताहि ओजगुण कहत हैं, जे प्रवीण कविराइ ॥ यथा ॥ भयक्रुद्ध युद्धविरुद्ध रघुपति त्रोण शायक कसमसे । कोदण्ड धुनि सुनि चण्ड अति मनुजादि भय मारुत ग्रसे ॥ पुनः ॥ अल्पसमास समासबिनु, अर्थव्यक्त गुणमूल । शुभप्रसाद गुण वर्ण पुनि, सबगुण सब रसतूल ॥ मनरोचक अक्षर परै, सोहै सकल शरीर । गुणप्रसाद जलयुक्त जो, प्रकटै अर्थ गँभीर ॥ उदाहरण यथा ॥ गाथे महामणिमौर मंजुल अंग सब चित चोरहीं । पुरनारि सुन्दर वर विलोकहिं निरखि छवि तृण तोरहीं ॥ इत्यादि गुण अथ कवित्तजाति यथा प्रथम द्वय प्रस्तार हैं तहां चौपाई आदि मात्रा प्रस्तारकी छंदैं हैं नगस्वरूपिणी आदिवर्ण प्रस्तारहै इत्यादि को विस्तार । छंदप्रबंध अनेक विधाना । यहि चौपाई में लिखि

आयनहै तामें जे छंदैं प्रस्तारकी रीति छांड़े हैं ते जातिछंद कहावत यथा दोहा प्रथम तेरह पुनः गेरह मात्रा ऐसे द्वै दल अरतालिस मात्रा को दोहा होत छंदप्रस्तारे यथा ॥ छब्बिस अक्षर भ्रमरमें, गुरु बाइस लघु चारि। गुरु टूटे द्वय लघु बड़े, सो सो नाम विचारि ॥ तहां बाइस वर्ण २२ गुरु चारि ४ लघु छब्बिस वर्णको २६ भ्रमरदोहा २१ गुरु ६ लघु २७ वर्णभ्रमर २० गुरु ८ लघु २८ वर्णसरभ १९ गुरु १० लघु २९ वर्णसेन १८ गुरु १२ लघु ३० वर्णमण्डूक ये ब्राह्मणहैं तथा बाइस लघु तक क्षत्री बत्तिस लघु तक वैश्य आगे शूद्रहैं तथा यावत् छंदैं हैं तामें जै अक्षरको चरण होत तामें तीनि हीसा गुरुवर्णते ब्राह्मण आधे गुरु क्षत्री चौथाई तक वैश्य बाकी शूद्र तहां त्रिभंगी चौपैया गीतिका कुंडलिया छप्पयादि ये जातिही छन्दैंहैं इति कवित्तजाति इत्यादि यावत् भेद कहिआये तेई यहि सरमें बहुत भांतिकी सुन्दरी मीन नाम मछरीहैं तामें धुनि छोटी मछरी अवरेव वाम हैं गुण चमकत सो चेलहवा है कवित्तजाति पद्मिनादि बड़ीहैं १८ अर्थ कहे संपतिकी प्राप्ति यथा॥ जो संपति शिव रावणहि, दीन्ह दिये दशमाथ। सो संपदा विभीषणहि, सकुचि दीन्ह रघुनाथ ॥ पुनः ॥ धर्म सत्य शौच दया दान यथा ॥ वर्णाश्रम निज निज धरम, निरत वेदपथलोग ॥ पुनः ॥ सरलसुभाव न मन कुटिलाई। यथालाभ संतोष सदाई ॥ पुनः काम स्वस्त्री वा मनोरथ यथा ॥ एकनारिव्रतरत नर झारी। पुनः मांगे वारिद देहिं जल, रामचन्द्र के राज। पुनः चौथी मुक्ति ॥ रामभक्तिरत नर अरु नारी। सकल परम पदके अधिकारी॥ पुनः ज्ञान॥ ज्यहि जाने जग जाय हेराई। जागे यथा स्वप्नभ्रम जाई ॥ अथवा ज्ञानदीपक इत्यादिको विचारिकै अर्थात् भक्तिके साथ कहब यथा ॥ अर्थ धर्म कामादि रुचि, गति न चहौं निर्वाण। जन्म जन्म रति रामपद। पुनः ॥ सोह न रामप्रेम बिन ज्ञानू १९ भाव भेदरस भेद अपारा। यहि चौपाईमें रसनको विस्तारते लिखि आयन याते यहां साधारण कहब नवरस यथा श्रृंगार १ हास्य २ करुणा ३ रौद्र ४ वीर ५ भयानक ६ बीभत्स ७ अद्भुत ८ इत्यष्ट नाटककाव्यमें हैं पुनः शांत श्राविककाव्य में ताते नवरस पुनः जप यथा ॥ जपहिं राम धरि ध्यान उर, सुन्दर श्याम शरीर। तप यथा ॥ पुनि हरिहेतु करन तप लागे। पुनः योगअष्टांग यथा यम नियम आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि यथा ॥ संयम नेम करहिं विधि नाना। पुनः ॥ बैठे वटतर करि कमलासन। पुनः ॥ वारि अहार मूलफल त्यागे।

Imp.

पुनः ॥ सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा। पुनः ॥ करि ध्यान योगी विमलमन। धारणा यथा ॥ सावधानमन पुनि करि शंकर। पुनः ॥ विमल अचल मन लागि समाधी। पुनः विराग यथा ॥ होइ न विषय विराग। वा। भूप राज तजि होहिं विरागी। इत्यादि जो यहिबिषे वर्णनहै तेई इस मानसरके कच्छपादि अनेक भांति के जलचर हैं चारु नाम सुंदर २० षोडशोपचार प्रभुको पूजा मंत्रजप स्तोत्र पाठादि करनेवाले जे सुकृती हैं पुनः विराग विवेकादि धारण करि शांतचित्तवाले जे साधुहैं पुनः ॥ गुणगान कहे कथा कीर्तन करनेवाले इत्यादि जे सुजन हैं ते इसीमें रत रहैंगे तेई विचित्र अनेक रंगके जलके पक्षी समान हैं २१ पुनः संतनकी सभा जहां श्रीरामचरितको श्रवण कीर्तन सदा होतहै सोई यहि मानसरके चारिहू दिशि अमराई नाम सुंदरि फुलवारी है उहां अमराई की शोभा वसंत ऋतु पायकै वढ़त इहां संतसमाज में कथाश्रवण कीर्तन में जो श्रद्धा अर्थात् मन की चाहते आदरसहित ग्रहण करना ऐसी जो श्रद्धा सोई वसंत ऋतु है ताको पाय संतसभारूप अमराई सदा शोभामय रहत २२ अमराइनमें फलफूलन के वृक्ष अरु लता फैलि वृक्षनपर वितानसम तनीरहत इहां विविधि कहे अनेक विधानको जो भक्ति को निरूपण है अर्थात् सर्वांग विस्तारते वर्णन करना यथा तहां भक्ति काको कही यथा ॥ सबकर मत खगनायक येहू। करिय रामपदपङ्कज नेहू ॥ गीतायाम् ॥ सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। वाल्मीकीये ॥ सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ अध्यात्म्ये ॥ त्वत्पादपद्मार्पितचित्तवृत्तिस्त्वन्नामसंगीतकथासुवाणी। शाण्डिल्यसूत्रे ॥ अथातो भक्तिजिज्ञासः सा परानुरक्तिरीश्वरे। नारदसूत्रे ॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः। सा कस्मै परमप्रेमरूपा अमृतस्वरूपा च यल्लब्ध्वा पुमान् सिद्धो भवत्यमृतो भवति यत्प्राप्य न किञ्चिद्वांञ्छति ॥ इत्यादि निश्चय भई कि श्रीरघुनाथजी में शुद्ध प्रीति होना सोई भक्तिहै ताप्रीति के आठ अंगहैं यथा ॥ प्रणय प्रेम आशक्ति पुनि, लगनलाग अनुराग। नेहसहित सब प्रीतिके, जानब अंगविभाग ॥ मम तव तव मम प्रणय यह, सौम्यदृष्टि तिहि होय। प्रीति उमग सो प्रेम है, विह्वलदृष्टी सोय ॥ चित असक्त आसक्ति स्वइ, यकटक दृष्टी ताहि। बनीरहै सुधि लगनकी, उत्कण्ठा दृगमाहिं ॥ जाके रसमें लीन चित, चोपदृष्टि स्वइ लाग। जासु प्रीतिमें चित रँगो, मत्त दृष्टि अनुराग ॥ मिलनि हसनि बोलनि भली,

ललितदृष्टि सों नेह । प्रीति होय सर्वांग उर, दृष्टिअधीन सँदेह ॥ तहां प्रणाय अरु आसक्ति ये दोऊ अहंकार के विषयहैं प्रेम अरु लगन मन के विषय हैं राग अरु अनुराग चित्त के विषयहैं नेह अरु प्रीति बुद्धिके विषय हैं इत्यादि अहंकार मन चित्त बुद्धिद्वारा रासविषय अनुकूल ह्वै ज्यहि रसकी अत्यंत भोगी ह्वै सर्वांग परिपूर्ण ह्वै जाय ताको प्रीति कही यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ अत्यन्तभोग्यता बुद्धिरानुकूलादिशालिनी । अपरिपूर्णस्वरूपाया सा स्यात्प्रीतिरनुत्तमा ॥ तामें प्रेम मुख्यहै ताप्रेमकी द्वादश दशा हैं यथा प्रथम उत्तदशा यथा ॥ प्रियगुण सुनि वा रूप लखि, त्यहि तजि और न चाहि । बागमध्य सियराम इव, उत्तदशा सो आहि १ दूसरी यत्तदशा यथा ॥ सुनि वियोग संदेसवा, निकटहु अगजगप्रीय । मिथिलागम हरिपुरतिया, यत्तदशा गोपीय २ तीसरी ललितदशा यथा ॥ ललितदशा गुरु लाज तजि, प्रियदेखनकी आस । रंगभूमि रघुनाथ कित, जनकलली दृग प्यास ३ चौथी दलित यथा ॥ प्रियावियोगदुखार्त में, ध्यान उरग दृग नीर । दलितदशा सियलंकमें, विवरण भयो शरीर ४ पँचईं मिलित यथा ॥ प्रियावियोगमनोर्थ जो, प्राप्त होत सुखहीय । मिलितदशा जब लंक में, राम मिलत भइ सीय ५ छठईं कलित यथा॥ ध्यान मिलन अथवा प्रकट, रहसि मिलत सुख होइ । रामब्याह पुर तियगमन, कलितदशा है सोइ ६ सतईं छलित यथा ॥ हितसनेह अतिहीयमुख, सरुष कहै कै रोइ । भरतागम वन लषण जिमि, छलितदशाहै सोइ ७ अठईं चलितदशा यथा ॥ तनुत्यागत प्रियचरणरति, जन्म जन्म चहि जौन । सती शंभु हरि बालि ज्यों, चलितदशा है तौन ८ नवईं क्रांत १ विक्रांत २ संक्रांत ३ क्रमते यथा ॥ देह भूलि सुख ध्यानप्रिय, दशाक्रांतकी बाढ़ि । बैठ सुतीक्षण अचलमग, राम जगावत ठाढ़ि १ द्वितिय भेदविक्रांत मिलि, इष्टहर्ष सरसात । यथा सुतीक्षण राम लखि, भाग्य सराहत जात २ तृतिय भेद संक्रांत जब, तन मन सुखहि समाप । द्विरागमन इव लोक में, दंपति प्रथम मिलाप ३ ॥ ९ दशईं संहृत विहृत यथा ॥ कलहमान जब इष्टसों, संहृतदशा बखान । पुनि पीछे पछिताइ तब, विहृत ताहिमें जान १० गेरहीं गलित यथा ॥ गुण गावत नाचत विसुधि, गलितदशा दरशात । मगन सुतीक्षण राहमें, राममिलनहित जात ११ बारहीं संतृप्तदशा अनुरागको पूर्णरूप यथा ॥ साधन शून्य लिये शरणागत नैनरँगे अनुरागनशा है । पावक व्यौमजलानिल

भूतलबाहरभीतर रूप बसाहै ॥ चिंतवनाहमबुद्धिमई मधु ज्यों मखियामन जाहि फँसा है। बैजसुनाथ सदा रस एकहि याविधिसों संतृप्तदशा है १२ इत्यादि गेराप्रेमकी बारहीं पराभक्ति है इनकी पुष्टताहेतु नवधा यथा भागवते ॥ श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ तिनमें अनेकन निष्ठा भक्तनकी हैं तेई ॥ अनेक भांतिके द्रुम हैं पुनः क्षमा वाको कही जो अत्यन्त उग्र अपराधी जीव ताहूको स्वीकार करना सब कोप निवारण करि समर्थ है सहिजाना यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्युग्रमन्तुजन्तूनामानुकूल्यादिसंग्रहात्। अत्युग्रनिग्रहोदर्कसङ्कल्पोपरतिः क्षमा ॥ पुनः दया कही जो विना स्वारथ जीवन को सुख चाहे यथा ॥ दया दयावतां ज्ञेया स्वार्थं तत्र न कारणम् ॥ इत्यादि क्षमा बेलि सम फैली दया वितानसम तनी है २३ उहां अमराई में फूल फल, फल में रसहै इहां काहै सो कहत यथा सम कहे मन चित्त बुद्धि अहंकारकी वासना त्यागि भगवत् में लगावना पुनः यम कहे अहिंसा सत्य अस्तेय कहे अचौरी ब्रह्मचर्य दया नम्रता क्षमा धृति अल्पाहार शौच इति दश यम हैं पुनः नेम कहे शौच होम तप दान त्रिकाल स्नान संध्या विद्या इन्द्रिय रोकना व्रत मौन इति दश नेम हैं इत्यादि सब इहां फूल हैं पुनः ज्ञान कहे आपनो रूप पहिचानना सो फल हैं पुनः श्रीरघुनाथजी के पांवनरत होना सोई फलको रसहै ऐसा वेद बखानत है यम नेम यथा ॥ अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यदयार्जवम्। क्षमाधृतिर्मिताहारः शौचएवयमादश ॥ शौचेपि च तपो दानं स्वाध्यायोयंस्थितग्रहः। व्रतोपवासमौनानि स्नानं च नियमादश २४ सतीको मोह पुनः शिव पार्वती को विवाह भानुप्रताप अथवा नहुष चढ़े सुरयान ॥ इत्यादि यावत् और कथनको प्रसंग है तेई अथवा सत्संग में जे औरी कथा को प्रसंग आइ जात तेई शुक सुवा पिक कहे कोकिलादि अनेक वर्ण कहे बहुरंगन के पक्षी हैं २५ पुनः कथा श्रवण कीर्तन के समय रूपकी माधुरी वा दयालुतादि सुने जो प्रेमकी उमंग उठी रोमांच कंठारोधन अश्रुआदि जो पुलकांग है सोई वाटिका बाग वन है तहां जामें सुन्दरी चमनैं विचित्र फूल अरु विशेषि सुन्दर फल ताको वाटिका कही तहां जे प्रेमी भक्तन में पुलकांग हैं सोई वाटिकासम हैं तहां भगवत् सेवा उत्सवादि हर्षते करना तामें हरिप्रीति की वासना तेई विचित्र फूल हैं पुनः ॥ परमार्थ की चाह सोई सुन्दर फल हैं पुनः ॥ जे ज्ञानी भक्त हैं तिन की पुलक बागसम है जामें शोभा थोरी है काहेते जो कुछ भगवत् उत्सवादि करते सो विशेषि भावते

नहीं ताते फूल थोरे हैं पुनः मुक्तिकी कांक्षा विशेषि ताते फलन के वृक्ष बहुत पुनः॥ जे कर्मी भक्त हैं तिनकी पुलकांग सो शोभारहित वनसम हैं केवल फल की कांक्षा सोई फलन के वृक्ष हैं अथवा बाहेर ते देखने में वाटिका छोटी सो मुग्धा भक्तन को थोरा प्रेम को पुलकांग है जो बाग है सो मध्या भक्तन को पुलक है पुनः॥ प्रौढ़भक्तन को एकरस सदा पुलक सो वनसम बड़ा है तेहि पुलकांग में जो सुख है सोई विहंगनको विहार है भाव प्रेमकी चेष्टा सो मोरन को नृत्य प्रेमते गानते कोकिलादि को शब्द है पुनः॥ इन्द्रिय विषयवासना हीन भक्ति में रत ऐसा सुन्दर जो सन्तन को मन है सोई माली है पुनः॥ स्नेहते अश्रु औ रोमांचादि जल सो लोचन जो नेत्र सोई घट हैं तिनमें भरि भरि बागादि के वृक्षन को सींचत हैं चारु कहे नीकी भांति ते २६॥

माली कैसा होना चाहिये

३७ जे गावहिं यह चरित सम्हारे। ते यहिताल चतुर रखवारे २७
सदा सुनहिं सादर नर नारी। ते सुरवर मानस अधिकारी २८
अतिखल जे विषयी बककागा। यहिसर निकट न जाहिं अभागा २९
शंबुक भेक सेवार समाना। इहां न विषयकथा रसनाना ३०
त्यहिकारण आवत हियहारे। कामी काकबलाक विचारे ३१
आवत यहि सर अति कठिनाई। रामकृपा बिन आइ न जाई ३२
कठिन कुसंग कुपन्थ कराला। तिनकेवचनव्याघ्रहरिव्याला ३३
गृहकारज नाना जंजाला। ते अतिदुर्गम शैल विशाला ३४
वन बहुविषम मोह मद माना। नदी कुतर्क भयंकर नाना ३५
दो० जे श्रद्धा संबल रहित, नहिं संतनकर साथ॥
तिनकहँ मानसअगमअति, जिनहिं न प्रिय रघुनाथ ३६

३७ जे सज्जन यहि रामचरित को सँभारे गावत अर्थात् शब्दार्थादि कुछ बिगरै नहीं पावत पुनः॥ कविकी रीतिते अर्थ बाहेर नहीं जाइ पावत पुनः॥ अशुद्ध भये को शुद्ध करि देत तेई इस मानसर के चतुर रखवार हैं अर्थात् रखवारन ते सरकी सफाई रहत कोऊ मैली वस्तु नहीं डारने पावत कदाचित् कुछ परिगई सो फेंकिकै धोइडारते हैं तथा॥ इहां सँभारि करिकै गावनाहै २७ उहां मानसरके उत्तम देवता अधिकारी हैं इहां कोहै सो कहत कि नर पुरुष अथवा नारी जो कोऊ आदरसहित अर्थात् चंदन, फूल, तुलसी, धूप दीपादि, पूजन करत पुनः॥ मन श्रवण लगायकै सुनतेहैं तेई यहि मान-

सर विषे श्रेष्ठ देवता सम अधिकारी हैं अधिकारी कहे कुल ढंग बतावनेवाला २८ अतिखल जे सत्पदार्थ में भेद लगावनेवाले अर्थात् हरिविमुख पुनः ॥ विषयी कहे जे इन्द्रियकी विषयिनमें आसक्तहैं तेई बक कहे बगुला हैं अरु खल तेई काक हैं ते अभागे भाग्यहीन यहि रामयश मानसर के निकट नहीं जाते हैं यथा ॥ उस मानस में बगुला काक नहीं जातेहैं काहेते उहां घोंघा मेढुकी नहीं हैं २९ नायकाभेदादि स्त्री पुरुषन को रतिविलासादि जो अनेक भांति विषय रसकी कथाहै जाको मायारस कहत यथा रसतरंगे ॥ प्रबुधसुमिथ्या ज्ञानकी, हिये वासना जौन। सो मायारस जानिये, भाषत कविगुण भौन ॥ थाई मिथ्या ज्ञान तहँ, कहियत बहुरि विभाव । सांसारिक भोगादिकै, धर्माधर्म स्वभाव ॥ इत्यादि जो विषयरस की कथा है सोई शम्बुक कहे घोंघा भेककहे मेढक पुनः सेवारसमान हैं सो यहि सरमें नहीं हैं भाव विषयवार्ता यामें नहीं है ३० तहां विषयकी वार्ता यामें हई नहीं त्यहि कारण ते जे काक बगुला सम कामी पुरुष हैं ते इस कथाके निकट आवत हियेते हारिगये काहेते यावत् रस यामें वर्णनहै ते निवृत्तिमार्ग में हैं सो कामिन को भली नहीं लागत काहेते उनको तौ मन है प्रवृत्तिमार्ग में ताते नायिकाभेद अथवा शकुन्तलानाटक वा पद्मावति इत्यादिकन में रुचि तिनको रामचरित कैसे भावै कदाचित् संगति पाइकै आइगये तौ बैठे ऊबा कीन्हे याते हिये हारिगये ताते पुनः न आइगयो ३१ तहां मानसरकी राह विषम अनेक विघ्न ताते उहांको पहुँचना कठिन है तथा ॥ यहि रामचरित मानसरको आवत मार्गमें अत्यंत कठिनाई है सो कठिनता आगे वर्णन है परंतु जो कोऊ आवत सो कैसे आवत तहां कहत कि विना श्रीरघुनाथजी की कृपा नहीं आइजात याते यह निश्चय भई कि जापर श्रीरघुनाथजीकी कृपा होत सोई आवत तहां कृपा काको कही अर्थात् जीवनके रक्षा को एक हमहीं समर्थ हैं यही कृपाहै यथा ॥ भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ३२ उहां मानसरको सुगम रास्ता नहीं ताते कुपंथ है व्याघ्रादिकनकी भय ताते करालहै इहां काहै सो कहत कि कठिन कुसंग कुमार्गिनको संग सोई कराल कुपंथहै अर्थात् कुमार्गिन के संगते कथाढिग जाना सुगम नहीं सोई कुपंथहै पुनः करालता कहत कि तिन कुमार्गिन के वचन सोई बाघ सिंह सर्प हैं तहां यद्यपि सिंह सिवाय हाथी और जीवनपर चोट नहीं करत तथापि वाकी भय तौ सब करत तथा जे पितादि गुरुजन हैं चहे मने न करैं ताहूपर उनकी दुष्ट प्रकृति विचारि

सब आपही डरत पुनः जे बंधु आदि सखा वर्ग हैं तिनके कुवचन बाघ अर्थात् श्रद्धारूप देहको खाइजाते हैं पुनः स्त्री पुत्रादि जे लघुहैं तिनके कुवचन सर्पसमहैं जाको सुनि चित्तमें खेदरूप विष चढ़ि श्रद्धा मूर्च्छित हैजाती इति करालताहै ३३ गृहकार्य जीविकाके व्यापार पुनः॥ जंजाल कहे जगके जाल जो मनकी फिकिरि जीवनको बंधन किहेहै सो यथा॥ उस मार्ग में दुर्गम पर्वत हैं तथा॥ इहां गृहकार्य और जंजाल रूप शैल नाम पर्वत अत्यंत करि दुर्गम विशाल नाम बड़े ऊंचे भाव देह कार्यको नहीं छांड़िसकत मन जंजाल को नहीं छांड़िसकत सोई दुर्घटता है ३४ उहां मार्गमें बड़ा विषम वनहै इहां मोह अर्थात् काम क्रोध वश जीव को ज्ञान नाश होना पुनः॥ मद कहे विद्या राजधनादिको अभिमान पुनः जाति विद्या महत्त्वादिते अपनाको श्रेष्ठ मानना इत्यादि विषम बड़ा वन है तामें मार्ग ढूंढ़े नहीं मिलत पुनः॥ उहां मगमें अनेक नदी हैं इहां सत्पदार्थ में असत् विचारना इत्यादि कुतर्कण सोई अनेक भांतिकी भयंकर नदी हैं पापतर्कण मगर घरियार बुद्धिकी भ्रम विषमावर्त असत्वासना तीक्ष्ण धार है तामें उपदेशरूप नाव नहीं चलत है ३५ मानसरको यद्यपि मार्ग कठिन है तथापि जो कोऊ जाइ तौ एक तौ खरचा होइ तौ जाइ नाहीं साधुनको साथ होइ तौ निर्वाह होय नहीं तौ जाना अगमहै सो कहत कि जे श्रद्धारूप संबल नाम खर्चरहितहैं अर्थात् श्रद्धा नहींहै पुनः सन्तनको साथ अर्थात् सत्सङ्ग में मन नहीं लागत पुनः जिनको श्रीरघुनाथजी प्रिय नहीं अर्थात् हरि विमुख हैं तिनको यह मानस अगम है वे नहीं पहुँचिसकते हैं॥ ३६॥

३८ जो करि कष्ट जाइ पुनि कोई। जातहि नींद जुड़ाई होई ३७
जड़ता जाड़ विषमउर लागा। गयउ न मज्जन पाव अभागा ३८
करि न जाय सरमज्जन पाना। फिरि आवहिंसमेतअभिमाना ३९
जो बहोरि कोउ पूछन आवा। सरनिंदा करि ताहि सुनावा ४०
सकलविघ्न व्यापैं नहिं तेहीं। राम सुकृपा बिलोकहिं जेहीं ४१
स्वइ सादर सरमज्जन करई। महाघोर त्रयताप न जरई ४२
ते नर यह सर तजहिं न काऊ। जिनके रामचरण भल भाऊ ४३
जो नहाइ चह यहि सर भाई। सो सतसंग करै मनलाई ४४
अस मानस मानसचख चाही। भइ कविबुद्धिविमल अवगाही ४५

भयउ हृदय आनन्द उछाहू। उमगेउ प्रेमप्रमोद प्रवाहू ४६
चली सुभग कविता सरितासी। रामविमलयशजलभरितासी ४७
सरयू नाम सुमंगल मूला। लोकवेद मत मंजुल कूला ४८
नदी पुनीत सुमानसनंदिनि। कलिमलतृणतरुमूलनिकंदिनि ४९
दो० श्रोता त्रिविधसमाजपुर, ग्राम नगर दुहुँकूल ॥
संतसभा अनुपम अवध, सकल सुमंगलमूल ५०

३८ कदाचित् बहुत कष्ट करि कोऊ मानसरको गया सर की शीतलताते देह में जुड़ाई आयगई शीत लाग्यो तथा इहां कथाके निकट कोऊ विषयी विमुख बहुत कष्ट करिगयो तौ स्थिरता रूप शीतलता पाय निद्रारूप जुड़ाई आयगई सोइगये ३७ अति अज्ञानते हित अनहित न समुझना सोई जड़ता रूप विषम जाड़ लागेते उहां गयो पर मज्जन करने न पायो काहेते भाग्यहीन हैं अर्थात् कथाको स्वाद न पाये ३८ उहां जाड़ इहां जड़ ताते मज्जन पुनः पान नहीं करिजात अर्थात् जड़ता वशते श्रवण रूप स्नान अरु कीर्तन रूप पान न करिसक्यो ताते अभिमानसहित फिरि आयो अर्थात् साधुनते प्रशंसा सुनेउ ताते अभिमान करिगयो कि देखैं कथामें कौन स्वाद है तहां स्वाद तौ पायो नहीं ताते अभिमानसहित लौटि आयो ३९ जब लौटिआये तब फिरि जो कोऊ कथाको हाल पूछने आयो कि कथा कैसी रहै तब सर जो रामचरित ताकी निन्दा करि सुनायो अर्थात् अवगुण निकासिकै बखाने यथा ॥ मनों महाविरही अतिकामी ॥ इत्यादि संसारकीसी कथा अथवा ॥ नाऊ बारी भाट नट, रामनिछावरि पाय ॥ पुनः ॥ पानि कठौता भरि लै आवा। इत्यादि चौपाई कहौ हम बनायलेयँ ताते कथामें क्या है नाहक जाना मेहनत फज़ूल है इत्यादि निंदा कहि सुनाये ४० कुपन्थ व्याघ्र पर्वतादि जो अनेक बाधा पूर्व गनाय आये इत्यादि सकल प्रकार के यावत् विघ्न हैं ते त्यहिको एकहू नहीं व्यापत केहिको ज्यहिको श्रीरघुनाथजी सुंदर कृपादृष्टि करि विलोकत कहे देखत भाव जब श्रीरघुनाथजी की कृपा होत तब श्रीरामचरित में मन लागत जब मन लाग्यो ताके विघ्न लगे नहीं आवत याते कृपाकी उपाय प्रभुकी शरण होना उचित है ४१ जाघर श्री रघुनाथजी की कृपा होइ सोई सहित आदर सर मज्जन अर्थात् रामचरित श्रवण करत यथा मानसर स्नान कीन्हेते तापैं सब नाश होत तथा इहां श्रवण कीन्हेते महाघोर कहे भयङ्कर जो तीनिउँ तापैं यथा राजा चौर कुटुम्ब

①

② सर्पादिकन ते जो बाधा होय ताको अधिभूत कही पुनः ज्वरादि रोग ताको अधिआत्म कही पुनः झूरा पाला पत्थरादिते जो बाधा ताको अधिदैवत कही इति लौकिक पुनः काम क्रोध लोभ पारलौकिक इत्यादिक तीनिउँ तापनमें जीव न जरै पुनः हरिपदप्राप्तिरूप विश्रामता पावै ४२ जिन प्राणिन के मन में श्रीरघुनाथजी के चरणारविंदन में भली भाँति को प्रीतिभाव है ते नर यहि मानसर को कबहूं नहीं तजत अर्थात् नेम करि श्रवण कीर्तन करत कबहूं अंतर नहीं परत ४३ जो जन मन लगायकै यहि सर रामचरित में श्रवणरूप नहावा चहै सो मन लगायकै सत्संग करै अर्थात् जे सब आश भरोसा त्यागि श्रीरामानुरागी संत हैं तिनकी संगति में रहि उनकी रीति धारण करै तब श्रीरामचरित भावै ४४ जो सुमति भूमि स्थलादि ते सम्पूर्ण मानसर को रूपक रामचरित में कहिआये हैं ऐसा श्रीरामचरित जो मानसर है ताको मानस कहे मनके चख नाम नेत्र अर्थात् ज्ञान विचारते चाहि नाम देखिकै जो हृदय में श्रीरामचरित अमल परिपूर्ण है तामें प्रविशि अवगाहि मज्जन करि कविकी जो बुद्धि सो विमल भई विषय वासना रूप मल छूटिगयो प्रथम मेधाको मही कहे सो बुद्धि पदार्थ को धारण करनेवाली है पुनः सुमति मानस के भीतरकी भूमि कहे सो रामतत्त्वनिरूपिणी बुद्धि है अब अवगाहिकै अमल भई सो शक्ति व्युत्पत्ति अभ्यासमय कविकी बुद्धि है जो काव्यको कारण है ४५ रामचरित देखते हृदय में आनन्द भयो अरु अवगाहन ते कादरता गई ताते बुद्धि में उछाह आयो अर्थात् काव्य करने की वीरता आई तहां चित्त की आनन्द बुद्धिकी उछाह मनते प्रेम इति तीनि दिशिते धारा मानसमें गिरी तब कहां अँबाय ताते प्रकर्षकरि मोद अर्थात् अत्यन्तकरि आनन्दकी प्रवाह धार उमँगेउ तब चौथी दिशिकी जो खाली भूमि जो काव्य करनेवाली बुद्धि तापर ह्वै वहो ४६ अब कविता सरयूको रूपकहे सृष्टिकी आदिमें ब्रह्माजी भगवत्की आराधना करे भगवान् प्रसन्न ह्वै आये आर्द्रव गुणते हरिनेत्रते आंसुगिरो सो ब्रह्मद्रव जानि ब्रह्माजी कमंडलु में लैकै मानसर में स्थापित करे सोई ब्रह्मद्रव इक्ष्वाकुजूकी प्रार्थनाते वशिष्ठ जी तपस्या करि मांगिकै सरयूरूप नदी अयोध्याजीको लाये सो सत्योपाख्यानके ३७ अध्यायमें सरयूजी आपही दशरथजीसों कहेहैं यथा ॥ सृष्ट्यादौ च तदा ब्रह्मा पद्मनाभस्य नाभितः । तदा धाता तपः कर्तुं मनश्चक्रे निजासने ॥ तं तदा तादृशं दृष्ट्वा निजभक्तिपरायणम् । कृपया संपरीतस्तु नेत्राद्वारि मुमोच ह ॥ ब्रह्मापि तज्जलं ज्ञात्वा ब्रह्मद्रवमिदं शुभम् । मनसा रचयामास

मानसं सर एव सः ॥ जले तु सरसस्तस्मिंश्चक्रे न्यासं च पद्मजः । बहुकाले गते ह्येवमिक्ष्वाकुः पूर्वजस्तव ॥ अभवत्पृथिवीपालस्तेनाज्ञप्तोह्ययं मुनिः । वशिष्ठो मानसं गत्वा नद्यर्थं मुजकेशिनम् ॥ अभूत्प्रसन्नस्तुष्टाव वरं ब्रूहि द्विजोत्तमम् । वव्रे मुनिर्नदीं अस्मात्तेन दत्तं च नेत्रजम् ॥ नदीरूपेण साचाह वै सरस्तु विनिर्गता । प्रापायोध्यां वशिष्ठस्तु पश्चादहं तु तस्य वै ॥ इहां शिवजी ब्रह्मा हरि करुणा नेत्रनते चरित जल मनमानसमें राखे कविको मन इक्ष्वाकु मनोरथ वशिष्ठ काव्यरूप सरयू संतसमाज अयोध्याको लाये यथा सो मानस उमँगि बहो तब कवितारूप सुभग सरिता कहे सुन्दर नदीसम चली जामें श्रीरामयशरूप विमल जल सोई परिपूर्ण भराहै ४७ वही जल मानसर ते नदी ह्वै बहो तब सरयू नाम भयो तथा रामयश हृदय मानसते काव्यरूप नदी ह्वै बहेते कीर्ति सरयू नाम परो सो कैसा नाम है सुमंगल कहे सुन्दर मंगलको मूल नाम जर अर्थात् जाको श्रवण कीर्तन करतसंते अनेक मंगल उत्पन्न होत पुनः सरयूजी में द्वै कूल नाम किनारा हैं इहां कीर्ति सरयूमें लोक वेदमत सोई मंजुल कहे सुन्दर दोऊ किनारा हैं तहां दक्षिणकिनारा ऊंचा है सो वेदमत है यथा ॥ आचार करि गुरु गौरि गणपति मुदित विप्र पुजावहीं । सुर प्रकट पूजालेहिं देहिं अशीष अतिसुख पावहीं ॥ इत्यादि पुनः उत्तर किनारा नीचा सो लोक मतहै यथा ॥ अतिप्रीति लौकिक रीति लागी करन मंगल गायकै । लहकौरि गौरि सिखाव रामहिं सीयसन शारद कहै ४८ यथा सरयू मानसनंदिनी कहावत तथा रामचरितमानस नंदिनी कीर्ति सरयू है सो काव्यरूप नदी पुनीत नाम पवित्र है पुनः नदीके प्रवाहकी वेगते किनारे के तृण तरु आदि मूलते उखरि बहिजाते हैं ताते इहां कीर्ति सरयूकी प्रवाहते कलिके मल जोहैं पाप तेई छोटे तृण अरु बड़े पापतरु हैं तिनको मूलते नाश करत तहां मूल तौ रहत भूमिके अंतर जब करार फाटिपरी तब जरते उचरि गयो इहां पापबुद्धि भूमिहै जाते पाप उत्पन्न है जा समय श्रवण कीर्तन में प्रेम पुलकांग भयो सोई मानो अरारी फाटिपरी ताते पापबुद्धि मिटिगई कथा प्रभाव ते पाप नाश सोई मानो बहिगयो ४९ उहां सरयूजी के किनारे ग्राम नगर पुरादि बस्ती है तहां एकते सोरह घरतक पुर सोरहते सौतक ग्राम सौते अधिक नगर इहां त्रिविधिके श्रोता यथा वक्ताके मुखमें दृष्टि वाणीमें श्रवण अर्थ में मन लगाये बुद्धि ते विचारि चित्तमें धरिलेते हैं ते उत्तम श्रोता नगरसम हैं पुनः जे सुनते तौ हैं विचारते धारते नहीं ते मध्यम श्रोता ग्रामसम हैं पुनः जे सुनते हैं पर मन नहीं लागत ते नीच श्रोता पुरकी समानहैं इत्यादि

विविध श्रोतनकी समाज सोई दोऊ किनारेनके ग्रामादिहैं तहां अन्ते ग्रामादिकनमें सरयूको माहात्म्य अयोध्याजीका ऐसा नहीं है तथा रामायण को जैसा माहात्म्य संतनकी सभामें है तैसा अन्ते नहीं है याहेतु कहत कि संतनकी जो सभाहै अर्थात् जो केवल रामानुरागिन की समाज जामें श्रोता वक्तन के चित्तकी वृत्ति रामाकार प्रेमसहित श्रवण कीर्तन करिरहेहैं सोई कीर्ति सरयूतट अनुपम श्रीअयोध्याजी है सो कैसी है सकलप्रकार के सुन्दर जो मंगल हैं तिनकी मूलहै यथा अयोध्याजीकी बरोबरि दूसरा नहीं तथा संत सभाकी सम नहीं याते अनुपम कहे पुनः सुमंगलमूल याते कहे कि यथा अवधमें सरयू स्वर्गद्वार स्नान करि जन्मभूमिके दर्शनते महापातकी सुगति पावत तथा संतनकी समाजमें रामायणश्रवणते जहां प्रेम आयो पुनःसंतन के दर्शनते इहौ पातकी पावन होत याते सुमंगलमूल है ५० ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे मानसरवर्णनो
नाम दशमःप्रकाशः १० ॥

३९ रामभक्ति सुरसरितहि जाई । मिली सुकीरति सरयु सुहाई १
सानुज राम समरयश पावन । मिलेउ महानद सोन सुहावन २
युगबिच भक्ति देवधुनि धारा । सोहत सहित सुविरतिविचारा ३
त्रिविध ताप त्रासक त्रिमुहानी । रामस्वरूप सिंधु समुहानी ४
मानसमूल मिली सुरसरिही । सुनत सुजनमन पावन करिही ५
बिचबिच कथा विचित्र विभागा । जनु सरितीरतीर वन बागा ६
उमा महेश विवाह बराती । ते जलचर अगणित बहुभांती ७
रघुवरजन्म अनन्द बधाई । भ्रमरतरंग मनोहरताई ८
दो० बालचरित चहुँबंधु के, वनज विपुल बहुरंग ॥
नृपरानी परिजन सुकृत, मधुकर वारिविहंग ९

३९ भूतकालमें तौ सरयूजीमें गङ्गाजी मिलीं काहेते इक्ष्वाकुजीके समयमें सरयूजी आईं तिनते उन्नीस पुश्तिपीछे भगीरथ भये तब दशहजार वर्ष की उम्र होत रहै ता हिसाबते एकलाख नब्बे हजार वर्ष होत तथापि डेढ़लाख ते कम नहीं तब भगीरथ गङ्गाजी को लाये सो सरयू में मिलीं अरु वर्तमान कालमें सरयूजी गङ्गाजी में मिलीं काहेते जहां छपराके निकट संगम है

तहां ते सरयूजी को नाम मिटि गयो आगे गंगेजीको नाम है याते वर्तमान में सरयू गंगामें मिली हैं ताते उपमा में वर्तमानै काल लिया चाहिये जो प्रसिद्ध देखिपरत यथा ॥ मानसमूल मिली सुरसरिही । इति कविको भी सम्मत है सो कीर्ति सरयू अवधते चलि श्रीरामभक्ति जो गंगाजी हैं तामें सुंदर मिलीहैं तहां बालमें मनु सतरूपाकी भक्ति अयोध्या में भरतजी की आरण्यमें सुतीक्ष्ण किष्किंधामें सुग्रीव हनुमन्तकी सुंदरमें विभीषणकी उत्तर में संपूर्ण भक्तिहीहै तामें कवितानदी मिलीहै १ यथा उत्तर सरयू तथा गंगाजी ते दक्षिण सोनभद्र मिलेउ सो इहां सानुज लक्ष्मणजी सहित श्रीरघुनाथजी को समर राक्षसनके युद्धते जो पवित्र यश भयो सोई महानद सोनभद्र सुंदर मिलेउ २ तहां कीर्ति स्तुति दानते होत सो ऋषीश्वरोंते स्तुति पुनः शबरी गीधादिको मुक्तिदान बहुतनको भक्तिदान इत्यादि कीर्ति सरयूके पुनः समर यश सोनभद्रके बीचमें भक्ति गंगाजीकी धारा सोहत तामें सरस्वती यमुना को जल सहित है इहां भक्ति गंगाके साथ विरति जो वैराग्य यथा ॥ होय न विषय विराग । सो यमुनाजी हैं पुनः विचार यथा ॥ उर अभिलाष निरन्तर होई । सो सरस्वती है अथवा सोनभद्र वैराग्य सरयू विचार तिन सहित भक्ति सोहत ३ सोनभद्र सरयू गंगा तीनों मिलि तिमुहानी तीनिमुखी धारा तहां दोई नदी को संगम उत्तम क्षेत्र पापहरता होत इहां तीनि को संगम ताते त्रिविध की तापैं दैहिक दैविक भौतिक वा काम क्रोध लोभ तिनको त्रासक नाश करनेवाली सोई या भांति श्रीगंगाजी समुद्र में मिलीं इहां यश कीर्ति मिलि भक्तिगंगा श्रीरामरूप समुद्र को समुहानी अर्थात् उत्तरकाण्डमें भक्ति विशेषि सोई गंगा हैं पुनः अंतमें श्रीरामरूप विशेषि वर्णन यथा ॥ विष्णु कोटि शत पालनकर्ता । रुद्र कोटि शत सो संहर्ता ॥ इत्यादि रामरूप सिंधु में मिली है ४ मानसर जाकी मूल है तहांते चलि सरयू गंगाजी में मिलीं तिनके स्नान ते लोग पावन होत इहां मनमानस ते निसरि भक्ति में मिलीं ताकी रति सरयू के श्रवण कीन्हेते सुजनन को मन पावन करत अर्थात् शुद्ध है हरि शरण गहत ५ सरयू के तीर में वन बागादि बहुतहैं इहां काव्यरूप नदीके किनारे जो यामें विचित्रता रीतिते अनेक कथाको जो प्रसंग है यथा सतीमोह तनत्याग नारदमोह भानुप्रताप रावणजन्म दिग्विजय इत्यादि निष्फल वनहैं पुनः याज्ञवल्क्यसंवाद पार्वतीजन्म तप विवाह शिवको संवाद स्वायंभूमनु कथा ये सफल वन हैं पुनः ॥ शिवि दधीच हरिचन्द नरेशू । रंतिदेव बलि भूप नहुषादि ये बागै हैं ६ उहां सरयूमें मगर घरियारादि अनेक

जलचर हैं इहां शिवके विवाह में विषम रूपके बराती तेई अनेक भांति के बहुत मगरादि जलचर हैं ७ श्रीरघुनाजी के जन्म समय आनन्द बधावनको उत्सव यथा॥ संभ्रम चलिआईं सब रानी पुनः॥ दशरथपुत्रजन्म सुनि काना। मानो ब्रह्मानन्दसमाना ॥ सुमनवृष्टि आकाशते होई । ब्रह्मानन्द मगन सब कोई ॥ परमानन्द प्रेमसुख फूले । वीथिन फिरहिं मगन सुखभूले ॥ इत्यादि भ्रमर कहे प्रेमकी आवर्त हैं पुनः ॥ ध्वज पताक तोरण पुरछावा । कहि न जाइ ज्यहिभांति बनावा ॥ वृन्द वृन्द सब चलीं लुगाईं । सहज शिंगार किये उठि धाईं॥ इत्यादि मनोहरताई शोभा सोई यामें तरंगें हैं ८ चारिउ भाइन के बालअवस्था के जो चरित हैं तेई अनेक रंग के विपुल कहे बहुत वनज नाम कमल हैं यथा सरयूजी में श्वेत पीत अरुण श्यामादि अनेक रंग के कमल हैं सो इहां बालचरित यथा ॥ भागि चलत किलकात मुख। या प्रसंग में हास्यरस यथा ॥ धूसर धूरिभरे तन आये । इति विभाव ॥ भूपति विहँसि गोद बैठाये। इति अनुभाव ॥ भोजन करत चपलचित इति चपलता संचारी प्रभुको किलकि भागब राजा रानिन को हँसब स्थायी इति हास्यरसमय बालचरित सो श्वेतरंग कमल है पुनः ॥ खेलहिं खेल सकल नृप लीला। करतल बान धनुष अति सोहा। इति वीररसमय बालचरित सो पीतरंग कमल है पुनः ॥ वनमृगया नित खेलहिं जाईं। यामें रौद्ररस सो अरुणवर्ण कमल है पुनः ॥ जिन वीथिन विहरहिं सब भाई । थकित होहिं सब लोग लुगाई ॥ इत्यादि विवाहपर्यन्त जो रूपकी माधुरी वर्णन सो शृङ्गाररस नीलरंग के कमल हैं उहां कमल रसलोभी भ्रमर रहत इहां नृप दशरथ महाराज रानी कौशल्यादि के जो सुकृत उदय ताते पुत्रभाव को सुख वात्सल्यरस सोई पान करत ताते भ्रमर हैं अरु उहां चक्रवाक सारस जल कुक्कटादि पक्षी रहत इहां परिजन परिवारादि के जन तिनकी सुकृत उदय ताते अनेक भावते प्रभु में वासना सो लाभरूप सुगन्धादि पावत तेई जल के पक्षी हैं ते किंचित् अलग रहत ९ ॥

४० सीयस्वयंवर कथा सुहाई। सरित सुहावनि सो छबिछाई १०
नदी नाव पटु प्रश्न अनेका। केवट कुशल उतर सविवेका ११
सुनि अनुकथन परस्पर होई। पथिकसमाज सोह सरि सोई १२
घोरधार भृगुनाथ रिसानी। घाट सबन्धु रामबर बानी १३
सानुज राम विवाह उछाहू। सोसुखउमँग सुखद सबकाहू १४

कहत सुनत पुलकत हरषाहीं। ते सुकृती मनमुदित नहाहीं १५
रामतिलकहित मंगल साजा। पर्वयोग जनु जुरेउ समाजा १६
काई कुमति केकयी केरी। परी जासुफल विपति घनेरी १७
दो० शमन सकल उतपात अति, भरत चरित जप याग॥
कलिअघखलअवगुणकथन, ते जलमल बक काग १८

४० उहां सरयूजी में अयोध्या में विशेषि शोभा है यथा तीरपर सन्तन के निवास तुलसी फूलादि के वृक्ष ठाकुरद्वारा दिव्यबने पत्थर के बुर्ज सीढ़ी साफ़ तापै अमल जलकी तरंगैं उठतीं इत्यादि छवि छाइरही तैसे इहां किशोरीजी के स्वयंवर की जो कथा यथा जनकपुर वर्णनं धवलधाम मणि पुरट पटादि सोई तीरके मन्दिर हैं प्रेमीजन साधु हैं रंगभूमि दिव्य घाट प्रभुकी सब लीला जल किशोरीजी की लीला अमलता है फुलवारी रंगभूमि में परस्पर प्रेमावलोकन अगाधता है उपमा तरंगैं हैं स्त्री पुरुष तुलसी पुष्प वृक्ष इत्यादि कीर्ति सरिता छविते छाई है १० उहां सरयू में नाव है इहां कीर्ति नदी में पटु नाम चतुरन के जो अनेक प्रश्न यथा॥ कहहु नाथ सुन्दर द्वउ बालक। इत्यादि नाव है प्रश्नकर्ता आरूढ़ है प्रश्नको उत्तर देने में जे कुशल तेई केवट हैं विवेक सहित सन्देह निवृत्त करना सोई पार उतरना है यथा॥ ये दोउ नृप दशरथ के ढोटा। आये देखन चापमख इत्यादि ११ वक्ताकी वाणी सुनि और जन परस्पर अनुकथन आपुस में वार्ता करते हैं वक्ताके वचन में वोध करते हैं तेई नदीपार जानेवाले पथिकन की समाज सरितीर पर सोई शोभित हैं बोधित पार भये हैं अबोधित पार जानेवाले हैं १२ सरयू में कहौ घोर कहे भयङ्कर धारा है जहां सब डरत इहां भृगुनाथ परशुराम की रिसानी धनुभंग पीछे सक्रोध वचन सुनि सब डरे यथा॥ देखत भृगुपति वेष कराला। इत्यादि पुनः कहौ घोर धार की शान्ति होत अर्थात् मन्दधार जहां सुगम नाव चलत ताको घाट कहत इहां भृगुनाथ की करालता निवृत्त करने हेतु सबन्धु लक्ष्मणजी सहित जो श्रीरघुनाथजी की वर कहे श्रेष्ठ वाणी लषण वचन यथा॥ इहां कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जो तर्जनि देखत मरिजाहीं॥ भृगुकुल समुझ जो कछु कहो श्रीराम वचन यथा॥ जो हम निदरहिं विप्रवदि, सत्य सुनहु भृगुनाथ। तौ अस को जग सुभट ज्यहि, भय वश नावहिं माथ॥ भाव हम तुम्हारे ब्राह्मणत्व को डरत हैं तुम्हारी वीरता को नहीं डरत हैं इति वरवचन सोई मन्दधारा उतरने

योग्य घाट है १३ सरयू में उमंग अर्थात् जेठ में जब बर्फ गलत तब सरयू में उमंग होत धारा बढ़त सो सबको सुखदायक भाव आतपते जलवृद्धि सुहात इहां सानुज भाइन को विवाह सहित श्रीरघुनाथजी के विवाह को उछाह सो सबको सुखदायक कीर्ति सरयूको उमंग है भाव जनकपुरवासी पन परिताप में तप्त रहे अवधवासी प्रभु वियोग में तप्त रहे इति ग्रीष्म है तहां विवाह आनन्द बढ़ि दोऊ कूल चढ़िआये अनाश्रित बेउम्मेद ताते अवध मिथिला दोऊ तटवासिन को परमसुख भयो १४ उहां सरयूजी में आनन्दते लोग स्नान करते हैं इहां कीर्ति सरयू में जे कथा कहते हैं जे सुनते हैं सहज तो सुनत में हर्ष बनी रहती है जा समय रूप की माधुरी अथवा दयालुतादि सुने तब प्रेम उमंगि रोमांच कण्ठारोध आंसु आदि जो पुलक होत तेई सुकृतीजनहैं मुदित मनते स्नान करतेहैं पापमल छूटि शुद्ध मन पावन होते हैं १५ ग्रहण सोमवारी वारुणी आदि पर्वयोग पाय सरयूजी पै यात्रिन की समाज जुरत इहां श्रीराम जानकी को संयोग महावारुणी पर्व वा सोमवारीहै अथवा राजतिलक चन्द्रमा वरदान राहुके योगते ग्रहण पर्वयोग पाय श्रीरघुनाथजी के राजतिलक हेतु जो रम्भा कलशादि अनेक मंगल के साज साजे सोई मानो कीर्ति सरयू तट यात्रिनकी समाज जुरी पीछे यात्री चलेगयेपर उदासीनता होत सो वन जाने की उदासीनता है १६ सरयूतीर कहो भूमिकी विषमताते जल थँभारहत तहां मैले पदार्थके योग पाय काई भी परिजात इहां देवप्रेरित सरस्वतीद्वारा मैला संयोग पाय कैकेयीकी मति की कुमति प्रकटभई सोई काई है जापै घनेरी नाम बहुत विपत्ति परी अर्थात् धर्मात्मा आयो निसराय बाहर डराइ दिहेउ सूखिगई तथा भरतजी त्यागकिये मुँहभरि कबौं नहीं बोले सबकी निरादरता फेंकिदेना विधवापन सूखिजानाहै १७ काई मैलादि यावत् उत्पात जलमें होत जब वर्षाको प्रवाह आयो तब सब शमन नास नाश अर्थात् बहिगयो इहां कैकेयीआदि यावत् पूर्व उत्पातरूप काई मैला रहो ताको नाश करनेहेतु जप यज्ञमय भरतजीको जो उत्तम चरितहै सोई वर्षाको प्रवाह पाय सब विकार नाश ह्वैगयो पुनः कहों जल मैल ह्वैजात पुनः बगुला काकभी रहते हैं इहां उत्तरकाण्ड में जो कलियुगवर्णन यथा ॥ कलिमल ग्रस्यो धर्म सब इत्यादि इहां मलहै पुनः ॥ अघवर्णन यथा ॥ जे अघ मात पिता वध कीन्हे । मीत महीपति माहुर दीन्हे ॥ इत्यादि बगुला है पुनः खलन के अवगुण कथन यथा ॥ खलअघ अगुण साधुगुणगाहा । इत्यादि कांकहैं १८ ॥

४१ कीरतिसरित छहूंऋतु रूरी । समयसुहावनि पावनि भूरी १६
हिम हिमशैलसुता शिव ब्याहू । शिशिरसुखद प्रभुजन्म उछाहू २०
वर्णब रामविवाह समाजू । स्वइ मुदमंगलमय ऋतुराजू २१
ग्रीषम दुसह राम वनगमनू । पंथकथा खरआतप पवनू २२
वरषाघोर निशाचर रारी । सुरकुल शालि सुमंगलकारी २३
रामराज्य सुख विनय बड़ाई । विशद सुखद स्वइ शरद सुहाई २४
सतीशिरोमणि सियगुणगाथा । स्वइ गुण अमल अनूपमपाथा २५
भरत सुभाव सुशीतलताई । सदा एकरस वरणि न जाई २६

दो० अवलोकनि बोलनि मिलनि, प्रीति परस्परहास ॥
भायपभलि चहुँ बंधुकर, जल माधुरी सुवास २७

४१ यथा सरयूतीर छइउ ऋतुकी शोभा होत तथा कीर्ति सरयू समय समय पाय सुहावनि नाम शोभा बढ़त पुनः पावनि कहे पवित्रता भूरि नाम बहुत ताते छहूं ऋतु में रूरी नाम शोभामय बनीरहत सो आगे वर्णन करत हैं १६ हिमशैल हिमाचल ताकी सुता पार्वती शिवको विवाह सोई हेमन्त ऋतुहै तामें प्रथम अगहन उत्तममास महीनन में श्रेष्ठ सोई शिवजी लोककल्याणकर्ता रामचरित के आदिकर्ता ताते प्रारम्भमें कहे पुनः जाड़ेकी भय होत सो बरात की भयङ्करता है पुनः धानिनको सुखद सो देवतन को सुख तारकासुर को वधते पुनः खल कमलनको नाशकर्ता पुनः शिशिरऋतु सबको सुखदायक सो प्रभुके जन्म को उत्सव है तहां प्रथम माघ जाड़ेते भयदायक सो राक्षसनकी अनीति है पुनः फाल्गुन में नाच गानादि उत्सव परिपूर्ण सो प्रभुजन्म भयेको आनन्द है तब जाड़रूप राक्षसनकी भय कम परी प्रभु प्रताप घाम बढ़नेलगो २० श्रीरघुनाथजी के विवाहकी जो समाज वर्णन करब सोई मुद नाम अंतर आनन्द मंगल नाम प्रसिद्ध उत्सव तिनमय ऋतु राज वसंत है तामें प्रथम चैत अन्नते पृथ्वी परिपूर्ण तथा विवाहसुनि लोक में आनन्द परिपूर्ण पुनः वृक्षनके पुराने दल गिरि नये पल्लवफूलि वैशाख में फल होतेहैं इहां विवाह समय पुराने भूषण वसन उतारि नये सजि बरात को बनाव नये पल्लवहैं बागमें मिलन परस्पर अवलोकन अभिलाष सोई फूलहै विवाहहोना सोई फलहै युगल प्रेमानन्द फलनको रस है यथा ऋतुनमें राजा तथा विवाह उत्सव श्रेष्ठ २१ श्रीरघुनाथजीको वनगमन जो किसीके सहिबे

योग्य नहीं ऐसा दुस्सह ग्रीष्म ज्येष्ठ आषाढ़ है जामें तीक्ष्णघाम अरु ज्वलित पवन चलत इहां पंथकी कथा यथा प्रभुको वियोग खर कहे तीक्ष्ण आतप है पैदर प्रभुको जाना सोई ज्वलितपवन तामें दशरथजी तौ प्राणै त्यागे पुनः कौशल्यादि रानी पुरवासी सुमंत भरतादि अधमरे ह्वै गये २२ निशाचरन सों प्रभुसों घोर रारि जो भयंकर युद्ध सो वर्षाऋतु सावन भादौं है जामें अतिवृष्टिते भूमि जलमयी होत तहां दोऊ दल मेघ हैं वीरनको शब्द गर्जनि है आयुधनकी चमक बिजुली है कपिलंगूर इन्द्रधनु है बाणप्रहार बुन्द है इत्यादि जो वर्षाहै सो सुरदेघकुल सोई शालि नाम धान हैं तिनको सुन्दर मंगलकारी बढ़ावनेवाला है पुनः साधु मुनि पृथ्वी और अनाज तिन को भी सुखद है २३ श्रीरघुनाथजीकी राज्यको सुख जो सब लोकन में परिपूर्ण है पुनः विनय नाम नम्रतापूर्वक स्तुतिआदि के वचन पुनः बड़ाई जो प्रभुकी कीर्ति उज्ज्वल अमल लोकनमें फैली सोई विशद नाम उज्ज्वल चांदनी है रावणादि राक्षसन के वधते जो पावन यश है सोई अमल पूर्ण चन्द्रमा है साधुजन चकोर आनन्द सुनीति कुमुदिनी प्रफुल्लित अघ उत्पात कमलसम संपुटित इत्यादि विशद नाम उज्ज्वल लोकनको सुखद सबको सुहाई मन भाई सोई शरदऋतुहै २४ जिन आपने सतते अग्निकी दाहकता नाश करिदीन्ही ऐसी त्रिलोककी सतिनमें शिरोमणि जो किशोरीजी तिनके गुणनकी जो गाथा कहे कथा यथा ॥ पुत्रि पवित्र किये कुल दोऊ। सुयश धवल अस कह सब कोऊ ॥ जिमि सुरसरि कीरति सरि तोरी। गमन कीन विधि अण्डकफोरी ॥ सिय मन रामचरण अनुरागा पुनः ॥ सीय सासुसेवावश कीन्ही पुनः ॥ ज्यहिविधि कृपासिंधु सुख मानहिं। इत्यादि गुणकथा सोई इहां गुण अमल अनूप पाथ नाम जल है इहां शिवविवाह हेमंत ते प्रारम्भकरि राज्यतिलक शरदते समाप्त कीन यथा। वाल्मीकिमत अब जल के गुण कहते हैं २५ भरतसुभाव यथा। रामप्रेम मूरति जनु अहहीं पुनः ॥ देखि भरतकर शील सनेहू पुनः ॥ भरतहंसरविवंश तड़ागा पुनः ॥ जान्यो सदा भरत कुलदीपा। इत्यादि जो भरतजीको स्वभाव वर्णन है सोई या जल की शीतलताई है जो ग्रीष्म हेमंतादि सदा एकरस जो वर्णन करत नहीं बनती जाकी उपमा नहीं मिलत यथा ॥ भरतसुभाव न सुगम निगमहू २६ परस्पर अवलोकनि यथा ॥ सानुज सखा समेत मगन मन पुनः ॥ उठे राम सुनि प्रेम अधीरा। बोलनि यथा ॥ तात भरत तुम धर्मधुरीणा पुनः ॥ मैं जानों निज स्वामि सुभाऊ। मिलनिविलोकि भरत रघुवरकी पुनः प्रीति ॥

अगमसनेह भरत रघुवरको। इत्यादि प्रीति हास्यसहितचारिउ बंधुनको भायपन सोई कीर्तिजलकी माधुरी मीठी स्वादहै तहां बड़े भाइनकी जो प्रीति आदि है सोतौ माधुरी है पुनः छोटेनकी दिशिकी जो प्रीति आदि है सोई जलकी सुन्दरि सुगन्ध है यथा॥ नवविधु विमल तात यश तोरा। अहो धन्य लक्ष्मण बड़भागी २७॥

४२ आरतविनय दीनता मोरी। लघुता ललितसुवारि न थोरी २८
अद्भुत सलिल सुनत सुखकारी। आशपियास मनोमलहारी २९
रामसुप्रेमहि पोषत पानी। हरतसकलकलिकलुषगलानी ३०
भवश्रम शोषक तोषक तोषा। शमन दुरितदुख दारिददोषा ३१
काम कोह मद मोह नशावन। विमलविवेक विराग बढ़ावन ३२
सादर मज्जन पान कियेते। मिटत पाप परिताप हियेते ३३
जिन यहि वारि न मानस धोये। ते कायर कलिकाल विगोये ३४
तृषित निरखि रविकर भववारी। फिरहिंमृगाजिमिजीवदुखारी ३५

दो० मतिअनुहारि सुवारिगुण, गण गुणिमन अन्हवाइ॥
सुमिरि भवानी शंकरहि, कह कवि कथा सुहाइ ३६
अब रघुपतिपद पंकरुह, हियधरि पाय प्रसाद॥
कहौ युगल मुनिवर्यकर, मिलन सुभगसंवाद ३७
भरद्वाज जिमि प्रश्न किय, याज्ञवल्क्य मुनि पाइ॥
प्रथम मुख्य संवाद सोइ, कहिहौं हेतु बुझाइ ३८

४२ आरति यथा॥ सुमिरि सहमि स्वहिं अपडर अपने। विनय यथा॥ वाल विनय सुनि करि कृपा, रामचरण रति देहु। दीनता यथा॥ निज बुधि वल भरोस स्वहिं नाहीं। इत्यादि जो मेरी आरति है तहां सोई कीर्तिजल की लघुता नाम हलुकई गुणहै पुनः विनय जोहै सोई जलकी ललिताई सुंदरताईहै पुनः दीनता जोहै सोई वारिकी शुद्धता है इत्यादि थोरी नहीं बहुत है २८ उहां जल पानते पियास जात स्नानते मैल छूटत इहां कीर्ति जल अद्भुत आश्चर्यमय है काहेते जाके सुनतसंते सुखकारीहै कौन सुख करत सो कहत कि इन्द्रिय विषय सुखकी जो आश सोई पियासहै सो कीर्तनरूप पान कीन्हेते हरिलेत पुनः मोहादि जो मनको मैल है सो श्रवणरूप स्नान कीन्हेते हरिलेत २९ जलपानते देह पोषत मज्जनते ग्लानि हरत इहां यह

जलपान करेते मनरूप देह में श्रीराम प्रेमरूप पोषत नाम पुष्टता करत पुनः श्रवणरूप स्नान किहेते कलिसहायक कलुष जो पाप तिनमय जो ग्लानि रोग शोकादि सो आकुली तिनको हरिलेत भाव मानस रोगादिकी आकुली नाश करत तब मन अमल ह्वै प्रभुकी सन्मुख होत गुण श्रवणते प्रेम बढ़त ३० भवसंसार ताको श्रम अर्थात् अनेकन योनिन में जन्मत मरत न मालूम कबते भरमत आयो इत्यादि श्रमहै तहां जलके स्नान कीन्हेते लोकहू में पंथकी श्रम नाश होत तथा इहां कीर्ति जल में श्रवणरूप स्नान कीन्हेते भवको जो श्रम ताको शोषक नाम नाश करत अर्थात् जन्ममरण छुड़ाइ देत तोष जो विषय आशाते संतोष ताको तोषत नाम पुष्ट करिदेत भाव मनको संतोषी करिदेत पुनः दुरित जो पाप अरु दुःख इष्ट हानि अथवा असंतोष वा क्षुधार्त पुनः दोष जो काम क्रोधादि इत्यादि जो जीवके बंधन हैं तिनको शमन नाम नाशकर्ता भाव कथा श्रवणते पूर्व कहे ते सब मिटिजाते हैं जीव सुखीहोत ३१ जीव भूलनेको जो आदि कारण है यथा इन्द्रिय विषय संगते काम बढ़त कामना हानिते क्रोध होत क्रोधते मद ह्वै मोहांध होत ताहेतु कीर्ति श्रवणते मन पावन होत याते कामना होतही नहीं तब क्रोध मद मोह विना मूल ह्वै आपही नाश होत तब जीव शुद्ध ह्वै आपनो पूर्व पहिचानो संसारकी सचाई त्याग किहेउ इति विमल विवेक पुनः संसार असार जानि मुख फेरिलिहेउ इति विराग तिन को बढ़ावत है ३२ यथा सरयू के स्नानते पाप परिताप नाश होत तथा इहां कीर्ति सरयू को आदर सहित मज्जन पान अर्थात् प्रीति सहित श्रवण कीर्तन किहेते अनेकन जन्म के पाप जो संचित हैं पुनः परितापजो पाप कर्मन को फल भोग अनेक भांति की पीड़ा प्रारब्ध रूप इत्यादि बाह्यांतर के मिटिजात हिये में मानसरोग देह के प्रसिद्ध हैं ३३ जे प्राणी यहि कीर्ति सरयू के वारि नाम जल में आपनो मानस न धोये अर्थात् प्रेम सहित मन लगाइ यहि कथाको न श्रवण कीर्तन करि मनको मल न छुड़ाये ते कायर कहे कादरन को कलिकाल ने बिगोये नाम नाश किये अर्थात् वे फिरि कलिकाल में कौन भांति भवते छूटेंगे ऐसी सुगम हरिपद की मार्ग दूसरी नहीं है जे सुगम पंथ न गये ते अगम कैसे जाय सकैंगे ३४ जे याको न श्रवण कीर्तन करें तिनकी यह गति होइगी कि जा भांति रविकर कहे सूर्यन की किरणन सों भव नाम उत्पन्न जो वारि झूठी जलवत् लहरी तिनको देखि तृषित प्यासा मृगा दुःखित दौड़ा दौड़ा फिरत जल कहौं नहीं है तैसे रामायण ते विमुख प्राणी देह व्यवहार

सुख चाहरूप प्यासते इन्द्रियविषय सुखहेतु शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि झूठे जल में स्त्री, पुत्र, धन, धामादि लहरी देखि मन दौराय दुःखित फिरेंगे हासिल कुछ नहीं ३५ इस कीर्तिजल में तौ अपार गुण हैं तिनके कहिबे योग्य मैं नहीं हौं तथापि आपनी मति की अनुहारि सुन्दर कीर्तिरूप वारिके जे गुणन के गण हैं तिनको गुनि कहे मन में विचारि वा वर्णन करि पुनः उसी श्रीरामकीर्तिरूप जलमें मनको स्नान कराय पुनः याके आदि आचार्य जानि भवानी शङ्कर को सुमिरिकै मैं जो याको कवि सो सुहाई सुन्दरि कथा ताको काहि नाम वर्णन करत हौं ३६ सब सों निवृत्त ह्वै अब श्रीरघुपति के पद पंकरुह नाम कमल तिनको हिये में धरि तिनकी प्रसाद नाम प्रसन्नता पायकै युगल सुनिवर कहे दोऊ श्रेष्ठ मुनिन को मिलन पुनः संवाद जो सुभग नाम सुन्दर है ताको कहौं ३७ श्रीयाज्ञवल्क्य मुनि को पायकै जिमि कहे जाभांति भरद्वाजजी प्रश्न कीन्हेउहै सो संवाद मुख्य जानि ताको हेतु कहे कारण ताको बुझाय प्रसिद्ध करि प्रथम कहिहौं हेतु यह कि परात्पर जो श्रीरामरूप है सो अतर्क है तामें तर्कणा करनहार को जो सजाय भई यथा सती पुनः गरुड़ तिनकी व्यवस्था इसी संवाद द्वारा वर्णन करिहौं इति हेतु सबको शिक्षात्मक है ३८ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतवैजनाथविरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे कीर्तिसरितावर्णनं नाम एकादशः प्रकाशः ११ ॥

४३ भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा। तिनहिं रामपद अतिअनुरागा १
तापस शम दम दयानिधाना। परमारथ पथ परम सुजाना २
माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई ३
देवदनुज नर किन्नर श्रेणी। सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी ४
पूजहिं माधवपद जलजाता। परसि अक्षयवट हरषितगाता ५
भरद्वाज आश्रम अतिपावन। परम रम्य मुनिवर मनभावन ६
तहां होइ मुनि ऋषय समाजा। जाइँ जे मज्जन तीरथराजा ७
मज्जहिं प्रात समेत उछाहा। कहहिं परस्पर हरि गुणगाहा ८
दो० ब्रह्मनिरूपण धर्मविधि, वरणहिं तत्त्व विभाग॥
कहहिं भक्ति भगवन्त की, संयुत ज्ञान विराग ९

४३ यथा प्रथम रामायण प्रसिद्ध अयोध्याजी में प्रारम्भ करे अब

संवाद प्रारम्भसमय कीर्ति सरयू तीर जो सन्तसमाज अयोध्या है तामें प्रारम्भ करत पुनः सन्तसमाज को जंगम प्रयाग करि वर्णन करे ताको अरु प्रसिद्ध प्रयागही बिषे वर्णन इति तीनिहू हेतु हैं यथा तीर्थन को राजा जो प्रयागक्षेत्र है ताके बिषे मननशील भरद्वाज मुनि बसते हैं कैसे हैं तिनहि तिनके उरमें श्रीरघुनाथजी के पद में अत्यन्त करिके अनुराग है अर्थात् श्रीरामप्रीति में अहर्निशि नेत्र रँगे रहत ताको अनुराग कही १ तापस जलशयन पञ्चाग्नि आदि तपस्या के करनेवाले शम कहे मनादि की वासना त्याग दम कहे बाह्येन्द्रियन की निग्रह दया कहे निर्हेतु जीवन की रक्षा इत्यादि के निधान कहे स्थान हैं पुनः परमार्थ कहे परलोकपथ चलने में परम सुजान हैं २ माघ में मकरराशि पर जब रवि अरुण नाम प्राप्त होत अभिजित् ब्रह्म नक्षत्र पर सूर्य आवत सोई उत्तरायण उत्तम काल जानि तीर्थपति जो है प्रयाग तहांको त्रिलोकवासी सब कोऊ आवत ३ स्वर्गवासी ब्रह्मादि देवता किन्नरादि श्रेणी कहे पंक्तिसमूह मृत्युलोकवासी नर पातालवासी दैत्यादि ते सकल आदर सहित त्रिवेणीजी में मज्जन स्नान करते हैं ४ पुनः माधव लक्ष्मीनाथ के पद जलजात नाम कमलसम तिनको प्रेमते पूजन करते हैं पुनः अक्षयवट को स्पर्श करने ते पाप नाश होत ताते गात जो देह सो हर्षित होत ५ पुनः भरद्वाजजी को जो अत्यन्त पावन आश्रम है सो परम रम्य कहे परम सुन्दर है कैसा सुन्दर है जे मुनिन में वर नाम श्रेष्ठ हैं तिनके मनको भावन तहां पावनता तौ क्षेत्रकी है रमणीकता स्वच्छ मंदिरसमीप फूल फलकी वाटिकादि संतनकी समाज ताते मुनिनके मनमें भावत ६ तहां त्यहि आश्रमविषे मुनि जे मननशील अर्थात् जिनको अमल शुद्ध मन भगवत् में लीन रहत देहकी सुधि नहीं तिनको मुनि कही पुनः ऋषय कहे जे पूजा, जप, यज्ञ, तप, व्रतादि क्रिया करनेवाले तिनको ऋषि कही इत्यादि यावत् तीर्थराजको मज्जन करने हेतु जातेहैं तिनकी समाज होत भरद्वाजके आश्रममें बटुरत तहां क्या होताहै सो कहत ७ ते सब प्रभातकाल में तन मनते उछाह आनन्द सहित तहां उछाह वीररसकी स्थायी है जा भांति क्षत्रियनके युद्धमें उछाह तथा ब्राह्मणनके स्नान में उछाह अर्थात् शीतभयरहित आनन्दमन त्रिवेणीजीमें मज्जन करते में न्यास ध्यान तर्पणादि करते हैं जाड़े को नहीं गिनते इति स्वकर्म वीरता में उछाहपद लिखे इत्यादि स्नान पूजा भोजनादि करि एकत्र बैठि सब मिलि परस्पर हरिके गुणन को गाहा नाम कथा ताको कहते सुनते हैं ८ तहां कथासत्संग में अनेक वार्ता होत

तिनमें मुख्य मूल कुछ लिखत यथा ब्रह्मनिरूपण तहां सोकोङ्कार हेतु भगवत् पांच रूप धारण करे यथा पर साकेतविहारी १ व्यूह वासुदेवादि २ विभव अवतारादि ३ अर्चा जगन्नाथादि ४ अंतर्यामी ५ जो सबमें व्याप्त है ताही को ब्रह्म कही सो कैसाहै ॥ त्रयः शरीराद्व्यतिरिक्तपञ्चकोशातीतअवस्थात्रयसाक्षी सच्चिदानन्दस्वरूपस्सन् यस्तिष्ठति स आत्मा सर्वान्तर्यामी ॥ ताके द्वै रूप एक अमूर्ति सद्गुण राशि दूसरा सगुणाकार तामें द्वै भेद एक चित् स्वरूप यथा ईश्वर जीवगुण ज्ञान दूसरा अचित्स्वरूप तामें द्वै भेद प्रथम प्राकृत यथा माया महत्तत्त्व अहंकार पंचभूतादि ब्रह्माण्डरचना दूसरा अप्राकृत ताहूमें द्वै भेद प्रथम नित्यविभूति वैकुंठादि दूसरा कालरूप यथा पल, दण्ड, दिन, मास, वर्ष, युग, कल्पांत ताको अनेकभांतिते निरूपण करत प्रथम ऋग्वेदे महावाक्यम् यथा ॥ प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म । प्रकर्षज्ञान करके जो आनंद सोई ब्रह्म है पुनः यजुर्वेदे महावाक्यम् यथा ॥ अहं ब्रह्मास्मि पुनः सामवेदे यथा ॥ तत्त्वमसि । इनके अर्थ भूमिकामें कहि आये हैं पुनः अथर्वणे यथा ॥ अयमात्मा ब्रह्म चारि उपवेद प्रथम आयुर्वेद जो वैद्यक सो औषधब्रह्म कहत तहां ज्ञानऔषध भवरोग नाशत दूसर धनुर्वेद नीतिब्रह्म कहत तहां कामादिकनको दण्ड विवेकादिकी रक्षा तीसर गंधर्ववेद नादब्रह्म कहत जो सुनत शुद्ध ह्वै जीवको आनंद प्राप्त होत चौथ अर्थवेद शिल्प सूपकारादि शोधनब्रह्म कहत जाते जीवको सत्र आनन्द प्राप्त होत पुनः वेद के षडंगहैं शिक्षा सो वर्णब्रह्म कहत तहां उदात्तादि वेदाक्षरनको ज्ञान पुनः कल्प सो सूत्रब्रह्म कहत तहां सूत्रार्थ जानि यज्ञादि कराने को ज्ञानानंद पुनः व्याकरण शब्दब्रह्म कहत तहां वेद शब्दार्थ ज्ञानानंद पुनः निरुक्ति जो कोष सो अर्थब्रह्म कहत तहां वेद शब्दार्थ ज्ञानानंद है पुनः पिंगल छंदब्रह्म कहत पुनः ज्योतिष कालब्रह्म कहत पुनः पुराण स्वधर्मब्रह्म कहत तथा षट् शास्त्रादि आपनी आपनी रीति ब्रह्म को निरूपण करत पुनः धर्मविधि कहे वेदआज्ञा अनुकूल चलना ता धर्मके चारि पांव प्रथम सत्य तन मन वचन सांचा व्यापार यथा चोरी युवा परस्त्री हिंसा चुगुली कपट पाखंडादि असत् त्यागि माता पिता गुरु स्वामी साधुनते वंदनादि पूजा जप पाठ व्रतादि सांचे आचरण देहते करना पुनः कुसंग त्यागि सुसंगमें मन लगावना पुनः मिथ्या त्यागि सत्यवचन बोलना इति सत्य पुनः शौच तन मन वचन पवित्र व्यापार यथा मृतक कपाली रजस्वला म्लेच्छादि को दर्श स्पर्श त्यागि त्रिकालस्नान आसन वस्त्र शुद्ध इति तनशौच पुनः कामादि त्यागि विवेकादि

में मन शुद्ध राखना पुनः परनिंदापवाद त्यागि हरियशते वचन शुद्ध राखना पुनः दयानिर्हेतु जीवनकी रक्षा करना पुनः दान यथाशक्ति अन्न वस्त्र द्रव्यादि श्रद्धा आदर विचार सहित देना इति साधारण धर्म पुनः आपने अनुकूल धर्म यथा शिष्य गुरुभक्ति पुत्र पिताभक्ति स्त्री पतिभक्ति सज्जन हरिभक्ति इत्यादि मन वचन कर्म निश्छलसेवा इति धर्मविधि पुनः तत्त्वविभाग प्रथम ब्रह्मप्रकृति ग्रहण करो तब बुद्धि महत्तत्त्व भयो ताते त्रिधाहंकार भयो सात्त्विक अहंकारते इन्द्रियन के देवता भये राजसते इन्द्रिय भई तामसते पंचभूत यथा आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी ताते स्थूलशरीर सइन्द्रिय देव यथा श्रवणेन्द्रिय दिशादेव शब्द विषय नेत्रेन्द्रिय सूर्यदेव रूप विषय त्वचेन्द्रिय पवनदेव स्पर्श विषय रसना इन्द्रिय वरुणदेव रस विषय नासिका इन्द्रिय अश्वनीकुमार देवगन्ध विषय इति ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय यथा मुखेन्द्रिय अग्निदेव भक्षण विषय हस्तेन्द्रिय इन्द्रदेव कर्म विषय पगेन्द्रिय यज्ञविष्णुदेवता गति विषय लिंगेन्द्रिय दक्षप्रजापतिदेवता मैथुनविषय गुदा इन्द्रिय यमराजदेवता विसर्ग विषय इति कर्मेन्द्रिय ॥ ततः एकएकतत्त्वतः द्वे द्वे इन्द्रिये भवतः तद्यथा ॥ आकाशतत्त्वतो ज्ञेयं द्वयमास्यं श्रुतिद्वयम्। त्वक् च बाहुद्वयं वायोरग्नेर्नेत्रपदद्वयम् ॥ सलिलाद्रसनालिङ्गं गुदं घ्राणं क्षितेरपि। नभसो मस्तके वासो द्वारमस्यास्ति श्रोत्रकम् ॥ आहारोप्यस्य विज्ञेयः श्रूयते यच्छुभाशुभम्। वायोर्वासस्तु नाभौ स्यान्नासिकाद्वारमुच्यते॥ तस्याहारो हि गन्धस्स्यात् श्वासोच्छ्वासक्रियाः स्मृताः। पित्ते वह्निर्नेत्रद्वारमाहारो रूपदर्शनम् ॥ ललाटे सलिलं तस्य लिङ्गजिह्वा च द्वारके। आहारो मैथुनं तस्य जिह्वायाः षड्रसाः स्मृताः ॥ हृदये तु क्षितेर्वासः स्याद्गुदं तस्य द्वारकम्। कामक्रोधश्च लोभश्च मदमानावुभावपि ॥ पञ्चैते गगनस्यांशा जानन्ति पण्डिता जनाः। प्रकृतयः पञ्चवायोर्धावनं चलनं तथा ॥ संकोचनं प्रसारश्च तथैवोत्क्रमणं विदुः। अग्नेरपि विदुः पञ्च निद्रा क्रान्तिः क्षुधा तथा॥ अप्यालस्यमुखाः पञ्च समये समये यथा। जलस्यापि प्रकृतयो रक्तं स्वेदोमुखाम्बु च ॥ रेतः पित्तं च पञ्चैताः शरीरेस्मिन्प्रवर्द्धकाः। अस्थि मांसं त्वचा नाड्यो लोमान्येवेति पञ्चधा॥ पृथिव्यांशाः शरीरेस्मिन्विज्ञेयाः साधकोत्तमैः। वायोः सकाशाच्चित्तं च नभांशोपि प्रवर्तते ॥ सलिलं मन एव स्याद्बुद्धिर्जाता क्षितेरपि। अहङ्कारोग्निसञ्जातो रुद्रस्तस्यास्ति देवता ॥ चित्तस्य देवता जीवो मनसश्चन्द्रमास्तथा। ब्रह्मा बुद्धेस्तथा ज्ञेयो वासुदेवादिकेपि च॥ हरिद्वायुररुणोऽग्निः पृथ्वी पीता सितं जलम्। कृष्णवर्णमथाकाशमेवं तत्त्वोपल-

क्षणम् ॥ योगो विरागः स्मरणं ज्ञानविज्ञानमेव च । उच्चाटनं तथा ज्ञेयं चित्तस्यांशानि षड् यथा ॥ जपो यज्ञस्तपस्त्याग आचारोऽध्ययनं तथा । बुद्धेश्चैवं षडङ्गानि ज्ञातव्यानि मुमुक्षुभिः ॥ कर्माकर्म विकर्मादावनियमेन वर्तते । सङ्कल्पश्च विकल्पश्च मनसो बहुशो यथा ॥ मानः क्रोधश्च ईर्षा च पारुष्यमुपहिंसनम् । दृढवैराग्यहंकारे वर्तते लक्षणानि षट् ॥ प्राणापानौ समानश्चोदानव्यानौ च वायवः । नागं कूर्मः कृकलश्च देवदत्तो धनञ्जयः ॥ हृदि प्राणो गुदेपानः समानो नाभिसंस्थितः । उदानःकण्ठदेशे स्याद्व्यानः सर्वशरीरगः ॥ नागः करोति गुद्द्वारं कूर्मो नयनोन्मीलनम् । कृकलस्तु क्षुधाकारो देवदत्तस्तु जृम्भणम् ॥ मृत्युगेहे वसत्येवं पञ्चमो वै धनञ्जयः । कण्ठहृन्नाभिलिङ्गेषु गुदे नेत्रद्वयान्तरे ॥ चक्राणि सन्ति षट् तेषु दिव्यपद्मानि सन्ति वै । दलैः षोडशभिः कण्ठे हृदये दशभिस्तथा ॥ भवेच्च दशभिर्नाभौ षड्भिर्लिङ्गप्रदेशके । चतुर्भिश्च गुदाद्वारे द्वाभ्यां नेत्रद्वयान्तरे ॥ नासाया दक्षिणे भागे पिङ्गलानाम नाडिका । इडा तु वामभागे स्यात्सुषुम्णा मध्यवर्तिनी ॥ त्रिपुटी वर्ण्यते यत्र महाशब्दप्रवर्तिनी । वामचक्षुषि गान्धारी दक्षिणे हस्तिनी तथा ॥ जिह्वा नाग्नी तु जिह्वायां वदन्ति पण्डिता जनाः। पूषा तु दक्षिणे कर्णे यक्षिणी वामके तथा ॥ सुखे विजृम्भिका ज्ञेया कुरु लिङ्गे प्रवर्तते । स्थूलस्थाने शङ्खिनी स्यादेवं चैकादशस्मृताः ॥ नाभिहृत्कण्ठजिह्वोत्थाश्चतस्रः क्रमतो गिरः । परा तथा च पश्यन्ती मध्यमा वैखरी च ताः ॥ श्रीसीतारामयोस्तत्त्ववर्णनं सा परा भवेत् । यथात्मजीवतत्त्वं च पश्यन्ती कथयेत्तदा ॥ स्वर्गादीन् धर्म कामार्थान् वर्णयेत्सा तु मध्यमा । व्यवहारे वैखरी प्रोक्ता केवलं यच्च प्राकृतम् ॥ इति पञ्चभौतिकस्थूलशरीरं विश्वाभिमानी प्रजापतिदेवताजाग्रदवस्था वैखरी वाणी ॥ अथ सूक्ष्मशरीरम् ॥ पञ्चप्राणमनोबुद्धिदशेन्द्रियसमन्वितम् । अपञ्चीकृतमस्थूलसूक्ष्माङ्गं भोगसाधनम् ॥ अविद्याभगवच्छक्तिबद्धजीवस्य बन्धनम् । सदसद्भ्यामनिर्वाच्या शरीरं सोस्तु कारणम् ॥ तत्र क्षेत्रज्ञ आत्मा पुरुष इति ॥ त्रिभिरवस्थाभिर्द्रष्टव्यः अयमात्मा ब्रह्म इति च महावाक्यानि तत्र अयं शब्दः ॥ शान्तःतकारस्य निर्देशत्वात्तत्क्षेत्रज्ञे प्रवसति । महाभूतान्यहङ्कारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ॥ इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्चमेन्द्रियगोचराः १ इच्छाद्वेषसुखं दुःखं संघातश्चेतना धृतिः । एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् २ क्षेत्रं शरीरं तस्मिन् क्षेत्रीव मम क्षेत्रम् । इत्येवं शरीरे पञ्चभौतिके अभिमानं करोतीति ॥ क्षेत्रज्ञः तल्लक्षणं अहं ब्राह्मणः । अहं क्षत्रियः अहं धनी अहं निर्धनः ॥ इत्यादि अभिमानयुक्तो रजस्तमःसत्त्वादि

त्रिगुणप्रकृतियुक्तः वाल्यादि वा सुपुप्त्यादि अवस्थात्रयादियुक्तः ॥ षडूर्मिषड्विकार कुटुम्वादिअहंकारमोहादिविशिष्टः ॥ धनादिसंग्रहे पापपुण्ययुक्तक्षेत्रज्ञ उच्यते । तत्रात्मनिर्णयावधिज्ञानं ईश्वरस्वरूपनिर्णयो विज्ञानम् ॥ पुनः ॥ ज्ञानविरागसंयुक्त भगवद्भक्ति कहतेहैं ज्ञान यथा ॥ विवेकः विरागः समादिषट्संपत्तिः । मुमुक्षुत्वं इति साधनचतुष्टयं मोक्षाधिकारिणः ब्रह्म नित्यं तद्व्यतिरिक्तं सर्वमनित्यमिति विवेकः ॥ इह स्वर्गभोगेषु इच्छारहितः इति विरागः षट्सम्पत्ति यथा मनादिनिग्रहसमः १ वाह्येन्द्रियनिग्रहदमः २ स्वधर्मानुष्ठानमेव तपः ३ सुखदुःखादिसहिष्णुत्वम् तितिक्षा ४ गुरुवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा ५ चित्तैकाग्र्यं समाधानम् ६ इति मोक्षो मे भूयादितीच्छा मुमुक्षुत्वं त्रयःशरीराद्व्यतिरिक्तपञ्चकोशातीत अवस्थात्रयसाक्षीसच्चिदानन्दस्वरूपस्सन् यस्तिष्ठति स आत्मा । सर्वान्तर्यामी तस्य निर्णयोवधिज्ञानम् ॥ पुनः भक्ति यथा ॥ भगवत् प्रशस्तभावो भक्तिः सा त्रिविधा । यथा ॥ वैधी १ दृष्टलक्षणा २ सानुरागा चेति ३ वेदविधिना शास्त्रनिर्देशभयेन क्रियते सा वैधी ॥ पुनः ॥ आत्मनि रुचिर्जायते सा दृष्टलक्षणा यथा ॥ असौ करोति तथाहमपि करिष्यामि एवंभूता तत्फलाज्ञानरूपा दृष्टलक्षणा ॥ पुनः ॥ स्वतोस्थितानुरागेन पुत्रपत्नीवत् तत्सेवनं सानुरागा ॥ तत्रापि चतुर्विधा नवधा प्रेमापरा प्रौढा च नवधा श्रवणादि भागवते । श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् । अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ पुनः ॥ प्रेमा तु वर्णाश्रमादिधर्मानुष्ठानेन परिपाकदशायां समस्तनिर्धूतकल्मषात्मनः समुद्रपेलनात्पूर्वं तरङ्गावर्तेन उल्लोलकल्लोलवत्प्राविणनदिसज्जनस्य । भगवति सावयवभावितवृत्ति सा प्रेमा संसोच्यते ॥ यथा नारदसूत्रे ॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः सा कस्मै परमप्रेमरूपा । अमृतस्वरूपा च यल्लब्ध्वा पुमान् सिद्धो भवत्यमृतो भवति ॥ यत्प्राप्य न किञ्चिद्वाञ्छति न शोचति । न द्वेष्टि न रमते नोत्साहो भवति ॥ इति प्रेमापराद्यालक्षणं तु समस्तभावाङ्गज्ञानेन शरन्नदीवद्भगवति स्थिरभाव तथा ॥ परत्वज्ञानेन स्थितिरत्यानुरागः । सा पराशब्देनोच्यते यथा शाण्डिल्यसूत्रे ॥ अथातो भक्तिजिज्ञासः सा परानुरक्तिरीश्वरे । इति परा ॥ अथ प्रौढा तु भावपञ्चके स्वस्वरूपविधानानन्तरम् ॥ स्वरूपा वेशतया साक्षात्कारत्वं प्रौढशब्देनोच्यते । स एव पुरुषस्य अर्थरूपा पुरुपार्था तल्लब्धवान्पुरुषः ॥ ब्रह्मशब्देनोच्यते । ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति ब्रह्मलक्षणं तु निजांशकलाविभूतिभिर्बृहमाणः वा सर्वत्र स्वात्मचैतन्यकलया सर्वत्र अंतर्यामित्वेन स्वप्रकाशेन सर्वमायिकम् ॥ जडभूतं बृहमाणः सन् प्रकाशयतीति

ब्रह्म। अथवा रमन्ते योगिनोनन्ते सत्यानन्दे चिदात्मनि। इति रामपदेनासौ परब्रह्म विधीयते॥ इति रामतापिन्याम् इति प्रौढाभक्ति ६॥

४४ यहिप्रकार भरि माघनहाहीं। पुनिसबनिजनिजआश्रमजाहीं १०
प्रतिसंवत अस होइ अनन्दा। मकर मज्जि गमनहिं मुनिवृन्दा ११
एक बार भरि मकर नहाये। सब मुनीश आश्रमनि सिधाये १२
याज्ञवल्क्यमुनि परम विवेकी। भरद्वाज राखे पदटेकी १३
सादर चरणसरोज पखारे। अतिपुनीत आसन बैठारे १४
करि पूजा मुनिसुयश बखानी। बोले अतिपुनीत मृदु बानी १५
नाथ एक संशय बड़ि मोरे। करतल वेदतत्त्व सब तोरे १६
कहत सो म्वहिं लागतभयलाजा। जो न कहौं बड़ होइ अकाजा १७
दो० संत कहैं अस नीति प्रभु, श्रुति पुराण अस गाव॥
होइ न विमल विवेक उर, गुरुसन किहे दुराव १८

४४ जो पूर्व वर्णन करिआये यही प्रकार ते मुनिजन माघभरि कल्पवास करि त्रिवेणीजीमें नित्य स्नान करते हैं पुनः माघांत सब निज कहे आपने आपने आश्रमको जातेहैं १० प्रतिसंवत् हरसाल ऐसेही आनन्दोत्सव होत मकर मास संक्रान्तिभरि मज्जन करि मुनिनके वृन्द गमनहिं कहे चलेजाते हैं ११ एकवार काहूकाल में मकर भरि प्रयाग स्नान करि यावत् मुनीश रहे ते सब आपने आपने आश्रमनको सिधाये सब तौ चलेगये १२ परमविवेकी ज्ञान विज्ञान जाननहारे जो याज्ञवल्क्यमुनिहैं तिनके पद टेकि पद गहि शुद्धमन नम्रवचन कहि भरद्वाजमुनि टिकायराखे १३ जिज्ञासा विधि कहत सादर आदरसहित प्रीति भावते जल लैकै प्रथम याज्ञवल्क्यजी के चरण पखारे पग धोय चरणोदक लये पुनः अतिपुनीत अर्थात् मंदिर मार्जन करि सिंहासन थापि तापै ऊन रेशमी वस्त्र डासि ऐसे पवित्र आसनपर बैठावते भये १४ पुनः षोडशोपचार। यथा॥ आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्। मधुपर्काचमनं स्नानं वस्त्रं च भरणानि च॥ सुगन्धं सुमनो धूपं दीपं नैवेद्यवन्दनम्। इत्यादि षोडशोपचार पूजन करि पुनः याज्ञवल्क्यमुनि को सुंदर यश बखानपूर्वक स्तुति करि प्रसन्न करे तब आपने प्रश्नहेतुक अत्यंत पुनीत छलरहित मृदु नाम कोमलवाणी भरद्वाजजी बोलतेभये इति जिज्ञासा विधिलोकशिक्षात्मकहै १५ भरद्वाजजी बोले कि हे नाथ! मेरे मनमें एक बड़ी संशयहै पदार्थ में अनिश्चय यथा सोना कुंदनहै व दागी ताके पारखी

आपुहौ काहेते वेदतत्त्व हरिरूपनको निर्णय करताहै सोई वेदतत्त्व आपुके करतल कहे हस्तामलकहै भाव तत्त्वज्ञाताहौ इति पुनीत वचन है इहां आचार्य को तोरे पद कहना दूषितहै तहां सयानी छांड़ि अज्ञात ह्वै प्रश्न करे तातै भूषितहै १६ त्यहि संशयको प्रसिद्ध कहतमें आपनपौ विचारि अर्थात् वाल्मीकिजीके शिष्य लोकमें प्रतिष्ठा मुनिनमें मान तिनकी ऐसी प्रश्न ऐसा विचारि लाज लागत पुनः आपुको प्रभाव समुझि कि जिनके क्रोधते जनक-सभामें पंचाशिख मुनिको शीश गिरिपरो इति प्रभाव विचारि प्रश्न करत भय लागत जो कहौ फिरि काहेको कहतेहौ तापै कहत कि जो न कहौं तौ बड़ा अकाज होय अर्थात् यही संशय रहेते अज्ञान वृद्धकरि जीवकी बुद्धि नष्ट करि भवसागर पठावनहारीहै इति जीवके कल्याणकार्यमें अकाज करने वाली संशयहै १७ तहां संतजनभी कहत अरु लोकप्रसिद्ध नीतिभी ऐसेहीहै पुनः श्रुति जो वेद स्मृतिसंहिता पुराणादि भी ऐसेही गावत क्या गावत सो कहत कि हे प्रभु! गुरुसों दुराव कीन्हे अर्थात् छल राखेते भाव जे गुरुते छल राखत तिनके उरमें विमल विवेक नहीं होत अथवा विवेकी भी होइ अरु गुरुते दुराव राखै तौ वाके उरमें विमल विवेक न होइ मैला विवेक जानिये मुखते कथनमात्र विवेकहै अंतर उनको मैलाहै काहेते भगवत् ते गुरु अधिक तिनते छल यह अज्ञानताहै १८॥

४५ असविचारि प्रकटौं निजमोहू। हरहु नाथ करि जनपर छोहू १९
रामनामकर अमित प्रभावा। संत पुराण उपनिषद गावा २०
सन्तत जपत शंभु अविनाशी। शिव भगवान ज्ञानगुणराशी २१
आकर चारि जीव जग अहहीं। काशीमरत परम पद लहहीं २२
सोपि राममहिमा मुनिराया। शिवउपदेश करत करि दाया २३
राम कवन प्रभु पूछौं तोहीं। कहहु बुझाय कृपानिधि मोहीं २४
एक राम अवधेश कुमारा। तिनकर चरित विदित संसारा २५
नारि विरह दुख लह्यो अपारा। भयो रोष रण रावण मारा २६

दो० प्रभु स्वइ रामकि अपर कउ, जाहि जपत त्रिपुरारि॥
सत्य धाम सर्वज्ञ तुम, कहहु विवेक विचारि २७

४५ श्रीगुरुसों निश्छल रहना उचितहै अस विचारि निज कहे आपना मोह प्रकटतहौं प्रसिद्धकरि कहतहौं हे नाथ! जन जो मैं आपुको सेवक तापर छोहू नाम दयाकरि मोहको हरहु १९ श्रीरामनामको प्रभाव अमितहै ताको

संतजन सदा गावत अर्थात् संहिता रामायणादि पुनः पुराणनद्वारा व्यासादि ऋषीश्वर गावत पुनः चारिउ वेदनकी जो बावन उपनिषद् हैं तिनके द्वारा ब्रह्मादि गावत परंतु श्रीरामनामके प्रभावकी इति कोऊ नहीं कीन याते अमितहै २० पुनः साधारण जीवनकी कौन गिनती है जो शिवजी कल्याणरूप भगवान् अर्थात् षट् ऐश्वर्ययुक्तहैं पुनः ज्ञान विज्ञान अरु शांति संतोषादि यावत् शुभ गुणहैं तिनकी राशिहैं पुनः अविनाशी कहे काल मृत्युरहित हैं तिनको भी रामनामही इष्टहै काहेते कि शंभु संतत रामनाम जपते हैं अर्थात् कबहूं पलमात्रको अंतर नहीं परत २१ पुनः ॥ आकर कहे खानि सो अंडज, पिंडज, स्वेदज, उद्भिज्ज इति चारि खानिमें जो जो जीव जगमें अनेकहैं तिनमें कोऊ जीव होइ जो काशीजी में मरत सोई परमपद जो मुक्तिस्थान ताको लहहीं नाम प्राप्त होतेहैं अर्थात् काशी में मरे जीव मुक्त होत २२ सोऊ जो काशीजी को प्रभावहै सो अपि नाम निश्चय करिकै हे मुनिराय ! यहौ श्रीरघुनाथ जीकीही महिमा है काहेते शिवजी जीवन पर दयाकरि भाव निर्हेतु जीवन की रक्षा चाहतेहैं ताते श्रीरामनाम उपदेश करि देतेहैं सोई नामके प्रभाव ते मुक्त होत इत्यादि श्रीरघुनाथजीकीही महिमाहै तहां शिवजी श्रीरघुनाथ जीसों मांगिलिये हैं ॥ यथा रामतापिन्याम् ॥ काश्यां श्रीरामचन्द्रस्य जजाप वृषभध्वजः । मन्वन्तरसहस्रैस्तु जपहोमार्चनादिभिः ॥ ततः प्रसन्नो भगवान् श्रीरामः प्राह शंकरम् । वृणीष्व यदभीष्टं तद्दास्यामि परमेश्वर ॥ इति ततः सत्यानन्द चिदात्मा श्रीराममीश्वरः पप्रच्छ इति सहोवाच मणिकर्णिकायां क्षेत्रे गङ्गायां वा तटे पुनः ॥ यो म्रियते देहवज्जन्तोर्मुक्तिं नातः परं परान्तरमिति अथ सहोवाच ॥ श्रीरामः ॥ क्षेत्रे तवोपदेशाद्धै यत्र कुत्रापि वा मृताः । कृमिकीटादयोप्याशु मुक्ताः सन्तु न चान्यथा २३ यहि संवादको सिद्धान्त कर्म है याते प्रथम कहे पुनः मुख्य याते है कि मूल याकी रामतापिनी उपनिषद् है यथा ॥ अथैनं भरद्वाजः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यं किन्तारकम् । किं तरतीति सहोवाच ॥ याज्ञवल्क्य अर्थात् जिनको नाम भवतारकहै तारूपको मैं पूछतहौं हेप्रभु! वे कौन राम हैं तिनको कृपानिधि बुझाय विस्तारते समुझायकै मोसों कहौ २४ अब संशयको प्रसिद्ध करते हैं यथा कुंदन में ऊपर मैल देखि दागी मानै तथा लीलामात्रमें काम क्रोधरूप वृथा मैल देखि रामरूप में संदेह देखावत यथा एकतौ राम अवधके ईश जो दशरथ तिनके कुमार हैं तिनकर तौ चरित संसारमें विदितहै अर्थात् सबै जानत २५ क्या विदित है सो कहत कि नारिकी विरह में अपार दुःख लहे नाम पाये अर्थात् विशेषि इन्द्रिय-

विषय में रत रहे याते कामासक्त रहे ताते स्त्रीविरह न सहिसके पुनः ॥ कामहानिकर्ता जानि क्रोध भयो याते रणमें रावणको मारे इत्यादि काम क्रोध होना जीवको धर्म है यथा गीतायाम् ॥ संगात्संजायते कामः कामात् क्रोधोभिजायते । इत्यादि सच्चिदानंद परब्रह्मरूपमें कैसे संभवित होय इति संशय है २६ ज्यहि रूपको नाम त्रिपुरारि महादेवजी सदा जपते हैं हे प्रभु ! सोई राम हैं दशरथनंदनै कि अपर कोऊ और राम हैं इत्यादि संदेहनिवृत्ति हेतु तुम सर्वज्ञ अर्थात् सब वस्तु के जाननहार हौ पुनः ॥ सत्यधाम अर्थात् आपुको वचन त्रिकालमें वृथा नहीं ताते विवेकते विचारिकै कहौ श्रीराम कौन रूप में निश्चय कीजे २७ ॥

४६ जैसे मिटै मोहभ्रम भारी । कहहु सो नाथ कथा विस्तारी २८
याज्ञवल्क्य बोले मुसकाई । तुमहिं विदित रघुपतिप्रभुताई २९
रामभक्त तुम मन क्रम बानी । चतुराई तुम्हारि मैं जानी ३०
चाहहु सुना रामगुण गूढ़ा । कीन्हेउ प्रश्न मनहुँ अतिमूढ़ा ३१
तात सुनहु सादर मन लाई । कहौं रामकै कथा सुहाई ३२
महामोह महिषेश विशाला । रामकथा कालिका कराला ३३
रामकथा शशिकिरणि समाना । सन्तचकोर करहिं ज्यहि पाना ३४
ऐसेहि संशय कीन्ह भवानी । महादेव तब कहा बखानी ३५

दो० कहौं स्वमतिअनुहारि अब, उमा शंभु संवाद ।
भयउ समय ज्यहिहेतु जिहि, सुनु मुनि मिटै विषाद ३६

४६ प्रथमेन्द्रिय विषयवश तब मन कामवश अभिमान क्रोधवश चित्त मोहवश तब बुद्धि भ्रमवश ह्वै जीव नाश होत ताहेतु कहत कि जैसे जाभांति मोह अरु भारी भ्रम मिटै ऐसा विचारि हे नाथ ! सोई कथा विस्तारसहित कहौ तहां सूक्ष्म कथा तौ ज्ञानबुद्धि ते समुझिजात इहां मोह भ्रम मिटावनार्थ विस्तार करके कहौ जो समुझ में आवै २८ ज्ञानवान् रामतत्त्वज्ञाता मुनिनमें श्रेष्ठह्वै अज्ञानकी ऐसी प्रश्न कीन्हे ऐसा समुझि याज्ञवल्क्य मुसक्यायकै बोले कि रघुपतिकी प्रभुताई तुमको नीकी भांति ते विदित है श्रीरामतत्त्वके ज्ञाताहौ काहेते सो आगे कहत २९ श्रीरामरूप में मन राखत हाथनते श्रीरामपरिचर्या करत वाणीते नामस्मरण व यशकीर्तन इत्यादि मनकरके कर्मकरके वाणीकरके तुम श्रीरघुनाथजीके भक्तहौ याते श्रीराम-

रूपको प्रभाव सब जानतहो परंतु कथाश्रवण हेतु ऐसेही प्रश्न चाहिये क्योंकि चतुरके प्रश्नमें वक्ता सूक्ष्म कहत अरु अज्ञातको विस्तारते समुझावत इत्यादि तुम्हारे उरकी चतुराई मैं नीकी भांति जानिलई ३० काहेते जो श्रीरघुनाथजीके गूढ़गुणहैं अर्थात् वेदपुराणमें गुप्त हैं सबको नहीं समुझि परत सोई सुनाचाहते हो ताते ऐसी प्रश्न किहेउ जैसे अत्यन्त मूढ़ जो हानि लाभ नहीं समुझत ३१ हे तात ! बाह्येन्द्रियनको व्यापार कथाकी अनुकूल करि इति आदरसहित मन लगाय सावधान ह्वै सुनहु क्योंकि गूढ़ तत्त्व है सुहाई जीवको सुखद सुंदरि जो श्रीरघुनाथजीकी कथाहै ताको मैं कहतहौं ३२ गुरुशास्त्रोपदेश में आवरण करै सो मोह अरु भगवत्रूप में आवरण करै ताको महामोह कही सोई महिषासुर दैत्य है जासों विवेक वैराग्यादि देवगण हारिजाते हैं ताके मर्दनहेतु श्रीरामकथा करालरूप कालिका है यथा महिषासुरको कालीजी भयंकर रूपते मर्दन करी तैसे महामोहको श्रीरामकथा नाश करत कथाको प्रभाव भयंकरता है ३३ पुनः॥ शुद्धचित्त जो श्रीरामानुरागी संतजनहैं तिनको कैसी सुखदायक है श्रीराम कथा शशिकिरणि समान है श्रीरामरूप चंद्रमा है कथा ताकी किरणिन सम सबको सुखद है परंतु संतजन चकोर हैं ते श्रवणरूप नेत्रनते ज्यहि रामकथारूप किरणिन को सदा श्रवणरूप पान करते हैं कबहूं तृप्त नहीं होते हैं इत्यादि कहि कथा श्रवणको अधिकारी बनाये ३४ अब मोहनाश हेतु कथाकी करालता देखावते हैं कि जैसी संशय तुमने किया ऐसेही संशय भवानीभी कीन्ही रहै भवानी कही सती अरु पार्वती दोऊ रूपको बोधक है तहां सतीरूपमें उरते सांची संशय करी तिनको महादुःख भयो इति भयंकरताहै पुनः पार्वतीरूप में वचनमात्र संशय कीन्हे तब महादेवजी बखान करि कहे संशय नाश करिदिये तब सुखी भई ३५ सोई उमाशंभुको संवाद ज्यहिहेतु जौने समयमें भयो है सोई संवाद अब मैं सब कहे आपनी मति की अनुहारि कहतहौं ताको सुनौ हे मुनि ! जाके सुने ते समग्र बिषाद मिटि जाई अर्थात् रामरूप में संशय न रहि जाय यथार्थ देखिपरै ३६॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतवैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे याज्ञवल्क्यभरद्वाज-
संवादवर्णनोनाम द्वादशः प्रकाशः १२॥

४७ एकबार त्रेतायुग माहीं। शंभु गये कुंभजऋषि पाहीं १
संग सती जगजननि भवानी। पूजे ऋषि अखिलेश्वर जानी २
रामकथा मुनिवर्य बखानी। सुनी महेश परम सुख मानी ३
ऋषि पूछी हरिभक्ति सुहाई। कही शंभु अधिकारी पाई ४
कहत सुनत रघुपतिगुणगाथा। कछु दिन तहां रहे गिरिनाथा ५
मुनिसन बिदा मांगि त्रिपुरारी। चले भवन सँग दक्षकुमारी ६
त्यहिअवसर भंजन महिभारा। हरि रघुवंश लीन्ह अवतारा ७
पितावचन तजि राज्य उदासी। दंडकवन विचरत अविनासी ८

दो० हृदय विचारत जात हर, क्यहि विधि दरशन होइ।
गुप्तरूप अवतरेउ प्रभु, गये जानि सब कोइ ९

सो० शंकरउर अतिक्षोभ, सती न जानै मर्म सो।
तुलसी दरशन लोभ, मनडर लोचन लालची १०

४७ अब कथाकी आदि में द्विभुज साकेतविहारी श्रीरामरूप जो मनु महाराज द्वारा अवतीर्ण भये सोई सूक्ष्म रीति वर्णन करि नाम रूप लीला धाम प्रकट देखाये पुनः उसी धाममें वही नाम वही रूप धारणकरि काहू रूपते लीला प्रकट होई वह साकेतविहारीकी लीला जानना चाहिये यथा वर्तमान में अनुरागीजन श्रीरामलीला करते हैं तहां प्राकृत बालकनको जाति भाव त्यागि महात्मालोग दंडवत् करतेहैं उनको रामरूपही मानतेहैं तथा चतुर्भुजादि जब राम रूपधरि लीला करते हैं तिनकोभी साकेतविहारीही रूप की लीला मानना चाहिये यह संदेह नृतकी मूलहै एकवार अर्थात् प्रथम कल्पमें त्रेतायुग में जब मनु महाराज आइ दशरथ भये तिनके पुत्र होने हेतु साकेतविहारी अवतीर्ण भये हैं तेहि त्रेतायुगमें शंभु जो श्रीमहादेवजी ते कुम्भज जे अगस्त्यऋषि तिनके आश्रम को गये १ कौनभांति गये सो कहत कि जगत् की जननी जो भवानी तिनको संगमें लिहे कौन भवानी जिनको सती नाम है तहां शिवजीको देखि मुनि बहुत प्रसन्न भये कि येतौ अखिल कहे संपूर्ण ब्रह्माण्डके ईश्वरहैं मोपै बड़ी अनुग्रह करि दर्शन दीन्हे ऐसा जानि अगस्त्य ऋषि विधिपूर्वक शिवजीको पूजन करते भये २ पुनः जब दोऊजन बैठे तब शिवजीकी आज्ञाते मुनिवर्य जो अगस्त्यजी ते श्रीरामकथा बखान कीन्हे ताको परम सुख मानि महादेवजी सुनते भये भाव साकेतविहारी अवतार की कथा अगस्त्यरामायण में वर्णनहै ३ पुनः अगस्त्यजी श्रीरामभक्ति पूछे

तहां श्रीरामभक्ति को अधिकारी अगस्त्यजी को जानि सुंदरि जो भक्ति है ताको विधिपूर्वक शिवजी बखान करि कहते भये इति परस्पर उपकारते अन्योन्यालंकार है ४ इसी भांति श्रीरघुनाथजीके गुणनकी गाथा जो कथा है ताको कहत सुनत अर्थात् सत्संगवार्ता में गिरिनाथ जो महादेव ते कुछ दिन तहां रहते भये ५ पुनः मुनिसन बिदा मांगि त्रिपुरारि जो शिवजी ते दक्षकुमारी सतीको संग लै भवन जो कैलास तहां को चलतेभये ६ तेहि अवसर बिषे पूर्व महि जो भूमि ताको भार रावणादि खल तिनको भंजन नाश करिबे हेतु हरि साकेतविहारी आइ रघुवंश में दशरथजी के इहां अवतार लीन ७ तहां विवाहादि लीला इहां नहीं कहे सो रामायणमें विवाहादि लीला केवल इसी अवतारकी है पुनः राजतिलक पीछे उत्तरकाण्ड में इसी अवतार की लीला है अरु जन्म हेतु पुनः वनयात्रा रावणवध पर्यंत अनेक अवतारन की संकीर्णता में इस अवतार की कथा विचित्रता रीतिते सूक्ष्म कही है ताते यहां प्रसिद्ध करि कहे यथा पिताके वचन मानि राज्य तजि उदासीन वेषते अविनाशी जो श्रीरघुनाथजी सो जानकीजी अरु लक्ष्मण जीको साथ लीन्हे चित्रकूट आदि पंचवटी पर्यंत दण्डकवनमें विचरत हैं अर्थात् भरतागमन जयंत अत्रि शरभंग विराध मुनिनसों मिलि सुतीक्ष्ण अगस्त्य मिलि जटायुसों वार्ता पंचवटी वसि लक्ष्मण वार्ता शूर्पणखा गमन तक भयो ८ दोहार्थ॥ हर जो महादेव सो मनमें यही विचारत मार्ग में चलेजातकि प्रभुके दर्शन क्यहि विधिते होयँ काहेते अपनो ऐश्वर्य त्यागि गुप्तरूप अवतरे अर्थात् दशरथकुमार ह्वै प्रसिद्ध हैं जो हम उनके निकट जाईं तौ सब कोऊ जानिजाय भाव जो परब्रह्म न होते तौ शिवदर्शनको काहेको आवते ९ तहां गुप्तरूप प्रभु नरनाट्य करि रहे तासमय प्रसिद्ध दर्शन नमस्कार स्तुति आदि करी तौ गुप्तरूप प्रभुकी इच्छा भंग कीन सो स्वामी को संकोच देना सेवकको धर्म नहीं जो दर्शन भये पर नमस्कारादि न करी तो इष्ट अनादर यहभी वेदविरुद्ध करना अपराध है इत्यादि शंकरके मनमें क्षोभ ताते उरमें स्थिरता नहीं आवत सो गोसाईंजी कहत कि प्रसिद्ध दर्शनते धर्मविरुद्धता होत ताको तौ मनमें डरहै पुनः रूपके दर्शनके लोभते लोचन जे नेत्र ते लालची विना दर्शन पाये मानते नहीं यह जो शिवजीके मनमें असमंजसहै सो मर्म कहे हाल सतीजी नहीं जानती हैं १०॥

४८ रावण मरण मनुजकर यांचा। प्रभु विधिवचन कीन्ह चह सांचा ११
जो नहिं जाउँ रहै पछितावा। करत विचार न बनत बनावा १२

यहि विधि भये शोचवश ईशा। तेही समय जाय दशशीशा १३
लीन्ह नीच मारीचहि संगा। भयो तुरत सो कपट कुरंगा १४
करि छल मूढ़ हरी वैदेही। प्रभुप्रभाव तस विदित न तेही १५
मृगबधि बंधुसहित प्रभु आये। आश्रम देखि नयन जल छाये १६
विरह विकल नरइव रघुराई। खोजत विपिन फिरत द्वउ भाई १७
कबहुँक योग वियोग न जाके। देखा प्रकट दुसह दुख ताके १८

दो॰ अतिविचित्र रघुपतिचरित, जानहिं परम सुजान।
ते मतिमंद विमोहवश, हृदय धरहिं कछु आन १९

४८ अब प्रभुके नरनाट्य करिबेको हेतु कहत रावण अपना मरण मनुजके कर यांचे है अर्थात् उग्रतप कीन्हे जब ब्रह्मा वरंब्रूहि कहे तब रावण कह्यो कि हम काहूके मारे न मरैं नर वानर बराय सोई नरके कर रावणमरण यह वरदानमें निश्चय ह्वै गई इति विधिको वचन प्रभु सांचा कीन चाहतेहैं याते ऐश्वर्य गुप्त राखि राजकुमार ह्वै नरनाट्य करतेहैं ११ तासमय शिवजी विचार करतेहैं कि ऐसे एकांत समय अनाश्रित प्रभुकी प्राप्ति पाय जो दर्शन हेतु न जाउँ तौ समय चूकेको पीछे पछिताव बनारहै अरु जावेको समय नहीं इत्यादि विचार करतमें जाई वा न जाई यह कुछ बनावा नहीं बनत १२ यहि विधि पूर्व रीतिते ईश महादेवजी शोच अर्थात् असमंजसपूर्वक विचार करते रहे तेही समयमें दशशीश रावण पंचवटीको जात भयो १३ प्रेमभावते मुक्ति न चहे विरोधते मुक्ति विचारे इति कुबुद्धिते नीच रावण मारीचको साथ लीन्हे सो तुरतही कपटकुरंग कहे कंचनमृग भयो ताके वधहेतु प्रभु गये मारे पर लक्ष्मणजी को नाम पुकारे ताको सुनि किशोरीजी लक्ष्मणजी को पठाये १४ तब छलकरि संन्यासी वेष बनि वैदेही मायारूप जानकीजी को हरि लियो तहां जैसे छलरूपते आयो तैसे छलरूप जानकीजीको पायो तहां वेद को सम्मत है कि निश्छल भये पर ईश्वर मिलत सो बात विद्वान् ह्वै न विचारे याते मूढ़ कहे अज्ञानवश है ताते जैसा प्रभुको प्रभाव है तस यथार्थ तेहि रावणको विदित नहीं मोहवशते प्रभुको रूप कैसे यथार्थ देखिपरै याते कुछ संदेहसहित जानेउ है यथा॥ जो रघुवंश लीन अवतारा॥ इत्यादि संदेह मोहवशते बनारहा १५ कंचनमृगरूप मारीचको वधि कहे मारिके बंधु लक्ष्मणजीसहित प्रभु आये तहां जानकीजीरहित शून्य आश्रम देखि प्रभु के नेत्रनमें जल छायो अश्रु बहिआये १६ नर इव यथा कामासक्त प्राकृत नर

स्त्रीके वियोगमें विरह करि व्याकुल है विचारहीन वचन भाषत तथा किशोरीजी के विरह वियोग में केवल प्राकृत नरकी समान तृण तरु पशुपक्षिनते पूंछत किशोरीजीको खोजत विपिन कहे वनमें दोऊ भाई फिरतेहैं या ग्रंथमें जहां विशेष माधुर्यलीला होत तहां ऐश्वर्य देखाय मिश्रित करिदेत इहां माधुर्य कहि आगे ऐश्वर्य यथा १७ संयोग भयेको सुख वियोग भयेको दुःख जाके काहू समय नहीं अर्थात् श्रीराम जानकी सदा आनन्दमूर्ति एकरस संयोग है तिनमें दुस्सह जो न सहाजाय ऐसा दुःख प्रकट सबहिन देखा भाव देखनमात्र है १८ दोहार्थ ॥ श्रीरघुपतिके जे चरित हैं ते अत्यंत विचित्र हैं जामें सबकी बुद्धि नहीं काम करत जे रामानुरागी परम सुजानहैं तेई इन चरितनको जानतेहैं कि लोक अनुग्रहहेतु चरित करत अरु जे विशेष मोहवशते मतिमंद हैं ते हृदयमें कुछ आन भांति धारण करत यथा ॥ निजभ्रम नहिं समुझै अज्ञानी। प्रभुपर मोह धरहिं जड़ प्रानी ॥ वे प्रभुमें दुःख मानत जहां अनेक रंगकी संकीर्णता होत ताको विचित्र कही इहां वेष शांतरस श्वेतहै धनुषधारी वीररस पीतहै सीतारामसंयोग शृंगाररस श्याम है मारीचवधपै रौद्ररस लालरंग प्रिय वियोगते करुणारस कपोतरंग विरहव्याकुली वीभत्स नीलरंग इत्यादि अनेक रंगमय विचित्रताहै सो कौन जानिसकै १९ ॥

Imp

४९ शंभुसमयत्यहिरामहिं देखा। उपजा हिय अतिहर्ष विशेखा २०
भरिलोचन छविसिंधु निहारी। कुसमय जानि न कीन्हचिन्हारी २१
जय सच्चिदानंद जगपावन। असकहि चले मनोजनशावन २२
चलेजात शिव सती समेता। पुनि पुनि पुलकितकृपानिकेता २३
सती सुदशा शम्भुकै देखी। उर उपजा संदेह विशेखी २४
शंकर जगतवन्द्य जगदीशा। सुर नर मुनि सब नावहिं शीशा २५
ते नृपसुतहिं कीन्ह परणामा। कहि सच्चिदानंद परधामा २६
भये मगन छवि तासु विलोकी। अजहुँप्रीति उर रहत न रोकी २७
दो० ब्रह्म जो व्यापक विरज अज, निरगुण अकलअभेद।
सो कि देह धरि होइ नर, जाहि न जानत वेद २८

४९ श्रीविदेहात्मजाजीके वियोगविरहमें प्रभु चलेजात तेही समयमें शंभु जे शिवजी ते श्रीरघुनाथजीको विरहव्याकुल मार्ग आवत देखे स्वरूपके देखत ही दर्शन पाये कि हर्ष आनंद विशेष करिकै हृदयमें उपज्यो भाव रोमांच

कंठारोध अश्रुआदि प्रेमकी पुलकावली प्रसिद्ध देखानी २० छविको समुद्र छवि कही शोभा ताके नव अंगहैं यथा ॥ द्युति लावण्य स्वरूप स्वइ सुंदरता रमनीय । कांति मधुर मृदुता बहुरि, सुकुमारता गनीय ॥ ताको सिंधु यथा शरदचन्द्रकीसी झलक ताको द्युति कही सो सिंधु जलकी झलकहै मोती कैसो पानी ताको लावण्यता कही सो जलकी अमलताहै विना भूषणै जो भूषित सो स्वरूपताहै सोई तरंगैंहैं सर्वांग सुठौर बने ताको सुंदरता कही सो सिंधु की अपारताहै जो देखेपर अनदेखीसी देखाय ताको रमणीकता कही सो जलको स्वादहै सोनेकीसी ज्योति ताको कांति कही सो शीतलताहै मृदुता सुकुमारता दोऊ किनाराहैं जाको देखि तृप्ति न होइ सो माधुरी कहावै सोई छविसिंधु की अगाधताहै इत्यादि छविसिंधु प्रभुको शिवजी लोचन कहे नेत्रन भरि निहारे भाव उसीमें बूड़िगये पुनः प्रभुता गुप्तको प्रकट न कीनचाहिये इति कुसमय जानि चिन्हारी कहे निकट नमस्कार कुशल प्रश्नादि वार्ता नहीं कीन्ह २१ सत् कहे शुद्ध धर्मात्मा चित् कहे सबके चैतन्यकर्ता आनंदसमूह जिन की कीर्ति जगत् को पवित्र करत ऐसे सच्चिदानंद जगपावन प्रभुकी जय होय ॥ जयः शत्रुपराङ्मुखी कर्णेन लब्धस्योत्कर्षस्य इत्यमरविवेके ॥ शत्रुपराजयते बड़ाई ताको जय कही ऐसा कहि कामनाशक शिव चलते भये २२ हे भरद्वाज ! सतीसहित शिवजी मार्गमें चलेजाते हैं परंतु पुनि पुनि कहे बारंबार पुलकित अश्रु रोमांचादि प्रेमकी चेष्टा प्रसिद्ध है आवती है काहेते कृपा जो निर्हेतु जीवनकी रक्षा ताके निकेत हैं अर्थात् आपमें प्रेम दर्शाय श्रीरामरूपकी प्रेमी स्त्रीको भी बनावा चाहते हैं इति कृपाहै सो स्त्रीदेह अवगुणकी खानिहै सो भस्म ह्वै दूसरे जन्ममें शुद्ध ह्वै अधिकारी होइगी तब उपदेश दै प्रेम दृढ़ करेंगे यामें निदर्शनालंकार है२३ रोमांच अश्रु कंठारोधन विह्वलतादि सुंदर दशा शिवजीकै देखि सतीके उरमें विशेषकरिकै संदेह उपजा पदार्थमें अनिश्चय सो संदेह कही २४ क्या संदेह भया सो कहत कि सतीजी विचारती हैं कि शंकर तौ सब जगत् के वंद्य सबके वंदना करिबे योग्य हैं काहेते जगत्के ईश यथा ब्रह्मा उत्पन्नकर्ता विष्णु पालनकर्ता तथा शिव संहारकर्ता याते जगत् के ईश नाम स्वामी हैं ताते सुर इन्द्रादि स्वर्गवासी नर मृत्युलोकवासी मुनि लोकव्यवहाररहित पुनः सब कहिबेते असुर राक्षस नागादि सबै शिवजी को शीश नवावत२५ तेई शिवजी नृप दशरथके सुत कहे पुत्र ताको प्रणाम कीन्ह कौन भांति सच्चिदानंद परधाम साकेतनिवासी कहिकै अर्थात् परात्परूप मानिकै

प्रणाम करे २६ पुनः तासु कहे तिनकी छवि विलोकि नाम देखि मग्न भये अर्थात् राजकुमारके प्रेमसमुद्र में बूड़िगये काहेते जिनकी प्रीतिकी उमंग जो उठत सो उरमें रोकी नहीं रहत रोमअश्रु वचनद्वारा प्रकट ह्वै आवत ताते यह कैसी बातहै ताको जानना चाहिये ताहेतु तर्कणा करत २७ दोहार्थ ॥ जो ब्रह्महै सोई ये राजकुमार को विचारिये तौ यह संभवित नहीं क्योंकि जो ब्रह्म जगमें व्यापकहै सो तौ बिरज कहे रजोगुणमायारहित अजकहे जन्मरहित है निर्गुण कहे त्रिगुण मायाते परे अकल कहे कबहूं घटत बढ़त नहीं अभेद कहे सबको एकरस जानत ऐसा जो सच्चिदानंद ब्रह्महै जाहि वेद नहीं जानत सो कि देहधरि नरहोइ अर्थात् नरदेह नहीं धरत यह काकु कहावतहै २८॥

५० विष्णु जो सुरहित नरतनुधारी। स्वउ सर्वज्ञ यथा त्रिपुरारी २९
खोजहिं सोकि अज्ञ इव नारी। ज्ञानधाम श्रीपति असुरारी ३०
शंभुगिरा पुनि मृषा न होई। शिव सर्वज्ञ जान सबकोई ३१
अससंशय मन भयउ अपारा। होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा ३२
यद्यपि प्रकट न कह्यउ भवानी। हर अंतरयामी सब जानी ३३
सुनहु सती तव नारि स्वभाऊ। संशय अस न धरिय उर काऊ ३४
जासु कथा कुंभज ऋषि गाई। भक्ति जासु मैं मुनिहिं सुनाई ३५
स्वइ मम इष्टदेव रघुवीरा। सेवहिं जाहि सदा मुनि धीरा ३६

छं० मुनि धीर योगी सिद्ध संतत विमलमन ज्यहि ध्यावहीं।
कहि नेति निगमपुराण आगम जासु कीरति गावहीं ३७
स्वइराम व्यापक ब्रह्मभुवन निकायपति माया धनी।
अवतरेउ अपने भक्तहित निजतंत्र नित रघुकुलमनी ३८

सो० लाग न उर उपदेश, यदपि कहेउ शिव बार बहु।
बोले बिहँसि महेश, हरिमायाबल जानि जिय ३९

५० जो कहिये जगरक्षक विष्णु हैं सोई सुरन के हित खलन के वधार्थ नर को तनु धारण कीन्हेउहै ऐसा निश्चय करिये तौ सोऊ यथा त्रिपुरारि शिवजी सर्वज्ञ हैं ताही भांति विष्णुभी सर्वज्ञ कहे सब वस्तु भूत भविष्य वर्तमानके ज्ञ नाम जाननहारहैं २९ अज्ञ इव अज्ञानी पुरुष के समान सो विष्णु नारी को कैसे खोजत फिरते काहेते वे तो ज्ञानधाम हैं तहां अज्ञान

कैसे आइसकत पुनः श्री कहे लक्ष्मी के पतिहैं तिनको सदा संयोग वियोग होतही नहीं अरु दूसरी स्त्री पर क्यों मन लगावते तीसरे असुरनके अरि हैं तिनको देखि राक्षस आपही डरत तिनकी स्त्री राक्षस कैसे हरिलैजात ताते विष्णुभी नहीं हैं ३० पुनः सच्चिदानंद परधाम ऐसा कहि प्रणाम कीन्हे सो शंभु जो शिवजी तिनकी गिरा कहे वाणी त्रिकाल में सांची है सोऊ मृषा नाम भूंठ ह्वै नहीं सकत काहेते यह वेद पुराण गावत ताते सब संसार जानत कि शिवजी सर्वज्ञ हैं ३१ अस कहे पूर्वरीति अपार सिंधुसम संशय मनमें होत भयो अर्थात् श्रीरामरूपमें निश्चय न भई कि ये कौनहैं इत्यादि संशय करि महामोहरूप अंधकार ऐसा हृदयमें छाइगयो जो बुद्धिमें आवरण ह्वैगयो ताते शिववचनरूप जो दीपकहै त्यहिकरिकै सतीके उरमें प्रबोध कहे प्रकर्ष करि ज्ञान ताको प्रचार कहे विस्तार अर्थात् शिव उपदेश ते सती के उरमें ज्ञान प्रकाश नहीं होत ३२ भवानी जो सतीजी यद्यपि अपनी संशय उरमें गुप्तही राखे वाको हाल प्रसिद्धकरि शिवजीसों नहीं कहे काहेते पतिव्रता हैं याते पतिवचनको उल्लंघन जानि मुखते प्रकट नहीं करी परंतु हर महादेवजी सबके उरके जाननहार अंतर्यामीहैं ताते सब वृत्तान्त जानिकै आपही उत्तर देते हैं ३३ शिवजी बोले कि हे सती ! तुम्हारो नारिनको तौ यह स्वभावही है यथा ॥ साहस अनृत चपलता माया। भय अविवेक अशौच अदाया॥ सो अविवेकते यह संशय किहेउहै ता निवृत्तहेतु मेरे वचन सुन्यो जैसी तुम्हारे मनमें है ऐसी संशय काऊ कहे कबहूं भूलिहूकै न उरमें धरिये कदाचित् होय तो निकारि डारिये ३४ सोई विवेक दृढ़ताहेतु कहत कि जासु प्रभुकी कथा कुंभज अगस्त्यऋषि गाई वर्णन कीन्ही अरु जासु प्रभुकी भक्ति मैं मुनिको सुनाई भाव मुनि भी रामोपासकहैं ३५ जाकी कथा मुनि कह्यो जाकी भक्ति मैं कहेउँ सोई पररूप साकेतविहारी मेरे इष्टदेव दशरथनंदन रघुवंशमें श्रेष्ठ वीर येई हैं जाहिको धैर्यवान् प्रसिद्ध पूजा जपादि करि अरु मुनि मननशील मानसी करि जाके पद सदा सेवते हैं ३६ छंदार्थ॥ मुनि मननशील सनकादि धीर प्रसिद्धपूजा जप करने वाले यथा अगस्त्यबाधी बुद्धिरप्रकाशबुद्धि रामयशप्रकाशक यथा वाल्मीकि योगी पातंजलि सिद्ध लोमशादि जिनको संतत नाम सदा विमल मन करिकै ध्यावत ध्यान स्मरणादि करत निगम सामादि वेद पुराण पद्मादि आगम शास्त्रादि सदा जाकी अमल कीर्त्ति गावत अरु नेति कहे इति नहीं करत ३७ पुनः कारण कार्य रूप जो माया जाते सब रचना होत ताके धनी आज्ञा देनहारहैं पुनः माया-

रचित जो भुवन तिनमें व्यापक ब्रह्म जाते सब चैतन्य है ता ब्रह्मसहित निकाय नाम अनेक जो भुवन हैं तिनके पति हैं इहां बहुत भुवन कहिबेते यह सूचित करत कि ब्रह्मांड में चौदह भुवनहैं तिनप्रति पालन हेतु विष्णु महाविष्णु नारायणादि जो सगुणरूप हैं पुनः प्रकाशकर्ता व्यापक अंतरात्मा जो ब्रह्म तहां अनेकन ब्रह्मांडहैं तिन प्रति अगुण सगुणरूपहैं तिन सबके पति हैं यथा सूर्य तथा प्रभुहैं यथा घाम तथा प्रभुको तेज सबमें व्यापक सोई ब्रह्महै अरु विष्णुआदि यावत् रूपहैं ते प्रभुके अंश कलाहैं तहां सगुण अगुणरूप को माहात्म्य सतीकी तर्कणा में है सोई कहत कि जिन रूपन को तुम महत्त्व माने तिनहूंके पति साकेतविहारी श्रीरामरूप हैं सोई ये राजकुमारहैं जो कहौ इहां क्यों आये सो कहत कि अपने भक्त जो मनु सतरूपा हैं तिनके पुत्र होनेहित भूतलमें अवतीर्ण भये सोई रघुकुलमणिहैं जो नित्यही स्वतंत्रहैं परतंत्र कबहूं नहीं ३८ सोरठार्थ ॥ इत्यादि परत्व दै दै यद्यपि बहुत बार शिवजी राजकुमारको परात्पर करिकै कहे ताहूपर उपदेश नहीं लागत तब शिवजीके मनमें संदेह भयो कि एकतौ पतिव्रता स्वाभाविक पतिको उपदेश मानती हैं पुनः मेरा कृपामय उपदेश ये दोऊ सबल हैं तिनको बाधा करनेवाला ऐसा सबल कौनहै तब विचारिकै जियमें जानि लिये कि हरिकी मायाको बल है अर्थात् प्रभुकी माया इनमें व्यापी सो विना दण्ड दिहे काहे को छांड़ी ऐसा जानि बिहँसिकै बोले भाव जो हमारे कहे नहीं समुझती हौ तो याको फल भोगो ३९ ॥

५१ जो तुम्हरेमन अति संदेहू । तौ किन जाइ परीक्षा लेहू ४०
तबलगि बैठ अहौं वटछांहीं । जबलगि तुम ऐहहुम्वहिंपाहीं ४१
जैसे जाय मोहभ्रम भारी । करेहु सोयतन विवेकविचारी ४२
चलीं सती शिव आयसु पाई । करैं विचार करौं का भाई ४३
इहां शंभु मन अस अनुमाना । दक्षसुता कर नहिं कल्याना ४४
मोरेहु कहे न संशय जाहीं । विधिविपरीत भलाई नाहीं ४५
होई सोइ जो राम रचिराखा । को करि तर्क बढ़ावै शाखा ४६
असकहि जपनलगे हरिनामा । गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा ४७

दो० पुनि पुनि हृदय विचारकरि, धरि सीताकर रूप ।
आगे ह्वै चलि पंथ त्यहि, ज्यहि आवत नर भूप ४८

५१शिवजी बोले कि जो तुम्हारे मनमें अत्यंत संदेह है भाव मेरे कहेते परात्पर रूप की निश्चय नहीं करतीहौ केवल राजपुत्रै मानतीहौ तौ जायकै परीक्षा काहे नहीं लैलेतिउ तहां प्रवृत्तिमार्ग में तौ ये वचन अनादरणीय हैं यथा अपने संबंधी को कोऊ अग्निमें ढकेलिदेवै सो तौ आगे प्रसिद्धै है पुनः निवृत्तिमार्गमें यह भी एक उपदेश है अर्थात् भाव कुभाव जैसेही जीव भगवत् के सन्मुख होइ तैसेन सन्मुख करै याते पठाइ दिये ४० कृष्णनवमी फाल्गुन मासते किंचित् घाम होइ लागत ताते शिवजी कहे कि तब तक मैं वटवृक्षकी छांहीं में बैठहौं जबलगि परीक्षा लैकै लौटिकै तुम मोहिं पासको अइहौ भाव शीघ्रता न मान्यो स्थिरताते प्रयोजन साध्यो ४१ काहेते तुम्हारे उरमें मोहको अंधकार छायो ताते बुद्धिमें बड़ा भारी भ्रम भयो सो जैसे जाय जौन उपायते भ्रम मिटिजाय सोई यत्न चातुरीक्रिया सोऊ विवेकते सत् असत् विचारि जो सत् यत्न होय सो करेहु ४२ परपुरुष दर्शन संभाषण एकांत में पतिव्रतनको अयोग्य ताते शिवको आयसु पाइ तब सतीजी चलतीभई तहां विचारिकर मनसों कहती हैं कि हे भाई! कहौ कौन यत्न देहते करौं वे राजकुमार युवा अवस्थाते भाई तुल्यहैं तिनसों कौन यत्न करौं तौ परीक्षा मिलै ४३ इहां शंभु महादेवजी मनमें ऐसा अनुमाना विचारपूर्वक न्यायकरि निश्चय करलिया कि दक्षपुत्रीको कल्याण नहीं है काहेते निश्छल जीव प्रभुके सन्मुख जाय तौ उसी देहमें कल्याण होय अरु सती तौ छलसहित जाती सो छलमय देहको प्रभु नाशकरि तब दूसरी देहमें कल्याण करत ताते दक्षसुता कर प्रसिद्ध जो देह ताकर कल्याण ताते जब यह देह त्यागकरि दूसरी देह धरैंगी तब कल्याण होइगो भाव रामरूप में बोध होइगो ४४ हे भरद्वाज! शिवजी यह विचारत कि एकतौ पतिव्रता ताहू में मेरा कहा उपदेश ताको सुनि जो संशय नहीं जात याते निश्चय विधि विपरीत है कुभाग्य उदयहै याते इस समय भलाई न होइगी अथवा छलरूप विपरीत विधिते प्रभुके सन्मुख गईं याते यहि देहमें भलाई नहीं है ४५ ताते वार्ता कहि कहि तर्कणारूप शाखा बढ़ाय कौन संदेहरूप वृक्ष पूर्ण करै ताते जो सनातन मर्यादा श्रीरघुनाथजी रचि राखा है कि प्रभुके सन्मुख जीवको कल्याण निश्चय होत तहां शुद्ध होतीं तौ इसी देहमें कल्याण होत अब छलसहित गईं तौ दूसरी देहमें कल्याण होवै करी इति निश्चय करि चित्त थिर करि लिये ४६ अस पूर्वरीति कहिकै श्रीरामनाम जपन लगे नाम जपने को यह भाव कि सतीरूप में तौ हरिमाया व्यापिगई सो हमारी वामांगीहैं

कदापि हमारेभी न चोट आइ जाइ इति रक्षाहेतु प्रभुनाम की कवच धारण करे सोई स्वप्नमें विश्वामित्रको दिये जो रामरक्षा करि प्रसिद्धहै पुनः जहां सुखधाम प्रभुहैं भाव जिनके हर्ष विस्मयको लेश नहीं सदा एकरस आनंद ता प्रभुढिग सती जी गई ४७ बारंबार विचार करि यही निश्चय करी कि जिनके वियोगविरहमें व्याकुल हैं सोई रूप दर्शाइये तौ स्वाभाविक परीक्षा मिलिजाय ऐसा विचारि श्रीसीतारूप धरि आगे ह्वै चलीं ज्यहि मार्गमें नरभूपरूप प्रभु आवतहैं ४८॥

५२ लक्ष्मण दीख सती कृतवेषा। चकितभये भ्रम हृदय विशेषा ४९
कहि न सकत कछु अतिगंभीरा। प्रभुप्रभाव जानत मतिधीरा ५०
सतीकपट जानेउ सुरस्वामी। समदर्शी सब अंतरयामी ५१
सुमिरत जाहि मिटै अज्ञाना। स्वइ सर्वज्ञ राम भगवाना ५२
सती कीन्ह चह तहा दुराऊ। देखहु नारिस्वभाव प्रभाऊ ५३
निज मायाबल हृदय बखानी। बोले बिहँसि राम मृदु बानी ५४
जोरिपाणि प्रभु कीन्ह प्रणामा। पितासमेत लीन्हनिजनामा ५५
कहेउ बहोरि कहां वृषकेतू। विपिनअकेलिफिरौक्यहिहेतू ५६
दो० रामवचन मृदु गूढ़ सुनि, उपजा अतिसंकोच।
सती सभीत महेशपहँ, चलीं हृदय बड़शोच ५७

५२ तहां लक्ष्मणजी प्रभुकी सेवा में सदा सजग रहत ते सर्वत्र दृष्टि राखते हैं सो शिव सती को साथ देखे पुनः अकेले आवत देखे पुनः जब सीतारूप धरि चलीं तब देखे इत्यादि सती को चरित देखि चित चकित भयो कि सतीजी क्या कीनचाहतीं सो कुछ न निश्चय भयो ताते हृदयमें बुद्धि भ्रमित भई विशेषिकै ४९ तहां हलकी प्रकृति होती तौ प्रसिद्ध करिदेते लक्ष्मणजी तौ अत्यंत गंभीर हैं जिनकी बुद्धिकी रचना कोऊ जानि न सकै ताते कुछ कहि नहीं सकत काहेते प्रभु को प्रभाव जानते हैं कि प्रभुतौ अन्तर्यामी सर्वज्ञ हैं सो कुछ अद्भुत लीला कीन चाहते हैं ताते प्रेरणा करि सतीकी बुद्धि भ्रमित करिदई है ऐसा जानि कुछ न बोले काहेते मतिके धैर्यवान् हैं ५० सती भी ईश्वरी शक्तिहैं ताते इनकीभी माया औरके जानिबे योग्य नहींहै परन्तु प्रभु तौ ब्रह्मादि त्रिदेवनके स्वामीहैं सो सतीको कपट जानि गये क्योंकि समदर्शी सबमें आत्मरूप व्याप्तहैं अरु सबके अंतरकी जानने

वालेहैं ५१ जिन प्रभुको नाम सुमिरतसंते प्राकृत जीवनको अज्ञान मिटिजात शुद्ध ह्वै जात पुनः सर्वज्ञ अर्थात् जीवनते ब्रह्मापर्यंत सबकी गति जानत अरु उनकी गति कोऊ नहीं जानत अर्थात् परब्रह्म सबके प्रकाशक प्रकाशी श्रीराम भगवान् कहे षट् ऐश्वर्य युक्त हैं यथा महारामायणे ॥ ऐश्वर्येण च धर्मेण यशसा च श्रियैवच। वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संयातो भगवान् हरिः॥ इति षट् ऐश्वर्य तहां अनेक ब्रह्माण्ड जाके सो ऐश्वर्य सत्य, शौच, दया, दान परिपूर्ण सो धर्म अधर्मिनको दण्ड धर्म रक्षादि भुजबलकी प्रशंसा सो यश है कोटिअग्निवत् तेज कोटि रविवत् प्रताप कोटिकामवत् शोभा लक्ष्मी आज्ञा में सो श्रीहै विषयते विरक्त सो वैराग्य सर्व मुक्ति देवेकी सामर्थ्य सो मोक्ष इत्यादि अंश कला भगवान्में होत श्रीराम तौ स्वयं भगवान् हैं महारामायणे ॥ पोषणं भरणाधारं शरण्यं सर्वव्यापकम्। कारुण्यषड्भिः पूर्णोरामस्तु भगवान् स्वयम् ५२ ब्रह्मा विष्णु शिवादि जिनकी गति नहीं जानत सबके प्रेरक परब्रह्म श्रीरामरूप तहां सतीजी दुराव कहे छलकरि परीक्षा लै कुशल चाहतीहैं यह नारिस्वभावको प्रभाव देखौ देवशक्तिन में इतनी अज्ञानता तौ साधारण स्त्रिनको कौन कहै याते विवेकी इनकी विश्वास भूलि न करैं ५३ पतिव्रता शैवीशक्ति वेदतत्त्वज्ञाता शिवकी प्रिया ऐसी सतीको तुमने बौराय दिया ऐसी वरजोरता तुममें इत्यादि निज कहे आपनी अविद्या माया को बल हृदय में बखान करि श्रीरघुनाथजी बिहँसिकै भाव पतिव्रताह्वै परस्त्री होनेकी इच्छा करि मेरे ढिग आई सो मैंतो एकनारीव्रतहौं ताते यह तुम्हारा मनोरथ वृथा है इत्यादि हँसे पुनः शीलसिंधुहैं याते मृदुवाणी बोले ५४ शिव रघुवंशमें पूज्य तिनकी स्त्री याते मातातुल्य मानि प्रभु हाथजोरि प्रणाम कीन्हे पुनः पितासमेत निज आपनो नाम लीन्ह अर्थात् अयोध्याधिपति रघुकुलमणि दशरथ महाराजके पुत्रहैं राम हमारो नामहै यामें गूढ़ आशय यह कि जो अगस्त्यजी कथा सुनाये मनु सतरूपा को वृत्तांत सोई मनु दशरथ भये तिनके पुत्र हम सोई रामहैं लोकोद्धारहेतु ऐश्वर्य गुप्त करि सबको सुलभप्राप्त्यर्थ नरवत् लीला करते हैं ५५ प्रथम आपनो स्वरूप लक्षित कराय बहुरि कहेउ कि वृषकेतु कहांहैं तुम अकेली क्यहिके हेतु वनमें फिरौ अर्थात् वृष नाम धर्म ताके पताका शिव तिनकी धर्मपत्नी हैं शिवको कहां त्यागे जो अधर्म धारणाकरी काहेते सप्तपदीमें लिखा है॥ उद्याने मद्यपाने च राजद्वारे पितागृहे। आज्ञाभङ्गो न कर्तव्यो वरं यातुवरांगणा ॥ सो स्वाभाविक तुम त्यागे काहेते वनमें अकेले पुनः हम राजकुमार तिनके ढिग पुनः स्त्रीवियोग काम-

मदयुक्त पुनः पितुधाम दक्षायनी रूप त्यागे अब क्यहि उपपति हेतु क्रिया-चातुरी करि स्वयंदूती बनी क्रियाविदग्धारूप धारणकरी हमारेहेतु सो इहां तुम्हारा काम नहीं हम परकीया गाहक नहीं ताते फिरौ अर्थात् पतिकोतौ तुम आपही त्यागी अरु हम ग्रहण न करैंगे तुम काहूदिशिकी नहीं भई अब तुम अकेलिही रहौगी तामें इतनी कसरिहै कि तुम्हारे अंतःकरणमें व्यभिचार नहीं है सब ऊपरहीकी रचना है ताते इसी देह में यह बात रहैगी जब यह देहभस्म करि दूसरी देह धरि तपस्या करौगी तब तुमको फिर शिवजी ग्रहण करैंगे ५६ इत्यादि गूढ़ अभिप्राय सहित श्रीरघुनाथजीके मृदुवचन सुनि सब समुझि गई प्रभुके वचनको उत्तर नहीं बनो ताहेतु यथार्थ मानि उरमें संकोच उपजा अर्थात् मैं यह क्या किया जो निरुत्तर भई अर्थात् परीक्षामात्र मैं सीतारूप धरी तामें व्यभिचार सूचित करत सोई यथार्थहू न जानत यह विचारि अत्यंत संकोच भयो पुनः सती सभीत डरसहित शिवके पासको चलीं डरबेको यह भाव कि पति ग्रहण करै वा न ग्रहण करै तौ यथार्थही पतिव्रत भंग भयो इत्यादि बड़ा भारी शोच हृदयमें भयो ५७ ॥

५३ मैं शंकरकर कहा न माना । निज अज्ञान रामपर आना ५८
जाइ उतर अब देहौं काहा । उर उपजा अतिदारुण दाहा ५९
जाना राम सती दुख पावा । निजप्रभाव कछु प्रकट जनावा ६०
सती दीख कौतुक मगजाता । आगे राम सहित सिय भ्राता ६१
फिरि चितवा पाछे प्रभुदेखा । सहित बंधु सिय सुन्दरवेखा ६२
जहँ देखहिं तहँ प्रभु आसीना । सेवहिं सिद्ध मुनीश प्रवीना ६३
देखे शिव विधि विष्णु अनेका । अमितप्रभाव एकते एका ६४
वंदत चरण करत प्रभुसेवा । विविध वेष देखे सब देवा ६५

दो० सती विधात्री इंदिरा, देखी अमित अनूप ।
ज्यहिज्यहि वेष अजादि सुर, त्यहित्यहि तनु अनुरूप ६६

५३ अब शोचमें जो तर्कणा करती हैं सो कहत शं कल्याण ताकर करनहार जो साधारण जीवन को कल्याण करत ऐसे दयालुरूप शंकर कर कहा अर्थात् सच्चिदानंद परब्रह्म मेरे इष्ट येई राजकुमार हैं इत्यादि इष्टरूप लखावना कृपामय उपदेश ताको मैं नहीं माना एक तौ पतिको वचन दूसरे हितोपदेश ताको अनादर सो तौ इधर महाअपराध किया पुनः उधर निज

अपना रचा हुआ अज्ञान अर्थात् पतिव्रता तौ ईश्वरत्व आपने पतिन में देखती हैं सो साक्षात् शिव वर्तमान तिनमें ईश्वरत्व त्यागि आपने अज्ञानते रामपर अर्थात् परपति रामरूपमें ईश्वरत्व आना ताते परीक्षा करनेलगी यही अज्ञानता है नतरु हमको तौ शिवजीमें ईश्वरत्व देखना रहै उनके जाननेकी हमको क्या जरूर है चहै राजकुमार होइँ चहै परब्रह्म होइँ जो शिवजीकी आज्ञा होत सोई अंगीकार करना रहै अथवा सच्चिदानंदरूप कहे सो वचन शिवजीको मैं न माना तहां भागवतनको उपदेशको अनादर यही आपनी अज्ञानता सोई श्रीरामरूप में सूचित किया अर्थात् ये राजकुमार ही हैं परब्रह्म नहींहैं जो ज्ञान होता तौ शिवजी को वचन न मानती ५८ इहां श्रीरघुनाथजीसों तौ निरुत्तर ह्वै कै आई हौं अरु शिवजी तौ अंतर्यामीहैं समग्र हाल जानिगये होइँगे ते जो पूँछैंगे कि श्रीसीतारूप धरि अकेले वनमें क्यों राजकुमार के ढिग गई तौ हाय दई इस बातको कौन उत्तर जाइ देउँगी सो उत्तर कुछ बनि न परा तौ निश्चय मेरा पतिव्रत भंग भया इत्यादि दारुण भयंकर शोक देखाना प्राणघातक ताके भयकरिकै उरमें अत्यंत दाह उपजा ५९ श्रीरघुनाथजी जाना कि आपने अज्ञानजनित कर्महीं विचारि सतीजी आपही दुःख पावा ताते दया आइ गई सो मायाको प्रभाव रोंकिदिया सतीके बोधहेतु कुछ थोरा आपनो प्रभाव जो गुप्त किहेरहैं सो प्रकटकरि जनाय दिया जामें शिवजीके वचनन में विश्वास आइजाय तहां सतीको छल प्रकट कहिदेबेमें सर्वज्ञत्वको तौ बोध भया तहां विष्णुरूप न मानिलेवैं याते त्रिदेवसेवित रामरूपको प्रभाव देखावत ६० जब शिवके समीपको चलीजातीं तहां मार्ग में सतीजी कौतुक कहे अद्भुत लीला देखतीभई क्या देखा कि श्रीजानकी लक्ष्मणजी सहित दिव्य भूषण वसन धारणकिहे प्रसन्नमुख आगे श्रीरघुनाथजी चलेजातेहैं तब संदेह किया कि येतौ पाछे रहैं आगे कब आइगये ६१ तब पीछे फिरिकै सतीजी चितवा तब पीछेभी प्रभुको देखा कौनभांति रूप देखे सहितबंधु सब भाइन सहित जानकीजी सहित सुंदर वेष किहे कवित्त ॥ चण्डमारतण्ड क्रीटकुंडल करणाश्रित बृतगण्डमण्डलविलास भानुभोरको । विस्तृत प्रकाशपुंज सजलघटासों तन बिज्जुलछटासपट पीतजरकोरको ॥ द्रुतअलकावली श्रितानन शरदचंद बैजनाथ विदित सुयश चितचोरको । हेरे सब रूप ऐसो दूसरो न रूप जैसो हेरे मैं अनूप रूप कोशलकिशोरको १ सघन नक्षत्रनभतन श्यामहीरहार छहरिछटासी ज्योति पटपीतवोरको । दीपत

प्रताप व्योम विदिशि दिशान क्षिति मण्डित मुकुटमौलि माणिक अथोरको॥ कुण्डल मकर गण्डमण्डित कचाननपै पूरित सभ्रमद्भुत द्विजनतमोरको। हेरे सबरूप ऐसो दूसरो न रूप जैसो हेरे में अनूपरूप कोशलकिशोरको २ सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले हैमे महामण्डपे मध्ये पुष्पमयासने मणिमये वीरासने संस्थितम्। अग्रे वाचयति प्रभञ्जनसुते तत्त्वं च सद्भिः परं व्याख्यातं भरतादिभिः परिवृतं रामं भजे श्यामलम्॥ इत्यादि दिव्य वेषते प्रसन्नरूप ६२ पुनः जहां देखत तहैं प्रभु आसीन नाम विराजमान कौनभांति यथा॥ देखत दिव्य अयोध्याधाम। वन सरि सर वापी अभिराम॥ तरु फल फूल दिव्य खग पावत। कमल विपुलरँग पर अलि गावत॥ कंचन भूमिमणिन चित्राम। फटिकभीति कहुँ कंचनधाम॥ चारि चहूंदिशि गोपुर लसै। मुक्ति तहां प्रतिहारी बसै॥ हाट बाट बहुरत्न भँडार। विविध विमानरु मणिप्राकार॥ दिव्य नारि नर प्रभु दिय सूरति। जनु सियराम कृपाकी मूरति॥ पुरमधि यक मणि कंचनधाम। कल्पवृक्ष छायाअभिराम॥ सुभग वेदिका रत्नसिंहासन। अष्टकमलदल पर शुभआसन॥ रवि शशि अनल सुमुद्रा भ्राजै। तापर सिय सियकंत विराजै॥ श्याम गौर तन पीत नीलपट। जगमग मुकुट चंद्रिकाताटट॥ युगल चंद्र पूरण मुख अलकैं। मेचक कुटिल कपोलन झलकैं॥ कुंडलवीरस बेंदा भालहि। तिलक समृगमदबिंदु रसालहि॥ वड़बड़ नैन सुनासा मोती। बेसरि वामकि दामिनि ज्योती॥ युगलकंठ मोती मणिमाल। भूषणयुत सजि भुजा मृणाल॥ वक्षोदरनाभी सुखधाम। सूक्ष्मसुकटि पट अति अभिराम॥ जानु रंभपदकंज उदार। सजत बजत भूषण नगदार॥ चमरहाथ लक्ष्मणदहिनासन। व्यजनहाथ वामे रिपुनाशन॥ पीछे भरत छत्रकर धारे। सन्मुख पवनज सुयश उचारे॥ इत्यादि जहां सती देखतीहैं तहांही प्रभु विराजमान हैं पुनः लोमशादि सिद्धजन पुनः सनकादि नारदादि मुनीश्वर पुनः वाल्मीक्यादि जे बुद्धिप्रवीण हैं ते सब सेवाकरतेहैं यथा सुन्दरी तन्त्रे जानक्युवाच जनकं प्रति॥ अयोध्यान्तःपुरे रम्ये सरयूतीरमाश्रिते। अशोकवनिकामध्ये सुरद्रुमलताश्रये॥ चिन्तामणिमहापीठे लसत्काञ्चनभूतले। कल्पवृक्षतले रम्ये रत्नगृह निषेविते॥ सुवर्णवेदिकामध्ये रत्नसिंहासनं शुभम्। तन्मध्ये च महापद्मं रत्नजालैःसुवेष्टितम्॥ तन्मध्ये कर्णिका दिव्यं वह्निगृहविभूषितम्। तन्मध्ये चिन्तयेद्देवमिन्द्रनीलमणिप्रभम्॥ पीताम्बरं महोल्लासं तेजपुञ्जघनावृतम्। द्विभुजं मधुरंस्निग्धं कृपापाङ्गविमोक्षणम्॥ वीरासने समासीनं श्रीरामं पर-

माद्भुतम् । सेव्यं जानुनि हस्ताब्जं सांख्यमुद्राविराजितम् ॥ व्याख्याननिरतं सम्यक ज्ञानमुद्रोपशोभितम् । मुकुटोज्ज्वलदिव्याङ्गं लसत्कुण्डलमण्डितम् ॥ नासावतंसमुक्ताढ्यं लसद्वदनपङ्कजम् ।श्रीवत्सकौस्तुभोरस्कं मुक्तादामसुकण्ठकम् ॥ रत्नकङ्कणकेयूरं मुद्रिकाभिरलंकृतम् । यज्ञसूत्राभिलसितं कटिसूत्रानुरञ्जितम ॥रत्नमञ्जीररम्याङ्घ्रिं ब्रह्मेशं विष्णुसेवितम् ।कामपूर्णं कामवरं कामास्पदमनोहरम् ॥ कन्दर्पकोटिलावण्यं रमणीमनमोहनम्। देवदानवगन्धर्वैर्यक्षराक्षसकिन्नरैः ॥ पक्षीन्द्रैः गरुडाद्यैश्च पन्नगैस्तक्षकादिभिः । विश्वावसुस्तुम्बुराद्यैर्वशिष्ठाद्यैर्द्विजोत्तमैः ॥ विद्याधरसुराधीशैरिन्द्राद्यैरप्सरोगणैः । निगमैश्चोपवेदैश्च सर्वविद्यासमन्वितैः ॥ वैकुण्ठनिलयैर्दासैस्तद्रूपबलविक्रमैः। निजदेहसमुद्भूतैः सुग्रीवाद्यैश्च पार्षदैः ॥ सेव्यमानं परब्रह्मैः सर्वशक्तिसमन्वितैः। दिव्यायुधसुसम्पन्नं दिव्याभरणभूषितम्॥ स्वप्रकाशं चिदानन्दं चिन्मयानन्दविग्रहम्। अणिमादिकपद्मादिदिग्गजादिनिषेवितम् ॥ ज्ञानवैराग्य धर्मादिविमलादिसुबृंहितम् । वामपार्श्वे धनुर्दिव्यं दक्षिणे तु शरस्तथा॥ वामकोणे समासीनामारक्तोत्पलधारिणीम् ॥ दक्षकोणे तथा देवं लक्ष्मणं धृतछत्रकम्। तथा भरतशत्रुघ्नौ तालवृत्तकरावुभौ ॥रामाग्रे हनुमान्वीरो वाचयन्तः सुपुस्तकम् । तत्त्वं निरूपणं व्याख्याकर्तारो रावणानुजः इत्यादि ऐश्वर्य सहित प्रभुको रूप सतीजी को सर्वत्र देखिपरत ६३ पुनः सतीजी अनेकन शिव देखे तिनमें एकते एक पंचमुख दशमुखादि तिनमें अमितप्रभाव पुनः चतुर्मुख अष्टमुखादि अमित प्रभावके अनेकन ब्रह्मा देखे पुनः चतुर्भुज अष्टभुजादि अमितप्रभावके एकते एक अधिक अनेकन विष्णु देखे तिनके वाहन, भूषण, पार्षदादि अनेकन भांतिके साथ ६४ पुनः यावत् देवता ते अनेकनरूप अनेकनवेष किहेते ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि यावत् देवता ते सब श्रीरघुनाथजी की वंदना पांवनकी अरु सेवा करिरहेहैं इसी अवतारमें देवनके मानभंगहेतु लंका जीते पर ऐसेही प्रभाव प्रभु प्रकट करेहैं यथा सिद्धान्ततत्त्वदीपिकायाम् ॥ स्कन्धमाहिं विस्तरहै एहु । सो संक्षिप्तकहौं सुनिलेहु ॥ विश्वरूप तब प्रभु दरशायो । देखत तिन सुमहा भय पायो ॥ प्रभुके रोमरोम महँ न्यारे । कोटिकोटि ब्रह्माण्ड निहारे ॥ विधिहू तिनमहँ बहुतक देखे । चतुर्मुखरु शत मुखलौं पेखे ॥ तैसेइ शिवस्वरूप तहँ घने । पंचवक्त्र बहुवक्त्र सुवने ॥ नानाकृत वाहन तहँ सोहैं । प्रकट जु हंस वृषभ तहँ कोहैं ॥ विष्णु देखिये नानारूप । चतुर्बाहु बहुबाहु अनूप ॥ तेते गरुड़ लसैं तिनपाहीं । बहुआकृत बरणे नहिं जाहीं ॥ तिनको तेज परत नहिं सह्यो । वहौ गरुड़ चक्रित ह्वैरह्यो ॥

बहुत रूप इंद्रहु तहँ लसे। जगस्थान सुरपतिको हँसे॥ अगिनि रविरु शशि वरुण कुबेर। बहुतरूप यमनैरितितेर॥ प्रभु को देखि तेजते बढ़्यो। कहत कि चहत जगतको डढ़्यो॥ अबहीं तौ न जगत संहरिहैं। बिनहीं समय प्रलय क्यों करिहैं॥ शिव कह यह आयसु म्वहिं दीन्ही। अबहीं क्यों आपहि रिस कीन्ही॥ भयव्याकुल सुभये सुर सबै। अरु नर थिर चर त्रिभुवन तबै॥ बड़बड़ सुर तब तिहिभय पगे। प्रभुकी अस्तुति करन ते लगे॥ अस्तव विष्णु सुतिनमहँ गायो। निजआराधन सुरन सिखायो॥ विधिसों विधिहु विनय जो करी। अगजगरक्षाहित जनु चरी॥ अस्तव सदाशिवहु पुनि कीनी। हियके प्रेमभक्ति रसभीनी॥ सुरपति सुरनि बहुरि वह कीय। प्रभुके तेजभयभरे हीय॥ व्याकुल भये सुधि न कछु गहे। त्राहि रक्ष दासनि सब कहे॥ सुरगण भीत भये प्रभु झांक्यो। तब तिनतेज कृपाकरि ढांक्यो॥ सोई प्रभाव सतीजीको देखाये ६५ पुनः अज कहे ब्रह्मादि यावत् देवता जौने जौने वेषते हैं तिनहींकी देहकी अनुरूप अर्थात् जैसे शिवके अनेक रूप ताही अनुकूल सती अनेकनरूप पुनः जैसे ब्रह्माके अनेकन रूप तैसे सरस्वती के अनेकन रूप यथा विष्णुके अनेकन रूप तथा इंदिरा कहे लक्ष्मी के अनेकन रूप ते सब अनूप जिनकी उपमा नहीं ते सब जानकीजीकी सेवा करिरहीं इत्यादि सतीजी देखे ६६॥

५४ देखे जहँतहँ रघुपति जेते। शक्तिनसहित सकल सुर तेते ६७
जीव चराचर जे संसारा। देखे सकल अनेक प्रकारा ६८
पूजहिं प्रभुहि देव बहुबेखा। रामरूप दूसर नहिं देखा ६९
अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीतासहित न वेष घनेरे ७०
स्वइ रघुवर स्वइ लक्ष्मण सीता। देखि सती अति भई सभीता ७१
हृदयकम्प तनु सुधि कछु नाहीं। नयन मूंदि बैठीं मगमाहीं ७२
बहुरि विलोकेउ नयन उघारी। कछु न दीख तहँ दक्षकुमारी ७३
पुनिपुनि नाय रामपदशीशा। चलीं तहां जहँ रहे गिरीशा ७४

दो० गईं समीप महेश तब, हँसि पूछी कुशलात।
लीन्ह परीक्षा कौनविधि, कहहु सत्य सब बात ७५

५४ परम प्रकाशमय रूप प्रभु को सतीजी की दृष्टि में समायगयो याते अथवा सर्वत्र व्याप्त है ताते दिशा विदिशा स्वर्ग पाताल जहां सतीजी देखती

हैं तहां रामरूपही देखात पुनः जहां श्रीरघुपति को रूप देखे तहां तहां शक्तिनसहित सकल ब्रह्मादि देवता भी देखे भाव यथा प्रथम देखे तैसेही सर्वत्र देखात ६७ पुनः जे संसारमें देव, नर, नाग, पशु, पक्षी, कृमि, कीटादि जे देहधारी चर जीवहैं जे चलते फिरतेहैं पुनः वृक्ष, गुल्म, लता, तृणादि जे अचर जीवहैं ते सकल अनेकप्रकारके अर्थात् और और आकृत के अनेक देखे यह काकभुशुण्डिरामायणमें कल्पकल्पमें और और किस्मके नरादि वर्णनहैं इत्यादि सब प्रभु की सेवा में लागेहैं ६८ पुनः देवता भी अनेकनते बहुत वेषते प्रभुकी सेवा करतेहैं अर्थात् उनके रूप वेष न्यारे न्यारे हैं परन्तु श्रीरघुनाथजी के अनेकन स्वरूप देखे तिनमें श्रीरामरूप दूसरा नहीं देखे अर्थात् यथा श्यामस्वरूप किरीट कुण्डलादि भूषण अंगअंगमें धारण पीत पट विराजत धनुषबाण कटि में तरकस इत्यादि आकृत वेष एकही दूसरा नहीं अरु देवादिकनमें आकृत वेष न्यारे न्यारे भाव सब परतंत्र हैं प्रभु स्वतंत्र हैं यामें रामरूप एकही कहे सो अद्वैतमतको बोध है ६९ रघुपति दशरथनंदन रघुनाथजी के बहुतेरे रूप अवलोके नाम देखे ते सब सीता सहित अरु एकही वेष घनेरे नाम बहुत वेष नहीं कौन वेषते सतीजी देखती हैं यथा रामतापिन्याम् ॥ प्रकृत्या सहितः श्यामः पीतवासः प्रभाकरः। द्विभुजः कुण्डली रत्नमाली धीरो धनुर्धरः ॥ देही देहविभागः स्यात्सच्चिदानन्दविग्रहः ॥ यामें दोऊ रूप नित्यअखण्ड सच्चिदानन्द एकरस आनंदमूर्ति सर्वोपरि कहि द्वैतमतको बोध करे ७० पुनः सोई दशरथनंदन रघुवररूप शुद्ध परब्रह्म सच्चिदानन्द पुनः सोई लक्ष्मणजी शुद्धसत्त्वमय दिव्य जीवतत्त्व नित्य पुनः सोई सीता एकरस भक्तितत्त्व जो सदा जीवनमें प्रभुको संबंध मिलावत इत्यादि अगुण सगुणते पर ब्रह्मा, विष्णु, शिवादिकन के पूज्य श्रीरामरूप जानि तिनको अद्भुत प्रभाव देखि पुनः उहां तौ सर्वज्ञ पतिको वचन त्यागिआईं इधर परीक्षा हेतु प्रभुको अपमान इति महाअपराध ताको फल क्या होयगा ऐसा विचारि सतीजी अत्यंत सभीत भईं डरिउठीं यामें तीनि रूप कहि विशिष्टाद्वैत बोध करे ७१ भयाग्निकी जो ज्वाला उठी सो सर्वांगमें ताप सी चढिगई हृदय कांपि उठ्यो देह विवरण ह्वैगई मूर्च्छावश देहसँभारकी सुधि भूलिगई अंगमें प्रस्वेद आइगयो इति व्याधिदशाते नयन मूंदि मार्गहीमें बैठिगई भाव मार्ग छोड़ि अलग बैठने की सँभार न रही यह व्याधिदशा कहावत यथा ॥ अंगवरणविवरण जहां, अतिऊंचे ऊसास। नयन नीर परिताप बहु, व्याधि सुकेशवदास ७२

जब देहकी सुधि न रही तब भयाग्नि ज्वालाभी शांत परी तब देहमें चैतन्यता आई ताते नयन उघारि सतीजी बहुरि विलोके नाम देखे तब यावत् प्रभाव देखती रहैं सो दक्षकुमारी कछु न देखे अर्थात् जा भांति प्रभु प्रथम लीला करते रहे तैसेही देखि परे ७३ प्रभाव देखि भ्रम नाश भयो जब सभीत भई तब प्रभु के दया आई ताते मोह नाश भयो जीव में शुद्धता आई परात्पर जानि श्रीरघुनाथजी के पांवन में पुनि पुनि कहे बारम्बार माथ नवाय जहां गिरीश नाम शिवजी रहैं तहां को चलती भई ७४ अब मार्ग में विचारती हैं कि जब शिवजी पूछि हैं तब कौन उत्तर देहौं काहेते वे तौ सर्वज्ञ हैं इत्यादि विचारतै रहीं कछु उत्तर न बनिआयो भाव सीतारूपते प्रभुढिग जाना इस कर्तव्यताते बचि जानेको उपाय लोक वेद काहू रीतिते न ढूंढ़े पायो तबतक महेशके ढिग पहुँचिगई उत्तर तौ बनि न परा डर हृदयमें परिपूर्ण रहा तबतक शिवजी हँसिकै कुशलात बूझे हँसे याते कि तुमने जानि बूझिकै जहर खाया तामें प्राणहानि की संशयहै सो कुशल कहौ जैसी इहांते गईरही तैसेही कुशल आई कि तन, मन, वचन किसी अंग करि अपराध तौ नहीं करिआई अब बतावो कौन विधिते परीक्षा लीन्हेउ सो सब बात सत्य कहौ क्योंकि सती तुम्हारा नाम है तन मन पतिव्रता हौ ताते असत्य न कहेउ जो यहभी एक अपराध तुममें आइजाइ ताते सत्य कहौ ७५ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे सतीमोहप्रभुअद्भुत
रूपवर्णनो नाम त्रयोदशःप्रकाशः १३ ॥

५५ सती समुझि रघुवीर प्रभाऊ। भयवश शिवसन कीन्ह दुराऊ १
कछु न परीक्षा लीन्ह गोसाईं। कीन्ह प्रणाम तुम्हारी नाईं २
जो तुम कहा सो मृषा न होई। मोरे मन प्रतीति अति सोई ३
तब शंकर देखेउ धरि ध्याना। सती जु कीन्ह चरितसब जाना ४
बहुरि राममायहि शिरनावा। प्रेरि सतिहि ज्यहि झूठ कहावा ५
हरिइच्छा भावी बलवाना। हृदय विचारत शंभु सुजाना ६
सती कीन्ह सीताकर वेषा। शिवउर भयो विषाद विशेषा ७
जो अब करौं सतीसन प्रीती। मिटै भक्तिपथ होइ अनीती ८

दो० परम प्रेम नहिं जाइ तजि, किये प्रेम बड़ पाप ।
प्रकट न कहत महेश कछु, हृदय अधिक संताप ९

५५ ब्रह्मादिकन के इष्ट श्रीरामरूप तिनसों मैं छल करी इति रघुवीर को प्रभाव समुझि अरु पतिको सत्य वचन ताको झूठ माना दोऊ दिशिकी भयते कादरता आई ताते छिपिरहने जीवको विचारा विचारि सतीजी शिवजीसन दुराव कीन्ह बहिलाइडारे १ हे गोसाईं ! मैंने कछु परीक्षा नहीं लीन्हि तुम्हारिही नाईं अर्थात् सच्चिदानन्द कहि मैंभी प्रेमते प्रणाम करि लौटि आई २ काहेते तुमने जो कहा कि सच्चिदानन्द मेरे इष्टदेव येई हैं सो आपको वचन त्रिकालमें मृषा नाम झूठा नहीं है ताते तुम्हारे कहेकी सोई अत्यन्तकरि मेरे मनमें प्रतीतिहै कि येई परब्रह्मरूप हैं तहां प्रतिष्ठितको अपयश भये मृतकतुल्य दुःख होत सो ज्ञान को क्षीण करिदेत ताते सतीकी बुद्धि भ्रमवश है सो शिवकी सर्वज्ञता नहीं विचारत ३ इत्यादि वचन सुनि शिवजी विचार्‍यो कि प्रथम हमारे प्रणाम कीन्हेते न विश्वास आवा पुनः हमारे कहेते न विश्वास आवा वहां गये इनके कैसे विश्वास आइगयो पुनः वचन अरु चेष्टाभी विषाद कैसो भराहै ताते कछु संदेहकी बातहै ताको विचारा चाहिये तब शंकरजी ध्यान धरिकै अर्थात् इन्द्रियन को रोंकि मनादि स्थिर करि सम चित्तकी वृत्ति अन्तरात्मा अन्तर्यामी में लय करि दिये तब यावत् चरित सतीजी किह्योरहै सो सब शिवजी जानिगये ४ बहुरि श्री रघुनाथजीकी मायाको शीश नवायो क्योंकि जान्यो अपनी प्रेरणाते जिनको नाम ही सती तिनहूंते झूठ कहवाइदिये सो हमारे ऊपर दया राखैं या हेतु शीश नायो ५ पुनः शिव तौ परम सुजान हैं अर्थात् विज्ञानधाम रामतत्त्वके ज्ञाता हैं ताते इस कर्तव्यता को हृदयमें विचारते हैं कि सतीको दोषहै वा भगवत् माया को दोष है तहां जीव अल्पज्ञ ताते सती को दोष नहीं अरु माया तौ ईश्वराधीन ताहूको दोष नहीं पुनः ईश्वर सदा जीवन पर दया राखत ताको कैसे दोष दीजिये ताते जीव वासना करि जो कर्म करत ताहीको फल विधाता देत सोई कर्मन को फल काल पाय उदय होत सोऊ बली नहीं काहेते जैसे भले बुरे नये कर्म पावैगी तैसेही बढ़ि घटि जायगी तहां जैसे कर्म करत तैसेही जीवको स्वभाव परिजात सो काल कर्म स्वभाव पर प्रभुकी आज्ञा रहत सो जो हरिइच्छामय भावी होत सो बलवान् है वह किसीके मिटाये नहीं मिटत सोई इहां जानना

चाहिये ६ प्रथम वचन न मानिबेको सहज विषाद रहै अब सतीजी श्रीसीताको वेष कीन्ह्यो यह महा अपराध विचारि शिवजीके उरमें विशेष करिके विषाद भयो अर्थात् सतीजीको क्या करें ७ मेरे इष्टकी स्त्री सीताको रूप धर्‌यो जो अब सतीसन पत्नी भावकी प्रीति करों तौ भक्तिको पथ कहे रास्ता मिटै यथा ॥ पूँजिय श्रीजानकी प्रभुवाम। पुनि दक्षिण लक्ष्मण अभिराम॥ सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ सीतालंकृतवामभागममलं सिंहासनस्थं विभुम् ॥ इत्यादि पूजा ध्यान कीजे सोई रूप भये जो पत्नीभाव करों तौ अनीति होइ ८ दोहार्थ ॥ हे भरद्वाज! प्रथम तौ परम परिपूर्ण एकरस सदा अखण्ड प्रेम शिव सती में रहै सो तौ अत्यंत प्रेम तजा नहीं जाता भाव परस्पर अपनपौ मानेहैं सो कैसे छूटै काहेते जब परपतिगमन करत तब स्त्रीसों पतिनेह छोड़त सो तौ अपराध किया नहीं जो सीतारूपते प्रभुके ढिग गई सो तौ एकपत्नी व्रतहै जिनकी दृष्टि परस्त्रीपर जातही नहीं ताते रामरूपमें प्रेम कीन्हे पतिव्रत भंग नहीं होत यथा शिवसंहितायाम् ॥ स च सीतापतिः श्रीमान् जडजीवविलक्षणः। वेदवेदान्तसर्वार्थो योगिनां परमा गतिः ॥ एतस्मिन्कीर्तिते ध्याते श्रुते वाप्यर्चितेर्थिते । पातिव्रत्यक्षयो नैव सतीनामपि जायते ताते सतीके त्यागयोग्य अपराध नहीं है ताते प्रीति टूटती नहीं पुनः जब श्रीकिशोरीजी को रूप धर्‌यो तिनमें पत्नीभावको प्रेम कीन्हे बड़ा पापहै काहेते पूजिबे योग्य ह्वैचुकीं इत्यादि धर्म संकट उधर प्रियवियोग दोऊ अग्निन की दाहते हृदय में अधिक संतापभयो परन्तु महेशजी प्रकट करि मुखते कछु नहीं कहत ९ ॥

५६ तब शंकर प्रभुपद शिर नावा। सुमिरत राम हृदय अस आवा १०
यहितनु सतिहि भेट म्वहिं नाहीं। शिव संकल्प कीन्ह मनमाहीं ११
अस विचारि शंकर मतिधीरा। चले भवन सुमिरत रघुवीरा १२
चलत गगन भइ गिरा सुहाई। जय महेश भलि भक्ति दृढ़ाई १३
अस प्रण तुम बिनु करै को आना। रामभक्त समरथ भगवाना १४
सुनि नभगिरा सती उर शोचा। पूछा शिवहि समेत सकोचा १५
कीन्ह कवन प्रण कहहु कृपाला। सत्यधाम प्रभु दीनदयाला १६
यदपि सती पूछा बहुभांती। तदपि न कहेउ त्रिपुरआराती १७

दो० सती हृदय अनुमान किय, सब जानेउ सर्वज्ञ।
कीन्ह कपट मैं शंभुसन, नारि सहज जड़ अज्ञ १८

सो० जल पय सरिस बिकाय, देखहु प्रीतिकिरीति यह।
बिलग होत रस जाय, कपट खटाई परतही १६

५६ जब अपने मनसे एकहू उपाय न बनिपर्‍यो तब ऊबिके प्रभुजो श्री रघुनाथजी तिनके पांवनमें शीश नवाय शुद्ध मनते प्रभुको शिवजी स्मरण करने लगे भाव जैसी प्रभुकी आज्ञा होय सोई कीन चाहिये तब स्मरण करते हृदय में ऐसा आइ गयो जो सतीप्रति प्रभुके वचनमें अभिप्राय कि इस देहमें सती अकेलिही रहैं सोई शिवजीके उरमें प्रभुप्रेरणा करिदिये १० सोई शिवजी मनमें संकल्प कीन अर्थात् जा तनुते सीतारूप धर्‍यो यहि सतीतनुमें पत्नीभावते मोसन भेट न होयगी जब दूसर देह धरैं तब ग्रहण योग्य होयँगी ११ या प्रणते प्रेम धर्म दोउ रहे यावत् सतीकी देह तावत् त्याग दूसरे जन्म में पुनः पत्नीभावते प्रेम होइगो अस विचारि मतिके धैर्यवान् शंकरजी मन में धैर्य धारण करि शोक त्यागि प्रसन्नमन श्रीरघुनाथजी को स्मरण करत भवन जो कैलास तहांको चलते भये १२ शिवजीके चलतेमें गगनते सुहाई नाम सुंदर वाणी अर्थात् आकाशवाणी होतभई क्या वाणीभई कि महेशकी जय होय काहेते भलीभांति भक्तिको दृढ़ाई अर्थात् श्रीरामभक्ति पोढ़ि करिके धारण करी १३ काहेते या भांति को प्रण तुम विना आन कोउ दूसरा को करि सक्ता रहे अर्थात् और न करिसकत अरु तुमने जो किया सो सब भांति समर्थ हौ काहेते आत्मबुद्धिते भगवान् अर्थात् षट् ऐश्वर्य युक्तहौ पुनः देह बुद्धिते श्रीरामभक्तनमें शिरोमणि हौ १४ नभगिरा आकाशवाणी सुनि अपने त्यागकी शंकाते सतीजीके उरमें शोच भयो पुनः अपने कर्म विचारि लज्जा आई याते संकोचसहित शिवजी सों पूछतभई १५ हे कृपालु ! कहहु आपने कौन प्रण कीन्ह हे दीनदयालु, प्रभु ! आप सत्यधामहौ ताते सांचही कहौ कृपालु याते कह्यो कि मोको पाप दुःखसों उद्धार करिबेको आपही समर्थ हौ पुनः निर्हेतु जीवनको रक्षा करना सो दयाहै दीनदयालु याते कह्यो कि मैं दीनहौं आप मेरे प्रभुहौ ताते मोपर विशेषि दया करना चाहिये १६ यद्यपि करिकै सतीजी बहुत भांति के उपाय करि पूछे यथा पत्नीभाव हास विलास कटाक्षादि करि कदाचित् कामवश कह्यो मान करि कदाचित् हमारे मिलनेके लोभवश कह्यो किंचित् प्रौढ़ताकरि अर्थात् क्रोधवश कह्यो इत्यादि अनेकभांतिते पूछे तदपि शिवजीने प्रकट कर न कह्यो काहेते त्रिपुरकेआराति नाम शत्रुहैं इस समय कहनेको भाव कि काम

क्रोध लोभ तीनिहूंको जीत्यो सतीत्यागते काम जीत्यो तामें यहां शोच भाव न आयो ताते लोभ जीत्यो पुनः प्रसिद्ध कछु न कह्यो ताते क्रोध जीत्यो १७ दोहार्थ ॥ जब काहू भांतिते शिवजी न बोले ताही में सतीजी अनुमान विचारपूर्वक समुझिलियो कि यावत् मेरी छलकर्तव्यताहै तिनको सर्वज्ञ शिवजीने सब जानिलियो ताते मोको त्याग कियो तौ उनको कौन दोष होय मैं शम्भु ऐसे पतिसे कपट कीन क्यों न करौं नारि तौ सहजही जड़वत् स्वभावते अज्ञान होती है सोई मैं प्रसिद्ध किया १८ सोरठार्थ ॥ हे भरद्वाज ! देखिये प्रीतिकी रीति ऐसी होती है कि जलते अरु पय नाम दूधते मित्रताहै सो एकमें मिलेते सरिस नाम बराबरि अर्थात् दूधहीके भाव जल भी बिकात तहां अहंकार मन चित्त बुद्धिद्वारा सब विषय अनुकूल ह्वै ज्यहि रसको अत्यंत भोगी ह्वै दोऊके सर्वांग परिपूर्ण ह्वैजाय ताको प्रीति कही भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यन्तभोग्यता बुद्धिरानुकूलादिशालिनी । परिपूर्णस्वरूपा या सा स्यात्प्रीतिरनुत्तमा ॥ पुनः वचन कर्मणादि एकहू अंग बिलग भयो तैसेही प्रीतिरस जात रह्यो यथा दूधमें खटाई परतही बिलखि दूध पानी अलग ह्वैगयो तथा प्रीतिमें कपट आवतही प्रीति जातरही भाव सतीजी जो कुछ करतीं सो शिवजी के जानमें करतीं पुनः सत्यही कहतीं तौ प्रीति वियोग न होत काहेते जो शिवजीसों पूछिकै सीतावेष करतीं तौ कितौ मने करते कितौ दूसरा उपाय बतावते कितौ फिरि त्याग न करते अरु कपट सहित लोकरीतिते स्वाभाविक व्यभिचार होत क्योंकि जो राजकुमारै होते सो विरहार्त में अपनी पत्नी जानि पकरि हृदयमें लगायलेते तब पतिव्रत कहां रहता १९ ॥

५७हृदयशोचसमुझतनिजकरणी। चिंताअमितजाइनहिंबरणी २०
कृपासिंधु शिव परम अगाधा। प्रकटनकह्योमोरअपराधा २१
शंकररुख अवलोकि भवानी। प्रभुम्वहिंतजेउहृदयअकुलानी २२
निजअघ समुझि न कछु कहिजाई। तपयअवांइव उर अधिकाई २३
सतिहि सशोच जानि वृषकेतू। कही कथा सुन्दर सुखहेतू २४
बरणत पंथ विविध इतिहासा। विश्वनाथ पहुँचे कैलासा २५
तहँ पुनि शंभु समुझि प्रण आपन। बैठे वटतर करि कमलासन २६
शंकर सहज स्वरूप सँभारा। लागि समाधि अखंड अपारा २७

दो० सती बसहिं कैलास तब, अधिक शोच मनमाहिं॥
मर्म न कोऊ जान कछु, युगसम दिवस सिराहिं २८

५७ इत्यादि अपनी करणीको समग्र वृत्तांत समुझत हृदयमें शोच भयो अर्थात् यह मैंने क्या किया ताको न मालूम क्या फल मिलै इत्यादि अमित चिंता भई जे वर्णी नहीं जात २० लोकरक्षा करिबेको एक हमहीं समर्थ हैं इति दृढ़ानुसंधान ताको कृपा कही सोई कृपारूप जलके परम अगाध समुद्रसम शिवजी हैं ताते मेरे अपराध कर्म प्रकट करि मुखते नहीं कह्यो हृदयमें सब जानिलियो २१ हे भरद्वाज ! शंकरको रुख अर्थात् गुप्त क्रोधकी चेष्टा यथा मुसक्यानिपूर्वक वार्ता नहीं करते सकामदृष्टि मेरे ऊपर नहीं देते सुखद अंग स्पर्श नहीं करते इत्यादि उदासीन चेष्टा अवलोकि नाम देखिकै भवानी जो सतीजी अपने मनते निश्चयकरि जानिगईं कि प्रभु शंकरजी मोको तजि पत्नीभाव त्याग कियो अब मैं कैसा करौं इत्यादि पतिपरित्याग भयंकर दुःख देखि हृदयते अकुलानी भाव देह प्राण त्याग योग्य दुःख भयो २२ जो क्रोधवचन व देहमें दंडादि करते तौ अन्तर दुःख घटिजात तहां अपने गुप्त अघ कहे पापकर्म समुझि कछु प्रसिद्ध करि कहा नहीं जात ताते यथा घटादि पकावने को आवां ऊपर नहीं भीतर तपत तथा ऊपर तौ नहीं परन्तु अन्तरमें शोकाग्नि बरतमनादिको तप्त करत सो प्रतिक्षण अधिकाते जात २३ अन्तरमें शोच सहित सतीजीको जानिकै शिवजीके दया आई काहेते वृषकेतु हैं वृष नाम धर्म ताके पताका हैं सो धर्मको प्रथम अंग दया है ताको लक्षण निर्हेतु जीवन को सुख देना सोई विचारि सतीजीके उरमें सुंदर सुख होबे हेतु दिव्य अचलसुख श्रीरामानुराग होनेहेतु श्रीरघुनाथजीकी कथा कहतेचले जामें दिव्य सुख होवै तौ यह लौकिक दुःख मिटिजाय २४ श्रीरामचरितके विविध कहे अनेक भांतिके इतिहास कथा पन्थमें वर्णन करत चलेजाते विश्वनाथश्रीमहादेवसतीसहित कैलासमें पहुँचे २५ तहांपर शिवजी अपनो प्रण समुझि अर्थात् सतीको त्याग सो कैसे निर्वाह होइगो ऐसा समुझि देहको व्यवहार त्यागि वटवृक्षके तरे कमलासन करि यथा दोऊ जांघनपर पांव चढ़ाइ पीछेते घुमाय हाथनते पद अँगुठा पकरि सर्वांग सीधा करि बैठे २६ सहजस्वरूप आत्मतत्त्व जो कारण प्रकृतिवश है जीव भयो कार्य प्रकृतिवश मनादि इन्द्रियन विषयसुखमें परि बद्ध भयो इत्यादि समग्र व्यवहार त्यागि आत्मतत्त्वको सम्हारि स्वस्वरूपकी वृत्ति श्रीरामरूप में लय करिदियो इत्यादि अखण्ड समाधि जामें विक्षेपादि विघ्न न व्यापिसकैं

अपार कहे जहां इन्द्रियनकी वेग न अटिसकै इत्यादि शिवजी सहजस्वरूप सम्हारे ताते अखण्डसमाधि लगिगई २७ दोहार्थ ॥ तब सतीजी यद्यपि परम सुखस्थान कैलासमें बसती हैं तहौं श्रीरामरूपमें संदेह कीन्हेके अपराधते सतीजीके मन में प्रतिदिन अधिक शोच बाढ़त जात ताते युग के समान एकादिन सिरात नाम बीतत यद्यपि अनेकगण निकटवर्ती हैं सो सतीजी के मन दुःखको मर्म नाम हाल कोऊ नहीं जानत कछु संक्षेपहूमात्र कि क्या भयो है २८ ॥

५८नित नवशोच सती उर भारा। कब जैहहुँ दुखसागर पारा २९
मैं जु कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनिपतिवचनमृषाकरिजाना ३०
सो फल मोहिं विधातहि दीन्हा। जो कछुउचितरहा सो कीन्हा ३१
अब विधि अस न बूझिये तोहीं। शंकरविमुखजिआवहु मोहीं ३२
कहि न जाइ कछु हृदय गलानी। मनमहँरामहिंसुमिरिसयानी ३३
जो प्रभु दीनदयालु कहावा। आरत हरण वेद यश गावा ३४
तौ मैं विनय करौं कर जोरी। छूटै वेगि देह यह मोरी ३५
जो मोरे शिवचरण सनेहू। मन क्रम वचन सत्यव्रत एहू ३६

दो० तौ समदर्शी सुनिय प्रभु, करिय सो वेगि उपाय॥
होयमरण ज्यहि विनुहिं श्रम, दुसह विपत्ति विहाय ३७

५८ सतीजीके उरमें नित नवा शोचरूप जल भरत अर्थात् नयेनये तर्कणा बढ़ि दुःखसिंधु भारी होतजात ताते व्याकुल है कहती हैं कि वह दिन कब होई जब इहि वियोगरूप दुःखसमुद्रके पार जैहौं कबदुःख छूटी २९ अपने कृत कर्मन को पश्चात्ताप करत कि मैं श्रीरघुनाथजी को परीक्षाहेतु अपमान कीन अर्थात् परब्रह्म को मनुष्य करि जान्यों पुनः पतिव्रता कहाय सर्वज्ञ अपने पति को वचन अर्थात् ये सच्चिदानन्दरूपहैं ताहूको मृषा नाम झूठ करिकै जाना अर्थात् पतिउको अनादर कीन ३० सो फल सोई कर्मन को फल विधाता ब्रह्मा मोहिं नीकी भांतिते दीन्ह काहेते जो कछु उचित रहै सोई कीन्ह क्या उचित कीन प्रभुकी परीक्षा लीन्ह तिनके वचनते व्यभिचार सूचित भयो पतिवचन झूठ कीन्ह तिनने त्याग किया इहां पतिवचन पहिले त्यागी रघुपति अपमान पहिले क्यों कहे फलकी प्राप्ति प्रथम इहै भयो प्रभुने कहा जो ऊपरते चरित देखि मैं मनुष्य मान्यो तौ तुमहीं सीता है मेरे ढिग

आइउ ताते व्यभिचारिणी हो इति फल पहिले मिलाप तिस पीछे त्यागे सो कारणते कार्य बली होत ताते प्रभु अपमानही प्रथम कह्यो ३१ इहांतक उचित विधि भई अब अनुचित विधि होत सो हे विधि ! अब तोहिं अस न बूझिये ऐसा न करना चाहिये जो शंकरते विमुख त्याग कराय पुनः मोहिं जिआवत हौ यही अविधि करंत हौ अब मरण उचित है ३२ इत्यादि पश्चात्तापते सतीजी के हृदय में जैसी ग्लानिहै सो कछु कही नहीं जात अर्थात् अबहींतौ केवल हमारे पतिही जानते हैं कछु कालमें विदित होइगी तब लक्ष्मी सरस्वती आदिकनको मैं कौन मुख देखाऊंगी इत्यादि महाग्लानिहै तब यह निश्चय भयो कि यामें ब्रह्माको अख्तियार नहीं सारी कर्तव्यता रघुनाथजीकी है ऐसा विचारि लियो क्योंकि सयानी हैं ताते मनमें रघुनाथजीको स्मरण करतीभई ३३ प्रभुको सुमिरि प्रार्थना करतीहैं कि जो प्रभु दीननपर दयालु भाव निर्हेतु जीवनको रक्षकहै सो दीननपर विशेषि दया राखत ताते दीनदयालु कहावत पुनः जे शरण आवत ताके आर्त जो दुःख ताको हरणहारहै ऐसा उत्तमयश वेद गावत है सो मैं पतिपरित्यागते दीन हौं मोपै दया करौ अरु वियोगते आर्तहौं सो मेरे दुःख हरौ ३४ जो ऐसा वेदको वचन सांचा होइ तौ मैं दीन शरण ह्वै हाथ जोरिकर बिनती करतिहौं कि जा देहते मैंने अपराध किया वह देह मेरी वेगिही छूटिजाय यही दया चाहिये ३५ इन वचननते व्यंजित होत कि सतीजी जानिलियो कि इसी देहभरि त्याग किया ताहेतु कहत कि जो मेरे मनते कर्म करि वचन करि एक शिवजीके चरणमें स्नेह यही व्रत सत्य करिकै होइ दूसरी बात न होइ ३६ दोहार्थ ॥ तौ आप समदर्शी सबको एकदृष्टि देखतेहौ सबके बाहर भीतरकी जानतेहौ जो मैं सांची बात कहती होउँ तौ हे प्रभु ! मेरी बिनती सुनिये अंगीकार करिये सो क्या करिये कि वेगिही ऐसा सुगम उपाय करिदीजिये जामें विना श्रमही मरण होइ भाव पतित्यागते मरण न सूचित होइ काहू भांतिको अयश न होइ धर्ममर्याद सुयशसहित मरण होइ याहेतु आपते बिनती करत नातः जलाग्नि विषादि सबको सुलभ सो नहीं जामें मरनेते सुयश होइ अरु जो नहीं सहिजात ऐसी दुस्सह पतित्याग विपत्ति सोऊ विहाय नाम छूटिजाय ३७ ॥

५९ यहिविधि दुखित प्रजेशकुमारी। अकथनीय दारुण दुख भारी ३८
बीते संवत सहस सतासी। तजी समाधि शंभु अविनासी ३९

राम नाम शिव सुमिरण लागे। जानेउ सती जगतपति जागे ४०
जाइ शंभुपद वंदन कीन्हा। सन्मुख शंकर आसन दीन्हा ४१
लगे कहन हरिकथा रसाला। दक्ष प्रजेश भये त्यहिकाला ४२
देखा विधि विचारि सबलायक। दक्षहि कीन्ह प्रजापतिनायक ४३
बड़अधिकार दक्ष जब पावा। अतिअभिमानहृदयतबआवा ४४
नहिं कउ अस जन्मेउ जगमाहीं। प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं ४५

दो० दक्ष लिये मुनि बोलि सब, करन लगे बड़ याग॥
न्यवते सादर सकल सुर, जे पावहिं मखभाग ४६

५९ याहि पूर्वविधिते प्रजेश दक्षकुमारी सती महादुःखित हैं क्योंकि अकथनीय दुःख काहूके कहनेयोग्य नहीं दारुण कहे भयंकर भारी काहूके मिटायबे योग्य नहीं ३८ शिवजी समाधिहीमें रहे सत्तासी हज़ार वर्ष बीतिगये तब अविनाशी शंभु समाधि तजी इहां अविनाशीते ईश्वरत्व जनाये अर्थात् त्रिकालज्ञहैं सतीके मरण को समय जानि समाधि त्यागे अथवा रामराज्य समय आदि अनेक ठौर प्रकट देखाने सोऊ ईश्वर में आश्चर्य नहीं ३९ जब प्रसिद्ध रामनाम स्मरण करनेलगे शिवजी तब सती जी जाना कि जगत्के पति अर्थात् पत्नीभावते त्यागेहैं तौ जगत् के पतिहैं मैंभी जगमेंहौं याते शरणमें राखैंगे ४० जीव ईश्वरको नित्यसंबंध है ऐसा विचारि जाइ शिवजीके पदकी वंदना करतीभई तहां ईश्वरके सन्मुखही जीवको अधिकार है सोई भाव सतीमें जानि शंकरजी सन्मुखही आसन देतेभये पुनः सीतावेषको भाव माने ताते आप सन्मुखहैं ४१ पुनः शिवजी रसाल रसकी भरी हरि श्रीरामकथा कहनेलगे ताही कालमें दक्षप्रजेश नाम महाराज भये ४२ ब्रह्माकी आज्ञाते सृष्टि आदि लोकको बड़ा कार्य करते देखि ब्रह्मा विचारि लियाकि ये जग में सब कार्य करनेलायक समर्थ ऐसा जानि प्रजनके पति जो इन्द्र वरुण कुबेरादि तिनके नायक दक्षहि कीन्ह भाव राजनके राजा बनाये ४३ जब बड़ा अधिकार महाराजपद दक्षजीने पावा तब अत्यन्त करके अभिमान हृदयमें आवत भयो भाव हमारी समान अब कोऊ नहीं हम सबके वंदनीय हैं ४४ हे भरद्वाज! ऐसा जग में कोऊ नहीं जन्म धरेउ जाके प्रभुता ऐश्वर्य पाये पर मद नहीं भयो द्रव्य राज्यादि पाय मद जरूर होइ इहां दक्षके मद अभिमान कहने को क्या प्रयोजन रहै तहां पूर्व शिवजी के विरोधका सूक्ष्म आशय जनायो

अर्थात् ब्रह्माकी सभामें दक्षजी आये सब तौ उठि दण्डवत् कीन्हे शिवजी बैठे रहिगये ताते दक्ष शिवजी को बहुत कुवचन कहे अरु कहा कि अब तुम यज्ञमें भाग न पावोगे याको विस्तार भागवतमें है सोई जनाइ दियो आगे विरोध प्रकट कहना है ताते ४५ दोहार्थ ॥ दक्षजी मुनिन को बुलायकै बड़ा भारी यज्ञ करनेलगे तामें भृगुआदि सब मुनिनको बुलाय अरु आदर सहित सब देवतनको नेवते जेजे यज्ञमें भाग पावत रहैं इहां आदरते नेवते को यह भाव कि कोऊ शिवको साथी न रहिजाय अकेलेही बराय दिये जाइँ ४६ ॥

६० किन्नर नाग सिद्ध गन्धर्वा । वधुन समेत चले सुर सर्वा ४७
विष्णु विरंचि महेश बिहाई । चले सकल सुर यान बनाई ४८
सती विलोक्यो व्योम विमाना । जात चले सुन्दर विधि नाना ४९
सुर सुन्दरी करहिं कलगाना । सुनतश्रवणछूटहिंमुनिध्याना ५०
पूछेउ तब शिव कहेउ बखानी । पिता यज्ञ सुनि कछु हर्षानी ५१
जो महेश म्वहिं आयसु देहीं । कछु दिन जाइरहौं मिसु एहीं ५२
पतिपरित्याग हृदय दुख भारी । कहै न निजअपराधविचारी ५३
बोलीं सती मनोहर बानी । भय संकोच प्रेम रससानी ५४

दो० पिता भवन उत्सव परम, जो प्रभु आयसु होय ॥
तौ मैं जाउँ कृपायतन, सादर देखन सोय ५५

६० अब देवतनकी जाति गनावत किन्नर अश्वाकारमुख यक्षनमें भेद नाग अनंतादि सिद्ध लोमशादि गंधर्व तुम्बरादि गायक पुनः इन्द्र वरुण कुबेर सूर्यचन्द्रमादि सकल सुरवधू कहे अपनी अपनी नारिन सहित चले ४७ लक्ष्मी सहित विष्णु शारदा सहित विरंचि कहे ब्रह्मादि सकल सब सुर यान विमान बनाइ कहे सजि सजि सब चले एक महेश को बिहाइ बराय ४८ व्योम जो आकाश तामें सती विलोकेउ नाम देखेउ कि नाना कहे अनेक विधि रंग रंगके सुन्दर विमान चले जाते हैं हरद्वार कनखर में दक्ष यज्ञ करते रहैं उत्तरते देवता चले कैलासही पर ह्वै निसरे ताते प्रासिद्ध दिखाने ४९ सुरनकी सुन्दरी स्त्री अप्सरादि कल सुंदर वा कोकिलवत् कंठते तालस्वर सहित रागका रूप दर्शावत विमाननपर गान करत जात जाको श्रवण ते सुनत मनमें कामोद्दीपन होत ताते जे निष्काम हैं ऐसेहू मुनिनको उर सकाम ह्वै ध्यान छूटिजात ५० इत्यादि देखि सती पूछतीभई ये कहां को

जातेहैं शिव सर्वज्ञ बखान करि कहे कि दक्षके बड़ी उत्साहकी यज्ञ है तहां जातेहैं यद्यपि सतीजी दुःखित परंतु पिताके घर यज्ञ सुनि कछु थोरा हर्षानी खुशी भई अर्थात् पतित्यागते इहां महादुःख है अरु पितौके घर रहना स्त्री की मर्याद है पुनः उत्सवते जानेको मौका है ५१ ऐसा विचारि मनोरथ उठेउ कि जो महेशजी मोको आयसु आज्ञा देते तौ माता पिताके देखनेमिस कहे बहानेते कछु दिन उहैं रहौं तौ मर्यादा बनी रहैगी दुःखौ भूलारही ५२ तहां पतिके परित्यागको तौ मनमें बड़ा भारी दुःख है परन्तु अपने कृत अपराध विचारि सतीजी मुखते प्रकट कछु कहती नहीं हैं भाव वार्ता किहे सब जानि जाइँगे ऐसे मर्याद बनी है५३ परन्तु न रहा गयो अर्थात् पिताके घरजाना मर्यादहै याते मनोहर सुंदर वाणी सतीजी बोलतीभई तहां शिवजी क्रोध न करैं यह भय कहे डर अपनी करणी विचारि संकोच वार्ता मीठे हित प्रेम रस इत्यादि सानिकै बोलीं ५४ दोहार्थ॥ हे प्रभु ! जो आपकी आयसु होय यह डर की भरी है तौ पिताके भवन कहे घरमें परम उत्सव यज्ञहै सोई सादर अर्थात् ढिठाई चंचलरहित केवल देखनेहेतु इति, संकोचसहित हे कृपाके आयतन, कृपाधाम ! मैं उहां जाउँ इति प्रेमरस है ५५ ॥

६१ कहेउ नीक मोरेउ मन भावा । यहअनुचितनहिंनेवतपठावा ५६
दक्ष सकल निजसुता बुलाई । हमरे बैर तुमहिं बिसराई ५७
ब्रह्मसभा हमसन दुख माना । त्यहितेअजहुँकरतअपमाना ५८
जो बिनु बोले जाहु भवानी । रहै न शील सनेह न कानी ५९
यदपि मित्र पितु प्रभु गुरु गेहा । जाइय बिनु बोले न सँदेहा ६०
तदपि बिरोध मान जहँ कोई । तहां गये कल्याण न होई ६१
भांति अनेक शंभु समुझावा । भावीवश न ज्ञान उर आवा ६२
कह प्रभु जाहु जो बिनुहिं बुलाये । नहिं भलिबात हमारे भाये ६३

दो० कहि देखा हर यत्न बहु, रहै न दक्षकुमारि ॥
दिये मुख्य गण संग तब, बिदा किये त्रिपुरारि ६४

६१ शिवजी बोले कि नीकि बात कहेउ याते मेरेहू मनमें भावा कि जाउ तुमका जाब उचित है क्योंकि पिता हैं परन्तु नेवत नहीं पठावा यह अनुचित है जो हमते विरोधौ राखि तुम्हें बुलावते तौ जाना उचित रहै ५६ दक्षके बहुत पुत्री हैं सो सकल निज सुतनको तौ बुलाये तहां तुम्हारी वात्सल्यताते

हमारा वैर बिसरावना रहै सो तौ नहीं किये अब तौ हमारे वैरते तुमको बिसारि दीन्हे ५७ ब्रह्मा की सभामें दक्ष आये सब नमस्कार किहिनि हम नाहीं कीन सोई हमसे दुःख माने ताहीते आजतक हमारा अपमान करत हैं ५८ ताते हे भवानी ! भवानी कहिबेको यह भाव कि हम ऐसा तुमको नहीं त्याग कीन की तुमको अनादर करैं ताते इहां तुमको बड़ा संकट नहीं है अरु जो विना बुलाये उहां जाउगी तौ शील अर्थात् आदर सत्कार पुनः पितापुत्रीभावको सनेह पुनः कानि अर्थात् दबाव मर्यादा इत्यादि एकौ न रहैंगे ताते जाना उचित नहीं है ५९ यद्यपि करिकै मित्रके अरु पिताके अरु प्रभु कहे आपनो स्वामी अर्थात् राजाआदिके अरु गुरुके इत्यादिकन के घरमें जो कछु उत्सवादि होवै तौ स्वाभाविक विना बुलाये जाई काहेते इन स्थानन में आपनी अमानता भूषण है ताते मर्यादा आदि बिगरनेकी संदेह नहीं है परन्तु जो प्रीति न होय तौ विरोधौ न होय तौ स्वाभाविक जाई ६० यद्यपि इन स्थाननमें जाना उचित है तदपि जहां इन पूर्व कहेमें कोऊ विरोध माने होइ उहां न जाई काहेते तहांके गयेते कल्याण न होई कछु विषाद जरूर होई भाव खुशी ते न आई ६१ पूर्ववत् अनेक भांतिते शिवजी समुझाये कि भलाई नहीं है न जाउ हमाराभी अपमान होयगो परन्तु मन तौ भावीवश अर्थात् होना तौ कछु और है ताते भली बुरी काहू बातको ज्ञान उर में नहीं आवत ६२ प्रभु शिवजी ने आमर्ष करि कहे कि जो विना बुलाये जाहुगी तौ हमारे भाये हमारे मतते भली बात नहीं है अवश्य बुराई निसरैगी अब जो भाव सो करौ ६३ दोहार्थ॥ इत्यादि बहुत यत्नते कहिकै शिवजी विचारि देखिलीन कि दक्षकुमारी अब इहां न रहैंगी तब नन्दी आदि मुख्य गणनको साथ दिये सहायके अर्थ अरु त्रिपुरारि बिदा किये ६४॥

६२ पिता भवन जब गईं भवानी। दक्षत्रास काहु न सनमानी ६५
सादर भलेहि मिली इक माता। भगिनीमिलींबहुतमुसक्याता ६६
दक्ष न कछु पूछी कुशलाता। सतिहिविलोकिजरेउसबगाता ६७
सती जाय देखेउ तब यागा। कतहुँ न दीख शंभुकर भागा ६८
तब चित चढ़ेउ जो शंकर कहेऊ। प्रभुअपमानसमुझिउरदहेऊ ६९
पाछिलदुख अस हृदय न व्यापा। जस यह भयउ महापरितापा ७०
यद्यपि जग दारुण दुख नाना। सबते कठिन जाति अपमाना ७१
समुझिसोसतिहिभयउअतिक्रोधा। बहुविधिजननी कीन्हप्रबोधा ७२

दो० शिव अपमान न जाइ सहि, हृदय न होय प्रबोध ॥
सकल सभहि हठि हटकि तब, बोलीं वचन सक्रोध ७३

६२ शिव त्यागेउ पर यावत् भवानी बनीरहीं तावत् ब्रह्माण्ड शीश नावत रहा जब माने कि नाहीं पति सही हम पितै के घरमें रहैंगी सो जब भवानीते दाक्षायणी बनी अर्थात् पिताके घर गईं तब जे देवादि शीश नावत रहे तेऊ दक्ष की त्रास डरते कोऊ सन्मान न कीन भाव कोऊ बात न पूछा ताते इष्ट ते विमुख न होना चाहिये ६५ तहां एक माता तौ आदर सहित भलीभांति हर्षपूर्वक मिली तहां पति त्यागे पिता अनादरी ताहू पै माता अंगीकार किये तथा परलोक में ज्ञान पति है कर्म पिता दोउन ते रहित जो हीन जीव हैं तिनहूंको भक्ति अंगीकार करत पुनः भगिनी जो सतीजीकी बहिनी हैं ते बहुत मुसक्यात मिलीं भाव इनके पतितौ संबंध त्यागे किये जो श्वशुर के नमस्कार नहीं किये अब ये नेगचारहेतु संबंध लगावने विना बुलायन आईं ६६ दक्ष तौ कुशल प्रश्नहू न पूछे काहेते सतीको देखतही शिवविरोधजनित क्रोधाग्नि ते दक्षका सब गात देह जरिउठेउ भाव यह इहां काहेको आईं तहां सतीको तौ कछु लाग नहीं दूसरे आपने घर आयेपर तीसरे पुत्री आज्ञापाल इत्यादि निर्हेतु क्रोध अनादर करना यह दुःख आगमकी सूचनिकाहै ६७ पिताघर जानि आपनो अपमानमें कछु क्रोध न भयो जब सतीजी जाइ यज्ञभूमिमें देखा तौ सब देवनको पूजाभाग धराहै तहां शिवजीको स्थापना पूजाभाग कहीं नहीं देखे ६८ तब चित चढ़ेउ जो शंकर कहा रहै कि जहां विरोध माने होइ तहां गये कल्याण नहीं होत सोई सुधि आइगई याते प्रभु निजस्वामी को अपमान समुझि हृदय दहेउ इष्टअनादरते क्रोधाग्नि बरि उठी ६९ पाछिल दुःख अर्थात् जो प्रभुके सन्मुख परास्त भयो पुनः शिवजी त्याग कीन्हे इत्यादि पाछिल दुःख बड़ा रहा सोऊ यहिसमय को ऐसा हृदय में नहीं व्यापा जस कछु यह शिवअपमान देखि महापरिताप भयो तहां सीतावेषते प्रभु व्यभिचारिणी बनाये सो कोऊ नहीं जाना शिव त्यागे सोऊ कोऊ नहीं जाना ताते आपने भीतरही दुःख रहा लोकमें मर्याद तौ नहीं गई ताते दुःख नहीं व्यापा ७० यद्यपि इष्टहानि प्रियवियोग दरिद्रादि नानाप्रकारके दारुण कहे कठिन दुःखहैं ते सब आपनी देह मनै परहैं ताते सब सामान्य हैं अरु जो जातिको अपमान है सो सबते कठिन दुःख है काहेते यामें मर्याद जात लोकोपहास होत ७१ सोई समुझि अर्थात् ब्रह्मा विष्णु महेश सदैव बराबर

यज्ञादि में पूजे जात रहे तिनको विना भाग दीन्हे जो यज्ञ पूर्ण ह्वै गई तौ आजुते शिवको पूजन उठा इत्यादि देवजातिमें शिवको अपमान भयो ऐसा समुझि सतीजीके उरमें अत्यंत क्रोध भयो सो जानि जननी सतीजीकी माता ने बहुत भांतिते प्रबोध कीन अर्थात् संबंधिनमें थोरही बातमें मानापमान हूनैकरत तामें लोक अप्रमान नहीं होत सो इहां तौ ससुरारिहै तौ भागकी थाह नहीं जो आजु न भाग मिली तौ और दिन दूना चौगुना मिली ताते तुम न पुत्री क्रोध करौ विदासमय हम तुमको सबते अधिक देइँगी ७२ दोहार्थ॥ इत्यादि माताके समुझानेते सतीके हृदय में प्रबोध नहीं होत काहेते शिवजीको भाग नहीं मिला इति लोकमें अपमान यह नहीं सहागयो तब यज्ञकर्ता यावत् रहे तिन सकल सभाभरेको हठिकारिकै हटाकिकै सब कारबंद कराय दिये सब चुप ह्वै जब इनकी सन्मुख भये तब सतीजी सहित क्रोध वचन बोलती भई ७३॥

६३ सुनहु सभासद सकल मुनिन्दा। कही सुनी जिन शंकर निन्दा ७४
सो फल तुरत लहब सबकाहू। भलीभांति पछिताब पिताहू ७५
संत शंभु श्रीपति अपवादा। सुनिय जहां तहँ असि मर्यादा ७६
काटिय तासु जीभ जो बसाई। श्रवण मूंदि नत चलिय पराई ७७
जगदातमा महेश पुरारी। जगतजनक सबके हितकारी ७८
पिता मन्दमति निन्दत तेही। दक्ष शुक्रसंभव यह देही ७९
तजिहौं तुरत देह त्यहि हेतू। उरधरि चन्द्रमौलि वृषकेतू ८०
अस कहि योगअग्नि तनु जारा। भयउ सकलमख हाहाकारा ८१

दो० सती मरण सुनि शंभुगण, लगे करन मख खीश॥
यज्ञ विध्वंस देखि भृगु, रक्षा कीन मुनीश ८२

६३ सभासद सत्पुरुषनकी सभाहै तामें यावत् बैठहौ ते सकल मुनीन्द्र अर्थात् मुनिनमें श्रेष्ठ हौ भाव उत्तम ह्वै तुम सब बैठे अनुचित कार्य कराय रहेउहै कोऊ मने नहीं कीन ताते मेरे वचन सुनौ जिन कोऊ शंकरकी निन्दा कही होइ वा सुनी होइ तिनहिनते कहातिहौं ७४ जिन शंकरको अपमान कीनहै सोई कर्मको फल तुरत इसी यज्ञमें तुम सब नीकीभांति पावोगे अरु मुख्यकर्ता जे हमारे पिताहैं तेऊ भलीभांति पछिताइँगे ७५ काहेते लोकवेद मर्यादरहित अनुचित कार्य तुम सब करिरहेउहै सो सुनो जे शत्रु मित्र

मानापमान रहित भगवत् व्याप्त मानि समदृष्टिते भगवत् में मन लगाये हैं ऐसे जे संतहैं पुनः शंभु महादेवजी पुनः श्रीपति भगवान् इत्यादिकनको अपवाद निंदा किसीको करते जहां सुनिये तहां वेदमें ऐसी मर्यादहै कि ७६ जो आपनी बसाय तौ निंदककी जीभ काटिये अर्थात् जो वीरतामें सुभट होइ तौ अस्त्रते जीभ काटै जामें औरहू भय मानै नहीं जो विद्यामें सुभट होइ तौ शास्त्रप्रमाणदै वाके वचन खंडन करिदेवै नाहीं तो कान मूंदि पराय नाम भागिजाइ अर्थात् सुनिये न नातरु महापाप होत सो सब सभाभरि शिवनिंदा करतेहौ ता पापको फल पावोगे ७७ शिव कैसे हैं जगत्के आत्मा तिनके वैरते सब जगते वैर होई पुनः ईश इन्द्रादिको वैरी नहीं वचन येतौ महेशहैं जे त्रिपुरासुरको नाश करे ऐसे सबलहैं तहां तुम सब क्या हौ पुनः जगके पिता अरु सबके हितकर्ता हैं तिनसों वैर करि निज पालकता अरु हितमें हानि करना है ७८ तिन महादेवको मतिके मंद हमारे पिता निंदा करत तहां समग्र सभाकी जीभ खंडन करने को हमको सामर्थ्य है ता व्यापारते हम पापते नहीं बचिसकित क्योंकि दक्षके शुक्र नाम बीजते संभव नाम उत्पन्न हमारी यह स्थूल देहहै सो इनके पापमें हमहूं शामिलहैं ताते यावत् यह देह तावत् हम कैसे पापते बचैंगी ७९ ता पापते छुट्टी पाइबेहेतु तुरतही इसी साइत याहि देहको त्यागिदेहौं जो कहो शिव कैसे मिलैंगे ताहेतु चन्द्रमौलि वृषकेतुको उरमें धरिलेउँगी अर्थात् जहां जाकी आसा तहां ताकी वासा सो अमियमय चन्द्र जाके शिरमेंहै ताते मोको सजीव करिलेइँगे कदापि भस्म भये देहै नहीं सो कैसे जिआवैंगे तौ वृषकेतु वृष कहे धर्म ताके पताकाहैं याते दूसरे जन्ममें मोको धर्मपत्नी मानि ग्रहण करैंगे ८० अस वचन कहि योगशक्तिते अग्नि उत्पन्न करि देहको जरायदिया इति विघ्न देखि सकल मखमें हाहाकार अर्थात् समग्र काज बंद ह्वै परस्पर अनेक वार्ता होनेते हल्ला होनलगो ८१ दोहार्थ॥ सतीको मरण सुनिकै नन्दी आदि शिवगण मखखीश कुंभादि फोरने भाव यज्ञरचना बिगारने लगे सो यज्ञ विध्वंस देखि आपनाको रक्षक आचार्य मानि मुनीश भृगुने रक्षा कीन कि मंत्र पढ़ि स्रुवाते घृत अग्निमें छांड़िदिये ताते अनेक वीर प्रकट ह्वै मारि शिवगणन को भगाय दिये ८२॥

६४ समाचार जब शंकर पाये। वीरभद्र करि कोप पठाये ८३
यज्ञ विध्वंस जाय तिन कीन्हा। सकलसुरनविधिवतफलदीन्हा ८४

भइ जगविदित दक्षगति सोई । जस कछु शंभुविमुखकी होई ८५
यह इतिहास सकल जग जाना । ताते मैं संक्षेप बखाना ८६
सती मरत हरिसन वर मांगा । जन्मजन्म शिवपदअनुरागा ८७
त्यहिकारण हिमगिरिगृह जाई । जन्मी पार्वतीतनु पाई ८८
जबते उमा शैलगृह जाई । सकलसिद्धि संपति तहँ छाई ८९
जहँतहँ मुनिन सुआसन कीन्हा । उचितवास हिमभूधर दीन्हा ९०
दो० सदा सुमनफलसहित सब, द्रुम नव नाना जाति ॥
प्रकटीं सुन्दर शैल पर, मणिआकर बहुभांति ९१

६४ जब गणनके कहनेते समग्र समाचार शंकरजी पाये तब क्रोधकरि जटा पहार में पटके ताते वीरभद्र प्रकट भयो ताको पठायो सो अनेक गणन सहित चलेउ ८३ प्रथम तौ जाइ तिन वीरभद्रने यज्ञविध्वंस करिदिये पुनः शिव अपमानकर्ता सकल सुरनको विधिवत् अपराध योग्यफल सजाइ दीन्हेउ अर्थात् जे दाढ़ी हलाये तिनकी दाढ़ी नोचडारे जे सनकारे तिनकी आंखि फोरे पूषा सूर्य हँसे तिनके दांत तोरिडारे इसीभांति सबको कियो ८४ पुनः जैसी गति शिवके विमुखकी होती है सोई दक्षजीकी भई सो लोकमें विदित है वीरभद्र विचारा कि विपरीत यज्ञ तौ हमने किया अबहीं बलिदान बाकी है ताहेतु यज्ञकर्ता दक्षहीको शीश काटि अग्निकुण्डमें डारिदिया ८५ यह इतिहास शिवपुराण पुनः भागवतते विदितहै ताते मैं संक्षेप थोरही बखान किया काहे वाको सब जग जानत है तौ ग्रंथ वढ़ायेते क्या प्रयोजनहै विस्तार तौ यामें रामचरित चाहिये ८६ सतीजी मरत समय हरि रघुनाथजीसों वर मांगे कि जन्मजन्म जब जब देह धारण करी तब तब शिवजीके पदारविन्दनमें मेरा अनुराग बनारहै निज अपराधकी अनुग्रह कराये ८७ योगाग्निते जरे पुनः जन्म नहीं धरत इहां वर मांगेते देह धरना भया त्यहि कारण पार्वती नाम तनु पाई अग्निकी जरीरही त्यहि शीतलता हेतु हिमगिरिके घरमें गई ८८ उमा पार्वती जबते शैल हिमाचलके घर में जाई उत्पन्नभई तबते सकल सिद्धि अरु संपत्ति तहांपर छाइरहीं भाव जो साधन करत सो शीघ्रही सिद्ध होत ८९ सोई विचारि अर्थात् इहां शीघ्रही कार्य सिद्ध होई ताते पर्वतपर जहां तहां ठौर ठौर मुनिनमें जे श्रेष्ठ हैं ते जाइ आसन करते भये तिनको आदरते हिमाचलगिरि उनके रहने को उचित वास दिये ९० दोहार्थ ॥ अब संपत्ति कहत कि नाना नाम अनेक जातिके द्रुम

नाम वृक्ष आम अमरूद केलादिते सदा फलनसहित नवीन बने हैं अरु बेला चमेली गुलाबादि फूलनसमेत सदा नवीन हैं पुनः हीरा मरकत पुखराजादि सुंदरी मणिनकी आकर नाम खानि ते बहुती शैलपर प्रकट होती भई ९१ ॥

६५ सरितासर पुनीत जल बहहीं। खगमृगमधुप सुखी सब रहहीं ९२
सहज बैर सब जीवन त्यागा। गिरिपरसकलकरहिं अनुरागा ९३
सोह शैल गिरिजा गृह आये। जिमि जन राम भक्तिके पाये ९४
नित नूतन मंगल गृह तासू। ब्रह्मादिक गावहिं यश जासू ९५
नारद समाचार सब पाये। कौतुकही गिरिगेह सिधाये ९६
शैलराज बड़ आदर कीन्हा। पदपखारि वर आसन दीन्हा ९७
नारिसहित मुनिपद शिरनावा। चरणसलिलसबभवनसिंचावा ९८
निज सौभाग्य बहुत गिरि बरणा। सुताबोलि मेली मुनिचरणा ९९
दो० त्रिकालज्ञ सर्वज्ञ तुम, गति सर्वत्र तुम्हारि ॥
कहहु सुता के दोष गुण, मुनिवर हृदय विचारि १००

६५ सरिता नाम नदिनमें सर तड़ागन में पवित्र जल बहिरहा है जल थलके पक्षी वनमें मृगादि कमलमें भ्रमर गुंजारत इत्यादि सब सुखी हैं ९२ सहजं वैर जो अकारण वैर यथा हाथी सिंहते गो०व्याघ्रते अश्वमहिषते सर्प नकुलते इत्यादि वैर सब जीवन त्यागि दिहिनि तौ कारण विरोध काहेको होइ याते सब प्रकारके जीव परस्पर अनुराग करतेहुये शैलपर बिहरत ९३ पार्वती को जन्म हिमाचल के घर होनेते परिपूर्ण विभव करि हिमशैल कैसे शोभित भये जैसे श्रीरामभक्ति पायकै संतजन शोभा पावत अर्थात् सब गुण आपही आवत ९४ नित नवीन मंगलोत्सव तासु हिमाचलके घरमें बना रहत जिनको यश ब्रह्मादिक देवता गावत ९५ कन्याभये हिमाचलको विभव इत्यादि सब समाचार नारदजी पाये ताको देखनेहेतु कौतुकही स्वाभाविक हिमगिरि के घरको जाते भये ९६ शैलराज हिमाचल नारद जीको बड़ा आदर करि पांव धोय श्रेष्ठ आसन पर बैठाय पूजते भये ९७ पश्चात् भीतरको लैगये तहां नारि मैनासमेत मुनिपद में माथ नाये अरु मुनिपदधोवन जल सब घरमें छिरके भाव हरिभक्तन को चरणामृतते हमारो धाम पवित्र ह्वैजाय इत्यादि मान देते भये ९८ पश्चात् हिमाचल गिरि निज सौभाग्य बहुतप्रकारते वर्णन कीन्हे अर्थात् मेरी महासुकृत उदय भई जो

आपुसरीखे महात्मा मेरे धाम आये पुनः सुता गिरिजाको बुलाइ मुनिचरण में नाम पांवनमें नमस्कार कराये ६६ दोहार्थ ॥ त्रिकालज्ञ अर्थात् जो पूर्व भूतकालमें ह्वै गयोहै वर्तमान जो अब होतहै भविष्य जो होनहारहै भाव पूर्व जन्ममें को रही अब हमारी पुत्री काहेते भई आगे पतिपुत्रादि सुखकी कैसी भाग्य है यह कहने योग्य हौ काहेते सर्वज्ञहौ अर्थात् वेद शास्त्र तंत्र ज्योतिष सामुद्रिकादि सब वस्तु के जाननहार तुमहौ पुनः ब्रह्माण्डमण्डलमें सर्वत्र तुम्हारी अव्याहत गति है सर्व लोकनमें जाइसक्केहौ ताते देशकालादि भी जानतेहौ ताते हे मुनिवर, मुनिनमें शिरोमणि ! आपने हृदयमें अनुभवते विचारिकै सुता हमारी पुत्रीके दोष गुण जो कछु होइँ सो सब कहौ १०० ॥

६६ कह मुनिबिहँसि गूढ़मृदुबानी। सुता तुम्हारि सकलगुणखानी १
सुन्दर सहज सुशील सयानी। नाम उमा अम्बिका भवानी २
सब लक्षणसंपन्न कुमारी। होइहि संतत पियहि पियारी ३
सदा अचल यहिकर अहिवाता। यहिते यश पैहहिं पितु माता ४
होइहि पूज्य सकल जगमाहीं। यहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं ५
यहिकर नाम सुमिरि संसारा। तिय चढ़िहैं पतिव्रत असिधारा ६
शैल सुलक्षण सुता तुम्हारी। सुनहु जे अब औगुण दुइचारी ७
अगुण अमान मातपितुहीना। उदासीन सब संशय छीना ८
दो० योगी जटिल अकाम मन, नग्न अमंगल भेख ॥
अस स्वामी यहिका मिली, परी हस्त अस रेख ९

६६ तहां समग्र लक्षण देखतही पूर्वापर समग्र हाल जानिगये ताते बिहँसिकै नारदजी गूढ़ अर्थात् गुप्तवचन कहे पुनः कोमल मीठे वचन अर्थात् विभवकी चेष्टा भी नहीं प्रकट करे याते मृदु वचनते कहे कि तुम्हारी सुता सकल गुणन की खानि है भाव तुम्हारी भाग्य उदय भई १ अब गुणनको निरवार तामें प्रथम देहके गुण कहत सर्वांग सुठौर बने होइँ ताको सुन्दरता कही विना भूषणौ भूषितसी देखाय ताको रूप कही यथा॥ विनुभूषण भूषित जु तनु, रूप अनूपम गौर। सबअँग सुभग सुठौर सुठि, सुंदरता शिरमौर ॥ इत्यादि सहजही में सुन्दरि भाव रूप सौन्दर्यता दोऊ परिपूर्ण हैं पुनः सुभावके गुण कहत सुन्दर शीलवान् अर्थात् नीच ऊंच सबको आदरदायक है सयानी चतुर अर्थात् वेदतत्त्वज्ञाता है वर्तमान में नाम उमा है भूतकाल में अम्बिका

जगत्माता भविष्य में भवानी शिवपत्नी होयगी २ कुमारी बालअवस्था में चञ्चलतादिरहित सब सुलक्षणते संपन्न कहे पूर्ण रहैगी विवाह भयेपर संतत कहे सदा पतिको प्यारी रहैगी भाव पतिअनुकूल रही ३ यहिकर अहिवात सदा जन्म जन्मान्तर अचल है भाव अविनाशी पति है पुनः यहिके आचरण ते माता पिताको उत्तम यश लाभ होइगा भाव गिरिराज धन्य है ऐसा सब कहैंगे ४ सब जगमें यह पूज्य होई क्योंकि यहिके सेवा पूजा कीन्हेते जगमें कछु दुर्लभ नहीं भाव याकी कृपाते चारिउ फल सुलभहैं ५ यथा तप्तगोला की सम तथा असि नाम तरवारकी धारसम दुर्गम पातिव्रतमार्ग है अर्थात् सिवाय सांच अरु झूंठको निर्वाह नहीं सो संसार विषे पातिव्रत धर्मपर जो कोऊ तिया चढ़ि हैं ते सब प्रथम याको नाम सुमिरिलेहैं भाव पतिव्रतनमें शिरोमणि है ६ हे शैल, हिमाचल ! यावत् तुम्हारी सुता कहावती है अर्थात् एकतनुचारीहै तावत् सुलक्षणी है भाव याके बाह्यांतर एकहू कुलक्षण नहीं है पुनः जब दुइ चारि होइगी जब पाणिगृहीता ह्वै जिसकी पत्नी कहावैगी ताके तनुमें जो अवगुण है सो सुनो ७ कैसा याको पति मिली कि अगुण अर्थात् रजादि प्राकृत गुणन में बद्ध नहीं पुनः किसी वस्तुको मान नहीं राखे वा तनु आयु शक्ति बलादि प्रमाण रहित है पुनः मातुपितुहीन भाव प्राकृत सृष्टिमें नहीं है पुनः हिताहित भावरहित उदासीन सर्वभूतनमें समदृष्टि राखे पुनः हानि लाभकी संशयरहित वा तर्कणारहित निश्चल ज्ञानबुद्धि है ८ दोहार्थ ॥ योगी अष्टांगयोग में परिपूर्ण जटिल सदैव जटाधारी इन्द्रियविषय सुखकामादि विकाररहित सदा अकाम मन है तनु नग्न दिगम्बर पुनः अमंगल वेष कदापि जो तनुमें धारण कीन्हें सो भस्म कपालादि अमङ्गलीक पदार्थ धारण कीन्हे ऐसा स्वामी यहिको मिली ऐसी रेखा याके हाथमें परीहै ९॥

६७सुनिमुनिगिरासत्याजियजानी । दुख दंपतिहिं उमा हरषानी १०
नारदहू यह भेद न जाना । दशा एकसमुझताबिलगाना ११
सकल सखी गिरिजा गिरि मयना । पुलकशरीर भरे जल नयना १२
होय न मृषा देवऋषि भाखा । उमासोवचनहृदय धरिराखा १३
उपजेउ शिवपदकमल सनेहू । मिलन कठिन मनभा संदेहू १४
जानि कुऔसर प्रीति दुराई । सखी उछंग बैठि तब जाई १५
झूठ न होइ देवऋषि बानी । शोचहिं दंपति सखी सयानी १६
उर धरि धीर कहै गिरिराऊ । कहहु नाथ काकरिय उपाऊ १७

दो० कह मुनीश हिमवंत सुनु, जो विधि लिखा लिलार ॥
देव दनुज नर नाग मुनि, कोउ न मेटनहार १८

६७ इत्यादि नारदमुनि की कही वाणी सुनिकै सबहिन जीवमें सत्यकरि मानि लियो ताते दम्पति कहे स्त्रीपुरुष अर्थात् मैना व हिमाचल तिनहिं तौ दुःख भयो भाव हमारी सुन्दरी कन्या को कुरूप वर मिलैगो अरु उमा पार्वती विचारि लीन्हो कि एतौ सब लक्षण शिवजी में हैं तेई हमको मिलैंगे ऐसा विचारि हर्षितभई पूर्वसंदेह दूरि भयो १० प्रथम गिरिजा को देखि यह भेद नारदहूने नहीं जाना कि ये सतीका अवतार हैं शिवै को विवाह होयगा जब गिरिजा के लक्षण भवानी की एक दशा मिलि आई पुनः गिरिजा के पति के लक्षण शङ्कर की एकदशा मिलिआई इत्यादि एक दशा समुझेते भेद बिलगाय गयो अर्थात् नारदजी जानिलियो कि ये सतीका अवतार हैं शिवके संग विवाह होइगो परन्तु प्रसिद्ध याते नहीं कह्यो कि शिव सब भांति समर्थ हैं तिनकी सुगमप्राप्ति दुर्घट है क्योंकि ईश्वर विना आराधना नहीं प्राप्त होत यद्यपि भावी लिखी है तथापि शिव समर्थ हैं पूर्व प्रतिज्ञा मानि भावी मेटि डारैं तौ मेरे वचन वृथा होयँ याते शिव के हेतु कन्या को तपस्या उपदेश करैं सो तपस्या पाय भावी सबल होइगी ऐसा विचारि वर में दूषण देखाय शिव में भूषण करि तपस्या उपदेश करैंगे ११ तहां सकल सखिन के अरु गिरिजा पार्वती के गिरि हिमाचल के मयना हिमाचल की स्त्री इत्यादि सबके शरीर प्रेमते पुलकि रोमाञ्चित भये नेत्रन में जल भरि आयो तहां गिरिजा के तौ शिवके प्रेमते पुलकाङ्ग भयो और सबको सुताके सनेहते पुलक भयो १२ देवऋषि को भाषा कहा मृषा कहे झूठ नहीं सोई सत्य समुझि नारदजी को कहा वचन तिसको उमा पार्वतीजी उरमें धरिराखा दृढ़करिकै मानिलियो कि शिवजी हमको प्राप्त होइँगे १३ ताते शिवजी के पदकमलन में सनेह उपज्यो यह प्रेम पूर्वाभिलाष है पुनः स्वाभाविक शिव को मिलना कठिन है सो कौन भांति होय यह संदेह कि हमतौ पुत्री माता पिता के आधीन हैं सो कोई उपाय करि नहीं सकित क्योंकि संकोचहै अरु दूसरे की गति नहीं यहां सन्देह है १४ यासमय सबके करुणारस है तिनके संग हमारा प्रेम प्रकट संकोच है इति कुअवसर विचारि मनमें धैर्य धारण करि प्रीति दुराय उरमें गुप्तकरि बालसुभाव प्रकट हेतु सखीके उछंग कनियां में बैठीं जाइ १५ अब सबकी व्यवस्था कहत कि सब विचारतेहैं कि देवऋषि की

वाणी झूठ नहीं होतीहै तौ सुता को ऐसेही वर मिलेगा यह विचारि दम्पति जो हिमाचल मैना पुनः जे सयानी बात समुझनेवाली ते सखी सब मिलि शोचत सन्देहपूर्वक विचारत १६ तासमय हिमाचलजी उर में धैर्यधरि नारद ते वचन कहतेभये कि हे नाथ! कहौ हम अब का उपाय करैं जो कन्या को योग्यवर मिलै सो बतावो १७ तब मुनीश नारदजी कहतेभये कि हे हिमवन्त! मेरे वचन सुनु याके लिलार में जो कछु विधाता लिखिदीन्हेउ है ताको देवता दैत्य नर नागादि कोऊ उन अङ्कन को मेटनहार नहीं यह स्वाभाविक मर्यादा है १८ ॥

६८ तदपि एक मैं कहउँ उपाई । होइ किये जो दैव सहाई १९
जस वर मैं बरणेउँ तुमपाहीं । मिलिहिउमहिंतससंशयनाहीं २०
जे जे वरके दोष बखाने । ते सब शिवपहँ मैं अनुमाने २१
जो विवाह शंकरसन होई । दोषहु गुणसम कह सबकोई २२
जो अहिसेज शयन हरि करहीं । बुधकछुतिनकहँ दोषनधरहीं २३
भानु कृशानु सर्वरस खाहीं । तिनकहँ मंद कहतकोउनाहीं २४
शुभ अरु अशुभसलिलसबबहई । सुरसरि कोउ अपुनीतनकहई २५
समरथकहँ नहिं दोष गुसाईं । रवि पावक सुरसरिकी नाईं २६
दो० जो अस हिसिका करहि नर, जड़ विवेक अभिमान ॥
परहि कल्पभरि नरकमहँ, जीव कि ईश समान २७

६८ यद्यपि मिटना दुर्घट तदपि मैं एक उपाय कहतहौं सो उपाय के कियेते होई जो दैव सहाय होय अर्थात् सब उपाय करौ तामें ईश्वर को भरोसा राखे रहौ १९ क्या उपाय है सो कहत कि जा भांति को वर मैं वर्णन कीन्हेउँ तुमते तैसही वर उमा को मिली यामें नेकहू संशय नहीं कि एकहू अङ्ग और भांति होइ सो नहीं २० तहां उमा वर के जे जे दोष मैं बखाने हैं तेई सब मैं शिवजी में अनुमाने अर्थात् विचार करि जानिलिये २१ ताते जो या कन्या को विवाह शङ्कर के साथ होइ तौ यद्यपि उनमें है सो दोषन को शिव अङ्गसङ्गते सब गुण करिकै कहते हैं २२ पुनः देखौ अहिनाम सर्प अपावन विषधर ताहीको सेज करि तापै भगवान् शयन करत तिनको कोऊ बुध विद्वान् कछु दोष नहीं धरत कि ये अनुचित करतेहैं २३ भानु सूर्यन के

घामे में जो नी ऊंच पदार्थ परै सबको रस सोखिलेते हैं पुनः अग्नि में जो कछु परै सब भस्म करिदेत इत्यादि प्रताप द्वारा रवि अग्नि सबरस खातहैं तिनको मतिमन्द अज्ञानी कोऊ नहीं कहत सदा पवित्र कहावत २४ पुनः गंगाजी के सलिल कहे जलमें फूलफलादि शुभ विष्ठामूत्रादि अशुभ सब परि बहा चलाजात परन्तु सुरसरि कहे गंगाजी को कोऊ अपुनीत नाम अपावन नहीं कहत २५ गोसाईं गिरिराज को सम्बोधन है गिरिराज समर्थ शक्तिवन्त को दोष नहीं लागत कौन भांति यथा रवि अग्नि गंगा की नाईं अथवा साईं ईश्वर ताके गो नाम इन्द्रिय हैं यथा रवि प्रभु के नेत्रहैं अग्नि प्रभुको मुख है गंगाजी प्रभुको पादोदक हैं तिनकी नाईं तथा शिवजी प्रभु को अहंकारहै इत्यादि समर्थ हैं ताते उनमें भगवत् भास्कर को प्रकाश तहां दोषतम की गति नहीं है २६ दोहार्थ ॥ पुनः तिन समर्थन की हिसिका बराबरी तहां अभिमान वशते जड़वत् विवेक अर्थात् जीव ईश्वर एकही है ऐसा जड़वत् विवेक करि नर जो ईश्वर की बराबरी करै सो कल्पभरि हजार चौयुगी ब्रह्माके दिनभरि नरकमें परै काहेते जीव को ईश समान अर्थात् जीव ईश्वर की समता नहीं है ईश्वर स्वतन्त्र है जीव मायाके वशहै यथा ॥ परवश जीव स्ववश भगवन्ता। भागवते ॥ येऽन्येऽरविन्दाक्ष विमुक्तमानिनस्त्वय्यस्तभावादविशुद्धबुद्धयः। आरुह्य कृच्छ्रेण परंपदं ततः पतन्त्यधोनाऽदृतयुष्मदङ्घ्रयः २७ ॥

६६ सुरसरिजल कृतवारुणि जाना। कबहुँ न संत करहिं त्यहि पाना २८
सुरसरि मिले सो पावन जैसे। ईश अनीशहि अन्तर तैसे २९
शंभु सहज समरथ भगवाना। यहि विवाह सब विधि कल्याना ३०
दुराराध्य पै अहहिं महेशू। आशुतोष पुनि किये कलेशू ३१
जो तप करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटिसकैं त्रिपुरारी ३२
यद्यपि वर अनेक जगमाहीं। इनकहँ शिवतजि दूसर नाहीं ३३
वरदायक प्रणतारत भंजन। कृपासिंधु सेवक मनरंजन ३४
इच्छितफल बिनु शिव अवराधे। लहहि न कोटियोग जप साधे ३५

दो० असकहि नारद सुमिरि हरि, गिरिजहिं दीन्ह अशीश ॥
होइहि अब कल्याण सब, संशय तजहु गिरीश ३६

६९ जीव ईशते कैसा भेदहै यथा गङ्गाजल को कृतनाम कीन वारुणी जो मदिरा यद्यपि जानतेहैं कि गङ्गाजलते बनी है परन्तु ऐसहि मदिरा को सन्तजन कबहूं नहीं पान करैंगे काहेते अन्य ओषधी यन्त्रादि कारणपाय कार्यरूप मदिरा अपावन ह्वैगई तथा ईश्वर अंश मायाकरिकै कार्यरूप जीव विषयबद्ध ताते अपावन ह्वै गयो २८ सोइ मदिरा सुरसरिधारमें मिले सों जैसे पावन भयो तैसेही ईश को अनीश नाम जीव को अन्तर्भाव जब जीव ईश्वर सम्बन्धी ह्वैगयो सब विकारहीन भये पवित्र भये २९ ताते शिव भगवान् सहजही समर्थ हैं कछु तपादिते नहीं तिनके साथ यहि कन्या को विवाह भये याको लोक परलोक सब विधिते कल्याण है ३० जोपै महेश दुराराध्य जिनका आराधन दुःख ते होत पुनः क्लेश करनेपर आशुतोष कहे शीघ्रही प्रसन्न होत ३१ ताते जो शिवजी के प्राप्ति हेतु तुम्हारी कुमारी तपस्या करै तौ जो याकी भाग्यसें औरहू वर लिखा होइ सो भावी को शिवजी मेटि सक्तेहैं क्योंकि त्रिपुरारि हैं जे त्रिपुरासुर को मारेउ ऐसे सबल समर्थ हैं प्रथम वर की कुद्रूपता विधिअङ्कन ते दृढ़करि शिवकी प्राप्ति ते भूषित करे शिवप्राप्ति की दुर्घटता दृढ़करि तपस्या ते कार्यसिद्धि कहे ताते या प्रसंगमें दृढ़तातिशय उक्ता अलङ्कारहै यथा रघुवरकर्णाभरणे ॥ सामा संख्य विचारिकै, फिरि विशेष दृढ़भाव। दृढ़ता अतिशय उक्ति सो, वर्णत रसिक सदाव ॥ या प्रकार विधि जो वनै, तव तौ ऐसो होय। होय न होय कि होय नहिं, त्रिविधवाद इमि सोय ३२ यद्यपि जगमें अनेक वर हैं परन्तु गिरिजा को एक शिवै वर योग्य हैं कदापि और चहौ तौ शिव को छांड़ि दूसरा नहीं है जामें सब अवगुण भूषण करि गिनेजायँ व्यंग्य ते इनके शिवै वर हैं ३३ शिवजी कैसेहैं वरके देनहारेहैं पुनः प्रणत जो शरणागत ताके आर्त जो दुःख तिनको भञ्जन कहे नाशकर्ता हैं पुनः कृपाके समुद्र अर्थात् स्वाभाविक सबके रक्षक हैं पुनः अपने सेवकन के मनके रञ्जन कहे आनन्ददायक हैं ३४ इच्छित कहे मनकामना पूर्ण फल जो कोऊ लीनचहै तौ विना शिव की आराधना कीन्हे नहीं पाइसकत चहै कोटिन प्रकार के योग अष्टाङ्गादि पुनः जप पुरश्चरण विविध मन्त्र जाप करै तहां और वर देत सो कछु विचार राखत शिव विचारहीन वाको मनोरथ पूर्ण करत यथा मिथ्या वासुदेव के पुत्र को कृत्यानल दै द्वारकाको पठाये ताहेतु सुदर्शन काशी जराय दियो भस्मासुरते आपहीभागे इत्यादि ३५ दोहार्थ॥ ऐसी पूर्व की अनेक बातें कहि नारदजी हरिको स्मरण

करि पार्वती को आशीर्वाद दीन कि तुमको शिवप्राप्त होइँगे अब सब भांति ते कल्याण होयगो ताते हे गिरीश, हिमाचल ! संशय छांड़ौ ३६ ॥

इति श्रीशिववल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां श्रीरामचरितमानस
भूषणे सतीतनुत्यागपार्वतीजन्मवर्णनोनामचतुर्दशः प्रकाशः १४ ॥

---

७० असकहिब्रह्मभवनमुनिगयऊ।आगिलचरित सुनहु जस भयऊ १
पतिहि यकांत पाय कह मयना। नाथ न मैं समुझेउँ मुनिवयना २
जो घर वर कुल होय अनूपा। करिय विवाह सुता अनुरूपा ३
नतु कन्या बरु रहै कुँवारी। कंत उमा मम प्राणपियारी ४
जो न मिलिहि वर गिरिजहि योगू। गिरिजड़सहजकहहिंसबलोगू ५
स्वइ विचारि पति करेहु विवाहू। ज्यहि न बहोरि होय उरदाहू ६
असकहि परी चरण धरि शीशा। बोले सहित सनेह गिरीशा ७
बरु पावक प्रकटै शशिमाहीं। नारद वचन अन्यथा नाहीं ८
दो० प्रिया शोच परिहरहु अब, सुमिरहु श्रीभगवान ॥
पारबतिहि निर्मयो जिन, स्वइ करिहैं कल्याण ९

७० हे भरद्वाज ! अस कहिकै नारदजी तौ ब्रह्मलोक को गये आगिल चरित जस कछु भयो सो सुनो १ पूर्व वार्ता सबके सामने भई याते बोध नहीं भयो जब पति हिमाचल को एकान्त में पाया तब मैनाजी कहतीभई यह स्त्रिन को सुभावहै हे नाथ ! नारदजी क्या कहिगये सो कहौ तब मैं मुनिके बैन मुनिकी कही वार्ता नहीं समुझेउँ २ पिता को कुलकी चाह माताको नीके घर अर्थात् सासु श्वशुर भोजन वस्त्रादि नीकेकी चाह कन्याको नीके वर की चाह इहां माता को वचन ताते प्रथम घर कहे जहां घर पुनः वर कुल अनूप जाके सम दूसरा न होइ पुनः सुता पुत्रीके अनुरूप होइ अर्थात् वर को स्वरूप अवस्था सुभाव कन्याकी समता होइ तहां विवाह करिये ३ यावत् ऐसा न मिलै तावत् बरुकु कन्या कुँवारी परीरहै तावत् तुम्हारा अख्तियार है ढूंढ़ा करौ कबहूं तौ मिली कदापि कहौ इतना परिश्रम काहेको करी ता हेतु कहत कि हे कन्त ! उमा मोको प्राणसम प्रिय है जो याको नेकहू क्लेश भयो तौ मोको महाशोक होइगो ४ कदापि मेरे भी दुःख को न मानौ तौ आपहूकी निन्दा होइगी काहेते जो गिरिजा के योग्य वर न मिल्यो तौ

सबलोग यही कहहिंगे कि गिरि पर्वत तौ आबैकरे जिनको सहजही में जड़वत् सुभावहै ते कैसे विचार सहित कार्य करैं इत्यादि वचन सुने तुमको भी दुःख होगा ५ ताते हे पति ! सब प्रकारते विचारिकै सोई विवाह किहेउ ज्यहि में बहोरि कहे पीछे को फिरि न पश्चात्तापाग्नि ते उरमें दाह होइ भाव जब अच्छा विवाह होई तब सब प्रशंसा करिहैं ताको सुनि तुम्हारो हृदय शीतल होइ है ६ अस वचन कहि हिमाचल के पांवन में अपनो शीश धरि मैनाजी भूमिमें परिगई यह करुणारस की परिपूर्णता अरु प्रार्थना की हइहै सो करुणा देखि दया आई ताते सनेहसहित हँसिकै हाथ पकरि गिरीश बोले ७ गिरिराज कहे कि बरुकु शशि में पावक अग्नि प्रकटै भाव शीतकर चहै अग्निकर होइ इत्यादि अनहोनी चहै होय परन्तु नारदजी को वचन तीनिकाल में अन्यथा नाम वृथा नहीं है जैसा कहे हैं तैसा तौ वर मिलबै करी ८ दोहार्थ ॥ ताते हे प्रिया ! शोच परिहरौ नाम छांड़िदेउ क्योंकि अपना आख्तियार नहीं अब यह निश्चय करौ कि ज्यहि परमेश्वर ने पार्वती को निर्मयो नाम सुन्दर स्वरूप बनायो पुनः हमारी तुम्हारी पुत्री कियो तिनहीं श्रीभगवान् को सुमिरण करौ तेई हमारा सब भांति कल्याण करैंगे भाव किसी को शोक न होइगो ९ ॥

७१ अब जो तुमहिं सुतापर नेहू। तौ यह जाय सिखावन देहू १०
करइ सो तप ज्यहि मिलहिं महेशू। आन उपाय न मिटिहि कलेशू ११
नारद वचन सगर्भ सहेतू। सुंदर सबगुणनिधि वृषकेतू १२
अस विचारि सब तजहु अशंका। सबहिभांतिशंकर निकलंका १३
सुनिपति वचन हर्ष मनमाहीं। गई तुरत उठि गिरिजापाहीं १४
उमहिं विलोकि नयन भरि वारी। सहित सनेह गोद बैठारी १५
वारहिं वार लेति उरलाई। गदगद कंठ न कछु कहिजाई १६
जगत मातु सर्वज्ञ भवानी। मातु सुखद बोलीं मृदुबानी १७

दो० सुनहु मातु मैं दीख अस, स्वप्न सुनावों तोहिं।
सुन्दर विप्र सुगौर वर, अस उपदेशहु मोहिं १८

७१ प्रथमईश्वरको भरोसा राखि पीछे उपाय भी करना ता हेतु कहत कि हे प्रिया ! जो तुम्हारो सुतापर विशेष नेहहै अर्थात् प्राणसम प्रियहै तौ अब आइकै पुत्री को सिखावन काहे नहीं देतीहौ १० क्या सिखावन देउ कि सोई

तपस्या करै ज्यहिमा महेश पति होइकै मिलैं तौ सब आनन्द है आन कहे और उपाय कीन्हेते क्लेश न मिटी भाव और में ये दोषही गनेजाइँगे भूषण न होइँगे सोई सुनि क्लेश बनारही ११ नारदजी के वचन अभिप्रायगर्भित हैं सो अभिप्राय भी हेतु सहित है तहां जो वर के अवगुण सो अन्यमें दोषै हैं इति वचन तामें अभिप्राय कि तेई अवगुण शिवमें गुणहैं तामें हेतु यह कि कदापि शिवैके संग इनका विवाह लिखाहै तौ तौ उत्तमै है बेउपाय होइगो जो शिवके संग नहीं लिखाहै तौ उपायते कीजै याते उपाय करना दोऊ भांति भला है काहेते वृषकेतु गुणनिधि गुणन ते भरे हैं अवगुण तौ ऊपर देखनमात्रहै ताते सब भांतिते शिवजी सुन्दर हैं १२ अस विचारि सब शङ्कारहित होउ काहेते लोकमत वेदमत साधुमतादि सब भांति विचारते शङ्कर निष्कलङ्क हैं कछु कलङ्क नहीं १३ शिव के गुण वर्णित पतिके वचन सुनि मनमें हर्ष भयो ताते तुरतही उठिकै मैनाजी पार्वती के पास जातीभईं तपोपदेश देनेहेतु १४ यद्यपि तपस्या करने को कहै गईं परन्तु अतिसुकुमारी बालअवस्था तपके योग्य नहीं इत्यादि उमहिं विलोकि नाम देखि वात्सल्यरसते करुणा आइगई ताते नेत्रन में जलभरिकै सनेह सहित गोदमें बैठाय लेती भईं १५ करुणामय प्रेमते कण्ठारोध भयो याते वाणी गद्गदते कछु कहि न गयो सनेह की प्रबलता ते बारबार हृदय में लगावती हैं १६ जगन्मातु पार्वतीजी तौ सर्वज्ञहैं माताके अन्तरकी बात जानिगईं कि तपस्या करने के उपदेशहेतु आईं हमारे सनेहते कहि न सकति ऐसा जानि भवानी पार्वतीजी आपही मृदुवाणी बोलीं कैसी वाणी मातुसुखद माताको सुख देनहारी १७ दोहार्थ ॥ पार्वतीजी कह्यो कि हे मातु ! मैं ऐसा स्वप्न देखेउँ है सो तोहिं सुनावतिहौं कि स्वप्नमें एक गौर वर्ण सुन्दर श्रेष्ठ विप्र मोको उपदेश दीन्हेउ १८ ॥

७२ करहु जाय तप शैलकुमारी । नारद कहा सुसत्य विचारी १९
मातु पितहि पुनि यह मत भावा । तप सुखप्रद दुखदोष नशावा २०
तपबल रचै प्रपंच विधाता । तपबलविष्णुसकलजगत्राता २१
तपबल शंभु करहिं संहारा । तपबल शेष धरहिं महिभारा २२
तप अधार सब सृष्टि भवानी । करहुजाइतप अस जियजानी २३
सुनत वचन विस्मित महतारी । स्वप्नसुनायहु गिरिहिं हँकारी २४
मातु पितहिं बहुविधि समुझाई । चलीं उमा तपहित हरषाई २५

प्रिय परिवार पिता अरु माता। भये विकल मुख आव न बाता २६
दो० वेदगिरा मुनि आइ तब, सबहि कहा समुझाय॥
पारबती महिमा सुनत, रहे प्रबोधहि पाय २७

७२ का उपदेश दीन्हेउ कि जो बात नारदजीने कहाहै सोई सत्य विचारिकै हे शैलकुमारी! जाय तपस्या करौ शिवके निमित्त १९ पुनः तप सुखप्रद अर्थात् सर्व सुखको देनहारहै तप पुनः दोष जो वर मेंहैं ताके संग्रह ते जो दुःखहै तिसको नाश करनहारा तप है पुनः कहौ कि हमारे मालिक माता पिता हैं याते स्वयं वर ढूंढ़ना अनुचित है सो संदेह न करौ क्योंकि शिवहेतु तप करना यही मत तुम्हारे माता पिताके मनमें भावाहै इहां जो उपदेश हेतु माता गई सो पार्वती आपही सुनाये याते प्रहर्षणालङ्कार है चन्द्रावलोके॥ यत्नादुपायसिद्ध्यर्थात्साक्षाल्लाभाफलस्य च २० पुनः तपको प्रभाव देखौ विरञ्चि जे ब्रह्मा ते तपस्याके बलते प्रपञ्च जो संसार ताको रचतहैं पुनः तपै बलते विष्णु सब जगके त्राता नाम रक्षा करते हैं २१ पुनः तपस्याबलते शम्भु महादेव संसारको संहार कहे प्रलय करत त्रिदेवन में देखाय तपबल लोकोत्तर उत्कर्षता दर्शाये पुनः तपैबलते शेषजी महि जो पृथ्वी ताको समग्रभार शीशपर धारण कीन्हे ताकी गरुता नहीं मानत २२ ताते हे भवानी! तपैकी आधार समग्र सृष्टिकी बड़ाई है ताते तुम्हारा भी मनोरथ सिद्ध होयगो ऐसा जीवमें समुझि अर्थात् मनादि को संकल्प विकल्प छांड़ि जीव में निश्चय करि जाय तप करौ २३ इत्यादि आश्चर्य वचन पार्वती के कहे सुनिकै माता के मनमें बड़ा विस्मय भयो ताते हिमाचल गिरिको हँकारि नाम बुलाय स्वप्नेको समग्र हाल सुनावतीभई अद्भुत स्वप्नमय वचनविभाव अश्रु गद्गदादि अनुभाव भ्रमसंचारी विस्मयस्थायी याते अद्भुत रसहै २४ इत्यादि स्वप्न सुनाय तपमें प्रतीति कराये पुनः ध्रुवादि को प्रसंग इत्यादि बहुत वचन कहि माता पिताको समुझाय धैर्य कराय सुखपूर्वक आज्ञा पाय हर्षसहित तप के हेतु उमा पार्वती चलतीभई पयानसमय हर्ष कार्यसिद्धिको आगम है २५ सखी आदि जो प्रीतिते प्रिय रहीं पुनः परिवारके स्त्रीपुरुष पुनः माता पितादि वात्सल्यरसते वियोग विरहजनित करुणावशतें सब विकल भये अश्रु कण्ठावरोध ते काहूके मुखते कछु बात नहीं कहिआवत २६ दोहार्थ॥ सब समाज करुणारस में मग्न रहे तहां करुणा में सहाय कहे वीररस इहां करुणा है मोहते नहीं प्रयोजन है ब्रह्मविद्या वीरताको ता हेतु वेदगिरा अर्थात् जाकी

वाणीमें वेद है ऐसे विद्वान् मुनि आये अथवा जिनकी गिरामें वेद है ऐसे ब्रह्मा मुनिरूप धरि आये तब सबहिन को समुभायकै कहि दियो कि ये शिवकी शक्ति हैं तुम्हारे घर अवतार लै अपने पति के हेतु तप करै जाती हैं तुम क्यों मोह करतेहौ इति पार्वती की महिमा सुनतही प्रबोध नाम ज्ञान पाय के ठाढ़राहिगये गिरिजा चलीगई २७ ॥

७३ उरधरि उमा प्राणपति चरना । जाइ विपिनलागीं तप करना २८
अतिसुकुमारि न तनु तप योगू ।पतिपद सुमिरि तजेउसबभोगू २९
नित नवचरण उपज अनुरागा । बिसरीदेह तपहि मन लागा ३०
संवतसहस मूल फल खाये । शाकखाइ शतवर्ष गँवाये ३१
कछु दिन भोजन वारि बतासा । कियेकठिनकछुदिन उपवासा ३२
बिल्वपत्र महि परहिं सुखाई । तीनि सहस संवत सो खाई ३३
पुनि परिहरेउ सुखानेउ परना ।उमहिंनाम तब भयउ अपरना ३४
देखि उमहिं तप खिन्न शरीरा । ब्रह्मगिरा भइ गगनगँभीरा ३५

दो० भयो मनोरथ सफल तव, सुनु गिरिराजकुमारि ॥
परिहर दुसह कलेश सब, अब मिलिहहिं त्रिपुरारि ३६

७३ वनमें जायकै प्राणपति शिवके चरण उरमें धरि भाव हृदयमें शिव को ध्यान किहे पति पत्नी भावते वसुयाम मनते सेवन वाणीते शिवको नाम उच्चारण इन्द्रियविषय रोंके देहते अनेक संयम इत्यादि तप करने लगी २८ एक तौ राजकुमारी पुनः बालवय जो परिश्रम देखे नहीं ताते अत्यंत सुकुमारी तनु तपके योग्य नहीं है परन्तु पतिप्राप्ति अपूर्वसुख ताको वियोग रहा पुनः ताही प्राप्तिकी लग्नते पतिके पद उरमें स्मरण करि सब भोग जो भोजन वस्त्र शयनादि ताको तजिदिये २९ नित नव कहे दिनप्रति शिवचरण में नवीन अनुराग उपजत अर्थात् प्रीति बढ़त जात ताते देहसुख दुःखकी सुधि बिसरिगई क्योंकि मन तौ तपस्या में लगा इन्द्रिय सब मनके आधीन देहकी सुधि कौन करै ३० संवत सहस्र कहे हजार वर्ष तक तौ मूलफलादि भोजन किये तब दशौ इन्द्रियां शुद्ध भईं पुनः ताको दशांश शत कहे सौ वर्षतक शाक कहे केवल पत्तीकी भाजी आदि खाय दिन गँवाये तब देहाभिमान जीते ३१ पुनः कछु दिन ताको दशांश अर्थात् दशवर्ष बतास नाम बयारि वारि नाम जल यही भोजन करि मन शुद्ध किये पुनः कछु दिन ताको

दशांश वर्षभरि कठिन उपवास कहे जल पवन भी न पान किये तब चित्त थिर भयो इत्यादि ग्यारहसौ ग्यारह वर्ष को एक पुरश्चरण किये ३२ जब वरदायक न कोई आया तब दूसरा पुरश्चरण तिगुना ठाना ताते तीनि हजार वर्षतक सूखे भूमिके गिरे बेलपत्र ताको खायकै तप करी तब बुद्धि शुद्ध भई ३३ पुनः पूर्व क्रम दशांश अर्थात् तीनिसौ तेंतीस वर्ष तक सूखे पत्तउ परिहरेउ नाम त्याग किये तब तीनि अवस्था जीते जब शुद्ध तुरीय अवस्था शिवके रूपमें लय ह्वैगई तब उमा को अपर्णा नाम भयोउ वितर्के मा प्रतिषेधे उकारको अर्थ विशेषि तर्कणा सो रामरूपमें विशेष तर्कणा रही पुनः माकार को अर्थहै निषेध सो शिववचन को निषेधकरी इसीसे शिवजी त्याग किया याते उमा नाम रहा जब पूर्व देह तजि पुनः देह धरि तपस्याते शुद्ध भई तब अपर्णा नाम भयो अर्थात् एक सिवाय शिवकी प्रीति अपर कछु न कहे नहीं है ३४ तपस्या करने से उमाको शरीर खिन्न कहे अत्यंत दुर्बल ह्वैगयो ऐसी दशा देखि गगन कहे आकाश ते ब्रह्मगिरा कहे वाणी आकाशवाणी गंभीर शब्द ते भई अर्थात् जामें सब लोक सुनैं ३५ दोहार्थ ॥ का वाणी भई कि हे गिरिराजकुमारि ! सुन अब तव कहे तुम्हारा सब मनोरथ सफल भयो ताते दुःसह क्लेश जो तपस्या में करतीहौ सो सब परिहरु छांड़िदेहु अव तुमको त्रिपुरारि वर मिलिहहिं ३६ ॥

७४ असतप काहु न कीन भवानी । भये अनेक धीरमुनि ज्ञानी ३७
अब उर धरहु ब्रह्म वरबानी । सत्य सदा संतत शुचि जानी ३८
आवैं पिता बुलावन जवहीं । हठपरिहरि गृहजायहु तबहीं ३९
मिलहिं तुमहिं जब सप्तऋषीशा । तव जानेउ प्रमाण वागीशा ४०
सुनत गिरा विधि गगन वखानी । पुलकगात गिरिजा हरखानी ४१
उमाचरित सुन्दर मैं गावा । सुनहु शंभुकर चरितसुहावा ४२
जबते सती जाय तनु त्यागा । तबते शिवमन भया विरागा ४३
जपहिं सदा रघुनायक नामा । जहँतहँ सुनहिं रामगुणग्रामा ४४

दो० चिदानंद सुखधाम शिव, विगत मोहमद काम ॥
विचरहिं महि धरि हृदय हरि, सकल लोक अभिराम ४५

७४ जैसा तुमने किया ऐसा तप हे भवानी ! काहूने नहीं कीन क्योंकि ज्ञानी विवेकादि साधनावाले मुनि मननशील मन एकाग्र राखनेवाले धैर्यवान् धर्मशीलादि अनेक जगमें भये तिन कोऊ तुम्हारा ऐसा परिश्रम नहीं

किया जैसा तुमने किया ताते तुम भवानी शिवपत्नी होचुकी ३७ ताते अब ब्रह्मकथित जो वर कहे श्रेष्ठ वाणी है ताको उरमें धरौ कौन भांति सदा सत्य अरु संतत सदैव शुचि नाम पवित्र जानिकै तहां सदा सत्यवार्ता कहे कोई कालमें अपवित्र ह्वैजात यथा कोई भयते छिपाहै ताको घातक पूछे जो सत्य बतावा वह मारागया ता समय सत्य पावन नहीं है ताते सदा सत्य सदा पवित्र है ३८ पिता हिमाचल जबहीं बोलावन आवैं तबहीं ताही समय हठ तपोव्रत परिहरि छांड़िकै गृहको चलीजायो वाणी सत्यताकी यह भी एक प्रमाण है ३९ पुनः प्रमाण यह कि जब तुमहिं सप्तऋषीश्वर आइ मिलैं अर्थात् तुमते वार्तालाप करैं तब वागीश वाक् कहे वाणी ताके ईश अर्थात् ब्रह्मभाषित वाणीको प्रमाण कहे सत्य करि जानब ४० विधिकी बखानी कही गिरा जो वाणी ताको सुनत अब तुमको महेश मिलैंगे याते शिवजीको प्रेम उरमें उमँगि आयो ताते अश्रु रोमांचआदि गात पुलक सहित गिरिजा हरषानी प्रसन्न भईं ४१ हे भरद्वाज ! उमा पार्वती को तौ सुन्दर चरित मैं गावा अर्थात् वर्णन कीन अब सुहावा नाम मनभावा सुन्दर जो शंभुको चरित्र बाकी रहा सो सुनौ ४२ दक्षके घर जाय सतीजी जबते तनु त्यागा देह भस्म करि दिया तबते शिवजी के मनमें विराग भयो भाव स्त्री न रहने ते घरहूते विराग भयो सब लोकन में बिचरने लगे ४३ स्वाभाविक सदा श्रीरघुनाथजी को नाम जपते हैं जहां सत्संग पावते हैं तहां रामायणादि श्रीरामगुण ग्राम कथा सुनते हैं ४४ दोहार्थ ॥ आनन्द जिनके उरमें सदा चैतन्यहै ताते सुखके धामहैं पुनः शिव ऐसा नामही कल्याणरूपहै पुनः मोह मद कामते विगत नाम रहित है पुनः जो सकल लोकनके अभिराम नाम आनन्ददाता ऐसे हरि श्रीरघुनाथजी को हृदयमें धरि ध्यान किहे महि जो पृथ्वी तामें बिचरत वा प्रभुको ध्यान किहे लोकनके आनन्ददाता जो शिवजी ते महिमें बिचरत ४५ ॥

७५ कतहुँ मुनिन उपदेशहिं ज्ञाना । कतहुँ रामगुण करहिं बखाना ४६
यदपि अकाम तदपि भगवाना । भक्तविरहदुखदुखितसुजाना ४७
यहि विधि गयो काल बहु बीती । नित नव होय रामपद प्रीती ४८
नेम प्रेम शंकरकर देखा । अविचल हृदय भक्तिकी रेखा ४९
प्रकटे राम कृतज्ञ कृपाला । रूप शील बल तेज विशाला ५०
बहुप्रकार शंकरहि सराहा । तुमबिन अस प्रणकोनिर्वाहा ५१

बहुविधि राम शिवहि समुझावा। पारबती कर जन्म सुनावा ५२
अतिपुनीत गिरिजा की करणी। विस्तरसहितकृपानिधिवरणी ५३
दो० अब विनती मम सुनहु शिव, जो हमपर निज नेहु॥
जाय विवाहहु शैलजहिं, यह म्वहिं मांगे देहु ५४

७५ क्या लोक में आनंद देते हैं सो कहत कि कतहुँ जहां ब्रह्मवादी देखत तिन मुनिन को ज्ञान उपदेश करत कहौं रामानुरागी देखत तिनते श्रीरघुनाथजी के गुण करुणा दया उदारताआदि बखान करत इत्यादि जैसा अधिकारी पावत तैसा उपदेश देत ४६ यद्यपि कारिकै अकाम हैं काहू बातकी कामना नहीं है तदपि भगवान् तौ हैं अर्थात् स्वाभाविक जीवन के रक्षक पुनः भक्तन हेतु तौ क्लेशौ करत सो सती भक्त रहीं तिनकी विरह दुःखते आपु दुःखित हैं काहेते शिवजी सुजान हैं सो विचारे कि सती हमारे वियोग ते देहै भस्म करी ताते उनके वियोगते आपु दुःखित हैं ४७ याही समय कछु काल काकभुशुण्डिजी के इहां रहे याही विधि बहुत काल कहे दिन बीति गये दिन प्रति नित्य नवीन श्रीरामपदमें प्रीति बढ़त जात ४८ नेम तन क्रिया को व्यवहार है सो भक्ति दृढ़ता हेतु सती ऐसी स्त्री को त्याग किया इति नेम पुनः सतीके वियोग दुःखमें भी श्रीरामपद में प्रेम बढ़ता गया इति प्रेम अंतरमें इति नेम प्रेम शंकरको देखि अर्थात् बाहर भीतर दृढ़ भक्ति की अविचल रेखा अर्थात् प्रेम लक्षणा भक्ति परिपूर्ण है पुनः उधर पार्वती भी तप करि शुद्ध भईं सो प्रभु तौ भक्तनकी गईबहोरहैं पुनः पूर्ववत् संयोग करावा चाहते हैं ४६ विना शिवकी प्रार्थना स्वइच्छित श्रीरघुनाथजी प्रकट भये काहेते कृतज्ञहैं पुनः कृपालु हैं पुनः रूप अरु शील बल पुनः तेज इत्यादि सब गुण विशाल नाम वड़े अर्थात् अपारहैं अब सब गुणनको निरवार भगवद्गुणदर्पणके प्रमाण ते लिखतहौं तहां कृत गुणज्ञको यह लक्षण है कि जो स्नेही जन कृत स्वल्पहू सुकृत होइ ताको अत्यंत विशेषकरि जाने रहना यथा॥ कृतं जानन् कृतज्ञः स्यात् कृतं सुकृतमीरितम्॥ सोई कृतज्ञ गुणते प्रभु विचारे कि हमारी भक्ति हेतु आपनी प्रियाको शिव त्यागे तिनको पुनः संयोग कीन चाहिये पुनः कृपागुणको यह लक्षण कि सब जीवनके रक्षा करिबेको एक हमहीं समर्थ हैं वा जीवनको उद्धार हमारेही आधीन है ऐसा दृढ़ अनुसंधान राखन सो कृपा है यथा॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी॥ या गुणते प्रभु विचारे

कि दोऊ विरहार्त हैं ताते संयोग कराइ सुखी करिये ये दो गुण शिव पार्वती के उपकारार्थ हैं पुनः रूप कही जो विना भूषणै भूषितसे देखाय जाको देखि स्वाभाविकनेत्र चपकि जायँ लोहचुम्बकवत् यथा ॥ अङ्गानि भूषितान्येव निष्काद्यैश्च विभूषणैः । येन भूषितवद्भाति तद्रूपमिति कथ्यते ॥ चुम्बकायःकर्णन्यायैर्दूरादाकर्षकोबलात् । चक्षुषां सगुणो रूपं शाणस्मारशरावलेः ॥ पुनः शील कहे जो कैसेहू दीन मलीन आवै सब को सत्कार करैं यथा ॥ हीनैर्दीनैश्च मलिनैर्बीभत्सैः कुत्सितैरपि । महतोऽच्छिद्रसंश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः ॥ पुनः बल कहे कैसेहू दुर्घट कार्य करै तामें परिश्रम न होवै यथा ॥ यां यामस्य गुर्व्यां तु खेदाभावो बलं गुणः ॥ पुनः तेज सूर्यवत् सर्वत्र प्रकाशी यथा ॥ स्वानधीनानपेक्षत्वमन्योद्दीपनमित्यपि । आदित्यश्च प्रतापश्च सामन्ताग्निरदर्शनम् ॥ इत्यादि अपार गुणहैं तिनको प्रभाव आगे देखावब ५० प्रभुको देखि प्रेमते शिवजी नमस्कार किया कुशल प्रश्न पूछि प्रभुने शिवजीको सराहा भक्ति दृढ़ताकी प्रशंसा कीन कि विना तुम्हारे और कौन ऐसा व्रत निर्वाह करिसक्ता रहै यही प्रभुको सौशील्यता गुण है ५१ बहु विधिते अर्थात् जो तन ते अपराध भया सो तनैको सती भस्म करिदिया अब शुद्ध भईं अरु तुम्हारा त्याग भी उसी देहभरि रहै इत्यादि बहुविधिके वचन कहि श्रीरघुनाथजी शिव को समुझाय क्रोध शांत करि मन सन्मुख कराय तब पार्वती को जन्म लेना सुनायो कि हिमाचलके पुत्री भई है ५२ अत्यंत करिकै पुनीत पवित्र तपआदि जो गिरिजा की करणी तपोव्रतकी कर्तव्यता ताको विस्तार सहित अर्थात् नारदवचनते आकाशवाणी पर्यंत समग्र वार्ताको कृपानिधि वर्णन करै भाव तुम्हारे हेतु तप कीन्हे सो ब्रह्मवाणी ते फल पाये ५३ दोहार्थ ॥ हे शिव ! अब मेरी भी विनती सुनो निज धामको जाय पुनः गिरिजा को विवाह करहु कदाचित् इच्छा होय तौ यह हमको मांगन देहु काहेते जो हमपर नेह किहे होउ अरु निज कहे आपनापर हमारा नेह मानतेहोउ तौ प्रीतिदान देना लेना दोऊ उचित हैं गिरिजा की रक्षा चाहत तिनपै कृपागुण शिवते शील गुणहै ५४ ॥

७६ कहशिवयदपिउचितअसनाहीं। नाथ वचनपुनि मेटि न जाहीं ५५
शिरधरि आयसु करिय तुम्हारा। परम धर्म यह नाथ हमारा ५६
मातु पिता प्रभु गुरुकी बानी। बिनहिविचारकरियशुभजानी ५७
तुम सबभांति परम हितकारी। आज्ञा शिरपर नाथ तुम्हारी ५८

प्रभु तोषेउ सुनि शंकरवचना । भक्ति विवेक धर्मयुत रचना ५९
कह प्रभु हर तुम्हार प्रण रहेऊ । अब उरराखेउ जो हम कहेऊ ६०
अंतर्द्धान भये अस भाखी । शंकर स्वइ मूरति उर राखी ६१
तबहिं सप्तऋषि शिवपहँ आये । बोले प्रभु अतिवचन सुहाये ६२

दो० पार्वती पहँ जाइ तुम, प्रेम परीक्षा लेहु ॥
गिरिहि प्रेरि पठयहु भवन, दूरि करेहु संदेहु ६३

७६ छूटे बन्धनमें परना अज्ञान विचारि शिवजी कहत कि छूटि पुनः फंद में परना ऐसा उचित यद्यपि नहीं है पुनः हे नाथ ! आपके वचनौ नहीं मेटि जातहैं ५५ ताते तुम्हारी आयसु जो कछु होइ सोई शिर धरि खुशी सहित करिये हे नाथ ! हमारा परम धर्म यह आपकी आज्ञा पालन करनैहै ५६ काहेते हमारा धर्म है कि माता, पिता पुनः प्रभु स्वामी अरु गुरु इत्यादि क्रम एकते एक श्रेष्ठ जानि तिनकी कही जो कुछ उचितानुचित विना विचारे उसको शुभ जानिकै करिये ५७ शिवजी कहत कि लोक में यावत् नेह नाता हैं तिन सब भांतिते मेरे परम हितकारी आपहीहौ ताते हे नाथ ! आपुकी आज्ञा मेरे शिरपरहै हर्षसहित अंगीकार है ५८ सब भावते आपही हितकारी हैं इति भक्ति फंदते छूटि पुनः बँधायलेना उचित नहीं इति विवेक आपुकी आज्ञा मेरे शिरपर इति धर्म इन तीनिहूं रचनायुत विचित्र वचन शंकरके सुनि प्रभु तोषेउ परम प्रसन्न भये ५९ पुनः प्रभु बोले हे हर ! सतीतनको तुमने त्याग किया रहै सो तौ प्रण तुम्हारा रहा क्योंकि वह तनै भस्म भया अब दूसरा जन्म धरि तुम्हारे हेतु तप किया तिन्हैं विवाहेहु यह जो हमारा कहा वचनहै ताको उरमें राखेउ इति स्वामीभावते रूखा उपदेशहै भाव यह करना परैगा याते भुलावना नहीं भाव तब तौ प्रण निबहा अब न निबहैगो यामें बलगुण दर्शाये ६० ऐसा पूर्ववत् वचन भाषिकै प्रभु अन्तर्द्धान ह्वैगये ता समय महाप्रकाश बिज्जुलछटासी ह्वैगई सो प्रभु को तेजगुण शिवकी आंखिन में समायगयो सोई जो प्रसिद्ध देखतरहे सोई प्रभुकी माधुरी मूर्ति उरमें राखी ध्यानमें धरे रहे ६१ तबहीं ब्रह्माकी प्रेरणाते सप्तऋषि शिवजी के पास आये तिनते प्रभु शिवजी अत्यंत सुन्दर वचन बोले सो आगे कहत ६२ दोहार्थ ॥ तब शिवजी बोले कि हे सप्तऋषियो ! तुम पार्वती के पास जाय उनकी परीक्षा लेउ कि हमारे बिषे कैसा प्रेम किहे हैं जो सच्ची प्रीति देखेउ तौ गिरि को प्रेरि अर्थात् हिमाचलको कहेउ कि अब पुत्रीको घरका लेवाय

लाओ पुनः गिरिजा को समुझाय घरको पठायउ सब संदेह दूरि करि दिहेउ भाव शिवजी विवाह अंगीकार किहेहैं तिनके पठायेते हम आये हैं अब कुछ संदेह न करना विवाहकी सामग्री करौ ६३ ॥

७७सुनिशिववचनपरमसुखमानी। चले हर्षि जहँ रहीं भवानी ६४
ऋषिन गौरि देखी तहँ कैसी। मूरतिवंत तपस्या जैसी ६५
बोले मुनि सुनु शैलकुमारी। करहु कवन कारण तप भारी ६६
क्यहि अवराधहु का अब चहहू। हमसन सत्यमरम सब कहहू ६७
सुनत ऋषिनके वचन भवानी। बोलीं गूढ़ मनोहर बानी ६८
कहत मरम मन अति सकुचाई। हँसिहहु सुनि हमारिजड़ताई ६९
मन हठ परेउ न सुनत सिखावा। चहत वारिपर भीति उठावा ७०
नारदकहा सत्य हम जाना। बिनु पंखन हम चहत उड़ाना ७१
देखहु मुनि अविवेक हमारा। चाहियशिवहिं सदा भरतारा ७२
दो० सुनत वचन बिहँसे ऋषय, गिरिसंभव तव देह॥
नारदकर उपदेश सुनि, कहहु बसेउ क्यहि गेह ७३

७७ शिवके वचन सुनि परम सुख माने भाव लोक को उपकारहै ताते जहां भवानी तप करतरहीं तहांको सप्तऋषि हर्षिकै खुशीपूर्वक चले ६४ जब सप्तऋषि जायकै गौरी पार्वतीको देख्यो सो कैसी देखिपरीं जैसे तपस्या सोई स्थूल मूर्तिवन्त ह्वै प्रसिद्ध बैठीहैं अर्थात् दुर्बल देह सब इन्द्रिय विषय खैंचि शिवजीमें मन लगायेहैं ६५ पार्वतीते सप्तमुनि बोले कि हे गिरिजा! हमारे वचन सुनो तुम तौ राजकुमारीहौ तुमको तपस्याते क्या प्रयोजन है सो कौन कारणते भारी तप करतीहौ भाव राजकुमारिनको देखि स्वाभाविक सब सुर नर मुनि मोहत तुम तप वृथै करतीहौ ६६ अब जानना चाहिये कि केहि देवताको अवराधना करती हौ त्यहिते तुम कौन फल चाहतीहौ सो हाल सत्य वचन हमसन कहौ क्योंकि हम ऋषीश्वर सब वस्तुके ज्ञाता हैं सो हमसों क्यों नहीं कहत जो तुम्हारा प्रयोजन हम सहजही सिद्ध कराय देवैं ६७ आकाशवाणीमें सुनेरही कि सप्तऋषि मिलैं तब सांची जानना कि शिव मिलैंगे याते विचारि लीन्ही कि हमारी परीक्षा लेनेहेतु आये ताते ऋषिनके वचन सुनि भवानी गूढ़ वाणी मनोहर बोली अर्थात् सुनतमें सुंदर वचनके भीतर अभिप्राय गुप्त ६८ गिरिजा बोलीं कि मर्म जो आपना हाल

ताको कहत हमारा मन अत्यंत संकोचको प्राप्त होत काहेते कि हमारी जड़ताई सुनिकै पीछे हँसिहौ निज अवगुण आपने मुख कहना यही वचनकी मनोहरताहै ६९ क्या जड़ताहै कि हमारे मनको ऐसा हत स्वभाव पराहै कि काहू को उत्तम सिखावन भी नहीं सुनती हैं क्या हठ किहे हन कि वारि जो जलहै ताके ऊपर भीति उठावा चाहती हैं अर्थात् अनहोनी किया चाहतीहैं अभिप्राय कि शिव हमें त्यागिदिया तिनको प्रण मिटावना जल पर की भीतिसम अयोग्यता है सोई शिवको संयोग हम किया चाहती हैं ७० तामें नारद जो वचन कहा कि शिव दुराराध्य हैं परंतु तप किहे पर प्राप्त ह्वैसकत सोई हम सत्य करि जाना ताते हम विना पंखनै उड़ना चाहतीहैं अभिप्राय कि पतिपत्नीभावको नेह नाता सोई पंख हैं जब शिवजी हमें त्याग किया तबते हम विनापक्ष भई पुनः नारदवचनके भरोसे अब विनापंखही उड़ा चाहती हैं अर्थात् पुनः शिवको संयोग कीन चाहती हैं ७१ हे मुनि ! हमारा अविवेक अज्ञानपना तौ देखौ कि शिवको सदा जन्म जन्मांतर भर्तार करि चाहती हैं अविवेकते पातिव्रतदृढ़ जनाये अरु सदा शिवैको पति चाहती हैं याते जन्मांतर भी दूसरे को नहीं चाहती हैं ७२ दोहार्थ ॥ गिरिजाके वचन सुनि सप्तऋषि हँसे अर्थात् परीक्षा लेन चाहत ताते वचननको अनादर कीन ऋषि कह्यो कि गिरिते संभव नाम उत्पन्न तौ तुम्हारी देहैहै अर्थात् जड़ पर्वतकी तौ पुत्री आवै करौ तौ तुम्हारे बुद्धि कहांते होइ तौ तौ नारदको वचन मानि लिहेउ नाहीं तौ विचारि देखौ कि नारदको उपदेश सुनि कहौ तौ कि संसारमें क्यहिका घर वसा है अर्थात् घर फोरिकै उजारि देनेवाले हैं ७३ ॥

७८ दक्षसुतन उपदेशिनि जाई । तिनपुनि भवन न देखा आई ७४
चित्रकेतु कर घर उन घाला ।कनककशिपुकरपुनि असहाला ७५
नारदसिख जु सुनहिं नर नारी ।अवशिहोहिंतजिभवनभिखारी ७६
मन कपटी तन सज्जन चीन्हा । आपुसरिस सबही चह कीन्हा ७७
तिनके वचन मानि विश्वासा । तुम चाहहु पति सहज उदासा ७८
निर्गुण निलज कुवेष कपाली । अकुल अगेह दिगंबर व्याली ७९
कहहु कवन सुख अस वर पाये । भल भूलिहु ठगके बौराये ८०
पंचकहे शिव सती विवाही । पुनि अवढेरि मराइनि ताही ८१

७८ घर उजारनेका प्रमाण देखावत कि नारद दक्षके पुत्रनको उपदेश

दिहिनि ते पुनः लौटिकै घर नहीं देखे दक्ष ब्रह्माके पुत्रहैं ब्रह्माकी आज्ञाते सृष्टि प्रारंभ में ग्यारह हर पुत्र उत्पन्नकरि सात वर्षके जब भये तब तपस्या को पठाये ते गंगातीर तपस्या करते देखि नारद पूछेउ कि तुम क्या करतेहौ वे बोले पिताकी आज्ञाते तप करते पूर्ण भये घर जाय विवाह करि सृष्टि उपजावैंगे नारद कहेउ सुंदर तन पाय विषयमें परि पुनः भवसागरमें परौगे याते भगवद्भजन करौ वे सन्मुख भये तिनको भजन ध्यान उपदेश त्यागी बनाय दिये पिताके बुलायेपर घर को न आये ७४ पुनः राजा चित्रकेतुको घर घाले नष्ट किये राजा चित्रकेतुको अंगिरा मुनि मुक्ति हेतु उपदेश किया सो पुत्रहीन ता राजा न सुने ताते मुनि उदास ह्वै नारदते कहेउ दोऊ आइ राजाको पुत्र होनी आशिष् दै चलेगये सोलह हजार रानी रहैं छोटीके पुत्र भयो तब नारद औरिनको समुझाइ दियो ताते सब रानी पुत्रको विष दै मारिडारे तब महाविलाप भयो तब नारद आइ पुत्रको जिआय बोलकारे पुत्र बोल्यो कि मैं पांचालदेशको राजा हौं राज छोड़ि भजन करत रहौं भिक्षा करि एक स्त्रीते कंडा मांगि भोजन बनाय शालग्रामको भोग लगाय भोजन किया कंडे में सोलह हजार चिउँटी रहैं सो जरीं तेई ये रानी भईं कंडा दई सो मेरी माता भई हरिभोग लगायेते मैं एकही बारते छुट्टी पाये नहीं सोलह हजार जन्म धरना पड़ता ताते कौन किसको पुत्र है यह सुनि राजाके ज्ञान भयो सब त्यागि भजनको चलेगये पुनः कनककशिपु हिरण्यकशिपुको ऐसेही हाल किया हिरण्यकशिपु की गर्भवती रानीको रामनाम उपदेश दिये जो पुत्र प्रह्लाद भये ते रामनामही टेक पकरे ताहेतु पिता पुत्रनते वैर भयो सो प्रसिद्धहै ७५ ताते नर होय वा नारी जो नारदको उपदेश सुनी सो अवशि कहे जरूरही भवन जो घर अर्थात् परिवार छोड़िकै भिखारी होई ७६ कैसे हैं नारद कि मनके कपटी संसारते कपट राखत भाव संसारकी वृद्धि नहीं सहि सकत तनमें सज्जन के ऐसे चिह्न बनाये तिलक मालाआदि धारण किये भीतर सज्जनता नहीं क्योंकि सज्जन छूटेको मिलावत नारद मिले को छोड़ावत सो जैसे स्त्री पुत्रहीन एकाकी आपहैं तैसेही सबहिनको कीन चाहत ७७ ऐसे कपटी नारद तिनके वचन को विश्वास मानि तुम पति चाहती हौ सो होने को नहीं क्योंकि जिन्हैं तुम पति कीन चाहत वे सहज ही उदासीन हैं भाव उनको किसीको संग सोहात नहीं ७८ निर्गुण सतोगुण ते काहूसों प्रीति न तमोगुणते काहूते वैर न रजोगुणते देहसुख चाहैं पुनः लज्जाहीन कुवेष मुण्डमाल चिताभस्म लगाये कपाली नरकपालको पात्र

बनाये अकुल माता पितादि परिवारहीन अगेह घररहित दिगम्बर कहे नग्न व्याली सर्पनको लपेटे ७९ ऐसा कुलक्षणी वर पाये ते कहहु तुमको सिवाय दुःखके और कौन सुख है ताते ठग नारदके बौरायेते तुम तौ भले भूलिगइउ भाव पूर्व जन्मकी सुधि करौ ८० ऐसा हाल सब पञ्च कहते हैं वा पञ्चनके कहनेते शिव सतीको प्रथम तौ विवाही जब उनकी परवरिश न करिसके तब पुनः अवढ़ेरि कहे चारि तरफ़ते औढ़ेरा लगाय पेंच गांठि ताहि सतीको मराय डारिनि इहां औढ़ेरा कौन लगाये प्रथम श्वशुरते विरोध करि राखे पुनः बेप्रयोजन सती साथ लै दण्डकवनमें गये नरनाट्यसमय प्रभुको नमस्कार किये जब सती संदेह किया तबौ बेप्रयोजन आपही परीक्षा लेने हेतु पठाये जब लौटिआईं तब उनते मन उदास किहिनि पुनः आपै बताये कि तुम्हारे पिताके बड़े उत्सवकी यज्ञहै ऐसा सुनाय उहां पठाये विरोधते अपमान भा सती भस्म भईं ८१ ॥

दो० अब सुखसोवत शोच नहिं, भीख मांगि भव खाहिं ॥
सहज यकाकिनके भवन, कबहुँक नारि खटाहिं ८२

७९ अजहूं मानहु कहा हमारा। हम तुमकहँ वर नीक विचारा ८३
अतिसुंदर शुचि सुखद सुशीला। गावहिं वेद जासु यशलीला ८४
दूषणरहित सकल गुणरासी। श्रीपतिपुर वैकुंठ निवासी ८५
अस वर तुमहिं मिलाउब आनी। सुनतवचनकहबिहँसिभवानी८६
सत्य कहेहु गिरिभवतन एहा। हठ न छूट छूटहि बरु देहा ८७
कनकहु पुनि पषानते होई। जारेहु सहज न परिहर सोई ८८
नारद वचन न मैं परिहरऊं। बसौ भवन उजरै नहिं डरऊं ८९
गुरुके वचन प्रतीति न जेहीं। सपनेहुँसुगमनसुखसिधितेहीं९०

दो० महादेव अवगुण भवन, विष्णु सकल गुणधाम ॥
ज्यहिकर मन रम जाहिसन, त्यहि ताहीसन काम ९१

७९ अब भव कहे महादेव अकेले रहिगये ताते काहू भांतिको शोच नहीं है भीख मांगिकै खात गोड़ पसारि सुखते सोवत सो जे सहजहीमें एकाकी अर्थात् अकेले रहिरहे हैं तिनके भवन कहे घरमें कबहुँक नारि खटाहिं अर्थात् नहीं खटाय सकत उहां नारदमें दूषण देखाय उपदेश भंग करि शिवमें दूषण देखाय विवाह होना भंग करि ८२ अब अपने उपदेशते

विष्णुमें गुण देखाय अनायास विवाह होना बतावत कि कुछ बिगरा नहीं है आजहु जो हमारा कहा मानहु तौ हम सातौ ऋषि मिलि तुम्हारे हेतु नीक वर विचाराहै ८३ अत्यन्त सुन्दर सर्वांग सुठौरबने शुचि सदा पवित्र चिताभस्मादि नहीं सबको सुखदाता भाव संहारकर्ता नहीं सुशील सबको आदर करत भाव शिव दक्ष कैसो अनादर नहीं करत भूभारउतारण यश मर्यादापाल जाकी लीला सदा वेद गावत ८४ नग्नोदासीनादि दूषणरहित किरीट कुण्डल पीतांबरादि भूषित कृपा उदारतादि सद्गुणोंकी राशि भाव तमोगुणी नहीं श्री शोभा खानिके पति हैं भाव कुवेष नहीं उत्तम दिव्य लोकन में वैकुण्ठके वासी भाव श्मशानादि नहीं ८५ ऐसा तो सुन्दर वर सो विना परिश्रम तुम्हारे घरमें तुमको आनि मिलावब इत्यादि वचन के निरादर हेतु भवानी हँसिकै वचन कहेउ ८६ हे सप्तऋषियो ! जो तुमने कहा कि तुम्हारी देह गिरिते उत्पन्न है सो वचन आपको सत्य है क्योंकि ऐसी जड़ता हममें है कि वरुकु देह चहै छूटिजाय परन्तु हमारी हठ न छूटी ८७ काहेते अत्यन्त कान्तिमान् कोमल कनक जो सोना सोऊ पषान नाम पत्थरै ते होत ताहूमें ऐसी जड़ता होत कि जारेहु अग्निमें भस्म कीन्हेउ पर जो सहजस्वभाव पूर्वरूप है ताको परिहरत नाम त्यागत नहीं याते यह वचन तुम्हारा सत्य है और तुम्हारा कहना सब वृथाहै ८८ काहेते आपको कहना वृथाहै कि नारदजीके कहे जो वचन हैं तिनको मैं परिहरौं कहे त्यागहुँगी नहीं अरु जो आपने कहा कि नारदके उपदेशते उजरै के सिवाय किसको घर बसा है सो जाके घर उजरेको अंदेशा होइ तासे कहौ मेरे तौ घर बसै चहै उजरै कुछ डरती नहीं अर्थात् विवाह करि शिवजी घरमें बसावैं तौ भली नातरु उजारिमें वैठी शिवको स्मरण किया करौंगी ८९ काहेते नारदको वचन न त्यागिहौं कि लोक वेद संतनकोभी यही मत है कि ज्यहि के मन तनते गुरुके वचनमें प्रतीति नहींहै त्यहि अधर्मीको काहू भांतिको सुख लोक व परलोक अरु काहू कार्यकी सिद्धि वाको प्रसिद्ध को कहै स्वपनेहू में सुगम न मिली ९० दोहार्थ ॥ अवगुणी तौ राक्षस होते हैं देवता तौ स्वाभाविक गुणी होते वे तौ महादेवहैं याते गुणके भवन होइँगे जो तुम कहतेहौ कि महादेव अवगुणभवनहैं पुनः विष्णु सब गुणके धामहैं तहां गुण अवगुण संसारमें सबहीके होते सो कन्या जानि नहीं सकति जब विवाहभये पर संगति पाय अवगुण जाने तब उसको त्यागि किसी गुणवान् को ग्रहण करै ताते आप व्यभिचारिणिन के आचार्य हैं याते कुलटन को

उपदेशौ जाय कदाचित् कहौ तुम कुँवारीहौ तहां नारदके उपदेशते माता पिताकी आज्ञाते शिवहेतु तप करी है अब हम शिवकी ह्वैचुकीं याते जाको मन जामें रमिगयो भाव पिताके देनेते कन्या अपनेही वर में मन रमावती है ताही ते सकामा होती है और सबते निष्काम रहती है ताते अब तुम्हारा उपदेश वृथा है ६१ ॥

८० जोतुमभिलतेहुप्रथममुनीशा।सुनतिहुँसिखतुम्हारिधरिशीशा ६२
अब मैं जन्म शंभुहित हारा। को गुण दूषण करै विचारा ६३
जो तुम्हरे हठ हृदय विशेषी। रहि न जाय बिन किये वरेषी ६४
तौ कौतुकियन्ह आलस नाहीं। वर कन्या अनेक जगमाहीं ६५
जन्म कोटिलगि रगर हमारी। बरउँ शंभु नतु रहौं कुमारी ६६
तजहुँ न नारदकर उपदेशू। आप कहहिं शतबार महेशू ६७
मैं पां परौं कहैं जगदम्बा। तुमगृहगवनहुभयोविलम्बा ६८
देखि प्रेम बोले मुनि ज्ञानी। जयजय जगदम्बिके भवानी ६९

दो० तुम माया भगवान शिव, सकल जगत पितु मात ॥
नाय चरण शिर मुनि चले, पुनिपुनि हर्षितगात १००

८० काहे उपदेश वृथा है हे मुनीशहु! जो तुम प्रथम मिलतेहु तब जो कुछ सिखावन देतू सो शीशपर धरिकै खुशीते सुनतिउँ ६२ अब तौ मैं यह जन्म शंभु के हित हारा भाव माता पिताकी आज्ञाते शिवको पति मानेलिया ताते गुण अवगुण कौन विचार करै भाव हम तौ उनकी दासी ह्वैचुकीं ६३ हे मुनि! जो तुम्हारे उर में विशेष करिकै हठ यही है कि विना वरेषी वरदेखी अर्थात् वरकन्याके विवाहमें विचवानी किहे विना नहीं रहाजात भाव तुमको यही इश्कहै ६४ तौ कौतुकियन्ह तमाशा करनेवाले विदूषकनके आलस्य तौ होता नहीं ताते जगमें अनेकन वर कन्या हैं सो ढूंढ़ौ जाय भाव तुम मुनि नहीं हौ भांड़ हौ सो जहां हरजाई होइ तहां जाउ हमते क्यों मसखरी करतेहौ हम एकही पतिमें रतहैं ६५ एक जन्मकी नहीं कोटि कहे करोरिन जन्मतक हमारी यही रगरहै कि जो वरौं विवाह करौं तौ शिवके साथ नातरु चहौं कुँवारी परी रहौं दूसरो नाम सुनना मंजूर नहीं ६६ तुम्हारे मसखरीके वचनकी तौ प्रमाणै नहीं जे मेरे इष्टहैं ते महेश एक नहीं जो सौबार कहैं तबहूं नारदको उपदेश न त्यागौं भाव विना गुरुके उपदेश

इष्टकी प्राप्ति नहीं ताते लोक वेद संत सम्मतहै कि इष्टते गुरु अधिक मानिये अथवा साधन समय आपनो बंधन विचारि इष्टही विघ्न लगावत याते शिवको कहना विघ्न समुझि न मानै अथवा उपदेश तौ शिवकी प्राप्ति हेतुहै सो यावत् हमारा पाणिग्रहण नहीं करिलेतेहैं तावत् हमपै आज्ञा करने को शिव समर्थ नहीं हैं ९७ हे भरद्वाज ! जगदम्बा कहती भई कि हे ऋषीश्वरो ! मैं तुम्हारे पांयन परतीहौं वृथा वार्ता करते बहुत विलम्ब भया अब तुम अपने घरन जाउ अर्थात् बेप्रयोजन क्यों ठांय ठांय लगायेहौ जगदम्बा याते कहे कि सबको अपनो पुत्र मानती हैं ताही दयाते ऋषिनपै क्रोध नहीं किया ९८ इत्यादि सांचा प्रेम देखि कश्यपादि मुनि सातौ ज्ञानी हैं याते विचारि लिये कि दया करि हमपै क्रोध नहीं किया ताते बोले कि हे भवानी, जगन्मातः ! तुम्हारी जय होय जय होय द्वै बार याते कहे कि भूतकाल तुम्हारी पराजय भई रहै अब वर्तमान अरु भविष्यमें तुम्हारी जय होय ९९ दोहार्थ ॥ शिव भगवान्हैं तिनकी तुम आदिमाया लोक उत्पत्ति स्थिति प्रलय करनहारीहौ ते तुम दोउ जगन्माता पिताहौ ऐसा कहि पार्वतीके पांयन में शीश नवाय वारंवार प्रेमते पुलकित गात अश्रुरोमांचादि सहित सप्तमुनि चले कार्य पूर्णते हर्ष १०० ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां रामचरितमानसभूषणे नारदोपदेशसतीतपवर्णनंनाम पञ्चदशः प्रकाशः १५ ॥

---

८१ जाइ मुनिन हिमवन्त पठाये। करि बिनती गिरिजा गृह लाये १
बहुरि सप्तऋषि शिवपहँ जाई। कथा उमाकी सकल सुनाई २
भये मगन शिव सुनत सनेहू। हर्षि सप्तऋषि गवने गेहू ३
मन थिरकरि तब शंभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना ४
तारकअसुर भयो त्यहि काला। भुजप्रतापबल तेजविशाला ५
ते सब लोकलोकपति जीते। भये देवसुख संपति रीते ६
अजर अमर सो जीति न जाई। हारे सुर करि विविध लराई ७
तब बिरंचि सन जाइ पुकारे। देखे विधि सब देव दुखारे ८
दो० सबसन कहा बुझाइ विधि, दनुज निधन तब होइ॥
शंभुशुक्र संभूत सुत, यहि जीते रण सोइ ९

८१ सप्तमुनि जाय कह्यो कि तुम्हारी पुत्रीको विवाह शिवजी अंगीकार करे ऐसा कहि हिमवंतको पठाये ते बिनती करी कि हे पुत्रि! तुम्हारा परिश्रम सफल भया घरको चलो या भांति गिरिजाको घरको लाये १ बहुरि फिरि सप्तऋषि कैलास शिवजी के पास जाय उमाकी कथा जो कुछ वार्ता भई रहै सो सुनावते भये २ पार्वतीजी को सच्चा स्नेह अपनामें सुनि शिवजी प्रेमानन्दमें मग्न कहे बूड़िगये सब कार्यकी पूर्णता जानि हर्षि खुशी सहित सप्तऋषि अपने गेह घर को गवने जातभये ३ सती वियोग विरहते किंचित् उद्वेग रहै पुनः संयोग आगमते लौकिक आनन्द त्यागि वा गई बहुरि ता गुण समुझि मन स्थिर करि श्रीरघुनाथजी को ध्यान करनेलगे क्योंकि शंभु सुजान हैं याते स्वामीकी सेवा में हित है ग़फ़लतते हितहू अनहित होत यह जानते हैं ताते सुजान कहे ४ ताही समयमें तारकासुर दैत्य पैदा भयो जाके भुजनमें बल देहमें रविवत् तेज जाको नाम सुनि सब दबैं सो प्रताप इत्यादि विशाल नाम बड़ेहैं ५ ते तारकासुर ने सब लोकन के लोकपाति इंद्र वरुण कुबेरादिकनको जीतिलिये ताते सब देवता भोजन वसनादि भोग सुख करिकै राज्य कोषादि सम्पत्ति करिकै रीते नाम खाली भये ६ कैसा है अजर जाके वृद्धावस्था नहीं आवत अमर जाकी मृत्यु नहीं होत.याते अजित काहूके जीते जीति नहीं जात साम दाम दंड विभेदादि वा तुमुलवान् द्वन्द्वादि विविध कहे अनेक उपायते लड़ाई करि करि सब देवता हारिगये ७ जब कुछ उपाय न चला सब मिलि ब्रह्मलोक जाइ विरंचि जो ब्रह्मा तिनते आपनी विपत्ति पुकारि कहे विधि ब्रह्मा सबको देखे कि सब भांति देवता दुःखितहैं तब दया करि कहे ८ दोहार्थ ॥ विधि ब्रह्मा सब देवनसन समझाय बुझायकै कहे कि ऐसा उपाय होइ तब दैत्य को निधन नाम नाश होई जब शम्भुके शुक्र नाम वीर्य करि सुत सम्भूत नाम उत्पन्न होय तब यहि तारकासुरको रणमें जीतै शुक्रते कहबेको भाव कि वीरभद्रादि जो शक्तिते भये ते न जीतैंगे ९ ॥

८२ मोर कहा सुनि करहु उपाई। होइहि ईश्वर करहि सहाई १०
सती जो तजी दक्षमख देहा। जन्मी जाय हिमाचलगेहा ११
त्यहि तप कीन्ह शंभुहितलागी। शिव समाज बैठे सब त्यागी १२
यदपि अहै असमंजस भारी। तदपि बातयक सुनहु हमारी १३
पठवहु काम जाय शिवपाहीं। करै क्षोभ शंकर मनमाहीं १४

तब हम जाइ शिवहिं समुझाई। करवाउब विवाह बरिआई १५
यहिविधि भलेहि देवहित होई। मत अतिनीक कहैं सब कोई १६
अस्तुति सुरन कीन्ह असहेतू। प्रकटेउ विषमवाण झषकेतू १७
दो० सुरन कही निज विपति सब, सुनि मन कीन्ह विचार॥
शंभुविरोध न कुशल म्वहिं, विहँसि कहेउ अस मार १८

८२ ब्रह्मा बोले कि मोर कहा वचन सुनि सोई उपाय करौ जो ईश्वर सहाय करी तौ तौ तुम्हारा कार्य सिद्ध होइ ईश्वरको भरोसा राखि कार्य करना १० उपाय बतावत कि दक्षके मख नाम यज्ञमें जो सतीजी देह त्याग करी सोई जाय हिमाचल के गेह घरमें पुत्री ह्वै जन्म धरी है ११ तेहि हिमाचलकी पुत्रीने तप कियाहै शंभुको पतिहोनेहेतु अरु शिवजी सब देहव्यवहार त्यागि समाधि लगाये बैठे हैं १२ यद्यपि उपाय करनेमें भारी असमंजस है समाधि छूटना दुर्घट जो छूटी तौ काम न बची तदपि उपायहेतु हमारी एक बात सुनहु जो बतावैं सो करहु १३ क्या करो कि कामको पठवो शिवके पास जाय शंकरके मन माहिं क्षोभ करै अर्थात् सकाम ह्वै मनमें स्त्रीकी चाह होइ १४ जब मनमें चाह होई तब हम कैलासको जाइकै शिवको समुझाइकै बरिआई जबरई विवाह करवाउब १५ यहिविधि विवाहभये पर भलेप्रकार सहजही देवतनको हित होइ यह सुनि सब कोई समाजभरि कहे कि यह मत सलाह अत्यन्त करिकै नीकहै भाव सबल के लग सबलैको कामहै १६ अस कहे यहिहेतु कामदेवकी देवतन स्तुति कीन्ह तबहीं विषम हैं बाण गनती में विषम पांच बाण वा तीक्ष्णबाण पुनः झष मछरी केतुमें है जिहिके ऐसा जो कामदेव सो प्रकटभयो १७दोहार्थ॥ तब कामदेवते देवतन अपनी सब विपत्ति कह्यो पुनः शिवकी समाधि छोड़ावनेको कह्यो यह सुनि अपने मनमें विचार करेउ कि ऐसे स्वार्थी देवताहैं कि अपने भले हेतु मोको आग्नि में झोंकते हैं ऐसा समुझि हँस्यो पुनः कामने कहा कि शम्भु के विरोध कीन्हेते मोहिं कुशलते लौटना नहीं है १८॥

८३ तदपि करब मैं कार्य तुम्हारा। श्रुतिकह परम धर्म उपकारा १९
परहितलागि तजहिं जे देही। संतत संत प्रशंसहिं तेही २०
असकहि चलेउ सबहिं शिरनाई। सुमनधनुषकरसहित सहाई २१
चलत मारअस हृदय विचारा। शिवविरोध ध्रुव मरण हमारा २२

तव आपन प्रभाव विस्तारा। निजवश कीन सकल संसारा २३
कोपेउ जबहिं वारिचरकेतू। क्षणमहँमिटेउसकलश्रुतिसेतू २४
ब्रह्मचर्यव्रत संयम नाना। धीरज धर्म ज्ञान विज्ञाना २५
सदाचार जप योग विरागा। सभय विवेककटक सब भागा २६
छं० भागेउ विवेकसहायसंयुत सुभट संयुग महिमुरे।
सदग्रन्थ पर्वत कन्दरनमहँ जाय त्यहि अवसर दुरे॥
होनिहार का करतार को रखवार जग खरभर परा।
दुइमाथ क्यहि रतिनाथ ज्यहि कह कोपि कर धनु शर धरा २७
दो० जे सजीव जग अचर चर, नारि पुरुष अस नाम॥
ते निजनिज मर्याद तजि, भये सकल वश काम २८

८३ काम बोलेउ कि यद्यपि मेरे प्राणनकी हानि तौ विशेषहीहै तदपि तुम्हारा कार्य तौ मैं करब क्योंकि परारा उपकार परम श्रेष्ठ धर्म है याकी प्रमाण श्रुति नाम वेद कहत भाव अवतक षट् विकारनमें रहौं अब पर-उपकारी कहावोंगो १६ काहेते जे परार हितके हेतु देह त्यागते हैं भाव परारा हित बनावनेहेतु अपनी देह जे त्यागते हैं यथा शिबि दधीचि मोरध्वजादि ऐसे जननको संतत कहे सदा संतजन प्रशंसा करते हैं २० अस पूर्ववत् कहिकै पुनः सब देवनको शीश नवाइ सुमन फूलनके धनुष बाण करमें लैकै सहाय कहे सेनासहित कामदेव चलेउ वीरता धारण करि निश्शंक चलेउ २१ चलतसमय मार जो कामदेव ताने ऐसा विचारा कि शिव कल्याणरूप तिनके विरोधते अकल्याण तौ होनहारहै याते ध्रुव कहे निश्चय करिकै हमारा मरणहै ताते अपनी शक्ति तौ सबको देखाय देउँ २२ तब अपने प्रभावको विस्तारा फैलावा अर्थात् ऐसा पराक्रम प्रसिद्ध किया जाको देखि सुनि सर्व भूत डरिगये या विधिते सब संसारको अपनी वश करिलीन्ह भाव सब भूत सकाम भये २३ वारिचर मछरी जो निषिद्ध चंचल सोई है पताका में जाके सोई कामने जबहीं कोप करेउ तब क्षणभरमें सकल श्रुतिसेतु कहे वेदकी मर्यादा मिटिगई २४ क्या मिटी सो कहत ब्रह्मचर्यव्रत अर्थात् मन वचन कर्म सदा मैथुन त्याग यथा ॥ कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्था तु सर्वदा। सर्वत्र मैथुनत्यागो ब्रह्मचर्यं तदुच्यते ॥ पुनः अहिंसा सत्यादि नानाप्रकार के संयम पुनः धीरज कहे कामादिके उद्वेगके वश न होना भग-

वद्गुणदर्पणे ॥ वेगेनावध्यमानत्वममिते कामक्रोधयोः । गदितं धीमतां धैर्यं बले भूयसि तेजसि ॥ पुनः धर्म कहे सत्य शौच दया दानादि पूर्णता पुनः ज्ञान कहे विवेक वैराग्य मुमुक्षुता षट्संपत्ति यथा शम दम उपराम तितिक्षा श्रद्धा समाधानादि साधन करि स्वस्वरूपकी पहिंचान विज्ञान भगवत्रूपकी पहिंचान २५ सत्आचार अर्थात् वेदआज्ञा पर चलना जप यथा ॥ मनोमध्यस्थितो मन्त्रो मन्त्रमध्यस्थितं मनः । मनोमन्त्रसमायोगो जप इत्यभिधीयते ॥ योगअष्टांग यथा ॥ आसन प्रत्याहार प्राणायाम यम नियम ध्यान धारणा समाधि पुनः वैराग्य लोकसुखते मन फेरिलेना इत्यादि यावत् विवेककी कटक नाम सेनाहै सो कामते डरिकै भागी २६ कामके सम्मुख संयुग महि कहे समरभूमि विषे सदाचारादि सेनामें नियमादि सेनापति यमादि सुभट मुरे अर्थात् मुँह फेरिलिये ताते विवेक राजधर्म रथपर सवार ज्ञान खड्ग संतोष चर्म क्षमा बख्तर धारण किहे वैराग्य मंत्री विज्ञान मित्र ब्रह्मचर्यादि सेवक इत्यादि सेना सहाय सहित विवेक भागेउ भाव चैतन्यन के देहनते निसरि गये ते जाय सद्ग्रन्थ अर्थात् पुराण संहिता वेदादि तेई पर्वतहैं तिनके कन्दरा अध्यायादिकनमें त्यहि अवसर दुरे कहे लुकि रहे अर्थात् ग्रन्थनमें लिखेमात्र रहिगये एक स्थलवर्जित दूसरे स्थल ठहराये ताते परसंख्यालंकार है खरभर कहे जगमें सब गड़बड़ाय कै कहत कि हे कर्तार, ब्रह्मा ! अब जगमें वश होनहारहै चैतन्य कहत कि कामदंडते बचावने को कौन रखवारहै जाके शरण जाय पुकारैं कवि प्रौढोक्तिते कहत कि जगमें एक माथवालेनको तौ कोपै करि परास्त करदिया अब द्वै माथ क्यहिके हैं जापर कोप करि रतिनाथ कामदेवने धनुष बाण करमें धारण किया भाव जे स्थूल शरीरको वृथा मानि आत्मस्वरूप सच्चा मानि उसीमें स्थितहैं शिवादि समाधिस्थ २७ दोहार्थ ॥ नर पशु पक्षी कीटादि चर वृक्ष तृणादि अचर इत्यादि जो कोऊ जीव सहित जगमें हैं पुनः जिनमें नारि पुरुष अस नाम हैं ते सब अपनी सनातन मर्यादा त्यागि सकल जीव कामके वश भये २८ ॥

८४ सबकेहृदयमदनअभिलाखा । लतानिहारिनवहिंतरुशाखा २९
नदी उमँगि अंबुधि कहँ धाई । संगम करहिं तलाव तलाई ३०
जहँ असिदशा जड़नकी बरणी । को कहिसकै सचेतन करणी ३१
पशु पक्षी नभ जल थलचारी । भये कामवश समय बिसारी ३२

कुमारसंभव

मदनअंध व्याकुल सब लोका। निशिदिन नहिं अवलोकहिं कोका ३३
देव दनुज नर किन्नर व्याला। प्रेत पिशाच भूत वेताला ३४
इनकै दशा न कहेउँ बखानी। सदा कामके चेरे जानी ३५
सिद्ध विरक्त महामुनि योगी। तेपि कामवश भये वियोगी ३६

छं० भये कामवश योगीश तापस पामरनकी को कहै।
देखहिं चराचर नारिमय जे ब्रह्ममय देखत रहै॥
अबला विलोकहिं पुरुषमय जग पुरुष सब अबलामयं।
दुइदण्डभरि ब्रह्माण्ड भीतर कामकृत कौतुक अयं ३७

सो० धरा न काहू धीर, सबके मन मनसिज हरे॥
ज्यहि राखे रघुवीर, ते उबरे त्यहि काल महँ ३८

very good

८४ अब निरवार करत कि मदन कामकी अभिलाष रतिसुखकी चाह सबके हृदयमें भई ताते लता बौंड़िनको देखि तरु वृक्षन की शाखा नैकै लता में मिलत २९ पुनः कामोद्दीपनते नदी उमँगि पुरुषसंयोगार्थ स्वपति अंबुधि नाम समुद्रको धाईं पुनः तलाव तलाई दोऊ उमँगे परस्पर संगम करत ३० इत्यादि जड़नकी जहां ऐसी दशा वर्णन करी तहां सचेतन की स्त्री पुरुषन के कामकलाकी जो करणी है ताको कौन प्रकार कोऊ कवि कहि सकै भाव विशेषि निर्लज्जता कहत नहीं बनत ३१ पशु गज वाजि गो महिषादि पक्षी नभचर अलिआदि जलचर चक्रवाक सारसादि थलचारी शुक सारिकादि यावत् जीवहैं ते सब अपने संयोगको समय बिसारि यथा हस्ती ग्राममें संयोग नहीं करते श्वानादि कार्त्तिकमें इत्यादि बिसारि कामवश भये ३२ मदनरूप मद करि अंध संयोगातुरीते सब लोक अर्थात् ब्रह्माण्डभरि व्याकुल ताते कोक जो चक्रवाक ते निशिदिन नहीं देखते हैं तहां जब सुमेरुकी दक्षिण सूर्य जात तब उत्तररात्रि जब उत्तर सूर्य जात तब दक्षिणरात्रि चक्रवाक सर्वत्र रति करनेलगे ३३ देव स्वर्गवासी दनुज पातालवासी नर मृत्युलोकवासी किन्नर अश्वाकारमुख यक्षन में भेद व्यालसर्पादि प्रेत नर मृतक भये पर यमपुरवासी आदि पिशाच भूत वैताल देवयोनि में शिवगणादि पिशाच मांसाहारी भूत भयंकर वैताल ज्वलितमुख ३४ इनकै देव दनुजादिकनकै जो कामासक्ति की दशाहै ताको बखान करिकै मैं नहीं कहेउँ काहेते समयरहित ये तौ सदा सब कालमें कामके चेरे टहलुवा बनेहैं

ऐसा जानिकै सब आपही समुझिलेइँगे ३५ पुनः जिनको अणिमाआदि सिद्धि प्राप्त हैं ऐसे सिद्ध जन जे सांसारिक सुख त्यागेहैं ऐसे विरक्त जन महामुनि मननशील जे आत्मतत्त्व में लीन हैं योगी जे अष्टांगयोग करनेवाले इत्यादिकन को स्त्रिनको संयोग तौ है नहीं ताते कामवशते स्त्रीविरह ते वियोगी भये अर्थात् अष्टांग योग साधने लगे यथा ॥ दर्शनं स्पर्शनं केलिः रहस्यं गुह्यभाषणम् । संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेव च ॥ एतद्योगत्वमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः ३६ जहां योगीश अरु तापस काम के वश हैं तहां पामर नीच जननकी जो गति है ताको को कहै भाव सब आपही जानिलेइँगे कैसे कामवश भये कि जे निवृत्तिमार्गी ब्रह्मानन्द वश ते चराचर ब्रह्ममय देखत रहैं ते प्रवृत्तिमार्गी ह्वै विषयानन्द चाहते चराचर को नारिमय देखत यह केवल पुरुषनै की दशा भई ताते कहत कि नहीं जे अबला स्त्री हैं ते कामातुरी ते सबको पुरुषमय देखत पुनः जग में सब पुरुष ते अबलामय देखत अयं कहे यहि प्रकार को कौतुक नाम तमाशा सारे ब्रह्माण्डके भीतर दुइ दण्ड भरि काम कृत नाम करत भयो ३७ सोरठार्थ ॥ मनसिज कामदेवने ऐसा सब के मनको हरेउ स्ववश करि लीन्हे कि जगमें काहूने तौ धैर्य न धरा कोऊ सावधान न रहि सका तेहि आपत्कालमें तेई जन उबरे ज्यहि को श्रीरघुवीर ने राखा तहां स्वबल भरोसावाले ज्ञानी तुरत ही परास्त भये क्योंकि विवेक तौ पहिले ही भागि गयो पुनः कर्मी कुछ हरि भरोसा राखि क्रियाबल राखत ताते धैर्य धर्म शर्म समुझ आदि सुभट संयुग में काम ते जुटे पुनः हारि मुँह फेरे ताते कर्मी किंचित् थँभिकै परास्त भये पुनः जे उपासकशरणागतके भरोसे रहे तिनको प्रभु ने बचाय राखे सो नारदप्रसंग में लिखा है ॥ सीम कि चापि सकै कोउ तासू । बड़ रखवार रमापति जासू ३८ ॥

८५ उभय घरी अस कौतुक भयऊ । जब लगि काम शंभुपहँ गयऊ ३९
शिवहिं विलोकि सशंकेउ मारू । भयउ यथाथित सब संसारू ४०
भये तुरत सब जीव सुखारे । जिमि मद उतरि गये मतवारे ४१
रुद्रहिं देखि मदन भय माना । दुराधर्ष दुर्गम भगवाना ४२
फिरत लाज कछु कहि नहिं जाई । मरण ठानि मन रचेसि उपाई ४३
प्रकटेसि तुरत रुचिर ऋतुराजा । कुसुमित नव तरुराज विराजा ४४
वन उपवन वापिका तड़ागा । परमसुभगदश दिशाविभागा ४५

जहँ तहँ जनु उमँगत अनुरागा। देखिमुयहु मनमनसिजजागा४६
छं० जागेउ मनोभव मुयहु मन वन सुभगता न परै कही।
शीतल सुगन्ध सुमन्द मारुत मदन अनलसखा सही॥
विकसे सरनि बहु कंज गुंजत पुंज मंजुल मधुकरा।
कलहंसपिकशुक सरस रव करि गान नाचहिं अप्सरा ४७
दो० सकल कला करि कोटिविधि, हारेउ सेन समेत॥
चली न अचल समाधि शिव, कोपेउ हृदयनिकेत ४८

८५ देवलोकते चलि जबलगि काम कैलास शिवके पासको गयो तब तक उभय कहे दुइघरी ऐसा कौतुक भयो ३६ जब शिवजीको देखिकै मार जो कामदेव सो सहित शंका भयो अर्थात् डरिउठेउ तब यथा पूर्व रहेउ तथा संसार स्थित भयो अर्थात् सब सावधान ह्वैगये ४० तुरतही सब जीव सुखारी कहे कौनभांति सब सुखी भये जा भांतिते मद्पानें करनेते मतवार रहेउ जब मद उतरिगयो तब जा भांति सावधान होइ तैसे कामवेग उतरेते सब जीव सुखी भये ४१ कैसेहैं शिवजी दुराधर्ष अर्थात् शत्रुते पराजय नहीं पायसकत पुनः दुर्गम कहे दुःख करके प्राप्त होत भगवान् कहे षट्ऐश्वर्य सहितहैं ऐसे रुद्र अर्थात् शत्रुहेतु भयंकर अर्थात् प्रथमही शिवमें रौद्ररस देखिपरो ताते मदन कामदेवने भय माने करालताविभाव विवरणानुभाव शंकादि संचारी भय स्थायीते काममें भयानक रस भयो ४२ फिरतमें लाज यद्यपि वीरता नहीं रही तदपि बाना पहिरि युद्धमें आइ फिरिजाना बड़ी लाजकी बात यथा सती चिताते भागीं तथा मैं किसीके पूछे क्या कहौंगा उस जीनेते मरना वेहतरहै ऐसा मनमें मरण ठानि उपाय रचिसि शिवके जगावनेहेतु ४३ तुरतही ऋतुनको राजा जो वसंत ताको रुचिर कहे सुन्दर प्रकट कर्‍यो तरुनमें जे श्रेष्ठ वृक्षहैं ते नवीन पल्लव लिहे कुसुमित नाम फूलिरहे हैं सदा के वसंतते यह अधिक शोभायमानहैं ४४ सो वृक्षनकी शोभा वन जो विना लगाये उपवन लगायेते वनतुल्य पुनः वापिका बावली तड़ागन में अमलजलादिते परमसुभग ऐश्वर्यमय शोभा दशौ दिशनमें विभाग भांति भांतिकी है ४५ जहांहीं देखो तहांहीं जनु अनुराग उमँगत कामोद्दीपन करि प्रीति बढ़ावत जा शोभा को देखि मुयहु कहे संकल्प विकल्परहित शुद्ध है मन अथवा जरा जीर्णतादिते देह मृतकतुल्य इत्यादि मुयहु मनमें मनसिज

कामदेव जागत ४६ जहां सुयेहुये मन में मनोभव काम जागत ऐसी वनकी सुभगता नाम शोभा है जो कहत नहीं बनत शीतल सुगंधित मंद नाम धीराधीरा मरुत जो पवन बहत है सो कैसो है जो मदन अनल कहे कामाग्निको सही नाम सांचा सखाहै भाव कामाग्नि प्रज्वलित करत पुनः सर कहे तड़ागनमें बहुत रंग रंगके कंज नाम कमल विकसे कहे फूले हैं तिनपर पुंज नाम बहुत मंजुल नाम सुन्दर मधुकर जो भ्रमर ते गुंजतहैं पुनः कलहंसपिक कहे कोकिला सुवा सारिकादि पक्षी ते सरसरव कहे रसीला शब्द करि रहेहैं पुनः राग ताल सहित गान करि अप्सरा नाचती हैं ४७ दोहार्थ॥ इत्यादि कामोद्दीपन की जो सकल प्रकारकी कलाहै सो कोटिन विधिते प्रकट करि कामदेव सेनासमेत हारिगयो तदपि शिवकी समाधि न चली काहेते अचल है तब हृदयनिकेत जो काम सो कोपेउ सक्रोध भयो ४८॥

८६ देखि रसालविटप वर शाखा । त्यहिपरचढ़ेउमदनमनमाखा ४९
सुमन चाप निज शर संधाने । अतिरिसताकिश्रवणलगिताने ५०
छांड़ेसि विषम विशिख उर लागे । छूटि समाधि शंभु तब जागे ५१
भयो ईशमन क्षोभ विशेखी । नयनउघारिसकलदिशिदेखी ५२
सौरभपल्लव मदन विलोका । भयउ क्रोध कंपेउ त्रयलोका ५३
तब शिव तीसर नयन उघारा । चितवतकामभयउजरि क्षारा ५४
हाहाकार भयो जग भारी । डरपे सुर भये असुर सुखारी ५५
समुझि काम सुख शोचहिं भोगी । भये अकंटक साधक योगी ५६

छं० योगी अकंटक भये पतिगति सुनत रति मूर्च्छित भई ।
रोदति वदति बहुभांति करुणा करत शंकरपहँ गई ॥
अतिप्रेम करि विनती विविधविधि जोरिकर सन्मुख रही ।
प्रभु आशुतोष कृपालु शिव अबला निरखि बोले सही ५७

दो० अबते रति तव नाथकर, होइहि नाम अनंग ॥
बिनुवपु व्यापिहि सकल उर, सुनु निज मिलन प्रसंग ५८

८६ रसाल जो आंब ता वृक्षको वर शाखा सबौर देखि तापर चढ़ेउ काहेते मदन को मन माखा वीरताको दिमाक आइगयो रसाल कामदेवको रथ है ताते चढ़ो ४९ सुमन जो फूल ताको चाप नाम धनुष तामें फूलनके जो अपने

बाणहैं तहां चँबेली, बेला, सेवती, कुन्दी आदिकनको धनुष जामें स्तंभन सोखनादि प्रभाव जुही आदिकी पनच जामें कंपनप्रभाव पंचबाण यथा केवड़ा उच्चाटन, केतकी आकर्षण, कमल मोहन, गुलाब वशीकरण, करवीर मारण इत्यादि बाण संधाने पुनः अत्यंत रिसहै मनमें ताते शिवको ताकि शोधि कर्णपर्यंत खैंचिकै तानेउ ५० छांड़ेसि विषम कहे पांचों अथवा तीक्ष्ण विशिख जो बाण सो उरमें लागेते समाधि छूटिगई तब शंभु जागि उठे शिव तौ रामभक्त समाधि कैसे छूटी तहां प्रभु विवाह करनेको कहिगये सो भूलि समाधि लगाये ताते विघ्न लागेउ ५१ प्रभुकी माया को ऐसा प्रभाव है कि ईश शिव अक्षोभ रहे तिनके मनमें विशेष करके क्षोभ भयो स्त्रीभोगकी कांक्षा भई सो कारण जानिबेहेतु नयन उघारि सकल दिशि दशो दिशि देखे कि विघ्नकर्ता कहां है ५२ सौरभ आम्रपल्लवमें विलोका देखा मदन कामदेव बैठाहै यही विघ्नकर्ता जानि क्रोध भयो शिवक्रोधते प्रलयकी भय मानि त्रयलोकवासी कांपिउठे ५३ अग्निमय भाल में जो तीसर नयन है ताको शिवजी उघारिदिये ज्वलित दृष्टिते चितवतही काम जरिकै क्षार नाम खाक ह्वैगयो तुच्छ जानि त्रिशूल नहीं उठाये अथवा पार्वतीके संयोगहेतु देवकार्यहेतु विघ्न कीन्हें याते ऊपरते नेत्र गुरेरिदिहे हृदयते कृपा राखे रहे सो आगे लिखब ५४ काम मरनेते हर्ष विषादआदि वार्ताकरि जगमें भारी हाहाकार शब्द भयो अपने कार्यकी हानि समुझि वा काम अपनो पठावा जानि शिवके भयते सुर डरपे डेराने काम भस्म भयो अब शिवके पुत्र काहेको होई जो हमको मारी यह जानि असुर सुखी भये ५५ स्त्रीसंयोग कामसुख मिटेउ ऐसा समुझि भोगी जे रजोगुणी हैं ते शोच करत जे साधनावाले साधक योगी रहैं तिनको विघ्नकर्ता मिटा ताते अकंटक साधना मार्ग जानि खुशी भये ५६ पतिकी गति कामको भस्म होना सुनत कामकी स्त्री रति पतिके वियोगदुःखते मूर्च्छित ह्वैगई पुनः उठिकै रोदनमें पतिके गुण प्रताप वदति नाम कहत बहुत भांतिते करुणा नाम दुःख करत शंकरके पास गई अत्यंत प्रेमसहित विविध कहे अनेक भांति ते विनती स्तुति करके शिवके सन्मुख कर जोरिकै रति ठाढ़रही प्रभु अनहोनी करनहार आशुतोष कहे शीघ्रही प्रसन्न होत पुनः कृपाके स्थानहैं ताते अबला कहे स्त्री व पतिहीन ताको निरखि सही नाम सांची वाणी शिवजी बोले ५७ दोहार्थ ॥ कि हे रति ! अबते आजुते तव कहे तेरे नाथको अनंग नाम होई बिनु वपु विना देहै सब जगके उरमें व्यापी यामें रति को संदेह कि मेरा क्या प्रयोजन

निसरा ता हेतु कहत कि अब प्रसिद्ध अपने मिलनेको प्रसंग सुनु ५८॥

८७ जब यदुवंश कृष्णअवतारा। होइहि हरण महामहिभारा ५९
कृष्णतनय होइहि पति तोरा। वचन अन्यथा होइ न मोरा ६०
रति गवनी सुनि शंकरबानी। कथा अपर अब कहौं बखानी ६१
देवन समाचार सब पाये। ब्रह्मादिक वैकुंठ सिधाये ६२
सब सुर विष्णु विरंचि समेता। गये जहां शिव कृपानिकेता ६३
पृथक पृथक सब कीन प्रशंसा। भये प्रसन्न चंद्रअवतंसा ६४
बोले कृपासिंधु वृषकेतू। कहहु अमर आयहु क्यहिहेतू ६५
कह विधि प्रभु तुम अंतरयामी। तदपिभक्तिवशबिनवहुँ स्वामी ६६
दो० सकल सुरनके हृदय अस, शंकर परम उछाह॥
निज नयनन देखन चहैं, नाथ तुम्हार विवाह ६७

८७ द्वापरांत में जब यदुवंशविषे कृष्णचंद्र को अवतार होई काहे के हेतु मही जो पृथ्वी ताको महाभार हरनेहेतु अर्थात् दुष्टन को नाश करिहैं ५९ हे रति! तब तेरा पति काम प्रद्युम्ननाम कृष्ण को तनय नाम पुत्र होइँगे तब तोको प्रसिद्ध मिलैंगे यह सत्य जानु काहेते मेरा वचन अन्यथा नाम झूठा नहीं है यहां कामने सब लोकको सताया पुनः समाधि छुँड़ाया याते थोरा दण्ड देखाय दिया पुनः गिरिजा के संयोगहेतु आया याते विना देह सर्वत्र व्याप्तरूप अधिकार दै पुनः देहधारी भगवत्को पुत्र करिदिया ६० हे भरद्वाज! शंकरकी वाणी सुनि रति गवनी चलीगई अब आगे अपर जो कथा भई ताको बखानकरि कहतहौं सो सुनो ६१ यह समाचार हाल जब सब देवतन पाये तब ब्रह्मादिक सब देव बटुरि वैकुण्ठको सिधाये नाम चले ६२ तहांते सब सुर देवता अरु विष्णु ब्रह्मासमेत कैलासको गये जहा कृपाके स्थान शिवजी हैं ६३ ब्रह्मादि देवता अलग अलग अपनी स्तुति में शिवकी प्रशंसा गुण बखान कीन्हें तब शिवजी प्रसन्न भये काहेते चन्द्रमा अवतंस कहे भूषण है जिनके जो अमीमय शीतल आह्लादक है ६४ सबके रक्षक इति कृपाके समुद्र वृषकेतु कहे धर्मके पताका ताते आदरते शिव बोले तहां इष्ट तौ रामैरूप मानतेहैं विष्णु आदिकन में बड़ाई सखाभाव प्रियत्व मानत याते साधारण कहे कि हे अमरहु! कहौ क्यहिकार्य हेतु मेरेढिग आयहुहै ६५ विधि ब्रह्मा कहे कि तुम प्रभु समर्थ अन्तर्यामीहौ सब जानते

हौ तदपि भक्तिवशते हे स्वामी ! बिनवहुँ स्तुति करत हौं सो सुनो ६६ दोहार्थ ॥ हे शंकर ! सकल सुरन के मनमें ऐसी परम उछाह उत्सवकी चाहहै कि हे नाथ ! तुम्हारा विवाह सब देवता निज कहे अपने नयननते देखा चाहते हैं भाव शीघ्रता चाहतेहैं सो कृपा करि अंगीकार करहु ६७ ॥

८८ यह उत्सव देखिय भरि लोचन। स्वइ कछु करिय मदन मद मोचन ६८
काम जारि रतिकहँ वर दीन्हा। कृपासिंधु यह अतिभल कीन्हा ६९
सांसति करि पुनि करहिं पसाऊ। नाथ बड़ेनकर यहै स्वभाऊ ७०
पारबती तप कीन्ह अपारा। करहु तासु अब अंगीकारा ७१
सुनि विधि विनय समुझि प्रभु बानी। ऐसे होउ कहा सुख मानी ७२
तब देवन दुंदुभी बजाई। बरषि सुमन जय जय सुरसांई ७३
अवसर जानि सप्तऋषि आये। तुरतहिं विधि गिरिभवन पठाये ७४
प्रथम गये जहँ रहीं भवानी। बोले मधुर वचन छलसानी ७५

दो० कहा हमार न सुनेउ तब, नारद के उपदेश ॥
अब भा झूंठ तुम्हार प्रण, जारेउ काम महेश ७६

८८ यह जो विवाहको उत्सव है सो नयननभरि देखी तहां आपको तौ विवाह की कांक्षा नहीं काहेते अकाम ऐसेहौ कि मदन कामदेवको महामद रहै ताके मोचन कहे आपने मदनको मद छुड़ायदिया भाव जब अंगहीन तौ मद कहा करैगो वा समर्थनकी भय मानैगो ताते आपको तौ विवाहकी चाह नहीं हम सबनके हितहेतु विवाह करौ तौ तुम्हारे पुत्र होइ सो तारकासुरको मारै तब सब लोकनको भला होइ ताते सोई कुछ करो जामें देवतनको हित होइ ६८ कुमार्गी विमुख कामको मदांध जानिकै जारा यह आततायिनपै दण्डनीति है पुनः रति शरण आई ताको वर दीन्हेउ यह अनाथ आर्तपै रक्षानीति है यह जो किया सो कृपासिन्धु अत्यन्त भला कीन्हा ६९ हे नाथ ! बड़ेनको स्वाभाविक यहै स्वभाउ होत कि मानी जननको प्रथम तौ सांसति कहे दण्ड दै विपत्ति करते हैं जब अमान ह्वै शरण आयो तब पसाउ नाम प्रसन्नता अर्थात् कृपा करते हैं ७० सो सतीको प्रथम त्याग किहेउ ते देह जारि दूसर जन्म धारि अब पार्वती तुम्हारेहेतु अपार तप कीन्हे अर्थात् शुद्ध ह्वै आपकी शरण हैं ताते तासु पार्वतीजी को अब अंगीकार करहु वामांगी बनावो ७१ देवनको हित सहित ब्रह्माकी विनय

सुनि पुनः भक्तिवर्धक इष्ट आज्ञापाल प्रभु श्रीरघुनाथजीकी वाणी समुझि पुनः स्त्रीकी पुत्रकी प्राप्ति इत्यादि विचारि सुख मानिकै शिवजी कहा कि ऐसे होउ भाव विवाह हमको अंगीकार है ७२ तव सुख मानि देवता दुन्दुभी नगारा बजाइ सुमन कहे फूल बर्षि पुनः सुरनके स्वामी महादेवकी जयजयकार करि चले ७३ विवाहको अवसर समय जानि सप्तऋषि आये तिनको विधि ब्रह्माने तुरतही हिमगिरिके भवन घरको पठाये ७४ मन्दिर में जहां भवानी पार्वती रहैं प्रथम सप्तऋषि उहैंको गये जाइकै छलके साने कोमल वचन गिरिजाते बोलते भये ७५ दोहार्थ ॥ सप्तऋषि गिरिजाते बोले कि जब हम समुझावा तब हमार कहा न सुनेउ काहेते नारदके उपदेशते शिवको पति चाहतरहिउ सो अब तौ तुम्हार प्रण झूंठ भयो काहेते महेशने तौ कामही को जारिडारेउ तौ विवाह काहेको करैंगे क्योंकि जो विवाहकी चाह होती तौ कामको क्यों जारते ताते यातौ और को पाणिग्रहण करौगी यातौ कुँवारिही रहौगी ७६ ॥

८९ सुनि बोलीं मुसकाइ भवानी । उचित कहेउ मुनिवर विज्ञानी ७७
तुम्हरे जान काम अब जारा । अबलगि शंभु रहे सविकारा ७८
हमरे जान सदा शिव योगी । अज अनवद्य अकाम अभोगी ७९
जो मैं शिव सेये अस जानी । प्रीतिसमेत कर्म मन बानी ८०
तौ हमार प्रण सुनहु मुनीशा । करिहैं सत्य कृपानिधि ईशा ८१
तुम जो कहा हर जारेउ मारा । स्वइ अतिबड़ अविवेक तुम्हारा ८२
तात अनलकर सहज सुभाऊ । हिम त्यहि निकट जाहि नहिं काऊ ८३
गये समीप सो अवशि नशाई । अस मनमथ महेशकी नाईं ८४

दो० हिय हर्षे मुनि वचन सुनि, देखि प्रीति विश्वास ॥
चले भवानिहिं नाइ शिर, गये हिमाचल पास ८५

८९ छलसहित मुनिके वचन सुनि विचारे कि एकबार परीक्षा लैकै नहीं संतोष भया पुनः परीक्षा लेने आये यह जानि मुसक्यायकै भवानी पार्वती बोलीं कि उचित कहेउ काहेते ज्ञानी मुनि स्वाभाविक सब बात जानिलेते हैं तुम तौ मुनिनमें वर नाम श्रेष्ठ पुनः विज्ञानी हौ तिनको अज्ञानीके ऐसे वचन कहना भी अनुचित रहै परंतु तुम शिवजीके छोटे भाई हौ ताते हमते मसखरी करना भी तुमको अनुचित नहीं है सो जा रीतिते

तुम उचित कहेउ ताही अनुकूल हमारा भी वचन सुनो ७७ तुम्हारी जानमें तौ अबतक शम्भु सहित विकार अर्थात् कामभोगी रहे अब कामको जारेउ भाव जो तुमभी स्त्रीभावते शिवसंग रहते तबतौ सांची बात जानते ऐसे तुम कैसे जानो ७८ अरु हमारा सदा संयोग रहा ताते हम सांची बात जानती हैं सो सुनो हमारी जानमें तो सदा काल शिव योगी रहे कैसे अज मायाकारण जन्मरहित अनवद्य कहे दोष निन्दारहित अकाम कामना रहित अभोगी स्त्रीआदि भोगचाहरहित ७९ ऐसे निर्विकार जानि कर्म मन वाणी करि प्रीतिसमेत जो मैं शिवजीको सेवन कीन्हे अर्थात् मनते ध्यान कर्मते तपस्या वाणीते नामस्मरण प्रीति उनहीं के आधीन जो मैं हौं ८० तौ हमारे प्रणको हाल हे मुनीश ! सुनहु ईश जो महादेव कृपानिधि कृपाते परिपूर्णते हमारो प्रण सत्य करिहैं भाव पाणिग्रहण करैंगे यामें संदह नहीं ८१ तुमने जो कहा कि हर महादेवने कामको जारा यह जो कहना है सोई अत्यन्त करिकै बड़ा अविवेक नाम अज्ञानपना तुम्हारा है अर्थात् यह बात विचारिकै तुमने नहीं कहा ८२ क्या तुमने नहीं विचारा कि अनल कहे अग्निको सहजही स्वभाव तातहै याते हिम जो है पाला सो त्यहि अग्नि के निकट कबहूं नहीं जात तहां लौकिकमें पाला वायव्य दिशि रहत सोऊ आग्नेयदिशि नहीं जात पुनः जहांहीं अग्नि बरत तहांहीं जाड़ा नहीं जात अरु परमार्थमें विराग योग ज्ञानादि अग्निहै ताके ढिग कामादि शीत नहीं जात ८३ कदाचित् अग्निके समीप निकट पाला जाई तौ अवशिकै नशाई निश्चय नाश होई ऐसेही यथा मनमथ कामदेव महेशकी नाईं भाव जा भांति योगेश्वर महेश के ढिग जाय काम जरिमर्‍यो इत्यादि रीति स्वाभाविक लोकमें प्रसिद्धहै तिनको जानि सबै बरावत ८४ दोहार्थ ॥ पार्वतीजीके वचन सुनि शिवजीमें प्रीति पाणिग्रहणकी विश्वास देखि सप्तऋषि हृदयते हर्ष आनंदते पार्वतीजीको माथ नाइ चले हिमाचल गिरिके पास गये ८५॥

९० सबप्रसंगगिरिपतिहिसुनावा।मदनदहनसुनिअतिदुखपावा८६
बहुरि कहेउ रतिकर बरदाना। सुनिहिमवंत बहुत सुखमाना ८७
हृदय विचारि शंभु प्रभुताई। सादर मुनिवर लिये बुलाई ८८
सुदिन सुनखत सुघरी शोचाई। वेगि वेद विधि लगन धराई ८९
पत्री सप्तऋषिनकहँ दीन्ही।गहिपदविनयहिमाचलकीन्ही९०
जाइ विधिहि तिन दीन्हेउ पाती। बांचत प्रीति न हृदय समाती ९१

लगन बांचि अज सबहिं सुनाई। हर्षे सुनि सब सुरसमुदाई ९२
सुमनवृष्टि नभ बाजन बाजे। मंगल सकल दशहु दिशि साजे ९३
दो० लगे सँवारन सकल सुर, वाहन विविध विधान॥
होहिं शकुन मंगल सुखद, करहिं अप्सरा गान ९४

९० सब प्रसंग काम शिवको चरित सब गिरिपातिहि हिमाचलगिरि को सुनाये तब मदनको दहन कामको भस्म होना सुनि अत्यंत दुःखपाये क्योंकि लोकको समग्र काज मिटा पुनः पुत्रीके विवाहकी हानि जानि अतिदुःख भयो ८६ बहुरि कहेउ कि जब रति दुःखित ह्वै आई ताको शिवजी वरदान दीन्हे कि तेरा पति विना अंगही सबमें व्याप्त रही द्वापर में कृष्णको पुत्र ह्वै पुनः तोको मिली यह सुनि दुःख मिटा हिमवंत वहुत सुख माने भाव कन्याको परिश्रम सफल भयो ८७ तब हिमाचल गिरि शिवकी प्रभुताई प्रभाव विचारि अर्थात् काम ऐसे सबलको भस्म करे पुनः सजीव करे ऐसे समर्थहैं ऐसा विचारि भाव ते हमारी पुत्रीके पति होइँगे मेरे जामातृ कहावैंगे याते परम आनन्द भये विवाह के शीघ्रतार्थ आदरसहित मुनि में वर जो सप्तऋषि तिनको बोलाय लिये ८८ सुदिन सुंदर गुरुवार फाल्गुन कृष्णचतुर्दशी सुनक्षत्र सुंदर उत्तराषाढ़ नक्षत्र सुघरी शुभ मुहूर्त शोचाइ बिचराइकै शुद्ध वृश्चिकलग्न वेगि शीघ्रही भाव पुनः न समाधिमें स्थित होइँ वेदकी विधिते लग्न, तंदुल, हल्दी, पूगफल, वस्त्र, पात्र, मणि, सुवर्णादि संकल्प करि कन्याके हाथपर धराइ ८९ पुनः शुभ लग्नपत्रिका लिखि सप्तऋषिनको दीन्हे पुनः कन्यादान उत्तम है सो आदरते देना चाहिये सो विचारि पद गहि नम्रतासहित हिमाचलजी बिनती करे पुनः समधी विचारि ब्रह्मा के पास को पठाये विवाहसमयते ब्रह्मा कैलासही में रहे ९० तिन सप्तऋषिनने जाइ ब्रह्माजीको लग्नपत्रिका दीन्हेउ सोई पत्रिका बांचतमें ब्रह्माजीके उरमें जो हिमाचलमें प्रीतिहै सो उरमें समात नहीं प्रेमकी उमँग उठि रोमांच कंठावरोध अश्रुद्वारा बाहर ह्वै आवत ९१ अज ब्रह्माजी लग्नपत्रिका बांचि सब सभाको सुनाये सो हाल सुनि समुदायी समूह यावत् सब या विवाहके प्यासे रहे सो कार्य पूर्ण जानि हर्षे नाम खुशी भये ९२ ताही आनंदवशते नभ नाम आकाशबिषे देवतन के वजाये दुंदुभी आदि अनेकन बाजा बाजे अरु सुमनवृष्टि कहे फूलनकी वर्षा भई कलश ध्वजादि चवालिस अंग जे मंगल कहैं ते सकल दशों दिशा कैलास में वा दिक्पालन अपनी अपनी

दिशामें साजे ६३ दोहार्थ ॥ विष्णु, ब्रह्मा, इन्द्रादि यावत् सुर देवता हैं ते विमानादि विविध कहे अनेक विधानके वाहन साजेलाग मांगलिक सुखदायक शकुन सबको मिलत मंगलमय गान अप्सरा करती हैं ६४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे मदनविजयदहन-
शिवविवाहहेतुवर्णनंनाम षोडशः प्रकाशः १६ ॥

* * *

६१शिवहिं शंभुगणकरहिं शृँगारा। जटामुकुट अहिमौर सँवारा १
कुंडल कंकण पहिरे व्याला। तनु विभूति कटि केहरिछाला २
शशि ललाट सुन्दर शिरगंगा। नयन तीनि उपवीत भुजंगा ३
गरलकंठ उर नरशिर माला। अशुभ वेष शिवधाम कृपाला ४
कर त्रिशूल अरु डमरु विराजा। चले बसह चढ़ि बाजन बाजा ५
देखि शिवहिं सुरतिय मुसकाहीं। वरलायक दुलहिनि जग नाहीं ६
विष्णु विरंचि आदि सुरव्राता। चढ़िचढ़ि वाहन चले बराता ७
सुरसमाज सबभांति अनूपा। नहिं बरात दूलहअनुरूपा ८
दो० विष्णु कहा अस बिहँसि तब, बोलि सकल दिशिराज ॥
बिलग बिलग होइ चलहु सब, निज निज सहितसमाज ९

६१ नन्दी भृङ्गी आदि जे शम्भुगणहैं ते विवाहहेतु शिवजीको शृङ्गार करते हैं इहां हासरसवर्धक विपरीत भूषणादि कहत क्योंकि विवाह तौ लोकमें महामंगल है तहां फुलेलादि युक्त ऐंछे छूटे बार चाहिये ताकी प्रतिकूल जटाके मुकुट जो उदासीनन को वेषहै पुनः मणि सोनादि को मौर मांगलिक मनोहर चाहिये ताकी प्रतिकूल भयंकर सर्पनको मौर सँवारे १ तथा कंकण कुंडल भी सर्पनैके पहिराये पुनः तनु में बुकवा तेल चाहिये ताकी प्रतिकूल तनुमें विभूति उदासीन वेष है कटि में पीताम्बर जरीको पटुका चाहिये तहां केहरिछाल बाघांबरादि जो त्यागमें चाहिये २ ललाटमें शशि द्वितीया को चन्द्र शिरपर गंगा ये द्वै वस्तु सुन्दर हैं सोऊ असुन्दरके बीचमें कुछ सुन्दर समाज विरोधी भये अशोभित लागत क्योंकि उसकी भी मर्याद जात पुनः कर पद श्रवणादि सम शोभित होत तहां नयन तीनि गिनतीमें विषम ताते अशोभित जनेऊ पीत मनोहर चाहिये सो भुजंग

सर्पनको उपवीत पहिरे ३ तथा कंठमें गरल जहर जहां मणि फूलादि की माला चाही ता उरपै नरशिर कपालन की माला पहिरे इत्यादि भूषणन ते वेष तौ अशुभ है पुनः अंतर तौ शिव नाम कल्याण के धाम शंकर कृपालुहैं भाव कृपा दयादि लोकमंगलकारक समूह गुणपरिपूर्ण हैं ४ दक्षिण करमें त्रिशूल अरु वाम कर में डमरू विराजमान याही रीति ते वसह कहे वर्ध नन्दीश्वर पर चढ़िकै चले तब देवगणन अनेक बाजा बजाये ५ ऐसा वेष शिवको दोखि सुरनकी तिया शचीआदि मुसकातीहैं पुनः कहतीं कि वरकी शोभालायक जग में दुलहिनि नहीं है सो यथार्थ है क्योंकि प्रथम कालीजी भयंकर रूप वर योग्य हैं ते जब सतीरूप धरे तबै सुंदरी भई अब गिरिजा रूप तौ अत्यन्त मनोहरहै तहां जो ऐसेही वेष दुलहिनि को भी होइ तौ तौ वरलायक हाई सो जग में नहीं है शिववेष विभाव अधर दृगादिमें विकार विकृत वचनादि अनुभाव अवहित्थादि संचारी हास्य स्थायी याते उत्तम परनिष्ठ हास्यरसहै ६ विष्णु गरुड़ पर ब्रह्मा हंस पर इन्द्र ऐरावत पर इत्यादि व्रात नाम समूह सुर जे देवता ते अपने अपने वाहनन पर चढ़ि चढ़ि बरात को चले ७ स्वरूप भूषण वसन वाहनादि ते सुरनकी समाज तौ सब भांति ते अनूप शोभामयहै अरु दूलह कुवेष ताते दूलहकी अनुरूप बरात नहीं है याते विशेष शोभा नहीं देखात ताते दुलहैकी अनुरूप बरात कीन चाहिये ८ दोहार्थ ॥ यह विचारि विष्णुमहाराज सब दिशिराज दिक्पाल इन्द्रादिकन को बोलाय हँसिकै अस कहतेभये कि अपनी अपनी समाज सहित बिलग अलग ह्वै ह्वै चलहु एकमें मिले न चलौ ९ ॥

६२ वरअनुहारि बरात न भाई। हास करैहहु परपुर जाई १०
विष्णुवचन सुनि सुर मुसकाने। निजनिज सेनसहित बिलगाने ११
मनहीं मन महेश मुसकाहीं। हरिके व्यंग वचन नहिंजाहीं १२
अतिप्रिय वचन सुनत प्रियकेरे। भृङ्गिहि प्रेरि सकल गण टेरे १३
शिवअनुशासन सुनि सब आये। प्रभुपदजलज शीश तिन नाये १४
नाना वाहन नाना बेखा। बिहँसे शिवसमाज निज देखा १५
कोउ मुखहीन विपुलमुख काहू। बिनुपद कर कोउ बहु पद बाहू १६
विपुलनयन कोउ नयन विहीना। हृष्टपुष्ट कोउ अति तनु छीना १७
छं० तन क्षीन कोउ अतिपीन पावन कोउ अपावनगति धरे।
भूषण कराल कपालकर सब सद्यशोणित तनु भरे॥

खर श्वान सुअर शृगालमुख गण वेष अगणित को गनै ।
बहुजिनिसि प्रेत पिशाच योगिनि भांति बरणत नहिं बनै १८
सो० नाचहिं गावहिं गीत, परमतरंगी भूत सब ॥
देखत अति विपरीत, बोलहिं वचन विचित्र विधि १९

९२ काहेते वरकी अनुहारि तौ बरातहै नहीं ताते हे भाई ! एकमें मिले चलिहौ तौ वरकी अनुहारि तौ बरातहै नहीं सो जो मेल न मिला तौ काहू को भला न लागी ताते पराये पुरमें जाइ अपनी हास करैहौ याहेतु वरकी अनुहारि बरातको मेल मिलाय तुम सब अलग चलो इति हासवर्धक वचन है १० इत्यादि व्यङ्ग वचन भगवान्के सुनिकै सुर मुसकाने कि भली कहतेहैं मेरु नहींहै याते अपनी अपनी सेना सहित बिलगाने अलग ह्वै चले ११ जब सब देवता अलग भी चले तबहूं हरिके व्यङ्ग वचन नहीं जाते हैं अर्थात् जैसी शोभा शिवजी बनाये हैं तैसी शोभा देवसमाज में नहीं है ताते उनके गणनमें उनहींकी ऐसी शोभाहै ते साथ चलैं तौ दूलहकी अनुरूप बरातकी शोभा देखाय इत्यादि वचन बारबार भगवान् कहते जात सो सुनि सुनि महेश मनहीं मन अर्थात् भीतरही मुसकात यह स्वनिष्ठ उत्तम हास्य है १२ प्रिय सखा जो विष्णु हैं तिनके वचन अत्यंत प्रियहैं क्योंकि यही वेष इनहीं गण शिवको प्रियहै सो जब देवसमाज में चले तब शिवजी को मन प्रसन्न नहीं रहा सो भगवान्के कहेते सब देवता अलग भये अब अपनी समाज में मन प्रसन्न रहैगो याते अतिप्रिय वचन सुनत आनन्द भये वा जो भगवान् को हँसनेकी इच्छा है तौ वैसेही किया चाहिये यह विचारि भृङ्गीगण को प्रेरणा कीन्हे तिन सकल गणनको टेरे पुकारिकै बुलाये अर्थात् शिवजी बुलावतेहैं १३ शिवको अनुशासन आज्ञा पाय सब गण आये प्रभु शिवजी के पदकमलन में तिन गणन आइ शीश नाये नमस्कार कीन्हे १४ हे भरद्वाज ! ते गण कैसे हैं कि खर श्वानादि नाना कहे अनेक भांतिके वाहनन पर चढ़े पुनः दिगम्बर कपाली आर्द्रपटी आदि अनेक भांतिके वेष बने सो अपनी समाजको जब देखा तब शिवजी हँसे यह परनिष्ठ मध्यम हास्य है १५ तेहि समाजमें कैसे गणहैं कोऊ तौ मुखहीन काहूके विपुल कहे बहुत मुख पुनः कोऊ हाथ पांवते हीन काहूके हाथ पद बहुत १६ काहूके बहुत नेत्र काहूके नेत्र हईं नहीं कोऊ हृष्टपुष्ट अत्यंत मोटा कोऊ क्षीण कहे अत्यंत दुर्बल अर्थात् मर्यादसम रूप काहूको नहीं १७ कोऊ दुर्बल कोऊ अतिमोटा

कोऊ तौ अतिपावन रीतितेहैं कोऊ अपावन गति कहे रीति धारण किहे भाव स्नानहीन मृतक भस्म धारण मद्य मांसादि भक्षण करत हिंसा निर्दयता लिहे आदिकन के कराल भूषण धारण दिगम्बर कपाल कहे मृतक नरनकी खोपड़ी कर नाम हाथनमें लिहे तिनमें सद्य नाम शीघ्र शोणित नाम रक्त तामें भरे देहभरे में लगाये पुनः खर जो गदहा श्वान जो कुत्ता असुर दैत्य शृगाल मूषक इत्यादि वेष मुखकी आकार बनी इत्यादि अनेक आकार तिनको को गनि सकै पुनः बहुत जिनिसि के प्रेत जो नरमृतकते होत पिशाच मांसाहारी तुच्छदेव योगिनी जैसी हैं ता भांति वर्णन करत नहीं बनत १८ सोरठार्थ ॥ सो यावत् भूत भयंकर सेनाहैं ते परमतरंगी कहे मनके लहरी भाव हर्ष विषाद लज्जाहीन जो कुछ मनमें आवै सोई करैं ताते कोई विवाह जानिकै नाचतेहैं कोई गावतेहैं अनेक भांतिके गीत जिनको वेष चालादि समग्र रीति देखनेमें अत्यंत विपरीत नाम लोकमर्यादाते उलटी भाव वाममार्गी पुनः जो किसीके समुझमें न आवै ऐसे विचित्र विधि ते वचन बोलत १९ ॥

९३ जस दूलह तस बनी बराता । कौतुकविविध होहिं मगजाता २०
इहां हिमाचल रचेउ विताना । अतिविचित्रनहिं जाइबखाना २१
शैल सकल जहँलगि जगमाहीं ।लघुविशालनाहिंबरणिसिराहीं २२
वन सागर सब नदी तलावा । हिमगिरिसबकहँनेवतपठावा २३
कामरूप सुन्दर तनु धारी । सहितसमाज सहितवरनारी २४
गे सब तुरत हिमाचल गेहा । गावहिं मंगल सहित सनेहा २५
प्रथमहिं गिरि सब गृह सँवराये । यथायोग्य जहँ तहँ सब छाये २६
पुरशोभा अवलोकि सुहाई । लागै लघु विरंचिनिपुणाई २७

छं० लघु लागि विधिकी निपुणता अवलोकि पुरशोभा सही ।
वन बाग कूप तड़ाग सरिता सुभग सब सक को कही ॥
मंगल विपुल तोरण पताका केतु गृह गृह सोहहीं ।
वनिता पुरुष सुन्दर चतुर छवि देखिमुनिमन मोहहीं २८

दो० जगदम्बा जहँ अवतरी, सो पुर बरणि न जाइ ॥
ऋधिसिधिसंपतिसकलसुख, नित नूतन अधिकाइ २९

९३ अब जस दुलहा कुवेष तैसेही बरात बनी ताको देखि अनेक भांति के कौतुक होत मार्गमें चलेजात भाव मार्गवासी देखि हँसतेहैं २० इहां हिमा-

चल गिरि अपने गृहमें वितान नाम माड़व रचेउ जामें विचित्र रचना जो बखानी नहीं जात अद्भुत है २१ जगमें जहांलगि शैल नाम पर्वत हैं सकल सब छोटे बड़े जो वर्णन करिबे नाम गनिबे में चुकते नहीं २२ वन सागर तड़ाग नदी तिन सबको हिमाचल गिरि नेवत पठाये बोलावते भये ते सब आये २३ ते कौन भांति आये क्योंकि ये तौ स्थावर हैं ताहेतु कहत कि कामरूप हैं स्वइच्छित रूप धरिबेकी गतिहै ताते नरवत् सुंदर रूप धरिके अपनी ऐश्वर्यकी समाजसहित पुनः वर श्रेष्ठ नारिन सहित २४ इत्यादि रीतिते साजि सब तुरतहिं हिमाचलके घरको जातेभये ते मंगलसमयते सनेह सहित विवाहके मांगलिक गीत गान करते हैं २५ नेवतहारी आगमते प्रथमै हिमगिरिने सब भांति के गृह घर बहारि लीपि सँवराय राखे तिनमें यथायोग्य जो जौने लायक रहै सो तहांहीं छाये नाम वास करते भये २६ हिमाचल के पुरकी शोभा अवलोकि नाम देखिकै ऐसी सुहाई सुन्दर लागत जाके आगे विरंचि कहे ब्रह्माकी निपुणाई नाम चतुराई लघु नाम थोरी लागत भाव विधि रीतिते इहां विशेष कारीगरी देखात २७ पुरकी शोभा देखि सही कहे यथार्थही विधिकी चतुराई थोरी लागत काहेते वन बागन में वृक्षादि भूषित करे कूप तड़ाग नदिनके किनारा चित्राम्रादिते भूषित ताते सब सुभग ऐश्वर्यमय शोभा देखात ताको कौन बखान करि कहिसकै तोरण कहे मंदिरको द्वार यथा ॥ तोरणोऽस्त्री बहिर्द्वारमित्यमरः ॥ सो द्वार पर चित्राम चौक कलशादि विपुल नाम बहुत मंगल सजे हैं पताका फरहरा केतु छोटी ध्वजा सो घर घर प्रति शोभितहै स्त्री पुरुष रूपते सुंदर बुद्धिते चतुर भूषण वसन सहित ऐसी छविहै जिनको देखि विरागवान् मुनिनके मन मोहित होत औरकी कौन गिनती २८ दोहार्थ ॥ इहां सब अद्भुत शोभा काहेते है सो कहत कि जगत्की अंबा नाम माता अर्थात् जगत्की उपजावनहारी भवानी जहां अवतार धारण करी तिनके संगते शोभा भी प्रकटभई ताते सो पुर अद्भुतहै सो वर्णन नहीं करिजात क्योंकि ऋद्धि जो भोजनादि सामग्री सिद्धि मनचाही होन संपत्ति धनसंचय इत्यादि सब भांति को सुख नित दिनप्रति नूतन नाम नवा अधिकात जात आजु वर्णन करौ कालिह और अधिक २९ ॥

९४ नगरनिकट बरात जब आई। पुर खरभर शोभा अधिकाई ३०
करि बनाव साजि वाहन नाना। लेन चले सादर अगवाना ३१
हिय हर्षहिं सुरसेन निहारी। हरिहिं देखि अतिभये सुखारी ३२

शिवसमाज जब देखन लागे । बिडरि चले वाहन सब भागे ३३
धरि धीरज तहँ रहे सयाने । बालक सब लै जीव पराने ३४
गये भवन पूछहिं पितुमाता । कहहिं वचन भयकंपित गाता ३५
कहिय कहा कहि जात न बाता । यमकै धारि किधौं बरिआता ३६
वर बौरहा बसह असवारा । व्याल कपाल विभूषण छारा ३७

छं० तनुछार व्याल कपाल भूषण नगन जटिल भयंकरा ।
सँगभूत प्रेत पिशाच योगिनि विकटमुख रजनीचरा ॥
जो जियत रहहि बरात देखत पुण्य बड़ तिनकर सही ।
देखिहै सो उमाविवाह घर घर बात असि लरिकन कही ३८

दो० समुझि महेश समाज सब, जननि जनक मुसकाहिं ॥
बाल बुझाये विविधविधि, निडर होहु डर नाहिं ३९

९४ हिमाचलके नगरके निकट जब बरात आई बाजा सुनि परे तब पुरमें खरभर भयो कामकाजी सब कार्यको दौरे साधारण देखने दौरे दीपचौकादि साजे ते शोभा अधिकाती भई आगे लेनहित भूषण वाहन साजते भये ३० भूषणवसनादि ते अपनो अपनो बनावकारि हाथी घोड़े रथादि अनेकभांतिके वाहन साजि बरातको सवार ह्वै आदर सहित लावने हेतु अगवानी चले ३१ जब सुन्दर सजी देवता इंद्रादिकनकी सेना निहारि नाम देखे तब अगवानी हृदयमें हर्ष आनंद भये कि अच्छी सजी बरात है पुनः हरिहि देखि अर्थात् किरीट कुण्डल कौस्तुभ पीताम्बर चक्रादि धारण तथा पार्षद तुल्य शोभा वाले साथ या प्रकार भगवान्को देखिकै अत्यंत सुखी भये ३२ पुनः भूत पिशाच योगिनी वैतालादि शिवकी समाज महाभयंकर जब देखनलगे तब यावत् हाथी आदि वाहन रहे ते बिडरी नाम भड़किकै भागिचले ३३ तामें सयाने जे ज्ञानवान् रहैं ते तौ धैर्य धरिकै अर्थात् देखनेमें भयंकरहैं परंतु भय नहीं है यह जानि तहां रहे अरु जे बालक रहे ते भय मानि अपनो जीव लैलै सब पराने भागे ३४ जब बालक भवन नाम घरको गये तब उनके माता पिता बरात को हाल पूछने लगे तब बालक वार्ता कहते हैं परंतु भय ते गात जो देह सो कांपि रही ३५ बालक बोले कि हम क्या कहैं भयातुरी ते बात कहते नहीं बनत कौन भय है कि बरात है किधौं हम लोगों को खानेहेतु यमकी कराल धारि नाम सेनाहै ३६ क्योंकि वर दुलहा तौ बौरहा

अर्थ सिरीं सोऊ बसह नाम बर्धपर सवार व्याल नाम सर्प लपेटे कपालन की माला पहिरे छार नाम विभूति देहमें लगाये इत्यादि वाके विभूषण हैं २७ व्याल कपाल छारादि तौ विभूषण हैं पुनः नग्न वसनहीन जटिल शीशमें जटा पुनः महाभयंकर समाज सो वाके संगमें कौन हैं भूत प्रेत पिशाच योगिनी विकट भयंकर मुखवाले निशाचर जो बरातको देखत जियत रहि जाइँ तिनकी बड़ी भारी पुण्य सही नाम सांची है नातरु जीवत कैसे रही सो जाके बड़ी पुण्य उदय होई जामें यमदूतनकी बाधा न व्यापै सो उमाको विवाह देखिहै ऐसी बात लरिकन पुरमें घर घर कही इस प्रसंग में देवन में अतिहासरस है सयानन में शांतरस वाहन बालकनमें भयानक रस ३८ दोहार्थ ॥ बालकनकी बातें सुनि महेशकी समाजको हाल समुझि माता पिता मुसकाते हैं भाव यह तौ नारदजी प्रथमही कहिगये रहैं ताते बालकन को समुझाये कि यह समाज देखनेही को भयंकर है किसीको दुःखदायक भय नहीं है ताते निडर होहु डराउ न ३९ ॥

६५ लैअगवानि बरातहिं आये । दिये सबहिं जनवास सुहाये ४०
मैना शुभ आरती सँवारी । संग सुमंगल गावहिं नारी ४१
कंचनथार सोह वर पानी । परिछन चलीं हरहि हरषानी ४२
विकटवेष रुद्रहि जब देखा । अबलन उर भय भयउ विशेखा ४३
भाजि भवन पैठीं भय त्रासा । गये महेश जहां जनवासा ४४
मैना हृदय भयो दुख भारी । लीन्ह बोलि गिरिराजकुमारी ४५
अधिक सनेह गोद बैठारी । श्यामसरोज नयन भरि वारी ४६
ज्यइँविधि तुमहिं रूप अस दीन्हा । त्यइँजड़ वर बाउर कस कीन्हा ४७
छं० कस कीन्ह वर बौरहा विधि जिन तुमहिं सुन्दरता दई ।
जो फल चहिय सुरतरुहि सो बरबस बबूरहि लागई ॥
तुमसहित गिरिते गिरौं पावक जरौं जलनिधिमहँ परौं ।
घरजाउ अपयश होउ जग जीवत विवाह न हौं करौं ४८
दो० भईं विकल अबला सकल, विकल देखि गिरिनारि ॥
करि विलाप रोदति वदति, सुतासनेह सँभारि ४९

६५ अगवानी जन बरातको मिलि दंड प्रणामादि करि लिवाइ लाये

सबहिन को टिकने हेतु जनवास दिये बरातको टिकाये सुहाये जहां सब भांतिते सुख ४० गिरिजा की माता मैना शुभ आरती हल्दी दूर्वाक्षत दधि पान सुपारी माणिक दीपादि सँवारिकै साथमें सौभागिनी नारी ते सुंदर मंगल गीत मधुर स्वर ते गान करती हैं ४१ सुन्दर नवीन भूषण वसन जे आरती साज भरे कंचन थार पाणि नाम हाथनमें सोहत हरषानी आनंद भरी दूलहरूप हरहि शिवजी को परिछन हेतु मन्द मन्द चलीं ४२ मुण्डमाल सर्पादि विकट भयंकर वेष कीन्हे जब रुद्रको देखा तब परिछै कौन अबलन के उरमें विशेष करिकै भय नाम डर भयो कांपि उठीं ४३ भयानक वेषकी भयते त्रास नाम डर मानिकै भागि भवन नाम घर में पैठीं जब परिछनेवाली भागि गईं तब महेशजी जनवास को लौटि गये ४४ ऐसे वरके ब्याहते पुत्रीको जन्म वृथा भयो यह विचारि मैनाजी के हृदय में भारी दुःख भयो वात्सल्यतावशते करुणा भई ताते गिरिराजकुमारी पार्वतीजी को अपने ढिग बोलाय लिये ४५ अत्यन्त स्नेह सहित अपनी गोदीमें बैठाइ लीन्ही साञ्जन नयनरूप श्याम कमलन में मकरंदवत् अश्रु वारि जल बहत पुत्री को दुःख विचारि आपु दुःखित यही करुणारस है ४६ जो विधि ब्रह्मा ने पुत्री तुमको ऐसा सुन्दर रूप दीन्ह सो जड़ने तुम्हारे वरको बौरहा कैसे करिदीन्हा इहां करुणावशते विचारहीन वचन कहत ४७ जाने तुमहिं ऐसी सुन्दरताई दीन्ही भाव सर्वांग सुठौर बनाये ता ब्रह्माने तुम्हारे वरको बौरहा कैसे कीन याते समुझि परत कि वाकी बुद्धि जड़है काहेते जो फल सुरतरु कल्पवृक्ष को चाहिये भाव पुत्री विष्णुके योग्य रहे सो बरबस जबरई सकंटक बबूर वृक्षमें लागै भाव तपस्या करि शिवको ब्याही जाई जाको भयंकर वेष ताते हे पुत्री ! तुमको सहित गिरि पर्वत परते गिरौं वा पावक अग्नि में परि जरौं वा जलनिधि समुद्रमें गिरिपरौं घर लूटिजाय या मोते घर छूटि जाय पतित्यागको अपयश जगमें होय यह सब मंजूर है परंतु अपनी जीवत शिवके साथ पुत्रीको विवाह मैं न करिहौं ४८ दोहार्थ ॥ गिरिनारि मैनाको विकल देखि यावत् अबला कहे स्त्री घरमें रहीं ते सकल विकल भईं पुत्रीको स्नेह सँभारि स्नेह दृढ़ करि विलाप करि अर्थात् सशोक वचन भाषण पूर्वक रोदन अश्रु बहत अनेकन भांतिके वचन वदति नाम कहती हैं ४९ ॥

९६ नारदकर मैं काह बिगारा । भवन मोर जिनबसत उजारा ५०
अस उपदेश उमहिं जिन दीन्हा । बौरे वरहि लागि तप कीन्हा ५१

सांचेउ उनके मोह न माया। उदासीन धन धाम न जाया ५२
परघर घालक लाज न भीरा। बांझकि जान प्रसवकी पीरा ५३
जननिहिं विकल विलोकि भवानी। बोली युतविवेक मृदुबानी ५४
अस विचारि शोचहु जनि माता। सो न टरै जो रचेउ विधाता ५५
करम लिखा जो बावर नाहू। तौ कत दोष लगाइय काहू ५६
तुम सन मिटै कि विधिकर अंका। मातु वृथा जानि लेहु कलंका ५७
छं० जनि लेहु मातु कलंक करुणा परिहरहु औसर नहीं।
दुखसुख जो लिखा लिलार हमरे जाब जहँ पाउब तहीं॥
सुनि उमा वचन विनीत कोमल सकल अबला शोचहीं।
बहुभांति विधिहि लगाइ दूषण नयनवारि विमोचहीं ५८
दो० त्यहि अवसर नारद सहित, औ ऋषिसप्त समेत॥
समाचार सुनि तुहिनगिरि, गवने तुरत निकेत ५९

६९ क्या कहतीं कि नारदको मैंने क्या बिगाराहै जो कोपते बसत संते मेरो घर उन उजारि दिया भाव हम नीके वरको विवाह करतीं ५० सो जिन नारदने उमहिं ऐसा उपदेश दै दृढ़ मन करिदीन्हा जाते शिव ऐसे बौरे वरहिलागि विवाह होने हित तपस्या कीन्ही सो परिश्रम वृथा गयो ५१ न धनहै न धाम नाम घरहै न जाया नाम स्त्री है उदासीन सदा रहते हैं ताते सांच सप्तऋषि तुमते कहेरहैं उन नारदके मोह माया कछु नहीं निर्दयी हैं ५२ परारे घरके घालक नाम नशावनहारे हैं न लाज है भाव दक्ष शाप दिये तबहूं नहीं छांड़ते पुनः किसी बातकी भीर नाम फिकिर नहीं जामें लागेरहैं सरतारेमें यही धंधाहै बांझ स्त्री प्रसव होने समयकी पीर कैसे जानैं भाव उनके दुहितापुत्र होते तौ तौ जानतीं विना भये का जानैं ५३ जननी माताको विकल विलोकि नाम देखिकै भवानी अर्थात् सर्वदा शिवकी वामांगी ते पार्वतीजी विवेकयुत मृदु नाम कोमल वाणी बोलीं ५४ क्या बोलीं कि जो संयोग विधाताने रचिदियो सो किसी उपायसे नहीं टरै न मिटै अस विचारि हे माता! जनि शोच करहु ५५ क्योंकि जो हमारे कर्ममें बाउर नाह पति लिखाहै तौ काहेको तुम काहूको दोष लगावती भाव नारदजी को क्यों कुवचन कहती हौ ५६ हे माता! जो विधिके लिखे अंक हमारी भाग्यमें हैं ते क्या तुम्हारे मिटायेते मिटि सकते हैं नहीं मिटि सकते हैं भाव विवाह

तौ होवै करी तुम वृथे कलंक लेती हौ ५७ माता कलंक न लेहु अरु करुणा जो दुःख मानेहौ सो परिहरहु नाम छांड़िदेउ अव विवाह उत्सव को समयहै करुणाको समय नहीं है काहेते हमारे लिलारमें जो कछु दुःख सुख लिखाहै जहें विवाहिकै जाब तहें भाग्यभरि दुःख सुख पाउब इत्यादि विनीत नम्र वा विशेष नीतिके कोमल वचन उमाके सुनि यावत् घरमें रहीं सो सकल अबला जो स्त्री ते शोचतीहैं अरु बहुत भांतिते विधि ब्रह्माको दूषण लगाइकै नेत्रन ते अश्रु वारि नाम जल ताको विशेष करिकै मोचत नाम छांड़त भाव अश्रु बहिरहे हैं ५८ दोहार्थ॥ तेही समयमें मैनाजीके दुःखहोने को समाचार हाल सुनिकै असमंजस मिटावनेहेतु सप्तऋषिन सहित नारदजी को साथ लैकै तुहिनगिरि जो हिमाचल ते तुरतही निज गृहको गवने नाम जातेभये नारद समुझाइबेहेतु ताके प्रमाणहेतु क्योंकि सप्तऋषि प्रथम परीक्षाहेतु नारद के वचनन को अनादर करेरहें सोई मैनाजी सांच मानेहैं ५९॥

९७ तब नारद सबहीं समुझावा। पूरब कथा प्रसंग सुनावा ६०
मैना सत्य सुनहु मम बानी। जगदम्बा तव सुता भवानी ६१
अजाअनादिशक्तिअविनाशिनि। सदा शंभुअर्द्धंग निवासिनि ६२
जगसंभव पालन लयकारिणि। निज इच्छा लीलावपुधारिणि ६३
जन्मी प्रथम दक्ष गृह जाई। नाम सती सुन्दर तनु पाई ६४
तहौं सती शंकरहिं विवाहीं। कथा प्रसिद्ध सकल जगमाहीं ६५
एकबार आवत शिवसंगा। देखे रघुकुलकमल पतंगा ६६
भयउ मोह शिव कहा न कीन्हा। भ्रमवश वेष सीय करलीन्हा ६७

छं० सियवेष सती जो कीन्ह त्यहि अपराध शंकर परिहरी।
हरविरह जाय बहोरि पितुके यज्ञ योगानल जरी॥
अब जनमि तुम्हरे भवन निजपति लागि दारुण तप किया।
अस जानि संशय तजहु गिरिजा सर्वदा शंकरप्रिया ६८

दो० सुनि नारदके वचन तब, सवकर मिटा विषाद॥
क्षण महँ व्यापेउ सकल पुर, घर घर यह संवाद ६९

९७ तब नारदजी सब समाज को समुझाये कौन भांति गिरिजाके पूर्वजन्म जो सतीरूप प्रसंगकी कथा है सो सुनावते भये ६० प्रथमके वचन में

संदेह रहै ताते नारद कहत कि हे मैना ! अब मेरी सत्यवाणी सुनो तुम्हारी जो सुता पुत्रीहैं सो जगदम्बा जगकी माता भवानीहैं शिवकी सदा धर्मपत्नी हैं ६१ अजा कहे कारण माया करिकै जो जीव जन्मत ताते रहित स्वइच्छित जन्मती हैं क्योंकि अनादिशक्तिहैं पुनः अविनाशिनि कहे मोहादि कारणते आत्मरूप नहीं भूलतीं सदा एकरस ज्ञानहैं तुमको देखनेमात्र अलग हैं ये सदाशिव के वाम अर्ध अंगमें निवास कीन्हे हैं ६२ जगत्की संभव नाम उत्पत्ति पालन लय नाम प्रलयकी करनहारीहैं सो अपनी इच्छाते लीलामात्र वपु देहधारण करती हैं ६३ प्रथमकल्प में दक्षके गृह जाइ जन्म लीन्हीं तहां सती नाम पाई सुंदर तनु रहा ६४ तहांभी सतीरूपमें शंकरही को विवाही गईं तहां दक्ष की यज्ञविध्वंस ते इनकी कथा सब जगमें प्रसिद्ध है ६५ क्या प्रसिद्धहै एकबार प्रथमही कल्पमें शिवके साथ दण्डक वनमें आवतरहीं तहां रघुकुलकमलके प्रकाशक पतंग नाम सूर्य जो श्रीरघुनाथजी तिनको नरनाट्य करते देखे ६६ नरनाट्य देखि मोह भयो कि कैसे परब्रह्म हैं जो स्त्रीहेतु विलाप करते हैं यद्यपि शिवजी समुझाये कि ये सच्चिदानंद परब्रह्मरूप हैं सो न माना क्योंकि नरनाट्य देखि बुद्धि भ्रमत भई बुद्धिके आधीन मन मनके आधीन इन्द्रिय इन्द्रियनके आधीन देह इत्यादि भ्रम· वशसे सीयको वेष धरिलेती भईं ६७ सीयको वेष सती जो कीन्ह ताही अपराध ते भाव हमारे इष्टको रूप धारण करे अब स्त्रीभाव कीन्हेते अपराध है इति विचारि शंकर पत्नीभाव परिहरेउ त्यागिदिये ताही शिवजीके वियोग विरह दुःखते वहोरि पुनः जाय पिता दक्षकी यज्ञमें शिवके अपमान व्याज ते योगाग्नि प्रकट करि जरिगईं अब आइ सोई सती तुम्हारे घर पुत्री है जन्मीं तहां देहकी अपराध तौ भस्म करि छुड़ाइदीन मन बुद्धिकी अपराध बाकी रही ताको मिटाइ शुद्धरूप निजपति शिवकी प्राप्ति लागि अब दारुण तप कीन्हीहै तिनको पुनः प्राप्त होइँगी ऐसा जानिकै हे मैना ! संशय मनते तजौ छांड़ौ क्योंकि गिरिजा तौ सदा सर्वदा शंकरकी प्रियपत्नी हैं तुम्हारे व्याह करनेहीते नहीं ६८ दोहार्थ ॥ नारदजी के वचन सुनिकै निश्चय भई तब मैनाआदि सबको विषाद मिटा क्योंकि यह संवाद क्षणभरेमें हिमाचल के पुर घर घरमें व्यापेउ प्रसिद्ध ह्वै गयो ६९ ॥

९८ तब मैना हिमवंत अनंदे । पुनि पुनि पारवती पद वंदे ७०
नारि पुरुष शिशु युवा सयाने । नगरलोग सब अतिहरषाने ७१

लगे होन पुर मंगल गाना। सजे सबहिं हाटक घट नाना ७२
भांति अनेक भयउ जेवनारा। सूपशास्त्र जस कछु व्यवहारा ७३
सो जेवनार कि जाइ बखानी। बसहिंभवनज्यहिमातुभवानी ७४
सादर बोले सकल बराती। विष्णु विरंचि देव सब जाती ७५
विविध पांति बैठी जेवनारा। लगे परोसन निपुण सुवारा ७६
नारिवृन्द सुर जेंवत जानी। लगीं देन गारी मृदुबानी ७७

छं० गारी मधुर स्वर देहिं सुन्दरि व्यंग वचन सुनावहीं।
भोजनकरहिं सुर अतिविलम्ब विनोद सुनि सचुपावहीं॥
जेंवत जो बढ्यो अनंद सो मुख कोटिहू न परै कह्यो।
अँचवाइ दीन्हे पान गवने वास जहँ जाको रह्यो ७८

दो० बहुरि मुनिन हिमवंत कहँ, लगन सुनाई आइ॥
समय विलोकि विवाहकर, पठये देव बुलाइ ७९

६८ हाल सुने तब मैना अरु हिमवंत परम आनन्द सहित वारंवार पार्वती के पांयनकी वन्दना करे अहोभाग्य माने ७० नारि पुरुष बाल युवादि पुरमें यावत् जन सयाने नाम चतुर रहे ते यह जानिकै नगरके सबलोग अत्यंत करिकै हर्षाने अर्थात् बालक स्त्री प्रथम भयाने रहैं ते भी हर्षे खुशी भये ७१ हिमाचल पुरमें मंगलगान विवाह के गीतगान होने लगे हाटक सोने के कलश दीप पल्लव सहित अनेकन पुरवासी सब सजने लगे ७२ सूपशास्त्र को व्यवहार कहे रीति जस कछु लिखी है ता रीतिते अनेक भांति के व्यंजनमय जेवनार भयो ७३ जौने भवन घरमें लोकमातु भवानी वास कीन्हे तहां सब ऋद्धि सिद्धि रसोईं करनहारीहैं ताते व्यंजननमें जैसी स्वादु शोभा है सो जेवनार कि बखानी जाइ नहीं बखानी जात ७४ ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्रादि अपर यक्ष, गन्धर्व, विद्याधरादि यावत् जाति देव बराती रहे तिन सकलन को आदरसहित बोलाये ७५ आपने आपने मेरते बैठे ताते विविध भांति की पांति जेवनार भोजन करनेहेतु बैठे प्रथम जल पनवार दै पुनः निपुण कहे चतुर सुवार जे जन परोसनहार ते भोजन परसन लगे ७६ देवतनके वृन्द बरातिन को जेंवत जानिकै नारिवृंद गानपूर्वक मृदु वाणी ते गारी देन लगीं ७७ रूपवती सुंदरी जे स्त्रीहैं ते मधुर स्वरते गारी देत पुनः व्यंग वचन सुनावत अर्थात् इधर हिमाचलको उधर सरस्वती आदिकनको लगाय

गारी देत पुनः शिवके माताहै नहीं इति वचन तामें व्यंगकी कही परे भिले हैं विनोद नाम आनन्दमय वचन सुनि सुख पावत ताते अत्यन्त विलंब करि धीरा धीरा देवता भोजन करते हैं जेंवतसमयमें जो आनंद दुहूं दिशिते बाढ़ेउहै सो एक मुखते कोऊ कैसे कहै कोटिन मुखते कहि नहीं जात भोजन कीन्हे पीछे अँचवाइकै सुगन्धित मसालेदार पान दिये पुनः जहां जाको वास रहै तहांको गवने जातभये व्याहसमयमें न स्त्री बाधा करैं याते इसी तहदिली में बरात जेंवाइदेइँ याते व्याह के पहिले जेंवाये ७८ दोहार्थ ॥

जब तहदिल भये तब मुनिन हिमाचलको शुद्ध लग्नको समय जाय सुनाये इष्ट ४४।१५ वृश्चिकलग्न इति विवाहको शुभसमय देखि विवाह करानेहेतु ब्रह्मादि देवतनसहित शिवको बुलाय पठाये ७९ ॥

६६ बोलि सकलसुर सादर लीन्हे। सबहिंयथोचितआसनदीन्हे ८०
वेदी वेदविधान सँवारी। सुभगसुमंगल गावहिं नारी ८१
सिंहासन अति दिव्य सुहावा। जाइ न बरणि विरंचि बनावा ८२
बैठे शिव विप्रन शिर नाई। हृदयसुमिरिनिजप्रभुरघुराई ८३
बहुरि मुनीशन उमा बुलाई। करि शृंगार सखी लै आई ८४
देखत रूप सकल सुर मोहे। वर्णैं छवि अस कवि जग को है ८५
जगदंबिका जानि भवभामा। सुरन मनहिंमन कीन्ह प्रणामा ८६
सुन्दरता मर्याद भवानी। जाहि न कोटिहु वदन बखानी ८७

छं० कोटिहु वदन नहिं बनै बरणत जगजननिशोभा महा।
सकुचहिं कहत श्रुति शेष शारद मंदमति तुलसी कहा॥
छविखानि मातु भवानि गवनी मध्यमंडप शिव जहां।
अवलोकिसकहिंनसकुचि पतिपदकमलमनमधुकर तहां ८८

दो० मुनिअनुशासन गणपतिहि, पूजे शंभु भवानि॥
कोउ सुनि संशय करै जनि, सुर अनादि जिय जानि ८९

६६ ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र, वरुण, कुबेरादि सकल सुरनको आदरसहित बोलायकै यथा जाको उचित तैसेही आसन दै सबको बैठारे ८० भूमिके पंचसंस्कारादि वेदविधिते वेदी सँवारे बनाये पुनः लोकरीतिते नारी सौभागिनी मंगल विवाहके गीत गावती हैं समय समयके ८१ कंचनमणिन जटित

दिव्य सिंहासन सुहावा शोभामय जौनी विचित्र रीतिते बना है सो कहत नहीं बनत अद्भुत है मानो ब्रह्माने आपही बनावा है ८२ ता सिंहासनपर शिवजी बैठे तहां लोकरीति में प्रसिद्ध ब्राह्मणनको माथ नाय अरु हृदयमें निज अपने प्रभु श्रीरघुनाथजीको सुमिरिकै बैठे ८३ बहुरि पीछे आचार्य मुनीशोंने गिरिजाको माड़वतरे को बोलाये तब विवाहसमय अनुकूल शृंगार करि अर्थात् उबटन, मज्जन, वसन, भूषणादि पहिराय सखीजन माड़वतरे को लेवाइ लावती भईं ८४ जो विना भूषणै भूषित से तनु देखाय ताको रूप कही तहां साधारण जिनको रूप देखिकै सकल देवता मोहते हैं ता रूपको शृङ्गार करि ताकी छवि कौन वर्णन करै को ऐसा कवि जगमें है जो उपमा कहै ८५ भव महादेव लोकके पिता तिनकी भामा सो जगकी अम्बिका माताहैं ऐसा जानि देव इन्द्रादि मनहीं मन अंतरते प्रणाम कीन्हे ८६ नख ते शिखा तक सर्वांग सुठौर सोहत इत्यादि सुन्दरताकी मर्याद अंगमें परिपूर्ण शोभा ऐसी भवानी शिवपत्नी तिनको एक मुखवाला क्या कहै कोटि मुख होइ तदपि नहीं बखानी जात ८७ काहेते नहीं बखानी जात एक तौ जगजननि की शोभा कहने को किसीको अधिकार नहीं कदाचित् किसी भावते कोऊ कहिवेको अधिकारी भी होवै सोऊ कैसे कहै महाशोभा है अर्थात् कहनेवाला देखिकै आपही मोहि जाई कहौ कौन जिनकी शोभा कहतमें शारदा अरु शेष पुनः श्रुति वेद इनको अधिकारहै सोभी अपारता देखि संकोच करत तहां तुलसी कहा गोसाईंजी कहत कि मैं मतिको मंद काहे में हौं जो कहौं पुनः कहत कि छविकी खानि है अर्थात् इनके अंगते छवि उत्पन्न है औरन को मिलत भाव ये उपमानहैं तेई मातु भवानी जहां माड़वके मध्यमें शिवजी बैठेहैं तहांको गवनी जातभईं सकुच लोकलाजते प्रसिद्ध शिवजीको अवलोकि कहे देखि नहीं सकती हैं परन्तु मनरूप मधुकर कहे भ्रमर तहांई बसा है जहां पतिके पदकमल हैं भाव मन तौ शिवमें लागहै लाजते देखि नहीं सकतीं ८८ दोहार्थ ॥ मुनिन के अनुशासन नाम आज्ञाते शिव पार्वती दोऊजने कलश में गणेशजी की पूजा करतभये वेदपद्धतिन में लिखा है क्योंकि देवता अनादि हैं याते कोऊ संशय न करै ८९ ॥

१०० जस विवाहकै विधि श्रुति गाई । महामुनिन सो सब करवाई ९०
गहि गिरीश कुशकन्या पानी । भवहिं समर्पी जानि भवानी ९१
पाणिग्रहण जब कीन्ह महेशा । हिय हर्षे तब सकल सुरेशा ९२

वेदमंत्र मुनिवर उच्चरहीं ।जयजयजयतिसकलसुरकरहीं ९३
बाजहिं बाजन विविध विधाना । सुमनवृष्टि नभभइ विधिनाना ९४
हरगिरिजा कर भयहु विवाहू । सकल भुवन भरिरहा उछाहू ९५
दासी दास तुरग रथ नागा । धेनु वसन मणि वस्तु विभागा ९६
अन्न कनकभाजन भरि याना । दायज दीन न जाइ बखाना ९७
छं० दायज दियो बहुभांति पुनि कर जोरि हिम भूधर कह्यो ।
का देउँ पूरणकाम शंकर चरणपंकज गहि रह्यो ॥
शिवकृपासागर श्वशुरकर संतोष सबभांतिन कियो ।
पुनि गह्यो पदपाथोज मैना प्रेमपरिपूरण हियो ९८
दो० नाथ उमा मम प्राणप्रिय, गृह किंकरी करेहु ॥
क्षमेउ सकल अपराध अब, ह्वइ प्रसन्न वर देहु ९९

१०० स्वस्त्ययनभूमि गणेशपूजादि जस कछु विवाहकी विधि वेदनमें गाई है सो सब आचार महामुनिन करवाई ९० गिरीश हिमाचलजी कुशसहित कन्याको पाणि गहि गिरिजाको हाथ पकरि भवानी सदा शिवपत्नी जानि अब अपनी कन्या करि भव शिवको समर्पी संकल्प कीन्ही ९१ महेश महादेवजी जब गिरिजाको पाणिग्रहण कीन्ह तब सुरेश इंद्रादि यावत् देवता रहें सब हृदयते हर्ष खुशीभये भाव हमारो कार्य पूर्ण भयो ९२ जे मुनिनमें वर नाम श्रेष्ठहैं ते तौ वेदनके मंत्र उच्चारण करत पुनः शिवकी जय होय जय होय इति शब्द सब देवता करते हैं ९३ दुन्दुभीआदि विविधप्रकारके बाजा बाजिरहे नभ आकाशते सुमन जो फूल ताकी वृष्टि नाम वर्षा अनेक प्रकारते होती भई ९४ शिवपार्वतीको विवाह भयो इति उत्सव सकल भुवनभरेमें भरिरहा दैत्यनको नाश विचारि सबको खुशी भई ९५ अब दायज कहत कि सेवा करनेहेतु दासीदास तुरंग घोड़ा नाग हाथी रथ धेनु गौवें दुशालाआदि वसन अनेकन भांतिकी मणि घृतादि अनेक वस्तु विभाग नाम अलग पात्रन में भरे पक्वान्नादि ९६ अन्न तंदुल गोधूम माषादि कनकभाजन सोनेके पात्रादि ते यान नाम रथन भरिकै जैसा दायज दीन जो बखाना नहीं जात ९७ अनेकभांति दायज दिये पुनः प्रसन्नताहेतु हाथ जोरि हिमाचलगिरि कहते भये हे शंकर ! आपतौ पूर्णकामहौ काहू वस्तुकी चाह नहीं ताते मैं क्या आपको देउँ आपके पदकमल गहिकै मर्यादासहित संसारमें रहे भाव आप

की दिशिते कछु मेरी बात बिगरी नहीं शिवजी तौ कृपा के समुद्र हैं भाव सबकी रक्षा करते हैं ये तौ सम्बन्धी हैं याते श्वशुर हिमाचल को प्रशंसापूर्वक मान दै संतोष कीन्हे सब भांतिते भाव हम सबप्रकार खुशी हन पुनः मैनाजी प्रेमते परिपूर्ण भरा हृदयते पाथोज नाम कमलसम शिवजी के पद गहती भई ९८ दोहार्थ ॥ क्या विनती करती हैं कि हे नाथ! उमा पार्वती मोको प्राणन सम प्रियहै याते गृह बनाय तामें राखि अपनी किंकरी करना घरही में सेवा करावना भाव बेमर्याद बाहर न जानेपावै क्योंकि सतीको अकेले न छांड़ते तौ क्यों सीतावेष करतीं तबतौ सतीका अपराध नहीं माफ कीन्हेउ सो अब याके सब अपराध क्षमा किहेउ यह प्रसन्न है मोको वर देहु यह असुंदर व्यंग है ९९ ॥

१०१बहुविधिशंभुसासुसमुझाई। गवनी भवन चरण शिरनाई १००
जननी उमा बोलि तब लीन्ही। लै उछंग सुन्दर सिख दीन्ही १
करेहु सदा शंकर पद पूजा। नारिधर्म पति देव न दूजा २
वचन कहत भरि लोचन वारी। बहुरि लाइ उर लीन्ह कुमारी ३
कत विधि सृजी नारि जगमाहीं। पराधीन सुख सपनेहुँ नाहीं ४
भइ अतिप्रेम विकल महतारी। धीरज कीन्ह कुसमय विचारी ५
पुनिपुनि मिलतिपरति गहिचरणा। परमप्रेम कछु जाइ न बरणा ६
सकल सखी मिलि भेंटि भवानी। जाइ जननि उर पुनि लपटानी ७
छं० जननिहिं बहुरि मिलि चलीं उचित अशीष सबकाहू दई।
फिरिफिरि विलोकति मातुतन तब सखी लै शिवपहँ गई॥
याचक सकल संतोषि शंकर उमासह भवनहिं चले।
सब अमर हर्षे सुमन बर्षि निशान नभ बाजे भले ८
दो० चले संग हिमवंत तब, पहुँचावन अतिहेतु॥
विविध भांति परितोष करि, बिदा कीन्ह वृषकेतु ९

१०१ तब शिवजी बहुत विधिते सासुको समुझाये कि अकेले न छांड़ेंगे कदाचित् कछु न बनी सो माफ करैंगे सो सुनि चरणनमें माथ नाइ घरको गई १०० जननी मैनाजी पार्वतीको बोलायकै उछंग नाम गोदीमें लैकै बहुत प्रकारते सुन्दर सिखावन दीन १ शंकरके पांयनकी सदा पूजा किहेउ क्योंकि नारिको यही धर्महै कि इष्टदेव केवल अपने पतिको मानै दूसरे को

न मानै २ इत्यादि वचन कहतही प्रीति उमँगि नेत्र अश्रुजलते भरिआये बहुरि कुमारी पार्वतीको उरमें लगाइ लीन्ही ३ स्वाभाविकही वियोग जानि सीदत कि जगमें नारिनको काहेको ब्रह्माने बनाया है क्योंकि सदैव पराधीन ही रहने को परत बालमें माता पिताके युवामें पतिके वृद्धा में पुत्रन के इत्यादि परवशते सपनेहूंमें सुख नहीं किसीकी भय लागिन रहत याते स्त्रीजन्म वृथा है ४ इत्यादि विचारत संते प्रेमवश माता अत्यन्त विकल भई परंतु कुसमय विचारि अर्थात् करुणावश भये ते समयके व्यापार बिगरि जायँगे इति विचारि धैर्य धरे ५ पुत्रीभाव ते तौ बारबार मिलत जगदम्बाजी विचारि पांयनमें गिरत इत्यादि जस कछु परम प्रेमहै सो कहत नहीं बनत ६ सब सखियनको मिलि पुनः स्कंध फेरि भेंटिकै भवानी पार्वती पुनः जाय माताके उरमें लपटानी यह स्त्रिनको लौकिक व्यवहार है ७ पुनः माताको मिलिकै चलीं ता समय समाज भरि जाको जैसा उचित रहै तैसा आशीर्वाद सबहिन दीन लौटि बारबार माताकी दिशि विलोकति नाम देखती हैं याते प्रेमकी प्रबलता जानि सखीजन गिरिजाको लै शिवके पास गईं पुनः पुरके नेगी प्रजा मँगनाआदि यावत् याचक जन रहे तिनको दान मान दै संतोषित करि शंकर पार्वती सहित भवन जो कैलास तहां को चले अब निस्संदेह सब अमर हर्षे खुशी भये ताते सुमन फूल वर्षिकै देवन के निशान बाजा आकाश में घने नाम बहुत बाजे ८ दोहार्थ ॥ तब अत्यंत प्रीतिते पहुँचावने हेतु शिवके संग हिमवन्त हिमाचलजी चले तहां अनेक भांति प्रीतिवर्धक वचन कहि शिवजी हिमाचलको परितोषित संतोष करि विदा कीन्ह ९ ॥

१०२ तुरत भवन आये गिरिराई। सकल शैल सर लिये बुलाई १०
आदर दान विनय बहुमाना। सबकहँबिदाकीन्हहिमवाना ११
जबहिं शंभु कैलासहि आये। सुरसबनिजनिजलोकसिधाये १२
जगतमातु पितु शंभु भवानी। त्यहि शृंगार न कहेउँ बखानी १३
करहिं विविधविधि भोगविलासा। गणनसमेत बसहिं कैलासा १४
हरगिरिजा विहार नित नयऊ। यहिविधिविपुलकालचलिगयऊ १५
तब जन्मेउ षटवदन कुमारा। तारकअसुर समर जिन मारा १६
आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। षटमुखजन्मसकलजगजाना १७

छं० जग जान षटमुखजन्म कर्म प्रताप पुरुषारथ महा।
तेहि हेतु मैं वृषकेतुसुतकर चरित संक्षेपहि कहा॥
यह उमाशंभुविवाह जे नर नारि सुनहिं जे गावहीं।
कल्याणकार्य विवाह मंगल सर्वदा सुख पावहीं १८

दो० चरितसिंधु गिरिजारमण, वेद न पावहिं पार॥
बरणै तुलसीदास किमि, अति मतिमंद गँवार १९

१०२ गिरिराय हिमाचल भवन कहे घरमें आइकै तुरतही शैल जे पर्वत सर सागरादि नेवनहारिनको बोलावते भये १० काहूको आदर काहू को दान दै काहूसों विनती करि इत्यादि यथायोग्य सबको बहुत मान करि हिम चलजी सबको बिदा कीन ११ जा समय शंभु महादेवजी कैलास में आइ पहुँचे तब यावत् नेवते आये रहैं ते सब सुर ब्रह्मादि निजधाम घरन को सिधाये चलेगये १२ कविकी उक्ति कि शंभु अरु भवानी जगके माता पिता हैं तिन को श्रृङ्गार रसमय चरित कहते लज्जा है इति श्लील दूषण विचारि श्रृङ्गार बखानिकै नहीं कहेउँ काव्यनिर्णये यथा॥ पद श्लील पैये जहां, विना अशुभ लज्जान॥ पुनः काव्यप्रकाशे यथा॥ व्रीडाजुगुप्साऽमङ्गलव्यञकत्वात्श्लीलंत्रिधेति १३ भोजन वसन तांबूल राग सुगंध शय्या स्त्रीसंगादि विविध कहे अनेक भांति के भोगको विलास नाम सुख करत संते नन्दी आदि गणन समेत कैलासपर वास करत १४ हर महादेव गिरिजा पार्वती दोऊ सबल समर्थ कोऊ दुइमें हारने योग्य नहीं याते प्रतिदिन नित नवा अधिक विहार करत रहे याहि विधिते विपुल नाम बहुत काल बीतिगये १५ तब कछु काल बादि षटवदन कहे छः मुख हैं जाके ऐसा कुमार पुत्र जन्मेउ जन्म लीन्हे जिन षण्मुखने तारकासुर दैत्यको समरभूमिमें मारा १६ आगम शास्त्र निगम वेद भागवतादि पुराणन में यह कथा प्रसिद्ध है याते षण्मुख को जन्म होना पुनः जो कछु कर्म करे सो सब जगत्जन जानते हैं १७ षण्मुख को जन्म कर्म अर्थात् जन्म धरि जो कछु कर्तव्यता करे पुनः प्रताप कहे जाको नाम सुनि शत्रु दविजावँ पुनः पुरुषार्थ सत्कर्मतादि सब जग जानते हैं क्योंकि सब बात महा कहे अत्यंतकरि बढ़िकैहै कविकी उक्ति तेहि हेतु अर्थात् लोक जानतहैं त्याहिकारण वृषकेतु महादेव के पुत्रको चरित में संक्षेप नाम थोरही कहा यह प्रसंग उमाशंभु को विवाह सो कथा नर नारि जो सुनैं अथवा निज मुखते गावहिं तिनको कल्याणके यावत् कार्य अर्थात्

धन धाम स्त्री पुत्र आरोग्यतादि दीर्घायु पुनः विवाहादि यावत् मंगल प्रसिद्ध उत्सवादि सहित सदा सर्वदा सुखपूर्वक सब वस्तु पावैंगे १८ दोहार्थ॥ गिरिजा के रमण जे शिवजी तिनके चरित सिन्धुसम अपारहैं जिनको वर्णन करि जहाज सम वेद नहीं पार पावत ताको अत्यन्त मति को मन्द विद्याहीन लघुबुद्धि गँवार ग्रामीण भाषाको जाननहार मैं जो तुलसीदास हौं सो कैसे वर्णन करिसकौं इति नीचानुसंधान है १६॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे उमामहेशविवाह-
वर्णनंनाम सप्तदशः प्रकाशः १७॥

१०३ शंभुचरितसुनिसरससुहावा। भरद्वाज मुनि अतिसुख पावा १
बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नैन नीर रोमावलि ठाढ़ी २
प्रेमविवश मुख आव न बानी। दशा देखि हर्षे मुनि ज्ञानी ३
अहो धन्य तव जन्म मुनीशा। तुमहिं प्राणसम प्रिय गौरीशा ४
शिवपदकमल जिनहिं रति नाहीं। रामहिं ते सपनेहुँ न सुहाहीं ५
बिनु छल विश्वनाथ पद नेहू। रामभक्ति कर लक्षण येहू ६
शिवसम को रघुपति व्रतधारी। बिनुअघ तजी सतीअसि नारी ७
प्रणकरि रघुपति भक्ति दृढ़ाई। को शिवसम रामहिं प्रिय भाई ८
दो० प्रथमहिं कहि मैं शिवचरित, बूझा मरम तुम्हार॥
शुचि सेवक तुम रामके, रहित समस्त विकार ६

१०३ शंभुचरित कैसो है सुहावा कहे श्रवणरोचक मनभावाहै काहेते सरस सहित रसहै यथा विवाहमें शृङ्गार बरात में हास्य मैनामें करुणा कामविजय में वीर शिवढिग कामकी बरात देखि बालकन में भयानक सती अवतार गिरिजाको जानि पुरमें अद्भुत शिववेष देखि नारिन में बीभत्स शिव में सदा शांत काम जारिबे में रौद्र इत्यादि शिवके चरित सुनि भरद्वाज मुनि अत्यन्त करिकै सुख पावते भये १ कथा सुनिबेमें बहुत लालसा नाम अभिलाष बढ़ी ताते प्रेम उमँगि नेत्रनमें अश्रुनीर बहो तनुमें रोमावली ठाढ़ीभई २ प्रेम के विशेष वश भये ताते कण्ठ गद्गद भयो मुखते शुद्ध वाणी नहीं कहि आवत जहां प्रियको रूप देखि वा गुण सुनि प्रेम उमँगै और सुधि न रहै यह प्रेमकी

पहिली उप्तदशाहै सोई दशा भरद्वाजमें देखि ज्ञानी मुनि याज्ञवल्क्य हर्षे कि मेरे कहनेको परिश्रम सफल भया ३ अहो इति आश्चर्ये हे मुनीश ! तव कहे तुम्हारा जन्म धन्यहै कृतार्थरूप हौ क्योंकि गौरी के ईश शिवजी तुमहिं प्राणन सम प्रियहैं ४ विषयी जीवनको मन तौ विषयमें रत ईश्वरको कैसे भावै सो कहत कि प्रथम शिवमें प्रीति करै तौ शिवजी थोरेमें प्रसन्न ह्वै वाको शुद्ध करि हरिसन्मुख योग्य करिदेत अरु जे शिवपदकमल में रति प्रीति नहीं करत ते विषयी जीव श्रीरघुनाथजी को सपनेहूमें नहीं सुहात क्योंकि मन तौ विषयमें रत है ५ विना छल वासनाहीन विश्वनाथ शिवपदमें स्नेह करना यही रामभक्ति को लक्षण है जो वासना न राखी तौ शिवजी शुद्ध करि भक्ति योग्य करिदेवैंगे ६ लौकिक में यही रीति कि स्नेहीजन राजाको मिलाइ सकते हैं तथा रघुपति स्नेहको व्रतधारी शिवके समान और को है कि रामस्नेह अमल राखिबे हेतु विना अघ सती ऐसी नारि सुंदरि पतिव्रता ताहूको त्यागि दिये अर्थात् जो ग्रहण करते तौ शिवजी को कछु पाप न लागत काहेते यथा सती सीयवेष कीन तथा अनेकन बालक लीलाहेतु रामरूप बनते हैं पीछे उनके माता पिता पुत्र भावते सासति दंडादि करते हैं तिनको पाप न कोऊ लोकमें लगावै न धर्मशास्त्रमें कहूं लिखा है ताते शिवको पाप नहीं रहै जो सतीजी को पाप विचारिये तौ अपनो फल भोगती शिवते क्या प्रयोजन जो कहौ सम्बन्ध है सो तौ नियम शिव में नहीं क्योंकि राजा वीरमणि रामाश्वमेध में घोड़ा बांधि शत्रुघ्नते युद्ध करे ताके साथ ह्वै शिवजी आपही शत्रुघ्नते युद्ध करे पुनः रावण हरिविमुख ताको युद्ध में अनेक बार शीश जमायदिये तहां सतीजी तौ परीक्षामात्र सीयवेष करी सोऊ शिवसे राम के पास पठाई गई रहैं ताते यहभी त्याग योग्य नहीं क्योंकि वेष कहे कछु असलता नहीं आवत॥ यथा अनेक वेष धरि, नृत्य करै नट कोय॥ ताते श्रीरामस्नेह की दृढ़ता हेतु सतीको त्यागे तहां राजा और मित्र पुनः श्वशुर गुरु अरु इष्ट इनकी स्त्रिनमें नाता भाव मानना चाहिये तहां मानसी सम्बन्ध की चेष्टा दरशावना ताको भाव कही यह धर्म की बड़ी सूक्ष्म गतिहै क्योंकि असल पिता माताके दर्श स्पर्श में धर्ममें बाधा नहीं यथा॥ लीन लाय उर जनक जानकी॥ पुनः रघुनाथजी कौशल्या॥ बारबार मुख चूंबति माता इत्यादि अरु जामें माता भाव राखत ताके एक पांवनको दर्श स्पर्श उचित सर्वांग नहीं यथा लक्ष्मणजी जानकीजीके भूषण देखि कहे॥ कङ्कणं नैव जानामि नैव जानामि कुण्डलम्। नूपुरं चैव जानामि पादपद्मदृशा त्वहम्॥ इत्यादि

भाव को निर्वाह दुर्घट है क्योंकि थोड़ी बात में संसार दूषण लगावत यथा रामसतसईमें गोसाईंजी लिखे दोहा ॥ अपयशयोग कि जानकी, मणि चोरी की कान्ह । तुलसी लोगरिझाइबो, करसि कातिबो नान्ह ॥ अर्थात् लोगन के रिझाइबेहेतु नान्ह काते भाव धर्म अमल हेतु सफाई ते कार्य करै यथा भरत कुलकार्यमें नान्ह काते यथा कैकेयीते विमुख भाषे जो राज्य करनेको नाम लियो ताको अनादरे पैदर चित्रकूटको गये पादुका लै सिंहासन पर राखे अवधिको पीठि दै भूमि खोदि सनेम रहे इत्यादि अयश बचाइबे हेतु नान्ह काते ताहीते पावन अमल यश भयो इत्यादि व्यापार प्रभुके रिझाइबे हेतु नहीं हैं काहेते प्रभु तौ अन्तर्यामी सांचे प्रेमते रीझत सो तौ भरत जी में स्वाभाविकही परिपूर्ण है तथा शिवजी अपने धर्म के अमलता हेतु नान्ह काते कि इष्टकी पत्नीकी परछाहीं पर दृष्टि न करना चाहिये सती तौ उनको रूप धारण करी तिनसों स्त्रीभाव कीन्हेते धर्मपथ में अनीति होत इत्यादि रघुपति स्नेह व्रतकी अमलता हेतु त्यागे इहां पाप को प्रयोजन नहीं जो सतीको न त्यागते तौ भक्तिपक्षमें ऐसा अमल यश क्यों होता ७ यहि तनु सतिहि भेंट म्वहिं नाहीं ॥ इति प्रण करि श्रीरघुनाथजीकी भक्ति अपनामें दृढ़ किया वा समान शिक्षा दै लोकमें दृढ़ किये ताते हे भाई ! शिवके समान दूसरा को श्रीरघुनाथजी को प्यारा है इहां लोक उपकारार्थ ईश्वर की कर्तव्यतामें अनेक हेतु लैके होंत ताते लीलामात्र जानना चाहिये न तौ शिव भवानी प्राकृत जीव हैं जो पाप पुण्यभागी हैं ये अनादि ईश्वर रूपमें पापयोग्य कहां नित्य एकरस सदा संयोग आनन्दरूप हैं ८ दोहार्थ ॥ हे भरद्वाज! प्रथम शिवको चरित कहिकै मैं तुम्हार मर्म बूझा उरको अभिप्राय जानिलिया कि कामादि समस्त विकाररहित तुम शुचि पवित्र सेवक रामरूपके हौ ९ ॥

१०४ मैं जाना तुम्हार गुणशीला । कहौं सुनहु अब रघुपतिलीला १०
सुनु मुनि आजु समागम तोरे । कहि न जाय जस सुख मन मोरे ११
रामचरित अतिअमित मुनीशा । कहि न सकैं शतकोटि अहीशा १२
तदपि यथाश्रुत कहौं बखानी । सुमिरि गिरापति प्रभु धनुपानी १३
शारद दारु नारि सम स्वामी । राम सूत्रधर अंतरयामी १४
ज्यहिपर कृपा करहिं जन जानी । कवि उर अजिर नचावहिं बानी १५
प्रणवहुँ स्वइ कृपालु रघुनाथा । बरणौं विशद जासु गुणगाथा १६

परमरम्य गिरिवर कैलासू। सदा जहां शिवउमानिवासू १७
दो० सिद्ध तपोधन योगिजन, सुर किन्नर मुनिवृन्द ॥
बसहिं तहां सुकृती सकल, सेवहिं शिव सुखकन्द १८

१०४ पुनः शीलादि यावत् गुण तुम्हारे हैं सो मैंने जानि लिया ताते अब श्रीरघुपतिकी लीला कहतहौं सो सुनौ १० हे मुनि! सुनु तेरे समागम मिलन ते जैसा सत्संगको सुख मेरे मनमें भयो सो कहा नहीं जात अपूर्वानन्द है ११ हे मुनीश! श्रीरामचरित अत्यन्तकरि अमित अपारहै कि एक मुख की को कहै जाके सहस्रमुख द्वैसहस्र जिह्वा ऐसे शेष सौकरोरि होइँ तेऊ न कहिसकैं मैं क्या कहौं १२ यद्यपि अपारहै तदपि यथा संतनते सुनाहै तथा बखानि विस्तार सहित कहौंगो कौन प्रकार कि गिरा जो वाणी ताके पति प्रेरक जो धनुपाणि जे हाथमें धनुष धारण किहे श्रीरघुनाथजी तिनको सुमिरिकै १३ कैसे गिराके प्रेरक हैं कि शारदा सोई दारु कहे काठ ताकी नारि अर्थात् कठपुतरी है ताके नचावनहार स्वामी श्रीरघुनाथजी सूत्रधर डोराके पकरनेवाले हैं कौन भांति अंतर्यामीरूपते जो सबमें व्याप्त हैं ताही को प्रेरणारूप सूत्र नाभिस्थान परावाणीमें लाग है १४ अपनो जन जानि जापर कृपा करते हैं ताके उररूप अजिर कहे आंगनमें वाणी को नचावते हैं तहां काव्यमें तीनि कारण होत प्रथम शक्ति जो ईश्वरकी प्रेरणा है दूसरी व्युत्पत्ति जो गुरुते उपदेश वा पढ़ना तीसरी अभ्यास जो सत्संग ग्रन्थनते अनेक वार्ता जानिलेना तहां शक्ति तौ सूत्रहै जाको पकरे प्रभु वाणी को नचायरहेहैं पुनः व्युत्पत्ति वाणीको वसनहै अभ्यास भूषण है यथा भूषणवसनते कठपुतरी को नाच भला लागत तथा व्युत्पत्ति अभ्यासते शक्तिते प्रकट वाणी भी ललित लागत १५ जिनकी प्रेरणाते सबको कहनेकी गति होत सोई कृपाके स्थान श्रीरघुनाथजीको प्रणाम करतहौं जासु कहे जिनके विशद नाम उज्ज्वल शील उदारादि गुणनको गाथा कथा वर्णन करत हौं १६ गिरिन में श्रेष्ठ परमरम्य अत्यन्त सुन्दर जो कैलास जहां सदा शिव पार्वतीको निवासस्थान है १७ दोहार्थ ॥ अणिमादि प्राप्तिवाले सिद्ध तपस्यापूर्ण तपोधनी अष्टांग करनेवाले योगी सुर जे देवता किन्नर यक्षन में भेद मुनिसमूह इत्यादि सब भांति के सुकृती तहां वसते हैं सुख के मूल जे शिव तिनको सेवत १८ ॥

१०५ हरिहरविमुख धर्मरत नाहीं। ते नर तहँ सपनेहुँ नहिं जाहीं १९

त्यहि गिरिपर वटविटप विशाला। नितनूतन सुन्दर सबकाला २०
त्रिविध समीर सुशीतल छाया। शिवविश्राम विटप श्रुतिगाया २१
एकबार त्यहितर प्रभु गयऊ। तरुविलोकि उर अतिसुख भयऊ २२
निज कर डासि नागरिपु छाला। बैठे सहजाहि शंभु कृपाला २३
कुन्द इन्दु दर गौर शरीरा। भुजप्रलम्ब परिधन मुनिचीरा २४
तरुण अरुण अंबुजसम चरणा। नख द्युतिभक्तहृदयतमहरणा २५
भुजग भूति भूषण त्रिपुरारी। आनन शरदचंद्र छवि हारी २६
दो० जटामुकुट सुरसरित शिर, लोचन नलिन विशाल॥
नीलकंठ लावण्यनिधि, सोह बालविधु भाल २७

१०५ जे हरिते वा शिवते विमुख जिनकी धर्ममें प्रीति नहीं ते पुरुष कैलास को स्वप्ने में नहीं जाइपावते १६ तेहि कैलास गिरि पर उत्तरादिशि विशाल बड़े विस्तारमें वट कहे बरगदको वृक्षहै जामें फल पत्ता नित्यहीं नूतन कहे नवीन रहत याते सब काल में सुन्दर सुखदहै २० शीतल मंद सुगंध तीनि विधिकी समीर पवनयुत सुखदायक सब ऋतुमें ऐसी सुंदर शीतल जाकी अचल छाया है जो शिवको विश्राम आनंददायक विटप है जाकी महिमा वेद गावत जो अनादि है २१ गोसाईंजी अयोध्या जन्मभूमि में रामनवमी को प्रारम्भ करे याज्ञवल्क्य प्रयागमें फाल्गुन द्वितीयाको प्रारम्भ करे तीसरे शिवजी कैलास में यथा एकबार ज्येष्ठ ग्रीष्ममें तेहि वटतरे प्रभु शिवजी गये तहां त्रिविध पवन शीतलछाया इत्यादि वृक्षको देखि पुनः एकाग्रताते उर में अत्यन्त सुख भयो २२ एकाग्रताहेतु निजकर नाग जो हाथी ताको रिपु सिंह ताको छाला अपनेही हाथसे डसाये जामें कोऊ दूसरा न आवै सिंहचर्म ज्ञान सिद्धिदायक होत तापर शंभु कृपालु सहजै बैठे भाव समाधिस्थ हैं नहीं निजकर बिछाइबेको भाव कि अकाम हैं २३ कुन्दको फूल इन्दु कहे चन्द्रमा दर नाम शंख इनसम गौरहै शरीर तहां शोभाके नव अंगहैं यथा॥ द्युति लावण्य स्वरूप स्वइ, सुंदरता रमणीय। कांतिमधुर मृदुता बहुरि, सुकुमारता गनीय॥ इत्यादि सर्वांगशोभा तीनिहीं उपमाते देखावत यथा देखेपर अनदेखीसी देखाय सो रमणीकता मृदुता सुकुमारता प्रसिद्ध ये गुण कुन्दते लीन्हे जाको देखि तृप्त न होइ सो माधुरी सर्वांग सुठौर सो सुंदरता द्युति प्रकाश ये गुण चंद्रमाते सोनेसी ज्योति सो कांति मोती कैसो

पानी सो लावण्यता विना भूषणे भूषित लागै सो रूप ये शंखते लीन्हे भुजा प्रलंब आजानु भाव उदार हैं मुनिन के ऐसे चीर वल्कलादि परिधन नाम धारे भाव विषयते विरक्तहैं २४ कोमलता सुकुमारता पावनमें कहत तरुण तुरंतके फूले अरुण कहे लाल अंबुज नाम कमल ताके सम चरणहैं यामें पूर्ण उपमालंकार है नखनमें द्युति जो चन्द्रमा कीसी प्रकाश जिनको ध्यान करने से भक्तनके हृदयको तम मोहको अन्धकार नाश होत २५ भुजंग जे सर्प पुनः विभूति सोई जिनके भूषण हैं भाव विना भूषणे भूषित लागत ऐसा रूपहै पुनः त्रिपुरारि अर्थात् सबलहैं अथवा त्रिगुणात्मक मोहके नाशकर्ता हैं अब सुन्दरता देखावत आनन कहे मुख में कैसी शोभाहै जो शरदके पूर्ण चन्द्रकी छवि हरत धूम्र करत २६ दोहार्थ॥ शीशमें जटाको मुकुटहै सो उदासीन वेषहैं अर्थात् शत्रु मित्र भावरहित सब में सम भाव देखत पुनः शिरपर सुरसरित गंगाजीको धारण किहे भाव सदा सत्यव्रत ह लोचन जे नेत्र ते नलिन नाम कमलरूप विशाल नाम बड़े हैं भाव जिनमें कृपारस भराहै शंखवत् गौर कंठमें विषकी नीलता मोती सो पानी झलकत सोई लावण्यता परिपूर्णहै ताते छविसिंधु है तहां सिंधुमें सब रत्नैं इहां बालविधु दुइजको चन्द्रमा ललाटमें तामें अमृतहै शंखसम कंठविष प्रसिद्धहै नेत्र कमल में कृपारूप लक्ष्मी भृकुटी धनुष दयादृष्टि कामधेनु उपदेश वचन धन्वन्तरि भवरुजहर्ता कीर्ति उच्चैःश्रवाकर कल्पवृक्ष इत्यादि सब रत्नहैं २७॥

१०६ बैठे सोह कामरिपु कैसे। धरे शरीर शांतरस जैसे २८
पारबती भल औसर जानी। गई शंभुपहँ मातु भवानी २९
जानि प्रिया अतिआदर कीन्हा। वामभाग आसन हर दीन्हा ३०
बैठी शिवसमीप हरषाई। पूरब जन्म कथा चित आई ३१
पतिहियहेतु अधिक अनुमानी। बिहँसि उमा बोली मृदु बानी ३२
कथा जो सकल लोक हितकारी। सो पूछन चहैं शैलकुमारी ३३
विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवनमहिमाविदिततुम्हारी ३४
चर अरु अचर नाग नर देवा। सकल करहिं पदपंकजसेवा ३५

दो० प्रभु समर्थ सर्वज्ञ शिव, सकल कलागुणधाम॥
योग ज्ञान वैराग्यनिधि, प्रणत कल्पतरु नाम ३६

१०६ कामके रिपु भाव कामनाहीन शिवजी बैठे कैसे सोहत जैसे शरीर

धारणकीन्हे शांतरस प्रसिद्धहै शांतको श्वेतवर्ण परब्रह्म देवता शिवौके परब्रह्म देवता गौरवर्ण हैं परमात्मा आलम्बन आत्मतत्त्वोद्दीपन दो० ॥ शास्त्रचिंत हरि गुरुकृपा,है विभाव सतसंग।अनूभावनासास्रदृग,सात्विकसकल अभंग॥ मति धृति अरु निरदेवता, अपस्मृती संभ्रांति । वितर्कादि संचार सब, अस्थायी मतिशांति ॥ ये सर्वांग शिवमें प्रसिद्ध हैं २८ एकान्तमें अकेले प्रसन्न बैठे देखे इत्यादि प्रश्न करिबे योग्य भला अवसर है ऐसा जानि पार्वती भवानी अर्थात् शिवपत्नी लोकके उपकार की है कांक्षा जिनके ऐसी जगन्माता शिवके पास गईं २९ उत्तम हिमाचल गिरिराजकी पुत्री पाणिगृहीता धर्मपत्नी इति देहते उत्तम कर्म करि शुद्ध उत्तम पातिव्रत धारण अंतर मनमें रामतत्त्व प्रश्नको मनोरथ इत्यादि जानि अत्यन्त प्रिय मानि आदर कीन प्रीतिपूर्वक दृष्टिते हेरि हर महादेवजीने अपने वामभागमें आसन दीन समीप बैठाये वा जो वामको भाग रहै जो हरिलीन रहै जाकी आश नहीं रहै सो पुनः दीन्हा ३० जब अपनो उचित आसन पाई अर्थात् शिवके निकट वामदिशि ताते हरषाई कहे खुशी ह्वै बैठीं तब पूर्वजन्म सतीरूपकी जो कथा सो चित्तमें आई भाव शिवके वचन अपनो मोह प्रभुको प्रभाव इत्यादि सब सुधि आइगई ३१ पति शिवजी तिनके हृदयमें हेतु अर्थात् अपना पर प्रीति जो पूर्वजन्म में रहै तेहिते अब अधिक है ऐसा अनुमान हृदयते आनंदसिंधु उमँगो ताको प्रवाह बाहर ह्वै आयो ताते बिहँसि कै पुनः निजप्रीति दरशावने हेतु उमा पार्वती मृदुवाणी बोलीं वा पतिकी दयालुता अपनी अज्ञानता विचारि हँसीं ३२ जो सब लोकनकी हितकारी हैं सोई श्रीरामकथा शैलकुमारी पार्वती पूछा चाहतीहैं शैल परोपकारी होत ताकी पुत्री क्यों न परोपकार करै ३३ क्या बोलीं कि हे विश्वनाथ ! अर्थात् जगके पालनहारहौ मम नाथ अर्थात् प्रणतपालहौ पुरारि त्रिपुरासुर महाबली रहा ताको नाश किहेउ भाव सबलहौ इत्यादि महिमा आपकी तीनिहुँ लोकमें विदितहै क्योंकि वेद पुराण यश गावत ३४ नाग पातालवासी नर भूलोकवासी देव स्वर्गवासी इत्यादि त्रिलोकवासी यावत् चर चलनेवाले ते सब आपकी सेवा करत पुनः पर्वत सर नदी वृक्षादि जे अचरहैं तेभी दिव्य रूप धरि आपके पदकमलनकी सेवा करत ३५ दोहार्थ ॥ काहेते सब सेवत कि प्रभु सबके स्वामीहौ जगदुत्पत्ति पालन संहार वा शापाशीर्वादादि देनेको समर्थहौ सर्वज्ञ कहे त्रिकाल की गति वा वेदतत्त्व सबके जाननहारहौ शिवनामही कल्याणकर्ता है शिल्पादि चौंसठिकला वा दो० ॥ धर्मैश्वर्य यश

मोक्ष श्री, शरणरक्षविरतीस। पोषण भरणोत्पत्ति स्थिति, लयाधार रिपुखीस॥ इत्यादि षोड़श कला अरु गुण कहे कृपा दया उदारता वात्सल्यता करुणा क्षमा शांति सर्वज्ञ प्रेरक संतोषादि जे दिव्य गुण हैं इत्यादि के परिपूर्ण धामहौ पुनः यम नियम आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि इति अष्टांग योग ज्ञान कहे आत्मरूपकी पहिंचान वैराग्य कहे विषय सुखको त्याग इनके निधि परिपूर्ण भरे हैं आपमें प्रणत जो शरणागत ताके समग्र वांछित सफलहेतु आपको नाम कल्पवृक्षसम है ३६॥

१०७जो मोपर प्रसन्न सुखरासी। जानियसत्य मोहिं निजदासी३७
तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहिरघुनाथकथा विधि नाना३८
जासु भवन सुरतरुतर होई। सह कि दरिद्रजनित दुखसोई३९
शशिभूषण अस हृदय विचारी। हरहु नाथ मम मतिभ्रम भारी ४०
प्रभु जे मुनि परमारथवादी। कहहिं रामकहँ ब्रह्म अनादी ४१
शेष शारदा वेद पुराणा। सकलकरहिंरघुपतिगुणगाना४२
तुम पुनि रामनाम दिनराती। सादर जपहु अनंग अराती ४३
राम सो अवध नृपतिसुत सोई। कीअजअगुणअलखगतिकोई४४
दो० जो नृपतनयतो ब्रह्म किमि, नारि विरह मति भोरि॥
देखि चरित महिमा सुनत, भ्रमित बुद्धि अति मोरि ४५

१०७ हे सुखराशि! जो मोपर प्रसन्न होहु भाव मेरे ऊपर अनुग्रह किहे होउ तौ सत्य करि मोहिं निजदासी जानिये भाव मन वचन कर्मते प्रीति सहित आपकी सेवामें रतहौं ऐसा जो सत्य करि जानिये ३७ मैं अज्ञानदुःख में दुःखी अरु आप सुखकी राशि जो मोको दासी जानि दया करते होउ तौ हे प्रभु! निज वचन रविकिरणि प्रकाशते मेरी अज्ञानतम हरहु कैसे वचन कि नानाविधिके यथा अवतारको हेतु धामकी महिमा नाम प्रताप रूपके गुण ऐश्वर्य माधुर्य यश कीर्तिमय लीलादि श्रीरघुनाथजीकी कथा कहिकै मोहिं बोध करिदेउ ३८ काहेते ऐसी बात न चाहिये कि जासुको भवन घर कल्पवृक्षतर होइ सो कि दरिद्र सहै अर्थात् न सहै काहेते सोई दरिद्रहै जा करिकै जनित नाम उत्पन्न दुःख होत भाव ज्ञानभक्ति आदि सब फलदायक आप कल्पवृक्ष तिनकी दासी है मेरे अज्ञानता रहै जा अज्ञानवश जीव भवसागरको जात ३९ ऐसा हृदयते विचारि हे शशिभूषण, शिवजी!

मेरी मतिमें जो भारी भ्रमहै अर्थात् रामरूपमें बुद्धि भ्रमितभई सोई जो भ्रम अनिश्चय ताको हे नाथ! हरहु भाव रामरूप में बुद्धिकी निश्चय कराय देउ इहां निज उरकी तापनिवारणार्थ शशिभूषण कहे ४० हे प्रभु! जे मुनि मननशील परमार्थवादी हैं अर्थात् लोकस्वार्थ त्यागि जीवकी परम अर्थ परलोक मुक्ति ताहीपर वाद करत भाव ब्रह्मवेत्ता सनत्कुमारादि ते श्रीरामरूप को अनादि ब्रह्म कहत सनत्कुमारसंहितायाम्॥ वेदान्तवेद्यं कविमीशितारमनादिमध्यान्तमचिन्त्यमाद्यम्॥ अगोचरं निर्मलमेकरूपं नमामि रामं तमसःपरस्तात् ४१ पुनः शेष अरु शारदा वेद ऋगादि पुराण भागवत पद्म स्कंदादि सकल यावत् सद्ग्रन्थहैं ते सब रघुपतिके गुण शील उदारता यश प्रतापादि गान करत भाव सबके मत से रामरूप अनादि ब्रह्म हैं ४२ पुनः दुर्जय कामदेव ताको जारि पुनः अंगहीन सजीव करे ऐसे सबल समर्थ ह्वै आपहू आदरसहित प्रेमभावते दिनराति अर्थात् निरंतर जपते हौ ४३ जिनको वेदादि गावत आपहू जिनको नाम जपते हो सो राम अवधनृपति राजा दशरथ तिनके सुत कहे जे पुत्र हैं सोई रूप राम अनादि ब्रह्महैं यह आश्चर्य अभिनिवेशित वार्ताहै यथा लोकमें कोऊ महाराज नामजादी किसी के कार्यहित दया करि एकाकी ह्वै कहीं निसस्यो किसीने चीन्हिकै कहेउ कि यह फलाना महाराज है तब सब यही कहैंगे कि तू झूंठा है क्योंकि एक अदनाको महाराज बतावता है वह होता तो डंका निशान सेनाको पदप्रहार ते गजों जमीन खुदि धूरि ह्वै आसमानको जाती किसीने विश्वास किया तौ ऐश्वर्यहीन देखि आश्चर्यवश पुनः पूछत कि अरे वह यही महाराज है तथा सतीजी को प्रथम विश्वास नहीं आवा अरु जब प्रभुको प्रभाव देखे तव बुद्धि भ्रमितते यथार्थ रामरूप कैसे बोध होइ किंचित् विश्वास है ताते आश्चर्यवत् पूछती हैं कि सोई राजकुमार परब्रह्म हैं कि कोई और परब्रह्म रामहैं काहेते वह तौ अजहैं अर्थात् जन्म नहीं लेतेहैं ये तौ राजाके पुत्र भये वे अगुणहैं गुणनते परेहैं अर्थात् कोई गुण वामें छुइ नहीं जाते ये तौ प्रसिद्ध रजोगुणवश सकाम ह्वै स्त्रीमें आसक्त रहैं स्त्रीहानिते तमोगुणवश विलाप करते रहैं पुनः उनकी गति अलख है अर्थात् कोऊ जानि नहीं सकत इनकी विरही गति सब लोकको प्रसिद्ध देखात अरु वेद ऐसा कहत यथा॥ नित्यो निष्कलङ्को निराख्यातो निर्विकल्पो निरञ्जनः शुद्धो देव इति श्रुतिः॥ अरु राजकुमारको चरित यथा॥ अहह तात भल कीन्हेउ नाहीं। सियविहीन मम जीवन नाहीं ४४ दोहार्थ॥ जो नृप दशरथके तनय तनुते उत्पन्न अर्थात्

माता पिताते जन्मे तौ अज ब्रह्म कैसे सत्य होवै अरु जो राजकुमार ब्रह्महैं सो तौ हर्ष विषादरहित एकरस आनंदरूप हैं ते कैसे नारिकी विरहते मोहवश मतिभोरि बौरही बुद्धिवश निर्लज्ज विलाप करत फिरत यथा॥ हा गुणखानि जानकी सीता॥ इत्यादि चरित देखि पुनः महिमा पुरुषसूक्ते॥ एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पुरुषः। पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि॥ अस्यार्थः ऐसे पुरुषकी इतनी महिमा है जो लोकको मोक्षदाता है अतः कहे यही कारणते वाको ज्यायान् कहे श्रेष्ठ पुरुषोत्तम कहते हैं पादो अस्य कहे वाके एकपाद किंचित् अंशते विश्वाभूतानि कहे चराचर संसार है त्रिपादस्यामृतं दिवि तीनि पाद आकाश में हैं अथवा विनाशरहित स्वयंप्रकाश हैं इत्यादि महिमा सुनत चरित देखत भ्रमर की ऐसी नाव मेरी मति अत्यंत करिकै भ्रमित है ४५॥

१०८जोअनीहव्यापकविभुकोऊ। कहौ बुझाय नाथ मोहिं सोऊ ४६
अज्ञ जानि उर रिस जनि धरहू। ज्यहिविधिमोह मिटै सोकरहू ४७
मैं वन दीख रामप्रभुताई। अतिभयविकलनतुमहिंसुनाई ४८
तदपि मलिन मन बोध न आवा। सो फल भलीभांति मैं पावा ४९
अजहूं कछु संशय मन मोरे। करहु कृपा बिनवौं कर जोरे ५०
प्रभु त्वहिं तब बहुभांति प्रबोधा। नाथसोसमुझिकरहुजानिक्रोधा ५१
तब कर अस विमोह अब नाहीं। रामकथा पर रुचि मनमाहीं ५२
कहहु पुनीत रामगुणगाथा। भुजगराज भूषण सुरनाथा ५३

दो० वंदौं पदधरि धरणि शिर, विनय करौं करजोरि॥
बरणहु रघुवर विशद यश, श्रुतिसिद्धांत निचोरि ५४

१०८ जो गुण सुने सो देखनेमें नहीं आये याते रामरूपमें परब्रह्मकी निश्चय नहीं होत ताते पुनः पूछत कि जो अनीह ईह कहे चेष्टा अर्थात् बाल युवा वृद्धा हीन पुष्ट उदासीन प्रसन्न इत्यादि हीन सदा एकरस प्रसन्नरूप भाव जो साकेतनिवासी हैं अथवा व्यापक जो अंतरयामीरूप हैं अथवा विभु समर्थ अर्थात् विभवरूप अवतारादि कोऊ होवै हे नाथ! सोऊ बुझाय समुझायकै मोसों कहौ तहां जो भगवत्के पांच रूपहैं तामें अर्चा अरु चतुर्व्यूह ये द्वयरूप में आपही बोध करि तिनको बराय पररूप अरु अंतर्यामीरूप अरु विभवरूप इन तीनि रूप में संदेह सो पूछत कि इनमें जौन रूप सर्वोपरि परब्रह्म होवै

सो समुझायकै वा रूप को ऐश्वर्य सुनाय मेरे मनको बोध करिदेउ ४६ पूर्ववत् अज्ञान जानि अब उरमें रिस न धरना कि समुझैगी नहीं कौन बकवाद वृथा करै यह अब न समुझना अथवा पूर्णबोध विना अज्ञहौं विना बताये कैसे बोध होई ऐसा जानि रिसन धरना जा विधि कहेते मोह मिटै मेरे मनमें बोध होइ सोई उपाय करहु ४७ जो कहौ कि तुम तौ परीक्षा लै प्रभुको प्रभाव देखिचुकी अब क्या संदेह रही जो पूछतीहौ सो तौ मोह अरु भयातुरीते बोध नहीं भयो सो कहत कि वन में यद्यपि मैं श्रीरामरूपकी प्रभुताई देखा तहां उधर प्रभुके प्रभावते इधर आपके वचनभंग ते इति दोऊ दिशिकी भय मानि ऐसा भ्रमवश विकल भई कि आपते सत्य बात नहीं सुनाई झूंठी कही ४८ तहां जो निश्छल आपते कहिदेती तौ आपकी दया ते ऐसी सजाय मोको न होती तहां यद्यपि प्रभुको प्रभाव देखा आपके वचन सांचे मानि बोध होना चाहियत रहै तदपि बोध न आवा क्योंकि जो मन अमल होइ तौ तौ बोध होइ तहां मोहवशते मन तौ मलीन रहै बोध कैसे होइ अज्ञानवश और झूंठ भी बोली सो तौ फल भलीभांतिते मैं पाई अर्थात् अमृत ते विषके फल पाई क्योंकि आप ऐसे आचार्यको उपदेश अमृत पुनः प्रभुके दर्शन महाअमृत ताहूको पाय महादुःख होना जो करते नहीं बनत तौ ऐसेही होत उचित ऐसा रहै जो मोहवश परीक्षा लीन जब प्रभुको प्रभाव देखा रहै तब त्राहि कहि प्रभुसों स्तुति करती प्रभु तौ शरणपाल हैं मेरे अपराध क्षमा करते पुनः आपते सांची कहिदेती तौ आपहू दयालुहौ क्षमा करते सो मनमलीनताते एकौ न बनी ४९ सोई मोहकी छाया ते अजहूं कछु संशय है अर्थात् राजकुमार परब्रह्मरूप है वा नहीं है ऐसी संशय कछु थोरी है ताको मिटावने हेतु हाथ जोरिकै विनती करतहौं याते कृपा करौ भाव कथा कहिकै संशय मिटावो ५० हे नाथ ! तब सतीतनु में आपने अनेक भांतिते उपदेश दै मोको प्रबोधा आपने बहुत समुझावा तव अभाग्यवशते मेरी समुझमें नहीं आवा सोई बात समुझि हे नाथ ! अब क्रोध न करहु भाव वह जड़ता अब न विचारेउ काहेते सो आगे कहत ५१ तबकर अस अर्थात् सतीतनुकर अस विशेषि मोह अब नहीं है जो कहौ कि फिरि संशय क्यों कहतहौ ता हेतु कहत कि अब श्रीरामकथा सुनिबे पर मनमें रुचि है कथा सुनिबेकी चाह है ५२ ताते पुनीत लोकपावनकर्ता जो श्रीरघुनाथजी के शील उदार कृपा दयादि गुणनकी गाथा जो कथा सो कहहु भुजंग सर्प तिनके राज शेष जो लोकउपदेशक आचार्य सो आपके

भूषणहैं पुनः सुरनाथहौ सुष्ठु रान्तीति सुराः सुराणां नाथः सुरनाथः सुंदर प्रकाश करैं सो सुर तिनके आप नाथ तौ मेरे मोहतमको क्यों न मिटावोगे ५३ दोहार्थ ॥ धरणी भूमिपर शीश धरिकै आपके पांयन को वन्दौं प्रणाम करतहौं इति कर्म करिकै दासीहौं पुनःपुनः दीनवत् नम्रताते आपते विनती करौंहौं इति वचन करिकै दासी पुनः कर जोरिकै तहां हाथ जोरना मन शरणागतिको मुद्रा है याते मन करिकै दासीहौं ताते श्रीरघुनाथजीको विशद नाम उज्ज्वल यश तहां धर्मस्थापन हेतु बाहुबलके व्यापारते जो प्रशंसा होत ताको यश कही पुनः जामें दूषण न होइ ताको उज्ज्वल कही ऐसा यश वर्णन करौ सोऊ कैसा श्रुति सिद्धांत को रस निचोरि अर्थात् वेद प्रमाण दै रामरूप की श्रेष्ठता दरशाय तिनके उत्तम चरित वर्णन करौ ५४ ॥

१०६ यदपियोषिताअनअधिकारी । दासीमनक्रमवचनतुम्हारी ५५
गूढ़ौ तत्त्व न साधु दुरावहिं । आरतअधिकारी जहँ पावहिं ५६
अति आरत पूछौं सुरराया । रघुपतिकथा कहौ करि दाया ५७
प्रथम सो कारण कहहु विचारी । निर्गुण ब्रह्म सगुणवपुधारी ५८
पुनि प्रभु कहौ रामअवतारा । बालचरित पुनि कहहु उदारा ५९
कहौ यथा जानकी विवाही । राज तजा सो दूषण काही ६०
वन बसि कीन्हे चरित अपारा । कहहु नाथ जिमि रावण मारा ६१
राज बैठि कीन्हेउ बहु लीला । सकल कहहु शंकर सुखशीला ६२
दो० बहुरि कहहु करुणायतन, कीन्ह जो अचरज राम ॥
प्रजासहित रघुवंशमणि, किमि गवने निजधाम ६३

१०६ यद्यपि योषिता अर्थात् साधारण स्त्री वेदसिद्धांत उपदेश की अधिकारी नहीं हैं तहां मैं तौ मनसा वाचा कर्मणा आपकी दासी हौं भाव पतिव्रता उत्तम ताते सब धर्मकी अधिकारी होत अथवा सहधर्मिणी सहधर्मोऽस्ति यस्याः पत्या सह कर्मस्वधिकारात् सा सहधर्मिणी अर्थात् पति सहित अपने कुल के धर्मकी अधिकारी होत ताते आपके संग धर्मपत्नित्वते सब वस्तुकी अधिकारी हौं ५५ अधिकारी तौ पूर्व कहि आर्त होना आगे कहैंगी ताते कहत कि यह रीति है कि जहां आर्तसहित अधिकारी श्रोता पावते हैं तहां जो गूढ़ौ तत्त्व है अर्थात् वेदन में जो गुप्त रामतत्त्व जो विना अनुभव नहीं समुझिपरत सोऊ साधुजन दुरावत नाम छिपावते नहीं आर्त-

अधिकारी को सुनावते हैं आप साधुन में शिरोमणिहौ याते मांपे दया करि कहौ ५६ आपकी दासी ताते अधिकारी हौं पुनः अत्यन्त आर्त ह्वैके पूछत हौं अर्थात् इन्द्रियनकी विषय मनादिकी वासना मानादिहीन प्रेम तृषाते रामतत्त्व सुने विना हृदय में दुःख इत्यादि अतिआर्त हौं ताते श्रीरघुपति की कथा दया करि कहौ बेहेतु जीवको दुःख निवारण दया है ५७ क्या कहौ सो कहत प्रथम तौ कारण विचारिकै अर्थात् वेदनके सिद्धान्तआश्रयन को मन बुद्धिते वागविलास करि सत्य वार्ताकी परीक्षा करि कहौ यथा ॥ चर्चासंख्याविचारणात्रयं प्रमाणैरर्थपरीक्षणस्येत्यमराविवेके ॥ विचारिकै क्या कहौ कि जाको निर्गुण ब्रह्म वेद कहत यथा बृहदारण्यकी श्रुति ॥ यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्योभूतेभ्योऽन्तरोयꣳसर्वाणि भूतानि न विदुर्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यस्सर्वाणि भूतान्यन्तरोयमयत्येष ते आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥ अर्थात् जामें राजसादि गुण छुइ नहीं जात ऐसा निर्गुण ब्रह्म देहरहित सो कौने कारणते सहित गुण वपु नाम देहधारी भयो अर्थात् राजकुमार देह धरी पुनः करुणा दया उदारता वात्सल्यतादि अनेक दिव्य गुण प्रकट करे सो कारण कहौ विचारिकै ५८ प्रथम निर्गुणते सगुण होनेको कारण कहि पुनः श्रीराम अवतार होनेको उत्सव आनंद कहौ पुनः वाल्य अवस्था में जो चरित करे तामें कौन चरित उदार अर्थात् देश काल पात्र कुपात्र न विचारना याचकमात्र को मनोवांछित दान देना स्वार्थरहित भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणे । वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः ॥ यथा काकभुशुण्डको वरदान इत्यादि उदारता ५९ यथा जौनी प्रकारते श्रीजानकीजीको विवाही अर्थात् विश्वामित्र आगमन ताड़कावध विद्याशिक्षण यज्ञरक्षण अहल्यातारण मिथिलाप्राप्ति धनुर्भंग बरातागमन विवाहादि इसीके अन्तर्गत सो समागम कहौ पुनः काह दूषण विचारि राजतिलक त्यागे वनको गये इहां कैकेयी वरदान भूपवचन को हेतु नहीं कहे सो प्रभुको स्वच्छंद जानि ६० पुनः वन में बसिकै भरतागमन जयंत अत्रि शरभंग विराध इति चित्रकूट पुनः सुतीक्ष्ण अगस्त्य शूर्पणखा खरदूषण मायासीताहरण गीधमुक्ति इति दण्डकवन शबरी पंपासर हनुमान् सुग्रीवमिलन वालिवध जानकी खबरि सेतुबंधादि अपार चरित हैं सो सब कहौ हे नाथ ! युद्धमें सकुल रावणको जिमि मारे सो कहौ ६१ पुनः अयोध्या आय तिलक उत्सव पुनः राजसिंहासन बैठेपर बहुती लीला कीन्हे पुनः सब जीवनको एकरस सुख रहेउ शीलादि प्रभुके गुण सो सकल कहौ हे शंकर !

वा आपु सुखशील हौ सदा आनन्दरूप हौ ६२ दोहार्थ ॥ हे करुणा के आयतन स्थान! बहुरि कहौ जो अचरज अद्भुत लीला श्रीरघुनाथजी कीन्हे कि जैसा कबहुँ भया नहीं सो चराचर जीव प्रजा अवधवासिन सहित रघुवंशके शिरोमणि किमि निज साकेत धामको गमने प्रसिद्ध सबको लैकै परम धामको गये ६३ ॥

११०पुनि प्रभु कहहु सो तत्त्वबखानी। ज्यहि विज्ञान मगन मुनिज्ञानी ६४
भक्ति ज्ञान विज्ञान विरागा। पुनि सब बरणहु सहित विभागा ६५
औरहु रामरहस्य अनेका। कहहु नाथ अतिविमल विवेका ६६
जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सोउ दयालु राखहु जनि गोई ६७
तुम त्रिभुवनगुरु वेद बखाना। आन जीव पांवर का जाना ६८
प्रश्न उमाकर सहज सुहाई। छलविहीन शंकर मन भाई ६९
हर हिय रामचरित सब आये। प्रेमपुलकि लोचन जल छाये ७०
श्रीरघुनाथरूप उर आवा। परमानन्द अमित सुख पावा ७१

दो० मगन ध्यान रस दण्ड युग, पुनि मन बाहर कीन्ह ॥
रघुपतिचरित महेश तब, हर्षित बरणै लीन्ह ७२

११० हे प्रभु ! पुनः सो भगवत्तत्त्व कहौ बखान करिकै ज्यहि विशेष ज्ञान भगवत्रूप अपने हृदयमें पहिंचानिकै जे ज्ञानी मुनिहैं ते आपनो रूप जानते हैं ते जामें मग्न कहे उसीमें लीन रहते हैं सो कहौ ६४ पुनः नवधा प्रेमा परादि जो भक्तिहै भाव श्रीरामपदमें शुद्ध प्रीतिके व्यापार पुनः ज्ञान आत्मरूपकी पहिंचान अर्थात् मोक्षविषयी बुद्धि यथा ॥ मोक्षे धीर्ज्ञानमन्यत्रेत्यमरः ॥ पुनः विज्ञान भगवत्रूपकी पहिंचान पुनः विराग संसार सुखको त्याग इत्यादिकन को विभाग अलग अलग सबके स्वरूप दर्शाय सबको वर्णन करहु ६५ औरहू जो श्रीरघुनाथजीकी अनेक रहस्यहै अर्थात् आश्चर्यमय एकांती लीला जाको भेद कोऊ न जानि पावै यथा जानकीजीको अग्नि में प्रवेश पुनः ॥ क्षणमहँ सबहिं मिले भगवाना। उमा मर्म यह काहु न जाना ॥ इत्यादि हे नाथ ! जो अत्यन्त विमल विवेक अर्थात् पंचभूत इन्द्रिय विषयादिकन ते विलग जो आत्मस्वरूप है अतिअमल सो कहौ ६६ हे प्रभु! जो वार्ता मैंने न पूछा होइ अर्थात् श्रीरामचरित भक्तिज्ञानादि में जो भेद मेरे प्रश्नमें न होइ सोऊ दयालु दयाधाम गोई कहे गुप्त न राखेउ सो भी

कहेउ ६७ जो कहौ और किसीते पूछना सो कहत कि तुम तीनिहूं लोकके गुरुहौ ऐसा आपको वेद बखानत तहां वेदमें चारि आचार्य जीवोद्धार हेतु हैं ब्रह्मा शंकर शेष सनकादिक इत्यादि आप जगद्गुरुहौ आन जीव पांवर विषयरत मूढ़ रामतत्त्व का जानै ६८ हे भरद्वाज ! उमाकी जो प्रश्नहै सो सहजहीमें सुन्दरहै अर्थात् रामयशविषयक है याते स्वाभाविक मनरोचक है पुनः शुद्ध हृदयते सांची बात छल करिकै विशेष हीन यथा सोन सुगन्धित ताते सुनिकै शंकरके मनमें भाई प्रिय लागि ६९ प्रश्न सुनि हर महादेवजी के हृदय में सब श्रीरामचरित आयगये ताते प्रेम पुलकि अर्थात् प्रेम उरते उमँगेउ देहमें रोमांच कंठावरोध लोचन कहे नेत्रनमें अश्रुजल छायगयो ७० पुनः श्रीरघुनाथजी को रूप तदाकार उरमें आयगयो अर्थात् कोटिन काम की शोभा श्यामरूप पीतपट किरीट कुण्डल मणिमाल केयूरादि भूषण धनुर्बाणधारण प्रसन्न पूर्णचन्द्रवदन की माधुरी अवलोकनते जो परमआनंद है ताते अमित सुख पाये संख्याहीन वा परमानन्दमय जो शंकरते अमित सुख पाये ७१ दोहार्थ ॥ ध्यानरस अर्थात् शांतरस यथा ॥ शास्त्रचिंत हरि गुरु कृपा, है विभाव सतसंग । अनूभावनासाग्रदृग, सात्विक सकल अभंग ॥ मति धृति अरु निरदेवता, अपस्मृती संभ्रांति । वितर्कादि संचार सब, अस्थायी मति शांति ॥ तहां परमात्मा श्रीरामरूप आलंबन आत्मतत्त्व उद्दीपन इत्यादि युग नाम दुइ दण्ड ध्यानरसमें मग्न नाम बूड़ेरहैं तहां पार्वतीजीकी प्रश्न सत्संगमूल है प्रेम जल पाय रामचरित अंकुर है तिनकी चिंतन ते इन्द्रियन की वृत्ति अहंकारमें लय भई अहंकार चित्तमें चित्त बुद्धिमें बुद्धि पाय मन शुद्ध ह्वै आत्मरूपमें आत्मरूप रामरूपमें लय भयो इत्यादि दुइ दण्ड मग्न रहे पुनः वचन द्वारा मन बाहर कीन अर्थात् परमहंसी वृत्ति छांड़ि सज्जननकी वृत्ति धारण करे तब महेश हर्षित ह्वै रघुपतिके चरित अर्थात् नामरूपी लीला धाम यश कीर्ति गुण प्रतापादि के वर्णन करिबे में मनको लीन कीन्हे इसी व्यापारमें लगाये ७२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे उमाप्रश्नवर्णनोनाम अष्टादशः प्रकाशः १८ ॥

१११ झूंठहु सत्य जाहिबिनुजाने। जिमि भुजंगबिनु रजु पहिंचाने १
ज्यहि जाने जग जाय हेराई। जागे यथा स्वप्न भ्रम जाई २

वंदौं बालरूप स्वइ रामू। सबविधिसुलभजपतज्यहिनामू ३
मंगल भवन अमंगलहारी। द्रवौ सो दशरथअजिरविहारी ४
करि प्रणाम रामहिं त्रिपुरारी। हर्षि सुधासम वचन उचारी ५
धन्य धन्य गिरिराजकुमारी। तुम समान नहिं कोउ उपकारी ६
पूछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकललोकपावनि जसि गंगा ७
तुम रघुवीर चरणअनुरागी। कीन्हेउ प्रश्न जगत हितलागी ८
दो० रामकृपाते गिरिसुता, सपनेहुँ तव मनमाहिं॥
शोक मोह संदेह भ्रम, मम विचार कछु नाहिं ९

१११ पार्वतीजीके मनमें जो श्रीरामरूपकी सत्यताकी भर्म है ता हेतु शिवजी कहत कि पार्वती कछु तुम्हारी लाग नहीं संसारमें स्वाभाविक यही रीतिहै कि जाहि कहे ज्यहि पदार्थको विचारौ ताहीको विना यथार्थ जाने झूठहू सत्य देखात कौन भांति जिमि भुजंग नाम सर्प अरु रजु नाम रस्सी इन दोऊको विना पहिंचाने अर्थात् अँधेरे में सर्प पराहै अरु यथार्थ नहीं जानेउ कि सर्प है यह जानेउ कि रस्सी है ऐसा जानि वाके निकट गयो तौ वाने काटिखायो मरिगये अथवा अँधेरे में रस्सी परीहै ताहूको यथार्थ नहीं जानेउ कि रस्सीहै तब यही भास्यो कि सर्पहै ता भर्मते उधरको जाना कार्य करना बंद भया इत्यादि विना जाने दोऊभांतिते हानि भई ताते दीपादि प्रकाशते दूरिहीते सांची जानिलेना ठीक है इति दृष्टान्त अब दार्ष्टान्त यथा मोहरूप अँधेरे में सर्पवत् रामरूप विना पहिंचाने नरनाट्य देखि रस्सीवत् राजकुमार मानि परीक्षारूप निकट गई सो काटनेको हाल प्रसिद्धहै पुनः अब अंतर्यामी वा विभवरूपनमें रामकी भर्म मानि विना सन्मुख भजनादि कार्य में हानि पार्वतीजी किहे हैं इत्यादि यथार्थ विना जाने दोउ दिशि ते हानिहै ताते अब प्रकाशमें यथार्थ जानिलेना सो प्रकाश शिवकवच में आगे है १ किसहेतु रामरूप जानिलेना कि ज्यहिके जानिलेने से संसारही हेराय जात कैसे यथा सोवत स्वप्न किसीने देखा कि मैं लूटिगयों कोऊ देखा कि मोको द्रव्यमिली सो जागे दोऊकी भर्म गई तैसे संसार भर्मरूप यथा हण्डी में गिलास तामें दीपशिखा सो कोऊ नहीं मानत सब यही कहत कि हण्डीको प्रकाश है तथा प्रकृति बुद्धि अहंकार पंचभूतमय जगरचना तामें भगवत्रूपकी चैतन्यता सो कोऊ नहीं मानत सब देह व्यवहारही को सांचु

माने हैं यथा राजा प्रजा ब्राह्मण शूद्र पिता पुत्र इत्यादि भ्रमरूप संसारकी सचाईहै जब रामरूप की पहिंचानि भई तब लोकसचाई हेराइगई भाव वैर प्रीति त्यागि सबमें समदृष्टिते भगवत् व्याप्त देखत २ कैसा वह रूपहै अरु क्या वामें प्रभावहै सो कहत कि सोई राम जिनको वनमें तुमने देखाहै तामें अपनी उपासना रीति कहत अर्थात् शिवजी शांतरसमें श्रीरघुनाथजी को भजतेहैं ताते बालरूप सोई इष्ट माने ताते कहत कि सोई रघुनाथजी को जो बालरूप पंचवर्षकी अवस्था है ताको वंदौं अर्थात् इसी रूपका सदा ध्यान करताहौं काहेते श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन प्रेमा परादि यावत् भक्तिकी विधिहैं तिन सब करिबेको बालरूप सुलभहै अर्थात् विधि अविधि नहीं देखत पुनः थोरी सेवामें बहुत प्रसन्न होत क्योंकि नेकसे खेलौना दै बड़ी पदार्थ मांगिलेना तारूपको नाम जपतहौं अर्थात् उसी रूपको सदा भजतहौं अथवा जाको नाम जपतसंते कर्म ज्ञान उपासनादिकमें यावत् वेदविधिहैं ते सब सुलभ होत यथा ॥ तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव । विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि ३ जिनके अवतीर्ण होतही यावत् मंगल प्रसिद्ध उत्सवहैं ते समग्र लोकनमें स्वाभाविक उदय भये पुनः अमंगल जे विघ्न ते नाश भये सो कहत कि मंगलधाम अमंगलके हरणहारे जो बालरूप दशरथ महाराजके मणिमय अजिर नाम आंगनमें विहार करनेहार सो द्रवौ प्रसन्न होहु ४ त्रिपुरारि ऐसे सबल समर्थ तेऊ रामहिं श्रीरघुनाथजी को प्रणाम करि हर्षित भये तब सुधा नाम अमृतसम वचन उचारे बोले इहां प्रणामादि क्रिया देखाय मानो गिरिजा को उपदेशते हैं यह निदर्शनालंकारहै ५ का बोले शिवजी कि हे गिरिराजकुमारी ! तुम धन्यमानन में धन्यहौ काहेते तुम्हारी समान और कोऊ परउपकारी है नहीं काहेते गिरि स्वाभाविक परउपकारी होत तिनमें राजाकी पुत्री हो तौ क्यों न उपकार करौ ६ काहेते परोपकारी हौ कि जो प्रसंग तुमने पूछा सो कैसी रघुपति की कथा है जैसी लोक में नीच उंचन को समान पवित्र करनहारी गंगा हैं तिनते अधिक सकललोकन में सबको पावन करनहारी कथा है प्रश्न भगीरथ है ७ तुमतौ श्रीरघुनाथजी के चरणारविंदन की अनुरागी हौ अर्थात् सतीतनु में जबते तुमने दिव्य ऐश्वर्यसहित श्रीरामरूप देखा है तबते तुम्हारे मन नेत्रन में वही रूप बसा है तहां प्रेम की जो बारहींदशा है संतृप्त ताही को अनुराग कही यथा ॥ साधनशून्य लिये शरणागत नैनरँगे अनुरागनसा है । चितवना

हम बुद्धिमयी मधु ज्यों मखिया मन जाय फँसा है॥ पावक व्योम जलानिल भूतल बाहर भीतर रूप बसा है। बैजसुनाथ सदा रस एकहि या विधि सों संतृसदसा है॥ इत्यादि तुम रामानुरागिनीहौ परन्तु जो प्रश्न कीन्हेउ सो जगजीवन के उद्धारहेतु है ८ दोहार्थ॥ हे हिमगिरिसुता! भाव गिरि अचल हिम धवल ताकी पुत्री याते तुम्हाराभी मन अमल निश्चल है पुनः तुम्हारे ऊपर श्रीरघुनाथजी की कृपा है काहेते तुम्हारे व्याह करिवे को प्रसिद्ध ह्वै हमसों कहे इत्यादि मेरे विचारते शोक मोह संदेह भ्रमादि तुम्हारे मनमें स्वप्नेहू में नहीं है क्योंकि तुमतौ प्रभुकी सन्मुख हौ अरु मोहादि तौ विषयी जीवन के बद्ध होने का मार्ग है यथा इन्द्रियविषय कामना हानिते शोक नाम दुःख होत तब क्रोध आवत क्रोधते मोह होत तब शास्त्र उपदेश भूलिजात तब हरिरूपादि में संदेह होत ताते बुद्धि में भ्रम होत सो तुम्हारे नहीं ६॥

११२ तदपि अशंका कीन्हेउ सोई। कहत सुनत सबकर हित होई १०
जिन हरिकथा सुनी नहिं काना। श्रवण रंध्र अहिभवन समाना ११
नयनन संतदरश नहिं देखा। लोचन मोरपक्षकर लेखा १२
ते शिर कटुतुमरी सम तूला। जे न नमहिं हरि गुरुपदमूला १३
जिन हरिभक्ति हृदय नहिं आनी। जीवत शवसमान ते प्रानी १४
जे नहिं करहिं रामगुण गाना। जीह सो दादुरजीह समाना १५
कुलिश कठोर निठुर सो छाती। सुनि हरिचरित न जो हरषाती १६
गिरिजा सुनहु रामकै लीला। सुरहित दनुज विमोहनशीला १७

दो० रामकथा सुरधेनुसम, सेवत सब सुखदानि॥
संतसभा सुरलोकसम, को न सुनै असजानि १८

११२ तदपि सोई मोह संदेहादि प्रसिद्धकरि अशंका कीन्हेउ अर्थात् विना शंका शंका कीन्हेउ यद्यपि तुम्हारे मनमें संदेह नहीं है तथापि प्रश्नतौ करती हौ ताते मेरे कहत में तुम्हारे सुनत में सब संसारकर हित होई भाव यही कथा आगे लोग गावैंगे ताते रामसनेही ह्वै भवसागर तरैंगे १० हरि श्रीरघुनाथजी की कथा जिनने नहीं सुनी तिनके कान नहीं हैं श्रवणन के जे रंध्रनाम कानन के छिद्र हैं ते अहिभवन सम हैं विषयवार्तारूप सर्प रहने के बिल हैं भाव कथा सुनेही कान सफल हैं ११ पुनः जिन भावसहित नयनन ते संतन के दरश संतन के रूप रसादि नहीं देखा तिनके लोचन जे

नेत्र तिनको मयूर के पक्ष कैसो लेखा है अर्थात् देखनेमात्र नेत्र अरु इहां असज्जननके लक्षण वर्णन करि सज्जननके लक्षण दर्शावत यथा कथा श्रवण उचित संतदर्श उचित तथा भगवत् अरु गुरुके पांवन को नमस्कार उचित१२ अरु हरि गुरुपदमूल में जे नहीं नमते तिनके शीश नहीं हैं ते शिर कटुतुमरी कहे करूतोरईसम तूल कहे न्यूनाधिकरहित बराबरी समता है भाव व्यर्थ है १३ इत्यादि बाह्यकर्मन के साथ एक एक अंग व्यर्थ कहे पुनः नरदेह पाइ हरिभक्ति करना उचित सो भक्ति प्रेमभाव ते हरिसनेह जे जन हृदय में नहीं लावते ते प्राणी शवनाम मृतक की समान जीवते हैं भाव उनको जन्म ही व्यर्थ है १४ जिह्वाते श्रीरघुनाथजी की उदारतादि गुण गाना उचित अरु जे प्राणी श्रीरामगुण गान नहीं करते हैं तिनकी जीह दादुर कहे मेढुक की जीभ समान मानो जीभ हई नहीं वे विना जीभके हैं १५ पुनः हरिकथा सुनि आनंद होना उचित अरु जे जन हरिकथा सुनि हर्षाते नहीं उरमें प्रेम नहीं उमँगत तिनकी ऐसी निठुर छाती जो कुलिशनाम वज्रसम कठोर है अर्थात् विषयवश ते ऐसे निर्दयी हैं जो आपनेही आत्मा को नाश करते दया मनमें नहीं आवती १६ श्रीरघुनाथजी की लीला देखि वा सुनि प्रेमानंद होना उचित मोह न करना चाहिये क्योंकि सज्जनों को काम नहीं है आसुरी बुद्धिवाले मोहते हैं ताहेतु कहत हे गिरिजा! विवेकसहित सावधान ह्वै कथा सुनौ काहेते श्रीरामलीला कैसी है कि देवन को अर्थात् सतोगुणिन को हित करिवे में लवलीन है अरु दनुज अर्थात् रजोगुणिन को विशेषिकै मोहनशीला है उनके मन में मोह करिवे में लवलीन है भाव सुजनन के विराग विवेक भक्ति होत अरु खलन के मोह होत अर्थात् नरनाट्य देखि शास्त्रवचन ते ईश्वर जानते हैं सोऊ भूलिजात प्राकृतनर मानि लेते हैं १७ दोहार्थ॥ यथार्थ श्रीरामकथा कैसी है सुरधेनु कामधेनुसम है काहेते सेवा करतसंते सब सुखकी देनहारीहै कामधेनु देवलोकमें है इहां संतनकी सभा सोई सुरलोक सम है अर्थात् सर्वत्र सबको सुलभ है ऐसा जानि सुर नर नागादि वा मुक्त मुमुक्षु विषयी विमुख को ऐसा मूढ़ है जो न सुनै अर्थात् सबै सुनिहैं यथा॥ सुनहिं विरक्त विरत अरु विषई। लहैं भक्ति गति संपति नितई॥ अर्थात् जोई श्रवण कीर्तन रूपसेवन मन लगाय करी ताहीको वांछितफल प्राप्त होई यथा विरक्तन के विराग बढ़त भक्तिवाञ्छा पावत तथा विषयिनके मोह बढ़त संपत्ति वाञ्छा पावत ताते रामायण लोकमें कामधेनुसम है १८॥

इति श्रीरामचरिते श्रोतासावधानतावर्णनोनामैकोनविंशः प्रकाशः १९॥

११३ रामकथा सुन्दरि करतारी । संशय विहग उड़ावनहारी १
रामकथा कलिविटप कुठारी । सादर सुनु गिरिराजकुमारी २
रामनाम गुण चरित सुहाये । जन्मकर्म अगणित श्रुति गाये ३
यथा अनन्त राम भगवाना । तथा कथा कीरति गुण नाना ४
तदपि यथा श्रुति जसि मति मोरी । कहिहौं देखि प्रीति अतितोरी ५
उमा प्रश्न तव सहज सुहाई । सुखद संतसम्मत म्वहिं भाई ६
एक बात नहिं मोहिं सुहानी । यदपि मोहवश कह्यो भवानी ७
तुम जो कहा राम कोउ आना ।ज्यहिश्रुतिगावधरहिंमुनिध्याना ८

दो० कहहिंसुनहिंअसअधमनर, ग्रसे जे मोह पिशाच ॥
पाखण्डी हरिपद विमुख, समुझहिं झूंठ न सांच ९

११३ जहां अन्न फलादिकन में पक्षी लागत तहां रखवार तारी बजावत सो सुनि पक्षी उड़ि जात इहां जीव किसान तनु क्षेत्र रामसनेह अन्न है पुनः राजकुमार हैं वा परब्रह्म हैं इत्यादि संशय सोई पक्षी रामसनेह अन्नको खायेजात तहां आचार्य रखवारे हैं तिनके मुखते कथा वर्णन सोई करतारी कैसी है संशयरूप विहंगन को उड़ावनहारी है इहां नामरूप दोऊ कर हैं दिव्यगुण अँगुली हैं नामरूप के गुणनमय कथा करतारी है यथा अहल्या में उदारता मखरक्षा में वीरता धनुर्भंग में बल खरादिवध में शौर्यता शबरी गीधपै अनुकंपा सुग्रीवपै करुणा इत्यादि गुण सुने आपही संशय जात १ कलियुग वा क्लेश जामें कुसंगमूल कुमति अंकुर पापकर्म वृक्ष शाखा पल्लवादि दुःखफल ऐसा कलिविटप काटने हेतु श्रीरामकथा कुल्हारी है आचार्य लुहाररूप धातुनाम गढ़नि गुण धार युक्ति बेंट वक्ता बढ़ई वचन प्रहार ते कलिवृक्ष निर्मूलते जीव सुखी होइगो ताते हे गिरिराजकुमारी ! आदरसहित कथा सुनौ २ श्रीरघुनाथजी को नाम पुनः उदारतादि परम दिव्यगुण रामचरित अर्थात् यश कीर्ति प्रतापादि को वर्णन पुनः जन्म अवतार लेना पुनः कर्म वेदधर्मको स्थापित करना इत्यादि सुहाये सुंदर तिनको श्रुति वेदोंने अगणित कहे गिनतीरहित गाये हैं भाव इति नहीं करे ३ काहेते यथा राम भगवान् षट् ऐश्वर्य युक्त श्रीरघुनाथजी भी अनंत हैं जिनको अंत कोऊ नहीं पावत तथा ताहीभांति कथा रामचरितन को वर्णन पुनः कीर्ति अर्थात् दान मान की प्रशंसा पुनः उदारता सुशीलता कृपा दयादि यावत् गुण हैं इत्यादि

सब नानानाम अनेकभांतिके हैं ४ यद्यपि अनंत हैं तदपि यथाश्रुत जैसा मेरा सुना है पुनः जैसी मेरी मति है तैसा कहिहौं काहेते कथा सुनिबे की अत्यन्त प्रीति तुम्हारे उरमें है ताको देखिकै मेरेभी उरमें कहने की इच्छा भई क्योंकि सुपात्र में उत्तम पदार्थ धरना सज्जनन को सम्मत है ताते ५ हे उमा! तव कहे तुम्हारी जो प्रश्न है सो सहजही में सुहाईनाम सुन्दरि है अर्थात् कछु बनावटते नहीं काहेते रामतत्त्वविषयिक है ताते सब लोकन को सुखदेनहारी है पुनः संतन को संपूर्ण मत है काहेते परमार्थसाधक है ताते मोको भाई प्रिय लागी ६ ता संपूर्ण प्रश्न में एक बात मोहिं नहीं सुहानी हे भवानी! यद्यपि मोह के वश में आपनो मत प्रथमही कहेउ है ताते तुम्हारे कहेते दूषण नहीं रहै परंतु मेरे विचार ते तौ मोहादि कछु विकार तुम्हारे मनमें नहीं है तुमने जानिबूझिकै कहाहै याते मोहिं नहीं सुहानी यथा किसी नशेबाजने राजाको कुवचन कहा सो एक सेवक को न सुहानी उसीके पीछे चला जब नदी में जूता उतारिकै पैठा तब सेवकने कहा कि जूता बचावने में तेरे नशा नहीं राजाओं को कुवचन कहने को तेरे नशा ऐसा कहि वाको दंड दिया तथा गिरिजा को शिवजी वचनदंड करैंगे ७ हे पार्वती! तुमने प्रथम तौ कहा कि दशरथनंदनै राम हैं वा कोऊ और राम हैं पुनः कहेउ कि अज्ञान जानि रिस न करना जाविधि मोह मिटै सो करौ पुनः तुमने कहा कि तबको ऐसो विमोह अब नहीं है अब रामकथा सुनिबे पर रुचि है तौ कथा सुनिबे में मोह नहीं है अरु श्रीरामरूप में संदेह करिबेमें तुम्हारे मोह ज्यहि श्रीरामरूप को वेद श्रुति परब्रह्म कहिकै गावत जारूप को नारदादि मुनि ध्यान धरत जा रूपको प्रभाव तुमने अघायकै देखा तौ अब कैसे संदेह किया ८ दोहार्थ ॥ जो दशरथनन्दन छांड़ि कोऊ और को राम कहेते हैं अर्थात् जो पार्वतीजी प्रथम पूछे कि जो अनीहव्यापक विभु कोऊ भाव दशरथनन्दन ते परे पररूप है वा अन्तर्यामीरूप है वा कोऊ अवतार अधिक है इत्यादि जे कहते हैं ताको जे सुनते हैं वे दोऊ अधम नर हैं प्रकृति के दुष्ट कैसे जिनको मोहरूप पिशाच ग्रसे हैं बुद्धि ज्ञान हरि लियोहै वा पाखंडी वेदधर्म को खंडन करनेवाले नास्तिक वा हरिपदविमुख राक्षसादि वा जे विषयविवशते मूढ़ हैं झूंठ सांच जानतही नहीं जोई सुने सोई गावनेलगे इत्यादि सब विशेषण औरन को वर्णन करि ताके अभिप्राय ते पार्वती को धिक्कारते हैं तामें प्रयोजन कि सर्वरूपन ते परे रामरूप है यथा शिवसंहितायाम् ॥ अयोध्यापतिरेव स्यात्पतीनां पतिरीश्वरः। अन्येषां मथुरा-

दीनां रामांशाः पतयो यतः ॥ महेश्वरतन्त्रे ॥ वासुदेवादियद्रूपं अवताराः प्रकीर्तिताः। तेषामैश्वर्यदातृत्वात्स्वयं पूर्णोत्तमोत्तमम्॥ इति रामो विग्रहवान्स्वयं ब्रह्मसनातनः। आत्मारामश्चिदानन्दो भक्तानुग्रहकारकः॥ ऐसा जानना चाहिये ९॥

११४ अज्ञ अकोविद अंध अभागी। काई विषय मुकुरमन लागी १०
लंपट कपटी कुटिल विशेखी। सपनेहुँ संतसभा नहिं देखी ११
कहहिं ते वेदअसम्मत बानी। जिनहिं न सूझ लाभ अरु हानी १२
मुकुर मलिन अरु नयनविहीना। रामरूप देखहिं किमि दीना १३
जिनके अगुण न सगुण विवेका। जल्पहिं कल्पित वचन अनेका १४
हरिमाया वश जगत भ्रमाहीं। तिनहिं कहत कछु अघटित नाहीं १५
बातुल भूत विवश मतवारे। ते नहिं बोलहिं वचन सँभारे १६
जिन कृत महामोह मद पाना। तिनकर कहा करिय नहिं काना १७
सो० अस जिय जानि विचारि, तजु संशय भजु रामपद॥
सुनु गिरिराज कुमारि, भ्रमतम रविकर वचन मम १८

११४ पुनः रामरूप छांड़ि जे अन्यरूप को परे कहते हैं ते अज्ञ कहे ज्ञानरहित हैं अकोविद विद्या बुद्धिरहित अंध विचाररूप नेत्रहीन अभागी भाग्यहीन पुनः मनरूप मुकुर में विषयरूप काई लगी है तहां आपनो आत्मरूप देखिबेहेतु सुन्दर मन सोई दर्पण है जो अमल होइ तौ आत्मरूप देखिपरै तब शांति संतोष भक्ति आदि भूषित करै कामादि मल धोवै अरु जब मन मुकुर में विषयसुख चाहरूप काई लगी तिनको कैसे सूझै १० पुनः जे लम्पट कामासक्त हैं पुनः कपटी मुखके मीठे पेटमें करू हैं पुनः जे विशेषि करिकै कुटिल टेढ़ीचाल परहानि में रत जे स्वप्नेहू में संतन की सभा नहीं देखे भाव जे सदा दुष्टनैके संग में रहे ऐसे जनन के कहने योग्य है कि राम कोऊ और हैं ११ अरु वेदनको सम्मत यहीहै कि दशरथनंदन सच्चिदानंद परब्रह्म हैं तिनते परे कोऊ और रूप है ऐसा कहना वेदन को सम्मत नहीं है ताते वेदअसम्मत वाणी ते जन कहैं जिनहिं आपनी हानि लाभ नहीं सूझत अर्थात् वेदसम्मत कहेते सुगतिलाभ अरु वेदअसम्मत कहे घोरगति इति हानि सो जिनको दोऊ नहीं सूझत ते चहै सो कहैं १२ काहेते मनरूप मुकुर दर्पण सो तौ विषयरूप मल लागेते मलीन है पुनः विवेक विचाररूप

नेत्रनकरि हीन है तिनको आपनोही रूप नहीं सूझत तिन दीनन को रामरूप कैसे देखिपरै तहां जो मन दर्पण अमल आत्मरूप के सन्मुख होइ पुनः विचार विवेक नेत्र होइँ तब आपनो रूप देखै पुनः विराग संतोषकरि सावधान होइ ता आत्मरूप के बुद्धि विज्ञान नेत्रन ते रामरूप देखै सो लोकप्रसिद्ध है कि जाको आपनी देहकी सुधि नहीं सो औरकी सुधि क्या करै तथा जो आपनोही आत्मरूप भूलेते बुद्धि ज्ञानहीन विषयवश ते दीन रामरूप कैसे जानै इहां गुण देखि उपमेय को उपमान में आरोप ताते गौणी साध्यवसाना लक्षणा है १३ अगुण कहे गुणनते परे रजोगुणादिरहित सगुण कहे कृपा दयादि दिव्य गुणन सहित ताको विवेक यथा पररूप साकेतविहारी स्वयंप्रकाश स्वच्छंद सदा एकरस आनंदरूप तेई जीवन के उद्धार हेतु पांच रूप धारण करे यथा परचतुर्व्यूहविभव अवतारादि अंतर्यामी अर्चा यथा अर्थपंचके ॥ परव्यूहौ च विभवो ह्यन्तर्यामी ततः परम् । अर्चावतार इत्येवं पञ्चधा चेश्वरः स्मृतः ॥ तहां पर साकेतविहारी सबके कारण हैं अरु वासुदेव संकर्षण अनिरुद्ध प्रद्युम्नादि चतुर्व्यूह उत्पत्ति स्थिति प्रलय अर्थ हैं अरु अवतारादि जो विभव ते धर्मपालन हेतु हैं अरु रंगनाथादि जो अर्चाते सुलभ जीवन के उद्धारहेतु हैं इत्यादि में दया कृपादि गुण प्रसिद्ध ताते सगुण कहिये अरु अन्तर्यामी यथार्थपञ्चके॥ अथान्तर्यामी विज्ञेयः स शरीरोशरीरकः । तत्राशरीरो भगवान् ज्ञानानन्दैकरूपकः ॥ जो अमूर्ति सब में प्रकाश अर्थ है ताको अगुण कही इत्यादिको विवेक तौ जानते नहीं आपने कपोलकल्पित अनेक वचन जल्पत नाम बकते हैं १४ पुनः हरिकी अविद्या माया के वशते जगत् योनिन में भ्रमत जन्मत मरत अनेक दुःख सहत ऐसे जो मोहवश ते चहैं सो कहैं काहेते तिनहिं वेद असम्मत कहत सो अघटित नहीं भाव उनके जीवको सुभाव वैसेही है ताते उनमें कछु नेकहू अशोभित नहीं है १५ वातुल त्रिदोष वायुवश जाके उन्माद है अर्थात् काम क्रोध लोभ के वश सन्निपात है पुनः जाके भूत लगा है अर्थात् आकाशादि पञ्चभूतन के सूक्ष्मरूप शब्द स्पर्शादिके वश हैं अथवा मतवारे मद्यादि पान किहे अर्थात् मतरूप मदिरा पान किहे हैं इत्यादि होशसँभारे वचन नहीं बोलते हैं ते कहैं कि राम कोऊ और हैं १६ जो शास्त्रउपदेशादि भूले सो मोह जो भगवद्रूप में भ्रम सो महामोह सोई मद जे पान किहे तिनके कहे में कान न करिये उनके वचनै न सुनिये ये सब दूषण पार्वतीपर व्यंजित करि पुनः समुझावत १७ दोहार्थ ॥ पूर्ववत् ऐसा जीवमें निश्चय जानिके मनते विचारि

हे गिरिराजकुमारि ! संशय तजु अर्थात् निश्चय परब्रह्म जानि श्रीरामपद पुनः तुम्हारे मनमें जो भ्रम है सोई तम है ताके नाशहेतु मम वचन रविकी कर नाम किरणी हैं भाव मेरे वचन सुनतही तुम्हारो भ्रम नाश होई १८॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रोताभयदर्श-
वर्णनोनामविंशतितमः प्रकाशः २० ॥

* * *

११५ अगुणहिसगुणहिनहिंकछुभेदा । गावहिं मुनि पुराण बुध वेदा १
अगुण अरूप अलख अज जोई । भक्त प्रेमवश सगुण सो होई २
जो गुणरहित सगुण सो कैसे । जलहिमउपलबिलग नहिं जैसे ३
जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा । त्यहिकिमिकहियविमोहप्रसंगा ४
राम सच्चिदानंद दिनेशा । नहिं तहँ मोहनिशा लवलेशा ५
सहज प्रकाशरूप भगवाना । नहिं तहँ पुनि विज्ञान बिहाना ६
हर्ष विषाद ज्ञान अज्ञाना । जीव धर्म अहमिति अभिमाना ७
राम ब्रह्म व्यापक जग जाना । परमानंद परेश पुराना ८
दो० पुरुष प्रसिद्ध प्रकाशनिधि, प्रकट परावरनाथ ॥
रघुकुलमणि मम स्वामि स्वइ, कहि शिव नायो माथ ९

११५ हे भरद्वाज ! जो प्रथम प्रश्न पार्वतीजीका है कि कौन कारण ते निर्गुणब्रह्म सगुण देहधारी होत ताको उत्तर शिवजी देतेहैं कि अगुण ते सगुण होने को कारण तब कहै जब कछु भेद होइ इहां सगुण अगुण में तौ कछु भेदही नहीं सो मैहीं नहीं कहता हौं सनकादि लोमश वशिष्ठ अगस्त्य आदि मुनि निजनिज संहितन में गावते हैं पुनः व्यासादि पुराणन में गावते हैं पुनः बुध विद्वान् शेष शारदा ब्रह्मादि वेदन में गावते हैं कि सगुण अगुण एकही है कैसे यथा कोऊ वड़ा नीतिमान् राजा वेष छिपाये प्रजन में मिला सबकी भलाई बुराई देखिरहा अरु वाको कोऊ लखि नहीं पावत क्योंकि काहूको दंड रक्षादि नहीं करत सबको हाल जानि लेनोई प्रयोजन है यही अगुणरूप सब के अंतर बसा है पुनः वही राजा प्रसिद्ध सबकी दादि सुनत सबते वार्ता करत सो सतोगुण किसीको दंड देत सो तमोगुण ऐश्वर्यसहित सो रजोगुण यही सगुणरूप है १ जो साधरण जगव्यात अगुण भी रूप है

सोऊ भक्तनके हेतु सगुण होत अर्थात् भक्तन के प्रेम के वश है ताते भगवत् आपनो प्रण त्यागि भक्तन को प्रण राखत यथा भीष्म पितामह भगवान् ते अस्त्रधारण कराये तथा भक्त प्रेम ते अगुण सो दयादि गुण धारण करत अरूप ते स्वरूपवान् होत अलख सोई सबको देखिपरत अज सो जन्म धरत यथा प्रह्लाद के हेतु नृसिंह खम्भाते प्रकटे वा विश्ववास प्रकटे भगवाना २ रजोगुणरहित अगुण सोई सगुण कैसे हैं अर्थात् जो अगुण सोई सगुण है कैसे हैं जैसे जल अरु हिमनाम पाला उपल आसमानी पत्थर इनमें विचारे ते तत्त्व एकही है अर्थात् केवल जलके सिवाइ बिलग कहे जलते अलग दूसरा तत्त्व नहीं मिला है तथा ईश्वरतत्त्व एकही है माया आदि कारण नहीं है यथा मिठाई के अनेक खेलौना बनत तामें भीतर बाहर मिठाई सिवाय और कछु नहीं है ३ प्रश्न में जो यहहै कि सगुण ते अगुण होने को कारण विचारिकै कहौ सोई विचार कहत कि पदार्थमें जो अनिश्चय इत्यादि जो भ्रम है सोई तिमिरनाम अंधकार है ताको नाशकरिवेहेतु जासु को नामही पतंग नाम सूर्य है अर्थात् राम ऐसा नाम लेतही भ्रम नाश होत तहां तेहि रूपमें विशेषि मोह को प्रसंग मिलान किमि कहिये कौने विचार ते रामरूप में मोह लक्ष करिये अर्थात् जहां सिंह चले तहां मंजिलन नाम प्रकाश होत जात ता रूप में भ्रम कैसी तथा ऋषिमखरक्षा अहल्यातारण धनुर्भंग परशुराम की पराजय इत्यादि नाम भुवन में सूर्यवत् प्रकाश तारूप में भ्रम कैसे करिये कि ये परब्रह्म नहीं हैं राजकुमार हैं ४ जिन जटायू अधम पक्षी को चतुर्भुज बनाय विमान पर चढ़ाय जिनधाम को पठाये यह शक्ति देवन में नहीं सो राजकुमार ते ह्वै शक्ती रहै इत्यादि कर्तव्यता प्रसिद्ध ते सच्चिदानन्द श्रीराम दिनेश नाम सूर्यनसम लोकमें प्रकाशमान हैं अर्थात् जा रूप की करतूति ही देखि सब लोक सच्चिदानन्द करि मानत काहू के बतावने वा वेद पुराण प्रमाण को प्रयोजन नहीं क्योंकि जब स्वाभाविक रविवत् प्रकाशित तहां मोहरात्रि को लवलेश नाम थोरहू नहीं अर्थात् जाके गुण सूर्यवत् प्रकाश तारूप में संदेह भ्रम को नाम नहीं ५ यथा अगुणरूप अंतर में है परन्तु मोहरात्रि ते प्रसिद्ध नहीं जब जीव में विज्ञानरूप विहान होई तब अगुणरूप उदय होवै तैसा इहां न जानना इहां राजकुमारही रूप श्रीरघुनाथजी में भगवान् के गुण सहजही में प्रकाशमान हैं तहां भगवान् के कौन गुण हैं यथा महारामायणे॥ ऐश्वर्येण च धर्मेण यशसा च श्रियैव च । वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संजातो भगवान् हरिः॥ पोषणं भरणाधारं शरण्यं सर्वव्यापकम् ।

कारुण्यं षड्भिः पूर्णो रामस्तु भगवान् स्वयम् ॥ इत्यादि गुण प्रभु में स्वाभाविक प्रकाशमान हैं यथा परशुराम ऐसे वीर तेऊ शीश नाये यह ऐश्वर्य लोक में प्रसिद्ध है पुनः धर्म सत्य शौच दया दान यश ऐसे जे जन्मपर्यंत झूठ नहीं बोले शौच ऋषिवत् व्रत पाले दयाते कोल भिल्लादिकन को उद्धारे दान जाको दीन्हे ताको लोक परलोक ते अयाची करे पुनः यश भूभार उतारण प्रसिद्ध पुनः श्री लक्ष्मीवान् शोभावान् सो भी प्रसिद्ध वैराग्य ऐसा कि अयोध्या का ऐश्वर्य तृणवत् त्यागे पुनः मोक्ष शबरी जटायू को भिक्षावत् दीन्हे सुग्रीवपै करुणा विभीषण को शरण राखे इत्यादि प्रसिद्ध गुणन ते स्वाभाविक श्रीरामरूप भगवान् सूर्यवत् भुवन में प्रकाशमान सबको सदा एकरस देखात तहां विज्ञानविहान को प्रयोजनै नहीं क्योंकि जौन रूप अज्ञानरात्रि में लोप रहै सो रूप विज्ञानविहान ते जाना जाय श्रीरामरूप का ऐश्वर्य तौ स्वाभाविक सबको देखात कि जे चराचर अवधवासिन को परमधाम को लैगये तब अज्ञानिन को भी परब्रह्म ज्ञात भये तब विज्ञान ते जानबे को क्या प्रयोजन ६ अरु जो श्रीरामरूपमें जीवत्व मानिये तहां जीव के तौ ये धर्म हैं कि कबहूं हर्ष कबहूं विषाद कबहूं ज्ञान कबहूं अज्ञान पुनः अहमिति कहे देहव्यवहारको अपना मानना पुनः अभिमानमय ब्राह्मणमय विद्वान्मय राजामय धनी इत्यादि सांचा मानना यही जीवनको धर्म सो रामरूपमें लेश नहीं तिनको कैसे राजकुमार करि जानिये ऐश्वर्य तौ सब प्रसिद्ध है ७ अरु श्रीरघुनाथजी तौ लोक में व्यापक परब्रह्म हैं सो मूंदे नहीं सब जग जानत है यथा ॥ क्षणमहँ सबहिं मिले भगवाना इत्यादिते सब जानत पुनः कैसे हैं परम आनन्दरूप हैं भाव जिनके सन्मुख होतही सब जीवमात्र आनंद होत परेश कहे सब ईशनके परे ईश हैं पुराण कहे आदि सनातन हैं सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ विज्ञानहेतुं विमलायताक्षं प्रज्ञानरूपं स्वसुखैकहेतुम् । श्रीरामचन्द्रं हरिमादिदेवं परात्परं राममहं भजामि ॥ पुनः श्रुतिः ॥ यस्यांशेनैव ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः अपि जाता महाविष्णुर्यस्य दिव्यगुणाश्च स एव कार्यकारणयोः परः परमपुरुषो रामो दाशरथी बभूव इत्यथर्वणे उत्तरार्धे ८ दोहार्थ ॥ कैसे हैं श्रीरघुनाथजी प्रसिद्ध पुरुष हैं पुरुष कहे वीरहैं यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः । पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदास्वतः ॥ पञ्चवीराः समाख्याता राम एव स पञ्चधा ॥ रघुवीर इति ख्यातः सर्ववीरोपलक्षणः ॥ पुनः रामश्शस्त्रभृतांवर इति गीतायाम् ॥ कैसे पुरुष हैं प्रसिद्ध हैं प्रथम लोकमें प्रसिद्ध यथा ॥ सर्वे लोकजना

एतेत्र मिलित्वा रामराम इति वदन्ति पुनः सत्यप्रतिज्ञायाम् रामो राम इति वदन्ति पुनः सत्यप्रातिपादने राम ध्वाई इति वदन्ति पुनः मृत्युसमये सत्य राम इति वदन्ति पुनः शास्त्रसंहितापुराणादिकनमें प्रसिद्ध यथा पद्मपुराणे॥ शास्त्रं न तत्स्यान्नहि यत्र रामः काव्यं न तत्स्यान्नहि यत्र रामः। न संहिता यत्र न रामदेवो न सा स्मृतिर्यत्र न रामचन्द्रः॥ भागवते॥ तस्यापि भगवानेष साक्षात् ब्रह्ममयो हरिः॥ राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न इति संज्ञया पुनः स्कन्दपुराणे॥ ब्रह्मविष्णुमहेशाद्या यस्यांशे लोकसाधकाः। तमादिदेवं श्रीरामं विशुद्धं परमं भजे॥ विष्णुपुराणे ब्रह्मावाक्यम्॥ अहं च शंकरो विष्णुस्तथा सर्वे दिवौकसः। रामनामप्रभावेन संप्राप्तास्सिद्धिमुत्तमाम्॥ पुनः कैसे हैं प्रकाशनिधि हैं संपूर्ण प्रकाश जाके रूप में परिपूर्ण हैं सनत्कुमारसंहितायाम्॥ तत्त्वस्वरूपं पुरुषं पुराणं स्वतेजसा पूरितविश्वमेकम्। राजाधिराजं रविमण्डलस्थं विश्वेश्वरं राममहं भजामि॥ पुनः भागवते॥ एकं चापि परं समस्तजगतां ज्योतिर्मयं कारणं प्रागन्ते च विकारशून्यमगुणं निर्नामरूपं च यत्। तच्छ्रीरामपदारविन्दनखरत्प्रातस्यतेजोमलं प्रज्ञावेदविदो वदन्तिपरमं तत्त्वं परं नास्त्यतः॥ पुनः कैसे हैं परावरनाथहैं पर त्रिपादविभूति जो परधाममें है अवर कहे एकपाद विभूतिमें जो ब्रह्माण्डरचना है इत्यादि सबके नाथहैं एकरस आनंद सदा स्वतंत्र तेई साकेतवासी प्रकट रघुकुलके शिरोमणि श्रीरघुनाथजी तेई मेरे स्वामी इष्टदेव हैं ऐसा कहिकै शिवजी माथ नायो भाव इष्टता पुष्ट करे इत्यादि विचारपूर्वक श्रीरामरूपकी परात्परता दृढ़ करे अब संदेह करनेवालेनकी भूल देखावत ६॥

११६ निजभ्रमनहिंसमुझहिंअज्ञानी। प्रभुपरमोहधरहिंजड़प्रानी १०
यथा गगन घनपटल निहारी। झंपेउ भानु कहहिं कुविचारी ११
चितवहिं लोचन अंगुलि लाये। प्रकटयुगलशशि तिनकेभाये १२
उमा रामविषयक अस मोहा। नभतम धूरि धूम जिमिसोहा १३
विषयकरन सुर जीव समेता। सकल एकते एक सचेता १४
सबकर परम प्रकाशक जोई। राम अनादि अवधपति सोई १५
जगत प्रकाश्य प्रकाशक रामू। मायाधीश ज्ञान गुणधामू १६
जासु सत्यताते जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया १७
दो० रजत सीपमहँ भास जिमि, यथा भानुकर वारि॥
यदपि मृषा तिहुँकाल सो, भ्रम न सकहि कोउ टारि १८

११६ कौन भूल है सो कहत कि अज्ञानी आपनी भ्रम तौ समुझते नहीं भूल तौ आपनी परन्तु जड़प्राणी प्रभुपर मोह धरत अर्थात् आपनो दोष प्रभुमें देखत १० कौन भांति कि यथा गगन नाम आकाशमें घनपटल मेघनकी पांती अर्थात् मेघनको समूह निहारि जे कुविचारी हैं सत्‌विचारहीन ते मेघन के नीचे झँपे तौ आपुहैं अरु कहतेहैं कि सूर्य झांपे हैं जो लक्षों योजन मेघनते ऊंचे हैं अर्थात् मोहवश तौ आपुहैं अरु मोहवश प्रभुको मानें कि प्रभु स्त्रीहेतु विलाप करत जहां मोहको लेश नहीं एक अद्भुत लीला है ११ पुनः जे लोचन नाम नेत्रनकी कोरमें अँगुली लाय नेत्रको दाबि चितवते हैं तिनके भाये नाम विचारते युगल शशि कहे द्वै चन्द्रमाहैं अर्थात् दोष तौ आपने नेत्रन में किहे अरु चन्द्रमाको द्वै बतावते हैं तथा भ्रम तौ आपनी बुद्धिमें अरु रामरूपमें द्वैत मानते हैं कि परब्रह्म कोऊ और हैं १२ हे उमा! परब्रह्म श्रीरामरूप बिषे विषयी जीवन को ऐसा मोह होत यथा नभ आकाश सदा एकरस अमल सोहत तामें देखनमात्रको अंधकारते विशेष आवरण देखात अरु धूरिते सामान्य आवरण देखात पुनः धूम करिकै किंचित् आवरण देखात सो देखनवालेन को देखनमात्र आवरण है अरु आकाश तौ सदा अमल तथा विषयी जीवन के आपने मोहते प्रभुमें मोह देखत तहां आत्मरूप में आठ आवरण हैं प्रथम प्रकृति दूसरि बुद्धि तीसर त्रिगुण अभिमान चौथ आकाश पंचम वायु छठवां अग्नि सातवां जल आठवां पृथ्वी तहां वायु तक जीवज्ञान रहत जब अग्नितत्त्वमें आयो तब किंचित् आवरण भयो यथा धूमते आकाश में किंचित् आवरण तथा अग्निते किंचित् बुद्धिभ्रम है ज्ञानी भी रामरूप में कछु आवरण देखत यथा गरुड़ सती अरु जब जलतत्त्व भयो तब सामान्य आवरण भयो यथा आकाश में धूरि तथा विमुख जीव रावणादि जानतेभी हैं परंतु मोहवशते रामरूप में मानुषत्व रोपण करत पुनः जब पृथ्वीतत्त्व भयो तब विशेष आवरणते विषयी जीव भयो यथा आकाश में अंधकार तथा विषयी जीवनको रामरूप की ईश्वरता देखातही नहीं केवल नरनाट्यही देखात अथवा आकाशमें शरद्‌पूर्ण वादिमें तम सोहत राम बरातगमनादि में उड़ी धूरि सोहत यज्ञादिको धूम सोहत तथा श्रीरामरूप में नरनाट्य देखि विषयिनके तौ मोह होत अरु सुजननको नरनाट्यभी सोहत अर्थात् प्रेमानन्द बढ़ावत १३ इन्द्रियनकी विषय कर्ण नाम इन्द्रिय सुर इन्द्रियन के देवता सहित जीव एकते एक सचेत सदेव विषय इन्द्रिय यथा श्रवण इन्द्रिय शब्दविषय व्योम देवता १ त्वचेन्द्रिय स्पर्शविषय पवन देवता २

नेत्रेन्द्रिय रूप विषय रवि देवता ३ रसना इन्द्रिय रस विषय वरुण देवता ४ नासिकाइन्द्रिय गंध विषय अश्विनीकुमार देवता ५ इति ज्ञानेन्द्रिय पगेन्द्रिय चलन विषय यज्ञ विष्णुदेव १ गुदा इन्द्रिय मलत्याग विषय यम देवता २ लिङ्गेन्द्रिय मैथुन विषय प्रजापति देवता ३ मुखेन्द्रिय भक्षण विषय अग्नि देवता ४ हस्तेन्द्रिय व्यवहार विषय इन्द्र देवता ५ इति कर्मेन्द्रिय तहां आत्मा कैकै जीव चैतन्य जीव करिकै देवता चैतन्य देवतन करिकै इन्द्रिय चैतन्य इन्द्रियन करिकै विषय चैतन्य इत्यादि सकल एक करिकै एक सचेतहैं तहां सतोगुण अहंकारते देवता रजोगुणते इन्द्रिय तमोगुणते विषयहै १४ विषय इन्द्रिय देवता जीवात्मापर्यंत सबको परम प्रकाशकर्ता जाकी प्रकाशते सब प्रकाशितहै यथा ॥ तस्य भासा सर्वमिदं विभातीति श्रुतिः इत्यादि जो सब को प्रकाशक जो सोई अनादि राम अवधपति है यथा प्रधानादि सेवकपर्यंत महाराजनको तेज व्याप्त रहत तथा श्रीरघुनाथजीको तेज यथाक्रम सबमें व्याप्त है १५ कैसे व्याप्तहै जगत् प्रकाश्य है आत्मा प्रकाशहै अरु श्रीरघुनाथजी प्रकाशकहैं यथा सूर्य प्रकाशक घाम प्रकाश भूम्यादि प्रकाश्य तथा श्रीरघुनाथ जी अंतर्यामीरूप सबमें प्रकाश किहे हैं पुनः कारण कार्यरूप जो माया है जाते ब्रह्माण्डरचना है ता मायाके अधीश नाम स्वामी प्रेरकहैं पुनः सत रज तमादि गुण जो लोकव्यावहारिक हैं तिनते परेहैं पुनः ज्ञानादि जो दिव्य गुणहैं तिनके धामहैं यथा ॥ ज्ञानं बलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजःसौशील्यवात्सल्यमार्दवार्जवसौहार्दसौम्यकारुण्यमाधुर्यगाम्भीर्यौदार्यस्थैर्यधैर्यशौर्यपराक्रमंसत्यकामसत्यसंकल्पकृतित्वकृतज्ञताद्य संख्ये कल्याणगुणगणौघमहार्णवः इति रामानुजमन्त्रार्थे पुनः भगवद्गुणदर्पणे ॥ ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः । भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः ॥ हेयप्रत्यनीकत्वाशेषत्वाभ्यां सहगुणाष्टकमिदम् । जगदुत्पत्त्यादिव्यापारेषु प्रधानकारणम् ॥ आश्रयणभजनोपयोगिनोऽन्ये गुणा वक्ष्यन्ते तत्र सत्यत्वज्ञानत्वानन्तत्त्वैकत्वविभुत्वामलत्वस्वातंत्र्यानन्दत्वादयो पुनः शरणरक्षक यथा दयाकृपानुकंपानृशंस्यवात्सल्यसौशील्यसौलभ्यकारुण्यक्षमागांभीर्यौदार्यस्थैर्यधैर्यचातुर्य कृतित्वकृतज्ञत्वमार्दवार्जवसौहार्द पुनः प्रेमवर्धक यथा ॥ सौन्दर्यमाधुर्यसौगन्ध्यसौकुमार्यौज्ज्वल्यलावण्याभिरूपकांतितारुण्यप्रभृतयः १६ जासु जिन श्रीरघुनाथजी की सत्यताते माया जो जड़ है सोऊ मोहकी सहायता ते सत्यइव भासत अर्थात् ईश्वर की सचाई ते कहे चैतन्यता ते जड़ मूढ़ माया भी चैतन्य देखात तहां जड़ झूंठेको नहीं कहत जडोऽज्ञ इत्यमरः

अस्यार्थः जडः अज्ञः द्वे अत्यंतमूढस्य यदुक्तम् इष्टं वानिष्टं वा सुखदुःखे वा नचेह यो मोहात् विन्दति परवशगः स भवेदिह जडसंज्ञकः पुरुषः इत्यमरविवेके मायामयपंच भूतनते देहादि जड़ तामें ईश्वरकी सत्ताहै ताको नहीं जानत मोहवशते देहव्यवहार सांचु मानेहैं १७ दोहार्थ ॥ कैसे सांचु मानेहैं यथा सीपीमें रजत नाम चांदी भासत अथवा भानुकर कहे सूर्यनकी किरणिनमें वारि नाम जल भासत तहां आपने स्थानपर चांदी जल सांचे हैं ताही सचाईते सीपी में चांदीकी प्रभा देखात तैसे रविकी किरणिन में जल की प्रभा देखात यद्यपि तीनिहूं कालमें वृथा है अर्थात् न पूर्व सांचु रहा न अबहै अरु न आगे सांचु होई परन्तु जो भ्रमहै सो कोऊ टारि नहीं सकत तहां सीपी में चांदीका प्रकाशमात्र है स्थूल सीपहीहै ताको चांदी मानना यही भ्रमहै तथा रविकिरणि में जलका प्रकाशमात्रहै स्थूल किरणिहीहै ताको जल मानना यही भ्रमहै तथा संसारमें ईश्वरका प्रकाशमात्रहै स्थूल पाञ्चभौतिक है यथा स्त्री पुत्रादि यावत् देहव्यवहार हैं ताहीको सांचा मानना यही भ्रम है यद्यपि देह व्यवहार तीनिहूं कालमें वृथाहै परन्तु देहव्यवहारमें जो सचाई की भ्रम कबहूं मिटत नहीं १८ ॥

U.W. Imp.

११७यहिविधिजगहरिआश्रितरहई।यदपिअसत्यदेतदुखअहई १९
ज्यों सपने शिर काटै कोई। बिनु जागे न दूरि दुख होई २०
जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई। गिरिजा स्वइ दयालु रघुराई २१
निगम
आदि अंत कोउ जासु न पावा।मतिअनुमाननिमगअसगावा२२
पग बिनु चलै सुनै बिनु काना। करबिनु कर्म करै विधि नाना २३
आननरहित सकल रसभोगी। बिनु बानी वक्ता बड़योगी २४
तनु बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहै घ्राण बिनु वास अशेखा २५
असमब भांति अलौकिक करणी। महिमा तासु जाय नहिं बरणी२६

दो० ज्यहि इमि गावहिं वेद बुध, जाहि धरहिं मुनि ध्यान ॥
सोइ दशरथसुत भक्तहित, कोशलपति भगवान २७

११७ यथा चांदी के आश्रित सीपी की सचाई यथा रविकिरणि में जल के आश्रित किरणिकी सचाई याही विधि हरिके आश्रित जगकी सचाई को सत्य माने ताहीमें भूला सब जीव पचत मरत यद्यपि देहव्यवहार असत्य है अर्थात् स्त्री पुत्रादिकनमें कछु सत्यता नहींहै परन्तु अपनपौ मानेते दुःख तौ

देतहै अर्थात् देहव्यवहार सुखकी वासनामें बँधा शुभाशुभ कर्म करत ताही में दुःख सुख भोगत १९ तहां असत्य वस्तु कैसे दुःख देत यह संदेहहै ता हेतु कहत कि ज्यों जा भांति सपने में किसी को शिर कोऊ काटै है ये प्रमाण देखाये अर्थात् अनेक भांति दुःख होतेहैं सो जबतक सोवनहार सोवताहै तबतक दुःख बनाहै यद्यपि स्वप्नको दुःख सत्य नहीं है परन्तु जबतक जागी न तबतक दुःख दूरि न होई यथार्थही देखिपरी इहां इन्द्रियविषय चाह परस्त्री आदि कामासक्तिरूप संध्या पाय ज्ञानरूप सूर्य अस्त भयो कामहानि ते क्रोध क्रोधते मोह भयो मोहतम पाय शास्त्रउपदेशादि दृष्टि लोप भई युवावस्था औंघाई चढ़ी बुद्धि चैतन्यता गई देहकी सचाई मानि ताहीमें सोइजाना है आत्मदृष्टि भूलि गई तामें लोक व्यवहारको सांचु माने सोई स्वप्न है आत्मरूप भूलिजाना सोई शिरको कटना है अनेकन योनिनमें जन्म लेना जरामरणादि दुःख प्रकट है सो जब आपनो रूप चीन्है सोई जागनाहै सो विना जागे संसार दुःख दूरि न होई अरु विना श्रीरघुनाथजीकी दया जागना दुर्घटहै जब प्रभुकी दया होइ तब जीव जागै २० पूर्व कहा ऐसा जो भ्रमहै अर्थात् मोहवशते जो बुद्धिकी भ्रम है सो जासु की कृपाते मिटिजात हे गिरिजा ! सोई दयाके स्थान श्रीरघुराई रघुवंश कुलमें राजाहैं कृपा भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ दया यथा ॥ दया दयावतां ज्ञेया स्वार्थस्तत्र न कारणम् ॥ तहां जो नेकहू जीव प्रभुकी सम्मुख होत तापै कृपा करि चैतन्य करिदेत दया करि निजदिशि लगाइलेत २१ जासु श्रीरघुनाथजीको रूप कब केहिते भयो नाम कब किसने धरा धाम कब किसने निर्माण किया लीला कबते प्रारंभ भई इत्यादि कब तक रहैंगे इति अंत सो आदि अंत संपूर्ण ताको प्राकृतते ब्रह्मापर्यंत आचार्य पुनः भाषाते वेदपर्यंत ग्रन्थ इत्यादि कोऊ जाकी थाह नहीं पावा अर्थात् मन वाणी दोऊ नहीं पहुँचत ताको कैसे कोऊ कहै सो जब किसी प्रकार प्रत्यक्ष नेत्रनते नहीं देखे पुनः प्रमाणभी नहीं सुने तब वेद मतिअनुमान बुद्धि विचारते अस गावत अर्थात् बखान नहीं करिसकत काहेते बखान करेते प्रसिद्ध अर्थ कहनेको परत सो विना समुझी बात कैसे कहैं अरु गानमें केवल भाव ते अर्थ दरशाय देत ताते वाकी मर्याद बनीरहत क्योंकि जो जैसा चहै सो तैसा समुझिलेइ सो वेद गानकरि भावते रघुनाथ जी को दरशावत सोई गान सुनि भाव देखि षट्शास्त्र आपनी आपनी समुझते वोभी गानकरि भाव दरशाये यथा भारतादौ टीकायां नीलकण्ठा-

चार्येण उक्तम् ॥ बाह्यः स्तेनाभिभाषी वहिरुदवासितं याति तर्कोऽप्रतिष्ठो मीमांसाप्रातिहार्यं भजति गुणगणं यस्य संख्यातिसांख्यः ॥ हृत्पीठे योगशुद्धे निहितमुपनिषद्वाहवृन्दैरलंवो भाग्यं श्रीलक्ष्मणार्यो जगति विजयते यस्य लेशाः शिवाद्याः २२ इन तीनि चौपाइनको अर्थ एकही में है क्या वेद गान करत तामें क्या भाव दरशावत यथा पगबिनु ऐसा गावत अर्थात् वाके पांव किसीने देखा नहीं परन्तु अनुमानते वाको चलना संभावित होत यह भाव देखावत अर्थात् उसीके प्रभावते सब चलत याते सूचित होत तथा वाके कान किसीने नहीं देखा परन्तु सुनना सूचित होता क्योंकि उसीके प्रभावते सब सुनतेहैं इति भाव दरशावत तथा वाके कर किसीने देखा नहीं अनुमानते अनेक विधिके कर्म करना सूचित होत क्योंकि वाहीके प्रभावते सब कर्म करत इति भाव दरशावत २३ मुख किसीने देखा नहीं अनुमान ते सब रसभोगी सूचित हो इति भाव कि वाके प्रभावते सबै जीव रस भोगत वाणी किसीने सुना नहीं अनुमानते बड़ा वक्ता अरु योगी सूचितहोता इति भाव दरशावत अर्थात् जाके प्रभाव ते अनेक वक्ता योगी होत २४ तनुबिनु ऐसा गावत अर्थात् वाको तनु किसीने देखा नहीं अनुमान ते सूचित होत कि स्पर्श करत तथा वाके नेत्र किसीने देखा नहीं अनुमानते सूचित होत कि देखता है यह भाव दरशावत अर्थात् जाके प्रभावते सबै स्पर्श करत सब देखत तथा घ्राण बिनु करिकै गावत अर्थात् वाकी नासिका किसीने देखा नहीं अनुमानते सूचित होत कि अशेष संपूर्ण वास सुगन्ध ग्रहण करत यह भाव दरशावत अर्थात् जाके प्रभावते सबै सुगंध ग्रहण करत यथा प्रजाके गुण देखि राजाके गुण अनुमान करै तथा श्रीरघुनाथजीको वेद अनुमान करि गावत यथा ॥ अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुःस शृणोत्यकर्णः । यो वेत्ति सर्वं नहि तस्य वेत्ता तमाहुराद्यं पुरुषं पुराणम् ॥ इत्यादि वेदने भाव दरशायो ताको हरिभक्त ऐसा अर्थ करत कि त्रिगुणात्म अहंकारते चराचर रचनाहै तहां सतोगुण अहङ्कारते इन्द्रियनके देवता हैं राजस अहङ्कारते इन्द्रिय हैं तामस अहङ्कारते इन्द्रियनकी विषय हैं ताते सबकी इन्द्रिय चैतन्य हैं इन सबको चैतन्यकर्ता जीवहै सो भगवत्अंश प्रकृति में मिलाहै ताके अंतर में अंतर्यामी रूपते श्रीरघुनाथजी प्रकाश किहहैं ताकी दिशि दृष्टि राखत तबतक जीव स्वयं प्रकाशमान रहत अरु जब प्रकृति की दिशि बाह्य दृष्टि करत तब इन्द्रियनकी विषयवश में परि जीव मंद ह्वैजात क्योंकि इन्द्रिय विषय सौभाविक तमरूपहैं इत्यादि इन्द्रिय जैसी सब जीवनकी हैं तैसी इन्द्रिय अर्थात् कान नेत्र रसना

हस्तपादादि श्रीरामरूप में नहीं हैं सर्वांग एकतत्त्व स्वयं प्रकाशरूप है सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ निरामयं निराभासं निरवद्यं निरञ्जनम्। नित्यानन्दं निराकारमद्वैतं तमसः परम्॥पुनःशिवस्मृतिः॥ पदश्रवणकराननवाणीत्वग्नयननासिकादीन्द्रियविषयाधीशैः विवर्जितो रामः साक्षात्परब्रह्मविग्रहः सच्चिदानन्दात्मकः स्वयम् इत्यादि प्रभुके पदकर्णादि विषय देवादि त्रिपुटीबद्ध नहीं हैं ताते विना पदादि चलनादि कहे पुनः ज्ञानी ऐसा अर्थ करते कि अन्तरात्मा पदादि अंगहीन है परन्तु उसीकी शक्ति ते चलनादि देहको व्यवहार होत ताते विना पदादि गमनादिक है पुनः विदुष ऐसा अर्थ करत कि आदि प्रकृति बिनुपद चलत बुद्धि कान विना सुनत त्रिगुणात्म अहंकार विना कर अनेक कर्म करत आकाश विना मुख भक्षण करत अर्थात् सब उसीमें समात जल बिनु रसना सब रस धारण करत पुनः व्योम वाणी बिनु वक्ता जामें सहजै शब्द होत पुनः योगी है सदा एकरस थिर रहत पुनः पवन तनु बिनु सबको स्पर्श करत पुनः अग्नि नेत्र बिनु देखत भाव जाकी प्रकाश में सब देखत पृथ्वी नासिका बिनु अनेक वास धारण करत इति विराट्रूप वर्णित है पुनः भगवत्क्रियापरायण ऐसा अर्थ करते हैं कि पूजित श्रीस्वरूप वर्णितहै भगवत्प्रतिमा में नरवत् पद नहीं पर चलतेहैं यथा साखीगोपाल चले आये भक्तमाल में प्रसिद्ध है नरवत् कान बिनु सुनत जगन्नाथजी में प्रार्थनाको उत्तर मिलत कर बिनु अनेक कर्म करत बालाजी अर्थी को मनोरथ पूर्ण करत मान पूजा न देइ तौ विघ्न करत विना मुख जगन्नाथजी भोगपदार्थ रस ग्रहण करत बिनु वाणी अनेक हुक्म करतेहैं पुनः नरवत् तनु त्वचादि विना स्पर्शत अर्थात् दक्षिणमें एक ठाकुर सबसों अंकभरि मिलते हैं प्रमाण यह कि लघु दीर्घजन सबके कांधेभरि होते हैं पुनः नरवत् नेत्र नहीं पर देखते हैं यथा जनार्दन में तस्मयी रींधते में चील्हमुखते छूटि सर्प गिरपरो सो वहां के वैष्णव तस्मयी नहीं खाये अभ्यागतन को परसि दिये तवते भगवान् हुक्म लगाये कि अब जो मेरे भोगकी तस्मयी यहां को कोई खायगो सो मरिजायगो अभ्यागत खायँगे तथा गंध भी ग्रहण करते हैं पुनः विषयी विमुखजन ऐसा अर्थ करत कि विषयानन्द वर्णित है यथा बिनुपद चलै स्वपद न चलै वाहनन पर चलै बिनु कान सुनै अर्जीआदि बांचिकै सुनै कर बिनु हुक्म ते दण्ड रक्षादि करै मुखरहित सर्वांगरस भोग करै यथा नेत्रनते नृत्यरंगरस भोगै श्रवणते गानतान रस भोगै तनुमें अर्गजादि फूलशय्या करसों कुचादि बिनु वाणी अर्जिनपर हुक्म लिखिदेवै दिव्यस्त्रियन

सों संयोगी रहै तनु बिनु दृष्टिमात्र अनेक स्त्रियनसों रासविलास मानसी भोग करै नेत्र बिनु नायब देवानादि द्वारा राजकाज देखै नासिका विना तनु वसन मंदिरादि सुगंधित राखै इति सर्वांगसुख जाको सोई भगवत् रूप वर्णितहै पुनः रामानुरागी कहते कि प्रेमा भक्ति वर्णित है अर्थात् जाके उरमें प्रभुको रूप आवत तब ऐसा प्रेमप्रवाह उमँगत तब वह बिनु पग को चलत यह सुधि नहीं कि मेरे पांव कहां परते हैं तथा सर्वांग की सुधि भूलिजाती है यथा नारदसूत्रे ॥ अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः सा कस्मै परमप्रेमरूपा अमृतस्वरूपा च यल्लब्ध्वा पुमान्सिद्धो भवत्यमृतो भवति तृप्तो भवति यत्प्राप्य न किञ्चिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साहो भवति २५ जस पूर्व कहि आये अस सब भांति ते अलौकिक करणी है जस लोकरचना में नहीं अर्थात् कारणते परे रूप नित्य अखण्ड एकरस जाकी अद्भुत लीला है पुनः अमित महिमाहै जो बरणी नहीं जात अर्थात् कोऊ कहिकै पार नहीं पावत वेदने गानकरि भावमें अद्भुत रूप दर्शायो २६ दोहार्थ ॥ ज्यहि रूपको यहि पूर्वविधि वेद पुनःबुध ब्रह्मादि गावतेहैं पुनः सनकादि मुनि जाको ध्यान धरते हैं सोई भगवान् षडैश्वर्ययुक्त यथा ॥ पोषणं भरणाधारं शरण्यं सर्वव्यापकम्। कारुण्यं षड्भिः पूर्णो रामस्तु भगवान् स्वयम् ॥ ऐसे स्वयं भगवान् ते भक्त मन्वादिकनके हित दशरथके पुत्र कोशलपति भये वेदने क्या गान कियो और यह उच्चारण कियो सोई परब्रह्मबोधक है तामें सगुण अगुण त्रिदेव चराचर की रचनाहै ताकी समग्र व्याख्या पूर्व ॥ विधि हरिहरमय वेद प्रानसे। अगुण अनूपम गुणनिधानसे ॥ यहि चौपाई में लिखिआयेहैं सोई ओंकार प्रणव जा प्रभुके रामनामते सिद्ध भयो ताहीते सब सिद्धिदायकहै या भांति अजमुखते वेदन पररूप श्रीरघुनाथजी को प्रकट दरशाय लोकन को उद्धार करत पुनः सोई वेद मूर्तिमान् अजते प्रकट ह्वै दशरथरूप ह्वै लोक प्रसिद्ध श्रीरघुनाथजी को प्रकट करि सहजै लोक जीवन को उद्धार करो तहां दशांगसहित वेद है याते दशरथ नाम है यथा चारि उपवेद ऋग् को आयुर्वेद वैदिकहै यजुः को धनुर्वेद बाणविद्याहै सामको गंधर्ववेद है अथर्वण को अर्थशास्त्र शिल्पविद्या पुनः षडंग यथा शिक्षा १ गृह्यसूत्र २ व्याकरण ३ निरुक्ति ४ छंदशास्त्र ५ ज्योतिष ६ इत्यादि पुनःतीनि शक्ति तीनिउ रानी हैं यथा ज्ञानशक्ति कौशल्या उपासनाशक्ति सुमित्रा क्रियाशक्ति कैकेयी यथा शिवसंहितायाम् ॥ आयुर्वेदो धनुर्वेदो गांधर्वो चार्थदर्शनम् । इतीमानि दशाङ्गानि रथनामानि यस्य सः १ ज्ञेयो दशरथो वेदः साध्यासाधनदर्शनः।

यज्ञेशो यज्वनां वंशो इक्ष्वाकूणां महात्मनाम् २ मर्यादापालनायैव लोकानां धर्मवृद्धये। राजात्मना वरीवर्त्ति शक्तित्रयसमन्वितः ३ त्रिकाण्डोखण्डरूपार्थे ब्रह्माण्डेशउपासकः। शब्दरूपेण विप्राणामस्येष निवसत्यसौ ४ क्रियाज्ञानन्तथोपास्तिरितिशक्तित्रयी।शितुः। एकैकबाहुविस्तारात्फलस्फालात्प्रमात्मिकाम् ५ तासां क्रियां तु कैकेयीं सुमित्रोपासनात्मिकाम्। ज्ञानशक्तिं च कौशल्यां वेदो दशरथो नृपः॥ पुनः जब परपुरुष दशरथात्मज ह्वै प्रकट भये तब वाल्मीकिरूप अजते सोई वेदवर्णात्मक रामायणरूप ह्वै प्रभुको गान करे यथा॥ वेदवेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात्मजे। वेदः प्राचेतसादासीत्साक्षाद्रामायणात्मनः॥ पुनः पुरीके जीव संग लैगे इति कोशलपाति है २७॥

११८ काशी मरत जंतु अवलोकी। जासु नामबल करौं विशोकी २८
सइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुवर सबउर अंतरयामी २९
विवशहु जासु नाम नर कहहीं। जन्मअनेकसँचितअघदहहीं ३०
सादर सुमिरण जे नर करहीं। भववारिधि गोपद इव तरहीं ३१
राम सो परमातमा भवानी। तहँभ्रमअतिअविहिततवबानी ३२
अस संशय आनत उर माहीं। ज्ञानविरागसकलगुणजाहीं ३३
सुनि शिवके भ्रमभंजन रचना। मिटिगइसकलकुतर्ककिरचना ३४
भइ रघुपतिपद प्रीति प्रतीती। दारुण असंभावना बीती ३५

११८ जाको वेद गावत ऐसा प्रणव जाते सिद्ध भयो तेहि रामनामको प्रसिद्ध प्रभाव शिवजी कहत यथा काशीजीमें मरत जंतु जीवमात्रको अवलोकि नाम देखिकै जासु श्रीरघुनानजी के श्रीरामनाम के बल विशोकी कहे मुक्त करतहौं अर्थात् मृतकसमय जीवनके दक्षिण कानमें श्रीरामनाम उपदेश करि देत ताते मुक्त ह्वै जात रामतापिन्याम्॥ काश्यां श्रीरामचन्द्रस्य जजाप वृषभध्वजः। मन्वन्तरसहस्रैस्तु जपहोमार्चनादिभिः॥ ततः प्रसन्नो भगवान् श्रीरामः प्राह शंकरम्। वृणीष्व यदभीष्टं तद्दास्यामि परमेश्वर॥ इति ततः सत्यानन्दचिदात्मा श्रीराममीश्वरं पप्रच्छेति स होवाच॥ माणिकर्णिकायांक्षेत्रे गङ्गायां वा तटे पुनः। म्रियते देहंजन्तोर्वै मुक्तिं नातः परंपरान्तरमिति २८ जाके नाममें ऐसा प्रभाव तेई चराचरके स्वामी सोई मेरे प्रभु रघुवर रघुवंश में श्रेष्ठरूप अवतीर्ण भये जे सबके उरमें अंतर्यामी रूप ते

बसेहैं २९ इहां संदेहहै कि गंगातट काशीक्षेत्र तामें शिवजीको उपदेश ता प्रभावते मुक्ति तौ केवल रामनामको प्रभाव कैसे भयो ताहेतु कहत कि नहीं बैठत उठत आलस्य जमुहाई आदि काहू भांति विवशौ ह्वै काहू काल कहौ जो श्रीरघुनाथजी को राम ऐसा नाम कहै कोऊ नर होइ ताके अनेकन जन्मके संचित कहे बटुरे अघ जो पाप ते दहही नाम भस्म ह्वैजाते हैं पद्मपुराणे॥ प्रमादादपि संपृष्टो यथानलकणो दहेत्। तथौष्ठपुटसंस्पृष्टं रामनाम दहेदघम्॥ विष्णुपुराणे ॥ अवशेनापि यन्नाम्नि कीर्तिते सर्वपातकैः। पुमान्विमुच्यते सद्यस्सिंहत्रस्तमृगैरिव ॥ इत्यादि तौ वेसुधिमें कहै ताको है ३० अरु जे जन आदरसहित प्रेमते श्रीरामनाम को सुमिरण करतेहैं ते तौ भवसागरको गाई के पदसम तरिजातेहैं भाव उनको नेकहू परिश्रम नहीं स्वाभाविक श्रीराम पदको प्राप्त होते हैं वाराहपुराणे ॥ दैवाच्छूकरशावकेन निहतो म्लेच्छो जराजर्जरो हा रामेति हतोस्मि भूमिपतितो जल्पंस्तनुं त्यक्तवान्। तीर्णो गोष्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नः प्रभावात्पुनः किंचित्रं यदि रामनामरसिकास्ते यान्ति रामास्पदम् ३१ जिनके नाममें ऐसा प्रभावहै सोई रामरूप द्विभुज धनुर्धारी दशरथनन्दन आत्मके प्रकाशकर्ता परमात्मरूपहैं यथा रामोपनिषदि॥ राम एव परब्रह्म राम एव परंतपः। राम एव परं तत्त्वं श्रीरामो ब्रह्मतारकम्॥ ऐसा वेद पुराण प्रसिद्ध गावत हे भवानी! तहां ता रामरूपमें तुम्हारे भ्रम यह तुम्हारी वाणी अविहितहै वेद पुराणनमें वर्तमान नहीं है भाव किसी में ऐसी वाणी नहीं हैं जो रामरूपमें भ्रम आवै ३२ दशरथनंदन परब्रह्म नहीं हैं राजकुमारही हैं ऐसी संशय उरमें आनतही ऐसा अज्ञान उदय होत जा प्रभावते ज्ञान वैराग्य विचार विवेकादि सकल गुण जातरहैंगे नरकको पात्र होइगो ३३ भ्रम कहे मिथ्याबुद्धि यथा॥ भ्रान्तिर्मिथ्यामतिर्भ्रम इत्यमरः॥ हे भरद्वाज! भ्रमको भंजन नाशकर्ता ऐसे विज्ञान भक्तिमय शिवजीके वचन सुनि पार्वतीके उरमें यावत् कुतर्ककी रचना रहै अर्थात् श्रीरामरूपमें मानुषभाव मानना ताहूमें अज्ञानी कामासक्त इत्यादि सब मिटिजाती भई शुद्ध परब्रह्म रामरूप देखिपरो ३४ दोहार्थ ॥ जब परब्रह्मरूप की प्रतीति आई तब रघुपति के पदकमल में प्रीति भई प्रीति को क्या स्वरूप है अहङ्कार मन चित्त बुद्धिद्वारा सब विषय अनुकूल ह्वै जेहि रसको अत्यंत भोगी ह्वै सर्वांग परिपूर्ण ह्वै जाइ सो प्रीति है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यंतभोग्यता बुद्धिरानुकूल्यादिशालिनी। परिपूर्णस्वरूपा या सा स्यात् प्रीतिरनुत्तमा ॥ इत्यादि प्रीति भयेते गिरिजाके मनमें जो दारुण कठिन असंभावना अर्थात् जो

आपको मुख अमल पूर्णचंद्र है ताते जो वाणी प्रकट होती सो शशिकर कहे चंद्रकिरणि समानहै ताको सुनिकै मेरे मनमें जो मोहरूप शरद् ऋतु को आतप अर्थात् कुँवारमास को तीक्ष्ण घाम भाव रामरूपमें जो तर्कणा भारी रहै सो मिटिगयो उहां शशिकिरणि में अमृत को प्रभाव इहां वचनन में रामतत्त्वरूप अमृतके प्रभावते हृदय शीतल भयो २ कृपा यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ इत्यादि जीवमात्रके रक्षा करने को आप समर्थ हौ ऐसे सर्वोकृपालु आपने सब संशय हरि लीन्हेउ ताते शुद्ध सच्चिदानंद परब्रह्म परि श्रीरामस्वरूप मोहिं जानि परेउ ३ हे नाथ ! दुःखित देखि आप मेरी रक्षा कीन्ही इत्यादि आपकी कृपाते अब मेरो मानसी विषाद गयो मनको खँभार मिट्यो हे प्रभु! आपके वचननके प्रसादते सुखी भइउँ प्रसादः प्रसन्नताद्वयं नैर्मलस्येत्यमरविवेके अर्थात् वचननकी निर्मलताते मोहतम जात रहेउ अब उर में प्रकाश भयो ताते सुखी भइउँ ४ कथा सुनिबे हेतु निज दूषण निवारि अधिकारी है निःसंदेह प्रश्न यथा यद्यपि नारि सामान्य स्त्री सहज हीमें जड़ होति यथा जडोऽज्ञइत्यमरः अस्यार्थः जडःअज्ञः द्वे अत्यन्तमूढस्य यदुक्तम् ॥ इष्टं वानिष्टं वा सुखदुःखे वा नचेह यो मोहात् । विन्दति परवशगः स भवेदिह जडसंज्ञकः ॥ इत्यादि जड़ता स्वभावते अज्ञान होत तथापि आप ऐसे समर्थ कि मैं दासी हौं यह उत्तमताते अधिकारीहौं ताते अब मोहिं आपनी किंकरी दासी जानि अनुग्रह करौ ५ हे प्रभु! दासी जानि जो मोपर प्रसन्न होहु अर्थात् दयादृष्टि किहेहोउ तौ जो बात मैं प्रथमैं पूछा सोई कहहु ताको प्रसिद्ध करि आगे कहत ६ राम कहे जामें चराचर रमत अथवा जामें योगीजन रमत सो राम यथा महारामायणे ॥ रामनाम परब्रह्म रमितो यच्चराचरे । रमते मुनयो यस्मिन् योगिनश्चोर्ध्वरेतसः ॥ ऐसे राम ब्रह्म चिन्मय प्राकृतरहित केवल चैतन्यमय स्वरूप अविनाशी अखंड सदा एकरसस्वरूप पुनः अन्तर्यामीरूप ते सबके उररूप पुरमें बसे हैं पुनः सर्वरहित यदपि देहमें हैं परन्तु देहको गुण वामें छुइ नहीं जात यथा जल में कमलदल ७ पूर्वविधि अमलरूप श्रीरघुनाथजी सोई नरतनु केहिहेतु धरे नर कहे पाञ्चभौतिक तनु यथा ॥ पृथिव्यादिमहाभूतैर्जन्यते प्रादुर्भवतीति पुरुषः नरः इत्यमरविवेके अर्थात् दिव्यरूप ते प्राकृत रूप कौने हेतु धरेउ हे नाथ ! यह हेतु मोहिं समुझाइकै कहौ काहेते आप वृषकेतु धर्मके पताकाहौ भाव दया करि सत्य वचन दान करौ सोई समुझावने हेतु श्रीराम

अवतारमें कई हेतु देखावैंगे क्योंकि साकेतविहारी तो नराकारही हैं सो तौ पूर्वही रूपते मनुके हेतु प्रकट भये अरु सोई लीला नवीन करनेहेतु जब नारायणादि रामरूप धरे तब चतुर्भुजते द्विभुज भये इत्यादि संधि है सो आगे कहैंगे या हेतु इस प्रश्नको अंगीकार किया ८ दासी जानि दया करो इत्यादि परम विनीत अत्यन्त साधुरीति के वचन उमाके सुनि पुनः उरके बिषे श्रीरामकथा सुनिबे पर पुनीत नाम पवित्र प्रेमहै वासनाहीन ९ दोहार्थ ॥ पार्वतीका समग्र अभिप्राय जानिलिये काहेते शंकर सहजही में सुजान हैं क्या जानें कि परोपकार हेतु प्रश्न है यह जानि तब कामारि हृदय में हर्षे कामके शत्रु अकाम हैं ताते अकाम प्रश्न जानि हर्षे ताते बहुत विधिते उमा की प्रशंसा करि पुनः कृपानिधान शिवजी बोलते भये परस्वार्थी उत्तम प्रश्नकर्ता प्रशंसायोग्य होत १० सोरठार्थ ॥ अर्द्धांगीसूचक वचन शिवजी बोले हे भवानि ! शुभ मंगलमय श्रीराम कथा सुनु सावधान ह्वैकै कैसी कथा श्रीरामचरितमानस विमल कथा जाको श्रीकाकभुशुण्डजी ने बखानिकै विस्तारपूर्वक कहा सो विहंगन के नायक पक्षिराज गरुड़जीने सुना इहां भुशुण्ड को कहा तौ पूर्वही ठहराये अरु रचि महेश निज मानस राखी सो कौनहै तहां भुशुण्ड उपासनादेश लैकै कहे अरु महेश ज्ञानदेशमें रचा इतना फर्क है अरु कथा तौ एकही है ११ भुशुण्ड गरुड़जीको जो संवाद सो उदार है उदारता क्या चीज है तहां पात्र अपात्र देश काल न विचारै याचकमात्र को इच्छापूर्वक दान देना सो उदारता है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात्। वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः॥ सो काहेते उदार कहे भुशुण्डके वचननमें भक्तिपक्षहै सो भक्ति नीच ऊंच म्लेच्छ चांडालादि सबको उद्धार करनहारीहै यथा गीतायाम्॥ क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति। कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति १ मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः। स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम् ॥ इत्यादि उदारहै सो संवाद जा विधिते ज्यहि समय भयो सो तौ हाल आगे कहब अब श्रीरामअवतारको चरित सुनौ जो परमसुंदर सर्वांग सुठौर अनघ पापरहित जामें सिवाय सुखके दुःख किसीको नहीं १२ हरिर्हरति पापानि पाप हरनेवाले हरि श्रीरघुनाथजी तिनके गुण जो उदारता सौशील्यता कृपा दया वात्सल्यतादिते अपार नामहैं भाव गुणते नाम प्रसिद्ध हैं वा गुण अरु नाम दोऊ अपारहैं पुनः रूप अमितहैं अरु कथा अमितहैं भाव रूप कोऊ गानि नहीं सकत अरु

कथाकी इति नहीं पावत इत्यादि समुझ तामें ते निजमति अपनी बुद्धिके अनुसार अर्थात् जो मेरी समुझमें आवत सो कहतहौं ताको हे उमा! आदरसहित मन श्रवण लगाय सुनौ १३ ॥

१२०सुनुगिरिजाहरिचरितसुहाये।विपुलविशदनिगमागम गाये १४
हरि अवतार हेतु ज्यहि होई। इदमित्थं कहि जात न सोई १५
राम अतर्क बुद्धि मन बानी। मत हमार अस सुनहु भवानी १६
तदपि संत मुनि वेद पुराना। जसकछुकहैंस्वमतिअनुमाना १७
तस मैं सुमुखि सुनावौं तोहीं। समुझि परे जस कारण मोहीं १८
जब जब होइ धर्मकी हानी। बाढ़हिंअसुर अधमअभिमानी १९
करहिं अनीति जाइ नहिं बरणी। सीदहिं विप्र धेनु सुर धरणी २०
तबतब प्रभु धरि विविध शरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जनपीरा २१
दो० असुर मारि थापहिं सुरन, राखहिं निज श्रुतिसेतु ॥
जगविस्तारहिं विशद यश, रामजन्मकर हेतु २२

१२० हे गिरिजा! हरिके चरित सुहाये नाम सुंदर तिनको सुनु नाम रूप लीला धाम यश कीर्ति प्रताप गुण ऐश्वर्य माधुर्यादि सबको वर्णन ताको चरित कही ते विशद नाम उज्ज्वल विपुल नाम बहुतहैं ऐसा निगम जो वेद आगम शास्त्रादि गाये हैं १४ जौने हेतु हरिको अवतार होत यथा भानुप्रतापहेतु साकेतविहारी मनुकी तपस्या करिकै जय विजयहेतु विष्णु स्वइच्छा करिकै जलंधर हेतु विष्णु वृंदा के शाप करिकै शिवगण हेतु क्षीरशायी नारद शाप करिकै इत्यादि जो हेतुहैं सो कहत कि इदमित्थं इदं कहे यह पुनः अनेन प्रकारेण इत्थं अर्थात् यह यही प्रकार करिकै भयो यथा साकेतविहारीको अवतार भानुप्रताप रावणवधहेतु मनुकी तपस्यै करिकै भयो इत्यादि हेतु सोई निश्चय करिकै किसी आचार्य को कहा नहीं कहिजात क्योंकि इसी अवतारमें किशोरीजीकी प्रार्थना प्रथमही है पुनः धर्मस्थापनादि अनेकन हेतु मिलत १५ हे भवानी! सुनौ ऐसा हमारो मतहै कि साकेतविहारी श्रीरामरूप अतर्क है तहां तर्क जो है न्यायशास्त्र सो वस्तुके निश्चय ज्ञान हेतु न्यायशास्त्रमें सोलह पदार्थहैं सो सबकी व्याख्या कहे ग्रन्थ बढ़ी ताते एक कहतहौं प्रथम पदार्थको नाम प्रमाणहै सो चारिभांति प्रतिक्षाप्रमाण अनुमानप्रमाण उपमानप्रमाण शब्दप्रमाण तहां प्रत्यक्ष नेत्रन देखि अनु-

मान मनते करि उपमान बुद्धिते विचारि शब्द वाणीते निश्चय करि कहैं इत्यादिते रामरूप नहीं जानिजात प्रत्यक्ष यथा ॥ राजसमाज विराजत रूरे ॥ पुनः ॥ जिनके रही भावना जैसी । प्रभु मूरति देखी तिन तैसी ॥ तौ कहा थाह मिली अनुमान यथा ॥ ब्रह्म जो निगम नेतिकहि गावा । उभय वेष धरिकै सोइ आवा ॥ पुनः ॥ वीरविहीन मही मैं जानी । तौ कहा थाह पाये उपमान यथा ॥ मरुत कोटिशत विपुलबल, रवि शतकोटि प्रकास । शशिशतकोटि सुशीतल, शमन सकल भवत्रास ॥ तौ कहा थाह शब्द यथा ॥ सुनहु तात तुमकहँ मुनि कहहीं । राम चराचरनायक अहहीं ॥ पुनः सुठि सुकुमार कुमार द्वउ इत्यादि श्रीरामरूप तर्क में नहीं आवत १६ यद्यपि थाह कोऊ नहीं पावत तदपि संत काकभुशुण्डि आदि मुनि वाल्मीक्यादि वेदके आचार्य ब्रह्मा पुराणनके आचार्य व्यासादि ते स्वमति आपनी मतिकी अनुमान यथा ॥ खरदूषण म्वहिं सम बलवन्ता । तिनहिं को मारै बिनु भगवंता ॥ हैं दशशीश मनुज रघुनायक । जाके हनूमानसे पायक ॥ या भांति जस कुछ जाकी बुद्धिमें बैठि गयो सो तैसा कहत १७ तथा श्रीरामअवतार में जस कुछ कारण मोहिं समुझि पड़ैगो तैसा हे सुमुखि ! मैंभी तोहिं सुनावौंगो तहां निज मतते अतर्क कहि आये अब याज्ञवल्क्यको सम्मत सहितहै १८ सत्य शौच दया दानादि जो धर्म ताकी जब जब हानि भई धर्मात्मा थोरे रहे अरु असत्य अपावनता कठोरतादि अधर्मकी प्रचार भई ताते असुर दैत्य तीक्ष्ण स्वभाववाले पुनः अधम कुमार्गी पुनः अभिमानी जिनके उरमें राज धन बलादि को मानहै ऐसे जन बाढ़ते भये १९ जब दुष्ट बाढ़े तब ऐसी अनीति करने लगे जो बरणी नहीं जात अर्थात् जुवा चोरी हिंसा परस्त्री परहानि आदि सहसा कर्म ताते विप्रादि सीदहिं नाम दुःखित होहिं गाई ब्राह्मण अनादरते देवता यज्ञादि हानिते भूमि पापभारते २० इत्यादि जब जब उपद्रव होत तब तब कृपानिधि भाव भूतमात्रकी रक्षा करते यही कृपा है भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ ऐसे कृपानिधि कृपारस भरे प्रभु विविध भांति के रूप धरि सज्जननके दुःख नाशत यामें सब अवतारनको हेतु कहे तामें चारि भेद होत यथार्थपञ्चके ॥ मुख्यास्तु रामकृष्णाद्या दीपादुत्पन्नदीपवत् । शक्त्यावताराः बुद्धाद्या आवेशोपि द्विधा मतः ॥ शुद्धजीवप्रवेशेन शुद्धेतिव्यपदिश्यते । अशुद्धेषु तथा चान्ये व्यपदेशः कथ्यते बुधैः ॥ शुद्धा व्यासादयः प्रोक्ता भार्गवाद्यास्तथेतराः । ब्रह्मेशकपिलाद्यास्तु गौणाश्चापि प्रकी-

र्तिताः ॥ इत्यादि जैसा कारण परो ता अनुकूल रूप धरि सज्जनन को क्लेश हरत २१ दोहार्थ ॥ अब केवल रामजन्मको हेतु कहत असुरनको मारि सुरनको थापहिं सुष्ठु रान्तीति सुराः सुन्दर धर्मनीति प्रकाश करैं सो सुर ताके विपरीत अधर्म अनीति प्रकाशैं सो असुर रावणादिकन को मारि पृथ्वी को भार उतारि पुनः सुरनको थापहिं अभय करि वसावहिं पुनः भवसिंधु पार जाबे हेतु निजरचित श्रुतिरूप सेतु अर्थात् वेदधर्म ताको राखहिं भाव वेदविधि स्वधर्म पर सबको आरूढ़ करैं ताते सवजन सुखी रहैं यथा ॥ वर्णाश्रम निजनिज धरम, निरत वेदपथ लोग । चलहिं सदा पावहिं सुखहि, नहिं भय शोक न रोग ॥ इति वर्तमान जीवन पर कृपा अब भविष्य जीवन को उद्धारहेतु कहत कि जगत्विषे विशद उज्ज्वल यशको विस्तार करहिं सो भव तरनेको जहाजहै इत्यादि श्रीरामजन्मके मुख्य हेतुहैं तिनमें औरी बातैं भूभारउतारणादि तौ औरहू अवतारनमें हैं परंतु उज्ज्वल यश रामै अवतारमें है यथा मच्छ कच्छ वाराहमें यश थोरा स्वरूपता सामान्य निषिद्ध कुलमें नृसिंह भयंकर जिनको सक्रोधित देखि देवता सन्मुख न जाइसके वामन स्वरूपताहीन छली याचक परशुराम अकारण क्रोधी कृष्णमें अधीरता छलादि बौद्ध वेदनिंदक इत्यादि सबके यशमें दागुहै अरु श्रीरघुनाथजी उत्तम रघुकुल मनमोहनरूप धर्मधुरीण वीर सुशील उदार सौलभ्य शरणपाल करुणा दयादि अनेक उत्तम गुणनसहित सबते उत्तम अमल यश करे यश काको कही यथा ॥ होत जु अस्तुति दानते, कीरति कहिये सोइ । होत बाहुबलते सुयश, धर्मनीति सह होइ ॥ यथा वाल्मीकीये ॥ सत्येन लोकान् जयति दीनान्दानेन राघवः । गुरूञ्छुश्रूषया वीरो धनुषा युधि शात्रवान् १ सत्यं दानन्दतपस्त्यागो मित्रता शौचमार्जवम् । विद्या च गुरुशुश्रूषा ध्रुवाण्येतानि राघवे ॥ पुनः भागवते ॥ यस्यामलं नृपसदस्सु यशोऽधुनापि गायन्त्यघघ्नमृषयो दिगभेदपट्टम् । तन्नाकपालवसुपालकिरीटजुष्टं पादाम्बुजं रघुपतेः शरणं प्रपद्ये ॥ हनुमन्नाटके ॥ महाराज श्रीमन् जगति यशसा ते धवलिते पयःपारावारं परमपुरुषोऽयं मृगयते । कपर्दी कैलासं कुलिशभृद्भौमं करिवरं कलानाथं राहुः कमलभवनो हंसमधुना २२ ॥

१२१ सोइयशगायभक्तभवतरहीं । कृपासिंधुजनहित तनुधरहीं २३
राम जन्मके हेतु अनेका । परम विचित्र एकते एका २४
जन्म एक दुइ कहौं बखानी । सावधानसुनुसुमुखिसयानी २५

१२१ सोई श्रीरघुनाथजी को उज्ज्वल यश वाल्मीक्यादि विरचित ताको गानकरि भक्तजन भवसागर तरते हैं इत्यादि कृपाके भरे समुद्र जनन के रक्षा हित तनु धारण करते हैं नरवत् लीला करते हैं २३ अब अनेक अवतारन की संकीर्णता वर्णन करतेहैं तहां आदिमें मनु महाराजके द्वारा साकेतविहारी अवतीर्ण भये सो जैसी लीला करे सोई लीला नवीन करने हेतु नारायणादि अनेकन बार रामरूप ह्वै सोई लीला करे सो अनादि कालते अनंत बार होत आयो तिनको कहांतक कहैं तिनकी संकीर्णता में कहत कि श्रीरामजन्म के अनेक हेतुहैं तिनमें एकते एक परम विचित्र हैं किसीकी समुझ में नहीं आवत तिनको कहांतक कहौं २४ तिन अनेकनते एक दुइ जन्म बखानकरि कहौं ताते हे सुमुखि ! तुम सयानीहौ सावधान ह्वै इन्द्रिय मनादि खैंचि श्रवणद्वार बुद्धि मेरे वचन के सन्मुख राखु या भांति सुनु जो पूर्व कहे कि परमविचित्र हैं सो विचित्रता क्या है तहां साकेतविहारी परात्पर रूप हैं जिनकी इच्छाते त्रिदेव चतुर्व्यूहादि जगदुत्पत्ति पालन लयादि करि रहे अरु आप सदा स्वतन्त्र एकरस अविचलरूप हैं अरु लोकपालनहेतु क्षीरशायी वा वैकुंठवासी आदि हैं ताते भूमिसुर साधु देवादि रक्षाहेतु अवतार लेना चतुर्भुजै रूपको अधिकारहै इत्यादि लोकको प्रयोजन ये स्वाभाविक करतेहैं तौ साकेतविहारीको अवतीर्ण होनेका कुछ प्रयोजन नहीं काहे ते कार्य करनेवाला सदा स्वतंत्र नहीं रहत अरु प्रभु तौ सदा स्वतंत्रहैं यथा अध्यात्मे ॥ रामो न गच्छति न तिष्ठति नानुशोचत्याकांक्षते त्यजति नो न करोति किञ्चित् । आनन्दमूर्तिरचलः परिणामहीनो मायागुणाननुगतो हि तथा विभाति ॥ तिनको अवतीर्ण होनेको यह कारण है कि मायामें आसक्त दुःखी जननको देखि किशोरीजी के दया आई सो प्रभुसों प्रार्थना कीन्ही कि हे प्रभु ! प्रकृतिमंडल में सुलभ रीति ते प्रकट ह्वै नरवत् लीला करि जीवन को उद्धार करौ यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ स्वलीनान्मूर्च्छितान् जीवान् शून्यान्स्वाभीष्टसाधनैः । दृष्ट्वा मूलाख्यया देव्या प्रकृत्या प्रार्थितः प्रभुः ॥ इत्यादि प्रभु अंगीकार करे तब मनुको प्रेरणा कीने तिन प्रथम तौ अयोध्यापुरी प्रभुसों मांगि स्थापित कीन्हे पीछे महातप करि पुत्र करि प्राप्ति मांगे इत्यादि हेतुहैं तहां साकेतविहारी द्विभुज तौ सदैव हैं परन्तु लोकसुलभता हेतु ऐश्वर्य गुप्त करि माधुर्य नरवत् प्रकट रहे अरु पूर्वही प्रतापी सखा को पठाये सोई भानुप्रताप ह्वै पुनः रावण भयो इत्यादि कल्प में पूर्व अवतार है तिनको नाम रूप लीला धाम चारिहू सच्चिदानन्दविग्रह नित्य हैं वशिष्ठसंहितायाम् ॥

रामस्य नाम रूपं च लीला धाम परात्परम् । एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम् ॥ इनहिनके द्वारा जीवनको उद्धार होत कोऊ नाम जपि कोऊ धाम वास करि कोऊ स्वरूपको पूजा ध्यान करि कोऊ धनुर्यज्ञ विजयदशमी आदि लीला करि अनेकन जीव कृतार्थ होते हैं ताते लीलादि सदैव लोकमें परिपूर्ण हैं देखिये तीर्थ नगर ग्रामादिकनमें ठौर ठौर अनेकन लीला होतीहैं तहां प्राकृत बालकन को स्वरूप निर्माण करि पुनः शून्यभूमि में धाम यथा अयोध्या मिथिलादि निर्माण करते हैं पुनः रामायणरीति लीला करते तामें सज्जनन के अश्रु रोमांचादि प्रेमावेश ह्वै जाता है ताते जो लीला सो सांची न होती तौ प्रेमानंद न होता काहेते नकली फलन में स्वाद नहीं होता या भांति लीला सत्य है पुनः राम ऐसो नाम किसी रूपमें होय काहू कारण ते कोऊ उच्चारण करै वाको परिपूर्ण फल प्राप्त होयगो यथा वाराहपुराणे ॥ दैवाच्छूकरशावकेन निहतो म्लेच्छो जराजर्जरो हा रामेति हतोस्मि भूमिपतितो जल्पंस्तनुं त्यक्तवान् । तीर्णो गोष्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नः प्रभावात्पुनः किंचित्रं यदि रामनामरसिकास्ते यान्ति रामास्पदम् ॥ इति नाम सत्य पुनः रूप पाषाणादि प्रतिमामें प्रभु समग्र फलदायक रंगनाथ बालाजी जगन्नाथादि अनेक प्रसिद्ध हैं तथा बालकन में भी प्रतिष्ठा कीन्हे लीलासमय सब रामैरूप करि माने फल पावत अर्थात् उसीमें प्रभुका आवेश आवत यथा परशुराम में प्रभुका आवेश रहा अब विचारिये जो अयोध्याजी में नारायणादि जब रामरूप धारण कीन्हे तौ धाम वही नाम वही जन्म विवाहादि लीला वही केवल रूप साकेतविहारी नहीं सो जो पाषाणते रूपकी सत्यता प्राकृत बालकनमें सत्यता तौ नारायणादि तौ प्रभुकी दूसरी विग्रहै हैं या भांति बालक धनुर्धारी ह्वै श्रीरामलीला करते हैं तथा विष्णु भी धनुर्धारी ह्वै श्रीरामलीला करते हैं यथा बालकन में देहव्यवहार वर्तमान रहत परन्तु मानते सब रामैरूप करिकै तथा विष्णवादिकन के रूप को व्यवहार जो लीलामें देखाय ताको न विचारिये केवल रामरूप करि मानना चाहिये काहेते उसी रूप में प्रभुकी आवेशाशक्ति रहत ताते काहू रूप करिकै होवै लीला यह साकेतविहारिही की मानना चाहिये तहां जब धर्म लोप भयो अधर्मके प्रचार ते श्रीरामयश निर्मूल होनलगो तब प्रभुकी प्रेरणा ते चतुर्भुजादि द्विभुज धनुर्धारी रूप धरि पुनः लीला नवीन करिदिये तिनकी मिति नहीं असंख्य अवतार भये तिनको कौन जानि सक्ताहै तिनमें ते एक दुइ अर्थात् तीनिजन्म के हेतु लोकमें प्रसिद्ध हैं तिनको कहत हौं तहां एकजन्म

क्षीरशायी धनुर्धारी ह्वै श्रीरामलीला प्रकट करे अरु द्वै जन्म वैकुण्ठवासी धनुर्धारी ह्वै श्रीरामलीला करे तहां एकमें जय विजयहेतु दूसरे में वृंदाका शाप हेतु तहां जलंधर रावण भयो अरु क्षीरशायी को नारद शाप दियो तहां शिवगण रावण भयो इत्यादि विचित्रता है सोई किसी की समुझमें नहीं आवत ताते चतुर्भुजादि को प्रसंग देखि अनेक शंका करत २५॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामावतार-
सूक्ष्महेतुवर्णनंनाम द्वाविंशः प्रकाशः २२॥

१२२ द्वारपाल हरिके प्रिय दोऊ। जय अरु विजय जान सबकोऊ१
विप्र शापते दोनों भाई। तामस असुरदेह तिन पाई २
कनककशिपु अरु हाटकलोचन। जगतविदित सुरपतिमदमोचन३
विजयी समरवीर विख्याता। धरि वराहवपु एक निपाता ४
ह्वै नरहरि दूसर पुनि मारा। जन प्रह्लाद सुयश विस्तारा ५
दो० भये निशाचर जाय ते, महावीर बलवान॥
कुम्भकरण रावण सुभट, सुरविजयी जग जान ६

१२२ अब विष्णु के अवतार को हेतु कहत वैकुंठलोक के पश्चिमद्वार के द्वारपाल हरिके प्रियसेवक दोऊ जय अरु विजय नाम हैं ऐसा सबकोऊ जानत है याते यह हेतु प्रसिद्ध कहवे योग्य है १ ते विप्र सनकादि के शापते दोनों भाई एकमाता ते एकसंग गर्भते तामसी तमोगुणी असुर दैत्यदेह तिन पाई यामें संदेह है कि हरिके प्रिय मुक्तरूप ते कैसे असुर भये पुनः सनकादि तत्त्ववेत्ता ह्वै मुक्तरूपनको कैसे शाप दिये इहां लीलाहेतु हरिकी इच्छाते सब भयो अरु जब भगवान् प्रकृतिमंडल में आये तौ पार्षदन के आवने में क्या अनुचित पुनः वैकुंठमें एक प्रकृतिखण्ड है तहांके पार्षद प्रयोजनहेतु लोक में आवत कार्यान्त चले जात पुनः लक्ष्मीखण्ड अरु विष्णुखण्ड के पार्षद कहीं दूजी देह नहीं धरत स्वयंदेह ते चहैं जायँ २ कनककशिपु कनकपर्याय हिरण्यकशिपु पुनः हाटकपर्याय हिरण्य लोचन पर्याय अक्ष हिरण्याक्ष जय हिरण्याक्ष भयो विजय हिरण्यकशिपु है ते दोऊ जगतमें विदित हैं जे सुरपति इन्द्र को मद मोचन कहे छोड़ावनेवाले ३ कैसे विदित हैं समरमें विजयी संग्राम में शत्रुको जीतनेवाले ऐसे लोक-

विख्यात नाम जाहिर वीरतामें एक जो पृथ्वी पातालको हरिलैगयो ताको वाराह वपु कहे देह धरि भगवान् हिरण्याक्षको निपाता नाम मारा ४ होइ नरहरि खम्भ फोरि नृसिंहरूप ह्वैके दूसर जो हिरण्यकशिपु ताको मारा त्यहिद्वारा निजजन प्रह्लाद के सुन्दर यशको विस्तारे लोक में फैलाये ५ दोहार्थ ॥ ते दोउ पुनः निशाचर जाय भये तामें कुम्भकर्ण तौ बलवान् पुनः रावण महावीर कैसे सुभट जे सुरविजयी देवतनको समर में जीतनेवाले ऐसा सब जग जानत हैं ६ ॥

१२३ मुक्त न भये हते भगवाना । तीनिजन्म द्विजवचन प्रमाना ७
एकबार तिनके हितलागी । धर्‌यो शरीर भक्तअनुरागी ८
कश्यप अदिति तहां पितु माता । दशरथ कौशल्या विख्याता ९
एक कल्प यहि विधि अवतारा । चरित पवित्र किये संसारा १०
एक कल्प सुर देखि दुखारे । समर जलंधर ते सब हारे ११
शंभु कीन्ह संग्राम अपारा । दनुज महाबल मरै न मारा १२
परमसती असुराधिप नारी । त्यहिबल ताहि न जीतपुरारी १३
दो० छलकरि टार्‌यो तासुव्रत, प्रभु सुरकारज कीन्ह ॥
जबत्यहिंजान्योमरम सोइ, शाप क्रोधकरि दीन्ह १४

१२३ इनको मुक्त होना चाहिये सो भगवान् के मारे पर भी मुक्त न भये तौ तौ पुनः राक्षस भये ता हेतु कहत कि तीनि जन्म राक्षस होने को सनकादिक शाप दियेरहैं सो ऐसे ब्रह्मण्यदेव हैं जो द्विजवचन को प्रमाण कीन्ह आपनी रीति त्यागि दिये ७ तेई जय विजय जब दूसरे जन्ममें रावण कुम्भकर्ण भये तिनके हित तिनके उद्धारहेतु एकबार शरीर धरेउ अर्थात् द्विभुज धनुर्धारीरूप धारण करे क्योंकि भक्त अनुरागी हैं भक्त जय विजय तिनपर अनुराग है ताते राक्षसीजन्म पापते उद्धार किये अथवा भक्त अनुरागी श्रीरघुनाथजी तिनको शरीर विष्णु भगवान् धरे रावणादि वधहित काहेते लोकन को दुःखदायक जानि ८ जहां चतुर्भुज द्विभुज भये तहां कश्यप मुनि अदिति उनकी पत्नी जो देवनकी माता तेई माता पिताहैं अर्थात् ये तप करि विष्णु भगवान् ते वरदान मांगि लियो कि अवतार हमारे द्वारा होइ ताते दशरथ कौशल्यारूप अयोध्या में प्रसिद्ध भये ९ एक कल्प में यहि विधिते अवतार चतुर्भुज द्विभुज ह्वै संसारमें पवित्र चरित किये अथवा

चरितद्वारा पाप हरि संसारको पवित्र किये १० एककल्प में जलंधर नाम दैत्य भयो तेहिते समर करि इंद्रादि हारि गये ते शिवजीते पुकार कीन्हे इत्यादि सुरनको दुखारी दुःखित देखि दया वीरता आई ११ ताते शंभु महादेवजी अपार संग्राम कीन्ह बहुतकालतक परंतु दनुज जलंधर महाबली रहै सो शिवको मारा न मरा १२ काहेते नहीं मारा मरत कि असुरनको अधिप राजा जो जलंधर ताकी नारी वृंदा सो परमसती पतिव्रता रहै तिसके बलते ताहि जलंधरको पुरारि महादेव न जीति सके १३ दोहार्थ ॥ तब शिवजी भगवान् को स्मरण किये तब भगवान् आइ छलकरि तासु वृंदाको व्रत टारे अर्थात् जलंधर को रूप धरि आये अंगस्पर्शमात्र वृंदाको पतिव्रत भंग करिदिये तैसेही जलंधर को शिवजीने मारा या भांति प्रभु सुरनको काज कीन्ह जब यह बात प्रसिद्ध भई समग्र मर्म हाल तेहि वृंदाने जानेउ तब कोपकरि भगवान् को शाप दीन्ह कि जाभांति मोको छलेउ तैसेही मेरा पति रावण ह्वै तुम्हारी स्त्री को हरि लैजायगा १४ ॥

१२४ तासु शाप प्रभु कीन्ह प्रमाना। कौतुकनिधि कृपालु भगवाना १५
तहां जलंधर रावण भयऊ। रणहति राम परमपद दयऊ १६
एक जन्मकर कारण येहा। ज्यहिलगि राम धरी नरदेहा १७
प्रति अवतार कथा प्रभुकेरी। सुनि मुनि बरणी कविन घनेरी १८
नारद शापदीन्ह यक बारा। कल्पएक त्यहि लागि अवतारा १९
गिरिजा चकित भईं सुनि बानी। नारद विष्णुभक्त मुनि ज्ञानी २०
कारण कवन शाप मुनि दीन्हा। का अपराध रमापति कीन्हा २१
यह प्रसंग मोहिं कहहु पुरारी। मुनिमनमोह आचरज भारी २२
दो० बोले बिहँसि महेश तब, ज्ञानी मूढ़ न कोइ ॥
ज्यहि जस रघुपति करहिं जब, सो तस त्यहिक्षण होइ २३
सो० कहौं रामगुण गाथ, भरद्वाज सादर सुनहु ॥
भव भंजन रघुनाथ, भजु तुलसी तजि मान मद २४

१२४ तेहि छलकी कानि मानि तासु वृन्दाका शाप प्रभु भगवान् कहे अंगीकार कीन्ह काहेते प्रमाण कीन्ह कि कौतुकनिधि हैं परिपूर्ण हैं अर्थात् उत्पत्ति पालन प्रलयादि तमाशा सदैव जिनको प्रियहै पुनः कृपालु हैं अर्थात् अनेक राक्षसन को मारि मुक्त करते हैं पुनः लीलाद्वारा संसार की रक्षा करतेहैं

पुनः भगवान् कहे पद्ऐश्वर्ययुत समर्थहैं ताते शापादिका भय नहीं करतेहैं १५ तहां त्यहिकालमें जलंधर आइ रावण भयो तहां भी विष्णु भगवान् द्विभुज धनुर्धारी श्रीरामरूप धरि रणमें हति मारिकै रावणको परमपद दीन्हे १६ एक जन्म को यह कारणहै ज्यहिलगि जाहेतु विष्णु भगवान् ने श्रीरामरूप नरदेह धरे तहां जलंधरके जे प्रियसखा रहे तेई कुंभकर्णादि भये इतिशेषः एक कल्प को यह हेतु अर्थात् शिवते युद्ध वृंदाको छलना शापादि सब प्रसिद्ध है १७ इत्यादि तौ विशेष विदितहै नातरु प्रति अवतार हरएक अवतारमें जो प्रभुकी कथाहै ताको मुनि मननशील कविन ने घनेरी बहुतभांति ते वर्णन कीन्ही यथा ब्रह्मा, वाल्मीकि, अगस्त्य, पराशर, वशिष्ठ, शंकर, हनुमान्, व्यासादि अनेकन रामायणी संहिता नाटक रहस्य पुराणादि अनेकन हैं १८ एकबार नारद शाप दीन्हे तेहिलगि ताहेतु एककल्पमें क्षीरशायी राम अवतार लीन्ह अर्थात् चतुर्भुज द्विभुजरूप भये १९ भगवान्को नारद शाप दीन्ह इत्यादि आश्चर्यमय वाणी सुनि गिरिजा चकितभई अनहोनी विचारि बुद्धि भ्रमित भई कि एक तौ नारद विष्णुके भक्त पुनः मुनि मननशील देहव्यवहार रहित पुनः ज्ञानी ते कैसे अज्ञान भये जो निजइष्ट को शाप दीन्हे २० पूछती भई कि कौन कारण अज्ञान आयो जो मुनि शाप दीन्हे पुनः रमा लक्ष्मीपति भक्तवत्सल हैं भक्त नारदका अपराध कीन्हे २१ हे पुरारि ! कौने कारण नारद भगवान् को शाप दिये यहि प्रसंगको विस्तार सहित मोसों कहौ काहेते मुनि नारदके मनमें मोह होना भारी आश्चर्य है विना मोह अज्ञानता नहीं अज्ञान विना इष्टको शाप कैसे देते ताते समग्र वृत्तांत जानना चाहिये २२ दोहार्थ ॥ गिरिजाके वचन सुनि भगवत् की माया की प्रबलता बिचारि हँसे अर्थात् ब्रह्मादि तौ माया के वश अनेकन नाच नाचते मोहनीप्रसंग में हमहूं मोहे तहां नारदके मोहिबेको आश्चर्य मानत आपनी सुधि नहीं जो दूसर जन्म भा मोहते नहीं छूटीं इत्यादि विचारि बिहँसिकै महेश बोले कि न कोऊ ज्ञानी है न कोऊ मूढ़है अर्थात् चराचर जीव जड़ चैतन्य मिलेहैं ताते शुद्धज्ञानी नहीं न शुद्धमूढ़ हैं काहेते शुद्धज्ञान तौ ईश्वरमें है अरु मूढ़ता मायामें है तहां ईश्वरको अंश जीव सो मायाके वश ताते न ज्ञानी न मूढ़ यथा ॥ ज्ञानअखण्ड एक सीतावर । मायावश्य सजीव चराचर ॥ तहां रघुसंज्ञा जीव ताके पति श्रीरघुनाथजी ताते साधारण जीवको धर्म है कि प्रभु के सन्मुख रहै तब प्रभु कृपा करि मायाको रोंके रहत ताहीते जीव सज्ञान रहत अरु जब जीव सहजधर्म त्यागि

दियो प्रभुते विमुख ह्वै मायाकी दिशि मुख करिलियो तब प्रभुकी कृपा भी हकि गई तबै जीव मूढ़भयो ताते मान त्यागि जीव प्रभुके सन्मुख रहने ते जीवको भलाहै ताहेतु कहतहैं कि जब ज्यहि जीवको रघुपति जैसा करैं त्यहि क्षणमें सो जीव तैसाही होइ भाव जीव ईश्वराधीन है सबपर बराबरि दया है यथा नीतिमान् राजा कर्मानुसार फल देत २३ सोरठार्थ॥ गिरिजा प्रति शिव तथा याज्ञवल्क्य कहते हैं कि हे भरद्वाज ! आदरसहित सुनो श्रीरघुनाथजीके गुणनकी गाथा जो कथा ताको कहतहौं कैसेहैं श्रीरघुनाथजी भवदुःख के भंजनहार हैं तिनको तुलसी भजु कैसे मान मद तजिकै अर्थात् मान करिकै नारद ऐसे मुनि खराब भये और की कौन गिनती २४॥

१२५हिमगिरिगुहाएकअतिपावन। बहसमीपसुरसरी सुहावन २५
आश्रम परम पुनीत सुहावा। देखिदेवऋषिमनअतिभावा२६
निरखि शैल सरि विपिनविभागा। भयउरमापतिपद अनुरागा २७
सुमिरत हरिहिं शापगति बाधी।सहजविमलमनलागिसमाधी२८
मुनिगति देखि सुरेश डराना। कामहिंबोलि कीन्ह सन्माना २९
सहितसहाय जाहु मम हेतू। चल्योहरषिहियजलचरकेतु ३०
सुनासीर मन में अतित्रासा। चहत देवऋषि ममपुरवासा ३१
जे कामी लोलुप जगमाहीं। कुटिल काकइव सबहिंडराहीं ३२
दो० सूखहाड़ लै भाग शठ, श्वान निरखि मृगराज॥
छीनिलेइ मनजानि जिमि, तिमि सुरपतिहि न लाज ३३

१२५ हिमाचल पर्वतनमें उत्तम ताते एकगुहा अत्यन्त पावन पुनः सहज सुहावन सुरसरित समीप बहती वा सुहावनी समथरघाट स्नानको सुगम २५ इत्यादि परमपुनीत सुहावन सबभांति सुन्दर देखि देवऋषि नारदके मन भावा अर्थात् भजन करिबे योग्य आश्रमहै २६ शैल पर्वत सुन्दर धौलसरित गंगाजी को सुंदर घाट पुनीत अमलजल बहत है वनबिषे ललित द्रुमलता फल फूल पल्लवादि विभाग नाम बिलग बिलग सबकी शोभा निरखि भक्तिरस को उद्दीपन भयो ताते रमापति भगवान् के पदारविंदन में अनुराग भयो अचल प्रीति उपजी २७ नारदको दक्षका शाप रहा कि कहीं क्षणभरि न स्थित रहोगे सोई शापकी गति चंचलता हरिको सुमिरतसंते बाधी बाधा भई यामें संदेह कि क्या पूर्व नहीं सुमिरते रहैं तहां सदा सुमिरणमें देह-

व्यवहार की सुधि बनी रहती रहै या समय देहकी सुधि भूलिगई आत्मदृष्टि तदाकार भई पुनः उपायरहित सहजही में विमल है मन याते समाधि लागी अर्थात् आत्मा परमात्मारूप में लय होइगयो २८ निर्विकल्प समाधि बहुत कालतक एकत्र स्थित देखि पुनः हिमगिरि गंगातट इत्यादि नारद मुनिकी गति देखि भाव जो कुछ वासना न होती तौ बहुत काल एकत्र क्यों स्थित रहते इत्यादि तर्कणा करि सुरेश इन्द्र डराने स्वराज्यमें विघ्न माने ताके निवारण हेतु कामको बोलाइ आदर सन्मान करि यह स्वार्थिन की रीतिहै २९ इन्द्र कामते प्रार्थना करे कि अप्सरा वसंतादि निज सहाय सहित मेरे कार्य हेतु जाय नारदके मनमें क्षोभ करौ यह सुनि जलचर मकरकेतु कामदेव हृदयते हर्षिकै चलेउ ३० काहेते कामको पठाये कि सुनासीर इन्द्रके मनमें यह त्रास नाम डर अत्यंत करि भयो कि देवऋषि नारद ममपुर वास अर्थात् इन्द्रासनका राज्य लीन चाहत ३१ तापै कविकी उक्तिमें तर्कणा करत कि जगमें जे कामी कामासक्त परस्त्रीरत पुरुष पुनः लोलुप जिनके अत्यन्त तृष्णाहै परधनादि लेनेकी पुनः कुटिल जे शबरी इत्यादि स्वभाव वाले जन टेढ़े हैं काकइव कौवाकी समान शत्रु मित्र उदासीनादि सबहिन सों डरते हैं भाव किसीका विश्वास नहीं राखते हैं ३२ दोहार्थ ॥ यथा श्वानने कहीं सूखा हाड़ चाबतसमय सिंह देखा तौ ताको देखि श्वान हाड़को लैके भागेउ यह मनते जानि कि मेरा आहार सिंह छीनि न लेवै इत्यादि जिमि तिमि नारद सों भय मानत सुरपति के लाज नहीं आवत तहां श्वान लोलुप भी होत अकारण भूंकत याते कुटिल कामी प्रसिद्ध इत्यादि अवगुणमय श्वानके उपमानते इन्द्रमें लक्षित करे सूखे हाड़सम तुच्छ राज्यसुख पुनः सिंह जैसे सब जीवनको त्यागि एक मस्त हाथी को मारत इति गुणमय उपमानते नारदमें लक्षित करत अर्थात् सब संसारसुख त्यागि एक मनरूप मस्तहाथी को मारनेवाले भगवद्दास नारद तिनको इन्द्रकी राज्य क्याहैं तुच्छ करि मानत तिनसों भय करत लाज नहीं आवत ३३ ॥

१२६ त्यहि आश्रमहिं मदन जब गयऊ। निजमाया वसंत निर्मयऊ ३४
कुसुमित विविध विटप बहुरंगा। कूजहिं कोकिल गुंजहिं भृंगा ३५
चली सुहावनि त्रिविधि बयारी। कामकृशानु बढ़ावनहारी ३६
रम्भादिक सुरनारि नवीना। सकल असमशरकलाप्रबीना ३७
करहिं गान बहुतान तरंगा। बहुविधि क्रीड़हिं पाणिपतंगा ३८

देखि सहाय मदन हर्षाना। कीन्हेसि पुनि प्रपंच विधिनाना ३९
कामकला कछु मुनिहि न व्यापी। निजभय डरयो मनोभव पापी ४०
सींवकि चापि सकै कोउ तासू। बड़ रखवार रमापति जासू ४१
दो० सहित सहाय सभीत अति, मानि हारि मन मैन॥
गह्यसि जाय मुनिवरचरण, कहि सुठि आरत बैन ४२

१२६ जहां नारदजी रहैं त्यहि आश्रम को जब मदन कामदेव गयो तहां निज माया अपनी माया करिकै वसंत ऋतु निर्मयो नाम उत्पन्न कीन्हेउ ३४ वसंतको रूप कहत विविध कहे अनेक भांतिके विटप कहे वृक्ष आम्रादि तिनमें बहुरंगके फूल कुसुमित नाम फूलिरहे तिनपर भ्रमर गुंजारत पुनः कोकिलादि पक्षी कूजत नाम कुहुकि रहे इत्यादि शृङ्गाररसके उद्दीपन विभाव हैं जो देखि मदनाग्नि जागत ३५ चली सुहावनि मनरोचक त्रिविधि तीनविधि शीतल मन्द सुगन्धित बयारि कैसी बही जो कामरूप कृशानु नाम अग्नि ताको बढ़ावनहारी अर्थात् पवन पाय अग्नि प्रचंड परत ३६ रंभादिक सुरनारि देवलोककी नारि नवीन युवावस्थाकी ते सकल कैसी हैं असम गिनतीमें विषम शर अर्थात् पंचबाणहैं जाके ऐसा कामदेव ताकी कलामें सब अप्सरा प्रवीण कहे चतुर हैं नृत्य गान कटाक्ष हाव भावादि शृङ्गारके यावत् अंग तेई कामकी कलाहैं यथा सत्योपाख्याने॥ भावः कटाक्षहेतुश्च शृङ्गारे बीजमादिमम्। प्रेममानः प्रणयश्च स्नेहो रागश्च संस्मृतः॥ अनुरागः स एव स्यादंकुरः पल्लवस्तथा। कलिकाकुसुमानीति फलं भोगः स एवच॥ इत्यादि ३७ तेई रंभादिक मधुर मोहन स्वरते गान करती हैं सोई गानमें जो तानहै अर्थात् राग आलापको रुकिरुकि बढ़ावना तामें तरंग जलवत् लहरीसी उठना जाको उपज कहत पुनः नृत्य वाद्यसहित भाव बतावने में पाणि कहे हाथ कैसे चंचल चलत यथा वायुवश पतंग आकाश में चलत तहां उड़ावनहारकी प्रेरणाते पतंग चलत तथा नृत्यकार की प्रेरणाते ताल रागादि भाव दर्शत यथा सत्योपाख्याने॥ यतो हस्तस्ततो दृष्टिर्यतो दृष्टिस्ततो मनः। यतोमनस्ततो भावो यतोभावो ततोरसः॥ अङ्गेनालम्बयेद्गीतं हस्तेनार्थं प्रदर्शयेत्। चक्षुर्भ्यां भावमित्याहुः पादाभ्यां तालनिर्णयः॥ इत्यादि हाव भाव सहित क्रीड़हिं मदनानंदवर्धक अनेक क्रीड़ा दर्शावत ३८ सहाय निजसेना वसंत अप्सरा राग तालादि देखि मदन हर्षानो कामदेव खुशी ह्वै पुनः नाना कहे अनेकविधिके प्रपंच नाम छलमय

अनेक मोहवर्धक क्रिया कीन्हेसि ३९ कामकृत यावत् कलाहैं ते मुनि नारद के मनमें एकौ न व्यापीं अर्थात् मोहन, उच्चाटन, आकर्षण, वशीकरणादि एकहुके वेगमें मन न परो तब मुनिको अजित समर्थ जानि मनोभव जो कामदेव पापी निज कहे अपने पापकर्मन के भय करिकै डरि गयो शापादि के भय करिकै ४० कैसे नारद बचे ज्यहि राखा रघुबीर। जिनकी प्रेरणाते रमापति ऐसे बड़े सबल रखवारे जासु हरिभक्तनके तासु कहे ताकी सींव कहे मेड़ ताको चापि कहे दबाय कोऊ सकत अर्थात् कोऊ नहीं दाबि सकत ४१ दोहार्थ॥ सहाय सेनासहित मनते हारि मानि सभीत कहे डरसहित मैन जो कामदेव जायकै मुनिवर नारद के चरण गहे कैसे सुठि कहे अतिआर्त बयन त्राहि त्राहि कहिकै ४२॥

१२७ भयउ न नारदमन कछु रोषा। कहि प्रियवचन कामपरितोषा ४३
नाइ चरण शिर आयसु पाई। गयउ मदन तब सहित सहाई ४४
मुनि सुशीलता आपनि करणी। सुरपति सभा जाइ सब बरणी ४५
सुनि सबके मन अचरज आवा। मुनिहि प्रशंसि हरिहिं शिर नावा ४६
तब नारद गवने शिवपाहीं। जीति काम अहमिति मन माहीं ४७
मार चरित शंकरहि सुनाये। अतिप्रिय जानि महेश सिखाये ४८
बारबार बिनवौं मुनि तोहीं। जिमि यह कथा सुनायहु मोहीं ४९
तिमि जनि हरिहि सुनायहु कबहूं। चलेहु प्रसंग दुरायहु तबहूं ५०
दो० शंभु दीन्ह उपदेशहित, नहिं नारदहि सुहान॥
भरद्वाज कौतुक सुनहु, हरि इच्छा बलवान ५१

१२७ यद्यपि बाधक जाने ताहूपर नारद के मन कछु थोरहू क्रोध न भयो तहां मन तौ अमल भगवत् रूपमें लाग ताते यथा काम नहीं व्याप्यो तथा क्रोध भी नहीं व्याप्यो ताते प्रियवचन कहिकै कामको परितोष निश्चित कीन्ह ४३ नारदजी की आज्ञा पाय चरणारविन्दन में शिरनाय कामदेव सहाय सहित चला इंद्रलोकको गयो ४४ हीन दीन मलीन पापी अपराधी कैसहू आवै तेहिके अवगुण त्यागि प्रीतिपूर्वक दया करना ताको सुशीलता कही यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ हीनैर्दीनैर्मलीनैश्च बीभत्सैः कुत्सितैरपि। महतोऽच्छिद्रं संश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः॥ इत्यादि नारदमुनि की सुशीलता आपनी दुष्टताई की करणी अर्थात् मैंने महादुष्टता करी तदपि मेरा

सम्मान करे इत्यादि समग्र हाल सुरपति इन्द्रकी सभामें कामदेव सब वर्णन करत भयो ४५ नारदजी को हाल सुनि सब इन्द्रादि देवतनके मन में अचरज आयो अर्थात् जो कामरूप प्रबल वायुवेग में मन न उड़ा पीछे क्रोधरूप अग्निमें न तप्त भयो तौ सांचे विरक्त हैं इत्यादि नारदमुनि की प्रशंसा करि पुनः हरिको शिर नवाये अर्थात् शरणागतके रक्षक हैं यथा वाल्मीकीये ॥ सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ ऐसे स्वामीके सेवक हैं तौ कैसे किसी की मारी चोट लागै यह प्रभुकी प्रभुता है ४६ अब नारदकी भूल कहत क्योंकि स्वामीकी बड़ाई छांड़ि आपनी बड़ाई मानि लियो कि हमने काम को जीति लिया इत्यादि अहंकार भयो तब नारदजी शिवके पासको गमने चले ताको हेतु कि पूर्वकल्प में कामवेगते शिवकी समाधि छूटिगई पुनः कामपै क्रोध भी करे अरु हमारी समाधि भी न छूटी अरु क्रोध भी न आयो इत्यादि अपनी श्रेष्ठता शिवजी सों कहनेहेतु गये ४७ मार कहे कामको चरित अर्थात् प्रथम मेरी समाधि में बाधा किया जब विघ्न न व्याप्यो तब दीन ह्वै पांयन पर्यो तापै मैंने कुछ क्रोध नहीं किया इत्यादि शंकर को सुनाये शिवजी विचार्यो कि मानवशते ये हरिभक्तन की रीति भूले हैं काहेते शरणागत को भरोसा होता तौ रामचरित कहते ये मारचरित कहते हैं यह उलटी बुद्धि है क्योंकि यावत् स्वामीदिशि दृष्टि तावत् रामनाम सहायक है जब अपनीदिशि दृष्टि भई अभिमान आयो तब वही रामनाम उलटिकै मार ह्वै विघ्न करत ताते इहां मारनाम लिखे सोई भांति भूले हैं पुनः रामभक्त हैं ताते हमको अतिप्रिय हैं ऐसा जानिकै महेश सिखायें कि यह रीति विषयिन की है भक्तन की नहीं है ४८ क्या सिखाये हे मुनि ! तोहिं मैं बारबार बिनती करत हौं भाव अभिमानवश ह्वै उपदेश काहेको लागी साइत मेरा मुलाहिजा करै सो कहत कि जिमि ज्यहि विधि यह कामकी कथा मोहिं सुनायो है ४९ तिमि ताही विधिते हरिते कबहूं जनि सुनायो कदाचित् प्रसंग भी चलै तबहूं दुरायहु बहिलाय दिहेउ निज बड़ाई बहिलावना सर्वत्र भूषण फिर इष्ट के सामने तौ उचितै है यथा ॥ मुकुट न होहिं भूपगुणचारी ५० दोहार्थ ॥ यद्यपि शिवजी तौ हितकारी उपदेश दीन परंतु नारद को नहीं सुहान जो शिवजी कह्यो कि मेरे सामने कह्यो तौ कह्यो ऐसे वचन भगवान् के सामने कबहूं देख्यो न कहेउ यामें नारद को यह सूचित भयो कि हमारी बड़ाई होना इनते नहीं सहिगयो ताते ऐसे वचन कहत इहां शिव हितहैं तिनको अनहित मानेउ

पुनः उपदेश भी वृथा गयो ताहेतु याज्ञवल्क्य कहत कि यामें हरिकी इच्छा बलवान् है सो हे भरद्वाज ! एक कौतुक होनहार है सो सुनौ ५१ ॥

१२८ राम कीनचाहैं सो होई । करै अन्यथा अस नहिं कोई ५२
शंभु वचन सुनि मनहि न भाये । तब विरंचिके लोक सिधाये ५३
तहं पुनि कछुक दिवस मुनिराया । रहे हृदय अहमिति अधिकाया ५४
एकबार करतल वर वीणा । गावत हरिगुणगान प्रवीणा ५५
क्षीरसिंधु गवने मुनिनाथा । जहँबस श्रीनिवास श्रुतिमाथा ५६
हरषि मिले उठि रमानिकेता । बैठे आसन ऋषिहि समेता ५७
बोले बिहँसि चराचरराया । बहुते दिनन कीन मुनि दाया ५८
काम चरित नारद सब भाखे । यद्यपि प्रथम बराजि शिव राखे ५९
अति प्रचण्ड रघुपतिकै माया । ज्यहिन मोह अस को जग जाया ६०

दो० रूख वदन करि वचन मृदु, बोले श्रीभगवान ॥
तुम्हरे सुमिरणते मिटहिं, मोह मार मद मान ६१

१२८ इहां शिवको उपदेश कैसे लागै काहेते जो बात श्रीरघुनाथजी कीन चाहत सोई होत तामें और ऐसा को है जो अन्यथा और भांति करि सकै तहां प्रभुकी इच्छा है मानभंग करना तौ और कैसे ह्वै सकै. ५२ शंभु के वचन सुने तौ भाव उत्तर नहीं दिये परंतु मनमें नहीं भाये अंगीकार नहीं किये तब विरंचि ब्रह्मलोक को सिधाये चले ५३ पुनः तहां ब्रह्मलोक में कुछ दिन मुनिराज नारद रहे पर दिनप्रति अभिमान उरमें अधिकात गयउ ५४ एकबार एकदिन करतल कहे हाथमें वर कहे श्रेष्ठ वीणा लिहे गानविद्यामें प्रवीण हैं ताते हरिगुण गावत जात ५५ या भांति मुनिनाथ नारद क्षीरसमुद्र को गये जहां श्रुतिनके नाथ रहते अर्थात् जे श्रुतिनमें उत्तम करि वर्णित हैं यथा ॥ एको नारायणो न द्वितीयोस्ति कश्चिदिति श्रुतिः । इत्यादि ते नारायण कहां रहते हैं श्रीनिवास में जो पितापक्षी लक्ष्मीको धामहै तहां भाव श्वशुरारिमें ५६ नारदजी को देखि रमानिकेत भगवान् आसन ते उठिकै हर्षिकै मिले भाव लीलाके कारण जानि पुनः नारदऋषि समेत एक ही आसनपर बैठे भाव अब बरबरिहा बने उदास्यता त्यागेउ ५७ चराचर के राया स्वामी ते हँसिकै बोलेउ कि हे मुनि ! बहुते दिननपर दाया कीन्हेउ बहुत दिनपर आयो हँसैको भाव कि सबको उपदेशक ह्वै शरणागति त्यागि

अभिमानवश भयो ताको फल आगे अब क्या होइगा सो सुधि नहीं ५८ स्वागत कुशल स्तुतिहीन मानवश ते प्रथमै कामको चरित समग्र भाषेउ बखान करेउ यद्यपि प्रथम शिवजी बर्जि कहे मनेकरि राखेउ रहै ताहूपर भूलि न गई ५९ नारद के भूलने को हेतु कहत कि श्रीरघुनाथजी की माया अत्यंत प्रचण्ड बलवान् है ताते जगमें ऐसा को जाया नाम उत्पन्न भयो जाको मोह न करिसकै ६० दोहार्थ॥ हँसे ते बात हलुकी होत सो बातको मर्याद देने हेतु रूख वदन करि भगवान् बोलेउ कोमल वचन कि तुमको कौन कहै ऐसे समर्थ हौ कि जो तुम्हारे नामको सुमिरण करी ताके मोह काम मदमान मिटि जैहै अथवा यथा मानवश नारदजी शरणागति रसते रूखे भये ताते भगवान् भी रूखवदन करि बोले भक्तवत्सल हैं ताते कोमल वचन कहे कि अब तौ तुम भूले हौ ताते सब बेकारके पात्र भयो सो मोह मार मद मानादि जे तुम्हारै में हैं ते सुमिरण कीन्हेते मिटिहैं अर्थात् जो शरणागति भूले हो ताको पुनः स्मरण करौगे तब शुद्ध होहुगे ६१॥

१२९ सुनु मुनि मोह होइ मन ताके। ज्ञान विराग हृदय नहिं जाके ६२
ब्रह्मचर्य व्रतरत मतिधीरा। तुमहिं कि करै मनोभव पीरा ६३
नारद कह्यो सहित अभिमाना। कृपा तुम्हारि सकल भगवाना ६४
करुणामय मन दीख विचारी। उर अंकुरेउ गर्वतरु भारी ६५
वेगि सो मैं डारिहौं उपारी। प्रण हमार सेवक हितकारी ६६
मुनिकर हित मम कौतुक होई। अवशि उपाय करब मैं सोई ६७
तब नारद हरिपद शिरनाई। चलेहृदयअहमितिअधिकाई ६८
श्रीपति निजमाया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करणी तेहि केरी ६९

दो० विरचेउ मगमहँ नगर तेहि, शतयोजन विस्तार॥
श्रीनिवास पुरते अधिक, रचना विविधप्रकार ७०

१२९ हे मुनि! सुनु मोह तौ ताही के मनमें होय जाके हृदयमें ज्ञान विराग नहींहै यामें भी व्यंग्य है अर्थात् अब तुम्हारेहू उरमें ज्ञान विराग नहीं है ताते मोहवश शरणागति को तौ प्रभाव भूलिगये अपनी कर्तव्यता को अभिमान किहे फूले फूले फिरते हौ ६२ प्रथम तौ तुम ब्रह्मचर्यव्रत में रत रहे यथा॥ कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा। सर्वत्र मैथुनत्यागो ब्रह्मचर्यं तदुच्यते॥ पुनः मतिके धैर्यवान् ऐसे तुम्हैं मनोभव कि पीड़ा करे

अर्थात् कामदेव तुम्हें नहीं दुःख देसका रहे सो शरणागति को प्रभाव रहा अब अभिमानवश भयउ ताको फल आगेहै ६३ तहां मानवश ते व्यंग्य तो समुझे नहीं अपनी बड़ाई मानि लिये कि हम काम क्रोध जीति लिये ताही अभिमान सहित नारद कहेउ कि हे भगवान्! सब भांतिते तुम्हारी कृपाहै भाव सब भांतिको बल आपने देदिया ६४ जन को दुःख देखि आपु दुःखित होना सो करुणा है तेहि करुणामय श्रीभगवान् मनमें विचारिकै देखे कि नारदके उर में गर्वबृक्ष अंकुरेउ जामेउ कुछ कालमें भारी तरु होइगो ताके फलनते इनको महादुःख होइगो पुनः काटने में परिश्रम होइगो ६५ ताहेतु सो बृक्ष वेगि शीघ्रही मैं उखारि डरिहौं काहेते नारद हमारी शरण हैं पुनः हमारो प्रण सेवकहितकारी है अर्थात् जामें सेवक को हित होइ सोई करौं ६६ सो गर्व तूरिबे में मुनि नारद को तौ हित होई अर्थात् शुद्ध शरणागत होइँगे ताही में मम कहे मोको खेलिबे हेतु देखिबे हेतु कौतुक नाम एक तमाशा होई मुनिकृत क्रीड़ा देखिबे को पुनः शापवश स्वलीला खेलिबे को तामें जगको हित सोई उपाय अवशि जरूरही मैं करब ६७ तब हरिके पदनमें शिरनाय नमस्कार करि नारदजी चले परंतु हृदयमें अहमिति अधिकाई हम ऐसे समर्थ हैं जो कामको जीति लिये ऐसा अभिमान उरमें बढ़ाये ६८ नारदके मोहिबेहेतु श्रीपति भगवान् तब अपनी मायाको प्रेरी पठाई अपनी विद्या माया तेहि केरि कीन्ही जो कठिन करणी है समग्र कर्तव्यता सो हे भरद्वाज! सुनहु ६९ दोहार्थ ॥ एक तौ विद्या माया पुनः प्रभुकी प्रेरणाते सब भांति ते समर्थ है ताते जहां नारद चले जाते हैं ताही मग रास्ते में शतयोजन चारिसै कोस विस्तार फैलावको नगर विरचेउ बनायउ कैसा नगर जो श्रीनिवासपुर वैकुंठते अधिक वा क्षीरसागर में जो पुर तेहि ते अधिक अर्थात् स्वर्ण अनेक मणि जटित मंदिर दिव्य बजार विविध वाहन विचित्र ध्वजा गोपुरादि विविध प्रकारकी रचना बनी जाको देखतही मुनि मन मोहै ७०॥

१३० बसहिं नगर सुन्दर नरनारी। जनु बहुमनसिज रतितनुधारी ७१
तेहिपुर बसै शीलनिधि राजा। अगणित हयगयसेनसमाजा ७२
शतसुरेशसम विभव विलासा। रूप तेज बल नीति निवासा ७३
विश्वमोहनी तासु कुमारी। श्रीविमोह जेहिरूप निहारी ७४
सो हरिमाया सब सुखखानी। शोभा तासु किजाय बखानी ७५
करै स्वयंवर सो नृपबाला। जुरे तहां अगणित महिपाला ७६

मुनि कौतुकी नगर त्यहि गयऊ । पुरवासिन सब पूछत भयऊ ७७
सुनि सब चरित भूप गृह आये । करि पूजा नृप मुनि बैठाये ७८
दो० आनि देखाई नारदहि, भूपति राजकुमारि ॥
कहहु नाथ गुण दोष सब, यहि के हृदय विचारि ७९

१३० तेहि नगर बिषे कैसे सुंदर नर अरु नारी बसते हैं मानो मनसिज कामदेव अरु रतिहैं तेई बहुत रूप धारण किहेहैं ७१ पुनः ताही पुरमें शीलनिधि नाम राजा बसत ताके हय जे घोड़े गय जे हाथी चतुरंगिणी सेना मंत्री मित्रादि राजसमाज सो अगणित गनती रहित हैं ७२ ता राजाको विभव जो ऐश्वर्य ताको विलास जो आनंद सो कैसाहै सो कहत कि सुरेश जो इन्द्र ताके शत नाम सौभरि पुनः रूपवान् तेजस्वी बलवान् राजनीतिको निवास नाम स्थानहै ७३ पुनः तासु राजाकी कुमारी कन्या कैसी है जो विश्व संसार भरे को मोहनेवाली तहां और की को कहै जाको रूप निहारि श्रीलक्ष्मी भी विमोहित होइँ हरिइच्छा ते सब योग्य है ७४ सो कन्या हरिकी विद्या माया है जो सब सुखकी खानि अर्थात् भक्ति महारानी मूर्तिमान् है तासुकी शोभा कि बखानी जाय अर्थात् नहीं बखानी जात ७५ सोई बाला नाम कन्या को स्वयंवर राजा करत है ताके हेतु तहां तेहि पुरमें अनेकन राजा देशनके आइ जुरे बटुरे हैं तहां एक तौ नगर परम शोभामय ताहूमें उत्सवते अधिक शोभा सरसात ७६ तहां मुनि तौ हैं कौतुकी कौतुक देखनेहेतु लोकन में बिचरा करत ताते यहां भी देखने हेतु तेहि नगरको नारद आये पुरवासिनते सब हाल पूछे जब स्वयंवर को वृत्तान्त सुने देखनेकी इच्छा भई७७ पुरवासिनते सब स्वयंवरको चरित सुनि शीलनिधि भूप के गृहको आये देखिकै राजा षोड़शोपचार पूजा करि नारदजी को सुन्दर आसनपर बैठायो ७८ दोहार्थ ॥ जा हेतु स्वयंवर होताहै ताही राजकुमारी को आनि भूपतिने नारदजी को देखाई पुनः कहे कि हे नाथ ! अपने हृदयमें विचारि कै यहि कन्याके जो कुछ गुण दोष होइँ सो सब कहहु ७९ ॥

१३१ देखि रूपमुनि विरतिबिसारी । बड़ीबार लगि रहे निहारी ८०
लक्षण तासु बिलोकि भुलाने । हृदयहर्ष नहिं प्रकट बखाने ८१
जो यहि बरै अमर सो होई । समरभूमि त्यहि जीत न कोई ८२
सेवहिं सकल चराचर ताही । बरै शीलनिधिकन्या जाही ८३

लक्षण सब विचारि उरराखे। कछुक बनाय भूपसन भाखे ८४
सुता सुलक्षण कहि नृपपाहीं। नारद चले शोच मनमाहीं ८५
करौं जाय स्वइ यतन विचारी। जेहिप्रकार मोहिं वरैकुमारी ८६
जप तप कछु न होइ यहिकाला। हेविधिमिलैकौनविधिबाला ८७
दो० यहि अवसर चाहिय परम, शोभा रूप विशाल॥
जो विलोकि रीझै कुँवरि, तौ मेलै जयमाल ८८

१३१ प्रथम तौ कन्याको स्वरूपही देखि मुनि मोहिगये ताते विरति बिसारी वैराग नाशभया याते बड़ी बारतक वाको रूपही निहारि रहे यह थिर सात्त्विक है इहां नैनवारी रति मुनिमें अनुचित इति अभाव सो हास्यरस को अंगहै याते उर्जस्व अलंकार है ८० पुनः तासु कन्याके लक्षण विलोकि नाम देखिकै भुलाने ज्ञान भी नाश भया अर्थात् कार्यमायाने आत्मदृष्टि खैंचि प्राकृत जीवन की नईं इन्द्रिय विषयमें आशक्त करि दियो ताते रूपविषय पाय नेत्रद्वारा हर्ष हृदय में भरिगया ताकी प्राप्तिहेतु सकाम भये सत्यता नाश भई याते कन्याके लक्षण प्रकट करि नहीं बखाने झूठ बोले ८१ क्या उसमें लक्षण है सो कहत जो यहि कन्याको वरै अर्थात् विवाहै सो अमर होई पुनः समरभूमि में तेहिते सुरासुर नरनागादि कोऊ जीतैं नहीं ८२ पुनः चराचर सकलजीव ताही पुरुष को सेवहिं जाहि जाको शीलनिधि की कन्या वरै स्वइच्छित जाको जयमाला पहिरावै तहां जो सज्ञान होते तौ ऐसा विचारते कि याके वरके जे लक्षण ते भगवान् में हैं ताते भगवानै को यह विवाही इत्यादि तौ विचार है नहीं ताते उलटी समुझे कि जाहीको यह जयमाला डारै सोई इसी गुणको ह्वैजाय यही भ्रम है ८३ वाके संग विवाह की कांक्षा तौ आपु किहे ताते वाके जे लक्षण हैं तिनको विचारिकै उर में गोप्य राखे साधारण कछुक बनायकै राजासों भाषे कहे वर्णन कीन्हे ८४ नृप राजासों यही कहे कि कुलक्षणहीन तुम्हारी पुत्री सुलक्षणी है अरु वाके विवाहकी चाह सो कैसे मिलै यह शोच मन में भयो ता उपायहेतु नारद चले ८५ तौ मनोरथ करते जाते हैं कि जाय सोई कुछ उपाय विचारिकै करौं जेहिप्रकार ते मोहीं को राजकुमारी वरै मेरेही गरे में जयमाला पहिरावै ८६ सोई उपाय विचारत कि मंत्रजापते कार्य सिद्ध होत पुनः तपस्या करि होत सो शीघ्रता में यही काल जप तप भी नहीं ह्वैसकत ताते हे विधि, ब्रह्मा! कौनी विधिते यह बाला राजकुमारी मिलै मेरी पत्नी होवै ८७ दोहार्थ॥

यहि अवसर में तौ परम शोभामय विशालरूप चाहिये काहेते जाको देखि कुँवरि रीझै मोहित होइ तौ जयमाल मेलै गरेमें पहिरावै ८८ ॥

१३२ हरिसन मांगौं सुंदरताई। होइहि जात गहरु अतिभाई ८९
मोरेहित हरिसम नहिं कोई। यहिअवसर सहाय सो होई ९०
बहुविधि विनय कीन तेहिकाला। प्रकटे प्रभु कौतुकी कृपाला ९१
हरि विलोकि मुनिनयन जुड़ाने। होइहि काज हिये हर्षाने ९२
अतिआरत कहि कथा सुनाई। करहु कृपा हरि होहु सहाई ९३
आपन रूप देहु प्रभु मोही। आनभांति नहिं पावहुँ ओही ९४
ज्यहि विधि नाथ होइ हित मोरा। करहु सो वेगि दास मैं तोरा ९५
निजमाया बल देखि विशाला। हिय हँसि बोले दीनदयाला ९६
दो० ज्यहिविधि होई परम हित, नारद सुनहु तुम्हार ॥
स्वइ हम करब न आन कछु, वचन न मृषा हमार ९७

१३२ ताते हरिसे सुंदरताई मांगौं कि अपनी शोभा मेरे तनुमें प्रकाशित करि दीजै ताहूमें विघ्नहै कि क्षीरसागरतक जानेमें अत्यन्त गहरु नाम देर लागी ८९ तहां समयपर हितकार सहायक होत सो मेरे तौ हितकर्ता एक भगवानै हैं हरिके समान और दूसरा कोऊ नहीं है सोई हरि यहि औसर में सहाय होइहैं मेरा मनोरथ सफल करैंगे यह निश्चय करी ९० तेहिकाल में स्वारथहेतु विनियोग करि बहुविधि के स्तोत्रादिकन करिकै विनय कीन तहां प्रभु तौ कौतुकी हैं तमाशा देखा चाहत पुनः कृपालु हैं ताते नारदकी रक्षा कीन चाहत याते तुरतही प्रकट भये ९१ राजकुमारी-रूप के प्यासे वियोगआतप से तप्तनयन हरिरूप मेघ को देखि मुनिके नेत्र जुड़ाने जो भगवान् प्रकट भये तौ अब काज सिद्ध होई ऐसा जानि हृदय में हर्षाने ९२ अत्यंत आरत दुःखित ह्वैकै नारद सब कथा कहिकै सुनाये पुनः कहे कि हे हरि! कृपा करिकै सहाय होउ ९३ क्या सहायता करौ कि हे प्रभु! मोहिं आपन रूप देहु तौ मोहित ह्वै जयमाला पहिराय देइगी सेवाय यहिके आनभांति और उपायते वहि कुमारीको न पावौंगो ९४ हे नाथ! मैं तिहारो दासहौं ताते जौनीविधि ते मेरो हित होइ सो उपाय वेगिही इसी समय करौ ९५ कहां तौ कामको जीतेको मान पुनः तुरतही विवाहहेतु ऐसी आतुरता इत्यादि ढंग करनेवाली निजमाया ताको विशाल

नाम बड़ाभारी बल देखिकै हृदय में हँसे भाव शीघ्रही मान छोड़ेउ पुनः दीननपर है दया जिनके ऐसे भगवान् बोले ९६ दोहार्थ ॥ हे नारद ! सुनहु तुमतौ हित करनेको कहते सो नहीं जामें तुम्हारो परमहित होइगो सोई उपाय हम करैंगे आन कहे और कुछ न करैंगे सो सच्ची जानौ क्योंकि हमारा वचन वृथा नहीं है भाव तुमबिषे मायाजनित अभिमान रुज है ताको नाश करैंगे ९७ ॥

१३३ कुपथ मांग रुजव्याकुल रोगी । वैद्य न देइ सुनहु मुनियोगी ९८
यहिविधि हित तुम्हार मैं ठयऊ । कहिअस अंतरहित प्रभुभयऊ ९९
मायाविवश भयो मुनि मूढ़ा । समुझीनहिंहरिगिरानिगूढ़ा १००
गवने तुरत तहां ऋषिराई । जहां स्वयंवर भूमि बनाई १
निजनिज आसन बैठे राजा । बहु बनाव करि सहित समाजा २
मुनिमन हर्ष रूप अति मोरे । म्वहिंतजि आन वरहि नहिं भोरे ३
मुनि हितकारण कृपानिधाना । दीन कुरूप न जाइ बखाना ४
सो चरित्र लखि काहु न पावा । नारद जानि सबहिं शिरनावा ५
दो० रहे तहां दुइ रुद्रगण, ते जानहिं सब भेउ ॥
विप्ररूप देखत फिरहिं, परमकौतुकी तेउ ६

१३३ कैसा परमहित यथा रुज नाम रोग करिकै व्याकुल रोगी सो कुपथ मांगत यथा ज्वर में दधि भात शूलमें आलू कटहरादि सो वैद्य नहीं देत क्योंकि मृत्युदायक जानि वाको कटुकी चिरायता पियावत जो करुवई ते पिया नहीं जात परन्तु हित याही में है तथा हे मुनि ! तुम योगी हौ विवाह कुपथ है ९८ तथा तुम्हारे मानरूप वातोदर रुज भया तामें पकवान मिठाई आदिसम स्त्रीरूप कुपथ मांगते हौ सो न पावोगे अरु त्रिफला गोमूत्र औषध है सोई लोकमें अपमान जामें वाकठ घिनाहै ताहीते आराम होउगे सोई पावोगे यहिविधि ते तुम्हारो हित मैंने ठाना ऐसा कहि प्रभु अन्तर्धान भये ९९ हरिकी मायाके विशेषवश ते अर्थात् कामनाके वश तहां स्वारथी को अपना प्रयोजनै सूझत ताते मुनि मूढ़ भये नारदजी की अज्ञानदशा भई ताहेतु हरिकी वाणी निगूढ़ भी नहीं समुझे तहां गूढ़ कहे गुप्त तामें पूर्व निउपसर्ग ताको निवारण करत अर्थात् वाणी में गूढ़को निवारण है कि यथा रोगी को वैद्य कुपथ नहीं देत यह आप्रस्तुत कथन है ताते हम

तुम्हारो विवाह न होन देहैं यह प्रस्तुत को बोध यह आप्रस्तुतालंकार ते प्रसिद्ध है सो नहीं समुझेउ यही जानेउ कि भगवान् आपनो रूप देगये ताते हर्षित भयउ १०० ऋषिराज नारद हर्ष भरे तुरतही तहांको गवने गये जहां स्वयंवरहेतु भूमि बनाइ विचित्रभूमि राजनके बैठकादि अनेक रचना बनी हैं १ निजनिज अपने अपने योग्यके आसनन पर राजालोग बैठे हैं सेवक सुभट मंत्रीआदि समाजसहित छत्र, चामर, भूषण, पोशाकादि बहुत बनाव किहे शोभित २ तहां मुनिके मनमें तौ यह हर्ष है कि मेरे अत्यन्त रूप है याते मोहिं तजि आन पति को कन्या भोरे कहे भूलिहू के न वरी मोहीं को जयमाला पहिराई ३ मुनिके हित गर्वनिवारण कारण कृपानिधान भगवान् ऐसा कुरूप दीन जो बखाना नहीं जात अति कद्रूप ४ सो कुरूप ताको चरित तौ राजा आदि कोऊ नहीं लखिपावा नारद जानि राजालोग सबहिन शीश नवावा प्रणाम कीन कृपानिधान लोकमें मर्याद नहीं बिगारे ५ दोहार्थ ॥ नारद के संग शिवजी दुइ गण पठाये रहैं ते उहां रहैं सो समग्र भेद जानते रहैं क्योंकि गुप्तरूप संगमें सब हाल देखत रहैं ताते परमकौतुकी तमाशा के प्यासे विप्ररूप धरे समाजमें तेऊ देखत फिरत रहैं ६ ॥

१३४ ज्यहि समाज बैठे मुनि जाई । हृदय रूप अहमिति अधिकाई ७
तहँ बैठे महेशगण दोऊ । विप्रवेष गति लखै न कोऊ ८
करहिं कूट नारदहि सुनाई । नीकि दीन्हि हरि सुन्दरताई ९
रीझिहि राजकुँवरि छवि देखी । इनहिं वरिहि हरि जानि विशेखी १०
मुनिहिं मोह मन हाथ पराये । हँसहिं शंभुगण अति सचु पाये ११
यदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी । समुझि न परै बुद्धि भ्रमसानी १२
काहु न लखा सो चरित विशेखा । सो स्वरूप नृपकन्या देखा १३
मर्कट वदन भयंकर देही । देखत हृदय क्रोध भा तेही १४

दो० सखी संग लै कुँवरि तब, चलि जनु राजमराल ॥
देखत फिरहि महीप सब, करसरोज जयमाल १५

१३४ हृदय में रूपकी अहमिति अधिकाई हमारा सुंदररूप यह अभिमान बढ़ाइकै जौनी समाजमें नारदमुनि जाय बैठत ७ तहां नारद के समीप महेशगण दोऊ जाय बैठत कैसे विप्रवेषते हैं ताते उनकी गति कोऊ लखि नहीं पावत कि शिवगण हैं नारदको तमाशा देखते हैं ८ ते दोऊ

नारद को सुनाय के कूट नाम मस्खरी करते हैं कि हरिने नीकि सुंदरताई दीनहै सर्वांग सुठौर बने होइँ सो सुंदरता है इहां कद्रूपता को सुंदरता कहत सोई कूट है ९ इनकी छवि देखि राजकुँवरि रीझी मोहिजाई हरि भगवान् जानि विशेषि इनहीं को वरी विवाही पुनः हरि वानर ताहूते विशेषि कुरूप देखि वरी हृदयते जरि उठी १० हे भरद्वाज ! मुनिको मोह घेरे है काहेते मन पराये हाथ गयो भाव रूपविषय पाय नेत्रद्वारा मन कामनावश भयो सो अपने स्वरूपकी सुधि तौ है नहीं जो बात समुझि पावैं याते अभय ह्वैके सचुपाये अत्यंत आनंदते शिवगण हँसते हैं ११ यद्यपि अटपाटि टेढ़ी वाणी मुनि सुनते हैं पर स्वार्थवश मन व्यग्र ताते बुद्धि भ्रममें सानी भ्रमित याते बातनको भाव नहीं समुझि परत कि सच्ची है वा कूटहै मन कामनाके वश होनोई बुद्धि भ्रमित होत १२ सो चरित नारदजी को कुरूप विशेष करिकै राजसमाज में कोऊ नहीं लखा देखा सो स्वरूप कुरूप राजकन्या ने देखा तहां नारद को स्वतनु सुंदर देखाय सबको सोई नारद देखाय १३ कन्या को कैसा रूप देखि परा कि मर्कट कहे वानर कैसो वदन कहे मुख पुनः देह भयंकर भूत कैसी इत्यादि स्वरूप देखतही तेहि कन्या के हृदय में क्रोध भयो अर्थात् यह कद्रूपी यहां क्यों आया १४ दोहार्थ॥ तब तेहि समय में सखिन को संग लैकै राजहंसनकी गतिसम मंद चाल राजकुँवरि समाज के बीचमें चली करकमलन में जयमाल लिहे सब महीपनको देखत फिरत तहां वंदीजनवत् एक जातिकी स्त्री सबराजन को वृत्तांत जानेरहती हैं सोई स्वयंवरा सखी साथ है जा राजाके सामने कन्या गई ता राजाको देश गोत्र कुल बल वीरता प्रताप सनाम माता पिता इत्यादि समग्र वृत्तांत वर्णन करिदेत इसीभांति सब समाज देखि तब जाको चाहत ताको जयमाल पहिरावै इसीभांति देखत फिरत १५॥

१३५ ज्यहिदिशिबैठहिंनारदफूली।त्यहिदिशिसोनविलोकिहिभूली १६
पुनि पुनि मुनि उकसहिं अकुलाहीं। देखि दशा हरगण मुसुकाहीं १७
धरि नृपतनु तहँ गयउ कृपाला। कुँवरि हर्षि मेलेउ जयमाला १८
दुलहिनि लैगये लक्ष्मिनिवासा। नृपसमाज सब भयउ निरासा १९
मुनि अतिविकल मोहमति नाठी। मणि गिरिगई छूटि जनुगांठी २०
तब हरगण बोले मुसुकाई। निजमुखमुकर विलोकहु जाई २१
अस कहि द्वउ भागे भयभारी। वदन दीख मुनि वारि निहारी २२

वेष विलोकि क्रोध अतिबाढ़ा। तिनहिं शाप दीन्हेउ अतिगाढ़ा २३

दो० होहु निशाचर जाय तुम, कपटी पापी दोउ॥
हँसेहु हमहिं सो लेहु फल, बहुरि हँसेहु मुनि कोउ २४

१३५ जौनी दिशि कन्या जात तैसीही नारद रूप गर्वते फूलिकै बैठत तेहि नारद की दिशि सो कन्या भूलिहूकै नहीं विलोकत नाम देखत अर्थात् नारद की ओर नहीं देखत १६ जब कन्या सामने ते चलीजात तब अकुलात कि अत्यन्त स्वरूप मेरे सो मेरी दिशि कौन कारण नहीं देखत तब उकसत उठिकै आगे बैठत इत्यादि बारबार करत मुनि की दशा देखि शिवगण मुसुकात भाव ये कामके जीतनेवाले हैं १७ तहां कृपालु शीघ्र मुनि को दुःख मिटावने हेतु राजाको तनु धरि भगवान् गये तिनको देखि खुशी ह्वैकै राजकुँवरि जयमाला मेली नाम पहिराय दई १८ लक्ष्मिनिवास लक्ष्मीनाथ विवाहि दुलहिनि लैगये राज समाज सब तौ निराशै भई काहू की हानि ऐसी नहीं भई १९ अरु नारदजी की गांठि में बांधी पासते मानो मणि ऐसी गिरिगई ताते मुनि अत्यन्त विकल भये काहेते मोहने मति को नाठी नाश करिदई तहां नेत्रेन्द्रियके विषयवश सकाम भये जब कामना की हानि भई तब क्रोध भयो ताते मोह भयो तब शास्त्र उपदेश भूलि गयो तब बुद्धि नष्ट भई यही जीवके भूलनेको कारण है यथा गीतायाम् ॥ ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते। सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोभिजायते॥ क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः। स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति २० उसी समय में नारदजी सों शिवगण मुसुकाय बोले कि हे मुनि! अपनो मुख तौ मुकुर शीशामें जाइ देखौ २१ ऐसा कहिकै भारी भय कहे डरायकै दोऊ भागे तहां शीशा कहां रहै तब वारि नाम जल में निहारिकै नारदजी मुख देखो २२ अपनो कुरूप वेष देखतही अत्यन्त क्रोध बाढ़ो प्रथम तिनहीं शिवगणनको गाढ़ा कहे अतिशय घोर यथा॥ गाढबाढदृढानि चेत्यमरः। घोर शाप दीन्हे २३ दोहार्थ॥ क्या शाप दीन्हे कि तुम जाय निशाचर होउ काहेते कपटी हौ छिपिकै हमारा वृत्तांत देखेउ पुनः हमको हँसेउ याते पापी दोऊ हौ ताते हमको हँसेउ ताको तौ थोरा फल लेउ साइत कसरि रही तौ फिरि कोऊ मुनिको हँसेउ २४॥

१३६ पुनिजलदीखरूपनिजपावा। तदपि हृदय संतोष न आवा २५
फरकत अधर क्रोध मनमाहीं। सपदि चले कमलापतिपाहीं २६

देहौं शाप कि मरिहौं जाई। जगत मोर उपहास कराई २७
बीचहिं पंथ मिले दनुजारी। संग रमा सोइ राजकुमारी २८
बोले मधुर वचन सुरसाईं। मुनि कहँचलेहु विकलकी नाईं २९
सुनत वचन उपजा अतिक्रोधा। मायावश न रहा मन बोधा ३०
परसंपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरे इर्षा कपट विशेखी ३१
मथत सिंधु रुद्रहि बौरायहु। सुरन प्रेरि विष पान करायहु ३२
दो० असुर सुरा विष शंकरहि, आपु रमा मणि चारु॥
स्वारथसाधक कुटिल तुम, सदा कपट व्यवहारु ३३

१३६ पुनः जल में देखा तौ निजरूप पात्रा पूर्वही रूप देखानो तदपि हृदय में संतोष नहीं आयो भाव अपनी भूल नहीं विचारे मोहवश स्वामी को दोष विचारे २५ ताहीते मनमें क्रोध भरा अर्थात् जहां प्रेम भराहै तहां क्रोध भरो ताहीकी चेष्टा कहत कि अधर ओष्ठ फरकत सपादि शीघ्रही कमला लक्ष्मीपति के पासको चले २६ क्या संकल्प करि चले कि शाप देहौं कि जाइ मरिहौं अर्थात् अनुकूल रहैंगे तौ शाप देहौं कदाचित् दुर्वासासम विमुख होइँगे तौ मरौंगो भाव सुदर्शन तेजमें प्राणघात करौंगो दुर्वासासम भागौंगो नहीं काहेते जगमें तौ मेरी उपहास कराई ताते जीकै कौन मुख संसार में देखाइहौं २७ तहां मरिबे को संकल्प करि चले याते भगवान् बीचही पंथमें मिले आगे लेना वीरको धर्महै इहां वीरताको कौन कारण है तहां भगवान् तौ दनुजनके अरिहैं ताते सम्मुख आये का नारद दैत्यहैं तहां दैत्यन की जाति नहीं हिरण्याक्ष हिरण्यकशिपु कश्यपमुनिके पुत्र रावण विश्रवाको पुत्र है ताते भगवान्के मारनेको कहे यही दैत्यबुद्धि है ताही ईर्षा प्रचारने हेतु सोई राजकुमारीको भी साथ लिहे कमलापतिके पास चलेरहैं यही सचाई हेतु लक्ष्मीको भी साथ लिहे मिले २८ तहां प्रथम संकल्प जो कहे कि शाप देहौं ताहीहेतु मुनि जानि सुरनके स्वामी भगवान् मधुर वचन बोले हे मुनि! अरु जो मारनेको कहे ताते ईर्षावर्धक कहे कि विकलकी नाईं कहां चले भाव प्रतिज्ञा प्रकट करौ २९ इत्यादि वचन सुनतही अत्यंत क्रोध उपजा कि सब भांतिको छल करि अजानकी नाईं जरेमें लोन लगावत तहां इष्टपर क्रोध अधर्महै सो माया के विशेषवश हैं ताते नारदके मनमें बोध विचार नहीं रहा ३० विचारहीन बोले कि परारी संपदा तुम नहीं देखिसकत तुमको परारि बढ़ती नहीं सुहात काहेते ईर्षा, दुर्भाव, कपट, छलादि तुमविषे विशेष

करके है ३१ समुद्रमथत में सुरनको प्रेरि पठाय बिष पान कराय रुद्रको बौराय दिहेउ उनते तहदिल भयो ३२ दोहार्थ ॥ किंचित् सबल दैत्य रहैं तिनको सुरा मदिरा पिआइ बौरायउ तब तहदिलीते रमा लक्ष्मी अरु कौस्तुभमणि चारुनाम सुन्दर तिनको आपु लैलिहेउ ताते तुम स्वार्थके साधक आपन मतलबी हौ सबके हेतु कुटिल टेढ़ा स्वभाव तुम्हारा है अरु व्यवहार भी कपटको सदा राखते हौ अर्थात् सनेही बनि हमहींते कहेउ और अरु किहेउ कुछ और ३३ ॥

१३७ परमस्वतंत्र न शिरपर कोई। भावै मनहिं करो तुम सोई ३४
भलाहि मन्द मन्दहि भल करहू। विस्मय हर्ष न कछु मन धरहू ३५
डहकि डहकि परकेहु सबकाहू। अतिअशंक मन सदा उछाहू ३६
कर्म शुभाशुभ तुमहिं न बाधा। अबलगि तुमहिं न काहू साधा ३७
भले भवन अब बायन दीन्हा। पावहुगे फल आपन कीन्हा ३८
वंचेउ मोहिं जवनि धरि देहा। सोइतनु धरहु शाप मम येहा ३९
कपिआकृति तुम कीन्हि हमारी। करिहैं कीश सहाय तुम्हारी ४०
ममअपकार कीन्ह तुम भारी। नारिविरहते होउ दुखारी ४१
दो० शाप शीश धरि हर्षि हिय, प्रभु बहु बिनती कीन्ह ॥
निजमाया की प्रबलता, कर्षि कृपानिधि लीन्ह ४२

१३७ क्योंकि मनचाही करौ तुम्हारे शिर हुक्मकर्ता तौ कोऊ है नहीं परम स्वतंत्र इच्छाचारी हौ ताते जो कछु मनमें भावत सोई करत तामें भला बुरा नहीं विचार करत हौ ३४ भले ज्ञानी यथा हम ताको मंद मूर्ख बनावत मंद-मूर्ख यथा बालक ध्रुव ताको भलो ज्ञानी करेउ तहां भलेको मंद करिबेमें विस्मय नहीं मंदको भला करतमें कछु हर्ष नहीं मनमें धरते हौ ३५ डहकि डहकि परकेउ अर्थात् सबको घुरकि घुरकि परकेउ जाही को घुरकेउ सोई चुपाय रहा याहीते तुम्हारो स्वभाव परिगयो ताते अत्यंत अशंक भयो सबके घुरकिबे की सदा मनमें उछाह बनी रहति ३६ शुभकर्म की बाधा यथा राजा नृगको अशुभ की बाधा राजावेणु के प्राणहानि तथा शुभ किहेउ वा अशुभ किहेउ दोऊ कर्मन की बाधा दुःख यथा॥ पीडा बाधा व्यथा दुःख इत्यमरः॥ सो तुमको एकहू दुःखदायक नहीं भये अरु अबलगि तुमको कोई साधा नहीं तुम्हारी खुटाई किसीने निकारी नहीं ३७ अब भले घरमें बायन दिहेउ है अर्थात् मेरे साथ छल किहेउ सो अपने कीन्हे कर्मन को फल सजा पावहुगे ३८ जौनि राजा

की देह धरि मोहिं वंचेहु अर्थात् मैं विवाह कीन चाहत रहौं छलिकै तुम विवाहि लिहेउ सोई राजाको मनुष्यतनु धरौ यह मेरा शापहै अर्थात् दिव्यदेह ते प्राकृतदेह धरौ ३९ पुनः तुमने हमारी कपिकी आकृति कीन अर्थात् वानर कैसो मुख करिदीन ताते कीश जो वानर तेई तुम्हारी सहाय तुम्हारे साथ ह्वै राक्षसन ते युद्ध करिहैं ४० मम कहे मेरा अपकार तुमने बड़ाभारी किया अर्थात् हितहानि लोक में निन्दा व्याकुलतादि अनेक दुःख नाहकही दिया तथा नारिवियोग विरह ते तुम भी दुखारी होउ अर्थात् विरहदुःखते मार्गमें रोवत फिरौ ४१ दोहार्थ ॥ इत्यादि नारदजी का शाप हर्षि खुशी ते शीश धरि कहे अंगीकार करि पुनः प्रभु भगवान् ने बहुतभांति ते स्तुति बिनती कीन अर्थात् आप महात्मा सब भांति समर्थ हौ हमारे अपराध क्षमा करौ शापते लीलाको हेतु तामें लोकको हित ताते हर्षे अरु भक्तवत्सल ताते क्षमाते बिनती करी पुनः निज अपनी माया की प्रबलता जबरई ताको कृपानिधि कर्षि कहे नारद के ऊपर ते खैंचिलीन यथा पिशाच उतरि गयउ ४२ ॥

१३८जब हरि माया दूरि निवारी। नहिं तहँ रमा न राजकुमारी ४३
तब मुनि अतिसभीत हरिचरणा। गहे पाहि प्रणतारतिहरणा ४४
वृथा होउ मम शाप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला ४५
मैं दुर्वचन कहेउँ बहुतेरे। कहमुनि पापमिटहिंकिमिमेरे ४६
जपहु जाइ शंकर शत नामा। होइहि हृदय तुरत विश्रामा ४७
कोउ नहिं शिवसमान प्रिय मोरे। असपरतीति तजहु जनिभोरे ४८
ज्यहिपर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भक्तिहमारी ४९
अस उरधरि महि बिचरहु जाई। अब न तुम्हैं माया नियराई ५०
दो० बहुविधि मुनिहिं प्रबोधि हरि, तब भय अंतर्धान॥
सत्यलोक नारद चले, करत रामगुणगान ५१

१३८ जब हरिने माया को निवारि खैंचिकै दूरि किया तब तहां न लक्ष्मीजी हैं न राजकुमारी है एक भगवान् रहिगये तब नारदजी सावधान भये ४३ सावधान ह्वै इष्टसों विमुखता अपराध विचारि तब मुनि अत्यंत सभीत नाम डरायकै हरिके चरण गहे पुनः बोले कि प्रणत जो शरणागत ताके आर्ति जो दुःख ताके हरणहार हौ हे प्रभु ! पाहि कहे मैं शरण हौं अपराधकर्मनते मेरी रक्षा करौ ४४ हे कृपालु ! मेरा शाप वृथा होय काहे ते अज्ञातदशा के वचन साधुन वृथा कहाहै याते इनको मेरे कहे न मानि ग्रहण

करौ अप्रमाणिक है तहाँ लीलाकरि दीनन को उद्धार चाहत ताते दीनदयालु कहेउ कि यह मेरी इच्छा है ४५ पुनः मुनिने कहा कि जो मैंने बहुतेरे से कुवचन आपको कहे हैं सो मेरे पाप कौनी विधि ते क्या प्रायश्चित्तोद्धार किहेते मिटैंगे सो बताइये ४६ तब भगवान् बोले कि शंकरशतनाम जो स्तोत्र है ताको जपौ कलुकाल नित्य अष्टोत्तरशत पाठ करो जब पाप छूटि जायँगे तब तुरतही तुम्हारे हृदय में विश्राम आवैगा यह परीक्षाहै समाप्त की ४७ क्योंकि शिवके समान प्रिय मेरे दूसरा कोई नहीं है यह प्रतीति दृढ़ करि राखेउ भोरे कहे भूलिकै कबहूं जनि त्यागेउ ४८ पुरारि त्रिपुरारि अर्थात् शंकर जाके ऊपर कृपा न करहिं हे मुनि ! सो प्राणी हमारी भक्ति न पावै अर्थात् हरिभक्ति के मुख्य आचार्य शंकर हैं यथा भागवते ॥ वैष्णवानां यथा शंभुः ४९ प्रथम शिवको कहा नारदजी नहीं सुनेउ ताहेतु प्रभु यह उपदेश करे अस उरमें धरिकै पृथ्वी में जाय बिचरौ अब तुमहिं तुम्हारे निकट माया न नियराई ५० दोहार्थ॥ बहुती विधिते मुनिको प्रबोधि संतोष दैकै तब हरि अन्तर्धान भये अरु नारदजी श्रीरघुनाथजी के गुणनको गान करत सत्यलोक को गये ५१ ॥

१३९ हरगण मुनिहिं जातपथ देखी । विगतमोह मनहर्ष विशेखी ५२
अतिसभीत नारदपहँ आये । गहिपद आरत वचन सुनाये ५३
हरगण हम न विप्र मुनिराया । बड़ अपराधकीन्ह फल पाया ५४
शाप अनुग्रह कहहु कृपाला । बोले नारद दीनदयाला ५५
निशिचर जाय होहु तुम दोऊ । वैभव विपुल तेज बल होऊ ५६
भुजबल विश्व जितब तुम जहिया । धरिहहिंविष्णुमनुजतनुतहिया ५७
समर मरण हरि हाथ तुम्हारा । ह्वैहहु मुक्त न पुनि संसारा ५८
चले युगल मुनिपद शिरनाई । भये निशाचर कालहि पाई ५९
दो० एककल्प यहि हेतु प्रभु, लीन्ह मनुज अवतार ॥
सुररंजन सज्जनसुखद, भंजन धरणीभार ६०

१३९ शिवजी के गण जब मुनिहिं नारदजी को मार्ग रास्तेमें जात देखे कि अब मोह करके विगत कहे छूटे मनमें विशेष करिकै हर्ष खुशी चले जात ५२ तब दोऊ अत्यन्त सभीत डर सहित नारदजी के पास आय पदगहि आर्त कहे दुःखित ह्वैकै वचन सुनाये दीनह्वै अपनो हाल कहे ५३ हे मुनिराज ! हम शिवजीके गण हैं विप्र नहीं हैं ब्राह्मण बनि आपके साथ रहे कूटादि बड़ा अपराध कीन ताको फल शाप पावा ५४ हे कृपालु ! कृपाकरि शापकी अनु-

प्रह कहहु किस तरह हमारा उद्धार होई दीनता सहित देखि दीनदयालु नारद शापोद्धार वचन बोले ५५ हे शिवगणहु ! तुम दोऊ जाय निशाचर रावण कुम्भकर्ण होउ कैसे बल तेज नाम प्रताप वैभव नाम ऐश्वर्य इत्यादि विपुल नाम बहुत सहित होउ अर्थात् बड़े बली बड़े प्रतापी बड़े ऐश्वर्यवाले ह्वैहौ ५६ तहां अपने भुजनके बल करिकै जब तुम विश्व संसार भरे को जीति लिह्यो जब दिग्पालादि कोऊ तुम्हारा सामना न करी तब भूमि देवतादि मिलि ब्रह्मा प्रार्थना करि हैं तब तुम्हारे मारिवे हेतु विष्णु मनुज मनुष्य तनु धरिहैं अर्थात् द्विभुज धनुर्धारी श्रीरामरूप धारण करिहैं ५७ समर युद्धमें सम्मुख हरिके हाथ तुम्हारा मरण होई तब मुक्त ह्वैहौ पुनः संसार में तुम्हारा जन्म न होई ५८ तब युगल कहे दोऊ शिवगण मुनिके पदन में शिर नाइके चलेगये पुनः तेई काल समय पायकै निशाचर रावण कुम्भकर्ण भये ५९ दोहार्थ॥ एक कल्पमें यहि हेतु नारद के शाप करिकै प्रभु भगवान् मनुज द्विभुज अवतार लीन पुनः सुर जो देवता तिनको रंजन हर्ष देबे हेतु सज्जन भगवद्दास तिन्हैं सुख देबेहेतु धरणी जो पृथ्वी ताको भार भंजन कहे नाश करिबे हेतु इत्यादि अनेक हेतु हैं ६०॥

१४० यहिविधि जन्म कर्म हरि केरे। सुंदर सुखद विचित्र घनेरे ६१
कल्पकल्प प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नानाविधि करहीं ६२
तब तब कथा मुनीशन गाई। परम विचित्र प्रबंध बनाई ६३
त्रिविध प्रसंग अनूप बखाने। करहिं न सुनि आश्चर्य सयाने ६४
हरि अनंत हरिकथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुविधि सब संता ६५
रामचंद्र के चरित सुहाये। कल्पकोटि निगमागम गाये ६६
यह प्रसंग मैं कहा बखानी। हरिमाया मोहहिं मुनि ज्ञानी ६७
प्रभु कौतुकी प्रणत हितकारी। सेवत सुलभ सकल दुखहारी ६८

सो० सुरनर मुनि कोउ नाहिं, ज्यहि न मोह माया प्रबल॥
अस विचारि मनमाहिं, भजिय महामायापतिहि ६९

१४० यहि विधिते हरि विष्णुके जन्म अर्थात् श्रीरामरूप धरि जो जो उत्तम कर्म करे ते सुन्दर लोक सुखदायक विचित्र जो काहूके समुझबे योग्य नहीं इत्यादि घनेरे बहुत श्रीरामअवतार भये ६१ कल्प कहे हजार चौयुगी जो ब्रह्मा को दिन होत ताकी आदि में तौ प्रभु विशेषही अवतार धरत काहेते जब राति पाय ब्रह्मा सोइ जात तब भूतलादि नहीं रहत तब लीला

भी नहीं रहत जब ब्रह्मा जागि लोकरचना करे तब लीला नवीन हेतु प्रभु अवतार धारि नाना विधि के चारु सुंदर चरित्र करते हैं यह नेम है अरु औरे त्रेतन में नियम रहित जबै कारण लाग तबै अवतार भयो ६२ जब जब अवतार होत तब तब परम विचित्र प्रबंध कहे वाक्य विस्तार रचना बनाइके वाल्मीक्यादि मुनीशन गाई है ६३ तिनमें विविध भांतिके प्रसंग अनूप जाकी समता दूसरा नहीं है तिनको सुनिके जे सयाने जन हैं ते आश्चर्य नहीं करते हैं साधारण सुनि लेते हैं ६४ काहेते यथा हरि भगवान् अनंत हैं तैसेही हरिकी कथा भी अंतरहित हैं ताको बहुती विधिते सब संत कहते हैं अरु सुनते हैं संशय नहीं करते ६५ श्रीरघुनाथजी के चरित्र अर्थात् नाम, रूप, लीला, धाम, यश, कीर्ति, प्रताप, गुण, ऐश्वर्य, माधुर्य लीलादि सुहाये नाम सुंदर हैं तिनको करोरिन कल्पतक निगमागम वेद शास्त्रादि गावत तदपि अंत नहीं पावत ६६ हे भवानी ! यह जो प्रसंग है ताको मैं बखानिकै विस्तारसहित कहेउँ ताको हेतु कि हरि की माया ऐसी प्रबल है कि जे ज्ञानी आत्मदर्शी मुनि हैं तेऊ मोहि जाते हैं और की को कहै ६७ ज्ञानिन को क्यों मोहते हैं ता हेतु कहत कि प्रभु तौ कौतुकी हैं कौतुक देखने हेतु ऐसा देखना प्रभुको उचित नहीं सो कहत कि प्रणत जो शरणागत ताके हितकारी हैं ताते मानादि जो कुछ विकार आवत ताके मिटाइबेहेतु मोहते हैं पुनः सेवत सुलभ पुनः सब प्रकार के दुःख हरिलेते हैं ६८ सोरठार्थ ॥ सुर देवता, नर मनुष्य, मुनि मनन शीलादि ऐसा कोऊ नहीं है जाको प्रबल हरिकी माया न मोहित करिदेइ ऐसा विचारिकै महामाया आह्लादिनी शक्ति ताके पति श्रीरघुनाथजी तिनको भजु कौन प्रकार अमान ह्वै प्रेमसहित मन, वचन, कर्म करि यथा अध्यात्म्ये सुग्रीववाक्यम् ॥ त्वत्पादपद्मार्पितचित्तवृत्तिस्त्वन्नामसंगीतकथासु वाणी । त्वद्भक्तसेवानियतौ करौ मे त्वदङ्गसङ्गं लभतां मदङ्गम् ॥ पुनः पूर्व कहिआये कि सेवतमें सुलभ है अध्यात्म्ये ॥ को वा दयालुः स्मृतकामधेनुरन्यो जगत्यां रघुनायकादहो । स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञात्वा स्मृतामे स्वयमेव जातः ॥ पुनः सब प्रकारके दुःखको हरणहार हैं यथा वाल्मीकीये ॥ सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम १६६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितभूषणे श्रीरामावतारभेदेषु नारदमोहवर्णनं नाम त्रयोविंशतितमः प्रकाशः २३ ॥

१४१ अपर हेतु सुनु शैलकुमारी । कहौं विचित्र कथा विस्तारी १

ज्यहि कारण अज अगुण अनूपा। ब्रह्म भये कोशलपुर भूपा २
जो प्रभु विपिन फिरत तुम देखा। बंधु समेत धरे मुनिबेखा ३
जासु चरित अवलोकि भवानी। सती शरीर रहिउ बौरानी ४
अजहुं न छाया मिटी तुम्हारी। तासु चरित सुनु भ्रमरुज हारी ५
लीला कीन्ह जो त्यहि अवतारा। सो सब कहिहौं मति अनुसारा ६
भरद्वाज सुनि शंकरबानी। सकुचि सप्रेम उमा हरषानी ७
लगे बहुरि बरणै वृषकेतू। सो अवतार भयो ज्यहि हेतू ८
दो० सो मैं तुमसन कहौं सब, सुनु मुनीश मनलाय॥
रामकथा कलिमलहरणि, मङ्गलकरणि सुभाय ९

१४१ जो चतुर्भुजादि द्विभुज धनुर्धारी ह्वै अनेकन बार श्रीरामलीला करेहैं तिनमें से तीनि अवतारन को हेतु इहां तक कहे अरु जो आदिकल्प में साकेतविहारी स्वयंरूपते अवतीर्णभये जिनको देखि सती के मोह भयो है तहां आदिकारणते सूक्ष्मलीला कुछ कहिगये परन्तु अवतार होनेको हेतु नहीं कहे सो अब कहत यथा हे शैलकुमारी! अपर कहे और हेतु सुनु ताको विचित्र रीति ते विस्तारकरि कहतहौं १ ज्यहि कारणते अज जिनको जन्म किसीकरिकै नहीं भया अर्थात् स्वयंरूप हैं जिनकी इच्छाते चतुर्भुजादि संसारको पालन करत याते अवतार लेने को भी प्रयोजन नहीं ताते अज कहे पुनः अगुण कहे जो त्रिगुणात्मक माया है तेहिते परे हैं जिनकी इच्छाते चतुर्व्यूह त्रिदेवादि लोक उत्पत्ति, पालन, नाशादि करते याते गुणधारण करिबेको कुछ प्रयोजन नहीं ताते अगुण कहे पुनः अनूप कहे जिनकी समता को दूसरो रूप नहीं वा सर्वोपरि उदारता है ऐसे अनूप ब्रह्म सर्वोपरिरूप सर्वोपरि जाको नाम लीला धाम तेई कोशलपुर के भूप अयोध्यानाथ भये २ हे गिरिजा! जो प्रभु श्रीरघुनाथजी को बंधु लक्ष्मणजी सहित मुनिवेषधरे विपिन दण्डकवन में फिरत तुमने देखा है ३ जासु चरित जिनकी नरनाट्य अवलोकि नाम देखिकै मोह मादकते सती शरीर कहे देहमें बौरानीरहिउ ४ तुम्हारी बुद्धि में तेहि मादक की छाया अजहूं नहीं मिटी है तासुरूप श्रीरघुनाथजीको चरित सुनु जो भ्रमरूपी रुजनाम रोगको हरलेनेवाला है अर्थात् जब सुनोगी तब भ्रम नाश ह्वै जायगो ५ त्यहि अवतारमें प्रभु जो लीला कीन हैं सो समग्र निजमति के अनुसार जो कुछ बुद्धिमें भासी सो कहिहौं अर्थात् और अवतारन को चरित कुछ कुछ दर्शावत या अवतार को सब चरित कहौंगो ६ हे भरद्वाज! जो कहे कि सतीतनमें ऐसा बौरानी जो

छाया आजतक नहीं मिटी इत्यादि शंकर की वाणी सुनि पार्वतीजी सकुचाइगई पुनः परब्रह्मरूप सुनि प्रेम भयो पुनः ताही अवतार को चरित सुनावते हैं ताते हर्षानी इहां कइउ भाव एकत्र ताते समुच्चय अलंकार है ७ बहुरि पुनः वृषकेतु धर्म के ध्वजा शिवजी वर्णन करै लागि जेहिहेतु सों परब्रह्मको अवतार भयो है ८ दोहार्थ ॥ गिरिजा सों जो शिवजी वर्णन कीन सोई मैं तुमसन कहतहौं समग्र चरित हे मुनीश, भरद्वाज! मन लगायके सुन अर्थात् श्रवणद्वारा मन मेरी वाणी के सन्मुख राख कैसी श्रीरामकथा है कि कलिमल जो जीवकृत पाप जाते जीवको दुःख होत ताकी हरणहारी है पुनः स्वाभाविक मंगल प्रसिद्ध उत्सवकी करनहारी है जाके सुनत सहजै मंगल बने रहत ९ ॥

१४२ स्वायम्भूमनु अरु शतरूपा। जिनते भय नरसृष्टि अनूपा १०
दम्पति धर्म आचरण नीका। अजहुँ गाव श्रुति जिनकै लीका ११
नृप उत्तानपाद सुत तासू। ध्रुव हरिभक्त भये सुत जासू १२
लघु सुत नाम प्रियव्रत जाही। वेद पुराण प्रशंसहिं ताहीं १३
देवहुती पुनि तासु कुमारी। जो मुनि कर्दमकी प्रिय नारी १४
आदिदेव प्रभु दीनदयाला। जठर धर्यो ज्यहि कपिल कृपाला १५
सांख्यशास्त्र जिन प्रकट बखाना। तत्त्व विचार निपुण भगवाना १६
त्यहि मनु राज कीन बहुकाला। प्रभु आयसु बहुविधि प्रतिपाला १७
सो० होय न विषय विराग, भवन बसत भा चौथपन॥
हृदय बहुत दुख लाग, जन्म गयो हरिभक्ति बिन १८

१४२ एककल्प में चौदह मन्वंतर होते हैं तिनमें आदिमनु ब्रह्माके पुत्र स्वायंभुवनाम अरु शतरूपा उनकी रानी तहां आदिमें ब्रह्मा मानसी सृष्टि करें तामें सनकादि भये इन सृष्टिकरना नहीं मंजूर कीन तब दहिनी भुजाते स्वायंभुव, वामभुजाते शतरूपा उपजाय सृष्टिकी आज्ञादिये जिनसे नरनकी अनूप सृष्टि भई सो आगे है १० दम्पति स्त्रीपुरुष जो मनु शतरूपा तिनको धर्मको आचरण धर्ममार्ग चलनो सो जिनका नीक है काहेते धर्मधुरीणन को सुगमचलनेहेतु जिनकै चलाई लीक धर्ममार्ग जो मनुस्मृति है ताको अजहूं श्रुति उत्तम करि गावत अर्थात् वेदमें प्रमाण है मनुस्मृति की ११ मनुके बड़े पुत्र उत्तानपाद तिनके पुत्र ध्रुव हरिके परम भक्त जे लोकमें प्रसिद्ध हैं जिनको अचलपद मिला ये भी मनुके वंशमें अनूपभये इनहूंके

सम कोऊ दूसरा नहीं भया १२ मनुके लघु जो छोटे पुत्र हैं जाहि प्रियव्रत ऐसा नाम जिनकी वेद पुराण प्रशंसा करत जिनके रथके पहियन सों सात समुद्र भये सूर्यवत् प्रतापवान् भये ये भी मनुवंशमें अनूप भये इनके वंशमें ऋषभदेव भगवान्को अवतार भयो १३ पुनः तासु मनु की कुमारी देवहूती नाम भई जो कर्दमऋषिकी प्रियनारी पतिअनुकूल रहीं १४ जेहि देवहूतीने जठर नाम गर्भते दीननपर दया करनेवाले प्रभु जो आदि देव भगवान् हैं तेई कपिलदेव कृपाके स्थान अवतार धरे १५ काहेते कृपालु कहे जिन कपिलदेव सांख्यशास्त्र प्रकट बखानकीन अर्थात् देहव्यवहारते आत्मभिन्न देखाये इत्यादि तत्त्वविचार यथा पुरुष, प्रकृति, बुद्धि, अहंकार, त्रिगुणात्मक पुनः शब्दते आकाश, स्पर्श ते वायु, रूपते अग्नि, रसते जल, गन्धते पृथ्वी ये तमोगुण अहंकारते भये पुनः श्रवण, त्वचा, नेत्र, रसना, नासिका ये रजोगुण अहंकारते भये इति ज्ञानेन्द्रिय पुनः मुख, हाथ, पद, गुदा, लिंग इति कर्मेन्द्रिय येऊ तमोगुणते हैं, पुनः मन युत ग्यारह इन्द्रिय पुनः जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति इति तीन अवस्था देहकी बुद्धिनिष्ठ हैं तीन अवस्थाको साक्षी पुरुष तुरीय अवस्थामें है इत्यादि तत्त्व विचारमें कपिल भगवान् निपुण हैं १६ तेहि स्वायम्भुवमनु जो आदिकल्प में भये ते बहुत काल राज्य कीन अरु प्रभुकी आयसु वेदनको धर्म बहुत नीकीभांतिते प्रतिपालकहे रक्षा कीन तहां ब्रह्माके दिन कल्पमें हज़ार चौयुगी होतीं तिनमें चौदहमन्वन्तरको भाग कीन्हेते इकहत्तरि ७१ चौयुगी के बाद जब सतयुगलगो तामें एकलाख पच्चासीहज़ार एकसौ बयालिस १८५१४२ वर्ष, दश १० मास, आठ ८ दिन, चौंतिस ३४ दण्ड, सत्रह १७ पल तक मनु राज्य कीन याके उपरांत तपस्याको गये अट्ठाईस हज़ार २८००० वर्ष तप कीन्हे पर श्रीरघुनाथजी दर्शन दे वरदानदीन तबतक दुइलाख तेरह हज़ार एकसौबयालिस २१३१४२ वर्ष सतयुग बीता पुनः चौबिस लाख छब्बीसहज़ार आठसौ अट्ठावन २४२६८५८ वर्ष स्वर्गमें रहे पुनः जब तीन लाख चौरासी हज़ार ३८४००० वर्ष त्रेता बाकीरहा तब दशरथ महाराज आविर्भाव भये पुनः साठि हज़ार ६०००० वर्षके पीछे श्रीरघुनाथजी को अवतार भयो जो बाल्मीकीयमें है ॥ षष्टिवर्षसहस्राणि जातस्य मम कौशिक । ऐसी आयु इसी अवतार में रही अरु जब कश्यप दशरथ भये तब ऐसा नेम नहीं पुनः जो प्रतापी नाम प्रभुको सखा साकेतमें रहा ताको प्रभु प्रकृतिमण्डल को पठाये सो प्रथमै चौयुगीमें भानुप्रतापह्वै पुनः रावण भयो इसी रावणने वेदनपर भाष्य किया पुनः बहत्तरि ७२ चौयुगी राज्य

किया अरु जलन्धरादि जब रावण भये ते एकही चौयुगी में भये पुनः नाशभये ताते मनुको प्रसङ्ग आदि कल्प पुनः बहत्तरि चौयुगीके त्रेताके चौथे चरण जब तीनलाख चौबीसहज़ार वर्ष शेष त्रेतामें साकेतविहारी अवतीर्ण भये १७ सोरठार्थ ॥ तहां धर्मप्रचार प्रजापालन सृष्टि उत्पन्नादि में जन्म बीत्यो इत्यादि भवन घर में बसत अर्थात् लोकव्यवहार में तीनपन बाल, किशोर, युवा व्यतीत भई अब चौथ वृद्धापन आयो तहां अर्थ, धर्म, काम तीन फलकी प्राप्ति ह्वैचुकी अब मोक्ष चाही ताहेतु कहत कि इन्द्रिय विषयन ते विराग नहीं होत ताते हृदय में बहुत दुःख लाग कि हरिकी भक्ति विना जन्म वृथा गयो धर्मकरि पाप नाशो तब ज्ञान भयो ताते भक्ति को अधिकार भयो १८ ॥

१४३ बरबस राज सुतहिं नृप दीन्हा। नारि समेत गवन वन कीन्हा १९
तीरथ वर नैमिष विख्याता। अति पुनीत साधक सिधि दाता २०
बसहिं तहां मुनि सिद्ध समाजा। तहँ हिय हर्षि चले मनु राजा २१
पंथ जात सोहहिं मति धीरा। ज्ञान भक्ति जनु धरे शरीरा २२
पहुँचे जाय धेनुमति तीरा। हर्षि नहाने निर्मल नीरा २३
आये मिलन सिद्ध मुनि ज्ञानी। धर्मधुरन्धर नृप ऋषि जानी २४
जहँ तहँ तीरथ रहे सुहाये। ऋषिन सकल सादर करवाये २५
कृशशरीर मुनिपट परिधाना। संतसभा नित सुनहिं पुराना २६

दो० द्वादश अक्षर मंत्र वर, जपहिं सहित अनुराग॥
वासुदेव पद पंकरुह, दम्पति अतिमनलाग २७

१४३ बरबस जबरई पुत्र प्रियव्रतको राज्य दैके नारि शतरूपा समेत मनु महाराज तपस्या हेतु वनको चले १९ कहांको चले जो नैमिषारण्य लोकमें विख्यात प्रसिद्ध तीर्थन में श्रेष्ठ जो अत्यन्त पुनीत चक्रतीर्थ जो साधना करनेवालेन को सिद्धिदाता है जहां जप तप आदि शीघ्रही सिद्ध होत २० ताहेतु तेहि भूमिका में मुनि सिद्धनकी समाज वसत तहांको मनु महाराज हर्षित आनन्द ह्वै चले २१ धीर कही जो काम क्रोधादि के वेगते मनआदि में उद्वेग न व्यापै यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ वेगेनावध्यमाने त्वसमिते कामक्रोधयोः। गदिते धीमतां धैर्य बले भूयसि तेजसि ॥ अर्थात् सदा बुद्धिस्थिर रहै ऐसे मतिके धीर पन्थ में जात कैसे सोहत तिनकी उत्प्रेक्षा करत कि मनु नहीं हैं जनु शरीरधरे ज्ञान है शतरूपा नहीं हैं जनु

देहधरे भक्ति है २२ नैमिषारण्यमें प्रथम धेनुमति गोमती के तीर पहुँचे हर्ष सहित निर्मल नीर गोमती में मज्जन कीन्हे पुनः किसी स्थानपर स्थित भये इनको आगमन सुनि २३ सिद्ध, मुनि, ज्ञानी यावत् ऋषीश्वर रहे ते सब मनु को मिलनेहेतु आये काहेते धर्मकी धुरीके धरनेवाले नृपऋषि कहे राजऋषि जानिकै सब आये भाव राजकाज में ऋषिवत् व्रत निर्वाहे याते परम श्रेष्ठ हैं २४ तहां चौरासी कोश प्रदक्षिणामें कोटिउ तीर्थ हैं तिनमें यथा अयोध्या मथुरा काशी गया गोदावरी मिश्रिष पञ्च प्रयागादि मुख्य जहां जहां सुहाये सुन्दर तीर्थ रहे तहां तहां ऋषीश्वरन आदरसहित सकल तीर्थनमें दर्श स्पर्श मज्जनादि करवाये २५ फलादिस्वल्प आहारते कृशशरीर कहे देह दुर्बल ह्वैरही यह इन्द्रिय जीतने को व्यापार है मुनिपट वल्कलादि परिधान कहे पहिरे यह देहमान भंगहेतु व्यापार है पुनः संतनकी सभामें पुराण अर्थात् हरियश नित्यही सुनते हैं सत्संग प्रथम भक्ति है कथाश्रवण दूसरि भक्ति है तहां अमान ह्वै गुरुसेवा अरु हरिगुणगान इनमें स्वाभाविक है २६ दोहार्थ ॥ विश्वास सहित मन्त्रजाप जो पञ्चमभक्ति ताको कहत द्वादश कहे बारह अक्षर को वरनाम श्रेष्ठ मन्त्र यथा ॐ नमो भगवते वासुदेवाय॥ यहि मन्त्रको अनुराग सहित जपते हैं अनुराग यथा व्यापकता जो प्रीति की, जिमि सुठि वसन सुरंग। दृगनद्वार दरशै चटक, सो अनुराग अभंग ॥ जपकी विधि यथा॥ मनोमध्ये स्थितो मन्त्रो मन्त्रमध्ये स्थितं मनः । मनोमन्त्रसमायोगो जप इत्यभिधीयते ॥ अरु वासुदेव के पदकमलन में दम्पति राजा रानी को मन अत्यन्त प्रीतिसहित लाग है इहां चतुर्व्यूह वासुदेव न जानिये जो भगवत् को अन्तरात्मारूप सब भूतनमें बसा है सो वासुदेव यथा महारामायणे॥ सर्वो वसति वै यस्मिन्सर्वस्मिन्वसते च यः। तमाहुर्वासुदेवं च योगिनस्तत्त्वदर्शिनः॥ ताको हेतु यह कि देहव्यवहार त्यागि जब आत्मतत्त्व की प्राप्ति होवै तब परमात्मारूप को आराधन करै २७॥

१४४करहिं अहार शाक फल कंदा। सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा २८
पुनि हरिहेतु करन तप लागे। वारि अहार मूल फल त्यागे २९
उर अभिलाष निरंतर होई। देखिय नयन परम प्रभु सोई ३०
अगुण अखंड अनंत अनादी। ज्यहि चितवहिं परमारथवादी ३१
नेतिनेति ज्यहि वेद निरूपा। चिदानंद निरुपाधि अनूपा ३२
शंभु विरंचि विष्णु भगवाना। उपजहिं जासु अंशते नाना ३३
ऐस्यहु प्रभु सेवक वश अहहीं। भक्तहेतु लीला तनु गहहीं ३४

जो यह वचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमारि पूजहि अभिलाषा ३५

दो० यहिविधि बीते वर्ष षट, सहस सुवारि अहार॥
संवत सप्तसहस्र पुनि, रहे समीर अधार ३६

१४४ जब वासुदेव मन्त्रकरि आत्मदृष्टि शुद्ध भई तब व्यापकब्रह्म अन्तर्यामी को चिंतवन करने लगे शाक,फल,मूल,कन्दादि आहार करते हैं पुनः सच्चिदानन्द ब्रह्मको स्मरण करते हैं सत्‌कहे शुद्ध ईश्वरतत्त्व असत् जो माया ताको लेश नहीं चित् कहे सदा एकरस चैतन्यरूप जो जड़माया को भी चैतन्य किहे हैं पुनः सदा एकरस आनन्दहैं जामें इत्यादि सच्चिदानन्द को स्मरणते पांचहज़ारवर्ष में पांचों तत्त्व,स्थूल शरीर, जाग्रत् अवस्था जीति गये अरु सज्जनता समता छठइ सतई भक्तिभई २८ अब सूक्ष्म रूप की आधार ताते फलादि त्यागि जलको आहार करि पुनः हरि श्रीरघुनाथजी की प्राप्ति हेतु तपस्या करनेलगे नामस्मरणरूपमें मनलाग संतोष किहे इति अठईभक्ति करि लिङ्गशरीर स्वप्न अवस्था जीतिगये २९ पुनः हर्षविषाद रहित सरलस्वभाव एक भरोसा करि उरमें निरंतरकहे सदा यही अभिलाष होत कि जो परमप्रभु सबको प्रभुताको प्रसिद्ध नेत्रनसों देखी यह अभिलाष दशा है यथा॥ नैन बैन मन मिलिरहै, चाहै मिल्यो शरीर। कहि केशव अभिलाष यह, वर्णतहै कविधीर ३० अभिलाषमें जो मनोरथ होत सो कहत जो अगुण अर्थात् मायिक गुणते परे अखण्ड कहे अंश कलादि भेदरहित स्वयं परब्रह्मरूप अनन्त कहे वेदादि जाको अन्त नहीं पावत कि शक्ति,बल, तेज,प्रताप,गुण कितने हैं पुनः अनादि कहे जिनकी आदि कोऊ नहीं जानत पुनः परमार्थवादी परलोक साधनेवाले तत्त्वदर्शी जारूपको सदा ध्यान करत ३१ जाको वेद परमपुरुषकरि निरूपा सदा वर्णन करत पुनः नेति नेति अर्थात् इति कबहूं नहीं करत कैसा वर्णन करत चिदानन्द सदा चैतन्य परिपूर्ण आनन्दरूप पुनःनिरुपाधि उपाधि कही धर्म संकटादि मानसी व्यथा यथा॥ उपाधिर्ना धर्मचिन्ता इत्यमरः॥ इत्यादि उपाधिरहित पुनः अनूप जाकी समताको दूसरा रूप नहीं ३२ पुनः पञ्चमुखते अनन्त मुखतक शंभु अरु चतुर्मुखते अनेक मुखतक विरंचि ब्रह्मा अरु चतुर्भुजते अनेकभुज अनेक मुखतक विष्णु भगवान् इत्यादि नाना कहे अनेकभांतिके त्रिदेव जिनके अंशते उपजते हैं जाके रोमप्रति अनेकन ब्रह्माण्डहैं साकेतविहारी अवतारमें लंकाजीतेपर देवनके मान भयो ताके भंग हेतु प्रभु यही प्रभाव दर्शायो है सिद्धांततत्त्वदीपिकायाम्॥ अस्कंधमाहिं विस्तरहै एहु। सो संक्षिप्त कहौं

सुनिलेहु ॥ जहां गर्व सुरगण हिय धस्यो । वड़ सहाय हरिको हम कस्यो ॥ विश्वरूप तब प्रभु दरशायो । देखत तिन सु महाभय पायो ॥ प्रभुके रोम रोम महि न्यारे । कोटि कोटि ब्रह्मांड निहारे ॥ विधिहू तिनमहिं बहुतक देखे । चतुर्मुखरु शतमुखलौं पेखे ॥ तैसेइ शिवस्वरूप तहँ घने । पञ्चवक्र बहु वक्रहि सुने ॥ नानाकृत वाहन ढिग सोहै । प्रकटजहंस वृषभ तहँ कोहै ॥ विष्णु देखिये नानारूप । चतुर्बाहु बहुवक्र अनूप ॥ तेते गरुड़ लसे तिनपाहीं । बहु आकृति बरणे नहिं जाहीं ॥ तिनके तेज परत नहिं सह्यो । वहीं गरुड़ चकृत ह्वैरह्यो ॥ बहुत रूप इन्द्रहु तहँ लसे । जगस्थान सुरपति को हँसे ॥ अगिनि रवि रु शशि वरुण कुबेरू । वहुतरूप यमनैऋत तेरू ॥ प्रभुको देखि तेज सो बढ़यो । कहत कि चहत जगत को डढ़यो ॥ ऐसा प्रभाव जामें है ३३ ऐसेहू प्रभुतावाला जो प्रभु है सोऊ सेवकनके वश अहै काहेते भक्तनके हित हेतु जो सदानन्द दिव्यस्वरूप सोऊ अपनी स्वतन्त्रता त्यागि स्वइच्छित परतन्त्र ह्वै लीलातनु प्राकृतनरवत् तनु ग्रहण करत ३४ जो परमात्मा परब्रह्म सोई राजकुमार ह्वै भूतल में माधुर्यलीला करत ऐसा वचन जो श्रुति वेदने सत्यकरि भाषा है तहां अवतीर्ण ह्वै भूमिपै लीला करना इत्यादि मन्त्ररामायण ऋग्वेद में प्रसिद्ध है अथ ब्रह्मस्तुति ॥ महाभोदेवताया एक आत्मा बहुधा तु यत एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्त्यपि च सत्वानां प्रकृतिभूमाभिऋषयःस्तुवन्तीत्याहुः प्रकृतिसर्वनाम्ना चेतरेतरजन्मानो भवन्तीतरेतरप्रकृतयः कर्मजन्मा येन आत्मजन्मान आत्मैवैषां रथो भवत्यात्मा च आत्मायुधमात्मेषव आत्मासर्वं देवस्य देवस्येति १ अथावतारहेतुरघुश्येनः यतयदंधो अछायुवाकविर्दीदयद्गोषु गच्छन् २ स जातो गर्भो असि रोदस्योरग्ने चारुर्विभृतओषधीषु ॥ चित्राशिशुः परितमांस्यकून्प्रमातृभ्यो अधिकनिदद्गाः ३ विक्षुरित्थापरममस्य विद्वज्जातो बृहंनभिपाति तृतीयम् ॥ आसायदस्य पयो अक्तस्वंसचेतसो अभ्यर्चयन्त्यत्र ४ अत उत्वापितुभृतो जनित्रीरनावृधं प्रतिचरंत्यनैः ताईप्रत्येषि पुनरन्यरूपा असि त्वं विक्षुमानुषीषुहोता ५ तिस्रोमातृस्त्रीन्पितृन्बिभ्रदेकऊर्ध्वस्तस्थौ नेमवग्लापयन्ति मन्त्रयन्ते दिवोअमुष्य पृष्ठे विश्वविदं वाचमविश्वमिन्वाम् ६ चत्वारि ते असुर्याणि नामादाभ्यानि महिषस्य सन्ति ॥ त्वमंगतानि विश्वानि वित्से एभिः कर्माणि मघवंश्चकर्थ ७ अमंदानस्तोमान्प्रभरेमनीषासिन्धावधिक्षियतो भाव्यस्य ॥ यो मे सहस्रममिमीतसवानतूर्तो राजा श्रव इच्छमानः ८ उपमाश्यावास्वनयेन दत्तावधूमन्तो दशरथसो अस्थुः ॥ षष्टिःसहस्रमनुगव्यमागात्सनत्कक्षीवां अभिपित्वे अद्गाम् ९ चत्वारिंश-

दशरथस्य शोणासहस्रस्याग्रे श्रोणिं नयन्ति॥ मदच्युतः कृशनावतो अत्यान्कक्षीवन्त उदमृक्षन्तपश्वाः १० उपोपमेपरामृशमामेदभ्राणिमन्यथा॥ सर्वाहमस्मिरोमशागंधारीणामिवाविका ११ अपालामिन्द्रत्रिष्पूत्व्यकृणोः सूर्यत्वचं महाऋषिर्देवता देवजूतोस्तभ्नात्सिन्धुमर्णवं नृचक्षाः॥ विश्वामित्रो यदबहत्सुदासमप्रियायतकुशिकेभिरिन्द्रः १२ इत्यादि सातो काण्ड हैं सोई विचारिकै मनुमहाराज शरणागतमें दृढविश्वास करि कहत कि मन्त्र रामायणरूप वचन जो ऋग्वेदने सत्यकरिकै भाषाहै भाव निश्चय परब्रह्म अवतीर्ण होयँगे तौ हमारी अभिलाषा पूजी मनोरथ पूर्ण होई भाव हमारेही पुत्र होइँगे ३५ दोहार्थ॥ यही पूर्वरीतिते तपस्या करत षट्सहस्र छह हजार वर्षबीते केवल जलै आहार करतरहे तब त्रिगुणात्म अहंकार जीति गये पुनः सप्तसहस्र सातहजार वर्षतक समीरनाम पवन के आधार रहि प्रभु की चिन्तवन नाम स्मरण करतमें कारण शरीर सुषुप्ति अवस्था बुद्धिको जीति गये केवल प्रभुको भरोसा यह नवईं भक्ति है ३६॥

१४५ वर्ष सहसदश त्याग्यउ सोऊ। ठाढ़े रहे एक पद दोऊ ३७
विधि हरि हर तप देखि अपारा। मनु समीप आये बहुबारा ३८
मांगहु वर बहुभांति लुभाये। परम धीर नहिं चलहिंचलाये ३९
अस्थिमात्र ह्वै रह्यो शरीरा। तदपि मनाक मनहिं नहिं पीरा ४०
प्रभु सर्वज्ञ दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृपरानी ४१
मांगु मांगु वर भइ नभ बानी। परम गँभीर कृपामृतसानी ४२
मृतक जिआवनि गिरा सुहाई। श्रवण रंध्र ह्वै उर जब आई ४३
हृष्टपुष्ट तनु भये सुहाये। मानहुँ अबहिं भवनते आये ४४

दो० श्रवण सुधासम वचन सुनि, प्रेम प्रफुल्लित गात॥
बोले मनु करि दण्डवत, हर्ष न हृदय समात ४५

१४५ पुनः पवन खैंचतेरहे सोऊ त्यागिदिये श्वास बन्दकरि नाम स्मरणरूप के चिन्तवनमें दशहजार वर्षतक मनु शतरूपा दोऊ एकपगते ठाढ़ेरहे इहां प्रेमापरा दोऊ भक्ति पूर्ण हैं तहां प्रीतिकी उमंग सो प्रेमा है प्रीतिकी स्थिरता जो अनुराग है सोई परा है यह प्रेमकी वही संतृप्तदशा है यथा सवैया॥ साधनशून्यलिये शरणागत नैनरँगे अनुराग नसा है। भूतल व्योम जलानिल पावक बाहर भीतर रूप बसा है॥ चिंतवनाहम बुद्धिमयी मधु ज्यों मखिया मन जाय फँसा है। बैजसुनाथ सदा रस एकहि

याविधि सो संतृप्तदसा है ॥ जब आत्मरूप की अखण्डप्रीति तैलवत् धार परब्रह्मरूपमें लागि गई तब आदिप्रकृति जीति तुरीय अवस्था को प्राप्त भये ३७ इत्यादि पुरश्चरण व्रत दिनादि संख्यारहित तप करतेही गये इत्यादि अपार तप देखि ब्रह्मा विष्णु शिव मनुके समीप बहुत बार गये तहां पांच हजार पूर्णभये तब गये छह हजार पूर्णभये तब गये सात हजार पूर्णभये तब गये ३८ जब जब आये तब तब यही बोले कि वर मांगहु अर्थात् अर्थ धर्म काम मोक्षादि देखाय बहुत भांतिते लोभाये लोभ उपजने के वचन कहे तहां मनु शतरूपा तौ परम धैर्यवान् हैं धैर्यता भगवद्गुणदर्पणे ॥ वेगेनावध्यमाने त्वममिते कामक्रोधयोः। गदिते धीमतां धैर्यं बले भूयासि तेजसि ॥ अर्थात् काम क्रोधके वेगते चित्तमें उद्वेग न आवै ऐसे धैर्यवान्हैं ताते न आपते चले न ब्रह्मादिकनके चलायेते चले अर्थात् कामना वश न भये कि कुछ वरदान मांगैं पुनः क्रोधवशह्वै आप न चले कि उनसों विमुख भाषैं अर्थात् हम तुमते वर न मांगैंगे इत्यादि स्थिररहे ३९ यद्यपि रुधिर मांस मेद वीर्यादिरहित केवल अस्थिकहे हड्डीमात्र शरीररहिगयो तदपि प्रेमानन्द में आत्मा मग्न ताते देहपीरा मनाक् नाम थोरिहू मनमें नहीं गिनते हैं ४० सर्वज्ञ कहे सबकी गति जाननेवाले जो प्रभु हैं श्रीरघुनाथजी निश्चय करि अपनो दास जाने तापस तपस्या करनेवाले जो नृप स्वायंभुव मनु रानी शतरूपा तिनमें अनन्यगति है अर्थात् दूसरे की गति नहीं एक हमारिही गति तहां अनन्यदास प्रभुको विशेष प्रियहैं यथा ॥ पुनि मोकहँ अतिप्रिय निजदासा। ज्यहि गति मोरि न दूसरि आसा॥ शिवसंहितायाम्॥ मधुरेभोजने पुंसो विषवद्भोजने मलम्। मलं स्यादन्यदेवानां सेवनं फलवाञ्छया॥ तस्मादनन्यसेवी सन्सर्वकामपराङ्मुखः। जितेन्द्रियमनःकायो रामं ध्यायेदनन्यधीः ॥ इत्यादि अनन्य जानि ४१ प्रसन्न ह्वै प्रभु बोले हे मनु ! वर मांगुमांगु इत्यादि कृपारूप अमृत की सानी परम गंभीर वाणी नभविषे होतभई वर मांगु यह कृपा है मांगु मांगु यह गंभीरता गोप्यार्थ कि लोक परलोक दोऊ मांगु ४२ मृतकको सजीव करनेवाली सुंदरि गिरा कहे वाणी श्रवणरंध्र काननके छेद ह्वै जब उरमें आई आत्मरूप में प्राप्त भई ४३ वाणी सुनतही रिष्ट पुष्ट कैसे सुहाये सुंदरतनु करिकै ह्वै गये मानहु भवनते अबहिनै आये अर्थात् पूर्ववत् रूप ह्वैगयो रिष्ट कहे जामें अमंगल अथवा विघ्न न व्यापै यथा ॥ रिष्टं क्षेमाशुभाभावेष्वरिष्टेतु शुभाशुभे इत्यमरः अर्थात् जहां अशुभ को अभाव ताको रिष्ट और क्षेमकही जहां शुभ में अशुभ होइ ताको अरिष्ट कही मानो शीत घाम उपासादि कुछ छुइ नहीं गये ऐसा कुशलक्षेम पुष्टांग

तनह्वैगयो ४४ दोहार्थ॥ सुधा अमृतसम वचन प्रभुके भावे कानन सों सुनि प्रेम की उमंगते गात प्रफुल्लित अर्थात् तनुमें रोमांच ह्वैआयो काहेते हर्ष हृदय में समात नहीं ताते साष्टांग दराडवत् करि मनु महाराज बोलते भये ४५ ॥

१४६ सुनु सेवक सुरतरु सुरधेनू । विधिहरिहर वंदित पदरेनू ४६
सेवत सुलभ सकल सुखदायक । प्रणतपाल सचराचर नायक ४७
जो अनाथहित हमपर नेहू । तौ प्रसन्न ह्वै यह वर देहू ४८
जो स्वरूप बस शिव मनमाहीं । ज्यहिकारण मुनियतनकराहीं ४९
जो भुशुरिड मनमानस हंसा । सगुण अगुण ज्यहि निगमप्रशंसा ५०
देखहिं सो स्वरूप भरिलोचन । कृपा करहु प्रणतारतिमोचन ५१
दंपति वचन परमप्रिय लागे । मृदुल विनीत प्रेमरसपागे ५२
भक्तबछल प्रभु कृपानिधाना । विश्ववास प्रकटे भगवाना ५३

दो० नीलसरोरुह नीलमणि, नील नीरधर श्याम ॥
लाजहि तनु शोभा निरखि, कोटि कोटि शतकाम ५४

१४६ श्रु धातु श्रवणबिषे वर्त्तत सो तीसरी लकार मध्यम पुरुष के एक वचन में शृणु होत ताको अपभ्रंश सुनु भयो ताते अनादर वचन न जानिये ताते कहत हे प्रभु ! सुनु निज सेवकन के सुरतरु कल्पवृक्ष हौ पुनः कामधेनु हौ तहां आकाशवाणी में मांगु मांगु द्वयबार सुनि द्वयरूप को बोध करे ताते प्रभुके संबोधनहेतु सुरतरु कहे अरु शक्तिके संबोधनहेतु कामधेनु कहे याहीते धेनु शब्दमें धेनु द्विवचनांत है पुनः आपके पाँवनकी रेणु धूरिको ब्रह्मा विष्णु शिवादि वंदना करते हैं पुलहसंहितायाम् ॥ सावित्री ब्रह्मणा सार्द्धं लक्ष्मी नारायणेन च । शंभुना रामरामेति पार्वती जपति स्फुटम् ॥ भविष्योत्तरे नारायणवाक्यम् ॥ भजस्व कमले नित्यं रामं सर्वेशपूजितम् । रामेति मधुरं साक्षान्मया संकीर्तितंहृदि ॥ रुद्रयामले शिववाक्यम् ॥ यत्प्रसादेन कर्ताभूदेवो ब्रह्मा प्रजापतिः । यत्प्रसादेन हर्ताहं त्राता विष्णू रमापतिः ॥ वशिष्ठसंहितायाम् ॥ जयमत्स्याद्यसंख्येयावतारोद्भवकारण । ब्रह्माविष्णुमहेशादि संसेव्यचरणाम्बुज ४६ त्रिदेववंदि परात्पररूप ऐसा तौ ऐश्वर्य सोई प्रभु सेवत संते सुलभ हैं यथा वाल्मीकीये ॥ सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ हनुमन्नाटके ॥ या विभूतिर्दशग्रीवे शिरश्छेदेपि शंकरात् । दर्शनाद्रामदेवस्य सा विभूतिर्विभीषणे ॥ पुनः प्रणत जो शरणागत ताके पालनहार यथा रामायणे ॥ मित्रभावेन सं-

प्राप्तं न त्यजेयं कथंचन। दोषो यद्यपि तस्य स्यात्सतामेतद्विगर्हितम्॥ पुनः चराचर के स्वामी एक आपही हौ ४७ हे अनाथहित! अनाथ कहे जाके दूसरा नाथ नहीं दूसरेका आश भरोसा नहीं वा जाकी रक्षाकर्ता कोऊ नहीं ऐसा जो अनाथ ह्वै आपको पुकारत ताके नाथ हौ वाको प्रतिपाल करते हौ ऐसे अनाथके हित जो हमारे ऊपर स्नेह अर्थात् दया करते हौ तौ प्रसन्न ह्वैकै यह वर देहु वर तौ अबहीं मांगे नहीं प्रसन्नता प्रथमही अंगीकार करावते हैं ताको हेतु यह कि अनेकन ब्रह्मांडन के स्वामी को अपना सेवक अर्थात् पुत्र बनावा चाहते हैं तामें सदा प्रसन्नता बनी रहै ४८ तहां आपको स्वरूप कोऊ नहीं जानत वेद नेति नेति करत ताको मैं कैसे जानौं ताते यह लक्षित करत हैं कि जो आपको स्वरूप शिवके मनमें बसा है पुनः ज्यहि स्वरूप की प्राप्ति कारण मुनि मननशीलजन कर्मसाधन ज्ञानसाधन भक्तिके साधनादि अनेकन यत्न करते हैं तहां शिवके मनमें प्रभुको बालरूप है यथा॥ वंदौं बालरूप स्वइ रामू। अरु मुनिन में अवस्था को नियम नहीं यथा सनत्कुमारसंहितामें प्रथमहै कि॥ पितुरंकगतंरामम्॥ इति बाल पुनः॥ वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले॥ यह किशोरहै ४९ पुनः जो काकभुशुण्डिके मनरूप मानसरमें हंससम सदा वास किहे हैं पुनः जा रूपको सगुण निर्गुणकरि वेद प्रशंसा कहे यश कीर्ति प्रताप गुणादि लीला रूप सगुण अरु ऐश्वर्यादि अगुण वर्णन करत तहां भुशुण्डिके मनमें बालैरूपहै अरु वेदनके वर्णन में अवस्था को नियम नहीं अनंतरूप करि वर्णत ५० प्रणय जो शरणागत ताके आर्ति जो दुःख ताके मोचन कहे छोड़ावनहार हे प्रभु! ऐसी कृपा करौ कि जो पूर्व कहि आये सो स्वरूप लोचन कहे नेत्रन भरिकै अघायकै देखौं इहां मनुमहाराजको यह सिद्धान्त कि शिवजी भगवान् हैं पुनः कर्म, ज्ञान, योग, विराग, वेदतत्त्व इत्यादि के ज्ञाता श्रीरामभक्ति के आदि आचार्य तिनके मनमें सर्वोपरिरूप बसा होइगो पुनः मुनिलोग जो देहव्यवहार इन्द्रियसुख त्यागि अनेक क्लेश करिकै जो उपाय करत तौ जो परात्पररूप होइगो ताहीका उपाय करैंगे पुनः काकभुशुण्डि संतनमें रामभक्तशिरोमणि जिनके निकट योजन भरेते माया नहीं जात तिनहूं के मनमें परात्पररूप बसा होइगो पुनः परात्परै रूपकी वेद सगुण अगुण करि प्रशंसा करत इत्यादि परात्पररूप आंखिन भरि देखा चाहत अर्थात् यावत् नेत्र न अघायँ तावत् प्राप्ति बनी रहै इस वचनमें पररूप अरु सब अवस्थाको सम्हार आइगयो यथा कोई वृद्ध अन्धा एकतन रहै तासों कोऊ देवादि कह्यो कि एकवचनमें चहु जो मांगिले उसने मांगा कि मेरा पौत्र सोने के कटोरा में दूधभात खाइ मैं देखौं यामें

सब सुख आइगये तथा इहां शिव काकभुशुण्डि के मनवासी बालरूप अरु अषिन में कोऊ बाल कोऊ पौगंड कोऊ किशोर तामें माधुर्य वीरतादि युगलस्वरूप तीन पंच सपरिकर सपरिवार इत्यादि अनेक प्रकार के ध्यान करते हैं अरु वेदको सम्मत कि जो मायिक गुणनते परेहैं याते अगुण कही पुनः जीवनके उद्धारहेतु उदारता सौशील्यता वात्सल्यता क्षमा दया करुणा सौलभ्यतादि अनेक परमदिव्य गुण धारण किहे याते सगुण कही इत्यादि साकेतविहारी रूपके दर्शन चाहत यथा॥ ॐ यो वै श्रीरामचन्द्रः सभगवान्यो अद्वैतपरमानन्दात्मा यत्परंब्रह्म भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमोनमः ॐ यो वै श्रीरामचन्द्रः सभगवान्यो ब्रह्मा विष्णुरीश्वरो यः सर्ववेदात्मा भूर्भुवःस्वस्तस्मै वै नमोनमः॥ इत्यथर्वणे रामतापिन्याम् ५१ दंपति मनु शतरूपाके कहे वचन हैं ते प्रभुको परमप्रिय लागे काहेते मृदुलनाम कोमल हैं पुनः विनीत विशेष नीति सहित हैं पुनः प्रेमरसके पागे अर्थात् प्रीतिसहित हैं तहां अनाथ हितहौ ताते मोपर नेह किहेउ शरणागतके दुःख हरणहार हौ ताते कृपा करौ प्रणतपाल हौ इत्यादि मृदुल वचन हैं पुनः ब्रह्मादिवंदित ते प्रभु सेवकन के कामधेनु कल्पवृक्ष हौ जो चराचरको स्वामी सो सेवतमें सुलभ सुखदायक इत्यादि विनीत वचन हैं आपको स्वरूप नेत्रनभरि देखी यही प्रेमरसके पागे वचन तहां कोमल वचन प्रिय होत जब विनीत हैं तौ अति प्रिय जो प्रेमरसों के पागे ताते परमप्रिय लागे ५२ वात्सल्यता कही जो भक्तनके दोष आप भोगना वा भक्तनके दोष न देखना वा दोष नाश करदेना वा भक्तनके संग लगे रहना वा यथा गऊ बछरापर प्रीति राखत यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ आश्रितं दोषभोक्तृत्वं वात्सल्यमिति केचन। आश्रिताज्ञस्तिरस्कारबुद्धिर्वात्सल्यमित्यपि॥ सुस्निग्धहृदयत्वं यद्दोषरौक्ष्यातिगं निजे। जने स्यात्तद्धि वात्सल्यं भक्ते प्राणस्य वै हरेः॥ ममतामोहसंपर्को दृढीयांस्तनुजादिषु। यत्पिच्छलमनस्कत्वं विदुर्वात्सल्यमुत्तमाः॥ वत्सः स्नेहगुणस्थेयांस्तद्दाता वत्सलो हरिः॥ कृपा यथा भूतमात्रकी रक्षा करिबे को एक हमहीं समर्थ हैं यह दृढानुसंधान सो कृपाहै यथा॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी॥ पुनः प्रभु कहे सबप्रकार समर्थ हनुमन्नाटके॥ ब्रह्मा स्वयंभूश्चतुराननो वा इन्द्रो महेन्द्रो सुरनायको वा। रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा त्रातुं न शक्तो युधि रामवध्यम्॥ रामवध्यो न शक्तः स्याद्रक्षितुं सुरसत्तमैः। ब्रह्मरुद्रेन्द्रसंज्ञैश्च त्रैलोक्यप्रभुभिस्त्रिभिः॥ इत्यादि भक्तवत्सल कृपाके स्थान प्रभु विश्ववास जे अन्तर्यामीरूप ते सबमें बसे हैं तेई मनु शतरूपाके हेतु प्रकटे अर्थात्

जे ब्रह्मादिकन को ध्यानमें नहीं प्राप्त हुए तेई प्रेमवशते सुगम नेत्रन के विषय भये काहेते भगवान् हैं षट्ऐश्वर्ययुक्त हैं यथा ॥ पोषणं भरणाधारं शरण्यं सर्वव्यापकम् । कारुण्यं षड्भिः पूर्णो रामस्तु भगवान् स्वयम् ५३ दोहार्थ ॥ नील सरोरुह कहे कमल नील मणि नील नीरधर कहे मेघ तद्वत् श्याम तनु तामें एक एक अंगकी शोभा निरखि सौ सौ करोरि काम लजात हैं इति उपमेय ते उपमानको अनादर ताते तीजी प्रतीपालंकार है पुनः कमलादि तीन उपमान का हेतु दिये यहां तीन उपमानन के षोड़श धर्म हैं तिन करिके तनुके षोड़श शोभामय गुण दर्शावत कमलके धर्म यथा सुन्दरता तथा प्रभुको सर्व अंग सुठौर बन्यो पुनः कोमलता सुकुमारता सुगन्धता ये तीन कमलमें तथा प्रभुके तनुमें पुनः रूप कमल सहजही मनोहर तथा प्रभुको तनु विना भूषणै भूषितवत् देखात पुनः कमल में मकरन्द तथा प्रभुके तनुमें माधुरीरस पान करते नेत्रभ्रमर तृप्त नहीं होते इति षड्गुण दर्शावने हेतु कमलकी उपमा दियो पुनः मणिके धर्म यथा औज्ज्वलत्व जो कबहूं मलीन नहीं होत तथा प्रभुमें तमोगुणादि वा देह में कबहूं मलीनता नहीं आवत पुनः स्वयं निर्मलता तथा प्रभुमें कुत्सित कर्म कबहूं नहीं तैसे स्वच्छता आवरणरहित मणि होत तथा प्रभुमें रजोगुणको लेश नहीं यथा ॥ निरञ्जनं निर्मलमेकरूपम् ॥ पुनः शुद्ध जो मणि कबहूं अपावन नहीं होती तथा प्रभुमें मन तनमें अशुद्धता नहीं सदा शुद्ध पुनः मणिमें सुखमा सदा एकरस तथा प्रभुमें शोभा सदा एकरस पुनः मणिमें दीप्ति तथा प्रभुमें रविवत् तेजहै पुनः मणि सदा एकरस रहत तथा प्रभुमें नवयौवन एकरस पुनः मणिमें आब रहत तथा प्रभुमें लावण्यता इति अष्टगुण दर्शावने हेतु मणिकी उपमा दिये अथ मेघके धर्म यथा गंभीर श्यामता तथा प्रभुमें श्यामता प्रसिद्ध मेघमें बिजुलीते शोभा होत तथा प्रभुमें पीतपट आदि सुंदर वेषहैं इति द्वैगुण दर्शावने हेतु मेघकी उपमा दिये इनमें वाचक उपमेय लुप्तालंकार है ५४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतवैजनाथ-
विरचितायां श्रीरामचरितमानसभूषणे परमपुरुषप्राप्त्यर्थमनु-
तपस्यावर्णनं नाम चतुर्विंशतितमः प्रकाशः २४ ॥

१४७ शरदमयंक वदनछविसींवा । चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवा १
अधर अरुण रद सुंदरि नासा । विधुकरनिकर विनिंदक हासा २
नव अंबुज अंबक छवि नीकी । चितवनि ललित भावती जीकी ३

भृकुटि मनोजचाप छवि हारी। तिलक ललाटपटल द्युतिकारी ४
कुंडल मकर मुकुट शिर भ्राजा। कुटिल केश जनु मधुपसमाजा ५
उर श्रीवत्स रुचिर वनमाला। पदिकहार भूषण मणिजाला ६
केहरि कंधर चारु जनेऊ। बाहु विभूषण सुंदर तेऊ ७
करिकरसरिस सुभग भुजदण्डा। कटि निषंग कर शर कोदण्डा ८

दो० तड़ितविनिन्दक पीतपट, उदर रेख वर तीनि॥
नाभि मनोहर लेत जनु, यमुनभँवर छवि छीनि ९

१४७ अब सोई अनूप श्यामस्वरूप के अंगअंग प्रति न्यारी शोभा वर्णन करत यथा जो पूर्व सोरह गुण कहे तिनमें कमलमणि मेघ ये तीन उपमान कहिचुके जो तेरह धर्म गुप्त कहे सोई तेरह उपमान आगे कहत यथा मुख शशि १ ग्रीव शंख २ हँसनि चन्द्रकिरण ३ नेत्र कमल ४ भृकुटी धनु ५ कुंडल मकर ६ केश भ्रमर ७ भुजा गजशुण्ड ८ कंधर सिंह ९ पीतपट तड़ित १० उदररेखा लहरी ११ नाभि भ्रमरी १२ पद राजीव १३ पुनः जो कहे कि तनुकी शोभा निरखि कोटिन काम लाजत या हेतु बाईस अंग शोभामें उपमा नहीं दिये यथा कपोल १ चिबुक २ अधर ३ दांत ४ नासा ५ चितवनि ६ तिलक ७ ललाट ८ मुकुट ९ शिर १० श्रीवत्स ११ उर १२ वनमाला १३ पदिक १४ भूषणादि १५ जनेऊ १६ बाहुभूषण १७ कटि १८ निषंग १९ कर २० धनुष २१ बाण २२ इत्यादि शरद्ऋतु कुंवार की पूर्णिमा कैसो मयंक जो चन्द्रमा तद्वत् वदन नाम मुख छविकी सींव कहे मर्यादा है तहां छविके अंग यथा॥ द्युति लावण्य स्वरूप स्वइ, सुन्दरता रमनीय। कांति मधुर मृदुता बहुरि, सुकुमारता गनीय॥ इत्यादि मुखमें है सो चन्द्र में यथा द्युति कहे झलक दोऊमें १ लावण्यता यथा मोती को पानी मुखमें सो चन्द्रमें श्वेतता है रूप यथा विना भूषणो भूषित मुख सो चन्द्रमें प्रकाश है पुनः सुन्दरता मुख सर्वांग सुठौर बना सो चन्द्रमा वर्तुल बना पुनः रमणीकता मुखदेखे पर भी अनदेखा सों लागत सो चन्द्र में किरणें हैं पुनः कांति स्वर्णकीसी ज्योति मुख में तथा चन्द्रमौ में कांति है पुनः माधुरी मुख में देखि नेत्र अघात नहीं तथा चन्द्रमें अमीमय शीतलता है मुख में मृदुता चन्द्र में निर्मलता है मुखमें सुकुमारता तथा चन्द्र भी रविकी किरणें नहीं सहि सकत ऐसा सुकुमार है यह धर्मवाचक लुप्तोपमालंकार है पुनः कपोल जो गाल अरु चिबुक जो टोढ़ी ये दोऊ चारु नाम सुन्दर सुठौर अनूप हैं पुनः दर नाम शंखवत् चढ़ा उतार ग्रीवा में तीन रेखा यामें रूपक

है चिक्कण है अमलपनता धर्म है १ अरुण अधर लालओष्ठ रदनाम दांत नासा नाकआदि तीनहू सुंदर सुठौर अनूपबने हास जो मुसुकान में दन्तन की चमक दर्शात सो चन्द्रमा के समूह किरणन की विशेष निन्दा करत यह उपमान के अनादर ते प्रतीपालंकार है २ नव नवीन तुरन्त को फूला अम्बुज जो कमल तामें दीर्घता, अरुणता, रसीलताआदि जो शोभाहै त्यहिते नीकी अधिक अम्बक नाम नेत्रनकी छवि है काहेते कमल की छवि सदा एकरस नहीं रहत नेत्रन में एक रस है पुनः नेत्रकी चितवनि ललित है ललित को भाव यथा ॥ बोलनि हँसनि विलोकिबो, चलनि मनोहर रूप । जैसे तैसे वर्णिबो, ललितहाव अनुरूप ॥ इत्यादि स्नेहकी भरी चितवनि जीवकी भावती अर्थात् जीवके अन्तर आह्लाद करणहारी है जाकी दिशि हेरत ताको अपन्याय लेत ३ भृकुटी भौंहें कैसी शोभायमान हैं जो मनोज चाप कहे कामके धनुष की छविको हरणहारी हैं अर्थात् कामके धनुषकी छविते मोहन वशीकरणादि होत ते एकरस नहीं पुनः प्रवृत्तमार्ग है अरु भृकुटी की छवि में मोहन, वशीकरण, अचल एकरस निवृत्तमार्ग है वा भृकुटी देखि काम धनुषौ नहीं मोहत यथा ॥ ज्यहि राखा रघुवीर, सो उबरा त्यहि काल में ॥ पुनः समचिक्कण उन्नत विशाल श्याम ललाट पै तड़ितवर्ण तिलक कैसा शोभित तहां तिलकद्युतिकारी प्रकाश करनेवाला ताकी द्युति ललाट पर पटल नाम छाय रही है यथा ॥ पटलं छदिः द्वे छादनस्य इत्यमरविवेके ॥ अर्थात् ललाटपर तिलककी द्युति छायरहीहै ४ सुढर सुंदर अनूप कानन में बंक सुढर चढ़ा उतार चमकदार कुंडल कैसे हैं मकर मछरी के आकार बने कुन्दन में मणि तड़ित सी चमकि रही है अंग हाले पर श्याम कपोल तट यथा मेघ में तड़ित चमकिजात पुनः मुकुट कैसो बना नीचे लघुसमलाकार तापै सम पट्टी की बेलि तापै चतुर्विंश कमल पुष्प दलवत् बाहरको झुकी तिनमें स्वर्ण किरणके गुच्छा लटकत तापै त्रिकोण बीसपत्ती ऊर्ध्व को उठीं तिनके बीच बीच हंसाकार बाहरको झुकीं तिनके मुखनते श्वेतमणि किरणके गुच्छा लटकत तापै त्रिकोण षोड़शपत्ती ऊर्ध्व को उठीं तिनके बीच बीच फणाकार बाहरको झुकीं तिनमें श्याम मणियुत गुच्छा लटके तापै द्वादश चन्द्रिका उठीं तिन दुइदुइ के बीच षट् फणाकार झुके तिनमें लालमणि सगुच्छा लटके तिनपै तीन मयूराकार बाहरको झुके तिनकी चोंचन में ऊपर हरितमणि ताके तर पंचरंगकी पांच मणि सगुच्छा बड़ा लटका ताके बीचमें यथा नाचत में मयूर के पक्ष तने रहत तथा मुकुटाकार तीनिउँ के पीछे देखात मिलाये कैसे हैं इत्यादि

सहेम मणिजटित कोटिन सूर्यनको ऐसा प्रकाश जामें ऐसा दिव्य मुकुट शीशपर भ्राजत कहे विराजमान है ताके नीचे श्यामल रसीले चमक चटकीले कुटिल कहे टेढ़े कपोलन पर केश कहे बार कैसे सोहत ताकी उत्प्रेक्षा करत कि बार नहीं हैं मुखकंज ढिग मधुप कहे जनु रसपान हेतु भवँरन की समाज है ५ उर में श्रीवत्सलाञ्छन छातीपर पीत रोमन की दक्षिणावर्त्त भ्रमरी सो किशोरी जी को दूसरा रूप है जाकरिकै जगत् की रक्षा करतीं ताते श्रीवत्स कही पुनः रुचिर सुन्दर वनमाला अर्थात् तुलसीदल, कुन्द, मन्दार, पारिजात, कमल के फूल इत्यादि की माला जानुपर्यंत लम्बी पुनः पदिक मणिन जटित हेमकी चौकी नाभिके ऊर्ध्व रही तामें दोऊ दिशि द्वैद्वै मुक्तनकी लरैं इति पदिक पुनः हार मणिनके नाभि पर्यंत पुनः हेममणिनजटित भूषण जाल कहे समूह यथा बुलाक कंठा भुजबलकेयूर कटि किंकिणी पहुँची मुद्रिका नूपुरादि यावत् धारण किहे ते सब अनूप हैं ६ कंधर दोऊ कंधा उच्च पुष्टांग सिंहवत् सबल तापै द्वै उरादि पर्यंत पीत नवीन चारु नाम सुन्दर जनेऊ सुदेश सोहत अनूप है बाहुके विभूषण अंगदादि तेऊ अनूप सुन्दर सुठौर शोभित ७ करि हाथी कर शुंड हाथी के शुंड सरिस कहे सम अर्थात् चढ़ा उतारसम पुष्टांग बलभरे अनूप सुभग सुन्दर भुजदण्ड शोभित कटिसूक्ष्मविषे दिव्य जरमणि रचित निषंगनाम तरकस वामदिशि शोभित कर हाथ दहिने में सुन्दर शर नाम बाण द्वैधारण तथा वामकर में कोदण्ड नाम धनुष दिव्य धारण किहे सोभी सुन्दर अनूप है ८ दोहार्थ॥ श्याममेघ वर्ण तनु कटि में दिव्य पीतपट कैसा सुदेश शोभित होत जो जघन तड़ितनाम बिजुली की विशेष निन्दा करत अर्थात् सदा एकरस नहीं पुनः थिर नहीं सम सुधर उदर पर वर नाम श्रेष्ठ तीन रेखा हैं सो यमुनाजी की लहरिनको निरादर करत इति शेषः काहेते जहां रेखा ताही ढिग मनको हरणहारी नाभि कैसी शोभित होत जो यमुनाजीकी भवँर की छवि को छीने लेत भाव यह शोभा देखि यमुना के भवँर उदासीन देखात यथा नाभिभ्रमर तथा त्रिवली लहरी यहां पीताम्बर के संग कोई अंग नहीं कहे याते धोती जामा उपन्नादि सर्वांग के पट बोध करत ९॥

१४८ पदराजीव बरणि नहिंजाहीं। मुनिमनमधुपबसहिंजिनमाहीं १०
वामभाग शोभित अनुकूला। आदिशक्तिछविनिधि जनुमूला ११
उपजहिं जासु अंश गुणखानी। अगणित लक्षिउमाब्रह्मानी १२
भृकुटिविलास जासु जग होई। रामवामदिशि सीता सोई १३

छविसमुद्र हरिलोक विलोकी। यकटक रहे नयनपट रोकी १४
चितवहिं सादर रूप अनूपा। तृप्ति न मानहिं मनुशतरूपा १५
हर्षविवश तनु दशा भुलानी। परे दण्डइव पद गहि पानी १६
शिर परस्यो प्रभु निजकरकंजा। तुरत उठायो करुणापुंजा १७

दो० बोले कृपानिधान पुनि, अतिप्रसन्न म्वहिं जानि॥
मांगहु वर जो भाव मन, महादानि अनुमानि १८

१४८ पदकमल कहनेकी साधारण रीति है ताते पदराजीव वाचकमात्र है परन्तु वर्णन नहीं करिजात अर्थात् पद कमलसम अरुण कोमल हैं ऐसा नहीं कहिजात काहेते सांगोपांग समता नहीं है क्या नहीं है यहां कमल में जे भ्रमर बसत ते श्यामवर्ण हैं पुनः विषयरस लोभी हैं अरु चंचल हैं पुनः स्वार्थरत हैं इत्यादि सहवासी कुटिल संगते कमल मध्यम हैं अरु जिन पद कमलनमें मुनिनके मन जे सदा श्वेत पुनः विषयरस लोभरहित सदा स्थिर परमार्थरत इत्यादि मुनिमन मधुप भक्तिरस पान करनेवाले भ्रमर जिन पदकमलन में सदा बसत याते श्रेष्ठ हैं इत्यादि शीशते पदपर्यंत प्रभुके रूप की अद्भुत शोभा कहिगे १० अब किशोरीजी को रूप दर्शावत वामभाग वामदिशि आदिशक्ति शोभित तहां वामदिशि तौ स्वाभाविक प्रतिकूल को स्थान है ताहेतु वामभाग कहे भाग कहत हिस्सा को अर्थात् ऐश्वर्य माधुर्य संपूर्ण में दक्षिण हिस्से में यथा प्रभुकी अद्भुत शोभा कहि आये हैं तथा वाम हिस्से में आदिशक्ति की शोभा विचार लीजै वर्णन करने को अधिकार नहीं ताहेतु एक वचन में देखाय दिये कि छविनिधि अर्थात् सर्वांगछवि ते परिपूर्ण हैं पुनः वाम प्रतिकूल को स्थान है ताके निवारणहेतु कहत कि कैसी शोभित हैं अनुकूल श्रीरामानन्दवर्द्धिनी अर्थात् देखने को द्वैरूप अरु तत्त्व एकही है तामें अर्द्धभाग दक्षिणदिशि अर्थात् प्रभुके रूपमें माधुर्य वर्णन करे अर्थात् प्रतिअंग शोभा कहि आये तथा वामभाग में अर्थात् किशोरीजी के रूप में अब ऐश्वर्य वर्णन करत कैसी आदिशक्ति हैं जगमूल सब जगकी आदिकारण यथा रामतापिन्याम्॥ श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी। उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम्॥ सा सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञका। प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः॥ पुनः सदाशिवसंहितायाम्॥ रामः सीता जानकी रामचन्द्रः सानुर्भेदोह्यतयोरेतिकश्चित्। सन्तोमत्वातत्त्वमेतद्विवध्वा पारंजाताः संसृतेर्मृत्युकालात्॥ पुनः तेंतीस शक्ति लोकरचनाहेतु हैं यथा महारामायणे॥ श्रीभूलीला तथोत्कृष्टा क्रियायोगान्न-

नी तथा । ज्ञानापर्वी तथा सत्या कथिता चाप्यनुग्रहा ॥ ईशाना चैव कीर्तिश्च
द्वेलाक्रान्तिलम्बिनी । चन्द्रिकापि तथा क्रूरा कान्ता वै भीषणी तथा॥ क्षान्ता
वनन्दिनी शोका शान्ता च विमला तथा। शुभदा शोभना पुण्या कालाचाप्यथ
मालिनी ॥ महोदयाह्लादिनी च शक्त्या एकादशत्रिकाः । भृकुटी दर्शयन्ती-
माजानक्यानित्यमेवच ॥ इत्यादिकन की स्वामिनी हैं ताते आदिशक्ति हैं ११
अब प्रसिद्ध ऐश्वर्य कहत कि जासु श्रीजानकीजी के अंश ते लक्षि जो हैं लक्ष्मी
उमा पार्वती ब्रह्माणी सरस्वती आदि गुणनकी खानि विविधभांति के गुण
जिनमें यथा ॥ महालक्ष्मी, नारसिंही, वाराही आदि सतोगुणी ॥ पुनः ब्रह्माणी,
इन्द्राणी, सौरी, कौबेरी आदि रजोगुणी पुनः काली, भैरवी, कौमारी आदि
तमोगुणी इत्यादि अगणित गनती रहित शक्तियां उत्पन्न होती हैं यथा वाम
भाग के अंशते अनेक भगवती तथा दक्षिणभागते प्रभुके अंशते अनेकन
भगवत् रूप जानना चाहिये काहेते यथा दक्षिणभाग प्रभुके रूप में प्रत्यंग
शोभा वर्णन करि वामभाग किशोरीजी के रूप की शोभा लक्षित कराये तथा
वामभाग किशोरीजी में ऐश्वर्य वर्णन करि प्रभुको ऐश्वर्यलक्षित कराये १२
दयादृष्टि सहित भृकुटीको फेरना इति जाकी भृकुटी के विलासते जग होत
अर्थात् जब दयामें भृकुटी लोकदिशि कीन्हे तैसेही कार्य करनेवाली सब
शक्तियों ने जगकी रचना करिदई पुनः जबतक सौम्यदृष्टि बनी तबतक लोक
को पालन करती रहतीं पुनः जासमय प्रभुको रूप देखे तब टेढ़ी भृकुटी
कीन्हे तब शक्तिन प्रलय करिदियो इत्यादि भृकुटीविलासते जगव्यापार
करनहारी जो आदिशक्ति सोई सीता श्रीजनकनन्दिनी श्रीरघुनाथजी के
वामभाग में विराजमान हैं यथा ॥ सीतारामौ तन्मया च प्रपूज्यौ जातान्या-
भ्यां भुवनानि द्विसप्त स्थिता च । प्रहृतान्येव तेषु ततो रामो मानवो मायया
वीत १३ छविको समुद्र हरिरूप कहे एकही रूपको बोध होत अरु वर्तमान
युगलस्वरूप है तहां जनकपुर में ऐसा कहा है कि ॥ रामरूप अरु सिय छवि
देखी । नरनारिन परिहरी निमेखी ॥ तैसेही इहांभीकहे परंतु प्रथमै किशोरी
जी की शोभा गुप्त कहे अर्थात् छविनिधि कहिदिये तथा दोऊ रूप इहां
भी हैं यथा रूपके समुद्र हरि हैं तहां छविकी तरंग किशोरीजी हैं तहां छवि
के नवअंग हैं ताही में रूपभी एक अंग है यथा ॥ अङ्गानि भूषितान्येव
निष्काद्यैश्च विभूषणैः । येन भूषितवद्भाति तद्रूपमिति कथ्यते ॥ अर्थात्
जो विना भूषणै भूषित दर्शाय ताको रूप कही इति रूपसागर हरि हैं पुनः
छवि यथा ॥ द्युतिलावण्यस्वरूप स्वइ सुन्दरता रमनीय । कांति मधुर
मृदुता बहुरि सुकुमारता गनीय ॥ शरदचन्द्रकी झलकसम द्युति तनमांहिं

लखाइ। मुक्ता पानी सम गनौ लावण्यता सुभाइ ॥ बिन भूषण भूषित सुतन रूप अनूपम गौर। सब अँग सुभग सुठौर शुचि सुन्दरता शिरमौर ॥ देखी अनदेखी मनौ रमनी अवनी सोइ। कांति अंगकी ज्योतिसम भूमि स्वर्णसी होइ ॥ देखत तृप्ति न मानिये त्यहि माधुरी बखान। परसे परस न जानिये सोई मृदुता जान ॥ कमलदलनसों सेज रचि कोमल बसन डसाइ। नाक सकोरै पगधरत सुकुमारता सुभाइ ॥ इत्यादि नवअंग छवितरंग श्री जानकीजी हैं रूपसमुद्र श्रीरघुनाथजी को विलोकि नाम देखिकै तहां रूप नेत्रनकी विषय है सो छवि तरंगसहित रूप अगाध समुद्र में परि नेत्र अवगाहन करि मगन भये तामें न थाह पाये न पार पाये ताते मनु शतरूपा नयननके पट जो पलकैं तिनको रोंकि अर्थात् पलक परना बन्दकरि यकटक प्रभुकी दिशि देखतही रहिगये यह प्रेमकी प्रथम दशा है याको नाम उत्ता है यथा ॥ प्रियगुण सुनि वा रूप लखि त्यहि तजि और न चाहि। बाग मध्य सियराम इव उत्त दशा सो आहि १४ अनूप कहे जाकी उपमा देबे योग्य दूसरा रूप न होइ तहां धर्म सहित उपमान तुल्य होइ तब उपमेय सम कहा जात धर्म काको कही गुण क्रिया स्वभाव जब उपमान उपमेय में एक तुल्य मिलै सो धर्म है सो श्रीरघुनाथजी की समान दूसरे रूप में नहीं देखात श्रीरघुनाथजी के गुण यथा ॥ समः समविभक्ताङ्गः स्निग्धवर्णः प्रतापवान्। पीनवक्षा विशालाक्षो लक्ष्मीवाञ्छुभलक्षणः ॥ धर्मज्ञः सत्यसंधश्च प्रजानां च हिते रतः। यशस्वी ज्ञानसंपन्नः शुचिर्वश्यः समाधिमान् ॥ पुनः क्रिया यथा ॥ सत्येन लोकाञ्जयाति द्विजान्दानेन राघवः। गुरूञ्छुश्रूषया वीरो धनुषा युधि शात्रवान् ॥ स्वभाव यथा ॥ सत्यं दानं तपस्त्यागो मित्रता शौचमार्जवम् ॥ विद्या च गुरुशुश्रूषा ध्रुवाण्येतानि राघवे ॥ इति बाल्मीकीये ॥ इत्यादि जो श्रीरघुनाथजी में है सो दूसरे में नहीं देखात पुनः रूपकी अनूपता गोसाईंजी कहे यथा ॥ विधि मुखचारि विष्णु भुजचारी। विकटवेष मुखपञ्च पुरारी ॥ अपरदेव अस को जग माहीं। सखि यह छवि पटतरिये जाहीं ॥ पुनः किशोरीजीके गुण शिवसंहितायाम् ॥ सीतापि सदृशी तेन वयोरूपगुणादिभिः। द्वादशाब्दवयोवित्ता नित्यानन्दविधायिनी ॥ तरुणी सैव रूपेण श्यामा शृङ्गारसंश्रया। गौराङ्गी पीतवसना नीलरक्तशिवाम्बरा ॥ सर्वेश्वरी सदाराध्या मुक्तिभुक्तिवरप्रदा। नित्यं रामानुकूलैव चित्ररूपप्रदर्शिनी ॥ इत्यादि पुनः ॥ गिरा मुखर तनु अर्धभवानी। रति अति दुखित अतनुपति जानी ॥ विष वारुणी बंधु प्रिय जेही ॥ कहिय रमासन किमि वैदेही ॥ पुनः कहे रमारमण सुजान हनुमान् कही सिया सी न

तिया न राम सरीखे पुरुष इत्यादि दोऊ तन अनूप रूप श्रीराम जानकी को आदरसहित चितवहिं अर्थात् देह इन्द्रिनकी सुधि विस्मरण कीन्हे यकटक पलकरहित देखतेहैं तामें मनुशतरूपा तृप्ति नहीं मानतेहैं अर्थात् माधुरी पान करते नेत्र अघाते नहीं माधुरी में यही प्रभाव है यथा ॥ देखे तृप्ति न मानिये सो माधुरी बखान १५ जब प्रभु प्रकट भये रहैं तब प्रथमै दण्डवत् करना रहै सो हर्षके विशेष वश ह्वैगये ताते तनकी दशा भुलाय गई तब दण्डवत् कौन करै अथवा वात्सल्यरस को प्रेम है तामें माधुरीको अवलोकनही मुख्य मानि देहकी दशा भुलाय देखतही रहि गये जब प्रेम उमंग की तरंग घूमि आपनी मर्याद पर आई तब देहकी सुधि भई ताते सनातन मर्यादा विचारि पाणि जो हाथ तेहिते प्रभुके पद गहिकै पकरिकै दण्डइव भूमि में परे हैं अर्थात् पद गहि दण्ड प्रणाम करते भये १६ तब प्रभु श्री रघुनाथजी निज कहे अपने करकंज हस्तकमल शिरपरसे मनुके शीशपर हाथ धरि पुनः तुरतही उठाइ लिये काहेते करुणापुंज नामसमूह है जिनमें करुणा क्या चीज है जो शरणागतको दुःख देखि आपहू दुःखित होवै सो करुणा है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ आश्रितार्त्यग्निना हेम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः। अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकद्रवत् ॥ कथं कुर्यां कदा कुर्यामाश्रितार्तिनिवारणम्। इति व्यादुःखदुःखित्वमार्तानां रक्षणा त्वरा ॥ परदुःखानुसंधानाद्विह्वलीभवनं विभोः। कारुण्यात्मगुरुस्त्वेष आर्त्तानां भीतिवारकः ॥ इत्यादि करुणासमूह भरे शीघ्रही उठाइ लिये १७ दोहार्थ ॥ कृपा क्या चीज है यथा भूतमात्र की रक्षा करिबेको एक हमहीं समर्थ हैं यह दृढ़ानुसंधान सोई कृपा है भगवद्गुणदर्पणे ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ इत्यादि कृपाके निधान श्रीरघुनाथजी पुनः बोले कि मोहिं अत्यन्त प्रसन्न जानि अर्थात् अमल मन तुम्हारे ऊपर दयादृष्टि है ऐसा जानि जो तुम्हारे मनमें भावै अर्थात् लोक परलोक निधि सिद्धि आदि जो मन चाहै सो अभय ह्वैकै मांगहु महादानि मोंको अनुमानि मनते विचारि महादानि उदार दाता उदारता कही पात्रापात्र देश काल न विचारै याचकमात्रको पूर्णमनोरथ दान देवै भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात्। वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः १८ ॥

१४९ सुनिप्रभुवचनजोरि युगपाणी। धरि धीरज बोले मृदुवाणी १९
नाथ देखि पदकमल तुम्हारे। अब पूजे सब काम हमारे २०
एक लालसा बड़ि मनमाहीं। सुगमअगमकहिजातसोनाहीं २१

तुमहिं देत अतिसुगम गोसांई। अगमलागिमोहिंनिजकृपणाई २२
यथा दरिद्र विबुध तरु पाई। बहु संपति मांगत सकुचाई २३
तासु प्रभाव न जानत सोई। तथा हृदय मम संशय होई २४
सो तुम जानहु अंतरयामी। पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी २५
सकुच विहाय मांगु नृप वोही। मोरे नहिं अदेय कछु तोही २६

दो० दानिशिरोमणि कृपानिधि, नाथ कहौं सतिभाव ॥
चाहौं तुमहिं समान सुत, प्रभुसन कौन दुराव २७

१४९ इहां वामभाग अर्थात् किशोरीजी में ऐश्वर्य वर्णन कीन्हे तेहि ऐश्वर्य की राजा रानीको मनोरथ नहीं है ताते किशोरीजी नहीं बोलीं अरु दक्षिणभाग प्रभुरूपमें माधुर्य वर्णन करे ताहीकी चाह राजा रानीकिहे सोई विचारि प्रभुही बोले सोई प्रभुके वचन सुनि युगपाणि कहे दोऊ हाथ जोरि धीरज धरि अर्थात् हर्ष प्रेम करिकै जो विह्वलता रही ताको निवारि चित्त स्थिरकरि सावधान ह्वै मृदु कहे कोमल वाणी बोले १९ मनु महाराज बोले कि हे नाथ ! तुम्हारे पदकमल देखि अर्थात् आपके दर्शन भये सन्ते अब हमारे काम मनोकामना सब पूजे अर्थात् पूर्णभये भाव जाकी वेद गति नहीं जानत अरु जो ब्रह्मादिकनको ध्यान में नहीं प्राप्त सोई प्रभु प्रसिद्ध मूर्तिमान् हमैं दर्शन दिये तौ हमारे मनोरथ पूर्ण में संदेह नहीं २० एक लालसा बड़ि भारी मेरे मनमें एक वस्तु मांगने की अभिलाषा है सो एक दिशिते विचारे सुगम है अरु एकदिशिते अगम है इति सुगमागम विघ्न विचारि सो अभिलाष कही नहीं जात २१ काहेते नहीं कहि जाति यथा दरिद्र पीड़ित ऋणीको उद्धार होना अगम है अरु धनीको उद्धार करि देना सुगम है तेही भांति हे गोसाईं ! गो इन्द्रिय तिनके साईं इन्द्रिय सूक्ष्मरूप शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध पुनः स्थूलरूप भू, जल, अनल, वायु, व्योम तहां स्थूल ब्रह्माण्ड में साकेतविहारीरूप अरु पिंडमें व्यापकरूप अन्तर्यामी हौ सब जानते हौ सो तुमहिं देतमें अत्यन्त सुगम है मोहिं निजकृपणाई ते यथा ॥ धर्मात्मा पुत्रदारादिकं पीडयल्लोँभादर्थसंचयं करोति सः कृपणः ॥ इति अमरविवेके इत्यादि कृपणाईते मनोरथ पावत मोको अगम लागत २२ यथा जौनी प्रकारते दरिद्र दरिद्री प्राणी विबुधतरु कल्पवृक्ष पाइकै बहुतसंपात्ति मांगतमें सकुचात यद्यपि कल्पवृक्ष सर्वपदार्थ को उदार दाता है परन्तु दरिद्रीको बहुत संपात्ति मांगिबेको चाव नहीं परत २३ काहेते सकूचात कि तासु कल्पवृक्ष को प्रभाव उदारता ताको सोई दरिद्री नहीं

जानत अपनेही मर्याद विचारत कि मैं बहुत पावने को पात्र नहीं हौं तथा ताहीप्रकार मेरे हृदय में संशय होत कि परिपूर्ण अर्थ मिलै वा न मिलै २४ सो मेरी लालसा आप जानते हौ काहेते अंतर्यामी हौ सबकी बाह्याभ्यन्तर की बात जानते हौ ताते विना मेरे कहे हे स्वामी ! मेरा मनोरथ पुरवहु तहां सुसेवक कछु मांगते नहीं तिनको सुस्वामी मनोरथ उठतही पूर्णकरत ताहेतु स्वामी कहे अथवा पुत्र बनावा चाहत सो सेवकपद है ताके निवारणार्थ स्वामी कहे भाव पुत्रही में स्वामित्व चाहते यह वात्सल्यरसकी रीति है २५ प्रभु उदार वचन बोले कि हे नृप ! सकुच विहाय नाम त्यागिकै वोही लालसाको मांगु अशंक ह्वैके काहेते मोहिं तेरे मांगने में मेरे कुछ अदेय नहीं है तेरो मांगन देबे में सेवाय हां के नाहीं नहीं है तब तोको संकोच किस बातकोहै ताते हर्षसहित मांगु २६ दोहार्थ दानिशिरोमणि कहे उदार दाता अर्थात् पात्र, अपात्र, देश, काल न विचारना याचकमात्रको मनोरथपूर्वक दान देना यथा ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात् । वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः ॥ पुनः कृपा काको कही भूतमात्र की रक्षा करिबेको एक हमहीं समर्थ हैं यही दृढ़ानुसन्धान ताको कृपा कही ॥ यथा ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ सोई विचारि मनु महाराज कहत कि हे दानिन में शिरोमणि ! कृपा जल परिपूर्ण समुद्र हे नाथ! मैं सत्य सांचे भावते आपनो मनोरथ कहत हौं क्या मेरे अभिलाष है कि तुमहिं समान सुत पुत्र चाहत हौं यही साफ़ बात है सो कहिदिये काहेते प्रभु सन कौन दुराव क्या छिपा है आप सबके उरकी जानते हौ इहां पुत्र करि प्रभुकी प्राप्ति वात्सल्यरस की परिपूर्णता है इसीके अन्तर्गत सब रस आवत यथा विवाहमें शृङ्गार बालकेलिमें हास्य वनगमन में करुणा परशुरामकी वार्तामें भयानक मखरक्षामें वीर जन्म समय अद्भुत इत्यादि पुनः सब जगको हित इति परस्वार्थभी है पुनः जब पुत्र होइँगे तब पतोहू स्वाभाविकही प्राप्त होइगी २७ ॥

१५० देखिप्रीति सुनि वचन अमोले। एवमस्तुकरुणानिधिबोले २८
आपु सरिस कहँ खोजौं जाई। नृप तव तनय होब मैं आई २९
शतरूपहिं विलोकि करजोरे। देवि मांगु वर जो रुचि तोरे ३०
जो वर नाथ चतुर नृप मांगा। सो कृपाल म्वहिं अतिप्रियलागा ३१
प्रभु परंतु सुठि होत ढिठाई। यदपि भक्तहित तुमहिं सुहाई ३२
तुम ब्रह्मादिजनक जगस्वामी। ब्रह्म सकल उर अंतरयामी ३३

अस समुझत मन संशय होई। कहा जो प्रभु प्रमाण पुनि सोई ३४
जे निजभक्त नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं ३५

दो० स्वइ सुखस्वइ गति स्वइ भगति, स्वइ निजचरणसनेहु ॥
स्वइ विवेक स्वइ रहनि प्रभु, हमहिं कृपाकरि देहु ३६

१५० निर्हेतु अमल वात्सल्यरसकी प्रीति हृदय में देखि पुनः अमोल वचन सुनि क्या अमूल्यता है निर्हेतु पुत्रकी सेवा में अत्यंत परिश्रम लालन पालनादि जो क्रिया है याकी प्रति उपकार करना पुत्रको अगम है नहीं उऋण ह्वै सकत सो प्रभु के वचन भरत प्रति गीतावली में यथा ॥ निजकर खाल खैंचि या तनकी जो पितु पद पानही बनावौं। होहु न उऋण पितादशरथ ते कैसे ताके वचन मेटि पति पावौं ॥ ऐसे अमोल वचन सुनि जनु दुःखमें दुःखी इति करुणानिधि एवमस्तु बोले एवं कहे इसी प्रकार अस्तु कहे होइ २८ प्रभु बोले कि आप सरिस अपनी समान को कहां जाइ खोजौं मेरे समान दूसरा नहीं है ताते हे नृप! तव नाम तुम्हारो तनय नाम पुत्र अर्थात् तुम्हारो पुत्र हमहीं आइहोब इहां समान कहना तौ ढिठाई निवारण अर्थ है मनोरथ तौ प्रभुहीको पुत्र करि चाहते हैं सोई प्रभु साफ़ कहिदिये २९ जब शतरूपाकी दिशि प्रभु विलोके नाम देखे कि शुद्ध प्रेम भरी हाथ जोरे ठाढ़ी हैं ताते हाथ जोड़ना अर्थार्थीको मुद्रा है पुनः मनु महाराजके मांगनेके साथ ये कुछ नहीं बोलीं याते प्रभु दूसरा वरदान देने हेतु बोले कि हे देवि! जो तोरे मनमें रुचि होइ सो वर मांगु तेरीभी अभिलाष पूर्ण करैंगे ३० शतरूपा महारानी बोलीं कि हे नाथ! चतुर नृप अर्थात् सब बात में प्रवीण जो महाराज ने वर मांगा है हे कृपालु! कृपाके स्थान सोई वर मोहिं अत्यंत करिकै प्रिय लाग है चतुर कहबेको भाव कि पुत्र होने में प्रथम मेरो ही मनोरथ सफल भयो ३१ तथापि कुछ मांगनेकी इच्छा है परंतु हे प्रभु! पुनः मांगने ते सुठि नाम अति ढिठाई होत काहेते जब आपकी प्राप्ति भई तौ याते अधिक क्या है ताते अब मांगनो उचित नहीं यद्यपि मांगनो आपको सुहात काहेते भक्तन के हितकर्ता हौ हितकार भलाई करनेमें अघात नहीं अरु आपतौ उदार दानी हौ ३२ आप कैसे हौ विष्णु, शिव, ब्रह्मादि जे ईश्वर कोटिन हैं तिनके जनक पिता अर्थात् सबको उत्पन्नकर्ता हौ ३२ पुनः सम्पूर्ण जगत्के स्वामी हौ पुनः व्यापक ब्रह्म अंतर्यामीरूप सब में बसे हौ ३३ अस पूर्ववत् आपको प्रभाव समुझत संते हमारे मनमें संशय होत कि जो ब्रह्मादिकन को पिता सो नरन को पुत्र कैसे होई पुनः जो सब जगको स्वामी सो पुत्र सेवकपद

कैसे धारण करी जो व्यापक ब्रह्म अंतर्यामी सो प्राकृत देहधारी कैसे होई इत्यादि संशय है पुनः हे प्रभु!जो वचन आपने कहा कि नृप तव तनय होब मैं आई ॥ यह कहा आपको लोक वेद तीनिहू कालमें प्रमाण है तहां जीव अल्पज्ञ होत ताते संशय है ३४ इहां रानीकी चातुर्यता यह कि प्रभुको वचन तौ प्रमाणिक है अपनी अज्ञानताते संशय है कि परात्पर प्रभु हमारे पुत्र होइँ वा न होइँ याके योग्य हम नहीं हैं ताते अपने योग्य वर मांगा चाहिये सो कहत कि हे नाथ ! तव कहे तुम्हारे जे निज कहे अनन्यभक्त हैं जिनको एक आपहीकी गति औरकी आशा भरोसा नहीं ते भक्त जो सुख जीवत पावते हैं पुनः अंतकाल जौनी गतिको प्राप्त होतेहैं ३५ ॥ दोहार्थ ॥ स्वइ अनन्यभक्तनवाला सुख स्वइ अनन्यभक्तनको अंतकाल प्राप्तिकी गति स्वइ अनन्यभक्ति पुनः अनन्य भक्तनके जो आपके चरणको सनेह होत स्वइ आपने चरणारविंदनको सनेह स्वइ विवेक सारासारको विचार स्वइ अनन्यभक्तनकी रहनि रीति रहस्य इत्यादि कृपा करिकै हे प्रभु ! हमहिं देहु ३६ ॥

१५१ सुनि मृदु गूढ़ भक्तियुतरचना। कृपासिंधु बोले मृदुवचना ३७
जो कछु रुचि तुम्हरे मनमाहीं। मैं सो दीन सब संशय नाहीं ३८
मातु विलोकि अलौकिक तोरे। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरे ३९
वंदि चरण मनु कहेउ बहोरी। अवरि एक बिनती प्रभु मोरी ४०
सुतविषयक तव पदरति होई। म्वहिं बड़ मूढ़ कहै किन कोई ४१
मणिबिनुफणिजिमिजलबिनुमीना।ममजीवनतिमितुमहिंअधीना ४२
अस वर मांगि चरण गहि रहेऊ। एवमस्तु करुणानिधि कहेऊ ४३
अब तुम मम अनुशासन मानी। बसहु जाय सुरपति रजधानी ४४

सो० तहँ करि भोग विशाल, तात गये कछु काल पुनि ॥
होइहहु अवधभुवाल, तब मैं होब तुम्हार सुत ४५

१५१ मृदु कहे कोमल क्या कोमलता है जो कहेउ कि भक्तहित आपको देना सुहात है परन्तु मांगने में ढिठाई होत इति कोमल पुनः गूढ़ कहे गुप्त आशय क्या गूढ़ताहै शतरूपाजीने विचारा कि जो वरदान राजाने मांगा पुत्र होना सो तौ कर्मकाण्ड देशमें है तहां मायाकृत अनेक विघ्न कुसंगादि बाधा कामादि शत्रु इनसों रक्षा करनेकी तौ कछु बात मांगी नहीं सो वस्तु मांगा चाहिये इति गूढ़ आशय पुनः भक्तियुत रचना अर्थात् भक्ति के अनेक अंग बटोरि एक वचन में कहिदेना सो अनन्यभक्तन को सुख अन्तर्गत

प्रभुमें सनेह अनन्यभक्ति रीति रहस्यादि सब एकवचन में कहे इति भक्तियुत रचनाके गूढ़ मृदु वचन शतरूपा के सुनि कृपासिन्धु मृदु कहे कोमल वचन बोले जो शतरूपा कहेउ कि कृपाकरि हमको देहु ताते कृपा के सिन्धु पद धरे अरु आगे माता कहे याते कोमल वचन भये ३७ प्रभु बोले कि तुम्हारे मनमें जो कछु रुचि है सो सब मैं दीन अर्थात् अनन्य भक्तिनसों तसनेह, प्रेमानन्द,एकरस सदा सावधानता, विघ्नरहित अन्तमें उत्तमगति, सौशील्यता, सज्जनता, शुद्ध एकरस सुभाव इत्यादि यावत् तुम्हारे मनोरथ में हैं समग्र मैं पूरण कीन यामें संशय नहीं ३८ एक लौकिक विवेक जे विषय में लीनहैं ते शम दमादि साधन करि ब्रह्मज्ञान में आरूढ़ रहत विषय ते बचे रहत जो नेकहू भूलै तौ विषय दबाय लेवै पुनः अलौकिक विवेक जे साधारण ब्रह्मज्ञान में आरूढ़ विषयबाधक जाने रहत अरु अनुग्रह कही जामें कबहूं विग्रह न होइ अर्थात् सदा एकरस दया बनीरहै सो श्रीरघुनाथजी कहत कि हे मातु ! तेरे अन्तःकरण में अलौकिक विवेक सदा बनारही तहां जीव तौ अल्पज्ञ होत एकरस विवेक कैसे रही ता हेतु कहत कि मेरी अनुग्रह ते अर्थात् मेरी दया सदा एकरस रही ता प्रभाव ते तेरे उरते विवेक कबहूं न मिटी पुनः परब्रह्म हमारे पुत्र कैसे होयँगे यह संशय किहे रही ताके निवारण हेतु माता कहे अर्थात् अवतार तौ समय पायकै लइँगे परन्तु माता करि इसी समय ते हम तुम्हैं मानि लीन अब संशय न करौ ३९ जब देखा कि रानीको सुगन्धित सोना भया अर्थात् पुत्रकरि पाई ताहूपर अनन्यभक्ति, ईश्वर भावको सनेह, सज्जनता रीति, अलौकिक विवेक इत्यादि मीठा पदार्थ सोऊ कठौता भरिकै अर्थात् सब बात एकरस सदा बनी रहै तब विचारे कि यद्यपि पुत्र ह्वै प्रभु प्राप्त भये पर जीवकी अल्पज्ञताते किसीसमय हमारे उरमें सनेह लघु परिजाय तौ बड़ी हानि है यह विचारि मनु महाराज प्रभु के चरणारविन्दन की वन्दना करिकै बहोरि पुनः कहे कि एक बिनती और मेरीहै हे प्रभु! ताको अंगीकार करौ ४० सुतविषयक अर्थात् ऐश्वर्यरहित माधुर्य देशमें ईश्वरभाव छांड़ि पुत्रभावकी रति नाम प्रीति आपके पदारविन्दन में होवै यही बात पर चहै कोऊ मोको बड़ा मूढ़ कहै अर्थात् बड़े अज्ञानी हैं जो ईश्वर बिषे पुत्रभाव राखते हैं इस कहने को मोको अँदेशा नहीं ४१ सुतविषयक रति कौन प्रकारकी यथा मणि बिनु सर्प अर्थात् मणि के जात रहे सर्प नहीं जीवत पुनः जिमि जल बिना मीन नाम मछरी नहीं जीवति तिमि तुमहिं आधीन मेरा जीवन अर्थात् तुमहिं देखे बिना मैं न जीसकौं सर्पके मणि भीतर

मीनके जल बाहर तथा बाहर भीतर मेरे प्रीति रहै वा स्वइच्छित सर्प मणिको वियोग सहि सकत तथा ऋषि संग जानेमें स्वइच्छित वियोग दशरथोजी सहे अरु मीन जलको त्यागतही मरत ताहेतु वनयात्रामें प्राण त्याग किये ४२ तुम्हरे आधीन मेरा जीवन ऐसा वर मांगिकै प्रभुके चरणारविन्द गहि हाथनसों पकरि वैसही रहि गये करुणा कही जनके दुःखमें आप दुःखी ह्वै जाना इत्यादि करुणारूप जलभरे निधि कहे समुद्र प्रभु एवमस्तु कहे अर्थात् ऐसही होइ ४३ पुनः प्रभु बोले कि हे राजन् ! अब वर्तमानकालमें तुम मम अनुशासन मेरी आज्ञा मानि भाव तुमको स्वर्गसुख भोगकी कांक्षा नहीं है ताते मेरी आज्ञाते सुरपति की राजधानी जो इन्द्रपुरी तामें जाइ बसो जब प्रभु आपही प्राप्त ह्वै मनोरथ पूर्ण करें तब अनिच्छित राजा को स्वर्ग क्यों पठाये तहां जो शुद्धप्रेम रहा ताको फल प्रभु दर्शन दै वरदान दीन अरु तपस्याको फल भोगने हेतु स्वर्गको पठाये ४४ सोरठार्थ ॥ बहत्तरि चौयुगी प्रारम्भ प्रथमकल्प में दुइ लाख तेरह हज़ार एकसौ बयालिस वर्ष सतयुग बीता रहै तासमय मनु महाराजको प्रभु स्वर्ग जानेकी आज्ञा दिये पुनः कहत कि तहां इन्द्रपुरीमें विशालनाम बड़ा भारी भोग करि पुनः हे तात ! कुछ काल बीति गये अर्थात् चौबिस लाख छब्बिस हज़ार आठसौ अट्ठावन वर्ष बीतेपर अवधभुवाल होइहउ अर्थात् जब तीनि लाख चौरासी हज़ार वर्ष त्रेतायुग बाक़ी रही तब अयोध्यामें महाराज दशरथनाम अवतीर्ण होइहौ पुनः जब साठि हज़ार वर्षकी अवस्था आपकी होइगी तब मैं तुम्हार सुत नाम पुत्र होब अट्ठाइस हज़ारवर्ष मनु महाराज तप कीन्हें तामें चौबिस हज़ार को फल चौबिस लाख वर्ष स्वर्गभोग दीन्हे चारि हज़ारको फल साठिहज़ारवर्ष अवधको सुख भोग दीन्हे गर्भवास सहित अट्ठाइसै वर्षतक पुत्र ह्वै प्राप्त रहे ४५ ॥

१५२ इच्छामय नरवेष सँवारे । होइहहुँ प्रकट निकेत तुम्हारे ४६
अंशनसहित देह धरि ताता । करिहौं चरित भक्तसुखदाता ४७
जेहि सुनि सादर नर बड़भागी । भव तरिहैं ममता मद त्यागी ४८
आदिशक्ति ज्यहि जग उपजाया । सो अवतरिहि मोरि यह माया ४९
पुरवब मैं अभिलाष तुम्हारा । सत्य सत्य प्रण सत्य हमारा ५०
पुनि पुनि असकहि कृपानिधाना । अंतर्धान भये भगवाना ५१
दंपति उरधरि भक्ति कृपाला । त्यहि आश्रमहि बसे कछुकाला ५२
समय पाय तनु तजि अनयासा । जाय कीन्ह अमरावति बासा ५३

दो० यह इतिहास पुनीत अति, उमहिं कह्यो वृषकेतु ॥
भरद्वाज सुनु अपर अब, रामजन्म कर हेतु ५४

१५२ जब त्रेताको एक चरण बाक़ी रही तीन लाख चौबीस हज़ार वर्ष त्रेता बाक़ी रही तब मैं अवतीर्ण ह्वैहौं कौन प्रकार इच्छामय अपनी इच्छा करिकै नर को वेष सँवारे नर किसको कही यथा ॥ स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषाः पूरुषा नराः ॥ इत्यमरः अस्यार्थः नराः पुमांसः पञ्चजनाः पञ्चभिः पृथिव्यादिमहाभूतैर्जन्यन्ते प्रादुर्भवन्तीति पुरुषाः नराः अर्थात् पञ्चभौतिक मायामय तनु होय जेहिका तेहिका कही नर ता हेतु कहत कि मायामय नर नहीं इच्छामय अपनी इच्छा ते नराकार वेष सँवारे यथा मिठाई के खेलौना अर्थात् नर, पशु, पक्षी, फल, फूलादि अनेक आकार मिठाई के खेलौना बने तामें फल, फूलादि को तत्त्व नहीं है देखनेमात्र को फल है विचारे ते बाहर भीतर मिठाईही है तथा प्रभु को रूप देखनेमात्रको नराकार परन्तु नर तनु में पृथिवी आदि पञ्चतत्त्व होत सो नहीं बाहर भीतर शुद्ध ईश्वरै तत्त्व है देही देहको विभाग नहीं आत्मदेह एकही तत्त्व है तहां सँवारना क्याहै जो बाल, पौगण्ड, किशोरादि अवस्था के भेद इत्यादि नरवेष सँवारे अथवा भूषण वसनादि मानुषी धारण करोगे इत्यादि नरवेष सँवारे तुम्हारे निकेत नाम मंदिर में आइ प्रकट होइहौं ४६ अंश कही यथा एक पदार्थ है ताको कई हिस्सा ह्वै जाना यथा यकन्नी, दुअन्नी, चवन्नी, अठन्नी आदि सब रुपया को अंश हैं यथा ॥ अंशभागौ तु वंटके इत्यमरः ॥ तथा ईश्वरतत्त्व थोरा थोरा कई जगह पर बँटि जाना यथा दुअन्नी आदि ते रुपया खण्डित नहीं तथा अंशावतार करि पूर्णावतार खण्डित नहीं तहां व्यापकब्रह्म चांदीमात्र है पूर्णावतार ऊंचा सिक्का है दुअन्नी आदि अंशावतार हैं जीव भूषणादि दागी है तहां भरतादि अंशनसहित देहधरि बाल, कुमार, पौगण्ड, किशोरादि अवस्था दर्शाय हे तात ! भक्तनके सुखदायक चरित करिहौं दिव्यगुणयुक्त ऐश्वर्य माधुर्यलीला करिहौं ४७ ज्यहि चरितन को आदर सहित सुनिकै बड़भागी नर सुकृतीजन लोककी ममता धनादिको मद स्वाभाविक त्यागि भवसागर तरिहैं अर्थात् लोक को उपकार होई ४८ पुनः ज्यहि समग्र जग को उपजाया है ऐसी यह जो मोरि माया वर्तमान जो मेरे वामभाग में विराजमान है मोरि माया अर्थात् मेरी शक्ति वा मेरी दयारूप लोकको उपजावनहारी जो सब शक्तिन में आदि शक्ति सो अवतरी अर्थात् जाभांति तुम ने तपस्या करि हमको मांगे ताही भांति वामवर्ती नामे ब्राह्मण सुमतिनामे उनकी स्त्री तेऊ महातप करि आदिशक्ति को पुत्री करि अरु हमको जामातृ

करि मांगे ते शीरध्वज राजा सुनयना रानी मिथिलापुर में अवतीर्ण ह्वै हैं तिनकी पुत्री ह्वै अवतीर्ण ह्वैहैं जानकी ऐसा नाम प्रसिद्ध होई ४९ या भांति अर्थात् चार भाई ह्वै पुत्र जन्मोत्सव सुख बालसमय चूड़ाकर्मादि लालन पालनादि अनेक भांति बालकेलि को सुख पुनः यज्ञोपवीत विवाह उत्सवादि सुख पुनः उत्तम पतोहुनयुत पुत्रन अवलोकन सुख इत्यादि अनेक भांति आनन्द दै तुम्हारी अभिलाषा मैं पुरवब इत्यादि हमारा प्रण सत्य है सत्य है सत्यहै प्रण तीन बार कहे सो सत्य वचन त्रिवाचककी परिपाटी है अथवा शतरूपाजी संशय सुनाये रहीं ताके निवारण हेतु तीन बार कहे ५० सब संसार पालने की दृढ़ानुसंधान है जिनके ऐसे कृपाके निधान श्रीरघुनाथजी पूर्ववत् असवचन पुनि पुनि बारंबार भाषिके भगवान् षडैश्वर्य युत प्रभु अंतर्धान भये ५१ तत्पश्चात् दंपति राजा रानी क्या करते भये कि कृपालु कृपा के स्थान जो श्रीरघुनाथजी तिनकी भक्ति उरमें धरि अर्थात् प्रेमयुत गद्गद वाणीते नामस्मरणरूप की ध्यान किहे तेहि आश्रम नैमिषारण्यविषे कुछ थोरे कालवास कीन्हे ५२ हरिइच्छा समय पाय अनायास विना परिश्रम पूर्व तनु तजि दिव्य देह चेष्टारहित शरीरधरि जायकै अमरावती इन्द्रपुरीमें वास कीन्ह इन्द्रादि षोड़शोपचार पूजा करि दिव्य वासस्थान दिये ५३ दोहार्थ ॥ यह स्वायंभुव मनुको इतिहास अर्थात् पूर्वचरित उपदेशरूप सनातनते चला आवै इति इतिहास पुनीत अति अत्यन्त करि पवित्र अर्थात् यामें रक्षा दण्डादि किसीकी वासना नहीं शुद्ध प्रेम भावते भराहै याते यह अति पावन प्रेममय परब्रह्मके अवतार लेनेको शुद्ध हेतु है सो ताको वृषकेतु धर्म के पताका महादेवजी उमहिं पार्वतीजीते कहे यह हेतु सबके आदि सबको सारांश सबहेतुन में व्यापक है पुनः याज्ञवल्क्यजी कहत कि हे भरद्वाज! सुनु अपर और श्रीरामजन्म को हेतु अर्थात् जामें किसी की रक्षा किसीको दण्ड कोऊ आर्त कोऊ अर्थी इत्यादि अनेक वासना जामेंहैं ऐसा श्रीरामजन्मको हेतु सुनु ५४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ
विरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे दंपतिश्रीसीताराम
दर्शनवरप्राप्तिः पंचविंशः प्रकाशः २५ ॥

१५३ सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी । जो गिरिजाप्रति शंभु बखानी १
विश्वविदित यक केकय देशू । सत्यकेतु तहँ बसै नरेशू २
धर्मधुरंधर नीति निधाना । तेज प्रताप शील बलवाना ३
त्यहिके भये युगल सुत वीरा । सब गुणधाम महारणधीरा ४

रजधानी जो जेठ सुत आही। नाम प्रतापभानु अस ताही ५
अपर सुतहि अरिमर्दन नामा। भुजबल अतुल अचल संग्रामा ६
भाइहि भाइहि परम सुरीती। सकल दोष छल वर्जित प्रीती ७
जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा। हरिहित आप गवन वन कीन्हा ८

दो० जब प्रताप रवि भयो नृप, फिरी दुहाई देश॥
प्रजापाल अति वेदविधि, कतहुँ नहीं अघलेश ९

१५३ हे मुनि, भरद्वाज! शुभ मंगलमय कथा सुनु पुनीत पवित्र पुरानी आदि कल्प की है पुनः सदा नवीन सुनु को भाव केवल लोकउद्धार हेतु है पुनीतको भाव आदिमें किसीके शापादिहेतु नहीं केवल लीला करने को प्रभुकी आज्ञा हेतुहै जाको गिरिजा पार्वतीप्रति शिवजी बखान कीन १ विश्व कहे संसारमें विदित जाहिर केकय कहे काश्मीरदेश तहां सत्यकेतु ऐसा नाम जाको ऐसा नरेश नरनमें ईश अर्थात् राजा बसत रहै २ कैसा राजा रहै धर्मधुरंधर सत्य शौच दया दानादि जो धर्मांग ताकी धुरी जो भार ताके उठावनेवाला पुनः तेजवान् अर्थात् सुभटादिकी इच्छा न करता अपने तेजते सबको जीत लेना केवल शोभार्थ सुभट राखना पुनः जाकी कीर्ति सुयश सुनि शत्रु आपै डरिजाइ ताको प्रताप कही पुनः जो दीन मलीनादिकन को अवगुण मेटि बड़ाई दे वा कैसेहू अपराधी सम्मुख आवै ताको कुछ न कहना ताको शील कही पुनः कैसेहू दुर्घट काम परै ताको आपही करिडारै अरु परिश्रम न आवै ताको बल कही इत्यादि तेजवान् प्रतापवान् शीलवान् बलवान् रहै ३ तेहि सत्यकेतु राजाके युगल सुत कहे दुइ पुत्र वीर भये सब गुण यथा दो० ॥ शुक्लरूप अरु शीलगुण, सत्यपराक्रम जानि। सुचित आतम अभ्यास गनि, वर विचार परिमानि॥ शास्त्रज्ञान ज्ञानी परम, पूरण परतिय त्याग। मानी पुनि लोकेश गनि, औदासत्व विभाग॥ विद्या पुष्टि बखानिये, प्रियवादी शुभअंग। आत्मकाम सूक्षम बहुत, गुण परिपूरणअंग॥ मात पिता गुरुभक्त है, मन वच कर्महि जान। रूपकर्ण जितइंद्रिऔ, दाता धर्मनिधान॥ सुरपूजन निद्रा अलप, स्वल्पअहारी होइ। ये बत्तिस लक्षण युतहिं, बिरले युगमें कोइ॥ इत्यादि सब गुणनको धाम पुनः रणविषे महाधीरवान् वा महाविषम रणमें धीरवान् ४ तामें जो ज्येष्ठ पुत्र ताको भानुप्रताप अस नाम जाकी राजधानी आहि जाको राजगद्दीको अधिकार है यह भानुप्रताप पूर्वजन्म साकेतलोकमें प्रतापीनाम प्रभुको सखा किशोरी जी को कृपापात्र है काहू समय कन्दुकके लिये याकी सबलतापर प्रभु प्रसन्न है

आज्ञा दीन्हे कि तुम भूमिपै भानुप्रताप नाम राजा होउ पुनः द्विजशापते रावण नाँमे राक्षसह्वै हमते युद्ध किहेउ सोई आदिकल्प प्रथम सतयुगमें प्रकट भयो सोई भानुप्रताप है यह प्रसंग महारामायण में है पुनः साकेतविहारीके अवतारको समग्र हाल महारामायणमें है ५ अपर दूसरे सुत नाम पुत्रको अरिमर्दन ऐसा नाम जे छोटेरहे तिनकी भुजनमें अतुल बल है पुनः संग्राममें शत्रुसम्मुख युद्धभूमि में अचल पीछे पांव नहीं देत ६ भाई प्रति भाईको अर्थात् दोऊ भाइनमें परस्पर परम सुन्दर रीति है अर्थात् दोनोंको मन एकही राहपर रहत दोऊ भाइनमें परस्पर प्रीति कैसी है जामें सब प्रकारके दोष अर्थात् छोटा आज्ञा भंग करै पुनः बड़ा दयादृष्टि न राखै इत्यादि सब प्रकारके दोष पुनः छल कहे मुखते बनायकै कुछ और कहै अर्थात् भलाई की कहै अरु पेटमें बुराई लिहेहै ताको छल कही इत्यादि वर्जित कहे रहित प्रीतिहै ७ जेठ सुत बड़े पुत्रको अर्थात् भानुप्रतापको नृप सत्यकेतु राज्य दैकै आप हरिके भजनहेतु वनको गवन कीन ८ दोहार्थ॥ जब प्रताप रवि नृप भयो अर्थात् भानुप्रताप राजा भयो ताकी दुहाई देशमें फिरी अर्थात् प्रताप देशमें फैलो तब वेदविधि अर्थात् नीतिधर्मसहित अतिप्रजन को पालन करत अर्थात् पुत्रवत् इति रक्षा पुनः कुमार्गिनको अत्यन्त दण्ड देत ताकी भय करिकै अघ जो पाप कर्म अर्थात् हिंसा जुआ चोरी परस्त्री रतादि यथा व्यसनेष्वघम् इत्यमरः अघ व्यसनमात्रको कही ताको लेशनाम स्वल्पहू कहूं नहीं देखात ९॥

१५४ नृपहितकारकसाचिवसयाना। नाम धर्म रुचि शुक्रसमाना १०
सचिव सयान बंधु बलवीरा। आप प्रतापभानु रणधीरा ११
सेन संग चतुरंग अपारा। अमितसुभटसबसमर जुझारा १२
सेन विलोकि राव हर्षाना। अरु बाजे गहगहे निशाना १३
विजयहेतु सब कटक बनाई। सुदिन शोधि नृप चले बजाई १४
जहँ तहँ परी अनेक लराई। जीते सकल भूप बरिआई १५
सप्तद्वीप भुजबल वश कीन्हे। लैलै दण्ड छांड़ि नृप दीन्हे १६
सकल अवनिमण्डल त्यहिकाला। एक प्रतापभानु महिपाला १७

दो० स्ववश विश्वकरि बाहुबल, निजपुर कीन्ह प्रवेश॥
अर्थ धर्म कामादि सुख, सेवहिं सबै नरेश १८

१५४ नृपहितकारक राजा को हित करनेवाला सचिव मंत्री जाको धर्म-

रुचि ऐसा नाम पुनः शुक्राचार्यके समान सयान नाम चतुर है १० सचिव सयान अर्थात् मंत्री चतुर बंधु छोटा भाई सो बली अरु वीर अरु भानुप्रताप राजा आप रणमें महाधीरजमान विषमहू रणमें अचल ११ हाथी, घोड़ा, रथ, पैदर इति चतुरङ्गिणी सेना फ़ौज अपार अगणित संगमें तामें सुभट सबल वीर अमित संख्यारहित ते सब समरमें जुझार युद्धमें अचल वीर जे सबल शत्रुको न डरैं १२ ऐसी घनी सेनाको विलोकि नाम देखिकै राव राजा भानुप्रताप हर्षान अर्थात् युद्धकी उछाह आई अरु समररस में उछाह बढ़ावने वाले गहगहे उत्सव भरे बाजा बाजे १३ दिग्विजय हेतु सब दिशनके राजन को जीतनेहेतु सव कटक चतुरङ्गिणी सेना बनाई साफ़करि साजि सुदिन शोधि तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण, लग्नादि सब बली विचारि तामें यात्रा करि दुंदुभी आदि बजाइ नृप भानुप्रताप चले १४ देशांतर में अनेकन लराई जहां जहां परीं तहां तहां बरिआई जबरई सकल भूपनको जीतिलिये १५ कहां कहां जीते सो कहत कि सप्तद्वीप यथा मध्य में जंबूद्वीप तामें क्षारसिंधु घेरे लक्ष योजन पाट ताके पार प्लक्षद्वीप द्वैलक्ष योजन ऐसेही क्रम से दूने दूने सब हैं यथा ताको इक्षूदसिंधु घेरे ताके पार शाल्मलिद्वीप ताको सुरोद सिंधु घेरे ताके पार कुशद्वीप ताको घृतोदसिंधु घेरे ताके पार क्रौंचद्वीप ताको क्षीरोदसिंधु घेरे ताके पार शाकद्वीप ताको दधिरसोदसिंधु घेरे ताके पार पुष्करद्वीप ताको स्वादोदकसिंधु घेरे इत्यादि सातों द्वीपन को अपनी भुजन के बलते अपने वश करिलीन्हे कौन प्रकार द्वीपनमें जेते राजा रहे तिनसों दण्ड लैलै छाँड़ि दीन्हें १६ तेहिकाल विषे सकल भूमंडल भरमें एक भानुप्रताप मण्डलेश्वर राजा रहेउ दूसरा समताको नहीं रहै १७ दोहार्थ ॥ निज बाहुन के बल करिकै विश्व संसारभर को स्व कहे अपनी वश करिलीन पुनः निजपुर अपनी राजधानी में प्रवेश अर्थात् आइकै वास कीन तत्पश्चात् परिपूर्ण विभव वर्तमान रह्यो सो कहत कि अर्थ अर्थात् इच्छापूर्ण धन पुनः धर्म अर्थात् सत्य, शौच, दया, दानादि युक्त पुनः काम एकतौ कामदेव दूसर इच्छा मनोकामना इति कामादि यावत् सुख हैं अर्थात् भोगांग यथा ॥ सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम् ॥ भूषणं वाहनं चेति भोगाष्टकमुदीरितम् ॥ इत्यादि सबै सुखते नरेश भानुप्रताप को सेवते हैं वा सबसुख भी प्राप्त पुनः सबदेशन के राजाभी सेवामें हाजिर हैं १८ ॥

१५५ भूप प्रतापभानु बल पाई । कामधेनु भइ भूमि सुहाई १९
सब दुख वर्जित प्रजा सुखारी । धर्मशील सुन्दर नर नारी २०
सचिव धर्म रुचि हरिपद प्रीती । नृपहित हेतु सिखावत नीती २१

गुरु सुर संत पितर महिदेवा । करहिं सदा नृप सबकै सेवा २२
भूप धर्म जे वेद बखाने । सकल करहिं सादर सुखमाने २३
दिनप्रति देइ विविध विधि दाना । सुनै शास्त्र वर वेद पुराना २४
नाना वापी कूप तड़ागा । सुमनवाटिका सुंदर बागा २५
विप्र भवन सुर भवन सुहाये । सब तीरथन विचित्र बनाये २६

दो० जहँलागि कहे पुराण श्रुति, एक एक सब याग ॥
बार सहस्र सहस्र पुनि, किये सहित अनुराग २७

१५५ भूप राजा भानुप्रतापको बल पाय अर्थात् पापभारादिरहित सुखी ताते भूमि सुहाई नाम प्रजनके मन भाई कामधेनुसम सब वस्तुकी दायक भई १९ जब भूमि कामधेनुसम अरु राजा नीतिमान् प्रजापालक ताते सब ईति आदि दुःखवर्जित दुःखरहित सब प्रजा सुखी है सुकालवशते वा राजा के स्वभावते प्रजालोग नर नारी सब सुन्दर धर्मसहित शीलवान् होते भये २० सचिव जो राजाको मंत्री ताको नामही धर्मरुचि है यथानामतथा गुणः पुनः हरिपदमें प्रीति है अर्थात् धर्मवान् भक्त सो राजाके हित जामें लोक परलोक दोऊमें भला होइ इत्यादि हित हेतु सदैव राजाको नीतिही सिखावा करत २१ पुनः राजा कैसाहै जो गुरु अरु सुर अरु देवता पुनः संत जो हरिजन पुनः पितृ अरु ब्राह्मण इत्यादि सबकी श्रद्धासहित राजा सेवा अर्थात् नमस्कार आदर भोजन दान मानादि करत २२ जे जे धर्म राजाके वेदने बखान करेहैं ते मनते सुखमाने जो ऊपरते आदर सन्मानसहित सकल धर्म करते हैं २३ अब प्रसिद्ध कहत ब्राह्मणादिकन को प्रतिदिन दान देत पुनः वरनाम श्रेष्ठ अर्थात् हरिसंबंधी शास्त्र पुनः वेद पुराणादि अर्थात् हरियश सुनत २४ वापी जो बावली कूपकुवां तड़ाग तालसुमनवाटिका फुलवारी सुंदर विचित्र बाग जामें फलादि के वृक्ष हैं इत्यादि नाना कहे अनेक भांति के २५ विप्रभवन अर्थात् सुंदर मंदिर बनवाइकै तामें सब असबाब भरि ब्राह्मणको संकल्प दिये पुनः सुरभवन शिवको मंदिर दुर्गा गणेश सूर्यादि देवनके मंदिर वा ठाकुरद्वारा बनवाइ प्रतिष्ठाकरि तामें राग भोगादि बंधान करि संतानको दै दिये इत्यादि सुहाये सुंदर विचित्र चित्रसारी बनी ऐसे सब तीर्थनमें बनाये तीर्थ में जे देव प्रसिद्ध हैं तिनके मंदिर घाटादि बनाये २६ दोहार्थ ॥ राजाके धर्म वर्णन में जो बात एक थलमें एक बार करिबेको यज्ञादि वेद पुराणादि जहांतक कहे तहां तहां सहस्रनाम हजार हजार बार पुनः अनुरागसहित करे मनलगाय श्रद्धासहित विधिपूर्वक करे २७ ॥

१५६ हृदयनकछु फलअनुसंधाना। भूप विवेकी परम सुजाना २८
करै जु धर्म कर्म मन बानी। वासुदेव अर्पित नृप ज्ञानी २९
चढ़ि वर वाजि बार यक राजा। मृगया कर सब साजि समाजा ३०
विन्ध्याचल गँभीर वन गयऊ। मृग पुनीत बहु मारत भयऊ ३१
फिरत विपिन नृप दीख वराहू। जनु वन दुरेउ शशिहि ग्रसि राहू ३२
बड़ विधु नहिं समात मुखमाहीं। मनहुँ क्रोधवश उगिलत नाहीं ३३
कोल कराल दशन छवि गाई। तनु विशाल पीवर अधिकाई ३४
घुर्घुरात हय आरव पाये। चकित विलोकत कान उठाये ३५

दो० नील महीधर शिखर सम, देखि विशाल वराह ॥
चपरि चल्यो हय सुटुकि नृप, हांकि न होय निबाह ३६

१५६ यावत् धर्म कर्म करे ताके फल पावने को अनुसंधान कहे वासना हृदय में नहीं राखे काहेते भूप भानुप्रताप विवेकी आत्मरूप जाननेवाला पुनः परम सुजान बुद्धिमान् है २८ कर्म करि मन करि वाणी करि अर्थात् मनसा वाचा कर्मणा जो कुछ धर्म करत सो सब वासुदेव भगवान् को अर्पित नाम संकल्प करिदेत काहेते नृप ज्ञानी आत्मतत्त्वदर्शी है २९ एक बार एक दिन मृगया नाम शिकारकर समाज चीता श्वान शिकारी घोड़े सुभटादि साजि वर वाजि उत्तम घोड़े पर सवारह्वै ३० जहां विंध्याचल पर्वत गंभीर भारी सघनवन तहां को गये पुनीत नाम बूढ़े मृगा बहुत मारे ३१ शिकार खेलि फिरे तब वनमें राजा एक वराह जंगली सुवर देखे ताकी उत्प्रेक्षा करत कि वराह नहीं है मानहुँ शशि नाम चंद्रमाको ग्रसि नाम मुखसों पकरि राहु आइ वनमें दुरो छिपानो है टेढ़े दांत मुख बाहर निसरे सोई मानो द्वीजके चंद्रमाके दोऊ किनाराहैं ३२ विधु चंद्रमा बड़ाहै ताते मुखमें समात नहीं जो लीलिजाइ मानो क्रोधवशते उगिलतभी नहीं ३३ कोल सुवरके कराल भयंकर टेढ़े श्वेत दशन दांतनकी छवि गाई बखानी चंद्र राहु मुखमें ऐसो अरु वाको राहु याते कहे कि तनु विशाल नाम बड़ा ताहूमें पीवर नाम मुटाई अधिक यथा ॥ पीव्नी तु स्थूलपीवरे इत्यमरः ॥ अर्थात् बड़ाईते मोटाई अधिक ३४ हय घोड़ाके पावनको आरवनाम शब्द पायेते घुर्घुरात अपने शब्दते बोलत पुनः कान उठाये चकित सब दिशनको देखत अर्थात् शब्द किसका है राजा वृक्षनकी आड़ ह्वै देखत ३५ दोहार्थ ॥ नील महीधर स्याह पर्वतके शिखर कँगूरासम विशाल भारी वराह शूकरको देखि राजा चपरि फरच्याय सुटुकि

कोड़ा मारि हय जो घोड़ा ताको हांकि ऐसे वेगसे चलायो अर्थात् सरपट छांड़ेउ कि वराह को निर्वाह न होइ भागिकै जाय न पावै इहां वराहकी राहु की उपमा याते दिये कि यथा यह राक्षस राहुसम चंद्रको ग्रसेहै तथा कपट-मुनिरूप केतु भानुप्रताप को ग्रसैगो ३६ ॥

१५७आवत देखि अधिक रव वाजी। चल्यो वराह मरुत गति भाजी ३७
त्वरित कीन्ह नृप शरसंधाना। महि मिलिगयो विलोकत बाना ३८
तकि तकि तीर महीप चलावा। छल करि सुवर शरीर बचावा ३९
प्रकटत दुरत जाइ मृग भागा। रिसवश भूप गयउ सँग लागा ४०
गयउ दूरि घन गहन वराहू। जहाँ नहीं गज वाजि निबाहू ४१
अति अकेल वन विपुल कलेशू। तदपि न मृग मग तजइ नरेशू ४२
कोल विलोकि भूप बड़ धीरा। भागि पैठ गिरिगुहा गँभीरा ४३
अगम देखि नृप अति पछिताई। फिरयो महावन परयो भुलाई ४४

दो० खेदखिन्न क्षुद्धित तृषित, राजा वाजि समेत॥
खोजत व्याकुल सरित सर, जलबिनु भयो अचेत ४५

१५७ रव टापको शब्द सुनि घूमिकै देखे कि मेरे सम्मुख वाजी कहे घोड़ा आवत ताके भयते वराह मरुद्गति पवन वेगसम भागि चलेउ ३७ जब भागत देखे तब तुरतही नृप भानुप्रताप शर बाण धनुषमें चढ़ाय संधाना वाको देखि खैंचे जब छांड़े सो बाण आवत देखि महि भूमिमें मिलि गयो छिपकि गयो बाण ऊपर नांघिगयो ३८ तकि वाके तनुपर शोधि शोधि महीप राजा कई तीर चलाये परन्तु अंतर्द्धानादि अनेक छल करि सुवरने अपनो शरीर देह बचाय लियो बाण न लागनेपायो यहां बाणविद्याके मंत्रित बाण नहीं हैं शिकार में पशु जानि सीधे बाण चलायो याते बचिगयो ३९ कबहूं निकट प्रसिद्ध कबहूं दूरि अंतर्द्धान इत्यादि प्रकटत दुरत मृग संज्ञा वराह भागजात रिसकी वशते भूप संगहीं लाग चलाजात इहां सुवरके मारिबेकी कामना ताकी हानि कि मारनेको न मिलो याते क्रोध भयो ताते मोह आयो विचार जात रहो ताते रिसवश ते चलैजात ४० या विधिते गहन सघन वन में वराह दूरि गयो ऐसा विषमवन जहां गज वाजि हाथी घोड़न को निर्वाह नहीं बड़े वन पहार लक्षन योजनके समुद्र नांघिबेकी गति राजा में रही है तौ तौ सातों द्वीप जीते ताको लघुवनकी विषमता कैसे बाधक भई इहां रघुनाथजी की इच्छा ते राजा की गति भंग ह्वै गई ४१ अतिविषम वन

तामें सुभट सेवकादिरहित राजा अकेला ताते कांटा ठोकर भूख पियास आदि विपुल नाम बहुत क्लेश भयो तदपि मृग मग नरेश नहीं तजत अर्थात् शूकर को पीछा नहीं छांड़त कि लौटि जाय ४२ कोल सुवरने विचारि देखा कि भूप बड़ा धैर्यवान् अर्थात् विषम वनादि की भय नहीं करत ताते विना मारे न लौटी ऐसा समुझि गिरि पर्वतके गंभीर गहिरे गुहामें भागि पैठ्यो ४३ गुहा पैठने योग्य नहीं है इति अगम जानि राजा अत्यन्त करिकै पछिताने लग्यो अर्थात् नाहकको इहां आये पुनः फिरउ लौटि कै चलेउ तब राह न पायो विषम वनमें भूलिकै दिशाभ्रम वशते राह न पायो घूमि घूमि उसी में रहेउ ४४ दोहार्थ ॥ वाजि घोड़ा सहित राजा क्षुधित तृषित अर्थात् भूख पियास आदि खेद नाम दुःख करिकै खिन्न नाम दुःखित भयो ताते व्याकुल सरित सर नदी ताल खोजत विना जलके पाये प्यास ते अचेत मूर्च्छित सो ह्वै गयो ४५ ॥

१५८ फिरतविपिनआश्रमयकदेखा।तहँबसनृपतिकपटमुनिबेखा४६
जासु देश नृप लीन छँड़ाई। समर सेन तजि गयउ पराई ४७
समय प्रतापभानु कर जानी। आपन अतिअसमयअनुमानी ४८
गयउ न गृह मन बहुत गलानी। मिला न राजहि नृप अभिमानी ४९
रिस उर मारि रंक जिमि राजा। विपिन बसै तापसके साजा ५०
तासु समीप गमन नृप कीन्हा। यह प्रतापरवि तेइ तब चीन्हा ५१
राव तृषित नहिंतेहि पहिंचाना। देखि सुवेष महामुनि जाना ५२
उतरि तुरँगते कीन्ह प्रणामा। परमचतुर न कहेउ नृप नामा ५३

दो० भूपति तृषित विलोकि तेइ, सरवर दीन्ह दिखाइ ॥
मज्जन पान समेत हय, कीन्ह नृपति हरषाइ ५४

१५८ फिरत वनमें एक आश्रम कुटी देखा कैसा आश्रम है जहां कपट करि मुनिको वेष किहे एक नृपति अर्थात् राजा बसत ४६ यह कौन राजा है जाको देश नृप भानुप्रताप ने जाकर राज्य छँड़ाय लीन्ह तहां राजाने तौ किसीको देश छँड़ाया नहीं केवल दण्ड लैलीन सो कहत कि जब समर में हारा तब सेना छांड़ि भागि गयो अकेलेको कौन ढूंढ़ पावै ४७ काहेको भागि गयो भानुप्रताप को समय जाने अरु आपन अत्यन्तकरि असमय अनुमान कियो ४८ हारेते मनमें बड़ी ग्लानि आई ताते घरको नहीं गयो पुनः नृप अभिमानी रहा ताते राजा भानुप्रताप को नहीं मिला भाव एक राजा ये

एक राजा हम कैसे माथ नाई ४९ उरमें रिसमारि अर्थात् भीतरही राखि राजा ह्वैकै रंक कंगाल की नाईं तापसके साज तपसिन कैसो वेष बनाये वन में बसत जो हाजिर न भया ताते वाको देश भानुप्रताप अबल करि लियो ५० तासु कपटमुनि के समीप नृप भानुप्रताप गमन कीन निकट गयो तब तेइ कपट मुनिने चीन्हिलियो कि यह तो राजा भानुप्रताप है ५१ यद्यपि प्रथम वाकोभी भानुप्रताप चीन्हते रहैं परंतु राजा तृषित पियासते वेसुधि ताते वाको नहीं पहिंचाना वाकी चेष्टापर सूरति नहीं दौरावा काहेते सुंदर वेष देखि अर्थात् जटा, अजिन, वल्कल, चीर, कमण्डलु, विषम वनमें वास इत्यादि देखि जाना कि कोऊ महामुनि हैं ५२ तुरंग घोड़ते उतरि राजा प्रणाम कीन्हे पुनः परमचतुर है ताते आपनो नाम नहीं कहे कि. सत्यकेतु को पुत्र भानुप्रताप नाम केकयदेशको राजा हौं ऐसा चहित रहै सो नहीं कहे ५३ दोहार्थ॥ तेहि कपटमुनि राजाको तृषित पियासा देखि सरवर सुन्दर तड़ाग देखायदीन अमल जल देखि हरषाय आनन्दते हय घोड़ा सहित नृपति राजा मज्जन कहे स्नानकरि जलपान करत भयो ५४॥

१५९ गैश्रमसकलसुखीनृपभयऊ। निजआश्रम तापस लैगयऊ ५५
आसन दीन्ह अस्त रवि जानी। पुनि तापस बोल्यो मृदुबानी ५६
को तुम कस वन फिरहु अकेले। सुंदर युवा जीव पर हेले ५७
चक्रवर्ति के लक्षण तोरे। देखत दयालागि अति मोरे ५८
नाम प्रतापभानु अवनीशा। तासु सचिव मैं सुनहु मुनीशा ५९
फिरत अहेरहि परेउँ भुलाई। बड़े भाग देखेउँ पद आई ६०
हमकहँ दुर्लभ दरश तुम्हारा। जानतहौं कछु भल होनिहारा ६१
कह मुनि तात भयउ अँधियारा। योजन सत्तरि नगर तुम्हारा ६२

दो० निशा घोर गंभीर वन, पंथ न सूझ सुजान॥
बसहु आज तुम जानि अस, जायहु होत बिहान ६३
तुलसी जस भवितव्यता, तैसी मिलै सहाय॥
आपु न आवै ताहि पहँ, ताहि तहां लै जाय ६४

१५९ मज्जन पान कीन्हेते पियास थकावट आदि सब परिश्रम गे जब नृपति भानुप्रताप सुखी भये तब तापस अपने आश्रम कुटीको लेवाय लै गयउ ५५ रवि सूर्य अस्त निशामुख जानि वास करिबेको समय विचारि राजा को आसन दैकै पुनः तापस मृदु मधुर वाणी बोला प्रिय वचननते समाचार

पूंछत भयो ५६ का बोल्यो कि तुम को हौ अर्थात् देश, गोत्र, जाति, कुल, नाम, पदादि तुम्हारा क्याहै पुनः अकेले वनमें कस कहे कौने हेतु फिरतेहौ सुन्दरतन अर्थात् कुछ रुजादि पीड़ित नहीं जो तनते विराग होइ पुनः युवा अवस्था अर्थात् वृद्ध नहीं जो देह त्यागकी संशय नहीं इत्यादि सुन्दरतन युवा अवस्था सो जीवपरहेले जीवपर खेलतेहौ अर्थात् तुमको जीवकी भय नहीं है जो विषम वनमें अकेले घूमते हौ ५७ पुनि तोरे प्रति अंगनमें चक्रवर्ती राजाके लक्षणहैं यथा सामुद्रिके ॥ केशाग्रं वृषणं जानुसमं यस्य स भूपतिः । उरुश्च मणिबन्धश्च मुष्टिश्च नृपतेः स्थिरा ॥ नाभ्यन्तःकुक्षिवक्षोभिरुन्नतैः क्षितिपो भवेत् । भ्रुवौ नासापुटे नेत्रे कर्णावोष्ठौ च चूचुकौ ॥ कूर्परे मणिबन्धौ च जानुनी वृषणौ कटिः । करौ पादौ स्फिजौ यस्य समौ ज्ञेयः स भूपतिः ॥ इत्यादियुत तोको वनमें अकेले देखि मेरे दया लागि अर्थात् राजाके भलेते सबको भला है ५८ तब राजा बोले कि हे मुनीश ! सुनहु भानुप्रताप नामे राजा काश्मीरकोहै ताको मैं सचिव अर्थात् मंत्री हौं ५९ जो पूछे कि अकेले वनमें क्यों फिरते हौ ताहेतु कहत कि अहेर नाम शिकारमें घूमत भुलायकै विषम वनमें परिगये सो मेरी बड़ी भाग्य उदय भई ताते आपके पद आइ देखे अर्थात् दर्शन पाये ६० हम राजा लोगन को तुमसे महात्मा लोगों के दर्शन दुर्लभ हैं अर्थात् बड़े दुःखते यह लाभ होनेवालाहै काहेते हम नगरमें आप विषम वनमें हम विभवते रहते आप एकाकी रहते हम रजोगुणी आपु सतोगुणी इत्यादि संयोग अगम तामें बड़ी भाग्य उदय सोई यहांको लाई इतिकारणते कार्य जानतहौं कि आगे होनहार कुछ भला है ६१ कपटमुनि कहेउ कि हे तात! अब अँधियार भयो अरु तुम्हारा नगर इहांते सत्तरि योजन है दुइसै असीकोश सो अब नहीं पहुँचि सकते हौ काहेते ६२ दोहार्थ॥ एक तौ निशाघोर कहे भयंकर अँधियारी राति याते पन्थ नहीं सूझत अरु व्याघ्रादि अनेक बाधा हैं इत्यादिमें या भांति अकेले चलना राजनीति में वर्जित है सो तुमतौ सुजान चतुरहौ अस जानि आजु राति इहां बसहु रात्री व्यतीत भोर होत स्वग्रामको जायहु ६३ संमत तौ यह याज्ञवल्क्य को है ग्रंथकर्ता सबको सिद्धांत कहत ताते आपनो नाम धरिदिये जस भवितव्यता कहे जैसी होनहारी होत तैसेही सहाय मिलत अर्थात् ताही योग्य कार्य करनेवाले मिलत पुनः जेहि शत्रुके हाथ बुराई होनहार है ताहि यह ताके पास भावीवशते कितौ आपही आवत यथा कपटमुनिके पास भावीवश भानुप्रताप आयउ कि तौ बुराई होनहार जहां है तहां ताहि बुराई करनहार शत्रुही को भावी लैजात यथा कालकेतु राक्षस सूकर रूप भानुप्रतापके पास

जाय भुलाइ वनमें करिराखेउ इनहीं सहाय भी मिलेउ अर्थात् रसोईकर्ताते भोजन में द्विजामिष मिलाये इहां भवितव्यता प्रारब्धी नहीं है केवल प्रभुकी इच्छा है काहेते यह प्रतापी सखा है प्रभुकी आज्ञाते भानुप्रताप राजा भयो अब द्विजनके शापते परिवार सहित राक्षस ह्वै युद्ध करि पुनः आपने रूपको प्राप्त होई इत्यादि लीला हेतु प्रभुकी इच्छा है ताते प्रारब्ध नहीं है ६४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे भानुप्रतापदिग्विजयकपटमुनि-
समागमवर्णनोनाम षड्विंशः प्रकाशः २६ ॥

१६० भलेहि नाथ आयसु धरि शीशा। बांधि तुरँग तरु बैठ महीशा १
नृप बहुभांति प्रशंसेउ ताही। चरणवंदि निजभाग्य सराही २
पुनि बोलेउ मृदु गिरा सुहाई। जानि पिता प्रभु करौं ढिठाई ३
मोहिं मुनीश सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी ४
तेहि न जान नृप नृपहि सो जाना। भूप सुहृद सो कपट सयाना ५
वैरी पुनि क्षत्री पुनि राजा। छलबल कीन चहै निज काजा ६
समुझि राज सुख दुखित अराती। अवां अनल इव सुलगै छाती ७ शत्रु
सरल वचन नृपके सुनि काना। वैर सँभारि हृदय हरषाना ८

दो० कपट बोरि वाणी मृदुल, बोला युक्ति समेत ॥
नाम हमार भिखारि अब, निर्धन रहित निकेत ९

१६० कपटमुनिकी आयसु आज्ञा शीश धरि भलेहि कहि राजा बोले कि आप भलीबात कहेउ आजु मैं आपहीकी शरण में रहौंगो अस कहि तुरंग घोड़े को तरु नाम वृक्षमें बांधि महीश राजा भानुप्रताप आसन पर बैठत भयो १ नृप भानुप्रताप कपटमुनि जो है ताहि बहुभांति ते प्रशंसा कीन कि परमऋषि ज्ञानी विरागी हरिअनुरागी महात्मा हौ पुनः चरणनको वंदना करि माथ नवाइ निज भाग्यको सराहे कि मेरी बड़ी भाग्य है जो आपके दर्शन पाये २ पुनः मृदु कहे कोमल वाणी सुहाई जो प्रिय लागै सो राजा बोले कि हे प्रभु! आपको पिता जानि मैं बालकसम ढिठाई करत हौं सेवक स्वामी भावमें ढिठाई अयोग्य पिता पुत्रमें निर्वाह है ३ हे मुनीश! मोको पुत्रभावते सेवक जानि अर्थात् विशेषि अनुग्रह करि हे नाथ! निज आपना नाम बखान करि कहौ बखानि अर्थात् जाति, गुण, क्रिया यदृच्छादि जो नाम होइ सो आदिकारण सहित कहौ जन्मसंस्कारादि समग्र हाल

जाना चाहत ४ तेहि कपटमुनिको नृप नहीं जानत अरु नृप भानुप्रतापको सो कपटमुनि जानत कि ये भानुप्रताप राजा हैं तथा राजा वाको नहीं जानत कि यहू राजा है केवल वेषमात्रते महामुनि जानत ताते भूप जो भानुप्रताप सो सुहृद् कहे मित्र अर्थ ॥ मित्रं सखा सुहृदित्यमरः ॥ जाति आदि विवेक रहित सांची प्रीति ते वाको स्वामी मानेहै इत्यादि राजा तौ मित्रतावश है अर्थात् निश्छल है पुनः कपटमुनि जो है सो कपटमें प्रवीण है अर्थात् अंतर में तौ वैर लिहे अरु मुखते मित्रताके वचन कहत यही कपटकी प्रवीणता है ५ काहेते कपट सयानी करत कि एक तौ प्राणघातक वैरी दूसरे क्रोधी जाति क्षत्रां तीसरे राजाकी सहजही अभिमानी प्रकृति सो युद्धादि प्रसिद्ध बलते तौ कछु करि नहीं सकत ताते छल बलते निज आपना काज कीन चाहै अर्थात् हितकार बनि राजाको नाश कीन चाहत ६ काहेते आराती नाम शत्रु है आपनी राज्यको सुख समुझिकै दुःखितहै ताते शत्रुता माने कि इसी ने मेरी राज्य छीनि लिया इसी क्रोधते वाकी भीतर छाती कैसी सुलगति यथा कुम्हार के आवां की अग्नि ऊपर नहीं देखात भीतरही बरत ७ जब नृप भानुप्रतापके वचन सरल सीधे स्वभावके सुनि जानि लिये कि मेरे विश्वासमें है तब वैर सँभारि अर्थात् अब घात बैठि इनके मारिबेको उपाय बांधौं यह निश्चय करि हरषान खुशी भयो ८ दोहार्थ ॥ कपट बोरि अर्थात् भीतर शत्रुता मुखते मित्रता की मृदुल कोमल वाणी युक्ति समेत बोला अर्थात् शत्रुता कोपकी क्रिया वचनन में छिपायकै कहत कि धन, धाम रहित अब हमार भिखारि नाम है अब भिखारिते व्यंजित होत कि कबहूं हम राजा रहेनहै धन, धाम रहितते यह व्यंजित होत कि सुंदर घर विशेष धन कबहूं रहा है सो तुमने छीनि लिया यह क्रोध छिपाइ कहे ९ ॥

१६१ कह नृप जे विज्ञाननिधाना। तुम सारिखे गलित अभिमाना १०
सदा अपनपौ रहहिं दुराये। सब विधि कुशल कुवेष बनाये ११
तेहिते कहहिं संत श्रुति टेरे। परम अकिंचन प्रिय हरिकेरे १२
तुमसम अधन भिखारि अगेहा। होत विरंचि शिवहि संदेहा १३
जोसि सोसि तव चरण नमामी। मोपर कृपा करहु अब स्वामी १४
सहज प्रीति भूपति कै देखी। आप बिषे विश्वास विशेखी १५
सब प्रकार भूपहि अपनाई। बोला अधिक सनेह जनाई १६
सुनु सतिभाव कहौं महिपाला। इहां बसत बीते बहुकाला १७
दो० अबलागि मोहिं न मिलेउ कोउ, मैं न जनायहुँ काहु ॥

लोक मान्यता अनल सम, करि तप कानन दाहु १८
सो० तुलसी देखि सुबेख, भूलहिं मूढ़ न चतुर नर॥
सुंदर केकी पेख, वचन सुधासम अशन अहि १९
मयूर

१६१ नृप राजा ने कहा कि अभिमान गलित कहे रहित तुम सारिखे तुम्हैं ऐसे विज्ञान के निधान विज्ञानधाम अर्थात् अभिमानरहित सज्ञानी जे आप ऐसे महात्मा होत १० ते अपनपौ सदा दुराये छिपाये रहत अर्थात् आपनो प्रभाव प्रसिद्ध नहीं करत पुनः आपनी संप्रदायानुकूल जो तिलक, माला, मुद्रा, वसनादि सुवेष के चिह्न हैं तिनमें कुशल कहे सब जानते हैं परन्तु कुवेष बनाये रहत जामें कोऊ जानि न सकै ११ जो धन धामादि रहित नीचानुसंधानते रहत तेहीते संतजन वेद श्रुतिनकी प्रमाणदै टेरि पुकारिकै कहतेहैं कि अकिंचनजन हरिको परमप्रियहैं नकिंचन अकिंचन अकार को अर्थ है नहीं किंचनको अर्थ है कुछ अर्थात् जिनके कुछ नहीं एक भगवत् को जानते ऐसे अकिंचन १२ तुम ऐसे धनधाम रहित भिखारिनको देखि ब्रह्मा शिवहि संदेह होत अर्थात् जे सवासिक तपस्यादि करत तिनको ब्रह्मा शिवादि वरदान देत यह इनकी प्रभुताहै अरु जे हरिसनेह राखि निर्वासिक तपस्यादि करत तिनको देखि संदेह करत कि यह तौ हमारी प्रभुता धूरिमें मिलाने चाहत काहेते हमारे शीश पर पांवधरि परधाम को जाइगा इति संदेह १३ महात्मौ ते बहुत पूछना ढिठाई है ताते आप जो हौ सो हौ मैं आपके चरणोंको नमस्कार करतहौं हे स्वामी ! अब मोपर कृपा करहु१४ कपट मुनिने आपविषे विशेष विश्वास जाना कि मोको सच्चा ऋषीश्वर माने है पुनः भूप भानुप्रताप की सहज स्वभावते प्रीति किहे देखि जानि लियो कि मेरे फंदामें आइगये १५ इत्यादि सब प्रकार भूपको अपनाय अपने आधीन करि तब अधिक स्नेह दयादृष्टि जनायकै कपटमुनि बोला अर्थात् आपना हाल कहने लगा १६ हे महिपाल ! सांचे भावते अपनो हाल कहत हौं ताको सुन मोको इहां यहि आश्रममें बसत बहुतकाल बीतेहैं १७ दोहार्थ॥ जबते इहां वास किहेउँ तबते अबतक आजतक मोहिं कोऊ लोकजन नहीं मिलेउ अर्थात् विषम वनमें इहां कोऊ आयो नहीं पुनः किसी ग्रामादि जाय काहूको मैंभी नहीं जनायों काहेते जनायेमें बाधा है सो कहत कि जा भांति धनी धनको गुप्त राखत तब बचत जो प्रसिद्ध राखै तौ लूटि जाय तथा तपस्वी को चाहिये कि तपोधन गुप्त राखै तबतौ बची अरु जो लोकमें जनाय देई तौ अर्थार्थी आर्तादि अनेक सेवा शुश्रूषादि मान बढ़ाइ लूटि लेइँगे यथा

विश्वामित्रकी बड़ी तपस्या त्रिशंकुने लूटा कुछ अप्सराने लूटा कुछ विप्रपुत्र ने लूटा इत्यादि बहुत तपस्या भङ्ग भई इति बाधा विचारि कहत कि तपस्या रूप कानन नाम वनहै ताके हेतु लोकमान्यता लोकजनन में महत्त्वकी मानदारी सो अनल नाम अग्निसम है सोई तपरूप वनको दाह नाम भस्मकरि देतीहै मान्यता उपमेय अनल उपमान सम वाचक दाहधर्म इति पूर्णोपमालंकार १८ सोरठार्थ॥ कविकी उक्ति राजनीतिहै सुन्दर वेष देखि मूढ़ भूलते हैं जिनको अंतरके जानिबेकी गति नहीं ऐसे अज्ञानी ऊपरकी बनावट देखि यथार्थ मानि लेतेहैं पुनः जे चतुर नर हैं ते वेषमात्र देखि नहीं भूलते काहेते बोलचाल स्वभावरीति रहस्यादि देखि विचारते वाके अंतर की जानि लेतेहैं यथा मयूर देखनेमें सुन्दर वचन सुधासम मधुर जब अशन अहि सर्पको भोजन करी तबतौ जानिपरी कि हिंसारत है इहां राजा हरि इच्छाते मूढ़ ह्वै गये याते विचार करबे नहीं किये अरु जो वेषमात्र पूजते हैं सो भूल नहीं है वे एक दृष्टि राखते हैं १६॥

१६२ ताते गुप्त रहौं वनमाहीं। हरि तजि किमपि प्रयोजन नाहीं २०
प्रभु जानत सब बिनुहिं जनाये। कहहु कवन सिधिलोक रिझाये २१
तुम शुचि सुमति परमप्रिय मोरे। प्रीति प्रतीति मोहिं प्रिय तोरे २२
अब जो तात दुरावौं तोहीं। दारुण दोष घटै अति मोहीं २३
जिमि जिमि तापस कथै उदासा। तिमितिमि नृपहि उपज विश्वासा २४
देखा स्ववश कर्म मन बानी। तब बोला तापस बकध्यानी २५
नाम हमार एकतनु भाई। सुनि नृप बोल्यो पुनि शिरनाई २६
कहहु नाम कर अर्थ बखानी। मोहिं सेवक सुत आपन जानी २७

दो० आदिसृष्टि उपजी जबहिं, तब उतपति भइ मोरि॥
नाम एकतनु हेतु तेहि, देह न धरी बहोरि २८

१६२ लोकमान्यता बाधक जानि ताते मैं वन में गुप्त रहत हौं जो बात प्रथम राजा कहे कि जे आपु सरीखे महात्मा हैं ते अपनपौ दुराये रहत सोई बात कपटमुनि पुष्ट करि अपना में देखावत कि हरि तजि हरि को भजन ध्यान त्यागि किंअपि किंशब्द को अर्थ है कुछ अपिको अर्थ है निश्चय करिकै अर्थात् हरिको त्यागि दूसरी बातमें निश्चय करिकै कुछ प्रयोजन नहीं है भाव हानि विचारि ताते वनमें छिपा निर्विघ्न भजन करतहौं २० तहां प्रयोजन तौ प्रभुकी प्रसन्नता में है ताहेतु स्मरण, पादसेवन, कीर्तन, वंदन,

दास्य, आत्मनिवेदनादि यावत् क्रिया अंतरमें करौं तिनको प्रभु तौ बिना जनायेन जानि लेत अर्थात् अंतर्यामीहैं अरु लोकजननके रिझायबेमें प्रसन्न करिबे में कहौ कौन सिद्धि है क्याप्रयोजनहै कुछ नहीं और भजन में बाधा है २१ जो कहौ कि हमते क्यों मन मिलाये वार्ता करते हौ सो तुम शुचि नाम पवित्र मन सुन्दरी मतिवाले उत्तम हौ ताते हमको परमप्रियहौ काहते मोहिंपर प्रीति अरु मेरी प्रतीति सांची तेरे उरमें है भाव तैं सांचा सेवक है २२ हे तात ! अब जो तोहिं दुरावौं तोसों आपनो प्रभावादि छिपावौं तौ अत्यन्त करिकै दारुण कहे कठिन दोष मोहिं घटै मोको लागै अर्थात् जो सच्चेभावतेहैं तासों छल करना महादोषहै २३ तापस कपटमुनि जिमि जिमि उदासीन मनते कथै वार्ता करत तिमि तिमि नृपहि भानुप्रताप के मनमें वाके वचनन में विश्वास उपजत सांची मानत जात २४ कर्मकरि, मनकरि, वाणीकरि राजाको स्ववश आपनी वशमें देखा तब निश्चिन्त ह्वैकै तापस कपटमुनि बकध्यानी छली अर्थात् मनमें हिंसक राजाको नाशकी इच्छा मुखते साधुताके वचन बोला २५ अत्यन्त प्रियत्व सूचित करिबेहेतु कहत हे भाई ! हमार नाम एकतनु है भाईको भाव कि क्षत्रीजाति हम तुम भाई हैं एकतनु यथा तुम राजा तथा मैंभी राजा हौं सो व्यंग्य तौ जाने नहीं वाचक विचारि वचन सुनि पुनः हाथ जोरि शीश नवाय राजा बोलेउ २६ शुद्ध सेवक भाव में बहुतवार्ता दूषण है ताके निवारणार्थ कहत कि हे स्वामी ! मोको पुत्रवत् सेवक जानि अनुग्रह करि आपने नामको अर्थ बखानिकै कहौ जाति, गुण, क्रिया, यदृच्छादि चारिभांति के नाम होत सो नामको कारण विस्तार सहित कहौ २७ दोहार्थ॥ नामको अर्थ कहत कि आदि में जब सृष्टि उपजी तबै मेरी उत्पत्ति भई यथा सनकादि सोई देह वर्तमानहै पुनः बहोरि कै देह छांड़ि दूसरी देह नहीं धरी याहेतुते एकतनु नाम है एकतनु रहेते क्रिया नाम है पुनः माता पिताको प्रथम पुत्रहौं इति व्यंग्यार्थ २८ ॥

१६३ जनि आश्चर्य करौ मनमाहीं। सुत तपते दुर्लभ कछु नाहीं २९
तपबलते जग सृजैं विधाता। तपबल विष्णु भये जगत्राता ३०
तपबल शंभु करहिं संहारा। तपबल शेष धरहिं महिभारा ३१
तपअधार सब सृष्टि भुवारा। तपते अगम न कछु संसारा ३२
भयउ नृपहि सुनि अति अनुरागा। कथा पुरातन कहै सो लागा ३३
कर्म धर्म इतिहास अनेका। करै निरूपण विरति विवेका ३४
उद्भव पालन प्रलय कहानी। कह्यसि अमित आश्चर्य बखानी ३५

सुनि महीश तापस वश भयऊ। आपन नाम कहन तब लयऊ ३६
कह तापस नृप जानौं तोहीं। कीन्ह्यो कपट लाग भल मोहीं ३७

सो० सुनु महीश अतिनीति, जहँतहँ नाम न कहहिं नृप॥
म्वहिं त्वहिंपर अतिप्रीति, स्वइ चतुराई निरखि तव ३८

१६३ सृष्टिकी आदिते आजतक एकतनु रहनेको मनमें आश्चर्य जनि करौ अनहोनी न विचारेउ काहेते अनहोनी सिद्धाई आदि यावत् पदार्थ हैं सो हे पुत्र ! तपबलते कुछ दुर्लभ नहीं सब सुलभहैं २६ देखिये ब्रह्माआदि ते अर्धआयु तपस्या किहिनि ताही तपबलते विधाता ब्रह्मा जग चराचरको सृजैं नाम उत्पन्न करते हैं पुनः विष्णु कारणमायारहित सदा स्वतंत्र रागद्वेषत्याग सदा सतोगुणी वृत्ति धारे इति तपबलते विष्णु जगके परित्राता नाम रक्षक भये ३० पुनः शेषभगवान्‌की सेवामें रहत उदरपर शय्या फणन को छत्र जिह्वासों यशगान इत्यादि तपस्या बलते शेष भूमिको भार शीश धरे नेकहू भार नहीं आवत तृणसम धरे रहत ३१ राजा तौ अपनाको राजमंत्री बताये कपटमुनि भुवार क्यों कहत आपनी सिद्धाई जनावत भुवार कहे हे राजन् ! तपस्याकी आधार सब सृष्टि उत्पत्ति पालन संहारादि है ताते तपोबलते संसारमें सिद्धाई आदि कुछ अगम नहीं सब सुगम तपोबलते विश्वामित्र दूसरी सृष्टि रचिलिये ३२ बड़ा सिद्ध महात्मा जानि वाकी वार्ता सुनि नृपहि भानुप्रतापके उरमें अत्यन्त अनुराग भयो अर्थात् तासु बिषे दृढ़ प्रीति आई सो जानि तापस अपनो प्रभाव बढ़ाइबे हेतु पुरातन बहुत प्राचीन कथा सो कहइ लाग ३३ विधि निषेध दर्शाय शुभाशुभ, कर्मकांड, सत्य, शौच, दया, दानादि धर्म इत्यादि करनेवालेन को जो फललाभ ताके अनेक इतिहास पूर्व चरित कहत पुनः विरति वैराग्य अरु विवेक सारासारको निरवार इत्यादि निरूपण विधिपूर्वक वर्णन करत ३४ उद्भव, स्थिति, प्रलय, कालात् हरिनाभिकमलात् ब्रह्मा ह्वै समग्र सृष्टि करे पुनः भगवान् अनेकन अवतार धरि पुनः चतुर्भुजरूपन ते जनको पालनकरे हज़ार चौयुगी को ब्रह्मा को दिन जब सब वर्ष बीते तब ब्रह्मा मरे महाप्रलय ब्रह्मा की रात्रि नैमित्त प्रलय इत्यादिकन में कहानी कहि अनेकन आश्चर्य बखान कीन्हे ३५ आतंक वार्ता सुनि राजा महाभिमान तापस के वशह्वै निश्छल उरते अपनो नाम बतायो ३६ तब तापस कहे कि राजन् ! मैं तोको जानतहौं जो कपट कीन्हेउ प्रथम नाम नहीं बताये सो मोको बहुत भला लाग भाव मैं नाराज नहीं भयों कि मोसे छल राखे ३७ सोरठार्थ॥ काहेते

भला लाग सो कहत हे महीश ! सुनु नृप राजा जहाँ तहाँ निज नाम न कहैं यह अत्यन्त राजनीति है काहेते राजन के अनेकन शत्रु होत सो नाम नहीं कहे सोई तव तोरि चतुराई निरखि विचारि ताते मोहिं मेरे उरमें तोहिं पर अत्यन्त प्रीति भई अर्थात् राजा में दूषण नहीं है सर्वत्र नाम न कहैं यह भूषण है पुनः व्यंग्यार्थ कि परनाम शत्रुको है सो कहत कि मोहिं तोहिं पर नाम शत्रुभाव की प्रीति है तहाँ शत्रुते सदा छल चाहिये सो मोसे छल किहेउ सो उचितहै यह तुम्हारी चतुरता मोको बहुत भली देखि परी तामें व्यंग्य कि निश्छल भये सोई चूकते हौ ३८॥

१६४ नाम तुम्हार प्रतापदिनेशा। सत्यकेतु तव पिता नरेशा ३९
गुरुप्रसाद सब जानों राजा। कहौं न आपन जानिअकाजा ४०
देखि तात तव सहज सुधाई। प्रीति प्रतीति नीति निपुणाई ४१
उपजि परी ममता मन मोरे। कहौं कथा निज पूछे तोरे ४२
अब प्रसन्न मैं संशय नाहीं। मांगु जो भूप भाव मनमाहीं ४३
सुनि सुवचन भूपति हरषाना। गहिपदविनयकीन्हविधिनाना ४४
कृपासिन्धु मुनि दर्शन तोरे। चारि पदारथ करतल मोरे ४५
प्रभुहि तथापि प्रसन्न विलोकी। मांगि अगम वर होउँ विशोकी ४६

दो० जरा मरण दुख रहित तन, समर जिते नहिं कोउ॥
एकछत्र रिपु हीन महि, राज कल्पशत होउ ४७

१६४ जो प्रथम कहे कि मैं तुमको जानत हौं सोई प्रसिद्ध करत कि तुम्हारा नाम भानुप्रताप पुनः नामवत् गुणरूप में ऐसे राजाहौ कि सूर्यसम प्रताप तुम्हारा लोक भरे में फैला है पुनः हे नरेश ! तुम्हारे पिताको नाम सत्यकेतु रहे सोभी धर्मके पताका रहे काश्मीर राजधानी ३९ हे राजन् ! गुरुप्रसाद गुरुकी कृपाते मोहिं अनेकन सिद्धिप्राप्त ताते भूत, भविष्य, वर्त्तमानकी गुप्त प्रकट सब जानत हौं जो प्रसिद्ध कहत नहींहौं सो अपनी हानि विचारि बहुत कहे सिद्धाई में अकाज पुनः गुरु पितादि के प्रसादते तुम्हारो सब हाल जानत सो तुम्हारे नाशमें अपनो काज तामें अकाजते प्रसिद्ध वार्ता नहीं करत इति व्यंग्य ४० ताते हे पुत्र ! तुम्हारी सहज सुधाई देखि प्रीति सहित मेरी प्रतीति राजनीति में निपुणाई इत्यादि विचारि ४१ ताते तोहिं पर मेरे मनमें ममता उपजि परी या हेतु तेरे पूछनेते निज अपनी कथा कहे अरु कहतहौं ४२ तासन अब मैं प्रसन्न हौ यामें संशय नहीं है ताते हे

भूप ! जो तुम्हारे मनमें भावै सो वर मांगु इति वचन पुनः व्यंग्यार्थ तुम्हारे बिषे नीतिकी निपुणाई विशेष रहे सो विचारे नहीं मैं शत्रु हौं ता प्रीति प्रतीति यही तुम्हारी भूलहै ताते हे भाई ! अब तुम्हारी सहज सुधाई देखि ताते मोको निजराज्य सुखकी ममता उपजी सो तेरे पूछेते अपनी कथा कहत हौं कि दुःख मिटा अब मैं प्रसन्न हौं भाव तुम्हारा नाश करि देउँगो यामें संशय नहीं बचौगे नहीं ताते निज रक्षा हेतु इष्टदेवते मन भावै सो मांगौ इति व्यंग्यार्थः ४३ व्यंग्य तौ जाने नहीं वचन सुनि वाचकको अर्थ विचारि सुंदर वचन जानि भूपति भानुप्रताप हर्षाने खुशी भये पुनः पांव पकरि अनेक भांति बिनती मधुर वचनते तापसकी बड़ाई करें ४४ हरि इच्छाते राजाकी उलटी मति भई काहेते है तौ राजा ताको वेष देखि मुनि माने पुनः शत्रुको इष्ट माने पुनः कोपको सिन्धु ताको कहत हे कृपासिंधु ! तुम्हारे दर्शनमात्रते अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारिहू पदार्थ मेरे करतल कहे हाथहीमें हैं कुछ कमी नहीं ४५ यद्यपि मोहिं इच्छा नहीं तथापि प्रभुहि समर्थ स्वामीको प्रसन्न विलोकि नाम देखि जामें हम लोगोंकी गति नहीं ऐसा अगम वर मांगिकै विशोकी दुःखरहित होउँ जामें शोक होवै न करै यह मनोरथ करि मांगत ४६ दोहार्थ ॥ जरा वृद्धावस्था मरण मृत्यु दुःख कहे ज्वरादि देह रुज हितहानि प्रियवियोगादि मानसी इत्यादि दुःख रहित सदा युवावस्था अमरतनु पुनः सुर, नर, नाग, दैत्यादि कोऊ समर में मोसे जीतैं नहीं पुनः रिपुहीन महिमण्डलमें एकछत्र मेराही राज्य सो सौ कल्पतक होइ यह वर कृपाकरि देउ ४७॥

१६५ कह तापस नृप ऐस्यहि होऊ। कारण एक कठिन सुनु सोऊ ४८
कालौ तव पद नाइहि शीशा। एकविप्रकुल छांड़ि महीशा ४९
तपबल विप्र सदा बरियारा। तिनके कोप न कउ रखवारा ५०
जो विप्रन वश करहु नरेशा। तबतववश विधिविष्णुमहेशा ५१
चलै न द्विजकुलसन बरिआई। सत्य कहौं दुउ भुजा उठाई ५२
विप्रशाप बिनु सुनु महिपाला। तोर नाश नहिं कवनहुँ काला ५३
हरष्यो राव वचन सुनि तासू। नाथ न होइ मोर अब नासू ५४
तव प्रसाद प्रभु कृपा निधाना। मोकहँ सर्वकाल कल्याना ५५

दो० एवमस्तु कहि कपटमुनि, बोला कुटिल बहोरि॥
मिलब हमार भुलाब निज, कहहु तौ हमहिं न खोरि ५६

१६५ राजाके वचन सुनि तापस कहत कि हे नृप ! जे तुम्हारे वचनहैं

ते सब ऐसे ही होइँ परन्तु यामें बाधा करनेवाला एक कठिन कारणहै सोऊ सुनि लेउ अर्थात् अपनेहू मनते विचार करि देखि लेउ जामें मेरे वचनन में पीछे बाधा न लागै ४८ क्या बाधा है दैवयोग जो कोऊ ब्राह्मण कोप करि शाप देइ यही बाधाको भय है नातरु हे महीश!एक विप्रकुल छांड़ि औरकी कौन गिनती जो सबपर करालकाल है सोऊ तेरे पदमें माथ नाई ४६ अरु विप्र तपस्याके बलते सदा बरियार जबर रहत तिनके कोप कीन्हेते कोऊ रखवार बचावनेवाला नहींहै यही आगे करना है ताकी जड़ बांधत ५० हे नरेश!जो विप्रनको वश करहु तब ताही क्षण तव कहे तुम्हारे वशमें ब्रह्मा, विष्णु, महेशादि सब हैं भाव त्रिदेवनते हम लोगोंकी बरिआई चलिजात ५१ अरु द्विजकुलते बरिआई अर्थात् ब्राह्मणोंते बरजोरी नहीं चलत यह सत्य बात मैं दोऊ भुजाउठाइ पुकारि प्रण करि कहत हौं प्रयोजन यह कि जामें निश्चयकरि ब्राह्मण न्योतै ५२हे महिपाल!सुनु विप्रके शाप विना और उपायते तेरा नाश किसी कालमें नहीं है यह सत्यही कहत व्यंग्य यह कि सबभांति मैं विचारिकै तब यह उपाय विचास्यो हौं ताहीते तेरा नाश करौंगो ५३ तासु कपटमुनि के वचन सुनि राव राजा भानुप्रताप आशीर्वाद को सत्य मानि हर्षे खुशी होय बोले कि हे नाथ! आपकी अनुग्रहते अब मेरा नाश न होइगा क्योंकि एक विप्रबाधक हैं तिनको मैं सेवक रहौंगो काहे को क्रोध करैंगे ५४ हे प्रभु ! तव प्रसाद तुम्हारी प्रसन्नताते मोकहँ सर्वकाल में कल्याण है काहे ते आप कृपानिधान हौ कृपाके स्थान तिनकी कृपा जो बनी है ताते सदा कल्याणहै ५५ दोहार्थ॥ अब राजनीति चातुरीते विचार लियो कि जो मंत्री आदिकनते सल्लाह लेइँगे तौ न मालूम कौन मंत्र देवैं याते प्रथमही रोके देत यथा एवमस्तु कहि वरदान दै कुटिलता करनेवाला कुटिल कपटमुनि बहोरि फिरि बोला हे राजन्! निज भुलाब अपनो वनमें भूलना अरु हमार मिलना यह हाल किसी तेन कहना कदापि जो किसीते कहौ तौ मोहिं खोरि न देना फिर मोको दोष न देना ५६ ॥

१६६ ताते मैं त्वहिं बरजौं राजा । कहे कथा तव परम अकाजा ५७
छठे श्रवण यह परत कहानी । नाश तुम्हार सत्य मम बानी ५८
यह प्रकटै अथवा द्विजशापा । नाश तोर सुनु भानुप्रतापा ५९
आन उपाय निधन तव नाहीं । जो हरि हर कोपहिं मनमाहीं ६०
सत्यनाथ गहि पद नृप भाखा । द्विज गुरु कोप कहहु को राखा ६१
राखहिं गुरु जो कोप विधाता । गुरुविरोध नहिं कउ जगत्राता ६२

जो न चलब हम कहे तुम्हारे। होय नाश नहिं शोच हमारे ६३
एकहि डर डरपत मन मोरा। प्रभु महिदेव शाप अतिघोरा ६४

दो० होहिं विप्र वश कौन विधि, कहहु कृपाकरि सोउ॥
तुम ताजि दीनदयालु निज, हितू न देखौं कोउ ६५

१६६ मोसे तुमसों जो मुलाकात वार्ता भई ताकी कथा औरसों कहेते तब कहे तुम्हारा परम अकाज है ताते हे राजन्! मैं तोहिं बरजत हौं मने करत हौं कि मेरा हाल काहूते न कहना ५७ कहदेनेते कौन अकाज है सो कहत कि द्वयकान मेरे द्वयकान तेरे इति चारि कानके सिवाय छठे कान भाव जो राजा मंत्रिन ते कहैंगे तौ वे चीन्हि मेरा नाश करैंगे नातरु मैं चित्रकेतु ते कहिहौं वह इनके नाशका उपाय करी यह विचारि कहत कि चारि के सिवाय छठे कान तीसरे के श्रवण कानन में यह कहानी परतही तुम्हारा नाश होई यह मम मेरी वाणी सत्यकरि जानेउ ५८ यह मेरा हाल प्रकटै जो किसी से कहि देउगे तब तुम्हारा नाश होई अथवा कोई द्विज ब्राह्मण शाप देई तब तेरा नाश होई हे भानुप्रताप! यह बात सुनु सत्य मानु संत्यता व्यंग्य यह कि जो राजा मंत्रिनते कहै तब वे चीन्हि कै इसी का नाश करावैं अरु तापस जब कालकेतुते कही तब वह कारण बांधि विप्रशाप ते राजाको नाश कराई ५६ हे राजन्! दुइके सिवाय आन उपायते तव कहे तेरा निधननाम नाश नहीं है जो हरि भगवान् हर महादेव ये भी मनमें कोप करैं सोऊ नाश नहीं करिसकत ६० तब तापस के पांय पकरि नृप भानुप्रताप भाषा बोले कि आप सत्य कहत हौ काहेते ब्राह्मण अरु गुरु इनके कोप कीन्हेते कहौ को राखिसकै ६१ जो विधाता कोप करैं तौ गुरु राखैं अर्थात् अशुभकर्म जब उदय भये ताको दुःखफल चाही परंतु जो गुरु कृपाकरि हरिशरणागत में लगाय दीन्हे तहां नाम रूप लीला धामादि के प्रभावते अशुभ कर्म के वृक्षही निर्मूल होत फल काहे में लागैं यथा परीक्षित को द्विजशापते सर्प डसेउ मृत्युतामें सुगति कैसे होती तिनको शुकदेवजी हरिशरण कराय शुभ गतिको प्राप्त करिदिये अरु जो गुरुते विरोध करै तौ जगमें कोऊ त्राता नाम रक्षक नहीं ६२ हे प्रभु! हम जो तुम्हारे कहे में न चलब तौ हमारा नाश होई तो हमारे सन्देह नहीं भाव वह तौ नाश हम अपने हाथही कीन्ह तामें फिर शोच कौन है ६३ हे प्रभु! महिदेव ब्राह्मणन का शाप घोर है अत्यंत भयंकर है यही एकही डरते मेरा मन डरपत अर्थात् एक विप्रशापको डर है ६४ दोहार्थ॥ हे प्रभु! जहां सबभांति कृपा कीन्हेउ

तहां सोऊ बात कृपाकरि कहहु कि कौनी विधिते विप्र वश होहिं हे दीनदयालु ! अब आपही हितकारी हो याते आपहीसे पूछत हौं काहेते तुम तजि आपको छांड़ि कोऊ दूसरे को निज अपनो हितू नहीं देखत हौं निश्चय आपके आश्रित हौं ६५ ॥

१६७सुनुनृपविविधयतनजगमाहीं। कष्टसाध्यपुनिहोयँकिनाहीं ६६
अहहि एक अति सुगम उपाई। तहां परंतु एक कठिनाई ६७
मम आधीन युक्ति नृप सोई। मोर जाबतव नगर न होई ६८
आजु लगे अरु जबते भयऊं। काहूके गृह ग्राम न गयऊं ६९
जो न जाउँ तो होइ अकाजू। बनाआइ असमंजस आजू ७०
सुनि महीश बोल्यो मृदुबानी।नाथनिगमअसनीतिबखानी ७१
बड़े सनेह लघुन पर करहीं। गिरिनिजाशिरनसदातृणधरहीं ७२
जलधि अगाध मौलि बह फेनू। संतत धरणि धरै शिर रेनू ७३

प्रशंसनीय

दो० अस कहि गह्यो नरेश पद, स्वामी होहु कृपाल ॥
मोहिं लागि दुख सहिय प्रभु, सज्जन दीन दयाल ७४

१६७ तापस बोलेउ कि हे नृप ! सुनु जगत्में विविध कहे अनेक यत्न हैं ते कष्टसाध्य बड़े परिश्रमते साधना करि पीछे सिद्ध होइँ किधौं न होइँ सो निश्चय नहीं ६६ तामें एक उपाय अत्यन्त सुगम है अर्थात् ब्राह्मणन को भोजनमात्र सो राजनको अगम नहीं परंतु तहां ताहूमें एक कठिनाई बड़ा परिश्रम है ६७ क्या कठिनाई है हे नृप ! जो मैं कहेउँ सोई युक्ति मम कहे मेरे आधीन महीं करि सकत हौं सो मोर जाब तव कहे तुम्हारे नगरको न होई अर्थात् युक्तिकर्ता मैं सो नगरको जाउँगो नहीं यह कठिनाईते यहभी अगम है ६८ काहेते अगम है कि जबते मैं उत्पन्न भयों तबते अरु आजतक ग्राम में काहूके गृह घरको नहीं गयउँ सो नेम कैसे छांड़ौं ६९ इधर तौ गयेते मेरा नेम छूटत अरु जो न जाउँ तौ तेरा अकाज होत इति दोऊ परस्पर विरोधी मिलि मेरे हेतु असमंजस आज आइबना असम कहे विषम यश एकदिशि ते अवशि अयश होई ७० तापस के वचन सुनि महीश राजा मृदु कहे कोमल वचन बोलेउ कि हे नाथ ! असमंजस न मानिये काहेते निगम वेद ने तौ असनीति बखान कीन है ७१ क्या नीति कि जे बड़े जन हैं ते लघु छोटे जननके ऊपर सनेह करत भाव दयादृष्टिते पालत यथा गिरि पर्वत निज अपने शिरनपर सदा तृण धारत भाव महान् जन तुच्छौजनन का

अनादर नहीं करत ७२ पुनः अगाध जलधि नाम समुद्रके मौलि शीशपर फेना बहत अरु धरणि जो भूमि सो अपने शिरपर संतत सदा रेणु धूरिको धरे रहत यही महात्मन की दीनदयालुता है ७३ दोहार्थ ॥ अस पूर्वविधि कहिकै नरेश भानुप्रताप कपटमुनि के पद गहिकै कहे हे स्वामी! सहायता हेतु कृपालु होहु कृपाके स्थानहौ मोको पालन करौ मैं दीनजन हौं आप दीनदयालु सज्जन हौ ताते हे प्रभु! मोहिं लागि मोरे हित दुःख सहिय मेरे हेतु परिश्रम करौ ७४ ॥

१६८ जानिनृपहिआपनआधीना। बोला तापस कपट प्रवीना ७५
सत्य कहौं भूपति सुनु तोहीं। जग नाहीं दुर्लभ कछु मोहीं ७६
अवशि काज मैं करिहौं तोरा। मन क्रम वचन भक्त तैं मोरा ७७
योगयुक्ति तप मन्त्र प्रभाऊ। फलै तबहिं जब करिय दुराऊ ७८
जो नरेश मैं करौं रसोई। तुम परसहु मुहिंजान न कोई ७९
अन्न सो ज्वइज्वइ भोजन करई। स्वइस्वइतवआयसुअनुसरई ८०
पुनि तिनके गृह जेवैं जोऊ। तव वश होइँ भूप सुनु सोऊ ८१
जाय उपाय रचहु नृप येहू। संवत भरि संकल्प करेहू ८२

दो० नितनूतन द्विजसहसशत, वरहु सहित परिवार ॥
मैं तुम्हरे संकल्प लगि, दिनहिं करब ज्यवनार ८३

१६८ नृप भानुप्रतापको अपने आधीन जानिकै अर्थात् जो मैं कहौंगो सोई करैंगे यह विचारि कपट करिबेमें प्रवीण तापस बोला ७५ हे भूपति! सब तोहिं तोसों सत्य वचन कहौं ताको सुनु सत्य मानु जगमें यावत् पदार्थ हैं सो मोहिं कुछ दुर्लभ नहीं हैं सब सुलभ हैं ७६ तू मेरा सांचा सेवक है तौ मैं अवशि निश्चय करिकै तेरा काज करिहौं काहेते मनसा वाचा कर्मणा ते तू मेरा भक्तहै ७७ योग अष्टांगादि करि चित्तको निरोध यथा ॥ योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः इति पातञ्जलिसूत्रे ॥ पुनः युक्ति अनेकभेद यथा तन्त्र अर्थात् ग्रहणादिकन में औषधीआदि सिद्ध करना पुनः नाटक अर्थात् सिद्धाञ्जनादि पुनः विधान अर्थात् रसक्रिया पुनः उपचार औषधी आदि पुनः यन्त्र पन्द्रहादि पुनः चेटक बाजीगरी पुनः तपस्या मंत्रादिको प्रभाव जब दुरावौ गुप्त राखौ तबहीं सो फलै सिद्ध होइ ७८ गुप्त मैं रसोई करौं अरु परसौ तुम मोहिं कोऊ न जानै कि रसोई किसने किया है हे नरेश! जो या विधि विप्रनको भोजन करावो ७९ यहि विधिको अन्न जोई जोई ब्राह्मण भोजन करिहैं

सोई सोई विप्र तव कहे तुम्हारी आयसु आज्ञा अनुसरई आज्ञानुकूल रहिहैं अर्थात् वशीभूत रहैंगे ८० यामें संदेह रही सो कहत है भूप! सुनु पुनः जे भोजन करि जैहैं तिनके गृहमें जो जो और जेवहिंगे सोऊ सब ब्राह्मण तुम्हारे वश होइँगे या विधिकी वशीकरण रीति तंत्रन में बहुत है ८१ हे नृप! निज घरमें जाइ यही उपाय रचहु भोजन सामग्री संग्रह करौ अरु संवत् एकवर्ष भरेलौं यही बातका संकल्प करेहु ८२ दोहार्थ॥ क्या संकल्प शत सहस सौ हजार अर्थात् एकलाख द्विज दिनप्रतिदिन नूतन कहे नये आज और कालिह और सोऊ परिवारसाहित बरेउ नाम न्योतेउ अरु तुम्हारे संकल्प लागि वर्षपर्यंत मैं प्रतिदिन दिनहीं को ज्यवनार करब रोज रसोई तैयार करिलेब भाव अतिकाल न होने पावैगो ८३॥

१६९ यहिविधिभूपकष्ट अतिथोरे। ह्वैहहिं विप्र सकल वश तोरे ८४
करिहैं विप्र होम मख सेवा। तिहिप्रसंगसहजहिं वश देवा ८५
और एक मैं कहौं लखाऊ। मैं यहि वेष न आउब काऊ ८६
तुम्हरे उपरोहित कहँ राया। हरिआनब मैं करि निजमाया ८७
तपबल तिहि करि आप समाना। रखिहौं इहां वर्ष परमाना ८८
मैं धरि जासु वेष सुनु राजा। सब विधि तोर सँवारब काजा ८९
गै निशि बहुत शयन अब कीजे। म्वहिंत्वहिं भेट भूप दिन तीजे ९०
मैं तपबल तुहिं तुरगसमेता। पहुँचैहौं सोवतहि निकेता ९१

दो० मैं आउब स्वइ वेष धरि, पहिंचानेहु तब मोहिं॥
जवहिं बुलाय यकांत नृप, कथा सुनावों तोहिं ९२

१६९ हे भूप! यही विधि ते थोरे कष्टमें अत्यन्त थोरे परिश्रममें लोकभरे के सकल विप्र तोरे वश होइँगे ८४ पुनः सोई विप्र जब होम मख नाम यज्ञादि विधिते देवतन की सेवा करिहैं तेहिप्रसंग नाम कारणते देवता सहज ही वश होवैंगे ८५ पुनः एक और लखाउ नाम चिह्न मैं कहत हौं सो जाने रहना कि यहि वेषते मैं कबहूं न आउब ८६ कौन वेषते आउब कि हे राजन्! मैं अपनी माया करिकै तुम्हारे उपरोहित को इहांको हरिआनब ८७ निज तपोबलते ताको अपने समान बनाय वर्ष प्रमाण वर्षभरि यहां रखिहौं ८८ पुनः हे राजन्! और सुनु तासु उपरोहितको वेष धरिकै मैं सब विधिते वाके करिबे के योग्य यावत् काम तिन सहित यह तेरा काज सँवारब मैं सब करब ८९ अब शयन कीजे क्योंकि निशि रात्रि बहुत बीतिगै

पुनः हे भूप ! अब आज के तीजे तीसरे दिन मोसों तोसों भेट होइगी ६० काहेते मैं निज तपोबल ते तुरङ्ग जो घोड़ा तेहि समेत तोहिं सोवतही समय रात्रिहीको निकेत नाम तेरे घरको पहुँचाइ देहौं अर्थात् अपने घरमें निज शय्यापर अब जागैगो मोसे अब इहां भेट न होइगी ६१ दोहार्थ ॥ सोई उपरोहित को वेष धरिकै तीसरे दिन मैं आउब तब मोहिं पहिंचानेउ मोको जानिलिहेउ क्या जानिलिहेउ हे नृप ! जबहिं जासमय उपरोहितरूप मैं तोहिं तोको एकांत बोलाय यही कथा सुनावौं तब मोको जानेउ यह चिह्न है उपरोहित में भ्रम मिटि जाने कि अर्थात् मेरे भ्रमते उपरोहितै ते न सल्लाह करने लाग्यो यह शंका माने पर वर दियो ६२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे कपटमुनिछ्छ्लवर्णनो नाम सप्तविंशतितमःप्रकाशः २७ ॥

१७० शयनकीन्ह नृप आयसु मानी। आसन जाय बैठ छलज्ञानी १
श्रमित भूप निद्रा अति आई। सो किमि सोव शोच अधिकाई २
कालकेतु निशिचर तहँ आवा। ज्यहि शूकर ह्वइ नृपहि भुलावा ३
परममित्र तापस नृप केरा। जानै सो अतिकपट घनेरा ४
त्यहिके शतसुत अस दश भाई। खलअतिअजयविश्वदुखदाई ५
प्रथमहिं भूप समर त्यहि मारे। विप्र संत सुर देखि दुखारे ६
त्यहि खल पाछिल वैर सँभारा। तापस नृप मिलि मंत्र विचारा ७
ज्यहि रिपुक्षय स्वइ रचिसि उपाऊ। भावीवश न जान कछु राऊ ८

दो० रिपु तेजसी अकेल अपि, लघु करि गनिय न ताहु ॥
अजहुँ देत दुख रवि शशिहि, शिर अवशेषित राहु ९

१७० तापसकी आज्ञा पाइ राजा शयन कीन्ह पौढ़े भीतर क्रोधादि मुख ते ज्ञानकथनी इति छलज्ञानी जाय आसनपर बैठ १ भूप तौ श्रमित थकेते अत्यन्त निद्रा आई अचेत सोये सो तापस किमि कैसे सोवै वाके शोच अधिकात जात २ तहां को कालकेतु निशाचर आवा जाने राजाको देखि शूकर बनि राजा को भुलाइ लायो ३ कालकेतु कपटी तापसको परममित्र पुनः सो घनेरा नाम बहुत अत्यन्त कपट जानत राक्षसी मायामें प्रवीण है ४ तेहि राक्षस के सौ पुत्र औ दशभाई रहे ते सब खलप्रकृति पुनः अजय काहूके जीतिबे योग्य नहीं ताते विश्व संसार भरे के दुःखदायक

रहे ५ राक्षस के सतावने ते ब्राह्मण संत देवतादि दुःखी रहे तिनको देखि दयावीर ताते भूप भानुप्रताप दिग्विजय के प्रथमही समरयुद्ध करि तेहि को परिवार सेनासहित मारिडारे ६ राजाते पराजय दोऊ पाय भागि वनमें रहे समयी मित्रता ह्वैगई सो राजाको वनमें देखि तेहि खल राक्षसने पूर्वको वैर सँभारा पुष्ट किया अर्थात् वनमें आये ताते इनके मारने का उपाय करो यह विचारि तापसनृप को मिलि वाके समीप आय मंत्र विचारा कि राजा वनमें है ताको मैं तो भुलाइ लावों अरु तुम वार्ताकरि मोहित करिलेना यह सलाह करि तब शूकर बनि राजाको भुलाय लायउ ७ जेहिविधि ते रिपु शत्रु भानुप्रताप का क्षय नाम नाश होइ सोई उपाय रचेनि यद्यपि राजा चतुर रहै सो भावी हरिइच्छा की होनहार के वश ताते राव भानुप्रताप कुछ न जानि पायो ८ दोहार्थ ॥ अब राजनीति दर्शावत कि राजा अकेले सोवत अरु ये द्वौ मिलि क्यों नहीं मारे सो ये विचारे कि राजा प्रतापवान् हमारे मारे न मरैगो पुनः याके बंधु पुत्र प्रतापी तिनते हमारा राज्य न मिलैगा ताते ऐसा उपाय बांधी जामें परिवार समेत नाश होइ सो कहत कि तेजस्वी शत्रु अपि नाम निश्चय करि अकेला होवै ताहूको लघु छोटा करि न गनी क्योंकि मारे तौ मरी न पीछे बड़ी शत्रुता करी यथा अमृत पिये पीछे राहुको रवि शशि बताय भगवान् ते शिर खण्डित कराये अमृत बलते मरा नहीं शिर अवशेषित शीश कटेउ पर रवि शशि को आजतक दुःख देत शिरहीन केतु रविको राहु चन्द्रमा को ९ ॥

१७१तापसनृपनिजसखहिंनिहारी। हर्षि मिल्यो उठिभये सुखारी १०
मित्रहि कहि सबकथा सुनाई। यातुधान बोला सुख पाई ११
अब साध्यो रिपु सुनहु नरेशा। जो तुम कीन्ह मोर उपदेशा १२
परिहरि शोच रहहु अब सोई। बिनुऔषधहिव्याधिविधिखोई १३
कुलसमेत रिपुमूल बहाई। चौथेदिवस मिलब हम आई १४
तापस नृपहिं बहुत परितोषी। चला महाकपटी अतिरोषी १५
भानुप्रतापहि बाजि समेता। पहुँचायसि क्षणमाहिं निकेता १६
नृपहिं नारिपहँ शयन कराई। हय गृहबांधिसि बाजि बनाई १७

दो० राजा के उपरोहितहि, हरि लैगयउ बहोरि ॥
लै राखिसि गिरिखोहमहँ, माया करि मतिभोरि १८

१७१ तापस नृप निज अपने सखा कालकेतुको निहारि प्रथम परिश्रम

करता जानि हर्षि खुशीते उठि मिलेउ अरु तापस को हर्षित देखि राक्षस जानेउ कि कार्यसिद्ध भयो ताते वह भी हर्ष्यो इति दोऊ सुखारी सुखी भये १० मित्र कालकेतु ते तापस नृप कहिकै सब कथा राजा सों वार्ताको हाल सब सुनाई तब यातुधान राक्षस सुख पाइकै वचन बोला ११ कालकेतु तापसते बोला कि हे नरेश! सुनो जो मोर उपदेश प्रथम को सिखावन तुमने कीन्ह ताते अब रिपु को साधेउ अपने वशमें करि लीन्हेउ अब सब सिद्ध जानो १२ अब शोच परिहरि नाम त्यागिकै सोइ रहौ हमारी व्याधि विना औषधै विधाताने खोइ दीन्ह औषध दवा इहां युद्धादि विना व्याधि रोग शत्रुनाश होइगो १३ रिपु भानुप्रतापको कुल परिवार सहित मूल बहाय अर्थात् मूल है धर्म ताको उचारि धर्ममें बाधा लगाय विप्रशापवलते परिवार समेत बहाय कै पुनः चौथे दिवस हम आइ तुमको मिलब १४ तापस राजा को बहुत भांति समुझाय परितोष संतोष दैकै पुनः कालकेतु अत्यंत रोषी रिसहा कपटी चला प्रसिद्ध रोष नहीं याते महाकपटी १५ वाजि घोड़ासमेत भानुप्रताप को क्षणौमें निकेत नाम घरको पहुँचाय दिहेसि १६ नृप भानुप्रताप को रानीके पास शयन कराय पौढ़ाय भाव जस रानीके पास सदा सोवते रहैं ताहीकी शय्यापर पुनः हय गृह घोड़शाल में वाजि नाम घोड़ेको बनाय जीनादि उतारि साफ़करि विधिसमेत बांधेउ पूर्व रीतिते १७ दोहार्थ॥ बहोरि कहे पुनः राजाको जो उपरोहित रहै ताको सोवतही हरि लै गयो उठाय लैगयो लैकैजाय गिरि जो पर्वत ताके खोहमें राखेसि वहां कैसे रहा चला क्यों नहीं आया ताहेतु कहत कि अपनी राक्षसी माया करिकै वाकी माति जो बुद्धि ताको भोरि नाम भ्रमित करिदिया याते वाको आने जाने को होशही न रहा १८॥

१७२ आप विरचिउपरोहितरूपा। पराजाइ तिहिसेज अनूपा १९
जाग्यो नृपहु न भयो बिहाना।देखिभवनअतिअचरजमाना २०
मुनिमहिमा मनमहँ अनुमानी।उठ्योगवँहिंजिहिजानन रानी २१
काननगयो वाजि चढ़ि तेही।पुरनरनारि न जान्यो केही २२
गये याम युग भूपति आवा।घरघर उत्सव बाज बधावा २३
उपरोहितहि दीख जब राजा।चकित विलोकि समुझिस्वइकाजा २४
युगसम नृपहिं गये दिन तीनी।कपटीमुनिपद रहि मतिलीनी २५
समय जानि उपरोहित आवा।नृपहिं मते सब कहि समुझावा २६

दो० नृप हरषे पहिंचानगुरु, भ्रमवश रहा न चेत॥

बरे तुरत शतसहस वर, विप्र कुटुंब समेत २७

१७२ कालकेतु आप उसी उपरोहितको रूप विरचि नाम बनाय उसी की सूरति आप बनि कैसा अनूपउपमा देबे योग्य नहीं निश्चय वही रूप बनि ताही की सेजपर जायपरा पौढ़ा १६ बिहान न होन पायो कुछरातिरहे नृप भानुप्रतापहू जागेउ अपनो भवननाम घर देखि बड़ा आश्चर्य माने वाकी सिधाई विभाव वरको आइ जाना अनुभाव हर्ष संचारी विस्मय स्थायी ताते अद्भुत रस भयो २० निज घरमें आइजाना यह अनहोनीहोना सो कपटमुनि की महिमा प्रभाव अनुमाना विचारा मनमें ताको गोपन हेतु राजा गवँसमेत धीराते उठे कि जामें हमारा आवना रानिउ न जानै २१ उठतेही घोड़को खैंचि जीन धरि तापै चढ़िकै रातिहीको वनको चले गयो यह हाल पुरके नर नारी प्रधानादि काहू न जानि पायो राजा रातिको आयो २२ रातिसमय सब सन्देह में रहे जब युगयाम दुइपहर दिन बीति गयो तब भूपति वनते आयो ताही हर्षते नगर में घर घर उत्सवकरि बधावन बाजने लगे २३ जब राजा ने उपरोहित को देखा स्वरूप तौ वही बोलस्वभाव और भांति जानि वाको विलोकि चित्त चकित भयो सोई अपनो काज सिद्ध समुझे २४ कार्यकी आतुरता ते राजाको तीन दिन तीन युगके समान गये पुनः राजाकी मति कपटमुनि के पावनमें ध्यानमें लीन कहे मिली रही २५ समय जानि चौथे दिन कालकेतु उपरोहितरूपते आवा नृपाहिं राजाते मते कहे पूर्व वृत्तांतकी कथा सब कहिकै समुझाय दिया राजाको निश्चय करिदियो कि तेरे काज हेतु मैं आयों २६ दोहार्थ॥ गुरु कपटमुनिको पहिंचानिकै नृप भानुप्रताप हर्षेउ अरु बुद्धिभ्रम के वश ताते काहू भांति को चेत चित्तमें न रहा इहां काहेते भ्रम भयो प्रथम राजा की मति परमेश्वर पदमें लीन रही तिनकी कृपाते धर्म पूर्ण रहा प्रताप उदित रहा चैतन्यता रही जब कपटी राजा के पदमें मति लीन भई तब मतिमन्द भई कौन भांति तहां प्रथम हरि आश्रित रहें याते धर्म पूर्ण रहा ताते प्रथम दिन सतयुग समबीता जब कपट में मन लाग कुछ मति मन्द भई एकपांव धर्मको नाश अर्थात् सत्य गई ताते दूसर दिन त्रेता सम बीता कपट के ध्यानते आधीमति गई तब सत्य शौच द्वै पाद धर्म के गये तौ तीसर दिन द्वापर सम बीता चौथे दिन तीन अंश मतिमन्द ताते सत्य शौच दया तीनपांव धर्मकेगये तब मूर्तिमान् राक्षसरूप कलियुग आयो सो एक पद दानमात्र रहेउ सो विप्र लगाय वाहूको उचारि धर्महीन करि देई इत्यादि भ्रमवश में सौहजार उत्तम ब्राह्मण परिवार सहित बरे नेवते तुरत वाही दिन प्रसिद्ध किये प्रथम किसीते जनाये नहीं२७॥

१७३ उपरोहित जिवनारबनाई । छरसचारिविधिजस श्रुतिगाई २८
मायामय तिहि कीन रसोई । व्यंजन बहु गनिसकै न कोई २९
विविधमृगन कर आमिष रांधा । तिहिमहँ विप्रमांस खल सांधा ३०
भोजनकहँ सब विप्र बुलाये । पदपखारि सादर बैठाये ३१
परसन जबहिं लाग महिपाला । भै अकाशवाणी तिहिकाला ३२
विप्रवृन्द उठि उठि गृह जाहू । है बड़िहानि अन्न जनि खाहू ३३
भयो रसोई भूसुरमांसू । सब द्विज उठे मानि विश्वासू ३४
भूप विकलमति मोह भुलानी । भावीवश न आव मुखबानी ३५

दो० बोले विप्र सकोप तब, नहिं कछु कीन्ह विचार ॥
जाइ निशाचर होहु नृप, मूढ़ सहित परिवार ३६

१७३ कालकेतु उपरोहितरूपते जेवनार रसोई बनाई छःरस यथा कटु, तिक्त, अम्ल, मधुर, कषाय, क्षार चारिविधि यथा भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य इत्यादि जैसी रीति वेदमें गाई कहे वर्णन है २८ अकेला रसोईकर्ता लाखनको भोजन तामें बहुत पदार्थ कैसे भये सो कहत कि तेहि सूपकार ने मायामय यथा बाजीगरके खेल तथा सबरसोई देखनेमात्र बहुत व्यंजनजाके नाम कोऊ गनि नहीं सकत २९ तामें एकबात सच्ची है कि विविध कहे अनेक भांतिके मृगन को आमिष नाम मांस रांधा तामें खल राक्षसने विप्रको मांस सांधा नाम मिलाइ दिया ३० भोजनकरिबे हेतु सब विप्र ब्राह्मणनको बुलाये पुनः आदरसहित पद पखारि पांव धोय पीढ़न पर बैठाये ३१ जबहीं जा समय में महिपाल राजा भोजन सामग्री परसन लगे ताहीकाल तेहि समय में आकाश विषे वाणी भई अर्थात् अनुचित भोजन जानि देववाणी है अथवा कालकेतु ही आकाशमें जाइ बोल्यो कि वाको यही में प्रयोजन रहा अथवा सब व्यापार हरि इच्छा ते भयो याते व्यापक ब्रह्म की वाणी जानना चाहिये ३२ क्या वाणी भई कि हे विप्रवृंद समूह ब्राह्मणहु ! सब उठि उठि निज अपने अपने घरनको चले जाहु इहां अन्न जनि खाहु खानेते बड़ी हानि है अर्थात् तुम्हारा धर्म नाश होइगो ३३ धर्म नाशको कारण यह कि रसोई में भूसुर नाम ब्राह्मणको मांस भयो है इति आकाशवाणी का विश्वास मानि सब ब्राह्मण उठे ३४ आकाशवाणी सुनि ब्राह्मणनको उठत देखि जाने कि मनोरथ तौ गावै भया धर्ममें बाधा लागने चाहत ऐसा विचारि भूप विकल भयो तहां राजा ब्राह्मणों ते वार्ता क्यों नहीं करत कि मेरा दोष नहीं यामें

विचार करि क्रोध कीजै ताहेतु कहत कि भावीके वश मति मोहमें भुलानी है ताते मुखते वाणी नहीं आवत ३५ दोहार्थ॥ जब राजा न बोले ताते ब्राह्मणन कुछ विचार नहीं कीन विना बोले निश्चय राजाको दोष जानि लिये ताते सहितकोप विप्र बोले हे मूढ़, नृप! परिवारसहित जाइ निशाचर होहु ३६॥

१७४ क्षत्रबंधु तैं विप्र बुलाई। घालै लिये सहित समुदाई ३७
ईश्वर राखा धर्म हमारा। जैहसि तैं समेत परिवारा ३८
संवत मध्य नाश तव होऊ। जलदाता न रहै कुल कोऊ ३९
नृप सुनि शाप विकल अतित्रासा। भई बहुरि वर गिरा अकासा ४०
विप्रहु शाप विचारि न दीन्हा। नहिं अपराध भूप कछु कीन्हा ४१
चकित विप्र सब सुनि नभबानी। भूप गये जहँ भोजनखानी ४२
तहँ न अशन नहिं विप्र सुआरा। फिर्यो राव मन शोच अपारा ४३
नृप प्रसंग महिसुरन सुनाई। त्रासितपर्यो अवनी अकुलाई ४४

दो० भूपति भावी मिटै नहिं, यदपि न दूषण तोर॥
किये अन्यथा होइ नहिं, विप्रशाप अतिघोर ४५

१७४ क्षत्रबंधु, हे नीच, क्षत्री! तैं समुदाय कहे समूह अर्थात् परिवार सहित विप्रनको बुलायो है धर्म घालै के लिये हमारा धर्म भ्रष्ट करिबेके हेतु अथवा क्षत्रबंधु कहे अपनो क्षत्र जो राज्य ताको बंधु नाम रक्षक अर्थात् अपने क्षत्रकी वृद्धिहेतु कुछ वाम मार्ग में अभिचार प्रयोग कियाहै ताके सिद्धहेतु हमारा धर्म नाश कीन चाहता है ३७ सो हमारा तौ धर्म परमेश्वर ने राखा अरु तू हमारा धर्म नष्ट करता रहै ताही कर्मनते तैं परिवार समेत नष्ट ह्वैजैहै ३८ संवत् मध्य एक वर्ष भरेमें तव कहे तेरा नाश होई तेरे कुल में जलदाता पानी देनेवाला कोऊ न रही ३९ विप्रन का शाप सुनि अर्थात् संवत्भरे में नाश पुनः राक्षस होना तामें पापकर्म करि कौन गति होगी इत्यादि त्रास नाम डरते राजा अत्यंत विकल भयो तब पुनः वर नाम श्रेष्ठ वाणी आकाशते भई ४० क्या वाणी भई कि हे विप्रहु! तुमने गुण दोष विना विचारे शाप दीन्ह काहेते रसोई व्यापारमें दूसरे की कर्तव्य है यामें भानुप्रताप ने कुछ अपराध नहीं कीन्ह इनका जाना भी नहीं ४१ ऐसी नभवाणी सुनिकै सब ब्राह्मण चकित भये कि किसका अपराध है रसोईकर्ता को बोलावो ताहेतु जहां भोजनखानि रसोईघरको राजा चलेगये हाल पूछने हेतु ४२ तहां जब राजा देख्यो तौ न अशन नाम भोजन है न

सुआर नाम रसोईकर्ता विप्र है शून्य मंदिर देखि जान्यो कि काहू शत्रुने छला ताते अपार समुद्रसम शोच मनमें करत राजा फिर आयो ४३ लौटि कै राजाने प्रसंग कपटमुनि को समग्र चरित महिसुर ब्राह्मणन ते सुनाइ दीन्ह्यो पुनः त्रसित नाम डरते अकुलाइ भूमि में गिरपरेउ भाव कुछ उपाय नहीं ४४ दोहार्थ ॥ जब राजा को दोष नहीं जान्यो तब सशोच ब्राह्मण पुनः बोले हे भूपति ! यद्यपि तेरा दूषण नहीं है तौ भावी यही होनहार रही सो कैसे मिटै क्योंकि विप्रन का शाप अतिघोर अत्यन्त भयंकर है सो काहूके किये अन्यथा और भांति नहीं होय सकत भाव यामें कुछ उपाय नहीं याते होनहार रहै इहां भानुप्रताप निर्वासिक धर्मात्मा रहै तामें विघ्न कैसे लगो यामें हरिकी इच्छाहै हरि तौ धर्मके रक्षक हैं ते कैसे विघ्न लगायो जब हरिको त्यागि कपटमें मन लगायो तब हरि रक्षक कहां रहे पुनः जरा मरण दुःख रहित तनु इत्यादि वासना वश भये याते बंधनमें परे ४५ ॥

१७५ असकहिसबमहिदेवसिधाये। समाचार पुरवासिन पाये ४६
शोचहिं दूषण दैवहिं देहीं। विरचत हंस काग किय जेहीं ४७
उपरोहितहि भवन पहुँचाई। असुरतापसहि खबरि जनाई ४८
तिहि खल जहँतहँ पत्र पठाये। सजिसजि सेन भूप सब आये ४९
घेरिनि नगर निशान बजाई। विविधभांति तहँ परी लराई ५०
जूझे सकल सुभट करि करणी। बंधु समेत पर्‍यो नृप धरणी ५१
सत्यकेतु कुलकोउ न बाचा। विप्रशाप किमि होइ असाँचा ५२
रिपुहि जीति नृप नगर बसाई। निजपुर गवने जययश पाई ५३

दो० भरद्वाज सुनु जाहि जब, होइ विधाता वाम ॥
धूरि मेरुसम जनक यम, ताहि व्यालसम दाम ५४

इति पूर्वार्द्धबालकाण्डं समाप्तम् ॥

१७५ अस पूर्ववत् कहिकै महिदेव ब्राह्मण सब सिधाये अपने अपने घरन को गये यह समाचार राजा को समग्र हाल जब पुरवासिन सुनि पाये ४६ उत्तम राजा को विना अपराध शाप जानि पुरवासी शोच करि करि दैवको दूषण देते हैं काहेते जाने हंस विरचत बनावत में काग बनाय दीन्हेउ अर्थात् भानुप्रताप उत्तम देवयोग्य ताको राक्षस बनायो यही दूषण है ४७ अब कालकेतु राक्षसने उपरोहित को वाके भवन नाम घरको पहुँचाय दियो पुनः तापस राजाको खबरि जनायो कि ब्राह्मणों का शाप

होय गयो अब स्वइच्छित कार्य करौ ४८ तेहि खल तापस राजाने अपने हितकार अथवा यावत् भानुप्रताप के शत्रु रहे तिनको जो जहां रहैं ताको तहां को समग्र हाल लिखि पत्र पठाये ताते चतुरंगिणी सेना साजि साजि सब भूप आये ४९ तापस राजा के ढिग एकत्र ह्वैके निशान नगारादि बजाइ भानुप्रताप को नगर आइ घेरिलीन्हे तहां भानुप्रताप ते विविध भांति बाण गदा खड्गादिते अनेक भांतिकी लड़ाई परी ५० राजाकी सेनामें यावत् सुन्दर भट योद्धा रहे ते करणी करि अर्थात् युद्धमें वीरता करि जूझे पुनः बंधु भाई समेत नृप भानुप्रतापहू जूझि भूमि में परे अर्थात् परिवारसमेत नाश भयो ५१ या भांति सत्यकेतु के कुलमें पुत्र पौत्रादि कोऊ नहीं बचा काहेते विप्रका शाप कैसे असांचा होवै ५२ रिपु भानुप्रताप को जीति सब नृपन अपने अपने नगर सुवश बसाये अथवा भानुप्रताप के नगर में अपनो थाना बसाये पुनः युद्ध में जीति सो जय है अरु स्वभुजते शत्रुको मारे सोई यशहै इति जय यश पायकै सब राजा निज पुरनको चलेगये ५३ दोहार्थ ॥

इहां याज्ञवल्क्य को शुद्धकर्म सिद्धांतहै ताते कहत कि हे भरद्वाज ! जब जाहि पुरुषको विधाता वाम नाम टेढ़ा होत तब ताको अत्यंत लघु जो धूरि सो मेरु सम गरू ह्वैजात यथा कालकेतु को परिवार भरेको राजा नाश कीन अकेले धूरिसम रहा सोई पहाड़सम ह्वै राजाको कचरि दियो पुनः जनक पिता ऐसो हितकार सोई यमकी सम सांसति देनहार होत यथा कपटमुनि को राजा पिता सम माने रहे सोई यम के सम मृत्युदायक भयो पुनः दाम मुक्तादि को हार जो शोभा सुखदायक है सोई व्याल नाम सर्पसम होत यथा विप्रवृंद मुक्ता दामसम शोभा सुखदायक शोभा विप्रवृन्द राजद्वार पर देखनेमें सुख आशिष देनहारे तेई सर्पसम भये कुलभरे के नाशकर्ता भये ५४॥

इति पूर्वार्द्धबालकाण्डं समाप्तम् ॥

रामायण बालकाण्ड सटीक ॥

उत्तरार्द्ध ॥

१ कालपाइ मुनि सुनु स्वइ राजा। भये निशाचर सहितसमाजा १
दशशिर ताहि बीस भुजदंडा। रावणनाम वीर बरिबंडा २
भूपअनुज अरिमर्दन नामा। भयो सो कुंभकर्ण बलधामा ३
सचिव जो रहा धर्मरुचि जासू। भयउ विमात्रबंधु लघु तासू ४
नाम विभीषण जिहि जगजाना। विष्णुभक्त विज्ञान निधाना ५
रहे जे सुत सेवक नृप केरे। भये निशाचर घोर घनेरे ६
कामरूप खल जिनिसि अनेका। कुटिल्ल भयंकर विगत विवेका ७
कृपारहित सब हिंसक पापी। वरणि न जाहिं विश्वपरितापी ८

दो० उपजे यदपि पुलस्त्यकुल, पावन अमल अनूप ॥
तदपि महीसुर शापवश, भये सकल अघरूप ९

१ हे मुनि, भरद्वाज! अब आगे कथा सुनु इहां भानुप्रताप मरे पीछे पुनः समय पायके सोई राजा भानुप्रताप समाज सहित आइ निशाचर भयो इहां भानुप्रताप को राक्षस होनेका ब्राह्मण शाप तौ दिये याके उद्धार की अनुग्रह नहीं किये कि या भांति तुम्हारा उद्धार होई ताको कारण यह कि याके हेतु साकेतविहारी पररूप श्रीरघुनाथजी गुप्तरूप अवतीर्ण होइँगे सो कोऊ जानि नहीं सकत सो कैसे कोऊ कहै वा प्रभुकी इच्छा गुप्त रहनेकी है याते कोऊ प्रसिद्ध कहि नहीं सकत अब यहि रामायण में भानुप्रताप ही रावणको समग्र चरित है तौ यामें अवतार भी साकेतविहारी को जानना चाहिये क्योंकि साकेतविहारी को अवलार भानुप्रताप ही रावणके हेतु भयो है यथा शिवसंहितायाम् ॥ प्रतापी राघवसखा भ्रात्रा वै सहरावणः। राघवेण तदा साक्षात्साकेतादवतीर्यते ॥ ताते यामें लीला साकेतविहारीही अवतारकी मुख्य है परंतु गुप्त राखिबे हेतु ऐश्वर्य लीला में औरहू अवतारन की दिखायदिये १ कैसा निशाचर भानुप्रताप भयो जाके दशशिर बीस भुजदंड अर्थात् सबल रावण ऐसा नाम वीर बरिबंड नाम तेजस्वी वीर २ भूप भानुप्रताप को अनुज छोटा भाई जो अरिमर्दन नामका रहा सोई बलधाम महाबली कुम्भकर्ण अस नाम भयो ३ राजाको सचिव मन्त्री जो रहै जासु को धर्मरुचि ऐसा नाम रहा सो तासु रावण को विमात्र दूसरी माताते लघु बंधु छोटा भाई आइ भयो ४ ज्यहिको विभीषण ऐसा नाम सब

जग जानत अर्थात् भागवतनमें अन्त जाको नामहै यथा अर्जुनवशिष्ठविभीषणाद्याः ऐसा भगवान्को भक्त विज्ञानको निधान नाम स्थानहै ५ अब वंशको कहत भूप भानुप्रतापके पुत्र अरु सेवक यावत् रहे ते घनेरे नाम बहुत घोर नाम भयंकर सब निशाचर भये ६ कैसेहैं कामरूप इच्छापूर्वक रूपधारी अनेक जिनिसिके रूप खल दुष्ट परहानिमें रुचि कुटिल टेढ़ी प्रकृति भयंकर सूरति विवेक रहित ७ कृपा जगपालन तेहिते रहित हिंसक जीवन के घातकर्ता ऐसे सब पापी जिनके अवगुण वर्णे नहीं जात विश्वपरितापी संसारभरे को दुःख देनहारे ८ दोहार्थ ॥ यद्यपि पुलस्त्यके कुलमें उपजे जो पावन पवित्र ब्राह्मणकुल पुनः अमल ब्याही स्त्रिनमें जाकी उपमा को दूसरा नहीं अर्थात् कुछ नीच कुलमें नहीं भये ताते इनको उत्तम ब्राह्मण होना चाहियतरहै तदपि महीसुर ब्राह्मणनके शापके वशते सकल अघ पाप को रूपै भये ब्रह्माके पुत्र पुलस्त्य तिनको तृणबिंदु नाम राजऋषि अपनी कन्या बिवाही तिनके पुत्र विश्रवा महातपस्वी भये तिनको सुमाली नाम राक्षस अपनी कन्या दीन्ही तिनको पुत्र रावण है यह तौ पावनवंश को हाल है पुनः रावणकी उत्पत्तिको हाल यह कि माली सुमाली माल्यवान् ये तीन भाई राक्षस पूर्व रहे तिनको भगवान् समर में परास्त करि दियो ते भागिकै पातालमें रहे सो अपनो वंश उदोत होवेहेतु कन्या विश्रवाको दीन्ही तिन सायंकाल पतिसों रति लीन्ही ताही समय के रावणादि हैं यह हाल वाल्मीकीयके उत्तरकाण्ड में पूर्वहीते वर्णन है ९ ॥

२ कीन्ह विविध तप तीनिहुँ भाई। परम उग्र सो वरणि न जाई १०
गये निकट तप देखि विधाता। मांगहु वर प्रसन्न मैं ताता ११
करि बिनती पद गहि दशशीशा। बोलेउ वचन सुनहु जगदीशा १२
हम काहूके मरहिं न मारे। वानर मनुज जाति दुइ बारे १३
एवमस्तु तुम बड़ तप कीन्हा। मैं ब्रह्मामिलि तेहि वर दीन्हा १४
पुनि प्रभु कुंभकर्ण पहँ गयऊ। तेहि विलोकि मन विस्मयभयऊ १५
जो यह खल नित करहि अहारा। होइहि सब उजारि संसारा १६
शारद प्रेरि तासु मति फेरी। मांगेसि नींद मास षट केरी १७

दो० गये विभीषण पास पुनि, कहेउ पुत्र वर मांगु ॥
त्यहि मांगेउ भगवन्तपद, कमल अमल अनुरागु १८

२ रावण दशहजार वर्ष तक निराहार तप कीन्ह्यो हजार वर्ष तक

शीशकाटि अग्नि में हुने कुंभकर्ण हेमंत में जलशयन ग्रीष्म में पञ्चाग्नि वर्षा
में बाहेर वास इति दशहजार वर्ष तक धर्मरीतिते पुनः विभीषण पांचहजार
वर्ष एक पांव ठाढ़ रहेउ इत्यादि परम उग्र तप तीनों भाइन कीन्ह्यो जो
वर्णिबे योग्य नहीं १० तप देखि विधाता निकट को गये बोले हे तात! मैं
प्रसन्नहौं तुम वरदान मांगो जो इच्छा होइ ११ सहित शिव ब्रह्माजी के पग
गहि बिनती करि रावण बोल्यो कि हे जगत् के ईश! सुनो १२ वानर अरु
मनुज मनुष्य ये द्वौजाति बारे नाम बरायदेव दैत्य, यक्ष, नागादि काहू के
मारे हम न मरी १३ एवमस्तु ऐसे ही होइ काहेते तुमने बड़ा तप कीन्हा
पार्वती प्रति शिवजी कहत कि मैं अरु ब्रह्मा दोऊमिलि यह वर ताको
दीन्ह १४ पुनः प्रभु ब्रह्मा कुंभकर्ण के पास गये तेहिको विलोकि देखिकै
वाके आहारको मनमें विस्मय भई १५ क्या विस्मय भई कि यह खल पर-
हानिकर्ता निर्दयी हिंसक जो नित्यही आहार करी अनेकन जीव रोज खाई
तौ सब संसारै उजारि होई १६ लोकरक्षा हेतु शारदा को प्रेरि आज्ञादै
तासु कुंभकर्ण की मति फेरि दीन्ही मतिभ्रमवशते षट मास छह महीना
की नींद मांगेसि छह महीना सोइ जादिन जागै भोजन करि पुनः रात्रिको
सोइ रहै १७ दोहार्थ ॥ पुनः विभीषणके पास गये ब्रह्मा बोले हे पुत्र!
वरदान मांगु तेहि विभीषणने भगवन्त जो भगवान् तिनके पदकमलन में
अमल अनुराग मांग्यो अर्थात् भगवन्त पायँन में सदा एकरस प्रीति बनी
रहै अमल अर्थात् वासनारहित शुद्ध प्रीति १८॥

३ तिनहिं देइ वर ब्रह्म सिधाये। हर्षित ते अपने गृह आये १९
मय तनुजा मंदोदरि नामा। परम सुन्दरी नारि ललामा २०
सो मय दीन्ह रावणहिं आनी। होइहि यातुधान पति रानी २१
हर्षित भयो नारि भलि पाई। पुनि द्वउ बन्धु विवाहेसि जाई २२
गिरि त्रिकूट यक सिंधु मँझारी। विधिनिर्मित दुर्गम अतिभारी २३
सो मय दानव बहुरि सँवारा। कनकरचितमणि भवन अपारा २४
भोगावति जस अहिकुल वासा। अमरावति जस शक्र निवासा २५
तिनते अधिक रम्य अति बंका। जगविख्यात नाम त्यहि लंका २६

दो० खाईं सिन्धु गँभीर अति, चारिहुँदिशि फिरि आव॥
कनककोट मणिखचित दृढ़, वरणि न जाइ बनाव २७
हरिप्रेरित ज्यहि कल्प ज्वइ, यातुधान पति होइ॥

शूर प्रतापी अतुल बल, दलसमेत वश सोइ २८

३ तिनहिं तिन सबको वर दैके ब्रह्मा शिव निजलोकन को सिधाये चले गये तत्पश्चात् ते सब रावण कुम्भकर्ण विभीषण हर्षित खुशीते अपने घर को चले आये १९ हेमा अप्सरा अरु मय दैत्यते मायावी अरु दुंदुभी द्वै पुत्र अरु मंदोदरी नाम कन्या भई मंद सूक्ष्म उदर जाको सर्वांग सुठौर बने ऐसी परम सुन्दरि नारिनमें ललाम नाम भूषण है २० सोई मंदोदरी को मय दैत्यने आनि रावणको विवाहि दीन्ही यह जानि कि यातुधान राक्षस तिनको राजा रावण होइगो ताकी यह श्रेष्ठ रानी होइगी २१ स्वरूप स्वभावादि सब भांति भली नारि पाइ रावण हर्षित खुशी भयो पुनः दोऊ बंधु कहे भाइन को विवाहिसि वैरोचनकी कन्या वज्रज्वाला नाम सो कुम्भकर्ण को विवाही पुनः शैलूष गंधर्व की कन्या शर्मा नाम सो विभीषणको ब्याही गई यह हाल सब बाल्मीकीय के उत्तरकांडके बारहवें अध्यायमें है २२ सिंधुमँझारी समुद्रके मध्यमें एक त्रिकूट गिरिपर्वत तापै विधि ब्रह्माकरि निर्मित अत्यन्त भारी दुर्गम दुर्घट कोट २३ सोई बहुरि फिरि मय दानव ने मंदिरादि सँवारी कनक सोनेकरि देवालनमें मणिरचित अपार नाम बहुत भवन नाम घर हैं २४ परिखा कोट कँगूरा मंदिर बाजार कूप बावली तड़ाग उपवन बागादि विचित्र कैसी बनी जैसे अहिकुल नागनको वास भोगवतीपुरी वा जैसे शक्र इंद्रको निवास अमरावती इंद्रपुरी २५ तिनते अधिक रम्य नाम सुन्दरि पुनः बंक नाम टेढ़ि अत्यन्त करि अधिक दुर्गम ताको लंका ऐसा नाम जगमें विख्यात नाम प्रसिद्ध है २६ दोहार्थ ॥ जाकी खाईं समुद्र जो अत्यन्त करिकै गंभीर नाम गहिर चारिहूं दिशिमें समुद्र फिरि आवाहै अर्थात् समुद्रके बीचमें एक टापू है इति खाईं सिंधु चारों दिशि फिरा पुनः कनक नाम सुवर्णको कोट पुनः मणिन करिकै खचित दृढ़ नाम पुष्ट बना जाको बनाव वर्णिबे योग्य नहीं २७ हरिकी प्रेरणाते जेहि कल्पमें जोई यातुधान राक्षसन को पति नाम राजा होत कैसा शूर संग्राम में अचल पुनः प्रतापी जाको नाम सुनि सब दबि जाइँ अतुल बल ऐसा जब राक्षसन को राजा होत सोई दलसमेत लंका में बसत २८ ॥

४ रहे तहां निशिचर भट भारे। ते सब सुरन समर संहारे २९
अब तहँ रहहिं शक्रके प्रेरे। रक्षक कोटि यक्षपति केरे ३०
दशमुख कतहुँ खबरि असि पाई। सेन साजि गढ़ घेरिसि जाई ३१
देखि विकट भट अति कटकाई। यक्ष जीवलै गये पराई ३२

फिरि सब नगर दशानन देखा। गये शोच मन हर्ष विशेखा ३३
सुंदर सहज अगम अनुमानी। कीन तहां रावण रजधानी ३४
ज्यहि जस योग बांटि गृह दीन्हे। सुखी सकल रजनीचर कीन्हे ३५
एक बार कुबेर पर धावा। पुष्पकयान जीति लै आवा ३६

दो० कौतुकही कैलास पुनि, लीन्हेसि जाय उठाय॥
मनहुँतौलिनिजबाहुबल, चला बहुत सुख पाय ३७
देव यक्ष गंधर्व नर, किन्नर नाग कुमारि॥
जीति बरीं निजबाहुबल, बहु सुंदरि वर नारि ३८

४ तहां लंकामें पूर्व निशाचर माली सुमाली माल्यवान् सेना समेत भारी भट योद्धा रहैं तिनको समरमें सुरनसंहारे अर्थात् देवतनके सहायक ह्वै भगवान् सब सेनाको नाश करिदिये तीनिउँ बचे ते जाइ पाताल में रहे २९ जब लंका खाली ह्वैगई अब तहां लंका में शक्र इन्द्रकी प्रेरणा ते आज्ञाते यक्षपति कुबेर के एक करोरि पार्षद रक्षक पुरी की रक्षा करते रहे ३० लंका राक्षसनकी पुरीहै ऐसी खबरि कबहूं दशमुख रावण सुनि पायो सुमालीकी कन्याको तो रावण पुत्रहै उनहीं आइ बताइ दीन्हे तब सेना सजि रावण जाइ लंकागढ़ घेरि लियो ३१ अत्यन्त बड़ी कटकाई सेना तामें रावण कुम्भकर्णादि निशाचर विकट कठिन भट योधनको देखि युद्ध करिबेको समर्थ न भये मारि जाबेकी भयते यक्ष कुबेरके पार्षद अपनो जीव लैकै पराय नाम भागिगये ३२ जब खाली ह्वै गयो तब फिरि नाम घूमिकै चारों दिशिते लंकानगर को दशानन रावण मंदिरादि सब देखा राक्षसन के परास्त पुर छूटो विना पाये को शोच सोतो गयो बिन युद्ध ही पुर पायो ताते विशेष मनमें हर्ष भयो ३३ सहजमें विना बनावटही तो सुन्दर पुनः शत्रुको अगम ऐसा अनुमानि विचारि तहां लंकामें रावणने अपनी राजधानी कीन्ह ३४ ज्यहिके योग्य जैसाचाही ताको तैसा गृह वास करिबे हेतु सबको बांटिदीन्हे अपर सब सुपास दै सकल रजनीचरनको सब भांति ते सुखी कीन्ह ३५ जब निश्चिन्त ह्वैबैठो तब प्रथमै एक बार कुबेर पर सेना सजि धावा युद्धमें जीतिकै पुष्पक विमान छीनि लायो बाल्मीकीये॥ निर्जित्य राक्षसेन्द्रस्तं धनदं हृष्टमानसः। पुष्पकं तस्य जग्राह विमानं जयलक्षणम् ३६ दोहार्थ॥ पुनः कौतुक लीलामात्रही जाय कैलास उठाय लीन्हेसि एक समय कैलास पर रावण गयो तहां पुष्पक न चलिसक्यो उसी समय नन्दीश्वर कहा कि इहां शिव क्रीड़ा करते हैं तुम लौटिजाउ

तबै क्रोधकरि कैलास उठाइ लियो वाल्मीकीये ॥ नन्दीश्वरो वचश्चेदं राक्षसेन्द्रं दशाननम्। निवर्तस्व दशग्रीव शैले क्रीडति शङ्करः॥ इति नन्दिवचः श्रुत्वा क्रोधात्कम्पितकुण्डलः। कोयं शङ्कर इत्युक्त्वा शैलमूलमुपागतः॥ तोलयामास तं शीघ्रं सशैलः समकम्पत ॥ इत्यादि कैलास उठाय मानों निज अपनी बाहुनको बल तौलि अर्थात् जानि लियो कि मेरे अतुल बल है ऐसा अभिमान उरमें करिकै अमित सुख पायकै सबको जीतनेकी वासना करिकै चला ३७ देवता इन्द्र वरुण यमराज अग्नि सूर्य चन्द्रमादि यक्ष कुबेरादि गन्धर्व तुंबुरादि नर अनरण्यादि किन्नर यक्षनमें भेद नाग वासुकी आदि इन सबनको संग्राम में जीति लियो पुनः जिन जिनकी कुमारी बहुत सुन्दरी स्वरूप में पुनः सौशील्यतादि गुणमें जे श्रेष्ठ ऐसी जहां देखि पायो तिनको अपनी बाहुनके बलते जीतिकै बरबस विवाहि लीन्हेसि ३८ ॥

५ सुख संपति सुत सेन सहाई। जय प्रताप बल बुद्धि बड़ाई ३९
नित नूतन सब बाढ़त जाहीं। जिमिप्रतिलाभ लोभअधिकाहीं ४०
अति बल कुंभकर्ण अस भ्राता। ज्यहिकहँ नहिं प्रतिभट जगजाता ४१
करै पान सोवै षट मासा। जागत होहि तिहूंपुर त्रासा ४२
जो दिन प्रति अहार कर सोई। विश्व वेगि सब चौपटहोई ४३
समरधीर नहिं जाइ बखाना। त्यहिसम अमित सुभटबलवाना ४४
वारिदनाद जेठसुत तासू। भटमहँ प्रथम लीक जग जासू ४५
ज्यहि न होइ रण सम्मुख कोई। सुरपुर नितहिं परावन होई ४६

दो० कुमुख अकंपन कुलिशरद, धूम्रकेतु अतिकाय ॥
एक एक जग जीति सक, ऐसे सुभट निकाय ४७

५ सुख निज शरीर भोजन वसन स्त्री सुगन्धादि रुचिपूर्वक पुनः संपत्ति राजकोश सेनानी सुभटमंत्री वाहनादि पुत्र सबविधि उत्तम आज्ञाकार सेना चतुरंगिणी सहाय अपर राजा हितकार जय संग्राममें शत्रुको जीतना प्रताप जाको नाम सुनि सब डेराइ बल कैसहू दुर्घट काम करै परिश्रम न आवै बुद्धि यथा ॥ जपो यज्ञस्तपस्त्याग आचारोऽध्ययनं तथा ॥ बुद्धेश्चैवं षडङ्गानि ज्ञातव्यानि मुमुक्षुभिः ॥ अर्थात् सूक्ष्मवस्तुकी समुझदारी में लोकोत्तर चमत्कारी यथा रावण वेदन पर भाष्य कीन्हे बड़ाई बल विद्या वीरतादि में ऊंचा नाम ३९ पूर्व यावत् कहि आये ते सब नित्य प्रतिदिन नूतन नाम नवीन बाढ़त जात कैसे जिमि कृषी वाणिज्यादि व्यापार में लाभ भये संते

प्रतिदिन लोभ अधिकात है ४० अत्यन्त है बल जाके ऐसा कुंभकर्ण अस जाके भाई जाकी प्रति नाम समताको भट नहीं जग में जात नाम उत्पन्न भयोहै ४१ कैसाहै कुंभकर्ण आमिषादि खाइ मदिरा पानकरि षट कहे छह महीना तक सोवत जादिन जागत तादिन तिहूंपुर तीनिहूं लोक में त्रास नाम डर होत कि न मालूम किसको खायजाय ४२ छह मासमें तौ यह दशा जो प्रतिदिन सोई आहार करत तौ वेगि नाम जल्दही विश्व नाम संसार भरि सब चौपट नाम नाश होइ ताते वाकी नींदही लोक की रक्षक है ४३ समरयुद्ध भूमिमें शत्रुके सम्मुख धीर वीरता में अचल कैसा है कुंभकर्ण जो बखाना नहीं जात तेहिके सम रावणकी समाजमें अमित नाम वहुत सुभट योद्धा बलवान् हैं तिनको आगे कहत ४४ तासु रावण को ज्येष्ठ सुत नाम पुत्र वारिदनाद अर्थात् जन्महोतही मेघसम गर्जेउ ताते मेघनाद नाम धरागया जासु मेघनादकी भटनमहँ योद्धनकी गिनती में प्रथमलीक है अर्थात् सुभटनमें प्रथम मेघनादही गिनाजात भाव सुभटन में शिरोमणि है ४५ कैसाहै मेघनाद जाके सम्मुख रणमें कोऊ नहीं होत अर्थात् देवता दैत्य नर नागादि कोऊ युद्ध नहीं करि सकत काहेते जाकी भय मानि सुरपुर स्वर्गलोकमें नित्यही परावन नाम भगिहालि होत घर छोड़ि भागि जात ४६ दोहार्थ ॥ अब ज्ञातिवर्ग सुभटनको कहत यथा कुमुख जो दुर्मुख पुनः अकंपन कुलिशरद जो वज्रदन्त पुनः धूम्रकेतु अरु अतिकाय इत्यादि कैसे बली हैं जिनमेंते एकही वीर जगत् भरेको जीति सकत ऐसे सुभट भी निकाय नाम बहुत हैं ४७ ॥

६ कामरूप जानहिं सब माया। स्वप्नेहु जिनके धर्म न दाया ४८
दशमुख बैठ सभा यक बारा। देखि अमित आपन परिवारा ४९
सुतसमूह जन परिजन नाती। गनै को पार निशाचर जाती ५०
सेन विलोकि सहज अभिमानी। बोला वचन क्रोध मदसानी ५१
सुनहु सकल रजनीचर यूथा। हमरे वैरी विबुध वरूथा ५२
ते सम्मुख नहिं करैं लराई। देखि सबल रिपु जाहिं पराई ५३
तिनकर मरण एक विधि होई। कहौं बुझाइ सुनहु सब सोई ५४
द्विज भोजन मख होम शराधा। यहिकर जाइ करहु तुम बाधा ५५

दो० क्षुधा क्षीन बलहीन सुर, सहजहि मिलि हैं आइ॥
तब मरिहौं की छांड़िहौं, भलीभांति अपन्याइ ५६

६ ते कैसे सुभटहैं कामरूप कहे जैसा चाहत तैसा रूप धरिलेत सब विधि राक्षसी माया जानते हैं पुनः दया जो समान जीवनकी रक्षा पुनः धर्म सत्य शौच दानादि जिनके स्वप्नेहुमें नहीं ४८ मुख्य सुभटन समेत एक समय दशमुख रावण राजसभामें बैठरहे सो देखा आपना परिवार जो अमित गिनतीरहित ४६ सुत पुत्र मेघनाद आदिदै समूह बहुत जन सेवकादि परिजन परिवारके जन नाती इत्यादि निशाचरनकी जाति ऐसा समूह है जाको गनिकै को पार पावै कितनी संख्याहै ५० एक तौ रावण सहजही में अभिमानी अर्थात् तामसमें साना रजोगुणी प्रकृति पुनः अनेक सुभटनमय सेना देखि राजमदके साने क्रोधके वचन रावण बोलेउ ५१ क्या बोल्यो हे निशाचरयूथ, समग्र निशाचरो ! मेरे वचन सुनो हमारे वैरी घातकर्ता सो विबुध जे देवता ते वरूथ नाम बहुत हैं ५२ ते देवता घातकरिबे को समय तौ हेरते हैं परन्तु सम्मुख निश्शङ्क युद्ध नहीं करते जो संग्राममें उनको मारैं काहेते सहज युद्ध करते जब रिपुको सबल देखतेहैं कि अब युद्धमें मारेजायँगे तब पराइ नाम भागि जातेहैं ५३ और भांति तौ मिलैंगे नहीं तिन देवतनको मरण एक विधिते होई सो मैं बुझाइकै कहौं ताको तुम सब सुनो सोई उपाय करो ५४ क्या करो कि द्विज भोजन ब्रह्मभोज अरु मख नाम यज्ञ होम श्राद्ध पिण्डदानादि इन सबको तुम सब जाय बाधा करो कोऊ संसारमें करने न पावै ५५ दोहार्थ ॥ यज्ञादिही देवतनको आहारहै सो जब न होनेपाई तब क्षुधा नाम भूख करिकै क्षीण नाम दुर्बल पुनः बलकरि हीन ह्वैहैं तब सुर जे देवता ते सहज ही बेपरिश्रमही आइ मिलिहैं हाजिर होइँगे तब अपन्याइ भली भांतिते आपने आधीन करि तब इच्छा होई तौ मारिहौं कितौ दीन जानि छांड़ि देहौं तौ वैर न करिसकैंगे मेरे हुक्मी बने रहैंगे ५६ ॥

७ मेघनाद कहँ पुनि हँकरावा। दीन्ह सीख बल वैर बढ़ावा ५७
जे सुर समरधीर बलवाना। जिनके लरिबेकर अभिमाना ५८
तिन्हैं जीति रण आन सुबांधी। उठिसुतपितुअनुशासनकांधी ५९
यहि विधि सबही आज्ञा दीन्हे। आपुन चला गदा कर लीन्हे ६०
चलत दशानन डोलत अवनी। गर्जत गर्भ स्रवहिं सुररवनी ६१
रावण आवत सुनेउ सकोहा। देवन तकेउ मेरुगिरि खोहा ६२
दिगपालनके लोक सिधाये। सूने सकल दशानन पाये ६३
पुनि पुनि सिंहनाद करि भारी। देइ देवतन गारि प्रचारी ६४
रण मदमत्त फिरै जग धावा। प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा ६५

रविशशि पवन वरुण धनुधारी। अग्निकाल यम सब अधिकारी ६६
किन्नर सिद्ध मनुज सुर नागा। हठ सबहीके पंथहि लागा ६७
ब्रह्मसृष्टि जहँलगि तनुधारी। दशमुख वश्य सकल नरनारी ६८
आयसु करहिं सकल भयभीता। नवहिं आइ नित चरण विनीता ६९

दो० भुजबल विश्व वश्य करि, राखेसि कोउ न स्वतंत्र ॥
मण्डलीकमणि रावण, राज करहि निज मंत्र ७०

७ पुनः मेघनादको हँकरावा निज समीप बुलावा ताको सिखावन दैकै देवतनसों वैर बढ़ावा अर्थात् राजनीतिमें लिखाहै कि शत्रु को न राखी नाहीं तौ एकदिन घातकरी यथा कपट मुनि भानुप्रतापको नाश करिदीन्ह तथा देवता रहैंगे तौ हमारी घात करैंगे इत्यादि सिखाय वैर बढ़ाय पुनः बलनाम सेना साथ दीन्ह ५७ क्या हुक्म दियो कि जे देवता समर में धैर्यवान्हैं अरु बलवान्हैं पुनः जिनके लरिबेको अभिमान है अर्थात् अबल कादर नहीं ५८ बली शूर अभिमानी जे देवता तिन्हें रणमें जीतिकै बांधि आनु सुरीति ते मर्याद सहित अर्थात् अनादरते नहीं यह सुनि सुत मेघनाद पिताको अनुशासन आज्ञा कांधी अंगीकार कीन्ही ५९ यहि विधिते सबही सुभटनको आज्ञा दीन्ह पुनः रावण गदा करमें लैकै दिग्विजय हेतु अपनौ चला ६० दशानन रावण के चलतमें अवनी जो पृथ्वी सो डोलत कांपि उठत पुनः जा समय रावण गर्जत सो शब्द सुनि सुररवनी देवनकी स्त्री गर्भ स्रवहिं नाम डारिदेती हैं ६१ सकोह सहित क्रोध रावणको आवत सुनिकै देवतन भागिकै मेरु गिरिके खोह तके सुमेरुपर्वतके खोहनमें लुके ६२ दिग्पालनके लोक यथा पूर्व इन्द्र आग्नेय अग्नि दक्षिण यम नैर्ऋत्य में निर्ऋति पश्चिम वरुण वायव्य वायु उत्तर कुबेर ईशानमें ईशान इत्यादिकन के लोकन को सिधाये जहांहीं रावण गयो तहां सब लोक सूने पाये सब भागि गये ६३ जब कोऊ न मिला तब पुनि पुनि बारम्बार सिंहसम भारी नाद करि गर्जिकै प्रचारि ललकारिकै देवतन को गारी देत फिरत ६४ रणमदते मत्त वीर ताके आवेशते जगमें धात्रा धावा फिरत काहेते प्रतिभट खोजत आपनी समता योद्धा ढूंढ़त सो कहौं नहीं पावत ६५ रवि जो सूर्य शशि जो चंद्रमा पवन वरुण धनुधारी जो कुबेर अग्नि काल यमराजादि यावत् अधिकारी लोक व्यापार करिबेको जिनको अधिकार है ६६ किन्नर यक्षनमें भेद अणिमादि सिद्धी प्राप्तवाले सिद्ध मनुज मनुष्य सुर देवता नागादि सबही के पंथहि राहमें हठ करिकै रावण लाग सबकी राह रोंकि दियो अर्थात्

आपने अधिकार को व्यापार नहीं करने पावत ६७ ब्रह्मा की सृष्टि विषे जहां तक देहधारी जीव हैं सहित स्त्री पुरुष सकल दशमुख रावणके वशमें हैं ६८ कौन प्रकार वशमें हैं रावण को भय नाम डर करिकै भीत नाम डरायके आयसु रावण की आज्ञा करते हैं पुनः नित्यही सब विनीत नाम नम्रतापूर्वक रावणके चरणनमें आइ नवत नमस्कार करत ६९ दोहार्थ॥ अपने भुजनके बल करिकै विश्व नाम संसारभरे को वश्य करि काहूको स्वतंत्र न राखिसि या भांतिते मंडलीकमणि रावण भयो जो निजमंत्र स्वतंत्र राज्य करत जाके ऊपर कोऊ हुक्मकर्ता नहीं है मंडलेश्वरनमें शिरोमणिहै याते मंडलीकमणि कहे निजमंत्र कहे किसीकी सल्लाहको भरोसा नहीं ७०॥

८ इंद्रजीतसन जो कछु कह्यऊ। सो जनु सब पहिले करि रह्यऊ ७१
प्रथमहिं जिनकहँ आयसु दीन्हा। तिनके चरित सुनहु जो कीन्हा ७२
देखत भीमरूप सब पापी। निशिचर निकर देवपरितापी ७३
करहिं उपद्रव असुर निकाया। नानारूप धरहिं करि माया ७४
ज्यहिविधि होइ धर्म निर्मूला। सो सब करहिं वेदप्रतिकूला ७५
ज्यहिज्यहि देश धेनु द्विज पावहिं। नगर ग्राम पुर आगि लगावहिं ७६
शुभआचरण कतहुँ नहिं होई। देव विप्र गुरु मान न कोई ७७
नहिं हरिभक्ति यज्ञ जप ज्ञाना। स्वप्नेहु सुनिय न वेद पुराना ७८

छंद चौपैया
जप योग विरागा तप मखभागा श्रवण सुनै दशशीसा॥
आपुन उठिधावै रहै न पावै धरि सब घालै खीसा ७९
अतिभ्रष्ट अचारा भा संसारा धर्म सुनिय नहिं काना॥
त्यहि बहुविधि त्रासै देशनिकासै जो कह वेदपुराना ८०

सो० बरणि न जाय अनीति, घोर निशाचर जो करहिं॥
हिंसा पर अति प्रीति, तिनके पापन कवन मिति ८१

८ इंद्रजीत मेघनाद सन जो कुछ वचन रावण कहेउ सो सब जनु पहिलेही करिराखेउ अर्थात् और देवता संग्राममें जुटबै नहीं भये एक इंद्र सम्मुख भये तिनको वाहन सहित पकरि लायो तिनको ब्रह्मा छोड़ाये इसी हेतु इहां इन्द्रजीत नाम कहे ७१ रावणने प्रथम ही जिन राक्षसन को आयसु आज्ञा दीन्हेउ रहै हे पार्वती! तिनको चरित सुनो जो कीन्हेनि ७२ एक तौ राक्षस देखतही में भीम नाम भयानकरूप पुनः सब पापी पापकर्मन में रत पुनः देवनके परितापी दुःखदायक ते निकर नाम बहुत निशाचर पृथ्वी

भरे में परिपूर्ण हैं ७३ असुर जे राक्षस ते निकाय नाम बहुत रहैं ते सब उपद्रव कहे आततायी आदि अनीतिव्यापार करते हैं पुनः राक्षसी माया करिके नाना नाम अनेक भांतिके रूप धरते हैं अन्यरूप ते सर्वत्र प्राप्त रहत जहां सत्कर्म कोऊ कीन तहैं प्रसिद्ध ह्वै बाधा करत ७४ ज्यहिविधि ते जो कार्य करनेते धर्म निर्मूल होत जामें धर्मका नाश होत सोई सब कर्तव्यता करते हैं जो कुछ वेदकी आज्ञाहै ताकी प्रतिकूल नाम उलटा यथा हिंसा, असत्य, अपावनता ७५ कौन उपद्रव करते हैं ज्यहि ज्यहि देशनमें धेनु गौवें पुनः द्विज नाम ब्राह्मण को पावतेहैं तहां नगर जो कसबा ग्राम सौघर तक पुर छोटा पुरवाआदि तिनमें आगि लगाइ देतेहैं ७६ शुभ आचरण ब्रह्मभोज, संध्या, तर्पणादि कहौं नहीं होने पावत पुनः देवता ब्राह्मण गुरु इत्यादिकन को कोऊ न श्रेष्ठकरि माने अर्थात् पूजा भोजन काहूको न देइ ७७ श्रवण कीर्तनादि हरिकी भक्ति यज्ञ, जप,तप, पूजा, दान, तीर्थ, व्रतादि कर्मकांड पुनः विवेक विरागादि साधन ज्ञान इत्यादि कोऊ न करै पुनः वेद पुराणादि सद्ग्रन्थ स्वप्नेहूमें नहीं सुनात ७८ छन्दार्थ ॥ मंत्रजाप पुरश्चरण अष्टांगयोग वैराग्य तपस्या मख यज्ञ ताको भाग होम अगियारि इत्यादि कहौं होतहै ऐसा हाल जो रावण श्रवणनते सुनिपावत तब आपही उठि धावत उस जगह पर कोऊ रहने नहीं पावत सबको खेदि यज्ञादिकी सामग्री खीस करि रुधिरादि मिलाय खराबकरि इत्यादि सब धरिघालै नष्ट करि देत धरि लोकबोली है ७९ आचार जो वेद आज्ञा पर चलना सो सब भ्रष्टआचार संसारमें भया अर्थात् सत्य शौच दया दानादि धर्मादि कानन ते नहीं सुनि परत कि कोऊ कहौं धर्मराहपर चलत काहेते धर्मको हाल तौ वेद पुराणन के सुनेते सब जानत सो वेद पुराणादि जो कोऊ कहत ताको रावण बहु विधिते त्रासत दुःख देत पुनः देशते निकासि देत ८० सोरठार्थ ॥ घोरभयंकर निशाचर जो करतेहैं सो अनीति वर्णी नहीं जात काहेते हिंसा जीवनके घात करिबेपर जिनकी प्रीति है तिनके पापन की कौन मिति नाम संख्या है जब जीवहिंसापर अत्यन्त रुचि तो असंख्य पाप करैंगे ८१ ॥

९ बाढ़े खल बहु चोर जुवारा। जे लंपट परधन परदारा ८२
मानहिं मातु पिता नहिं देवा। साधुनसन करवावहिं सेवा ८३
जिनके अस आचरण भवानी। ते जानिय निशिचरसम प्रानी ८४
अतिशय देखि धर्म की हानी। परमसभीत धरा अकुलानी ८५
गिरि सर सिंधुभार नहिं मोही। जसम्वहिं गरुअ एक परद्रोही ८६

सकल धर्म देखै विपरीता। कहि न सकै रावणभयभीता ८७
धेनुरूप धरि हृदय विचारी। गई तहां जहँ सुर मुनि झारी ८८
निज संताप सुनायासि रोई। काहूते कछु काज न होई ९९

९ जब धर्मकी राह लोप भई तब चोर जुवारी अरु परारे धन के परारी दारा नाम स्त्रीके लंपट नाम लोभी इत्यादि खल दुष्ट संसारमें बहुत बढ़े ८२ सब भूमि निशाचरमयी होगई कौन भांति कि जे माता पिता देवादिकन को श्रेष्ठकरि नहीं मानते हैं अरु साधुजनन ते अपनी सेवा करावते हैं ८३ हे भवानी! पूर्व कहे ऐसे आचरण हैं तिन प्राणिन को निशाचरसम जानिये वहै जो होइ जाति विवेक नहीं ८४ राक्षसन की बढ़ती ते अतिशय जब बारंबार धर्मकी हानि देखे अधर्म को प्रचार भयो तौ परम सभीत बहुत डरायकै धरा जो पृथ्वी सो अकुलानी पाप भारको डर मैं न थामि सकूंगी याते अकुलानि ८५ कैसे अकुलानि कि पर्वत तड़ाग समुद्रादिकन को भार तैसा गरू नहीं है जैसा परद्रोही एक मोहिं गरू लागत बहुतन की को कहै ८६ पुनः सत्य चाही तहां असत्य दया चाही तहां हिंसा दान चाही तहां छीनिलेना इत्यादि सकल अंग धर्म विपरीत नाम उलटा देखत सो रावणके भयते भीत नाम डरायकै काहूते कहि नहीं सकत ८७ देव मेरे हितहैं वा गौवनकी रक्षा सबै करत ऐसा हृदय में विचारि धेनुरूप धरि जहां सुमेरु में छिपे सुर मुनि झारि हैं तहां गई ८८ निज सन्ताप अपनो दुःख रोइकै भूमिने सुनायो सो सुर मुनि आदि काहूते कुछ काम नहीं ह्वैसकत काहेते वेतौ आपही भागि भागि फिरते हैं ते औरकी रक्षा कैसे करैं ८९ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे रावणादिग्विजयवर्णनं नाम
एकोनत्रिंशः प्रकाशः २९ ॥

१०छंद चौपैया | सुर मुनि गन्धर्वा मिलिकरि सर्वा गये विरंचिके लोका।
संग गोतनुधारी भूमि विचारी परमविकल भय शोका॥
ब्रह्मै सब जाना मन अनुमाना मेरो कछु न बसाई।
जाकरि तैं दासी सो अविनासी हमरो तोर सहाई १

सो० धरणि धरै मन धीर, कह विरंचि हरिपद सुमिरु॥
जानत जन की पीर, प्रभु भंजहिं दारुण विपति २

बैठे सुर सब करहिं विचारा। कहँ पाइय प्रभु करिय पुकारा ३

पुर वैकुण्ठ जान कह कोई । कोउकह पयनिधि बस प्रभु सोई ४
जाके हृदय भक्ति जस प्रीती । प्रभु तहँ प्रकट सदा यह रीती ५
त्यहिसमाज गिरिजा मैं रहेऊं । अवसर पाइ वचन यक कहेऊं ६
हरि व्यापक सर्वत्र समाना । प्रेमते प्रकट होहिं मैं जाना ७
देशकाल दिशि विदिशिहु माहीं । कहहु सो कहां जहां प्रभु नाहीं ८
स्थावर
अगजगमय सब रहित विरागी । प्रेमते प्रभु प्रकटैं जिमि आगी ९
मोर वचन सबके मनमाना । साधु साधु कहि ब्रह्म बखाना १०

दो० सुनि विरंचि मन हर्षि तनु, पुलकनयन बह नीर ॥
अस्तुति करत जोरि कर, सावधान मतिधीर ११

१० छन्दार्थ॥ निज शिर पापको भार तेहि शोकनाम दुःखते पीड़ित रावण की भय करिकै परम विकल याते विचारी करुणाभरी भूमि गो कहे गौको तनु धरे ताको संगलिये इन्द्र वरुण कुवेरादि देवता मुनि बृहस्पति आदि गन्धर्व तुम्बुरादि सब मिलि बटुरिकै विरंचि जो ब्रह्मा तिनके लोकको गये सबके सम्मतते भूमिने दुःखको हाल रोइकै सुनायो सो सुनि सब हाल ब्रह्माने जाना अर्थात् रावणकी अनीति ते सब दुःखित हैं तब मनते अनुमाना अर्थात् बुद्धिके विचारते गुप्तवार्ता ताको प्रसिद्ध करि जानिलियो कि एतौ सब मोको दुःख हरिबे योग्य जानि मेरे ढिग आये अरु यहि रावण में मेरा कर्तब कुछ न बिसाइगो काहेते यह रावण हमारी सृष्टिते बाहर है काहेते पूर्व तौ यह साकेतलोक को पार्षद है सो श्रीरघुनाथजी की इच्छाते भूतल में आइ भानुप्रताप नाम राजा भयो पुनः रघुनाथैजी की इच्छाते ब्राह्मणन का शाप भयो काहेते शापके पीछे अनुग्रह नहीं है याते यह भी नहीं प्रसिद्ध भयो कि किसके हाथसे याको उद्धार है तौ निश्चय रामरजाय में हम कौन उपाय बतावैं पुनः नर के कर याकी मृत्यु हून चहै सो नराकाररूप साकेतविहारी हैं तेई जब अवतीर्ण होइँगे तब याको मारैंगे सो साकेत लोकको हमारी गति नहीं याते हमारी कुछ कर्तव्यता नहीं है यह विचारि कहत कि हे धरणि ! जाकी तैं दासी है सो प्रभु अविनाशी अर्थात् अखण्ड सदा स्वयंप्रकाश स्वतन्त्र है सो हमारी हमारे वरदानके निर्वाह सहित तेरी सहायता करैंगे भाव नररूपते रावणको मारैंगे १ सोरठार्थ॥ अब प्रसिद्ध ब्रह्माजी कहत कि हे धरणि ! मनमें धैर्य धारण करहु मन स्थिर करिकै श्रीरघुनाथजी के पादारविन्दन को स्मरण करु कुछ संदेह नहीं है अपने जन

की पीर आपही जानते हैं ताते तुम्हारी दारुण कठिन जो सहि न जाइ ऐसी जो विपत्ति है ताको सहजमें प्रभु भंजाहिं तूरहिं तुम्हारी विपत्ति नाश करी २ इस रामायण में चारि अवतारन की कथा संकीर्णताते वर्णन है मुख्य चरित साकेतविहारी को काहेते इहां रावण भानुप्रतापही वर्णन है तौ अवतारौ साकेतविहारी को चाही परन्तु यह अवतार गुप्तरूपते है ताते इनको ऐश्वर्य गुप्त राखे अरु माधुर्य प्रकट कहे जहां ऐश्वर्य को प्रयोजन परो तहां चतुर्भुजरूप को ऐश्वर्य दर्शाय दिये ताहेतु द्वै अवतार वैकुण्ठवासी के अरु एक अवतार क्षीरशायी को ये तीनि अवतारन के चरितनमें साकेतविहारी की लीला कूटस्थहै याते तीनिहूं को प्रथम दर्शाय पीछे साकेतविहारि ही को अवतार कहैंगे याते ब्रह्माजी की वाक्य में अविनाशी प्रभु दुःखहर्ता कहाहै तामें सब रूपन को बोध होत तहां जब सब देवता बैठ विचार करते हैं कि उस अविनाशी प्रभुको कहां पाइये जो पुकार करिये ३ कविकी उक्ति में अवतारन की संकीर्णता नानापुराणन को सम्मत वाल्मीकि व्यासादि आचार्य किसीने वैकुंठपुर जानेको कहा अर्थात् जासमय जलंधर वा जयविजय रावण भया तब देवता वैकुंठ में जायकै पुकारे तब विष्णु रामरूप धरे किसी आचार्य ने कहा कि सो प्रभु पयनिधि क्षीरसिंधुमें बसत तहां जाय देवता पुकारे तहां क्षीरशायी रामरूपधरि हरगण रावणको मारे इति तीनों अवतारको हेतु दर्शाये पुनः देवनकी उक्ति कोई देवादि वैकुंठ जानेको कहा तब वैकुंठ गये तहां भगवान्‌ने कहा हमारे हाथ इस रावण की मृत्यु नहीं तब कोऊ क्षीरसमुद्र को कहा वहां गये तहौं जवाब पाये ४ जब देवता असमंजस में भये तासमय हे भरद्वाज! सब कैलास को आये शिवजी से हाल कहे कि अविनाशी प्रभुको कहां पाइये सो सुनि शिवजी विचार किये कि यह तौ अवतार साकेतविहारी को होना है सो एकतौ वहां किसीकी गति नहीं पुनः गुप्तरूप अवतरा चाहैं याते प्रकट कह नहीं सकते हैं तब यह विचारे कि जाके हृदय में भक्ति करिकै जैसी प्रीति जाभांति को रूप मानि जहां चाहना करत तहांपर ताही रूपते प्रभु प्रकट होत यह सदा प्रभुकी रीति है यही शिवजी पार्वतीजी ते कहत ५ हे गिरिजा! मनमें विचार करत तेहि देवतन की समाज में मैं भी बैठा रहा पुनः अवसर पाइकै अर्थात् सबकी इच्छा भई मेरेही कहने की तब महूं एक वचन कहेउँ ६ कौन वचन कहेउँ कि तुम सब कहां ढूंढ़ते फिरते हो जाको ढूंढ़ते हौ वे हरि तौ सर्वत्र समान एकरस व्यापक हैं सो मिलैं कैसे ता हेतु कहत कि प्रेमते प्रकट होतेहैं यह मैं जानता हौं कछु संदेह नहींहै ७ ताकी निश्चय

सबसों करावत कि यामें जाके संदेह होइ सो कहौ कौने देश में कौने कालनाम समय में पूर्वादि कौनी दिशा में ईशानादि कौनी विदिशा में इत्यादि देशकाल दिशा विदिशादि सो कहां है जहां प्रभु नहीं हैं ताको कहौ ८ अग स्थावर वृक्षादि जग जंगम मनुष्यादिते सब प्रभुमयी हैं अर्थात् सबमें परिपूर्णहैं पुनः सबते रहित सबते अलगहैं पुनः विरागी अर्थात् हैंतौ सबके अंतरै पुनः देहव्यवहार में लिप्त नहीं इन्द्रिय विषयमें राग नहीं सोई प्रभु प्रेमते कैसे कै प्रकट होत जैसे काठते अग्नि घिसेते प्रकट ह्वै आवत ९ प्रेमते प्रार्थना करौ यही ठौर प्रभु प्रकट ह्वै तुमको प्राप्त होइँगे यह मेरो वचन सब देवादिकन के मनमाना अरु ब्रह्माजी तौ मोको परम साधु साधु कहिकै बखान कीन्ह अर्थात् तुम परम साधु हौ कसन ऐसे वचन कहौ इहां शिवजी के वचनन में कौन अभिप्राय विचारिकै ब्रह्माजी प्रशंसा कीन्हे इहां अवतार साकेतविहारी को गुप्तरूप ते होन चहै तिनको तौ गुप्त राखे अरु उनहीं को जो प्रकाशरूप है अंतर्यामी ताको दर्शाय उसी साकेतविहारीरूप को बोध करिदीन्हे यथा कोऊ महाराज धर्मात्मा है ताकी राज्य में कोऊ आर्त अर्जी में यह बात लिखि देवै कि जाकी समग्र राज्य है तासों मेरी प्रार्थना है वह अर्जी जिस अदालत में दैदेगा वह खास महाराज के पास आँटिकै ताको उत्तर उस आर्त को मिलि जाइगा सोइ शिवजी के वचनन में अभिप्राय विचारि ब्रह्माने प्रशंसा कियो १० दोहार्थ ॥ शिवजीके वचन सुनि मतिके धीर विरंचि ब्रह्माजी मनमें हर्षि नाम आनंद ह्वै तनु पुलकि प्रेम उमँगि रोमांच ह्वै आयो कंठ रुकिगयो नयनन ते अश्रुनीर बहन लगेउ पुनः कर जो हाथ तिनको जोरि सावधान कहे इन्द्रिय मनादि स्थिर करि स्तुति करने लगे ११ ॥

११छंद त्रिभंगी
जयजय सुरनायक जनसुखदायक प्रणतपाल भगवंता।
गोद्विजहितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रियकंता ॥
पालन सुरधरणी अद्भुतकरणी मर्म न जानै कोई।
जो सहजकृपाला दीनदयाला करहु अनुग्रह सोई १२
जयजय अविनासी सबघटवासी व्यापक परमानन्दा।
अविगत गोतीता चरितपुनीता मायारहित मुकुन्दा ॥
ज्यहि लागि विरागी अतिअनुरागी विगतमोह मुनिवृन्दा।
निशिवासर ध्यावहिं गुणगण गावहिं जयति सच्चिदानन्दा १३
ज्यहि सृष्टि उपाई त्रिविध बनाई संग सहाय न दूजा।
सो कर अघहारी चिंत हमारी जानिय भक्ति न पूजा ॥

जो भवभयभंजन मुनिमनरंजन गंजन विपति वरूथा।
मनवचक्रमबानी छांड़ि सयानी शरण सकलसुरयूथा १४
शारद श्रुति शेषा ऋषयअशेषा जाकहँ कोउ नहिं जाना।
जेहि दीन पियारे वेद पुकारे द्रवो सो श्रीभगवाना॥
भववारिधि मन्दर सबविधि सुन्दर गुणमन्दिर सुखपुंजा।
मुनिसिद्धसकलसुर परमभयातुर नमतनाथ पदकंजा १५
दो० जानि सभयसुर भूमि सुनि, वचन समेत सनेह॥
गगनगिरा गंभीर भइ, हरणि शोक संदेह १६

११ सिंधुकी सुता लक्ष्मीजी तिनके प्रियकंत तिनके प्रियके अर्थ सदा क्षीरसागर ही में रहत तिनकी जय होय जय होय प्रेमते द्वैवार कहे वा वर्तमान भविष्यमें वा द्वैवारकी रीतिहै आप सुरन के नायक पालनकर्ता हौ ते सब देवता दुःखित हैं तिनकी रक्षा करौ पुनः अपने जनन के सुख देनहारे हौ ते सज्जन सब पीड़ित हैं तिनको सुखी करौ पुनः भगवंत हौ षट्ऐश्वर्ययुक्त ताते प्रणत जो शरणागत तिनके पालनकर्ता हौ सो देवता मुनि रावण के भयते आपकी शरण हैं तिनको पालन करौ कैसे रावणको मारि काहेते आप असुर दैत्यनके अरि हौ सदैव दैत्यनको नाश करत आयेहौ कौनहेतु गौवनके अरु द्विजनके हितकारी रहेउ तिनको दुःखदायक असुर याते असुरनके अरि बने रहेउ तबौं जयमान रहेउ यह भूतकालमें जय भई इतनी स्तुति क्षीरशायीके अवतार हेतुहै जाकल्प में हरगण रावण भयो तब सब देवनयुत सधेनुरूपभूमिसहित ब्रह्मा क्षीरसागर को गये यथा अध्यात्मे॥ भूमिर्भारेण मग्ना दशवदनमुखाऽशेषरक्षोगणानां धृत्वा गोरूपमादौ दिविजमुनिजनैः साकमब्जासनस्य। गत्वा लोकं रुदन्ती व्यसनमुपगतं ब्रह्मणे प्राह सर्वं ब्रह्मा ध्यात्वा मुहूर्तं सकलमपि हृदावैदशेषात्मकत्वात्॥ तस्मात्क्षीरसमुद्रतीरमगमद्ब्रह्माथ देवैर्वृतो देव्या चाखिललोकहृत्स्थमजरं सर्वज्ञमीशं हरिम्। अस्तौषीच्छ्रुतिसिद्धनिर्मलपदैः स्तोत्रैः पुराणोद्भवैर्भक्त्या गद्गदया गिरातिविमलैरानन्दवाष्पैर्वृतः॥ अब वैकुंठवासी के दोऊ अवतारनके हेतु कहत पालन सुरधरणी सुर देवता धरणी भूमि ताके पालनहारहौ अर्थात् जा समय जलन्धर दैत्य भयो तब भूमि अरु देवता दोऊ दुःखित भये तब उपाय करि जलन्धर को नाश करायो तहां जलन्धर ते तौ शिवजी युद्ध करते रहैं वाकी स्त्री पतिव्रता रहै ताके तेजते शिव न मारिसके तब आप सहज निर्हेतु कृपा सुर भूमि पर छलकरि वाकी स्त्रीको व्रत टारेउ तब शिव जलन्धरको मारे सोई जलन्धर

अब रावण भयोहै ताके भयते सुरभूमि पुनः दुःखितहै आपकी शरण है ताते जो सहज कृपाल जलन्धर के समय कृपा कीन्हेउ सोई अब पुनः अनुग्रह करौ अर्थात् रावण को मारि भयते उबारौ इति जलन्धर रावण के हेतु विष्णुको अवतार हेतु पुनः जय विजय हेतु यथा आपुकी अद्भुत करणी है ताते मर्म हाल कोऊ नहीं जानिसकत अर्थात् सनकादि ऐसे महात्मा क्रोधवश भये तिनके शापमिस द्वारपाल तीनजन्म असुर भये सो जब हिरण्यकशिपु भयो तब देव व प्रह्लादको दीन देखि खंभ फोरि नृसिंह ह्वै रक्षा कीन्हेउ सोई अब रावण ह्वै सबको दुःखदायक भयो ताते भूमि अरु देवादि आपकी शरण हैं तिनको दीन देखि हे दीनदयालु ! सोई अनुग्रह पुनः करौ रावणको मारि देवादि की रक्षा करौ यह विष्णुके अवतार हेतु वैकुंठनाथ की स्तुति है यथा वाल्मीकीये ॥ सिद्धगन्धर्वयक्षाश्च ततस्त्वां शरणं गताः । त्वं गतिः परमा देव सर्वेषां नः परन्तप ॥ वधाय देवशत्रूणां नृणां लोके मनः कुरु ॥ एवं स्तुतस्तु देवेशो विष्णुस्त्रिदशपुङ्गवः १२ अब साकेतविहारी के अवतार के हित अन्तर्यामी रूप को संबोधन दै साकेतविहारीकी स्तुति करत यथा ॥ न विनाशी अविनाशी विनाशस्स्याददर्शनम् ॥ इत्यमरः जाको अदर्शन कबहूं नहीं सदा अखण्ड एकरस प्रकाश स्वरूप है ताको ऐसा अविनाशी प्रभु जो सब घटमें वास किहेहै कैसे यथा अनेकन कुम्भन में एकसूर्य सबमें प्रकाशमान तथा सब भूतन में प्रभुको प्रकाश है यथा ब्रह्माण्डे श्रीरामवाक्यं वशिष्ठं प्रति ॥ यथा सर्वेषु कुम्भेषु रविरेकोपि दृश्यते । तथा सर्वेषु भूतेषु चिन्तनीयोऽस्म्यहं मुने ॥ कैसे बसे हैं व्यापक अंतर बाहर परिपूर्ण कैसे व्यापक हैं परमानन्दरूप ते कैसा परमानन्दरूप है अविगत न विगत अविगत यथा ॥ निष्प्रभे विगतारोकौ ॥ इत्यमरः विगत कही दीप्तिहीन को सो जाकी दीप्ति सदा एकरस रहत कैसी दीप्ति है गोतीता गो कहे इन्द्रिय तिनते अतीतनाम बाहर है अर्थात् जबतक इन्द्रियन की विषय शब्द स्पर्श रूप रस गन्धादिकन में जीवकी वासनारूप दृष्टि बनी है तबतक प्रभुकी दीप्ति देखने में अतीत नाम अदर्शन है यथा ॥ अस्मातीतेऽस्तमदर्शने ॥ इत्यमरः पुनः जाको नाम रूप लीलाधाम कीर्ति यश प्रताप गुण ऐश्वर्य माधुर्य मिश्रित लीलादि जा प्रभुको चरित पुनीत नाम पवित्र अर्थात् स्वाभाविक पापनाशक है यथा भागवते ॥ रामस्य कोशलेन्द्रस्य चरितं किल्विषापहम् ॥ पुनः ॥ शृण्वन्रामकथानादं को न याति परांगतिम् ॥ पुनः कारण मायारहित अर्थात् सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि जे

माया के विकार हैं ते जिनमें लेशमात्र नहीं छुइजात ऐसे मुकुन्द जो भगवान् परमात्मरूप सर्वोपरि हैं ज्यहि लागि जा प्रभुकी प्राप्तिके अर्थ विगत मोह मोह जिनको विगत नाम छूटिगा है ऐसे वृन्दनाम समूह मुनिजन मननशील ते जेहिरूप के अत्यन्त करिकै अनुरागी होत अर्थात् सदा एकरस प्रीतिसहित ध्यान किये रहत यहिविधि ते निशिवासर रातिउ दिन ध्यावहिं ध्यान स्मरणादि अन्तरते करते हैं पुनः वाणीते जाके गुण उदारता सौशील्यता कृपा दयादि दिव्यगुणन के गण तिनको गान करते हैं ऐसे सच्चिदानन्द सत् चैतन्य आनन्दरूप प्रभुकी जय होय इहां अन्तर्यामीरूप को संबोधन दैकै साकेतविहारी की स्तुति करत काहेते जो अनुरागपद दीनहै सो उपासना दर्शावत काहेते अन्तर्यामी रूपमें केवल आनन्दमात्र है जब ऋषिन को अनुराग वर्णन तौ उपास्य उपासक उपासना तीनपद दर्शित होत यथा ब्रह्मसूत्रे॥ एक आत्मनः शरीरे भावात् अस्यार्थः पूर्वत्रयाणामेव चैवमुपन्यासः प्रश्नश्चेत्यनेन त्रयाणामप्युपास्योपासकोपासकानां स्वरूपस्य सर्वासु परिविद्यासु ज्ञेयत्वमुक्तं वक्ष्यति चोपासकस्यात्मतया परमात्मनोपास्य उपासकश्चोपास्यात्मकतयानुसंधेयः यद्वा शरीरे वर्तमानस्योपासितुरात्मनस्तथा भावान्नहि कर्मणां कर्तृत्वाद्व्यतिरेके साफलानुभवदशायां यादृशं रूपं तादृशं साधनानुष्ठानदशायामनुसंधीयते तावतैव साधनानुष्ठानतत्फलयोः संभवात् तथैवोपासकस्यापि देहस्थस्य यादृशं रूपं तावतैवोपासनानुष्ठानतत्फलयोः सिद्धेः १२ ज्यहि अविनाशी प्रभुने सृष्टि जो ब्रह्माण्ड रचना है ताकी उपाय युक्ति रज तम सतादि तीन विधिते बनाई है राजसगुणते ब्रह्मा उपजावते हैं सतोगुणते विष्णु पालन करते हैं तमोगुणते महेश संहार करते हैं अथवा सृष्टिके उपाय हेतु ब्रह्म जीव माया बनाया अथवा एक ब्रह्मसृष्टि जे सदा तुरीय अवस्था में प्राप्त रहते हैं यथा महेशादि दूसरी ईश्वरी सृष्टि जो ईश्वरतत्त्व प्राप्त है यथा सनकादि तीसरी जीवसृष्टि है जामें सब संसार है यहि तीन विधि के उपायते सृष्टि बनाई जाके संग में सहायकर्ता दूसरा नहीं अर्थात् सदा स्वतन्त्र हैं स्वइच्छित कार्य करते हैं काहूकी सहायता नहीं चाहत सोई अघ कहे पापके हरणहार हे प्रभु! हमारी चितवन अर्थात् हमारी दिशि कृपादृष्टि ते देखो भाव पापहर्ता हौ हम रावणरूप पापते पीड़ित हैं सोऊ हरो कदापि कहौ कुछ भक्ति पूजा करौ तब तौ तुम्हारी सहायता करैं सो आर्तके काहूबात को चेत नहीं रहत ताते आर्तिवश हम भक्ति पूजा कुछ नहीं जानते हैं केवलकृपागुणके भरोसे रक्षा चाहते हैं यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव

परो विभुः । इतिसामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ भव संसार ताके भय जन्ममरणादि ताको भंजन नाम नाशकर्ता अर्थात् मृतकसमय एक बार नाम लीन्हे जो प्रभु भवते उबारिलेत पुनः मुनिजन जे सदा ध्यान स्मरणमें मन राखते हैं तिनके मनको रंजन कहे जो आनंददायक है पुनः जे आर्तजन शरण आवते हैं तिनके वरूथ नाम समूह विपत्तिको गंजन नाम नाशकर्ता जो प्रभु हैं ताही की शरणागत सकल सुर जो देवता तिन के यूथ हैं कौन प्रकार मन करिकै आर्त कर्मकरिकै हाथ जोरे वाणीकरिकै आपको पुकारते इत्यादि सयानी जो चतुराई ताको छांड़िकै शुद्ध आर्तहै आपकी शरण हैं काहे आप शरणागतके प्रतिपालकर्ता हौ १४ शारदादि यावत् विद्वान्हैं श्रुति जो वेद है शेषादि यावत् कवि हैं ऋषय सनकादि नारदादि अशेष समग्र ऋषीश्वर जा प्रभुको कोऊ नहीं जानि सकत अर्थात् आपके साकेतधाममें काहूकी गति नहीं ताते आपको रूप किसीने देखा नहीं महारामायणे ॥ गोलोकाच्च परं ज्ञेयं साकेतान्तःपुरप्रियम् । गोप्यागोप्यतरा गोप्या सायोध्यातीवदुर्लभा ॥ पुंसामगोचरस्थानं सखिदासविवर्जितम् । महापुरुषरूपेण श्रीरामो हि विराजते ॥ ताते कोऊ नहीं जानत तो तुम्हारी पुकार कैसे सुनैंगे ताहेतु कहत कि जेहि प्रभुको दीनजन पियारे हैं अरु हम दीनहैं कैसे जानेउ कि दीन पियारेहैं सो कहत कि दीनबंधु दीनदयालादि नाम वेदने पुकारिकै कहेउहै सो लोकमें प्रसिद्ध है ताते हमारी दीनन की पुकार सुनि सोई भगवान् षट्ऐश्वर्ययुत जो श्रीभगवान् द्रवो प्रसन्नहोउ भववारिधि संसारसागर ताके मथिबेको मंदराचल आपको नाम ताको मथि शांति संतोषादि अमृतगुण देव सज्जननको देते हौ पुनः स्वरूप सुशीलतादि सबविधि के जो सुंदर गुण हैं तिनके मंदिर कहे दिव्य गुणन के धाम हौ पुनः सुखपुंज समूह आनंदस्वरूपहौ ऐसा आपको जानि मुनि मननशील जन अरु अणिमादि प्राप्तिवाले सिद्धजन अरु इंद्रादि सकलसुर देवतादि सब हे नाथ ! आपके पदारविंदन को नमत नाम नमस्कार करते हैं यह अंतर्यामीरूप को संबोधन दै साकेतविहारी अवतार हेतु स्तुति है यथा ऋग्वेदे मन्त्ररामायणे ब्रह्मणः स्तुतिः ॥ महाभोदेवताया एक आत्मा बहुधातुयत एकस्यात्मनोन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्त्यपि च सत्त्वानां प्रकृतिभूमिभिर्ऋषयः स्तुवन्तीत्याहुः प्रकृतिसर्वनाम्नाचेतरेतरजन्मानो भवन्तीतरेतरप्रकृतयः कर्मजन्मान आत्मजन्मान आत्मैवैषां रथोभवत्यात्माश्वा आत्मायुधमात्मेषव आत्मा सर्वं देवस्य देवस्येति इति ब्रह्मणः स्तुतिः १५ दोहार्थ ॥ इत्यादि सनेह प्रीति सहित ब्रह्माजी के वचन सुनि परम प्रभु

जानि लियो कि सुर जो समग्रदेवता अरु भूमि इत्यादि सभय रावण के डरते भयातुर हैं तिन सबके संतोष हेतु काहेते जो सबके शोक नाम दुःख हैं ताके मिटिजाने में जो संदेह है कि अवतार होई अथवा न होई इत्यादि शोकसंदेह हरणहारी गंभीर जाके अर्थकी कोऊ थाह न पावै ऐसी गिरा नाम वाणी गगननाम आकाशते भई १६ ॥

१२ जनिडरपहु मुनिसिद्ध सुरेशा। तुमहिं लागि धरिहौं नरवेशा १७
अंशनसहित मनुज अवतारा। लेहौं दिनकरवंश उदारा १८
कश्यप अदिति महातप कीन्हा। तिनकहँ मैं पूरब वर दीन्हा १९
ते दशरथ कौशल्या रूपा। कोशलपुरी प्रकट नरभूपा २०
तिनके गृह अवतरिहौं जाई। रघुकुलतिलक सुचारिउ भाई २१
नारदवचन सत्य सब करिहौं। परम शक्तिसमेत अवतरिहौं २२
हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु देवसमुदाई २३
गगन ब्रह्मवाणी सुनि काना। तुरत फिरे सुर हृदय जुड़ाना २४
तब ब्रह्मै धरणिहि समुझावा। अभय भई भरोस जिय आवा २५

दो० निजलोकहि विरंचिगे, देवन यहै सिखाय ॥
वानरतनु धरि धरणिमहँ, हरिपद सेवहु जाय २६

१२ क्या आकाशवाणी भई कि हे मुनि, सिद्ध, सुरेशइंद्रादिको! तुमहिं लागि तुम्हारे दुःख हरण हेतु मैं नरवेष धरिहौं ताते अब रावणको जनि डरो भाव निश्चय वाको नाश जानि लेउ साकेतविहारी तौ द्विभुज धनुर्धारी सदा नराकार हैं यहां नरवेष धरना क्या है वहां सदा किशोर अवस्था है यहां बाल, कुमार, पौगंड, किशोर इत्यादि जन्म पीछे तनुकी वृद्धि सोई नरवेष है अथवा वहां भूषण वसन सदा दिव्य एकरस रहत यहां रोज उतारि सेवकन को दैदेना नित्य प्रतिदिन नवीन धारण करना इति नरवेष अथवा वहां संस्कारादि को प्रयोजन नहीं यहां जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, यज्ञोपवीत, विवाहादि संस्कार इति नरवेष १७ यह आकाशवाणी साकेतविहारी के वचनहैं पुनः कहत कि दिनकर कहे सूर्यवंश जो उदार है तेहिविषे अंशनसहित मनुज अवतार लेहैं अंश कहे भाग यथा एकमें कईभाग यथा रुपैयामें दुअन्नी, चवन्नी, अठन्नी आदि सब रुपैयाको अंश हैं यथा अंशभागौ तु वगटकः इत्यमरः॥ तथा ईश्वरतत्त्व कईजगह मूर्तिमान् होना तहां रुपया पूर्णावतार दुअन्नी आदि अंशावतार हैं इत्यादि अंश जो भरत

लक्ष्मण शत्रुहन तिन सहित चारिउ भाई जो सदा साकेतलोकमें वर्तमानहैं तिन सहित मनुज अवतार लेहौं मनु कहे स्वायंभुवमनु तिनते जा नाम उत्पन्न ह्वैहौं अर्थात् सूर्यवंश में स्वायंभुवमनु आइ दशरथ भये तिनको पुत्र होउँगो यह अवतार गुप्तरूप भया याते मनु महाराज को दशरथ होना प्रसिद्ध नहीं कहे मनुजपद में गुप्त कहिदिये अरु अंशनसहित यथा यहां कहत सोई बात मनु महाराजके वरदान समय कहे हैं यथा ॥ अंशन सहित देहधरि ताता। करिहौं चरित भक्तसुखदाता ॥ सोई हेतुते यहौं कहे कि अंशनसहित मनु को ज नाम पुत्र होउँगो अरु जो कहे कि दिनकरवंश उदार में अवतार लेहौं याको भाव कि विशेष उदारतागुण प्रकट करौंगो उदारता काको कही जो देश काल पात्र कुपात्र न विचारै स्वार्थरहित याचकमात्रन को मनवांछित दान देना सोई उदारता है यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात्। वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः॥ इत्याकुलमनोरामः कीर्त्याकृष्टसदुत्तरः। सर्वाञ्जीवानम्भोधिं तारयेयमिति प्रभुः १८ अब जो चतुर्भुजके तीन अवतार भये अर्थात् यहि ग्रन्थमें तीन अवतार वर्णन कीन्हे तिनमें कश्यप अदिति दशरथ कौशल्या भये हैं ता हेतु प्रथमै कहेते यह वाक्य तीनिहूं में फलित है चतुर्भुज भगवान् कहत कि कश्यप अदिति मेरे हेतु महा बड़ी तपस्या कीन्ही है तिनको मैं पूर्वही वरदीन्हों है कि मैं तुम्हारो पुत्र होउँगो १९ तेई कश्यप दशरथरूप अदिति कौशल्यारूप नरभूप राजा ह्वै कोशलपुरी अयोध्याजी में प्रकट भये हैं २० तिनके तिन दशरथके गृह घरमें पुत्र ह्वैजाइ अवतरि हौं यहां नरभूपके घर में अवतरि हौं नररूप धारण करिहौं भाव चतुर्भुजते द्विभुज धनुर्धारीरूप धारण करौंगो यह जलंधर रावण के समयकी वाक्य वैकुंठवासी की है अब जय विजय रावणके समयकी वाक्य कहत रघुकुलमें कश्यप अदिति आइ दशरथ कौशल्यारूप अयोध्याजी में प्रकट हैं तिनके पुत्र इति रघुकुल में तिलक नाम श्रेष्ठ चारिउ भाई ह्वै अवतरि हौं २१ अब हरगण रावणके समयके क्षीरशायी भगवान् की वाक्य है नारद वचन नारदका शाप यथा॥ वंचेहु मोहिं जौन धरि देहा। सो तनु धरहु शाप मम येहा ॥ इत्यादि नारद के वचन सब सत्य करिहौं अर्थात् नर राजकुमार रूप धरिहौं परमशक्ति लक्ष्मीजी समेत अवतार धरिहौं कहा सो पूर्वहीते बोध होत कि कश्यप अदिति दशरथ कौशल्यारूप अयोध्याजी में प्रकट हैं तिनके घरमें चारि भाई ह्वै अवतरि हैं इन तीन अवतारन में शेषजी लक्ष्मण भये शंख भरत भये सुदर्शन शत्रुहन भये २२ सकल देवतनका भय भूमिकी गरुआई

इत्यादि हरिहौं ऐसा जानि समुदाय समूह देवतहु ! निर्भयहोहु अब रावण का भय न मानो २३ अब क्षीरशायी की वाणी वैकुंठवासी की वाणी अन्तर्गत कहत हे पार्वति ! गगन की ब्रह्मवाणी को अपने कानन ते सुनि तसरहे सो हृदय जुड़ान ताते देवता तुरतही फिरे अपने सुभीतेको चले २४ तब धरणी जो है पृथ्वी ताको ब्रह्माजी समुझाये कि धैर्य धरौ कुछइ काल तुम्हारे ऊपर भारहै तब प्रभुके अवतार होनेको जीवमें भरोसा आवा ताते अभय भई रावण का डर छूटि गयो २५ दोहार्थ ॥ पुनः देवतन ते कहे कि वानरनको तनु धरि धरि धरणी पृथ्वी बिषे जाइ हरिके पद सेवहु भाव अब वानर ह्वै भूमिमें बसो जब रघुनाथजी वनको आवैं तब सेवा में रहेउ यहे उपाय देवतनको सिखाय विरंचि ब्रह्माजी निजलोक को चलेगये २६ ॥

१३ गये देव सब निज निज धामा। भूमिसहित मनकहँ विश्रामा २७
जो कछु आयसु ब्रह्मै दीन्हा। हर्षे देव विलंब न कीन्हा २८
वनचर देह धरी क्षिति माहीं। अतुलित बल प्रताप तिनमाहीं २९
गिरितरु नख आयुध सब वीरा। हरिमारग जोवहिं मतिधीरा ३०
गिरिकानन जहँ तहँ महि पूरी। रहे जहँ तहँ अनीक रुचि रूरी ३१
यह सबचरित रुचिर मैं भाखा। अबसो सुनहु जु बीचहि राखा ३२

१३ भूमि सहित सबके मन जो व्याकुल रहैं सो मनकहँ विश्राम पाइकै सब देवता निजनिज धामनको गये २७ पूर्व वानरतनु धरिबेको जो ब्रह्माजी आज्ञा दीन्हेउ रहै सो सुनि हर्षे खुशी भये ताते देवता विलंब नहीं किये तुरतही वानरतनु धरे २८ वनचर वा वानरनको तनु धरि क्षिति नाम पृथ्वी विषे आइ रहे तिनमाहीं तिनके तनुमें ऊपर अतुलित प्रताप भीतर अतुलित बल सो लंकामें प्रसिद्ध होई २९ गिरि जो पर्वत तरु जो वृक्ष अरु नख येई जिनके आयुध नाम हथियार हैं पुनः मतिके धैर्यवान् ऐसे सब वानर वीर ते हरि श्रीरघुनाथजीका मार्ग निहारते हैं कि कब आवैंगे ३० इसी भांति गिरि पहाड़नमें कानन कहे वनमें जहांहैं तहां भूमि पूरि कहे भरीहै रूरी नाम सुंदरि अनीक नाम सेना रचिकै जहां तहां छाय रहे ३१ हे पार्वति ! यह सब चरित रुचिर सुन्दर मैं भाषा कहा अब सो चरित सुनहु जो बीच में राखि छांड़ा जो मनु शतरूपा दशरथ कौशल्या आइ भये यह बाकी है सो अब सुनहु ३२॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे देवस्तुतिव्योमवाणीवरदानवर्णनंनाम
त्रिंशः प्रकाशः ३० ॥

१४ अवधपुरी रघुकुलमणि राऊ। वेदविदित त्यहि दशरथनाऊ १
धर्मधुरंधर गुणनिधि ज्ञानी। हृदयभक्ति मति शारँगपानी २
दो० कौशल्यादि नारिप्रिय, सब आचरण पुनीत ॥
पतिअनुकूल सुप्रेम दृढ़, हरिपदकमल विनीत ३
एकबार भूपति मनमाहीं। भै गलानि मोरे सुत नाहीं ४
गुरुगृह गये तुरत महिपाला। चरणलागि करि विनय विशाला ५
निजदुखसुख सब गुरुहिं सुनावा। कहि वशिष्ठ बहुविधि समुझावा ६
धरहु धीर ह्वैहैं सुत चारी। त्रिभुवन विदित भक्तभय हारी ७
शृङ्गीऋषिहि वशिष्ठ बुलावा। पुत्रकाज शुभ यज्ञ करावा ८
भक्तिसहित मुनि आहुति दीन्हे। प्रकटे अगिनि चारु कर लीन्हे ९
जो वशिष्ठ कछु हृदय विचारा। सकलकाज भा सिद्ध तुम्हारा १०
यह हवि बाँटिदेहु नृप जाई। यथायोग्य ज्यहि भाग बनाई ११
दो० तब अदृश्य पावक भये, सकल सभहिं समुझाइ ॥
परमानन्द मगन नृप, हर्ष न हृदय समाइ १२

१४ अवधि कहे मर्यादा अर्थात् धर्मकी अवधि भक्ति मुक्ति ज्ञान सुकृत पावनादिकी अवधि वा भगवत्पुरिनकी अवधि इति अवधपुरी श्रीअयोध्याजी में जो रघु महाराज भये जे धर्म वीरता उदारतादि सबभांति ते उत्तम भये तिनके कुलमें शिरोमणि दशरथ नाम राव राजा जो वेदमें विदित वेदमें प्रसिद्धहैं अथवा षडंगयुत चारिउ वेदमूर्तिमान् दशांगते दशरथ नाम विदित हैं पुनः ज्ञानशक्ति कौशल्या हैं उपासनाशक्ति सुमित्राहैं क्रियाशक्ति कैकेयी हैं यथा शिवसंहितायाम् ॥ आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वश्चार्थदर्शनम्। इतीमानि दशाङ्गानि रथनामानि यस्य सः ॥ ज्ञेयो दशरथो वेदः साध्यासाधनदर्शनः। यज्ञेशो यज्वनां वंश इक्ष्वाकूणां महात्मनाम् ॥ क्रियाज्ञानं तथोपास्तमिति शक्तित्रयीशितुः। एकैकबाहुविस्तारात्फलस्फालात्प्रमात्मिकाम् ॥ तासां क्रिया तु कैकेयीं सुमित्रोपासनात्मिकाम्। ज्ञानशक्तिश्च कौशल्यां वेदो दशरथो नृपः ॥ १ कैसेहैं दशरथ महाराज धर्मधुरीण सत्य शौच दया दानादि अंगन सों परिपूर्ण जो धर्म ताकी धुरी जो धर्मको भार ताके धारण करने वाले हैं पुनः धैर्य शील उदारता वीरतादि गुणन के निधि जिनमें परिपूर्ण है पुनः ज्ञानी आत्मतत्त्वके ज्ञाताहैं पुनः शार्ङ्ग धनुष पाणिमें है जिनके ऐसे श्रीरघुनाथजीकी भक्ति हृदयमें है ताहीमें सदामति बुद्धिलीन रहत २

दोहार्थ ॥ कौशल्या आदि यावत् दशरथ महाराजकी प्रिया नारीहैं ते धर्म के सब आचरणमें पुनीत पवित्रहैं कौन आचरण सो कहत कि पतिअनुकूल कहे पतिव्रता हैं पुनः हरिके पदकमलन में सुंदर दृढ़ करिकै प्रेमहै पुनः विशेष नीतिमार्गमें रत भाव नीति भक्तिपतिव्रत सब परिपूर्णहै ३ और तो सब सुख भरिपूर है परन्तु पुत्रहीन हैं याते एकबार एकादिन भूपति महाराज दशरथजी के मनमें ग्लानि भई शोचते हर्षरहित भये कि मोरे पुत्र नहीं यह सुखमें हीनता है ४ जेहिसमय ग्लानि भई तबहीं तुरतही महिपाल दशरथ महाराज शोचनिवारणार्थ गुरु वशिष्ठजी के गृह घरको गये विशेष प्रयोजन ते आपही गये बुलाये नहीं जाय चरण लागि वशिष्ठजी के पाँयन में दण्डप्रणाम करि पुनः विशाल नाम बड़ीभारी विनती करे जामें प्रसन्न होइँ ५ निज अपनो पुत्रहीनता एक यही दुःख अरु राज्य कोश मंत्री वाहन स्त्री यश प्रतापादि सब सुख इत्यादि सब गुरुहि वशिष्ठजी सों कहि सुनाये कि आप सर्वज्ञ समर्थ हौ हमारे दुःख मिटनेका उपाय बतावो क्योंकि पुत्रहीन पुरुष लोकमें निंदित है इत्यादि वचन सुनि वशिष्ठजी बहुत विधि की बातैं कहिकै दशरथजी को समुझायो ६ क्या वशिष्ठजी समुझाये कि हे राजन् ! धैर्य धरहु अर्थात् पुत्रकी कामनावश मनको व्यग्र न करो थिर राखो काहेते तुम एक पुत्रको शोच करते हौ तुम्हारे चारि पुत्र होइँगे कैसे जे अपने यश करिकै त्रिभुवन में विदित होइँगे क्या नाम विदित होई भक्तन के भयहारी या वचनते पूर्वजन्म मनुरूप में जो वरदान पाये रहैं ताही को प्रसिद्ध कहत यथा ॥ अंशनसहित देह धरि ताता । करिहौं चरित भक्त सुखदाता ॥ सोई कहत तीन अंशनसहित अंशी प्रभु अवतरि हैं इति चारिपुत्र पुनः करिहौं चरित इति उत्तम चरितन करि त्रिभुवनमें विदित होइँगे पुनः भक्त सुखदाता ताते भक्त भयहारी कहे ७ शृङ्गीऋषि को वशिष्ठ जी बुलायो तिनको आचार्य थापि पुत्रप्राप्तिकार्य शुभमाङ्गलिक यज्ञ करवाये विभांडक पुत्र शृङ्गीऋषि गङ्गातट शृङ्गीरामपुरमें वास विरक्त रहे एक समय पटनाधीश रोमपाद के देशमें अवर्षण भयो ता हेतु अप्सरा पठाय बड़ी युक्तिते शृङ्गीऋषि को बुलायो तिन यज्ञकरि जल वर्षायो पुनः शान्ता कन्या को विवाहि दियो निकट विशालापुरी में रहे तहाँ बन्धुवर्ग वीरसिंह को दशरथजी पठायो ते शृङ्गीऋषि को बुलाइ लायो तिनसहित वशिष्ठजी यज्ञ प्रारम्भ करे ८ सरयूपार मनोरमा नदीके दक्षिण तट यज्ञशाला रचे चैत्रशुक्ल अष्टमी को घोड़ा छोरि यज्ञ प्रारम्भ करे अनेक राजा ऋषिन सहित भक्तिपूर्वक पुत्रहेतु अग्निमें आहुती देत रहे वर्ष बीते उसी अष्टमी को घोड़ा

आयो यज्ञ पूर्णभयो चन्द्रवार मध्याह्न समय चारु नाम सुन्दर पदार्थ सहित सुवर्णको पात्र करमें लिहे अग्निदेव प्रकट भये ९ अग्नि बोले कि हे वशिष्ठजी ! जो मनोरथ हृदयमें विचारा भाव महाराजके पुत्र होवैं त्रिलोक विजयी प्रतापवान् भूभारहर्ता धर्मरक्षक अर्थात् रामावतार इत्यादि सकल कार्य तुम्हारा सिद्ध भयो ऐसा कहि वह पात्र पायसभरा वशिष्ठजी को दै दियो १० प्रथम पात्रमात्र देखानो ताते नाम नहीं कहे जब वशिष्ठ देखा कि पायस है तब प्रसिद्ध नाम कहे वा यज्ञपायस को नाम चरु है अपभ्रंश ते चारु कहे वशिष्ठजी कहे कि जेहि रानी को यथा कहे जौनी प्रकार को अधिकार है ताके योग्य भाग बनायकै हे राजन् ! यह हवि जो खीर ताको जाय रानिन को बांटि देउ अथवा अग्नि ही बोले हे राजन् ! जो वशिष्ठजी विचार्‌यो सो तुम्हारा कार्य सिद्ध भया ताहेतु यह हवि जाय बांटि देउ ११ दोहार्थ ॥ भागार्थ सब देवरहैं भूमि के अनेकन राजा अनेकन ऋषीश्वर जहां हैं ऐसी सकल सभा को समुझाय सबके मन थिर करि तब पावक जो अग्नि सो अदृश्य अन्तर्धान भयो कार्य सिद्ध जानि समाज सहित नृप दशरथ महाराज परम आनन्द में मग्न आनन्द में मन डूबिगयो हर्ष हृदय में नहीं समात ताते तनु में रोमांचादि ह्वै आयो १२ ॥

१५ तबहिं राव प्रिय नारि बुलाईं। कौशल्यादि तहाँ चलिआईं १३
अर्द्धभाग कौशल्यहि दीन्हा। उभयभाग आधेकर कीन्हा १४
कैकेयी कहँ सो नृप दयऊ। रह्योसो उभयभाग पुनि भयऊ १५
कौशल्या केकयी हाथधरि। दीन्ह सुमित्रहि मन प्रसन्नकरि १६
यहिविधि गर्भसहित सब नारी। भयउ हृदय हर्षित सुखभारी १७
जादिनते हरि गर्भहि आये। सकललोक सुख संपति छाये १८
मन्दिर महँ राजहिं सब रानी। शोभाशील तेज गुणखानी १९
सुखयुत कछुककाल चलिगयऊ। ज्यहि प्रभुप्रकट सोअवसरभयऊ २०

दो० योग लग्न ग्रह वार तिथि, सकल भये अनुकूल ॥
चर अरु अचर हर्षयुत, रामजन्म सुखमूल २१

१५ तबहीं ताही समय राव महाराज दशरथजी प्रिया नारी जे मुख्य हैं तिनको बुलायो सो सुनि कौशल्या आदि कौशल्या कैकेयी सुमित्रा तहां महाराज के ढिगको चलिआईं १३ कृताभिषेका पाटमहिषी अर्थात् रानिन में श्रेष्ठ जानि कौशल्याजीको अर्द्धभाग दीन्हे अर्थात् संपूर्णमते आधा पुनः

जो आधा वाकी रहा तामें उभय नाम दुइ भाग कीन्हे यथा सेरमें आधसेर कौशल्याको दीन्हे बाकीरहा आधसेर तामें पाव पावके द्वै भाग कीन्हे १४ पुनः दोऊमते एक अर्थात् पावभरि सो महाराज ने कैकेयीजी को दियो पुनः जो बचेउ अर्थात् पावभरि तामें पुनः उभय भाग भयो अर्थात् आध आध पावके द्वै भाग करे १५ तिन दोउनते एकभाग कौशल्याजीके हाथपर धरे दूसरा कैकेयीजी के हाथपर धरे याभांति दोऊ रानिनको मन प्रसन्न करि पुनः दोऊभाग सुमित्राजीको महाराजने दीन्हे भाव सुमित्रा के पुत्र तुम्हारे पुत्रकी सेवाके अधिकारी होइँगे यहां काहेते दोऊ रानिनको मन प्रसन्न करे तहां सुमित्रा साधारण रानीहैं अरु कौशल्या कैकेयी अधिकारीहैं कौनभांति कि कौशल्या तौ पाटमहिषी प्रथमहिं की श्रेष्ठ हैं याते राज्यको अधिकारी इनहींको पुत्र होना चाही पुनः कैकेयीके विवाहके पूर्वही गर्गाचार्य को पठाय दशरथजीसों लिखायलियो कि राजतिलक कैकेयीके पुत्रकोदेइँगे यथा सत्योपाख्याने गर्गवाक्यं दशरथं प्रति ॥ प्रेषितोहं नरेन्द्रेण काश्मीरस्याधिपेन च । तुभ्यं दास्यति कन्यां स समयेन नराधिप ॥ समयं शृणु भो राजन्निति तस्य महीपतेः । कैकेय्यां मम कन्यायां यस्तु पुत्रो भविष्यति ॥ तस्मै राज्यं ददात्वेवं गृह्णातु मम कन्यकाम् । अनेन समयेनापि विवाहं कुरु भूमिप ॥ हृदि निश्चित्य राजा च वशिष्ठादिभिरात्मवान् । निश्चयं चात्मनः कृत्वा गर्गमाह कृताञ्जलिः ॥ यथा वदसि भो विप्र तत्तथा करवाण्यहम् । याते कैकेयी भी अधिकारी हैं १६ यहिविधि पायस भोजन करि कौशल्या कैकेयी सुमित्रा इति सब नारी दशरथ महाराज की रानी गर्भसहित भईं याते हृदयते हर्षित कोखि सफल विचारि भारी सुख भयो १७ हरिर्हरति पापानि पापको जो हरै ताको हरि कही यहां रावणरूप पाप ताको हरनेवाले हरि श्रीरघुनाथजी जादिनते गर्भहि आये अर्थात् श्रीरामावतार हेतु जादिन गर्भाधान संस्कार भयो तबते मनचाही वस्तु होनहारी जानि ताकी प्यासते सब को ध्यान प्रभुमें लागि गयो ता प्रभावते सकल लोकन में सुख संपत्ति छाय रहेउ अचल वास कीन्हेउ १८ राजमन्दिरन में तीनों रानी सबकैसी विराजमानहैं यथा शोभा शील तेज गुणकी खानिहैं इहां ऐश्वर्य गुप्त माधुर्य प्रकट ताते शोभारूप रत्न श्रीरघुनाथजी हैं जामें याते शोभाकी खानि कौशल्याजी हैं अरु शील रूपरत्न भरतजी हैं जामें याते शीलकी खानि कैकेयीजी हैं अरु तेजरूपरत्न शत्रुहन अनेकगुणमय रत्न लक्ष्मणजी दोऊ हैं जहां ताते सुमित्राजी तेज गुणकी खानि हैं १९ सुखयुत अर्थात् पुंसवन सीमन्तकादि उत्सव बनेरहे ताते आनन्दपूर्वक कछुककाल चलिगये अर्थात् दिनजात न

जाने एकवर्ष बीति गयो जा समय प्रभु प्रकट अवतीर्ण भये सो अवसर आइ प्राप्त भयो २० दोहार्थ ॥ कैसा अवसर सो कहत योग जो तिथि वारादि मिलि जो बनि जात वा सुकर्म योग लग्न कर्क ग्रह सूर्यादि वार भौम तिथि नवमी इत्यादि सब अनुकूल शुभकारक भये पुनः चर जे चलते हैं यथा नर पशु पक्षी आदि अचर जे नहीं चलते हैं यथा वृक्षादि ते सब हर्षयुत हैं यथा भूमि हरित आकाश अमल वृक्ष सफल फूल पल्लवित अरु चरजीवन की हर्ष तौ प्रसिद्ध है काहेते सब हर्षित भये श्रीरघुनाथजी को जन्म तो सुखको मूलै है अर्थात् यही समयते ब्रह्माण्डभरे के सुखकी वृद्धि होई जन्मपत्री आगे लिखब २१ ॥

१६ नौमीतिथि मधुमास पुनीता। शुक्लपक्ष अभिजित हरिप्रीता२२
मध्यदिवस अति शीत न घामा। पावनकाल लोक विश्रामा २३
शीतल मन्द सुरभि बहबाऊ। हर्षित सुर संतन मन चाऊ २४
वन कुसुमित गिरिगण मणियारा। स्रवहिं सकल सरितामृतधारा२५
सो अवसर विरंचि जब जाना। चले सकलसुर साजि विमाना२६
गगन विमल संकुल सुरयूथा। गावहिं गुण गंधर्ब वरूथा २७
वर्षहिं सुमन सुअंजलि साजी। गहगह गगन दुंदुभी बाजी २८
अस्तुति करहिं नाग मुनि देवा। बहुविधि लावहिं निज निज सेवा२९
दो० सुरसमूह विनती करी, पहुँचे निजनिज धाम॥
जगनिवास प्रभु प्रकट भे, अखिललोक विश्राम ३०

१६ अब इष्टकाल स्पष्ट यथा प्रथम कल्पकी बहत्तरिचौयुगीके त्रेता जब नवलाख बहत्तरिहजार वर्ष बीतिगयो अर्थात् तीनि चरण जब चतुर्थ चरण लाग तब प्रभव नाम संवत्सरमें मधु नाम चैत पुनीत मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पुनः अभिजित नक्षत्र अति उत्तम काहेते हरिको प्रीता नाम मित्र है अर्थात् हिरण्यकशिपु अजितको इसी मुहूर्तमें भगवान् मारे याते प्रियहै वा हरि कहे पुनर्वसु नक्षत्र प्रीता सुकर्म योग अथवा हरि नाम चन्द्रमाको होरा भौमवार प्रीता नाम बालव करण वा हरि चन्द्रमा ताकी प्रीति कर्कलग्न में जन्म तहां उच्चहै गुरु स्वक्षेत्री चन्द्रमा दूसरे धनस्थाने सिंहखाली तीसर सहजस्थान कन्याको राहु चौथो सुहृदस्थान तुलाके शनैश्चर उच्च पंचम सुतस्थानमें खाली वृश्चिक छठा रिपुस्थान तामें खाली धन सतवां जायास्थान तामें मकरके मंगल उच्चके अठवां मृत्युस्थान खाली

कुंभ नवम धर्मस्थान तामें मीन उच्चके शुक्र अरु केतु दशवां कर्मस्थान तामें मेषके सूर्य उच्चके गेरहों लाभस्थान तामें वृषको बुध बारहों व्ययस्थान तामें खाली मिथुन तहां उच्चके पांच ग्रहहैं यथा मेषके सूर्य मकरके मंगल तुलाके शनैश्चर कर्कके बृहस्पति मीनके शुक्र इति पंच ग्रह उच्च मण्डलेश्वरयोगहै यथा वाल्मीकीये ॥ ततश्च द्वादशे मासे चैत्रे नावमिके तिथौ । नक्षत्रे दितिदैवत्ये स्वोच्चसंस्थेषु पञ्चसु ॥ ग्रहेषु कर्कटे लग्ने वाक्पताविन्दुना सह । प्रोद्यमाने जगन्नाथं सर्वलोकनमस्कृतम् ॥ कौशल्याजनयद्रामं दिव्यलक्षणसंयुतम् ॥ पुनः प्रभवनाम संवत्सर को फल कि लोक उत्पत्ति पालनहारहै पुनः उत्तरायणको फल कि सहज मुक्तिदायक है ऋतुपतिको फल कि सबके पतिहैं चैत आदि मासको फल कि सबके आदिहैं शुक्लपक्षको फल कि उज्ज्वल यश करिहैं नौमीको फल सब पदार्थकी अवधिहैं भौमवारको फल कि स्वरूपवान्होइहैं चंद्रहोराको फल कि शीलवान्होइहैं पुनर्वसुको फल कि उजरेको पुनः बसावैंगे सुकर्म योगको फल कि सदा सुकर्म करैंगे वालव करणको फल कि अतिबली होइहैं मध्यकालको फल कि प्रतापवान् होइँगे अभिजितको फल कि लोकविजयी होइँगे मेषार्कको फल कि वीरनमें शिरोमणि होइँगे कर्कलग्नको फल कि सदा शीतल स्वभाव होई पंचग्रह उच्चको फल कि मण्डलेश्वर होइँगे इति षोडश योगते पूर्ण षोडशकला अवतारहैं २२ दिवसके मध्याह्न समय अर्थात् पंद्रह पैंतालिसको इष्टकाल न अत्यंत शीत न अत्यंत घाम समभावते ऐसा पावन पवित्रकालहै जो लोकभरेको विश्रामदायक सबके मन थिरभये तहां नौमी को पुनर्वसु मेषके सूर्य ये तीनों एकत्र कबहूं नहीं होते काहेते जा नक्षत्रके सूर्य होत सो अमावसको परत तौ जो मेषके सूर्य तौ अश्विनी अमावसको चाही सो अश्विनीते पुनर्वसु सतवां नक्षत्रहै सो नौमीको कैसे आइसकत ताको यह हेतु कि अमावसको तौ मीनके सूर्यरहे जब मासदिनको दिन भयो तब दुइ पहरमें पन्द्रह दिन बीतिगये तबतक सूर्य मेषपर दशयें अंशपर आइगये याते यह योग मिलेउ २३ अब लोकको विश्राम देखावत शीतल मंद सुरभि कहे सुगंधित बाउनाम बयारि बहत रावणके नाशकर्ता अवतीर्ण भये ताते सुर हर्षित भये पुनः जो प्रभु ध्यानमें दुर्लभ ते नेत्रनको प्राप्त होइँगे याते संतनके मनमें चाव नाम



आनंद भयो २४ वननमें वृक्षलतादि कुसुमित कहे फूलि रहे तिनते सुगंध आवत भ्रमर गुंजारत गिरिपर्वत गण कहे समूह मणियारा अर्थात् बहुते पर्वतन में मणिन की खानि प्रकटी तिनको पाइ सब लोग धनवान् ह्वै गये सरिता जो नदी यावत् पृथ्वी परहैं ते सकल अमृतवत् जलकी धारा स्रवत नाम बहिरहीं जाके स्नान पानते सब सुखी २५ ब्रह्माण्डभरेमें आनंद पूरि रहेउ सो प्रभुजन्मको अवसर जब ब्रह्माजी जाना तब सकल सुर देवतन सहित आपने आपने विमान साजि विभव सहित अयोध्याजीको चले २६ रेणु घनादिरहित विमल आकाश स्वाभाविक शोभायमान तामें सुरन के यूथ देवतन के झुंड बहुरंगके विमाननपर संकुल नाम भरेहैं तहां गंधर्व वरूथ नाम बहुत ते प्रभुके दिव्य गुण गावतेहैं २७ देवता सुंदरी अंजली साजि दोऊहाथनसों भरि सुंदर सुमन जो फूल ताको वर्षाते हैं पुनः गहगह उत्सवकी भरी दुंदुभी नगारा गगनमें देवनके बजायेते बाजिरहे हैं २८ हमारे ही हेतु प्रभु अवतीर्ण भये यह जानि नाग पातालवासी मुनि मृत्युलोकवासी देव स्वर्गवासी ते बहुतेरी विधिते अर्थात् आपने आपने भावते स्तुति करिकै सब निज निज सेवाले गावतेहैं आपने भावते भक्ति जनावते हैं २९ दोहार्थ ॥ आविर्भूत के पूर्व ही सुरसमूह देवगण स्तुति विनती करि शीघ्रही चलेगये निज निज धामन में पहुँचे किस हेतु कि विभव त्यागि अब याचक बनि न्योछावरि भी लीजे अरु सबमें मिलि उत्सव देखिये या हेतु शीघ्र चलेगये देवता धामन में पहुँचे ताही समय जिनको कोऊ देखा नहीं जगनिवास करि सब कहत तेई प्रभु अखिल समग्र लोक के विश्रामदायकहै मूर्तिमान् श्रीअयोध्याजी में प्रकटभे ३० ॥

१७चौपैया भये प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी ॥
छन्द हर्षित महतारी मुनिमनहारी अद्भुत रूप निहारी ३१
लोचन अभिरामा तन घनश्यामा निज आयुध भुजचारी ॥
भूषण वनमाला नयन विशाला शोभा सिंधु खरारी ३२
कह दुइ कर जोरी अस्तुति तोरी केहि विधि करौं अनंता ॥
मायागुणज्ञानातीत अमाना वेद पुराण भनंता ३३
करुणासुखसागर सबगुणआगर जेहि गावहिं श्रुति संता ॥
सो मम हितलागी जन अनुरागी भये प्रकट श्रीकंता ३४
ब्रह्माण्डनिकाया निर्मितमाया रोमरोमप्रति वेद कहै ॥

ममउदरसोवासी यहउपहासी सुनतधीर मतिथिर न रहै ३५
उपजा जब ज्ञाना प्रभु मुसुकाना चरित बहुत विधि कीन चहै ॥
कहि कथा सुनाई मातु बुझाई ज्यहि प्रकार सुत प्रेम लहै ३६
माता पुनि बोली सो मति डोली तजहु तात यह रूपा ॥
कीजियशिशुलीलाअतिप्रियशीला यहसुखपरमअनूपा ३७
सुनि वचन सुजाना रोदनठाना ह्वै बालक सुरभूपा ॥
यह चरित जे गावहिं हरिपद पावहिं ते न परहिं भवकूपा ३८

दो० विप्र धेनु सुर संत हित, लीन मनुज अवतार ॥
निज इच्छा निर्मित तनु, माया गुण गोपार ३९

१७ जो रीति ब्रह्मा की स्तुति में तैसेही चारिउ अवतारन को हेतु इहौं है सो प्रथम वैकुंठवासी के दोऊ अवतारन को हेतु कहत काहेते ब्रह्मा की स्तुतिउमें येई पद हैं यथा जो सहज कृपाला दीनदयाला ये दोऊ अवतारन के द्वै विशेषण हैं यथा अदितिरूप जो कौशल्या हैं तिनके हितकारी कृपा के स्थान प्रभु प्रकट भये जा कल्पमें जलंधर रावण भयो ताहेतु अर्थात् जलंधरौ के समय देवनपै कृपाकरि वाके नाशको उपाय कीन्हे पुनः अबौ कृपाकरि प्रकट भये पुनः जब जय विजय आय रावण भये तब देवन को दीन देखि दीनदयाल वैकुंठनाथ आइ प्रकट भये जो सहज उदासीन ऐसे मुनिन को मनहारी मनमोहन अद्भुत आश्चर्यवत् रूप निहारि अदितिरूप कौशल्या महतारी हर्षित भई ३१ दोऊ समय में वही रूप याते एकही में कहत कैसा स्वरूप है सजल श्याम मेघवत् श्यामतन चारिभुजा तिनमें निजआयुध शंख चक्र गदा पद्म धारण कीन्हे इत्यादि लोचन नाम नेत्रनको अभिराम आनन्ददाता रूप देखि माता हर्षित भई पुनः किरीट कुंडल केयूरादि भूषण जानुपर्यंत सुमननको माला इति वनमाला धारण कीन्हे नयन विशाल नाम बड़े लंबे इत्यादि शोभारूप जलते परिपूर्ण सिंधु ऐसे चतुर्भुजरूप तेई खरारि नाम द्विभुज धनुर्धारीरूप प्रकट कहावैंगे ३२ सोई रूप देखि कौशल्याजी कर जोरिकै कहती भई कि तुम्हारी स्तुति मैं कौनी विधिते करौं काहेते आप अनन्त हौ अर्थात् जाको अन्त कोऊ नहीं पावत काहेते कार्य, कारण, मायाते परेहौ अरु रज तम सत्त्वादि गुणनतेपरे हौ पुनः विवेक वैराग्य षट्संपत्ति मुमुक्षुतादि ज्ञानते अतीत नाम परेहौ पुनः अमान अर्थात् काहूबातको मान नहीं भाव शुद्धतत्त्व हौ जामें प्रकृति

को लेश नहीं इत्यादि आपको माहात्म्य वेद पुराणादि भनंत नाम सदा
वर्णन करत हैं इहांतक दुइ अवतार जो वैकुंठवासी के भये तिनकी स्तुति
अदितिरूप कौशल्या की है ३३ जा कल्पमें हरगण रावण भये तब क्षीर-
शार्यी भगवान् को अवतार भयो तब अदितिरूप कौशल्या की स्तुति है
करुणा कहे जो आपने जनके दुःख देखि आपहू दुःखी ह्वै जायँ इति करुणा
गुणके अरु सुखके सागर हौ अरु कृपा दया वात्सल्यता आदि सब दिव्य
गुणनके आगर परिपूर्ण हौ जेहि प्रभुको उत्तम यश श्रुति जो वेद पुनः संत-
जन सदा गावते हैं जिनको अपने दासपर सदा अनुराग है सोई जन
अनुरागी मम कहे मेरे हित लागि श्रीकंत लक्ष्मी के पति क्षीरनिवासी आइ
प्रकट भये मोको पुत्र सुखदेवे हेतु अवतीर्ण भये आइ ३४ अब साकेत
विहारी के अवतार समय शतरूपारूप कौशल्याकी स्तुति है यथा जिनकी
इच्छाते माया निकाय नाम असंख्यन ब्रह्माण्डन को निर्मित नाम रची है
ते आपके रोम रोम प्रति विराजते हैं ऐसा प्रभाव वेद कहत हैं सोई सर्वो-
परि परब्रह्म साकेतविहारी ब्रह्मादिकनको दुर्लभरूप मेरे उर गर्भवासी भयो
यह आपकी बड़ी उपहास है पुनः यही वार्तासुनि जे बड़े धैर्यवान् हैं तिनहूं
की मति थिर न रहैगी कैसी मति भ्रमित यथा सतीप्रसंगे ॥ ब्रह्म जो
व्यापक विरज अज, अकल अनीह अभेद। सोकि देहधरि होइ नर, जाहि
न जानत वेद ॥ इत्यादि आश्चर्य विचारि धैर्यवानहूं भ्रमि जाते हैं ३५
जब या विधिको ज्ञान कौशल्याजी के उपज्यो अर्थात् परब्रह्मरूप को बोध
किहे हैं तब प्रभु विचारे कि जो ऐसेही ज्ञान बना रहैगा तौ माधुर्यलीला न
बनैगी क्योंकि येतौ ऐश्वर्यमानि सभीत रहैंगी तौ लालन पालन कैसे बनैगो
यह विचारि प्रभु मुसुकाने अर्थात् अपनी माया को प्रकाश करि माताको
ज्ञान मूंदि दीन्हे हास प्रभु की माया है यथा ॥ माया हास बाहु दिग्पाला ॥
इत्यादि हासरूप माया क्यों कौशल्याजीपर डारा ताहेतु कहत कि बहुत
विधिके चरित कीन चहत अर्थात् अनेक नरनाट्य लीला कीन चहत इहां
मुसुकाय दयादृष्टिमय विद्यामाया के वशते शांतरसमय रूक्षज्ञान मिटाय
वात्सल्यरसमय बुद्धि करि दिया तब पूर्वजन्म की कथा कहि सुनाई अर्थात्
तुम मोहिं पुत्रकरि मांगेउ सोई मैं अवतीर्ण भयों ताते ऐश्वर्य त्यागि माधुर्य
में मेरा लालन पालन करौ तब तुमको पूर्ण सुख प्राप्त होइगो यहि प्रकार
माताको बुझाइ समुझाइ दियो जेहि प्रकारते सुत प्रेम लहै जामें पुत्रभाव
करि प्रेमानन्द पावै ३६ जब प्रभु समुझाय दिये तब पूर्व जो शांतरस ज्ञान-
मय बुद्धि रहै सो मति डोली रूक्ष बुद्धि जातरही वात्सल्यरस प्रेममय बुद्धि

भई ताते माता पुनः बोली कि हे तात ! जो ऐश्वर्यमय यह रूप है ताको तजहु इसको छांड़ि माधुर्यमय बालरूप धरि शिशु कहे बाललीला कि जो अत्यन्त करिकै प्रियशील है यथा ॥ शुचौ तु चरिते शीलमित्यमरः ॥ अस्यार्थः शुचौ शुद्धे चरिते आचरणे शीलम् अर्थात् बालचरित अत्यन्त पवित्र पुनः सबको प्रिय सो यह सुख परम अनूप है याकी उपमाको दूसरा सुख नहीं है ३७ ऐसे शुद्ध प्रेममय वचन सुनि सुजान सुन्दर सब बात के जाननेवाले श्रीरघुनाथजी जो संपूर्ण देवादिकन के महाराज वा देवन के रक्षक तेई बालक होइकै प्रसूतसमय के बालकवत् रोदन ठाना रोवने लगे अर्थात् पुत्र प्रसव हानेकी सबको निश्चय कराया यहि श्रीरामजन्मचरित को जे जन गावते हैं ते हरिपद पावते हैं प्रभु के समीपी होते हैं पुनः भवकूप जो चौरासी तामें नहीं परते हैं यहि प्रसंगमें लोकरीति समय विरोध आवत काहेते गरीबके प्रसवपीड़ा समय अनेक स्त्री एकत्र होती हैं इहां तो अनेक दासी सदैव सेवामें रहती हैं तिनके आगे यह दिव्यरूप कैसे प्रकट भये अरु कौशल्याजी स्तुति किये यह और किसी ने न जाने यह कैसे ह्वै सकत इहां दिव्यरूपते प्रथमही प्रकट ह्वै दर्शन दिये जब देवता स्तुति करे प्रसूत पीड़ाआदि रीति पीछे भई तब सब जाने वह रूप केवल कौशल्याजी को देखानो स्तुति समय सबको टारिदिये वा ईश्वरकी कर्तव्यता की कोऊ गति नहीं जानि पावत जाको जनावत सोई जानि पावत ताते प्रथम कौशल्याजी को वैसही देखानो पीछे सबको लोकरीति देखानी ३८ दोहार्थ ॥ जो गिरिजाको दूसरा प्रश्न कि पुनि प्रभु कहौ राम अवतार याको उत्तर है हे गिरिजा ! विप्र जो ब्राह्मण जे साधारण सर्वधर्म के स्थापनकर्ता पुनः धेनुयज्ञ पूजन हेतु दुग्ध दधि घृतादिदायक सुर संसार के संभारकर्ता सन्त स्वाभाविक परोपकारी याते विप्रन के धेनुनके वा धेनुरूप भूमि के सुरन के सन्तनके हितहेतु अर्थात् रावण की भयते सबको अहित ताके नाश करिबो इत्यादि हितहेतु मनुजको अवतार लीन्हे तहां साकेतविहारी तौ मनुजाकार सदैव हैं इहां मनुज कैसे भये ताहेतु कहत कि उहां जो मनुजाकाररूप है सो नित्य किशोर अवस्था है पुनः कार्य कारणमाया सत्त्वरजतमादि गुण गोनाम इन्द्रिय इत्यादिकनते परे वह रूपहै सोई निज इच्छाते बाल कुमार पौगण्डादि चेष्टा सहित रूप निर्मित कहे उत्पन्न करि इति मनुज अवतार लीन ३९ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ
विरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामावतारकौशल्या
स्तुतिवर्णनंनाम एकत्रिंशः प्रकाशः ३१ ॥

१८सुनि शिशुरुदनपरमप्रियबानी। संभ्रम चलिआई सब रानी १
हर्षित जहँ तहँ धाईं दासी। आनँद मगन सकल पुरवासी २
दशरथपुत्र जन्म सुनि काना। मानहुँ ब्रह्मानन्द समाना ३
परम प्रेम मन पुलक शरीरा। चाहत उठन करत मतिधीरा ४
जाकर नाम सुनत शुभ होई। मोरे गृह आवा प्रभु सोई ५
परमानन्द पूरि मन राजा। कहा बुलाइ बजावहु बाजा ६
गुरु वशिष्ठ कहँ गयउ हकारा। आये द्विजन सहित नृपद्वारा ७
अनुपम बालक देखिनि जाई। रूपराशि गुण कहि न सिराई ८

दो० नंदीमुख शुभश्राद्ध करि, जातकर्म सब कीन्ह ॥
सोना हाटक धेनु वसन मणि, नृप विप्रन कहँ दीन्ह ९

१८ पद जन्मको ॥ शोचत भूप विचारत हियमें सुवनहीन मम बैस सिरानी ॥ गुरुहैं आदि दानि या कुलके मनमथिकै यह बात थिरानी १ पायन माथ हाथ पुटकै निज दुख सुखकी सब बात बखानी ॥ चारि तनय होइहैं आनँदमय धरहु धीर बोले मुनि बानी २ पूरण यज्ञ पाय शृङ्गीऋषि प्रकट अग्नि वरदै मुनिज्ञानी ॥ पायस आनि दिये मुनि भूपहि भूपति आनि खवावत रानी ३ कौशल्यार्द्ध पाद कैकेयी शेष सुमित्रहि द्वैदल ठानी॥ या विधि गर्भवास आये हरि पूरण द्यौस भईं सब रानी ४ चैत्रशुक्ल नवमी दिति दैवत कर्क लग्न शशि गुरु तनथानी ॥ त्रै तम चौ शनि सप्त भौम नव भृगु दश रवि बुध लाभ सुज्ञानी ५ रवि गुरु भृगु शनि कुज पांचौ ग्रह उच्चयोग भुवनेश्वर मानी ॥ ता क्षणमें रघुवंशविभूषण आविर्भाव भये धनुपानी ६ आनँदभूमि नाग नर हरषत बरषत देव फूल झरि आनी ॥ वन्दी विरद वेदधुनि ब्राह्मण नगर निशान व्योम जयसानी ७ याचक दान मान परिपूरण देत अशीश कीर्ति यश गानी ॥ बैजनाथ मुनिनाथ प्रशंसत सफल सनाथ आजु रजधानी ८ प्रसव पीड़ाते बालक उत्पत्ति समय जानि सब रानी कौशल्याजी के मन्दिरमें आइ एकत्र रहीं पुत्र होने की प्यासते प्यासी रहीं तेई जब शिशु बालकको रोदन परम प्रिय वाणी सुने प्रभुकी परावाणी स्वाभाविकही सबको परम प्रिय है अथवा अति चाहते रहीं सोई प्राप्त भयो सोई पुत्र की रोदन वाणी अतिप्रियलागि सोई वात्सल्यरसते हर्षवशते संभ्रमप्रेम की विह्वलताते बुद्धि भ्रमि गई उसी विह्वलता में सब रानी सूतिकागृह को चलि आईं अर्थात् निज नेत्रनते

देखने हेतु बालक के निकट आई १ हर्षित आनंदभरी कुलवृद्ध स्त्री ब्राह्मणी धाई बोलावनादि अनेक स्त्रिन के व्यवहार कार्य्य हेतु जहां तहां की दासी धाई तिनसों खबरि पाइकै पुरवासी स्त्री पुरुष सब राजधानी सनाथ भई जानि आनन्द में मग्न बूड़िगये २ पुत्रने जन्मलिया ऐसा शब्द निजकानन सों सुनि दशरथ महाराज मानो ब्रह्मानन्द में समाय गये अर्थात् पुत्र भये को जो सुख है सो प्रवृत्तमार्ग है अरु ब्रह्मानन्द निवृत्तमार्ग है तहां पुत्र होना लौकिक विषयी सवासिक सुख है सो नहीं इहां निर्वासिक श्रीराम प्रेमानन्द में मग्न सो प्रसिद्ध प्रेमानन्द काहे न कहे तहां प्रेममें उमंग उठत पुनः बैठत यथा जलमें लहरि इहां थिरप्रेम है एकरस पुनः वासनारहित ताहेतु कहत कि पुत्रजन्म सुनि कैसा सुख भया मानो ब्रह्मानंद में बूड़िगये इति शुद्ध उत्प्रेक्षालंकार है अथवा पुत्र जन्म को शब्द नहीं है मानो शब्दरूप ब्रह्मानन्द कानमें समायगया ३ श्रीदशरथ महाराज के मनमें श्रीरघुनाथजी को परमप्रेम परिपूर्ण है ताकी उमंगते शरीर पुलकि आयो अर्थात् रोमांच कंठारोधन अश्रु निकरि आयो ताते प्रभुको देखिबेहेतु वारंवार उठा चहत परन्तु लोकव्रीड़ा ते मति में धैर्यकरि रहिजात ४ काहेते परमानन्द है यह विचारत कि जाको जेहि प्रभुको नाम सुनतेही शुभ होत अर्थात् श्रीरामनाम सुनतही सब अमंगल नाश होत सोई प्रभु मूर्तिमान मेरे घरको आयो हमको पुत्रकरि प्राप्त भयो ५ ताही परम आनन्दते मन परिपूर्ण ताते महाराज दशरथजी बजनियन को बुलाइकै कहे कि आनन्दमय बाजा बजावहु ६ पुनः कुलगुरु जो वशिष्ठजी तिनको हकारा नाम बुलाव गयउ सो सुनि द्विजन सहित अपर ब्राह्मणन समेत वशिष्ठजी राजद्वारपर आये ७ तब वशिष्ठजी सहित दशरथ महाराज जातकर्मादि करिबे हेतु सूतिकाधाम को गये अनुपम जाकी उपमा को दूसरा रूप नहीं ऐसा अनुपम बालक जाइ देखिनि जो रूपकी राशि जो विना भूषणै भूषितवत् देखाय ताको रूप कही यथा ॥ अंगानि भूषितान्येव निष्काद्यैश्च विभूषणैः। येन भूषितवद्भाति तद्रूपमिति कथ्यते ॥ तेहि रूपकी राशि तामें द्युति लावण्यता सुन्दरता रमणीकता कांति माधुरी मृदुता सुकुमारतादि वा उदारता सुशीलतादि अनेकन गुण हैं ते कहेते सिरात नहीं चुकते नहीं ८

दोहार्थ ॥ दश कर्म यथा प्रथम गर्भाधान १ द्वितीय सीमन्तक २ तृतीय जातकर्म ३ चतुर्थ नामकरण ४ पंचम अन्नप्राशन ५ षष्ठ चूड़ाकर्म ६ सप्तम कर्णवेध ७ अष्टम यज्ञोपवीत ८ नवम विवाह ९ दशम मृतककर्म १० इत्यादि कर्मनके भये जीव शुद्धगति को प्राप्त होतहै तहां जातकर्मते विवाह पर्यन्त

सात कर्मनके आदि में अभ्युदयिक नाम प्रसिद्ध नंदीमुख श्राद्ध को अधिकार है तथापि बालक के जन्म समय जातकर्म होत ताकी आदि में नंदीमुख श्राद्ध चाहिये सो करत तहां यह श्राद्ध मंगलीक है ताते पूर्व मुख बैठत सर्वत्र सव्येनैव कर्तव्यं सव्यते सब कर्म होत गौरी आदि चतुर्दशमातृका गणेश वरुण की पूजा होत पिष्टस्य बदरानिर्मायतेषु तिलान्दधिहरिद्रादिकं च प्रतिक्षिप्य चौरीठा बैरी के फल तिल दधि हरदी मिलाय नव पिंड बनत दूर्बासने नवधा विभज्य वेदीपर दूब बिछाय नव पिंडदान देत देवतीर्थेनैव कर्तव्यता देवतीर्थ सम्मुख हाथते पिंड देना । मात्रादित्रय पित्रादित्रय मातामहादित्रय इति नव पिंड दै पुनः गन्ध दूर्वाक्षत ताम्बूलैस्संपूज्य संकल्प दक्षिणा ॥ इति नांदीमुख श्राद्ध पुनः जातकर्म यथा स्वर्णेन मधुघृतचतुर्बारं बालकस्य भोजयति घृत शहद मिलाय सोनेसों चारि बार बालक के मुखमें लगावत भूप इति मंत्र पढ़ि पुनः कुशोदकैः बालं प्रोक्षयति अग्नि इति मंत्र पढ़ि पुनः बालकके दक्षिण कर्ण ढिग आचार्य आठो कंडिका पढ़त पंच विप्र स्थापयत पुनः श्रित मंत्रपढ़ि देश अभिमंत्रयति बालं अभिमन्त्रयति बालक की माताको अभिमन्त्रयति पुनः माता निज दक्षिण स्तन धोय बालक की नालपर डारत आयो इति मंत्रसों पुनः बरण दक्षिणा पुनः भूमि पंचसंस्कार करि वेदी बनाय तापै दोनी में अग्नि धरत गणेश गौरी वरुण पूजि पिपरी सरसों घृतसों सात आहुती देत सांडा इति मंत्र पढ़ि सौ मूठी अन्न भरि पूर्णपात्र द्रव्य सहित विप्र को देत पिता पुत्र अभिषेक तिलदान पुनः शिवमंत्रसों सूत छूरा पूजि सूतसों बांधि छूरासों नाल छीनत इत्यादि जातकर्म सर्व कीन पुनः सोना गौवें वसन दुशालादि मणि इत्यादि महाराज ने ब्राह्मणन को दीन्हे ९ ॥

१९ ध्वज पताक तोरण पुर छावा । कहि न जाइ जेहि भांति बनावा १०
सुमनवृष्टि आकाशते होई । ब्रह्मानन्द मगन सब कोई ११
वृन्द वृन्द मिलि चलीं लुगाई । सहज सिंगार किये उठिधाई १२
कनक कलश मंगल भरि थारा । गावत पैठहिं भूप दुवारा १३
करि आरती निछावरि करहीं । बारबार शिशुचरणन परहीं १४
मागध सूत बंदिगण गायक । पावन गुण गावहिं रघुनायक १५
सर्वस दान दीन सब काहू । जिन पावा राखा नहिं ताहू १६
मृगमद चंदन कुमकुम कीचा । मची सकलबीथिनबिचबीचा १७

दो० गृहगृह बाज बधाव शुभ, प्रकट भये सुखकंद ॥

हर्षवन्त सब जहँ तहां, नगर नारि नर वृंद १८

१९ पद यथा ॥ दशरथ रानि सुवन शुभ जायेरी ॥ सुनि सानंद प्रेम नृप भीने । तुरत सुमंतहि आयसु दीने ॥ कह्यो बुलाइ बधावन बाजे । लावोबोलि जाय ऋषिराजे ॥ सुनत सँदेश तुरत गुरु आयेरी १ द्विजन समेत भवन पग धारे । कलश थापि मुनि चौक सुधारे ॥ मंगलकाज बैठि पूरबमुख । कीन्ह अरंभ श्राद्धनन्दीमुख ॥ सव्य समेत दूब कुश ठायेरी २ पूजे गणप लोक नायक दश गौरी आदि मातृका चौदश ॥ वेदी दूब डासि हरदी तिल । पीठा दही सानि बैरीफल ॥ सम्मुखकर नव पिंड सुदायेरी ३ जातकर्महित ता औसर में । हर्षित गये सूतिकाघर में ॥ पुरुट समधु घृत मंत्र भूपरुख । बार सु चारि छुवाय बालमुख ॥ कुश जल दै श्रुति आठ सुनायेरी ४ पांच विप्र थापे श्रितमंत्रे । देश बाल माता अभिमंत्रे ॥ दोनीजल दहिना स्तन धोये । मातु सलिल सुतनाल भिगोये ॥ गणप गौरि दिगपति पुजवायेरी ५ वेदी शोधि अग्नि तिहि जारी । पिपरी सरसों घृतमें डारी ॥ आहुति सातमंत्रसों कीन्हे । पूरणपात्र दान तिल दीन्हे ॥ पिता पुत्र अभिषेक करायेरी ६ पढ़ि शिवमंत्र सूत बँधवाये । छूरा पूजि नाल छिनवाये ॥ याचक दान विविध विधि पाये । जैजैकार लोक तिहुँ छाये ॥ बैजनाथ पावन यश गायेरी ७ तोरण कहे वाहर द्वार यथा॥तोरणं तु वहिर्द्वारमित्यमरः॥द्वारन पर ध्वजा सचिह्न पताका साली इत्यादिकनते सब पुर भरि छावा है अरु मंगलमय जौनी भांति ते वनावा गयाहै सो शोभा कही नहीं जात १० पद मंगलांग यथा ॥ बजत बधाई द्वारे दशरथराज । होत प्रभात सचिव सेवक मुनि सजत सुमंगलसाज १ ब्राह्मण चौक दीप पल्लव घट रंभ वितानन छाज । तोरण वंदनवार पताका केतुध्वजा दधि आज २ दल फल फूल दूब रोचनगो चमर छत्र व्यजनाज । दूर्वांकुर चित्रा मधूप तिय गान नटी धुनिबाज ३ गज रथ वाजि सेन सेनापति सजि चढ़ि राजसमाज । विचरत अवध राजवीथिनमें डंक मेघधुनि गाज ४ वंदी विरद वेद मुनि गायक सुनि सुर कोकिल लाज । पाय दान महिदेव अशीशत अचल राज शिरताज ५ पुनः सुवन केकयी सुमित्रा भये जग पूरण काज । बैजनाथ गावत पावन यश जो भवसिंधु जहाज ६ ॥ १० देवनके वर्षते सुमन फूलनकी झरि सघन वृष्टि आकाशतेह्वै रही भूमि पाताल व्योममें यावत सज्जन हैं ते सब ब्रह्मानन्द में मग्न बूड़िगये ११ वृंद झुंडझुंड लुगाई ग्रामकी युवती एकसंग मिलिकै राजमंदिर को चलीं कौनभांति सहज शृंगार अर्थात् जैसी बैठीरहीं ताही साज ते हर्षवश उठिधाईं सब दिशनते आवतीहैं १२ पल्लव दूर्वांकुर दीप धरे कनक सोनेके कलश कोऊ लिहे कोऊ

सोनेके थारनमें हल्दी दधि दूर्वाक्षत तुलसी चंदन फूल फल धूपदीप पंचरत्नादि मंगल पदार्थ भरे थार हाथन में धरे सोहिलो गावत राजद्वारमें पैठती हैं १३ भीतर जाइ बालरूप श्रीरघुनाथजीको नेत्रनभरि देखि आरती उतारत आरती करि पुनः निवछावरि करत अर्थात् भूषण वसन द्रव्यादि प्रभुपर वारन करि लुटाइ देतीहैं पुनः बालकके पांयन में वारंवार परतीं अवधवासी नित्य पार्षद पुनः वेद पुराणद्वारा अवतार जानि अर्चन वंदनादि करती हैं१४ जो क्षत्रियाणी वैश्य पुत्रते मागध जाति कहावते यथा मागधः क्षत्रियाविशो इत्यमरः अस्यार्थः क्षत्रियायां वैश्याज्जातो मागधः स तु राजादिस्तुतिः पाठ वृत्तिः मागध जे राग तालनमें कीर्तिगान करत पुनः ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्सूतः जो ब्राह्मणी में क्षत्रीते पुत्र ताको सूत कही ते श्लोकनमें प्राचीन ते यश वंश भरेको वर्णन करत वंदी कहे भाट जे कवित्तनमें प्रताप वर्णन करत इत्यादि ढाढ़ी कलावत जागा विदूषक कथिक नटादि यावत् गायक गण हैं ते रघुनायक के पवित्र गुण गाइ रहे हैं १५ सबकाहू याचकमात्रको सर्वस्व कहे वाहन वसन भूषण धरणी धनादि ते प्रतिजनको परिपूर्ण करिदीन वा संपूर्ण भंडार सबको दान दैदिया पुनः जिनने पाया तिनहूं ने नहीं राखा अर्थात् वे भी सब लुटायदिये इहां लोकके याचक ते सुनते सुनते बटुरे अरु देवता पूर्वहीते याचकबनि सर्वस्वदान श्रीराम निवछावरि लैलिये जब लोककेयाचक आवने लगे तब ब्रह्मा शिव इंद्र वरुण कुबेरादि यावत् देवता रहे ते इहांको पावा दान लुटाइ दिया पीछे ऋद्धि सिद्धिनको प्रेरणा करि लोकके याचकन को अयाची करिदिया १६ मृगमद कस्तूरी चंदन कुंकुम केसरि अगर कपूरादिको अरगजा गुलाब केवड़ादि सुगंधित जलसों सब पुरभरे में छिरका है ताकी कीच पुरके बीच बीच यावत् बीथीनाम मार्ग हैं तिनमें मचाहै १७ दोहार्थ॥ सुखरूप वृक्षके कंद नाम मूल श्रीरघुनाथ जी प्रकट भये ताते गृह नाम घरघर शुभमांगलिक बधाई बाजिरही हैं काहेते नगर के नर नारि के वृंद जो जहां हैं सो तहैं हर्षवंत नाम आनंद के भरे सब परिपूर्ण हैं १८॥

२० केकयसुता सुमित्रा दोऊ। सुंदर सुत जन्मत भईं वोऊ १९
वह सुख संपति समय समाजा। कहि नसकहिं शारद अहिराजा २०
अवधपुरी सोहै यहि भांती। प्रभुहि मिलन आई जनु राती २१
देखि भानु जनु मन सकुचानी। तदपि बनी संध्या अनुमानी २२
अगर धूप जनु बहु अँधियारी। उड़हि अबीर मनहुँ अरुणारी२३
मंदिर मणिसमूह जनु तारा। नृपगृह कलश सो इंदु उदारा २४

भवन वेदध्वनि अति मृदुबानी। जनु खगमुखर समय अनुमानी २५
कौतुक देखि पतंग भुलाना। एक मास त्यइँ जात न जाना २६

दो० मासदिवसकर दिवस भा, मर्म न जानै कोइ॥
रथ समेत रवि थाक्यऊ, निशा कवनि विधि होइ २७

२० केकयसुता कैकेयी अरु सुमित्रा ये जो दोऊ रानी हैं वोऊ सुन्दर सुत जन्मत भईं दशमी पुष्य मीनमें कैकेयी के पुत्र भयो एकादशी श्लेषा कर्क में सुमित्राके द्वै पुत्र भये उत्सव आनन्दते समय व्यतीत न जाने १६ पीछे तीन भाइनके जन्मको समय नहीं लिखे ताहेतु कहत कि वहि समय की समाजको सुख संपत्ति वा वह सुख वह संपत्ति वह समय वह समाज मैं कैसे कहौं वाको अहिराज जो शेष अरु शारदा नहीं कहि सकत तहां बड़ी वैसते एकही पुत्रते परम सुख भयो सो उत्सव होतही दूसर भयो पुनः द्वै और भये याते समय अरु सुख अपूर्व ह्वै गयो पुनः ब्रह्मा शिवादि देवता सिद्ध मुनि सब एकत्र ताते समाज भी अपूर्व है पुनः ऋद्धि सिद्धि परिपूर्ण ताते संपत्ति भी अपूर्व ताको न कहिसकै २० ता समय पुरीकी शोभा कहत कि अयोध्यापुरी यहि भांतिकी शोभित होत कि जनु प्रभुहिं मिलनेहेतु रात्री आई है कौनहेतु भयमानि कौन भय है कि प्रभु निशाचरोंके नाशकर्ता हैं तिनकी संबंधी जानि मोहूँको न नाश करि देवैं ताते प्रथम ही प्रभुको मिलने आई यामें गुप्तहेतु उत्प्रेक्षालंकार है २१ तहां प्रसिद्ध भानुको देखि जनु सकुचाइ गई कि सूर्यनके सम्मुख कैसे जाउँ तदपि अनुमानि मनते विचारि संध्याबनिकै आई अर्थात् संध्यामें दिन राति दोऊको अंश रहत २२ अगर कपूर गुग्गुलादि मिश्रित धूपको बहुत धूम उड़त सोई जनु अँधियारी है तहां जो अबीर उड़त सोई जनु अरुणारी संध्याकी ललामी है २३ मंदिरन में जो अनेकन मणी हैं सोई जनु समूह तारा नक्षत्र हैं नृपगृह राजमन्दिर पर जो कलश है सोई उदार पूर्ण अमल इन्दु चन्द्रमा है २४ बहुते ब्राह्मणन की मृदुवाणी मिलि जो अत्यन्त वेदध्वनि राजभवन में ह्वैरही सो संध्या अनुमानि विचारिकै जनु खगमुखर पक्षिनको शब्द है वेदध्वनि नहीं है संध्याजानि जनु पक्षी बोली बोलते हैं २५ इत्यादि अद्भुत कौतुक देखि और की को कहै पतंग नाम सूर्यही भुलाइ गये काल जात न जाने एकमास महीना बीतिगया काल इनकी आधार है तेऊ न जानि पाये २६ दोहार्थ॥ मासदिवस महीनाभरे को दिवस भयो सो मर्म कहे हाल कोऊ नहीं जाना सब आनन्द में मग्न याते सुख को काल नहीं जात जाने रथको थकना

नहीं संभावित होत लक्षणाते अश्व सारथी सहित रवि थकिगये अर्थात् प्रेमासक्ती आइ गई रवि चलि न सके निशा कौन विधिते होइ सारथीकी प्रेरणाते अश्व चलते रथीकी प्रेरणाते सारथी हांकत सो स्थूलरूप सूक्ष्मरूपकी आधीनतारूपते सूर्य अयोध्याजी में प्रेमानन्द में परे तौ कैसे चलिसकैं पुनः निजवंश में अवतीर्ण जानि अत्यन्त प्रेमानन्द भयो २७ ॥

२१ यह रहस्य काहू नहिं जाना । दिनमणिचले करत गुणगाना २८
देखि महोत्सव सुर मुनि नागा । चले भवन वरणत निज भागा २९
औरौ एक कहौं निज चोरी । सुनुगिरिजा अतिदृढ़मतितोरी ३०
काकभुशुंडि संग हम दोऊ । मनुजरूप जानै नहिं कोऊ ३१
परमानन्द प्रेमसुख फूले । वीथिन फिरहिं मगनमन भूले ३२
यह शुभ चरित जानपै सोई । कृपा रामकै जापर होई ३३
तिहि अवसर जो ज्यहिविधिआवा। दीन भूप जो ज्यहि मनभावा ३४
गज रथ तुरग हेम गो हीरा । दीन्हे नृप नाना विधि चीरा ३५

दो० मन संतोष सबन कर, जहँ तहँ देहिं अशीश ॥
सकल तनयचिरजीवहु, तुलसिदासके ईश ३६

२१ यह रहस्य आश्चर्यमय प्रभुको गुप्तचरित अर्थात् मासभरि सूर्यनको थिर राखे ताको सुर नर नागादि कोऊ नहीं जाना पुनः प्रभुके गुणनको गान करत दिनमणि सूर्य चले जब अस्ताचल पहुँचे २८ निशामुखजानि सुर ब्रह्मादि नाग अनंतादि मुनि लोमशादि ते महोत्सव श्रीरघुनाथजी के जन्मको महाउत्सव देखि निजभाग्यको सराहत अपने भवननको सब चले २९ हे गिरिजा ! तुम्हारी दृढ़मति है भाव किसीते कहौगी नहीं ३० ताते निज अपनी चोरीको एक औरौ हाल अर्थात् तुम्हारे प्रश्नते बाह्य कहौं ताको सुनो क्या चोरी है सो कहत कि काकभुशुण्डि अरु हम दोऊ जने एकसाथ मनुज मनईको रूप धरे जामें हमको कोऊ जाने नहीं भाव प्रसिद्ध तनुते वह आनन्द न मिलता ताते गुप्त नर तनु धरे ३१ उत्सव देखि परम आनन्द उरमें परिपूर्ण श्रीरामप्रेमके सुखते सर्वांग फूले रोमांच खड़े नेत्रनमें अश्रु भरे इसी दशामें मन मग्न प्रेममें भूले वीथिन वीथिन उत्सव देखते फिरते रहे ३२ जाको हम चोरी ते देखने गये यह शुभचरित श्रीरामजन्मचरित जो जीवनको कल्याणकारी है ताको सोई जानत जापर श्रीरामकृपा होत अथवा मासदिनको दिन सब देवता नररूपते उत्सव देखते हैं यह शुभचरित रामकृपा-

पात्र जानत ३३ तेहि अवसरमें जो याचक जौनी विधि आवा वाके मनमें जो भावा जौनि वस्तु मांगा ताको सोई वस्तु महाराजने दिया भाव संपूर्ण देवता याचक बनि श्रीराम निवछावरिलिये विशेष चोरी यही है ३४ गज हाथी रथ तुरंग घोड़े हेम सोना अशरफीआदि गो गौवें हीरा पुनः दुशालादि नाना विधि चीर नाम वसन यह सब महाराजने दानदियो ताको पाइ सब अघायगये३५दोहार्थ॥अतिदान पायेते सब याचकनके मनमें संतोष अयाची ह्वै जो जहांहै सो तहां इत्यादि ठौर ठौर सब अशीश देतेहैं क्या अशीश देतेहैं कि श्रीदशरथ महाराजके सकल तनय अर्थात् चारिउपुत्र चिर कहे बहुतकाल तक जीवहिं सोई दशरथ राजकुमार तुलसीदासके ईश नाम स्वामी हैं ३६॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामजन्मोत्सववर्णनं
नाम द्वात्रिंशःप्रकाशः ३२॥

२२ कछुकदिवस बीते यहि भांती। जात न जानेउ दिन अरु राती १
नामकरण कर अवसर जानी। भूप बोलि पठये मुनि ज्ञानी २
करि पूजा भूपति अस भाखा। धरिय नाम जो मुनि गुनि राखा ३
इनके नाम अनेक अनूपा। मैं नृप कहब स्वमति अनुरूपा ४
जो आनंदसिंधु सुखरासी। सीकरते त्रयलोक सुपासी ५
सो सुखधाम राम अस नामा। अखिल लोक दायक बिश्रामा ६
विश्वभरण पोषण कर जोई। ताकर नाम भरत अस होई ७
जाके सुमिरणते रिपु नाशा। नाम शत्रुहन वेद प्रकाशा ८

दो० लक्षणधाम राम प्रिय, सकल जगत आधार॥
गुरुवशिष्ठ तिहिराख्यो, लक्ष्मण नाम उदार ६

२२ पानी उत्सवको पद॥पुर नाइनि देत बुलाव सबन। चलौ वेगि सखी है विलंब अबन १ शुभ दिन आजु परत पानी सुनि आनँदवसन विभूषण सज बन। वारन हाथ सोहिलो गावत आवत पुर तिय हंसगवन २ करि अस्नान रानि साजे पट साजि पट भूषण आदि जवन। बैजनाथ पावत मोदक सब मुद मंगल रहेउ छाइ भवन ३ छठीको पद॥ सब आनँद मंगल गान सदन। उत्साह छठीको महीपनदन १ रविवार चतुर्दाशि चैत शुक्ल अजिरादि लिपावत धोय छदन। मणि चौक हेमघट दीप बारि आनंद धोय ऋषिराजपदन २ पढ़ि विप्र वेदविधि गौरि आदि अस्थापि सबंधु गयंद-

वदन। पुनि पूजि धूप नैवेद्य दीप अक्षत रोचन दल फूल चँदन ३ शुभ भीति स्वरूप जरा रचिकै हरदी पीठा चित्राम सदन। पट भूषण नव साजि रानि बैठि लै बाल गोद छवि कोटि मदन ४ पट कलश दीप हरदी सेंदुर जल अक्षत घी गुरु सान नदन। धन पान फलादिक सो पूजै हित बैजनाथ विघनादि कदन ५ पुनः प्रथम जन्मोत्सव पुनः पानीउत्सव पुनः छठीउत्सव ताते दिन राति जात न जाने यहीभांति उत्सवपूर्वक कछुक दिन गे ग्यारह दिन बीतिगये १ नामकरण को अवसर ग्यारहौंदिन जानि कि बरहौं उत्सवयोग्य शुभ मुहूर्त है अर्थात् वैशाख कृष्णपंचमी शुक्रवार अनुराधा इति शुभमुहूर्त जानि भूप महाराज दशरथजी गुरुज्ञानी जो वशिष्ठजी तिनको बुलाये अर्थात् सुमंतजीको पठाये ते जाइ बुलाइ लाये २ वशिष्ठजीको षोडशोपचार पूजा करि पुनः भूपति महाराज दशरथजी अस वचन भाषे बोले कि हे मुनि! जो पूर्वते गुणि विचारि राखेउ जौने बालकको जो नाम सो आजु नाम धरिये ३ वशिष्ठजी बोले कि इनके इन बालकनके अनूप उपमारहित अनेकन नाम वेद कहत तहां स्व कहे आपनी मति के अनुरूप बुद्धि की माफिक हे नृप! मैंभी कहब ४ नामकरण विधान यथा अभ्युदयिकादि कृत्वा नांदीमुख प्रतिज्ञावर्णनं संकल्पस्वस्त्ययनं शांतिगणेशवरुणगौरीपूजनं चतुर्दशमातृपूजनं ब्राह्मणभोजयति घृतेन हवनं कुर्यात् अश्वत्थपत्रे नाम लिखित्वा पूजनं बालस्य दक्षिणकर्णे नाम त्रिवारं श्रावयति जो इन्द्रियवासनादि वा कामादि की बाधारहित अमल जलवत् मोद हृदयमें परिपूर्णरहै ताको आनंद कही यथा जलको आधार समुद्र तामें अथाह जल तथा आनंद के आधार प्रभु तिनमें अथाह आनंदइत्यादि वशिष्ठजी कहत कि जो आनंदको सिंधु है पुनःजो भाग्य के सर्वांग परिपूर्ण प्राप्त होवैं यथा॥ सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भोगाष्टकमुदीरितम्॥ इत्यादि इच्छापूर्वक प्राप्त पुनः निरुज सुंदर युवा तन चिंतादिरहित ताको सुख कही इत्यादि सुखकी राशि कहे जाको संपूर्ण सुख प्राप्त इत्यादि माधुर्यदश कहि ताहीमें ऐश्वर्य देखावत कि जो आनंदसिंधु सुखराशि सर्वोपरि साकेतविहारी हैं तेहि सिंधुके सीकर नाम लघु बुंदमात्रते अर्थात् अंशांशते त्रैलोक्य सुपासी तीनिउ लोकनके सुपास करनेवाले हैं अर्थात् ब्रह्मा विष्णु शिवादिकी प्रभुताई है सदाशिव संहितायाम्॥ वाङ्मनोगोचरातीतो ज्योतीरूपः सनातनः। तस्मिन्मध्ये पुरं दिव्यं साकेतमिति संज्ञकम्॥ तत्रास्ते भगवान्रामः सर्वदेवशिरोमणिः। यदंशेन समुद्भूता ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः॥ उद्भवन्ति विनश्यन्ति कालज्ञानविडम्बनैः। अर्थात् जिनके अंशमात्रते ब्रह्मादि तीनिहूं लोकको सुख दै रहे

हैं ५ जाभांति ब्रह्मादि त्रयलोकको सुखदेत तथा जाके अंशते अनेकन त्रिदेव अनेकन ब्रह्मांडनको पालि रहे हैं या रीतिते अखिल कहे संपूर्ण लोकन के विश्राम नाम सुखदायक जो प्रभु बालरूप अर्थात् कौशल्या ज्ञानशक्ति हैं ताको फल आनंदरूप नंदन सो सुखको धाम जिनको रूप समग्र सुखको निवास है अर्थात् जो जीव यहां प्राप्त होई सोई सुखी ह्वै जाई इति सुखधाम रूपको राम ऐसा नाम है तहां जाति गुण क्रिया यदृच्छादि चारिभांतिते नाम होत सो इहां क्रिया नाम कहे अर्थात् दयादृष्टि सबमें रमत वा शोभामय आपने रूपमें सबको रमावत ताते राम कही अरु पुनर्वसुके चौथे चरण को जन्म है सो हकाराक्षर इकारस्वर ताते हिरण्यगर्भ वा हिरण्यनाभ राशि को नाम होना चाहिये ६ विश्व जो संसार अर्थात् जीवमात्रनको भरण अर्थात् सबके परिश्रम के फलदायक पुनः जीवनको पोषण कहे पालिकै पुष्टकरनेवाले जो हैं तिनकर भरत ऐसा नाम होई यहौ क्रिया नाम है इहां कैकेयीजी क्रियाशक्ति हैं ताको फल धर्मरूप भरतजी हैं ते स्वाभाविक जीवनको पालन पोषण करत पुनः भरत कहे शुभाशुभ कर्म देखि फलदेत अर्थात् जो अशुभ कर्म करत ताको दुःख जो शुभकर्म करत ताको सुख देत याते क्रिया नाम भरत कहे पुनः पुष्य नक्षत्र दूसरे चरणको जन्म हकाराक्षर एकारस्वर ताते हेमनिधि राशिनाम होना चाहिये ७ जाके सुमिरणते अर्थात् जाको नाम रूप स्मरण ध्यानादि कीन्हेते भक्तनके लौकिक रिपु वैरकर्ता वा दुष्ट जन वा परलोकके रिपु कामादि ते नाश होत भाव सुमिरण करतही जो शत्रुको नाश करत ताको शत्रुघ्न ऐसा नाम वेदमें प्रकाशित है यहू क्रिया नाम है पुनः श्लेषा प्रथम चरण डकाराक्षर ईकारस्वर ताते डीलतेजनिधि राशिनाम होना चाहिये सुमित्राकी व्याख्या लक्ष्मण नामके पीछे लिखब ८ दोहार्थ ॥ लक्षण यथा दोहा ॥ शुक्ल रूप अरु शील गुण, सत्य पराक्रम जान ॥ सुचित आत्म अभ्यास गनि, वर विचार परिमान १ शास्त्रज्ञान ज्ञानीपरम, पूरण परातियत्याग ॥ मानी पुनि लोकेश गनि, औदारत्व विभाग २ विद्या पुष्टि बखानिये, प्रियवादी शुभ अंग ॥ आत्मकाम सूक्षम बहुत, गुण परिपूरण अंग ३ मात पिता गुरु भक्तहैं, मन वच कर्महि जान ॥ रूपकर्णाजितइंद्रिऔ, दाता धर्मनिधान ४ सुरपूजन निद्रा अलप, स्वल्पाहारी होइ ॥ ये बत्तिस लक्षण युत, बिरले युगमें कोइ ५ अथवा शुद्ध रामभक्तनके लक्षण महारामायणे ॥ शान्ताः समानमनसश्च सुशीलयुक्ताः तोषक्षमागुणदयावृजुबुद्धियुक्ताः। विज्ञानज्ञानविरतिः परमार्थवेत्ता निर्धामकोऽभयमनाः स च रामभक्तः ॥ इत्यादि लक्षणनके धाम अर्थात् परिपूर्ण पुनः श्रीरघुनाथजीको

अत्यन्त प्यारे पुनः सकल जगत् जिनकी आधार है अर्थात् भक्ति के आचार्य जगके कल्याणकर्ता हैं तेहि सुमित्रानन्दनको गुरु वशिष्ठजी लक्ष्मण ऐसा उदार नाम राखा जगके कल्याणकर्ता सोई उदारता है लक्षणधाम ताते लक्ष्मण नाम यहौ क्रियानाम है श्लेषा प्रथम चरण को जन्म डकाराक्षर ईकार स्वर डीलधराधर राशिनाम चाहिये इहां सुमित्रा उपासनाशक्ति तामें द्वै भेद एक उपासक हरिसेवक ता अंशते लक्ष्मण प्रभुके सेवक दूसरे उपासक हरिभक्तनके सेवक ताते शत्रुघ्न भरतकी सेवा में रहे ६ ॥

२३ धर्‍यो नाम गुरु हृदय विचारी। वेदतत्त्व नृप तव सुत चारी १०
मुनि जन धन सर्वस शिव प्राना। बालकेलि रसतेइँ सुख माना ११
बारेहिते निज हित पति जानी। लक्ष्मण रामचरण रति मानी १२
भरत शत्रुहन दूनौं भाई। प्रभुसेवक यश प्रीति बढ़ाई १३
श्याम गौर सुंदर दोउ जोरी। निरखहिंछबिजननी तृणतोरी १४
चारिउ शील रूप गुणधामा। तदपि अधिक सुखसागर रामा १५
हृदय अनुग्रह इन्दु प्रकासा। सूचति किरणि मनोहर हासा १६
कबहुँ उछंग कबहुँ वर पलना। मातु दुलारहिं कहि प्रियललना १७

दो० व्यापक ब्रह्म निरंजन, निर्गुण विगत विनोद ॥
सोइ अज प्रेमभक्ति वश, कौशल्या की गोद १८

२३ गुरु वशिष्ठजी अपने हृदयमें विचारिकै चारिउ राजकुमारन के नाम धरे क्या विचारे सो प्रसिद्ध कहत कि हे नृप ! तव सुत तुम्हारे पुत्र चारिहू वेदको तत्त्व हैं वेदको तत्त्व है प्रणव तामें षट्वर्ण हैं यथा अकारः प्रथमाक्षरो भवति उकारो द्वितीयाक्षरो भवति मकारस्तृतीयाक्षरो भवति अर्द्धमात्रा चतुर्थाक्षरो भवति बिंदुः पञ्चमाक्षरो भवति नादः षष्ठाक्षरो भवति तारकत्वात्तारको भवति। अकाराक्षरसम्भूतः सौमित्रिर्विश्ववर्द्धनः ॥ उकाराक्षरसम्भूतः शत्रुघ्नस्तैजसात्मकः । प्रज्ञात्मकस्तु भरतो मकाराक्षरसम्भवः ॥ अर्द्धमात्रात्मको रामो ब्रह्मानन्दैकविग्रहः । श्रीरामसांनिध्यवशाज्जगदानन्दकारिणी ॥ उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् । सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता । प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिन इति ओमित्येतदक्षरं सर्वतस्योपव्याख्यानं भूतं भव्यं भविष्यदिति सर्वमोंकार एव इति रामतापिन्याम् इत्यादि विचारि वेदतत्त्व कहे १० नामकरणोत्सवको पद यथा ॥ आजु अवधेशघर माई । बारहौं देखु सुखदाई ॥ मैत्र वैशाखभृगु

पांवै। विविध चित्रामको बांचै॥ बारतिय द्वारपै नाचै। याचकौ दानको याचै॥ ध्वज पताक तोरण रचे, बहुविधि बन्दनवार। मणिदीपक घट हेमपै घर घर मंगलचार॥ पुरी सब शोभासों छाई १ अजिर गोमय सुलिपवाई। बोलि ऋषिराज नृप जाई॥ चारितहँ चौक मणि पूरी। पितर सुर पूजि विधि रूरी॥ रानी सकल सबालकौ, मज्जन वसन सँवारि। चौक बैठि सुत गोद लै, गावत मंगलनारि॥ वेदध्वनिभूसुरसमुदाई २ सघृत हवनादिकरि ताहीं। नाम लिखि पीपरदलमाहीं॥ पूजि त्रैवार सुखदाने। सुनावत बाल शुभ काने॥ नामकरण विधि वेद गुरु, हिरण्यगर्भ कहि राशि। रमत रमावत सर्वते, राम नाम सुखराशि॥ तत्त्व यह शाश्वत श्रुति गाई ३ पुष्य भा चरण दूसर है। हकाराक्षर स ए स्वरहै॥ हेमनिधिराशिको नामा। भक्तमणि भव्यगुणधामा। विश्वभरण पोषण करत, भरत नाम यहि जानु। अमल चन्द यश दीप कुल, भक्तिप्रकाशक भानु॥ सुवन मंगल कैकेयि जाई ४ सुमित्रा पुत्र द्वै जाये। नाम कल्याण मुद गाये॥ चरण दूजो सर्प भाये। डकाराक्षर ईस्वर पाये॥ डील धराधर ज्येष्ठ जो, डील सबल जो क्षाम। बैजनाथ रघुनाथ प्रिय, लक्ष्मण लक्षण धाम॥ शत्रुहन सुमिरण रिपुहाई ५ मुनि यथा अगस्त्य नारद पराशर बाल्मीकादि तिनके केवल श्रीरघुनाथैजी धन हैं अर्थात् अगस्त्यजी संहिता रामायणादि रामचरितै गाये तथा नारद रामभक्तिही उपदेशते हैं पराशरभी रामायणादि राम चरितै गाये बाल्मीकि सौकोटि रामचरितै गाये पुनः जन कहे हरिजन यथा काकभुशुण्डि हनुमानादि श्रीरामदास तिनके सर्वस्व अर्थात् यावत् नेह नाते हैं सब एकरामहीहैं दूसरेको अपनो करि जानतेही नहीं यथा शिवसंहितायाम् हनुमद्वचनम्॥ पुत्रवत्पितृवद्रामो मातृवन्मम सर्वदा। श्यालवद्रामवद्रामः श्वश्रूवच्छ्वशुरादिवत्॥ पुत्रीवत्पौत्रवद्रामो भागिनेयादिवन्मम। सखावत्साखिवद्रामः पत्नीवदनुजादिवत्॥ यः प्रीतिः सर्वभावेषु प्राणिनामनपायिनी। रामे सीतापतावेव निधिवन्निहिता मुने॥ पुनः शिवके प्राणजीवन धन श्रीरघुनाथै जी हैं संवादै वर्णन है इत्यादि यावत् रामसनेही हैं तेई सब बालकेलि रसास्वादनमें सुख माने श्रवण कीर्तन करतेहैं ११ अब बालकेलि प्रारम्भ करे सो कहत कि बारेही अवस्थाते अपनो हितकार पति जानिकै लक्ष्मणजी श्रीरघुनाथजी के चरणारविन्दनमें रति नाम प्रीति मानि एकरूपते अपनी माताकी गोदमें खेलते हैं अरु एकरूपते सदा रघुनाथजी के निकट कौशल्याजी के मंदिर में रहते हैं यह अट्ठाईसवें अध्याय सत्योपाख्यानमें प्रसिद्धहै यथा॥ क्रीडन्तौ रामचन्द्रेण सुमित्रातनयौ तु तौ। तस्मिंस्तटे स्थितिं चक्रे कौशल्या यत्र तिष्ठति॥ गवाक्षे च मुखं कृत्वा सुमित्राभवनं नृपः। विलो-

कयामास सुतौ क्रीडन्तौ जननीयुतौ १२ यथा श्रीराम लक्ष्मण तथा भरत
शत्रुघ्न दोनों भाई जस प्रभु सेवक को चाहिये तैसेही दोऊ जने परस्पर प्रीति
बढ़ाई अर्थात् भरतजी अपनो सेवक जानि दयादृष्टिते प्रीति बढ़ाये अरु
शत्रुघ्नजी भरतजी को स्वामी जानि सेवा शुश्रूषा श्रद्धा सहित प्रीतिभाव
बढ़ाये कौन भांतिते प्रीति बढ़त यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ ददाति प्रतिगृह्णा-
ति गुह्यं वक्ति च पृच्छति । भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम् ॥ अत्य-
न्तभोग्यताबुद्धिरानुकूल्यादिशालिनी । अपरिपूर्णस्वरूपा या सा स्यात्प्रीति
रनुत्तमा १३ श्याम श्रीरघुनाथजी गौर लक्ष्मणजी तथा श्याम भरतजी गौर
शत्रुघ्नजी इत्यादि श्याम गौर मिलि दोऊ जोड़ी सुन्दर अर्थात् सर्वांग
सुठौर बने इत्यादि मनमोहनरूप की छवि ताको सब जननी तृण तोरिकै
अर्थात् जामें काहूकी नजरि न लगै या भांति पुत्रनको निरखती हैं १४
शील यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ हीनैर्दीनैर्मलीनैश्च बीभत्सैः कुत्सितैरपि ॥
महतोऽच्छिद्रसंश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः ॥ रूपयथा ॥ अंगानि भूषि-
तान्येव निष्काद्यैश्च विभूषणैः ॥ येन भूषितवद्भाति तद्रूपमिति कथ्यते
अर्थात् विना भूषणै भूषितवत् देखाय ताको रूप कही इत्यादि शील
कहिबेते ऐश्वर्यगुण रूप कहिदेते माधुर्यगुण इत्यादि गुणन के धाम चारिहू
राजकुमार हैं तदपि तिनके बीचमें श्रीरघुनाथजी अधिक सुख के सागर हैं
जिनमें सुख सर्वांग परिपूर्ण है १५ श्रीरघुनाथजी के हृदय में अनुग्रह कहे
सदा एकरस जीवनपर दयारूप इन्दु जो चन्द्रमा हृदय में पूर्ण प्रकाशमान
है कैसे जानिये जो मनको हरणहारी हँसनि है सोई अनुग्रहरूप चन्द्रमा की
किरणों को सूचित नाम प्रसिद्ध करत भाव मुसुकानि देखि भवताप जात १६
कबहूं स्वाभाविक उछंग नाम गोदी में लैकै प्रियवचन लालन छौना बच्चादि
कहिकै दुलराती हैं कबहूं शुभ मुहूर्त्त विचारि गान वाद्य दानादि उत्सव
सहित कंचनमणिजटित मनोहर पलना जामें कोमल रेशमी ऊंचा बिछावन
बिछा तापर पौढ़ाइ माता आनन्द ते झुलावती हैं या भांति बालकेलिमें मग्न
हैं यामें सूक्ष्मरीतिते दोलारोहण उत्सव कहे पद यथा ॥ रघुवर पलने झू-
लत माई ॥ जेठ शुक्ल द्वितिया रोहिणि भृगु शुभदिन आजु मुहूरत पाई १
उबटि न्हवाइ बसन भूषण साजि करपद पहुँची नवल बनाई । अनखा भाल
नयन अंजन दै वसन डासि तापै पौढ़ाई २ युवती गान दान याचक दै
बाजत वाद्य वेदधुनि छाई । पुरजन देत निछावरि जहँ तहँ कनक बसन
मणि धन बहुताई ३ सुनि उत्सव दोलारोहण को पुर नारिन मिलि सुरतिय
आई । बैजनाथ पलराहित लालछवि निरखि निरखि सब लेत बलाई ४ ॥ १७

दोहार्थ ॥ अब सूर्यावलोकन उत्सव दिन भूषण वसन पहिराय कौशल्याजी प्रभुको गोद लै आंगन में निकरीं तब सर्वांग प्रभुकी शोभा सबको देखानी तहां अंगकी माधुरी वर्णन करैंगे याहेतु प्रथम ऐश्वर्य कहत कि जिन साकेतविहारी परब्रह्मको प्रकाशमात्र ब्रह्म अंतर्यामी रूपते सबमें व्यापक है पुनः निरंजन कहे कारणते परे निर्गुण कहे त्रिगुणते परे विगत विनोद कहे हर्षशोक रहित अज कहे जिनको किसी करिकै जन्म नहीं भया सोई प्रभु मनु शतरूपा के प्रेम भक्तिके वश ह्वैकै बालरूप कौशल्या की गोदमें विराजमान अर्थात् कौशल्याजी गोदीमें लिहे सूर्यदर्शायबे हेतु आंगनको आवती हैं यथा पद ॥ लखुआनमंगलचारअली ॥ सूर्य अवलोकनी छाह भली १ रविहस्त एकादशि जेठसुदी गृहधोय लीपि अजिरादि थली। थलनाल चौक यक आंगनमें तहँ लीक खैंचि करि रंग गली २ करि मज्जन भूषण साजि रानि उरमोद बालसह गोदकली। थल नाल चौकते लीकलीप पगदेत अजिरकी चौक चली ३ सहपुत्र घूमि तहँ सातबार करछांड़त अक्षतकी अँजली। यहि भांति भानु दरशाय बालातिय गावत आँनद सों सकली ४ मुनि आशिष मागध सूत भाट बँदि कीरति जो सुनि पापदली। यशपावन गावत राघवको हित बैजसुनाथ गिरा सफली ५। १८॥

२४ काम कोटि छवि श्याम शरीरा। नील कंज वारिद गंभीरा १९
अरुण चरण पंकज नख ज्योती। कमलदलन बैठे जनु मोती २०
रेख कुलिश ध्वज्ज अंकुश सोहै। नूपुर धुनि सुनि मुनिमन मोहै २१
कटि किंकिणी उदर त्रै रेखा। नाभि गँभीर जान जिहि देखा २२
भुज विशाल भूषणयुत भूरी। हिय हरिनख शोभा अतिरूरी २३
उर मणि हार पदिक की शोभा। विप्र चरण देखत मनलोभा २४
कंबुकंठ अतिचिबुक सुहाई। आनन अमित मदनछवि छाई २५
दुइ दुइ दशन अधर अरुणारे। नासा तिलक को वरणै पारे २६
सुंदर श्रवण सुचारु कपोला। अतिप्रिय मधुर तोतरे बोला २७
चिक्कण कच कुंचित गभुवारे। बहुप्रकार रचि मातु सँवारे २८
पीतझँगुलिया तनु पहिराई। जानुपाणि बिचरनि मुहिं भाई २९
रूप सकहिं नहिं कहि श्रुति शेखा। सो जानै सपनेहुँ जिहिं देखा ३०

दो० सुख संदोह मोहपर, ज्ञान गिरा गोतीत ॥
दंपति परम प्रेमवश, कर शिशुचरित पुनीत ३१

२४ अब वा समय की शोभा वर्णन करत नीलकमलसम सुगंधित कोमल वारिद कहे सजल मेघसम गंभीर श्याम शरीर में कोटिन कामकी अर्थात् अतुलित छवि है कमल से रुजहर्ता मेघसे लोकपालक काम से मन मोहत इहां बालअवस्थाते मणिकी चमक नहीं कहे १९ इहां वात्सल्यरसते नखते वर्णन अरुण कहे लाल चरणकमल लावण्यताके भरे कोमल अँगुरिन में नखन की ज्योति कैसी शोभित कि सनख अँगुरी नहीं हैं जनु कमलदलन पर मोती बैठेहैं यह उत्प्रेक्षालंकारहै २० अरुण कोमल पादतल में कुलिश जो है वज्र पुनः ध्वजा पुनः अंकुश इत्यादि रेखा सोहते हैं तहां रेखा तौ दोऊ पांवन में अड़तालीस हैं तामें तीनिही क्यों कहे तहां वज्र दक्षिणपद अँगुठाके निकट है सो प्रसिद्ध देखात अरु अंकुश ध्वजा एँड़ी के निकट सोऊ प्रसिद्ध देखात याते तीनिही कहे वा वज्र पापनाशक अंकुश मन मातंग को थिरकर्ता ध्वजा कामादि शत्रुन ते विजयदायक तीनिही ते प्रयोजन ह्वैगयो याते सब नहीं कहे वा जब तीनि सुनैंगे तब और को लोग ठठि लेइँगे यह महारामायण छियालीसके अध्याय में प्रसिद्धहै पुनः नूपुर कहे पहुँटिया पांवन में पहिरे तिनकी ध्वनिसुनि जो अत्यंत रूखा मुनिनको मन सोऊ मोहित होत अर्थात् ब्रह्मसुख त्यागि अनुरागी होत २१ रेशम सूत्रपुही कलाबत्तू वेष्टित किंकिणी करधनी कटिमें शोभित ता ऊपर उदरसम सुधर में तीनि रेखा नाभी दहिनावर्त गंभीर गहिर प्रसिद्ध वा ध्यान में जाने देखा होइ सो वाकी शोभा जानै २२ भुजा विशाल लंबायमान तामें भूरि नाम बहुत भूषण पहुँची कड़ा अंगद भुजबलादियुत जनु सफलित सुरतरु लघु शाखा है हियपर कनकमणिमय कठुला तामें हरिनख बघनहा ताकी शोभा रूरी अति सुंदरहै २३ पुनः उरमें मणिको हार अरु पदिक जड़ाऊ चौकी सोने में बहुरंग मणि चमकि रहीं ताकी अपूर्व शोभा है निज ऐश्वर्य गुप्तार्थ विष्णुरूप की आभास जनायवे हेतु विप्रचरण को चिह्न धारे ताको देखत मन लोभात भाव सेवाकरिबे योग्यहै २४ कंबु कहे शंख सम कंठ तीनि रेखा जनु त्रिलोककी शोभा वा त्रिपाद विभूति है चिबुक ठोढ़ी अत्यंत करि सुहाई नाम शोभायमान है आनन मुख पूर्णचंद्रवत् जामें अमित कामकी छवि छाइरही है २५ नवपल्लवसे अरुणारे लाले अधर कहे ओठनके बीच दुइदुइ दशन दतियां कुंद कलीसी चमकि रहीं ता ऊपर सम सुधर शुकतुंडवत् नासा नाक मनोहर तापै भालबिषे गोरोचन को तिलक ताकी शोभा वर्णन करि को कवि पार पावै २६ सुंदर शोभायमान श्रवण कान ताके समीप अमल अमोल गोल कपोल गाल मधूक पुष्पसे रसभरे चारु नाम सुंदर मधुर

मीठे तोतरे बोल जब परस्पर बोलत तब सुनत में अत्यंत प्रिय लागत २७ गभुवारे गर्भहीके पैदाहुये कुंचितनाम टेढ़े अतरआदि लगाये चिक्कण चमकदार रसीले कच जो बार तिनको बहुप्रकारते रचिकै अर्थात् पैंछि गुहि किरणि की लटकनी आदि मातनने सँवारे २८ अब भूमि उपवेशन उत्सव सूक्ष्मते कहत सर्वांग शृङ्गार सहित जरतार रेशमी पीतरंग की झंगुली श्याम तनुमें पहिराये भूमि में बैठावती भई तहां जानु पाणि बइयां बइयां भूमिकी बिचरनि कवि कहत कि मोहिं अत्यंत भाई भली लागत पद यथा ॥ आजु अनन्द बधावन घर घर भूम्युपवेशन रामललाको । भाद्रकृष्ण पुष्यार्क त्रयोदशि इष्ट दंड दश आठपलाको १ बोलि विप्र गुरु धाम जाय नृप साजि विधि मंगलचार भलाको । तान वितान लीपि आंगन में पूजि वराह सभूमिथला को २ बाल न्हवाय साजि भूषणपट कटि सूत्रादिक माल गलाको । बैठावत महिवस्तु विविध धरि अन्नादिक बहु सर्वकला को ३ युवतीगान वेद ब्राह्मणजय मिलि ध्वनिदेत दान सकलाको । याचक जात अशीशत जहँ तहँ सुत चिरजीव भूप विमला को ४ ज्ञान कंज रविकर्मक्षेत्रजल सुभग सुहाग भक्ति अबला को । बैजनाथ गावत पावन यश वचन पुनीत जन्म सफलाको ५ ॥ २९ जिन श्रीरघुनाथ जी को रूप अर्थात् द्युति लावण्यता सुंदरता रमणीकता कांति सुकुमारतादि माधुरी को वर्णन श्रुति वेदादि यावत् ग्रंथ शेषादि आचार्य ते नहीं कहिसकत ताको और कैसे कहे उस रूपको तौ वही जानै जो स्वप्नेहू में देखा होइ सो वा रूपतक किसीकी गति नहीं सो कैसे कोऊ कहै ३० दोहार्थ ॥ संदोह यथा ॥ समूहो निवहव्यूहसंदोहविसरव्रजाः इत्यमरः ॥ सुख संदोह समूह सुखते परिपूर्ण अरु मोह जो कारण माया जो आत्मदृष्टि भुलाय जीवन को इन्द्रियनकी विषय वशते मूर्च्छित करत तेहि मोहते परे पुनः ज्ञान जो आत्मदृष्टि अरु परा पश्यंती वैखरी आदि वाणी पुनः गो कहे इन्द्रिय यथा कर्ण नयन रसनादि तिनते अतीत नाम परे अर्थात् ज्ञान वाणी इन्द्रियन करिकै नहीं प्राप्त ह्वै सकत ऐसे परात्पर परब्रह्म साकेतविहारी तेई दंपति स्त्री पुरुष मनु शतरूपाके परमप्रेम ताके वशते बालरूप धारण करि शिशु कहे बालचरित पुनीत पवित्र करते हैं भाव सबभांति दुर्लभ सोई प्रभु प्रेमते सुलभ हैं ३१ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे बाललीलावर्णननाम त्रयस्त्रिंशः प्रकाशः ३३ ॥

आकृ १५ भौ

२५ यहिविधि राम जगत पितुमाता । कोशलपुरवासिन सुखदाता १

जिन रघुनाथचरण रति मानी । तिनकी यह गति प्रगट भवानी २
रघुपतिविमुख यतन कर कोरी । कवन सकै भवबंधन छोरी ३
जीव चराचर वश करि राखे । सो माया प्रभुसों भय भाखे ४
भृकुटिविलास नचावे जाही । अस प्रभु छाँड़ि भजियकहु काही ५
मन क्रम वचन छाँड़ि चतुराई । भजत कृपा करिहैं रघुराई ६
यहिविधि शिशुविनोदप्रभुकीन्हा । सकल नगरवासिन सुख दीन्हा ७
ले उछंग कबहुँक हलरावैं । कबहुँ पालने घालि झुलावैं ८

दो० प्रेममगन कौशल्या, निशिदिन जात न जान ॥
सुत सनेह वश माता, बाल चरित कर गान ९

२५ जीव माया ईश्वरादि यावत् जगत् है ताके माता पिता श्रीरघुनाथजी सो यहिविधि बाललीला करि कोशलपुर श्रीअयोध्याजी ताके वासी नर नारिन के सुखदाता भये प्रसिद्ध सुखदान देत १ हे भवानी ! जिन प्राणिन श्रीरघुनाथजी के चरणारविंद में रति मानी अर्थात् और आशा भरोसा छाँड़ि प्रेम भाव ते साँची प्रीति करी तिन सबकी यही अवधवासिन कीसी गति प्रकट है अर्थात् उनहूं को इसी भाँति प्रभु सुख देते हैं २ अरु जो श्रीरघुनाथजी सों विमुख अर्थात् प्रीति नहीं किहे हैं ते प्राणी कर्म ज्ञान तप योगादि कोरि कहे करोरिन यत्न करैं कि हम संसारते छूटि जाई तौ उनको भवबंधन जन्म मरणादि और कौन छोरि सकै अर्थात् विना प्रभुकी भक्ति मुक्ति नहीं ह्वैसकत यथा सत्योपाख्याने ॥ विना भक्तिन्न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते । यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिस्तु राघवे ॥ रुद्रयामले ॥ ये नराधमलोकेषु रामभक्तिपराङ्मुखाः । जपं तपं दया शौचं शास्त्राणामवगाहनम् ॥ सर्वं वृथा विना येन शृणुध्वं पार्वति प्रिये ३ प्रथम कारण माया आत्मदृष्टि खैंचि जीवत्वकरे पुनः कार्य माया इन्द्रियनकी विषयके वश अल्पज्ञ करि दियो या भांति चराचर जीवनको आपने वशमें करि राखेउ सोई माया प्रभु रघुनाथजीसों भय कहे डरायकै आरत शब्द भाषत अर्थात् सदा डरत है ४ पुनः श्रीरघुनाथजी आपनी भृकुटी की विलासते नचावते हैं अर्थात् जैसी भृकुटी फेरत तैसीही माया नाचत ऐसे प्रभु रघुनाथजीको छाँड़ि कहौ और किसको भजिये और को मायाको रोक सक्ता है जाको भजी ५ कौन प्रकारते प्रभुको भजिये सो रीति कहत कि मन वचन कर्मते चतुराई छल छांड़िकै चतुराई यह कि सबके देखत विशेष पूजादि अकेले सामान्य वा मन में अनेक आशा भरोसा ऊपरते रामदासबने कहत और करत और इत्यादि छांड़ि बाहर भीतर

एकरस प्रेमते भजतसंते अवशि श्रीरघुनाथजी कृपा करिहैं ६ यहि विधि पूर्व रीति शिशुविनोद बाललीला प्रभुकीन्हे ताते नगर अवधवासिनको उत्सव अवलोकनादि सुखदीन्हे अर्थात् प्रतिदिन नवीन उत्सव देखि परमानंद पावतरहैं ७ प्रतिदिन कबहूं किसी समय कौशल्याजी उछंगकहे गोदीमें लैके श्रीरघुनाथजीको हलरावत कबहूं पालने में घालि पौढ़ायके झुलावती हैं इसी भांति अनेक क्रीड़ाको सुखलेती हैं ८ दोहार्थ ॥ वात्सल्यरस ते पुत्रभाव के प्रेम में कौशल्याजी मग्न ताते निशिदिन जात नहीं जानत कब बीतिगये काहेते सुतसनेह पुत्रविषयक रतिकेवश ताते दिनराति यही लग्न कि प्रभुके बालचरित गान कीन करती हैं पुत्रही भाव रहिगयो परब्रह्मरूप की सुधि विस्मरण होगई ९ ॥

२६ एकबार जननी अन्हवाये । करि शृँगार पलना पौढ़ाये १०
निजकुल इष्टदेव भगवाना । पूजाहेतु कीन्ह अस्नाना ११
करि पूजा नैवेद्य चढ़ावा । आपु गई जहँ पाक बनावा १२
बहुरि मातु तहँवां चलिआई । भोजन करत दीख सुत जाई १३
गइ जननि शिशुपहँ भयभीता । देखा बालक तहँ पुनि सूता १४
बहुरि आइ देखा सुत सोई । हृदय कंप मन धीर न होई १५
इहां उहां दुइ बालक देखा । मतिभ्रम मोरिकिआन विशेखा १६
देखि राम जननी अकुलानी । प्रभु हँसिदीन्ह मधुर मुसुकानी १७

दो० दिखरावा निज मातहीं, अद्भुतरूप अखण्ड ॥
रोम रोम प्रति राजहीं, कोटिकोटि ब्रह्मण्ड १८

२६ अब सूक्ष्म रीति ते अन्नप्राशन उत्सव कहत एकबार अन्नप्राशनदिन जननी कौशल्याजी प्रभातही उबटि स्नान कराइ बाल वसन भूषणादि शृंगार करि यथा झँगुली, टोपी, माला, अंगद, कड़ा, पहुँची, पौंटिया, कठुला, अंजन, अनखा, बार गुहि इति शृङ्गार करि बिछौना बिछाइ पलनापर पौढ़ावत भई १० पुनः निज आपने कुलके इष्टदेव रंगनाथ भगवान् तिनके पूजाहेतु श्रीकौशल्याजी स्नान करि अनेक पकवानादि रसोई करती भई ११ पूजन यथा पाद्य, अर्घ्य, आचमन, मधुपर्क, आचमन, स्नान, वसन, भूषण, यज्ञोपवीत, चंदन, तुलसी, फूल, धूप, दीपादि पूजा करि पुनः नैवेद्य चढ़ावा अर्थात् रसोईके समग्र पदार्थ कंचनथारमें परोसि भगवान् के आगे थार धरि निवेदित कीन पुनः आपु कौशल्याजी जहां पाकबनावहै रसोई को

मंदिर तहांको गई तब श्रीरघुनाथजी विचारे कि हमारो परात्पर रूप माता भूलिगई काहेते पूर्वजन्ममें यह प्रतिज्ञा किहे रही कि शंभु विरंचि विष्णु भगवाना । उपजहिं जासु अंशते नाना ॥ इत्यादि मेरे रूपकी चाहमें जो ब्रह्मा विष्णु शिवादि वर देनेको आये तिनसों वार्ता भी न करी अब वर्तमान मोको गोदी में लिहे अरु मेरेही अन्नप्राशनहेतु मोको प्रथम अन्नखवायबे हेतु रसोई करी सो मोको छांड़ि जो प्रथम रंगनाथको भोग लगावती है तौ मेरा रूप भूलि गई अरु यह रसोई मेरे हेतुहै यह विचारि निवेदितथारमें प्रभु भोजन करनेलगे १२ जब पाकशालाते बहुरि माता जहां रंगनाथ रहें तहां को चलिआई तब सुत रघुनाथजी को देखा कि थारमें भोजन करते हैं १३ इहां पुत्रको देखि शंकाभई कि यहांको आये कैसे अरु भोजन करना कैसे जाने इति आश्चर्यते भयभीत डरिकै जननी शिशुपहँ जहां पुत्रको पौढ़ाइ आई रहै तहां गई पुनः तहौं देखा कि बालक सोवता है १४ बहुरि मंदिरमें आइ देखा सोई पुत्र श्रीरघुनाथजी भोजन करतेहैं द्वैरूप पुत्रके देखि हृदय कांपि उठो अरु मनमें धैर्य नहीं होत १५ काहेते धैर्य नहीं होत कि इहां मंदिरमें भोजन करत उहां पलनापर सोवत इत्यादि दुइ बालक देखा सो विचारत कि मोरि मतिन भ्रमके वशहै कि विशेषि करिकै आन दूसरा बालक ही है वा और कुछ कारणहै १६ जो रूपते पौढ़ेहैं तामें संदेह नहीं है काहेते जैसे कौशल्याजी पौढ़ाइ आईं तैसेही पौढ़ेहैं याते उहां ते चलीआईं जो रूप ते भोजन करतेहैं इसी रूप ढिग सशंकित ठाढ़ीहैं जब श्रीरघुनाथजी देखा कि जननी अकुलाइ उठी अर्थात् अद्भुतरसते भयानक रस ह्वै जाने चहतेहैं तब मधुर मुसुकानि ते प्रभुने हँसि दिया अपनामें हासरस दर्शाय कौशल्याजीमें भयस्थायी को शांत करादिया जब विस्मयमात्र स्थायी रही तब यथार्थ अद्भुतरूप दर्शाय दिया सो आगे कहत १७ दोहार्थ ॥ निज आपनी माता कौशल्याजी को श्रीरघुनाथजी अद्भुत अखंडरूप देखरावा कैसा अद्भुत जा रूपके रोमरोमप्रति कोटिनकोटि ब्रह्मांड राजते हैं इहां देखरावा यामें प्रेरणार्थक क्रियाहै काहेते जो सकर्मार्थक क्रिया होती तौ ऐसा पद चाहियत रहै कि देखावा निजमातहि सो नहींहै अरुहै ऐसा कि देखरावा निज मातहि यामें प्रेरणार्थक क्रिया होत अर्थात् आपु नहीं देखावा आपने दूसरे रूपते देखरावा तहां रूप दोऊ वर्तमान हैं तहां जा रूपते शयन किहे हैं सो नैमित्त्य रूपहै काहेते प्रथम अति शिशु भये पुनः प्रतिदिन वृद्धि होतगये यथा दँतियां जामीं बैयां चले कर्णवेध चूड़ाकर्म कुमार भये यज्ञोपवीत विद्याभ्यास पौगंड भये बाणशिक्षा अश्वारोहण किशोर भये विवाहादि इत्यादि बाल-

रूप नैमित्त्य सोई कौशल्यानंदन ते तौ शयन किहे हैं पुनः जा रूपते रंगजी के मंदिरमें भोजन करते हैं वह नित्य बालरूप प्रभु को है जाको काकभुशुण्ड सनकादि लोमश शिवादि यावत् शांतरसवाले वा वात्सल्यरसवाले ते नित्य बालरूप प्रभुको स्मरण ध्यानादि करते हैं यथा सनत्कुमारसंहितायाम् ॥ पितुरङ्कगतं राममिन्द्रनीलमणिप्रभम् । कोमलाङ्गं विशालाक्षं विद्युद्वर्णाम्बरावृतम् ॥ पुनर्वशिष्ठसंहितायाम् ॥ श्रीरामो लक्ष्मणश्चैव शत्रुघ्नो भरतस्तथा । नित्या रघुकुलोद्भूता नित्यास्सर्वे कुमारकाः ॥ नित्यं दशरथस्याङ्कस्थितस्य परमात्मनः । क्रीडतो रामचन्द्रस्य यावद्याति क्षणं प्रभो ॥ तावद्ब्रह्ममहेशाद्याः सेन्द्रा ब्रह्माण्डकोटयः । कटाक्ष्याद्रामभद्रस्य लयं यान्त्युद्भवन्ति च ॥ इत्यादि जो नित्य बालरूप है तेहि रूपते श्रीरघुनाथजी अद्भुतरूप दिखरावा अर्थात् जो ऐश्वर्य गुप्त राखे रहैं सो प्रकट करिदिया जामें कोटिन सूर्यन कैसो तेज अखंड सदा एकरस सो एकीएका जो तनुते बिज्जुलछटा ऐसी भई तामें दृष्टि न दैसकी अरु प्रथमै हँसिदिये सोई मायाको प्रकाशहै ताके रचे हुये अनेकन ब्रह्माण्ड रोम प्रति देखाने अरु पूर्व रूप में नररूप धारण करिबे की प्रतिज्ञा है ताते उस रूपमें ऐश्वर्य नहीं देखाये वह गुप्तरूप है १८ ॥

२७अगणित रविशशिशिवचतुरानन । बहुगिरि सरित सिंधुमहिकानन १९
काल कर्म गुण ज्ञान सुभाऊ । सो देखा जो सुना न काऊ २०
देखी माया सबविधि गाढ़ी । अतिसभीत जोरे कर ठाढ़ी २१
देखी जीव नचावै जाही । देखी भक्ति जो छोरै ताही २२
तनपुलकित मुख वचन न आवा । नयनमूंदि चरणन शिरनावा २३
विस्मयवंत देखि महतारी । भये बहुरि शिशुरूप खरारी २४
अस्तुति करि न जाय भयमाना । जगतपिता मैं सुतकरि जाना २५
हरि जननी बहुविधि समुझाई । यह जनि कतहुँ कहसि सुनु माई २६

दो० बार बार कौशल्या, विनय करै कर जोरि ॥
अब जनि कबहूं व्यापही, प्रभु मुहिं माया तोरि २७

२७ तनुमें कोटिन रोम प्रतिरोम कोटिन ब्रह्मांड प्रतिब्रह्मांड ब्रह्मादिक याते अगणित सूर्य अगणित चंद्रमा अगणित शिव ब्रह्मा पुनः पर्वत नदी समुद्र पृथ्वी वनादि बहुत भांतिके अगणित इत्यादि सब देखाने देवादि जे नित्यजीव हैं १९ काल कहे पल दंड दिन मास वर्ष तेंतालिसलाख बीस

हजार वर्षकी चौयुगी हजार चौयुगीको ब्रह्माको दिन इति सौ वर्ष बीते ब्रह्मांड नाश इति काल कर्म यज्ञादि शुभ हिंसादि अशुभ जैसा कर्म करत तैसही स्वभाव जीवको होत गुण रज, तम, सतादि में जैसे जीव बँधत ताते छूटना सो ज्ञान इत्यादि जैसे कवौं सुना नहीं सो देखे अर्थात् प्रति ब्रह्मांडन में और और रीति के देखा इत्यादि मूर्तिमान् प्रभु के सम्मुख खड़े हैं २० आह्लादिनी संदीपिनी संधिनी विद्या अविद्या इत्यादि सब विधिकी माया गाढ़ी जिनके नांघिबेको काहूकी शक्ति नहीं सो अत्यंत सभीत सडर प्रभुके सम्मुख हाथ जोरे ठाढ़ीहैं २१ त्रिगुणरूप रसरी में बांधे कालकर्म स्वभावादि गतिन में जेहि जीव को अविद्या माया नचावत है पुनः नवधा प्रेमापरादि जो भक्ति है अर्थात् विद्या माया जो ताही जीव को छोरत है अर्थात् कालकर्म स्वभावादिकी गति रोकि त्रिगुणफंदन को तोरि श्रवण कीर्तनादि की गति में लगाय प्रभुके सम्मुख करत ताको देखा २२ जो बालचरितमें बूड़ी रहै सो भक्तिके देखतही थाहसी पाइ गई प्रभुके प्रभाव की सुधि आइ गई ताते तनु पुलकित अर्थात् प्रेम उमँगि रोमांच ह्वै नेत्रन में अश्रु कंठावरोधते मुखसों वचन न आवा स्तुति न करते वनी नेत्र मूंदि कर जोरि चरणारविंदनमें शीश नवाय दिये इहां माताको बालकेलि में भूली जानि प्रभु सिखावन दिये कि तुमतौ भक्ति मांगी है ताते मेरा ऐश्वर्य न भूलौ याते ऐश्वर्यमय रूप देखावा २३ या समय अद्भुत रसहै ताकी स्थायी विस्मय है यथा ॥ चमत्कार दर्शन परश सुमिरणते जो होइ । मनविकार अस मग्न सों विस्मय थायी जोइ ॥ प्रभुको रूप विभाग गद्गद बैन अनुभाव रोमांच स्थंभ संचारी विस्मयस्थायी इति अद्भुतरसमें विस्मयवंत माता को देखि ऐश्वर्य लोप करि खरारि रघुनाथजी बहुरि शिशु कहे बालरूप ह्वै गये २४ अब भयानक रस आइगयो जगत्के पिता तिनको मैं पुत्रकरि जाना इति अपराध विभाव कंपस्वेदादि अनुभाव दीनता संचारी भयस्थायी इति भयानक रसते कौशल्याजी भय मानि लीन्ह्यो ताते स्तुति नहीं करिजात यथा ॥ विकृत शब्द सत्वादिते, अपराधहिते होइ । मन विकार अस मग्न जे, भयथायी जिय जोइ २५ तब सडर जानि हरि श्रीरघुनाथजी जननी कौशल्याको बहुत भांतिते समुझावा कि तुम डरौ नहीं तुमने कुछ अपराध नहीं किया अरु मैं तुम्हारी चैतन्यताहेतु यह रूप प्रकट कीन्ह ताते हे माई! मेरे वचन सुनु यह हाल काहूते जनि कहसि प्रकट न करना २६ दोहार्थ ॥ जब प्रभुने कहा कि यह कतहूं कहियो न तब मन थिर भयो याते कौशल्या जी वारंवार विनती करती हैं अरु हाथ जोरिकै कहतीहैं कि हे प्रभु! यह

तुम्हारी माया अब कबहूं मोको जनि व्यापै अर्थात् ऐसी कृपा बनी रहै जामें मेरा मन मायाके वश न होइ ॥ पद अन्नप्राशनको यथा ॥ आजु उछाह अन्नप्राशनको दशरथभवन कुलाहल होई । गान नृत्य बरवाद्य जैति धुनि आपन पर कछु सुनत न कोई १ परमानंदचार मंगलकै नाचत ग्राम लाज तिय खोई । याचक दान होत निवछावरि पावत सोइ भावत मन जोई २ गुरु द्विज पूज्य मान्य परिजनजन कुलतिय साधु निमंत्रन सोई । षट रस चारिसुधासम व्यंजन सूपकार सब रचत रसोई ३ द्वितियामार्ग शुक्ल पूषा शशि मिथुन लग्न जिवनार सँजोई । अवधपाल निज बाल सुमुखमें स्वर्णसग्रास देत ससोई ४ खाय अघाय अँचय तांबुलदै निज निजधाम गये सजनोई । पौढ़ी रानि गोद बालकलै आनँद जनु फणिमणि उर गोई ५ नारद व्यास वशिष्ठ आदि कवि हनुमत शंकर जा घट जोई । बरणत बैजनाथ संतनहित यह रहस्य श्रुतिसार निचोई ६।२७॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामअद्भुतरूपदर्शनं
नाम चतुस्त्रिंशः प्रकाशः ३४॥

२८ बालचरित हरि बहुविधि कीन्हा। सकल नगरवासिन सुख दीन्हा १
कछुक काल बीते सब भाई। बड़े भये परिजन सुखदाई २
चूड़ाकरण कीन्ह गुरु जाई। विप्रन पुनि दछिना बहु पाई ३
परम मनोहर चरित अपारा। करत फिरत चारिउ सुकुमारा ४
मन क्रम वचन अगोचर जोई। दशरथ अजिर विचर प्रभु सोई ५
भोजन करत बोल जब राजा। नहिं आवत तजि बालसमाजा ६
कौशल्या जब बोलन जाई। ठुमुकु ठुमुकु प्रभु चलैं पराई ७
निगम नेति शिव ध्यान न पावा। ताहि धरै जननी हठि धावा ८
धूसर धूरि भरे तनु आये। भूपति बिहँसि गोद बैठाये ९

दो० भोजन करत चपल चित, इत उत अवसर पाइ ॥
भाजि चले किलकात मुख, दधि ओदन लपटाइ १०

२८ वर्षगांठि उत्सव पद यथा ॥ आनँद मंगल आजु अवधपुर वर्षगांठि अवधेशललाकी । चैत्रशुक्ल नौमी पावन दिन नटत प्रवीनी गान कलाकी १ बीन रबाब मृदंग सारँगी मधुर सुनात ताल तबलाकी । उघटत राग भाव कर दृग कटि घटित भूमि तिमि पावचलाकी २ याचक दान अशन कुल ब्राह्मण

नेगी नेग समन सफलाकी। आशिष देत निहारि बालछवि परानि सुहा तन
नैनपलाकी ३ चौक दीप धरि जन्म भयो जित भागि भली वहि भूमिथलाकी।
भरि पकवान पात्रमें बालक आकर्षणि शुभ सादवलाकी ४ मुनि कहि बालदीप
यहि कुलको देव सुखद खल वृंद हलाकी। बैजनाथ पालन साधुनको भूरिपीर-
हरि है अबलाकी ५ वर्ष समाप्त भयो याते कहत कि बालचरित अर्थात् जन्म छठी
बरहौंसूर्यावलोकनभूम्युपवेशनदोलारोहण अन्नप्राशनवर्षगांठिपर्यंतइत्यादि
बहुविधिके बालचरित हरि श्रीरघुनाथजी कीन्हे इत्यादि उत्सवद्वारा सकल
अवधवासिन को अत्यंत सुख दीन १ यावत् वर्ष नहीं पूर्ण तावत् मासकी
गनती जब वर्ष पूर्ण तबते वर्षनकी गनती कीन चाहिये कछुक काल दुइ वर्ष
बीते तीसरा चला सब भाई बड़े भये अर्थात् पांवनते चलने लगे तब परि-
जन कहे परिवारजन वा प्रजालोगादि बहुतनके सुखदाता भये भाव जोई
बुलावत ताहीके ढिग चलेजात इत्यादि बहुतनके सुखदायक भये २ तीसरे
वर्ष में गुरु वशिष्ठजी राजमंदिरमें जाइ जेठ शुक्ल दशमी भृगुवार हस्त नक्षत्र
कन्यालग्नमें चूड़ाकर्म अर्थात् मुंडनकीन नेगिनको नेग जातिजननको भोजन
पुनः ब्राह्मणन बहुत मणि स्वर्णादि दक्षिणा पाये पद चूड़ाकर्म यथा॥ आजु
अवध आनंद मनाये। चूड़ाकर्म जानि राघवको भूप मुदित मुनिराज बुलाये १
शुक्र शुक्लदशमी कर कन्यालग्न वर्ष त्रिषु भाये। वार निवारत बालसमय
के छुरी छुरीलै आनँद पाये २ युवती गान नाद बाजनको ब्राह्मण वेद सूत
यश गाये। खान पान सन्मान पूज्यजन याचक विप्र दान बहु पाये ३ अ-
धिक उछाह होत प्रतिवासर घरघर मंगलमोद बधाये। बैजनाथ सो कहौं
कौन विधि सुर मुनि अगम निगम नहिं पाये ४। ३ परम मनोहर अत्यंत
मनको हरनेवाले अर्थात् शीलसहित सरलस्वभाव प्रसन्नमुख स्मितपूर्वक
सबसों बोलना परस्परप्रीति सहित क्रीड़ादि अपार चरित करत चारिहूं
सुंदर कुमार चलते फिरते हैं ४ जो श्रीरघुनाथजी मनकरि वचनकरि कर्म
करि अगोचर अर्थात् नहीं प्राप्त ह्वैसक्तेहैं तेई प्रभु भक्तनके वशह्वै दशरथ
महाराज के अजिर नाम आंगन में विचरते फिरते हैं यह ऐश्वर्य माधुर्य
मिश्रित लीला कहे ५ भोजन करते समय जब दशरथ महाराज बुलातेहैं
भोजन करिबेहेतु तब क्रीड़ा में मग्न ताते बालकनकी समाज तजिकै नहीं
आवते हैं क्रीड़ावशते भूख प्यास भूली है ६ अनेकव्यंजनमय परोसा थार धरे
महाराज बैठे हैं विना राजकुमारके खवाये आप भोजन न करैंगे यह जानि
जब कौशल्याजी हठकरि बुलावनगईं तिनको देखि जाने कि हमको पकरिलै
जाइँगी ऐसा विचारि ठुमुकु ठुमुकु अर्थात् छोटेपद घनपैगिया काटि मटका-

वत कर हलावत नूपुर बजावत प्रतिपग मोहिनीसी डारत शीघ्रताते पराय नाम प्रभु भागिचले इति माधुर्य वर्णन करे७ अब ऐश्वर्य देखाय दोऊमिश्रित करत कविकी उक्ति जा प्रभुका ऐश्वर्य वर्णन करत में निगम जो वेद सो नेतिनेति अर्थात् पार नहीं पावत अरु शिवजी ध्यान करि जारूपकी माधुरी को अंत नहीं पावत ताहि परब्रह्म साकेतविहारीको निज प्रेम के वश करि जननी कौशल्याजी हठ करि धरै पकरिलेबेहेतु धावती भई ८ धाइकै पकरि लाई इति शेषः ॥ धूसर यथा धूसरस्तु सितः पीतलेशवान्बकुलच्छविरिति शब्दार्णवे ॥ तनुमें धूरिभरे ते धूसर तनु अर्थात् लेशमात्र पीत श्वेत मिश्रित धूम्र तनुते आय वात्सल्य रसमें मग्न परंतु हास्यरस सबलह्वै गयो ताते महाराज हँसिकै गोदमें बैठायलिये धूसरतनु विभाव मुखविकास अनुभाव हर्ष संचारी हँसनिस्थायीते हास्य रस भयो९ दोहार्थ ॥ महाराजके दबावते भोजन करते हैं परंतु खेलनेकी चाहते चित्त चपल थिर नहीं इत दशरथ जी भोजन में गाफिल उत कौशल्याजी की दृष्टि अनत देखे इति शून्य अवसर पाये धीराते उठ दधि ओदन दही भात लपटानही मुख में पकरि लेबेकी भयते धाये भी नहीं किलकत हँसत बालसमाजको भागिचले भाव विना सखन के संग अकेले भोजन नहीं करते हैं १० ॥

२९ बालचरित अति सरल सुहाये। शारद शेष शम्भु श्रुति गाये ११
जिनकर मन यहि रँग नहिं राता। ते जन वंचक किये विधाता १२
भये कुमार जबहिं सब भ्राता। दीन्ह जनेऊ गुरु पितु माता १३
गुरुगृह गये पढ़न रघुराई। अल्पकाल विद्या सब पाई १४
जाकी सहज श्वास श्रुति चारी। सो हरि पढ़ यह कौतुक भारी १५
विद्या विनय निपुण गुणशीला। खेलहिं खेल सकल नृपलीला १६
करतल बाण धनुष अति सोहा। देखत रूप चराचर मोहा १७
जिहि वीथिन विहरैं सब भाई। थकित होहिं सब लोग लुगाई १८

दो० कोशलपुरवासी नर, नारि वृद्ध अरु बाल ॥
प्राणहुँ ते प्रिय लागहीं, सबकहँ राम कृपाल १९

२९ पद कर्णवेधको यथा ॥ चलो सखि देखिय राजसुवनके कर्णवेध दिन आजहो। पांचो वर्ष मार्ग शुभ दशमी धन रेवति उडुराजहो १ कुटुँब पूज्य नेगी ऋषिनायक बोले विप्र समाजहो। वेदी चौक हेम घट दीपक सजत सुमंगल साजहो २ बैठी चौक रानि बालक लै नव पट भूषण भ्राज

हो। स्वर्णकार रचि स्वर्णसों वेधत करण विभूषण काजहो ३ विविध अशन पकवान मिठाई खान दान घन बाजहो। बैजनाथ सब लोग अशीशत चिरंजीव सुतराजहो ४ इत्यादि बालचरित पंचवर्ष अवस्था के भीतरके ते अत्यंत सरल कहे सहजही में सुंदर अर्थात् उपायते नहीं तिनको माधुर्य जानि शेष शारदादि कवि पंडित शिव ऐसे समर्थ श्रुति सिद्धांतकी मूल इत्यादि सब गावत ११ यहि बालचरितको रंग जो वात्सल्य रसमय सनेह तामें जिनको मन नहीं राता नहीं रँगा अर्थात् बालरूप के अनुरागी नहीं भये तिन जननको विधाताने वंचक नाम छली बनायो भाव उनको वृथा बनायो १२ अब पांच वर्ष तक बालचरित समाप्त करे पांच वर्ष ते ऊपर दश वर्ष तक कुमार कहावत सो जबहिं सब भ्राता चारिउ भाई कुमार भये दश वर्ष बीति गयो गेरहों प्रारंभ में वैशाख शुक्ल दशमी गुरुवार उत्तराफाल्गुनी वृष लग्न तासमय माता कौशल्यादि पिता दशरथ महाराज गुरु वशिष्ठजी सब मिलि बालकनको यज्ञोपवीत दीन सो छंदावलीमें गोसाईंजी लिखे हैं ग्यारह वर्षके राम भये जब गुरु वशिष्ठ उपनयन दये तब पद यथा॥ आजु परम आनँद पुर छायो। मंगल मोद मूल दिन आयो १ ग्यरहें वर्ष शुक्ल माधव गुरु दशमी वृष ऊफा भल पायो। परिजन मान्य हितू ब्राह्मण वर भूप हर्षि ऋषिराज बुलायो २ है उपनयन आजु राघव को लोक वेद रचना रचवायो। मूंजी चारु मेखला धारण चारिउ राजकुँवर अन्हवायो ३ गुरु आज्ञा बैठे वेदीपर करि शुभ रीति वेद जो गायो। यज्ञसूत्र दीक्षा कछु दिनमें गुरुप्रसाद विद्या सब पायो ४ पावन बालकेलि राघवकी सुनत जीव हरिधाम सिधायो। बैजनाथ त्यहि कहैं कौन विधि शेष सहस मुख जात न गायो ५। १३ श्रीरघुनाथजी पढ़बेहेतु गुरु वशिष्ठजी के घरको गये अल्पकाल थोरेही दिनमें श्रुति स्मृति शास्त्र व्याकरण कोष साहित्यादि सब विद्या सब देशनकी सब जीवनकी भाषादि सब पढ़े भगवद्गुणदर्पणे॥ गीर्वाणवाणीनिपुणो रामस्तैः प्रणतः सदा। रामस्सरस्वतीजिह्वो ब्रह्मोक्तोऽमरपूजितः॥ दैत्यदानवनागानां भाषाभिज्ञोरघूद्वहः। भूतप्रेतपिशाचानां भाषाविद्राघवःप्रभुः॥ अन्योन्यदेशभाषाभिस्तत्रैव व्यवहारकः। सर्वत्र चतुरो रामः पारसीमपि पेठिवान्॥ कीशानां भाषया रामः कीशेषु व्यपदेशकः। ऋक्षराक्षसपक्षेषु तेषां गीर्भिस्तथैव सः॥ यावन्तः कारवो लोके ये च विद्योपजीविनः। तेषामाचार्यतां प्राप्तो रामो दाशरथिर्गुणैः॥ इत्यादि समग्र पढ़े यह माधुर्यलीला है १४ अब ऐश्वर्य देखाय माधुर्यमें मिश्रित करत जाकी सहज श्वास जो चलत ताहीते चारिउ श्रुति नाम वेद हैं सोई प्रभु श्रीरघुनाथजी विद्या पढ़ते हैं यह बड़ाभारी

कौतुक है अर्थात् नरनाट्य करतेहैं १५ विनय नाम नम्रतापूर्वक विद्या यथा सुगंधित सोना अर्थात् विद्याते परिपूर्ण हैं परंतु मान नहीं काहेते शीलादि जो उत्तम गुण तिनमें निपुणहैं तौ मान कैसे आवै तौ ये आचरण शांतरस मेंहैं तौ नीतिरस वीरता कैसे होयगी जो राजकुमारनको मुख्य गुणहै ता हेतु कहत कि नहीं यावत् खेल खेलते हैं ते नृप राजसी लीलाके खेल खेलते हैं सो आगे कहत १६ करतल कहे हाथनविषे अत्यंत सुंदर धनुष अरु विचित्र बाण सोहत किरीट कुंडल मणिमाल केयूर कढ़ा जरीको जामा कटिमें पीताम्बर दिव्य पनहीं इत्यादि सजे सुंदर रूप देखि चराचर मोहत कैसे जानिये सो आगे कहत १७ अयोध्यामें जेहि वीथिन कहे राहनमें चारिउ भाई विहरत क्रीड़ा करत फिरत तहां लोग पुरुष लुगाई स्त्री ते सब थकित होत रूपकी माधुरी अवलोकनमें यकटक ह्वैजात १८ दोहार्थ॥ थकित होनेको हेतु कहत कोशलपुर अयोध्या ताके वासी बालकादि वृद्धपर्यंत यावत् स्त्री पुरुष हैं तिन सबनको कृपाके धाम श्रीरघुनाथजी ते प्राणनते अधिक प्रिय लागत भाव ब्रह्मज्ञानते अधिक रामसनेह मानेहैं यामें पुरवासिन को नित्य परिकर जनाये जीव होते तौ सबकी एक रीति न होती १९॥

३० बंधु सखा सब लेहिं बुलाई। वनमृगया नित खेलहिं जाई २०
पावन मृग मारहिं जिय जानी। दिनप्रति नृपहिं दिखावहिं आनी २१
जे मृग राम बाण के मारे। ते तनु तजि हरिलोक सिधारे २२
अनुज सखायुत भोजन करहीं। मातु पिता आज्ञा अनुसरहीं २३
जिहि विधि सुखी होहिं सबलोगा। करहिं कृपानिधि स्वइ संयोगा २४
वेद पुराण सुनहिं मन लाई। आपकहहिं अनुजनसमुझाई २५
प्रातकाल उठिकै रघुनाथा। मात पिता गुरु नावहिं माथा २६
आयसु मांगि करहिं पुरकाजा। देखि चरित हर्षहिं मन राजा २७

दो० व्यापक अकल अनीह अज, निर्गुण नाम न रूप॥
भक्तहेतु नाना विधी, कर शिशुचरित अनूप २८

३० बंधु भरत लक्ष्मण शत्रुघ्न सखा सत्योपाख्याने॥ एकदा रामचन्द्रोसौ प्रातरुत्थाय सत्वरम्। कृत्वा चावश्यकं सर्वं भ्रातृभिः सह वीर्यवान्॥ सखीनां कारयामास मृगयार्थं महामनाः। प्रतापाग्र्यं नीलरत्नं वीरभद्रं महाबलम्॥ सबलाश्वं हरिदश्वं शोणाश्वं हरिदश्वकम्। चन्द्रभानुं चन्द्रचारुं रिपुत्राहं रिपुञ्जयम्॥ भद्राश्वं च जयन्तं च सुबाहुं च महामतिः। अन्यानपि महावीरान्मृगयासिद्धकारकान्॥ इत्यादि भाई अरु सखनको

बुलाइ संगलै नित्यही मृगया शिकार खेलिबेहेतु वनको जातेहैं २० पावन अत्यंत जरावयवाले मृतकप्राय तहां मृगनके टिहुनी नहीं होत याते बैठि नहीं सकत याते वृद्धभये उनको दंड होत सो राजाको उचितहै उनको मारै ऐसे पावन मृग श्याम रंगके अपने जीव में विचारिकै मारते हैं अथवा शापादिते मृग भये प्रभुके मारेते उद्धार भये इत्यादि कारणते पावन जानि मारते हैं नित्यप्रति महाराजको आनिकै देखावते हैं २१ श्रीरघुनाथजीके बाणके मारे यावत् मृगहैं ते तनु तजि हरिके धामको सिधारते हैं इत्यादि चरित सत्योपाख्यान में बहुत विस्तारहै २२ भरतादि अनुज प्रतापीआदि सखा इत्यादिकनको संग लैकै प्रभु भोजन करत अर्थात् विना सनेहिन के खाये प्रभु नहीं तृप्त होत पुनः माता पिता की आज्ञानुकूल अनुसरहिं नाम सब कार्य करते हैं भाव सबको धर्म उपदेशतेहैं कि ऐसेही करना चाहिये २३ पुरके लोग स्त्रीपुरुषादि सब जेहि विधिते सुखी होइँ सोई संयोग कृपानिधि करतेहैं सबको एकरस पालना कृपागुणको प्रभावहीहै ताको सहित नीति उपदेशत भाव कृपा करि प्रजाको पालन चाहिये २४ जा समय वशिष्ठजी वेदपुराणादि कथा कहते हैं ताको प्रभु मनलगायकै श्रद्धा समेत सुनते पुनः अनुज भरतादिकनको समुझाय अधिक व्याख्या प्रमाणादि दै आपहू प्रभुकथा कहत भाव कथा श्रवण धर्म का मूल है ऐसा सबको उपदेशत २५ प्रातःकाल उठिकै श्रीरघुनाथजी प्रथम कौशल्यादि मातनको माथ नावत पुनः पिताको माथ नावत पुनः गुरु वशिष्ठको माथ नावत भाव इसीमें बड़ाई है २६ महाराजजी सों आयसु आज्ञा मांगिकै श्रीरघुनाथजी नीति अनुकूल रक्षा दंडादि पुर को कार्य करत उचित न्याय आदि श्रीरघुनाथजी के उत्तम चरित देखि महाराज मनते हर्षते हैं अपना सुकृत सफल मानते हैं इति माधुर्य है २७ दोहार्थ ॥ अब ऐश्वर्य देखाय माधुर्य में मिलावत अपने प्रकाशते अंतर्यामी रूपते सर्वत्र व्यापक कला अंशभागरहित इति अकल अर्थात् परिपूर्ण परब्रह्म सदा अखंड एकरस अनीह कहे चेष्टारहित अर्थात् बाल तरुण क्षीणादिरहित जिनको किसी करिकै कबहूं जन्म नहीं भयो इति अज पुनः निर्गुण कहे तीनिउँ गुणनते परे पुनः पञ्चतत्त्व त्रिगुणमय जिनको रूप नहीं अर्थात् देही देह विभाग नहीं शुद्ध तत्त्व बाह्यांतर एकही यथा स्वर्ण की प्रतिमा अर्थात् इन्द्रिय देवता विषय आदि प्राकृतवत् रूप नहीं पुनः नाम नहीं अर्थात् जाति क्रिया गुण यदृच्छा राशि आदिकनमें नाम नहीं अथवा धातुबराय विभक्तिरहित जो अर्थवत् शब्द ताको नाम कही तहां सो शब्द वर्णसंग्रहते होत अरु रामनाम तीन वर्ण है यथा महारामायणे ॥ निर्वर्णं रामनामेदं केवलं च स्वराधिपम् । सर्वेषां

बुलाइ संगलै नित्यही मृगया शिकार खेलिबेहेतु वनको जातेहैं २० पावन अत्यंत जरावयवाले मृतकप्राय तहां मृगनके टिहुनी नहीं होत याते बैठि नहीं सकत याते वृद्धभये उनको दंड होत सो राजाको उचितहै उनको मारै ऐसे पावन मृग श्याम रंगके अपने जीव में विचारिकै मारते हैं अथवा शापादिते मृग भये प्रभुके मारेते उद्धार भये इत्यादि कारणते पावन जानि मारते हैं नित्यप्रति महाराजको आनिकै देखावते हैं २१ श्रीरघुनाथजीके बाणके मारे यावत् मृगहैं ते तनु तजि हरिके धामको सिधारते हैं इत्यादि चरित सत्योपाख्यान में बहुत विस्तारहै २२ भरतादि अनुज प्रतापीआदि सखा इत्यादिकनको संग लैकै प्रभु भोजन करत अर्थात् विना सनेहिन के खाये प्रभु नहीं तृप्त होत पुनः माता पिता की आज्ञानुकूल अनुसरहिं नाम सब कार्य करते हैं भाव सबको धर्म उपदेशतेहैं कि ऐसेही करना चाहिये २३ पुरके लोग स्त्रीपुरुषादि सब जेहि विधिते सुखी होइँ सोई संयोग कृपानिधि करतेहैं सबको एकरस पालना कृपागुणको प्रभावहीहै ताको सहित नीति उपदेशत भाव कृपा करि प्रजाको पालन चाहिये २४ जा समय वशिष्ठजी वेदपुराणादि कथा कहते हैं ताको प्रभु मनलगायकै श्रद्धा समेत सुनते पुनः अनुज भरतादिकनको समुझाय अधिक व्याख्या प्रमाणादिदै आपहू प्रभुकथा कहत भाव कथा श्रवण धर्म का मूल है ऐसा सबको उपदेशत २५ प्रातःकाल उठिकै श्रीरघुनाथजी प्रथम कौशल्यादि मातनको माथ नावत पुनः पिताको माथ नावत पुनः गुरु वशिष्ठको माथ नावत भाव इसीमें बड़ाई है २६ महाराजजी सों आयसु आज्ञा मांगिकै श्रीरघुनाथजी नीति अनुकूल रक्षा दंडादि पुर को कार्य करत उचित न्याय आदि श्रीरघुनाथजी के उत्तम चरित देखि महाराज मनते हर्षते हैं अपना सुकृत सफल मानते हैं इति माधुर्य है २७ दोहार्थ ॥ अब ऐश्वर्य देखाय माधुर्य में मिलावत अपने प्रकाशते अंतर्यामी रूपते सर्वत्र व्यापक कला अंशभागरहित इति अकल अर्थात् परिपूर्ण परब्रह्म सदा अखंड एकरस अनीह कहे चेष्टारहित अर्थात् बाल तरुण क्षीणादिरहित जिनको किसी करिकै कबहूं जन्म नहीं भयो इति अज पुनः निर्गुण कहे तीनिउँ गुणनते परे पुनः पञ्चतत्त्व त्रिगुणमय जिनको रूप नहीं अर्थात् देही देह विभाग नहीं शुद्ध तत्त्व बाह्यांतर एकही यथा स्वर्ण की प्रतिमा अर्थात् इन्द्रिय देवता विषय आदि प्राकृतवत् रूप नहीं पुनः नाम नहीं अर्थात् जाति क्रिया गुण यदृच्छा राशि आदिकनमें नाम नहीं अथवा धातुबराय विभक्तिरहित जो अर्थवत् शब्द ताको नाम कही तहां सो शब्द वर्णसंग्रहते होत अरु रामनाम तौन वर्ण है यथा महारामायणे ॥ निर्वर्णं रामनामेदं केवलं च स्वराधिपम् । सर्वेषां

मुकुटच्छत्रे मकारो रेफव्यञ्जनम् ॥ इत्यादि प्राकृतवत् जिनको नाम नहीं तेई प्रभुभक्तनके हितहेतु नाना अनेक विधिके शिशु कहे बालचरित अनूप उपमा रहित जैसा दूसरा न करिसकै सो करते हैं २८ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे बालपौगण्डकिशोरपर्यन्तलीलावर्णनंनाम पञ्चत्रिंशः प्रकाशः ३५ ॥

३१ यह सब चरित रुचिर मैं गाई। आगिलि कथा सुनहु मन लाई १
विश्वामित्र महामुनि ज्ञानी। बसहिं विपिन शुभ आश्रम जानी २
जहँ जप योग यज्ञ मुनि करहीं। अति मारीच सुबाहुहि डरहीं ३
देखत यज्ञ निशाचर धावहिं। करहिं उपद्रव मुनि दुख पावहिं ४
गाधितनय मन चिंता व्यापी। हरि बिन मरहिं न निशिचर पापी ५
तब मुनिवर मन कीन्ह बिचारा। प्रभु अवतस्यो हरण महिभारा ६
यहि मिस देखौं प्रभुपद जाई। करि बिनती आनौं दूउ भाई ७
ज्ञान विराग सकल गुण अयना। सो प्रभु मैं देखौं भरि नयना ८

दो० बहुविधि करत मनोरथ, जात न लागी बार ॥
करि मज्जन सरयू सलिल, गये भूपदरबार ९

३१ शिशु बाल पौगण्ड किशोर पर्यंत हे पार्वति! रुचिर सुन्दर यह चरित सब मैं गाया वर्णन कीन्ह इहां तक पार्वतीको दूसरा प्रश्न समाप्त भया यथा॥ बालचरित पुनि कहौं उदारा पुनः जो कहे कि ॥ कहौ यथा जानकी विवाहा सो कहत कि जो किशोर अवस्था में आगिल चरित विवाहादि शृंगार सहित माधुर्यलीलाहै याते मन लगायकै सुनो जा समय शिवधनुष भंज्यो तब पंद्रहवां वर्ष बीततरहै यथा अग्निवेशरामायणे ॥ श्रीरामेण यदा स्वयं शिवधनुर्भङ्क्त्वा जिता जानकी ह्यासीत्पञ्चदशाब्दिकेन वयसा षड्वार्षिकी मैथिली॥ सो उसी वर्षमें आश्विन कृष्णाषष्ठीको विश्वामित्र चले नवमीको अयोध्याजी में प्राप्तभये इति आश्विन कृष्ण नवमी तक चौदह वर्ष पांच महीना पन्द्रह दिन की अवस्था प्रभु की भई अब आगेको हाल कहत १ प्रजापति के वंशमें राजा गाधि भये तिनके पुत्र विश्वामित्र तपोबलते महामुनि ह्वै गये पुनि ज्ञानी आत्मदर्शी ते चरितवन में शुभ आश्रम गंगाजीके दक्षिणतट सिद्धपीठ जानि तहां बसते हैं २ जहां आश्रम में मुनि विश्वामित्र मंत्रजप अष्टांग योग यज्ञादि जब करिबे को इच्छा करते हैं तब अत्यन्त बली जो मारीच सुबाहु ताड़कादिको डरते हैं वा मारीचादि को अत्यन्त करि डरतेहैं काहेते

बलकरि काहूके जीतबे योग्य नहीं पुनः किसी के शापते राक्षस भये तिनमें दूसरेका शाप लागि नहीं सकत याते उनको अत्यन्त डरते हैं ३ काहेते जबै यज्ञप्रारम्भ को धूम देखत तबै निशाचर धावत ते यज्ञ भंगहेतु मांस रुधिरादि वर्षत घटादि फोरत इत्यादि अनेकन उपद्रव करत ताते मुनि बहुत दुःख पावत ४ गाधि के पुत्र विश्वामित्र के मनमें चिंता व्यापी अर्थात् शंकापूर्वक विचार करनेलगे कि विना मरिगये खल मानैंगे नहीं सो ये कौन उपाय ते मरैंगे तब विचार करि निश्चयकिये कि ये निशाचर पापी विना हरिके मारे और भांति ते न मरिहैं ५ तब मुनिन में श्रेष्ठ विश्वामित्रजी मन में विचार लीन कि महि पृथ्वी को भार हरिबेहेतु अयोध्या जी में प्रभु अवतरे दशरथ के पुत्र भये मुनिनमें वर याते त्रिकालज्ञ हैं विचारवान् हैं ताते विचारलिये कि प्रभुके इहां आवनेको समय आइगयो ६ यहि मिस यज्ञरक्षाके बहाने अयोध्याजी में जाय प्रभुके पद श्रीरघुनाथजी के पदकमल देखौं पुनः दशरथ महाराजसों बिनती करि मांगिकै दोऊ भाई श्रीराम लक्ष्मणको इहां आनों लिवाय लावों ७ ज्ञान वैराग्य कृपा दया सुशीलता वात्सल्यता उदारता शोभादि सकल गुणन के मंदिर सो प्रभु को मैं नयनन भरिकै देखब ८ दोहार्थ ॥ बहुत विधि के मनोरथ यथा गीतावली ॥ आजु मैं सकल सुकृत फल पाइहौं। सुखकी सींव अवधि आनँद की अवध विलोकिहौं जाइहौं१सुतहि सहित दशरथहि देखिहौं प्रेम पुलकि उरलाइहौं। रामचन्द्र मुखचन्द्र सुधाछवि नयनचकोरहि प्याइहौं २ सादर समाचार नृप बुझिहैं हौं सब कथा सुनाइहौं। तुलसी ह्वै कृतकृत्य आश्रमहि राम लषण लै आइहौं ३ इति मनोरथ करत आनन्द वशते मार्ग चलिबे का परिश्रम न जानि परी ताते अयोध्यामें पहुँचजात बार न लागी अवधते पूर्व सोरह योजन पर आश्रमहै कुवाँर कृष्ण षष्ठीको चले चौथे दिन नवमी को पहुँचे नित्यक्रिया निवृत्त्यर्थ वा वेदआज्ञा तीर्थ मिले प्रथमै स्नान याते रामघाट सरयू जलमें मज्जन करि राजदरबार को गये तहां विना खबरि दीन्हे दरबार को कोऊ जाइ नहीं सकत यह सनातन परिपाटीहै सो लक्षणाते दरबारको द्वार जाना चाहिये द्वार पर आइ द्वारपालते कहि खबरि पहुँचाये यथा वाल्मीकीये ॥ अभ्यागच्छन्महातेजा विश्वामित्रो महामुनिः। स राज्ञो दर्शनाकाङ्क्षी द्वाराध्यक्षानुवाच ह ॥ सत्योपाख्याने ॥ साकेतनगरं दृष्ट्वा मुमुदे कौशिको मुनिः। राजद्वारं समागत्य ददर्श महतीं श्रियम् ॥ द्वारपालास्समागत्य प्रणेमुः सहसा मुनिम्। मुनिना प्रेषितास्सर्वे भूपं ज्ञापयितुं ययुः ॥ राजा दशरथः श्रुत्वा वशिष्ठादिभिरन्वितः। पूजामादाय महतीं निर्जगाम

सभासदैः ॥ इत्यादि द्वार पर आय द्वारपालकते काहि महाराजको खबरि पहुँचाये अरु जे कहत कि स्नान न करि भूप दशरथ दरबार गये तब ऋषि आगमन सुने ऐसा जे कहत ते काव्य अंगहीन हैं काहेते ऋषिके प्रसंगमें दशरथको कहे प्रसंगविरोध दूषण होत काहेते रीति यह है कि ॥ अघ सो सुनहु जो बीचहि राखा। अपरहेतु सुनु शैलकुमारी ॥ इति प्रसंग दर्शाय कहा जात वा करता साफ होइ यथा ॥ जाय मुनिन हिमवंत पठाये। बहुरि सप्तऋषि शिवपहँ जाई ॥ अरु इहां भूपके दरबारको विश्वामित्र गये वा भूपही दरबारको गये यह संदिग्ध शब्दहै तहां प्रसंग वा उचित वा समर्थ वा संयोगादि अविधा शक्ति विना अर्थ का प्रमाण नहीं ताते प्रसंगबलते विश्वामित्रही दरबारके द्वार पर गये ९ ॥

३२ मुनिआगमन सुना जब राजा। मिलनगये लै विप्र समाजा १०
करि दण्डवत मुनिहिं सनमानी। निज आसन बैठार्‌यो आनी ११
चरण पखारि कीन्ह अति पूजा। म्वहिं सम धन्य आजु नहिं दूजा १२
विविध भांति भोजन करवाये। मुनिवर हृदय हर्ष अति पाये १३
पुनि चरणन मेले सुत चारी। राम देखि मुनि देह बिसारी १४
भये मगन देखत मुख शोभा। जनु चकोर पूरणशशि लोभा १५
तब मन हरषि वचन कह राऊ। मुनि अस कृपा कीन्ह नहिं काऊ १६
किहिकारण आगमन तुम्हारा। कहहु सो करत न लावों बारा १७
असुरसमूह सतावहिं मोहीं। मैं याचन आयहुँ नृप तोहीं १८
अनुजसमेत देहु रघुनाथा। निशिचरवध मैं होहुँ सनाथा १९
दो० देहु भूप मन हर्ष करि, तजहु मोह अज्ञान ॥
धर्मसुयश नृप तुमकहँ, इनकहँ अति कल्यान २०

३२ द्वारपालके कहेते मुनि विश्वामित्रको आगमन जब राजा दशरथ सुना जो वशिष्ठ वामदेवादि सभामें बैठे रहैं तिन विप्रनकी समाज संगमें लैके द्वारपर मुनि के मिलनहेतु महाराज गये १० प्रथम मुनिको दंडवत् कीन्ह पुनः आदर सन्मान सहित लेवाइलैके आपने आसन पर बैठारि ११ आसन दै स्वागत पूछि चरण पखारि अर्थात् पाद्यार्घ्य आचमन मधुपर्क चंदन फूल अक्षत धूप दीप नैवेद्य आरती इत्यादि षोडशोपचार प्रेमभावते अत्यंत अधिकार सहित महाराज दशरथजी विश्वामित्रजी की पूजा करि पुनः स्तुति दर्शावनपूर्वक कहत कि आप ऐसे महात्मा दर्शन दीन्ह्यो याते मोसम

धन्य आज दूजा नहीं है १२ पुनः विविध कहे अनेक भांतिके व्यंजन पकवान मिठाई आदि भोजन करवाये तब मुनिनमें वर विश्वामित्रजी सब प्रकारते हृदयमें अतिहर्ष पाये भाव जहां सन्मान भयो तहां कार्य भी सिद्ध होइगो १३ जब प्रसन्न जाने तब महाराज चारिहू पुत्रनको बुलाय मुनिके चरणारविंदनमें मेले दण्ड प्रणाम कराये जब सब बैठे तब हितसहित सब बालकनको देखि आनंद पाये पुनः राम देखि जब श्रीरघुनाथजी के रूपकी माधुरी अवलोकनमें दृष्टि लगी तब प्रेमावेशते मुनिको देहकी सुधि भूलिगई १४ श्रीरघुनाथजीके मुखकी शोभा देखतसंते मग्न भये प्रेममें बूड़िगये कैसे जनु पूर्ण शशि नाम चंद्रमाको देखि चकोर लोभत अर्थात् निमेषरहित निहारत १५ तब राव दशरथजी मनते हर्षि उत्साहस्थायी ते दान वीरता सहित वचन कहेउ हे मुने ! अस कृपा काऊ कहे कबहूं नहीं आप कीन्ह भाव विना बोलाये अनुग्रह कीन्हेउ १६ केहिकारण कौने प्रयोजन अर्थात् तुम्हारा आगमन मेरे धामको भयो ताको निश्चिन्त ह्वै कहौ जो कार्य सो करत समय बार न लावों शीघ्रही करों १७ सो सुनि आनंद ह्वै मुनि बोले कि असुरसमूह बहुत मिलि राक्षस मोहिं सतावते हैं मेरे धर्म कर्म में निर्हेतु बाधा करते हैं तिनके निवारणहेतु हे नृप ! तोहिं तुमहिं मैं याचन आयों मांगनेहेतु आयों १८ अनुज लक्ष्मणसमेत श्रीरघुनाथजीको देहु ये खलनको मारैंगे या विधि निशाचरनके वध भयेते मैं सनाथ होहुँ भाव अब मैं अनाथहौं मेरा रक्षक नहीं रहे जब ये रक्षा करैं तब सनाथ होउँ १९ दोहार्थ ॥ जस हर्ष पूर्व रहे तैसा मांगेपर न रहा महाराजकी चेष्टा उदासीन देखानी ताको देखि विश्वामित्रजी कहत कि हे भूप ! जैसी चेष्टा आपकी पूर्व में रहै तैसेही हर्ष करिकै मेरा मांगन देउ पुनः विषयी जीवन कैसो श्रीरघुनाथजी बिषे जो प्राकृत पुत्रभावकी प्रीति कीन्ह्यो है सोई मोह है भाव परब्रह्म को कोमल बालक करि देखतहौ तेहि करिकै जो अज्ञान अर्थात् ये कोमल बालक ते घोर निशाचरोंसे कैसे जीतैंगे यह अज्ञानता तजहु अर्थात् ब्रह्मांडभरे के निशाचरनको क्षणभर में नाश करि सक्के हैं ऐसा जानि देउ तामें हे राजन् ! धर्मसहित सुयश तुमको है अर्थात् प्रथम देनेको कह्यो सो सत्य करना पुनः हम याचक ताको इच्छापूर्वक दान देना इति धर्म पुनः दुष्टनको मारि यज्ञकी रक्षा इति सुयश पुनः इन बालकनको अति कल्याण अर्थात् चारिहु भाइनके विवाह सुंदरी दुलहिनी लाभ पावैंगे २० ॥

३३ सुनि राजा अति अप्रिय बानी । हृदयकंप मुखद्युति कुम्हिलानी २१
चौथे पन पायों सुत चारी । विप्र वचन नहिं कह्यहु विचारी २२

मांगहु भूमि धेनु धन कोषा। सर्वस देहुँ आजु सह रोषा २३
देह प्राणते प्रिय कछु नाहीं। सोउ मुनि देउँ निमिष यकमाहीं २४
सब सुत प्रिय मोहिं प्राणकि नाईं। राम देत नहिं बनै गुसाईं २५
कहँ निशिचर अतिघोर कठोरा। कहँ सुन्दर सुत परम किशोरा २६
सुनि नृपगिरा प्रेमरस सानी। हृदय हर्ष माना मुनि ज्ञानी २७
तब वशिष्ठ बहुविधि समुझावा। नृप संदेह नाशकहँ पावा २८
अतिआदर दोउ तनय बुलाये। हृदयलाय बहुभांति सिखाये २९
मेरे प्राणनाथ सुत दोऊ। तुम मुनि पिता आन नहिं कोऊ ३०
दो० सौंपे भूपति ऋषिहि सुत, बहुविधि देइ अशीश॥
जननी भवन गये प्रभु, चले नाय पद शीश ३१
सो० पुरुषसिंह दोउ वीर, हर्षि चले मुनि भयहरण॥
कृपासिंधु मतिधीर, अखिल विश्वकारणकरण ३२

३२ ऋषिके वचन शांतरसमय सो वात्सल्यरसमें बोध न करिसके ताते विश्वामित्रकी वाणी अत्यंत अप्रिय लागी ताको सुनतहि इधर ऋषि की अवज्ञा उधर घोर निशाचर इति विभावते महाराजके हृदयमें कंप संचारी पुनः मुखकी द्युति प्रकाश कुम्हिलानी इति अनुभाव भयस्थायी ते भयानक रस भयो २१ मुनिके कोपनिवारणार्थ धैर्य धरि महाराज बोले कि हे विप्र ! आपने विचारिकै वचन नहीं कहा भाव मेरी दानवीरतामें हानि नहीं है यद्यपि मेरे चारि पुत्र हैं भाव एक हू रहै तौ वंशकी हानि नहीं है परंतु वड़े प्यारते चौथेपन वृद्धावस्थामें पावा ताते अतिप्रिय हैं भाव युवामें पुत्र बहुत प्रिय नहीं होत वृद्धावस्था में मिलेते अतिप्रिय सो बहुत प्रिय वस्तुको मांगना न चाही यह नहीं विचारेउ २२ विचारते मांगना यथा धेनु गौवैं मांगो धरणि पृथ्वी मांगो धन को कोष खजाना मांगो वा सर्वांग राजश्री मांगो सोऊ आजु सहरोष सहितरोष सर्वस्व देउँ रोष क्रोधवाची है तहां सब पदार्थ पर जो प्रीति है ताको निरादर अर्थ रोष करि दृढ़ प्रतिज्ञा धारण करि जामें देतसमय लोभ न आवै जामें दानवीरता में उत्साह बनी रहै इति सहरोष यथा त्यागवीरता में। राजिवलोचन राम चले तजि बाप को राज बटाऊ कि नाईं। जो राज्य पर प्रीति रहत तौ त्यागवीरता कैसे होती २३ यथा प्राणनको देह प्रिय तथा देहको प्राणनते प्रिय कुछ पदार्थ नहीं अन्योन्य स्नेह कबहूं मिटता नहीं सोऊ देह प्राणनको वियोग हे मुने !

एक क्षण भरे में देउँ अर्थात् आपकी आज्ञा होइ तौ इसी समय प्राण दै देउँ वा यज्ञकी रक्षा हेतु राक्षसनते युद्ध करि देह दैदेउँ देहभग्न पीर न गनौं २४ यथा देहको प्राण तथा प्राणकी नाईं सब पुत्र मोको प्रियहैं अर्थात् और पुत्रको मांगो तौ प्राणदान के समान दैसकत हौं अरु हे गोसाईं ! श्रीरघुनाथजी को देत नहीं बनत भाव दीन तौ वह वस्तु जात जो अपने आधीन होत अरु मेरे प्राण तौ रामदर्श आधीन हैं सो कैसे देत बनै २५ पुनः कहां निशाचर घोर कहे अत्यंत भयानक कहां मेरे पुत्र अतिसुंदर यह समता नहीं पुनः कहां निशाचर कठोर युवा वज्रांगी कहां मेरे पुत्र अति सुकुमार किशोर अवस्था यहौ समता नहीं यह अयोग्यता आपने नहीं विचारी २६ नृप दशरथजीकी प्रेमरसकी सानी गिरा नाम वाणी सुनिकै मुनि हृदयमें हर्ष माने काहेते ज्ञानीहैं याते विचारि लिये कि जो महाराज ने कहा कि राम देत नहीं बनत यह अदातव्यता ते नहीं कहे यह श्रीराम प्रेमरस की प्रबलता है ताते महाराज धन्य हैं ऐसा मनही में जानि प्रसन्न भये मुखते नहीं प्रकट करे २७ तब महाराज को वशिष्ठजी ने बहुती विधि ते समुझावा अर्थात् विश्वामित्र अत्यंत तपोधनी महान् ऋषीश्वर हैं इनहींके प्रभावते बालक निशाचरनको वध करि यज्ञकी रक्षा करैंगे पुनः त्रिकालज्ञ है जो इनको मांगतेहैं तौ बालकनको प्रतापवान् जानो याते कछु अपूर्व कार्य होनाहै ताते पुत्रनको देउ यह सुनि समुझिगये कि रघुनाथजी परब्रह्म को अवतारहैं ताको जानि महाराजका संदेह नाश भयो २८ तब आदरते अत्यंत प्रिय वचन कहि दोऊ पुत्रनको बुलाये पुनः प्रीतिके संतोषहेतु हृदय में लगाये पुनः सन्मार्गी बातैं बहुत भांतिते सिखाये कि मुनिके अनुकूल कार्य करब कुलकी मर्याद सदा राखब धर्मयशकी वृद्धि राखब २९ पुनः विश्वामित्रजी सों कहत कि हे नाथ ! ये दोऊ पुत्र मेरे तौ प्राणहीहैं अर्थात् प्राणन की पालना यथा देह करत तैसेही इनकी पालना मैं करतहौं सो आपको देतहौं अब इनके पिता आपही हौ आन कोऊ नहींहै भाव मेरेही समान इनको पुत्र करि पालियो ऋषि मैं अपनपौ स्थापित करि आपनो वियोग दुःख निवारे ३० दोहार्थ ॥ बहु विधि ते आशीर्वाद दैकै पुत्रनको महाराज ऋषिहि विश्वामित्र को सौंपे तब प्रभु जननीके भवन घरको गये कौशल्याजीसों आज्ञा लै माथ नाय कोशलजी को प्रणाम करि पुनः पिताके पांवनमें माथ नाय ऋषिसंग प्रभु चले इति माधुर्यलीला हैं ३१ सोरठार्थ ॥ यावत् पुरुषवर्ग हैं सुरासुर नर नागादि अथवा जिनमें पुरुषार्थ है हरिके अपररूप तिन सबमें सिंह हैं सबते सबल ताते निशंक सहायरहित मनि

की भयहरणहेतु निशाचरनको नाश करिबेको हर्षे युद्धकी उत्साह सहित चले ताते दोऊ वीरहैं वीरताकरि परिपूर्ण तहां पिताको वियोग दुःख न भयो याते त्यागवीरता मुनिकी भयनिवारणमें दयावीरता निशाचर वधहेतु हर्षि चले याते युद्धवीरता पुनः कृपा यथा ॥ रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः । इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥ अर्थात् यज्ञरक्षा मुनिकी रक्षा निशाचरनके वधमें सब संसार की रक्षाहै याते कृपासिंधु हैं पुनः धाम सुखके लोभवश न भये अकेले विदेश जानेमें संदेहवश न भये याते मतिके धीरहैं अखिल विश्व संपूर्ण संसार ताके कारणजो काल कर्म स्वभाव अविद्या वा ब्रह्मा विष्णु महेश तिनके करनेवाले प्रभु हैं इति ऐश्वर्य नवमी को विश्वामित्र आये द्वादशीको स्नान पारण करि कुछ दिन चढ़े चले ३२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे विश्वामित्रागमने श्रीरामयात्रावर्णनोनाम षट्त्रिंशः प्रकाशः ३६ ॥

३४ अरुणनयनउरबाहुविशाला। नीलजलज तनु श्याम तमाला १
कटिपट पीत कसे वर भाथा। रुचिरचाप शायक दुहुँ हाथा २
श्याम गौर सुंदर द्वउ भाई। विश्वामित्र महानिधि पाई ३
प्रभु ब्रह्मण्य देव मैं जाना। मोहित पिता तजेउ भगवाना ४
चलेजात मुनि दीन्ह दिखाई। सुनि ताड़का क्रोध करि धाई ५
एकहिबाण प्राण हरि लीन्हा। दीन जानि त्यहि निजपद दीन्हा ६
तब ऋषि निजनाथहि जिय चीन्हा। विद्यानिधिकहँ विद्या दीन्हा ७
जाते लाग न क्षुधा पिपासा। अतुलितबल तनु तेज प्रकासा ८
दो० आयुध सकल समर्पिकरि, प्रभु निजआश्रम आनि ॥
कंद मूल फल भोजन, दिये भक्तहित जानि ९

३४ वीररसमय श्रृंगार कवि वर्णन करत मार्ग जात समय कैसे शोभित होत अरुण कमलसे नयन बड़े लंबे उर छाती चौड़ी बाहु विशाल जानु पर्यंत लंबे पुनः नीलजलज श्याम कमलसम सचिक्कण सुगंधित कोमल तमाल वृक्षसम श्यामतन १ सिंहसम सूक्ष्म कटि विषे जरतारी पीतपट कसे वर श्रेष्ठ भाथा नाम तरकस विचित्र मनोहर शोभित विचित्र नवीन रुचिर नाम सुंदर धनुष तैसेही सुंदर शायक नाम बाण सो दोऊ हाथ अर्थात् वामहाथे धनुष दहिने में बाण शोभित २ जो वर्णन करिआये इत्यादि श्याम-

रूप रघुनाथजी तैसेही सुंदर गौररूप लक्ष्मणजी तिन दोऊ भाइनको पाइ विश्वामित्रजी कैसे पूर्णकाम भये मानों महानिधि कहे संख्यारहित द्रव्य पाये निधि यथा ॥ महापद्मश्च पद्मश्च शंखो मकरकच्छपौ। मुकुन्दकुन्दनीलाश्च खर्वश्च निधयो नव इत्यादि ३ विश्वामित्रजी विचार करते कि राजकुमार न आवते तौ बालकोंते मेरा क्या प्रहार रहै सो मेरे हित करिबे अर्थ जो पिताको तजे अर्थात् दशरथ ऐसे अनुरागी अनन्यभक्त जे पूर्वतपस्या समय दूसरे रूप पर निगाह न करें तिनको वियोग अंगीकार कर मेरे संग आये यहि कारण ते मैंने जाना कि निश्चय भगवान् प्रभु ब्रह्मण्यदेव हैं अर्थात् निर्हेतु ब्राह्मणनको मानते हैं ४ तीसरे दिन आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को कामाश्रम वनमें प्राप्त भये तहां आकाशमार्ग भयंकररूप ताड़का देखानी तब विश्वामित्र बताय दिये कि यही ताड़काहै यह मुनिकी वाणी सुनतही ऋषिपै क्रोध करि ताड़का धाई तब मुनि कहे कि स्त्री न जानो महादुष्टहै सो सुनि बाणसंधाने ५ एकही बाण वक्षस्स्थलमें प्रभु मारे रुधिर वमत भूमि में गिरी प्राण निसरिगये इति एकही बाणते वाके प्राण हरिलीन पुनः दीन जानि ताको निजपद दीन यह सुकेतु यक्षकी कन्या महास्वरूपवती रहै अगस्त्यजी के शापते कुरूप भई ताको उद्धार करि दिव्यरूप करि निजलोक पठाये ६ जब ताड़काको उद्धार देखे तब ऋषि विश्वामित्रजी आपने जियते निज नाथहिं चीन्हे प्रथम ज्ञानबुद्धिते अनुमानमात्र जानते रहैं अब प्रभाव देखि प्रत्यक्ष परब्रह्म करि जियते जाने तब विद्यारूप जलके भरे निधि कहे समुद्र जो रघुनाथजी तिनको विद्यादीन मन्त्रमय बाणविद्या पढ़ाये ७ जा विद्याके प्रभावते न क्षुधा लागै न पियास लागै अंतर में अतुल बल बनारहै बाहर तनमें तेज प्रकाशमान रहै यथा वाल्मीकीये ॥ मन्त्रग्रामं गृहाण त्वं बलामतिबलां तथा। न श्रमो न ज्वरो वातो न रूपस्य विपर्ययः॥ न च सुप्तं प्रमत्तं वा धर्षयिष्यन्ति नैर्ऋताः। न बाह्वोः सदृशो वीर्ये पृथिव्यामस्ति कश्चन॥ त्रिषु लोकेषु वा राम न भवेत् सदृशस्तव। न सौभाग्ये न दाक्षिण्ये न ज्ञाने बुद्धिनिश्चये॥ नोत्तरे प्रतिवक्तव्ये समो लोके तवानघ। क्षुत्पिपासे न ते राम भविष्येते नरोत्तम ८ दोहार्थ ॥ आयुध यथा ॥ देवास्त्र असुरास्त्र गंधर्वास्त्र मोहनास्त्र दण्डचक्र धर्मचक्र कालचक्र विष्णुचक्र इंद्रचक्र वज्रास्त्र शैवशूल ब्रह्मशिरोऽस्त्र ब्रह्मास्त्र मोदकी शिखरी गदा धर्मपाश कालपाश वरुणपाश शुष्काशनि आर्द्राशनि पैनाकास्त्र नारायणास्त्र अग्न्यस्त्र शिखरवायव्य हयशिरोस्त्र क्रौञ्चास्त्र शक्तिद्वै कंकास्त्र मुसलकापालास्त्र किंकिणी विद्याधरास्त्र नंदनास्त्र गंधर्वमोहनास्त्र प्रस्वापन प्रशमन सौम्यवर्षण शोषण संतापन विलापन

मादन गंधर्व मानव पिशाच मोहन तामस सौमन मौसल सत्य मायामय सौरतेज सोम शिशिर त्वष्टा भगास्त्र ॥ एतान् राम महाबाहो कामरूपान्महाबलान्। गृहाण परमोदारान् क्षिप्रमेव नृपात्मज ॥ इति बाल्मीकीये इत्यादि आयुध जो हथियार यावत् सिद्धि अस्त्र विश्वामित्र में रहैं ते सब श्रीरघुनाथजीको समर्पि दैकै पुनः प्रभुको निज आपने आश्रममें आनि भक्तनके हित परब्रह्मरूप जानि पाद्यार्घादि षोडशोपचार पूजन करि प्रेमभावते कंद खाभी मोदकी कसेरू आदि मूल सकरकंद मूंगफली आदि फल अमरूत आदि भोजन दिये षोडशोपचारमें इनहीं योग्य हैं अन्न भोजन चमर छत्र व्यजनादि चौंसाठि अंग हैं सो अष्टपहरी है ६ ॥

३५ प्रात कहा मुनिसन रघुराई। निर्भय यज्ञ करहु तुम जाई १०
होम करन लागे मुनि भारी। आपु रहे मखकी रखवारी ११
सुनि मारीच निशाचर कोही। लै सहाय धावा मुनिद्रोही १२
बिनुफर बाण राम त्यहि मारा। शतयोजन गा सागर पारा १३
पावकशर सुबाहु पुनि जारा। अनुज निशाचर कटक सँहारा १४
मारि असुर द्विजनिर्भयकारी। अस्तुतिकरहिंदेव मुनि भारी १५
तहँपुनि कछुक दिवस रघुराया। रहे कीन्ह विप्रन पर दाया १६
भक्तिहेतु बहु कथा पुराना। कहहिं विप्र यद्यपि प्रभु जाना १७
तब मुनि सादर कहा बुझाई। चरित एक प्रभु देखिय जाई १८
धनुषयज्ञ सुनि रघुकुलनाथा। हर्षि चले मुनिवर के साथा १९
आश्रम एक दीख मग माहीं। खग मृग जीव जंतु तहँ नाहीं २०
पूछा मुनिहिं शिला प्रभु देखी। सकलकथा मुनि कहेउ विशेखी २१

दो० गौतमनारी शापवश, उपलदेह धरि धीर ॥
चरणकमलरज चाहती, कृपा करहु रघुवीर २२

३५ आश्विन कृष्ण अमावसको आश्रम पहुँचे जन्म रात्रिको प्रातः समय श्रीरघुनाथजी विश्वामित्र मुनिसन कहा कि तुम जाय निर्भय निशाचरनकी भय त्यागि यज्ञ करौ १० विश्वामित्र आदि यावत् रहे ते भारि समग्र मुनिनकी समाजभरि होम करने लगे आपु लक्ष्मणजीसहित प्रभु परिकर तरकस बांधे वामकरमें धनुष् चढ़ाये दाहिनेमें बाण लिये मख यज्ञ की रखवारी हेतु आगे ठाढ़ रहे ११ यज्ञको धूम देखतही निशाचरनके दूत जाइ खबरि दिहिनि सो सुनतही मुनिनको द्रोही सुबाहु मारीच कोही क्रोध

भरे यज्ञ विध्वंस करिबे हेतु सहाय कहे राक्षसनकी सेना लैकै मुनि के आश्रम को धावा १२ तेहि मारीचके विन फर विना गांसीको बाण श्रीरघुनाथजी मारे ताकेवेगते उड़ा सो बीचकी भूमिकी तौ संख्या नहीं करे सौ योजन चारिसौ कोस समुद्रके पार गया लंकाकी सींव भूमिमें जाय गिरा भाव याते आगे कार्य लेना है वह लज्जाभय ते यहां न आवा १३ पावकशर कहे अग्निबाण पुनः दूसरा प्रभुने अग्निबाण मारा तेहि करिकै सुबाहुको जारा शरीरसहित भस्म करिदिया बाकी जो निशाचरन की कटक सेना ताको श्रीरामानुज लक्ष्मणजी सब सेनाभरेको संहारा नाश करिदीन १४ द्विज ब्राह्मण तिनके निर्भयकारी जो श्रीरघुनाथजी ते असुर जो राक्षस तिनको मारि सबको सुखी करे ताते स्वर्गमें देवता भूमिमें मुनि ते झारिकै सब प्रभुकी स्तुति करने लगे जयजयकार करि यश गान करत १५ पुनः श्रीरघुनाथजी विप्रन पर दया कीन्ह याते तहां विश्वामित्रके आश्रममें कछुक दिन अर्थात् तीनि दिन साधारण रहे परेवाको यज्ञ प्रारंभ द्वितीया को निवृत्त भये पंचमी तक रहे अध्यात्मे ॥ पुराणवाक्यैर्मधुरैर्निनाय दिवसत्रयम् १६ भक्तिवृद्धिहेतु जो बड़े करत सो औरहू करत इति प्रचारहेतु संहिता पुराणादिकनकी बहुत कथा विप्र विश्वामित्रजी कहत यद्यपि प्रभु सब जानते तथापि भक्तिके प्रचारहेतु मन लगाइकै सुनत १७ मुनिवर विश्वामित्रजी सहित आदर कहे कि हे भैया ! मिथिलेश निज कन्याविवाह हेतु प्रण स्वयंवर रचे हैं कि जो शिवजी को धनुष् तोरै सो कन्या विवाहै ताके हेतु अनेकन राजा एकत्र हैं यह एक अद्भुत चरितहै ताको चलिकै देखिये इत्यादि बुझायकै श्रीरघुनाथजीसों कहे कि वर्ष व्यतीत भयो यज्ञ न पूर्ण भई याते जनकजी धर्मसंकटमें हैं १८ भूपको संकटमय धनुष्यज्ञ सुनि रघुकुलके नाथ अर्थात् रघुकुल साधारण सबको संकट हरनेवाले ताके नाथ कैसे न संकट हरैं यह विचारि हर्षसहित मुनिवर विश्वामित्र के साथ प्रभु चले भाव इहां तौ यज्ञ पूर्णौ भई उसको भी पूर्ण कीन चाहिये आश्विन शुक्ल षष्ठीको चले १९ चलेजात मार्गमें एक शून्य आश्रम देखिपरा जहां गौतमऋषि के शापाग्निके प्रभावते पक्षी मृगा कीट पतंगादि जीव जंतु कोऊ तहां आश्रमके मध्यमें नहीं हैं जीव चराचर हैं जंतु चरमात्र २० तहां नराकार पाषाण को शिला रहै सो देखि मुनिते प्रभु पूछा कि यह का वस्तु है ताकी सकल कथा विशेष करिकै मुनि कहा कि यह गौतमनारि स्वरूपवान् रहै एक समय शून्य आश्रम देखि इंद्र गौतमतनु धरि याके संग भोग किया तैसेही गौतम आय पूछा तू मेरा स्वरूप होनेको हेतु कहु नहीं भस्म

करिहौं इंद्र बतायदिये ताको शाप दिये कि तेरे तनुमें हजार भगैं होइँ अहल्याको शाप दीन कि तू पाषाणहो पुनः अनुग्रह कीन कि जनकपुर जातसमय रघुनाथजी की पदरज पाइ तू पावन होइगी २१ दोहार्थ ॥ सोई गौतमनारि अहल्या है निजपति के शापवशते उपल पाषाण देह भई सो अनुग्रह पाइ आपके आश्रित धैर्य धरी भाव एक दिन प्रभुके दर्श पाइ कृतार्थ होउँगी सो आपके चरणारविंदन की रज चाहत ताते हे रघुवीर! कृपा करहु रघुवंशमें वीरहौ ताते सबके पालन करिबे को आपही समर्थ यहि दुःखित को पदरज दै पावन करो २२ ॥

३६ मात्रात्रिभंगीछंद–परसतपदपावनशोकनशावनप्रकटभईतपपुंजसही॥
देखतरघुनायक जनसुखदायक सन्मुख ह्वै करजोरि रही २३
अतिप्रेमअधीरा पुलकशरीरा मुख नहिं आवत वचन कही ॥
अतिशयबड़भागी चरणनलागी युगलनयन जलधार बही २४
धीरज मन कीन्हा प्रभुकहँ चीन्हा रघुपतिकृपा भक्ति पाई ॥
अतिनिर्मल बानी अस्तुति ठानी ज्ञानगम्य जय रघुराई २५
मैं नारि अपावन प्रभु जगपावन शवनरिपु जनसुखदाई ॥
राजीवविलोचन भवभयमोचन पाहि पाहि शरणहि आई २६
मुनि शाप जु दीन्हा अतिभल कीन्हा परम अनुग्रह मैं माना ॥
देख्यों भरि लोचन प्रभुभयमोचन यहै लाभ शंकर जाना २७
बिनती प्रभु मोरी मैं मतिभोरी नाथ न मांगौं वर आना ॥
पदपद्मपरागा रसअनुरागा मम मनमधुप करै पाना २८
ज्यहिपद सुरसरिता परमपुनीता प्रकटभई शिवशीश धरी ॥
सोई पदपंकज ज्यहिपूजत अज मम शिर धस्यो कृपालु हरी २९
यहि भांति सिधारी गौतमनारी बारबार हरिचरण परी ॥
जो अतिमनभावा सो वर पावा गै पतिलोक अनंदभरी ३०

दो० अस प्रभु दीनबंधु हरि, कारणरहित कृपाल ॥
तुलसिदास शठ ताहि भजु, छांड़ि कपटजंजाल ३१

३६ प्रथम गौतमके वचन पुनः विश्वामित्रकी आज्ञा अहल्या पापते पतित शापते पाषाणरूप आर्त रजकी प्यासी याते पदस्पर्श दोष न विचारे कृपा करि पद शीशमें लगायदिये पावन कहे अपावन को पावन करनहारे

प्रभुके पद ता प्रभावते परपतिरति को पाप नाश भयो शोक कहे भवपीड़ादि यावत् दुःख हैं ताके नशावनहारे प्रभुके पद ता प्रभावते शापको दुःख जो पाषाण होना सो नाश भयो याते शोक नशावनहारे पावन पद प्रभुके परसत कहे छुवावतही तपपुंज तपोधनते भरी सही कहे यथा पूर्व रही तैसेही शुद्धरूपते अहल्या प्रकट भई देखत इति निज जननके परिपूर्ण सुखके देनहारे रघुवंशके नायक श्रीरघुनाथजी को शृङ्गारमय मोहन २३ का रूप की माधुरी देखतसंते सन्मुख ह्वै कर जोरिरही कहे हाथ जोरि ठाढ़ि रहिगई काहेते ठाढ़िही रहिगई स्तुति क्यों नहीं करी ताको हेतु कहत कि मोहन रूप देखतही धैर्य छूटि मन अधीर ह्वै गयो अत्यंत प्रेमकी उमंगते शरीर पुलकि आयो अर्थात् स्वेद रोमांचादि विह्वलता कंठारोधन ह्वै गयो ताते उरते वाणी उठत परंतु मुखते वचन नहीं कहि आवत तौ कैसे स्तुति करै याते प्रेम की मिलित दशावशते ठाढ़ि रहिगई परपतिरति को पाप पति का शाप पाषाणतन पतिको वियोगादि अचल विघ्न रहैं ते सब नाश भये निर्हेतु प्रभु कृपा कीन्हे प्रसिद्ध दर्शन इत्यादि होना तौ बड़ी भारी भाग्य उदय भई ताते अतिशय करिकै बड़ी भाग्यवाली अहल्या प्रभुके चरणन में लागी नमस्कार करी पुनः युगल कहे दोऊ नयनन ते अश्रु जल की धारा बही २४ जब प्रेमकी प्रवाह उमँगि अश्रुरूप नेत्र द्वार कुछ बाहर भई तब अहल्या मनमें धैर्य कीन्ह पुनः प्रभुको चीन्हा कि जिन को मुनीश्वर योगीजन शिवादि ध्यावते हैं तेई परब्रह्मरूप दशरथराजकुमार येई हैं जो कृपा करि मोको उद्धारे पुनः रघुनाथजीकी कृपाते भक्ति पाई अर्थात् पदस्पर्श पापनाश दर्शनते प्रेमभाव आइगयो तब वासनादि छल मलरहित निर्मल परा वाणीते स्तुति ठानी प्रारंभ कीन्ही सो कहत कि प्रसिद्धदर्श दुर्लभ ज्ञान करिकै आपको रूप जानिबेकी गम्यहै ऐसे पररूप श्रीरघुनाथजी की जय होय २५ मैं नारि सहजही अपावन अरु प्रभु आप सब जगह पावन पवित्र करनेवाले भाव मैं आपकी विनती करिबे योग्य नहीं हौं पुनः रावण ऐसे सबल दुष्टन के रिपु नाशकर्त्ता ऐसे सबलहौ पुनः आपने जनन को सब प्रकारते सुखके देनहार हौ राजीवकमल तद्वत् विलोचन नाम नेत्र अर्थात् यथा कमल सबको सुखदायक तथा आप नेत्रनते दयादृष्टि सबको एकरस हेरतेहौ पुनः भव जो संसार ताको भय जो जन्म मरण चौरासी नरकादि ताके मोचन नाम छुड़ावनेवालेहौ अर्थात् दयादृष्टिते शीघ्रही भवभय मिटाइदेतेहौ ताते पाहि कहे रक्ष रक्ष मैं आपकी शरणागत में आई ताते वारंवार मेरी रक्षा करो २६ जो मुनि मोको शाप दीन्हा सो अत्यंत करि

मेरा भला कीन्हा अर्थात् पापको दंडभी देदिया अपना क्रोधभी करिलिया अब आपकी कृपाते पुनः मैं पावन होगई नातरु पाप कैसे छूटता मुनिको क्रोध अंतर से कैसे जाता इत्यादि विचारते मुनि के शापको मैं परम अनुग्रह अत्यंत दया करिकै माना भव संसारके बंधन के मोचन जन्म मरणादि छुड़ावनेवाले परम प्रभुको मैं लोचन नयनभरिकै देख्यों अर्थात् यह रूप ध्यानमें दुर्लभ सो मोको सुलभ नेत्रनते देखनेको मिले भाव गुप्तरूप आप अवतर्‍यो सो कोऊ नहीं जानत यह लाभ एक शंकरने जाना यथा—गुप्तरूप अवतर्‍यो प्रभु इत्यादि यह अनुभव प्रभुकी कृपाते अहल्या में ह्वैगयो २७ हे प्रभु! मैं मतिकी भोरी गँवारीहौं अर्थात् वनवासी याते आन कछु वरदान नहीं मांगति हौं हे नाथ! मेरी यही बिनती है कि आपके पदकमलकी पराग जो धूरि है पुनः अनुराग जो रसहै ताको मम मन मेरा मनरूप मधुप नाम भ्रमर सदा पान करै भाव पद कमलनमें सदा अनुराग बनारहै २८ ज्यहि आपके पदारविंदनते परम पुनीत अतिपवित्र सुरसरि गंगाजी प्रकट भई तिनको शिवजी अपने शीशपर धरे ज्यहि पदनको सदा अज ब्रह्मा पूजतेहैं सोई पदकमल मेरे शिरपर धर्‍यो अर्थात् पापी शापित अपावनको पावन कियो ऐसे हरि श्रीरघुनाथजी कृपा के स्थानहौ २९ यहि भांतिते स्तुति करी पुनः सिधारी चलिवेको इच्छा करी ताते बारबार हरि श्रीरघुनाथजी के चरणनमें परि दण्डप्रणाम करि पुनः त्यहि अहल्याके जो कुछ मनमें भावा अर्थात् प्रभुके चरणारविंदन में अचल अनुराग जो पूर्व मांग्यो रहै कि मममन मधुप करै पाना सो वर अहल्याने पावा अर्थात् प्रभु कृपा करि दीन्ह पुनः शुद्ध दिव्यतनु विमान पर आरूढ़ ह्वै आनंद भरी अहल्या पति गौतम के लोक हिमाचल वा जनलोक को पतिसंग गई ३० दोहार्थ ॥ जाको नमस्कारहू करिबेको गति नहीं पाषाणरूप तेहि दीन अहल्याको जिन निर्हेतु उद्धार कीन्हे ऐसे प्रभु दीनबंधु कारणरहित विना प्रयोजन कृपाके स्थान श्रीरघुनाथजी हैं ताहि हे शठ मन! प्रभुको भजु कविकी उक्ति सो मनको संबोधन है समान लोक शिक्षात्मक है कौन प्रकारते भजु कपट जंजाल छांड़ि अर्थात् भीतर दुष्टतामय अनेक वासना बाहर साधु बने जंजाल कहे जो मन में अनेक फिकिरैं जो जीवको बंधनहै सो छांड़ि बाहर भीतर एकरस प्रेमभाव ते अनन्य ह्वै प्रभुको स्मरण ध्यान करु ३१ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे अहल्योद्धारवर्णनोनाम
सप्तत्रिंशः प्रकाशः ३७ ॥

३७ चले राम लक्ष्मण मुनिसंगा। गये जहां जगपावनि गंगा १
अनुजसहित प्रभु कीन्ह प्रणामा। बहुप्रकार सुख पायहु रामा २
पुनि सुरसरि उत्पति रघुराई। कौशिकसन पूंछा शिरनाई ३
गाधितनय सब कथा सुनाई। ज्यहिप्रकार सुरसरि महि आई ४
तब प्रभु ऋषिनसमेत नहाये। विविधदान महिदेवन पाये ५
हरषि चले मुनिवृन्द सहाया। वेगि विदेहनगर नियराया ६
पुररम्यता राम जब देखी। हरषे अनुजसमेत विशेखी ७
वापी कूप सरित सर नाना। सलिल सुधासम मणिसोपाना ८
गुंजत मंजुमत्तरस भृङ्गा। कूजत कल बहुवरण विहंगा ९
वरणवरण विकसे वनजाता। त्रिविध समीर सदासुखदाता १०

दो० सुमनवाटिका बाग वन, विपुल विहंगनिवास॥
फूलत फलत सुपल्लवत, सोहत पुर चहुँपास ११

३७ हे पार्वति ! अहल्या उद्धार करि लक्ष्मणजी सहित श्रीरघुनाथ मुनिके संग जनकपुरको चले जहां जगत् पावन करनहारी गंगाजी हैं तहां को गये १ अनुज लक्ष्मणजी सहित प्रभु गंगाजी को प्रणाम कीन्ह पूर्ववंश को यश रूप भाव हमारे पुरिखनकी आनी हैं यह जानि श्रीरघुनाथजी बहुत प्रकारते सुख पायो भाव दर्श स्पर्श स्नान पानादि अनेक सुख हैं २ पुनः श्रीरघुनाथजी शीश नवाइकै विश्वामित्रजीते सुरसरि गंगाजीकी उत्पत्तिको विस्तार पूछ्यो ३ तब गाधितनय पुत्र विश्वामित्रजी ज्यहि प्रकारते गंगाजी भूलोकमें आईं सो सब कथा रघुनाथजीको सुनायो कि तुम्हारे कुलमें पूर्व राजा सगर भये तिनकी बड़ी रानी केशिनी वैदर्भ की कन्याहैं तिनके पुत्र असमंजस भये तिनके पुत्र अंशुमान् भये बालकन के घातदोषते असमंजस निकारि दिये गये सगरकी छोटी रानी गरुड़की बहिनी सुमतिनामे तिनके साठिहजार पुत्र महाबली भये सगर यज्ञ प्रारंभ करि घोड़ा छोड़्यो सो इन्द्र हरिकै कपिलदेवके ढिग पातालमें बांधिदिये जब ढूंढ़े न मिला तब साठिउ हजार भूमि खोदनेलगे सो समुद्र है जब घोड़ा देखे तब मुनिको कुवचन कहे उनके क्रोधते सब भस्म भये औसेरिते अंशुमान् चले तिनते गरुड़ सब हाल कहि बोले कि गंगा आवैं तो ये तरैंगे पुनः घोड़ा लाये यज्ञ भई जब दिलीप पुत्र भये तिनको राज्य दै अंशुमान् गंगाहेतु तप करतही मरे जब भगीरथ भये तब दिलीपहू गये तप करतही

भरे जब भगीरथ तप कीन्हे तब गंगा मिलीं ताके थांभनेको शिवजीको आराध ते जटैमें लैलिये पीछे निचोइदिये तब तीनि धारा भईं कारण यह कि एक समय शिवजी मालकौस राग गाये तब देवसमाज भरि सब गलिकै पानी होगये पीछे ब्रह्मा सबको बनाये कुछ जल बचा सो कमंडलुमें करिलिये ताके अंशकी धारा सोई स्वर्ग को गई एक समय प्रचेता ऋषि तप करते रहैं उनके पसीना आवा उसी समय ब्रह्मा वर देने हेतु गये सुकृती जानि पसीना लै कमंडलु में करिलिये ताके अंशते एक धारा पातालको गई अरु जा समय बलिको छलि वामन भूमि नापतसमय जो पद आकाशको उठाये ताके लागे ब्रह्मांड भेदन भयो तेहि मार्ग ब्रह्मद्रव बहिआयो सो ब्रह्माजी कमंडलु में करिलिये ताही अंश ते ये गंगाहैं भगीरथहेतु भूतल में रहीं साठिउ हजारको तारिदीन्ही तीनि धारा होनेको यह हेतुहै सुनि प्रभु हर्षे ४ तब प्रभु श्रीरघुनाथजी विश्वामित्रादि ऋषिन समेत नहाये पुनः प्रभुके दीन्हेते अनेक प्रकार मणि सोना धेनु भूषणादि दान महिदेव वहांके ब्राह्मणन पाये परिपूर्ण भये ५ मुनिवृंदके सहायक श्रीरघुनाथजी हर्षिकै आगेको चले जानकीजीके देखबेकी उत्कंठाते मार्गशीघ्रगमनको श्रम न आयो बेगिही विदेहनगरको नियरायगये ६ जनकपुरकी रम्यता अत्यंत शोभा जब श्री रघुनाथजी सहित लक्ष्मणजी विशेषकै हर्षे धनुषयज्ञ सुनि चले ता समयका हर्ष पूर्वहीकाहै जब नगर देखानो तब विशेष हर्षे जो बाहररही रमणीकता तौ भीतर अपूर्व शोभा होइगी वा महामंगल होनहार ताको शकुनसूचक है ७ क्या रम्यताहै सो कहत वापी जो बावली सरित कमला विमलादि नदी कूप कुवाँ सर ताल इत्यादिकनमें सलिल जो जल सो तौ स्फटिकसों अमल शीतल सुधा अमृतसम स्वादु पुनः अनेकरंग मणिनसों सोपान नाम सीढ़ी विचित्र बनी ८ नदी तालन में अनेकरंगके मंजु सुंदर कमल फूले तिनके रस में मत्त भृंग जे भ्रमर ते गुंजतहैं जलके निकट बहुत वर्ण रंग रंगके विहंग जे पक्षी ते कल नाम सुंदर शब्दते कूजत कुहुकि रहे हैं ९ वर्ण कहे रंग रंगके वनजात कमल विकसे नाम फूलिरहे शीतल मंद सुगंध त्रिविधकी समीर जामें पवन सुख देनहारी सदा बहतहै १० दोहार्थ॥ सुमन फूलनकी वाटिका जामें फूलनैके वृक्ष लगे बाग जामें आम्रादि फलन के वृक्ष लगे वन कहे जो फल फूलादि सब प्रकारके वृक्ष विस्तारभूमि में समूह विना लगाये स्वाभाविकही भयेहैं तिनमें विपुल विहंग बहुत पक्षिनको निवास नाम वास किहे हैं अर्थात् मोर चकोर शुक सारिक कोकिलादि शब्द करिरहे हैं फुलवारिनमें गुलाब बेला चमेली कुंद सेवती आदि फूलतहैं बागन में आम्र केला पनस

अनार अमरूद निंबू नारंगीआदि फलतहैं वन फलफूलन सहित सुंदर पल्लव लिहे इत्यादि पुरके चारों दिशि शोभित ११॥

३८ बनै न बरणत नगरनिकाई। जहां जाइ मन तहँ लुभाई १२
चारु बजार विचित्र अवारी। मणिमयविधिजनुस्वकरसँवारी १३
धनिक बनिक बर धनदसमाना। बैठे सकल वस्तु लै नाना १४
चौहट सुंदर गली सुहाई। संतत रहैं सुगंध सिंचाई १५
मंगलमय मंदिर सब केरे। चित्रित जनु रतिनाथ चितेरे १६
पुर नरनारि सुभग शुचिसंता। धर्मशील ज्ञानी गुणवंता १७
अतिअनूप जहँ जनक निवासू। बिथकहिंविबुधविलोकिविलासू १८
होत चकित चित कोट विलोकी। सकल भुवन शोभा जनु रोकी १९

दो० धवल धाम मणि पुरट पट, सुघटित नाना भांति॥
सियनिवास सुंदर सदन, शोभा किमि कहि जाति २०

३८ अरु नगरकी जो निकाई है सो वर्णन करत नहीं बनत काहेते जहैं मन जात तहैं लुभाइकै रहिजात तौ कहै कौन १२ चारु नाम सुन्दरि बाजार तामें अवारी कहे तिदरीकी दूकानैं ते विचित्र रंग रंगकी मणिनमय ऐसी शोभा देखात जनु ब्रह्मा ने अपनेही हाथते सँवारिकै बनाई है अर्थात् प्रश्नोत्तरी दोऊ दिशि एक विधिकी सूतबंद बराबरि इत्यादि पुरके पश्चिम द्वारमें प्रवेश कीन्हे ता समय देखे १३ वणिज् व्यापारवाले वणिक्वर जातिक्रिया स्वकर्म धर्मादिते उत्तम धनिक धनवान् जे कुबेर के समान यावत् व्यापार वाले हैं ते सकल निज निज दूकानन में नानाकहे अनेकन भांतिकी वस्तु लिहे बैठेहैं यथा जवाहिरी हीरा मरकत पुखराज पिरोजा पन्ना लहसुनी विद्रुम नीलक मोतीआदि अनेक रत्न यथा सराफ अशरफी रुपया पैसा चांदी सोना यथा बजाज दुशाला रूमाल जरवक्क कमखाप अतलस फूलगिरंट कामदानी जामदानी मलमलादि यावत् वसनादि हलवाई अनेक मिठाई पसारी अनेक औषधी प्रचूर्णवाले अनेक सीधा इत्यादि १४ और आगे गये तहां चौहटा देखे जहांते चारिहू दिशिको बजारैं बनीहैं तहां चौकफराक विशेष शोभा बजारनते जे नगरको गली गईहैं ते परमसुंदरी सफागच सो चंदन कपूर केसरि केवड़ादि सुगंधित जलसों सदा सिंचाई छिरकी रहत १५ तिन गलिन में जे सबके मंदिर रहैं ते मंगलमय अर्थात् द्वारनमें वंदनवार पताकादि सपल्लव घट पुनः दीवारनमें देवादिकनकी वा सब अवतारनकी प्रतिमा

लीलामय चित्रसारी कैसी चित्रित जनु रतिनाथ कामदेव आपही चित्रसार है चित्रित कीन्हेउ है ऐसे मनोहरहैं १६ पुरके नर नारि यावतुहैं ते सुभग कहे सुंदर शुचि पवित्र संत जिनके मनमें सदा शांति धर्मशीलमें रुचि ज्ञानी क्षमा दयादि गुणवंत व साधारण सब सुंदर गुणवंत मध्यमते शुचि धर्मशील उत्तमते संत ज्ञानी १७ पुरमें पूर्व जहाँ अत्यंत अनूप जनकजी को निवास मंदिरहै तामें कंचन मणिनमय निर्मित ताकी शोभाको विलास वा विभवको विलास ताको विलोकि देखिकै विबुध जे देवता ते विशेषकै थकित होतेहैं भाव देखतही चकित ह्वैरहिजात १८ परिखारवनी गुम्मजादि जो पुरके बाहर चारिहू दिशिते मणिमय कोटहै पुरसमेत ताको विलोकि देखनहारन को चित्तचकित ह्वैजात कोटांतर अपूर्व पुरसहित कैसो सोहत जनु सकल भुवनकी शोभा बटोरि किलारूप सींवते रोकी है १९ दोहार्थ॥ धवल उज्ज्वले जे धामनमें खिरकी झरोखादि द्वारनमें पुरट नाम सोना तामें मणिनसों जटित पट जे केंवार ते रंग रंगके नानाभांतिन ते सुंदर घटित पंक्ति पंक्ति शोभादायक लगेहैं जो स्थानको भूषित किहे हैं भाव श्वेत दीवारनमें स्वर्णमणि केंवारनकी शोभा मनोहर देखात राजमंदिरमें मिला जो सियनिवास जामें श्रीमिथिलेशनंदिनी वास करत सो ऐसासुंदर सदन मंदिर बना जाकी अद्भुत शोभा है सो कैसे कहिजात भाव देखत मन मोहिजात कहै कैसे २०॥

३९सुभगद्वारसबकुलिशकपाटा। भूप भीर नट मागध भाटा २१
बनी विशाल वाजि गजशाला। हयगय रथसंकुल सब काला २२
शूर सचिव सेनप बहुतेरे। नृपगृहसरिस सदन सबकेरे २३
पुरबाहर सर सरित समीपा। उतरे जहँ तहँ विपुल महीपा २४
देखि अनूप एक अमराई। सब सुपास सबभांति सुहाई २५
कौशिक कह्यो मोर मन माना। यहां रहिय रघुवीर सुजाना २६
भल्यहि नाथ कहि कृपानिकेता। उतरे तहँ मुनिवृन्द समेता २७
विश्वामित्र महामुनि आये। समाचार मिथिलापति पाये २८

दो० संग सचिव शुचिभूरि भट, भूसुर वर गुरु ज्ञाति॥
चले मिलन मुनिनायकहि, मुदित राव यहिभांति २९

३९ कुलिश वज्र अर्थात् हीरा जटित केंवार लगे ताते अथवा वज्रसम पुष्ट कपाट लगे सबै द्वार सुभग नाम सुंदर सब द्वार तिनपर देश देशके भूपन की अरु नट नृत्यकारन की कीर्त्ति गावनेवाले मागधन की भाट

प्रताप कहनेवाले इत्यादिकन की भीर है २१ वाजि घोड़नकी शाला गज हाथिन की शाला ते विशाल नाम विस्तारते बनी तिनमें हय जो घोड़े गय जो हाथी विविधप्रकार के रथ ते सब संकुल परिपूर्ण इत्यादि शिबिका सुखपालादि अनेक वाहन प्रति शालन में शोभित कुछ सब काल में सजे तैयार भी रहत यह राजद्वार की मर्याद है २२ शूर जे वीरन में मुख्य सचिव जे राजमंत्री हैं सेनप जे सेनापति हैं बहुतेरे अनेकन अर्थात् शूरभी बहुत मंत्री भी बहुत सेनापतिभी बहुत तिन सबके सदन जे मंदिरहैं ते नृपगृह सरिस राजमंदिरेकी तुल्य उनहूं के मंदिर बने भीरमात्र राजद्वार में अधिक २३ पुरके बाहर पूर्वदिशि सर तड़ाग सरित नदी तिनके समीप बगीचा फुलवारी आदिकन में जहां तहां ठौर ठौर बहुत महीप देश देशन के राजा उतरेहैं तिनके तंबूकनातआदि गड़े हाथी घोड़े आदि बँधे २४ तहां अमराई नाम आम्रकी बाग एक अनूप देखि काहेते निकट कौशिकीनदी निकटही सुंदरि फुलवारी निकटही वन मैदान निकटही देवादि के मंदिर इत्यादि डोलडाल स्नान दल फूल पूजादिकी भूमि घाम बयारिकी रक्षा इत्यादि सब भांतिते सब सुपास अरु सुहाई सुंदरि भूमिका २५ सो देखि कौशिक विश्वामित्र कहे कि हे रघुवीर ! यह स्थान देखि मोर मन माना मेरा तौ मन प्रसन्न भया परन्तु आपहू सुजानहौ विचारिलेउ जो मनमें भावै तौ यहां रहिये २६ हे नाथ ! भलेही सुंदरथल विचारे ऐसा कहि कृपानिकेत श्रीरघुनाथजी मुनिवृंद समेत तहांहीं उतरे २७ नगरबीचमें ह्वै ह्वै गये याते बहुतन चीन्हिलिये तिन महाराजते कहे इति महामुनि विश्वामित्र यहां आये ऐसा समाचार हाल मिथिलाधिप जनकमहाराज पाये २८ दोहार्थ॥ तब सचिव जो मंत्री शुचि पवित्र रीतिवाले भूरि नाम बहुत सुभट सुंदर योधा भूसुर ब्राह्मण वर नाम श्रेष्ठ गुरु शतानंद ज्ञाति बंधुवर्ग कुशध्वजादि संगमें लैकै यहिभांतिते मुदित आनंदते राव जनकजी मुनिनायकहि विश्वामित्रके मिलनहेतु चले २९॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे मुनिसंगरघुवरमिथिलाप्रवेशवर्णनोनामाष्टत्रिंशःप्रकाशः ३८॥

४० कीन्ह प्रणाम धरणि धरि माथा। दीन्ह अशीष मुदित मुनिनाथा १
विप्रवृंद सब सादर बंदे। जानि भाग्य बड़ि राव अनंदे २
कुशल प्रश्न कहि बारहिंबारा। विश्वामित्र निकट बैठारा ३

तिहि अवसर आये दुउभाई। गये रहे देखन फुलवाई ४
श्याम गौर मृदुवयस किशोरा। लोचनसुखद विश्वचितचोरा ५
उठे सकल जब रघुपति आये। विश्वामित्र निकट बैठाये ६
भे सब सुखी देखि दुउ भ्राता। वारिविलोचन पुलकित गाता ७
मूरति मधुर मनोहर देखी। भये विदेह विदेह विशेखी ८

दो० प्रेममगन मन जानि नृप, करि विवेक मतिधीर ॥
बोले मुनिपद नाइ शिर, गदगद गिरा गँभीर ६

४० जब आसन लै चुके तब मुनिते आज्ञा लैकै देवमंदिर फुलवारी जो निकटही रहै ताके देखनेहेतु लक्ष्मणजी समेत श्रीरघुनाथजी गये ऋषिन सहित विश्वामित्रजी आसनपर रहे ताही समय जनकजी आये सो विश्वामित्रके पदाश्रित धरणी भूमिमें शीश धरि महाराज प्रणाम कीन्हे तब मुनिनाथ विश्वामित्रजी मुदित आनंदसहित महाराज को आशीर्वाद दीन्ह १ पीछे अपर जे ब्राह्मणनके वृंद रहैं तिनकी सहित आदर महाराजने वंदना कीन्हीं ऋषि महात्मनको निज धाममें स्वाभाविक आगमन याते बड़ी भाग्य अपनी उदय जानि राव जनक महाराज परम आनन्द भये २ महाराजके पूंछेते अपनी कुशलप्रश्न कहि पुनः महाराजकी कुशलप्रश्न वारंवार पूंछि महाराजको विश्वामित्रजी अपने निकट बैठारि लिये ३ तेही अवसरमें दोऊ भाई लक्ष्मणजी सहित श्रीरघुनाथजी आये जो पूर्व फुलवारी देखने हेतु गयेरहैं वहांते मिथिलेशजीको आवत देखे ताते आपहू चले आये ४ आवतमें कैसे देखाने श्याम श्रीरघुनाथजी गौर लक्ष्मणजी मृदु कोमल गात किशोरवयस पंद्रह वर्षकी अवस्था पुनः विश्वभरेके चित्तके चोर तहां चोर आंखि बराय चोरी करत देखे पर शस्त्र प्रहारादि दुःखदायक होत ये प्रसिद्ध नेत्रनके देखत सुख दैकै संसारभरे के चित्तको चोराइ लेत ५ विश्वमोहनरूप रघुपति समाजको जब आये तब भूपसमाजी जन सकल उठे रूप तेजते आसन धरा न रहा पुनः विश्वामित्रजी भूपके सम्मुख अपने निकट बैठाये भाव अपनी प्रीति संबंध दर्शाये ६ दोऊ भ्राता राजकुमारनको देखि यावत् पुरजन रहे ते सकल सुखी भये अर्थात् प्रेमानन्द हृदयते उमँगो ताते गात देह पुलकित अर्थात् रोमांच कंठारोध पुनः विलोचन जे नेत्र तिनमें वारि कहे अश्रुजल भरि आयो ७ मधुर काको कही जाके अंगनमें माधुरी होइ यथा ॥ देखे तृप्ति न मानिये सो माधुरी बखान ॥ भाव जिनको देखि कोऊ तृप्त नहीं होत पुनः मनोहर काको कही अर्थात्

मुक्त मुमुक्षु विषयी विमुखादि सर्वजीव मित्र शत्रु उदासीनादि काहू भावते देखै ताको जो मन हरिलेइ ताको मनोहर कही इत्यादि मधुर मनोहर मूर्त्ति श्रीरघुनाथजीकी देखिकै विदेहजी साधारण विदेह रहैं ते विशेष कै विदेह भये अर्थात् बाह्य इंद्रिनकी विषय मनादिकी वासना ताको विवेक बलते खैंचि आत्मदृष्टिते ब्रह्मानन्दमें मग्न इति स्वाभाविक याते कहे कि यह विवेक बल आश्रित विदेहता है सो साधारण रहीं यहां इंद्रिनकी जो वृत्तिरहै ताको सांवली मूर्तिकी मधुरताने खैंचिलियो अरु मनादिकी जो वृत्तिहै ताको मूर्तिकी मनोहरताने खैंचिलियो ताते श्रीरामप्रेमानन्दकी परवशते विशेष विदेहभये अर्थात् स्वस्वरूपमें जो दृष्टिरहै सो पर स्वरूप श्रीरामरूपमें दृष्टि ह्वै रही भाव ज्ञानफलको रसभक्ति प्राप्त भई ८ दोहार्थ ॥ नृपमहाराज जनकजी अपनो मन श्रीरामप्रेमप्रवाहमें मग्न कहे बूड़ा जानि विचारे कि हम तौ इन कुमारनके प्रेम परवश हैं तौ कुमारनको समाचार जानिबे हेतु ऋषिसों वार्ता कैसे करैं यह समय आधार विवेकके बल करि मतिको धीर कीन्हे बुद्धिमें धैर्यलाय ताहू पर मुनिके पांवनमें शिरनाइ गद्गदवाणी गंभीर विलक्षण अर्थकी भरी बोले ९ ॥

४१ कहहु नाथ सुंदर द्वउ बालक। मुनिकुलतिलककिनृपकुलपालक १०
ब्रह्म जो निगम नेति कहि गावा। उभय वेषधरि की सोइ आवा ११
सहज विरागरूप मन मोरा। थकित होत जिमि चंद्र चकोरा १२
ताते प्रभु पूंछौं सतिभाऊ। कहहु नाथ जनि करहु दुराऊ १३
इनहिं विलोकत अति अनुरागा। बरबस ब्रह्मसुखहि मन त्यागा १४
कह मुनिबिहँसि कह्यो नृपनीका। वचन तुम्हार न होइ अलीका १५
ये प्रिय सबहि जहाँलगि प्रानी। मन मुसुकाहिं राम सुनि बानी १६
रघुकुलमणि दशरथ के जाये। मम हित लागि नरेश पठाये १७

दो० राम लषण द्वउ बंधुवर, रूपशील बल धाम ॥
मख राख्यो सब साखि जग, जीति असुर संग्राम १८

४१ हे नाथ! मेरे प्रश्नको उत्तर कृपा करि कहहु ये जो दोऊ सुंदर सर्वांग सुठौर बने बालक हैं ते काहू मुनि के कुल के तिलक कुल के प्रकाशकर्ता अर्थात् काहू मुनि के बालक हैं कि काहू नृपकुल के पालक रक्षक हैं अर्थात् उस राजा के कुलकी जो मर्याद पूर्व रही ताको ये पालन पोषण करि पुष्टता समेत कुलकी मर्यादा की वृद्धि करनेवाले हैं मुनिकुलतिलक

यथा ॥ भृगुकुल तिलक परशुराम नृपकुलपालक यथा ॥ रघुकुलपालक श्रीरघुनाथजी यहां साधारण फुलवारी देखने चले गये रहैं ताते जब आये तब धनुषबाण हाथमें नहीं रहे अरु राजसी विभव भी संगमें न देखानो पुनः ऋषि के संग याते ऋषिके बालकनकी संदेह भई अरु तेज प्रताप वीरतादि लक्षण अंगन में प्रसिद्ध राजकुमार कैसे देखात ताते राजकुमार की निश्चय वेषते विशेष है १० प्रथम देहभावकी प्रश्न करे पुनः आत्मभाव की प्रश्न करत यथा निगम जो वेद सो जाको नेतिकरि गावत अर्थात् जाकी महिमा परिपूर्ण मैं नहीं जानत हौं भाव प्रसिद्ध प्रमाण नहीं कहि सकत अनुमान प्रमाण कहत मैं इत्यादि सोई निरवयव जो ब्रह्महै सोई सावयव होनेकी इच्छाते उभयनाम दुइ वेष धरिकै अर्थात् ब्रह्मजीव मूर्तिमान् ह्वै लोकजीवनको कृतार्थ करिबे हेतु कि प्रकृतिमंडल को आवा ११ सहज विराग जो शास्त्रचिंतन उपदेशादि कारणरहित स्वभाव आधीन होइ यथा चंपा सों भ्रमर तथा विषयते विमुख इत्यादि सहज विराग रूप मेरा मन सो जिमि चंद्रमाको देखि चकोर थकित होत अर्थात् श्यामकुमार को मुखदेखि मनप्रेरित नेत्र यकटकह्वै माधुरी अवलोकतमें अघात नहीं तौ इनको जीव कैसे मानिये १२ ताते हे प्रभु! सत्यसमीचीन भावते पूंछतहौं जिज्ञासूरीतिते ताते नाथ यथार्थ हाल कहहु दुराव जनि करौ भाव कुछ छिपाइ न राखेउ १३ इनहिं विलोकत देखत संते बरबस बरजोरी ब्रह्मसुखको त्यागिकै मन अत्यंत करिकै अनुरागा अर्थात् इन कुमारनको देखतही इनकी प्रीतिरंगमें मन रँगिगयो ताते ब्रह्मसुख त्याग कियो याते ब्रह्मरूपते इनके रूपमें अधिक सुख देखातहै १४ आत्मभावको जो पिछला प्रश्न महाराज का है ताहीको उत्तर प्रथमदेत महाराजकी दशा देखि विचारे कि अबतक ज्ञानको बड़ा माने रहैं सो भक्तिको एकहू वेग न सहिसक्यो अर्थात् प्रेमकी एकही चोट में ज्ञान चूर ह्वै गयो यह विचारि विहँसिकै मुनिविश्वामित्र कह्यो कि हे नृप जनकजी! जो कुछ विचारिकै कहेउ सो नीक कहेउ अर्थात् तत्त्वज्ञाता हौ ताते सब सत्यही कहेउ तुम्हारा वचन अलीक न होइ लीक कहे ईश्वरतत्त्व प्रतिपादित वेदवाक्य तीनिकाल में सत्य तथा तुम्हारा वचन है १५ प्राणी यथा ॥ प्राणीतु चेतनो जन्मी जन्तुजन्युशरीरिणः इत्यमरः ॥ प्राणी देहधारीमात्र यावत्जीव हैं तिन सबहिन को ये प्रियहैं अर्थात् आपतौ चैतन्य तत्त्ववेत्ताहौ तिनको प्रियलागनो कुछ बात नहीं जे जड़ प्राणी हैं तेऊ इनको देखि प्रेमके विवश ह्वैजात इत्यादि प्राणीमात्र सबको प्रिय कहि सर्वोपरि रूप सूचितकरे इत्यादि विलक्षण उक्तिकी वाणी सुनि श्रीरघुनाथजी मनमें

मुसुकाने भाव मुनिको जनाये कि ये वचननके अभिप्रायमें शुद्ध ऐश्वर्य दर्शित होतहै ताते माधुर्यदेश में ऐश्वर्य कहौ १६ प्रभुके मुसुकानेका अभिप्राय विचारि जो प्रथम प्रश्न महाराजकाहै कि ये किसके पुत्रहैं तेहिको उत्तर के ब्याजमाधुर्य देशमें ऐश्वर्य कहे कि रघुकुलके शिरोमणि अयोध्याधिप जो महाराज दशरथ हैं तिनके जाये नाम पुत्रहैं सो मम हित लागि मेरे हितकरिबे हेतु नरेश दशरथजी आपही मेरे संग इनको पठाये १७ दोहार्थ ॥ जिनको श्याम शरीर ते बड़े हैं इनको श्रीराम ऐसा नाम जे गौर हैं ते छोटे इनको लक्ष्मण ऐसा नाम ये दोऊ बंधु हैं वर कहे उत्तम भाईपन है पुनः रूपवान् तनु शीलवान् स्वभाव सो तौ प्रसिद्धै है ये बलके भी धामहैं काहेते जानिये ताको प्रमाण कहत मख राखेउ मेरे यज्ञ की रक्षा कीन्ही कौन भांति कि जगत् सब यहि बात को साखी है अर्थात् कुछ गुप्त बात नहीं सब जगत् में प्रसिद्ध है कि असुर जो है राक्षस ताड़का सुबाहु मारीच सेनासहित तिनको संग्राममें जीतिकै रक्षा कीन्हे इहां रघुनाथजीका आशय विचारि शुद्ध ऐश्वर्य गुप्तकरिबे हेतु विश्वामित्रजी ऐसा माधुर्य देशमें ऐश्वर्य सुनाय दिये जामें जनकजीको मन स्वार्थदेश में आसक्त ह्वै गयो अर्थात् रूपवान् चक्रवर्ती के बालक जो बली हैं तौ अवश्यही धनुष तोरैंगे तौ कन्याको जन्म सफल होइगो इस मनोरथ ते परमार्थदेशी विचार समूलही उड़िगया तौ ऐश्वर्य कौन विचारै अबतौ माधुर्य में बूड़े १८ ॥

४२मुनि तव चरण देखि कहराऊ। कहि न सकौं निजपुण्यप्रभाऊ १९
सुंदर श्याम गौर दउ भ्राता। आनँदहूके आनँद दाता २०
इनकै प्रीति परस्पर पावनि। कहि न जाय मनभाव सुहावनि २१
सुनहु नाथ कह मुदित विदेहू। ब्रह्मजीव इव सहज सनेहू २२
पुनि पुनि प्रभुहिं चितव नरनाहू। पुलकगात उर अधिक उछाहू २३
मुनिहि प्रशंसि नाइ पद शीशा। चले लिवाय नगर अवनीशा २४
सुंदरसदन सुखद सब काला। तहाँ वास लै दीन भुवाला २५
करि पूजा सब विधि सेवकाई। गये राव गृह बिदा कराई २६

दो० ऋषय संग रघुवंशमणि, करि भोजन विश्राम ॥
बैठे प्रभु भ्रातासहित, दिवस रहा भरि याम २७

४२ जो मनोरथ हृदयमें न समानो ताको प्रसिद्ध कहत राव जनकजी कहत कि हे मुनि! तवकहे आपके चरण देखे सबालक आप इहां आये तौ

यासमय जैसी मेरी सुकृति उदय भई तेहि आपनी पुण्य को प्रभाव मैं कहि नहीं सकतहौं १९ काहेते ये जो श्याम गौर दोऊ भ्राता हैं ते कैसे हैं कि मेरे अन्तर जो ब्रह्मानन्द रहै ताहू के आनन्ददाता हैं इति वाच्यार्थ पुनः आनन्द जो स्वयंवरोत्सव ताहू के आनन्ददाता प्रणपूर करेंगे इति भावार्थ वा आनन्दरूप कन्या तेहूके आनन्ददाता इति व्यंग्यार्थ २० इन दोऊ भाइनके परस्पर आपसमें जो प्रीति है सो पावन छलरहित पवित्र है जैसी सुहावनि शोभामय मेरे मनमें भावत सो मोसे कही नहीं जात भाव जैसे ये दोऊ भाइनकी प्रीति तैसेही मेरी कन्या दोऊ बहिनिन में प्रीति है जो इनको विवाह होवै तौ इनकी प्रीति शोभामय होवै यह मनभावत सो कैसे कहै इति व्यंग्य २१ ताते मनतो मुदित आनन्द अन्तरमें गुप्त राखे मुखते विदेहजी कहत कि हे नाथ ! जैसी इनकी प्रीति है सो मैं कहत ताको सुनो इनको सनेह सहजही में ब्रह्मजीव इव ब्रह्मजीव के समान अर्थात् शुद्धजीव अरु ब्रह्मते यथा सहजही में सनेह है तथा इनको है सो ब्रह्मजीवको सनेह रूखाहै काहेते जब ब्रह्म सशक्ति होइ अरु जीव सभक्ति होइ तब शोभामयहोत तथा ब्रह्म श्रीरघुनाथजीते जानकीजीसहित होइँ अरु लक्ष्मणजी उर्मिलासहित होइँ तब इनकी भी प्रीति सुहावनी लागै इतिव्यंग्य २२ सोई मनोरथवश नरनाह जनकजी प्रभु रघुनाथजीको पुनि पुनि बारंबार चितवत हैं प्रेमकी उमंग ते गातपुलकित अर्थात् रोमांच कंठारोध अश्रुआदि प्रकट होत मनोरथ पूर्ण ताके आश्रित उरमें उछाह अधिकात जात २३ मुनिहि प्रशंसि अर्थात् आप बड़े परोपकारी सुकृती यशी सज्जन समर्थ महात्माहौ क्यों न ऐसा विचारिकै कार्य करौ पुनः मुनिपदढिग शीशनाइ मुनिको महीश जनकजी नगरको लेवाय लैचले २४ सुंदर सदनमंदिर जो सबकाल में सुखदायक अर्थात् जल छाया फुलवारी मैदान निकटही घाम वायुको सब सुपास तहां भुवाल जनकजी मुनि को वास दीन्ह टिकाये २५ प्रथम अर्घ्यपाद्य गंधपुष्पधूपदीपादि षोड़शोपचार ऋषिकी पूजा कीन्ह पुनः नित्य निर्वाहक उपहारादि सब विधिकी सेवकाई करि बिदा मांगि राव जनकजी घरको गये क्वारशुक्ल द्वादशी को पहुँचे २६ दोहार्थ ॥ महाराज घर में रानिनते सब हाल कहि भोजनकी तैयारी कराये पुनः रानी कहे कि राजकुमारन समेत मुनि को बोलावो तब दूत पठाये बुलावन सुनि मुनि राजकुमारन समेत राजमंदिर को गये महाराज पग धोय कुमारन सहित मुनिको सिंहासन पर बैठाये अपर ऋषिन को पीढ़न पर बैठाये ता समय पर स्त्रीसहित रानी प्रभुकी माधुरी प्रेमते अनिमेष नेत्रनते अवलोकन करतीहैं पुनः हेमथारन में अनेक व्यंजन परोसे ऋषिन

युत प्रभु भोजन करे पुनः अचै पान पाय आसनको गये यह पचपन छप्पन के अध्याय सत्योपाख्यानमें विस्तार है तामेंते किंचित् लिखतहौं ॥ दूतवाक्यं निशम्याथ सर्वैःसह मुनिपुङ्गवः । जगाम राजभवनं नरनारीभिरावृतम् ॥ श्रीरामागमनं श्रुत्वा नरनार्य्यो मुदं ययुः । रामं निरीक्ष्य ते सर्वे नेत्रैरनिमिषैर्जनाः ॥ सिंहासने महादिव्ये नानारत्नविचित्रिते । निवेश्य बालकौ तत्र तयोर्मध्ये च गाधिजम् ॥ पीठानि मुनिमुख्येभ्यो दत्त्वा भुवि स्वयंस्थिताः । अयोध्याधिपतेःपुत्रौ कोमलाङ्गौ महाबलौ ॥ कोटिसूर्यप्रकाशौ च पश्यन्तीरामलक्ष्मणौ । भोजयामास राजापि बालकौ तौ मुनीनपि ॥ तांबूलंप्रददौ चाथ सर्वेभ्यो राजसत्तम । स्वनिवेशं जगामाथ कुमाराभ्यांमहामुनिः॥इत्यादि जनकजीके मंदिरमें ऋषिनके संग रघुवंश के शिरोमणि श्रीरघुनाथजी भोजन करिकै आसन पर आय विश्राम शयन कीन्ह पुनः उठि मुँह धोय भ्राता लक्ष्मणजी सहित प्रभु बैठे यामकहे पहर भरि दिन बाकीरहा ऋषयशब्द व्याकरण है तिनके संग रघुवंशमणि यामें धर्मशास्त्र भोजन करि विश्राम यामें वैद्यक यामभरि दिन रहा यामें ज्योतिष २७ ॥

४३ लषण हृदय लालसा विशेखी । जाइ जनकपुर आइय देखी २८
प्रभु भय बहुरि मुनिहिं सकुचाहीं । प्रकट न कहहिं मनहिं मुसुकाहीं २९
राम अनुज मन की गति जानी । भक्तबछलता हिय हुलसानी ३०
परमविनीत सकुचि मुसुकाई । बोले गुरु अनुशासन पाई ३१
नाथ लषण पुर देखन चहहीं । प्रभु सकोच डर प्रकट न कहहीं ३२
जो राउर अनुशासन पावों । नगर दिखाय तुरत लै आवों ३३
सुनि मुनीश कह वचन सप्रीती । कस न राम तुम राखहु नीती ३४
धर्मसेतु पालक तुम ताता । प्रेम विवश सेवक सुख दाता ३५

दो० जाइ देखि आवहु नगर, सुखनिधान द्वउ भाइ ॥
करहु सफल सबके नयन, सुंदर वदन दिखाइ ३६

४३ मिथिलापुर ऐसा मनोहर सुखद जो रघुवंशिनको मन चंचल करि दिया ताते लक्ष्मणजीके मनमें विशेष लालसा भई कि जाय जनकपुर देखि आइये जहां स्त्री पुरुष दोऊ दिशि शोभावलोकन का अभिलाष होइ यथा ॥ कामोऽभिलाषस्तर्षश्च सोऽत्यर्थं लालसाद्वयोरित्यमरः ॥ लालसाद्वयोः स्त्रीपुंसयोरित्यर्थः २८ धर्मधुरीणस्वामी ते उत्तम सेवक ह्वै असत् कामना कैसे कहैं इति प्रभु को भय पुनः गुरुजनसों बेअदबी कैसे प्रौढ़ता

करैं इति मुनिको संकोच ताते प्रकट ह्वै नहीं कहते मनही में मनोरथ वेग रोंकि मुसुकायकै रहिजात लाज भय संपुटमें वाणीबंद २९ भक्तन के मनोरथ सदा सफल करनेवाले श्रीरघुनाथजी सो अनुज लक्ष्मणजीके मन की गति जानि गये ताते भक्तवत्सलता प्रभुके हृदयमें हुलसानी आनन्दसहित उमगि आई वात्सल्यता क्या है जो भक्तनके दोष आप भोगि लेना वा दोष न देखना वा निजशक्तिते दोष नाश करि देना वा सनेहते भक्तन संग लगे रहना वा लघुपुत्र पर यथा माताको सनेह भगवद्गुणदर्पणे ॥ आश्रितदोषभोक्तृत्वंवात्सल्यमिति केचन । आश्रितागस्तिरस्कारबुद्धिर्वात्सल्यमित्यपि ॥ वत्सःस्नेहगुणस्थेयांस्तद्वातावत्सलोहरिः ३० हेतुपूर्वक मुनिकी दिशि प्रभु हेरे ताको जानि विश्वामित्र कहे कि जो मनोरथ होइ सो कहौ इति गुरुकी अनुशासन आज्ञा पाय संकोच सहित मुसुकायकै परमविनीत नम्रतायुत मधुर वचन बोले ३१ प्रथमागमन अनदेखे ग्राममें वास प्रयोजन पाय गये ते मार्ग में भ्रम होत है याहेतु हे नाथ ! लषणलाल जनकपुर बीथी बाजार मोहल्ला प्रति देखन चाहते हैं सो प्रभु आपके संकोच कि गुरुके सामने तुच्छ बात कैसे कहैं अरु मेरा डर कि नाराज न होइँ कि गुरुके ढिग ढिठाई करते हौ ताते प्रकट नहीं कहतेहैं ३२ सो जो अकेले पठावों तौ बाल सुभावते देर लगावैं तौ आपको अरु मेरा मन लाग रहैगो याहेतु जो राउर अनुशासन आपकी आज्ञा पावों तौ मैंभी साथ जाउँ याहेतु कि नगर देखाय कै तुरतही इहांको लेवाइ लावों भाव कहूं कौतुकादि में देर न होने पाई ३३ अनेक अभिप्रायमय प्रभुके वचन सुनि त्रिकालज्ञ मुनीश सब जानि गये ताते सहित प्रीति अभिप्रायमय वचन कहे कि हे रघुनाथजी ! तुम कस न नीति राखहु सो हेतु आगे कहत ३४ हे तात ! तुम धर्मरूप सेतुके पालनकर्ता हौ अर्थात् भवसागरपार जावेको धर्मसेतु है ताके तुम रक्षक हौ पुनः प्रेम विवश हौ अर्थात् जे वासनारहित प्रेमी भक्त हैं तिनके विशेष करिकै वश हौ पुनः सेवकनके सुखदाता हौ अर्थात् जे आर्त सेवकहैं तिनको सुखरूप हौ भाव दुःख मिटाय सुखी करतहौ अरु जे अर्थार्थी हैं तिनको अर्थदायक दातारूप हौ अभिप्राय यह कि जब जनकजीके मंदिरको भोजन करने हेतु गये तब राजकुमारनके संग तौ ऋषिनकी समाज वहां जनकादि गुरुजननकी समाज तिनकी लज्जावश पुरकी युवती प्यासी रहिगईं अर्थात् हावभावमय वार्ता हासकटाक्षादि अवलोकन राजकुमारनसों मनभाई न करने पाईं ताते रूप रसकी प्यासते निज निज वासस्थाननमें प्रेमबलते पुनः मिलिबेकी आशते उदास बैठी हैं सोई प्रेमकी डोरिन ते जब अनेकन युवतिन खैंचिनि तब

प्रभुको धैर्य धरा न रहा तौ धर्मधुरीण जाय कैसे सकैं ऋषिन को संग या हेतु प्रेरणा करि लक्ष्मणजी के उरमें विशेष लालसा प्रकट करि आजु जावा चाहत नहीं तौ लक्ष्मणजीके पुरदेखनेकी लालसा बारूमें तेल कहौ कोऊ सुनाहै यही अभिप्राय विश्वामित्र जानिलिये ताही अभिप्रायको उत्तर दिये कि धर्मसेतुरक्षक हौ ताते नीति राखेउ गुरुशिष्यकी मानंदीते मेरी आज्ञा लिहेउ अरु प्रेमके वशहौ सो पुरनारी प्रेम किहे तिनके वशहौ याते पुर को जाउगे पुनः विनादर्श आर्त हैं दर्शन की अर्थार्थी हैं तिनको दर्शदानदै पुर नारिके आर्त हरौगे इति नीति धर्मयुत सबको मनोरथ देना ये गुण आपही में हैं ३५ दोहार्थ ॥ ताते सुखके निधान सुखधाम दोऊ भाई जाइ जनकनगर देखि आवहु यह आज्ञा है पुनः अपने सुंदर वदन देखाय जे प्रेमिनके नेत्ररूप वृक्ष बिनरूप जलपाये निष्फल हैं तिनके नयन सफल करहु ३६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे विश्वामित्रसमागमानन्तरश्रीराममुनि-
आज्ञायाचनवर्णनोनाम एकोनचत्वारिंशःप्रकाशः ३९ ॥

४४मुनिपद कमल बंदि द्वउभ्राता। चले लोक लोचन सुखदाता १
बालक वृंद देखि अतिशोभा। लगे संग लोचन मन लोभा २
पीतवसन परिकर कटि भाथा। रुचिर चाप शर सोहत हाथा ३
तनु अनुहरत सुचंदन खोरी। श्यामल गौर मनोहर जोरी ४
केहरि कंधर बाहु विशाला। उरअतिरुचिर नागमणि माला ५
सुभगशोण सरसीरुह लोचन। वदन मयंक ताप त्रय मोचन ६
श्रवणन कनकफूल छवि देहीं। चितवत चितहि चोरि जनु लेहीं ७
चितवनिचारु भृकुटि वर बांकी। तिलकरेख शोभा जनु चाकी ८

दो० रुचिर चौतनी सुभग शिर, मेचक कुंचित केश ॥
नखशिख सुंदर बंधु द्वउ, शोभा सकल सुदेश ९

४४ मुनि विश्वामित्रके पदबंदि प्रणाम करि दोऊ भ्राता लक्ष्मणजी सहित श्रीरघुनाथजी चले कैसेहैं लोक लोचन सुखदाता अपनो रूप दर्शदानदै लोकजननके नेत्र तृप्त करतेहैं १ राजकुमारनके अंगमें अत्यंत शोभा है ऐसे अद्भुतरूप देखि बालकनके वृंदनके मन लोचन नेत्रलुभाइ गयो नेत्ररूपके लोभवशते समूह बालक संग लगे चले जात २ कैसी शोभा है सो कहत पीतवसन जरीकोर पीतरेशमी धोती जरतारी पीतजामा तथा

उपन्ना दोऊ छोरनमें किरणि मोतिन के गुच्छा लगे जरीपीत पटुका कटिमें परिकर फेंटबांधे तापर कारचोपी लदाऊ काममय नवीन दिव्यभाथा तरकस बांधे रुचिर चाप सुंदर विचित्र धनुष वाम हाथे तैसेही विचित्रबाण दाहिनेहाथमें सोहत ३ तनु अनुहरत जैसा तनुमें सोहत अर्थात् श्यामतनुमें केसरि कपूरमय पीतरंग चंदन सो रघुनाथजीके तनुमें खौरि श्यामतनुमें सोहत पुनः अगर मृगमदमय श्यामरंग चंदन सो लक्ष्मणजी के तनु में खौरि गोरेतनुमें शोभा देत इति श्याम श्रीरघुनाथजी गौर लक्ष्मणजी ऐसी जोड़ी मनको सहजही हरे लेत शांतरसमें पगते वर्णन शृङ्गार में शीशते वर्णन वीररसमें कटिते इहां वीररसमय शृङ्गार ताते प्रथम कटि कहि शीश तक वर्णनहै ४ केहरि सिंहके ऐसे कंधा ऊंचे पुष्ट विशाल लंबायमान बाहु उर अति कहे छाती चौड़ी रुचिरसुंदर नागमणि गजमुक्तनकी माला नाभीपर्यंत शोभित ५ शोणकहे लालसरसीरुह कमलसम लोचन नेत्र सुभग नाम सुंदर अर्थात् बड़ी बरुणी बड़लंबे रसीले पैनीकटाक्ष सहित देखत उरमें गड़िजात वदन मयंक मुखचंद्र कैसो जो दैहिक दैविक भौतिकादि तीनिउँ तापन को मोचन कहे छोड़ावनेवाला है जाके देखत पाप नाश ह्वै जीव आनन्द पदको प्राप्त होत ६ श्रवणकहे काननमें कनकफूल सोनेके फूल अर्थात् झुमका जामें स्वर्णके बीच बीच रंग रंगको मीना रंग रंगकी मणीजटित नीचे मोतिन की अवली लटकत ताके नीचे छोटी हरितमणी गुही सो छबिदेही श्रवणमें छविबढ़ायेहैं जिनकी दिशि चितवतमें जनु चित्त चोराइ लेत देखनहार को चित्त झुमकनमें चभकिजात पुनः छूटत नहीं बिनाजाने वस्तुको लेना चोरी कहावत ७ राजकुमारनकी चितवनि चारुनाम सुंदर अर्थात् सौम्य चितवनि तिरछी कटाक्षादि रहित यह स्थैर्य गुण को मुद्राहै भाव सदा चित्त स्थिर रहत पुनः भृकुटी वर नाम श्रेष्ठ बांकी हैं भौंहनकी टेढ़ाई उदासीनताको मुद्रा है तामें वरशब्द लागे उत्तम उदासीनता भई अर्थात् आपनाको कुछ नहीं चाहते हैं अरु याचकमात्र को उदारदाताहैं इति ऐश्वर्यदेशी अर्थ अरु माधुर्य में सुंदरि चितवनि तथा बांकी कामचापसी श्रेष्ठ भृकुटी तिनके बीच कामबाणसी केसरि तिलककी रेखैं कैसी सोहत कि द्युतिलावण्यता स्वरूपता सुन्दरता रमणीकता कांति माधुरी मृदुता सुकुमारतादि अंगनयुत जनु शोभाकी राशि सो चाकी छापाधरी है भाव काहू अंगते खंडित नहीं है ८ दोहार्थ ॥ रुचिर चौतनी सुंदर चौगोसिया टोपी मणियुत डंकबीजा जरतारी विचित्र बनी सुंदरे शीशपर शोभित ताके तरे मेचक कहे श्याम चमकदार कुंचित कहे घुँघुवारे ऐंछे रसीले केश जे बार ते कपोलन तक

बिथरे हैं इत्यादि नखते लगाय शिखापर्यंत दोऊ बंधु सुंदर हैं काहेते सकलअंगनमें जैसी शोभाचही तैसही सुदेश बनीहै ६ ॥

४५ देखन नगर भूपसुत आये । समाचार पुरवासिन पाये १०
धाईं धाम काम सब त्यागीं । मनहुँ रंक निधि लूटन लागीं ११
निरखि सहज सुंदर दुउभाई । होहिं सुखी लोचनफल पाई १२
युवती भवनझरोखन लागीं । निरखहिं रामरूप अनुरागीं १३
कहहिं परस्पर वचन सप्रीती । सखि इन कोटिकाम छविजीती १४
सुर नर असुर नाग मुनिमाहीं । शोभा अस कहुँ सुनियत नाहीं १५
विष्णु चारिभुज विधि मुखचारी । विकटवेष मुखपंच पुरारी १६
अपर देव अस को जगमाहीं । यह छवि सखि पटतरिये जाहीं १७

दो॰ वयकिशोर सुषमासदन, श्यामगौर सुखधाम ॥
अंग अंग पर वारिये, कोटिकोटिशतकाम १८

४५ विश्वामित्र संगी भूप दशरथसुत नगर देखनहित इहां आये ऐसा समाचार हाल नगरवासी सुनि पाये इहां स्त्रीजन जानना चाहिये काहेते लाज भय ते सर्वत्र देखना अयोग्य ताते बड़ी प्यास तौ स्त्रिनैको है पुरुषन को देखना सुगम है १० तेई पुरस्त्री रूप रसकी प्यासी प्रेमविवश घरको काम त्यागि विह्वल धाईं जैसी बैठीरहैं तैसीही उठिदौरीं तिनके उरमें दर्शन की जैसी हर्षहै ताकी उत्प्रेक्षा करत कैसे आनन्दते प्रभुके रूप माधुरीको अवलोकन लगीं मनहुँ रंक निर्धनते निधिसमूह धन सुगम मिलेउ ताको लूटन लागीं दर्श अभिलाषी स्त्री रंक रूपनिधि प्रभु सुगम दर्श लूटना है ११ भूषण वसनादि कारण ते नहीं सहजही में सुंदर दोऊ भाई सर्वांग सुठौर बने तिनको देखि लोचन कहे नेत्रनको फल अभिलाष पूर्ण पाय सब सुखीहैं पूर्वकी प्यास शान्त भई अरु मार्गमें पुरुषन के आगमन ते संकोच भयो १२ कन्या वृद्धा तौ स्वाभाविक मार्ग में देखिरहीं जे युवतीहैं युवावस्थावाली ते संकोचते जाय भवननके झरोखन में लागीं निरखती हैं कौन प्रकार श्रीरामरूपमें अनुरागीं अनुरागवतीमें अनेक हावभावादिको बोध होत यथा सत्योपाख्याने ॥ हावभावं च कुर्वन्त्यो राममोहाय सत्वरम् । काचिद्रामं निरीक्ष्यैवं ध्यायमाना मुखाम्बुजम् ॥ कामाकृतिः कुमारोऽयं कुमारी हंसभानना । एकान्ते सुखशय्यायां कृत्वा वक्षस्स्थले ह्यमुम् ॥ ओष्ठपानं करिष्यामि पाणिभ्यां गृह्य मध्यमम् । काचिद्रामं च पश्यन्ती कर्णे चक्रे स्वकां-

गुलीम् ॥ पयोधरं पीनतमं दर्शयन्ती मुहुर्मुहुः। मोहिता रामरूपेण काचिदेवं चकार सा॥ अलकांश्च निरीक्षन्ती नासामुक्तां पुनः पनः। कञ्चुकं दर्शयामास स्वर्णसूत्रेण सीलितम् ॥ करादर्शे निरीक्षन्ती दन्तपंक्तिं सुरञ्जिताम्। काचित्कमलपुष्पं च पाटयामास पाणिना ॥ काचिदालिङ्गती बालां कुचे संमेलय पाणिना। एवं पश्यन्ति ताः सर्वाः किशोरौ रामलक्ष्मणौ ॥ इत्यादि अनेक मनोराज करतीहैं इति अनुरागवती १३ पुनः जौनी स्त्री प्रणयनेह लगन लागादिके वश हैं ते सब साधारण प्रीति सहित परस्पर आपस में प्रभुकी शोभा वर्णन हेतु अनेक वचन कहती हैं कि हे सखी ! इन राजकुमारन कोटिन कामकी छवि जीतिलैके अपने तनुमें धारण करी काहेते कामौ श्याम द्विभुज धनुधारी वीर हैं तहां कोटिन जो ब्रह्मांड हैं तिनप्रति एक एक कामदेव है त्याहि सबकी छवि जीति लीन्हे इहां अनुमान ते काव्यार्थापत्त्यलङ्कार होत काहेते जो कोटिन कामको इन जीता तौ और देवनकी कौन बात है सो आगे कहत १४ सुर देवता अर्थात् स्वर्गवासी नर मृत्युलोकवासी नाग असुर पातालवासी मुनि सर्वत्रवासी इन समग्रलोकन माहिं काहू देहधारिन में राजकुमारन की ऐसी शोभा कहौं सुना नहीं है देखनेकी को कहै १५ पुनः ईश्वर कोटी में सर्वोपरि विष्णु स्वरूपवान् हैं तिनके चारि भुजा हैं यह दूषण पुनः कछु ब्रह्मा स्वरूपवान् हैं तिनके चारि मुख यह दूषण है पुनः कछु शिवजी स्वरूपवान् तिनके पांचमुख पुनः विकट वेष जटा भस्म कपाल व्यालादि दूषण हैं यह दूषणोपमालङ्कार है १६ अपर देव इनते अधिक और देव ऐसा स्वरूपवान् को जग में प्रसिद्ध है जाहि हे सखी ! यह छवि इन राजकुमारनकी छविको पटतरिये उपमा दीजै अर्थात् इनकी समता योग्य कोऊ नहीं है १७ दोहार्थ ॥ इनकी कैसी शोभा है एक तौ वय किशोर पन्द्रह वर्षकी अवस्था सहज सुहावन पुनः सुषमा जो शोभा यथा ॥ द्युति लावण्य स्वरूप स्वइ, सुंदरता रमनीय। कांति मधुर मृदुता बहुरि, सुकुमारता गनीय ॥ इति शोभांग ताके सदन मंदिर हैं पुनः एक श्याम एक गौर जोड़ी अपूर्व सुखधाम सुखके भरे हैं काहेते जिनके दर्शमात्रते नेत्र मन सुखी भये तौ प्राप्ति के सुखको का कहिये ताते इनके एकएक अंगपर सौ सौ करोरि काम वारिये निवछावरि कीजै १८ ॥

४६कहहु सखी अस को तनुधारी । जो न मोह यह रूप निहारी १९
कोउ सप्रेम बोली मृदुबानी । जो मैं सुना सो सुनहु सयानी २०
ये दोउ नृप दशरथ के ढोटा । बालमरालन के कलजोटा २१
मुनि कौशिक मख के रखवारे । जिनरणअजिरनिशाचरमारे २२

श्याम गात कलकंज विलोचन। जो मारीच सुभुज मदमोचन २३
कौशल्या सुत सो सुखखानी। नाम राम धनु शायकपानी २४
गोर किशोर वेष वर काछे। करशर चाप रामके पाछे २५
लक्ष्मण नाम राम लघु भ्राता। सुनु सखि तासु सुमित्रा माता २६

दो० विप्रकाज करि बंधु द्वउ, मग मुनिवधू उधारि॥
आये देखन चापमख, सुनि हरषीं सब नारि २७

४६काहेते चराचरको मोहनेवाला कामहीहै सो इनके प्रतिअंगनमें अपूर्व ऐसी मोहनी है किहे सखी! कहहु को ऐसा तनुधारी है जो यहि राजकुमारन को रूप देखि न मोहै अर्थात् सब मोहिजैहैं यह काकु है मिथिलेशके विमातृ आठ भाई तिनकी कन्या आठौ जानकीजीकी मुख्य सखीहैं तिनका संवाद है तिनमें बड़ी चारुशीला तिसको यह वचन है इनकी माता चन्द्रकान्ती पिता शत्रुजित् १९ इहां राजकिशोरीको मंदिर जानि थँभे हैं किशोरीजी तौ स्वाभाविक अवलोकती हैं निकट आठौ सखी परस्पर वार्ता करती हैं दूसरी सखी लक्ष्मणा बोली इनकी माता विदग्धा अरु पिताको यशशाली नाम यथा कोऊ सखी अर्थात् लक्ष्मणा प्रेमसहित मृदु वाणी बोली कि हे सयानी सखिउ! कछु बात मैं सुना है सो कहिहौं ताको सुनौ जनकपुरके तँबोलिनकी कन्या अयोध्याजीमें ब्याहीरही ताहीते इसने सुना सो कहत कि २० ये दोऊ राजकुमार अयोध्याके नृप राजा दशरथके ढोटा नाम पुत्र हैं भाव उत्तम उदार कुल चक्रवर्ती के पुत्र हैं पुनः गुणनमें कैसे हैं जो बाल अवस्थाते कलहंसन केसे जोटा हैं लरिकाईते दृढ़ धर्म व्रतधारी हैं भाव असत् त्यागि सत्पदार्थ ग्रहण करते हैं २१ वीर कैसेहैं कि कौशिक विश्वामित्र मुनिकी मखके रखवारे भये यज्ञकी रक्षा कीन्ही कौन भांति रणरूप अजिर नाम आंगनमें अर्थात् रणभूमि में सम्मुख निशाचरनकी सेनाको गौर कुमारने मारे २२ जे सेनापति राक्षस मारीच सुभुज जो सुबाहु तिनको मदमोचन छँड़ावनेवाले जो श्यामगात हैं कल नाम सुन्दर कंज नाम कमल सम विलोचन नाम नेत्र हैं अर्थात् जिनके श्यामरूप कमलसे नयन हैं तिन मारीचको उड़ाय सुबाहुको भस्म कीन २३ सो सुखकी खानि समग्र सुखदायक वा राजसुख के पात्र ते बड़ी रानी कौशल्या के पुत्र हैं इनको राम ऐसा नाम जे पाणि नाम बायें हाथ में धनुष दहिने में शायक नाम बाण लिहे भाव धनुर्धारी रामकरि विख्यात हैं सुखधामको भाव सदा आनन्दरूप हैं २४ जे राजकिशोर गौरवर्ण वर वेषकाछे प्रतिष्ठित पुरुषनकी रीतिको

उत्तम वेष बनाये शान्तस्वभाव दर्शत कर हाथ दहिने में शर नाम बाण लिहे वाम करमें चाप नाम धनुष लिहे श्रीरघुनाथजी के पीछे चलत अर्थात् आज्ञाकार हैं २५ ये रघुनाथजीके लघु नाम छोटे भ्राता हैं तामें कुछ विवेक है ताको सुनु हे सखी ! तासु कहे तिनको लक्ष्मण नाम है इनकी माताको सुमित्रानाम मध्यम रानी हैं अर्थात् रघुनाथजी के विमातृभाई हैं २६ दोहार्थ ॥ विप्र विश्वामित्रको काज यज्ञ पूर्ण करि पुनः दोऊ बन्धु इहां आवत समय मगमें मुनि गौतमकी वधू अहल्या जो परपतिरत पापते वाके पतिने शाप दियो ताते पाषाण भई रहै ताको श्रीरघुनाथजी पदकी रज लगाय उद्धार करि पुनः यहां चापमख धनुषयज्ञ देखन आये इहां वाचकते व्यंग्य सुनि सब नारी हर्षीं अर्थात् विप्रकाज करे तामें राक्षसन को मारे याते बली वीर हैं अहल्या उद्धारे याते शक्तिमान् समर्थ हैं जो धनुषयज्ञ देखने आये तौ धनुष भी तोरैंगे यह व्यंग्य विचारि हर्षीं कि हमारा भी मनोरथ सफल होइगो २७ ॥

४७ देखि राम छबि सखि यक कहई। योग्य जानकिहि यह वर अहई २८
जो सखि इनहिं देखि नरनाहू। प्रण परिहरि हठि करहिं विवाहू २९
कोउ कह इनहिं भूप पहिंचाने। मुनिसमेत सादर सनमाने ३०
सखि परंतु प्रण राव न तजईं। विधिवश हठि अविवेकहिं भजईं ३१
कोउ कह जो फल अहै विधाता। सबकहँ सुनिय उचित फलदाता ३२
तौ जानकिहि मिली वर येहू। नाहिंन अली इहां संदेहू ३३
जो विधिवश यह बनै सँयोगू। तौ कृतकृत्य होहिं सबलोगू ३४
सखि हमरे अतिआरत ताते। कबहुँकि ये आवहिं यहि नाते ३५

दो० नाहिंत हमकहँ सुनहु सखि, इनकर दरशन दूरि ॥
यह संघट तब होइ जब, पुण्य पुराकृत भूरि ३६

४७ तीसरी हेमा सखी बोली याकी माता सुभद्रा पिता अरिमर्दन है श्रीरघुनाथजी की छवि देखिकै एक सखी जो हेमाहै सो कहती भई कि यद्यपि दोऊ कुमार सुन्दर हैं परंतु जानकीजी के वरयोग्य येई श्याम राजकुमार हैं २८ जा समय राजमन्दिर में राजकुमार भोजन करने हेतु आये ता समय यह नहीं रही अथवा विभ्रमहाव है छवि अवलोकन ते पूर्व सुधि विस्मरण ह्वै गई ताते कहत कि हे सखी ! जो इनहिं राजकुमारनको नरनाह विदेहजी देखिहैं तौ योग्यता विचारि विवाह करिदेइँगे अरु अयोग्यताकी

भय विचारि प्रणको हठ परिहरि कहे त्यागिदेहैं काहेते जाहेतु प्रण किहेरहैं सो तौ योग्य वर मिलिगयो कवित्त ॥ विमला केदारलाल शोभिततमालतैस सिथिलाल बाल चंपलली प्रकटासी है। कोरिमल्लिका सुवास आस भृङ्ग रामचंद बाल त्यों चकोरिकासि नैनअपटासी है ॥ रूप नगश्यामछवि कुंदन ललाम मरकतजिमि श्याम गौरतासु फटिकासी है। वैजनाथ खासी पीत नीलकपटासीद्युति राघव घटासी सिय बिज्जुलछटासीहै २९ चौथी क्षेमासखी बोली याकी माता शोभावती पिता रिपुतापन कोऊ सखी अर्थात् हेमा कहे कि इन राजकुमारनको भूपति विदेह पहिंचाने हैं कौनभांति मुनिसहित इनको आदर सहित सन्मानकरे अर्थात् अपने धाममें भोजन कराये ३० देखि चुके हैं परंतु हे सखी ! राव जनकजी प्रणको न त्यागकरैंगे यद्यपि महाराज विवेकी हैं ताते चाहियत रहै कि विचारते हठछाँड़ि विवाह करिदेते परन्तु विधाताको का करैं जाकी वशते हठ धारणकारि अविवेकको भजैंगे जड़ता धारण करैंगे ३१ पँचईसखी वरारोहा बोली इनकी माता मोदिनी पिता महिमंगल कोऊ अर्थात् वरारोहा कहे कि जो विधाता भलाअहै क्या भलाई है सुनियत है कि सबको उचित फलको दाताहै ३२ जो उचित फल देत तो जानकीजी को यही श्यामकुमार वर मिली हे सखी ! इहां इस बातमें संदेह नहीं श्रीराम जानकीको विवाह अवश्यही होइगो ३३ जो विधिवशते अर्थात् राजा तौ प्रण त्यागैंगे नहीं ताते दैवयोग जो श्यामकुमार के हाथ धनुष टूटै इत्यादि जो विधिवश यह संयोगबनै श्रीरामजानकी को विवाह होइ तौ जनकपुरवासी सबलोग कृतकृत्य कृतार्थ होइँ ३४ पुरुषनको तौ अयोध्यापर्यंत दर्श करि आवना सुगमहै अरु हम स्त्री धामके द्वार जाना अगम तौ इनके दर्शन कैसे पाइसक्की हैं ताते हे सखी ! हमारे उरमें अति आरत नाम अत्यंत मानसी व्यथाहै ताकी औषध दर्श है जो इहां विवाह होइ जाइगो यहि ससुरारि के नाते ये राजकुमार इहां को कबहूँ फिरि आवैंगे यहि उत्कंठाते याके उरमें लगन जानना चाहिये ३५ दोहार्थ ॥ नाहीं तौ जो विवाह न भयो तौ हे सखी ! सुनौ हम स्त्रिनको इन राजकुमारन के दर्शन दूरि हैं ताते यह संघट यह श्रीराम जानकीको ब्याह संयोग तब होइ जब पुराकृत पूर्वजन्म की भूरि नाम बड़ीभारी पुण्य उदय होय तब यह फल प्राप्त होइ ३६ ॥

४८ बोलीअपरकह्यो सखिनीका। यह विवाहअतिहित सबहीका ३७
कोउ कह शंकरचाप कठोरा। ये श्यामल मृदुगात किशोरा ३८
सब असमंजस अहै सयानी। यह सुनि अपर कहै मृदुबानी ३९
सखि इनकहँकउकउ अस कहहीं। बड़ प्रभाव देखत लघुअहहीं ४०

परसि जासु पदपंकजधूरी। तरी अहल्या कृतअघभूरी ४१
सो कि रहैं बिनु शिवधनु तोरे। यह प्रतीति परिहरिय न भोरे ४२
ज्यहि विरंचि रचि सीयसँवारी। त्यहि श्यामलवररचेउ विचारी ४३
तासु वचन सुनि सब हरषानी। ऐस्यइ होउ कहैं मृदुबानी ४४

दो० हिय हर्षहिं वर्षहिं सुमन, सुमुखि सुलोचनिवृन्द ॥
जाहिं जहाँ जहँ बंधुद्वउ, तहँ तहँ परमानन्द ४५

४८ छठईं सखी पद्मगंधा याकी माता शोभनांगी पिता बलाकर है अपर छठईं पद्मगंधा सखी बोली कि हे वरारोहा सखी ! तुम नीकिबात सबको सुहाती कहेउ काहेते यह श्रीराम जानकी को विवाह भयेते सबही को अत्यन्त करिकै हित है सबको मनोरथ सफल होई ३७ सतईं सुलोचना सखी याकी माता विलक्षा पिता तेजस्थ है कोऊ अर्थात् सुलोचना सखी कहे कि शंकरको चाप शिवधनुष वज्र सम कठोर अत्यंत गरू अरु ये राजकुमार जे श्यामवर्ण हैं ते किशोर अवस्था पन्द्रहवर्षकी अवस्था ताहूमें मृदुगात कोमल तनु ३८ यद्यपि सखी सयानी है परंतु धनुष की कठोरता अरु राजकुमारकी सुकुमारता विचारि यहि विषमतावश सबके मनमें दुविधा आयो कि धनुष टूटै वा न टूटै इत्यादि असमंजस के वश जब सब सयानी सखी भईं अर्थात् काहूने धैर्य न दिया तब यह वचन सुनि अपर अठईं सुभगा सखी मृदुवाणी कहे याकी माता विनीता पिता महावीर्य है ३९ जो अत्यंत चतुर सुभगा है सो कहत कि हे सुलोचना सखी ! इन कुमारनको कोऊ कोऊ असकहत कि देखतको तौ ये लघु थोरीवयके सुकुमारहैं परंतु प्रभाव इनमें बड़ा है ४० सो प्रभाव प्रसिद्ध कहत कि जासु श्रीरघुनाथजी के पदकमलकी धूरि परसि नाम छुवतही अहल्या तरी पाषाणतनु तजि दिव्यदेहते पतिलोक गई जो परपतिरत रूप अघपाप भूरि नाम बड़ापाप कृत नाम किहेरहै ४१ जिनके पद की रजमें ऐसा प्रभाव है सो श्रीरघुनाथजी बिन शिवधनु तूरे कि रहैंगे अर्थात् अवश्यही तोरैंगे तातें अस प्रतीति भोरे कहे भूलिहूकै न परिहरौ न छांड़ौ धैर्य धरेरहौ श्याम कुमार धनुष तोरिहैं ४२ काहेते प्रतीति राखौ कि ज्यहि विरंचि ब्रह्माने धाम परिजन समेत सर्वाङ्ग रचिकै श्रीजानकीजी को सँवारी ताही ब्रह्माने धाम परिजनसमेत सर्वांग सुधारि इनकी योग्य विचारि श्यामलवर रचेउ है कैसी दोऊ दिशिते समता है यथा कवित्त ॥ जैस मिथिलेश त्यों नरेशकोशलेश वेश साधवी सुनैनिका सुकौशिलाहु खासी है। निमिकुलकमल प्रकाश रघुवंशभानु मिथिलानिवासी तैसि धन्य औधवासी है ॥ जैसी

ये कुमारिका कुमार गौरश्यामरूप रसप्रेम प्यासी ये वै सुषमाउपासी है । बैजनाथ चंद्रलाल चंद्रिका किशोरी सिय विज्जुलछटासी द्युति राघवघटासी है ४३ तासु सुभगा सखीके वचन सुनि सब हर्षानी खुशी भईं पुनः सब मृदु वाणीते कहत ऐसे होउ ईश्वर तुम्हारी वाणी सिद्धकरै ४४ दोहार्थ ॥ सुंदर मुखहै जिनको सुंदर नेत्रहैं जिनके ते सखी प्रभुको देखि हृदय ते हर्षती हैं पुनः प्रभुपर सुमन फूल वर्षाती हैं जामें हमारी दिशि दृष्टिकरैं वा अपनी प्रीति जनावती हैं भावसुंदर मन हम आपको देती हैं अथवा विदग्धाहै फूल वर्षि क्रियाचातुरी करत कि फुलवारीको आवना उहां हम मिलैंगी पुनःनगर में जहां जहां दोऊ भाई जात तहां तहां परम आनंद होत जात ४५ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरघुनन्दनमिथिलादर्शनानन्तर-
अष्टसखीपरस्परप्रेमरसवार्त्तावर्णनोनाम
चत्वारिंशःप्रकाशः ४० ॥

४६ पुर पूरब दिशि गे द्वउभाई । जहां धनुष मखभूमि बनाई १
अतिविस्तार चारु गच ढारी । विमल वेदिका रुचिर सँवारी २
चहुँदिशि कञ्चनमञ्च विशाला । रचे जहां बैठहिं महिपाला ३
तिहि पाछे समीप चहुँ पासा । अपरमञ्च मण्डली विलासा ४
कछुक ऊंच सबभांति सुहाई । बैठहिं नगरलोग जहँ जाई ५
तिनके निकट विशाल सुहाये । धवलधाम बहुवरण बनाये ६
जहँ बैठी देखहिं सब नारी । यथायोग्य निजकुल अनुहारी ७
पुरबालक कहि कहि मृदुवचना । सादर प्रभुहिं दिखावहिं रचना ८

दो० सब शिशु यहिमिसु प्रेमवश, परसि मनोहर गात ॥
तनुपुलकित अतिहर्ष हिय, देखि देखि द्वउभ्रात ६

४६ पुरको देखना साधारण ताते स्वाभाविक मार्ग में चलेआये राजकिशोरीको देखना विशेष रहै ताते उनके मंदिरके निकट थँभे रहे परस्पर अवलोकन करिकै पुनः धनुष देखना विशेष है ताते साधारण पुर देखत मार्ग में सबको आनन्द देत दोऊ भाई जनकपुरके पूर्वदिशा बाहरको गये जहां धनुषयज्ञकी भूमि अर्थात् रंगभूमि बनाई गई है १ जाकी भूमिमें अत्यन्त विस्तार फैलावसहित चारु नाम सुन्दर संगमर्मरआदि पाषाणमय चिक्कण सम सुघर गचढारी है ताके मध्यमें विविधरंग के मणिनकी चित्रसारी सहित

विमल चमकदार वेदिका रुचिर सुन्दर सँवारी है तापर धनुष धरा है इति शेषः २ वेदिका के नीचेकी भू चारिउ दिशि चौकोर साधारण मणिनमय शतरंजीनुमा चित्रसारी चौक बनी ताके पीछे चारिहू दिशि कंचन के मंच विशाल नाम ऊंचे अर्थात् जाके पावा महीमें गड़े पुरुषके ऊंचे सिंहासननुमा सोने के बैठका सुन्दर रचे तापर महिपाल राजालोग बैठत ३ तिन मंचन के पाछे समीपही चारिउ दिशि अपर साधारण मंचनकी दूसरी अवली उनते कुछ ऊंचे बैठक जिनपर राजमंडलीको विलास रहत अर्थात् मंत्री सुभट चँवर छत्र बरदारादि बैठत अरु सबइतमाम उसी पर रहत आगे के मंचानपर राजा बैठत पीछे उसको विभव समाज रहत ४ तिनके पीछे तीसरी आवृत्ति आगेवालेनते कुछ ऊंचे सबभांति ते सुहाये सुन्दर विस्तार ते चौतरफा यकसलगी छातिकी समान बैठका बने तापर नगरके लोग आपने योग्य विचारि जाइ बैठते हैं ५ ताके पीछे चौथी आवृत्ति चारिउदिशि निकटही धवल श्वेतमणिमय ऊंचे बड़े विस्तारसहित सुहाये सुन्दर धाम जो मंदिर बहुवर्ण बहुते आकारके अथवा ब्राह्मण क्षत्रीआदि बहुवर्णके मंदिर न्यारे न्यारे बने जामें अपनेही वर्णको मिलान रहै दूसरा नहीं ६ जहां जिन मन्दिरनमें सब पुरकी नारी बैठिकै धनुषयज्ञको कौतुक देखती हैं कौनभांति तहां मंदिर तौ वर्णवर्णके न्यारे हैं ताहूमें नीचे ऊंचे कुलकी अनुहारि यथायोग्य जैसा ऊंचा कुल तैसे आगे बैठका तिनमें अनेकन जालीके झरोखा अरु बड़े द्वारनमें चिकनके परदा परेहैं ७ जो अनेकभांतिकी शिल्पकारी है ताको वर्णनपूर्वक मृदु कोमल वचन कहि कहि पुरके बालक आदरसहित प्रभुको धनुषयज्ञ की सब रचना देखावते हैं ८ दोहार्थ ॥ शिशु नाम बालक सब यही रचना देखावने के मिसु नाम बहानेते प्रभुको मनोहर गात सुन्दर तनु परसि छुइकै बालकनके तनु पुलकि रोमांच अश्रु आदि प्रकट ह्वै आवत काहेते चित्तचोर रूप दोऊ भाइनको देखि देखि बालकन के हृदय में अत्यन्त हर्ष होत है ९ ॥

५० शिशु सब राम प्रेमवश जाने। प्रीति समेत निकेत बखाने १०
निज निज रुचि सब लेहिं बुलाई। सहित सनेह जाहिं दोउभाई ११
राम दिखावहिं अनुजहि रचना। कहि प्रिय मधुर मनोहर वचना १२
लव निमेषमहँ भुवन निकाया। रचै जासु अनुशासन माया १३
भक्तहेतु सोइ दीन दयाला। चितवत चकित धनुषमखशाला १४
कौतुक देखि चले गुरु पाहीं। जानि विलम्ब त्रास मनमाहीं १५

जासु त्रास डरकहँ डर होई। भजनप्रभाव दिखावत सोई १६
कहि बातें मृदु मधुर सुहाई। बिदा किये बालक बरिआई १७

दो० सभय सप्रेम विनीत अति, सकुच सहित द्वउभाइ॥
गुरुपदपंकज नाइ शिर, बैठे आयसु पाइ १८

५० शिशु बालकनको प्रेमविवश जानि जितने बालक रहे तितनेही रूप प्रभु धारण करिलीन्हे ताते प्रतिबालक वार्ता करते समय प्रीति समेत निकेत जो मंदिर तिनकी शोभा प्रभु बखान कीन्हे कि अत्यन्त शोभामय मंदिर बनेहैं १० निज कहे अपनी अपनी रुचिते सब बालक प्रभुको बुलाइ लेते हैं तिनके साथ स्नेहसहित दोऊ भाई चलेजाते हैं जितने बालक तितनेही रूप धरे दोऊ भाई सबकी रुचिपूर्वक वार्ता करतेहुये सब शोभा देखते फिरते हैं दूसरे को हाल कोऊ नहीं जानत सबको यही साबित होत कि राजकुमार हमारेही साथ हैं ११ बालकन के संतोषहेतु श्रीरघुनाथजी अनुज लक्ष्मण को रचनाकी चमत्कारी देखावत बालकन के आनन्दवृद्धि अर्थ प्रियवचन कहि सनेहवृद्धि अर्थ मधुर मीठे मनको हरणहारे वचन कहि कहि १२ इहांतक माधुर्य लीला है अब ऐश्वर्य देखाय माधुर्य में मिलावत यथा निमेष कहे पलक परना ताके कई हिस्सा किहे एकको लव कही इति निमेष के लवमात्र में जिनकी अनुशासन आज्ञाते माया निकाय अनेकन भुवन की रचना रचै तहां मंदिरादिकी कौन बात ऐसी ऐश्वर्य स्वाभाविक १३ दीनन पर निर्हेतु दया करनेवाले दीनदयालु प्रभु सोई भक्ति की महिमा वृद्धिहेतु भक्तनके वश ह्वै नरनाट्य अंगीकार कीन्हे याते धनुषयज्ञकी शालाको चकित ह्वैकै प्रभु चितवते हैं १४ कौतुक रंगभूमिकी अद्भुत रचनाको देखि गुरुपाहीं विश्वामित्रके पासको चले इहाँ देखते रहे तावत् सुधिभूलीरही जब चले तब सुधि कीन्हे कि उहां शीघ्र लौटनेको कहे इहां बार लागिगई इति विलंब जानि त्रास मनमें है कदापि पूछैं न कि काहे देर लगायो यहौ माधुर्य है १५ अब ऐश्वर्य देखाय माधुर्यमें मिलावत यथा जासु जिन श्रीरघुनाथजीकी त्रास नाम भयते जो मूर्तिमान् डरहै ताहूको डर होत अर्थात् सेवकहेतु स्वामीमें प्रजाहेतु राजामें राजनहेतु देवनमें देवनहेतु शिवादिकनमें इत्यादि डरके स्थानहैं ते सब रघुनाथजीकी त्रास मानत ऐसे सर्वोपरि स्वतंत्ररूप ते प्रभु ऋषि की भय मानत यह भजन को प्रभाव देखावत अर्थात् जो मोको भजत ताको मैं इसीभांति डरतहौं १६ मृदु कोमल मधुर मीठी जो सुनतमें सुहाई मनभाई बातैं कहिकै बालकनको बरिआई बिदा कीन्हे यथा भाई इति मृदु

राउर साथ हम आनंद पावा इति मधुर कालिह हम फिरि आवैंगे इति सुहाई १७ दोहार्थ ॥ ऋषिके लगे पहुँचे ता समय के प्रभुकी चेष्टा कहत विलंब भई ताते डर सहित भक्तवात्सल्यता ते प्रेम सहित धर्मके रक्षक हैं ताते विनीत अत्यंत नम्रता समेत पुनः नीतिनिधान हैं ताते पुरदेखने में अमर्याद कार्य विचारि ताते संकोच सहित दोऊ भाई आय गुरु विश्वामित्र के पदकमलन में शिर नवाइ ऋषि की आज्ञा पाइ आसन पर बैठे १८ ॥

५१ निशिप्रवेशमुनिआयसुदीन्हा। सबही संध्यावंदन कीन्हा १९
कहत कथा इतिहास पुरानी। रुचि रजनी युग याम सिरानी २०
मुनिवर शयन कीन्ह तब जाई। लाग चरण चापन दुउ भाई २१
जिनके चरण सरोरुह लागी। करत विविध जपयोग विरागी २२
ते दुउ बंधु प्रेम जनु जीते। गुरु पद पद्म पलोटत प्रीते २३
बार बार मुनि आज्ञा दीन्हा। रघुवर जाय शयन तब कीन्हा २४
चापत चरण लषण उर लाये। सभय सप्रेम परम सचुपाये २५
पुनि पुनि प्रभु कह सोवहु ताता। पौढ़े उर धरि पदजलजाता २६

दो० उठे लषण निशि विगत सुनि, अरुणशिखा धुनि कान ॥
गुरुते पहिले जगतपति, जागे राम सुजान २७

५१ निशिप्रवेश संध्यासमय जानि मुनि विश्वामित्र जी आज्ञा देते भये सो पाइ सबहिन ऋषिमंडली अरु रघुनाथजी लक्ष्मणजी संध्यावंदन संध्या समयमें इष्ट को स्मरण करतेभये १९ पुनः विश्वामित्रजी पुराने पुराणादि में जे प्राचीन इतिहास हैं तिनकी कथा कहतसंते रुचि नाम सुन्दरि अर्थात् कुवार शुक्लद्वादशी है ताते चांदनीमय सुंदरि रजनी रात्री युग याम दुइ पहर सिरानी बीती यह शांतरस में अर्थ है पुनः शृङ्गाररसमें जब किशोरीजी के मंदिरते सखी फूल वर्षन क्रिया करि प्रभात बागको मिलन सूचित किहे है सो किशोरीजीके मिलनेकी रुचि है मनमें ताते रात्री बीतने में युगकी समान रहे सो कथा सुनत में यामभरि सिरानी २० मुनिन में वर विश्वामित्र जी जाय आसन पर शयन कीन्हे तब दोऊ भाई मुनिके चरण चापनेलगे अर्थात् पुरदेखन असत् ताके उद्धारहेतु सत्कर्म करते वा विलंब लगाये ताकी माफहेतु वा किसी भांति रात्री बीतै २१ माधुर्यकहि ऐश्वर्य देखावत कि जिन रघुनाथजीके चरणकमलनकी प्राप्तीहेतु लोक ते विरागी है मुनि विविध प्रकारको मंत्र जप अष्टांगयोगादि करते हैं प्राप्ती

दुर्गमहै २२ तेई दोऊ बंधु जनु प्रेमभाव करिकै जीतेगये हैं ताते सबके स्वामी तेई सेवक बनिकै गुरुके पदकमल प्रीति समेत पलोटत सेवा करत २३ वारंवार कई बार जब मुनि आज्ञा दीन्हे तब रघुवर जाय शयन कीन्ह कईबार आज्ञा देनेमें यह हेतु कि सेवामें दान में भोजन करनेमें संग पहुँचावनते लौटने में शयन करनेमें दण्डप्रणामते उठनेमें अनेक आज्ञाभूषण हैं अरु ईश्वरते पांव दबवावना मुनिको हेतु कि वात्सल्यरसवाले ऐश्वर्य नहीं देखते केवल माधुर्यते बालकभाव मानते हैं ताते सेवा दूषण नहीं २४ प्रभुके चरणारविंदनको उरमें लगाये लषणलाल चापते हैं कौनभांति सहित भय प्रेम समेत परम सचु कहे अति आनंद सहित उत्तम सेवकको धर्म है सडर कार्य करनेमें चूक नहीं परत प्रेमकी अधिकारताते उरमें लगाये समग्र सेवाको अधिकार अकेलेही पाये ताते आनंद २५ जब बारबार प्रभु लक्ष्मणजीते कहा कि हे तात! सोवहु तब प्रभुके पदकमल उरमें धरि पौढ़े २६ दोहार्थ ॥ अरुणशिखा कुक्कुटकी धुनि काननसों सुनिकै जाने कि निशा विगत रात्री बीतिगई यह जानि लक्ष्मणजी प्रथमही उठे यह उत्तम सेवकको धर्म है कि स्वामीते पीछे सोवै पहिले उठै ताही भावते प्रथमही स्नान नित्यक्रिया करिलिये ताही सेवकभावते गुरुते पहिलेही जगत्के पति श्री रघुनाथजी जागे काहेते सुजान हैं अर्थात् जगके स्वामी हैं सुजानता गुणते उत्तम सेवकाई धारण करे २७ ॥

५२ सकल शौच करि जाय नहाये । नित्य निबाहि मुनिहिं शिरनाये २८
समय जानि गुरु आयसु पाई । लेन प्रसून चले द्वउ भाई २९
भूपबाग वर देख्यो जाई । जहँ वसंतऋतु रही लुभाई ३०
लागे विटप मनोहर नाना । वरण वरण वर बेलि विताना ३१
नव पल्लव फल सुमन सुहाये । निज संपति सुररूख लजाये ३२
चातक कोकिल कीर चकोरा । कूजत विहग नचत कलमोरा ३३
मध्यबाग सर सोह सुहावा । मणिसोपान विचित्र बनावा ३४
विमल सलिल सरसिज बहुरङ्गा । जल खग कूजत गुंजत भृङ्गा ३५

दो० बाग तड़ाग विलोकि प्रभु, हरषे बंधु समेत ॥
परम रम्य आराम यह, जो रामहिं सुख देत ३६

५२ प्रभु उठिकै दिशा चौगान ह्वै हाथ पग धोय कुल्ला दतूनि आदि सकल शौच करि जाय सुंदर सरित में नहाये पुनः नित्यक्रिया पूजापाठादि

करि आंय मुनिको शिर नाये प्रणाम कीन्हे २८ मुनिकी पूजाको समय जानि वा जब सखिन फूलक्रियाते बागमिलन कहे तब प्रभु बालकनते पूछे सो बताये कि यामदिन चढ़े राजबाग को गिरिजापूजन जाती हैं सो समय जानि पुनः पूछिकै गुरुकी आज्ञा पाइ दोऊ भाई प्रसून फूल लेनेहेतु चले वा प्रसून कहे सुमन अर्थात् सखिनयुत श्रीजानकीको सुंदर मन ताको हरिलेने हेतु चले २९ मंत्री आदिकनकी अनेक बागैंहैं तहाँ भूप मिथिलेशकी बाग भूपके बहुत बागै हैं तिनमें वर नाम श्रेष्ठ है वा यावत् चैत्ररथ नंदनादि तिनमें श्रेष्ठ है काहेते जाको चाह सहित प्रभुने जाय देखा कैसी शोभाहै जहां वसंतऋतु लोभाइ रहीहै अर्थात् शरदृऋतु वर्तमान ताहू में वसंतसे देखात याते साबितहोत कि सब ऋतुनमें वसंत समयकीसी शोभा बनी रहत अथवा पावस अरु हेमंतको मध्यवर्ती शरद् वर्तमान है तथा शिशिर ग्रीष्म को मध्यवर्ती वसंतौ है याते षट्ऋतुनकी शोभा सदैव बनीरहत ३० इहां श्रृंगाररस वर्णन करैंगे तामें प्रथम उद्दीपनविभाव कहत कि लागे विटप अर्थात् फल फूल नवीन दल पल्लवके भारते नवीनी शाखा भूमि में स्पर्श करतीं ऐसे नाना कहे अनेकन भांतिके वृक्ष लगे देखनहारको मन हरिलेत॥ कवित्त॥ मिष्ट नेंबु नारँगी गुलाब जांबु नाशपत्र फालसा अनार आंब माहताब मोटही। सेब रंभ लांगली सरीफ लीचि दाख बिल्व गोंदनी करौंद छलबीज कलखोटही॥ पनस लकुच बैजनाथ सछुहार ताल तूत आबरूत अनानाशक अछोटही। पेशता बदाम चिरजीविका अँगूर पूरि कागदी चकोतरा सभार भूमि लोटही १ यथा रंगरंगके वृक्ष ताही अनुहारि वरण वरणकी बेली जामें अनेक रंगके फूल फूले सो वृक्षनपर फैली वितान ऐसी तनी शोभित हैं यथा चंपापर विष्णुक्रांता चढ़ी चाँदनी वृक्षपर इस्कपेंच आम्रादि हरितपै कुंदलता तमालपै हेमयूथिका इत्यादि क्यारिन क्यारिन एकके बीच एक रंग इसी भांति भांति भांतिके कुंज बनेहैं तिनके बीचबीच मणिनमय चौकी सिंहासनादि बैठक बने कहौं फुहार छूटत कहौं उष्ण पवन आवत कहौं शीतल पवन आवत ऐसे षट्ऋतुकी शोभा बनी कवित्त॥ हेममहि खचित फटिक कहुँ नीलमणि पन्ना पोखराज कहुँ विद्रुम प्रवाल है। श्वेतमणि माणिक रचित वंशछद पीत कंज राग पदिक जटित कहुँ लाल है॥ चंद्रकांति जलज वैडूर्य तापै चिन्तामणि सोहत सीमंतक महारहा विशाल है। बीच बीच क्यारिनके कुंजद्रुम बेलिनके पूरित सलिल सो विचित्र आलबाल है ३१ यहि बागमें आज श्रीजनकनंदिनी रघुनंदनको प्रथम मिलन है यह आनंदप्राप्ति ब्रह्मादिकनको दुर्लभहै पुनः वात्सल्य सखा दासादिक

भाववाले रामानुरागियोंको प्रसिद्ध देखनेको अधिकार नहीं अरु देखनेकी अभिलाषा है ताते यावत् रामानुरागी हैं ते वृक्ष गुल्म लतादि के शाखा पल्लव फूल फलादिरूपते वर्तमान हैं ताते नवीन पल्लव अरु फल फूल अर्थात् दिव्यतनु नित्यमुक्त जीव हैं तिनको तेज प्रकाशमान दर्शात ताते सुहाये अत्यन्त सुन्दर लागत ते श्रीराम प्रेमरसकेभरे रसीले हैं इत्यादि नित्य अचल ऐश्वर्य निजसंपत्तिके आगे सुररूखन को लजावते हैं काहेते इनके दर्शमात्रते रामानुराग फलकी प्राप्ती होत जाके छिलका अठुली में मोक्ष है अरु अर्थ धर्म कामादि तौ इन वृक्षनकी रूखी लकड़िनमें हैं याहेतु कल्पवृक्ष नहीं कहे सुररूख कहे भाव इनकी रूखी लकड़ीसम अपनाको मानि लजातेहैं इत्यादि नवीन पल्लव सुन्दर फल फूलन ते अत्यन्त शोभायमान वृक्ष लागत कवित्त॥ मल्लिका निवारि कुंद यूथिका चँबेलि चंप माधवी गुलाब जाहि सेवती लवंगही। क्यारि कुंजाविटप वितानसे लतान युत लहलहे लोने झूमि झूमि छवि छैरही। पल्लवित पलहि पुलकि मुकुलित मृदु मूल आलबालन हरेरी औनिपै रही। बैजनाथ पिक मोर मोरिनी चकोर हंस भौंर भीर फूलडार भार भरि नैरही ३२ पपीहा कोकिला सुवा चकोरादि पक्षी कूजत कुहुकत मानों गावत बजावत अरु मोर कल कहे सुन्दरीगतिते नाचत वा पांचहू भक्त पक्षी ह्वैआये तहां अर्थार्थी चातकहै जिज्ञासु कोकिल है ज्ञानी कीर है आर्त चकोर है प्रेमी मोर है इत्यादि अपने अपने भावको प्रकट करते हैं ३३ इत्यादि समग्र शोभा जहां है तेहि बागके मध्य में सर नाम तड़ाग सोहत यह सोह शब्द बागकी शोभा को बोध करत पुनः कैसा सर है तड़ागमें कैसी शोभा है सुहावा अर्थात् शोभा करिकै परिपूर्ण है कैसी शोभाहै सोपान जो सीढ़ी सो बहुरंग मणिनसों विचित्र बनावा है अर्थात् श्वेतमणिकी भूमिका नीलमणिकी डारैं हरितमणि के पत्र पीतमणि के फूल लालमणिके फल इत्यादि विचित्र बेलि बनी हैं ३४ तेहि तड़ागबिषे विमल फटिक मणिवत् स्वच्छ अगाध सलिल नाम जल परिपूर्ण ताको सघन पुरइन आच्छादित किहे ताकी बीच बीच श्याम श्वेत पीत अरुणादि सरसिज जे कमल ते एक फूले एक अधफूले एक कली मानों कामने एक बाण मारे एक छांड़े एक तानेहैं पुनः चक्रवाक सारस हंस कुक्कुटादि जलके खगपक्षी कूजत मधुर स्वरते बोलिरहे कमलनपर रसलोभी भृङ्ग गुंजत निज रवते बोलिरहे ३५ दोहार्थ॥ बागकी शोभा अरु तड़ाग की शोभा इत्यादि उद्दीपन विभावहै सो रसको बीजहै ताको देखि बंधु लक्ष्मणजी सहित प्रभु हर्षे अर्थात् अनुभावरूप शृंगाररस अंकुरित भयो याहेतु कवि कहत कि जो

रामको सुख देत तौ यह आराम जो है वाटिका सो परम रम्य है जो देखे पर भी अनदेखीसी देखाय सो रमणीकताहै ताकी भरी है बाग काहेते सबको रमावनहारा जिनको मनमोहनरूप ऐसे राम श्रीरघुनाथजी जा बागको देखि रमणकी इच्छा करे ताते परमरम्य यह बाग है भाव सबको सुख देनहारे श्रीरघुनाथजी तिनको सुख देनहारी जानकीजी तिनकी बाग ताते रम्य पुनः आगमन समय है ताते परमरम्य ३६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे वाटिकादर्शनवर्णनोनाम
एकचत्वारिंशःप्रकाशः ४१ ॥

५३ चहुँदिशि चितै पूछि मालीगन। लगे लेन दल फूल मुदित मन १
त्यहि अवसर सीता तहँ आई। गिरिजा पूजन जननि पठाई २
संग सखी सब सुभग सयानी। गावहिं गीत मनोहर बानी ३
सरसमीप गिरिजागृह सोहा। वरणि न जाइ देखि मनमोहा ४
मज्जन करि सर सखिन समेता। गईं मुदितमन गौरि निकेता ५
पूजा कीन्ह अधिक अनुरागा। निजअनुरूप सुभग वर मांगा ६
एक सखी सिय संग विहाई। गई रही देखन फुलवाई ७
त्यहिं दोउ बंधु विलोक्यो जाई। प्रेमविवश सीतापहँ आई ८

दो० तासु दशा देखी सखिन, पुलकगात जलनैन ॥
कहु कारण निजहर्ष कर, पूछहिं सब मृदुबैन ९

५३ किशोरीजी के आगमनको समयहै तिनके देखनेकी अभिलाष है अरु बाग की सींव विस्तारमेंहै ताते दृष्टि विस्तारि चारिउ दिशिको चितये कि किशोरीजी आईं कि नहीं जब देखि न परीं तब चिन्ता भई कि कदापि आइकै लौटि तौ नहीं गईं याते मालीगणनते पूंछि जानिलिये कि अबहीं नहीं आईं आवनेको वक्त है याते मुदितमन ह्वै बारबिताइबेलागि तुलसीदल फूल लेनलगे इति शृङ्गाररसमें पुनः शांतमें चारोंदिशि शोभा देखि शास्त्र आज्ञाते मालिन ते पूंछि मुदितमन दल फूल लेनलगे फूलआदि उत्तम देखि खुशीभये १ इहां किशोरी जी की दूती लागीरहीं जासमय राजकुमार चले तैसेही खबरिपाय ताही अवसर में तहां उसी बागमें सीता श्रीजानकी जी आईं सीता मुख्य नाम कहे जानकी आदि नामन में उर्मिलौ को बोध होत कौनहेतु आईं गिरिजा पार्वतीके पूजन हेतु जननी माता सुनयनाजी पठाईं

याहेतु आई इहां शृङ्गाररसमय युद्धवर्णन है तामें द्वउदिशि को बराबरि सामा देखाये यह कविकी विचित्र चातुरी है यथा उहां समयजानि गुरु आयसु पाई लेन प्रसून चले तथा इहां गिरिजा पूजन जननि पठाई २ यथा उहां प्रभु संग भाई तथा इहां संग सखी वर्णन श्रीजानकीजी के संग में यावत् सखी हैं ते सब सुभग सुन्दर तनु मुग्धावस्था विचित्र भूषण रंगरंग वसन धारण किहे पुनः सयानी वचन क्रियादि में चतुर हैं वा मुख्य जे आठ सखी ते सबहैं तिनमें सुभगा विशेष सयानीहै कवित्त ॥ लालपट शीलाचारुशीला हेम झारी हाथ नील चीर लक्ष्मणार्घ्य पाद्य पात्रपानी है । श्वेतपट हेमा हेमथार गंध फूल पाक पीत चीर क्षेमा कर धूप दीपदानी है ॥ बैंजनी निचोल मधुपर्क वरारोहा माल फूल पद्मगंधा जो गुलाबी चीर ठानी है । अबी पट छत्र लै सुलोचना सुबैजनाथ हरे चीर चामरलै सुभगा सयानी है ॥ ते रघुवीरधीरको जो थिर मन है ताको हरणहारी मनोहर वाणी ते अर्थात् मालकोशरागमें मध्यम स्वरते सुहागवर्द्धक गीत गावती हैं ३ सरतड़ागके पश्चिमदिशि समीप नगीचही गिरिजागृह पार्वतीजीको मंदिर सोहत अनेक रंग मणिनते ऐसा विचित्र बना है जाको देखतही मन मोहिजात ताते मंदिर की शोभा वर्णन करते नहीं बनत प्रथम प्रभुके आगमन में बाग तड़ाग वर्णन में मंदिर नहीं कहे ताकोहेतु यह कि शृङ्गारको उद्दीपन विभाव वर्णनकरे तहां देवमंदिर गुरुजन साधुजन सत्कथा ज्ञान विरागादि शांतरसके विभाव हैं ये शृङ्गारमें हानिकर्ता ताते मंदिर नहीं कहे अरु अब समय है ताते वर्णन किये ४ सरतट सीढ़िनपर बैठि केसरि कस्तूरी कपूर चंदन बुठना चिरौंजी आदिमें अतर मिलाय बुकवा प्रथम सखिन जानकीजी के लगाये पुनः परस्पर अपने लगाय तड़ागमें सखिन सहित जानकी जी स्नान कीन्हे पुनः रेशमी जरतारी वसन पहिरि मणि स्वर्णभूषण शृङ्गार करि मुदित आनंद मन सहित गौरिको निकेत जो मन्दिर ताके भीतर पूजा करिबेहेतु गईं ताही समय किशोरीजी की प्रेरणाते चतुर सखी जो सुभगा है सो राजकिशोरके हेरनेहेतु फुलवारीकी शोभावलोकन मिस चमन में घूमने लगी जहां राजकुमार कुंजमें फूल तूरतेरहैं तहां छिपिकै लताके बीच हरित वसनते लतामें मिलि जहां निकटते राजकुमारन को देखी तब मोहित ह्वै यथार्थही लतासी ह्वै गई ५ इहां जानकीजी गिरिजा को अर्घ्य पाद्य मधुपर्क आचमन स्नान कराय चंदनाक्षत फूल धूप दीप नैवेद्यादि बड़े अनुराग सहित पूजा कीन्ही पुनः निजअनुरूप अपनी योग्य सुन्दर ऐश्वर्ययुत वरकी प्राप्ति मांगे स्तुति करनेकी इच्छा की तैसेही कछु और होगया ६ आठौमेंते एक सखी सुभगा जो

जानकीजी के संगते विहाय फुलवारी देखने मिस राजकुमारन को हेरनेगई रहै ७ तेई सुभगा सखीने जाय दोऊ भाइनको बिलोकेउ अर्थात् हरेवसन धारे हरे लता में मिली खड़ीरही जब राजकुमार फूल लेते लेते निकट आये तब समीपते देखी देखतही श्याम गौर तनुकी माधुरी नेत्रनद्वारा सर्वांग में प्रेममय मादक व्यापिगयो ताते चित्रप्रतिमासी रहिगई कवित्त॥ हरे चीरभासी भई हरित लतासी परी पीवप्रेमफांसी किधौं बूड़ी नेहपानीसी। सीयकी पठाई आई हेरन कुमारनको कहै कौन हाल जाय आपही हेरानीसी॥ तकि रामचंद्रछवि चकित चकोरि कोरि जकिसी रही है थकि चकित बिकानीसी। सुधि बुधि तूरि ज्ञान धूरिमेलि बैजनाथ चूर चातुरीय भई सुभगा अयानीसी॥ पुनः धीरधरि बोली कि हे राजकिशोर, चित्तचोर! मोहिं असहाय अकेली जानि दृग बाणनते घायल करि मन चित्त बुद्धि धैर्यादि मेरो सर्वस धन आपने लूटिलिया मैं किशोरीजीकी दासी हौं सो इसी क्षण स्वामिनीजी को लिहे आवतीहौं यद्यपि आप रघुवंशशिरोमणिहौ तौ भी किशोरीजीकी एकही कटाक्ष चोटते आपहूकी धैर्यता चूर है जायगी अच्छेघर बायन दिहेउ ताते स्वरूप सँभारे क्षणभरि खड़े रहियो खैर खुशीते गुरु ढिग जाना दुर्लभ हो जाइगो पुनः सखी प्रेमके विशेषवश सोई विह्वलदशा ते किशोरीजी के पास गिरिजामंदिरको आई ८ दोहार्थ॥ प्रेमकी बारहदशा होतीं तिन में यह पहिली उत्तदशा है अर्थात् प्रभुको देखि प्रेमानंदमें बूड़िगई दूसरी बातकी सुधि न रही इति तासु सुभगाकी प्रेमदशा सखिन देखा कि प्रेमते गात पुलकित है अर्थात् स्वेद रोमांचादि विह्वल तनु नयननमें अश्रुजल भरा कंठारोध पग डगमग परत इति अनुरागवती लक्षिता जानि सबसखी मृदु कोमल बैनन ते पूछती हैं कि हे सुभगा! निज अपने हर्ष होनेको कारण कहु कौने लाभते तेरे ऐसी हर्ष भई इहां हेलाहावहै ९॥

५४ देखन बाग कुँवर दुइ आये। वय किशोर सब भांति सुहाये १०
श्याम गौर किमि कहौं बखानी। गिरा अनयन नयन बिन बानी ११
सुनि हरषीं सब सखी सयानी। सिय हिय अति उतकंठा जानी १२
एक कहहिं नृपसुत ते आली। सुना जे मुनि सँग आये काली १३
जिन निज रूप मोहनी डारी। कीन्हे स्ववश सकल नर नारी १४
वरणत छवि जहँ तहँ सब लोगू। अवशि देखिये देखन योगू १५
तासु वचन अति सियहि सुहाने। दरशलागि लोचन अकुलाने १६
चली अग्र करि प्रियसखि सोई। प्रीति पुरातन लखै न कोई १७

दो० सुमिरि सीय नारदवचन, उपजी प्रीति पुनीत ।
चकितविलोकत सकलदिशि, जनुशिशुमृगीसभीत १८

५४ सुभगा बोली कि हे सखिउ ! द्वै राजकुमार बाग देखनेहेतु इहां आयेहैं प्राची दिशि गुलाबकी कुंजमें फूल बीनते हैं मैं लतामें छिपि निकट ते देखी किशोर अवस्था चाल वर्ण मुसुकानि नखते शिखापर्यंत सर्वांग सुठौर बने इत्यादि सब भांतिते सुहाये सुंदर हैं १० श्याम गौर वर्ण दोऊ तनुके प्रत्यंग की शोभा कहाचहौं तौ मैं कैसे वर्णन करौं काहेते गिरा जो वाणी कहनेवाली सो तौ विना नेत्रनकी है नयन जे देखते ते विना वाणीके हैं अर्थात् वाणीके नेत्र हैं मन चित्त अरु नेत्रनकी वाणी है सुबुद्धि जब नेत्रनते कोई पदार्थ देखे ताको बुद्धि ने विचारि वाकी उपमानादि कल्पित कियो ताको मन चित्त रूप नेत्रन ते देखि तब वाणी वर्णन करत सो राजकुमारनकी माधुरी विलोकतही बुद्धि भोरी ह्वैगई ताते नेत्र विना वाणी के भये पुनः मोहनी डारि मन हरिलियो चित्तचोरनि चितवनि चितै चित्त चोराय लिहेउ ताते वाणी विना नयननकी भई तौ श्याम गौर राजकिशोरकी शोभा कैसे वर्णन करौं सवैया ॥ भोरी भई बुधिमाधुरि पागि लगे मुखचंदचकोर सुनैना । सौम्य चितै चित चोरि लिह्यो सुधि बैजसुनाथ रही सुभगैना ॥ ज्यों मखियां मधु जाय फँस्यो मन हाथ नहीं सुकढ़ै किमि बैना । मूरति श्यामल गौर ललाकि लखान बनै पै बखान बनैना ११ कवित्त ॥ स्वागतासनार्घ्य पाद्य मधुपर्क अचै मंजि वास गंध फूल धूप भोग दीपदानी है । अस्तवादि वंदनके इच्छतहि परी कान बाग आये श्याम गौर सखी यों बखानी है ॥ दरशपियासी सीय चातकसी बैजनाथ सुभगा कि बानी वृष्टि स्वाति मेघपानी है । अर्चनगो भूलि उड़े राघव विलोकिबेको खंजनसे नैन पक्षपल फहरानी है ॥ इत्यादि दशा देखि सब जानिगईं कि किशोरीजी के उरमें उत्कंठा राजकुमारके देखनेकी उत्साहपूर्वक इच्छा है ताते सुभगा सखी के वचन सुनि हर्षीं काहेते सब सयानी हैं याते जानिगईं कि जो स्वामिनी के इच्छा है तौ अघायकै देखैंगी १२ एक सखी अर्थात् लक्ष्मणा कहै कि हे आली ! तेई नृपसुत हैं अर्थात् अयोध्याजीके रघुवंश शिरोमणि महाराज दशरथजी के पुत्र हैं भाव उत्तम कुल हैं पुनः हेमा बोली कि सत्य कहा तुमने यह सुना है कि मुनि विश्वामित्र के संग काल्हि इहां आये हैं भाव मुनिमखकी रक्षा करे बली राक्षसनको मारे अहल्या तारे अर्थात् वीर बली प्रतापवान् हैं १३ पुनः क्षेमा बोली कि हे आली ! जिन राजकुमार निजरूप की मोहनी नगर में डारि दीन्हे भाव जिनको स्वाभा-

विक मनमोहनरूप है पुनः वरारोहा बोली कि मोहनी तौ केवल देखनहारही पर व्यापत येतौ पुरके यावत् नर नारी हैं तिन सबको स्वनाम अपनी वश में करि लीन्हे अर्थात् जिन देखे अरु जिन अबहीं देखे नहीं सुनवै भरि भये हैं ते सकल स्त्री पुरुष इनके वशह्वैगये ताते इनमें वशीकरणभी है १४ पद्मगंधा बोली कि मोहन वशीकरण तौ अभिचारक्रिया है राजकुमार तौ शुद्ध स्वभाव हैं इनके स्वाभाविक ही रूप अत्यन्त सुन्दर सर्वाङ्ग सुठौर बने हैं काहेते पुरमें जहैं देखिये तहैं सबलोग परस्पर इनकी छवि वर्णन करते हैं अर्थात् रूपमें जहां जो देखा ताही अंगपर वाकी दृष्टि रहिगई ताही को वह वर्णन करत पुनः सुलोचना बोली कि जब प्रसिद्ध प्रमाण है तब अनुमान उपमान शब्दादि प्रमाणकी क्या जरूर अर्थात् राजकुमार तौ वर्तमान इसी बागमें खड़े हैं अरु देखनेके योग्य हैं कि वे गुरुआज्ञा ते अकेले फूल लेने आये हम माताआज्ञा ते गिरिजा पूजने आईं सो सब एकमन की पुनः बाग में एकांतस्थान ताते अवशि देखिये १५ सबै सखिन के वचन सुहाते रहैं परन्तु इसने अवशि देखनेको योग्य कहा ताते तासु सुलोचना के वचन किशोरीजी को अत्यन्त सुहाने काहेते राजकुमार के दर्शनके हेतु लोचन कहे नेत्र अकुलाने रहैं सो देखनेकी सन्धि मिली १६ सोई प्रियसखी जो देखि आई है सुभगा ताको आगे करिकै सखिन सहित किशोरीजी राजकुमार को देखनेहेतु चलीं इहां अनूढ़ाके लक्षण दर्शावत कि पुरातन कहे पूर्वकाल की प्रीति जो किशोरीजी के उर में बीजमात्र रही सो बेलिसी बाढ़ि गई ताकी आधारते चलीजाती हैं परन्तु इस बातको दूसरा कोऊ नहीं लखि पावत सो आगे कहत १७ दोहार्थ ॥ कौन प्रीति है जो बाल अवस्था में नारदजी कहिगये हैं क्या कहेहैं यथा पद ॥ नारद आजु जनकपुर आये ॥ जनकनरेश पूजि षोड़शविधि सुता बुलाय चरण शिरनाये १ आदिशक्ति अवतार तिहारे सुकृतसमूह सुता करि पाये ॥ पूरण ब्रह्म आइहैं याहित ज्यहि यश वेद पुराणन गाये २ याकी योग्य किशोर सांवरो उपजै प्रेम बाग ज्यहि पाये ॥ ह्वैहै ब्याह महाआनँदसों चौदहभुवन रहै यश छाये ३ पतिकी प्राण पतिव्रत पूरण दुहुँकुल दीप मोद मन भाये ॥ सीता नाम तत्त्व वेदन सुनि बैजनाथ आनंदन माये ४ इत्यादि नारदजी के वचन त्रिकाल में सांचे हैं सोई जानकीजी सुमिरि कै जानि गईं कि येई श्यामस्वरूप राजकुमार हमारे प्राणपति हैं यह निश्चय जानि पुनीत पवित्र प्रीति उपजी अर्थात् उपपति की शंका नहीं रही निश्चय पाणिग्रहण इनहीं के संग होइगो इति पुनीत प्रीति अंतरमें तौ है परन्तु पिताको प्रणतौ अबहीं पूरा नहीं भया

याते लोकलाज कुलकानि विचारि शंका करती हैं कि कोउ कहौं देखत तौ नहींहै याहेतु चकित डरसहित सकल दिशि विलोकती देखती हैं कौनभांति जनु बालमृगी सहजही सडर चकित रहत तथा यह पंथही डरको है १८॥

५५ कंकण किंकिणि नूपुर धुनिसुनि।कहत लषणसन रामहृदयगुनि १९
मानहुँ मदन दुन्दुभी दीन्हा।मनसा विश्वविजय कहँ कीन्हा २०
अस कहि फिरि चितये तिहि ओरा।सियमुख शशि भे नयनचकोरा २१
भये विलोचन चारु अचंचल।मनहुँसकुचिनिमितजेदृगंचल २२
देखि सीयशोभा सुख पावा।हृदय सराहत वचन न आवा २३
जनु विरंचि सब निज निपुणाई।विरचि विश्वकहँ प्रकट दिखाई २४
सुंदरता कहँ सुंदर करई।छविगृह दीपशिखा जनु बरई २५
सब उपमा कवि रहे जुठारी।क्यहि पटतरिय विदेहकुमारी २६

दो० सियशोभा हिय वरणि प्रभु, आपनि दशा विचारि॥
बोले शुचिमन अनुजसन, वचनसमय अनुहारि २७

५५ हाथ हाले पर पहुँचीमें लागेते कंकण में मधुर शब्द होत किंकिणी कटि में हाले पर ताहू में मधुर शब्द होत पांव उठाइ कै धरेपर नूपुर में विशेष शब्द होत तीनिहूं मिलि जो धुनि होति ताको सुनि श्रीरघुनाथजी हृदयमें गुनि रसको उद्दीपन विभाव विचारि ताकी उत्प्रेक्षा लक्ष्मणजीते कहत १९ दुन्दुभी कहे डंका तामें तीनि शब्द होत प्रथम द्वैबार कुडुक कुडुक धीरा शब्द होत सोतौ कंकण अरु किंकिणि के मधुर शब्द हैं अरु तीसरा धुम जो गम्भीर शब्द सो नूपुरको गम्भीर शब्द है तीनिहूं मिलि कैसी धुनि होति सो मानों मदन कामदेवने दुन्दुभी दीन्हे किसहेतु विश्व जो संसार ताके विजय कहे जीतने की मनसा कीन ताहेतु चतुरंगिणी सेना साजे यथा त्रिविध पवन गज हैं बड़े वृक्ष फूले वाजी हैं गुल्म लता पैदर हैं सपल्लव रसालादि रथ हैं वसंत सेनापति हैं सेनापयान समय डंका दीन्ह सखीगण सोई बल है किशोरीजी सोई प्रताप हैं ताते या समय मदन वीर अजित है भाव मेरा भी धैर्य गया सो युद्ध करि क्यों पराजय सहौं ताते मैं तौ संधि करत हौं २० ऐसा पूर्ववचन कहि फिरिकै त्यहि जानकीजी की ओर चितये भाव मान तजि हाजिर भये ताते सियमुख पूर्णशशि सम अवलोकत में प्रभुके नयन चकोर भये अर्थात् पलकरहित यकटक अवलोकन लगे यह परस्पर अवलोकन सो आलंबन विभाव है सियमुख पूर्णचन्द्र कहने को भाव

कि किशोरीजीके नेत्र अरु मुखकी ज्योति पूर्ववत् जैसी की तैसीही बनी रही अरु राजकुमार के सात्त्विक ह्वै आयो ताते पूर्वही परास्त भये सो चन्द्र चकोरलक्षणा ते प्रसिद्ध कि चकोर ही आसक्त होत चन्द्रमा नहीं २१ जे नेत्र चारु नाम सुन्दर सत् पदार्थही देखतमें थिर रहैं अरु स्त्री आदिकन के देखने में कबहूं स्थिर नहीं भये सदा चंचल रहे सोई चारु विलोचन किशोरीजी को मुख देखे अचंचल भये कैसे पलकपरिबो रहित भये मानों कुलकी पुत्री जामातृसंयोग समय जानि संकोच करि निमि महाराज दृगंचल नाम पलक तजि गये ये जनक के पुरिखा हैं पलक में बास इनकी इच्छाते पल चलत यामें स्तंभ सात्त्विकानुभाव है २२ किशोरीजी की शोभा देखि प्रभुने अपूर्व सुख पावा अतिप्यासे नेत्र सीय शोभारूप शीतलजल अवलोकनरूप पानकरि ऐसा अफरि गये कि वा स्वादुको हृदय में तो सराहत परंतु मुखते वचन नहीं आवत यह स्वरभंग अनुभाव है २३ अब रसिकन के अनुरागवृद्धिहेतु आलंबन विभाव समय युगलरूप की माधुरी कवि वर्णन करत इधर भूषणभूषित सहित सखिन किशोरीजी तथा भूषित लषणलाल सहित उधर रघुनाथजी तथा एकांत स्थान विचित्र वाटिका सपल्लव फूले गुल्म लतनके मध्य परस्पर माधुरी अवलोकन करि रहे ता समय प्रभु किशोरीजी की क्या सराहना करते हैं कैसी शोभा है सो उत्प्रेक्षा करत निपुणाई कहे चतुराई जो पूर्वमें प्रकट नहीं करी अर्थात् कबहूं ऐसा रूप नहीं बनाया सो अब सब निपुणाई प्रकट करि जनु किशोरीजी को स्वरूप विशेष करिकै रचिकै विश्व संसार को प्रकट देखाई कि ऐसा मैं चतुर हौं यहि वर्णनमें यथार्थ विरंचि की रची श्रीजानकीजी नहीं ठहरत काहेते जानो मानो ये वाचक उत्प्रेक्षालंकार में होत ताको यह लक्षणहै कि गुण क्रिया धर्मादि सत् असत् को विचार न कीजै पुनः वस्तु कछु और तामें तर्कणा कछु और कीजै सो उत्प्रेक्षा है सोई इहां जानकीजी ब्रह्माकी रची नहीं हैं तामें तर्कणामात्र कहे कि जनु ब्रह्माने सब चतुराई प्रकट करि विश्व को प्रकट दिखाई यह कहि पुनः प्रभु विचारे यह तर्कणा भी भली नहीं काहे ते ब्रह्मा में ऐसी चतुराई भी नहीं तब याको वृथा मानि पुनः कहत २४ जो सर्वांग सुठौर बने होइँ ताको सुंदरता कही सो कहत कि सुन्दरता जो एक पदार्थ है ताहूको सुन्दर करई यथा सुंदर हीरा जगन्नाथजीके माथे में स्थापित कीन तथा जानकीजी के अंगमें स्थापित करि ब्रह्मा ने सुन्दरता को सुन्दर कीन यहौ भली न विचारे काहेते किशोरीजीके तनुकी सुन्दरता ब्रह्मा की स्थापित कीन्ही नहींहै पुनः कहत कि जानकीजी के दिव्य स्वरूप प्रत्यं-

गन में सुन्दरता कैसी सोहत यथा छविको गृह सर्वांग में शोभा ताके मध्य किशोरीजी को स्वरूप दिव्य दीपशिखासी बरत है भाव जिनको तनु पाय शोभा भी शोभित भई तहां शोभा प्राकृतन में लागिरही सो किशोरीजी के तनु में कहते नहीं बनत अनूप है २५ यावत् उपमा लोकमें प्रसिद्ध हैं तिन सब को कविजन जुठारि रहे अर्थात् प्राकृतस्त्रिन में लगावते हैं तौ विदेहकुमारीको क्यहि पटतरिये क्यहिकी समता दीजै और सब देहधारिन की कुमारी हैं ये विदेहकुमारी हैं पुनः अयोनिजा हैं याते इनकी समान येई हैं २६ दोहार्थ ॥ इहांतक किशोरीजीकी शोभा हियेमें तौ वर्णन करते हैं परंतु मुखते वचन नहीं निसरो काहेते स्वरभंग रहेउ पुनः स्वेद कंप रोमांच विवर्ण अश्रुप्रलय अर्थात् विह्वलतादि छैयो सात्त्विकानुभाव देहमें प्रकट हैं जहां प्यारेको रूप देखि उसी में आसक्त ह्वै देहकी सुधि न रहै सो प्रेमकी उत्तदशा है सोई अपनी दशा प्रभु विचारि शुचि पवित्रमन सांची बात लक्ष्मणजी सों बोले समय अनुहारि वचन अर्थात् जो समयकी व्यवस्था वर्तमान है ताकी अनुकूल वचन कहे २७ ॥

५६ तात जनकतनया यह सोई। धनुषयज्ञ जिहि कारण होई २८
पूजन गौरि सखी लै आई। करति प्रकाश फिरति फुलवाई २९
जासु विलोकि अलौकिक शोभा। सहज पुनीत मोर मन क्षोभा ३०
सो सब कारण जान विधाता। फरकहिं सुभग अंग सुनु भ्राता ३१
रघुवंशिन कर सहज सुभाऊ। मन कुपंथपग धरहिं न काऊ ३२
म्वहिं अतिशय प्रतीति मनकेरी। ज्यहि स्वपनेहुँ परनारि न हेरी ३३
जिनके लहहिं न रण रिपु पीठी। नहिं लावहिं परतिय मन डीठी ३४
मंगन लहहिं न जिनके नाहीं। ते नर वर थोरे जग माहीं ३५

दो० करत बतकही अनुजसन, मन सियरूप लुभान ॥
मुखसरोज मकरंदछवि, करत मधुपइव पान ३६

अतिशुद्ध

५६ हे तात, लषणलाल! यह सोई जनकतनया नाम पुत्री है जेहिके विवाह होने के कारण जनकजी प्रण किहे हैं कि जो शिवको धनुष तोरै ताको विवाह याके साथ करी ताहेतु वर्षपर्यंतते धनुषयज्ञ होइ रही यह कहिबेको भाव जो सखिनके मध्य वर्तमान खड़ी हैं वा प्रणयात्मक अनादरणीय वचनते यह प्रेमघातिका अर्थात् कुटिल भ्रू धनुष चढ़ाइ कटाक्ष बाण मारि मोहिं घायल करादिया २८ इहां आने को हेतु सखिनको साथ लै गौरि

पूजन हेतु इहांको आई सो पूजन करिचुकीं अब निज तनु गौरवर्ण छवि छटाकी पुंज प्रकाशते सबदिशि प्रकाशित करति फुलवारी देखति फिरति वा जबतक गिरिजामंदिरमें रहीं तबतक हमको फुलवारी अंधकार देखात रहै सोई अब यह जिधर जाति तिधर प्रकाश देखात २९ जाके तनु में अलौकिक शोभा है अर्थात् जैसी शोभा लोकमें नहीं है काहेते जिन जनकनंदनी की अलौकिक शोभा देखिकै जो विना साधन किहे सहज स्वभाव पुनीत हमारो मन अर्थात् जामें कामादि वेग भूलिहू कै नहीं व्यापत रहै सो मेरो मन क्षोभा राजकिशोरीको देखि लोभाय गयो ३० तनुमें विह्वलता वचनमें स्वरभंग मनमें क्षोभ इत्यादि तन मन वचन तीनिहू हमारे अपनी रीतिको त्यागि दिये तामें कुछ कारणहै क्योंकि विना कारण किसीकी प्रकृति बदलती नहीं सो तौ सब कारण विधाता ब्रह्मा जानैं परंतु हे भ्राता! कुछ मंगलसूचनिका मोको भी दर्शित होति कि सुभग कहे दक्षिणअंग अर्थात् भुज कंधा नेत्रादि दाहिने फरकते हैं याते यह सूचित होत कि जनकनंदनी करके हमार वामांग भूषित होनहार है ३१ नातरु यह अयोग्यता न होती काहेते रघुवंशिनको तौ सहजही स्वभावहै अर्थात् विना उपाय किहे जिनको मन कुपंथ जो लोक वेद मर्यादरहित अनीति मार्गपर पग नहीं देत अर्थात् तनुते को कहै जिनको मन कुपंथपर नहीं जात ताही कुलमें हमहूं हैं ३२ मोको भी अत्यंत करिकै अपने मनकी प्रतीति है कि जाग्रत् अवस्था की कौन कहै स्वप्नेहूं में परनारि की दिशि नहीं हेरे ताते व्यंजित होत कि यह राजकुमारी हमारि ही नारी होनहार है ताते हमारो मन इसमें लाग है नातरु न लागतो ३३ हे लषणलाल! वीरता धीरता उदारता ये तीनि गुण लोकमें दुर्लभहैं यथा रणभूमि में जिन वीरनकी पीठि रिपु न लहहिं न देखि पावैं अर्थात् शत्रुको पीठि नहीं देते सम्मुखही युद्ध करतेहैं ते उत्तम वीर हैं पुनः जे परत्रियापर न मन लगावते न दृष्टि देते तेई उत्तम धैर्यवान् हैं भगवद्गुणदर्पणे वीरता यथा ॥ सर्वस्माद्भीतिराहित्यं युद्धोत्साहश्च कीर्त्तये ॥ शूरैः शौर्यमिदं प्रोक्तं राज्ञां स्वर्ग्यं यशस्करम् ॥ धीरता यथा ॥ वेगेनावध्यमानत्वममिते कामक्रोधयोः ॥ गदितं धीमतां धैर्यं बले भूयसि तेजसि ३४ मंगन जे याचकजन ते जेहि दानीके सम्मुख याचना करिकै सिवाय हां के नाहीं ऐसा वचन नहीं लहहिं नहीं पावते अर्थात् देश काल पात्र अपात्र कुछ न विचारै याचकमात्र को सर्वथा मनवांछित पूर्णदान जो देइ ताको उदार दानी कही यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणात् । वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यवचसा हरेः ॥ इत्यादि वीर धीर उदारादि वर

नाम श्रेष्ठ पुरुष हैं ते जग में थोरे हैं लाखनमें कोऊ एक होत ३५ दोहार्थ ॥ वीरता कर्मनमें प्रसिद्ध धीरता मनमें उदारता वचननमें रहत सो या समय बिषे मन वचन कर्मादि तीनिहूं भांतिते किशोरीजीमें आसक्त हैं ताते वीरता धीरता उदारता तीनिहूं प्रभुमें रीति ह्वै किशोरीजी में परिपूर्ण भई यथा लषणलाल ते बतकही करत अर्थात् वचनन करिकै किशोरीजी की प्रशंसाते अपनी अधीरता कहे जब आपही लोभवश कहत तौ उदारता रीते भये काहेते यद्यपि रूप दर्शदानके याचक दोऊ परस्पर रहे परंतु किशोरीजी तौ दानी हैं प्रभु महायाचक ह्वै गये काहेते किशोरीजी को मुख सरोज नाम कमलहै तामें जो छवि है सोई मकरंद नाम कमलको रस है ताको प्रभुको मन लोभी भ्रमरसम नेत्रन द्वारा पान करत या लक्षणाते प्रभु भ्रमर लोभी महायाचक ठहरे अरु कमल मुखते किशोरीजी उदार दानी ठहरीं याते उदार ताते प्रभु रीते हैं पुनः रसयुद्ध में दोऊ वीरन के संगही कटाक्ष प्रहार भई तामें प्रभुकी कटाक्ष तौ किशोरीजी सहिलियो काहेते जैसीकी तैसीही खड़ीहैं अरु जानकीजी की कटाक्ष प्रभु न सहिसके काहेते सियमुख शशिभे नयन चकोरा॥इस लक्षणाते सियमुखचंद्र ते किशोरीजी सावधान ठहरीं अरु नयनचकोर ते प्रभु परास्त भये ताते वीरताते रीते भये पुनः किशोरीजी कोमन सावधान है अरु प्रभुको मन सियरूप पर लुभान ताते धीरताते रीते भये ३६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे वाटिकान्तरश्रीरामजानकीपरस्परआलम्बन-
विभाववर्णनंनाम द्विचत्वारिंशः प्रकाशः ४२ ॥

५७चितवतिचकितचहूंदिशि सीता।कहँ गे नृपकिशोर मनचीता १
जहँ विलोकि मृगशावक नैनी । जनु तहँ वरषकमल श्रितश्रेनी २
लताओट तब सखिन लखाये । श्यामल गौर किशोर सुहाये ३
देखि रूप लोचन ललचाने । हरषे जनु निजनिधि पहिंचाने ४
थके नयन रघुपति छवि देखी । पलकनहू परिहरी निमेखी ५
अधिक सनेह देह भइ भोरी । शरदशशिहि जनु चितव चकोरी ६
लोचनमग रामहिं उरआनी । दीन्हे पलककपाट सयानी ७
जब सिय सखिन प्रेमवश जानी । कहि न सकहिं कछु मनसकुचानी ८

दो० लताभवनते प्रकट भे, तिहि अवसर द्वौ भाइ ॥
निकसे जनु युगविमलविधु, जलदपटल बिलगाइ ९

५७ प्रथम समागम समय दोऊ की दृष्टि साथही परी जब प्रभु यकटक ह्वै अवलोकन लगे तब दर्श देबेहित अरु निजसावधानताहित संकोचते किशोरीजी अपनी दृष्टि नीचे करिलियो बाग देखनेब्याज धीराधीरा चमन में चलीगई अरु प्रभु किशोरीजी को देखत वार्ता करत फूल लेनेब्याज कुंज में चलेगये लतनकी ओट ह्वैरहे जब किशोरीजी लौटि इधर को मुखकरि चलीं और राजकुमार न देखाने तब कलहंतरितावत् अथवा विप्रलंभते आतुर ह्वै गईं जो संयोगमें धैर्य रहै सो न रहा अर्थात् वियोग न सँहिसकीं ताते किशोरीजी चकित ह्वैकै चारिहू दिशि चितवती हैं जब न देखिपरे तब मिलिबेकी चाहवश मनमें चिन्ता भई कि राजकिशोर कहां गये अर्थात् चलेतौ नहीं गये यह विप्रलम्भकी चिन्तादशा है रसिकप्रियायाम्॥ कैसे कै कैसे मिलै हरि कैसे वश होइ। यह चिन्ता चित चेतकै वरणतहैं सब कोइ॥ प्रथम यद्यपि प्रभुकी चितवनिते किशोरीजी को चित्त तौ हरि गयो परन्तु संकोचरूप कपाट नेत्रनमें दै सावधान ह्वैगईं जब प्रभु लषणलाल ते वार्ता करि किशोरीजी का प्रशंसारूप यश गाय अपनी अधीरतारूप स्वार्थ जनाय याचक भये अभिप्राय जनाये कि यद्यपि तुम विदेहतनया सब प्रकार उत्तम हौ तौ हमहूं रघुवंशी धैर्यवान् उदार वीर रहे सो अपनी मर्यादा त्यागि तुम्हारे रूप दर्शके याचक भये तौ तुमको उचित नहीं कि नेत्रद्वार पलक कपाट दै हमैं विमुख फेरौ इति अभिप्रायके वचन श्रवणद्वारा जाय उरमें किशोरीजी को मन हरिलियो ताते प्रभुको देखनेकी आतुरता भई १ मृगके विशाल नेत्र बच्चाके अधिक सुहावने पुनः सौभाविक सभीत सो मृगबालक केसे नेत्र कहिवेते गुरुजन देखिबे की भय है अरु मनमें आतुरताते राजकुमारन के देखने हेतु नेत्रन में चंचलता भी है यामें मोटाइत हाव भयो विप्रलम्भमें अर्थात् वियोगमें पुनः देखन की चाह ताते पूर्वानुराग भयो यथा॥ देखतही द्युतिदंपतिहि उपजि परै अनुराग। बिन देखे दुख देखिये सो पूरब अनुराग॥ तामें दश दशा होती हैं सो या समय किशोरीजी में तीनि दशा वर्तमान हैं एक अभिलाष यथा॥ नैन बैन मन मिलिरहै चाहै मिल्यो शरीर। कहि केशव अभिलाष यह वरणतहैं कविधीर॥ दूसरी स्मृतिदशा यथा॥ और कछू न सुहाय जहँ भूलिजाइ सब काम। मन मिलिबेकी कामना तिहि अस्मृति है नाम॥ तीसरी चिन्ता पूर्व चौपाई में कहि आये हैं अभिलाष स्मृति यथा॥ मृगशावकनयनी किशोरीजी राजकुमार देखने की अभिलाषते ज्यहि स्थलपर विलोकती हैं अरु राजकुमार न देखिपरे तब करुणारस ह्वै आयो यथा॥ छूटिजात केशव जहां सुखके सबै उपाइ। उपजत करुणारस तहां आपुनते

अकुलाइ ॥ इति करुणाते वह दृष्टिमात्र काल एक निमेष कैसो बीतत कि कमलाश्रित जो ब्रह्मा ताके वर्षनकी श्रेणी नाम पंक्ति अर्थात् विना राजकुमार को देखे किशोरीजी को एक पलक बीतत तामें जनु ब्रह्मा के दशवर्ष बीति जात आतुरताको यही लक्षण है अथवा मृगशावकनयनी किशोरीजी सखिन सहित जा स्थलपर विलोकती हैं तहां जनु सफेद कमलन की श्रेणी नाम पंक्ति वर्षती हैं सौम्यदृष्टिते सितकमल कहे नवै अंक तिनकी एक पंक्ति होत इहां आठ सखी एक किशोरीजी नवोंकी दृष्टिते एक पांति वा अठारह नेत्रनकी द्वै पंक्ति भईं यद्यपि यह अर्थ है परन्तु प्रसंग को भूषित नहीं करत ताते समय विरोध आवत यह शांतरस के योग्य है २ प्रथम किशोरीजीकी दृष्टि रुकी रही है अरु सखी तौ प्रसिद्धै देखती रहीं कि राजकुमार गुलाब की कुंजमें कुंद की लताओट में हैं जब करुणाते उत्कंठा, चिंता, चपलता, वितर्कादि संचारी दर्शे पुनः विवर्ण स्वेदादि सात्त्विक किशोरीजी के अंगमें ह्वै आये तब सब जानि गईं कि विना राजकिशोरके देखे यह दशा भई यह देखे तब सखिन लखायदिये कि आप आतुर क्यों होती हौ सुहाये सुन्दर श्यामल गौर राजकिशोर गुलाबकुंज में कुन्दकी लता की ओट तौ खड़े हैं तिनको चलिकै देखती क्यों नहीं हौ यह सुनि हर्षितह्वै सम्मुखह्वै निहारे ३ अबतक भलीप्रकार देखी नहीं रहै जब देखनेकी इच्छा कीन्ही तब प्रथमके घायल दूसरी कटाक्षकी भय मानि प्रभु लताकी ओट लुके सो प्रसिद्ध देखने हेतु लोचन जे नेत्र ते ललचाने देखने की चाहते लोभवशभे काहेते रूप देखि निजनिधि पहिंचानि हर्षे तहां नेत्रनका विषय है रूप सोई द्रव्य ठहरी द्रव्य के समूह खजानाको निधि कही सो प्रभु रूपनिधि हैं तिनको दूरिते देखि हर्षे अरु निकटते अघायकै देखनेको ललचाने यथा चुंबकलोह को तथा जो नेत्रन को आकर्षण करै ताको रूप कही भगवद्गुणदर्पणे ॥ चुंबकायः कर्णान्यायैर्दूरादाकर्षको बलात् । चक्षुषां सगुणो रूपं शाणः स्मरशरावलेः ॥ यथा वादिशिप्रभु ॥ अस कहि फिरि चितये त्यहि ओरी ॥ तथा इहां किशोरीजी को ॥ लताओट तब सखिन लखाये ॥ उहां ॥ भये विलोचन चारु अचंचल ॥ इहां ॥ थके नयन रघुपतिछवि देखी ४ छवि यथा ॥ द्युतिलावण्यस्वरूप स्वइ सुंदरता रमनीय । कांति मधुर मृदुता बहुरि सुकुमारता गनीय ॥ शरदचंद्रसी द्युति मुखमें मोतीसी आब लावण्यता श्यामतनु में सोनेसी कांति गौर तनुमें सर्वांग सुठौर बने सो सुंदरता विना भूषणै भूषितवत्‌रूप देखेहू अनदेखीसी सो रमणीकता कोमल सुकुमार अंग देखे तृप्त न होइ सो माधुरी इत्यादि छवि रघुपति की देखि किशोरीजीके नयन थकिगये चंचलता त्यागि थिर ह्वै चुंबकसे लोहा नेत्ररूपमें चपकेसे रहि

गये देखने में अंतर न सहिसकीं ताते निमेष को लागना पलकन हू परिहरी नाम त्याग कीन्ही यकटक निहारने लगीं यथा उहां ॥ मनहुँ सकुचि निमि तज्यो दृगंचल ॥ तथा इहां ॥ पलकनहू परिहरी निमेषी ५ मिलने बोलने हँसनेकी परस्पर चाह ताको सनेह कही इति सनेहका अधिकार ताते देह भोरी बेसुधि ह्वै गई या समय कैसी यकटक प्रभुको मुख निहारती हैं जाभांति शरद् पूर्णचंद्रमाको चकोरी चितवती है उहां ॥ हृदय सराहत वचन न आवा ॥ इहां॥ अधिक सनेह देह भइ भोरी ॥ उहां॥ सियमुखशशि भे नयन चकोरा ॥ इहां ॥ शरदशशिहि जनु चितव चकोरी ॥ इत्यादि दोऊ दिशि आसक्तिते अवलोकन यह प्रेम की संक्रांतदशा तीसरा भेद है यथा ॥ तृतियभेद संक्रांतजब तन मन सुखहि समाप।द्विरागमन इव लोकमें दम्पतिप्रथममिलाप॥ थके नयन इति श्रमसंचारी॥ देह भोरी में आलस संचारी द्वउ दिशि चितवनि दृष्टिवारी रतिस्थायी इति शृङ्गाररस की पूर्णता ६ लोचनमग नेत्रद्वारते श्रीरघुनाथजी को रूप उरमें आनी पुनः नेत्रद्वारमें पलकरूप कपाट कहे किवांर दै दीन्ही काहेते सयानी हैं कौन सयानता कीन्ही एकतौ विशेष आसक्ती सखी न जानि पावैं अथवा राजकुमार कहैंगे कि प्रथम हमैं देखि पला ढांकि लीन्ही अब यकटक निहारती हैं इस मर्याद हेतु पला ढांके अथवा प्रथम चकित ह्वै ढूँढ़ना परा ता भयते उर में पकरि राजकुमार को बँधुवा कीन्ह अथवा उधर लषणलाल इधर सखी तिनके ढिग शृङ्गारकी पूर्णताको अभाव है ताते उर एकांतस्थान विचारि प्रभुको पाइ पला बंद करिलिये विशेष सयानता यही है ७ ध्यानमें इष्टरूप पाइ मगनहोना यह प्रेमकी क्रांत दशाहै यथा॥ देह भूलि सुख ध्यान प्रिय, दशाक्रांतकी बाढ़ि। बैठ सुतीक्षण अचलमग, राम जगावत ठाढ़ि॥ ताही भांति किशोरीजी राजकुमार को उर में पाय ध्यान में मगन हैं इति प्रेमके वश किशोरीजी को जब सखिन जानी तब विचारी कि जब दंपति एकांत स्थान में होइँ ता सुखमें बाधा करना उत्तम सखिनको न चाहिये पुनः ध्यान तौ सदैव होइगो या समय राजकुमार प्रसिद्ध सम्मुख खड़े हैं यह संयोग पुनः दुर्लभहै सो जो न बताइ देवै सोभी उत्तम को काम नहीं है यही असमंजस में अत्यन्त सकुचाइ गईं ताते कछु कहि नहीं सक्की हैं ८ दोहार्थ॥ तेही अवसरमें दोऊभाई राजकुमार लता भवनते प्रकट भे लतानकी कुंजते निसरि चमन पर प्रसिद्ध आइ खड़े भये ताकी उत्प्रेक्षा करत कि लता ओट ते राजकुमार नहीं प्रकटे जलदपटल जो मेघपंक्ति ताको बिलगाइ जनु युग विधु कही दुइ चंद्रमा निकसे कैसे कलंकादि मलरहित विमल इहां लताघन राजकुमार चंद्रमा लतनते बिलगाने ते पूर्ण शोभा देखानी सो कहत ६ ॥

५८ शोभासींव सुभग द्वउ वीरा । नील पीत जलजात शरीरा १०
काकपक्ष शिर सोहत नीके । गुच्छा बिचबिच कुसुमकलीके ११
भालतिलक श्रमबिन्दु सुहाये । श्रवणसुभग भूषण छविछाये १२
विकट भृकुटि कच घूंघुरवारे । नवसरोज लोचन रतनारे १३
चारु चिबुक नासिका कपोला । हासविलास लेत मन मोला १४
मुखछवि कहि न जात म्वहिंपाहीं । जो विलोकि बहु काम लजाहीं १५
उरमणिमाल कम्बु कल ग्रीवा । कामकलभकर भुज बलसींवा १६
सुमन समेत वामकर दोना । सांवरकुँवर सखी सुठि लोना १७

दो० केहरि कटिपट पीतधर, सुषमा शील निधान ॥
देखि भानुकुलभूषणहिं, बिसरा सखिन अपान १८

५८ वीर तौ स्वाभाविकही हैं परन्तु यासमय शृङ्गाररसमें वीरता है शोभाके सींव मर्याद ऐसे सुभग ऐश्वर्यमय सुंदर दोऊ वीर हैं अथवा शोभाके सींव श्रीरघुनाथजी हैं अरु सुभग लक्ष्मणजी हैं पुनः नीलजलजात नाम कमलसम श्रीरघुनाथजी श्यामशरीर अरु पीतकमलसम गौरशरीर लक्ष्मणजी हैं १० शृङ्गाररसते शीशते वर्णन करत काकपक्ष कौवाके पखना की आकार बारनके पट्टे दोऊ दिशि श्रवण समीप शिरमें नीके सोहत अर्थात् श्याम घुंघुवारे ऐंछे रसीले चमकदार कामकीसी कृपाण कपोलनपर छल्लेदार झलकत ताके बीच बीच कामबाणसी गांसी कुसुम अनेकरंग फूलन की कलिनके गुच्छा सोहत इहां काकपक्ष आकार शीशमात्र बार कहे नीचे छूटे बारनकी शोभा आगे वर्णन है ११ भाल माथ सम सुघर ऊंचा तापर केसरि को तिलक पुनः श्रमबिंदु कुवारको घाम तामें चलनेते परिश्रम परी ताते पसीनाके बुन्द निसरेते सुहाये ऐसे सुंदर लागत जनु हेमलतामें मोतिनके गुच्छा फले सोहत वा किशोरीजीको दरशरूप फल पाय श्रम सफलते श्रमबिंदु सोहाये लागत श्रवण कान सुभग सुन्दरता में झुमका आदि भूषणते छवि छायरही वास किहे है १२ मैन चापसी विकट कहे टेढ़ी भृकुटी तथा काम कृपाणसी चमक कच नाम बार घुंघुवारे ऐंछे रसीले कपोलन पर बिथरे हैं नव सरोज नवीन कमल अरुण सम लोचन नाम नेत्र रतनारे श्याम श्वेतमें किंचित् ललामी रतसी चमकत १३ चिबुक ठोढ़ी गोल श्याम मणि सम पीत बिंदु सहित चारु सुंदरि पुनः शुकतुण्डसम सुन्दर नासिका काम आदर्शवत् गोल कपोल इत्यादि सुठौर बने पुनः हासको विलास मुख में

मुसक्यानि की फवनि कैसी सुहावनि जो मुँहमांगा धन दै मनको मोल लेत भाव जाकी दिशि नेकहू मुसकात ताको मन फिरि अनत नहीं जात १४ जामें मुसुकानि कढ़त तामुख की छवि जैसी है तैसी मोसन कहत नहीं बनत काहेते जाकी शोभा विलोकि देखि बहुत काम लजाइजात अर्थात् उपमाहेतु अनेकन कामनकी छवि एकत्र कीन्हे समता नहीं पावत तौ और को है जाकी उपमा दीजै १५ उरपर मणिनके माल अर्थात् पचरंग मणिन को वैजयन्ती हार सो नाभीपर्यंत अरु छातीपर पदिकहार जड़ाऊ चौकी गजमुक्तनको कंठासहित कंबु नाम शंखसम त्रिरेखायुत गोल ऊंची ग्रीव कलनाम सुन्दर कामरूप हाथी के कलभ नाम बच्चा ताके कर नाम शुण्ड सम भुजा सम सुघर चढ़ाउतार पुष्ट पुनः बलकी सींव मर्याद अर्थात् कैसेहू दुर्घट कार्य करै परिश्रम न आवै ताको बल कही सो जिनमें समूह है १६ सुमन जो फूल अनेकरंग के जामें भरे दिव्य पत्रनको दोना वामकर में धारण किहे दक्षिण करमें एक फूल लिहे सो हे सखी ! सांवर कुँवर सुठि नाम अत्यन्तकरि लोना नाम सुन्दर है मानों काम वामकरमें फूलधनुष लिहे दाहिनेमें मोहनबाण देखतै सखी मोहिगईं बस फूलदोना नहीं है सतमोल सुहागा दै शिथिल करी १७ दोहार्थ ॥ केहरि सिंहवत् सूक्ष्म कटिमें जरीमय पीतपट धारण किहे सुषमा जो शोभा पुनः शील तिनके निधान स्थान सर्वांगशोभापरिपूर्ण देह में शीलमय स्वभाव ऐसे भानुकुल के भूषण जे श्रीरघुनाथजी तिनहिं देखि ऐसी मोहिगईं कि सखिन को अपान नाम अपनी देहकी सुधि भूलिगईं १८ ॥

५९ धरि धीरज यक सखी सयानी । सीतासन बोली मृदुबानी १९
बहुरि गौरिकर ध्यान करेहू । भूपकिशोर देखि किन लेहू २०
सकुचि सीय तब नयन उघारे । सनमुख द्वउ रघुसिंह निहारे २१
नखशिख देखि रामकी शोभा ।सुमिरिपिताप्रण मन अतिक्षोभा २२
परवश सखिन लखी जब सीता । भयउ गहरु सब कहहिं सभीता २३
पुनि आउब यहि बिरिया काली ।अस कहि मनबिहँसी यकआली २४
गूढ़गिरा सुनि सिय सकुचानी । भयउ विलंब मातु भय मानी २५
धरि बड़धीर राम उरआनी । फिरीं अपनपौ पितुवश जानी २६

दो० देखन मिसु मृग विहग तरु, फिरत बहोरि बहोरि ॥
निरखि निरखि रघुवीर छवि, बाढ़ी प्रीति न थोरि २७

५९ विशेष निकट सम्मुख देखने योग्य विचारि एक सखी सुभगा सयानी धैर्य धरिकै एकतौ प्रथमको असमंजस पुनः मोहनी तामें मन थिर करि समय देखि श्रीजानकीजी ते मृदु कोमल वाणी बोली का बोली १९ सो आगे हैं सखी बोली कि हे किशोरीजी! गौरिको ध्यान बहुरि अन्य समय किहेउ यासमय प्रसिद्ध सम्मुख खड़े हैं ऐसा समय पुनः न मिली ताते राजकिशोरको देखि काहे नहीं लेतू है गौरिके वहाने ते कहे कि जिनको ध्यान किहे हौ सोतौ तुम्हारे आगे प्रसिद्ध हैं तब ध्यान अयोग्य है नेत्रनते देखौ यह समय पुनः न मिली ध्यान तौ सदा बनी अथवा सखी जानिगई कि हमारे सकोचते प्रसिद्ध नहीं देखतीं यह जानि सकोच मिटाइबे हेतु आपही देखनेको कही यही सयानता है २० सखीके वचन सुनि जानी कि सखी हमारा प्रेम जानिगई ताते किशोरीजी सकुचिकै नयन उघारे तब निहारे कि रघुवंशमें सिंह दोऊ राजकुमार खड़े हैं यह साधारण दृष्टि है विशेष देखनो आगे कहत २१ प्रथम राजकुमारकी चितवनकी चोट सहज सकोचते रोकि सावधान रहीं जब लषणते वार्तासमय बोलनि सुनी तब मन हरि गयो प्रसिद्ध निहारे परंतु सखिनकी लाजते छिपाय राखी हृदय में ध्यान किहे रहीं जब सखी सकोच मिटाने हेतु आपही कहे कि राजकुमारनको देखती काहे नहीं हौ तब निश्चिन्तह्वै नखते शिखापर्यंत श्रीरघुनाथ जी की शोभा देखी इहां सकुचसहित नेत्र उघारे ताते शांतरसमय दृष्टि सो प्रथम पांयन पर परी देखते समय शृङ्गाररस आइगयो ताते शिखापर्यंत सर्वांग निहारिकै देखे जब अपनो मन नेत्र आसक्तजाने तैसेही पिताको प्रण सुमिरि सुधिकरि मनमें अत्यन्त क्षोभ आयगयो कि पिताको प्रण है ताते विना शिवधनुष तोरे राजकुमार को आसक्त ह्वै अवलोकन अनुचित है इति धर्म विचारि पुनः सावधान ह्वै गईं २२ यथा वहां॥ सहज पुनीत मोर मन क्षोभा॥ तथा यहां॥ सुमिरि पिताप्रण मन अतिक्षोभा॥ जब सखिन देखा कि जानकीजी राजकुमार के प्रेमते परवश हैं मन नेत्रनते आसक्त हैं तब देह व्यवहारकी सुधि कहा जो विलम्ब जानि कोऊ इहां आइ देखै पुनः उहां कहे कि येतौ पूजा नहीं करतीं राजकुमारन को देखती रहैं तौ हमारा अपमान जुदा होई दंड जुदा पाई पुनः इहां आवने जुदा न पाई इत्यादि विचारि सभीत नाम डरायकै सब सखी कहती हैं कि गहरु भई अर्थात् रोज पूजामें जितनी बार लागत रहै तेहिते अधिक बार ह्वैचुकी अब घरको चला चाहिये २३ विप्रलब्ध योग जानि पुनः संयोग हेतु सखी चातुरी करी कि यही बिरिया कालिह पुनः आउब ऐसा कहि एक आली जो सुभगा है

सो मनमें विहँसी मुसुकाइकै रहिगई वचनचातुरीकरि रघुनाथजी को कालिह को बुलावत याते वचनविदग्धा है पुनः दोऊदिशि बोधव्यते अर्थव्यंजक है वा श्रीराम जानकी दोऊ परस्पर अवलोकन में आसक्त हैं तिनको धैर्य दै बिलग करावा चाहत वा कालिहके आवने व्याज आजुकी ऐस गती मांगती कि अब तौ जाती हैं परंतु कालिह फिरि आवैंगी अथवा जो प्रथम प्रभुको देखि विह्वल ह्वैगई रहै वही सुभगा राजकुमार को चानक देति याते हँसिकै कहति कि मोको अकेले पाइ भले विह्वल करि दिहेउ रहै ताफल पावने में जो कसरि रहिगई होइ तौ यही बेरिया कालिह पुनः आवैंगी तब आपहू आवना इहां कालिह को आवन जो सखिन प्राति कहि राजकुमारन को सुनायो ऐसा विचारेते गूढोक्त्यलंकार है अरु जो राजकुमारनै ते कहत ऐसा विचारे गूढोत्तरालंकार हात पुनः स्वयंदूतत्व होत २४ सुभगाकी गूढ़वाणी जामें अनेक अर्थ गुप्तहैं ताको सुनि श्रीजानकीजी सकुचाइगईं पुनः इहां आये विलम्बभयो यह जानि माताकी भयमानी कि माता क्रोध न करैं कि देर कहां लगायो वाणीमें गूढ़अर्थ सो बहुत तौ पूर्व चौपाई में लिखिआये जो विचारि किशोरीजी सकुचानीं सो यह कि राजकुमारके अवलोकन में किशोरीजी ऐसी विह्वल हैं जो घरको जाना भूलिगईं ताते सुधि कराई इत्यादि अपनी आसक्ती विचारि सकुचानीं पुनः कालिहके आवनते उद्दीपन सुनाय आजको वियोग दुःखको हलुका कीन्ह २५ जब पिताको प्रणरूप धर्म विचारि किशोरीजी सावधान ह्वैगई रहैं परन्तु जब कालिहको आवन वचनचातुरी सखीकी सुने तब प्रभु मुसुकाने सो देखि किशोरीजीको मन पुनः हरिगयो जब विह्वल ह्वैगईं तब बड़ा धैर्यधरि मन सावधानकरि श्रीरघुनाथजी को उरमें आने ध्यान में रूपकरि दृष्टि रोंकि लिये कौने बलते धैर्य करे कि अपनपौ अपनी देह पिताके वश जाने कि पिता धनुभंग को प्रण किहे राजकुमार कोमलगात कदाचित् धनुष न टूटै तौ पिता चाहै ताको ब्याहै तौ राजकुमारपै आसक्ती अयोग्य ऐसा विचारि बड़ा धैर्यकरि संयोग में वियोग अंगीकार करि फिरीं घरको चलीं २६ दोहार्थ ॥ जब किशोरीजी लौटिकै चलीं तब राजकुमार पीछे पीछे हंसगमन मन्दगति चले सो चलनि जब देखी तब पुनः किशोरीजीको मन हरिगयो ताते मिसु कहे बहानेते अर्थात् मृगाके देखने के बहाने घूमि प्रभुको देखिलेती हैं पुनः विहंगपक्षी सारस मयूरादिके देखने के बहानेते घूमि प्रभुको देखिलेती हैं पुनः तरु कहे वृक्ष अर्थात् फल फूल पल्लवादिके देखनेके बहानेते घूमि प्रभुको देखिलेती हैं इत्यादि अनेकन बहानेते बहोरि बहोरि बार बार किशोरीजी फिरती हैं ज्यों ज्यों किशोरीजी

घूमि घूमि देखत जातीहैं त्यों त्यों राजकुमार नगिचातजात त्यों त्यों शोभा विशेष दरशात इत्यादि रघुवीरकी छवि निरखि निरखि अरु राजकुमारकी प्रीति परखि किशोरीजी के उरमें थोरी साधारण प्रीति न रही बाढ़िकै परिपूर्ण प्रीति ह्वैगई इन्द्रिय मनआदि की विषयबुद्धिद्वारा अनुकूलह्वै जेहि रसको अत्यन्त भोगीह्वै सर्वांग परिपूर्ण मित्रके आधीन होइ ताको प्रीतिकही २७॥

६०जानि कठिन शिवचाप बिसूरति। चलीं राखिउर श्यामलमूरति २८
प्रभु जब जात जानकी जानी। सुख सनेह शोभा गुणखानी २९
परम प्रेममय मृदु मसि कीन्हा। चारुचित्र भीतर लिखि लीन्हा ३०
गईं भवानी भवन बहोरी। वंदि चरण बोलीं करजोरी ३१
जय जय जय गिरिराजकिशोरी। जय महेश मुखचंद्र चकोरी ३२
जय गजवदन षड़ानन माता। जगत जननि दामिनि द्युति गाता ३३
नहिं तव आदि मध्य अवसाना। अमित प्रभाव वेद नहिं जाना ३४
भव भव विभव पराभव कारिणि। विश्व विमोहनि स्ववश विहारिणि ३५

दो० पतिदेवता सुतीय महँ, मातु प्रथम तव रेख॥
महिमा अमित न कहि सकहिं, सहस शारदा शेख ३६

६० जब इन्द्रिय मनआदि प्रीतिके वश जाने तब किशोरीजी समझदारी करि पुनः सावधान भईं कौन समझदारी करी कि राजकिशोर के कर महाकोमल अरु शिवचाप महाकठिन ताको कैसे तूरि सकैंगे पुनः विचारे कि जे ताड़का को एक बाणते मारे ते धनुष क्यों न तोरैंगे पुनः विचारे कि ताड़का को मारे सो तौ बाणते मारे धनुष में तौ बल चाहिये पुनः विचारे कि जो बल न होतो तौ बिन फर बाणते मारीच को कैसे उड़ाय देते ताते बली हैं धनु तोरैंगे पुनः विचारे कि मारीच को उड़ावने में सुबाहु को भस्म करने में बाणविद्या को प्रभाव है धनुष तोरने में हाथन में प्रभाव चाहिये पुनः विचारे कि जिनके पदरज छुइ अहल्या पावनभई तौ हाथन में प्रभाव क्यों नहीं ताते धनुष तोरैंगे इत्यादि बिसूरति बि को अर्थ दोऊ दिशि सूरति कहे सुधि करत कौन द्वैदिशि उधर धनुषकठिन जानि कि कठोरता गरुता में बारबार सूरति जात पिता को प्रण विचारि इधर अपनी प्रीतिते श्यामलमूरति उरमें राखेहैं ताते रघुनाथजी की शोभा बल प्रतापादि गुणन में सूरतिजात इत्यादि द्वउदिशि हिंडोरासीपै गमन दोउ दिशि दौरावत किशोरीजी चलीं पीछे को देखना बंद कीन २८ किशोरीजीके दरशमात्रते चारि लक्षण प्रभुको दरशाने यथा सुखकी खानि

अर्थात् पतिव्रताके लक्षण देखे कैसे कि प्रभुके चितवनकी चोट सकोचते रोके पुनः बोलनिकी चोट पिता प्रणरूप धर्मते रोके पुनः मुसुकानिकी चोट धीरजते रोके पुनः प्रभुके चलनिकी चोट समुझदारीते रोके इत्यादि पतिव्रतको लक्षण सहित रघुवीर धीरको परास्तकरि चलीं पतिव्रता भक्तिते पतिकी सेवाकरि सुख देत इति सुखकी खानि पुनः सनेहकी खानि अर्थात् उत्तम स्वकीयाके लक्षण कैसे कि रघुवीर ऐसे सुन्दरधीर त्यागि आसक्तह्वै अवलोकतही रहैं ताहूपर पिता प्रण विना पूर्णभये प्रभु अवलोकन त्यागि सावधानह्वै चलीगईं उत्तम स्वकीया शुद्ध सनेह पतिन में राखत याते सनेहकी खानि पुनः शोभाकी खानि शोभाकी खानि तौ प्रसिद्धही है यथा ॥ देखि सीय शोभा सुखपावा। पुनः॥ सुंदरता कहँ सुन्दर करई। पुनः गुणनकी खानि यथा शिवसंहितायाम् श्रीमुखवाक्यम् ॥ प्राणादपि प्रिया सीता वेदगर्भोदिता मम। सुन्दरी सर्वगात्रेषु श्यामा सौभाग्यमञ्जरी॥ सर्वलक्षणसंपन्ना सर्वदोषविवर्जिता। अचिन्त्याद्भुतरूपश्रीतेजः कान्तिमहोज्ज्वला॥ रूपलावण्यसौन्दर्यमाधुर्यमृदुतान्विता। मत्प्रणयप्रणालीका गङ्गाधारा इव च्युता॥ गीतनृत्यकलाभिज्ञा सर्ववाद्यविशारदा। प्रहेलिकाप्रहासादिपण्डितागुणमण्डिता॥ इत्यादि सुख सनेह शोभा गुणकी खानि जानकी जी जातहैं यह जब प्रभुजाने २८ वियोग असहन जानि संयोग हेतु चित्रदर्शन आधार किये प्रीतिकी जो उमंग ताको प्रेम कही याकी विह्वल दृष्टि है यावत् बूड़ै उतराय तावत् प्रेम कही जब एक रस बूड़ारहै सो परम प्रेमहै अर्थात् अनुराग यथा ॥ व्यापकता जो प्रीतिकी जिमि सुठि वसनसुरंग। दृगनद्वार दरशै चटक सो अनुराग उमंग ॥ यह प्रेमकी बारहीं दशा है यथा ॥ साधन शून्य लिये शरणागत नैन रँगे अनुराग नसाहै। भूतल व्योम जलानिल पावक भीतर बाहर रूप बसाहै॥ चित्तमनाहमबुद्धिमयी मधु ज्यों मखिया मन जाय फँसा है। बैजसुनाथ सदारस एकहि या विधि सों संतृप्त दशाहै ॥ तहां किशोरीजीके अंग कोमल हैं जामें चित्तमें कठोरता दूषण न आवै याते परम प्रेममय मृदुमसि कुन्दनवर्ण कोमल मसिकरि सुमति रूप कलमते मनरूप चित्रकारकरि चित्तरूप सम सुघर चिक्कण अमल चमकदार भीतिपर उर अंतरबिषे चारुनाम सुन्दर सर्वांग सुठौर किशोरीजीकी चित्र प्रतिमा लिखिलीन्ह तहां चारि प्रकारके दर्शनहोत एक साक्षात्दर्शन एक स्वप्नदर्शन एक ध्यानदर्शन एक चित्रदर्शन तहां किशोरी जी तौ ध्यानदरश राखे काहेते धनुष तूरने की सन्देह सहित श्यामलमूरति रघुनाथजी की हृदय में राखे प्राप्तीकी आशमात्र है निश्चय नहीं है कि हमको येई वर मिलैंगे अरु रघुनाथ जी निश्चय करि लिये कि हम अवश्यही धनुष तोरैंगे ताते निस्सन्देह

अपनी मानि लिये ताते किशोरीजी को स्वरूप अचल करि उर में लिखि लिये अपनी मानि चित्तमें धरि लिये नातरु इनकी दिशि भूलि न हेरते रघुवंशिन को स्वभाव है सो लषणलाल में देखौ ३० प्रथम पूजा करत में वन्दना स्तुति बाकी रहिगई रहै राजकुमार को आगमन सखी ते सुनिकै उठिगई रहैं राजकुमार को देखि चुकीं अब पूजा की पूर्णता हेतु भवानी के भवन को बहुरि नाम फिरि किशोरीजी गईं प्रथम पार्वतीजीके चरणनकी वन्दना करि पूजाकी समाप्ति कीन पुनः करजोरिकै बोलीं विशेष प्रसन्नता हेतु स्तुति करने लगीं प्रथम शुद्धा कुमारी आईं ताते कवि पिता सम्बन्धी नाम धरे कि गौरिनिकेत को गईं अरु जब पतिको उरमें राखिकै आईं तब पतिसम्बन्धी भवानी को मन्दिर लिखे ३१ यामें चारि अवतारन की कथा मिली है ताते चारिहू समयकी बिनती यामें है तहां जब साकेतविहारी अवतरे तासमय सतीरूप रहैं तासमय की स्तुति में जय जय द्वयवार लिखे नाम नहीं धरे सो काव्यकी विचित्रता है जब क्षीरशायी अवतरे तासमय गिरिराजकिशोरी वर्तमान रहैं ता समयकी स्तुति में जय गिरिराजकिशोरी कहे जब वैकुंठवासी अवतरे तासमयकी स्तुति में जयमहेशमुखचन्द्रचकोरी कहे जबदुसराइ वैकुण्ठवासी अवतरे चौथेअवतार समय तब जय गजवदन षड़ाननमाता कहे यह विचित्रता है अब समष्टी करि यथा गिरिराजकिशोरी की जय होय जय होय जय होय भूतकाल में सती तनुमें शिव त्याग किया सो देहै भस्म कीन तब सब जयकार कीन पुनः हिमाचलकी पुत्री ह्वै अखण्डतप करि शिवकी प्राप्ती को वर पाये तब सब जय जयकार कीन पुनः जब विवाह भयो तब सब जय जयकार कीन ताते सदा जयमानहौ अथवा जय जयकार करि याचना करती हैं परोपकारी गिरिराज की पुत्री हौ मेरा उपकार करौ बारे पतिकी चाह आपहूको रही पुनः महादानी की पत्नी हौ ताते दानी हौ यथा शिवमुखचन्द्र की चकोरी हौ तैसे मोको पतिकी प्रीति जानो ३२ सहज सिद्धिदायक गजवदन तिनकी माता अवश्य ही सिद्धिदायकहौ आपकी जय होइ मेराभी मनोरथ सिद्ध करौ जे तारकासुर को मारि देवनको सुखी कीन्हे ऐसे परोपकारी षड़ानन की माता अवश्य परोपकारी हौ मेराभी उपकार करौ धनुष रघुनाथजीही के हाथ टूटै अथवा गिरिराजपुत्रीहै प्रतिकूल पति को अनुकूल करि लीन्हे अरु पतिमुखचन्द्रचकोरी भये ते पतिव्रत आप में परिपूर्ण है सोई पतिकी अनुकूलता अरु पतिव्रत हमको भी दीजै पुनः यथा आपके द्वै पुत्र हैं तथा सबल प्रतापी हमको भी द्वै पुत्रनकी कांक्षाहै यहभी मनोरथ की परिपूर्णता गीतावली पार्वती के आशीर्वाद में प्रसिद्ध है यथा॥

माँग कोखि तोखि पोखि फूलि फैलि फरिकै ॥ पुनः जगत्की माताहौ संसार को पुत्रवत् पालतीहौ हमारी भी पालना करौ पुनः दामिनिद्युतिगातहै अर्थात् यथा दामिनि मेघको सदा संयोग तथा आपको सदा पतिको संयोग तथा हमको सदा पतिसंयोग दीजै अथवा दामिनिसी द्युतिगात में स्वरूपता सौंदर्यता है ताहूपर आपमें ऐसा सत्त्वहै कि सब जगत् जननी करि देखत तथा हमको भी सत्त्व दीजै ३३ आदि में कालीरूप मध्य में सतीरूप अवसान कहे अन्त में गिरिजा अथवा आदि में गिरिजा मध्य में शिवपत्नी अंतमें गजमुख षड़ानन की माता हैं सो यह लीलामात्र है ताते तव कहे तुम्हारा आदि मध्य अंत नहीं है सदा एकरस शिवकी अर्द्धांगनिवासिनी हौ अथवा आदि में कवन रीतिते कब उत्पन्न भई अरु मध्य में कौन लीला करती हौ अरु अंत कब तक रहिहौ पुनः आपको प्रभाव अमित प्रभावही प्रताप जाकी कीर्ति यश सुनि सब डरैं सो प्रभाव आपमें संख्यारहित जाको वेद नहीं जानि सकत और को जानै ३४ कैसा प्रभाव है सो कहत कि भव जो संसार ताको भवनाम उत्पन्न करनहारी हौ पुनः विभव कहे ऐश्वर्य अर्थात् कर्मानुसार फलदै लोकजीवन को पालन करती हौ पुनः पराभव कहे समयपाय प्रलय करती हौ इत्यादि की करनहारी तुम्हारा प्रभाव कोऊ कैसे जानै काहेते जाननेवाले तौ सब संसारमें हैं सो तौ विश्वनाम संसार ताको विशेष करिकै मोहनेहारी आपही हौ सबको आपनी मायाके वश किहे हौ अरु आप स्ववश विहार करनेवाली हौ अर्थात् काहूके वशमें नहीं भाव हमारा मनोरथ पूर्ण करिबे को सर्वप्रकार समर्थ हौ तहां विशेष ऐश्वर्य वर्णन स्तुति में साधारण रीति है अथवा पार्वतीजी यह न कहैं कि सर्वेश्वरी ह्वै हमते याचना करती हैं ताहेतु बोधकरतीहैं कि नैमित्त्य लीलाकी ऐसीही रीति है काहेते आपहू ऐसी ऐश्वर्यवाली हौ सो नैमित्त्य लीलामें देह भस्म करना तपस्यादि अनेक क्रीड़ा किहेउ है तथा मेरा लीलाप्रकरण जानौ ३५ दोहार्थ ॥ विनय करिबे को विशेष हेतु कहती हैं तहां लोकमें कोऊ अवतीर्ण होत सो जौनि विद्या पढ़ा चाहत सो उत्तम आचार्य के ढिग पढ़त यथा परशुराम शिव के ढिग पढ़े हनुमान् जी सूर्यन के रघुनाथजी सब विद्या वशिष्ठजीते पढ़े बाणविद्या विश्वामित्र ते पढ़े तथा पातिव्रत में मुख्य आचार्य जानि पातिव्रत धर्मलेना चाहती हैं ताते कहत हे मातु! जिनके दूसरा इष्टदेव नहीं है एक अपना पतिही इष्टदेव ईश्वर जानि भक्ति सहित अनन्य प्रीति ते सदा सेवन करती हैं ऐसी पति देवता कहे पतिव्रता तिन में सुतीय शुद्धशील स्वभाव मधुरभाषिणी उदारतीय तिनमें आपकी प्रथम रेखहै अर्थात् यह मार्ग आपके द्वारा प्रसिद्ध भया ताते कृपाकरि

इसी मार्गपर हमको भी आरूढ़ कीजे स्तुति कोई कहां तक कहै अमित महिमा है ताको सहस कहे हजारन शेष शारदा नहीं कहिसकत ३६ ॥

६१ सेवत तोहिं सुलभ फलचारी । वरदायिनि त्रिपुरारि पियारी ३७
देवि पूजि पद कमल तुम्हारे । सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे ३८
मोर मनोरथ जानहु नीके । बसहु सदा उर पुर सबहीके ३९
कीन्ह्यो प्रकट न कारण तेही । अस कहि चरण गहे वैदेही ४०
विनय प्रेम वश भई भवानी । खसी माल मूरति मुसुकानी ४१
सादर सिय प्रसाद शिर धर्यऊ । बोली गौरि हर्ष उर भर्यऊ ४२
सुनु सिय सत्य अशीष हमारी । पूजिहि मन कामना तुम्हारी ४३
नारद वचन सदा शुचि साँचा । सो वर मिलिहि जाहि मन राँचा ४४

छंद हरि-गीतिका
मन जाहि राँचो मिली सो वर सहज सुंदर साँवरो ॥
करुणानिधान सुजान शील सनेह जानत रावरो ४५
यहिभाँति गौरि अशीष सुनि सियसहित हिय हरषीं अली ॥
तुलसी भवानी पूजि पुनि पुनि मुदित मन मंदिर चली ४६

सो० जानि गौरि अनुकूल, सियहिय हर्ष न जात कहि ॥
मंजुल मंगल मूल, वाम अंग फरकन लगे ४७

६१ सेवाकहे दीनअर्ची मार्ग अर्थात् मानरहित दासी दासादि भावते प्रेम सहित अष्टयाम इष्टसुखद परिचर्या करना यथा महाराजन के किंकर होते हैं इत्यादि हे मातु ! तोहिं सेवतसंते अर्थ धर्म काम मोक्षादि चारिउ फल सुलभ प्राप्त ह्वै सक्ते हैं काहेते वरदायिनिहौ अर्थात् अर्थ धर्म कामादि स्वाभाविक देनहारी हौ पुनः त्रिपुरारि ऐसे सबल समर्थ पुनः भक्तराज आदि आचार्य शिवकी प्यारी ताते मोक्ष भी सुलभ प्राप्त करि सक्ती हौ भाव जाभांति आप पति के प्यारी हौ तथा मनभावत पतिकी अनुकूलता मोको भी दीजै इसमें भी चारिउ फलकी दायकता लक्षहै ३७ पूजा कहे राजअर्ची मार्गअर्थादि सुखादि की कामनाकरि विभवसहित त्रिकालादि नेमसहित षोडशादि उपचार विधिपूर्वक इष्टको अर्चन करना सहित अंग देवतन पूजि पुनः मंत्रजाप पुनः कवच सहस्रनामस्तोत्रादि पाठ इत्यादि हे देवि ! तुम्हारे पदकमल पूजि देवता नर मुनि इत्यादि सब सुखारी होत अर्थात् यावत् लौकिक दुःख सो नाश होत सुख प्राप्तहोत सेवा शान्त-

रूपकी बनत तीक्ष्णकी सेवा अगम है या हेतु जब सेवन कहे तब सुतीय पतिव्रतन में शिरोमणि कहि मातु सम्बोधन दिये अरु पूजा किंचित्काल को नियम है सो सब रूपनको पूजामें निर्वाह या हेतु इहां देवि सम्बोधन दीन्हे ३८ इहां फल चारि हैं तिनके गाहक तीनिही कहे अर्थात् आपको पूजि देवता काम फल पाये ताते सदा दिव्य स्त्रिनको भोग सदा युवावस्था है पुनः नर अर्थ फल पाये द्रव्यकी परिपूर्णता पुनः मुनि मोक्ष फल पाये अर्थात् जीवन्मुक्त भये बाकीरहा धर्म सो मैं चाहतीहौं अर्थात् पातिव्रत धर्म जा मार्गकी आप अधिकारीहौ सो मनभावत पतिकी प्राप्ति धर्म सहित पावौं इति मेरा मनोरथ है सो आप नीकी प्रकार जानतीहौ काहेते जीवमात्र सबही के उररूप पुरमें सदा बसतीहौ अर्थात् सबमें व्याप्तहौ तौ सबके उरकी बात भी जानतीहौ अथवा पति प्राप्ति की लगन आतुरता आप नीकी प्रकारते जानतीहौ सोई मोहिंमें आतुरता जानि करुणाकरि सब समाज के मनमें ऐसी प्रेरणा कीजे जामें स्वाभाविक श्याम कुमार संग ब्याह करिदेवै धनुभंगादि विषमता निवारि सुलभही वरकी प्राप्ति दीजै ३९ जब पूर्वानुराग की आतुरता जानतीहौ पुनः अन्तर्यामिनीहौ मेरा भी मनोरथ जानतीहौ तेहि कारण अपना मनोरथ प्रकट नहीं कीन्हेउँ प्रसिद्ध नहीं कहेउँ अस कहि स्तुतिकी समाप्ति करि वैदेही श्रीजानकीजी पार्वतीजी के चरण गहे ४० इहां स्तुति में किशोरीजी के कहे यावत् वचन हैं सब संदिग्ध अर्थात् अभिप्रायगर्भित हैं यथा जब गिरिराजकिशोरी कहे तब वालअवस्था की सुधि आई अर्थात् पतिप्राप्ति की अत्यन्त आतुरता हमारे भी रहै सो दशा सुधि आवतही भवानी प्रेमकी वश ह्वैगई तैसेही दशा नरराजकिशोरी को देखे कि येऊ पतिप्राप्ति में आतुर हैं यह विचारि करुणा आइ गई पुनः जो महेश मुखचन्द्रचकोरी कहे सो तामें यह अभिप्राय कि चन्द्रते चकोरी की एकांगी प्रीति है अर्थात् चन्द्रमा उदासीन आकाश में है चकोरी नेही भूमिहीते यकटक निहारतही रहत अस्त समय वियोग जानि अग्नि खात तथा शिवकी त्याग प्रतिज्ञा उदासीनता पुनः प्राप्ति आकाशवत् दुर्घट तहौं प्रीतिपूर्वक रही वियोग जानि देह भस्म करि दिये इत्यादि सुनि भवानी महाप्रेमके वश भई तथा राजकिशोरी की दशा जाने अत्यन्त करुणावश भई क्यों किशोरीजी जनाये कि रघुवंशी परस्त्री देखने में स्वाभाविक उदासीन पुनः पिताप्रण शिवधनुष की कठोरता आकाश सम प्राप्ति दुर्घट कदाचित् राजकुमार को वियोग भया तौ मेरी भी अपनी सी दशा जानिये तहां आप परिश्रम करि शिवको प्राप्त भई तथा मोको भी

राजकुमारकी प्राप्ती सुलभ कीजिये पुनः जो गजवदन षड़ानन की माता कहे ताको अभिप्राय षड़ानन जन्मकारण समय देवताओंने पार्वतीजी को रति सुखै भंग करि दिया पुनः गणेश जन्म समय शिवको वियोगै रहा सो सुधि करि प्रेमकी प्रवाहमें बूड़ि गईं इत्यादि किशोरीजी की विनय सुनि ताको अभिप्राय विचारि भवानी आपही प्रेमके वश ह्वैगईं काहेते इस पीड़ा को हाल नीकी भांति जानती हैं ताते किशोरीजी की आतुरता न सहिसकीं शीघ्रही प्रसन्नता प्रकट करी प्रसाद देबेकी इच्छाते माल खसी तहां ग्रीव ते नाभिपर्यन्त फूलदाम लटकी रहत ताको प्रलम्ब कही जो यज्ञोपवीतवत् होइ ताको वैकक्षिक कही जो शीश में वेष्टित होइ ताको ललामक कही जो शीश परते फूलदाम लटकी होइ ताको माल कही यथा ॥ माल्यं मालास्रजो मूर्ध्नि इत्यमरः ॥ तहां पूजा समय जो शीश परते श्यामसरोज दाम पहिराये रही सो माल खसकि परी अर्थात् कार्यसिद्धि को प्रसाद दीन पुनः मूरति मुसुकानि भाव नारदजी को सत्यवचन जानती हैं कि बागमध्य श्यामकुमार प्रीतिपूर्वक मिले तिनके संग विवाह होई सो परीक्षा भी पाइ चुकीं ताहू पर संतोष नहीं पुनः विचारे कि लग्नकी आतुरताको यही प्रभाव है हमहूँमें ऐसेही आतुरता रही यह जानि मुसकानी इति माधुर्यलीला करुणारसमें अर्थ अथवा प्रसिद्ध विनय सुनि अंतरमें किशोरीजी की महिमा विचारि कैसी महिमा यथा रामतापिन्याम्॥ श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी । उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् ॥ सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता।प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः॥ ऐसी महिमा जिनकी ब्रह्मा विष्णु शिवादि स्तुति करतेहैं यथा मार्कंडेयसंहितायांब्रह्मोवाच॥ अजाण्डप्रभानन्तयन्त्राधिरूढे अकारं च चिन्मात्रमन्त्राधिवासे । हरिब्रह्मरुद्रादिमृज्ञप्रभावे भजे संततं तारकं ब्रह्मकाण्डे ॥पुनःशिवस्तुतिः॥विद्याविद्यमयीविचिन्त्यविलसद्भूतिप्रदां भास्वराम्।ध्याये श्रीरामकान्तां हरिहरसुरैर्ध्यानपादाब्जयुग्माम् ॥ पुनः विष्णुस्तुतिः ॥ हरिहरकमलासनादिभूतिं तव करुणावरलब्धमङ्गलम्। रघुवरवल्लभे त्वदीयमगणितवैभवं न जाने ॥इत्यादि विधि हरि हर जिनको वैभव नहीं जानि सकत ते श्रीजानकी जी स्तुति करि हमपै कृपाकारि बड़ाई दीन्ही इत्यादि सौशील्य सौहार्द गुण किशोरीजीमें विचारि भवानी प्रेमवश भईं पुनः गुप्त प्रणाम कीन ताते माल खसी अर्थात् पार्वतीजी निज शिरको माला भूषण सो किशोरीजी के पांवन पै स्थापित कीन्हे पुनःमूरति मुसुकानि भाव आदिशक्ति सर्वेश्वरीजीको देख्यो ऐसे अपना ऐश्वर्य छिपाये हैं जो वचन कर्मादि किसी अंगते नहीं प्रकट

करती हैं सो लोकउद्धार हेतु गुप्तरूप नरनाट्य कीन चाहती हैं ताते जैसी सर्वेश्वरीजी की इच्छाहै तैसेही कार्य कीन चाहिये ताते यासमय आशीर्वादही देना योग्यहै इति ऐश्वर्यलीला शांतरसमें अर्थ अथवा विशेष नीति सहित प्रेम देखि भवानी वश भई अर्थात् सर्वेश्वरी जब राजकिशोरी भई तब यही उचितहै कि देवीदेवादिको प्रेमते पूजि वरदान मांगै सो विधिपूर्वक पूजा करि स्तुति करि किशोरीजी वरदान मांगती हैं कि हमारा मनोरथ सफल करो इति विनय प्रेमते भवानी किशोरीजीके वश भई इष्टरूप सिद्ध भई ताहेतु शीश परते फूलमाल खसी अर्थात् सिद्ध होनेको चिह्न दीन पुनः मूरति मुसुकानि भाव नारदजीके वचनकी परीक्षा पाइ चुकीं तदपि संतोष नहीं अब हमारहू वचन सुनि तबहूं संतोष न करैंगी क्योंकि यावत् श्रीरघुनाथजीके हाथ धनुभंग न देखैंगी तावत् संतोष न होइगो काहेते बाल अवस्थाको स्वभाव ऐसेही होत कि बालक जो वस्तु मांगत ताको कितनेहू माता कहै कि वह वस्तु आवती है परन्तु जबतक निज दृष्टिते नहीं देखत तबतक किसीके समुझाये नहीं समुझत इति बालस्वभाव विचारि हँसीं यहू माधुर्यलीला वात्सल्यरसमें अर्थहै अथवा विना नीतिको प्रेम देखि भवानी वश भई किशोरीजीके आधीन भई कौन भांति यथा महाराज याचक बनि छोटे राजाते याचना करै तब वह प्रसन्नतापूर्वक आधीन ह्वै दान देत यथा बलिते वामन याचे तथा जो ब्रह्मादिकन को ऐश्वर्य देनहारी जिनका सुहाग अचल पातिव्रत महार्णव ऐसी सर्वेश्वरी तेई नैमित्यलीला में लोकोद्धारहित राजकुमारी ह्वै हमसों याचना करतीं ताते अपनी अहोभाग्य मानि वरदान दीन चाहिये इति इच्छाते माल खसी वरदानरूप माला प्रसाद दीन मानो पातिव्रत के समग्रगुण सुमनरूप तिनको तागारूप सुहाग में गुहि सो किशोरीजी को दैकै पुनः मूरति मुसुकानि भाव यह न जानियो कि हमारी माधुर्यलीला में भूलिगई ताते वरदान देती हैं हम अपना पातिव्रत पावन करिबे हेतु आपको पातिव्रत देती हैं अपनो सुहाग अचल हेतु आपको सुहाग देती हैं इति ऐश्वर्य माधुर्य मिश्रितलीला हास्यरसमें अर्थ है अथवा प्रेम तौ श्रीरघुनाथजी में लाग है सो इहां कहाहै मुखैते स्तुति करती हैं ताते विना प्रेमही भवानी वश भई शिव भोलानाथकी पत्नी ताते सहजही वशभई अथवा रघुनाथजी को नाम लेतही देवादि सब प्रसन्न होत यथा ॥ तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि ॥ इत्यादि ताही श्रीरघुनाथजीको रूप प्रेमसहित उरमें धरे देखि भवानी वश भई उत्तम पतिव्रता के लक्षण विचारि अर्थात् बाल

अवस्थाते पति प्राप्ति हेतु तप पूजादि करना पतिव्रते को कामहै ऐसेही प्रथम आपहू शिव हेतु तपस्या कीन्ही इति सजाती साधक जानि प्रसन्नह्वै प्रसाद दीन ताते शीशते माल खसी अर्थात् अपने पातिव्रत सुहाग बानाको चिह्न दीन्ह पुनः मूरति मुसुकानि अर्थात् पूर्वानुरागकी आतुरता विचारि हँसी आई कि लग्नको प्रभाव ऐसा होत कि राजकुमारको आगम सुनतेही पूजा छांड़ि चली गईं जब इच्छा भरि देखि लिहिनि तब पुनः पूजाकी सुधि करि हमारे ढिग आईं यही दशा हमारी भी रहै यह विचारि हँसीं अर्थात् लक्षिता सूचित करी इति मिश्रितलीला शृङ्गाररस में अर्थ मालाको देना गीतावलीमें प्रसिद्धकहे यथा॥ मूरति कृपाला मंजु माल दै बोलत भईं पूजो मनकामना भावतो बरवरिकै ४१ पुनः गौरि बोली हे सीय ! सहित आदर यह माला प्रसाद शिर में धरेउ भाव यह सुहाग दान है अरु सुहाग को स्थान है मांग तहां भूषित करो अर्थात् तुम्हारा सुहाग अचल रही पुनः पातिव्रत धर्मको स्थान है उर सो परिपूर्ण हम दीन ताते हर्ष उरमें भरो अर्थात् तुम्हारो पातिव्रत भी पावन परिपूर्ण रही ४२ हे सीय ! हमारी अशीष सत्य मानिकै सुनो अर्थात् अब संदेह न राखो हमारे वरदानते तुम्हारे मनकी कामना पूजी मनकी चाह पूर्ण होई अथवा तुम्हारी कामना तौ तुम्हारा मनै पूर्ण करी आपको वरदेनेते अशीष हमारी सत्य भई ४३ नारदजीका वचन सदा तीनिउँ काल में शुचि नाम पवित्र अरु सांचाहै अर्थात् यथा ब्रह्माजी हिरण्यकशिपु को वर दीन्हे सो सांचा तौ है परंतु शुचि नहीं अर्थात् मृत्युको कारण गुप्त लाग सो वचनन में प्रसिद्ध नहीं याते शुचि नहीं अरु नारदके वचन में कुछ कारण गुप्त नहीं अमल सांचा है आदि अंत सदा एकरस है ताते हे किशोरीजी ! तुम को सोई वर मिली जाहि मनराचा रचधातु प्रयत्नमें बर्तत अर्थात् जाकी प्राप्तीके यत्नमें मन लागहै ताहीके साथ तुम्हार विवाह होई वा राचा कहे जाकी प्रीतिरंगमें मन रँगाहै ४४ हे किशोरीजी ! जाकी प्रीतिरंगमें तुम्हारा मन रँगाहै सोई वर तुमको मिली कैसा है सहजहीमें सुंदर शृंगारादि उपाय विना किहेही सुंदर सर्वांगसुठौर जाके बनेहैं पुनःश्यामलवर्ण है जाको पुनःजो सेवकको दुःख देखि आपहू दुःखी ह्वै जाइ ताको करुणा कही तेहि करुणा गुणके निधान हैं ताते आपका शील जानतेहैं अर्थात् उनकी प्राप्ती विना तुम आर्त्तहौ अरु शीलते प्रकट नहीं करतीहौ सो करुणानिधान जानते हैं पुनः सुजान कहे चतुरहैं ताते रावरो सनेह जानतेहैं तुम्हारे मनकी प्रीति भी जानत हैं ४५ काहेते सुजानं हैं यहि भांति गौरि पार्वतीकी अशीष सुनिकै अलिन सहित जानकीजी हीयमें हरषीं आनन्द भईं गोसाईंजी कहत कि भवानीको पुनि पुनि बारबार पूजि

प्रणाम करि मुदित आनन्द मनते अपने मंदिर को चलीं ४६ सोरठार्थ ॥ राजकुमारको प्रीतिपूर्वक निर्विघ्न देखे पुनः गौरि भी अनुकूल प्रसन्नहैं एक पंथ द्वय कार्य ऐसा जानि किशोरीजीके हृदयमें जो हर्षहै सो कहा नहीं जात पुनः मंजुल कहे उज्ज्वल मंगल जो प्रसिद्ध उत्सव ताकी मूल आगम सूचनिका हस्त स्कंध नेत्रादि वाम अंग किशोरीजीके फरकन लागि ४७ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे बागांतरगौरीवरप्रदानवर्णनो नाम त्रयश्चत्वारिंशः प्रकाशः ४३ ॥

६२ हृदय सराहत सीय लुनाई। गुरु समीप गवने द्वउ भाई १
राम कहा सब कौशिक पाहीं। सरलसुभाव छुवा छल नाहीं २
सुमन पाइ मुनि पूजा कीन्ही। पुनि अशीष द्वउ भाइन दीन्ही ३
सुफल मनोरथ होहिं तुम्हारे। राम लषण सुनि भये सुखारे ४
करि भोजन मुनिवर बिज्ञानी। लगे कहन कछु कथा पुरानी ५
विगत दिवस गुरु आयसु पाई। संध्या करन चले द्वउ भाई ६
प्राची दिशि शशि उयउ सुहावा। सिय मुख सरिस देखि सुख पावा ७
बहुरि विचार कीन्ह मनमाहीं। सीयवदन सम हिमकर नाहीं ८

दो० जन्म सिंधु पुनि बंधु विष, दिन मलीनसकलंक॥
सियसुख समता पाव किमि, चंद्र बापुरो रंक ९

६२ लुनाई लावण्यता यथा मोतीमें पानी भीतर बाहर एकरस झलकत तथा शील चातुरता सत्त्वादि अंतरके गुण सो देहकी सौंदर्यताके साथही दर्शित होत इत्यादि किशोरीजीकी लुनाई अंग अंगकी माधुरी शील संकोच मंदगमनादिको श्रीरघुनाथजी हृदयमें सराहत प्रशंसा करत दोऊ भाई गुरुके समीप गये सराहना केवल रघुनाथजी करते गमन अर्थ में दोऊ भाई यथा किशोरीजी मनोरथ सहित भवानीके ढिग गईं तथा मनोरथ सहित प्रभु गुरु समीप गये १ विलंबकी शंका निवारणार्थ वा निश्छलतार्थ वा निज मनोरथ सफलार्थ कौशिक पाहीं विश्वामित्र जीते श्रीरघुनाथजीने सब कहा सरल सहज स्वभावते जिन वचननमें छल छुइ नहीं गयो है प्रतिअक्षर सांचे वचन भाव निश्छल प्रार्थना करि मनोरथ सिद्ध करावा चाहते हैं यह माधुर्य्य है पुनः ऐश्वर्यमें रामो द्विर्नाभिभाषते २ सुमनफूल पाइ मुनि विश्वा-

मित्रजी हरि प्रतिमाको वा शालग्रामको पूजन कीन इष्टबल पाई तव अशीष दीन वा ऐश्वर्य देश प्रथम वात्सलय भावते पूजाकीन पुनः माधुर्य देशमें दोऊ भाइन को अशीष दीन ३ क्या अशीषदीन कि तुम्हारे मनोरथ सफल होहिं मनोरथकी सफलता सुनि श्रीरघुनाथजी लक्ष्मणजी सुखी भये धनुभंगको असमंजस गयो राजकुमारी की प्राप्ति निश्चय भई यह माधुर्य लीलाहै ऐसेही किशोरीजीको गिरिजा कहेहैं कि ॥ पूजिहि मनकामना तुम्हारी ४ पूजांत मिथिलेश जीके इहांते बोलाव आया तहां जाइ भोजन करि आसनन पर आये तहां प्राकृती होते तौ शयनादि करते मुनिवर तौ विज्ञानी हैं ताते दिनांत पहर जानि पुराणादि कथा कहने लगे ५ दिन विगत बीति गये निशामुख प्राप्त भये गुरु विश्वामित्र की आयसु पाइ दोऊ भाई राजकुमार संध्या करने हेतु चले निकटही नदीहै तामें हाथ पग धोय देवमंदिर के निकट सम पावन भूमिमें आसन बिछाय संध्योपासन करे ६ उस दिन कुछ चतुर्दशी उपरांत क्वार शुक्ल पूर्णिमाहै ताते यावत् प्रभु संध्या कीन्ही तावत् प्राची पूर्व दिशामें शशि चन्द्रमा उदय भयो सुहावा सुन्दर परिपूर्ण है किशोरीजी के वियोगते रहा है दुःख सो जब सियमुखकी सरिस किशोरीजीके मुखके समान चन्द्रदेखे ताते सुख पाये मुख सरिसमें प्रतीपालंकार सुख पाइबेमें सुमिरण ७ इहां समता गुणमात्र सुखदायी सो समतौ यथार्थ नहीं सो आगे कहैंगे अरु स्वाभाविक चंद्रमा विरहमें दुःखदायकहै सो यथा अग्नि पर ईंधन परे प्रथम तौ मूंदि गई जब सुलगी तब अग्निको अधिक प्रचंड करि दियो तैसे चन्द्र सियमुख सम देखनमात्र तौ सुख भयो परंतु पीछे विरह अधिक बढ़ाइ दियो ताते एक गुण बहुत अवगुणको पुनः विचार कीन मनमें सो कहत किशोरीजी को वदन मुख के सम हिमकर चन्द्रमा नहीं है प्रथम सुखद भयो तब किशोरीजी के मुख सम कहि अनेक गुण सूचित करे जब विरहवर्द्धक भयो तब निंदा करे अर्थात् अवगुण कथन करि गुणनको लोप करि दिये ८ दोहार्थ ॥ यथा बारह भूषण स्थूल हैं तथा बारह भूषण सूक्ष्म हैं सोई किशोरीजी में भूषण करि चंद्रमामें दूषण देखावत चंद्रको जन्म सिंधुते सो जड़ औरको बोरनेवाला जनकजी ज्ञानी औरको तारक १ चन्द्रको बंधु विष किशोरी के बंधु लक्ष्मीनिधि सबके सुखद २ चन्द्र दिनमें मलिन किशोरीजीको मुख सदा एकरस प्रकाश ३ चंद्र कलंकसहित किशोरीजीकी कीर्ति पावन ४ पुनः चन्द्र बापुरो रोगपीड़ित अथवा वैश्यवर्ण तुच्छ किशोरीजी निरुज उत्तम क्षात्रियकुलहैं ५ पुनः चंद्रमा रंक अमावसको एक कला रहत सोऊ सूर्यनमें लोप किशोरीजीको मुख सदा शोभाभरा ६ ताते किशोरीजी के मुखकी समता कैसे चन्द्रमा पाइसकत ६ ॥

६३घटै बढ़ै बिरहिनि दुखदाई । ग्रसै राहु निज संधिहि पाई १०
कोक शोकप्रद पंकज द्रोही । अवगुण बहुत चंद्रमा तोही ११
वैदेही मुख पटतर दीन्हे । होइ दोष बड़ अनुचित कीन्हे १२
सियमुखछबि बिधु ब्याज बखानी । गुरुपहँ चले निशा बड़ि जानी १३
करि मुनिचरणसरोज प्रणामा । आयसु पाइ कीन्ह विश्रामा १४
विगतनिशा रघुनायक जागे । बंधु बिलोकि कहन अस लागे १५
उयउ अरुण अवलोकहु ताता । पंकज कोक लोक सुखदाता १६
बोले लषण जोरि युगपानी । प्रभुप्रभाव सूचक मृदुबानी १७
दो० अरुणोदय सकुचे कुमुद, उडुगण ज्योति मलीन ॥
जिमि तुम्हार आगमन सुनि, भये नृपति बलहीन १८

६३ चंद्रमा घटत ७ बढ़त ८ किशोरीजीको तनु बाढ़त शोभा एकरस है ९ चंद्र विरहिनिनको दुःखदाता किशोरीजी सबको सुखद १० निजसंधि भटभेरा पाइ चंद्रको राहु ग्रसत अर्थात् पूर्णिमाको जो राहुकी राशि पर आये समागमते ग्रहण परते हैं किशोरीजी सदा अभय १० कोक चक्रवाक ताको चंद्रमा शोकप्रद दुःखदाता किशोरीजी सबको सुखद ११ चंद्र कमलको द्रोही किशोरीजी निर्वैर १२ इति बारहों दूषण दर्शाय कहत हे चंद्रमा ! तोहिं में वहुत अवगुणहैं ११ अनेकन दूषण भरा चंद्रमा सो किशोरीजीके मुखको पटतर समता दीन्हेते कविको बड़ा दोष होय काहेते जब गुण क्रिया स्वभाव धर्मादि दोऊमें तुल्य होइँ तब समता देना उचितहै इहां दोषी चंद्रमा को किशोरीजीके मुखकी समता दीन्हे बड़ा अनुचित है १२ विधु चंद्रमा ब्याज बहाने अर्थात् चंद्रमाके अवगुण कथन बहाने प्रभु किशोरीजीके मुख की छवि बखान कीन इहां पुरुष विप्रलब्धगुण कथन है तहां संध्या चारि दण्ड तक चाही सो आठ दण्ड बीति गये इति निशा बड़ी बीती जानि गुरुके पास को चले विलंबकी भय माने वा वियोगकी रात्री व्यतीत होने में बड़ी जानि गुरु ढिग गये भाव सत्वार्ता में बीति जाइगी वा कालिह बागको पुनः सखी बुलायो है तेहि आतुरीते राति बड़ी जाने वा किशोरीजीके प्राप्ति की कामना है ताकी हानिकर्त्ता धनुष तापै क्रोधहै ताते मोहरूप रात्री बड़ी जानि ताको निवारक जानि गुरुके पास चले १३ विरहवशते पदपलोटनआदि न भयो केवल मुनिपदकंजको प्रणाम करि आज्ञापाय विश्राम शयन कीन्ह १४ विरह ते नींद नहीं परी याते निशा बीते प्रथमही रघुनायक जागे बंधु लक्ष्मणजी

को पौढ़े देखि ऐसा कहने लगे प्रथम जागन लक्ष्मणजी को उचित रहै सो वक्त आयो नहीं प्रभु जागतही रहे याते कहे १५ हे तात! अरुण सूर्य उदय भये तिनको अवलोकहु देखहु प्रभातकाल धर्मात्मा को देखनो चाही ताहेतु कहत कि पंकज जो कमल कोक चक्रवाक इत्यादिको विशेष सुखदाता अर्थात् निशासमय कमल संपुटित रहत रवि उदयते प्रफुल्लित होत अरु चक्रवाकको वियोग रहत सो रविउये संयोग होत पुनः साधारण सब लोक के सुखदाता हैं १६ युगपाणि दोऊ हाथ जोरिकै लषणलाल बोले क्या बोले प्रभुको प्रभाव प्रताप सूचक प्रताप दर्शाइबे हेतु मृदुवाणी बोले ॥ जाकी कीरति सुयश सुनि होत शत्रु उर ताप। जग डरात सब आपही कहिये ताहि प्रताप १७ दोहार्थ॥ लक्ष्मणजी बोले कि अरुण सूर्य उदय भये तिनको प्रताप देखि कुमुद कोकाबेली सकुचे संपुटित भये अरु उडुगण नक्षत्रनकी ज्योति मलिन भई कौनप्रकार जिमि जाप्रकार आपको यहां आगमन आवन सुनिकै ब्याह आशावाले नृपति राजा ते बुद्धि अरु बाहु दोऊ भांति बल करिकै हीन भये सकुचिकै चुप भये इति बुद्धि बल हीन धनुष न उठाइ सके याते बाहुबलहीन भये १८ ॥

६४ नृपसब नखत करहिं उजियारी। टारि न सकहिं चापतम भारी १९
कमल कोक मधुकर खग नाना। हर्षे सकल निशा अवसाना २०
ऐस्यहि प्रभु सब भक्त तुम्हारे। ह्वैहहिं टूटे धनुष सुखारे २१
उये भानु बिनु श्रम तम नाशा। दुरे नखत जग तेज प्रकाशा २२
रवि निज उदय ब्याज रघुराया। प्रभुप्रताप सब नृपन दिखाया २३
तव भुजबल महिमा उदघाटी। प्रकटी धनुविघटन परिपाटी २४
बंधुवचन सुनि प्रभु मुसुकाने। ह्वै शुचि सहज पुनीत नहाने २५
नित्यक्रिया करि गुरुपहँ आये। चरणसरोज सुभग शिर नाये २६
शतानन्द तब जनक बुलाये। कौशिक मुनिपहँ तुरत पठाये २७
जनक विनय तिन आय सुनाई। हर्षे बोलिलिये द्वउ भाई २८

दो० शतानन्द पद वन्दि प्रभु, बैठे गुरुपहँ जाय॥
चलहु तात मुनि कह्यहु तब, पठवा जनक बुलाय २९

६४ अब धनुरूप निशा देखावत ब्याह आशावाले सब नृप धनुभंग हेतु केवल रूप उजियारी करते हैं परंतु चाप जो शिवको धनुषरूप भारी तम अंधकार ताको टारि नहीं सकते हैं धनुष उठाइ नहीं सकते यथा रात्रि को

तम नक्षत्र नहीं टारिसकते हैं १९ जब निशा अवसान अंत भयो अर्थात् रात्रि बीति गई तब कमल प्रफुल्लित भये कोक चक्रवाकको संयोग भयो मधुकर भ्रमर जे कमल में बंद रहे जब कंज फूले तब बंधन ते छूटे पुनः खग पक्षी नाना कहे अनेक जातिके शुक सारिका कोकिल मोर पारावतादि ते वास थलते उठि चुगने हेतु चले इत्यादि सकल भोर भये हर्षे आनंदित भये इहां तुल्य योग्यतालंकार है २० प्रथम चारि उपमान कहे अब चारि भक्त उपमेय देखाते हैं हे प्रभु ! ऐसेही चारि प्रकार के जे तुम्हारे भक्त हैं ते सब धनुष टूटे सुखारे सुखी ह्वैहैं यथा धार्मिकराज मुनिवृंद लषणलाल आदि जिज्ञासू भक्त हैं ते कमलसम संपुटित हैं ते प्रफुल्लित होइँगे पुनः सखिन सहित किशोरीजी चक्रवाकीसम आर्त हैं तिनको वियोग दुःख जाई संयोग सुख प्राप्त होई पुनः पुरवासी रानीसहित जनकजी भ्रमरसम धर्मबंधन में बद्ध अर्थार्थी हैं ते बंधनते छूटैंगे पुनः विश्वामित्रादि ज्ञानी परमतत्त्ववत् लाभ पावहिंगे इति सब सुखी २१ अब प्रतापको रूप दर्शावत उये भानु सूर्य उदय भयेते विना श्रम तम नाश भयो अर्थात् कुछ उपाय परिश्रम सूर्यने नहीं कियो केवल प्रताप देखतही अंधकार आपही डरिकै भागि गयो पुनः जब सूर्यनको तेज जगत्में प्रकाश भयो घाम फैल्यो तब नखत दुरे आपही लोप होगये तेजहीन भये २२ हे रघुराज ! रवि निज अपने उदय-ब्याज बहानेते प्रभु आपको प्रताप सब नृपनको दिखाया भाव इसीभांति श्रीरघुनाथजीको प्रताप उदय होइगो अथवा हे रघुराज ! जो आपने कहा कि सूर्य उदय भये सो तौ एक ब्याजमात्र है यथार्थ सूर्य तौ आपही उदय है प्रभु अपनो प्रताप सब राजनको देखाया जाकी कीर्ति यश सुनि सब डरे ताको प्रताप कही इहां अहल्याको उद्धारे सो कीर्ति ऋषिमखकी रक्षा कीन्हे सो सुयश इत्यादि सुनि सब दबे प्रताप उदय जब धनु तोरैंगे परशुरामको मानभंग करैंगे तब विशेष प्रताप घामवत् दर्शाइगो २३ उहां सूर्य उदयाचल की घाटीमें उदय भये इहां तब कहे तुम्हारे भुजनको जो बल है सोई उदयाचल की घाटी है ताके द्वारा धनुष विघटन टूटने पर प्रताप प्रकटी प्रताप सूर्यवत् प्रसिद्ध सबको देखि परी कदापि कहौ कि अबहीं तो धनुष वर्तमान है तुम कैसे कहत हो ताहेतु कहत कि यह तौ परिपाटी है परंपराते यही रीति है यह धनुष आपही तोरते हो ऐसेही अध्यात्म में किशोरीजी कहा है कि हम बहुती रामायणै सुना है तिनमें जब जब श्रीराम वनको गये तब तब जानकीजी साथही गईं तौ हमको क्यों रोकते हौ २४ बंधु लषणलाल के वचन सुनि गुप्त बातको प्रकट कहते हैं यह जानि प्रभु मुसकाने पुनः कवि

की उक्ति है कि जे प्रभु सहजमें पुनीत सदा शुद्ध पावनरूप तेई प्रभु नैमित्त्य लीलामात्र शुचि ह्वै शौच क्रियाकरि पावन ह्वै नहाने सरितामें स्नान करते भये २५ पुनः नित्यक्रिया या पूजा पाठादि जो नित्य नियम सो करि गुरु विश्वामित्रजीके पास को आये सरोज कमलसम जो चरण सुभग सब ऐश्वर्य देनेवाले तिनमें प्रभु शिर नाये वा सुभग ऐश्वर्यको भरा सुंदर शिर मुनिपद कंजमें नवाये २६ तब ताही समय जनकजी शतानंदको बुलाय तुरतही कौशिक मुनि विश्वामित्रजीके पास बुलावने हेतु पठाये आजहीको दिन प्रणमें बाकी है इस आतुरताते शीघ्रता कीन्हे २७ ते शतानंद जनकजी की विनय आइकै सुनावते भये अर्थात् राजकुमारन सहित आपको वोलावते हैं सो सुनि मुनि हर्षे कि आजु बड़ा आनंदलाभ है पुनः दोऊ भाई लषणलाल सहित श्रीरघुनाथजीको अपने ढिगको बुलाइ लिये २८ दोहार्थ ॥ प्रभु आइ शतानंदके पदवंदि प्रणाम करि पुनः गुरु विश्वामित्रजी के पास जाइ बैठे तव मुनि विश्वामित्रजी कहेउ कि हे तात ! जनकजी बुलाइ पठयो है ताते रंगभूमिको चलो २९ ॥

६५ सीयस्वयंवर देखिय जाई। ईश काहि धौं देइ बड़ाई ३०
लषण कहा यशभाजन सोई। नाथ कृपा तव जापर होई ३१
हर्षे मुनि सब सुनि वरबानी। दीन्ह अशीष सबहिं सुख मानी ३२

६५ रंगभूमिमें जाइ जनकनंदनीको स्वयंवर देखिये कि लोकोत्तर बड़ाई आजु ईश ईश्वर केहिको देइ केहिके हाथ धनुभंग होइ ३० तब लषणलाल कहा कि हे नाथ ! तव कहे आपकी कृपा जापर जाके ऊपर आप कृपा करिहौ वा जापर कृपा किहेह्वै हौ सोई यशभाजन है सोई इस यशभरनेको पात्र है दूसरेमें नहीं अँबाइसक्ता है ३१ वरबानी अर्थात् देश काल समय सुहावनी थोड़ वर्ण अर्थ बड़ो विलक्षण चातुरी हास्यरसयुक्त श्रवणरोचक गूढ़आशय सनेहवर्धक ऐसी वरबानी लषणलालकी कही सुनिकै सब मुनि समाजभरि हर्षे अभिप्राय विचारि आनंद भये पुनः समयके सुहावने विचारि सब मुनिन कहने कोभी सुख माना अर्थात् वृद्धनकी समाजमें बालकनकी कही बात भली नहीं लागत यह वानी समय सुहावनी सुनि सब सुख माने ताते सब मुनिन लषणलालको आशीर्वाद दीन कि तुम्हारा मनोरथ सफल होइ ३२ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामजानकीगुप्तविरह पुनः शतानंदविश्वामित्रवार्त्तावर्णनोनाम चतुश्चत्वारिंशः प्रकाशः ४४ ॥

६६ पुनि मुनिवृन्द समेत कृपाला। देखन चले धनुषमखशाला १
रङ्गभूमि आये द्वउ भाई। अस सुधि सब पुरवासिन पाई २
चले सकल गृह काज बिसारी। बालक युवा जरठ नर नारी ३
देखा जनक भीर भइ भारी। शुचि सेवक सब लिये हँकारी ४
तुरत सकल लोगन पहँ जाहू। आसन उचित देहु सबकाहू ५
दो० कहि मृदुवचन विनीत तिन, बैठारे नर नारि ॥
उत्तम मध्यम नीच लघु, निज निज थल अनुहारि ६

६६ पुनः कृपाके स्थान श्रीरघुनाथजी मुनिनके वृन्दसमेत धनुषयज्ञ की शाला रंगभूमि देखनेहेतु चले इहां शृङ्गार वीररसको प्रसंग है ताते मुनि को प्रधान नहीं कहे १ अवधेशकुमार दोऊ भाई रंगभूमिमें आये अस सुधि ऐसी खबरि सब पुरवासी पाये इहां केवल शृङ्गार ताते मुनिनको संगहू नहीं कहे २ स्वातिबुंदसम राजकुमारनके दर्शनके प्यासे चातकसम पुरवासी बालक, युवा, जरठ वृद्ध अवस्थावाले नर नारी अपने घरनको कार्य बिसारि राजकुमारन के देखने हेतु सकल चले जासमय शतानंद बोलावने चले तैसेही सब आगम खबरि पाय चले ताते पुरवासी प्रथमही रंगभूमिमें पहुँचि गये ३ जनकजीने देखा कि रंगभूमिमें बड़ी भारी भीर भई सदाते अधिक तिनके बैठावने हेतु जे शुद्धधर्मवाले पवित्र मन क्रम आज्ञाकारी मधुरभाषी ऐसे शुचि पावन सेवकन को सबको हँकारि कहे अपने ढिग बोलाइ लिये ४ तिन सेवकनको जनकजी आज्ञा दिये कि भीर बड़ी भई ताते तुरतही सब लोगन के पास जाउ यथायोग्य सबकाहूको उचित आसन दै बैठारि देउ ५ दोहार्थ॥ तिन सेवकन जाइ विनीत विशेष नीति के मृदु कोमल वचन कहि के समुझाय नर नारीआदि सबको बैठारे कौनभांति वर्णवर्णके बैठक न्यारे तामें उत्तमकुल आगे मध्यमकुल पाछे नीचकुल तिनते पाछे लघुकुल सबते पाछे इत्यादि निजकुलकी अनुहारि जैसा बैठक शोभित होइ तैसेही थल पर सब बैठे हैं ६ ॥

६७ राजकुँवर त्यहि अवसर आये। मनहुँ मनोहरता छवि छाये ७
गुणसागर नागर वरवीरा। सुन्दर श्यामल गौर शरीरा ८
राजसमाज विराजत रूरे। उडुगणमहँ जनु युगविधु पूरे ९
जिनके रही भावना जैसी। प्रभुमूरति देखी तिन तैसी १०
देखहिं भूप महारण धीरा। मनहुँ वीररस धरे शरीरा ११

डरे कुटिलनृप प्रभुहिं निहारी। मनहुँ भयानक मूरति भारी १२
रहे असुर छल जो निजवेखा। तिन प्रभु प्रकट कालसम देखा १३
पुरवासिन देखे दूउ भाई। नरभूषण लोचन सुखदाई १४
दो० नारि विलोकहिं हर्षि हिय, निज निज रुचि अनुरूप॥
जनु सोहत शृङ्गार धरि, मूरति परम अनूप १५

६७ सबलोग बैठि भये ताही अवसर में राजकुँवर लषणलाल सहित श्रीरघुनाथ जी रंगभूमि में आये कैसे शोभायमान रूप हैं मानो तनुमें मनोहरता छाये हैं जिनको देखतही मन हरिजात इहां रूपकी आधिक्यता वर्णन है यथा चुंबक लोहाको खैंचत तथा चित्तको खैंचै ताको रूप कही ७ गुणन के समुद्र यथा॥ करुणा उदार शील क्षमा दया धार नीति प्रीतिको अगार ज्ञान चातुरी सुधरे हैं। सुलभ गँभीर थिर सुहृद सधीर कृतज्ञात जन पीर जू शरणपाल करे हैं॥ लोकन प्रसिद्ध वात्सल्यताको निधि एक रस जग वृद्ध रघुवंशकुल खरे हैं। दीनन उबार बैजनाथ निरधार इमि कोशलकुमार में अपार गुण भरे हैं॥ पुनः नागर कहे चातुर्यता परिपूर्ण हैं अर्थात् समग्र विद्या सबकी भाषा जानते हैं ॥ भगवद्गुणदर्पणे ॥ भूतप्रेतपिशाचानां भाषाविद्राघवः प्रभुः । दैत्यदानवनागानां भाषाभिज्ञो रघूद्वहः ॥ गीर्वाणवाणीनिपुणो रामस्तैः प्रणतः सदा। कीटपक्षिपतङ्गानां रुतज्ञो रसिकोपि यः॥ महाशाकुनिको रामः सामुद्रागमपारगः। ग्रामारण्यपशूनां च भाषाभिर्व्यवहारकृत् ॥ पुनः वर कहे श्रेष्ठ वीर पांचों वीर ताते परिपूर्ण हैं यथा॥ त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः। पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदा स्वतः॥ पञ्चवीराः समाख्याता राम एव स पञ्चधा । रघुवीर इति ख्यातः सर्व्वीरोपलक्षणः ॥ श्यामशरीर रघुनाथजी गौर शरीर लक्ष्मणजी दोऊ सुन्दर सर्वांग सुठौर बने ८ राजसमाज लोकनके यावत् राजा आये हैं अपने विभवसमेत सब बैठे हैं तिन राजनकी समाजमें दोऊ राजकुमार रूरे कहे अत्यन्त सुन्दर प्रकाशमान कैसे विराजमान हैं जनु जाभांति उडुगण नक्षत्रनमें युगविधु दुइ चंद्रमा पूरे षोड़शोकला पूर्ण प्रकाशमान देखात ९ जिन पुरुष स्त्रिनके जैसी मनमें भावना रही जो जैसा भाव माने हैं तिन तैसीहीं प्रभुकी मूर्ति देखी गुप्त ऐश्वर्य प्रकटे ताते मूर्ति कहे १० प्रधान तौ शृङ्गाररस है परन्तु यासमय वीरता के अधिकार ते प्रथम वीररस कहत देशांतरी यावत् भूप राजा हैं ते महारणधीररूप प्रभुको देखते हैं कैसा मानहुँ वीररस सोई राजकुमारको शरीर धरे विराजमान है वीरनको वीर

देखाने कि निश्चय धनुष तोरैंगे ११ तेहिमें जे क्रूरस्वभाववाले कुटिल राजा हैं अनीतिमें रत ते प्रभुको देखि डरिउठे कैसा रूप देखिकै डरे मानहुँ भयानकरस सोई आइ राजसभा में भारी मूर्तिधरि विराजमान है भारी कहिवे को भाव कि छोटारूप भयानकभी होइ ताको कोऊ विशेष नहीं डरत ताते भारी मूरति भयानक १२ जे छलते राजनको रूप वेष बनाये असुर कहे दैत्य वा राक्षस रहे तिन प्रभुको सक्रोध कालसम प्रकट देखां ऐसा सक्रोध भयानक करालरूप देखात मानो ग्रास करिलेने चाहत इनको रौद्ररस देखाये १३ जनकपुरवासी बाल, युवा, वृद्ध, स्त्री, पुरुष ते दोऊ भाई जैसे पूर्व देखे हैं तैसेही देखत कैसे नरभूषण अर्थात् रूप तेजमय समाज को भूषित करनेवाले लोचन नेत्रनको सुख देनेवाले जिनको देखि नेत्र पलकरहित होत माधुरी भरे दोऊ भाई देखे यामें बहुते रसनको बोध सो आगे कहत १४ दोहार्थ॥ पुरकी नारी अलभ्यलाभ पाये ताते हियेमें हर्षिकै निज अपनी अपनी रुचि इच्छापूर्वक प्रभुको विलोकती हैं तिनके हेतु जनु परम अनूप मूर्ति धरि शृङ्गाररस सोहत है इहां जे कुमारीहैं ते शुद्ध शृङ्गारमयरूप देखती हैं अरु जे विवाहिता हैं ते हास्ययुत शृङ्गार देखती हैं याते परमअनूप कहे वा मुग्धा शृङ्गारकी मूर्ति देखती हैं मध्या परमशृङ्गार की मूर्ति देखे जे प्रौढ़ाहैं ते परमअनूप शृङ्गारकी मूर्ति देखें अथवा पुरवासी जे युवाअवस्था वालपर्यंत ते दोऊ राजकुमारन को भाई करिकै सख्यरसमय देखते हैं ताही भांतिकी युवा कुमारी आदि जे नारीहैं ते निजनिज रुचि अनुरूप अनेकन भाव किये हैं तिनके मनोरथ अनुकूल प्रभुरूप देखात तहां मुग्धन शुद्ध शृङ्गारही देखात मध्यमको लज्जा मैनमय कटाक्षयुत परमशृङ्गार देखात प्रौढ़नको मैनबाणसी कटाक्षयुत परम शृङ्गारकी मूर्ति देखात १५॥

६८ विदुषन प्रभु विराटमयदीसा। बहुमुख कर पग लोचन शीसा १६
जनकजाति अवलोकहिं कैसे। सजन सगे प्रिय लागहिं जैसे १७
सहित विदेह विलोकहिं रानी। शिशुसम प्रीति न जाय बखानी १८
योगिन परम तत्त्वमय भासा। शान्त शुद्धसम सहज प्रकासा १९
हरिभक्तन देखे द्वउ भ्राता। इष्टदेव इव सब सुखदाता २०
रामहिं चितव भाव ज्यहि सीया। सो सनेह सुख नहिं कथनीया २१
उरअनुभवित न कहिसक सोऊ। कौन प्रकार कहै कवि कोऊ २२
ज्यहिविधि रहा जाहि जस भाऊ। त्यहि तस देख्यो कोशलराऊ २३

दो० राजत राजसमाज महँ, कोशलराज किशोर॥

सुन्दर श्यामल गौरतनु, विश्वविलोचन चोर २४

६८ विदुष पंडितजन जेहैं तिन प्रभुको विराट्मय रूप देखा कैसा रूप जाके बहुत कर कहे हाथ, बहुत मुख, बहुत पांव, बहुत लोचन कहे नेत्र, बहुत शीश जो रूप वेद गावत यथा॥ ओं सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। सभूमिꣳ सर्वतस्पृत्वात्यातिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥ ऐसा विराट्मय रूप शांतरसमें विदुषजननको प्रभु देखात १६ जनकजीके जाति निमिवंशी ते सब कैसे प्रभु को देखते हैं यथा सगे सजन जामातृ सगे ऐसे प्रिय लागते हैं अथवा सगे विमातृ मिथिलेशजी दश भाई हैं तहां इनके पिता ह्रस्वरोमजीके तीन रानी हैं बड़ी शुभा हैं ताके बड़े पुत्र सीरध्वज जनकजी दूसरे कुशध्वज दूसरी रानी सदा हैं तिनके शत्रुजित्, यशशालि, अरिमर्दन, रिपुतापन इति चारि पुत्रहैं तीसरी रानी सर्वदा हैं तिनके महिमंगल, बलाकर, तेजस्थ, महावीर्य ये चारि पुत्र हैं इत्यादि सब सगे जामातृकरि देखत तहां ये आठोंके आठ कन्या रहैं तेऊ जानकीजी की सखी संगही आई हैं ताते जामातृकरि देखत अरु कुशकेतुकी दोऊ कन्या भरत शत्रुघ्नको ब्याही गईं १७ सहित विदेह सुनयना रानी प्रभुको कैसे देखत शिशुसम पुत्रवत् प्रीति जो बखानी नहीं जाति यामें शुद्ध वात्सल्यरस है पुत्रकी सम प्रीति जामातृभाव १८ योगी जननको प्रभुको रूप परमतत्त्वमय भासा अंतर्यामीवत् रूप देखिपरो कैसो शांत थिर आनंद पुनः शुद्धसत्त्वरूप अशुद्धतारहित पुनः सम सदा एकरस विषमतारहित सहजही में प्रकाशमान इनको शांतरसमय देखानो १९ आर्त, अर्थार्थी, जिज्ञासू, ज्ञानी वा नवधा प्रेमा परावाले जे हरिभक्त हैं ते दोऊ भाई देखे श्याम गौर चित्तचोर कोशलकिशोर इष्टदेव इव कृपा, दया, सौशील्य, उदारतादि गुणके भरे सब प्रकार सुखके दाता इनको दास्यरस देखानो २० जेहि भावते किशोरीजी श्रीरघुनाथजी को चितवती हैं पूर्ण-चन्द्र चकोरीवत् यकटक निहारती हैं सो श्रीराम जानकीको सनेह मुखते कथनीय नहीं है कहत नहीं बनत किसकी उपमा दै वर्णन कीजै यथा चन्द्र चकोर चातक स्वाती इनकी एकांगी प्रीति है अरु इहां दोऊमुख चन्द्र चकोर चकोरी हैं पुनः कोऊ नवरस प्रधानता नहीं पावत परस्पर अवलोकन ते यद्यपि आलम्बनशृङ्गार है परंतु जब प्रणकी सुधि आवत तब करुणारस अपनी दिशि खैंचिलेत जब बल वीर्यादि प्रभुके गुण विचारत तब वीररस अपनी दिशि खैंचिलेत जब प्रभुतनु की सुकुमारता देखत तब हास्यरस अपनी दिशि खैंचिलेत प्रभुकी शोभा अवलोकत में शक्ति बलादि गुणकी सुधि आवत तब अद्भुतरस अपनी दिशि खैंचिलेत धनुष की गुरुता में

वीभत्स कठोरता में भयानक पिताने वृथाही प्रण किया यामें रौद्र प्रभु में अपनो सत्य सनेह विचारत सख्य रघुपतिकी दासी भगवान् करैंगे यामें दास्य भगवान् सबउरवासी हैं यामें शांतरस सब रसनकी हानिकर्ता २१ इहां समय,समाज, चेष्टा, वचन, मनोरथादि विचारेते कविनके उरमें पूर्ववत् अनेकन रस अनुभवत उरमें दर्शत परंतु कहि नहीं सकत काहेते निमिषमात्र तौ एकरस ठहरता नहीं ताको कोऊ कवि कौन विधि कहै सत् कवि ह्वै लबार को बनै इति माधुर्यलीलार्थ अथवा जाभावतें किशोरीजी प्रभुको चितवत सो सनेह मन वाणीते परहै ताते मुखते कहने योग्य नहीं है भक्तजननके उर में अनुभवित दर्शित सोऊ कहिनहीं सकत ताको कोऊ कवि कौनप्रकार कहै२२ लोकविधि में शत्रु, मित्र, पिता, पुत्र, बंधु, पति, पत्नी आदि वेदविधि ब्रह्म, परब्रह्म, ईश्वर, जीव, स्वामी, सेवक, शेष, शेषी, रक्ष्य, रक्षकादि भाव सुर नरादि जाहि जनको जाविधिसों जस भाव रहा त्याहि जनने तैसेही रघुनाथजीको देखा इति ऐश्वर्य २३ दोहार्थ ॥ अब माधुर्य यथा राजन की समाज महँ कोशलराज दशरथजी के किशोर विराजमान हैं कैसे श्याम श्रीरघुनाथजी गौरतनु लषणलाल सुन्दर सर्वांग सुठौर बने ऐसे मनोहर कि विश्वभरे विलोचन नेत्रन के चोर देखनेते नेत्र आसक्त होत २४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे प्रभुरङ्गभूम्यागमनानेकरूपदर्श-
वर्णनोनामपञ्चचत्वारिंशः प्रकाशः ४५ ॥

६९ सहज मनोहर मूरति दोऊ। कोटिकाम उपमा लघु सोऊ १
शरदचन्द्र निन्दक मुख नीके। नीरज नयन भावते जीके २
चितवनि चारु मारमद हरणी। भावत हृदय जात नहिं बरणी ३
कलकपोल श्रुतिकुण्डल लोला। चिबुक अधर सुन्दर मृदु बोला ४
कुमुद बन्धुकर निन्दकहासा। भृकुटी विकट मनोहर नासा ५
भालविशाल तिलक झलकाहीं। कच विलोकि अलिअवलि लजाहीं ६
पीतचौतनी शिरनि सुहाई। कुसुमकली बिचबीच बनाई ७
रेखा रुचिर कम्बुकल ग्रीवा। जनु त्रिभुवन सुषमाकी सींवा ८

दो० कुञ्जरमणि कण्ठाकलित, उरनि तुलसिका माल॥
वृषभकन्ध केहरिठवनि, बलनिधि बाहु विशाल ६

६९ प्रथम ऐश्वर्य दर्शाय अब माधुर्यमें शोभा वर्णन करत भूषण

शृङ्गारादि उपायहीन सहजहीमें श्याम गौर दोऊ मूर्ति मनोहर देखनहार को मन हर लेनेवाले हैं इनकी समताको जो कोटिन काम की शोभा एकत्र करि उपमा दीजै सोऊ लघुनाम थोरी शोभा है १ अमल पूर्ण प्रकाशमान प्रसन्नमुख कैसे नीके शोभाभरे हैं जे शरद्पूर्णचन्द्रमा की निन्दा करते हैं भाव अपने गुणनते चन्द्रके अवगुण दर्शावत यथा कलंकी दिनको मन्द राहुते सभय इत्यादि पुनः बड़े लम्बे रतनारे समशील रसीले नयन कैसे नीके हैं जे अपने गुणन ते कमलके अवगुण दर्शावते हैं यथा निशिमें संपुटित शीतते सभीत इत्यादि उपमा रहित जीव को भावते हैं भाव ऐसी शोभा है जो जीवमात्रन को भले लागते हैं भाव सबपर दयादृष्टि किहे हैं अथवा कंज निशिमें फीका चन्द्र दिनमें फीका मुख नेत्र सदैव नीके हैं पुनः चन्द्र कमलते शत्रुता राखत इति दूषण है इहां मुखचन्द्र सदा प्रकाशमान पुनः नयनकंज जीवके भावते हैं अर्थात् मुखचन्द्र नयन कमलनको प्यार करि अपनेही में सदा बसाये हैं इति उत्तमताते नीके नीकी भांति मुखचन्द्र शरद्चन्द्रकी निन्दा करत २ तिरछी कटाक्ष कामबाण की उपमा देत कामबाण विषय है इहां चितवनि चारु नाम सुन्दरि सम है ताहू पर बाणन को जो कामको मद है ताको हरनेवाली चितवनि है सो देखत में हृदय ते भावत परंतु वर्णी नहीं जात उपमा देते नहीं बनत हृदय तौ वामें आसक्त है वाणी कैसे कहै ३ मैन आदर्शसे गोल कल कहे सुंदर कपोल तिनपर श्रुति जो कान तिनमें कुण्डल पहिरेते लोलनाम चंचल कपोलन पर हालिरहे हैं गोल श्याममणिसम चिबुक जो ठोढ़ी पीतबिन्दुसहित मनोहर पक्वबिम्बवत् अरुण मृदुल अधर जो ओठ सुंदर सुढर बने मृदु कहे कोमल बोल श्रवण रोचक ४ कुमुद कोकी ताको बंधु चंद्रमा ताकी कर किरणि ताकी निन्दा करनेवाली हसनि है भाव हसनि सुमुदप्रकाशक है चन्द्रकिरणि कुमुदप्रकाशक है इति दूषण है कामधनुवार विकट कहे टेढ़ी भृकुटी है शुकतुंडवार चढ़ा उतार मनको हरणहारी नासिका है ५ विशाल कहे बड़ा चौड़ा ऊंचा भाल कहे माथ तापर केसरिको तिलक झलकि रहा श्याम घुंघुवारे ऐंछे रसीले चमकदार कच जो बार कपोलनपर बिथुरे तिनकी शोभा देखि अलि जो भ्रमर तिनकी अवली नाम पंक्ती लजात ६ विविध मणिन युत जरतारी रचित पीतरंगकी चौतनी चौगोसिया टोपी शीशनपर सुहाई नाम सुंदरि लागत टोपी बारनके बीचबीच कुसुम फूलनकी कली वनाये हैं रंगरंगकी पंक्ती शोभित ७ कंबु शंखको निरादर करनेवाली कल नाम सुंदरि समसुघर चढ़ाउतार सचिक्कण ग्रीवा तामें रुचिर कहे सुंदरी तीनि रेखा

कैसी सुहावनी लागत जनु तीनिहुँ भुवन स्वर्ग, भू, पातालादि में यावत् सुषमा नाम शोभा है ताकी सींव नाम मर्यादा हैं ८ दोहार्थ ॥ कुंजरमणि कहे गजमुक्ता तिनकरिकै कलितनाम रचित अर्थात् पाट कलाबत्तू आदिते विचित्र रीतिते गुहा कंठा ग्रीव लग्न धारण किहे उरनि कहे हृदयपर तुलसीदल कुंद कमलादि फूलन के वनमाल धारण वृषभसे पुष्ट उन्नत कंधा केहरि जो सिंह ताकी ऐसी ठवनि अर्थात् चलत बैठत उठत सिंहकीसी निश्शंकता अंगनमें दर्शत पुनः बलनिधि बलके अगाध सिंधुसम बाहु विशाल लंबायमान सचिक्कण पुष्ट चढ़ाउतार ९ ॥

७० कटि तूणीर पीत पट बांधे। कर शर धनुष वाम कर कांधे १०
पीत यज्ञउपवीत सुहाये। नख शिख मंजु महाछवि छाये ११
देखि लोग सब भये सुखारे। यकटक लोचन टरहिं न टारे १२
हर्षे जनक देखि द्वउ भाई। मुनि पदकमल गहे तब जाई १३
करि बिनती निजकथा सुनाई। रंगअवनि सब मुनिहिं दिखाई १४
जहँ जहँ जाहिं कुँवरवर दोऊ। तहँ तहँ चकित चितव सब कोऊ १५
निज निज रुचि रामहिं सब देखा। कोउ न जान कछु मर्म विशेखा १६
भलि रचना नृपसन मुनि कह्यऊ। राजा मुदित परम सुख लह्यऊ १७

दो० सब मंचन ते मंच यक, सुंदर विशद विशाल ॥
मुनि समेत द्वउ बंधु तहँ, बैठारे महिपाल १८

७० कटिमें तूणीर नाम तरकस जरतारी विचित्र रचित सोहत पुनः दिव्य पीतपट बांधे दक्षिणकरमें शर बाण विचित्र लिहे वर नाम श्रेष्ठ वाम कांधे पर धनुष विचित्र शोभित १० पीतरंगको नवीन यज्ञोपवीत वामकन्धते दक्षिण कटि पर्यंत तिरछा शोभित देखनहारको सुहात या समय वीररसमय शृङ्गार कहे ताते कटिते नीचेकी शोभा नहीं वर्णन करे संपूर्णता हेतु कहत कि पद नखते शिखापर्यंत महाअद्भुत छवि छाइ रही है ११ श्याम गौर तनु में अद्भुत छवि देखि देखनहारे लोग सब सुखारे सुखी भये मुखचन्द्र अवलोकतमें चकोरसम लोचन नेत्र यकटकते इंद्रियादि विषयन के टारे नेत्र टरते नहीं १२ राजकुमार दोऊ भाइन को आवते देखि जनकजी हर्षे इस आनंदके कारण विश्वामित्र हैं ऐसा विचारि तब जाय मुनिपद कमल गहे पद परसि प्रणाम कीन्हे १३ मिथिलेशजी बोले कि आप परमसमर्थ तपोधनी हरिभक्त महात्मा हौ मेरी अहोभाग्य है जो आप कृपाकरि

इहां आइ मोको परमानंद दीन्हे इत्यादि विनती करि पुनः निज प्रण करिबेकी कथा सुनाये अर्थात् एक दिन रानीको सावकाश न रहै धनुष पूजा हेतु चौकादेनेको कन्याको पठाई वह धनुष उठाय चौकोर चौका दै धनुषधरि चलीआई यह बात जानि विस्मयपूर्वक शिवजीते प्रार्थना कीन्हेउँ शिवजी स्वप्नमें कहिगये कि धनुषभंग करिबेको प्रण करो जो धनुष तोरी ताको विवाहेउ याते प्रण कीन्हेउँ यह कहि पुनः रंगभूमि की समग्र रचना घुमाय कै मुनिको देखावने लगे १४ मुनि संग देखतमें श्रेष्ठ राजकुमार दोऊ जहां जहां जाते हैं तहां तहां समाजीलोग सब चकितह्वै चितवते हैं ललकते देखत १५ प्रीतिते वा वैरते वा उदासीनताते जामें जैसा भाव रहा सो तैसेही निज रुचिअनुकूल प्रभुको सब देखते हैं अर्थात् अनेक भांतिके रूप प्रभु देखावत परंतु विशेष करिकै यह मर्म गुप्तहाल कोऊ नहीं जाना कि और को और भांति देखि परतेहैं १६ समग्र रंगभूमि देखि मुनि विश्वामित्रजी ने कहा कि हे राजन्! बहुत भली रचना निर्माण करायउ सो सुनि जनकजी मुदित ह्वै परम सुखपाये भाव लोकरचनाके करनहार ते मुनि हमारी रचनाको सराहे याते मनमें मुदित भये पुनः मुनि त्रिकालज्ञ प्रसन्न भये तौ अवशि राजकुमार धनु तोरैंगे यह विचारि परम सुख पाये राजकुमार को देखि प्रणकी ताप बुझायगई १७ दोहार्थ ॥ सब मंचनते अधिक जो एक मंच विशाल सबते ऊंचा विशद उज्ज्वल गजदंतमयी रचना पुनः कंचन मणिनते चित्राम परम सुंदर बना कोमल बिछौना बिछाय तहां मुनि समेत दोऊ बंधु राजकुमारन को महिपाल जनकजी बैठारे भाव प्रथम ही सबते ऊंचा आसन दिये यह शकुन सूचनिका है १८॥

७१ प्रभुहिं देखिसबनृपहियहारे। जनु राकेश उदय भे तारे १९
असि प्रतीति सबके मन माहीं। राम चाप तोरब सक नाहीं २०
बिनु भंजे भवधनुष विशाला। मेलिहि सीय राम उर माला २१
अस विचारि गवनहु घर भाई। यश प्रताप बल तेज गँवाई २२
बिहँसे अपर भूप सुनि बानी। जे अविवेक अधम अभिमानी २३
तोरेहु धनुष ब्याह अवगाहा। बिनु तोरे को कुँवरि विवाहा २४
एक बार कालहु किन होऊ। सियहित समर जितब हम सोऊ २५
यहसुनि अपर भूप मुसुकाने। धर्मशील हरिभक्त सयाने २६
सो० सीय विवाहब राम, गर्व तोरि सब नृपन कर॥
जीति को सक संग्राम, दशरथ के रण बाँकुरे २७

७१ एक तौ रघुवंशी मंडलेश्वरके पुत्र पुनः ऊंचे बैठे पुनः तपोधनी विश्वामित्र सहायक पुनः सबल प्रतापी समर्थ वीर इत्यादि प्रभुको देखि सब राजा हियेते हारिगये मुखमलीन परिगा कैसे जैसे राकेश पूर्णिमाको चंद्रमाके उदयभयेते तारे नक्षत्र धूमिल परजातेहैं १९ काहे ते धूमिलपरे यह प्रतीति सब राजन के मनमें आइगई कि शिवचाप श्रीरघुनाथजी निश्चय करि तोरैंगे यामें शक नहीं है जो राक्षस मारे अहल्या तारे तौ चाप तोरिबे में कौन शक २० कदापि कहौ कि शिवको धनुष विशाल बड़ाभारी गरू कठोर है जो न टूटै तौ धनुषके विना टूटेहू जानकीजी श्रीरघुनाथैजीके उर में जयमाल पहिरावैंगी तात सब भांति अन्य राजनको आसरा करना वृथा है २१ अस पूर्ववत् विचारि अपनो यश प्रताप बल तेज गँवाइ भाव मुखमें मसिलगाइ हे भाई! अपने घरन को गवनहु चलो इहांकी आशा छोड़ो अपना काम देखो जाइ २२ इति सुबुद्धी राजनकी कही वाणी सुनि जे राजा अविवेकी अभिमानी हैं जिनके अज्ञानते ज्ञाननेत्र बंद अभिमान ते बुद्धिनेत्र बंद ते अधम राजा अपर दुष्ट हँसे बातको अनादर किये २३ दुष्ट बोले कि जो धनुष तोरैंगे तबहूं ब्याह होना अवगाह हमलोगों का युद्ध अथाह है विना हमैं जीते सुगम ब्याह न करने पावहिंगे अरु विना धनुष तोरे राजकुँवरि को कौन ब्याहि सकत २४ काहेते राजनकी कौन गिनती एक बार जो कालहु आवै तौ जानकीके विवाह हेतु समरमें हम जीतिलेइँगे यही अभिमानकी वार्ता है २५ यह दुष्टनकी कही सुनि जे और राजा धर्मशील सुधर्ममें रत रहैं पुनः जे हरिभक्त रहैं पुनः जे सयाने बुद्धिमान् रहैं ते मुसकाने दुष्टनकी बात को अनादर कीन्हे २६ सोरठार्थ ॥ सयाने राजा बोले कि दुष्ट नृपनको गर्व तोरि जानकीजी को श्रीरघुनाथजी विवाहैंगे जो कहौ कि हम युद्ध कराहिंगे तौ ये दशरथ महाराज के निश्चयकरि पुत्रहैं पुनः रणमें बांकुरे बांके वीर हैं जिन निशाचरनको जीते नरनकी कौन गिनती तिनको संग्राम में कौन जीति सकैगो २७॥

७२ वृथामरहु जनि गाल बजाई। मन मोदक की भूंख बुताई २८
सिख हमारि सुनि परम पुनीता। जगदंबा जानहु जिय सीता २९
जगत पिता रघुपतिहि बिचारी। भरि लोचन छवि लेहु निहारी ३०
सुंदर सुखद सकल गुण रासी। ये द्वउ बंधु शंभु उरवासी ३१
सुधासमुद्र समीप विहाई। मृगजल निरखि मरहु कत धाई ३२
करहु जाइ जाकहँ जस भावा। हमतौ आजु जन्मफल पावा ३३

अस कहि भले भूप अनुरागे । रूप अनूप विलोकन लागे ३४
देखहिं सुर नभ चढ़े बिमाना । वर्षहिं सुमन करहिं कलगाना ३५
दो० जानि सुअवसर जनक तब, पठई सीय बुलाइ ॥
चतुर सखी सुंदरि सकल, सादर चलीं लिवाइ ३६

७२ वृथाही गालबजाइ क्यों मृत्यु बिसहते हौ अर्थात् कुवचन कहौगे सुनतही लषणलाल सबको संहार करहिंगे पुनः जानकीके विवाह करिबेको जो मनोरथ करते हौ सोभी वृथा है अर्थात् तुम्हारा व्याह नहींहै सकत कौन भांति यथा मनोरथमात्र मोदक लड्डूखातमें कहौं भूंख बुतात भूंख तौ लड्डू खाये जात सो मिलना दुर्घट है तैसे तुम्हारा मनोरथ है २८ धर्मशील राजा बोले कि परमपुनीत पवित्र हमारी सिखावन सुनो मानो किशोरी में पत्नीभाव अपावनता है सो त्यागि पुनीतता क्या सिखावन कि श्रीजानकीजी को जगत् की अंबा माता जानो २९ तैसे ही जगत्के पिता श्रीरघुनाथजी को विचारो अर्थात् इनको राजकुमारी राजपुत्र न जानो जगत्के उत्पत्ति पालनादिकर्ता आदि शक्ति परब्रह्म जानि लोचन नेत्रन भरि अघायकै छविनिहारि जन्म सफल करिलेउ ३० हरिभक्त बोले कि सुन्दर सर्वांग सुठौर बने अर्थात् माधुर्य गुणके भरे पुनः सुख दया कृपा शील उदारतादि गुणनते सब जगको सुख देनेहारे इत्यादि ऐश्वर्यादि सकल गुणनके राशि ये दोऊ श्रीराम जानकी पुनः बंधु लषणादि सहित शंभु उरके वासी शिवके इष्टदेव साकेतविहारी परब्रह्म हैं ३१ ऐसे परब्रह्म जो ब्रह्मादिको दुर्लभ तिनके सुलभदर्शन इति सुधा अमृत को समुद्र समीपही पाइ ताको विहाय त्यागिकै मृगजल रविकिरण की जलवत् झूठी लहरी देखि मृगाइव धाइ जनि मरो भाव आदिशक्तिके संग विवाहको मनोरथ झूठा जल है ३२ दिशाभ्रमवत् तुमलोगोंकी मति उलटी है सो क्यों समुझोगे ताते जाको जैसा मनभावै सो तैसा करहु जाइ हमतौ आजु जन्मधरेको फल श्रीराम जानकीके दर्शन पावा सो प्रेमसहित नेत्रनभरि अवलोकन करैंगे यह अलभ्यलाभ पावा ३३ ऐसा पूर्ववत् कहि भले भूप हरिभक्त राजा प्रभुको जानि अनुरागे प्रीतिरंग में नेत्र रँगिगये ताते श्याम अनूपरूप को अवलोकन लगे ३४ इति समाजकी थिरता कहि व्योमको हाल कहत रंगभूमि को उत्सव ताको नभते देवता देखते हैं कौन भांति विमाननपर चढ़े फुल वर्षत कल सुन्दर शब्द स्वरते विवाह उत्सव गानकरत ३५ दोहार्थ ॥ समग्र राजसभादि बैठी श्रीरघुनाथजीहू आइगये इति सुन्दर अवसर जानि श्रीजनकजी ताही समय श्रीजानकीजीको बुलाइ

पठये नृपआज्ञाते शतानंद जाइ रानीते कहे कि समाजके बीच कुमारीको पठावो रानीकी आज्ञा पाय चतुर सुभगादि सब सुन्दरी सखी आदरसहित सेवा साजलिहे किशोरीजीको लेवाइ ले चलती भई हाथमें जयमाला लिहे मध्यमें किशोरीजी चमर छत्र व्यजनादि लिहे दाहिने बायें पीछे सबसखी पुनः सबराजन को नाम कुल गुणादि वर्णन करनेवाली बंदीजन की कुमारिका भी साथ हैं ३६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरंगभूमौ रघुवरशोभा
वर्णनं नामषट्चत्वारिंशःप्रकाशः ४६ ॥

७३ सिय शोभा नहिं जाइ बखानी। जगदंबिका रूप गुण खानी १
उपमा सकल मोहिं लघु लागी। प्राकृत नारि अंग अनुरागी २
सीय वरणि किहि उपमा देई। कुकवि कहाय अयश को लेई ३
जो पटतरिय तियन सम सीया। जग अस युवति कहां कमनीया ४
गिरा मुखर तनु अर्द्ध भवानी। रति अति दुखित अतनु पति जानी ५
विष बारुणी बंधु प्रिय जेही। कहिय रमा सम किमि वैदेही ६
जो छविसुधा पयोनिधि होई। परम रूपमय कच्छप सोई ७
शोभा रजु मंदर शृङ्गारू। मथै पाणिपंकज निज मारू ८
दो० यहि विधि उपजै लक्ष्मि जब, सुंदरता सुख मूल ॥
तदपि सकोच समेत कवि, कहहिं सीय सम तूल ९

७३ रंगभूमिको आवत समय किशोरीजीके अंगन में जैसी अद्भुत शोभा देखात सो कविसों वर्णी नहीं जात काहेते एक तौ जगत् की अंबिका माताहैं तिनकी शोभा वर्णन में लज्जाश्लील दूषण होत सो कुकविन को काम है पुनः द्युति लावण्यता सुन्दरता रमणीकता कांति माधुरी मृदुता सुकुमारतादि शोभा गुणनकी खानि जिनको रूप है सो वर्णिवे योग्य बुद्धि नहीं सो कैसे कहि सकत १ पुनः कविन को स्वभाव चंचल होत ताते कहने की इच्छा करि जो जो उपमा देबेको बिचारी तौ सकल उपमा मोहिं लघु लागतीं किशोरीजी की समता योग्य नहीं देखात काहेते सब उपमा प्राकृत लोक नारिन में प्रत्यङ्गन बिषे अनुरागी प्रीतिपूर्वक लागी हैं यथा मुखचंद्र नेत्रकंज कंबुकंठ भुजमृणाल करकमल कटिसिंह जानुरंभ गति गज पदकमलादि लोकनारिनमें कविन लगाइदीन्ही याते जूठी ह्वै गईं इति लघुताहै २ तिन जूठी

उपमनको लगाइ किशोरीजीके अंगको वर्णनकरै काहेते कुकवि कहाय लोकमें अयश को लेवै अर्थात् जा चंद्रसम लोकनारिन को मुख कहा है ताही चंद्रसम किशोरीजी को मुख कहना यह दूषण कहेते कुकवि कहावैं पुनः बड़े हीराको कांच सम कहना यह अयश है सो कौन लेवै ३ जो अपर तियन सम किशोरीजी को पटतरिये उपमादीजै कि अमुकनारी सम किशोरीजी हैं तौ किशोरीजी ऐसी कमनीय सुन्दर युवती युवा वयवाली जगमें कहां हैं अर्थात् स्त्रिनमें विशेष शोभा तौ मुग्धाअवस्था में होत सो यावत् सुन्दरी स्त्री हैं ते मुग्धा मध्या कौन कहे प्रौढ़ामें बाधा है अर्थात् बड़ी अवस्थाकी ह्वैचुकीं अरु किशोरीजी की अबहीं मुग्धा अवस्था है इति अवस्थाविरोध स्वाभाविक उपमानमें दूषण है ताते समता योग्य हई नहीं तौ उपमा कैसे बनै ४ पुनः जब उपमेय को धर्म उपमानमें मिलै तब उपमा कहिवे योग्य होत तहां क्रिया गुण स्वभावयुक्त होय ताको धर्म कही सोऊ विरोध है यथा गिरा सरस्वती स्वरूपवती हैं परंतु मुखर बकवादिनी हैं अरु किशोरीजीको गरू स्वभाव है इति स्वभावमें विरोध पुनः भवानी सुंदरी हैं परंतु तनु आधे है किशोरीजी सर्वांग परिपूर्णहैं इति गुणमें विरोध पुनः रति सुंदरी है परंतु अत्यन्तदुःखित है क्योंकि पतितनुरहित जानि उदासीन चेष्टा रखती अरु किशोरीजी सदा प्रसन्न इति क्रियामें विरोध ५ पुनः लक्ष्मीजी सुंदरी हैं परंतु जिनके बंधु प्यारे विष अरु वारुणी हैं तहां विषको पानकरि शिव ऐसे समर्थ चैतन्य सोऊ बावलेभये सो विषकी भगिनी हैं कुछ तौ स्वभाव होबैकरी पुनः वारुणी पानते मदांध होत सो क्रिया इनमेंभी होइगी पुनः जड़ समुद्रकी सुता तिन रमाकी समान वैदेहीको कैसे कहिये जो ज्ञानीकी पुत्री हैं इत्यादि अनेक दूषण देखाय उपमेयकी अनूपता दृढ़करे ६ अब उपमान की सामां बांधत यथा जो छवि सहित सुधा अमृतमय क्षीरसागर होइ अर्थात् क्षीरमें गुण अवगुण दोऊ हैं अमृतमें केवल गुणै है सोऊ छविमय होइ पुनः जो पूर्वरहाहै सोई कच्छप होइ परंतु परमरूपवान् नहींरहै ताते अब परमरूपमय होइ ७ पूर्व वासुकीकी रसरी बनाये सो सविष अशोभितरहा ताते शोभाकी रज्जु नाम रसरी होइ पुनः पूर्व मंदराचल मथानी कठोर अशोभित रहा ताते शृङ्गाररस रूपमंदर होइ मथानी पुनः मथनेवाले देवता दैत्य दैत्य तमोगुणी तामें कुरूपता अशोभित ताते सुंदररूप मार जो कामदेव सोई निज अपने करकमलनते मथै ८ दोहार्थ ॥ यहि विधिते जब लक्ष्मीजी उपजैं अर्थात् पूर्व सिंधुमथनसमय बहुत दूषणमय सामग्रीरही सो रहित करि सब उत्तम सामांते मथै जब लक्ष्मीजी प्रकटहोवैं ताहूपर सुखकी मूल जिनमें सुंदरता होवै अर्थात्

मुग्धा अवस्था सहित परिपूर्ण शोभा होवै तदपि कविजन संकोचसहित किशोरीजीकी तुल्यता अर्थात् कुछ कुछ गुणनते समता कहैं किशोरीजी को उपमानकरि लक्ष्मी को उपमेयकरि समता कहैं किशोरीजी में मुग्धावस्था स्वाभाविक है जब लक्ष्मीजी में मुग्धावस्था हांधेकरी सो बनी है ताते सकुच सहित कहैंगे यह दृढतातिशयोक्ति अलंकार है ९ ॥

७४ चलीं संगलै सखी सयानी। गावत गीत मनोहर बानी १०
सोह नवल तनु सुंदरि सारी। जगतजननि अतुलित छवि भारी ११
भूषण सकल सुदेश सुहाये। अंग अंग रचि सखिन बनाये १२
रंगभूमि जब सिय पग धारी। देखि रूप मोहे नर नारी १३
हरषि सुरन दुंदुभी बजाई। बरषि प्रसून अप्सरा गाई १४
पाणि सरोज सोह जयमाला। अवचट चितये सकल भुवाला १५
सीय चकितचित रामहिं चाहा। भये मोहवश सब नरनाहा १६
मुनि समीप देखे दोउ भाई। लगे ललकि लोचन निधि पाई १७
दो० गुरु जन लाज समाज बड़ि, देखि सीय सकुचानि ॥
लागि विलोकनि सखिन तनु, रघुवीरहि उर आनि १८

७४ कैसी सखीहैं सयानी वाक्‌विलास वाद्यगानादिमें चतुर ते मनको हरणहारी वाणीते ब्याहूगीत गावत किशोरीजीको संग लैकै हंसगवन रंगभूमिको चलीं १० अव ऐश्वर्य दर्शाय माधुर्य कहत नवल नवीनतनु अर्थात् मुग्धाअवस्था रूपसिंधु से प्रत्यंग उमगत, कुंदनवर्णतनुमें जरतार रेशमी बैंजनी सुंदरसारी सोहत इति माधुर्यशृङ्गाररसमें कहे यह रस सिंहिनिको दूधहै केवल कुन्दनके पात्रमें रहत अपरधातु पाषाणादिमें धरे फोरिकै नांघि जात तथा शृङ्गार रसिकनके योग्यहै अरु दासवात्सल्यादिकन के थाँभने योग्य नहीं है यथा कुण्डलिका ॥ भगवतश्यामा श्यामको, पावकरूप विहार। नहिं समरथ खगराजकी, करत चकोरअहार ॥ करत चकोर अहार, किलकिला जलचर ल्यावै। स्याह सीख मृगराज, बदनते आमिष पावै ॥ ऐसे रसिक अनन्य और सब जानहु खगवत। तजहु परारी सैन भजहु वितमाफिक भगवत ॥ अरु यह ग्रंथ सबरसवाले देखैंगे तिनके मनकी आधारहेतु शांतरस में ऐश्वर्य दर्शावत कि जगत्‌की जननी कहे माताहैं अर्थात् उत्पत्ति, पालन, लयकरणहारी हैं यथा रामतापिन्याम् ॥ उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम्। सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता ॥ इत्यादि ऐश्वर्य तिन

के तनुमें अतुलित संख्यारहित भारी छवि है सो कहि कौनसकत ११ तनु वसनकहि सर्वांग शृङ्गार सभूषण कहत अंग अंगमें शृङ्गार रचिकै सखिन बनाये पुनः भूषण पहिराये शृङ्गारको योगपाय सकल भूषण सुदेश जहां जैसे चाही तहां तैसेही सुहाये नाम सुंदर लागत यथा पगमें जावकरचि हंसक नूपुर जेहरि पहिराये कटि वसन रचि रसना पहिराये उरपै अरगजा रचि चंद्रहार पदिक नागफणी मणि मोती फूलहार पचलरी पचमणी चंपकली कंठी बाजूबाक अंगद भुजबल पछ्वलय मधिबलय कंकण पहुंची पहिराये करमें मेहँदी रचि आरसी अंगुस्ताना पहुंटिया बांक मुद्रिका पहिराये मुखमें मीसी रचि तांबूल खवाय बुलाक बेसरि पहिराय कपोल पत्ररचि श्रवणफूल ताटंक पहिराये नेत्रन में अंजन भालमें रोरी मृगमद बिंदुरचि बेंदी बेंदा पटिका बंदी पहिराये समोती सेंदुर मांगरचि मांगफूल चूड़ामणि अर्द्धचंद्र पहिराये इत्यादि १२ जब किशोरीजी पांवधरे तब यथार्थ रंगभूमि भई तनुकी प्रभा स्वर्णसी ज्योति फैलेते भूमि रँगीसी देखानी वा रंगभूमिमें जब किशोरीजी पांवधरे तासमय अद्भुतरूप प्रकट करिदीन्ही ताको देखि नरनारी सब मोहि गये तनुकीछटा कौंधासी छूटी तामें सबके नेत्र चकचौंधेसे ह्वै गये अरु जो नारी नारीके रूपपर नहीं मोहत समान नारिनमें है इहां किशोरीजी आदिशक्तिहैं तिनके प्रभावमें कौन नारी धैर्यधरै १३ श्रीरामजानकीको रंगभूमिमें देखि हरषि सुरदेव इन्द्रादि दुन्दुभी नगारा बजाये विमानन ते फूल वर्षि अप्सरा मंगलगान करनेलगीं १४ पाणिसरोज किशोरीजी के करकमलनमें जयमाला सोहत श्रीरघुनाथजी कहांहैं इस चाहसे सबराजनकी दिशि अवचट अचानकही अर्द्धदृष्टिते चितये अर्थात् दृष्टि कहौं थँभाये नहीं १५ तहां किशोरीजी के उरमें तौ चाह श्रीरघुनाथजीके देखैकीहै ताते चित्त चकित चारिहूदिशि नेत्र चंचल हैं सो देखि नरनाह यावत् राजा ब्याह हेतु आये ते सब मोहकी वश भये काहूको देहकी सुधि न रही १६ किशोरीजी चारिउदिशि घूमि पश्चिम दिशि देखे सुंदरविशाल मंचानपर मुनि विश्वामित्रके समीप दाहिने श्री रघुनाथजी बायें लषणलाल याविधि दोऊभाइन को देखे तहां नेत्रन की विषय रूप है अरु प्रभु रूपनिधि हैं इत्यादि निधि पाय किशोरीजी के लोचन नेत्र ललकि चाहसहित लगे पलकरहित अवलोकन लगीं १७ दोहार्थ॥ जब तक रघुनाथजी को देखे नहीं तब तक आतुरीते काहूकी खबरि न रही जब प्रभुको देखिपाये तब कछु संतोष आयो तब विचार कीन्हे कि माता पिता अपर परिवारके जन शतानंदादि गुरुजननकी बड़ीसमाज भाव किसकी किसकी दृष्टि बरावैंगी इति समाजकी लाजते प्रभुदिशि अवलोकन

में किशोरीजी सकुचाइ गईं तब रघुवीरको रूप उरमें आनि सखिनकी दिशि विलोकन लगीं १८ ॥

७५ रामरूप अरु सियछवि देखी। नरनारिन परिहरी निमेखी १९
शोचहिं सकल कहत सकुचाहीं। विधिसन विनय करहिं मनमाहीं २०
हरु विधि वेगि जनक जड़ताई। मति हमारि असि देहु सुहाई २१
बिन विचार प्रण ताजि नरनाहू। सीयराम कर करहिं विवाहू २२
जग भल कहै भाव सब काहू। हठ कीन्हे अंतहु उरदाहू २३
यहि लालसा मगन सब लोगू। वर साँवरो जानकी योगू २४
तब बंदीजन जनक बुलाये। विरदावली कहत चलिआये २५
कह नृप जाइ कहहु प्रण मोरा। चले भाट हिय हर्ष न थोरा २६
दो० बोले बंदी बचनबर, सुनहु सकल महिपाल ॥
प्रणविदेहकर कहहिं हम, भुजा उठाय विशाल २७

७५ यथा चुंबक लोहको खैंचत तैसेही जो नेत्रनको खैंचै ताको रूपकही भगवद्गुणदर्पणे॥ चुंबकायःकणान्यायैर्दूरादाकर्षकोबलात्। चक्षुषांसगुणोरूपंशाणः स्मरशरावले ॥ पुनः छवि यथा ॥ द्युति लावण्यस्वरूप सोइ, सुंदरता रमनीय। कांति मधुर मृदता बहुरि, सुकुमारता गनीय॥ सो श्रीरघुनाथजीके तनुमें रूप अरु किशोरीजीके तनुमें छवि सो दोऊ की दिशि देखि पुरके नरनारी निमेष परना परिहरे त्याग किये प्रेमकी अधिकारता ते यकटक हेरत १९ श्रीराम जानकी के विवाह चाहते सकलजन शोच करत प्रसिद्ध कहत सकुचात कि महाराजको प्रण तामें हम छोटे जन कैसे कहैं अपने मनमें विधि ब्रह्माते विनती करते हैं २० क्या विनती करते हैं कि हे ब्रह्मा! जनकजी की जड़ताई प्रणकी हठ वेगि इसी क्षण हरु पुनः हमारी ऐसी सुहाई सुन्दरि मति देहु जैसे हमारे इस ब्याहकी चाह है तैसेही उनके मनमें होवै २१ नरनाह जनकजी अर्थपर दृष्टि राखि धर्मके विना विचारही प्रण तजि विना धनुष तोरे श्रीजानकी जी को श्रीरघुनाथजीके साथ विवाह करिदेवैं तहां जो प्रण है सो विचार करिकै नहीं किया तथा विना विचारे त्यागिबेमें क्या हानि अरु यह विवाह विचारिकै करने योग्य है २२ श्रीरामजानकीके विवाह कीन्हे ते सब जग भला कही प्रणत्यागको दोष कोऊ न कहैगो काहेते यह विवाह सबकाहू को भावत है अरु जो यह न करैं प्रणै राखैंगे यह हठ कीन्हेते अंतमें पीछे कोऊ दाह पश्चात्ताप होइगो क्योंकि दैवाधीन में मनचाही बात नहीं होत न मालूम

धनुष किसके हाथ टूटै तौ जन्मभरि पछिताव रहैगो २३ सांवरवर श्रीरघुनाथ जी श्रीजानकीके योग्यहैं यही विवाहकी लालसा में पुरवासी सबलोग मग्न ब्याहकी चाहमें बूड़े हैं २४ निज प्रण प्रसिद्ध करिवेहेतु जनक महाराज वंदीजन जे हैं सुमति विमति अर्थात् कुलपूज्य भाट तिनको बुलावते भये ते विरदावली अर्थात् निमिवंशिन को यश कीर्तिमय प्रताप वर्णन करत महाराजके ढिग आवते यथा कवित्त ॥ खोले निमि हेम खानि मिथिल सुपाले ग्राम जनक देवदयास्वशक्ति नारकी उधारेहैं। दानी उदावसु नंदिवर्धन सुकेतु कीर्ति रात शंभुसेय बृहद्रथ भारेहैं ॥ महावीर सुधृत सधृष्टकेतु हरयाश्व मरुकीर्ति रथके प्रतिंधक धकारेहैं । देवमीढ़ महीधृक सुकृती त्यों कीर्तिरात महारोम स्वर्णरोम यशके पवारेहैं १ प्रकट ह्रस्वरोमगुणपूर्ण रतनाकरसे ताके सुयश धवल चंद्रमा सजायेहैं। सिद्ध याज्ञवल्क्यके प्रसाद योगभोगराज कर्षि हल भूतलते तनुजा उपजायेहैं ॥ कीरति प्रताप यश छायो सबलोकलोक सबल सुधन्वा मारि रणमें गिरायेहैं। निमिकुले शीशताज सीरध्वज महाराज बैजनाथ ता समाज कौन जात गायेहैं २ इति विरदावली २५ वंदीजननते जनक महाराज आज्ञा दिये कि समाज में जाइ सब राजन सों हमारा प्रण कहौ सो सुनि भाट चले जिनके उरमें थोरा हर्ष नहीं बड़ा हर्ष है काहेते इस उत्सवमय समाजमें बड़ा अधिकार आपमें जानि हर्षे २६ दोहार्थ ॥ समाजके बीचमें वंदीजन वर नाम श्रेष्ठ वचन बोले कि विदेहजी का जो विशाल भारी प्रण है विरक्त हैं ताते प्रण विशाल है ताको हम भुजा उठाइकै कहते हैं ताको सकल महिपालो सुनो भुज उठाय प्रण कहने की संप्रदाय है २७ ॥

७६ नृप भुजबल विधु शिवधनु राहू। गरुव कठोर विदित सबकाहू २८
रावण बाण महाभट भारे। देखि शरासन गवहिं सिधारे २९
सो पुरारि कोदंड कठोरा। राजसमाज आजु ज्यहिं तोरा ३०
त्रिभुवन जय समेत वैदेही। बिनहिं विचार बरहि हठि तेही ३१
सुनि प्रण सकल भूप अभिलाखे। भट मानी अतिशय मनमाखे ३२
परिकर बांधि उठे अकुलाई। चले इष्टदेवन शिरनाई ३३
तमकि तमकि तकि शिवधनु धरहीं। उठै न कोटिभांति बल करहीं ३४
जिनके कछु विचार मनमाहीं। चाप समीप महीप न जाहीं ३५

दो० तमकि धरहिं धनु मूढ़ नृप, उठै न चलहिं लजाइ ॥
मनहु पाय भटबाहुबल, अधिक अधिक गरुवाइ ३६

७६ यावत् राजाहैं तिनके भुजन को जो बल है सोई अनेक कलामय विधु नाम पूर्णचंद्रमा है ताहीं बल करिकै जो सुयश है सोई प्रकाश है ताके ग्रसनहेतु शिवधनुष राहु है पुनः सुमेरुवत् गरू वज्रवत् कठोर सो भी सबकाहू को विदित है सब जानते हैं २८ क्या विदितहै कि रावण महाभट बाणासुर भारी बलवान् तेऊ शरासन धनुषकी भारी कठोरता देखि हिये हारि गवहिं सिधारे बहाना करि चलेगये २९ सोई पुरारिको यह कठोर धनुष है अर्थात् शिवके अनेक धनुष हैं तिनमें यह पिनाक विशेष कठोर है ताको राजसमाज में जो राजा आजु तोरैं भाव तोरने की प्रतिज्ञा आजुहीतक है कालिहको नेम नहीं ताते आजै तोरौ ३० धनु तोरनेको फल क्या है सो सुनौ त्रिभुवनमें जयसहित वैदेही श्रीजानकीजी को विना विचारही बरै विवाहै घर, वर, कुल, वर्ण, गणादिके विना विचारही महाराज हठ करि वाहीको विवाह कन्यासंग करेंगे ३१ भाटोंके मुखते महाराजको प्रण सुनि सकलभूप अभिलाषे धनुष तोरनेकी सबके चाह भई तिनमें जे अभिमानी भट रहे ते अतिशय करि मनमें माखे रोषकरे कि धनुष तोरि डारेंगे ३२ इधर महालाभकी प्यास उधर धनुष अतिकठोर गरू तामें अकुलाइ उठे मनके धैर्यहेतु अपने अपने इष्टदेवन को शीश नाइकै यावत् बेबिचारी राजा रहे ते सकल धनु तोरनेहेतु चले आसनते उठि धनुषाढिग आये ३३ इहां बहुते राजनको व्यापार एकमें कहत ताते तमकि तमकि तकि तकि तमकि कहे सक्रोधित चिह्न अंगनमें दर्शाय उठनेकी घाततकि शिवको धनुष धरहीं हाथोंसे गहते हैं तहां तनुमें जो बल सो एकभांति दश अंगन करि दशभांति प्रत्यंगन अभिमान करि शतभांति मन तर्कणा करि सहस्रभांति चित्त चिन्तन करि दश सहस्रभांति बुद्धि विचारते लक्षभांति गुरुबल दशलक्ष इष्टबल कोटिभांति इत्यादि कोटि भांति ते बलकरि उठाते हैं परंतु शिवधनुष उठता नहीं ३४ जिन राजन के मनमें सत् असत् को कुछ विचार है ते महीप चाप जो धनुष ताके समीप नहीं जातेहैं काहेते एक तौ न टूटने की पराजयते अपमान दूसरे ईश्वरी पै कुदृष्टिको पाप इति विचारि दूरि रहना भला है ३५ दोहार्थ ॥ पुनः जे मूढ़ जिनको हिताहित हानि लाभ नहीं सूझत ऐसे राजा धनुषको तमकि सक्रोधित ह्वै धरतेहैं जब नहीं उठत तब लजायकै आसनपर को चलते हैं ताकी उत्प्रेक्षा करत कि मानो भटन के बाहुनको बल ज्यों ज्यों पावत त्यों त्यों अधिक अधिक गरुवात जात काहेते जब धनुष उठावनेको होता रहै तब मञ्जूसा बाँधिकै पांचहजार वीर उठावते रहैं यह प्रमाण जानि वैसेही मञ्जूसासहित उठावनेको उद्यम किये ३६ ॥

७७ भूप सहसदस एकहिबारा। लगे उठावन टरहि न टारा ३७
डिगै न शंभु शरासन कैसे। कामी वचन सतीमन जैसे ३८
सब नृप भये योग उपहासी। जैसे बिनु बिराग संन्यासी ३९
कीरति बड़ी बीरता भारी। चले चापकर बरबस हारी ४०
श्रीहत भये हारि हिय राजा। बैठे निज निज जाय समाजा ४१
नृपन बिलोकि जनक अकुलाने। बोले वचन रोष जनु साने ४२
द्वीप द्वीपके भूपति नाना। आये सुनि जो हम प्रण ठाना ४३
देव दनुज धरि मनुज शरीरा। विपुल वीर आये रणधीरा ४४

दो० कुँवरि मनोहरि बिजय बड़ि, कीरति अति कमनीय ॥
पावनहार बिरंचि जनु, रच्यो न धनु दमनीय ४५

७७ यह विचारे कि महाराजको प्रणहेतु धनुष उठिजाय सो पांच हजारते उठता है ताके दूने दशहजार मिलि उठाइलेई पीछे जो सबको जीति लेई सो विवाह करी याहेतु दशहजार राजा मिलि एकही बार मञ्जूसा बांधि उठाये तबहूं न टारे टरा पांचहजारते उठनेको हाल बाल्मीकीये ॥ नृणां शतानि पञ्चाशद्व्यायतानां महात्मनाम् । मञ्जूषामष्टचक्रान्तं समूहस्ते कथंचन ॥ तामादाय च मञ्जूषामायसीं यत्र तद्धनुः ॥ बहुराजन मिलि उठावना सत्योपाख्याने ॥ एकदा संविदे कृत्वा भूपानां शतमुत्तमम्। उत्थापयामासुरव्यग्रा न चचाल धनुस्तदा॥ ३७ राजनके उठाये शंभु को धनुष कैसे नहीं डिगत जैसे कामासक्त पुरुषनके वचनन ते सती पतिव्रता को मन नहीं डिगत यथासती अपनेही पतिको जानत तथा धनुष रघुनाथैजीके हाथसे उठैगो ३८ यावत् खल राजा रहे ते सब उपहासके योग्य भये प्रसिद्ध उपहास होने लगी कैसे जैसे विना विराग को संन्यासी अर्थात् संन्यासी कहाय विषयमें रत भये तिन की भी उपहास होतीहै ३९ गुरुजनादि की स्तुति अथवा दानते जो बड़ाई ताको कीर्ति कहिये रणमें शत्रुको परास्तहोना सो विजयहै युद्धमें उछाहसहित अचल रहना वीरताहै सो राजनकी कीर्ति विजयसहित जो भारी वीरता रही सो बरबस जबरइन धनुषके हाथ बाजीसी हारि चले जो समुझायेते न माने याते बरबस कहे ४० श्रीहत शोभाहीन भयेते हारिमन मारि निज अपनी अपनी समाज में जाय दिनके चंद्रमा ऐसे उदासीन वैठे ४१ प्रणकी दृढ़ता कन्याव्याह की आतुरता आजुहीको दिन प्रतिज्ञामें बाकी रहा पुनः नृपनकी निर्बलता विलोकि जनकजी अकुलाइ उठे तेहि अधीरता ते जनु रोषसाने

वचन बोले इहां कामनामें हानि देखि क्रोध हृदयमें उत्पन्न भयो सोई वचननमें सानि गयो ४२ द्वीप द्वीप कहे जंबूद्वीप आदि सातहू द्वीपनके खंड खंड के देशनमें नाना अनेकन राजा हैं ते सब इहां आये काहेहेतु जो हमने चापभंग कन्याब्याहको प्रण ठाना ताको सुनिकै इसी मनोरथ ते आये ४३ पुनः स्वर्गलोक के देवता पातालके दनुजादि मनुज मनुष्यतनु धरि धरि विपुल बहुत रणमें धैर्यवान् बड़े बड़े वीर आये भाव किसी लोकमें कोऊ वीर बाकी नहीं रहा समाजमें सब बैठे हैं ४४ दोहार्थ ॥ पुनः लाभ कैसाहै जामें अर्थ धर्म काम तीनिहूं फलकी प्राप्ति है यथा कुँवारि मनोहरि कन्या सबभांति ते सुंदरि अर्थात् रूप गुण स्वभावादि लोकोत्तर इति कामफल पुनः विजय बड़ी भारी अर्थात् विना सेना विना शस्त्रप्रहार किहे विना देशांतर फिरे केवल धनुष उठायेते त्रिलोक विजयकी लाभरूप अर्थफलकी प्राप्ति है पुनः कीरति अत्यंत कमनीय नाम सुंदरि है अर्थात् विना दानादि कीन्हे सबै लोक वाकी बड़ाई करैंगे इति उज्ज्वल कीर्तिरूप धर्मफल प्राप्ति इत्यादिको पावनहार जो धनुदमनीय शिवधनुष को तोरनेवाला ताको जनु विरंचि ब्रह्माने रचिबै नहीं किया यह यथार्थ है धनुतोरनहार ब्रह्माको बनावा नहीं है जो कहत कि जनकजी निजकन्याको मनोहर कैसे कहते तहां आर्तमें, क्रोधमें, हर्षमें, भयसमय लज्जा नहीं रहत इहां जनकजी आर्त क्रोधवश ताते कहे ऐसेही दक्षजी क्रोधमें कहे कि अत्यन्त सुन्दरि हमारी पुत्री है ताको इस शिव बंदरकीसी आंखि कुरूपीको ब्याहि वाको जन्म खराब किया इति भागवतमें प्रसिद्ध है ४५ ॥

७८ कहहु काहि यह लाभ न भावा । काहु न शंकर चाप चढ़ावा ४६
रहा चढ़ाउब तोरब भाई । तिलभरि भूमि न सक्यउ छँड़ाई ४७
अब जनि कोउ माखै भटमानी । वीर विहीन मही मैं जानी ४८
तजहु आश निज निज गृह जाहू । लिखा न विधि वैदेहि विवाहू ४९
सुकृत जाय जो प्रण परिहरऊं । कुँवरि कुँवारि रहै का करऊं ५०
जो जनतिउँ बिनु भट महि भाई । तौ प्रणकरि करतिउँ न हँसाई ५१
जनकवचन सुनि सब नर नारी । देखि जानकिहि भये दुखारी ५२
माखे लषण कुटिल भइ भौंहैं । रदपुट फरकत नयन रिसौंहैं ५३
दो० कहि न सकत रघुवीर डर, लगे वचन जनु बाण ॥
नाइ रामपदकमल शिर, बोले गिरा प्रमाण ५४

७८ जो कहौ कि वीर तौ हैं परन्तु उनके इस लाभकी इच्छै नहीं सो

कहौ केहिको यह लाभ नहीं भावताहै जो काहूने शिवधनुष न चढ़ावा इसी बातके कहनेवाले लषणलाल हैं सो बोलेंगे ४६ उत्तम तोरना मध्यम चढ़ावना नीच उठावना लघु किंचित् भूमि छँड़ाय देना इहांतक प्रतिज्ञा रहतीहै सो चढ़ावब तोरब तौ रहा हे भाई ! धनु उठावने में तिलभरि भूमि न छँड़ाइ सक्यो ४७ जो कोऊ सबल वीर होवै सो अब धनुष उठावै नहीं तौ कोऊ मानी भट अब हमारे वचनन पर जनि माखै क्रोध न करै यह मैंने निश्चय विचारिकै जानि लीन्ही कि मही पृथ्वी वीर करिकै विहीन है भूमिपै वीर नहीं हैं ४८ विवाहेकी आश तजो भाव जयमालाके भरोसे न रहेउ निजगृह अपने अपने घरन को जाहु जो धनुष न टूटा तौ विधि ब्रह्माने जानकीको विवाह लिखबै नहीं किया ४९ जो कहौ कि क्या कन्या कुमारी राखोगे जयमालते वा घर वर कुलादि विचारि विवाह करो ताहेतु कहत कि जो प्रण परिहरों त्याग करों तौ सुकृत जाय पुण्याय नाश होइ अरु कन्या कुमारी रहै ताको मैं क्या करों उसकी भाग्य ऐसेही है ५० जो कहौ ऐसा प्रण क्यों करे तौ हम जानते रहैं कि अनेक बली वीर भूमिपर हैं हे भाई ! जो ऐसा जानते कि मही पृथ्वी विना भटकीहै भूमिमें वीर नहीं हैं तौ काहेको प्रण करि अपनो अरु सब राजन को हँसौवा करावते ५१ इति करुणामय अधीरताके वचन जनकजीके कहे सुनि रूप गुणादि भरी श्रीजानकीजीको देखि यावत् पुर नरनारी ते सब दुखारी दुःखित ह्वैगये करुणाते आंसू गिरपरे क्या विचारते कि उत्तम कुल उत्तम माता पिता उत्तम स्वरूप उत्तम अनेक गुण उत्तम अवस्था इत्यादि समग्र उत्तमता वृथाही गई उत्तमपति की पत्नी न कहाई इति विचार ते सब करुणावश भये तहां करुणाको सहायकहै वीररस सो आगे कहत ५२ जनकजीके वचन सुनतेही लषणलाल माखे सक्रोधित भये ताके चिह्न कहत कि भौंहैं दोऊ कुटिल नाम अत्यंत चढ़िकै टेढ़ी भईं रदपुट ओष्ठ फरकि रहे नयन रिस भरे अरुण सोहत भये ५३ दोहार्थ ॥ जनकजी के वचन लषणलालके जनु बाण लगे परंतु श्रीरघुनाथजीके डरते जनकजी को कुछ कहि नहीं सकत श्रीरामपदकमलमें शीश नाइ सहज प्रमाण गिरा वाणी सो बोले ५४ ॥

७९ रघुवंशिनमहँ जहँ कोउ होई । त्यहि समाज अस कहै न कोई ५५
कही जनक जसि अनुचित बानी । विद्यमान रघुकुलमणि जानी ५६
सुनहु भानुकुल पंकज भानू । कहौं सुभाव न कछु अभिमानू ५७
जो तुम्हार अनुशासन पावौं । कंदुक इव ब्रह्मांड उठावौं ५८

काचे घट जिमि डारों फोरी। सकौं मेरु मूलक जिमि तोरी ५९
तव प्रताप महिमा भगवाना। का बापुरो पिनाक पुराना ६०
नाथ जानि अस आयसु होई। कौतुक करौं विलोकिय सोई ६१
कमलनाल जिमि चाप चढ़ावों। योजनशत प्रमाण लै धावों ६२
दो० तोरौं छत्रक दण्ड जिमि, तव प्रताप बल नाथ॥
जो न करौं प्रभुपद शपथ, कर न धरौं धनुभाथ ६३

५४ लषणलाल बोले कि रघुवंशिनमें गिनतीवालो नहीं कोऊ साधारण रघुवंशी जहां बैठा होवै भाव यावत् वीरताको व्यापार प्रकट न करै तावत् इस कुल की वीरताकी इतनी मर्यादा है कि वाकी भय मानि उस समाज में ऐसा वचन कोऊ कहि न सकै क्योंकि रघुवंशी धर्मशील उदार सुशील क्षमावान् वीर होतेहैं दुष्ट कादरोंकी भांति प्रथमही नहीं उखरि मरते हैं ५५ कैसी जैसी अनुचित वाणी जनकजी कही तहां साधारण वा गिनतीवालेन की को कहै रघुकुलमें शिरोमणि राज्यभार के अधिकारी श्रीरघुनाथजी विद्यमान बैठे हैं तिनको जानिकै ऐसा अनादर वचन कि महीमें कोऊ वीर हैये नहीं ५६ भानुकुल कमलके प्रकाशक आप सूर्य हौ हे रघुनाथजी! सुनो काहेते सहज स्वभावते कहत हौं प्रमाणिक बात कुछ क्रोध अभिमानते नहीं जो सुनबे योग्य नहीं है भाव यथार्थ वार्ता है वृथा नहीं ५७ क्या अभिमानहीन हैं जो तुम्हार अनुशासन जो आपकी आज्ञा पावैं पुनः यथार्थ क्या है कंदुक गेंदकी समान परिश्रमरहित ब्रह्मांडमंडल को उठावों उठाइ सक्का हौं ५८ पुनः उठाइ लेनोही नहीं जो ब्रह्मांड अत्यंत पोढ़ा है ताको काचेघट कुम्हाररचित कच्चा घड़ा ताकी समान ब्रह्मांड को फोरि भी डारों कदापि सुमेरु रोक करै ताको मूलक मूरी कीसी जर सहजहीमें तोरि सक्काहौं ५९ अनिरुद्ध, प्रद्युम्न, संकर्षण, वासुदेवादि यावत् भगवान् षट्ऐश्वर्यवाले रूप हैं तिन सबनमें तव कहे तुम्हारे साकेतविहारी रूपके प्रतापते सब भगवानन में ऐसीही महिमा है जैसी मैं पूर्व कहेउँ है तिस महिमाके आगे बापुरो पुरानो पिनाक शिवधनुष की कौन गिनती है तुच्छ है याके उठावने तूरने में कुछ परिश्रम नहीं ६० ऐसा जानि हे नाथ! जो आपकी आयसु आज्ञा होवै तौ एक कौतुक खेलवार करौं ताको आप विलोकिये बैठिकै देखिये भाव इस धनुष तोरने के योग्य आप हौ सो तो उठते नहीं हौ बैठे तमाशा देखते हौ तौ मोको आज्ञा दीजै आप तमाशै देखिये ये कुवचन जनकजी क्यों कहैं ६१ जो जनकजीने कहा कि धनुष चढ़ावब तोरब तौ रहा कोऊ तिलभरि भूमि न छँड़ाय सक्यो ताते यथा

कमलकी नाल नीचेकी डांड़ी ताही भांति नवाय धनुषको चढ़ावों पुनः कहत कि कोऊ तिलभरि भूमि न छँड़ावा ताहेतु धनुपको लैकै शतयोजन प्रमाण तक धावों भाव तिलभरेको को कहत में सौ योजन धनुषको स्थान छँड़ाइ देउँ ६२ दोहार्थ ॥ पुनः जो कहे कि कोऊ तोरा नहीं ताहेतु हे रघुनाथजी ! आपके प्रताप बलते छत्रकदण्ड धरतीको फूल जिमि तैसे धनुषको तोरि डारौं अरु जो ऐसा न करि सकौं तौ प्रभुपदकी शपथ है आजुते धनुष बाण तरकस हाथमें न धरों भाव क्षत्री बाना न राखों ६३ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविराचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे रंगभूम्यन्तरलषणवीरतावाक्यवर्णनं
नाम सप्तचत्वारिंशः प्रकाशः ४७ ॥

८० लषण सकोप वचन जब बोले । डगमगानि महि दिग्गज डोले १
सकल लोक सब भूप डराने । सियहिय हर्ष जनक सकुचाने २
गुरु रघुपति सब मुनि मनमाहीं । मुदित भये पुनिपुनि पुलकाहीं ३
सैनहिं रघुपति लषण निवारे । प्रेम समेत निकट बैठारे ४
विश्वामित्र समय शुभ जानी । बोले अति सनेहमय बानी ५
उठहु राम भंजहु भवचापा । मेटहु तात जनक परितापा ६
सुनि गुरुवचन चरण शिरनावा । हर्ष विषाद न कछु मन आवा ७
ठाढ़ भये उठि सहज सुभाये । ठवनि युवा मृगराज लजाये ८

दो० उदित उदय गिरि मंचपर, रघुवर बाल पतंग ॥
बिकसे संतसरोज सब, हरषे लोचन भृंग ९

८० हे उमा ! लषणलाल जब कोपसहित वचन बोले ताको सुनि भयातुर दिग्गज स्थानते डोलि गये याते महि पृथ्वी डगमगाय उठी हालि उठी १ सब लोकनके वासी भय माने भाव भूमि उलटि न जाय समाजके सब राजा डराने जे पूर्व कुवचन कहत रहे ते राजा पुनः करुणा भरी वीरता सुनत किशोरीजी के हृदयमें हर्ष भयो विना विचारे वचन कहे ताते जनकजी सकुचाय उठे २ रघुपतिके गुरु विश्वामित्रजी मुनिनसहित मनमें मुदित भये कि समय अनुकूल लषण कहे पुनः अपनो पक्ष ऊंचा सुनि अर्थात् मुनिके संगी जे छोटे बालक हैं तिनकी करतूतिहै ऐसा सुनि पुनि बारबार मुनिनको तनु पुलकत प्रेम उमगत ३ माति बोलो इत्यादि अनादर नहीं आंखी की सैनते रघुनाथ जी लषणको निवारा कोप शांत किया पुनः आदर सूचित करि प्रेमसमेत

निकट बैठारि लिये ४ राजनको व्यापार अंत वा धनुभंग योग्य वा लषण वचनते वीरता उदित सो प्रकट होवै इति शुभसमय जानि विश्वामित्रजी अत्यन्त सनेहमय वाणी बोले ५ मुनि बोले कि रघुनाथजी उठो भवचाप शिवधनुष को भंजो किस हेतु हे तात ! जनकजीको परिताप मेटहु यावत् धनुष तावत् प्रणका परिताप है धनुष तोरो ताप बुझि जाय ६ गुरु विश्वामित्र के वचन सुनि प्रथम तौ चरणनमें शीश नवाये गुरु को प्रणाम करे पुनः उठत समय उरमें महालाभ को हर्ष धनु कठोर ताको विषाद इत्यादि कुछ नहीं आवा यामें धैर्य स्थैर्य गांभीर्यता है ७ सहज स्वभाव जौनी चेष्टाते बैठे रहे तैसी चेष्टा बनी रही उठिकै ठाढ़ भये ठवनि देखि युवावस्था के मृगराज सिंह लजात अर्थात् निश्शंक वीरता प्रत्यंगनमें दर्शत ८ दोहार्थ ॥ तासमय को कवि रूपक वर्णन करत मंचानरूप जो उदयगिरि है तापर रघुवररूप बालपतङ्ग प्रभातके सूर्य उदय भये अबतक सब राजालोगन की आशारूप रात्री रही तामें संपुटित जो संत ते सब बिकसे आनंद करि प्रफुल्लित भये तिनके लोचन नेत्ररूप भ्रमर बंद दुःखित रहे ते हर्षे खुशी भये यामें सम अभेदरूपकालंकार है ९ ॥

८१ नृपन केरि आशा निशि नाशी। वचन नखत अवलीन प्रकाशी १०
मूढ़ महीप कुमुद सकुचाने। कपटी भूप उलूक लुकाने ११
भये विशोक कोक मुनि देवा। वर्षहिं सुमन जनावहिं सेवा १२
गुरुपद बंदि सहित अनुरागा। राम मुनिनसन आयसु मांगा १३
सहजहि चले सकल जग स्वामी। मत्त मंजु वरकुंजर गामी १४
चलत राम सब पुर नरनारी। पुलकि पूरि तनु भये सुखारी १५
बंदि पितर सुर सुकृत सँभारे। जो कछु पुण्य प्रभाव हमारे १६
तौ शिवधनुष मृणाल कि नाईं। तोरहिं राम गणेश गुसाईं १७
दो० रामहिं प्रेमसमेत लखि, सखिन समीप बुलाइ ॥
सीतामातु सनेह वश, वचन कहै बिलखाइ १८

८१ नृप जे सब राजा हैं तिनके विवाहकी जो आशा रही सो आशारूप रात्रि नाशी व्यतीत भई तिनके वचनरूप नखतन की अवली पंक्ती ते नहीं प्रकाश करतीं बोलना बंद भया १० जिनको हिताहित नहीं सूझत ते मूढ़ राजारूप कुमुद कोकी सकुचाने खिसियाय उदासीन भये दैत्य राक्षसादि जे नररूपधारी इति कपटी भूपरूप उलूक घुघुवा ते लुकाने डरिकै भागि

गये ११ मुनि देवतारूप कोक चकवाक ते विशोक दुःखरहित भये देवनको राजश्रीको वियोग रहा मुनिनको यज्ञादि सो संयोगकी आशा भई ते देवादि फूल वर्षत मुनि आशीर्वाद जयजयकार करि अपनी सेवा जनावते हैं १२ अनुरागसहित गुरु विश्वामित्रके पद वंदि प्रणाम करि पुनः श्रीरघुनाथजी सब मुनिनते आज्ञा मांगे १३ विश्वामित्र तौ प्रथमही आज्ञा दयेरहैं पुनः सब ऋषिनसों आज्ञा पायकै सकल जगके स्वामी श्रीरघुनाथजी पिनाक समीप को सहजही स्वभावते चले कैसे यथा वर कुंजर श्रेष्ठ हाथी मंजु कहे सुन्दर मत्त हाथीकी गति चले १४ श्रीरघुनाथजीके चलत समय जनकपुरके यावत् नर नारी हैं ते प्रेमते पुलक तनुमें परिपूर्ण परम सुखी भये रोमांच अश्रु प्रकटह्वै आये १५ सब पुरवासी देवता पितरनकी वंदना करि अपने सुकृतनको सँभारे कि जो कुछ हमारे पुण्य होय ताके प्रभावको फल हम यही चाहते हैं १६ जो हमारे कुछ पुण्याय होय तौ हे गणेश गोसाईं! यह शिवको धनुष मृणाल कमलनालकी नाईं सहजही रघुनाथजी तोरिडारैं यह माधुर्य प्रीतिकी अधिकारताहै १७ दोहार्थ॥ अब सुनयनाजीकी व्यवस्था कहत कोमलगात रघुनाथजी को जात समय प्रेमसमेत लखि देखिकै आर्तह्वै सखिनको समीप लगे बुलाय जानकीजीकी माता वात्सल्य सनेहवश बिलखाय रोदनकरि आर्तवचन कहे धनु कठोर प्रभु कोमल जानि धैर्य छूटिगया १८॥

८२ सखि सब कौतुक देखनहारे। जेउ कहावत हितू हमारे १९
कउ न बुझाय कहै नृप पाहीं। ये बालक अस हठ भल नाहीं २०
रावण बाण छुवा नहिं चापा। हारे सकल वीर करि दापा २१
सो धनु राजकुँवर कर देहीं। बाल मराल कि मंदर लेहीं २२
भूप सयानप सकल सिरानी। सखि विधिगति कछु जात न जानी २३
बोली चतुर सखी मृदु बानी। तेजवंत लघु गनिय न रानी २४
कहँ कुंभज कहँ सिंधु अपारा। सोख्यो सुयश सकल संसारा २५
रविमंडल देखत लघु लागा। उदय तासु त्रिभुवनतम भागा २६

दो० मंत्र परम लघु जासु वश, विधि हरि हर सुर सर्ब॥
महामत्त गजराज कहँ, वशकर अंकुश खर्ब २७

८२ सुनयनाजी बोलीं हे सखी! जे हमारे हितू कहावते मंत्री शतानन्दादि ते सब कौतुक तमाशा देखनहारे हैं हमारा हित कोऊ नहीं देखता है १९ क्योंकि राजाके पास जाय समुझायकै कोऊ नहीं कहत कि धनुष

कठोर ताको तोरै तबै विवाहकरी अस हठ इन बालकनते करना भला नहीं है विना तोरेही इनको विवाह करना भलाहै २० काहेते रावण अरु बाणासुर बड़े बली वीर रहे तेतौ धनुष को छुये नहीं अरु अपर यावत् वीर रहे ते दाप गर्वते बल करि करि सकल योद्धा हारि गये मनमारि आसन बैठे २१ जाको बड़े बली वीर न उठाय सके सोई गरू कठोर धनुष अत्यन्त सुकुमार गात राजकुमारके करमें तोरनेको देतेहैं यह नहीं विचार करते हैं कि जो युवा हंसन को अभाव सो मंदरपर्वत हंसनके बालक लै सक्केहैं यह अयोग्य नहीं विचारते २२ यह हाल देखनेते तौ निश्चय जाना कि हे सखी ! भूपसयानप जनकजीकी चातुर्यता सकल सिरानी जात रही सयान विचारते कार्य साधत मूर्ख हठकरत सोई महाराज धारण किहे परंतु हे सखी ! विधि ब्रह्माकी गति कुछ जानी नहीं जात कि देखिये कुछ और है कुछ और ही जाताहै तैसे चहै राजकुमारैके हाथ धनुभंग ह्वैजाय २३ जो विधिकी गति कहे ताहीको पुष्टकरिबे हेतु दूसरी चतुर सखी मृदु कोमल वाणी बोली कि हे महारानीजी ! तेजवंत प्रतापीको लघुकरि न जानी २४ देह न देखिये प्रताप देखिये कहां कुम्भज अगस्त्यऋषि लघुतनु कहां समुद्रको पार नहीं देखात ऐसा अपार ताको निमिषमात्रमें सोखि लिहेउ सो सुन्दर यश सब संसारमें विदित है २५ रवि सूर्यमण्डल देखनेमें छोटा लागत ताके उदय होतही त्रिभुवनको तम भागत स्वर्ग भूमिमें वर्तमान सिंधुद्वारा पाताललौं प्रकाश २६ दोहार्थ ॥ देखिये परम लघु मंत्र प्रणव है जाके वशमें ब्रह्मा विष्णु शिवादि सकल देवताहैं तथा खर्व छोटासा अंकुश सो महामत्त गजराज बड़े हाथीको वश करि राखत २७ ॥

८३ काम कुसुम धनु शायक लीन्हे । सकल भुवन अपनेवश कीन्हे २८
देवि तजिय संशय अस जानी । भंजब धनुष राम सुनु रानी २९
सखी वचन सुनि भइ परतीती । मिटा विषाद बढ़ी अतिप्रीती ३०
तब रामहिं विलोकि वैदेही । सभय हृदय बिनवत ज्यहि तेही ३१
मनहीं मन मनाव अकुलानी । होहु प्रसन्न महेश भवानी ३२
करहु सफल अपनी सेवकाई । कर हित हरहु चाप गरुवाई ३३
गणनायक वरदायक देवा । आजुहि लागि कीन्हि तव सेवा ३४
बार बार विनती सुनि मोरी । करहु चाप गरुता अति थोरी ३५

दो० देखि देखि रघुवीर तनु, सुर मनाव धरि धीर ॥
भरे विलोचन प्रेमजल, पुलकावली शरीर ३६

८३ पुनः कामदेव फूलनको धनुष वाण लीन्हेहै सो सकल भुवनके वीरनको अपने वशमें करि राखेउहै इत्यादि सबको कहि प्रभुको प्रभाव सूचित करी २८ जो पूर्व कहेहैं ऐसा जानि हे देवि, सुनयनाजी! धनुष न टूटने की संशय तजिये संशय छांड़ि हे रानी! मेरे वचन सुनु विश्वास राखु निश्चय रघुनाथजी धनुष तोरैंगे २९ प्रतापसूचित सखी के वचन सुनि प्रभुकरनते धनुष टूटनेकी प्रतीति भई पूर्वको विषाद मिटा शुद्धहृदय रघुनाथजी में प्रीति बाढ़ी ३० अब किशोरीजीकी व्यवस्था कहत ता समय रघुनाथजीको सुकुमार तनु विलोकि देखिकै धनुषकी कठोरता बिचारि हृदय में भय डर सहित जेही देवादिकी सुधि आवत तेहीको विनवत विनती करती हैं ३१ धनुषकी कठोरता प्रभुकी कोमलता इति अयोग्यता विचारि अकुलाइ उठीं ताते मनहीं में मनावती हैं कि हे महेशभवानी! मोपर प्रसन्न होहु मेरा मनोरथ सफल करहु ३२ हे शिवभवानी! सेवकाई सफल करहु क्या करहु मेरा हित करिकै चाप धनुषकी जो गरुवाई ताको हरहु हलुका करि देहु जामें सहजही रघुनाथजी उठाइ लेवैं ३३ हे गणनायक! आप सहजहीमें वरदेनहारे देवता हौ ऐसा जानि आजुहीलागि इसी समयके अर्थ आपकी सेवा मैंने कीन्ही है आजैको दिन प्रण राजकुमार तोरने जातेहैं इनहींको मैं चाहतीहौं इसीहेतु सेवा कीन्ही है ३४ बारबार मैं बिनती करतीहौं ताको सुनि कृपाकरि चाप शिवधनुषकी गरुता गरुवाई अत्यन्त थोरी करि दीजै जामें सहजही श्रीरघुनाथजी उठाइ लेवैं ३५ दोहार्थ ॥ कोमल गात रघुवीरका तनु देखि देखि उरमें धैर्य धरि अर्थात् रामरूपदर्शके प्रभावते धैर्य आवत जब धनुषको सुधि करतीं तब धैर्य छूटिजात तब देवतनको मनावै लागती हैं श्रीरामप्रेम ते दोऊ नेत्रनमें अश्रुजल भरे शरीरमें पुलकावली रोमांच कंठावरोधन विह्वलता है ३६ ॥

८४ नीकेनिरखिनयनभरिशोभा।पितुप्रणसुमिरिबहुरिमनक्षोभा ३७
अहह तात दारुण प्रण ठानी।समुझत नहिं कछु लाभ न हानी ३८
सचिव सभय सिख देइ न कोई।बुधसमाज बड़ अनुचित होई ३९
कहँ धनु कुलिशहु चाहि कठोरा।कहँ श्यामल मृदु गात किशोरा ४०
विधि क्यहि भांति धरौं उर धीरा।सिरससुमन कत बेधिये हीरा ४१
सकल सभाकै मति भइ भोरी।अब म्वहिं शंभुचाप गति तोरी ४२
निज जड़ता लोगन पर डारी।होहु हरू रघुपतिहि निहारी ४३
अति परिताप सीय मनमाहीं।लव निमेष जनु युगसम जाहीं ४४

दो० प्रभुहि चितै पुनि चितै महि, राजत लोचन लाल ॥
खेलत मनसिज मीनयुग, जनु विधुमंडल डोल ४५

८४ श्रीरघुनाथजीकी शोभा नेत्रनभरि नीकी भांति निरखती हैं अर्थात् निश्चय आपनो मानिलेतीहैं पुनः लोकरीतिते पिताको प्रण सुमिरि बहुरि मन में क्षोभ आवत अर्थात् विना धनुष तोरे कैसे हमको प्राप्त होइँगे ताते दृष्टि रोंकिलेतीहैं ३७ यासमय किशोरीजी के उरमें अद्भुत खेद है सो प्रसिद्ध कहते नहीं बनता ताते अहहशब्द उच्चारण भयो यथा अहहेत्यद्भुते खेदे इत्यमरः ॥ हे तात ! दारुण कठिन प्रण वृथाही ठान्यो काहेते समुझतमें यह प्रण कीन्हेते कछु लाभ नहीं अर्थात् परितापहीहै अरु विना प्रण कीन्हे कुछ हानि नहीं रहै वा प्रण राखे कुछ लाभ नहीं त्यागे कुछ हानि नहीं सोतौ महाराजकी जड़ता है ३८ पुनः जे सचिवहैं ते राजा के भय सहित डरते कोऊ सिखावन नहीं देत कि प्रण छांड़ि राजकुमारको ब्याह करिदेउ इन राजकुमार कोमल कर सुकुमारते कठोर धनुष तुरावत इति बुद्धिमाननकी समाज में बड़ी अनुचित बात होत कोऊ विचारत नहीं ३९ कहां तौ ऐसा कठोर धनुष जाते कुलिश वज्रहू कठोरता लीन चाहत कहां श्यामकुमार कोमल गात ताहूपर किशोर अवस्था ४० हे विधाता ! कौन भांति उरमें धैर्य धरों सिरसाके फूल करिकै कहीं हीरा बेधाजात सिरसफूलसम अतिकोमल रघुनाथजी हीरासम अतिकठोर धनुष कैसे तोरि सक्के हैं ४१ यासमय सकल सभाके सकल जनोंकी मति भोरी भई बावरी भई ताते हे शंभुचाप ! अब मोहिं तुम्हारी गति मोको तुम्हारही भरोसाहै ४२ जे सभाके लोग चैतन्य रहे अरु हे धनुष ! तुम जड़ रहे सो निज अपनी जड़ता तौ तुमने सभाके लोगोंपर डारिदियो क्योंकि सब लोग जड़ ह्वैगये अब ऐसा उचितहै कि रघुपतिकी सुकुमारता निहारि अब तुम हरू नाम हलुके ह्वै जाउ यामें प्रेमकी यत्तदशा है ४३ अपना में प्रभुप्राप्तिकी आतुरता उधर प्रभुकी कोमलता अरु धनुषकी कठोरता इत्यादि अयोग्यताते किशोरीजीके मनमें अत्यंत परिताप है वियोगजनित दुःख तेहि आतुरतामें निमेष पलके कई हिस्सेमें एक हिस्सा जो लव बीतत सो जनु युगकी समान जात ४४ दोहार्थ॥ क्या आतुरताहै कि प्रेमवशते वारंवार प्रभुहि चितवत पुनः लाजकरि मही भूमिमें दृष्टि लावत इत्यादि बार बार चितवनेते लोचन लोल नेत्र चंचल विराजत ताकी उत्प्रेक्षा करत कि मुख नहींहै जनु चन्द्रमंडलहै नेत्र नहीं हैं जनु युग मनसिजमीन दुइ कामरूप मछरी हैं चंचलता नहीं है डोलमें खेलत हिंडोला में झूलत अर्थात् जनु काम

मीनहै चन्द्रमंडलमें हिंडोला झूलत प्रेम अरु लाज झुलावनहार है अर्थात् प्रेमते दृष्टि प्रभुकी दिशिजात लाजते भूमिको जात ४५ ॥

८५ गिरा अलिन मुखपंकजरोकी । प्रकट न लाज निशा अवलोकी ४६
लोचन जल रह लोचन कोना । मानहुँ परम कृपण कर सोना ४७
सकुची व्याकुलता बड़िजानी। धरि धीरज प्रतीति उर आनी ४८
तन मन वचन मोर प्रण सांचा । रघुपतिपदसरोज मन रांचा ४९
तौ भगवान सकल उर वासी । करहिं मोहिं रघुपतिकै दासी ५०
जाकर ज्यहिपर सत्य सनेहू । सो त्यहि मिलै न कछु संदेहू ५१
प्रभुतन चितय प्रेम प्रण ठाना । कृपानिधान राम सब जाना ५२
सियहि विलोकि तक्यो धनु कैसे । चितवगरुड़ लघु व्यालहिजैसे ५३

दो० लषण लख्यो रघुवंशमणि, ताक्यो हरकोदण्ड ॥
पुलकगात बोले वचन, चरण चापि ब्रह्मण्ड ५४

८५ प्रेमातुरीते पिताप्रति कहनेको वचन उठत सो लज्जा रोकि राखत ताको रूपक कहत गिरा वाणीरूप अलिनि भ्रमरी मुखरूप कमल में रोकी बंदहै काहेते लाजरूप निशा रात्री अवलोकिकै मुखकमल सम्पुटित ताते प्रकट नहीं होत लाजते कहि नहीं सकत ४६ पुनः प्रेमकरिकै जो आंसू प्रकट हैं सोभी लाजते गिरने नहीं पावत ताकी उत्प्रेक्षा करत कि नेत्रनको अश्रुजल नेत्रकी कोरमें भरा गिरने नहीं पावत जैसे परम कृपणके किंचित् सोना है ताको बहुत प्रियत्वते जोगवत तथा अश्रु चोरायेहैं ४७ यद्यपि प्रेम अरु लाज दोऊ प्रबल युद्ध करतेहैं तहां प्रेममर्याद बलहीन ताते परास्त भयो तब किशोरीजी अपनामें बड़ी व्याकुलता जानि सकुचीं मर्यादा बलते लाज सबल परी यह विचारी कि हमको लोग क्या कहैंगे यह विचारि लाजको तौ मर्यादमें मिलाया ताते धैर्य धरे अरु प्रेमको सत्यमें मिलाया ताते उरमें प्रतीति आनी सो आगे प्रसिद्ध है ४८ तनुकरिकै कैंकर्यतादि मनकरिकै अनन्यता वचन करिकै गुणगानादि इति तन मन वचन करिकै मैं रघुनाथहीजी की पुनः सब प्रकार मेरे रघुनाथैजीहैं यह प्रण जो मेरा सांचाहै इति सत्य पुनः जो मेरा मन रघुपतिपदकमल में रांचा प्रेमते भ्रमरवत् लगाहै इति प्रेम पूर्वकी सत्यमें मिलाये ४९ अब प्रतीति कहत जो मेरा प्रेम सत्यहै तौ अन्तर्यामी भगवान् जो सकल जीवनके उरमें बसाहै सो मोहिं रघुपतिकी दासी करहिं ५० काहेते यह वेदप्रमाण वाक्यहै कि ज्यहि रूपपर जाको सत्य सनेह

होत सोई रूप ताको मिलत यामें कुछ संदेह नहीं इति धैर्यहै अर्थात् रामरूप पर मेरा सत्य सनेह सोई मोको प्राप्त होइँगे ५१ इति प्रभुतन चितय नेत्रन भरि देखि दृढ़ करिकै प्रेम बलते प्रणठाना सो सब हाल श्रीरघुनाथजी जाना क्योंकि कृपानिधान हैं सबके पालनको समर्थ हैं ताते प्रेमप्रतिज्ञा पूरी करैंगे ५२ प्रतिज्ञा जानि प्रभु किशोरीजीकी दिशि विलोकि देखि पुनः धनुषकी दिशि कैसी दृष्टिते तके जैसे लघु व्याल छोटे सांपको गरुड़ चितवैं अर्थात् धनुष की कठोर गरोई कुछ गने नहीं ५३ दोहार्थ ॥ लक्ष्मणजी लख्यो देखिकै जानिलियो कि हरकोदंड शिवधनुष को तोरनेहेतु रघुवंशशिरोमणि रघुनाथ जी ताको तोरने चाहतेहैं कदापि भूमि उलटि न जाय तेहि रक्षाहेतु ब्रह्मांड को अपने चरणते चापि पुनः प्रेमते गात पुलकि गद्गद वचन बोले ५४ ॥

८६ दिशि कुंजरहु कमठ अहि कोला। धरहु धरणि धरि धीर न डोला ५५
राम चहहिं शंकरधनु तोरा। सजग होहु सुनि आयसु मोरा ५६
चाप समीप राम जब आये। नर नारिन सुर सुकृत मनाये ५७
सब कर संशय अरु अज्ञानू। मंद महीपन कर अभिमानू ५८
भृगुपति केरि गर्व गरुवाई। सुर मुनिवरन केरि कदराई ५९
सिय कर शोच जनक पछितावा। रानिन कर दारुण दुख दावा ६०
शंभुचाप बड़ बोहित पाई। चढ़े जाइ सब संग बनाई ६१
राम बाहुबल सिंधु अपारा। चाहत पार न कोउ कनहारा ६२
दो० राम विलोके लोग सब, चित्र लिखेसे देखि ॥
चितई सीय कृपायतन, जानी विकल विशेखि ६३

८६ क्या बोले कि हे दिग्गज, कच्छप, शेष, वाराह! तुम सब धैर्य धरि धरणि धरहु पोढ़े भूमिको गहउ जामें भूमि डोलि न जाय उलटि न जाय ५५ काहेते श्रीरघुनाथजी शंकरको धनुष तोरा चाहते हैं ताते मेरी आयसु आज्ञा सुनि सब सजग होहु जानेरहउ भूमि दृढ़करि गहेउ ५६ चाप शिवधनुष के विशेष समीप जब श्रीरघुनाथजी आये तासमय पुरके सब नर नारिन अपने इष्टदेवतनको अरु सुकृत पुण्यायको मनाये हे देवतहु! हमारे पुण्य प्रभावते धनुष टूटिजाय ५७ श्रीरामभुजबलसिंधु में धनुष जहाजवत् बूड़ा चाहत तापर जो चढ़ी समाज ताको गनावत यथा सबकी संशय कि धनुष टूटै वा न टूटै अरु अज्ञान कि इनमें ऐसा बल नहींहै पुनः जे मंदबुद्धि राजा तिनको अभिमान कि हम जीतिकै विवाह करिलेइँगे ५८ भृगुपति परशुराम

को क्षत्रिय नाशको गर्व पुनः गरुवाई जो सब सवल मानि डरतेरहैं सुर अरु मुनिवरन में जो कादरता रही कठोर धनुष कोमलगात रघुनाथजी कैसे तोरैंगे ५६ श्रीजानकीजीको कठोर धनुष राजकुमारते क्यों तुरावते हैं यह शोच कि इन संग ब्याह ऐसेही न करिदिये जनकजीको प्रण करिबेको पछिताव रानिनको दारुण कठिन दुःखकी दावाग्नि भाव राजकुमार ते जो धनुष न टूट तौ हमारि कन्या कुँवारि रही याको जन्म कैसे पार होइगो ६० इहां संशय १ अज्ञान २ अभिमान ३ गर्व ४ गरुवाई ५ कदराई ६ शोच ७ पछिताव ८ दुःख ९ दावाग्नि १० इत्यादि दश पथिक रामबल सिंधुपार जाबेहेतु शिवधनुषरूप बड़ा बोहित जहाज पाइकै सब संग बनाइ साथ बदि जाय जहाजपर चढ़े भाव इन वस्तुन सहित सबके चित्तकी वृत्ति धनुषमें लगी है ६१ श्रीरघुनाथजीकी बाहुनको बल अगाध अपार सिंधु समुद्र है तामें दशहू पथिक जहाज जो शिवचाप तापर चढ़ि पारजावा चाहत परंतु कनहार खेवनहार कोऊ नहीं तौ कौन पार लैजायगा अर्थात् धनुभंगको रोकनहार कोऊ नहीं ६२ दोहार्थ ॥ श्रीरघुनाथजी विलोके देखे कि समाजके लोग धनुष टूटनेकी प्यासते चित्रसारीमें लिखे प्रतिमासे संज्ञारहित यकटक प्रभुको देखि रहेहैं पुनः कृपाके आयतन स्थान प्रभु किशोरीजीकी दिशि चितये तब जानिलिये कि किशोरीजी विशेष करिकै विकल हैं ६३ ॥

८७ देखी विपुल विकल वैदेही। निमिष बिहात कल्पसम तेही ६४
तृषित वारि बिनु जो तनु त्यागा। मुये करहि का सुधा तड़ागा ६५
का वर्षा जो कृषी सुखाने। समय चूकि पुनि का पछिताने ६६
अस जिय जानि जानकी देखी। प्रभु पुलके लखि प्रीति विशेखी ६७
गुरुहि प्रणाम मनहिंमन कीन्हा। अति लाघव उठाय धनु लीन्हा ६८
दमक्यउ दामिनि जिमि घन लयऊ। पुनि धनु नभमंडल सम भयऊ ६९
लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़े। काहु न लखा रहे सब ठाढ़े ७०
त्यहि क्षण राम मध्य धनु तोरा। भरे भुवन धुनि घोर कठोरा ७१

हरिगी० छंद ॥
भरि भुवन घोर कठोर रव रवि वाजि तजि मारग चले।
चिक्करहिं दिग्गज डोल महि अहि कोल कूरम कलमले ७२
सुर असुर मुनि कर कानदीन्हे सकल विकल विचारहीं।
कोदण्ड खंड्यो राम तुलसी जयति वचन उचारहीं ७३

सो० शंकरचाप जहाज, सागर रघुपति बाहुबल ॥

बूड़ी सकल समाज, चढ़े जे प्रथमहिं मोहवश ७४

८७ तेहि किशोरीजीको एक निमिष पलमात्र कल्पसम बिहात बीतत इत्यादि विपुल नाम बहुत विकल किशोरीजीको प्रभु देखी ६४ तृषित पियासा थोरेही वारि जल पाये विना तनुको त्यागि दिया मरे पीछे सुधा नाम जलको तड़ाग लैकै काह करै कौन कामको है वा थोरे जल विना मरा पीछे तड़ाग काह करै क्या सुधा अमृतहै जिआयलेइगो ये अर्थ इस समयको भूषित नहीं करि सकत इहां प्रभु प्रीतिपाल गुणको सँभारे कि किशोरीजी तौ हमारे बिषे सांची प्रीति किहे हैं तिनको विना धनुष टूटे प्राणघात को दंडहै सो हम विलम्ब करतेहैं तौ प्रीति देशमें विरोध आवत यथा॥ जे न मित्र दुख होहिं दुखारी। तिनहिं विलोकत पातक भारी॥ इति प्रीति विचारि प्रभु कहत कि धनुभंग देखनेकी प्यासते प्राणघात सा दण्ड होताहै इसी प्यासमें धनुभंग रूप जल हमने न पियाय दिया जब पूर्ण दण्ड ह्वै गया पीछे धनुष तोरा विवाह आदि आनंद सुधा तड़ागसम हमने दिया तौ किस कामकाहै ताते यही उचित कि मित्रको दुःख शीघ्र मेटा चाहिये विलम्ब करना कुमित्रको काम वह त्याग योग्यहै ६५ कृषी खेती धानादि अन्न जब सूखिगयो उसके समय पर न वर्षा पीछे वर्षा तौ किस काम को है यथा समय पर चूकि गया समय पाय यथा बालसमय विद्या न पढ़ा पीछे पछिताने क्या होत ६६ तथा मित्रको दुःख शीघ्र न मिटाया तौ मित्रता में हानि करै पीछे लाख काम करै वृथा है प्रीतिपट फटे जुरता नहीं ऐसा जीवमें जानि किशोरीजीको दुःखित देखि अंतरमें विशेष प्रीति लखि प्रभु प्रेमते पुलकि उठे रोमांचाश्रु प्रकट ह्वै आये ६७ गुरुहि विश्वामित्रको मनसें प्रणाम करि अतिलाघव पटेबाजीके दांव फुरतईते धनुष उठाय लीन पुनः ज्यारोपण कीन रोदा चढ़ाया इहां किशोरीको आर्त देखि धनु तोरिबेमें ऐसी आतुरता आई कि गुरुको प्रसिद्ध प्रणाम करिबेको सावकाश न भई ताते मनहीमें प्रणाम किया ६८ श्यामतनु रघुनाथजी प्रकाशमान धनुष लेत चढ़ावतमें कैसी शोभा देखानी जैसे दामिनी दमकी ताको मेघने गहिलियो पुनः जब खैंचे तब धनुष नभवत् मंडलाकार देखानो तेहिकी चमकते सबके नेत्र चकचौंधे होगये ६९ धनुषको करते गहि लेत समय पुनः चढ़ावत समय पुनः खैंचत समय गाढ़े दृढ़करिहाथों ते परिश्रम होना किसीने न देखा सब ठाढ़े देखते रहे अर्थात् धनुष अत्यन्त गरू अरु कठोर रहा अरु प्रभु कोमलगात रहे सब कार्य करतेमें सुकुमारता ही दर्शित रही परिश्रम न दर्शान्यो जहां दुर्घट कार्य करते समय परिश्रम

न आवै ताको बल गुण कहिये यथा भगवद्गुणदर्पणे ॥ क्रियायामस्य गुर्व्यान्तु खेदाभावो बलं गुणः । श्रमो न जायते विष्णोर्ब्रह्माण्डानेकधारणे ॥ सोई धनुभंगमें प्रभुबल गुण दर्शाये अर्थात् अत्यंत पोढ़ा ताको तोरत समय इत्यादिमें परिश्रम न आयो सब सहजही करिगये ७० इस प्रसंगमें जैसा विस्तारहै तैसा बार नहीं व्यतीत भया जौने क्षणमें प्रभु उठे ताहीके मध्य में अर्द्धभागमें. तोरा वा ताही क्षणमें धनुषको मध्य ते श्रीरघुनाथजी तोरा तेहि धनुष टूटनेकी घोर कहे भयंकर कठोर बड़ी कड़ी धुनि भवन में भरि गई ७१ कैसा घोर कठोर रव नाम शब्द भुवनमें भरिगया जाको सुनि रविवाजि सूर्यनके रथके घोड़े ते सदाकी मार्ग राह तजि बिझुकि भागिचले इति ऊर्ध्व पुनः पाताल में दिग्गज भयातुरह्वै चिक्कार करते पुनः महि पृथ्वी हालि उठी काहेते अहि जो शेष कोल जो वाराह कूर्म जो कच्छप इनकी आधार भूमिहै ते सब कलमले चलितह्वै एक एकनको गहे ७२ पुनः स्वर्गमें सुर जो इन्द्रादि देवता पाताललोक में असुर प्रह्लादादि दैत्य मृत्युलोकमें मुनिजन ते सब कर कान दीन्हे हाथोंते कान बंद करि काहेते धनुभंग को कठोर शब्द कानों में समायगया ताते सब विकल ह्वैगये पुनः सब विचार भी करतेहैं तुलसी इति कविकी उक्ति क्या विचारे वेदप्रमाण समय जानि निश्चयकरे कि श्रीरघुनाथजी कोदंड खंडउ शिवको धनुष तोरेउ ऐसा जानि श्रीरघुनाथजीकी जयहोय ऐसा वचन सब उच्चारण करतेहैं ७३ दोहार्थ ॥ श्रीरघुनाथजीकी बाहुनको बल सोई अपार सागरहै तामें शंकरचाप शिवधनुष जहाजरहै तापर सबकी संशय आदि जो दश पथिक पूर्व गनाय आये तेई मोहवशते चढ़े रहैं सोई सकल समाज बूड़िगई अर्थात् संशय अज्ञान अभिमान शोच पछिताव दुःख कादरतादि जो सबमें रही सो धनुष टूटे नाश भये ७४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे धनुर्भंगवर्णनं नाम
अष्टचत्वारिंशः प्रकाशः ४८ ॥

८८ प्रभु दुउ चापखंड महिडारे । देखि लोग सब भये सुखारे १
कौशिकरूप पयोनिधि पावन । प्रेमवारि अवगाह सुहावन २
रामरूप राकेश निहारी । बढ़त वीचि पुलकावलि भारी ३
बाजे नभ गहगहे निशाना । देववधू नाचहिं करि गाना ४
ब्रह्मादिक सुरसिद्ध मुनीशा । प्रभुहि प्रशंसहिं देहिं अशीशा ५

वर्षहिं सुमनरंग बहु माला। गावहिं किन्नर गीत रसाला ६
रही भुवनभरि जय जय बानी। धनुषभंग धुनि जात न जानी ७
मुदित कहहिं जहँ तहँ नर नारी। भंजेउ राम शंभुधनु भारी ८
दो० बंदी मागध सूतगण, बिरदबदहिं मतिधीर॥
करहिं निछावरि लोग सब, हय गय धन मणि चीर ९

८८ चाप धनुषके दोऊखंड प्रभु रघुनाथजी महि पृथ्वीमें डारिदिये टूटे खंडदेखि जे आश्रित जन रहैं ते सब सुखीभये विषादगया १ कौशिक विश्वामित्रको रूप पावन पयोनिधि पवित्र क्षीरसागर है तामें प्रेमरूप वारि जल सुहावन अमल अवगाह अथाहभरा है २ सोई समुद्र श्रीरामरूप राकेशनाम पूर्णमासीको पूर्णचंद्र अर्थात् द्युति, लावण्यता, स्वरूप, सुन्दरता, रमणीकता, कांति, माधुरी, मृदुता, सुकुमारता, शौर्य, वीर्य, तेज, बल, कीर्त्ति, यश, प्रतापादि षोड़शो कला पूर्णचंद्र प्रभुको नेत्रन भरि निहारिकै मुनिरूप सिंधुमें पुलकावली, अश्रु, रोमांचादि वीचिनाम लहरी बढ़ती हैं अत्यन्त प्रेम उमँगत ३ नभ आकाशमें गहगहे उत्सवभरे निशान नगारादि अनेकबाजा बाजे देवनकी वधू नारी ते विमाननपर मांगलिक राग गानकरि नाचती हैं ४ ब्रह्मादिक देवता लोमशादि सिद्ध नारदादि मुनीश ते सब प्रभुहि श्रीरघुनाथ को प्रशंसत गुणनको बखान करत पुनः आशीर्वाद देत ५ बहुरंग फूलनके माला देवता वर्षत पुनः किन्नर रसाल नाम मधुरे स्वरनते मांगलिक गीत गावत ६ जय जयकार वाणी तौ भुवन भरेमें भरिरही है अरु धनुभंग की धुनि नहीं जानीजात कि कहांतक गई वा जयकारमें मूँदिगई ७ जो पूर्व चाहरही सो पूर्णभई ते मुदित आनंदते जो जहांहैं सो तहैं सब नर नारी परस्पर कहत कि देखो महाभारी शंभुको धनुष ताको श्रीरघुनाथजी भंज्यो स्वाभाविकही तोरि डारे ८ दोहार्थ॥ तहां और तौ सब आनंदमें डूबिगये किसीको कुछ कहनेकी सुधि न रही तहां बंदी मागध सूतादि जे गण हैं ते मतिके धीरहैं कहनेकी सुधिबनी है ताते विरद बदहिं सूर्यवंश को यश कीर्त्ति प्रतापै वर्णन करने लगे यथा॥ वैवस्वतेक्ष्वाकु कुक्षि रविसम प्रकटे विकुक्षिवान अनरण्यको प्रताप लोकछायेहैं। उन्नत सबलोक बात प्रकटे भुविमानधात रावणपै कीनघात ताहिविधि बचायेहैं॥ तैसे अंबरीष राजभक्तनमें शीश ताज राखी हरि जासु लाज आपहि उठिधायेहैं। जाकोलखि डरे शक्र पठये ऋषिभये वक्र छूटो ज्यहिहेतु चक्र जरतऋषि छँड़ाये हैं॥ प्रकटे मुचुकुंदराज नृपति वीर शीशताज दैत्यलवा यथा बाज देवनसुखदायेहैं। जपत

जग ययाति जाप उत्तमभे नहुषआप उदित भूमिते प्रताप देवलोक आये हैं ॥ प्रकटे जब पृथुभूप तोपि शोकपापकूप गहिकै जिन धेनुरूप भूमिको दुहायेहैं। दानी हरिचंदधीर मानी नहिं धर्मपीर रोहिताश्व सगर वीर सागर बनायेहैं ॥ जीते जग अंशुमान रविसो दिलीप जान रावण ज्यहि शंकमान लंक बानताये हैं। भगीरथहि लोकजान रघुबरभय वीर दान सुरपतिको तूरिमान पत्रजय लिखायेहैं ॥ तिनके अजभये नंद सागर ज्यों सुक्तिचंद आनंदकोकंद तनय दशरथसे पायेहैं। दशरथसमानकौन हेरेदशचारिभौन पायकारिपुत्रजौन योगी नितध्यायेहैं ॥ प्रकटेरघुवंशनाथ तोरे शिवधनुषहाथ रविकुलइमिअमलगाथ बैजनाथगायेहैं ॥ इहां धनुभंगते प्रभुको ऐश्वर्य प्रकट भयो रहै जब बंदी मागध सूतादि विरदावली अर्थात् रघुनाथजीके पुरुषनके कीर्त्ति यश प्रताप सुनाये ताही झुंडमें धनुभंगको भी यश मिलिगया अर्थात् यही दर्शित भया कि इस कुलमें सनातनते उदार प्रतापी वीर होते आयेहैं ऐसे कुल के राजकुमार हैं तो क्यों न धनुष तोरैं इति माधुर्य विचारि नजरि निवारणहेतु जनकपुरवासी लोग प्रभुपर वारि वारि हाथी घोड़ा सोना मणि दुशालाआदि न्योछावरि करने लगे ९ ॥

८९ झांझ मृदंग शंख सहनाई। भेरि ढोल दुंदुभी सुहाई १०
बाजहिं बहु बाजने सुहाये। जहँ तहँ युवतिन मंगल गाये ११
सखिन सहित हर्षीं अतिरानी। सूखत धान परा जनु पानी १२
जनक लहेउ सुख शोच बिहाई। पैरत थके थाह जनु पाई १३
श्रीहत भये भूप धनु टूटे। जैसे दिवस दीप छवि छूटे १४
सीयसुखहि बरणिय क्यहि भांती। जनु चातकि पाई जलस्वाती १५
रामहिं लषण विलोकहिं कैसे। शशिहि चकोर किशोरक जैसे १६
शतानंद तब आयसु दीन्हा। सीता गमन रामपहँ कीन्हा १७

दो० संग सखी सुंदर चतुर, गावहिं मंगलचार ॥
गवनीं राजमरालगति, सुषमा अंग अपार १८

८९ जब सबके मनमें मंगलाचार व्यापा ताते झांझ, मृदंग, सहनाई आदि गुणीजन बजाये भेरी जो तुरुही ढोल दुंदुभी जो नगारा सुन्दर बाजा वाले बजावत शंख मुनिजन बजाये १० इत्यादि बहुत बाजन बाजे जहां तहां ठौर ठौर युवतीजन मंगल ब्याहके गीत गान करने लगीं ११ अब जो समाज धनुष जहाज चढ़ी बूड़िगई तिनके स्थानकी व्यवस्था कहत रानिनके दारुण

दुःख दावा नाश भयो कैसे जनु धान सूखत समय पानी परा वह हरित ह्वै उठा तैसेही सखिन सहित रानी हर्षीं अत्यन्त आनंद भई १२ पुनः जनकजी को प्रण कीन्हेको पछितावरहा सो नाश भया कैसे जैसे कोऊ अगाध जलमें पैरतमें थका बूड़नेलगा ताही समय थाह पाइगया तैसेही प्रणरूप अगाध जलमें पैरिथके अर्थात् वर्षपर्यंत व्यतीत भया तावत् पैरतरहे आजुको दिन बाकीरहा ताहूमें किसीने तूरा नहीं इति थके बूड़नेलगे तैसेही प्रभु धनुष तोरि पार किनारे कीसी थाह करिदिये १३ मन्द महीपनको अभिमान नाशभयो ताते धनुष टूटतही मानीभूप श्रीहत शोभा ऐश्वर्य करिहीन उदासीन देखाने कैसे जैसे दिवसके दीप तेजहीन धूमिल तैसे उनकी छवि छूटिगई अशोभित भये १४ किशोरीजीका शोच नाशभयो कैसे जिमि प्यासी चातक स्वाती समय मेघते जल पाय आनंदहों तैसे किशोरीजी को सुख अपूर्वभया ताको कौनी भांति कहिये कहते बनतही नहीं १५ पूर्व क्रोधतापरही सो नाशभई ताते लक्ष्मण श्रीरघुनाथजीको प्रेमते यकटक ह्वै विलोकते देखते हैं जैसे चकोरकिशोर शशि जो पूर्णचन्द्र ताको देखै किशोर अवस्थामें देखनेकी चाह विशेषहोत १६ जब सबभांतिते थिरताभई तब शतानंदजी आज्ञा दिये कि कन्या राजकुमारके जयमाला पहिराइदेइ सो सुनि किशोरीजी श्रीरघुनाथ जीके समीपको गमन कीन्हा चलीं १७ दोहार्थ॥ कौन भांतिते चलीं एक तौ किशोरीजीके अंगमें सुषमा शोभा ऐसी अपार जाको कोऊ पार नहीं पावत कि कितनीहै पुनः संगमें जे सखीहैं ते सब सुन्दरी अरु चतुर ते मंगलाचार ब्याह के गीत गावतीं पुनः राजमरालहंसनकी ऐसी मंदगति गवनीं धीरा धीरा चलीं इस समयकी शोभा देखि दूसरेकी कौन गिनती रघुकुलमणि को भी धनुष तोरेको परिश्रम जातारहा अपलक थिरह्वैगये १८॥

६० सखिन मध्य सिय सोहति कैसी। छवि गण मध्य महाछवि जैसी १९
करसरोज जयमाल सुहाई। विश्व विजय शोभा ज्यहि पाई २०
तनुसकोच मन परम उछाहू। गूढ़प्रेम लखिपरै न काहू २१
जाय समीप रामछवि देखी। रहि जनु कुँवरि चित्र अवरेखी २२
चतुरसखी लखि कहा बुझाई। पहिरावो जयमाल सुहाई २३
सुनत युगलकर माल उठाई। प्रेमविवश पहिराइ न जाई २४
सोहत जनु युग जलज सनाला। शशिहि सभीत देत जयमाला २५
गावहिं छवि अवलोकि सहेली। सिय जयमाल रामउर मेली २६

सो० रघुवर उर जयमाल, देखि देव वर्षहिं सुमन ॥
सकुचे सकल भुवाल, जिमि विलोकि रविकुमुदगण २७

९० सखिनके मध्यमें किशोरीजी कैसे शोभितहोत जैसे छविगण यथा॥ द्युतिलावण्य स्वरूप सोइ सुंदरता रमनीय । कांतिमधुर मृदुता बहुरि सुकुमारता गनीय॥ इत्यादि जो छविके नव अंगहैं तेई छविगणहैं अर्थात् आठो मुख्य सखी अरु एक वंदीजनकी कन्या जो सब राजनको कुल नाम गुण ऐश्वर्य बतावनेवाली तेई नव सखी छविगण हैं तिनके बीचमें किशोरीजी कैसी शोभित होत जैसे महाछवि अर्थात् जाके द्युतिआदि सब अंगहैं तामें अंगी जो पूर्णछवि है सो किशोरीजीहैं १९ किशोरीजीके करमें कमलनके फूलनकी माला अथवा कमलसम करनमें जयमाल सुहाई शोभा देरही तहां अध्यात्ममें सोनेकी मालालिखी यथा॥ सीता स्वर्णमयीं मालां गृहीत्वा दक्षिणे करे। स्मितवक्त्रा स्वर्णवर्णा सर्वाभरणभूषिता ॥ अरु तंत्रशास्त्रके मतते महुवाके फूल दूब पाटके डोरा ते गुहा सोई इन्दुमतीके स्वयंवरमें रघुवंशमें लिखा यथा ॥ एवं तयोक्ते तमवेक्ष्य किंचिद्विस्रंसिदूर्वांकमधूकमाला॥ इत्यादि सोई गोसाईंजी गीतावली में लिखे यथा ॥ सुमन सुमंगल सगुणकी बनाय मंजु मानहु मदनमाली आपु निर्मईहै। सुमन महुवाके सुमंगल पाटको डोरा सगुन दूब इत्यादि जयकहे स्वयंवरभरेकी समाजको जीतनहार अर्थात् जाके गरेमें परा सोई समाजमें विजयी होत याते जयमाला कहावत अरु जो जानकीजी हाथमें जयमाला लिहेहैं सो समाजकी कौन गिनती विश्व संसार भरेके विजयकी शोभा पाई है अर्थात् वर्ष पर्यंत व्यतीतभया सब संसारभरे के वीर हारिकै लौटिगये अथवा विश्वविजय श्रीजानकीजी काहेते विश्वभरे के वीर जा धनुषको न उठाइसके ताको सहजही उठाइ लीन्ही तेऊ किशोरीजी जेहि जयमालते शोभापाई सुंदर वर पाइ शोभित होइँगी अथवा विश्वविजय जो श्रीरघुनाथजी हैं तिनहूं जेहि जयमालाकरिकै शोभापाये जब किशोरीजी वामभाग विराजमान होइँगी तब शोभा पूर्ण होइगी २० गुरुजनकी लाजते तनुमें तौ किंचित् संकोचहै पुनः श्रीरघुनाथजीके विषे जो प्रेमहै सो काहूको लखि नहीं परत काहेते गूढ़ है अंतरमें गुप्त है ताते मनमें परम उछाह है अर्थात् जातसमय प्रभुको देखनेकी मनमें तौ परम खुशी परन्तु तनमें किंचित् संकोच है ताते दृष्टि नीचीकिहे जाती हैं २१ समीप विशेष निकटजाय किशोरीजी रघुनाथजीकी छवि देखी देखतही कुँवरि जानकीजी कैसी यकटक थिररहिगईं जनु चित्रअवरेखी चित्रसारीकीसी लिखी प्रतिमा संज्ञारहित इहां प्रेमलाजकी युद्धमें अबतक मर्यादबलते लज्जा सबल रही

ताते प्रेम अंतरमें दबारहा जब प्रभुधनुष तोरे पिताको प्रण पूरा भया पुरोहित जयमाल पहिरावनेकी आज्ञादियो अब वही मर्यादबल प्रेमने गहिके लाजको परास्त कियो ताते जो नेत्रनमें किंचित् रही सोऊ तजि भागि जाइ राजनमें बैठी २२ प्रेमके प्रवाहमें किशोरीजी मग्न माला पहिरावनेकी सुधि न रही तहां यह उचितहै कि जो स्वामी भूलिजाय तौ मंत्री समय साधनकी सुधि कराइदेवैं ताते किशोरीजीकी दशा लखि चतुरसखी सुभगा बुझाइ जानकीजीको समुझाय कहे कि यासमय विलंब करना सोऊ एक विघ्नहै ताते या समयमें यही सुहाई शोभाहै कि जयमाल पहिरावो वा सुहाई जो तुम्हारे मन भाईरहै सोईभई ताते जयमाल पहिरावो वा तुमको अवलोकन सुहाता है जयमाल पहिरावो जो सबको सुहाई २३ सखीके वचन सुनत युगलकर दोऊ हाथनते जयमाल उठाई तौ परंतु विशेष प्रेमके वशहैं ताते पहिराइ नहीं जात भाव पहिरावतमें मुखकी आड़ परी वा वियोग भय वा धनुभंग विलंबको दांवलेत २४ माला उठाये पहिरावती नहीं ताकी उत्प्रेक्षा करत सभुज पाणि नहीं हैं सहित नाल दुइ कमल जनु सोहतहैं प्रभुको मुख नहींहै जनु पूर्ण चन्द्रमाहै चन्द्रकमलको संपुटित करनहार है ताते सभीत चंद्रको डर मानि निजहितकर बनाइबेहेतु जयमालारूप नजरि देत इहां परस्पर सनेहते सभीतपद दूषणरहै सो प्रथम संयोगमें सभीतहोना शृङ्गाररसमें भूषण है २५ ता समय दूनोंरूपकी छवि प्रीतिपूर्वक परस्पर अवलोकन लखि देखिके सहेली ब्याहके गीत गान करनेलगीं सो सुनि मंगलोत्सव उद्दीपनभयो पूर्वानुराग शांतभयो भाव ऐसी आसक्तिकी कुछ जरूरत नहीं अब तौ हम पाणिगृहीता भार्या होचुकीं ताते समय का साधनकरना योग्यहै ऐसा विचारि किशोरीजी जयमाला रघुनाथजीके उरमें मेली पहिरायदीन्हीं २६ सोरठार्थ॥ श्रीरघुनाथजी के उरमें जयमाल देखि ब्याहकी पूर्णता जानि हर्षे ताते देवता फूल वर्षनलगे अरु जे दुष्ट राजा रहैं ते हारिमानि सकुचे लजाइगये कौन भांति जैसे सूर्यन को देखि कुमुदगण कोकी फूलनके समूहसे संपुटितभये २७॥

९१ पुर अरु व्योम बाजने बाजे। खल भे मलिन साधु सब गाजे २८
सुर किन्नर नर नाग मुनीशा। जय जय कहि सब देहिं अशीशा २९
नाचहिं गावहिं विबुधवधूटी। बारबार कुसुमावलि छूटी ३०
जहँ तहँ विप्र वेदधुनि करहीं। बंदी विरदावलि उच्चरहीं ३१
महि पाताल नाक यश व्यापा। राम बरी सिय भंज्यो चापा ३२
करहिं आरती पुर नर नारी। देहिं निछावरि वित्त बिसारी ३३

सोहति सीय रामकै जोरी। छवि शृङ्गार मनहुँ यक ठौरी ३४
सखी कहैं प्रभुपद गहु सीता। करत न चरणपरस अतिभीता ३५
दो० गौतमतिय गति सुरतिकरि, नहिं परसत पदपानि॥
मन बिहँसे रघुवंशमणि, प्रीति अलौकिक जानि ३६

९१ जनकपुर में अरु व्योम आकाश में देवतनके विमाननपर अनेकन बाजा उत्सवभरे बाजिरहे खल दुष्टराजा भोरसे नक्षत्र मलिन तेजहीनभये साधुजन सब गाजे आनन्दमय वार्त्ता करनेलगे २८ किन्नर देवादि स्वर्ग में, नरमुनीश मृत्युलोकमें, नाग पाताल में इति तीनिहूं लोक में जय जय जय कहि पुनः प्रभुको आशीर्वाद देतेहैं कि जोड़ी चिरंजीवरहै २९ विबुधवधूटी देवनकी स्त्री विमाननपर मांगलिक गीत गानकरि नाचिरहीं अरु बार बार देवन के बर्षते कुसुमावली छूटती हैं फूलमाल वर्षते हैं ३० जहां तहां ठौर ठौर ब्राह्मण वेद धुनि वेद पढ़िरहे हैं बंदी कुलपूज्य भाट ते विरदावली उच्चारत दोऊ कुल को प्राचीन यश प्रताप बखान करत ३१ मही भूमंडल सातों द्वीपनमें पाताल लोकमें नाक कहे स्वर्गलोकादि सर्वत्र उज्ज्वल अमल यश व्यापिगयो हर्षसहित सब यही गान करत कि श्रीराम जानकी को ब्याहभयो शिवधनुष श्रीरघुनाथजी तोरे ३२ ताही समय आनन्दवश जनकपुरके नर नारी श्रीराम जानकीजी की आरती करते हैं वित्त बिसारि द्रव्य हमारे रही वा न रही इस बातकी सुधि बिसारि संपूर्ण धन न्योछावरि किहे देते हैं जो सुकृत रहै सो धनुष तोरने हेतु प्रभुको दैदिये जो द्रव्य रहै सो धनुटूटे की आनन्द में लुटाये देत ताते सांचे अनुरागी हैं ३३ श्रीराम जानकीजी की जोड़ी कैसी रंगभूमि में राजत जनु मूर्त्तिमान् छवि अरु शृङ्गार दोऊ यकठौरी प्रीतिपूर्वक विराजमान हैं छवि यथा॥ द्युति लावण्य स्वरूपस्वइ सुंदरता रमनीय। कांति मधुर मृदुता बहुरि सुकुमारता गनीय॥ शरदचंद्रसी झलक ज्यों द्युति तनमाहिं लखाय। मुक्ता पानी सम गनौ लावण्यतासुहाय॥ विन भूषण भूषित जु तन रूप अनूपम गौर। सब अँग सुभग सुठौर सुठि सुंदरताशिरमौर॥ देखी अनदेखी मनौ तरुणी रमणी सोइ। सुभग देहकी कांति सो भूमिस्वर्णसी होइ॥ देखे तृप्ति न पाइये सो माधुरी बखान। परसे परस न जानिये सोई मृदुता जान॥ कमलदलनसों सेज रचि कोमल वसन डसाय। नाक सकोरै पग धरत सुकुमारता सुभाय॥ इत्यादि जो स्वाभाविक अंगमें शोभा होइ ताको छवि कहिये पुनः शृङ्गार यथा सत्योपाख्याने॥ भावः कटाक्षहेतुश्च शृङ्गारे बीजमादिमम्। प्रेममानः प्रणयश्च स्नेहो

छवि दशा
[illegible]

रागश्च संस्मृतः ॥ अनुरागः स एव स्यादंकुरः पल्लवस्तथा । कुलिकाकुसुमानीति फलं भोगः स एव च ॥ किसी भांति अपनो मानिलेना इति भाव तेहि करिकै कटाक्षादि चितवनि हँसनि बोलचालादि शृङ्गारको बीजहै पुनः प्रीतिके अंग यथा ॥ प्रणय प्रेम आसक्ति पुनि लगन लाग अनुराग। नेहसहित सब प्रीतिके जानहु अंगविभाग ॥ मम तव तव मम प्रणय यह सौम्यदृष्टि त्यहि होइ । प्रीति उमँग सो प्रेमहै विह्वलदृष्टी सोइ ॥ चित अशक्त आशक्ति स्त्रइ यकटकदृष्टी ताहि । बनीरहै सुधि लगनकी उत्कंठा दृगमाहि ॥ जाके रसमें लीन चित चोपदृष्टिसो लाग । जासु प्रीतिमें चितरँगो मत्तदृष्टि अनुराग॥ मिलनि हँसनि बोलनि भली ललितदृष्टिसों नेह । प्रीति होइ सर्वांगउर दृष्टि अधीन सदेह ॥ प्रेम अंकुरप्रणयद्विदल आसक्तीसमूहदललगनशाखा लाग नवोंकुर नेहपल्लवः अनुरागकली प्रीतिफूल भोगफल इति ताके षोड़श संस्कार यथा ॥ आदौ मज्जनचीरचारुतिलकं नेत्रांजनं कुण्डलम् । नासामौक्तिकपुष्पहारमुकुटं झंकारकं नूपुरम् ॥ अंगे चंदनलेपकं कुचमणिं क्षुद्रावलीं घंटिकां तांबूलं करकंकणं चतुरता शृङ्गारकाः षोडश ॥ इत्यादि ऊपरकी बनावट प्रेमादि भीतरकी बनावट सो शृङ्गारमूर्ति श्रीरघुनाथजी हैं अरु जो स्वाभाविक देहकी बनावट विना बनाये बनीहै सो छविमूर्ति जानकीजी दोऊ एकठौरी हैं ३४ सखीने पद गहनेको किस हेतु कहे तहां यावत् देवतीर्थ हैं तिनमयी पतिके पांव हैं अथवा जब पतिव्रता पतिके समीप जाय तब हाथ जोरि प्रणाम करै पीछे आज्ञा पूँछै यह गिरिजाउपदेशमें शिवपुराणमें लिखा है यथा ॥ तीर्थार्थिनी तु या नारी पतिपादोदकं पिबेत् । तस्मिन्सर्वाणि तीर्थाणि क्षेत्राणि तु न संशयः॥ आहूता गृहकार्याणि त्यक्त्वा गच्छेत्तदन्तिकम् । सत्वरं सांजलिः प्रीत्या सुप्रणम्य वदेदिति । किमर्थं व्याहृता नाथ स्वप्रसादो विधीयताम् ॥ तहां धनुष तोरे जयमाल प्राप्तह्वै चुके ऐसा विचारि सखी कहत कि हे किशोरीजी ! प्रभु के पद गहौ सो सुनि अत्यंत भय मानि चरण स्पर्श नहीं करतीं क्यों सभीतभईं सो आगे कहत ३५ दोहार्थ ॥ गौतमातिया अहल्या पद स्पर्शकरि पापमयी पतिशापित पाषाणकी देह अर्थात् जिनमें महाभार रहा तेतौ दिव्यदेहह्वै न मालूम किस लोकको गईं अरु मैं तौ कोमलतनु बाल अवस्था सबभांति भाररहित इन पदरज धूरिके प्रभावते कैसे रुकिसकौंगी काहेते ज्यहि मारुत गिरिमेरु उड़ाहीं । कहहु तूल क्यहि लेखे माहीं ॥ अरु न मालूम कौन सुकृतते प्रभुकी समीपता प्राप्तभई तापर स्वर्ग मुक्ति चारिउ फल न्योछावरिहैं यह संयोगते वियोग न होवै यह विचारि पाणि जो हाथ तेहिते प्रभुके पद नहीं परसत तहाँ सदा संयोगके आगे सब फलनको अनादरकिहे

इति अलौकिक प्रीति जानिरघुनाथजी मनमें विहँसे जो कहिये कि करसुंदरीकी मनी स्त्रीह्वै हमारे सुखकी भागी न होइ सो भय मानत यह लौकिक प्रीतिहै पुनः पातिव्रतधर्मको बाधकहै काहेते पतिव्रता पतिके सुखमें आपनोसुख मानत पुनः चक्रवर्तिनके ब्याहनको नेम नहीं क्योंकि दशरथजी के साढ़ेसात सौ रानीरहैं अथवा प्रभुजी बहुतकाल प्रकृतिमंडलमें रहनेकी प्रतिज्ञाकरिअवतीर्णभये अरु पदरजमें ऐसा प्रभाव प्रकट किया है ताको स्पर्श कीन्हे हमको न दिव्यदेह ह्वै साकेतलोकको जानापरै तौ बहुतकाल वियोगरहै इति अलौकिक प्रीति ३६ ॥

९२ तब सिय देखि भूप अभिलाखे। कूर कपूत मूढ़ मन माखे ३७
उठि उठि पहिरि सनाह अभागे। जहँ तहँ गाल बजावन लागे ३८
लेहु छँड़ाय सीय कहँ कोऊ। धरि बांधहु नृपबालक दोऊ ३९
तोरे धनुष काज नहिं सरई। जीवत हमहिं कुँवरि को बरई ४०
जो विदेह कछु करहिं सहाई। जीतहु समर सहित दउ भाई ४१
साधुभूप बोले सुनि बानी। राजसमाजहि लाज लजानी ४२
बल प्रताप वीरता बड़ाई। नाक पिनाकहि साथ सिधाई ४३
सोइ शूरता कि अब कहुँ पाई। असिबुधि तौ विधिमुँहमसिलाई ४४

दो० देखहु रामहिं नयन भरि, तजि इरषा मद मोहु॥
लषण रोष पावक प्रबल, जानि शलभ जनि होहु ४५

९२ तब तासमय अद्भुत शोभामय प्रसन्नरूप देखि किशोरीजीके प्राप्ती की सब राजनने अभिलाषकरी तिनमें कूर टेढ़ी प्रकृतिवाले कपूत जे वंशकी सुरीति त्यागे कुरीति चलते हैं मूढ़ जिनको हिताहित हानि लाभ नहीं सूझत इत्यादि मनमें माखे क्रोध करे ३७ ते अभागे पापके भाजन उठि उठि शृंगार साज उतारि सनाह बख़्तर पहिरि जो जहांहैं सो तहैं गालबजावनेलगे शक्तिहीन बड़ी बात कहनेलगे सो आगे प्रसिद्ध ३८ कोऊ अर्थात् जे कूरहैं ते कहत कि राजकुमारी को छँड़ाय बरबश छीनिलेउ पुनः जे कपूतहैं ते कहत कि ऐसा नहीं शत्रु छांड़ि दीन्हे पुनः घात करत ताते नृप दशरथके दोऊ बालकन को भी धरि बांधौ पकरिकै बँधुवा करिराखो ३९ काहेते अबहीं धनुषै तूरिनिहै ताकरिकै तौ कुछ कार्य सरा नाम पूरा नहीं भया अर्थात् लग्न तैल चढ़ा नहीं मातृपूजा कन्यादान पाणिग्रहण भवँरी सप्तपदी वामांगी आदि ब्याहके एकहू कार्य नहीं भये सो तौ हमारे जीवत कुँवरिको कौन ऐसाहै जो बरई विवाह करिलेई प्रथम हमते युद्ध करै जो हमैं जीतै तौ ब्याहकी आशा करै ४० पुनः

जे मूढ़ हैं ते कहत कि कदाचित् जो कुछ विदेह सहाइ करहिं तौ विदेह सहित दोऊ भाई दशरथ पुत्रनको समरमें जीतहु द्वै भाई क्या करते विदेह सेनसहित अपने घरमें हैं ताते जीतना अवश्य है ४१ वृथा जल्पित दुष्टन की वाणी सुनि साधु राजा बोले कि राजसमाजहिं राजनकी गति देखिके अर्थात् धनुष तिल भरि कोऊ न उठाइसका सब हारि बैठे सो गति देखिके लज्जा भी लजाइ गई अर्थात् इनको त्यागि चलीगई ताते ये राजा निर्लज्ज होगये ४२ काहेते निर्लज्ज हैं कि बल अरु प्रताप जाको सब डरै पुनः वीरता रणनिश्शंकता पुनः बड़ाई अर्थात् दानादिते कीर्ति पुनः नाकलोकमें मर्याद इत्यादि तौ पिनाक टूटत के साथै सिधाई राजनको त्यागि गई भाव जो धनुष कोऊ उठाइ न सका ताको रघुनाथजी तृणवत् तोरि डारे तब काहू में बल वीरतादि कहां रही ४३ तहां हे निर्लज्जहु ! जो तुम्हारे पूर्वही शूरता रहै सोई है उसीते राजकुमार रणको जीतौगे कि तप जपादि कुछ साधन करि किसी इष्टदेवते अब इसी समय में पाई है जो ऐसीही बुद्धि है भाव सियार ह्वै सिंहको नहीं पहिंचानते हौ तौ अवश्य ही विधि ब्रह्मा मुखमें मसि स्याही भी लगाई अर्थात् मूड़ तौ मुड़ाइ चुके स्याही लगाइ गदहा चढ़ने को बाकी है सोऊ होई भाव हथियार डारिकै भागोगे ४४ दोहार्थ॥ ताते दीपकी शलभ न होउ श्रीरघुनाथजी को अर्थात् जानकीजी की दिशि दृष्टि भी न करौ उधरते खैंचि उसी सनेहते स्वामी मानि श्रीरघुनाथजी को नयन भरि देखौ तौ जन्म धरेको फल प्राप्त होई अरु मोहमद वशते जो ईर्षा किहेहौ अर्थात् राजकुमारी हमको न मिली दशरथकुमार ब्याहे लेत सो ब्याह न होने पावैगा इत्यादि ईर्षा मोह मद सब तजहु नहीं तौ लषण रोष लक्ष्मणजी का क्रोध अग्नि है तामें जानिकै अर्थात् अबहीं जिनके सक्रोध वचन सुनि पृथ्वी दिग्गज हालि उठे यह देखेउ है ताते जानिबूझि अग्नि में पांखी ह्वै न जरिमरौ ४५॥

६३ वैनतेयबलि जिमिचह कागा। जिमिशशचहै नागअरिभागा ४६
जिमि चह कुशल अकारण कोही। सुख संपदा चहै शिवद्रोही ४७
लोभी लोलुप कीरति चहई। निकलंकता कि कामी लहई ४८
हरिपद विमुख परमगति चाहा। तस तुम्हार लालच नरनाहा ४९
कोलाहल सुनि सीय सकानी। सखी लिवाइ गईं जहँ रानी ५०
राम सुभाय चले गुरु पाहीं। सिय सनेह बरणत मनमाहीं ५१
रानिन सहित शोच वश सीया। अबधौं विधिहि कहा करणीया ५२

नृपन वचनसुनि इत उत कहहीं। लषण राम डर बोलि न सकहीं ५३

दो० अरुण नयन भृकुटी कुटिल, चितवत नृपन सकोप ॥
मनहुँ मत्तगजगण निरखि, सिंहकिशोरहिं चोप ५४

६३ जो कहौ कि जैसे वे राजा तैसे हम भी राजाहैं सो न विचारो देखो पक्षी दोऊहैं पर वैनतेय गरुड़ की बलि हिस्सा भाग जो काग चहै तौ कौने बलते लेइगा अथवा नागअरि जो सिंह ताको भाग जैसे शशनाम चौगड़ा चहै सो कैसे पावैगा ४६ अथवा अकारण कोही बेप्रयोजन क्रोध करने वाला जैसे कुशल चहै अथवा शिवजीते द्रोह करनेवाला संपदा सहित सुख चहै सो कैसे पाइ सकत ४७ धनको लोभी अरु लोलुप सब वस्तुको लोभी जो कीरति चाहै सो कैसे पाई पुनः कामी कामासक्त चहै कि मोको कलंक न लागै सो कैसे निकलंकता लहई नाम पाई ४८ अथवा हरिपद विमुख विना भगवान् की शरणागती अथवा भगवत् सों द्रोह करनेवाला यथा वाममार्गी आदि चहै कि हमारी परमगति मुक्ति होइ सो कैसे होई अवश्यही नरकको जाइँगे यथा इन सब को मनोरथ वृथा तथा तुम्हार सब राजनको जानकी ब्याहको लालच करना वृथा है ४९ कोलाहलो बहुभिः कृतस्पष्टशब्दस्य इत्यमरविवेके ॥ पुष्ट शब्द बहुतन करिकै जो सुनि परै इति कोलाहल बहुते राजनके कहे वचननको हल्ला सुनि किशोरीजी सकानीं कि कोऊ दुष्ट हमारे न हाथ लगाइ देवै वा रघुनाथजी पै कोऊ शस्त्र न प्रहार करै इति शंका मानी तब सखी किशोरीजी को लिवाइकै जहां रानी रहैं तहांको गईं ५० पुनः रघुनाथजी सहजसुभाव हर्ष विस्मयरहित गुरु विश्वामित्र के पास चले मनमें किशोरीजी को सनेह प्रीतिकी ललिताई वर्णन करत जात ५१ राजन के वचन सुनि रानिन अरु सखिनसहित किशोरीजी शोचके वशह्वै विचारत कि प्रथम दुःख तौ निवारण ह्वै मनभावत सुख प्राप्त भयो अबधौं ब्रह्मा काह करनहार हैं ५२ खल राजन के कुवचन सुनि लषणलाल इत उत सब राजनकी दिशि देखते तौ हैं पर क्रोधवश कुछ कहनेको मन उमँगत परन्तु श्रीरघुनाथजी के डरते विना आज्ञा बोलि नहीं सकते ५३ दोहार्थ ॥ चेष्टा कैसी है कि अरुण लालनेत्र ह्वै गये भृकुटी कुटिल टेढ़ी किहे कोपसहित राजन की दिशि लक्ष्मणजी कैसे चितवत मानहुँ मत्त हाथिनके गण झुण्ड देखिकै सिंहकिशोर युवा वय सिंहको चोट करने की चोप नाम उछाह होत ॥ ५४ ॥

६४ खरभर देखि सकल नरनारी । सब मिलि देहिं महीपन गारी ५५

त्यहि अवसर सुनि शिव धनुभंगा। आये भृगुकुल कमल पतंगा ५६
देखि महीप सकल सकुचाने। बाज झपट जिमि लवा लुकाने ५७
गौरशरीर भूति भलि भ्राजा। भाल विशाल त्रिपुण्ड्र विराजा ५८
शीश जटा शशि वदन सुहावा। रिसवश कछुक अरुण है आवा ५९
भृकुटी कुटिल नयन रिसराते। सहजहु चितवत मनहुँ रिसाते ६०
वृषभ कंध उर बाहु विशाला। चारु जनेउ माल मृगछाला ६१
कटि मुनिवसन तूण दुइ बाँधे। धनु शर कर कुठार कल काँधे ६२

दो० शान्त वेष करणी कठिन, बरणि न जाइ स्वरूप॥
धरि मुनितनु जनु वीररस, आयो जहँ सब भूप ६३

६४ खरभर खलराजनको हथियार लैलै उठते देखि पुरके नर नारी सब मिलिकै खलन को अनेक कुवचन कहि कहि गारी देत ५५ इत्यादि उपद्रव स्वाभाविक शान्त करिबे हेतु प्रभुने प्रेरणा करि परशुराम को बुलाय लिया यथा ताही अवसर में शिवके धनुभंग को शब्द सुनि भृगुकुल कमल वनके प्रकाशकर्ता पतंग नाम सूर्यरूप परशुरामजी उसी समाज में आये ५६ परशुराम को देखतही यावत् महीप राजा रहे ते सकल सकुचाने चुप ह्वैगये कैसे दबे जैसे बाजके झपटेते लवापक्षी लुकात तैसे लुके ५७ कैसा स्वरूप परशुरामको है गौर तौ शरीर तामें भूति कहे विभूति भली भांतिते लगाये भ्राजत शोभित भाल विशाल सुंदर ऊंच माथ तामें त्रिपुंड्र तिलक द्वितीया कैसो चंद्र लगाये हैं शोभा देरहा ५८ शीश बिषे जटा पूर्णचंद्रमा सो मुख सुहावा सुन्दर लागत सो रिसकी वशते कुछ अरुण ह्वै आवा थोरी ललामी दर्शत ५९ भृकुटी कुटिल भौंहैं टेढ़ी नयन रिस करिकै राते नाम लाल ह्वैगये ऐसा रौद्ररस दर्शत कि सौम्य दृष्टि सहजहू चितवतमें दर्शित मानो रिसैते चितवत हैं ६० वृषभसे ऊंचे पुष्ट कंधा उर छाती चौड़ी बाहु विशाल लंबी चारु सुंदर जनेऊ रुद्राक्षकी माला धारण मृगचर्म मेखला लसत ६१ कटिमें बल्कलादि मुनिनके वसन पुनः तूण तरकस दुइ बांधे करमें धनुष बाण दक्षिण कर में कुठार सुंदर सो कांधे पर धरे ६२ दोहार्थ॥ वेष तौ शान्तरसको पुनः करणी कठिन क्षत्रीघात करिबे में दयारहित जनु मुनिको तनु धरि वीररस सोई जहां समाजमें सब भूपहैं तहां आयो भाव किसमें वीरताहै यह देखने हेतु ६३॥

इति श्रीबैजनाथविरचितेश्रीरामचरितमानसभूषणेरंगभूमिपरशुरामागमनवर्णनोनामैकोनपञ्चाशत्प्रकाशः ४९॥

९५ देखत भृगुपतिरूप कराला। उठे सकल भय विकल भुवाला १
पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करन सब दण्ड प्रणामा २
ज्यहि सुभाय चितवहिं हितजानी। सो जानै जनु आयु खुटानी ३
जनक बहोरि आय शिर नावा। सीय वुलाय प्रणाम करावा ४
आशिष दीन सखी हरषानी। निज समाज लै गईं सयानी ५
विश्वामित्र मिले पुनि आई। पदसरोज मेले दूउ भाई ६
राम लषण दशरथ के ढोटा। दीन्ह अशीष देखि भलजोटा ७
रामहिं चितय रहे थकि लोचन। रूप अपार मारमद मोचन ८
दो० बहुरि बिलोकि बिदेह सन, कहहु कहा अति भीर॥
पूछत जान अजान जिमि, ब्याप्यउ कोप शरीर ९

९५ भृगुपति परशुरामको कराल वेष देखतही भय डेरायकै सकल भुवाल जे राजाहैं ते उठे परशुरामके समीप सब आये १ देशसहित पिता को नाम कहि अपनो नाम बताइ बताइ सब राजा दंडप्रणाम करने लगे २ ज्यहि राजाको हित मानिकै चितवत सहज सुभावते सो राजा यही जानत कि जानो आयु खुटानी बीति गई मृत्यु आइगई ३ बहोरि पुनः जनकजी आयकै शिरनाये प्रणाम कीन्ह अरु किशोरीजीको बुलाइ प्रणाम कराये ४ किशोरीजीको परशुराम आशीर्वाद दीन अर्थात् सुख सौभागिनी रहौ सो सुनि सखी हर्षानी भाव सौभागिनी कहे तौ इनके पति की रक्षा करैंगे पुनः सयानीहैं ताते निज समाजको लैगईं अर्थात् दूसरा वचन कुछ अमंगल न कहैं याते शीघ्रही लैगईं ५ पुनः सवते पीछे विश्वामित्रजी आइ मिले पुनः दोऊ भाई लषणलाल सहित श्रीरघुनाथजीको पदसरोज मेले पांवनमें प्रणाम कराये ६ पुनः नाम बताये कि अयोध्याजीके दशरथके ढोटा नाम पुत्रहैं गौर छोटे लक्ष्मण नाम श्याम तनु ते बड़े हैं इनको रामचंद्र नाम श्याम गौर किशोर अवस्था शोभारूप भरे भला जोटा देखि आशीर्वाद दीन्ह ७ श्रीरघुनाथजीको देखि परशुरामजी यकटक चितै रहे माधुरी में नेत्र बूड़ि गये काहेते रूपसिंधु अपारहैं जो मार कामको मद मोचन छँड़ावनहार हैं यथा चुंबक लोहाको खैंचत तथा जो नेत्रनको खैंचै ताको रूप कहीसोऊ अपारहै जाको देखि काम लजात ८ दोहार्थ॥ ये परशुराम बालअवस्था में यज्ञोपवीत भये विद्या पढ़ि पुनः मरीचिमुनि को गुरु करि षडक्षरमंत्र लिये जाय शालग्राम अचल में तपस्यापूर्वक मंत्रराज जाप करि रघुनाथजी को ध्यान कीन्हे वहुत

काल बीते रघुनाथ प्रकट ह्वै फरसा दिये अपनी शक्ति प्रवेश करि अपनो नाम दिये ताही बलते क्षत्रिनको संहार करे तहां जो रूप ध्यानमें रहै सोई रूप प्रसिद्ध देखनेते अंतरकी वृत्ति दृष्टिद्वारा रामरूपमें ह्वैरही ताते ध्यान छांड़ि बाह्यरूप में आसक्त रहे पुनः क्रोधवशते बाहरको भी अवलोकन त्यागे भीतर ध्यानभी गया अभिमानमात्र रहिगया यथा किसी के धनसमूह गाड़ाहै वह तौ चलिगया सो तौ जानें नहीं धनअभिमानते किसी सबलते बाद करें पीछे खजाना देखें तो कुछ नहीं सोई हाल भयो अभिमानवश प्रभुको अवलोकन त्यागि बहोरि विदेहजीसों सन्मुख ह्वै कहत कि तुम्हारे इहां अत्यन्त करिकै भीर राजालोग किसहेतु बटुरेहैं सो हाल कहौ सब हाल जानि बूझिकै जैसे अजान पूछतेहैं काहेते कोप देहमें व्यापि गयो ९ ॥

९६ समाचार कहि जनक सुनाये। ज्यहि कारण महीप सब आये १०
सुनत वचन पुनि अनत निहारे। देखा चाप खंडि महि डारे ११
अतिरिस बोले वचन कठोरा। कहु जड़जनक धनुष क्यहिं तोरा १२
बेगि दिखाव मूढ़ नतु आजू। उलटौं महि जहँलगि तव राजू १३
अतिडर उतर देत नृप नाहीं। कुटिल भूप हरषे मनमाहीं १४
सुर मुनि नाग नगर नर नारी। शोचहिं सकल त्रास उरभारी १५
मन पछितात सीय महतारी। विधि सँवारि सब बात बिगारी १६
भृगुपति कर सुभाव सुनि सीता। अर्द्धनिमेष कल्पसम बीता १७
दो० सभय बिलोके लोग सब, जानि जानकिहि भीर ॥
हृदय न हर्ष विषाद कछु, बोले श्रीरघुवीर १८

९६ महाराज बोले कि मेरा प्रण रहा कि जो धनुष तोरै ताको कन्या व्याहौं ताहेतु सब राजा आये इति राजनके आवनेको कारण ताको समाचार हाल जनकजी कहि सुनाये १० इति वचन सुनत पुनः अनत धनुवेदीपर निहारे तहां देखा कि काहूने धनुष द्वै खण्डकरि भूमिमें डारि दियाहै ११ कहां तौ वेदिका पर पूजित कहां तूरा भूमिपै निरादर परा देखि अत्यन्त रिसभई ताते कठोर बात कहे कि पूजित इष्ट वस्तु ताको ऐसा अनादर ताते तू जड़है भाव तूभी शिवकृपापात्र है तेरा अपराध शिवै देखैंगे हम कुछ नहीं कहसक्ते हैं हे जनक ! इस धनुषको क्यहि पुरुषने तोरा है सो कहु उसको मैं देखौं १२ हे मूढ़ ! धनुष तूरनहारको वेगिही देखाव नहीं तौ तूरनहारहै तौ इस समाजही में ताके मारिडारनेहेतु इस समाजकी को कहै

जहांतक तेरा राज्य है सो भूमिही आजु उलटिदेउँगो १३ मुनिको कोप बहुते अनर्थ को कारण जानि अत्यन्त डर मानि जनकजी उत्तर नहीं दिये भाव हमको चहै सो करैं बालकनपर रक्षा रहै अरु धनु तूरनहार पर क्रोध जानि कुटिलराजा मनमें बहुत हर्षे भाव हमलोग तो भले बचे अब धनुष तोरिबे को फल पावहिंगे १४ स्वर्गमें सुर पातालमें नाग भूतलमें मुनि जनकपुर के नरनारी इत्यादि उरमें भारी त्रासमानि अर्थात् श्याम राजकुमारपर क्रोधित जानि सकल शोच करत कि भली बनी बातरहै अब देखैं क्या होइ १५ जानकीजीकी माता मनमें पछितात अर्थात् वृथा प्रणकरि राजकुमारते धनुष तुराये जा हेतु सब बात मनभाई सँवारिकै विधाता बिगारे देत १६ पुनः भृगुपति परशुरामको स्वभाव अर्थात् स्वाभाविक क्षत्रिनको नाशकर्ता हैं ऐसा सुनि किशोरीजीको ऐसा संकट भयो कि ता समय अर्धनिमेष आधी पलक सो कल्प ब्रह्माको दिन अर्थात् हज़ार चौयुगीसम बीतत भाव प्रलयकाल देखात १७ दोहार्थ ॥ जनक सुनयना आदि यावत् नर नारी हितपक्षवाले हैं इत्यादि सब लोगनको सभय डरसहित देखि पुनः जानकीजीको अत्यन्त भीर नाम डेरानी जानि हृदय हर्ष विषादरहित अर्थात् यथा प्रथम धनुष तोरनेकी हर्ष न भई तैसेही परशुरामके भय करिकै विषाद नहीं वीरतामें थिर श्रीमान् रघुनाथजी बोले भाव परशुरामकी श्री खैंचिलीन १८ ॥

९७ नाथ शंभुधनु भंजनहारा। होइहि कोउ यक दास तुम्हारा १९
आयसु काह कहिय किन मोही। सुनि रिसाय बोले मुनि कोही २०
सेवक सो जो करै सेवकाई। अरिकरणी करि करै लराई २१
सुनहु राम जो शिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा २२
सो बिलगाइ बिहाइ समाजा। नतु मारे जैहैं सब राजा २३
सुनि मुनिवचन लषण मुसुकाने। बोले परशुधरहि अपमाने २४
बहु धनुहीं तोरी लरिकाईं। कबहुँन असिरिस कीन्ह गुसाईं २५
यहि धनुपर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू २६
दो० रे नृपबालक कालवश, बोलत त्वहिं न सँभार ॥
धनुहींसम त्रिपुरारि धनु, विदित सकल संसार २७

९७ प्रभु बोले कि हे नाथ! भाव हम क्षत्री तनु तुम ब्राह्मण तनु ता हेतु लौकिकमें तुम हमारे नाथहौ शंभुको धनु भंजनहारा ब्रह्माण्डमण्डल में दूसरा नहीं है कोऊ एकही तुम्हारा दास अर्थात् ब्रह्मण्यदेव होई अथवा इस धनुष

को भंजनहार अर्थात् तूरिकै अनादर ते भूमिमें डारिदेनेवाला ब्रह्माण्डमें दूसरा नहीं है कोऊ शंभुको नाथ होई जो एकही है जाकी समता को दूसरा रूप नहीं है पुनः एकस्मिन् समये एकदा अर्थात् एक समय विषे स कहे सोई तुम्हारा भी नाथ भया है अर्थात् शालिग्राम अचल में तुमहूं इष्टकारि षडक्षर मंत्र जाप करि सब शक्ति पायो है एक समय याते कहे कि यहि समय भूलेहौ इति साकेतविहारी अवतार की वार्ता पुनः चतुर्भुज अवतारन समय यथा शंभुधनु भंजनहार लोकनको नाथ पालनहार एक कोऊ होय तुम्हारा दास जाके तुम्हारे पुरिखा भृगु चरणप्रहार करे अंत प्रयोजन कि हम तूराहै १९ धनु तोरनहार पर कौन आज्ञा है सो मोसन क्यों नहीं कहते हौ सो प्रभु के वचन सुनि कोही क्रोधी मुनि रिसाइकै बोले इहां सूक्ष्म रीति प्रभु अपना ऐश्वर्य दर्शाये ताको क्रोधाभिमानते समुझि न सके ताते कविकोही पद दिये २० तुम सेवक बनतेहौ सेवक तो सो कहावत जो कर्म मन वचन ते सेवकाई करै अरु वचनमात्र सेवक बनै अरु करणी अरिकी कर्म शत्रु के ऐसे करै वह सेवकाई के भरोसे प्राण न गँवावै वह सजग ह्वैकै लराई करै २१ हे राम! याको हेतु सुनो जो शिवको धनु तोरि अनादरते भूमिमें डारि दिया सो गुरुद्रोही सहसबाहु पिताघातक सम हमार शत्रुहै २२ ऐसा निश्चय जानि गाफिल न रहै सो सजग ह्वै बिलगाइ अस्त्र लै मैदानको चलै नहीं तौ सब समाज बिहाइ वाको इहां छांड़ि सब अलग जाइँ नहीं तौ वाके साथ सब राजा मारे जाइँगे अर्थात् वाके साथी सबको जानि लेइँगे २३ अत्यन्त गर्वभरे बेमानके वचन मुनिके कहे सुनि लक्ष्मणजी मुसुकाने पुनः परशुधरहि अपमाने अपमानसूचक वचन बोले अर्थात् ब्राह्मणह्वै अस्त्रधारी ह्वै परशुधर बाना अरु नाम क्षत्रिनको है ताते अपमान करे यह प्रभुकी प्रेरणाते कहत २४ लरिकाई खेलवार समय बहुती धनुहीं तोरि डारा है तबतौ कबहूं ऐसी रिस गोसाईं आपने नहीं कीन अर्थात् जो पूर्व जाने होते तौ धनुष तोरने में भयमाने रहते भाव धनुष तोरना हमारा स्वाभाविक धर्म है तुमते क्या प्रयोजनहै २५ यहि धनुष पर ममता कौने हेतु है भाव इसको तौ शिवजी जनकको देदिये तिनकी आज्ञाते तूरा गयो तुमते क्या प्रयोजन रहा शिवधनु धनुहींसम सुनि भृगुकुलकेतु परशुराम रिसायकै वचन कहे २६ दोहार्थ॥ अरे नृपबालक तैं कालवश भये जो वचन सँभारिकै नहीं बोलता है त्रिपुरारि ऐसे सबल को धनुष सो धनुहींसम है जा पिनाक की कठोरता गरोई सकल संसार में विदित है २७॥

९८ लषण कहा हँसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना २८

का क्षति लाभ जीर्ण धनु तोरे । देखा राम नयेके भोरे २९
छुवत टूट रघुपतिहि न दोषू । मुनि विनु काज करिय कत रोषू ३०
बोले चितइ परशु की ओरा । रे शठ सुने सुभाव न मोरा ३१
बालक जानि बधौं नहिं तोहीं । केवल मुनि कर जाने मोहीं ३२
बाल ब्रह्मचारी अति कोही । विश्व विदित क्षत्रीकुल द्रोही ३३
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्हे । विपुलबार महिदेवन दीन्हे ३४
सहसबाहु भुजछेदन हारा । परशु विलोकु महीप कुमारा ३५
दो० मातुपितहिं जनि शोचवश, करसि महीपकिशोर ॥
गर्विनके अर्भक दलन, परशु मोर अतिघोर ३६

९८ अनादरसूचक हँसिकै लक्ष्मणजी कहे कि सुनिये देव भाव आप भूमिदेव हौ इसको हाल क्या जानो हमारा यह काम है ताते हम कहैं सो सुनो हमारी जानमें यावत् धनुष हैं सब समान बराबर हैं भाव हमारे तोरे सब टूट सकतेहैं २८ अरु यह तौ जीर्ण पुराना है यह धनुष तोरने में का क्षति नाम हानि पुनः क्या लाभ रहै अर्थात् तोरने में कुछ हानि नहीं पुनः राखने ते कुछ लाभ नहीं भाव बाण चलावने योग्य नहीं रहै नयेके भ्रमते रघुनाथजी चढ़ाइ याको देखने लगे कड़ा है वा नर्म २९ सो छुवत अर्थात् खैंचतही टूटि गयो बहुत खैंचेभी नहीं ताते रघुपतिको दोष नहीं है हे मुनि ! विना प्रयोजन काहेको रिस करतेहौ ३० अनादर सुनि भृगुनाथ परशुकी ओर चितैकै बोले अरे शठ बालक क्षत्रीघातक मोर स्वभाव तैं नहीं सुने ३१ बल वीरतारहित केवल बालक जानि तोहिं वध नहीं करतहौं क्योंकि स्त्री बालवधमें महादोष है अरु तैं केवल मुनि करिकै मोको जाने भाव मैं वीरशिरोमणिहौं ३२ बाल ही अवस्थाते ब्रह्मचारी अरु अतिकोही अत्यंत क्रोधी भाव केवल शापहीको क्रोधी नहीं अस्त्रबलते अतिक्रोधी हौं क्योंकि विश्वमें विदित क्षत्रीकुलको द्रोहीहौं ३३ कैसा द्रोहीहौं कि शापादिते नहीं अपने भुजनके बलते समग्र राजनको युद्धमें मारि भूमि विना राजाकी करि दीन्हेउँ इति बहुत बार पृथ्वी ब्राह्मणको संकल्पि दीन्हेउँ ३४ हे महीपकुमार ! तेरे अंगतौ कोमल हैं महाकठोर सहसबाहुके भुजा रहे तिनको छेदन काटनहार यह परशु है ताको विलोकु देखु इसको सहिजानेको बल होइ तौ वार्ता करु ३५ दोहार्थ ॥ विनाबल वार्ता करिहै तौ तोको मैं वध करौंगो तेरे माता पिता शोचन मरैंगे ताते हे महीपकिशोर ! अपने माता पिताको शोचवश जनिकरु काहेते तूतौ

किशोर ह्वै गर्व भराहै गर्वी क्षत्रिनके अर्भक शिशुमात्रनको दलन नाश करिवेको मेरा परशु अत्यंत घोर भयंकर है ३९ ॥

९९ विहँसि लषण बोले मृदुबानी। अहो मुनीश महाभटमानी ३७
पुनि पुनि मोहिं दिखाउ कुठारू। चहत उड़ावन फूंकि पहारू ३८
इहां कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं। जो तरजनी देखि मरिजाहीं ३९
देखि कुठार शरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना ४०
भृगुकुल समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहौ सहौं रिस रोकी ४१
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन पर न शुराई ४२
बधे पाप अपकीरति हारे। मारतहू पां परिय तुम्हारे ४३
कोटि कुलिश समवचन तुम्हारा। वृथा धरहु धनु बाण कुठारा ४४
दो० जो विलोकि अनुचित कह्यउँ, क्षमहु महामुनि धीर॥
सुनि सरोष भृगुवंशमणि, बोले गिरा गँभीर ४५

९९ अनादर सूचक हँसिकै लक्ष्मणजी अपनी श्रेष्ठता सूचक मृदुवाणी बोले अहो इति आश्चर्यहै कि मुनीश ह्वै अपनाको महाभट करि मानी है मुनिको भट होना आश्चर्यहै ३७ पुनिपुनि बारबार मोको क्या कुठार देखावते इसमें का होसक्काहै इसको मैं नहीं डरताहौं तुम मुखते फूंकि पहाड़ उड़ावा चाहतेहौ सो कैसे हो सक्काहै ३८ काहेते इहां कोऊ कुम्हड़ाकी बातिया तौ है नहीं कि जो तर्जनी अँगूठा समीप की अँगुरी देखावनेते मरिजाइ अर्थात् हम ऐसे सभीत नहीं हैं जो फरसा देखाये डरैं रघुवंशी शिर गिरे तक नहीं डरतेहैं ३९ तुम इसको देखाय हमको डेरवावा चाहतेहौ सो इसी कुठारको देखि पुनः शरासन जो है धनुष अरु बाण इत्यादि धारण किहे देखि वीर समुझि कै कुछ थोरी अभिमान सहित बात मैंने कही है भाव तुम्हारे अस्त्र अरु वीरता को नहीं डरतेहैं ४० इस वीरता बाना को उतारिकै धरि देउ तव केवल जनेऊ विलोकि देखिकै भृगुकुल ब्राह्मण समुझिकै जो कुछ कहौ सो रिस रोकिकै सहसक्के हैं भाव ब्राह्मणको डरते हैं ४१ काहेते ब्राह्मणको डरते हैं कि सुर जे देवताहैं पुनः महिसुर जे ब्राह्मणहैं हरिजन जे वैष्णवहैं अरु गाई इत्यादि सातौ गुण प्रकीर्तिवाले यावत् उत्तमहैं इन पर हमारे कुल में शूरताई नहीं है ४२ काहेते ब्राह्मणादिकन पर शूरता कीन्हे दोऊ भांतिते हानिहै काहेते वधे अर्थात् युद्धहूमें मारेते पाप होत अरु युद्ध करि जो हारि गये तव अपकीरति होइ ताते युद्ध न करो जो तुम मारबो

करो तौ तुम्हारे पांयन परी काहेते धर्मशीलता की प्रशंसा होई ४३ तुम्हारा ब्राह्मणों का वचनै कोटि कुलिश वज्रके समानहै जो तुम्हारे धर्मको सांचा अस्त्रहै अरु धनुर्बाण कुठार धर्मबाह्य वृथाही धारण किहेहौ भाव जो शक्ति रहै सो तो गई ब्राह्मण तनुमें अस्त्र वृथाहै ४४ दोहार्थ॥ जिन अस्त्रन को देखि मैं अनुचित कहेउँ कुछ तुमको नहीं कहेउँ ताते हे धीरमान महामुनि! क्षमा करिये इत्यादि सुनि परशुराम सहित रिस गंभीर गरू वाणी बोले ४५॥

१००कौशिकसुनहुमंदयहबालक। कुटिलकालवशनिजकुलघालक४६
भानुवंश राकेश कलंकू। निपट निरंकुश अबुध अशंकू ४७
कालकवल होइहि क्षणमाहीं। कहौं पुकारि खोरि म्वहिं नाहीं ४८
तुम हटकहु जो चहहु उबारा। कहि प्रताप बल रोष हमारा ४९
लषण कहा मुनि सुयश तुम्हारा। तुमहिं अछत को बरणै पारा ५०
अपने मुख तुम आपनि करणी। बार अनेक भांति बहु बरणी ५१
नहिं संतोष तौ पुनि कछु कहहू। जनि रिसरोकि दुसह दुख सहहू ५२
वीर व्रती तुम धीर अक्षोभा। गारी देत न पावहु शोभा ५३

दो० शूर समर करणी करहिं, कहि न जनावहिं आप॥
विद्यमान रण पाइ रिपु, कायर करहिं प्रलाप ५४

१०० कौशिक विश्वामित्रजी सुनिये यह बालक बुद्धिते मंद अपने कुलको घालक नाशक कुटिल टेढ़ी प्रकृतिको सो कालके वश भयो ताते बड़ी ढिठाई करत ४६ भानुवंश राकेश पूर्ण चंद्रमा समहै तेहि विषे यह बालक कलंक सम है उस वंशके यशको मैला करि देइगा काहेते निपटकारिकै निरंकुश किसी बड़ेको दबाव नहीं मानताहै अबुध बुद्धिहीनहै विचारिकै बात नहीं कहताहै अशंकहै काहू सबल की शंका नहीं करताहै ४७ इन्हीं कर्मनते क्षणौ भरमें कालको कवल मृत्युवश होई यह समाज में पुकारिकै कहतहौं ताते मोको खोरि नहीं पीछे मोको कोऊ दोष न देइ कि आप बालक को मारिडारे ४८ हे विश्वामित्र! संग लेवाय लायो है ताते जो उबार बचावा चाहौ तौ हमारा बल अर्थात् इनते कोऊ वीर नहीं जीति सक्यो प्रताप अर्थात् इनको सब क्षत्री डरतेहैं रोष अर्थात् ये अत्यन्त क्रोधीहैं ऐसा कहिकै तुम याको हटकि देउ ४९ यह सुन लक्ष्मणजी कहे मुनि जो तुम्हारे ही कहेते नहीं चुकताहै तौ तुम्हारा सुयश तुमहिं अछत तुम्हारे आगे और को वर्णन करि पार पावैगा ५० काहेते अपनी करणी अपनेही मुखते तुमने

अनेक बार बहुत भांति ते वर्णन करी तौ का हम नहीं जानिगये जो मुनिते कहवावते हौ ५१ जो इतना कहेते न संतोष भया होइ तौ पुनि फिरि कहौ रिस रोकिकै जो न सहिजाय ऐसा दुस्सह दुःख जनि सहौ भाव रिस प्रकट करौ ५२ तुम वीरताव्रतधारी वीर हौ अक्षोभा क्षोभरहित अर्थात् मन स्थिरता सहित रणमें धैर्यवान् हौ ताकी कर्तव्यता करौ तामें शोभाहै अरु जो भानुवंश चन्द्र में कलंक मंद कुटिलादि गारी देत संते वीरतामें शोभा न पावहुगे ये तौ कादरों के काम हैं ५३ दोहार्थ॥ काहेते कादरों के काम हैं कि शूरवीर जे हैं ते शत्रु सम्मुख पाय समरकरणी करहिं अर्थात् उछाह सहित युद्ध करतेहैं पीछे पांव नहीं देते शीश गिरेपरभी धड़ लड़ताहै अरु हम शूर हैं ऐसा कहि आपको नहीं जनावतेहैं ते दूसरेको कुवचन क्यों कहैंगे अरु जे कायर नाम कादर हैं हथियार डारिकै भागनेवाले ते रणमें विद्यमान सम्मुख रिपुको पाय प्रलाप करहिं व्यर्थ बकते हैं ५४॥

१०१ तुम तौ काल हांकि जनु लावा। बार बार म्वहिं लागि बुलावा ५५
सुनत लषणके वचन कठोरा। परशु सुधारि धर्‍यो कर घोरा ५६
अब म्वहिं दोष देइँ जनि लोगू। कटुवादी बालक वध योगू ५७
बाल बिलोकि बहुत मैं बाचा। अब यह मरणहार भा सांचा ५८
कौशिक कहा क्षमिय अपराधू। बालदोष गुण गनहिं न साधू ५९
कर कुठार मैं अकरुण कोही। आगे अपराधी गुरुद्रोही ६०
उतर देत छांड़ौं बिनु मारे। केवल कौशिक शील तुम्हारे ६१
नतु यहि काटि कुठार कठोरे। गुरुहिं उऋण होत्यों श्रम थोरे ६२
दो० गाधिसुवन कह हृदय हँसि, मुनिहि हरिअरै सूझ॥
लोहमय अयमय खंडन ऊखमय, अजहुँ न बूझ अबूझ ६३

१०१ कादरवत् व्यर्थ तुमभी बकतेहौ काहेते तुमतौ जानो मोहिं लागि मोको खवायलेबे हित कालमृत्युको हांकलगाइ गोहराय गोहराय बोलावते हौ ५५ लक्ष्मणजीके कहे कठोर वचन अर्थात् तुम कादरसम व्यर्थ बकते हौ सो सुनत संते परशुराम घोर महाभयंकर परशु सुधारि धार सम्मुख करि हाथमें धारण करे ५६ परशुराम बोले कि कटुवादी करू वचन बोलनेहार यह बालक वध मारिडारिबे योग्य है ताते इसको मारिबेमें लोग मोको दोष जनि देइँ ५७ बाल बिलोकि लरिकाईं देखि कि यहि अवस्थामें स्वाभाविक चंचलता रहती है तिनके वचन व्यर्थ हैं ऐसा विचारि मैंने बहुत

बचावा अबतौ यह मोको कादर बनावता आप वीर बनता ताते सांचा मरणहार भयो ५८ कौशिक विश्वामित्र कहे कि साधुजन बालकनके दोष अरु गुण दोउनको सांचकरि नहीं गिनतेहैं सो बालक जानि अपराध क्षमा कीजिये ५९ विश्वामित्रके वचन पुष्ट करतेहैं कि अकरण विना कारण सहज स्वभाव क्षत्रिनपै मैं क्रोधी हौं अरु कर में कुठार लिहे अरु कटुवादी मेरा अपराधी अरु धनु तूरनहार गुरुद्रोही इति कारण सहित दोऊ भाई आगे खड़ेहैं ६० पुनः प्रतिवार्ता कठोर उत्तर देत तिनको विना मारे जो मैं छांड़त हौं तौ हे विश्वामित्र! एक केवल तुम्हारे शीलते अर्थात् तुम मुनि हौ इनको अपने स्वार्थहित मांगि लायो इनके वध में तुमको अयश शोक होइगो इस विचारते बचावतहौं ६१ तुम्हारे शीलते बचतेहैं नहीं तौ प्रथमही धनु तूरनहार को यहि करालकुठारते शिर काटि थोरेही श्रम करि गुरुते उऋण होतेउँ अर्थात् गुरुको धनु तूरि अनादरते भूमिमें डारिदिये इस अपराध पर इनको मारि गुरुते उऋण होतेउँ यथा सहसबाहु मारि पिता ते उऋण भये ६२ दोहार्थ॥ गाधिराजके सुवन पुत्र विश्वामित्रजी हृदयमें हँसिकै कहत कि मुनि परशुरामको सावनके भये अंधेसे सब पृथ्वी हरेरिही सूझत यह नहीं जानत कि अब ग्रीष्म लगो तृणमात्र सूखिगये काहेते अय नाम लोहा यथा॥ लोहोऽस्त्री शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसायसीत्यमरः अस्यार्थः लोहः शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसं अयः अश्मसारः सप्त लोहस्य नामानि इति अयमय लोहमय महाकठोर धनुष ताको ऊखमय यथा रसीली ऊख तैसेही स्वाभाविक धनुष खंडन करे ऐसे अबूझ मुनि हैं जो अजहूं धनुष टूटो देखि तबहूं न बूझे कि यह धनुष राजकुमार तूरिसकेरहैं ये परब्रह्म अवतीर्ण भयेहैं ऐसा बूझना विचारना रहै हरेरी सूझना पूर्व क्षत्रिनको मारि रहेहैं ताही अभिमान ते वार्ता करिहैं आज अपमान ह्वैजाई ६३॥

१०२कह्यो लषण मुनि शील तुम्हारा। को नहिं जान विदित संसारा ६४
मातहि पितहि उऋण भय नीके। गुरुऋण रहा शोच बड़ जीके ६५
सो जनु हमरे माथे काढ़ा। दिन चलिगयउ ब्याज बहु बाढ़ा ६६
अब आनहु ब्यवहरिया बोली। तुरत देहुँ मैं थैली खोली ६७
सुनि कटुवचन कुठार सुधारा। हाइ हाइ सब लोग पुकारा ६८
भृगुवर परशु देखावहु मोही। विप्र विचारि बचौ नृपद्रोही ६९
मिले न कबहुँ सुभट रणगाढ़े। द्विजदेवता घरहि के बाढ़े ७०

अनुचित कहि सब लोग पुकारे। रघुपति सैनहिं लषण निवारे ७१
दो० लषण उतर आहुति सरिस, भृगुवर कोप कृशानु ॥
बढ़त देखि जल सम वचन, बोले रघुकुलभानु ७२

१०२ लक्ष्मणजी कहे कि हे मुनि! अपनो शील क्यों प्रसिद्ध करतेहौ तुम्हारा शील तौ संसार में विदित है को नहीं जानताहै जो आप जनाते हौ ६४ शीलही स्वभावते तौ नीके कर्म करि माता पिताते उऋण भयो भाव पिताके कहे माता का शीश काटे पुनः पिताते कहे कि माताको जिआयदेउ इति नीके मातु पिताते उऋण भयो गुरुको ऋण बाकी रहा ताको जीवमें बड़ा शोच रहा ६५ सो गुरुको ऋण जानो हमारेही माथे काढ़ेउ रहे ताके देनहार हमहीं हैं तौ ऋण काढ़नेकी मितीते आज तक बहुत दिन चलिगये ताते ब्याज बहुत बाढ़िगया होयगा ६६ तिस मूलबयाजकी सफाई बतावने हेतु अब ब्यवहरिया गुरुको बोलाइ आनिये तामें विलम्ब न करैंगे तुरतही थैली खोलिकै गनि देइँगे भाव तुम हमसों युद्ध करिबे को समर्थ नहींहौ शिवको बोलावो धनुष तोरनेका दांव लेइ ६७ इत्यादि लक्ष्मणजीके कटु वचन सुनि परशुराम कुठार सुधारा सीधी धार करि उठाया ताको देखि भयातुर ह्वै हितकार सब लोग महाशोकित हाइ हाइ पुकारे ६८ लक्ष्मणजी बोले कि हे भृगुकुलवर! मोहिं परशु देखातेहौ इस वीरताके भरोसे न रहेउ यही तुम्हारा घातकहै नृपद्रोही जानि तुरतही घात करते तुमको उत्तम विप्र विचारि बचावतेहैं ६९ तुम्हारे अंतसमें सांची वीरता तौ है नहीं यह तौ बनाई वीरताहै कैसे बनीहै द्विजदेवता घरहीके बाढ़ अर्थात् ब्रह्मदेव तपोबल समर्थ होतहीहैं उसी शक्तिते अस्त्र धारण करि वीर बनिगये इति घरही की ब्रह्मशक्तिते वीरतामें बाढ़िगये अबतक बनी काहेते रही अबहीं तक कबहूँ बराबरिको सुभट नहीं मिलेउ जो रणमें गाढ़ संकटमें परि तुम्हारी वीरता उतरि जाइ जे सहसबाहु आदि मिले ते ब्रह्मदोषी अपने पापही ते नाश भये ताते तुमहीं बहुतनके शीश काटे तुम्हारा शीश काटनेवाला नहीं मिला ताते अब तक तुम्हारी वीरता बनीरही अब रही तौ जानब कि सांची है अथवा द्विजदेवता तुम हमारे घरहीके बाढ़ेहौ यह शक्ति रघुनाथजीकी दीनिहै ताहीते क्षत्री मारा किहेउ तुम्हारी बराबरि को वीर मिला नहीं ताते वीर बने रहेउ अब न रही ७० यह सुनि सब लोग पुकारे कि लक्ष्मणजीको उचित नहींहै जो मुनिको कुवचन कहतेहैं तब रघुपति नेत्रनते सैन दै लक्ष्मणजीको निवारे मना किये ७१ दोहार्थ ॥ लक्ष्मणजीको उत्तर प्रति वार्ता कठोर जवाब देना सोई घृत शाकल्यादि आहुति सरिसहै ताको पाइ परशु-

रामको क्रोध कृशानु नाम अग्निसम बढ़त देखि रघुकुलप्रकाशक सूर्य जे श्रीरघुनाथजी ते मुनि क्रोधाग्नि बुझायबे योग्य जलसम वचन बोले ७२॥

१०३ नाथ करिय बालक पर छोहू। सूध दूधमुख करिय न कोहू ७३
जोपै प्रभु प्रभाव कछु जाना। तौकि बराबरि करत अयाना ७४
जो लरिका कछु अनुचित करहीं। गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं ७५
करिय कृपा शिशु सेवक जानी। तुम सम शील धीर मुनि ज्ञानी ७६
रामवचन सुनि कछुक जुड़ाने। कहि कछु लषण बहुरि मुसुकाने ७७
हँसत देखि नखशिख रिस व्यापी। राम तोर भ्राता बड़ पापी ७८
गौर शरीर श्याम मनमाहीं। कालकूटमुख पैमुख नाहीं ७९
सहज टेढ़ अनुहरै न तोहीं। नीच मीचु सम लखै न मोहीं ८०
दो० लषण कह्यो हँसि सुनहु मुनि, क्रोध पापकर मूल॥
ज्यहि वश जन अनुचित करहिं, चरहिं विश्वप्रतिकूल ८१

१०३ प्रभु बोले कि हे नाथ! स्वाभाविक दयापात्र जानि बालक पर छोह मया करो क्योंकि सूध दूधमुख है अर्थात् यावत् बालक दूध पान करत तावत् अंतस ते सूधा रहत काम क्रोधादि विकारते टेढ़ाई नहीं होत वचन कर्ममात्र ऊपरही चंचलता रहती है ऐसा विचारि क्रोध न करो ७३ आपको प्रभाव विना जाने अयान अज्ञान है ताते बराबरी करता है जोपै जो निश्चय करि आपको प्रभाव जानत तौकि बराबरि करत अर्थात् न करत भाव अपना प्रभाव प्रसिद्ध करि देखावहु क्रोधते क्या है ७४ आप सुनिहैं यह बालक लोकरीतिमें जो लरिका कछु अनुचितौ कार्य करता है यथा मार गारी आदि तबहूं माता पिता गुरुजनादि मनमें मोद भरत वाको खेलवारही मानि खुश होत भाव तैसेही हम तुम्हारे कुवचन सुनते हैं ७५ लोकरीतिमें तुम मुनि यह लरिका तुम्हारा ब्राह्मणोंका सेवक ऐसा जानि कृपा करियो क्योंकि ज्ञानी मुनिहौ तौ सम शील सब पर एकरस दृष्टि धीर काम क्रोधवश न होना यह मुनिनकी साधारण रीति है ७६ रघुनाथजीके शीतल वचन सुनि कुछ क्रोध शांत भया जुड़ाने पुनः कुछ कटुवचन कहि लक्ष्मणजी मुसुकाने अर्थात् शील धीर ज्ञानादि तौ मुनिके वचनैते दर्शत ७७ लक्ष्मणजीको हँसत देखि नखते शिखातक सर्वांग में रिस व्यापि गई तावश परशुराम बोले कि हे राम! तुम्हारा भाई बड़ा पापी है सहज पापकर्म में रुचिहै ७८ शरीर तौ याको गौरहै परंतु मनमें श्याम अर्थात् भीतर तमोगुण भरा है पुनः जो तुमने कहा कि दूधमुख सूधाहै सो नहीं यह कालकूट जहर मुख कटुवचनी महा-

टेढ़ाहै ७९ तुम सहज स्वभाव सूधे यह सहज स्वभावते टेढ़ा यह तुमको नहीं अनुहरत तुम्हारा ऐसा भाई नहीं लागत पुनः ऐसा नीचबुद्धि है कि मोको अपनी मृत्युकरिकै नहीं देखत निर्बल मानि निरादर करत ८० दोहार्थ॥ जो प्रथम पापी कहे ताको उत्तर देत हँसिकै लक्ष्मणजी कहत कि हे मुनि! सुनहु हमको पापी कहतेहो अरु जो तुम क्रोध किहेहौ सोई पापको मूल है काहेते जा क्रोधके वश ह्वैकै लोकमें जन अनुचित करतेहैं पुनः विश्वप्रतिकूल लोकमर्यादा त्यागि अनीति मार्ग चलतेहैं यथा तुम ब्राह्मण ह्वै अस्त्र धारण करि शीश काटने लगे ८१ ॥

१०४ मैं तुम्हार अनुचर मुनिराया। परिहरि कोप करिय अब दाया ८२
टूट चाप नहिं जुरहि रिसाने। बैठिय ह्वैहैं पांय पिराने ८३
जो अति प्रिय तौ करिय उपाई। जोरिय कोउ बड़गुणी बुलाई ८४
बोलत लषणहिं जनक डराहीं। मष्ट करहु अनुचित भल नाहीं ८५
थर थर कांपहिं पुर नर नारी। छोट कुमार खोट बड़ भारी ८६
भृगुपति सुनि सुनि निर्भय बानी। रिस तनु जरै होइ बलहानी ८७
बोले रामहिं देइ निहोरा। बचै बिचारि बंधु लघु तोरा ८८
मन मलीन तनु सुंदर कैसे। विषरसभरा कनकघट जैसे ८९
दो० सुनि लक्ष्मण बिहँसे बहुरि, नय न तरेरे राम॥
गुरु समीप गवने बहुरि, परिहरि वाणी वाम ९०

१०४ हे मुनिराज! मैं क्षत्री तुम्हारा ब्राह्मणों का अनुचर सेवकहौं अब कोप परिहरि त्यागिकै दाया करिये यह साधारण रीति है भाव वीरता त्यागि ब्राह्मण बनौ तौ हम डरैं वीरता देखि न डरैंगे ८२ जबते टूटि गया तौ रिसाने ते तौ धनुष जुरैगो नहीं ताते क्रोध त्यागि बैठि जाइये क्योंकि बहुत बार ठाढ़े बीता पांय पिराय लागे होइँगे ८३ जो धनुष अत्यन्त प्रिय है तौ याके बनिजाने हित कुछ उपाय करिये कि विश्वकर्मादि कोऊ बड़ा गुणी बोलायकै जोराय लीजै पुनः पूर्ववत् ह्वैजाय ८४ रौद्ररसके विभावरूप अत्यंत कठोर वचन बारंबार कहतैजाय ताते लक्ष्मणजीके बोलतमें जनकजी डरतेहैं ताते लक्ष्मणजीते कहत कि मष्ट करहु चुपायरहो तुम राजकुमार हौ ये वृद्ध पुनः ब्राह्मण तिनको कठोर कहना यह अनुचित करना भला नहीं ८५ लक्ष्मणजीके कटु वचन परशुराम को निर्दयी स्वभाव विचारि जनकपुरके नर नारी सब थर थर कांपते हैं पुनः कहत कि छोटा कुमार अत्यंत

खोटा है ८६ निर्भय डररहित लक्ष्मणजी कठोर वाणी कहलै जात ताको सुनि सुनि भृगुपति परशुरामको रिसते तनु जरत ज्यों ज्यों इष्टपर क्रोध करत त्यों त्यों शक्ति बलकी हानि होत ८७ न शक्तिहै जो शस्त्रप्रहार करैं न भक्तिहै जो स्तुति करैं अरु लक्ष्मणजी बंद नहीं होत तब मानवश मर्यादा बनावनेहेतु परशुराम रघुनाथजीको निहोरा दैकै बोले कि जो याको मैं वध नहीं करता हौं तो तुम्हारा लघु बंधु छोटा भाई विचारि यह बचताहै ८८ याको तनु गौर परम सुंदरहै अरु मन याको मलीनहै कैसे जैसे कनक सोनेको पात्र तामें विषरस भरा होइ भाव स्वरूप देखनेमें मधुर वचन विष बोरेसे बोलत ८९ दोहार्थ ॥ परशुरामके वचन सुनि लक्ष्मणजी पुनः बिहँसे तहाँ जो रघुनाथजीको निहोरादै कहे ताते हँसना अनीति मानि रघुनाथजी नयन तरेरे आंखी घुड़रि रोके ताते सकुचि वाम कहे टेढ़ी वाणी परिहरि त्यागि गुरु विश्वामित्रके समीपको गये ९० ॥

१०५ अतिविनीत मृदु शीतल बानी । बोले राम जोरि युगपानी ९१
सुनहु नाथ तुम सहज सुजाना । बालक वचन करिय नहिं काना ९२
बररै बालक एक सुभाऊ । इनहिं न सन्त विदूषहिं काऊ ९३
त्यहि नाहिन कछु काज बिगारा । अपराधी मैं नाथ तुम्हारा ९४
कृपा कोप वध बंध गुसाईं । मोपर करिय दासकी नाईं ९५
कहिय वेगि ज्यहि बिधि रिस जाई । मुनिनायक स्वइ करिय उपाई ९६
कह मुनि राम जाइ रिस कैसे । अजहुँ अनुज तव चितव अनैसे ९७
यहिके कंठ कुठार न दीन्हा । तौ मैं कहा कोप करि कीन्हा ९८
दो० गर्भ स्रवहिं अवनिपरवनि, सुनि कुठारगति घोर ॥
परशु अछत देखौं जियत, वैरी भूपकिशोर ९९

१०५ अतिविनीत साधुवत् नम्रता स्वभावते पुनः कोमल अरु शीतल वाणी रघुनाथजी दोऊ हाथ जोरिकै बोले ९१ कि हे नाथ! मेरा कहा सुनो तुम मुनिहौ सहज स्वभावते सुजान सत् असत् सब वस्तुके ज्ञाताहौ जो सहज अज्ञान बालक ताके वचन कान न करौ इति विनीत है ९२ कौन हेतु बालकके वचन न सुनो कि बरई अरु बालकको एकही स्वभाव होता है इनको छेड़ौ तौ दोऊ उपद्रव करते हैं याहेतु इन दोउनको संतजन नहीं विदूषते इनको दुःखद व्यापार नहीं करते हैं जड़ स्वभाव जानि बरावते हैं इति मृदुवाणीहै ९३ पुनः त्यहि बालकने तौ आपको कुछ काज बिगारा

नहीं ताते तापर क्रोध वृथाहै हे नाथ ! तुम्हारा अपराधी तौ मैं हौं धनुष तौ मैंने तूराहै ६४ ताते कृपाकरि आशीर्वाददै पालन अथवा कोप करि वध प्राणघात अथवा बंध बँधुवा करना इत्यादि अपने दासकी नाईं मोपर करिये अर्थात् तुम ब्राह्मण स्वामीहौ हम क्षत्रीहैं यहिभाव सेवक मानि जो कुछ करौ सो अंगीकारहै अरु जो तुम वीर बनि कोप करतेहौ सो वेदधर्मबाह्य हमको नहीं अंगीकारहै ६५ प्रभु बोले कि ज्यहि विधिते आपकी रिस जाइ सो बात वेगि शीघ्रही कहिये हे मुनिनायक ! सोई उपाय करिये हम वर्तमानहैं विलंब की जरूर नहीं है ६६ मुनि परशुराम कह्यो कि हमारी रिस तुम्हारे वचनोंते कैसे जाइ रिसको उद्यत करनेवाला तुम्हारा अनुज छोटा भाई अजहूं अबहूं अनैसे कुटिल नजरिते चितवत ६७ यहि तुम्हारे भाई के कंठमें कुठार न दीन्ह शीश न काटा तौ मैं कोप करिकै का कीन्ह का बनाइ लीन्ह ६८ दोहार्थ ॥ अवनिप राजनकी रवनी स्त्री गुर्विणी ते जब मेरे कुठारकी घोर भयंकर गति सुनि पतिवधकी भयते गर्भ स्रवहिं डारि देतीरहैं सोई परशु अछत प्रसिद्ध हाथमें लिहे इस भूपकिशोर वैर बढ़ावनेवाला वैरी ताको विना मारे जियत मैं देखतहौं यह आश्चर्य है ६९ ॥

१०६ बहै न हाथ दहै रिस छाती। भा कुठार कुण्ठित नृपघाती १००
भयो वाम विधि फिर्यो सुभाऊ। मोरे हृदय कृपा कसि काऊ १
आजु दया दुख दुसह सहावा। सुनि सौमित्रि बहुरि शिर नावा २
बाउ कृपा मूरति अनुकूला। बोलत वचन झरत जनु फूला ३
जोपै कृपा जरहि मुनि गाता। क्रोध भये तनु राखु विधाता ४
देखु जनक हठि बालक येहू। कीन चहत जड़ यमपुर गेहू ५
वेगि करहु किन आंखिन ओटा। देखत छोट खोट नृपढोटा ६
बिहँसे लषण कहा मुनि पाहीं। मूंदहु नयन कतहुँ कोउ नाहीं ७
दो० परशुराम तब राम प्रति, बोले उर अतिक्रोध ॥
शंभुशरासन तोरि शठ, करसि हमार प्रबोध ८

१०६ काहेते आश्चर्यहै कि रिसते तौ मेरी छाती दहत अंतस जरत अरु मेरा हाथ नहीं बहत हाथ चलता नहीं वा नृपघाती राजनको नाशकर्ता कुठारही कुंठित नाम गोठिल ह्वैगयो १०० अब समुझि परत कि विधाता वाम टेढ़ा भयो काहेते मेरा स्वभाव फिरिगयो निर्दयी रहै सो दयावान् ह्वै गयो काहेते काऊ कबहूं मोरे हृदय में कृपा कसि कहावत कृपा जानतही

नहीं कृपा कही सबको पालन सो नहीं रहै केवल संहारमें रुचि रहै १ जो काहूको दुःख देखै ताको मिटावनेका उपाय करै ताको दया कहिये सो परशुराम कहत कि आजु दया मोको दुसह जो सहा न जाय ऐसा दुःख सहावा अर्थात् इस बालकके प्राणघात दुःख विचारि दया आई मारा नहीं ताते क्रोध दुसहदुःख दिया सो सुनि सौमित्रि लक्ष्मणजी पुनः परशुराम को शिर नवाये दूषण सूचित अनादरणीय दंडवत् करे २ लक्ष्मणजी कहत कि जैसी आपकी मूरति है ताही अनुकूल कृपा भी है अर्थात् विषवेलिसम आप की मूराति है ताही अनुकूल कृपा बाउ कहे बयारि अर्थात् विषैली बयारिसम कृपा भी मूर्तिमें लागिकै शोभित होतीहै कैसे कि उसी पवनके प्रसंगते जो आप वचन बोलते हौ सो मानो फूल झरतेहैं भाव वचनौ जहरमय बोलते हौ ३ कृपा तौ शीतलकर्त्री है हे मुनि ! जोपै कृपै किहेते गात देह जरत तौ क्रोध भये पर विधाता राखै तौ तनु रही नातौ स्वाभाविकही जरिजाना चाहिये ४ अब जनकजीको निहोरा देत हे जनक ! देखु यहु जड़ बालक हठ करिकै यमपुरमें गेह घर कीन चाहत भाव हमसों वाद बढ़ाय बरबस मृत्यु बेसाहत ५ यह नृपढोटा राजपुत्र देखनेमें छोटा परंतु बड़ा खोटाहै ताते वेगि जल्दिही मेरी आंखिनते ओट काहे नहीं करते हौ का तुमहूं याकी मृत्यु चाहते हौ ६ लक्ष्मणजी हँसिकै मुनिप्रति कहे कि आंखिकी ओटकरना तौ अपनेही अख्त्यार कैसे कि अपने नेत्र मूंदिलीजिये मानो कहौं कोऊ नहीं है ७ दोहार्थ ॥ लक्ष्मणजीते तौ न बोले काहेते एकतौ इसने धनुष नहीं तूरा वचनमात्र लघु अपराध है पुनः निश्शंक वीरता धारण किहे याके बोलनेते शीघ्रही युद्ध प्रारम्भ होइगा याते बराय दिये अरु रघुनाथजी को विचारे कि धनुष भी तूरे अरु धर्मशीलमय स्वभाव हैं मेरी मर्याद बनीरहैगी यह विचारि परशुराम तब रामप्रति उरमें अत्यन्त क्रोधभरे बोले भाव जो ये रोकते तौ छोटा भाई कैसे कठोर वचन बोलता इत्यादि उरमें क्रोधभरे रघुनाथजी सों बोले कि हे शठ ! शंभुको शरासन धनुष तोरिकै हमार प्रबोध कीन चाहत सोऊ छलसहित ८ ॥

१०७ बंधु कहै कटु सम्मत तोरे । तू छलविनय करसि करजोरे ९
करु परितोष मोर संग्रामा । नाहित छांडु कहाउब रामा १०
छल तजि करहि समर शिवद्रोही । बंधुसहित नतु मारौं तोही ११
भृगुपति बकहिं कुठार उठाये । मन मुसुकाहिं राम शिरनाये १२
गुणहु लषणाकर हमपर रोषू । कतहुँ सुधाइहु ते बड़ दोषू १३

टेढ़ जानि शंका सब काहू। वक्र चंद्रमहिं ग्रसै न राहू १४
राम कहा रिस तजहु मुनीशा। कर कुठार आगे यह शीशा १५
ज्यहि रिस जाइ करिय स्वइ स्वामी। मोहिं जानि आपन अनुगामी १६
दो० प्रभुहि सेवकहि समर कस, तजहु विप्रवर रोष॥
वेष विलोकि कह्यसि कछु, बालकहू नहिं दोष १७

१०७ तोरे सम्मत सहाराते तेरा बंधु मोको कटुवचन कहत ताको नहीं रोकत इति छलते तू हाथ जोरे झूठी बिनती करत ९ इस छल बिनतीते छुट्टी न पावोगे संग्राम बिषे मेरा परितोष संपूर्ण बोध करु अर्थात् मोको जीतु नहीं तौ राम ऐसा नाम कहावना छांड़ु अर्थात् रघुवीर कहावते हौ वीरता त्यागि कादरता धारु हथियार धरु राम तौ एक मैं हौं दूसरा राम कहां १० हे शिवद्रोही, धनुषतूरनहार! छल तजिकै प्रसिद्ध वीरता धारण करि संग्राम करु नहीं तौ बन्धुसहित तोहिं मारिहौं अर्थात् मनमें गरूर मुख ते बिनती ऐसा किहे न बचैगा या सच्ची वीरता या सच्ची बिनती ११ भृगुपति शुद्ध ब्राह्मण है परशु उठाये अस्त्रबलते स्वधर्मविरुद्ध वृथा बकतेहैं ऐसा विचारि शिर नाये रघुनाथ जी मनमें मुसुकातेहैं भाव वीरताको तौ लेश नहीं हमसों युद्ध मांगत १२ प्रभु बोले कि धनुभंग को सच्चा गुनाह तापर क्रोध करना उचित रहै तापर तौ शांत रहे अरु प्रति उत्तर वचनमात्र लक्ष्मणजी के गुनाहते हमपर रोष करते हौ अर्थात् उनके गुनाहते उन्हीं पर रोष करना रहै सोतौ उनको विषम देखि बराय गये हमको सुद्धा जानि रोष करते हौ तौ कहौं सुधाइउ किहे बड़ा दोष लागत यथा यासमय हमको १३ तुम क्या करौ संसारहीकी रीति है कि टेढ़ स्वभाव जानि तासों बोलत सबहीके शंका होतीहै यथा यावत् चंद्रमा टेढ़ा रहत तबतक राहु नहीं ग्रसत जब पूर्णिमाको सीधा होत तबै ग्रसत तथा लक्ष्मणजी युद्धपर आरूढ़ तिनको बराय सीधा जानि हमसों युद्ध मांगत १४ पुनः रघुनाथजी कहा कि हे मुनीश! रिस तजहु भाव वीरता की स्थायी उछाह मनमें लावो तुम्हारे करमें कुठार है यह हमारा शीश आगेहै भाव युद्ध क्या मांगते हौ हमतौ सम्मुख खड़ेहैं आप प्रहार क्यों नहीं करते हौ तुम मुनीश तापर हम प्रथम अस्त्र न उठावैंगे १५ मुनि बनिकै आप स्वामीहैं मोको अपना अनुगामी सेवक जानि ज्यहिविधि रिस जाइ सो करिये अरु वीर बनिकै मोहिं स्वामी जानि अपना को अनुगामी मानि ज्यहिविधि रिस जाइ सो करिये १६ दोहार्थ॥ दोऊ भांतिते स्वामी सेवकभाव होताहै ताते प्रभुका अरु सेवकका समर कैसा प्रथमतौ आपही स्वामी

काहेते विप्रवर हौ हमको सेवक मानि कृपा करि रोष तजौ अरु जो आपको वीर मानेहौ तौतौ हमारे सेवक हौ सोई विचारि तुम्हारी वीरता देखि हमारा सेवक मानि तुमको कुवचन कहेसि तामें बालक को दोष कौन हमारा भाई है १७॥

१०८देखि कुठार बाण धनुधारी। भइ लरिकहि रिस वीर विचारी १८
नाम जान पै तुमहिं न चीन्हा। वंशसुभाव उतर त्यहि दीन्हा १९
जो तुम अवत्यहु मुनिकी नाईं। पदरज शिर शिशु धरत गुसाईं २०
क्षमहु चूक अनजानत केरी। चहिय विप्र उर कृपा घनेरी २१
हमहिं तुमहिं सरबरि कस नाथा। कहहु तौ कहां चरण कहँ माथा २२
राममात्र लघु नाम हमारा। परशुसहित बड़ नाम तुम्हारा २३
देव एक गुण धनुष हमारे। नवगुण परम पुनीत तुम्हारे २४
सब प्रकार हम तुम सन हारे। क्षमहु विप्र अपराध हमारे २५
दो० बारबार मुनि विप्रवर, कहा रामसन राम॥
बोले भृगुपति सरुष अति, तुहूँ बंधुसम वाम २६

१०८ काहेते वीरशिरोमणि तौ हमहीं हैं और वीर हमारे सेवक हैं ताते कुठार बाण धनुषधारी तुम्हैं देखि तुमको वीर विचारि पुनः हमसों कठोर वार्ता करत देखि अनीति मानि लरिका के रिस विशेष भई १८ भृगुवर ऐसा नाम तौ तुम्हारा जानत रहै परंतु वीरता बानामें छिपेहौ ताते मुनीश करि तुम्हैं नहीं चीन्हेसि वेषमात्र वीर विचारि वंशस्वभाव रघुवंश सदा रणमें अशंक ताही स्वभावते तुमको बालक उत्तर दीन्हेसि १९ वीरता उतारि जो मुनिकी नाईं अर्थात् यज्ञोपवीत मौञ्जी मेखला वल्कल वसन तिलकादि धारण करि आवते तौ शिशु हमारा भाई आपके पांयन की रज अपने शीशपर धरत मानरहित वार्ता करत २० आप मुनि ह्वैकै वीर बनिकै आयो ताको देखि मानते बोला ताते यह तौ अनजानतकी चूकहै सो क्षमा करहु काहेते विप्रके उरमें घनेरी बड़ी कृपा चाहिये २१ हम क्षत्री सेवक तुम ब्राह्मण स्वामी इस रीतिते हे नाथ! कहां तौ आप माथ कहां हम चरण हमारी तुम्हारी सरबरि बराबरी कहां है २२ पुनः राममात्र दुइ वर्णको हमारा लघु छोटा नाम अरु परशुसहित पांच वर्ण को तुम्हारा बड़ा नाम यह भी समता नहीं २३ पुनः हे देव! हमारे एकही गुण धनुषहै सो भी पावन नहीं क्योंकि हिंसक है तुम्हारे परमपुनीत नव गुण हैं यथा॥ ऋजुस्तपस्वी सन्तोषी क्षमो

तृष्णो जितेन्द्रियः । दाता शूरो दयालुश्च ब्राह्मणो नवभिर्गुणैः २४ तुम ब्राह्मण हम क्षत्री इस रीतिते तौ वेदमर्यादते हम तुमसे सब प्रकारते हारे हैं ताते हे विप्र ! हमारे अपराध क्षमा कीजिये अथवा जो तुम वीरताको मान राखे हौ तौ वेदविरुद्ध नीचधर्मते तुम चरण हौ अरु हम स्वधर्मवीरता धारण उत्तम माथसम हैं पुनः शुद्ध रामनाम हमारही है पुनः परशु हमारही दियाहै तेहिसहित लोकमें तुम्हारा नाम बड़ा भया इस रीतिते तुम हमारे सेवक है कुवचन कहे अरु हम सब प्रकार तुमसन हारे तुम्हारे कठोर वचन सहि लिये इत्यादि जो हमारे साथ तुमने अपराध किया ताको फल सहिबे को क्षमहु सहनशील होहु २५ दोहार्थ ॥ प्रभुका कहा गूढ़आशय न समुझे जो प्रसिद्ध वाचकमें मुनि अरु विप्रवर यही वाक्य रघुनाथजी की कही सुनि सरुष अतिक्रोध सहित वचन परशुराम बोले कि बंधु भाईही की समान तोहूं वाम नाम टेढ़ा है २६ ॥

१०९ निपटहि द्विजकरि जान्यहु मोहीं । मैं जस विप्र सुनावहुँ तोहीं २७
चाप स्रुवा शर आहुति जानू । कोप मोर अतिघोर कृशानू २८
समिध सेन चतुरंगि सुहाई । महामहीप भये पशु आई २९
मैं यहि परशु काटि बलि दीन्हे । समरयज्ञ जग कोटिन कीन्हे ३०
मोर प्रभाव विदित नहिं तोरे । बोलसि निदरि विप्रके भोरे ३१
भंजेहु चाप दाप अति बाढ़ा । अहमिति मनहुँ जीति जग ठाढ़ा ३२
राम कहा मुनि कहहु विचारी । रिस अतिबड़ि लघु चूक हमारी ३३
छुवतहि टूट पिनाक पुराना । मैं क्यहिहेतु करहुँ अभिमाना ३४
दो० जो हम निदरहिं विप्र बदि, सत्य सुनहु भृगुनाथ ॥
तौ अस को जग सुभट ज्यहि, भयवश नावहिं माथ ३५

१०९ तुम दोऊ भाई निपटकरिकै मोको द्विजै केवल ब्राह्मणही करि विचारि लिहेउ जो मेरी वीरता को अनादर करतेहौ अरु मैं जैसे द्विज हौं सो तुम्हैं सुनावत हौं सो सुनो २७ मैं समरयज्ञकर्ता द्विज हौं ताको सांगोपांग कहत चाप धनुष सोई स्रुवाहै काठ चिमचा आहुति देनेको पात्रहै शर बाण सोई आहुति देना है मेरा कोप सो अत्यन्त घोरकृशानु भयंकर ज्वलित अग्निहै २८ हाथी घोड़ा रथ पैदरआदि जो राजाओंकी चतुरङ्गिणी सेना है सोई समिध नाम होमकी लकड़ीहैं सुहाई रूखी सहज बरनेवाली तिनमें जे महामहीप सहसबाहु आदि तेई आय पशु भये अज मेषादि बलिपशु २९

तिन राजनको मैंने इसी परशुते काटिकै बलि दीन्हेउँ इत्यादि विधिपूर्वक समररूपी यज्ञ कोटिन अर्थात् अनेकन कीन्हेउँ ३० इत्यादि मेरा प्रभाव लोकमें विदित सो तुम्हारे उरमें नहीं विदित नहीं व्यापा जो विप्रके भोरे ब्राह्मणके भ्रमते निदरि बोलसि मेरी वीरता प्रभावको निरादर करि वार्ता करते हौ ३१ काहेते निरादर करते हौ सो भी मैंने जाना कि चाप भंजेहु शिवधनु तोरेउ ताते दाप अत्यन्त अहंकार बाढ़ा ताते अहमिति अपनाको ऐसा मानिलिहेउ कि मानो सब जगत् भरेको जीतिकै ठाढ़े हौ अर्थात् हमारी समता को वीर जगमें नहींहै ऐसा माने हौ ३२ जो भृगुनाथ कहे कि तुम्हारे बड़ा अभिमान ह्वैगया तापर रघुनाथजी कहत कि हे मुनि ! विचारिकै कहौ भाव हमारे कहेका अभिप्राय नहीं विचारते हौ कुवचन बोलते जाते हौ इसको फल तुम्हारा सहा न सहाजाइगा रिस तौ अत्यन्त बड़ी करते हौ चूक हमारी लघु थोरीहै ३३ काहेते न मालूम कबको बना ऐसा पुराना पिनाक धनुष जो छुवत खैंचतही टूटिगया तौ मैं क्यहिहेतु अभिमान करौं कौन बड़ा पोढ़ा रहै ३४ दोहार्थ ॥ जो तुमने कहा कि विप्रके भोरे निदरते हौ सो ऐसा न समुझौ हम सत्य कहते हैं सो सुनो जो विप्र बदि ब्राह्मण जानि हम निदरहिं निरादर करहिं तौ और ऐसा जगमें कौन सुभट है जाको भयवश डरायकै माथ नावहिं भाव तुम्हारी वीरताको नहीं डरते हैं ब्राह्मणत्व को डरतेहैं ३५ ॥

११० देवदनुज भूपति भट नाना । समबल अधिक होहिं बलवाना ३६
जो रण हमहिं प्रचारहि कोऊ । लरहिं सुखेन काल किन होऊ ३७
क्षत्रीतनु धरि समर सकाना । कुलकलंक त्यहिं पामर जाना ३८
कहहुँ स्वभाव न कुलहिं प्रशंसी । कालहु डरहिं न रण रघुवंसी ३९
विप्रवंश की यह प्रभुताई । अभय होय जो तुमहिं डराई ४०
सुनि मृदु गूढ़ वचन रघुपतिके । उघरे पटल परशुधर मतिके ४१
राम रमापति कर धनु लेहू । खैंचहु मोर मिटै संदेहू ४२
देत चाप आपहि चढ़ि गयऊ । परशुराम मन विस्मय भयऊ ४३
दो० जाना रामप्रताप तब, पुलक प्रफुल्लित गात ॥
जोरि पाणि बोले वचन, प्रेम न हृदय समात ४४

११० ब्राह्मण बराय और चहै देवता होय चहै दैत्य होय चहै भूतल में अनेकन राजा हैं तिनमें कोऊ भट होइ निर्बल नहीं चहै हमारे सम बराबर

बल होइ अथवा हमते अधिक बलवान् होइ तिसका संशय नहीं ३६ जो रणविषे हमहिं कोऊ वीर ह्वै प्रचारै ललकारै तौ सुखेन लरहिं उत्साहसहित युद्ध करहिं काल किन होवै अर्थात् काल भी होइ तौ भी संशय नहीं ३७ काहेते क्षत्रियको तनुधरि जो समरमें सकान शत्रु देखि डरा तौ वह क्षत्रिय नहींहै पामर कोऊ नीचहै वाको कुलमें कलंक जानना चाहिये भाव असल नहींहै अन्यजहै ३८ कहहुँ स्वभाव अर्थात् जो सदाकी परिपाटीहै सोई कहत हौं न कुलहिं प्रशंसी सहज रीतिते बढ़ाइके कुलकी प्रशंसा बड़ाई नहीं करत हौं सहज स्वभाव रघुवंशी रणमें कालहु को नहीं डरतेहैं ३९ अरु जो ब्राह्मणों को डरते हैं ताको हेतु यह कि विप्रवंशमात्रकी ऐसी प्रभुताई सामर्थ्य ताको प्रताप प्रसिद्धहै कि जो तुम्हैं ब्राह्मणों को डराय बड़ा करि मानै आप सेवक बना रहै तौ वह अभय होइ वाको फिरि किसी का भय न रहै भाव इसीते हम अभय हैं जो ब्रह्मण्यदेव कहावते हैं ४० इत्यादि गूढ़ आशय लिहे कोमल वचन रघुपतिके सुनि परशुधर की मतिमें जो मोह मदरूप पटल कपाट रहे जाते बुद्धि ढांकी रहै सो उघरे पहिंचानि गये कि ये तौ परब्रह्म अवतीर्ण भये ४१ इति अनुमान प्रमाण तौ पाये अब प्रसिद्ध प्रमाण हेतु कहत कि हे राम ! यह रमापतिको धनुष अपने करमें लेउ इस धनुष को खैंचहु तौ मेरा संदेह मिटै अर्थात् यह भगवान् को कहा वचन है कि जो याको चढ़ावै ताको पूर्णावतार जानेउ ४२ देत समय प्रभुको हाथ लागतही चाप जो धनुष सो आपही रोदा चढ़ि गयो तहां मुनिको तौ यह भरोसा कि हाथमें लैकै चढ़ावैंगे जब छुवतही चढ़ो तब पूर्णावतारते भी अधिक माने अरु अज्ञातते कुवचन कहे रहे ता अपराध ते डराइ परशुराम के मनमें विस्मय भई भाव मेरी क्या दशा होइगी वा ऐसे सहनशील समर्थ ४३॥ दोहार्थ॥ श्रीरघुनाथजी को प्रताप जाने ताते प्रेमपुलकि रोमांचादि ते गात प्रफुल्लित प्रेम हृदय में नहीं समात हाथ जोरि गद्गद वचन बोले ४४॥

१११ जय रघुवंशवनजवन भानू। गहन दनुजकुल दहन कृशानू ४५
जय सुर धेनु विप्र हितकारी। जय मद मोह कोह भ्रमहारी ४६
विनय शील करुणा गुणसागर।जयति वचन रचना अतिनागर ४७
सेवक सुखद सुभग सब अंगा। जय शरीरछवि कोटि अनंगा ४८
करौं कहा मुख एक प्रशंसा। जय महेश मन मानसहंसा ४९
अनुचित बहुत कह्यों अज्ञाता। क्षमहु क्षमामंदिर द्वउ भ्राता ५०
कहि जय जय जय रघुकुलकेतू। भृगुपति गये वनहिं तपहेतू ५१

अपभय कुटिल महीप डराने। जहँ तहँ कायर गवहिं पराने ५२

दो० देवन दीन्ही दुंदुभी, प्रभुपर वर्षहिं फूल॥
हर्षे पुरनरनारि सब, मिटी मोह भय शूल १५३

१११ दैत्यकुलगहन वनके दहन भस्म करिबेको कृशानु अग्निरूप रघुवंश कमलवन ताके प्रकाशक भानु सूर्यरूप ऐसे प्रतापवान् प्रभुकी जय होइ ४५ देवता गाय ब्राह्मणादिके हितकर्ता कृपालु प्रभुकी जय होय मद मोह क्रोधादि करि जीवन में जो भ्रम ताको हरलेनेवाले स्वयंप्रकाश अखण्ड ज्ञानरूप प्रभुकी जय होइ ४६ विनय नम्रतायुत वा विशेष नीतिमार्ग प्रतिपालक पुनः शील कहे हीन दीनादिकन को भी बड़ाई देना यथा भगवद्गुणदर्पणे॥ हीनैर्दीनैर्मलीनैश्च बीभत्सैः कुत्सितैरपि। महतोऽच्छिद्रसंश्लेषं सौशील्यं विदुरीश्वराः॥ इति सौशील्यता गुणते परिपूर्ण हौ पुनः करुणा कहे जो जनके दुःखमें आपहू दुःखित होइ यथा॥ आश्रितार्त्यग्निना हेम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः। अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकद्रवत्॥ परदुःखानुसंधानाद्विह्वलीभवनं विभोः। कारुण्यात्मगुणस्त्वेष आर्तानां भीतिवारकः॥ इति करुणागुणके भरे सागर हौ पुनः वचनरचना वाक्विलास में नागर नाम चतुर हौ अर्थात् देव, दैत्य, नर, पशु, पक्षी सर्व देशादि की भाषा में ऐसे प्रवीण हौ कि सबकी बोली में वार्ता करिसकते हौ इत्यादि गुणनिधि प्रभुकी सदा जय होय ४७ पुनः सेवकन को दोष आप भोगकरि उनको सुखदेना यह वात्सल्य गुणहै यथा॥ आश्रित्य दोषभोक्तृत्वं वात्सल्यमिति केचन॥ इति वात्सल्य गुण भरे पुनः सर्वांगते सुन्दर वा सर्वांग ऐश्वर्ययुत कोटिन कामदेव कीसी छवि शरीर देह माधुर्य गुणते परिपूर्ण ऐसे दयालु शोभासागर प्रभुकी जय होय ब्रह्मादि आचार्य वेदादि नहीं कहि पार पावते ४८ तिनको मैं एक मुखते कहांतक आपकी प्रशंसा करौं महेशको मन सोई अमल मानसर है तामें हंसरूप आप सदा बसे हौ ऐसे परात्पर परब्रह्मरूप प्रभुकी सदा जय होय ४९ आप ऐसे समर्थ स्वामी तिनको मैं अज्ञानपना ते बहुत अनुचित कहेउँ अर्थात् सेवक है स्वामी को प्रौढ़ता ते उत्तर देना उचित नहीं तिनको कुवचन कहना सो अज्ञात ते कहेउँ अर्थात् मोहवश आपको नहीं जानेउँ ताते मेरे अपराध क्षमा करहु काहेते आप दोऊ भाई क्षमाके मंदिर हौ भाव आप मेरी मर्याद राखे रहेउ दोऊ भाई याते क्षमाधाम हौ ५० रघुकुलकेतु रघुवंशिन में श्रेष्ठ प्रभुकी भूतकाल में जय रही वर्तमान में जयहै भविष्यकालमें जय होई ऐसा वार-

वार कहि भृगुपति तपस्याके हेतु वनको गये ५१ परशुराम को हाल देखि जे कुटिल राजा पूर्व कुटिलता करत रहे ते अपभय अपने कर्मनते डरमानि कायर कादर गवहिं पराने बहाने ते भागे कि कदापि हमपर क्रोध करि हथियार न धरायलेइँ वा घात करहिं याते भागे ५२ दोहार्थ ॥ सब प्रकार ते स्वस्ति देखि व्योम विमानन में देवता दुंदुभी दीन्हे नगारा बजाइ प्रभु पर फूलन की वर्षा कीन्हे अरु पुरवासी मोहते जो प्रभुको प्रभाव भूलिगये ताते परशुराम की भय मानि शूल भया रहै सो सब मिटा ताते जनकपुर के सब नर नारि हर्षे आनन्द भये १५३ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामपरशुरामसंवादे विविधवाग्विलासवर्णनंनाम पञ्चाशत्प्रकाशः ५० ॥

११२ अति गहगहे बाजने बाजे। सबहि मनोहर मंगल साजे १
यूथयूथ मिलि सुमुखि सुनयनी। करहिं गान कल कोकिलबयनी २
सुख विदेहकर बरणि न जाई। जन्मदरिद्र मनहु निधि पाई ३
विगतत्रास भइ सीय सुखारी। जिमि विधु उदय चकोरकुमारी ४
जनक कीन्ह कौशिकहि प्रणामा। प्रभुप्रताप धनु भंज्यो रामा ५
म्वहिं कृतकृत्य कीन्ह द्वउ भाई। अब जो उचितसो कहियगुसांई ६
कह मुनि सुनु नरनाह प्रवीना। रहा विवाह चाप आधीना ७
टूटतही धनु भयो विवाहू। सुर नर नाग विदित सबकाहू ८

दो० तदपि जाय तुम करहु अब, यथा वंश व्यवहार ॥
बूझि विप्र कुलवृद्ध गुरु, वेदविहित आचार ९

११२ अति गहगहे परम उत्सवभरे बाजा बाजे पुरवासी सबहिन चित्रमय कलश ध्वजा पताकादि मंगल के साज साजत भये १ सुमुखी सुन्दर मुख सुन्दर नेत्र युवा सौभागिनी स्त्री यूथयूथ झुंड झुंड मिलि ठौर ठौर कोकिलवत् मधुरवाणीते मंगलाचार गान करने लगीं २ याहि समय में जैसा सुख विदेहजी को भया सो कविसों वर्णन नहीं करि जात उपमा नहीं बनत ताते उत्प्रेक्षा करत कि मानहु जन्मभरे को दरिद्री सो निधि महाधन को खजाना पायो भाव अगुणरूप वादी सगुणरूपके दरिद्री रहे सो सगुण रूप परिपूर्ण पाये ३ जो परशुराम को स्वभाव सुनि अर्द्धनिमेष कल्पसम बीतत रहा सो त्रास नाम डरते विगत डर छूटा ताते किशोरीजी सुखी भई

यथा पूर्णचन्द्र उदय भये चकोरकी कुमारी हर्षत ४ अब समय विचारि जनकजी विश्वामित्रजी को प्रणाम कीन्ह पुनः बोले कि हे प्रभु ! आपके प्रतापते श्रीरघुनाथजी धनु भंज्यो तोख्यो ५ सो मोको तौ दोऊ भाइन कृतकृत्य कहे कृतार्थ कीन भाव मेरे दो कन्या हैं सो दोऊ भाइन को ब्याह करौंगो यह मनोरथ प्रकट करि जनाये पुनः कहत कि हे गोसाईं ! अब जो करना उचित होइ सो कहिये सो अब कीन जाइ ६ मुनि विश्वामित्र कहे कि हे नरनाह ! आप तौ सब रीति जानिबे में प्रवीण हौ पुनः मेरे भी वचन सुनिये विवाह तौ चाप धनुष टूटने के आधीन रहा ७ सो तौ धनुषके टूटतही विवाह भयो सो बात सुरनको स्वर्ग में नरनको भूतल में नागनको पातालमें इत्यादि त्रिलोकमें सबकाहूको विदितहै ८ विवाह तौ ह्वैचुका तदपि अब तुम जाइ विवाहकार्य को यावत् व्यापार है सो लोकरीति ब्राह्मणोंते पूछौ कुलकी रीति कुलमें जे वृद्ध होइँ तिनते पूछौ पुनः वेदविहित वेदविधि सों जो तुम्हारे कुलमें आचार है सो गुरु शतानन्द ते पूछौ इत्यादि सबसों बूझिकै यथा तुम्हारे वंशको व्यवहार होइ सो सब करहु ९ ॥

११३ दूत अवधपुर पठवहु जाई । आनहु नृप दशरथहि बोलाई १०
मुदित राव कह भलहि कृपाला । पठये दूत बोलि त्यहि काला ११
बहुरि महाजन सकल बोलाये । आइ सबन सादर शिर नाये १२
हाट बाट मन्दिर सुरवासा । नगर सँवारहु चारिहु पासा १३
हरषि चले निजनिज गृह आये । पुनि परिचारक बोलि पठाये १४
रचहु विचित्र वितान बनाई । शिरधरि वचन चले सचुपाई १५
पठये बोलि गुणी तिन नाना । जे वितानविधि कुशल सुजाना १६
विधिहि वन्दि तिन कीन्ह अरम्भा । विरचे कनककदलि के खम्भा १७

दो० हरितमणिन के पत्र फल, पद्मराग के फूल ॥
रचना देखि विचित्र अति, मन विरञ्चिकर भूल १८

११३ पुनः जाइ शीघ्रही अवधपुर को दूत पठवहु कौनहेतु कि महाराज दशरथको बोलाइ इहां आनहु अर्थात् बरात सहित आवहिं १० इत्यादि मुनि कहेउ सो सुनि मुदित आनंदसहित राव जनकजी कहे कि हे कृपालु ! आप बहुत भली वार्ता कही क्योंकि मैं नहीं बोलाइसक्ता रहौं आपकी आज्ञा ते सुलभ भया ऐसा कहि ताहीकाल दूत बुलाइकै लिखि पत्रिका दैकै अयोध्याजी को पठाये ११ बहुरि महाराज महाजन सचिवादि जे उत्तम

जनहैं तिनको बुलाये आज्ञा सुनि आय सब जन माथ नवाये आदरसहित अर्थात् कार्य करिबे में हर्ष है १२ सचिवादिकन को जनकजी आज्ञा दिये कि हाट जो बाजार बाट पुर की गली पुरके सब मंदिर सुरमंदिर देवतनके स्थान इत्यादि चारिहु पासते नगर शोभामय सँवारहु १३ ते सब आज्ञा शिरधरि हर्षते चले निज आपने आपने घरनको आइ पुनः परिचारक जो आज्ञानुकूल कार्य करनेवाले तिनको बुलाय पठये १४ तिन परिचारकन को आज्ञा दिये कि वितान मांड़वको विचित्र रीतिते बनायकै रचना करावहु जामें देखनहार की बुद्धि भ्रमित ह्वैजाय ऐसी विचित्रता बनै इति सचिवादिकन के वचन शिरधरि अंगीकार करि सचु नाम आनंद पायकै चले १५ तिन परिचारकन नाना अनेक प्रकारके गुणीजनन को बुलाय पठाये जे सुजान चतुर वितान क्रियाविधिमें कुशल कारीगर १६ तिन गुणिन विधिहि ब्रह्माको वंदना करि कार्य प्रारंभ करे ब्रह्मा लोकरचना के आचार्य हैं पुनः पूजाबंद है नमस्कार नहीं बंद सब ऋषीश्वर करते हैं प्रारंभ में प्रथम कनक सुवर्णमय कदली केलाके खंभा सो विशेष करिकै रचे बनाये १७ दोहार्थ ॥ केला को सांगोपांग कहत कि हरित मणिनके पत्ता पुनः फल बनाये पुनः पद्मराग जो अरुणरंग मणि ताके फूल बनाये इति कृत्रिम केलनकी अत्यन्त विचित्र रचना देखिकै ब्रह्माको भी मन भूलिजात यथार्थ केलै मानत १८ ॥

११४ वेणु हरितमणिमय सब कीन्हे । सरल सपर्ण परहिं नहिं चीन्हे १९
कनककलित अहिबेलि बनाई । लखि नहिं परै सपर्ण सुहाई २०
त्यहिके रचि पचि बन्ध बनाये । बिच बिच मुक्तादाम सुहाये २१
माणिक मरकत कुलिश पिरोजा । चीरि कोरि पचि रचेउ सरोजा २२
किये भृङ्ग बहुरङ्ग विहङ्गा । गूजहिं कूजहिं पवन प्रसङ्गा २३
सुरप्रतिमा खम्भन गढ़ि काढ़ीं । मङ्गलद्रव्य लिये कर ठाढ़ीं २४
चौकैं भांति अनेक पुराईं । सिन्धुरमणिमय सहज सुहाईं २५

दो० सौरभपल्लव सुभग सुठि, किये नीलमणि कोरि ॥
हेम बौर मरकत घवरि, लसत पाटमय डोरि २६

पाणग्रविधि

११४ खंभपर बांस चाहिये सो हरितमणिनमय वेणु नाम बांस बनाये कैसे सरल सीधे लंबे पुनः सपर्ण सहितपत्तन ते ऐसी गांठी पोढ़ादि सुंदर बने जो चीन्हि नहीं परत कि मणिनके हैं १९ इहां खंभ अरु बांस तौ हैं कोई पदार्थ छावनेको नहीं है अरु चौपाईभी सातै हैं एक चौपाई तिलकमें कहे

देतेहैं यथा ॥ सरपत सदल रजत रचि लाये। त्यहिसम सरल सघनतर छाये ॥ कनक जो सोना त्यहि करिकै कलित नाम रचित अहिबेलि पानकी बेलि बनाये तहां डार टेउसा पर्यंत तौ सोनेको अरु दल हरीमाणिनके सो सपर्ण सहितदलन ऐसी सुहाई सुन्दरि लागत जो लखि नाम पहिंचानि नहीं परत २० ताही अहिबेलिके बंधन बनाये मांड़व बांधिबे हेतु ते रचिपचि कै बनाये अर्थात् बांसादिकोरि तामें पचि संधिरहित उसीमें मिलाइकै रचे हैं तिन बंधननके बीच बीच मुक्तादाम मोतीमालनके गुच्छा सुहाये सुन्दर लगे हैं २१ पुनः माणिक जो अरुण मणि मरकत जो श्याममणि कुलिश जो हीरा पिरोजा जंगालीरंग मणि इत्यादि बहुरंग मणी चीरि सर्वांग निर्माण करि यथा पिरोजाकी नाल डण्डीआदि पीतकी केसरपत्र बहुरंगके बनाय पुनः कोरि छिद्र करि तामें पचि निसंधि प्रवेशकरि विविधरंगके सरोज कमल रचे २२ तिन कमलनपर भ्रमर अरु निकट बहुरंग मणिनके हंस मयूरादि विहंग बनाये ते पवन प्रसंग लागेते भ्रमर गुञ्जत पक्षी कुहुकत २३ देवनकी प्रतिमा खंभनमें गढ़िकै काढ़ीं बनाईं ते फल फूल दधि हरदी आदि मंगल पदार्थ हाथोंमें लिहे ठाढ़ीहैं२४सिन्धुरमणि गजमोतिनमय सहजही जो सुन्दर लागत इत्यादि चौकैं अनेक भांति चौकोर षट्कोर अष्टकोरादि पुराईं २५ दोहार्थ ॥ नीलमणि कोरि काटि तासों सौरभ आम्रपल्लव किये जो सुठि सुभग अत्यंत सुन्दर देखतमें लागत तामें हेम सोनेके बौर अरु मरकत श्याममणि फूलनकी घवरि फल गुच्छा सो पाट रेशमकी डोरि सों गुहे शोभित २६ ॥

११५ रचे रुचिर वर बन्दनवारे। मनहुँ मनोभव फन्द सँवारे २७
मङ्गलकलश अनेक बनाये। ध्वज पताक पट चमर सुहाये २८
दीप मनोहर मणिमय नाना। जाय न बरणि विचित्र विताना २९
ज्यहि मण्डप दुलहिनि वैदेही। सो बरणै असमति कवि केही ३०
दूलह राम रूप गुणसागर। सो वितान तिहुँलोक उजागर ३१
जनकभवन की शोभा जैसी। गृह गृह प्रति पुर देखिय तैसी ३२
ज्यहितिरहुति त्यहिसमय निहारी। त्यहि लघुलगेउ भुवनदशचारी ३३
जो संपदा नीचगृह सोहा। सो विलोकि सुरनायक मोहा ३४

दो० बसै नगर ज्यहि लक्षि कर, कपट नारिवर वेष ॥
त्यहि पुरकी शोभा कहत, सकुचहिं शारद शेष ३५

११५ सबौर घवरि पल्लव जो बनाय पाटडोरि गुहे ताही के रुचिर वर

सुंदर श्रेष्ठ बंदनवार मंडपके चारिहूं दिशि रचे कैसा मनोहर लागत मानो मनोभव कामदेवने फंदा सँवारा है अर्थात् रामानुरागिन को तौ आनंदरूप है निरसवादिनको मन देखत कामवश होत २७ मंगलकलश सोनेके घट छुहे सपल्लव धान्य दीपयुत अनेकन बनाये ध्वजा जामें कुछ चिह्न बना रेशमीपट जरतारी काम बना पुनः पताका जो चिह्नरहित पट वसन अनेक रंग रेशमी चमर अनेकन सुंदर सोहत २८ मनके हरणहार अनेकन मणिनमय दीप ठौर ठौर प्रकाशित इत्यादि ऐसा विचित्र वितान बना है सो वर्णन नहीं करि जात संपूर्ण शोभा की उपमा नहीं बनत २९ काहेते अद्भुत है ज्यहि मांड़वविषे ब्रह्मानंदमय विदेह तिनकी कन्या दुलहिनि है सो मांड़व वर्णन करै ऐसी मति कौने कविकी है ऐसा कवि नहीं है ३० पुनः माधुरीआदि रूप उदारता सुशीलतादि दिव्यगुणनके समुद्र श्रीरघुनाथ जी ऐसे दूलह हैं सो वितान तीनिहूं लोकनमें उजागर प्रकाशित है न ऐसा भया न है न होइगो इति शोभा राजमंदिरकी कहे ३१ जनकजीके भवनमें जैसी शोभा है तैसेही जनकपुरभरमें घर घर प्रति है सब घरनमें ऐसेही वितान हैं ३२ त्यहि समयविषे जिन जनन तिरहुति जनकपुरकी शोभा निहारी देखी तिन जननको दशचारि चौदह भुवनमें शोभा लघु लागि थोरी देखि परत ३३ कैसी शोभा जनकपुरमें है कि जो नीचनके घरनमें संपदा शोभित है त्यहिको विलोकि देखिकै सुरनायक इंद्रादि मोहित होत आश्चर्य मानते हैं ३४ दोहार्थ ॥ काहेते संपदाकी अधिकार है सो हेतु कहत लक्षिकर संपदा करनेवाली जो लक्ष्मीजी ज्यहि पुर में कपट करि श्रेष्ठ नारिवेष बनाये बसती हैं किसहेतु श्रीराम जानकीको विवाह देखिबे हेतु यथा ॥ शची शारदा रमा भवानी । जे सुरतिय शुचि सहज सयानी ॥ कपटनारि वरवेष बनाई । मिलीं सकल रनिवासहि आई ॥ इत्यादि ऋद्धि सिद्धि सहित सब शक्तिन लक्ष्मी जी जहां वास किहे त्यहि जनकपुरकी शोभा कहतमें शेष शारदा सकुचाइ जात ताको प्राकृत कविकी कहां गति है ३५ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे जनकपुरमण्डपादिरचना
वर्णनो नामैकपञ्चाशः प्रकाशः ॥ ५१ ॥

११६ पहुँचे दूत रामपुर पावन । हर्षे नगर विलोकि सुहावन १
भूपद्वार तिन खबरि जनाई । दशरथ नृप सुनि लिये बुलाई २
करि प्रणाम तिन पाती दीन्ही । मुदित महीप आपउठि लीन्ही ३

वारि विलोचन बांचत पाती। पुलकगात आई भरि छाती ४
राम लषण उर करवर चीठी। रहिगय कहत न खाटी मीठी ५
पुनि धरि धीर पत्रिका बांची। हरषी सभा बात सुनि सांची ६
खेलत रहे तहां सुधि पाई। आये भरतसहित द्वउ भाई ७
पूछत अति सनेह सकुचाई। तात कहांते पाती आई ८

दो० कुशल प्राणप्रिय बन्धु द्वउ, अहहिं कहौ केहि देश॥
सुनि सनेहसाने वचन, बांची बहुरि नरेश ९

११६ कार्त्तिक कृष्ण पंचमीको जनकजीके दूत रामपुर पावन जो अयोध्याजी तामें पहुँचे दूत रघुनाथही जीको जानते हैं ताते रामैपुरको बोध है जामें पग परतही महापाप नाश होत ऐसा पावन पुर, वन, बाग, घाट, बावली, मंदिर, हाट, बाटादि मणिमय दिव्य ऐश्वर्ययुत ऐसा सुहावन नगर देखि दूत आनंद भये १ तिन दूतन राजद्वारपर खबरि जनाये द्वारपाल जाय महाराजते कहे कि जनकजी के दूत आये यह सुनि दशरथ महाराज भीतरको बुलाइ लीन २ भीतर जाइ दूत महाराजको प्रणाम करि पाती दीन्ही कि जनकजीकी पत्री है सो सुनि मुदित ह्वै सिंहासनते उठि चक्रवर्ती महाराज आपही हाथमें लैलीन्हे एक तौ रघुनाथजी उसी देशमें हैं तिनकी खबरिको हेतु जानि आनन्द ह्वै उठे अथवा दोऊ वंश एकही हैं तामें जनकजी कई पुस्त ऊंचे हैं यह बड़ाई मानि उठे ३ पत्रिका खोलि बांचने लगे रघुनाथजीको नाम निसरतही उरते प्रेम उमँगि रोमांचादि गात पुलकि छाती भरि आई कंठारोधन नेत्रनमें वारि अश्रु जल बहिचले ४ श्रीरघुनाथजी अरु लक्ष्मणजी तौ उरमें हैं अर्थात् सहित इन्द्रिय मनादि तौ दोऊ रूप अवलोकनमें लय ह्वैगये पुनः कर हाथमें वर चीठी राम व्याहहेतुक उत्तम पत्रिका तामें दृष्टि लय होगई दोऊ प्रेमपंकमें ऐसे वचन फँसे कि स्थिर रहिगये खाटी मीठी कुछ कहत नहीं खाटी बुरे हालकी है वा मीठी भले हालकी है यह कुछ प्रकट नहीं करे अथवा प्रतिवचन पत्रिका खाटी मीठी है यथा मुनि सँग राजकुमार मार्गमें आते रहैं सो ताड़का देखि परी इति खाटी पुनः ताको एकही बाणते मारे इति मीठी यज्ञकी रक्षाहेतु रहे ससेन मारीच सुबाहु धायो इति खाटी ताको ससेना मारे इति मीठी पुनः शिलारूप अहल्या मिली इति खाटी ताको उद्धारे इति मीठी हम कन्या विवाहहेतु शिवधनु भंजनेको प्रण कीन्ह सब लोकराजा बटुरे कोऊ तूरि न सका इति खाटी सो धनु रघुनाथजी तोरि डारे इति मीठी पुनः धनुभंग सुनि सक्रोध परशुराम

आये इति खाटी पुनः श्रीरामबल देखि निज धनु दै बिनती करि चलेगये इति मीठी इत्यादि हर्ष विस्मयके वश कुछ कहि न सके ५ पुनः जब समग्र पत्रिका देखिगये अब केवल विवाहार्थ बरात सजि चलना है इति उत्साह उमँगा मंगलानंद प्रकट करिबेको मनोरथ उठा तब सावधान है पुनः धीरज धरि प्रसिद्ध पत्रिका बांची यथा॥ स्वस्ति श्री ५ श्रीमत्सकलविनोदरसरासिकविराजमानोद्दण्डप्रतापसकलादिव्यगुणगणनिधानशौर्यरसावेशिताचित्ताविजितारिपक्षवृन्दारकवृन्दसहायकानेकसहस्राक्षतुल्यपराक्रमसकलभूमण्डलाधिपाधिपवीरविख्यातसदाचाराचरणलब्धप्रतिष्ठागरिष्ठस्य वशीकृतान्तःकरणोरसवत्प्रजापालकधर्मधुरीणसकलराजशिरोमणेः पाखण्डप्रतिपक्षविध्वंसकत्रैलोक्यागमनसामर्थ्यश्रीमत्तरणिवंशावतंसश्रीमन्मार्त्तण्डमूर्तिषु षट्श्रीमन्महाराजाधिराजपंक्तिरथाभिधेषु भवच्चरणारविन्ददर्शनोत्सुकस्य शीरध्वजनाम्नस्तव दासस्य बहुशो नमस्काराः विलसन्तु भवतां कृपयात्र कुशलं भवतां शं सदैव वाञ्छामः अग्रे भवदात्मजौ श्रीरामलक्ष्मणौ विश्वामित्रसहायेन तव पुरादागमनमार्गे ताडकावधं कृतवन्तौ पश्चात् सिद्धाश्रमं प्राप्तवन्तौ तस्मिन्नेवाश्रमे सुबाह्वादिवधं कृतवन्तौ यज्ञपूर्णं कृतवन्तौ तस्मान्निर्गते मार्गे चलन्सन् गौतमवधूं पतिशापाच्छिलाभूतां पादरजसाऽहल्यां तारितवन्तौ द्विरागमनेनेव पतिसामीप्यं गतवती ततो ममोपार्जितपूर्वपुण्यप्रभावाद्विश्वामित्रसकाशान्ममाश्रममागतौ सर्वे वयं तद्दर्शनात्कृतार्था बभूविमहे अस्याग्रे मदीयवृत्तान्तं शृणुत मया पूर्वप्रतिज्ञेयं कृता यो धरणीशः शिवधनुषो भञ्जनं करिष्यति तस्यैवास्या विवाहं करिष्यामि तस्य हेतुमाह इयं कन्या भूलेपनसमये वामकरे धनुष्कृत्वा चतुष्कोणं लिप्तवती एतत्प्रतिज्ञा प्रयोजन मृतस्यार्थं मया सर्वदेशीयराज्ञामागमनार्थं पत्रं प्रेषितं तावेव धनुषो दर्शनार्थमागतौ ते भूभुजा रावणादयः स्वीयं स्वीयं पराक्रमं धनुर्भञ्जने कृतवन्तस्तत्रापि धनुस्तिलमात्रं नोत्थितं तदा सर्वे एकीभूत्वा तत्तोलनार्थे स्वं स्वं पराक्रमं कृतवन्तस्ते सर्वे पराजयाभिभवं प्राप्ताः तत्पश्चाच्छ्रीविश्वामित्राज्ञां पुरस्कृत्यासनादुत्थाय तत्समये श्रीरामचन्द्रेण धनुर्भञ्जनं कृतं तत्समये जानकी मालां श्रीरामाय समर्पितवती तदनन्तरं जामदग्न्यः परशुराम इति विख्यात आगतः तेन सार्धं वाग्विलासो बभूव सएव रामचन्द्रं ज्ञात्वा स्वधनुरर्पितवान् बहुप्रशंसां कुर्वन्सन्स्वयं तपस्यार्थं गतवान् तत्समये शतानन्दविश्वामित्रसम्मतात् मार्गशीर्षशुक्लपञ्चम्यां भृगुवासरे कर्कलग्नोदये पाणिग्रहणं शुभम् भूयात् एतदर्थं मया दूतः प्रेषितस्त्वमपि सपुत्रसबान्धवसमन्त्रिगुर्वादिसहितो ममोपरि कृपां कुर्वन्नागच्छ ॥ इत्यादि

लग्नपत्रिका सुनि सांची विचारि श्रीरामविवाह जानि सब सभाभरि हर्षी ६ ताही समयमें शत्रुहन सहित भरतजी दोऊ भाई साथही आये अर्थात् जहां खेलते रहैं तहैं सुधिपाये कि श्रीरघुनाथजी के व्याहहेतुक पत्रिका लै दूत आयेहैं यह सुनतै आनंदभरे धाये ७ अतिसनेह प्रीतिकी ललिताई अधिकाई सकुचाइकै पूछत कि हे तात ! यह पत्रिका कौन देशते आई है ८ दोहार्थ ॥ पुनः हमारे प्राणप्यारे दोऊ बंधु लषणलाल सहित श्रीरघुनाथजी कुशलसहित कहौ कौने देशमें हैं इत्यादि भरतजीके कहे सनेहसाने वचन सुनि नरेश दशरथ महाराज पुनः पत्रिका बांचिकै सुनाई ६ ॥

११७सुनिपातीपुलके द्वउभ्राता। अधिक सनेह समात न गाता १०
प्रीति पुनीत भरत की देखी।सकल सभा सुख लह्यो विशेखी ११
तब नृप दूत निकट बैठारे। मधुर मनोहर वचन उचारे १२
भैया कहहु कुशल द्वउ बारे। तुम नीके निज नयन निहारे १३
श्यामल गौर धरे धनु भाथा। वयकिशोर कौशिकमुनि साथा १४
पहिंचानहु तुम कहहु सुभाऊ। प्रेमविवश पुनि पुनि कह राऊ १५
जादिनते मुनि गये ल्यवाई। तबते आजु सांचि सुधि पाई १६
कहहु विदेह कवन विधि जाने। सुनि प्रिय वचन दूत मुसुकाने १७

दो० सुनहु महीपति मुकुटमणि, तुमसम धन्य न कोउ ॥
राम लषण जिनके तनय, विश्वविभूषण दोउ १८

११७ मंगलानंदमय समाचारभरी पाती सुनि श्रीभरत शत्रुहन दोऊ भाई प्रेमते पुलके रोमांच ह्वै आये पुनः सनेह अधिक उमँगो सो गात में नहीं समात ताते अश्रु बहिचले १० श्रीरघुनाथजी विषे पुनीत हेतुरहित शुद्ध सुभावते भरतजीकी प्रीति देखि सकल सभा सभाके सकल जन विशेष करि सुख लहेउ परम सुख पाये भाव भाइत्व होइ तौ ऐसा होइ ११ तब दशरथ महाराज दूतनको बुलाइ आपने निकट बैठारे वात्सल्य रस की अधिकारताते मधुर मीठे मनोहर सुंदर वचन उचारे बोले १२ महाराज बोले कि हे भैया ! कहहु हमारे दोऊ बारे बालक कुशल हैं अरु तुम नीकी भांति निज आपने नयननसे निहारे देखेउ है इत्यादि मधुर है १३ जे बड़ेहैं ते कोमल श्यामल अंग हैं जे छोटे हैं ते मधुर गौरअंग हैं पुनः धनुष अरु भाथा नाम तरकस धारण कीन्हे किशोर अवस्था विश्वामित्र मुनिकेसाथ हैं १४ इत्यादि लक्षणते जो तुम पहिंचानेउ होइ तौ उनके सुभाव कहहु इत्यादि प्रेमके वश

बारबार महाराज कहते भये १५ पुनः जौने दिनते मुनि विश्वामित्रजी इहां ते लेवाय लैगये तबसे साधारण खबरि तौ पाये परंतु सांची सुधि आजही पाई १६ पुनः कहहु विदेहजी बालकनको कौनी विधिते जाने अर्थात् विभव रहित मुनिके साथ ताते जानब सुगम नहीं रहै इत्यादि महाराजके कहे प्रिय वचन सुनि अरु रघुनाथजीको प्रभाव विचारि हास्यरस उद्दीपन भयो ताते दूत मुसुकाने १७ दोहार्थ॥ दूत बोले कि हे महीपमुकुटमणि, राजाधिराज! तुम्हारी समान धन्य लोकमें दूसरा कोऊ नहीं आपके समान आपही हौ काहेते श्रीराम लक्ष्मण ऐसे जाके पुत्र ते कैसे हैं दोऊ राजकुमार विश्वके विभूषण हैं लोकनमें प्रकाशित १८ ॥

११८ पूछन योग न तनय तुम्हारे । पुरुषसिंह तिहुँपुर उजियारे १९
जिनके यश प्रताप के आगे । शशिमलीन रवि शीतल लागे २०
तिनका कहिय नाथ किमि चीन्हे । देखिय रविकि दीप कर लीन्हे २१
सीय स्वयंवर भूप अनेका । सिमिटे सुभट एकते एका २२
शंभु शरासन काहु न टारा । हारे सकल बीर बरियारा २३
तीनि लोकमहँ जे भटमानी । सबकै शक्ति शंभुधनु भानी २४
सकहि उठाय सुरासुर मेरू । सोउ हियहारिगयउ करि फेरू २५
जेहि कौतुक शिवशैल उठावा । सोउ त्यहि सभा पराभव पावा २६
दो० तहां राम रघुवंशमणि, सुनिय महा महिपाल ॥
भंज्यउ चाप प्रयास बिनु, जिमि गज पङ्कजनाल २७

११८ हे महाराज, चक्रवर्तीजी! आपके तनय पुत्र ते पूछने योग्य नहीं हैं कि उनको पूछिकै कोऊ जानै यथा सिंह जहां जहां जात तहां तहां मैजलिन प्रसिद्ध होत जात अरु ये तौ सिंहपुरुष हैं अर्थात् राजकुमाररूप सिंह हैं तेतौ तिहुँपुर उजियारे हैं तीनिहूं लोकनमें प्रकाशमान हैं १९ कैसे प्रकाशमान हैं कि जिनके यश अर्थात् भुजबलते जो लोकनमों प्रशंसा त्यहि यश के आगे शशि चन्द्रमा मलीन लागत काहेते सकलंक है अरु यश राजकुमारन को पावन अमल है पुनः जिनके प्रताप अर्थात् जाकी कीरति अरु यश सुनि शत्रुनके उरमें ताप होत अरु सब आपही दबि जात इति जिनके प्रतापके आगे रवि सूर्य ते शीतल लागे अर्थात् भृगुपतिको परास्त देखि दुष्ट राजा ऐसे डराय भागे जिनको घाम न तप्त लागो २० रविसों अधिक प्रतापवान् आपके पुत्र हैं नाथ तिनको आप पूछत हौ कि कहिये विदेह कौन विधि चीन्हे

उनके चीन्हिबेकी कौन विधि वे आपने प्रतापते प्रकाशमान हैं कहीं सूर्य
दीपक लैके देखे जात २१ अब श्रीरामयश की प्रसिद्धता कहत कि जानकीजी
के स्वयंवर हेतु अनेकन भूप राजा एकते एक बली सुभट सिमिटे जनकपुर
में बटुरे लोकभरेके २२ तहां यावत् बरियार सबल वीर रहैं ते उठायकै सकल
हारिगये चढ़ाउब तोरब को कहै शंभुको शरासन धनुष स्थानते कोऊ वीर
टारि न सका २३ तीनिहू लोकमें जे जे बलके मानी भट रहैं तिन सबकै
शक्ति बल वीरतादि जो रहे ताको शंभुधनु भानी तोरिडारी २४ ताको प्रमाण
कहत कि सुरासुर जो बाणासुर कैसा बली जो सुमेरु गिरिको उठाइसकत
रहे सोऊ हियेते हारि अर्थात् धनुष हमारा उठावा न उठी ऐसा विचारि फेर
बहाना करि चलागया २५ पुनः ज्यहि रावणने कौतुक तमाशामात्रमें शिवशैल
कैलासको उठाइलियो सोऊ तेहि सभामें पराभव पावा उठाइकै हारिगया २६
दोहार्थ ॥ तहां ताही समाजमें हे महाराज ! आपने पुत्रको हाल सुनिये
रघुवंशमणि रघुनाथजी कौनप्रकार चाप भंज्यो धनुष तूरे जैसे गज हाथी
पंकज कमलकी नाल को तोरै तैसे विना परिश्रम तोरिडारे २७ ॥

११९ सुनिसरोषभृगुनायकआये। बहुत भांति तिन आंखि देखाये २८
देखि रामबल निज धनु दीन्हा। करि बहुविनय गवनवन कीन्हा २९
राजन राम अतुल बल जैसे। तेजनिधान लषण पुनि तैसे ३०
कम्पहिं भूप विलोकत जाके। जिमि गज हरिकिशोरके ताके ३१
देव देखि तव बालक दोऊ। अब न आंखितर आवत कोऊ ३२
दूतवचन रचना प्रिय लागी। प्रेम प्रताप वीररस पागी ३३
सभा समेत राउ अनुरागे। दूतन देन निछावरि लागे ३४
कहि अनीति ते मूंदहिं काना। धर्म विचारि सबहिं सुख माना ३५

दो० तब उठि भूप वशिष्ठ कहँ, दीन्ह पत्रिका जाइ ॥
कथा सुनाई गुरुहि सब, सादर दूत बुलाइ ३६

११९ धनुभंग सुनि सरोष कोप सहित परशुराम आये तिन रघुनाथजी
को बहुत भांतिते आंखि देखाये निज बल वीरता मानभरे कुवचन कहे बहुत
वाग्विलास भया २८ वाग्विलास होतही श्रीरघुनाथजी में अतुलबल देखि
निज अपना धनुष फरसा दैकै पुनः बहुत प्रकारते बिनतीकरि तपहेतु वनको
गवन कीन चलगये २९ हे राजन् ! जैसे अतुलबल श्रीरघुनाथजी हैं पुनः
तैसेही तेजनिधान परिपूर्ण स्थान लक्ष्मणजी हैं ३० काहते जानियत कि

जा लषणलाल के सरोष दृग विलोकत देखत सब राजा कांपि उठत कौन भांति जैसे हरिकिशोर सिंहपुत्रको देखि गज नाम हाथी कांपि उठत ३१ हे देव चक्रवर्ती महाराज! तव तुम्हारे बालकनको देखि अर्थात् जैसे रूप शील बलके समुद्र जबते देखे तबते अब हमारी आंखितर कोऊ नहीं आवत कि ऐसा कोऊ औरहू है ३२ विचित्र रचनामय दूतन के वचन अत्यंत प्रिय लागे क्या रचना है कि प्रेम प्रताप सहित वीररसके पागे हैं यथा अब आँखितर कोऊ नहीं आवत इति प्रेम सब राजा अरु परशुराम डरे इति प्रताप पुनः विना परिश्रम धनुष तूरे इति वीररस ३३ सो वचन सुनि सभाके संपूर्ण जनन समेत महाराज अनुरागके वश भये पुत्रन की प्रशंसा संबंध को हेतु विचारि ताते मणि सोनाआदि निछावरि दूतन को महाराज देनेलगे ३४ निछावरि देखि अनीति अर्थात् हमारे महाराजकी कन्या आपके इहां विवाही जात अब आपकी धान्य हम न ग्रहण करैंगे ऐसा कहि कानमूंदे भाव ये वचन हमारे कान में न परैं इत्यादि धर्मकी बात विचारि समाजके जन सबहिन सुख माना अर्थात् अबतौ तुम्हारे याचक हम भये तुम हमारा दान कैसे लेउ ३५ दोहार्थ॥ तब परमानंदवश महाराज आपही उठिकै जाइ वशिष्ठजीको पत्रिकादीन्ह पुनः सहित आदर दूतनको बोलाइ यावत् रघुनाथजीके चरितनकी कथा रहै सब गुरुहि सुनाये ब्याहको समाचार ३६॥

१२० सुनि बोले गुरु अति सुखपाई। पुण्यपुरुष कहँ महि सुखछाई ३७
जिमि सरिता सागर पहँ जाहीं। यद्यपि ताहि कामना नाहीं ३८
तिमि सुखसंपति विनुहिं बुलाये। धर्मशील पहँ जाहिं सुभाये ३९
तुम गुरु विप्र धेनु सुर सेवी। तस पुनीत कौशल्या देवी ४०
सुकृती तुम समान जगमाहीं। भये न हहिं कउ होन्यउ नाहीं ४१
तुमते अधिक पुण्य बड़ काके। राजन राम सरिस सुत जाके ४२
वीर विनीत धर्म व्रतधारी। गुणसागर वरबालक चारी ४३
तुम कहँ सर्वकाल कल्याना। सजहु बरात बजाइ निशाना ४४
दो० चलहु वेगि सुनि गुरुवचन, भल्यहि नाथ शिरनाइ॥
भूपति गवने भवन तब, दूतन वास दिवाइ ४५

१२० समग्रहाल सुनि गुरु वशिष्ठजी अत्यन्त सुख पाये पुनः बोले कि पुण्यवान् पुरुषको महि पृथ्वीभरेमें सुख छावा जहैं जातहैं अपूर्वसुख प्राप्त है ३७ कौन भांति जैसे यावत् सरिता नदी हैं सो सब समुद्रको चली जाती

हैं यद्यपि ताहि सिन्धुहि यह कामना नहीं है कि सरिता मेरेमें आवैं सब आपही जाती हैं ३८ ताही भांति सुख जो भाग्यांग यथा॥ सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भाग्याष्टकमुदीरितम् ॥ इत्यादि सुख पुनः सम्पदा धनकी अधिकारता इत्यादि विना बोलाये सहज स्वभाव धर्मशील पुरुषके पास आपही चली जातीहैं ३९ हे दशरथ महाराज! जा भांति धर्मगहि तुम गुरुके ब्राह्मणन के गौवनके देवतनके सेवी सदा सेवक हौ ताही भांति तुम्हारी देवी वामांगी कौशल्याजी पुनीत पतिव्रता धर्मशीला हैं ४० ताते महाराज तुम्हारे समान सुकृती जगमें दूसरा न भयोहै न अब कोऊहै न आगे कोऊ होनेवालाहैं ४१ काहेते हे राजन्! श्रीरघुनाथजी ऐसे जिनके पुत्र आइ भये तौ तुमते अधिक बड़ी पुण्य जगत् में और कौन सुकृतीके है अर्थात् नहीं है तुमसे तुमहीं हौ ४२ तुम्हारे चारिहू पुत्र श्रेष्ठहैं कैसेहैं वीर पुनः विनीत विशेष नीति में रत अथवा नम्रतायुत पुनः धर्मव्रत धारनेवाले पुनः दिव्य शील उदारतादि गुणनके भरे समुद्र अथवा शत्रुघ्न वीरहैं भरत विनीत हैं लक्ष्मण धर्म व्रतधारी हैं रघुनाथजी गुणसागर हैं ४३ हे राजन्! तुमका भूत भविष्य वर्तमान सर्वकाल में कल्याण है ताते निशान बजाय डंकादै बरात सजहु जनकपुरको चलौ ४४ दोहार्थ॥ लग्नादि समयते पूर्वहीं वेगि शीघ्रही चलौ ऐसे गुरु वशिष्ठजीके वचन सुनि महाराज कहेउ कि बहुत अच्छा ऐसेही करब पुनः मुनिको शीश नवाइ अरु दूतन के टिकने हेतु वासस्थान देवाइ पुनः महाराज निज मंदिरको गये ४५॥

१२१ राजा सबरनिवास बुलाई। जनक पत्रिका बांचि सुनाई ४६
सुनि संदेश सकल हरषानी। अपर कथा सब भूप बखानी ४७
प्रेम प्रफुल्लित राजहिं रानी। मनहुँ शिखिनसुनिवारिदबानी ४८
मुदित अशीष देहिं गुरुनारी। अति आनंद मगन महतारी ४९
लेहिं परस्पर अति प्रियपाती। हृदय लगाय जुड़ावहिं छाती ५०
राम लषण कै कीरति करणी। वारहिं वार भूप वर बरणी ५१
सुनि प्रताप कहि द्वार सिधाये। रानिन सब महिदेव बुलाये ५२
दिये दान आनंद समेता। चले विप्रवर आशिष देता ५३
सो० याचक लिये हँकारि, दिये निछावरि कोटिविधि॥
चिरजीवहु सुतचारि, चक्रवर्ति दशरत्थ के ५४

१२१ मंदिरमें जाइ महाराज कौशल्यादि सब रनिवासन को बोलाये

जब सब आइबैठीं तब जनकजीकी पत्रिका बांचिकै रानिनको सुनाये ४६ व्याहको संदेश सुनि सब रानी हर्षवश भईं पुनः अपर अर्थात् यज्ञरक्षा अहल्यातारण धनुभंग भृगुपतिपरास्तादि सब कथा महाराज मुखाग्र बखान करे ४७ अंतरते प्रेम उमँगि रोमांच अश्रु आदि अंग प्रफुल्लित हाल सुनिकै सब रानी विराजमान हैं मानहुँ वारिद मेघगरजनि वाणी सुनि शिखिनि मयूरी आनंद होत तथा श्रीरामव्याह सुनि रानी आनन्द भईं ४८ कुलकी वृद्धस्त्री वशिष्ठादि ब्राह्मणन की स्त्री इत्यादि जे गुरुनारी हैं ते सब मुदित ह्वै महाराज को अशीष देत अरु महतारी कौशल्या सुमित्रा कैकेयी आदि ते सबके हृदय में आनन्द भरिगयो ताहीमें मन मगन बूड़ि गयो ४९ श्रीराम लषणके शुभचरितनकी प्रिय पाती ताको रानिन परस्पर एकएकते लैकै हृदयमें लगायकै जो विरहतप्त रहै सो छाती जुड़ावती हैं ५० श्रीराम लषणकी करणी यज्ञरक्षण अहल्यातारणादि कर्तव्यता अरु कीरति लोकमें प्रशंसादि महाराज वारंवार वर्णन कीन्ह ५१ पुनः महाराज कहे कि यह समग्र कर्तव्यता मुनिप्रसाद विश्वामित्रकी कृपाते भई ऐसा कहि महाराज द्वारसभा को चले आये तब कौशल्यादि रानिन महिदेव ब्राह्मणनको बोलावती भईं ५२ रानिन ब्राह्मणको आनंद सहित मणि सुवर्णादि दान दिये सो पाइ श्रेष्ठ ब्राह्मण आशीर्वाद देत घरन को आनंदते चले ५३ सोरठार्थ ॥ पुनः रानिन याचकनको हँकारि लिये अर्थात् भाटआदि अपर मांगनेवालों को बोलाइ कोटिन विधि की निछावरि दिये यथा मणि मुक्तादि अनेकभेद सोना चांदी मुद्रा भूषणादि अनेक वसन जामा दुशालाआदि अनेक वाहन धरणी धामादि पाइ सब आशीर्वाद देत कि चक्रवर्ती महाराजके चारिहू पुत्र चिरंजीव रहैं सुख संपदा सहित वहुतकाल जीवहिं ५४ ॥

१२२ कहत चले पहिरे पट नाना । हर्षि हने गहगहे निशाना ५५
समाचार पुरलोगन पाये । लागे घर घर होन बधाये ५६
भुवन चारिदश भरा उछाहू । जनकसुता रघुवीर विवाहू ५७
सुनि शुभ कथा लोग अनुरागे । मग गृह गली सँवारन लागे ५८
यद्यपि अवध सदैव सुहावनि । रामपुरी मङ्गलमय पावनि ५९
तदपि प्रीतिकी रीति सुहाई । मङ्गल रचना रची बनाई ६०
ध्वज पताक पट चामर चारू । छाये परम विचित्र बजारू ६१
कनककलश तोरण मणिजाला । हरद दूब दधि अक्षत माला ६२

दो० मङ्गलमय निज निज भवन, लोगन रचे बनाइ॥
वीथी सींची चतुर सम, चौकैं चारु पुराइ ६३

१२२ जामा पाग दुशालाआदि पट पहिरे अपरदान लिहे अशीषवचन कहत याचकजन चले पुनः बाजावाले हर्षसहित गहगहे उत्सव भरे निशान हने अनेक बाजा बजाये ५५ श्रीरामव्याह को समाचार जब सब अवधपुरवासी लोगन पाये तिन सबके मनमें आनंद उमँगा ताते घर घरमें बधावन होने लगे पुरभरेमें बधाई बाजै लागीं ५६ सुर मुनि नर नागादि रावण सबको सताया ताते अवतार होतही सब आनंद भये अब व्याह सुनि सबके परमानंद भया इतिहेतु चौदहौ भुवनमें यही उछाह भरा है कि रघुवीर जानकी को विवाह है इस उत्सवकी मूल मिथिलाजीहैं काहेते मंगलमूर्ति किशोरीजी मिथिलैमें हैं सो जहां मंगल तहैं आनंद रहत ताते आनंदमूर्ति रघुनाथजी उहैं गये जब मंगल आनंद एकत्र भयो तब देखनहारन के प्रेम उमँगा तब मंगलानंद प्रेमप्रवाह मिलि मिथिला अगाध सिंधु होगया जब बहुत बढ़ा तब जिस मार्ग विश्वामित्रद्वारा अवधसरते आनंद सरितासी आईरहै उसी मार्ग मंगलानंद प्रेमप्रवाह उमँगि पत्रीरूप दूतद्वारा बहि अवधसरमें गिरी तहां अवधसरसींवसे चक्रवर्तीजी प्रथमही बूड़िगये यथा॥ पुलक गात आई भरि छाती॥ पुनः बाह्यभूमि सो सभा बूड़िगई॥ हर्षी सभा बात सुनि सांची॥ भूमिकी सींव से भरत बूड़े॥ सुनि पाती पुलके द्वउ भ्राता॥ पुनः बाह्य भीटसे वशिष्ठजी बूड़े॥ सुनि बोले गुरु अतिसुख पाई॥ भिट्टबाह्य भूमिसम सब रानी बूड़ीं॥ प्रेमप्रफुल्लित राजहिं रानी॥ पुनः बाह्यकृषी भूमिसम पुरवासी बूड़े॥ लागे घरघर होन बधाये॥ पुनः ऐसा प्रवाह बढ़ा कि भूमिते चौदहौ भुवन भरिगयो अर्थात् पाताल, स्वर्ग, शिवलोक, ब्रह्मलोक, वैकुंठपर्यंत बढ़िगया ऐसा अगाध थल कहूं न पाया जहां ठहरै तब पुनः प्रवाह घूमी ताते सबको समेटि बहाय आय मिथिला अगाधसिंधु में लैकै डारि दियो अर्थात् अवधवासिन सहित महाराज बरात लैकै गये शेषादि पातालते चले सहितशक्तिन ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इंद्रादि देवता, लोकपालादि सब विवाहउत्सव देखने हेतु मिथिलापुरी को आये सो प्रसिद्ध प्रमाण आगे लिखा है तथा उमा रमा शारदादिको आवनेको हाल लिखा है ५७ शुभकथा श्रीरामव्याहकी मंगलमय कथा सुनि अवधपुरवासी लोग अनुराग के वशते मग जो राजमार्ग गृह गली घरन को आवने की गली इत्यादि घरनयुत सँवारने लगे ५८ यद्यपि श्रीअयोध्याजी सदा एक-

रस निश्चय करि सुंदरि सुहावनि है स्वाभाविक मंगलमय देखात काहेते श्रीरघुनाथजी की उत्तम पुरी परमपवित्र है ५९ तदपि लौकिक प्रीतिकी लोकमें यही रीति है कि जब उत्सव होइ तब मंगलसाज अधिक साजे जात ताते मंगल अंगकी यावत् रचना हैं ते सब रचिकै बनावत भये ६० पट रेशमीवस्त्रन के तामें जरतारीकाम सचिह्न ध्वजा पताका चिह्नरहित तिनमें सुंदर चामर लगे इत्यादिकनते परम विचित्र रीतिते बजारनको छाये ६१ तोरणोऽस्त्री बहिर्द्वारं पुरद्वारं तु गोपुरमित्यमरः ॥ तोरण मंदिरको बाहिरी द्वार तापर कनक सुवर्णके कलश पल्लव दीपसहित पुनः मणिमुक्तनके जाल झालरि बांधे पुनः फूलनकी माला, हरदी, दूब, दधि, अक्षतादि शोभित ६२ दोहार्थ ॥ चित्रादि अपने अपने मंदिरमें सब पुरलोगन रचिकै बनाये पुनः वीथी गली तिनको चतुरन सम बराबरि सींचे गुलाबआदि जल छिरिकि द्वारन पर सुंदरी चौकैं पुराये ६३ ॥

१२३ जहँतहँ यूथ यूथ मिलि भामिनि। सजि नवसप्त सकल द्युति दामिनि ६४
विधुवदनी मृगशावक लोचनि। निजस्वरूप रतिमान विमोचनि ६५
गावहिं मङ्गल मन्जुल बानी। सुनि कलरव कलकण्ठ लजानी ६६
भूपभवन किमि जाय बखाना। विश्वविमोहन रच्यउ विताना ६७
मङ्गल द्रव्य मनोहर नाना। राजत बाजत विपुल निशाना ६८
कतहुँ विरद वन्दी उच्चरहीं। कतहुँ वेदधुनि भूसुर करहीं ६९
गावहिं मङ्गल सुन्दरि गीता। लै लै नाम राम अरु सीता ७०
वहुत उछाह भवन अति थोरा। मानहुँ उमँगि चला चहुँओरा ७१

दो० शोभा दशरथ भवन की, को कवि बरणै पार॥
जहां सकल सुरशीशमणि, राम लीन्ह अवतार ७२

१२३ नव सप्त सोरह शृङ्गार यथा उबटन १ मज्जन २ वसन ३ जावक ४ वार मांग गुहब ५ सिंदूर ६ चंदन ७ मांगमोती ८ मेहँदी ९ अरगजा १० वेसरिआदि भूषण ११ फूलमाल १२ मिस्सी १३ सुगन्ध १४ कज्जल १५ तांबूल १६ इति शृङ्गार सोरहो सजे दामिनीसी गौरतनुकी द्युति ऐसी भामिनी यूथयूथ वर्णके झुंड मिलिकै शोभित ६४ पूर्णचन्द्रसम मुख मृगबालक से लोचन नेत्र पुनः अपने स्वरूपते रति कामकी स्त्रीको मोचन कहे विशेष मान छुड़ावनेवाली ऐसी स्वरूपवती ६५ तिन युवतीगण मंजुल सुंदरी मधुरस्वर वाणीते मंगल ब्याहके गीत गावती हैं जिनको कलरव सुंदर शब्द सुनिकै

कलकंठ कोकिला लजात ६६ भूपभवन महाराज दशरथजीको मंदिर कैसे कोऊ बखान करिसकत काहेते जहां विश्व संसारभरे के जननके मन मोहि लेनेवाला वितान माड़व रचा है ६७ जा माड़वमें मंगलद्रव्य यथा दधि, घृत, मिठाई, फूल, फल, रोचन, दूर्वाक्षतादि नाना अनेक भांतिके पदार्थधरे विराजमान जो मनको हरे लेत ऐसे राजत पुनः विपुल निशान जो बाजा झांझ ढोल तासा अथवा मृदंग रबाब मँजीरा वा नगारा सहनाई वा शंख घंट घरियार इत्यादि अनेक भांतिके बाजि रहेहैं ६८ कतहुँ वन्दीजन कुलपूज्य भाट ते विरदावली कुलको प्राचीनयश प्रताप उच्चारण करि रहे कहों ब्राह्मणजन वेदध्वनि करिरहे वेदऋचा स्वरते पढ़िरहे ६९ मंदिर में सुंदरी युवती सुभूषित सुंदर मंगल विवाहगीत गान करिरहीं कौनभांति कि श्रीराम जानकीजीके नाम लैलै विवाहहेतु जनाइ गावत ७० महाराजजी को भवन अत्यंत थोरा है काहेते श्रीराम जानकी के विवाहकी उछाह बहुत है सो भवनमें न समायसका ताते मानों चारिहू दिशन को उमँगिकै बढ़िचला ताते सर्वत्र उत्सव देखात ७१ दोहार्थ ॥ श्रीमहाराज दशरथजीके भवनकी सम्पूर्ण शोभा वर्णन करि शेषादि को ऐसा कवि है जो पार पावहि काहेते जहां सब ब्रह्मादि देवनके शिरोमणि परात्पररूप साकेतविहारी श्रीरघुनाथजी आय अवतीर्ण भये ७२ ॥

१२४ भूपभरत तब लिये बुलाई । हय गज स्यन्दन साजहु जाई ७३
चलहु वेगि रघुवीर बराता । सुनत पुलक पूरे द्वउ भ्राता ७४
भरत सकल साहनी बुलाये । आयसु दीन्ह मुदित उठि धाये ७५
रुचि रचि जीन तुरग तिन साजे । वरण वरण वर वाजि विराजे ७६
सुभग सकल सुठि चञ्चल करणी । अँवइव जरत धरत पग धरणी ७७
नाना जाति न जाहिं बखाने । निदरि पवन जनु चहत उड़ाने ७८
तिन पर छैल भये असवारा । भरतसरिस सब राजकुमारा ७९
सुन्दर सब बहु भूषणधारी । कर शर चाप तूण कटि भारी ८०
दो० छरे छबीले छैल सब, शूर सुजान नवीन ॥
युगपद चर असवार प्रति, जे असिकलाप्रवीन ८१

१२४ भूप दशरथ महाराज भरतजीको बोलाइ लीन्ह पुनः आज्ञा दिये कि घोड़ा हाथी रथादि वाहन जाइ भलीप्रकार साजो ७३ सब वाहन साजि वेगि शीघ्रही रघुवीर के ब्याहनहेतु बरात चलहु सो सुनि दोऊ भ्राता सहित

शत्रुहन भरतजी प्रेम उमँगि गात्रपूरि पुलकावली ते भरि गयो ७४ साहनी कहे हाथिन के घोड़नके रथनके दारोगनको भरतजी बोलाये तिनको आज्ञा दिये कि सब वाहन साजौ सो सुनि सब साहनी मुदित आनन्दह्वै निजकार्य करिबे हेतु धाये ७५ मखमली जरतारी मणिन जटित रुचि नाम सुन्दरी जीनैं रचि सुधारिकै पुनः लगाम पूजी दुमची तंग जेरबन्द रकाबआदि सब विचित्र साजते तुरंग घोड़न को साजे घोड़नके रंग अनुकूल जीनपोस लदाऊ काम कोरनमें किरिनि मोतिनके गुच्छा लगे ते वाजी वरण रंगरंगके यथा नकुल १ हंस २ कुमैत ३ सुरंग ४ सुरखा ५ तोमरा ६ अबलख ७ समुन्द ८ संदली ९ संजाब १० सुरखाब ११ सिरगा १२ चौधरा १३ पंचकल्याण १४ सबुजा १५ नीला १६ फुलवारी १७ चीनी १८ स्याह १९ श्यामकर्ण २० इत्यादि अनेक वर्ण श्रेष्ठ घोड़े विराजत ७६ देह साजआदि सकल विधिते सुभग सुंदर सुठि कहे अत्यंत चंचल करणी कैसी यथा कुम्हारको आवाँ तैसे जैसे धरणी जरतसी लागत ऐसेही शीघ्र पग धरिकै उठाइ लेत ७७ अनेक जाति यथा खुरासान, मुल्तान, काठियावार, अबराकी, अरबी, कच्छी, जंगली, पहाड़ी इत्यादि अनेक जातिके ते बखाने नहीं जात जे पवन की निंदा करि आप आगे उड़ाइ जावा चाहत ऐसे वेगवान् ७८ तिन घोड़न पर सब छैल जे शृङ्गाररस अनुकूल अंग साज सजे ते असवार भये जे भरतजीकी सरिस रघुवंशमें राजकुमार अथवा भरतसम प्यारे रघुनाथजी के जे सखा यथा सत्योपाख्याने ॥ प्रतापी शत्रुनाशश्च प्रतापाङ्गो युधिष्ठिरः । सुकर्मा सुष्ठुरूपश्च जयश्च विजयस्तथा ॥ सुकण्ठो दीर्घबाहुश्च सुशिराश्चातिविक्रमी । चारुभद्रश्च भानुश्च अरिवारस्तथारिजित् ॥ तथा शीलः सुशीलश्च गजगामी मनोहरः । सबलाश्वो हरिदश्वस्तथाऽन्ये च सहस्रशः ॥ सखायो रामचन्द्रस्य क्रीडार्थं च सदैव हि ७९ राजकुमार स्वरूप ते सब सुन्दर पुनः किरीट कुण्डल केयूर माला कड़ा पहुँची मुद्रिकादि धारण कीन्हे हाथनमें धनुषबाण लिहे कटिमें तूण तरकस बाणनते भरा भारी शोभित ८० दोहार्थ ॥ छरे छबीले छटे शोभा भरे छैल जे संग्राम में अचलशूर पुनः सुजान विद्यादि सर्वतत्त्व सर्वकालमें चतुर नवीन किशोर अवस्था अर्थात् नवीन छैल देखत में अरु अंतर में वीर अरु विचारवान् विकाररहित असवारप्रति दुइ दुइ पैदर जे असि तरवारिकलामें प्रवीण सिपाही साथ सरदार की शोभा है अथवा अश्व घोड़ाकी कलामें प्रवीण साईस ८१ ॥

१२५ बांधे विरद वीररसगाढ़े । निकसि गये पुरबाहर ठाढ़े ८२
फेरहिं चतुर तुरग गति नाना । हर्षहिं सुनि सुनि पणवनिशाना ८३

रथ सारथिन विचित्र बनाये। ध्वज पताक मणि भूषण छाये ८४
चमर चारु किंकिणि धुनि करहीं। भानुयान शोभा अपहरहीं ८५
श्यामकर्ण अगणित हय होते। ते तिन रथन सारथिन जोते ८६
सुन्दर सकल अलंकृत सोहै। जिनहिं विलोकत मुनिमन मोहै ८७
जे जल चलहिं थलहिं की नांई। टाप न बूड़ वेग अधिकाई ८८
अस्त्रशस्त्र सब साज बनाई। रथी सारथिन लिये बुलाई ८९

दो० चढ़ि चढ़ि रथ बाहर नगर, लागी जुरन बरात॥
होत शकुन सुन्दर सबहिं, जो जिहि कारज जात ९०

१२५ गाढ़े कठिन रणको विरद नाम बाना अर्थात् झीलम बख़्तर कूँड़ी दस्ताना मोजाआदि वीर बांधे ते निसरि पुरते बाहर मैदानमें ठाढ़े भये ८२ चतुर सवार घोड़नको दुगामा सहगाम रहुबाल अवियाठेका कोई सर्पटआदि नाना अनेकन गति चालन पर फेरिरहे हैं काहेते पणव जो ढोल निशान नगाराआदि बाजनको शब्द सुनि सुनि मनमें हर्ष खुशी बढ़त ८३ हांकनेवाले सारथिन साजिकै रथनको विचित्र बनाये जिनमें जरतारी ध्वजा पताकादि अपरमणिनके भूषण छायेहैं सर्वांग भूषित ८४ चारु सुंदर चमर शोभा दैरही अरु किंकिणी धुनि करिरही कैसे शोभित जे सूर्यन के रथकी शोभाको बरबस हरेलेत ८५ होते कहे अश्वमेध यज्ञमें हुनिबे योग्य ऐसे श्यामकर्ण जिनके सर्वांग श्वेत कानभरि श्याम ते इहां अगणित हैं तेई घोड़ेनको तिन रथनमें सारथिन जोते नहे ८६ ते घोड़े सर्वांग तनु सुंदर अरु लगाम पूजी हैलक हवेल सड़ाक गजगाह दुमुची आदि सुवर्ण मणि जटित रेशम कलाबत्तू आदिकनसों गुहे इत्यादिते अलंकृत भूषित सोहत जिनकी शोभा देखि विरागवान् जे मुनि तिनको मन मोहित होत ८७ जे घोड़े जलहू में चलते हैं तौ थल की नाईं यथा भूमिपर चलतेहैं जिनके वेगकी अधिकारताते टाप नहीं बूड़ती ८८ अस्त्र यथा खड्ग गदा त्रिशूल पट्टिशादि शस्त्र कहे बाण शक्ति चक्रादि सो सब साज रथन पर साजि बनाइकै पुनः सारथी जे हांकनेवाले ते रथी जे सवार होनेवाले तिनको बोलाइलिये अर्थात् सवार कराये ८९ दोहार्थ॥ रथन पर युवा अवस्था के रघुवंशी वीर चढ़िचढ़ि नगरके बाहर बरात जुरन लागी पुनः जो जौने कार्यको मनोरथ किहे जात ताको ताही लाभके अनुकूल सबहिनको सुंदर शकुन होत यथा धनलाभमें दधि ब्याहलाभको सघट कन्याक्षेमको क्षेमकारी खग मित्रलाभको सपुस्तक विप्र इत्यादि ९०॥

१२६ कलितकरिवरन परी अँबारी। कहि न जाइ ज्यहि भांति सँवारी ९१
चले मत्त गज घण्ट विराजे । मनहुँ सुभग सावन घन गाजे ९२
वाहन अपर अनेक विधाना । शिबिका सुभग सुखासन याना ९३
तिन चढ़ि चले विप्रवर वृन्दा । जनु तनु धरे सकल श्रुति छन्दा ९४
मागध सूत वन्दि गुणगायक । चले यान चढ़ि जो ज्यहि लायक ९५
बेसर ऊंट वृषभ बहुजाती । चले बस्तु भरि अगणित भांती ९६
कोटिन कांवरि चले कहारा । विविध वस्तु को बरणै पारा ९७
चले सकल सेवक समुदाई । निज निज साज समाज बनाई ९८
दो० सबके उर निर्भर हरष, पूरित पुलक शरीर ॥
कबहिं देखिबे नयन भरि, राम लषण दूउ वीर ९९

१२६ घोड़े रथ कहिचुके अब हाथिनकी तैयारी कहत कलित सुंदरे पुष्टांग भारी दंतारे करिवर श्रेष्ठ हाथिन पर झूल गद्दी धरि तापर सुवर्ण मणिमय अम्बारी परी धरिकै कसीगईं मखमल लदाऊ कामकी झूलैं कोरन में मोतिनके गुच्छा लगे सोनेकी सूक्ष्म जँजीरैं नीचे किंकिणी इति भारी गुच्छा दोऊ कांधेनते लंबी झूलिरहीं माथ रँगा इत्यादि जाभांति सवाँरिकै सजे सो कहत नहीं बनत ९१ जब मत्त हाथी चले तिनके घंटा शब्दसहित कैसे विराजत मानहुँ सुभग सुंदर श्रावण मासके मेघ गरजत जात तिनपर रघुवंशी सचिवादि मध्य वयसके जन सवार भये ९२ पुनः शिबिका पालकी पीनसादि सुभग विचित्र ओहार रंगीन सुखासन सुखपाल जामें वास नीचे रहत यान तामदानादि सुवर्ण मणिमय विचित्र अथवा वृषभ यान रथ नालकी इत्यादि और यावत् अनेक प्रकारके वाहन हैं ते सब साजेगये ९३ तिन सब वाहनन पर श्रेष्ठ ब्राह्मणनके वृंद चढ़ि चढ़ि चले ते कैसेहैं जनु छंद नाम वेदनकी श्रुति ऋचा मूर्ति धारण किहे धर्म वेदतत्त्वज्ञाता ९४ मागध वंशप्रशंसक सूत स्तुतिपाठक वंदी भाटादि यावत् गुणगानकर्ता जे जौने लायक हैं तैसे यान रथनपर चढ़िचले ९५ बेसर खच्चर ऊंट बर्धादिकनमें सीधा पात्र बिछौना तंबूदाना मेखैं इत्यादि अनेकन भांतिकी वस्तु मार्ग में निर्वाहहेतु भरिचले ९६ पुनः पूरी पुवा कचौरी पिराकादि पक्वान्न पेड़ा बरफी लड्डू खुरमा बोंदी खाझा जामुनि बरसोलादि मिठाई इत्यादि विविधभांति वस्तु कहिकै को पार पावै ते कांवरि बहिंगी भरिभरि अगणित कहार चले ९७ पुनः निज अपनी योग्य साज भूषण वसनादि बनाइ बनाइ सेवक समुदाई

नाम अनेकन नाऊ बारी आदि सब चले ९८ दोहार्थ ॥ श्रीराम लषण दोऊ वीरनको कब अपने नयननभरि अघायके देखब यहि बातका हर्ष निर्भर जो उरमें अँबाइ न सकै ऐसा हर्ष सबके उरमें है ताते प्रेम उमँगि अश्रु रोमांचादि पुलकावलीते शरीर पूरित परिपूर्ण है ९९ ॥

१२७ गर्जहिं गज घंटा धुनि घोरा। रथरव वाजि हिंस चहुँ ओरा १००
निदरि घनहिं घूमरहिं निशाना। निज पराव कछु सुनिय न काना १
महाभीर भूपति के द्वारे। रज ह्वै जाय पषाण पवारे २
चढ़ी अँटारिन देखहिं नारी। लिये आरती मंगल थारी ३
गावहिं गीत मनोहर नाना। अतिआनंद न जाइ बखाना ४
तब सुमंत दुइ स्यंदन साजी। जोते हय रवि निंदक बाजी ५
द्वौ रथ रुचिर भूप पहँ आने। नहिं शारद पहँ जाहिं बखाने ६
राज समाज एक रथ साजा। दूसर तेजपुंज अति भ्राजा ७
दो० त्यहि रथ रुचिर वशिष्ठ कहँ, हरषि चढ़ाइ नरेश॥
आपु चढ़े स्यंदन सुमिरि, हर गुरु गौरि गणेश ८

१२७ घोर बड़ी ध्वनिते हाथिनके घंटा गर्जिरहे हैं रथनके पहियनको रव शब्द ह्वैरहा वाजि हिंस घोड़े चारिउ दिशि हिहिनाइरहे हैं १०० घन मेघनकी निंदा करि भारी शब्दते निशान जो बाजा ढोल तासा झांझ नगारादि घूमरहिं बाजि रहेहैं इत्यादि सब मिलिकै ऐसा भारी शब्द होत कि अपना अथवा परावा कहा वचन काननते सुनि नहीं परत १ भूपति दशरथ महाराजके द्वारे ऐसी महाभारी भीर है कि जो पत्थर पवारे डारि दीजिये तौ हाथी घोड़ा रथादिकी चलखुरते पाषाण भी रज होइजाइ फूटि गर्द में मिलिजाइ २ शृङ्गार सजे पुर नारी दधि दूब रोचन दल फल फूलादि पदार्थभरे मंगल आरती की थारी हाथ पर धरे प्रतिधाम अँटारिन पर चढ़ी देखती हैं राजद्वारते पुर अंततक मार्ग में दोऊ दिशिते यही हाल है ३ ठौर ठौर युवती जन मनको हरनेवाले अनेक भांति के विवाहके गीत गावती हैं इत्यादि इस समयमें अत्यंतकरि आनंद ऐसा परिपूर्ण है जो बखाना नहीं जात उपमा नहीं आवत ४ तब ता समयमें सुमंतजी अत्यन्त प्रकाशमान उत्तम दुइ स्यन्दन जो रथ तिनको भलीभांतिते साजे तिनमें हय घोड़े कैसे जोते नहे जे रविवाजी निन्दक अर्थात् अपनी वेगते सूर्य के घोड़न को निरादर करत कि मंद चलतेहैं ५ ले रुचिर नाम सुंदर दोऊ रथ भूप

महाराज दशरथजी के पासको लाये स्वर्ण मणिमय नवीन झलाझल ऐसी अपूर्व शोभा है जो शारदा प्रति बखाने नहीं जात और कोउ कैसे कहै ६ एक रथमें धनुर्बाण तूण असि गदा कवचादि सर्ववीरता की वस्तु पुनः चमर छत्र सूर्यमुखी पानदान गंधपात्र चौघड़े चंगेर पीकदान राजसी भूषण वसनादि राजसी पदार्थ की समाज साजे जाकी ध्वजा में कचनार वृक्षको चिह्न बना रेशमी वसन पर कारचोपी काम स्वर्ण मणिमय रथके ऊपर सूर्यसम प्रकाशित है दूसर रथ ऋषिनके साज यथा ठाकुरको सिंहासन पूजाके पात्र पुस्तक ऋषिन के वसन मूंजी मेखलादि इत्यादिकन करिकै तेजपुंज बड़ा तेजस्वी विराजत अर्थात् ब्रह्मतेज प्रसिद्ध दर्शात ७ दोहार्थ ॥ त्यहि तेजस्वी रुचिर सुन्दरे रथ पर हर्षसहित महाराज वशिष्ठजीको प्रथम चढ़ाइ पुनः गुरुको गणेशको शिवपार्वतीको सुमिरि दूसरे रथपर महाराज आप चढ़ ८ ॥

१२८ सहित वशिष्ठ सोह नृप कैसे। सुरगुरु संग पुरंदर जैसे ९
करि कुलरीति वेदविधि राऊ। दीख सबहि सबभांति बनाऊ १०
सुमिरि राम गुरु आयसु पाई। चले महीपति शंख बजाई ११
हर्षे विबुध विलोकि बराता। बर्षहिं सुमन सुमंगल दाता १२
भयो कुलाहल हय गज गाजे। व्योम बरात वाजने बाजे १३
सुर नर नारि सुमंगल गाई। सरस राग बाजैं सहनाई १४
घंट घंटि ध्वनि बरणि न जाई। सरौ करे प्रायक फहराई १५
करहिं विदूषक कौतुक नाना। हास्यकुशल कलगान सुजाना १६

दो० तुरग नचावहिं कुँवरवर, अकनि मृदंग निशान ॥
नागर नट चितवहिं चकित, डिगहि न तालविधान १७

१२८ वशिष्ठजी सहित महाराज दशरथजी कैसे सोहत जैसे सुरगुरु बृहस्पति सहित पुरंदर इन्द्र सोहत ९ कुलरीति देव कुलके पूजि द्वारपूजन कूपपूजन क्षेत्रपूजनादि वेदविधि स्वस्त्ययनादि वेदरीति करि महाराज देखे कि सबहिन बरातिनको अरु अपना विभव सब भांतिते बनाउ बनिगयो अर्थात् कुछ कम नहीं रहेउ १० तब गुरु वशिष्ठजीकी आज्ञा पाइ श्रीरघुनाथ जीको रूप हृदय में धरि नाम स्मरण करि पुनः शंख बजाइ महीप दशरथ महाराज चले कार्तिक कृष्ण अष्टमी पुष्य धन लग्न में चले ११ ऐश्वर्य सहित बरात की शोभा देखि विबुध ब्रह्मादि देवता हर्षे परमानंद ह्वैकै मंगलदायक सुन्दर फूल बर्षिरहेहैं १२ बहुते जननको उच्चारण स्पष्ट शब्द

जो एकमें मिला सुनात ऐसा कोलाहल भयो पुनः हाथी घोड़ा गाजे बोलिरहे देवनके बजाये व्योम आकाश में अरु बरात में अनेक बाजा बाजि रहे १३ विमानन पर देवतन की नारी भूमिपर पुरनरनकी नारी सुंदर मंगल ब्याह गीत गान करि रहीं शृङ्गार रसवर्द्धक राग सहित सहनाई बाजिरहीं १४ हाथिन के घंटा रथनकी घंटी इनकी ध्वनि बरणी नहीं जात ऐसा सघन शब्द होत अरु पायक जे सेवकजन तिनके करे कहे हाथन विषे सरौ छड़ी लिहे तिनमें झंडी फहराइ रहीं ते आगे चलेजात अरु मल्लनको कूदिबो अथवा ताड़ आदिमें फहरात नहीं बनिपरत १५ कल सुंदर गानविद्या में सयान पुनः हास्य करिबे में कुशल हँसीवर्द्धक वार्तामें प्रवीण ऐसे विदूषक भांड़ ते नाना अनेक भांतिके कौतुक तमाशा करिरहे १६ दोहार्थ॥ मृदंगादि निशान जो बाजा जिस तालपर बाजतेहैं ताही को अकनि नाम मन सों समुझि ताही तालकी गति श्रेष्ठ तुरंगन को राजकुमार नचावतेहैं तिनको नागर नट चतुर नाचनेवाले ते चकित ह्वै आश्चर्य मानि चितवते हैं कि बाजाकी तालते गतिकी जो बंधान है सो डिगत छूटत नहीं उसी तालकी गति नाचिरहे हैं यथा करतारीको शब्दते तरेही बीचमें बाजा को शब्द साथही पग धरि उठाइ लेना सोई ताल बंधान है १७॥

१२६ बनै न बरणत बनी बराता। होहिं शकुन सुन्दर शुभदाता १८
चारा चाष वामदिशि लेही। मनहुँ सकल मंगल कहिदेही १९
दाहिन काग सुखेत सुहावा। नकुलदरश सब काहू पावा २०
सानुकूल बह त्रिविध बयारी। सघट सबाल आव वर नारी २१
लोवा फिरि फिरि दरश दिखावा। सुरभी सन्मुख शिशुहिं पियावा २२
मृगमाला फिरि दहिने आई। मंगलगण जनु दीन्ह दिखाई २३
क्षेमकरी कहि क्षेम विशेखी। श्यामा वाम सुतरु पर देखी २४
सन्मुख आयो दधि अरु मीना। करपुस्तक दुइ विप्र प्रवीना २५
दो० मंगलमय कल्याणमय, अभिमत फलदातार॥
जनु सब सांचे होनाहित, भये शकुन यकबार २६

१२६ जा भांतिते बरात बनी है सो वर्णत नहीं बनत मार्ग जात समय अनेक सुंदर शुभ कल्याण देनहारे शकुन होतेहैं १८ अब शकुन कहत चाष नीलकंठ पक्षी सो वामदिशि चारा लेत ताको फल यह कि सबप्रकार मंगलानंदै रही मानहुँ ऐसा प्रसिद्धही कहेदेत १९ दाहिनी दिशि सुंदरे खेतमें

काग सुहावा बैठा शोभित पुनः नकुल नेउर दहिने निसरिगयो ताको दरश सब कोऊ पावा २० सानुकूल जो पीछेते लागत पश्चिम की बयारि त्रिविध शीतल मंद सुगंधित बहिरही कूपते वा सरयूते जलभरे लिहे इति सहितघट पुनः कोऊ बालक गोदीमें लिहे श्रेष्ठनारी सन्मुख आवती हैं २१ लोवा लोखरी सन्मुख घूमि मुखको दरश देखावत सुरभी जो गाइ सो सन्मुख ठाढ़ि बछवाको दूध पियाय रही २२ मृगमाला मृगनको झुण्ड वामदिशि ते सन्मुख ह्वै फिरिकै दाहिनी दिशिमें आयो ताको फल यही कि बहुत मंगल होइँगे अर्थात् एक ब्याह को जातेहौ उहां चारिउ बंधुनको ब्याह होइगा इति मानों मंगलको गुण देखाइ दिये २३ क्षेमकरी श्वेतमुखवाली चील्ह सो दाहिनी दिशि सुंदर वृक्षपर बैठि बोलिरही सो मानों विशेषकरके क्षेम कहत कि कुशल सहित आइहौ वामदिशि सुंदरे वृक्ष पर श्यामा देखे सो मानों कहत कि राजकुमार सहित वाम कुशलते आवैंगे श्यामा पक्षी वा श्यामा चील्ह २४ इति मंगल कल्याण अब वाञ्छितदायक कहत दधि अरु मीन सन्मुख आवत मिली विद्यामें प्रवीण हाथ में पुस्तक लिहे दुइ विप्र मिले २५ दोहार्थ ॥ त्रिदेव त्रिविध पवन है सघट सरयू सबाल भगीरथ सहित गंगाजी हैं लोवा अयोध्यापुरी है चाष इन्द्र हैं काग धर्मराज हैं नकुल कुबेर हैं सुरभी पृथ्वी है मृगमाला देवगण हैं क्षेमकरी सरस्वती हैं श्यामा पार्वती हैं इति मंगल कल्याणदायक दधि समुद्र है मीन सब सरिता दुइ विप्र शुक्र बृहस्पति पुस्तक वेद हैं इति अभिमत वाञ्छित फलदायक इत्यादि सत्य बनिबेहेतु जनु मनोरथते सब शकुन श्रीरामब्याह समय एकबारही भये २६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामबरातप्रस्थानवर्णनो
नाम द्विपञ्चाशत्प्रकाशः ५२ ॥

१३० मंगल शकुन सुगम सब ताके। सगुण ब्रह्म सुन्दर सुत जाके १
रामसरिस वर दुलहिनि सीता। समधी दशरथ जनक पुनीता २
सुनि अस ब्याह शकुन सब नाचे। अब कीन्हे विरंचि हम सांचे ३
यहि विधि कीन्ह बरात पयाना। हय गज गाजे हने निशाना ४
आवत जानि भानुकुलकेतू। सरितन जनक बँधाये सेतू ५
बीच बीच बरबास बनाये। सुरपुर सरिस संपदा छाये ६
अशन शयन वरवशन सुहाये। पावहिं सब निज निज मन भाये ७

नितनूतन सुख लखि अनुकूले । सकल बरातिन मन्दिर भूले ८
दो० आवत जानि बरातबर, सुनि गहगहे निशान ॥
सजि गज रथ पदचर तुरग, लेन चले अगवान ९

१३० जिन दशरथ महाराजके सगुण ब्रह्म सुंदर पुत्र हैं अर्थात् शील उदारता कृपा वात्सल्यतादि अनेक दिव्य गुणन सहित पुनः सुंदर स्वरूप सहित परब्रह्म पुत्र ह्वै अवतीर्ण भये ताको मंगल उत्सवदायक कल्याण क्षेमकर्ता पुनः वाञ्छितदाता इत्यादि सबै शकुन सुगम हैं १ किस हेतु शकुन सुलभ हैं सो कहत कि आनंदमूर्ति श्रीराम ऐसे वर अरु मंगलमूर्ति सीता श्रीकिशोरीजी ऐसी दुलहिनि तथा पुनीत सुकृतमूर्ति श्रीदशरथ अरु जनक ऐसे समधी श्रीकौशल्या सुनयना ऐसी भक्तिमूर्ति पतिव्रता समधिनी श्री अयोध्या मिथिला ऐसी पावन उत्तम पुरी राजधानी तथा दोऊ पुरवासी कृतार्थरूप बराती ज्योनासी इत्यादि सांगोपांग सबभांति अभूत २ न भया है न है न कबहूं और होनहार है अस ब्याह सुनि मनमें विचारि देवता शकुनरूप धरे ताते शकुन हर्षि नाचे कि जो हमारे बहाने देव प्रसिद्ध भये तौ अब हमैं ब्रह्मा सांच कीन्ह वा ऐसा अभूत ब्याह सुनि देवताओंके उछाह भयो ताते सब देवता शकुनरूप नाचे कि आजु ब्रह्मा हमको सांचा कीन्ह शकुनरूप सन्मार्गी भया ३ यहि पूर्वविधि सब बरात पयान कीन्ह हाथी घोड़ा गर्जत निशान हने बाजन पर चोट परत जात ४ जे दूत अयोध्याजी को आये रहैं तिनको महाराज पत्रिका लिखि दै उनको बिदाकरते प्रथमैं पहुँचे दशरथ महाराजकी पत्रिका बांचि बरात को आगम जाने पत्रिका यथा ॥

स्वस्तिश्रीजनकान्वयस्य तिलके सीरध्वजाख्ये नृपे ज्ञात्वा ब्रह्मपरम्परामुपगते सिद्धिम्प्रतापान्विते ॥ पृथ्वीं शास्तरि धर्मतो निजकुलस्याख्यातकीर्तौ बुधैः संवादस्समुपैतु मे दशरथस्यानन्दयोग्यो यथा १ सा सम्पदेऽस्तु कमला कमलालया नौ संस्पृष्टपादकमला कमलासनाद्यैः ॥ सुस्मेरवक्रकमला कमलाङ्करेखा यस्याः करे सकमला कमलामलाङ्गी २ श्रीसीरध्वजमैथिलेश भवतः कन्यां स वोढा शुभे तां यस्यावरणेऽर्पितो मम सुतो योऽङ्गीकृतं वो मतम् ॥ तत्पत्रे लिखितं यदागतमिहागन्तास्मि मित्त्रैस्समं द्रष्टुं श्रीनिमिवंशजान्सुकृतिनां सङ्गान्न केषां शुभम् ३ नृपतिराघवपुत्रसमीरितं व्रजतु पत्रमिदं कुशलान्वितम् ॥ श्रीमत्कौशिकसुतपसः कुशिकान्वयजन्मनश्शयकुशेशयकान्तिमुपासितुम् १ श्रीमत्कौशिकसुतपसः —

लक्ष्मणो शमिहतत्रत्यं शिवो यच्छतात् २ भोराजन् नृपगाधिजोयमखिलार्थज्ञोऽस्य नित्यम्मते स्थातव्यम्भवतेति वाक्यममलं श्रुत्वा गुरोरास्यतः ॥ विश्वामित्रवशेस्थितोऽस्मि भवतोऽतस्तत्रमामागतंवेत्वद्येव निजेस्समं हि मिथिलामागंतुमीहामहे ३ सुन्दस्त्रीदमनं सुबाहुशमनं मारीचविक्षेपणं भूतंचापविघट्टनं कृतवतो रामाख्यबाह्वोर्बलम् ॥ आविर्भावमितम्प्रभावममितं तेनैवचाद्धिकृतम्पुण्यानाम्भवतो बलेन बलितङ्गाधेय मन्यामहे ४ श्रीमन्मैथिलराजपत्रममलोदन्तं समभ्यागतान् दृष्ट्वायातमिदम्मयासगुरुणा पुत्रा मदीया वृताः ॥ कन्यानाङ्करसंग्रहाय रुचितस्सीरध्वजेन स्वयं संद्रष्टास्म्यनुकम्पयैव भवतोऽतः काङ्क्षितम्मङ्गलम् ५ इति पत्रिका बांचिकै महाराज जाने कि भानुकुलकेतु सूर्यवंशके पताका श्रीचक्रवर्ती महाराज दशरथजी बरात सहित आवते हैं अस जानि जनकजी मार्गमें यावत् सरिता रहीं तिनमें सेतु बँधाइदिये ५ मार्गमें बीच बीच मंजिलपर वरनाम श्रेष्ठ बास टिकनेको स्थान जहां सरिता तड़ाग बाग कूप बावली तहां तंबू कनात सायबानादि रचे तहँा इंद्रपुरीसम संपदा छाये ऐश्वर्य सामग्री भरिराखे ६ क्या संपदा अशन भोजन सीधा घी शक्कर पक्कान्न मिठाई आदि शयन शय्या जाजिम कालीन वरवसन शोभित इत्यादि अपने मनभाये सब पावत ७ निजनूतन प्रतिदिन नवा नवा सुख अनुकूल इच्छापूर्वक भोजन वसन शय्यादि पावत ऐसा आनंदवश भये कि सकल बराती जननको अपना मंदिर सुख भूलिगया ८ दोहार्थ ॥ एक तौ मार्गमें सुख पुनः श्रीरामदरशकी आतुरताते ऐसे वेगते चले कि पांचवें दिन कार्त्तिककृष्ण त्रयोदशीको बरात जनकपुरमें पहुँचिगई गहगहे निशान उत्सव भरे बाजा बाजत सुनि जनकपुरजन जाने कि बरात वर चक्रवर्ती महाराज की है बड़े आदरते आगे लीन चाहिये ऐसा विचारि हाथी रथ घोड़े सजि तिनपर लक्ष्मीनिधि आदि राजकुमार सवार अपर पैदर साथ लैकै अगणित गान बाजा नृत्य कौतुकादि सहित बरात लेनेहेतु अगवान चले ९ ॥

१३१ कनककलशकलकोपरथारा । भाजनललितअनेकप्रकारा १०
भरे सुधासम सब पकवाने । भांति भांति नहिं जाहिं बखाने ११
फल अनेक वरवस्तु सुहाई । हरषि भेंटहित भूप पठाई १२
भूषण वसन महामणि नाना । खगमृगहयगजबहुविधिजाना १३
मंगल शकुन सुगंध सुहाये । विविधभांति महिपाल पठाये १४
दधि च्यूरा उपहार अपारा । भरि भरि कांवरि चले कहारा १५
अगवानिन जब दीख बराता । उर आनंद पुलकि भरि गाता १६

देखि बनाव सहित अगवाना । मुदित बरातिन हने निशाना १७
दो० हरषि परस्पर मिलन हित, कछुक चले बगमेल ॥
जनु आनंद समुद्र दुइ, मिलत बिहाइ सुबेल १८

१३१ सोनेके सुन्दर कलशनमें जलभरे अनेकन कहार लिहे पुनः मणि जटित बहुभांतिके कोपर कटोरा थारा परात तँवेरू वा जलशोभादि ललित सुंदर अनेक भाजन जे पात्र हैं १० तिन पात्रनमें यथायोग्य सुधा अमृतसम जिनमें स्वादु ऐसे अनेक पकवाननते भरे यथा मालपुवा पूरी कचौरी पेराक समोसा हलुवा मठरी लड्डू खाझा खुरमा खजुरी जामुनि गुलगुलादि भांति अनेकनके जो बखाने नहीं जात संख्यारहित ११ फल यथा सरीफा नारंगी अमरूत केलाकी छीमी स्वपक नासपत्ती अनार तरबूज मस्ताबी मीठा निम्बू नारियर दूधिया छुहारा पिस्ता किशमिश दाख अंगूर अनानाशादि अनेक पुनः वरवस्तु यथा दधि दुग्ध शर्करा अनेक मुरब्बा इतर गुलाब केवड़ा पान मसाला इत्यादि सुन्दरी वस्तु हर्षसहित भेंटके निमित्त जनकजी पठाये १२ भूषण किरीट कुण्डल माला केयूर पहुँची मुद्रिकादि वसन जरबफ़ कमखाप अतलस मलमल कामदानी रोमपट दुशाला रूमालादि महामणि हीरा मर्कत वैडूर्य्य पद्मराग नीलम पिरोजा गजमुक्ता माणिक्यादि अनेक भांति खग मयूर शुक सारिका कोकिल चकोर पारावत लाल तीतर श्यामादि मृगा हरिण झांखा पाठा बारासिंहादि अनेक सजे हाथी घोड़े यान रथादि विचित्र सजे अनेक भांतिके १३ मंगल शकुन सांकुरी दीप कलश सौभागिनी शीशधरे कंचन थारनमें मधुपर्क दधि दूव फूल तुलसीदल रोचनाक्षत लाजा पुनः सुगन्ध चन्दन केसरि कस्तूरी कर्पूर अगर बालक्षरादि थारनमें बालिका लिहे इत्यादि सुन्दरी वस्तु अनेकन भांतिकी महिपाल जनकजी शकुनहेतु पठाये १४ दही च्यूरादि देश खाजी पदार्थ इत्यादि उपहार आहारकी तुल्य वा सामग्री अपार असंख्य कांवरि बहिंगी भरि भरि अनेकन कहार लैचले १५ इत्यादि सहित जाइ जब अगवानिन बरात का ऐश्वर्य देखे तब आनंद उमँगि उर भरि गयो रोमांचादि पुलकावली गात में छाइगई १६ ऐश्वर्य बनाव सहित अगवानिनको देखि हर्षित बरातिन निशान हने बाजा बजाये १७ दोहार्थ ॥ पुनः हर्षवश परस्पर मिलने हित दोऊ दिशिते कछुक जन हाथी घोड़े आदि बगमेल बागै मिलाइ जमि अथवा वेगते चले ताकी उत्प्रेक्षा करत जनु दुइ आनंद जलभरे समुद्र हैं ते सुबेल बिहाइ किनारा मर्याद त्यागि मिलत भये वंदना मिलनादि उर्मी है १८॥

१३२ बर्षि सुमन सुरसुन्दरि गावहिं। मुदित देव दुंदुभी बजावहिं१९
वस्तु सकल राखी नृप आगे।विनय कीनतिन अति अनुरागे२०
प्रेमसमेत राय सब लीन्हे। भइ बकसीस याचकन दीन्हे २१
करि पूजा मान्यता बड़ाई। जनवासे कहँ चले लिवाई २२
वसन विचित्र पांवड़े परहीं। नृप दशरथ तापर पग धरहीं २३
अति सुंदर दीन्हे जनवासा। जहँ सबकहँ सबभांति सुपासा २४
जानी सिय बरात पुर आई। कछु निजमहिमा प्रकट जनाई २५
हृदय सुमिरि सब सिद्धि बुलाई। भूप पहुनई करन पठाई २६
दो० सिधि सब सिय आयसु अकनि, गईं जहां जनवास॥
लिये संपदा सकल सुख, सुरपुर भोगविलास २७

१३२ आनन्द देखि हर्षित देवनकी युवती मंगलगान करत फूल बर्षत देवता आनंदते दुन्दुभी बजावत १९ अगवानिन भेंटकी सकल वस्तु नृप दशरथ महाराजके आगे धरिकै पुनः तिन अनुराग सहित महाराजकी प्रशंसा पूर्वक बिनती कीन्ह प्रसन्नता हित २० भेंट पदार्थ महाराज प्रेमसमेत अर्थात् प्रीतिदान उत्तम मानि लीन्हे पुनः बख़्शीस निछावरि भई याचकनको इच्छापूर्वक दिये २१ पूजा षोड़शोपचार मान्यता सम्बन्ध रीति आप नीच वनि सबभांति सब वरातको ऊँचा मानि शुश्रूषा करना बड़ाई प्रसिद्धस्तुति इत्यादि सबकरि पुनः जनवासे को लिवाय लैचले २२ चित्र विचित्र रंगदार मखमलादि वसन पांवड़े परहीं आगे बिछावत जात तापर महाराज दशरथ पांव धरत चलेजात २३ जहां स्वामी स्वजन सेवक गज वाजि आदि सबको चौगान स्नान पानादि सबभांतिको सुपास ऐसा अत्यंत सुंदर जनवास वासस्थान दीन्हे २४ किशोरीजी जान्यो कि दशरथ महाराजकी वरात जनकपुर में आई तासमय कुछ थोरी निज महिमा अपना ऐश्वर्य प्रकट करि जनाइ पितापक्षको गुरुता दीन्ह २५ क्या जनाये कि हृदयमें स्मरण करि सब सिद्धि जो अणिमादिक हैं तिनको बोलाई तिनको भूप दशरथ महाराज की पहुनाई करिबेहेतु पठाई यह आज्ञा दिये कि ऐसी पहुनाई करो जामें महाराज को अयोध्याका ऐश्वर्य भूलिजाइ २६ दोहार्थ॥ सियस्वामिनीजीकी आज्ञा अकनि समुझि महा आनंद मानि जहां जनवास रहै तहां सब सिद्धि अणिमादिक गईं लिये संपदा नवो निधि पुनः सुगंध वनिता वसन गान भोजन पान शय्या भूषणादि सकल प्रकार को सुख यथा

देवलोकमें दिव्यभोग यथा भोजन पान स्त्री शय्यादि पुनः विलास वसन भूषण सुगंध गान वाहन आज्ञा सबलादि २७॥

१३३ निज निज वास विलोकि बराती। सुर सुख सकल सुलभ सबभांती २८
विभव भेद कछु काहु न जाना। सकल जनक कर करहिं बखाना २९
सिय महिमा रघुनायक जानी। हरषे हृदय हेतु पहिंचानी ३०
पितु आगमन सुनत दुउ भाई। हृदय न अति आनंद समाई ३१
सकुचत कहि न सकत गुरुपाहीं। पितु दरशन लालच मन माहीं ३२
विश्वामित्र विनय बड़ि देखी। उर उपजा संतोष विशेखी ३३
हरषि बंधु दोउ हृदय लगाये। पुलक अंग अम्बक जल छाये ३४
चले जहाँ दशरथ जनवासे। मनहुँ सरोवर तक्यउ पियासे ३५

दो॰ भूप विलोके जबहिं मुनि, आवत सुतन समेत॥
उठे हरषि सुखसिंधु महँ, चले थाह सी लेत ३६

१३३ जो जहां उताराहै ताकोतहैं सब सुख पूर्ण प्राप्त करि दीन्हे जो देवतनको सुख भूषण वसन सुगंध गीत भोजन ताम्बूल शय्या वनितादि सबको सुलभ प्राप्त सब भांति को सब सुख निज वासस्थानही पर सब बरातिन विलोकि देखिकै आतंकवश भये २८ यह सब जानकीजीको विभव ऐश्वर्य है ऐसा भेद तौ काहूने न जाना सकल बराती जनकजीको बखान करते हैं कि योगेश्वरहैं सब सिद्धाई सुगम है २९ जानकीजीकी महिमा केवल श्रीरघुनाथजी जाना इस विभव प्रकट करिबेको हेतु कारण पहिंचाने कि जाभांति प्रभु धनुभंगादि में ऐश्वर्य प्रकट करि जनकपुर वासिनको आनंद दिये तथा हम अपने ऐश्वर्यते अवधवासिन को सत्कार करि आनंद देवैं इति हेतु पहिंचानि प्रभु हर्षे अथवा हमारा कुल उजियार करने की सूचनिका है यह जानि हर्षे ३० लषणलाल सहित श्रीरघुनाथजी दोऊ भाई पिता दशरथजीको आगमन सुनत जो अत्यंत आनंद भयो सो हृदय में समात नहीं नैन बैन द्वारे प्रकट ह्वै आवत ३१ संकोच करत ताते गुरु विश्वामित्रके पास कहितौ नहीं सकत परंतु पिताके दर्शनको लालच मनमें अत्यन्त है ताते नम्रता वचन बारबार कहत ३२ राजकुमारकृत बड़ी विनती देखि विश्वामित्रजीके मनमें विशेषि संतोष भयो अर्थात् हमको पिताते अधिक मानतेहैं ताते विना हमारी आज्ञा जानेको नहीं कहत ३३ विश्वामित्रजी हर्षिकै दोऊ भाइनको प्रेमसहित हृदयमें लगाये प्रेम उमगि रोमांचादि

अंग पुलकि अंबक नेत्रनमें जल छाइ आंसु भरिगयो ३४ जहां दशरथ महाराज हैं तहां जनवासे को राजकुमारन सहित विश्वामित्र चले कौन प्रकार मानहु पियासेने सरोवर तड़ागको ताकिकै चलेउ ३५ दोहार्थ ॥ पुत्रन समेत विश्वामित्रको आवत देखि ता समय में मिलिबे हेतु हर्षिकै भूप दशरथ महाराज उठे दृष्टि श्रीरघुनाथजीमें है गात प्रेमते विह्वल शिथिल ताते पद डगमग मंद परत जैसे अगाध सुखसिंधु में परे थाह सी लेत चले ३६ ॥

१३४ मुनिहिं दण्डवत कीन्ह महीशा। बार बार पदरज धरि शीशा ३७
कौशिक राउ लिये उर लाई। दै अशीष पूछी कुशलाई ३८
पुनि दण्डवत करत द्वउ भाई। देखि नृपति उर सुख न समाई ३९
सुत उर लाइ दुसह दुख मेटे। मृतक शरीर प्राण जनु भेंटे ४०
पुनि वशिष्ठ पद शिर तिन नावा। प्रेम मुदित मुनिवर उर लावा ४१
विप्रवृन्द वंदे द्वउ भाई। मनभावते अशीषै पाई ४२
भरत सहानुज कीन्ह प्रणामा। लिये उठाइ लाइ उर रामा ४३
हरषे लषण देखि द्वउ भ्राता। मिले प्रेम परिपूरण गाता ४४

दो० पुरजन परिजन जातिजन, याचक मंत्री मीत ॥
मिले यथाविधि सबहि प्रभु, परम कृपालु बिनीत ४५

१३४ निकट जाइ मुनिहि विश्वामित्रजीको महीश दशरथ महाराज दण्डवत् कीन्ह पुनः वारंवार पादकी रज शीशपर धरे ३७ तब कौशिक विश्वामित्रजी यों दशरथजी को गहि उर में लगाइ लिये पुनः आशीर्वाद दै कुशल पूछे कि सांग राजपुत्र प्रसन्न रहे आप ३८ पुनः राजकुमार दोऊ भाई दण्डवत् करत देखि महाराज के ऐसा आनंद उमग्यउ जो उरमें समात नहीं नेत्रद्वारा बहिचल्यो ३९ सुत श्रीरघुनाथजीको उरमें लगाइ महाराज दुसह जो सहा न जाइ ऐसा श्रीरामवियोग दुःख ताको मेटे ताकी उत्प्रेक्षा करत कि जनु मृतकशरीर बिछुड़े प्राणनको पुनः भेंटे ऐसा आनंद भयो ४० पुनः तिन श्रीराम लषण वशिष्ठजीके पांयनमें शिर नाये प्रणाम करे तब मुनिवर मुदितह्वै प्रेमसहित उर छातीमें लगाइ लिये ४१ पुनः दोऊ भाई यावत् बरातमें विप्रवृंद ब्राह्मणगण रहे वामदेवादि तिनको वंदना करे तिनते मनभावते आशीर्वाद पाये ४२ पुनः सहानुज शत्रुहनजी सहित भरतजी प्रभुके प्रणाम कीन्ह तिनको श्रीरघुनाथजी भूमिते उठाइ उरमें लगाइ लीन्ह ४३ दोऊ भ्राता भरत शत्रुहन को देखि लक्ष्मणजी हर्षे प्रेमानन्दते सबके गात परि-

पूर्ण मिले अर्थात् लक्ष्मणजी भरतजी के प्रणाम करे भरतजी उठाइ उरमें लगाइ मिले पुनः शत्रुहनजी लक्ष्मणजी के प्रणाम करे लक्ष्मणजी उठाइ उरमें लगाइकै मिले ४४ दोहार्थ ॥ पुनः अवधपुरवासी जन महाजनादि परिजन राजवासी बाहरके प्रजालोग जाति क्षत्रीजन रघुवंशी आदि याचक भाटादि मंत्री सुमंत्रादि मित्र सखावर्ग जे प्रभुके रहे इत्यादिकनको यथा जासों उचित रहै ताही विधिते सबहिनको प्रभु मिले काहेते कृपालु हैं सबके पालिबेको समर्थ हैं पुनः विशेषि नीतिमें रत हैं अनेकरूप ते सबको मिले ४५॥

१३५ रामहिं देखि बरात जुड़ानी। प्रीति कि रीति न जाइ बखानी ४६
नृप समीप सोहैं सुत चारी। जनु धन धर्मादिक तनु धारी ४७
सुतन समेत दशरथहि देखी। मुदित सकल नर नारि विशेखी ४८
सुमन बरषि सुर हनहिं निशाना। नाकनटी नाचहिं करि गाना ४९
शतानंद अरु विप्र सचिव गन। मागध सूत विदुष वंदीजन ५०
सहित बरात राउ सनमाना। आयसु मांगि फिरे अगवाना ५१
प्रथम बरात लगनते आई। ताते पुर प्रमोद अधिकाई ५२
ब्रह्मानन्द लोग सब लहहीं। बढ़ौ दिवस निशि विधिसन कहहीं ५३
दो० राम सिया शोभा अवधि, सुकृत अवधि दउ राज॥
जहँ तहँ पुरजन कहहिं सब, मिलि नर नारि समाज ५४

१३५ जो सब जननके उरमें श्रीराम प्रीति है ताकी रीति तौ बखानतै नहीं बनत जो वियोगते तप्त रहे सो श्रीरघुनाथजीको देखि बरात जुड़ानी अर्थात् दूलह रहित बरात विना जीवकी रही सो सजीव भई ४६ नृप दशरथ महाराजके समीप चारिउ पुत्र शोभित ताकी उत्प्रेक्षा करत जनु धन कहे अर्थ धर्मादि काम मोक्ष चारिहू फल तनु धारिकै शोभित हैं अर्थरूप शत्रुहन कामरूप लक्ष्मण वामदिशि हैं धर्मरूप भरत मोक्षरूप रघुनाथजी दक्षिण दिशि ४७ पुत्रन समेत दशरथ महाराजको देखि जनकपुरके सब नर नारि विशेषि करिकै मुदित भये ऐश्वर्य सहित चारि पुत्र सबको बिवाहहेतुते आनंद एकचाहत चारि मिले ४८ आनंदते देवता सुमन फूल बरसि निशान हनाहिं बाजा बजावत नाकनटी अप्सरा मंगलगीत गानकरि नाचती हैं ४९ ब्राह्मणन सहित शतानंदको दान सन्मानस्तुति करे जे जनकजी के सचिवादि उत्तम जन रहे तिनसों प्रीतिपूर्वक वार्त्ता करे मागध वंशप्रशंसक सूत पौराणिक विदूषक कौतुकी वंदी कुलपूज्य भाट इनको दान दीन्हे ५० पुरजनको बरात सहित

राउ दशरथजी सन्मान कीन तब आज्ञा मांगि अगवानीजन फिरि पुरको चले ५१ मार्गशुक्ल पंचमीको लग्न है त्यहिते प्रथम कार्त्तिककृष्ण त्रयोदशीको अर्थात् एकमास सातदिन प्रथमै बरात आइगई ताते पुर प्रमोद अधिक भयो भाव बहुत दिन सुख देखब इति पुरवासिनके पुष्ट आनंद बढ़ो ५२ ब्रह्मानंद वासनारहित भगवत्संबंधी शुद्ध आनंद सबलोग पावते हैं त्यहिहेतु विधि ब्रह्मासन कहत कि दिनराति आपने ऐसे बढ़ाई देउ ५३ दोहार्थ ॥ जनकपुरवासी नर मिलि आपनी समाजमें नारी मिलि आपनी समाजमें जहां तहां ठौर ठौर सब ऐसा कहत कि श्रीरामजानकी शोभाकी अवधि मर्यादा हैं अर्थात् नीलमणिसी आब लावण्यता राजकुमारमें स्वर्णकीसी कांति किशोरीजीमें शरदपूर्ण चंद्रसी द्युति दोऊ मुखनमें नेत्र लोहकर्षक चुंबकवत् स्वरूपता सर्वांग सुठौर सुंदरता जबै देखिये तबै अनदेखेसे इति रमणीकता देखतमें नेत्र तृप्त नहीं होते इति माधुरी मृदुता सुकुमारतादि शोभासागर दोऊ स्वरूपनते पुनः हद्द है तथा सुकृतकी अवधि दोऊ महाराज हैं अर्थात् धर्मात्मा महात्मा स्वायंभूमनु ऐसे समर्थ ते सब आश भरोसा छांड़ि शुद्धमन अट्ठाइस हजार वर्ष अखंड व्रत महातपस्या करि परात्पर साकेतविहारी को स्ववश कीन्ह सोई मनु महाराज आइ दशरथ भये तेई सुकृतबलते परब्रह्मको पुत्र करिपाये तथा सुमतिनाम स्त्री सहित वामव्रतीनामे ऋषीश्वर मिथिलावनमें दिव्य हजार वर्ष अखंड व्रत तपस्या करि श्रीराम जानकीको स्ववश करि पुत्री जामातृ करि वरदान मांगे तेई सुमति सुनयना रानी भईं वामव्रती ऋषि जनक भये ते किशोरीजीको पुत्री करि पाये इत्यादि सुकृतकी अवधि दोऊ महाराज हैं ५४ ॥

१३६ जनक सुकृति मूरति वैदेही । दशरथ सुकृति राम धरि देही ५५
इन सम काहु न शिव अवराधे । काहु न इन समान फल साधे ५६
इन सम कउ न भयो जग माहीं । भयो न है कउ होन्यउ नाहीं ५७
हम सब सकल सुकृतिकी रासी । भय जग जनमि जनकपुरवासी ५८
जिन जानकी राम छवि देखी । को सुकृती हम सरिस विशेखी ५९
पुनि देखब रघुवीर विवाहू । लेब भलीविधि लोचनलाहू ६०
कहहिं परस्पर कोकिल बयनी । यहि विवाह बड़लाभ सुनयनी ६१
बड़े भाग्य विधि बात बनाई । नयन अतिथि ह्वै हैं दुउ भाई ६२
दो० बारहिं बार सनेहवश, जनक बोलाउब सीय ॥

लेन आइहैं बन्धु दुउ, कोटिकाम कमनीय ६३

१३६ श्रीजनकजीकी पूर्व जो सुकृति है ताकी मति वैदेही अर्थात् आह्लादिनी शक्ति पुत्री भई पुनः दशरथ महाराजकी सुकृतिते परब्रह्म राम राजकुमार देह धारण करे ५५ पुनः इन दोऊ महाराजनकी समान और काहूने नहीं शिवको आराधन कीन अर्थात् ये लोकोत्तर शिवकी आराधना करी तथा काहूने इनकी समान और काहूने फल नहीं लाधे नहीं पाये मरु कांतार देशकी भाषामें पायेको लाधे कहत अर्थात् ये महाराज धन पुत्र राज्य श्री यश प्रतापादि फलभी लोकोत्तर पाये ५६ इन महाराजन की समान जगमें पूर्व कोऊ भयो नहीं अरु न वर्तमान में अब कोऊ है कहौ अरु न आगे होन है अर्थात् इन सम येही हैं ५७ हम सब पुरवासी सोऊ सकल सुकृतिकी राशिहैं काहेते जगत्में जन्म लैकै जनकपुरके वासी भये यह सुख लघु सुकृतिनको अलभ्य है ५८ कौन सुख हमैं मिला कि ब्रह्मादिकको अलभ्य लाभ श्रीरामजानकीके दरशमात्र तिन श्रीराम जानकीके सर्वांग छवि जिन हम लोगोंने नेत्रनभरि देखी ताते हम सरिस विशेषि सुकृती और दूसरा कोहै अर्थात् विशेषि सुकृती हमही हैं ५९ पुनः रघुवीरको अर्थात् श्रीराम जानकीको विवाह देखब जब पीताम्बर चूनरसों गांठि जोरि भांवरी देइँगे पुनः लहकौरादिकनमें भलीविधि मनभावत लोचन नेत्रनको लाभ लेवेंगी ६० कोकिलबयनी जिन युवतिनको कोकिलवत् स्वर है ते परस्पर मधुर वचन कहतीहैं कि हे सुनयनी ! यहि राम जानकी के विवाह में बड़ा लाभ है ६१ क्या लाभ है कि हमारी बड़ी भाग्यते विधाताने यह बात ब्याहसंयोग बनाया काहेते हमारे नयननके प्रिय पाहुने दोऊ भाई होइँगे अनाश्रित आवन अतिथि हैं ६२ दोहार्थ ॥ प्राणसम प्रिय पुत्री जब जाइगी तब जनकजी सनेहवश देखनेहेतु किशोरीजी को वारंवार इहां को बोलावहिंगे तबतब जिनके तन कोटिन कामसम कमनीय शोभा है ऐसे दोउ बंधु किशोरीजी को लेनेहेतु आइहैं इहां तब अनाश्रित नेत्रनको प्राप्त होइँगे ६३ ॥

१३७ विविधभांति होइहि पहुनाई। प्रिय न काहि अस सासुर माई ६४
तब तब राम लषणहि निहारी । होइहैं सब पुरलोग सुखारी ६५
सखि जस राम लषण कर जोटा । तैसेइ भूप संग दुइ ढोटा ६६
श्याम गौर सब अंग सोहाये । ते सब कहहिं देखि जे आये ६७
कहेउ एक मैं आजु निहारे । जनु विरंचि निज हाथ सँवारे ६८

भरत रामही की अनुहारी। सहसा लखि न सकहिं नर नारी ६९
लषण शत्रुसूदन यक रूपा। नख शिखते सबभांति अनूपा ७०
मनभावहि मुखबरणि न जाहीं। उपमा कहँ त्रिभुवन कउ नाहीं ७१
छंद हरिगी०। उपमा न कउ कह दास तुलसी कतहुँ कवि कोविद कहै॥
बल विनय विद्या शील शोभासिंधु इन सम यइ अहे ७२
पुरनारि सकल पसारि अंचल विधिहि वचन सुनावहीं॥
ब्याहिये चारिउ भाइ यहि पुर हम सुमंगल गावहीं ७३
सो० कहहिं परस्पर नारि, वारि विलोचन पुलक तन॥
सखि सब करब पुरारि, पुण्य पयोनिधि भूप दूउ ७४

१३७ जब आवैंगे तब बहुत दिन रहैंगे कौनहेतु कि विविध कहे अनेक भांतिते पहुनाई होइगी ताको हेतु कि विमातृ सहित जनकजी दश भाई हैं अर्थात् ह्रस्वरोम महाराज के तीनि रानी प्रथम शुभजया तिनके दुइ पुत्र बड़े सीरध्वज जनक महाराज तिनके जो दश दिन रहैंगे तौ उनके छोटे भाई कुशध्वज पांच दिन तौ राखैंगे पुनः दूसरी रानी जो नाम सदाहै तिनके चारि पुत्र यथा शत्रुजित यशशालि अरिमर्दन ऋपुतापन इति तीसरी रानी नाम सर्वदा तिनके चारि पुत्र यथा महीमंगल बलाकर तेजस्थ महावीर्य इति आठौ बाबूजनन के जो दुइ दुइ दिन पहुनाई होई तौ एकमास तौ सहजै बीति जाइगा कदाचित् मंत्री मीत बलाध्यक्ष कोशाध्यक्षादिकन के एक एक दिन पहुनाई होइगी तौ न मालूम केतरे दिन बीतैंगे हे माई! अस सासुर ऐसी ससुरारि काको प्यारी नहीं ताते अवश्यही रहैंगे ६४ ताते जब जब आवैंगे तबतब श्रीराम लषण को निहारिकै जनकपुर के लोग नर नारि सब सुखी ह्वैहैं यह पूर्वानुरागहै ६५ पुनः एक बोली कि हे सखी! जस रंग रूप स्वभाव अवस्थादि श्रीराम लषणको जोटा सोहत है तैसेही इनहीकी अनुहार भूप दशरथ महाराजके साथ दुइ ढोटा बालक और हैं ६६ कैसे दोऊ हैं एक श्याम एक गौर पुनः सर्वांग सुहाये सुठौरबने सोहत तिनको जे जन देखि आये ते सब यह हाल कहतहैं ६७ एक सखी बोली कि मैं निज नेत्रनते आजही निहारे देखे कि जोड़ी की समता जनु ब्रह्माने अपने हाथहीते सँवारे अर्थात् जानिकै दोऊ जोड़ी एक तुल्य बनाये ६८ कौन भांति कि भरत तौ श्रीरामही अनुहारि रामही तुल्य वय वपु वर्णादि हैं जिनको देखि सहसा शीघ्रही कोऊ नर नारी लखि न सकहिं चीन्हि न पावैं कि कौन श्रीराम हैं कौन भरत हैं ६९ तथा लषण अरु शत्रुहन दोऊ नखते शिखापर्यंत सर्वांगते एकहीरूप अनूप हैं

जिनकी समताको दूसरा नहीं ७० कैसे हैं जो मनमें तौ भावत देखत भले लागत अरु मुखते वर्णे नहीं जात जिनकी उपमा देबेको त्रिभुवन स्वर्गमें देवादि भूमिपै नर पातालमें नागादि कोऊ रूप इनकी तुल्य नहीं है ७१ कविकी उक्ति कि त्रिलोकनमें कहतहूं शेष वाल्मीकादि कवि अथवा सरस्वती बृहस्पतिआदि कोविद पंडित कोऊ कहाचहैं तौ इनकी उपमा योग्य कोऊ रूपकहौं नहीं है तौ कहै कोऊ कैसे काहेते बल पराक्रम अरु विनय नम्रता वेदादि विद्या शीलस्वभाव सर्वांग शोभाके समुद्र इन चारिउ भाइन सम येही हैं ७२ जनकपुरकी नारी सकल अंचल पसारिकै ब्रह्मासों विनय वचन सुनावत कि हे विधि ! चारिहू भाइ यही पुरमें ब्याहिये जामें हम सुंदर मंगल ब्याहगीत गावहिं ७३ सोरठार्थ ॥ प्रेमते तन पुलकित नेत्रन में जलभरे नारी पुरस्त्री सब पर कहतीहैं कि हे सखी ! यह मनोरथ पुरारि शिवजी सब पूर्ण करेंगे क्योंकि जनक दशरथ दोऊ भूप पुण्यपयोनिधि समुद्रहैं ७४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे सबरातदशरथमिथिलाप्राप्तिपुरवासीप्रेमवार्त्तावर्णनं नाम त्रिपञ्चाशः प्रकाशः ५३ ॥

१३८ यहिविधिसकलमनोरथकरहीं। आनँदउमगि उमगिउरभरही१
सीयस्वयंवर जे नृप आये । देखि बन्धु सब तिन सुख पाये २
कहत रामयश विशद बिशाला । निज निज धाम गये महिपाला ३
गये बीति कछु दिन यहि भांती । प्रमुदित पुरजन सकल बराती ४
मंगलमूल लगन दिन आवा । हिम ऋतु अगहन मास सुहावा ५
ग्रह तिथि नखत योग वर वारू । लगन शोधि विधि कीन्ह विचारू ६
पठै दीन नारद कर सोई । गनी जनक के गणकन जोई ७
सुनी सकल लोगन यह बाता । कहै ज्योतिषी अपर विधाता ८
दो० धेनु धूलि वेला विमल, सकल सुमंगल मूल ॥
विप्रन कह्यो विदेहसन, जानि समय अनुकूल ९

१३८ यहि पूर्व विधि पुर नर नारि सकल मनोरथ करते हैं श्रीरामब्याह अभिलाषते आनंद उमगि उरमें भरते हैं १ किशोरीजीके स्वयंवरमें जे राजालोग आये तिनमें जे दुष्ट रहैं ते तौ धनु टूटे पर चलेगये जे साधु रहैं ते दोऊ भाइनके दर्शनहित रहे जब बरात आई तब सब भाइनको देखि परम सुख पाये २ मखरक्षा राक्षसवध धनुभंग परशुरामपरास्तादि जो

भुजबलकी प्रशंसा इति श्रीरामयश विशद उज्ज्वल विशाल नाम बड़ा ताको परस्पर कहत सुनत सब महिपाल अपने घरन को चलेगये ३ ऋद्धि सिद्धि ते नित नवीन पहुनाई सुखमें बराती भूलेरहे ब्याह आनंदमें पुरवासी भूले रहे किसीको जानि न परा एक मास सात दिन व्यतीत ह्वै गये ४ सब मंगल को मूल लगन पाणिग्रहणको दिन आवा कौन दिन हेमन्तऋतु सुहावा सुन्दर उत्तम अगहनमास जो भगवत्‌को रूपकरि गीतामें कहाहै यथा मासानां मार्गशीर्षोऽहम् ५ ग्रह रघुनाथजीके रवि दूसरे, चंद्र तीसरे, गुरु नवयें, भौम दूसरे जानकीजीके रवि दशयें, चंद्र गेरहें, भौम दशयें, गुरु पँचयें, तिथि मार्ग शुक्लपंचमी नक्षत्र उत्तराषाढ़ योग वृद्धि श्रेष्ठ वार भृगु तेंतिस पंद्रह इष्ट पर कर्क लग्न शुद्ध अर्थात् जाके सतयें कोऊ ग्रह नहीं इति शोधि विधि विचार कीन ब्रह्माजी शुद्ध जानि लिखिकै धरि राखी ६ सोई लग्नपत्रिका ब्रह्माजी नारदके हाथ जनकजी के पासको पठैदीन जो इहां जनकजीके गणकन शतानंदादि पूर्वही गनिराखे रहैं जौनि लग्न सोई ब्रह्मा पठाये ७ जो लग्न इहां शोधीगई सोई ब्रह्माभी पठाये यह बात पुरवासीलोगन सुने ते सब यही बात कहतेहैं कि यहांके ज्योतिषी तौ अपर विधाता दूसरे ब्रह्मा भये जो दोऊकी बात एकही भई ८ दोहार्थ ॥ धेनुधूलि गोधुरा कुछ सूर्य रहे जब वनते गौवैं ग्रामको आवत तिनकी पदप्रहारते जो धूरि उड़त ताहीमें सूर्य अस्तसमय जो किरणि परत ताको धेनुधूलि कहत ऐसी विमल विघ्नरहित सकल सुमंगलकी मूल व्याहसमय की अनुकूल जानि विप्रन विदेह जीसों कहे कि यह मुहूर्त्त व्याहादिकार्य प्रारंभको शुभ है यथा ॥ घटीलग्नं यदा नास्ति तदा गोधूलिकं स्मृतम् । शूद्रादीनां बुधाः प्राहुर्न द्विजानां कदाचन ॥ पिण्डीभूते दिनकृति हेमन्तर्तौ स्याद्धास्ते तत्समये गोधूलिः । संपूर्णास्ते जलधरमालाकाले त्रेधा योज्या सकलशुभे कार्यादौ ९ ॥

१३९ उपरोहितहि कह्यो नरनाहा । अब विलंबकर कारण काहा १०
शतानंद तब सचिव बोलाये । मंगल सकल साजि लै आये ११
शंख निशान पणव बहु बाजे । मंगल शकुन सकल शुभ साजे १२
सुभग सुवासिनि गावहिं गीता । करहिं वेदधुनि विप्र पुनीता १३
लेन चले सादर यहि भांती । गये जहां जनवास बराती १४
कोशलपति कर देखि समाजू । अति लघु लाग तिनहिं सुरराजू १५
भयउ समय अब धारिय पांऊ । यह सुनि परा निशानन घाऊ १६
गुरुहि पूछिकरि कुलविधि राजा । चले संग मुनि साधु समाजा १७

दो० भाग्य विभव अवधेश कर, देखि देव ब्रह्मादि ॥
लगे सराहन सहस मुख, जानि जन्म निज बादि १८

१३९ उपरोहित शतानंदजी ते नरनाह जनक महाराज कहे कि समय तो आय गया अब कौन कारण विलंब करते हो कार्य प्रारंभ करो १० तब शतानंदजी कार्यकर्ता सचिवलोगन को बोलाइ आज्ञा दीन्हे ते मंगल जो समग्रहैं यथा॥ विप्रार्घ्यं मणिचौकचारुकलशं दीपान्नसत्पल्लवं रम्भावन्दनवारकेतुचमरं दूर्वांकुरारोपणम् ॥ कन्यातोर्णवितानदर्पणध्वजाताम्बूलदध्यक्षतं छत्रं रोचनगानवाद्यव्यजनं पुष्पाज्यधूपाङ्गनाम् १ चतुरङ्गसेना चित्रामधेनुः पौराणिका मागधवन्दिगायकाः । पताकयुक्तं तु फलादिमीना खवेदयुक्तं शुभमङ्गलाङ्गाः ॥ इत्यादि सब मंगल साजि लैकै सचिवजन आये ११ शंख निशान जो दुन्दुभी मृदंगादि जे बाजाहैं पणव ढोलादि बहुत बाजा बाजे दधि रोचनादि जो शुभ मंगलसगुन ते सकल साजेउ १२ सुभगभूषण साजि सहित सुंदरी सुवासिनि सौभागिनि युवती ब्याहके गीत गावत पवित्र स्वधर्मारूढ़ ब्राह्मण वेदध्वनि करत १३ यहि भांति मंगलाचार सहित आदर दूलहको लेने लावनेहेतु जनवासीजन चले जहां जनवास में बराती जन रहैं तहां गये १४ कोशलपति दशरथ महाराजकर समाजको विभव देखि तिनहिं पुरजननको सुरराज इंद्रादि लोकपालन को विभव अत्यंत लघु लाग थोरा देखान १५ पुनः जनवासीजन बिनतीपूर्वक बोले कि ब्याहको समय भयो अब पांव धारिये राजमंदिर को चलिये यह सुनतही निशान पर घाउ परा बाजनपर चोट परी बजावने लगे १६ गुरु वशिष्ठजीसों पूछि कुलविधि कुलकी रीति ते देव पित्रादि पूजि राजकुमारन को दूलह वेष साजि मुनि साधुन की समाज संग लै महाराज दशरथजी पुरको चले १७ दोहार्थ॥ अवधेश महाराज को भाग्य यथा ॥ सुगन्धं वनितावस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। पर्य्यङ्कं भूषणं चेति भाग्याष्टकमुदीरितम् ॥ पुनः विभव राजश्री यथा ॥ स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशराष्ट्रदुर्गबलानि चेत्यमरः ॥ सुख ऐश्वर्य्य दशरथ महाराजको परिपूर्ण देखि ब्रह्मादिक यावत् देवता हैं ते आपनो जन्म बादि जानि सहस हजारन मुखवत् वाणीते महाराजकी सराहना करने लगे अहोभाग्य कहत १८ ॥

१४० सुरनसुमंगलअवसर जाना। बरषहिं सुमन बजाइ निशाना १९
शिव ब्रह्मादिक विबुध वरूथा। चढ़े विमानन नाना यूथा २०
प्रेम पुलक तन हृदय उछाहू। चले विलोकन राम विवाहू २१

देखि जनकपुर सुर अनुरागे। निजनिजलोकसबहि लघुलागे २२
चितवहिं चकित विचित्र विताना। रचना सकल अलौकिक नाना २३
नगर नारि नर रूपनिधाना। सुघर सुधर्म सुशील सुजाना २४
तिनहिं देखि सब सुर पुर नारी। भईं नखत जनु विधु उजियारी २५
विधिहिं भयउ आश्चर्य विशेखी। निजकरणी कछु कतहुँ न देखी २६

दो० शिव समुझाये लोग सब, जनि आश्चर्य भुलाहु॥
हृदय विचारहु धीर धरि, सिय रघुवीर विवाहु २७

१४० श्रीराम जानकी को ब्याह इति सुंदर मंगलको अवसर समय जानिकै सुरन देवतन निशान बाजा बजाइकै सुमन फूल वर्षने लगे १९ विष्णु, ब्रह्मा, शिव, इन्द्र, वरुण, कुबेर, धर्मराज, सूर्य, चंद्रमादि विबुध जे देवता ते वरूथ समूहते नाना अनेक भांतिके यूथ झुंड ते विमाननपर चढ़े २० तिनके हृदयमें उछाह है ताते प्रेमउमंगते रोमांचादि तनमें पुलक सहित श्रीरघुनाथजीको विवाह देखनेहेतु सब देवता चले २१ जनकपुर देखतही देवता अनुरागे अनुरागवश भये निज आपने लोकनको विभव सबको लघु लाग थोरा देखान अर्थात् जो विभव इहां सो हमारे नहीं २२ मांड़वविषे खंभ बांस छावनि बंधन बंदनवारादि जो अनेक प्रकारकी रचना है सो सकल अलौकिक है ऐसी विचित्र वितानकी अद्भुत शोभा ताको सब देवता चकित ह्वै चितवते हैं २३ जनक नगर के नर नारी ते सब रूपके निधान स्थान हैं देहते सुघर कर्मते सुधर्मी सुभावमें सुशील बुद्धिते सुजान सव चतुर २४ पुरवासी नित्य रामपार्षद ताते तिनहिं देखि सुरपुरकी सब नारी कैसी प्रकाशहीन भईं जनु विधु चन्द्रमाकी उजियारीमें नखत उदास लागत २५ अवध मिथिलावासी तौ नित्यपार्षदहैं ब्रह्माके बनाये तौ हैं नहीं ताते इनको देखतही विधिके मनमें विशेषि आश्चर्य भयो काहेते ये तौ सृष्टिकर्ताहैं सो इहां आपनी करणी कुछ थोरिहू कतहूं न देखे ताते चकित ह्वै गये २६ दोहार्थ॥ जब चकित देखे तब ब्रह्मादि सब देवलोगनको शिवजी समुझाये कि आश्चर्यमें जनि भुलाहु धीरज धरिकै अर्थात् मनको स्थिर करिकै हृदयविषे अमलबुद्धिते विचार तौ करि देखौ यहां श्रीराम जानकीको विवाह है भाव इहां प्राकृतविभूति नहीं है सब दिव्य विभूति है सो ध्यान करि देखि लेउ २७॥

१४१ जिनकर नाम लेत जगमाहीं। सकल अमंगलमूल नशाहीं २८

करतल होहिं पदारथ चारी। ते सियराम कहेउ कामारी २९
यहि विधि शंभु सुरन समुझावा। पुनि आगे बर बसह चलावा ३०
देवन देखेउ दशरथ जाता। महामोद मन पुलकित गाता ३१
साधु समाज संग महिदेवा। जनु तनु धरे करहिं सुर सेवा ३२
सोहत साथ सुभग सुत चारी। जनु अपवर्ग सकल तनुधारी ३३
मर्कत कनकबरन बर जोरी। देखि सुरन भइ प्रीति न थोरी ३४
पुनि रामहिं विलोकि हिय हर्षे। नृपहि सराहि सुमन सुर बर्षे ३५
दो० रामरूप नख शिख निरखि, बारहिं बार निहारि॥
पुलक गात लोचन सजल, उमासमेत पुरारि ३६

१४१ जिनको नाम लेत श्रीसीताराम ऐसा कहतसंते जगमें यावत् अमंगल जो विघ्न हैं तिन सकलकी मूलही नाश होत सब अमंगलको मूल है पाप सो नाम लेतही नाश होतहै २८ पुनः जिनके प्रतापते अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि चारिहू पदार्थ करतले होहिं सहजै हाथमें आवत तेई श्रीराम जानकी प्रसिद्ध दूलह दुलहिनि हैं तिनको विवाह तासमयके ऐश्वर्य में तुम आश्चर्य मानते हो ऐसी भूल न चाहिये २९ यहि पूर्वविधि ते शम्भु महादेवजी सब सुरन ब्रह्मादिकन को समुझाये सबके मन थिर करे पुनः बरबसह श्रेष्ठ बर्ध नंदीश्वरको आगे चलाये ३० सावधान ह्वै तब देवतन देखेउ कि विभवसहित दशरथ महाराज राजमार्ग में चले जाते हैं कैसे जिनके मनमें महामोद है अरु गात देह प्रेमते पुलकित भाव तनमन ते आनंद वा देवनके मनमें आनंद गात पुलकित ३१ महाराजके संगमें महिदेव जो ब्राह्मण अरु साधुनकी समाज कैसी सोहत जनु तनुधरे देवता सेवा करिरहे काहेते इनके पुत्र हमारे रक्षक हैं इति गुप्तहेतु उत्प्रेक्षा है ३२ सुभग सुंदर ऐश्वर्य सहित अर्थात् भूषण वसनसहित सजे उत्तम वाजिनपर सवार चारिउ पुत्र साथमें कैसे सोहत जनु सकल अपवर्ग चारिउ मुक्ति तनु धरे महाराजकी आज्ञामें हैं तहां प्रभु सायुज्य हैं प्रभुकी तुल्यरूपते भरत सारूप्य हैं प्रभुके निकटवर्ती ते लक्ष्मण सामीप्य हैं भरतके निकटवर्ती ते शत्रुघ्न सालोक्य हैं ३३ मरकत मणि श्याम तथा वर्ण श्याम भरत श्रीरघुनाथजी कनक सोना तथा गौरवर्ण शत्रुघ्न लक्ष्मणजी इति श्याम गौर दोऊ जोड़ी राजकुमारनकी देखि देवतनके उरमें थोरी प्रीति नहीं पूरण प्रीति भई ३४ पुनः रघुनाथजी को देखि हृदयमें हर्षे रूप माधुरी अवलोकनिते आनंद उरमें भरिगयो

अहोभाग्य जिनके ये पुत्र भये इत्यादि नृप दशरथ महाराजकी सराहना करि सुर देवता फूलन की वर्षा करे ३५ दोहार्थ ॥ उपानह जामा पटुका कंकन माला कंठा केयूर कुंडल मौरादि सोना मणि तथा जरतारी झलामल दूलह वेष नखते शिखा पर्यंत वारंवार श्रीरामरूप निरखि निहारि उमा समेत महादेवजी के उरते प्रेम उमँगि रोमांचादि गात पुलकि लोचन सजल नेत्रसें आंसू भरि आये ३६॥

१४२ केकिकंठ द्युतिश्यामलअंगा। तड़ितविनिंदक वसन सुरंगा ३७
ब्याह बिभूषण बिबिध बनाये। मंगलमय सबभांति सुहाये ३८
शरद विमल विधु वदन सुहावन। नयन नवलराजीव लजावन ३९
सकल अलौकिक सुंदरताई। कहि न जाइ मनहीं मनभाई ४०
बंधु मनोहर सोहहिं संगा। जात नचावत चपल तुरंगा ४१
राजकुँवर वर वाजि नचावहिं। वंशप्रशंसक विरद सुनावहिं ४२
ज्यहि तुरंग पर राम विराजे। गति विलोकि खगनायक लाजे ४३
कहि न जाइ सब भांति सुहावा। बाजिवेष जनु काम बनावा ४४
छं० जनु वाजि वेष बनाइ मनसिज रामहित अति सोहई॥
अवलोकि वय वपु रूप गुण गति सकल भुवन विमोहई ४५
जगमगति जीन जराव ज्योति सुमोति मणि माणिक लगे॥
किंकिणि ललाम लगाम ललित विलोकि सुर नर मुनि ठगे ४६
दो० प्रभुमनसहि लयलीनमन, चलत वाजि छवि पाव॥
भूषित उडुगण तड़ित घन, जनु बर बरहिं नचाव ४७

१४२ अब प्रत्यंग शोभा वर्णन करत कि मयूर के कंठ कैसी द्युति झलक श्यामल अंग शोभित तथा पीत वसन सुंदर रंगको कैसा सोहत जो विजुली की विशेषि निंदा करत कि एकरस नहीं है हम थिर सदा एकरस हैं ३७ ब्याह के विभूषण यथा कंकण, मुद्रिका, पहुँची, कड़ा, केयूर, माला, कंठा, झुमका, काजर, मौर इत्यादि विविध माणिमय सुवर्णरचित दिव्य जगामग पुनः ब्याह वसन यथा जामा पटुका उपन्ना पीताम्बरी धोती पाग इत्यादि रेशमी जरतारी नवीन झलकि रहे इत्यादि ब्याह के आभूषण वसन ते विविध अनेक प्रकारते बनाये स्वदेश में सुधारिकै पहिराये सब मंगलमय पीत रंग विशेषि समयते सुहाये सुन्दर लागत ३८ शरद पूर्ण अमलचन्द्र सम सुखद शीतल प्रकाशमान वदन मुख सुहावन

देखतही मन करषत तथा रसीले समशीले बड़े बरुनी बनकवारे नवीन कमलको लजावत सदा एकरस हैं ताते ३९ सर्वांग सुदेश बने पुनः भूषण प्रत्यंग सुदेश सुशोभित जो सुंदरताई तनमें है सो सकल अलौकिक लोक प्राकृत रचनाते बाहर दिव्य है ताते देखत समय मनही मन अंतरमें तौ भावत परंतु मुखते कहि नहीं आवत कि इस प्रकारकी है ४० मनको हरनहारी शोभा है जिनमें ऐसे मनोहर तीनिउ भाई संगमें शोभित चपल चंचल तुरंगन पर सवार नचावत राजमार्ग में चले जात ४१ राजकुँवर वर अर्थात् शोभा क्रिया स्वभाव बल तेज प्रताप यश कीर्ति सब प्रकारते उत्तम श्रीरघुनाथजी आदि जिनके पुत्र तेतौ वाजी घोड़ा नचाइ रहे हैं यह भविष्य कालका ऐश्वर्य है अरु वर्त्तमानका ऐश्वर्य तौ प्रसिद्ध है सब देखत पुनः भूतकाल का ऐश्वर्य सो वंशप्रशंसक वंदीजनादि ते विरद पुरिखनको प्राचीन यश यथा॥ मानधाता वीर तासु भक्त अम्बरीषराज पाले मुचकुंद देव नहुष स्वर्ग पाये हैं। दुहे भूसुधारि पृथु दानी हरिचंद्र धीर रोहिताश्व सगर वीर सागर खनाये हैं॥ उत्तम दिलीप गङ्ग आनी भूमिभागीरथ रघुको अपार यश जात नाहिं गाये हैं। रघुसे उदार अज ताके भय सुकृतचंद बैजनाथ धवलयश दशरथ भू छाये हैं॥ इत्यादि सबको सुनावत जात ४२ ज्यहि तुरंग घोड़े पर सवार श्रीरघुनाथजी विराजत गति विलोकि ता घोड़ेकी चाल विलोकि देखिके खगनायक गरुड़ लजात कि ऐसी गति हमारे पांवनमें नहीं पुनः हम पक्षबल उड़ते यह विना पक्षही उड़ता ४३ अंग रंग भूषणादि सब भांतिते सुहावा सुंदर लागत कैसा मनोहर जो कहि नहीं जात जनु कामदेव ने आपही वाजीको वेष बनाया है ४४ किसहेतु रामहित अर्थात् ब्याह समय दूलहरूप अद्भुत शोभा है ताको त्रिलोकके स्त्री पुरुष सबको देखनेकी इच्छा किहेहैं ताते वाहन भी मनोहर होना चाहिये इति प्रभुकी शोभा वृद्ध्यर्थ कामदेव सुंदर वाजीको वेष बनाइ शोभित है आपनी वय युवा अवस्था वपु देह सर्वांग सुभग पुष्ट सूक्ष्म कलाई मोटे ऊँचे खुर छोटे कान सूक्ष्म आलि ऊंची पुच्छप्रणाली परी छाती चौड़ी रूप कहे सहजही मनमोहन गुण स्वामीकी आज्ञानुकूल रहना गति चाल यथा॥ दुलकी, दुगामा, आविया, रौहाल, ठेका, चौकड़ी, अटेर, कावा, पोइया, सरपटादिकनते सकल भुवनके वासिनको विशेषि मोहित करत अर्थात् जे कबहूं कामते मोहित नहीं भये ते सब यहि समयमें मोहि गये ४५ रेशमी मखमल पर विचित्र जरतारी काम तामें अनेक रंग मणि माणिक जटित मोतिनके गुच्छा लगे ऐसी सुंदरि जीन जराऊकी ज्योति जगमगाइ रही विचित्र पूजी दुमची तामें

मणिजटित सोनेकी कलशी जटित गजगाह हैकल हवेल चौरासी विचित्र जेरबन्द सड़ाकै इत्यादिकनमें सोना मणि मुक्ता रेशमी जरी आदि नवीन झलझलाइरहीं विचित्र कामदार जीनपोश तामें मोती बादलाकी झालरि कोननमें गुच्छा शीश पै कलँगी जगमगत हालिरहीं ललाम जो भूषणहैं तिनमें किंकिणी शब्द करि रहीं लगाम ललित अर्थात् कुंदा कड़ी आदिकनमें सोनेको काम चढ़ा कलाबत्तू सहित विविधरंग रेशमी बाग तामें किरानिके गुच्छादि शोभित ऐसी सुंदरि लगाम घोड़े के मुखते प्रभुके हाथ में कैसी सोहत जनु घोड़ेको अन्तःकरण प्रभु हाथमें गहे हैं इत्यादि शोभा देखि देवता मनुष्य मुनि आदि सब ठगि गये मन चित्तादि धन हरिगयो ४६ घोड़ेको शुद्ध ह्वै मन प्रभुमनसहि प्रभुके मनोरथ में लय नाम मिलिकै लीन ह्वै गयो यथा सरिताप्रवाह सिंधु में मिलि एकरूप ह्वै गयो तहां घोड़ेको तन प्रभुके पायनमें लाग वचन मुखद्वारा लगाम प्रभुके हाथमें लीन मन प्रभुके मनोरथमें लीन ताते चलत समय वाजि घोड़ा अधिक छवि पावत अर्थात् जो भूषणादि तनमें छवि है सो गुणनते बढ़त जात अब प्रभुसहित घोड़े की उत्प्रेक्षा करत कि उडुगण जोहैं नक्षत्र अरु तड़ित जोहै बिजुली तिनकरिकै भूषित जो मेघ ताको देखि आनंद ह्वै जनु बरबरहि श्रेष्ठ मयूर नाचिरहा है इहां प्रभुअंगके भूषणमें जो नग हैं सोई उडुगण हैं पीताम्बर तड़ितहै श्यामतन प्रभुको घनहै इति उडुगण बिजुली करिकै घन भूषित केवल उपमानते अतिशयोक्तिरूपकते जनु बरबरहि यह उत्प्रेक्षा व्यंग्य हैं ४७ ॥

१४३ ज्यहि वरवाजि राम असवारा । त्यहि शारदहु न बरणै पारा ४८
शंकर राम रूप अनुरागे । नयनपंचदश अतिप्रिय लागे ४९
हरि हितसहित राम जब जोहे । रमासमेत रमापति मोहे ५०
निरखि रामछवि विधि हरषाने । आठै नयन जानि पछिताने ५१
सुरसेनप उर अधिक उछाहू । विधिते डेवढ़ विलोचनलाहू ५२
रामहिं चितव सुरेश सुजाना । गौतम शाप परमहित माना ५३
देव सकल सुरपतिहि सिहाहीं । आजु पुरंदरसम कोउ नाहीं ५४
मुदित देवगण रामहिं देखी । नृपसमाज दुहुँ हर्ष विशेखी ५५
छं० अतिहर्ष राजसमाज दुहुँ दिशि दुंदुभी बाजहिं घनी ॥
बर्षहिं सुमन सुर हर्षि कहि जय जयति जय रघुकुलमनी ५६
यहि भांति जानि बरात आवत बाजने बहु बाजहीं ॥

रानी सुवासिनि बोलि परिछनहेतु मंगल साजहीं ५७
दो० सजि आरती अनेक विधि, मंगल सकल सँवारि ॥
चली मुदित परिछन करन, गजगामिनि वर नारि ५८

१४३ ज्यहि श्रेष्ठ वाजी घोड़पर श्रीरघुनाथजी असवार हैं ताकी शोभा जो शारदहु वर्णन कीन चहै तौ कहिकै पार न पावै तहां प्राकृत कवि का कहि सकत केवल गिरा पावन करनहै ४८ श्रीरामरूप देखि शंकर अनुरागे श्याम तनकी माधुरीमें रंगिगये ताते पंद्रह नेत्र अत्यन्त प्रिय लागे पंचमुख दशनेत्र उचित रहैं पंच अधिक सो आजु प्रिय लाग ४९ श्रीरघुनाथजी को हित सहित सौहार्दतापूर्वक हरि जा समय जोहे प्रभुको नेत्रनभरि देखेते श्यामांग माधुरीते लक्ष्मीसमेत विष्णु मोहि गये ५० श्रीरघुनाथजी की छवि देखि ब्रह्मा आनंद तौ भये परंतु आठही नेत्र जानि पछिताने कि बहुत नेत्र होते तौ भल बनता ५१ विधि पछिताव देखि सुर सेनप षट्मुखके उरमें अधिक उछाह भई कि बारह नेत्र विधि ते डेउढ़ा लाभ तौ पावा ५२ सुरेश इंद्र सुजान रघुनाथजी को हजार नेत्रनते देखे तब गौतमका शाप परमहित माने कि शापहीते सहस्र नेत्र लाभ पावा ५३ सुरपतिके सहस्र नेत्र देखि देवता सब सिहात ललचात कि आजु पुरंदर इन्द्रकी समान कोऊ देवादि नहीं क्योंकि सहस्र नेत्रनको लाभ पावते हैं ५४ श्रीरघुनाथजी को देखिकै देवतनकी समाज मुदित आनंद विवश अवलोकते हैं नृप दशरथ जनककी इति दोऊ समाजनमें विशेषि अधिक हर्ष है ५५ बराती जेउनासी दोऊ समाज में अत्यंत हर्षहै दुंदुभी नगारादि घने बहुत बाजा बाजिरहे रघुकुल में शिरोमणि श्रीरघुनाथजी की जय होइ ऐसा कहि देवता हर्षवश फूल वर्षि रहेहैं ५६ याहि भांति ते बरात आवाति जानि क्योंकि बाजन बहुत बाजिरहे हैं तासमय सुवासिनी सौभागिनी युवतिनको बोलाइ रानी सुनयनाजी वर परिछनहेतु हेमथारनमें दीपाक्षत, रोचना, दल, फूल, फल, दधि, दूर्वादि मंगल आरती साजती हैं ५७ दोहार्थ॥ अनेक प्रकारके मंगलपदार्थ सकल दीपादि माणिक सँवारि हेमथारनमें अनेक प्रकारकी आरती सजि कुलरूप स्वभावादि सबभांतिते वर नाम श्रेष्ठ नारी गजसम मंदगतिते परिछनहेतु चलती भई ५८ ॥

१४४ विधुवदनी मृगशावकलोचनि। सबनिज छवि रति मान विमोचनि ५९
पहिरे बरण बरण बर चीरा। सकल बिभूषण सजे शरीरा ६०
सकल सुमंगल अंग बनाये। करहिं गान कलकंठ लजाये ६१

कंकण किंकिणि नूपुर बाजहिं। चाल विलोकि कामगज लाजहिं ६२
बाजहिं बाजन विविध प्रकारा। नभ अरु नगर सुमंगलचारा ६३
शची शारदा रमा भवानी। जे सुरतिय शुचि सहज सयानी ६४
कपट नारि वर वेष बनाई। मिलीं सकल रनिवासहि आई ६५
करहिं गान कल मंगलबानी। हर्षविवश सबकाहु न जानी ६६
छं० को जानि किहि आनंदवश सब ब्रह्मवर परिछन चलीं॥
कल गान मधुर निशान बरषहिं सुमन सुर शोभा भलीं ६७
आनंदकंद विलोकि दूलह सकल हिय हरषित भईं॥
अंभोज अंबक अंबु उमँगि सुअंग पुलकावलि छईं ६८
दो० जो सुख भा सिय मातु मन, देखि राम वर वेष॥
सो न सकहिं कहि कल्पशत, सहस शारदा शेष ६९

१४४ विधुवदनी पूर्णचंद्रसम मुख मृगबालसे बड़े सुहावने नेत्र कैसी शोभायमान जो आपनी छविते रति मान मोचन विशेष मान छुड़ावनेहारी हैं अर्थात् मुग्धा हैं रति प्रौढ़ा हैं इति लज्जाते मानभंग ५९ पीत, अरुण, श्याम, हरित, ऊदी, गुलाबी, आबी, जरतारी, कामदारादि वर्ण रंगके चीर पहिरे अंगरंग अनुकूल तथा हंसक नूपुर जेहरि रसना मुद्रिका कंकण वलय बाजू जोसन विजायट विविध माला बेसरि ताटंक पट्टिका बंदी बेंदा शीशफूलादि सकल विशेष भूषण प्रत्यंग शरीरमें सजे चली ६० यावक, मेंहदी, अरगजा, सिंदूर, रोरी, कज्जलादि सकल सुंदर मंगल अंग बनाये गान ब्याह गीत मधुर स्वरते गावत जो सुनि कलकोकिला को कंठ लजावनहारा ६१ करमें कंकण एक एकनमें लागेते रसनादि में किंकिणी पांयन में नूपुर बाजि रहे हैं मंद चाल ऐसी चलत जाको देखि कामरूप हाथी लजात ६२ दुंदुभी, उपंग, मृदंग, ढोल, झांझ, तासा, रबाब, सारंगी आदि अनेक बाजन बाजि रहे देवनकरि नभ आकाश में अरु जनकनगर में सुंदर मंगलाचार ह्वै रहा है ६३ इन्द्रपत्नी शची, ब्रह्मपत्नी शारदा, विष्णुपत्नी रमा, शिवपत्नी भवानी, वरुण कुबेरादि अपर सुरतिया जे शुचि पावन सहज सुभाय सयानी चतुर हैं ६४ रमा आदि सब कपटते प्राकृतनारिन को सुंदर उत्तम वेष बनाइ आइ सकल सुरपत्नी रनिवास में मिलिगईं तन भूषण वसनादि तुल्य बनाये ६५ ते सब मंगलीक बानीते ब्याह गीत गान करती हैं कल सुंदर स्वरते सब समाज हर्षविवश देहसुधि भूली है ताते कोऊ

पुरनारी काहू देवपत्निन को न जाने कि ये को हैं ६६ कोऊ काहूको कैसे जाने सब समाजभरि आनंद के वश है काहेते जे ब्रह्मादिकनको दुर्लभ परब्रह्म सोई दूलहरूप प्राप्त पाये इति ब्रह्मवर परिछनहेतु चलीं ताते देहकी सुधि काहूको नहीं फल सुंदर युवतिन को गान मधुर स्वर बाजन को शब्द देवता फूल बरषत इत्यादि भलीभांति की शोभा है ६७ आनंदरूप जल वर्षबे को कंद नाम मेघइति आनंदकंद दूलहवेष श्रीरघुनाथजी को देखिकै सकल युवती हृदयते हरषित होती भईं अंभोज कमल अंबक नैन अंबुजल युवतिन के कमलसम नेत्रन में अश्रु जल उमगि बहि चला रोमांचादि पुलकावली अंगमें छाइ गई ६८ दोहार्थ ॥ बहुत दिन की प्यासी जब दूलह वेष श्रीरघुनाथजी को देखि श्रीजानकीजी की माता सुनयनाजी के मनमें जैसा सुख भयो ताको सौकल्पतक हजारन शेष शारदा कहा चहैं तौ नहीं कहि सकत ताको और कोऊ कैसे कहै ६९ ॥

१४५ नयननीर हठिमंगल जानी। परिछन करहिं मुदितमन रानी ७०
वेदविहित अरु कुल आचारू। कीन भलीविधि सब व्यवहारू ७१
पंचशब्द धुनि मंगल गाना। पट पांवड़े परहिं विधि नाना ७२
करि आरती अर्घ तिन दीन्हा। राम गवन मंडप तब कीन्हा ७३
दशरथ सहित समाज विराजे। विभव विलोकि लोकपति लाजे ७४
समय समय सुर बरषहिं फूला। शांति पढ़हिं महिसुर अनुकूला ७५
नभ अरु नगर कुलाहल होई। आपन पर कछु सुनै न कोई ७६
यहि विधि राम मण्डपहि आये। अर्घ देय आसन बैठाये ७७

छं० बैठारि आसन आरती करि निरखि वर सुख पावहीं ॥
मणि वसन भूषण भूरि वारहिं नारि मङ्गल गावहीं ७८
ब्रह्मादि सुर वर विप्रवेष बनाइ कौतुक देखहीं ॥
अवलोकि रविकुलकमल रवि छवि सुफल जीवन लेखहीं ७९

दो० नाऊ बारी भाट नट, राम निछावरि पाइ ॥
मुदित अशीशहिं नाइ शिर, हर्ष न हृदय समाइ ८०

१४५ कन्या अनुकूल दूलह देखि जो प्रेम उमँगि अश्रु भरिआये सो मंगल समय जानि हठिकरि नयन नीर रोकि आनंद मनते रानी सुनयना जी वर परछानि करती हैं ७० विहित वर्तमान जो प्रसिद्ध वेदरीति यथा द्वार पर चौकादै चौकपूरि कलश दीपादि स्वस्त्ययन गौरि गणेशादि पूजन

भूमिपूजा वरण दक्षिणा पुनः कुलको आचार जो कुलमें रीति चलिआई यथा कुलदेव पित्रादि पूजन मान्य याचकन को नेगदानादि इत्यादि सब व्यवहार भली विधि सदाते अधिक कीन ७१ ढोल, तासा, झांझ, नरसिंहा, नगारा इति पँचवां मृदंग, रवाब, वीणा, तँबूरा, मंजीरा इति पँचवां बंदी, मागध, सूत, ब्राह्मण, वारमुख्या इति पंचशब्द पुरनारिनको मंगलगान होत नाना अनेक भांतिके विचित्र पट पांवड़े आगे बिछावने परत जात ७२ आरती करिकै पुनः अर्घजल तिन रानिन दीन्हे तब श्रीरघुनाथजी मंडप मांड़वतर को गवन कीन्हे ७३ समाज, मंत्री, मित्र, ब्राह्मण, सेवक, सुभट, पुत्र इत्यादिसहित दशरथ महाराज मांड़वतर विराजमान हैं ता समयको विभव ऐश्वर्य देखि लोकपति इंद्रादि लजात अर्थात् ऐसा विभव हमारे नहीं है ७४ समय समयपर यथा परछन समय, बैठत समय, आरती आदि पूजन समय इत्यादि समय अनुकूल ब्राह्मण शांति पढ़ते हैं तबतब देवता फूल वर्षाते हैं ७५ गान बाजा वेदध्वनि जय जयकारादि बहुत स्पष्ट शब्द एकमें मिले जो बड़ा शब्द इति आकाश अरु नगरमें कोलाहल शब्द ह्वै रहा ताते आपन परार कहा कोऊ सुनत नहीं ७६ यहि विधिते श्रीरघुनाथजी मंडपहि मँड़येतर आये तब सुंदर सुगंधित जल अर्घ दे दिव्य सिंहासन पर प्रभुको बैठाये ७७ आसनपर प्रभुको बैठारि षोड़शोपचार पूजनपूर्वक आरती करि वर दूलहवेष प्रभुको देखि सब परमसुख पावत ताते मणि मुक्ता हीरादि वसन दुशाला जामादि भूषण माला कंकणादि इत्यादि भूरि कहे बहुत वारत निवछावरि करत अरु नारी मंगलीक गीत गान करत ७८ इंद्र, वरुण, कुबेर, धर्मराज, अग्नि, सूर्य, चन्द्र, शिव, ब्रह्माआदि सुरवर श्रेष्ठ देवता ते सब ब्राह्मणवेष बनाइ ब्याहकौतुक देखत रविकुलकमलके प्रकाशक सूर्य जो श्रीरघुनाथजी तिनकी छवि द्युति लावण्यता, स्वरूप, सुंदरता, रमणीकता, माधुरी, कांति, मृदु, सुकुमारतादि देखि देवता आपनो जीवन जन्म सुफल करि माने ७९ दोहार्थ ॥ वर मांड़वतर आवनेको नेग श्रीराम निवछावरि नाऊ, बारी, भाट, नट नाचनेवाले मनभावत पाइ उरमें आनंद नहीं समात ताते मुदित शीशनाय आशीर्वाद देत ८० ॥

१४६ मिलेजनकदशरथअतिप्रीती। करिवैदिकलौकिकसबरीती ८१
मिलत महा द्वउ राज विराजे। उपमा खोजि खोजि कवि लाजे ८२
लही न कतहुँ हारि हियमानी। इनसम ये उपमा अनुमानी ८३
समधी देखि देव अनुरागे। सुमन वर्षि यश गावन लागे ८४

जग बिरञ्चि उपजावा जबते। देखे सुने ब्याह बहु तबते ८५
सकलभांति सब साज समाजू। समसमधी देखे हम आजू ८६
देवगिरा सुनि सुन्दरि सांची। प्रीतिअलौकिकदुहुँदिशिमाची ८७
देत पांवड़े अर्घ सुहाये। सादर जनक मण्डपहि लाये ८८
छं० मण्डप विलोकि विचित्र रचना रुचिरता मुनि मन हरे॥
निजपाणि जनक सुजान सबकहँ आनि सिंहासन धरे ८९
कुलइष्ट सरिस वशिष्ठ पूजे विनय करि आशिष लही॥
कौशिकहि पूजत परमप्रीति कि रीति तौ न परै कही ९०
दो० वामदेव आदिक ऋषय, पूजे मुदित महीश॥
दिये दिव्य आसन सबहि, सबसन लही अशीश ९१

१४६ श्रीजनकजी श्रीदशरथ महाराज वेद लोकरीति करि पुनः अत्यंत प्रीति सहित मिले वैदिक यथा गौरि, गणेश, भूमि पूजाकरि वरण दक्षिणादै लौकिक यथा उरमें दधि पान लगाय प्रजनको निवछावरिदै तहां जनकजी को प्रणाम उचित है तहौं दशरथ महाराज अत्यंत प्रीतिते बराबरि मानि मिले यद्यपि जनक इहांके बाबू पुनः कन्यापक्ष दशरथ चक्रवर्ती पुनः वर पक्ष तथा वंश एकहै तहां जनकजी ऊंची शाख हैं पुनः परमहंस ताते बराबरि माने ८१ मिलनिसमय दोऊ महाराज सांग शोभामें कैसे विराजे जिनकी उपमा देबेहेतु बाल्मीक्यादि कवि सर्वत्र खोजि ढूंढ़िरहे जब न पाये तब लजाइकै चुप भये ८२ जहां अवध मिथिला ऐसो धाम कौशल्या सुनयना ऐसी समधिनी श्रीराम जानकी ऐसे वर कन्या जनक दशरथसे समधी इनकी समताको बहुत ढूंढ़े कहौं न लही न पाये तब हृदयमें हारि मानि यही उपमा अनुमान कीन्हे कि इनकी समान येही हैं ८३ दोऊ समधिनको देखि देवता अनुरागके वश भये फूल वर्षि महाराजनको यश गान करने लगे ८४ क्या देवता कहत कि जगमें हमको जब ते ब्रह्माने उपजावा जन्म भया तबते बहुत ब्याह देखे बहुत सुने पूर्ण साज न पाये ८५ घर वर कन्या बराती जउनासी विभव साजसहित दोऊ समाज तुल्य समकुल बराबरिके समधी आजुही हमने देखे ८६ बहुत ब्याह देखे इति सुंदर सम समधी आजुही देखे इति सांची देववाणी सुनि सबके नेह उद्दीपन भयो ताते लोकोत्तर अलौकिक प्रीति दोऊ दिशिते मची प्रीति व्यापार अधिक होने लगे ८७ अर्घ सुगंधित जल आगे छांड़त पांवड़े देत सुंदर वसन आगे बिछावत जनकजी आदर

सहित महाराज दशरथजीको मांड़वतरको लिवाय लाये ८८ समाजसहित महाराज मंडपको विलोके देखे जामें सब रचना विचित्र किसीकी समुभमें नहीं आवत कि कौन वस्तु किसतरह से बनी है जाकी रुचिरता सुंदरता मुनिनके मनको हरेलेत जे विरागी होत औरनकी को कहै तहां जनक महाराज तौ सुजान परम चतुर हैं प्रीतिकी पूर्णताहेतु निजपाणि अपने हाथनते आनि सबको बैठनेहेतु सिंहासन धरे तिनपर सबको बैठारे ८९ दशरथ महाराज के गुरुहैं ऐसा जानि अपने कुलके इष्टदेव सरिस समान मानि वशिष्ठजीको षोड़शोपचार विधि पूजे पुनः अपराध निवारणार्थ बिनती करे तिनसों प्रसन्नतापूर्वक आशीर्वाद पाये अरु दोऊ दिशिके पूज्य उत्सव के कारण जानि कौशिक विश्वामित्रजीको जा भांति पूजे सो प्रीति की रीति तौ कहतै नहीं बनत कि इस भावते पूजे ९० दोहार्थ ॥ वामदेव आदिक जे ऋषि बरातमें रहे तिनको मुदितमनते महीश जनकजी पूजे सबको दिव्य आसन बैठनेको दिये सबसों आशीर्वाद पाये ९१ ॥

१४७ बहुरि कीन्ह कोशलपति पूजा। जानि ईशसम भाव न दूजा ९२
जोरि पाणि करि विनय बड़ाई। कहि निजभाग्यविभव बहुताई ९३
पूजे भूपति सकल बराती। समधीसम सादर सबभांती ९४
आसन उचित दीन्ह सबकाहू। कहौं कहा मुख एक उछाहू ९५
सकल बरात जनक सनमानी। दान मान बिनती बरबानी ९६
विधि हरि हर दिशिपति दिनराऊ। जे जानहिं रघुबीर प्रभाऊ ९७
कपट विप्रवर वेष बनाये। कौतुक देखहिं अति सचुपाये ९८
पूजे जनक देव सम जाने। दिये सुआसन बिन पहिंचाने ९९
छं० पहिंचान को क्यहि जान सबहिं अपान सुधि भोरी भई॥
आनन्दकन्द विलोकि दूलह उभय दिशि आनँदमई १००
सुर लखे राम सुजान पूजे मानसिक आसन दये॥
अवलोकि शील सुभाव प्रभुको विबुधमन प्रमुदित भये १
दो० रामचन्द्र मुखचन्द्र छवि, लोचन चारु चकोर॥
करत पान सादर सकल, प्रेम प्रमोद न थोर २

१४७ बहुरि कोशलपति श्रीदशरथ महाराजको षोड़शोपचार पूजा कीन कौन भावते ईश जो शिवजी तिनको जाभांति सदा पूजतरहे ताही

भावते शिवके तुल्य जानि दशरथ महाराजको पूजे यथा शिवके उरमें तथा
श्रीरामरूप इनके बाहरौ भीतर ताते महाराज वा समधी आदि दूसरा भाव
नहीं ९२ पुनः जनकजी हाथ जोरिकै विनय नम्रतापूर्वक स्तुति वचन कहि
दशरथ महाराज की बड़ाई करे पुनः अपनी भाग्यके विभवकी बहुताई
अर्थात् मेरी बड़ी भाग्य है जो यह विभव आपलोगोंको आगम मेरे धामको
भया ९३ पुनः जनकजी सब बरातिनको समधीसम जानि सब भांति
आदर सहित जो जैसा रहै ताको तैसेही पूजे ९४ पुनः यथा जाको उचित रहै
ताको तैसाही इति सबको आसन दीने कविकी उक्ति तासमयमें उछाह बड़ा
ताको एक मुखते कहांतक कहौं ९५ जब सब न कहिसकत तब समष्टि
कहत कि याचकन को दान करि श्रेष्ठजननको मान करि ऋषिनको बिनती
करि सचिवादिकनको श्रेष्ठ वाणी करि इत्यादि जनकजी सब बरात को
सनमान कीन्हे ९६ ब्रह्मा, विष्णु, शिव पुनः दिशिपति यथा ॥ इन्द्रो वह्निः
पितृपतिर्नैर्ऋतो वरुणो मरुत् । कुबेर ईशः पतयः पूर्वादीनां दिशां क्रमात्
इत्यमरः ॥ इत्यादि दिक्पाल दिनराऊ सूर्य चन्द्रादि अपर जे देवता श्री-
रघुनाथजीको प्रभाव जानते हैं कि परब्रह्म अवतीर्ण भये ९७ ते सब देवता
तन विभवरहित कपट करि श्रेष्ठ ब्राह्मणवेष बनाइ अत्यन्त सचु आनन्द पाये
विवाहको कौतुक देखते हैं ९८ तिन विप्ररूप देवनको विना पहिंचाने जनकजी
सुंदर आसन दै बैठाये पुनः सबको पूजे षोड़शोपचार पूजा कीन्ही ९९ पहिंचानै
को किसको कौनको को जानै अपनीही सुधि सबको भोरी अपनी देहैकी
सुधि सबको भूलि गई तौ दूसरेको कौन पहिंचाने काहेते आनंदरूप जल
वर्षिबेको कंदनाममेघ इति आनंदकंद दूलहरूप श्रीरघुनाथजीको देखि उभय
दोऊदिशि आनंदमयी बराती जेउनासिन में आनंद छाइ रहो है १००
श्रीरघुनाथजी सुजान जब कपटरूप देवतन को देखे तब मानसिक आसन
दै मनैते उनको पूजे कि हमारे ब्याहसमय आये इनका सम्मान चाहिये
प्रभुको शीलमय स्वभाव अर्थात् अपनाते नीचौ आवै ताहूको बड़ाई देवै इति
अवलोकि देखि विबुध जे देवता ते सब मनमें प्रमुदित महाआनंदित भये १
दोहार्थ ॥ श्रीरघुनाथजीके मुखचन्द्र की जो छवि है ताके हित सबके लोचन
नेत्र चारु सुन्दर चकोर ह्वै आदरसहित छविको पान करत पलारहित निरखत
प्रेमको प्रमोद थोरा नहीं महाआनन्द है २ ॥

१४८ समय विलोकि वशिष्ठ बुलाये। सादर शतानन्द सुनि आये ३
बेगि कुँवरि अब आनहु जाई। चले मुदित मन आयसु पाई ४

रानी सुनि उपरोहित बानी। प्रमुदित सखिन समेत सयानी ५
विप्रवधू कुलवृद्ध बुलाई। करि कुलरीति सुमङ्गल गाई ६
नारिवेष जे सुरवर वामा। सकल सुभाय सुन्दरी श्यामा ७
तिनहिं देखि सुख पावहिं नारी। बिनु पहिंचान प्राणते प्यारी ८
बारबार सनमानहिं रानी। उमा रमा शारदसम जानी ९
सिय सँवारि सब साज बनाई। मुदित मण्डपहिं चलीं लिवाई १०
छं० चलि ल्याय सीतहि सखी सादर साजि सुमङ्गल भामिनी ॥
नवसप्त साजे सुन्दरी सब मत्त कुञ्जरगामिनी ११
कलगान सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं कामकोकिल लाजहीं ॥
मंजीर नूपुर कलित कङ्कण तालगति वर बाजहीं १२
दो० सोहति वनितावृन्द महँ, सहज सुहावनि सीय ॥
छवि ललनागणमध्य जनु, सुषमा तिय कमनीय १३

१४८ समय विलोकि लग्न वेला देखि पुरोहितको वशिष्ठजी बोलाये सो सुनि आदर सहित शतानन्दजी आये ३ शतानन्दते वशिष्ठजी कहे कि बेगि इसी साइति कुँवरिको जाइ आनहु लिवाइ लैआवहु इति आयसु आज्ञा पाय मुदित आनंदमनते शतानंद रानीजीके समीपको चले ४ शतानन्द रनवासमें जाय कहे कि कन्याको मड़येतरको पठाओ इति उपरोहित की बानी सुनि सयानी जो रानी है सो सखिनसहित प्रमुदित परम आनन्दित भई ५ विप्रनकी वधू उत्तम ब्राह्मणी अरु कुलकी स्त्रियां वृद्ध अवस्था वालीं जे कुलरीतिकी जाननेवालीं तिनको बोलाइ उनसों पूछि कुलकी रीति मंगलगानपूर्वक सब करती भईं यथा कुलदेव पूजि तेल चढ़ाय खार छड़ावनादि ६ सुरवर वामा जे श्रेष्ठ देवतनकी उत्तम वामा वामाङ्गी प्राकृत नारिनको वेष बनाये हैं कैसी श्यामा षोड़शवर्ष की अवस्था पुनः सहज सुभाय रूप करिकै सकल सुन्दरी हैं कुछ भूषण आदिकरि नहीं ७ ब्राह्मणी रूप जो देवपत्नी हैं तिनहिं देखिकै सुनयनादि नारी सुख पावती हैं विना पहिचान चीन्हती नहीं परन्तु प्रीति कैसी किये कि प्राणनतें अधिकप्यारी लागत ८ अत्यन्त प्रीतिवश रानी सुनयनाजी बारम्बार उनको मधुर वचन जल पानादि सम्मान करती हैं अरु पार्वती, लक्ष्मी, शारदाके समान जानि सबको ऊँचेपद दीन्हे हैं ९ सीय सँवारि यथा कपूर, केशरि, अगर, चंदन, चिरौंजी बांटि सुगंध तेल मिलाय उबटन करि अतर लगाय सुगंधित जल

सो स्नान कराइ ब्याहवसन पहिराइ पगमें विचित्र यावक लगाय पद भूषण सजे मांग गुहि सिंदूर मोतीलरें तापर अर्धचन्द्र किरीट अर्थात् मौरी सजि, कर्णभूषण, बंदी, बेंदा, कज्जल, बेसरि, विविधमाल, भुज भूषण, नवीन चूरी, कंकणादि मुद्रिका, आरसी, रसना, अंगराग, पुष्पहारादि जानकीजीको सँवारि पुनः सब साज बनाइ सखिन बसन भूषण पहिरि सेवा उपकरण लै आगे बीचमें किशोरीजी को करि तीनि दिशि सब सखी मुदित मन जानकीजी को लिवाइ मंडपको चलती भईं इहां रस युद्ध समय है अर्थात् सहित देवसमाज प्रभु आसीन हैं तहां सब शक्तिनसहित किशोरी जी आवती हैं देखिये किसकी पराजय होइ १० किशोरीजीके हाथमें सिंधौरा धराये दधि दूर्वाक्षत रोचन फलादि सखी लिहे अर्घ पांवड़े देत इति सुमंगलसाज सजि भामिनी देवपत्नी अरु किशोरीजीकी सखी ते सब आदरसहित जानकीजी को लिवाय लैकै चलती भईं कैसी हैं नवसत सोरहौ शृङ्गार साजे सब सहजतन ते सुंदरी मत्तगजगतिते मन्द चाल चलीं ११ मंगलीक ब्याहके गीत ऐसे मधुर स्वरते गावत कि कामरूप कोकिला लजात ऐसा कल नाम सुंदर गान है जाको सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं जिनको अगुण ब्रह्ममें ध्यान लगा रहै सो छूटि सगुण लीलाके प्रेमप्रवाहमें परे इति किशोरी जीको आगमन सुनतही मुनिरूप प्रभु के प्रजा प्रथमही किशोरीके हाजिर भये मंजीर बिछुवा नूपुर घुँघुरू कलित सुंदर रचित जो कंकण है ते गानकी ताल गतिपर वर कहे श्रेष्ठ शब्दते बाजिरहे जनु विजय हेतु नगारा देत आवत १२ दोहार्थ ॥ वनितावृन्द युवतिनके झुंडमें सहज सुहावनि विना भूषणौ जे परम सुंदरी किशोरीजी कैसी सोहत छवि यथा द्युति लावण्य स्वरूप सुंदरता रमणीकता कांति माधुरी मृदुता सुकुमारतादि जो छविके अंगहैं तेई मूर्तिमान् ललना उत्तम युवतीगण हैं ताके मध्यमें सुषमा जो सम्पूर्ण अङ्गशोभा है सोई कमनीय नाम अत्यन्त सुन्दर तीयरूप धारण किहे विराजमान है अर्थात् और सब शोभाके अंगहैं किशोरीजी अङ्गी हैं १३ ॥

१४९ सियसुन्दरता बरणि न जाई । लघुमति बहुत मनोहरताई १४
आवत दीख बरातिन सीता । रूपराशि अति परम पुनीता १५
सबहि मनहिं मन कीन्ह प्रणामा । देखि राम भे पूरणकामा १६
हर्षे दशरथ सुतन समेता । कहि न जाइ उर आनँद जेता १७
सुर प्रणाम करि बर्षहिं फूला । मुनि अशीष धुनि मङ्गलमूला १८
गान निशान कुलाहल भारी । प्रेम प्रमोद नगर नर नारी १९

यहि विधि सीय मण्डपाहिं आई । प्रमुदितशान्तिपढ़हिं मुनिराई २०
त्यहि अवसरकर विधि व्यवहारू । दुहुँकुलगुरु सबकीन्ह अचारू २१
छं० आचार करि गुरु गौरि गणपति मुदित विप्र पुजावहीं ॥
सुर प्रकट पूजा लेहिं देहिं अशीश अतिसुख पावहीं २२
मधुपर्क मङ्गल द्रव्य जो ज्यहि समय मुनि मनमहँ चहैं ॥
भरे कनक कोपर कलश सो सब लिये परिचारक रहैं २३
कुलरीति प्रीति समेत रवि कहि देत सब सादर किये ॥
यहि भांति देव पुजाय सीतहि सुभग सिंहासन दिये २४
सिय राम अवलोकनि परस्पर प्रेम काहु न लखि परै ॥
मन बुद्धि वर वाणी अगोचर प्रकट कवि कैसे करै २५
दो० होमसमय तनुधरि अनल, अतिसुख आहुति लेहिं ॥
विप्रवेष धरि वेद सब, कहि विवाहविधि देहिं २६

१४९ जो सर्वांग सुठौर बने होइँ ताको सुन्दरता कही सो किशोरीजी की सुन्दरता जाभांति सर्वांग सुदेश बने तस वर्णन नहीं करिजात उपमा नहीं बनत काहेते मति तौ लघु थोरी मनोहरताई बहुत कैसे बनै १४ यथा लोहको चुंबक तथा दृष्टिको खैंचिलेवै सो रूपहै इति रूपकी राशि ढेरी पुनः अत्यन्त करि परमपुनीत शुद्ध पावन मन ऐसी श्रीजानकीजी को आवत जब बरातिन देखा १५ बरातिन रूप देखि जगज्जननी मानि दृष्टि पुनीतता अर्थ सबहिन मनहीं मन प्रणाम कीन्ह श्रीरघुनाथजी पूर्णकाम भये किशोरी जी की प्रातिते सब कामना पूरि माने इति बरात सहित प्रभु परास्त भये १६ सब भांति उत्तम देखि भरतादि पुत्रन सहित दशरथ महाराज हर्षे जैसा आनन्द उरमें भया सो कहा नहीं जात १७ देवता सब जानकीजी को प्रणाम करि फूल बर्षे मंगल की मूल स्वास्तिवाक्य पढ़ि मुनिन की अशीष धुनि भई १८ त्रिन को मंगलगान निशान बाजन को शब्द वेदवाक्यादि अनेकन शब्द मिलि भारी कोलाहल भयो नगर के नर नारिन में प्रेम प्रमोद महाआनन्द है १९ यहि विधिते जानकीजी मँड़वतर को आईं ता समय मुनिराय वशिष्ठ शतानन्द आदि प्रमुदित महाआनन्दते शान्ति पढ़िरहे हैं यथा द्यौःशान्तिरित्यादि २० तेहि अवसरकर विधि व्यवहार विधि पूर्वक जो कर्तव्यता यथा जनकजी को आचमन कराय कुशमुद्रिका दै वेदी पर बैठारे इत्यादि दुहूं कुलके गुरु वशिष्ठ शतानन्द सब आचार वेदरीति

करावते भये २१ दुहुँ कुलगुरु आचार करि पुनः विप्र मुदित मनते गौरि गणेशादि की पूजा करावते भये पुनः सुर गणेशादि देवता मूर्तिमान् प्रकट सबके देखत पूजा लेते हैं पुनः अत्यन्त सुख पाय अहोभाग्य मानि वचन पावनहेतु आशीर्वाद देते हैं २२ स्वस्त्ययन, भूमिपूजा, विष्टर, अर्घ, पाद्य, मधुपर्क, खरीआदि समग्र विधान करत समय में मधुपर्क अर्थात् दधि, मधु, घृत मिश्रित कांस्यपात्र में धरि वर कन्याको खवावत इति मधुपर्क पुनः मंगल द्रव्य यथा दधि, दूब, रोचन, अक्षत, घृत, पल्लव, फल, फूल, पान, पूगफल, धूप, दीप, जल, सिंदूर, मणि, मुक्ता, स्वर्णमुद्रा, शर्करा, व्यंजनादि जिन पदार्थों की जेहि समय विशेष मुनि वशिष्ठ शतानन्द मनमें चाह करत वे सब पदार्थ कनककोपर सोनेके कटोरन में अरु कलशन में भरे सब परिचारक सेवक लिहे ठाढ़ जो मुनि चाहत सो शीघ्रही दैदेत २३ तहां वेदकी रीति तौ ब्रह्माजी बतावते हैं अरु दोऊ कुलके आदि पुरिखा सूर्य हैं ताते निजकुलकी रीति यावत् है ताको प्रीति समेत रवि सूर्य काहिदेत सोई सब रीति आदरसहित करते हैं याहिभांति गणेशादि देवतन को पुजाय तब श्रीजानकीजी को सुभग सुन्दर सिंहासन दिये सिंहासन पर बैठारे २४ परस्पर श्रीराम जानकीजी की अवलोकनि अर्थात् दोऊ सनेहवश परस्पर यकटक निहारि रहेहैं इति आलम्बन विभाव में जो प्रेम की संक्रान्तदशा है यथा ॥ तृतिय भेद संक्रान्त जो, तन मन मिल न समाय। द्विरागमन इव लोकमें, दंपति प्रथम मिलाय ॥ इति प्रेम काहूको लखि देखि नहीं परत काहेते मन, बुद्धि, श्रेष्ठ वाणी करिकै अगोचर अर्थात् मन, चित्त, बुद्धि, अहंकार इति चारि अन्तःकरण हैं ॥ यथा जिज्ञासापञ्चके ॥ योगो विरागः स्मरणं ज्ञानं विज्ञानमेव च । उच्चाटनं तथा ज्ञेयं चित्तस्यांशानि षड् यथा ॥ जपो यज्ञस्तपस्त्याग आचारोऽध्ययनं तथा। बुद्धेश्चैवं षडङ्गानि ज्ञातव्यानि मुमुक्षुभिः ॥ कर्माकर्मविकर्मादावनियमेन वर्तते। संकल्पश्च विकल्पश्च मनसो बहुशो यथा॥ मानः क्रोधश्च ईर्ष्या च पारुष्यमुपहिंसनम्। दृढवैराद्यहङ्कारो वर्तन्ते लक्षणानि षट्॥ इत्यादि अंतःकरण विचार में जो वार्ता आवत सोई वाणी प्रकट करत तहां अहंकार की लय मनमें, चित्तकी लय बुद्धि में याते कहत कि मन अरु बुद्धि अरु श्रेष्ठ परावाणी करिकै अगोचर तहां गोचर कही विषय इंद्रिनको अर्थ यथा ॥ गोचरा इन्द्रियार्थाश्च इत्यमरः ॥ सो मन, बुद्धि, वाणीकी विषयते परे श्री राम जानकी को प्रेम ताको कोऊ कवि कैसे प्रकट करै २५ दोहार्थ ॥ भू पंचसंस्कार अग्निस्थापि चौरासी आहुती कराते भये इति होमसमय

अग्नि तनु धरि सबके देखत अत्यन्त हर्षसहित आहुती लेत पुनः ऋग्,यजुः, साम, अथर्वणादि वेद ब्राह्मणन को वेष धरे ठाढ़े हैं ते विवाह की यावत् विधि हैं सो सब कहि देते हैं याहेतु कि इसी ब्याहकी मर्यादा लोक में प्रसिद्ध रहैगी ताते कुछ विधि रहि न जाइ २६ ॥

१५० जनक पाट महिषी जगजानी। सीयमातु किमि जाइ बखानी २७
सुयश सुकृत सुख सुन्दरताई। सब समेटि विधि रची बनाई २८
समय जानि मुनिवरन बुलाई। सुनत सुवासिनि सादर ल्याई २९
जनकवामदिशि सोह सुनयना। हिमगिरि संग बनी जनु मयना ३०
कनककलश मणि कोपर रूरे। शुचि सुगन्ध मङ्गल जलपूरे ३१
निजकर मुदित राउ अरु रानी। धरे रामके आगे आनी ३२
पढ़हिं वेद मुनि मंगलबानी। गगन सुमन झरि अवसरजानी ३३
वर विलोकि दम्पति अनुरागे। पांय पुनीत पखारन लागे ३४
छं० लागे पखारन पांय पंकज प्रेम तनु पुलकावली ॥
नभ नगर गान निशान जयधुनि उमँगि जनु चहुँदिशि चली ३५
जे पदसरोज मनोज अरि उरसर सदैव विराजहीं ॥
जे सकृत सुमिरत विमलता मन सकल कलिमल भाजहीं ३६
जे परसि मुनि वनिता लही गति रही जो पातकमई ॥
मकरन्द जिनको शंभु शिर शुचिता अवधि सुर बरनई ३७
करि मधुपमन योगीश जन जिहि सेइ अभिमत गति लहैं ॥
ते पद पखारत भाग्यभाजन जनक जय जय सब कहैं ३८
वर कुँवरि करतल जोरि शाखोच्चार दौ कुलगुरु करैं ॥
भयो पाणिग्रहण विलोकि विधि सुर मनुज मुनि आनँद भरैं ३९
सुखमूल दूलह देखि दम्पति पुलकि तनु हुलस्यो हियो ॥
करि लोक वेद विधान कन्यादान नृपभूषण कियो ४०
हिमवन्त जिमि गिरिजा महेशहि हरिहि श्री सागरदई ॥
तिमि जनक सिय रामहिं समर्पी विश्वकल कीरति नई ४१
क्यों करैं विनय विदेह किये विदेह मूरति सावँरी ॥
करि होम विधिवत गांठि जोरी होनलागीं भावँरी ४२

दो॰ जयधुनि वन्दी वेद धुनि, मङ्गलगान निशान॥
सुनि हरषहिं बरषहिं विबुध, सुरतरु सुमन सुजान ४३

१५० शीलभरे सुन्दर नेत्र हैं जिनके इति सुनयना नामही गुणखानि है जब जनक ऐसे धर्मधुरीण सुकृती महाराजकी पाटमहिषी पटबन्धनी मुख्य रानी भईं तब सब जगत् भलीप्रकारते जाना अर्थात् पतिव्रता महारानी है प्रसिद्ध भईं पुनः जब श्रीजानकीजी की माता भईं तब कैसे बखानी जायँ किसकी उपमा दीजिये २७ कैसी हैं सीयमातु कि सुयश अरु सुकृत अरु सुन्दरताई अरु सुख इत्यादि समग्र बटोरि ब्रह्माजीने रचिकै मन लगाइकै सुनयनाजीको बनाया तहां जो अपने बलकरि परहित करै तेहिते जो प्रशंसा ताको सुयश कही सो किशोरीजीको पालि पोषि सो उदार रघुवंशशिरोमणि ऐसेको याचक बनाय दानदै पूर्णकाम करी ऐसा सुयश और को कहां प्राप्त है पुनः धर्मपथ सत्कर्मरीति परिश्रम करना सुकृत है सो जिनकी ऐसी सुकृती हैं कि श्रीजानकीजी जिनकी पुत्री रघुनाथजी जामातृ तौ ऐसी सुकृत और किसने करी पुनः भोजन वसन भूषण शय्या पान सुगन्ध पति पत्नी पुत्रादि उत्तम प्राप्त ताको सुख कही तहां मिथिलासी राज्य जनकसे पति लक्ष्मीविधि से पुत्र सिद्धिकुँवरिसी पतोहू श्रीजानकी जी सी पुत्री रघुवंशनाथ से जामातृ भूषण भोजनादि समग्र परिपूर्ण ऐसा सुख किसको है पुनः सुन्दरता यथा॥ द्युति लावण्य स्वरूप स्वइ, सुन्दरता रमनीय। कान्ति मधुर मृदुता बहुरि, सुकुमारता गनीय॥ इत्यादि सर्वांग सुठौर बने सो जिनके नामहीते प्रसिद्ध ताते सुयश सुकृत सुख सुन्दरता ताहीकी मूर्ति सुनयनाजी हैं २८ कन्यादान को समय जानि वशिष्ठ शतानन्दादि मुनिवरन बुलाये आज्ञा दिये परिचारिकनते कि महारानीजी को लिवाइ लावो सो सुनतही सुवासिनि सौभागिनी युवती सहित आदर लिवाय लाईं वेदी के निकट सुन्दर आसनपर वैठावती भईं २९ कन्यादान समय माँड़व तर कैसी सुनयनाजी सोहत जिनकी वामदिशि जनकजी हैं यथा गिरिजा ब्याह समय हिमाचल गिरिके संगमें मैनाजी बनी हैं इहां कई चौपाईते मैनाजी को वर्णन है ताते प्रधान मैनाजी सोहती कहैं ताते अङ्गी हैं अरु जनकजी अङ्ग हैं सो इनकी वामदिशि हैं अर्थात् भारकश वृषभ दाहिने नहा जात सो यह धर्मकी वेला है तहां सुनयना ऐसी धर्मधुरीण हैं कि जनक ऐसे धर्मात्मा तेऊ वामदिशि लगाये गये अथवा अबहीं बैठक मात्र है ताते जनकजी की वामदिशि सोहत अब कन्यादान समय दक्षिण

दिशि ह्वैजाइँगी ३० कनक सोनेके कलशा थारा कोपर कटोरादि रूरे सुन्दर मणिजटित तहां कलशन में केवड़ा गुलाबादि सुगन्धित जलभरा कोपरन में केसरि कर्प्पूर अगर चन्दन रोषना दधि आदि माङ्गलिक जल थारनमें शुचि पावन सरितन को जल पूरे नाम भरे ३१ ते सब पात्र राजा जनक रानी सुनयनाजी मुदित मनते अपने हाथन आनि रघुनाथजी के आगेधरे कन्यादान हेतु ३२ ता समयमें मुनिजन माङ्गलिक वाणीते वेदनकी श्रुतियों को पढ़तेहैं श्रीराम जानकी के विवाह को अवसर जानिकै गगनते देवता फूलनकी झरि करि रहेहैं ३३ वर दूलहरूप श्रीरघुनाथजीको देखि दम्पति जे राजा रानी ते अनुरागे श्रीराम प्रीति में मन नेत्र रँगिगये ताही दशामें प्रभुके पुनीत पांय पखारन नाम धोवन लगे ३४ पङ्कज कमलसम पांय पखारन लगे ता समय प्रेम उमँगि अश्रु रोमाञ्चादि तनुमें पुलकावली छाइ गई नभ आकाश में अरु जनकनगर में मङ्गलगान अरु निशान नाम बाजा अरु जयधुनि कैसी सोहत जनु ब्याह उछाह उमँगि चारिहु दिशि को बहि चली ३५ मनोज अरि कामके शत्रु कामना रहित शिवजी को उर सोई अमल सर तड़ाग तामें जे पदसरोज कमल सदैव विराजमान हैं जिन पांयनको सकृत नाम एकहूबार सुमिरत सन्ते सकल प्रकारके कलिमल जे पाप ते भागि जात अरु मनमें विमलता मन निर्मल ह्वैजात ३६ जो पातकमयी परपति रतिको पापभरी रही पतिशापते पाषाणरूप ऐसी मुनिवनिता गौतमनारि अहल्या जिन पांयनकी रज परसि छुइकै गति लही पूर्ववत् पति की समीपता प्राप्त भई पुनः जिन पदकमलन को मकरन्द रस अर्थात् गङ्गाजी जिनको शंभु शिरपर धारण कीन्हे जिन गङ्गाजीको देवता वर्णन करत कि शुचिता अवधि पावनताकी हद्द है ३७ योगीश योगीजन विरक्त परमहंसलोग अपने मनको मधुप नाम भ्रमर करि जिन पदकमलन को सेइ सेवन करि अभिमत गति लहैं मनवांछित फल पावते हैं तेई पद पखारत धोवत ताते जनकजी की जय जयकार सुर नर मुनि आदि सब करि रहेहैं अहोभाग्य के पात्र मानते हैं ३८ वर कुँवरि करतल जोरि श्रीरघुनाथजी के दक्षिण हस्तपर जानकीजी को दक्षिण हस्त धराय शाखोच्चार कहे दोऊ वंशके आदि ते पुरिखन के नाम गोत्र वेद शाखा सूत्रादि इति शाखोच्चार दोऊ कुलके गुरु वशिष्ठ शतानन्द करते हैं प्रथमं वरपक्षे शाखोच्चारः ॥ यथा ॐ यो वै श्रीरामचन्द्रस्तुभगवान् अद्वैतपरमानन्दात्मा यत्परंब्रह्म भूर्भुवस्स्वस्तस्मै वै नमोनमः स्वस्तिश्रीमत्प्रबलतरहयगजरथपदातिवलप्रतापनिर्ज्जितप्रचण्डप्रोद्दण्डारातिचयचमूजयलब्धयशः पूरमयामृतोदधिप्रकाशो-

धच्छरद्राकेशकरप्रकाशप्रकाशीकृताखण्डब्रह्माण्डमण्डलस्य परमसद्बुद्धिविस्तारविस्तारितालौकिकपराक्रमितानेकबलवद्विपक्षेलाधीशगुरुमौलिलसन्मुकुटमणिविस्फुरितकान्तिपरिचुम्बितचरणकमल विमलधर्मार्ज्जितधनाधिपाविशालतमकमनीयकोशदानातिशयस्योत्तमर्षिप्रवरकश्यपगोत्रस्य कश्यपमरीचि-भरद्वाज-त्रिप्रवरस्य सुरसज्जनगोब्राह्मणास्तेषामुपरिदयादृष्टिः, श्रीमन्महाराजजगज्जनकः श्रीविष्णोर्नाभिकमलोद्भवब्रह्मा तस्य पुत्रः मरीचिः कश्यपः विवस्वान् मनुः इक्ष्वाकुः कुक्षिः विकुक्षिः बाणः अनरण्यः पृथुः त्रिशंकुः धुन्धुमारः युवनाश्वः मान्धाता सुसन्धिः ध्रुवसन्धिः भरतः असितः सगरः असमञ्जसः अंशुमान् दिलीपः भगीरथः ककुत्स्थः रघुः कल्माषपादः शंवणः सुदर्शनः अग्निवर्णनः शीघ्रगः मरुः प्रसुस्नुकः अम्बरीषः नहुषः ययातिः अस्यां रात्रौ सत्कुलसच्चरितप्रतिष्ठागारिष्ठस्य नाभागस्य प्रपौत्रः प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्तिसंवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति प्रथमश्शाखोच्चारः १ स्वस्तिश्रीमन्निखिलसुखसमाजविराजमानविमलधार्मिकानेकसुरराजसमानसामन्तोपहारी कृतकनकमयगजाश्वशब्दापिद्वादेशप्रोद्दण्डप्रचण्डाखण्ड विपक्षवद्प्रोद्भटभटसमूहसंकीर्तननिर्दयातिशयतीक्ष्णधारसहायकृतखण्डातिमित्रदिग्विजय विनोदानन्दानन्दितमहाभूताधिपाशिवस्य षट्शास्त्रसद्विचारविचार्यमाणपरमपुरुषार्थब्रह्मानिरतविबुधमण्डलीविधीयमानाशीर्वचनसंवर्द्धितस्य राज्यसम्पद्वितरणानितान्तनिर्दलितसुतराम्भिक्षुजनदरिद्रस्य कश्यपगोत्रस्य कश्यप-मरीचि-भरद्वाज-त्रिप्रवरस्य सुरसज्जनधेनुविप्रप्रतिपालकस्य अजवर्मणस्तस्य पौत्रः प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्तिसंवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति द्वितीयःशाखोच्चारः २ स्वस्तिश्रीमत्सुभटमण्डलीमण्डनाविविधवीरजनमौलिमुकुटरत्नमरीचिचयचञ्चच्चमत्कारनीराजितचरणपीठविलसितासिधाराप्रतापप्रतापितजगदाखण्डमण्डलदीर्घतरकन्दरालीनप्रतिपक्षजनप्रस्तूयमानगुणगणग्रामपरमपुण्याचरणमयक्रतुविराजमानसत्तीर्थस्नानकृतधामविद्वज्जनसमागतप्रदानलब्धानिर्व्याह्लादाह्लादितनिजसमाजाः करणकृतेः कश्यपगोत्रस्य कश्यपमरीचि-भरद्वाज-त्रिप्रवरस्य सुरसज्जनविप्रधेनुपरिपालयमानस्थ दशरथवर्मणस्तस्य पुत्रः प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्तिसंवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति तृतीयश्शाखोच्चारः ३ अथ कन्यापक्षे अवाचीं सुभगे भव सीते वन्दामहे त्वां यथा ॥ नस्सुभगा त्वमसि यथा नः सुफला त्वमसि स्वस्ति श्रीमन्निजकुलकमलप्रकाशनैकमार्तण्डबन्धुजनकुमुदप्रकाशैकचन्द्रवादीन्द्रपरिपन्थिनीरगहनविदारणैकपञ्चास्यसेवितरमानाथपादार-

विन्दमकरन्दानन्दचित्तजनपुञ्जशौर्यधैर्यकारणसमर्थस्य स्वस्तिश्रीमद्व्याघ्रायणगोत्रस्यव्याघ्रायण-गौतम-कश्यप-त्रिप्रवरस्य सदाचारसत्कुलसञ्चरितप्रतिष्ठागरिष्ठस्य श्रीमद्द्विजसुरसज्जनभूमिप्रतिपालने तत्परो धर्मधूर्धारणसमर्थो दीनार्तिहरदुष्टदमने पराक्रमोत्साहयुक्तः श्रीमन्नारायणस्य नाभिकमलोद्भवब्रह्मातस्य पुत्रो मरीचिः कश्यपः वैवस्वतः इक्ष्वाकुः निमिः मिथिजनकः उदावसुः नन्दिवर्द्धनः सुकेतुः देवरातः बृहद्रथः महावीरः सुधृतिः धृष्टकेतुः हर्यश्वः मरुः प्रत्यन्धकः कीर्तिरथः महीधृक् कीर्तिरातः महारोमा स्वर्णरोमा तेषां प्रपौत्रीयं प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्ति संवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति प्रथमःशाखोच्चारः १॥ स्वस्तिश्रीसकलमुनिगणलभ्यकरुणामयराघवेन्द्रनन्दनपदारविन्दरसास्वादुमाधुरीभूतमनषट्पदस्य मुनिवचनविहितकर्माचरणप्रसन्नमानसानीतपवित्रकीर्तिसत्यकथाश्रवणकृतार्थीकृतानिखिलनिजगोत्रोद्भवजनस्य व्याघ्रायणगोत्रस्य व्याघ्रायण-कश्यप-गौतम-त्रिप्रवरस्य ऋग्वेदारण्यकशाखाध्यायिनो वर्मणो ह्रस्वरोम्णस्तस्य पौत्रीयंप्रयतपाणिःशरणं प्रपद्ये स्वस्तिसंवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति द्वितीयः शाखोच्चारः २स्वस्तिश्रीमत्सकलजगदघध्वंसनपरमोदारविनोदविचारसच्छास्त्राध्ययनविद्वज्जनगोष्ठीप्रकाशमानवेदान्तज्ञानविजृम्भितान्तः करणब्रह्मानन्दैकीभूतजीवस्य भूदेवमानसनिवासिसंदेहस्य दोषरहितविख्यातयशःकर्पूरधवलीकृतत्रिमूर्च्छालापविलासमानसन्मानवशिभूपेन्द्रसहस्रमूर्तेः कृपावलोकनपरिपूरितपुरुषार्थचतुष्टयपरमेश्वरसमपराक्रमोद्धारितनिजभजनस्य अस्यां रात्रौ व्याघ्रायणगोत्रस्य व्याघ्रोच्चारणैकध्रुवात्रिप्रवरस्य ऋग्वेदारण्यकशाखाध्यायिना धर्ममूर्तिवर्मणः सीरध्वजस्य पुत्रीयंप्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्तिसंवादेष्वभयं वो वृद्धिर्वरकन्ययोर्मङ्गलमास्तामिति तृतीयःशाखोच्चारः ३ शाखोच्चार ह्वै पुनः पाणिग्रहण भयो श्रीजानकीजीको हस्त श्रीरघुनाथजी ग्रहण करे सो विलोकि देखिकै विधि सुर ब्रह्मादिक देवता मनुज मनुष्य मुनि आदि सबके उरमें आनंद भरि गयो ३९ लौकिक पारलौकिक दोऊ सुख की मूल परब्रह्म दूलहरूप देखि दम्पति रानी राजा के हृदय हुलस्यो आनंद उमग्यो ताते रोमांच अश्रु आदि तनमें पुलकावली ह्वैआई पुनः श्रीराम जानकी के पद प्रक्षालि रोचना करि निज करमें सद्रव्य जल कुशाक्षत लै इति लोकविधि पुनः वेदविधान मुनिन संकल्प पढ़े याहि विधिते रानी सहित जनकजी प्रथम वरणदक्षिणा ब्राह्मणको दै पुनः किरीट कुण्डल माला केयूरादि नृपभूषण कन्यादान करे राजसी भूषण कन्यादानमें दिये ४० जा भांति गिरिजा को हिमाचल ने शंकर को दीन्हे अर्थात् सदाशिव की अर्द्धांगी

शक्ति हैं पतित्यागते सती तनु त्यागि कृपाकरि पुत्री ह्वै हमको बड़ाई दीन्हीं पुनः जा भांति श्रीलक्ष्मीजीको क्षीरसागरने हरिको दई अर्थात् किसी समय दुर्वासाने शाप दिया कि तुम्हारा स्वभाव चंचल रहेगा इस कोपते लक्ष्मीजी क्षीरसिंधु में प्रवेश करिगई तब जीवनको पालन कौन करै महाउपद्रव देखि ब्रह्मादि देव बिनती करे तब भगवान् सिंधु मथाइ लक्ष्मीजीको प्रकट करे इति आदिशक्ति जानि सागरने भगवान्को दीन्ही आपनी भाग्य मानी तैसे ही आदिशक्ति जानि किशोरीजीको कि कृपाकरि हमारी पुत्री भई ऐसा जानि जानकीजीको जनकजी श्रीरघुनाथजीको समर्पी संकल्प कीन्ही ताते संसारमें सुंदरि कीरति नवीन भई ४१ या समयमें बिनती करना रहै सो विनय कौन करै विदेहजीको तौ प्रभुकी सांवरी मूरतिने विशेषि विदेह किये हैं यह प्रेमकी क्रांतदशा है यथा॥ देह भूलि सुख ध्यान प्रिय, दशा क्रांतकी बाढ़ि। बैठ सुतीक्षण अचलमग, राम जगावत ठाढ़ि॥ तथा जनकजी को ऐसी प्रेमकी विह्वलता भई कि देह ब्रह्मानंद दोऊ सुधि भूलि सांवरी मूरति में ध्यान लागिगयो पुनः विधिवत् वेदविधान सहित होम कीन्हे पश्चात् सुंदर वसनते प्रभुके पीताम्बर अरु जानकीजी की चूनरमें सखिन गांठिजोरी या विधि भावँरी होने लगीं अग्नि की प्रदक्षिणा श्रीराम जानकी करत ४२ दोहार्थ॥ भावँरी समय सबकी जय जयकार ध्वनि वंदीजननकी विरदावलीकी ध्वनि मुनिन की वेदध्वनि स्त्रिनको मंगलगान अरु निशान बाजा की ध्वनि ह्वैरही सो सुनि हर्षितह्वै विबुध देवता सुजान कल्पवृक्षके फूल वर्षत भावँरीको समय जानि ४३ ॥

१५१ कुँवरि कुँवर कलभावँरि देहीं। नयन लाभ सब सादर लेहीं ४४
जाइ न बरणि मनोहर जोरी। जो उपमा कछु कहौं सो थोरी ४५
राम सीय सुंदरि प्रतिछाहीं। जगमगाति मणिखंभन माहीं ४६
मनहुँ मदन रति धरि बहुरूपा। देखत राम विवाह अनूपा ४७
दरश लालसा सकुच न थोरी। प्रकटत दुरत बहोरि बहोरी ४८
भये मगन सब देखनहारे। जनक समान अपान बिसारे ४९
प्रमुदित मुनिन भावँरी फेरी। नेग सहित सब रीति निबेरी ५०
राम सीयशिर सेंदुर देहीं। उपमा कहि न जाइ कवि केहीं ५१
अरुण पराग जलज भरि नीके। शशिहि भूखअहि लाभ अमीके ५२
बहुरि वशिष्ठ दीन्ह अनुशासन। वर दुलहिनि बैठहिं यक आसन ५३

छं० बैठे वरासन राम जानकि मुदित मन दशरथ भये ॥
तन पुलक पुनि पुनि देखि अपने सुकृतसुरतरु फल नये ५४
भरि भुवन रहा उछाह राम विवाह भा सबही कहा ॥
क्यहि भांति बरणि सिरात रसना एक यह मंगलमहा ५५
तब जनक पाइ वशिष्ठ आयसु ब्याह साज सँवारिकै ॥
मांडवी श्रुतिकीरति उर्मिला कुँवारि लई हँकारिकै ५६
कुशकेतुकन्या प्रथम जो गुण शील सुख शोभामई ॥
सबरीति प्रीतिसमेत करि सो ब्याहि नृप भरतहिं दई ५७
जानकी लघुभगिनी सकल सुंदरि शिरोमणि जानिकै ॥
सो जनक दीन्ही ब्याहि लषणहिं सकलविधि सनमानिकै ५८
ज्यहि नाम श्रुतिकीरति सुलोचनि सुमुखि सबगुण आगरी ॥
सोदई रिपुसूदनहिं भूपति रूप शील उजागरी ५९
अनुरूप वर दुलहिनि परस्पर लखि सकुचि हिय हर्षहीं ॥
सब मुदित सुंदरता सराहहिं सुमन सुरगण बर्षहीं ६०
सुंदरी सुंदर बरण सह सब एक मंडप राजहीं ॥
जनु जीवउर चारिउ अवस्था विभुन सहित विराजहीं ६१
दो० मुदित अवधपति सकल सुत, वधुन समेत निहारि ॥
जनु पाये महिपालमणि, क्रियन सहित फल चारि ६२

१५१ कुँवरि जानकीजी कुँवर रघुनाथजी कलसुंदरी भाँवरी देत ता समय देखनहार सब आदर सहित नयनन को लाभ अपूर्व दरश लेत ४४ मन हरणहारी श्रीरामजानकी की जोरी सोतौ बरणी नहींजात काहेते जो कुछ उपमा देत सो सब थोरी देखात किसकी उपमा दीजिये ४५ जो श्रीराम जानकी की प्रतिछाहीं विविध रंग मणिन के खंभन में जो अनेकन प्रतिबिंब सब दिशि जगमगाइ रही तिनकी उत्प्रेक्षा करत ४६ प्रभु का प्रतिबिंब नहीं है मानहुँ कामदेव अरु रति बहुत रूपधरि श्रीसीताराम को अनूप विवाह देखत ४७ जिस खंभके सामने प्रभु जात तहां परछाहीं प्रकट होत जिस खंभ ते आड़ परत तामें परछाहीं लोप होत सो कहत कि प्रभुके दर्शन की लालसा है ताते कामरति प्रकट ह्वै आवत अरु सकुच बहुत है ताते दुरत लोप होत निज सुंदरता को मान रहा सो रामरूप को देखि कुछ न

ठहरा इति सकुच तौ लालसा पूर्ण नहीं जो लालसा है तौ मान कहां ताते ईश्वरतत्त्व एक है काम भगवान् को पुत्र है माता पिताको विवाह देखने में बड़ा संकोच करत ४८ सुर नर मुनि यावत् देखनहार रहे ते सब प्रेमानंदमें मगन ह्वै गये ताते जनककी समान अपान आपनी देहकी सुधि सबहिन को बिसरिगई ४९ प्रमुदित प्रकर्ष आनंद समेत मुनिन वशिष्ठ शतानंदादि भाँवरी फेरे पुनः आपनो आपनो नेग सहित सब रीति निबेरे चुकाये नेग लै कार्य कीन्हे यथा गांठि छोरब सप्तपदी आदि ५० पुनः मुनिनकी आज्ञा ते श्रीकिशोरीजीके माथ में रघुनाथजी सेंदुर देत सो उपमा काहू कविसों नहीं कहि जात तथापि कवि स्वभावते कहत ५१ हाथमें सिंदूर यथा जलज कमलकोश में अरुण पराग लालि रजनीकी प्रकारते भरिकै प्रभुको भुजरूपी जो सर्प सो जानकीमुखचंद्र को भूषित करत किस हेतु अमी लाभके लोभते इहां प्रेमरस अमी है ताको प्रसिद्धही लोभ है इति अतिशयोक्ति रूपक ते अभूत उपमा है ५२ सुमंगली ह्वै पुनः वशिष्ठजी आज्ञा दीन्हे कि वरदक्षिण दुलहिनि वाम एक आसन पर बैठें ५३ वरासन सिंहासन पर एकत्र श्रीराम जानकी बैठे तब दशरथ महाराज मन मुदित भये पुत्र पतोह एक सम वारंवार देखि आपने सुकृतरूप कल्पवृक्ष में नवीन फलप्राप्ति जानि देह में पुलक रोमांचाश्रु भरि आये जैसे प्रथम पुत्र पाये तैसेही अब पतोह पाये ५४ भुवन भरेमें यह उछाह भरिरहा श्रीराम जानकीको विवाह भयो ऐसा वचन सबही कहा इति राम विवाहांतमें कहत कि कवि मुखमें रसना जिह्वा एक अरु यह ब्याह को महामंगल आनंद सो कैसे बरणि सिरात अंत होत जो हजारन जिह्वा होयँ तहांतक तौ चुकै नहीं ५५ दूलह वेष तौ चारिउ कुमार हैं श्रीरामजानकी को विवाह ह्वै गयो तब वशिष्ठजी बोले कि उनहूं तीनि कन्याको ब्याह हेतु लै आवहु इति वशिष्ठजीको आयसु पाय तब जनकजी ब्याहके साज भूषण वसन सँवारिकै मांडवी अरु श्रुतिकीर्त्ति अरु उर्मिला इन तीनिहूं कुमारिनको हँकारि बोलाइ माँड़वतरको ल्याये ५६ जनकजीके छोटे भाई कुशध्वज तिनकी प्रथम कन्या मांडवी जो शील संकोचादि गुणमयी पातिव्रतादि सुखशोभामयी सो लोक वेद रीति सब करि प्रीति समेत नृप जनकजी भरतजीको ब्याहि दीन्ही ५७ श्रीजानकीजीकी लघु भगिनी छोटी बहिनि अर्थात् जनकजीकी कन्या जो सकल कुमारिनमें सुंदरि अरु शिरोमणि ऐसा जानिकै सो उर्मिलाजीको श्रीजनक महाराज लषणहिं श्रीलक्ष्मणजी को विवाह दीन्ही सकल लोक वेदविधि करि सन्मान आदर सहित ५८ जो कुशध्वजकी छोटी कन्या ज्यहिको श्रुतिकीर्ति नाम

है सुलोचनी सुंदर नेत्र हैं जाके सुमुखी सुंदर मुख है जाको पुनः शील संकोच उदारता चातुर्यतादि सब गुणनकी आगरी सब गुणकी खानि जिसको सुंदररूप शील स्वभावते उजागरि प्रशंसा करिबे योग्य ताको जनक महाराज रिपुसूदनहिं दई शत्रुहनजीको विवाहि दीन्ही ५६ वर जो दूलह तिनकी अनुरूप दुलहिनी अर्थात् तन वर्ण अवस्था सुभावादि वरयोग्य दुलहिनी ताते परस्पर यथा श्रीरघुनाथजी जानकीजीको श्रीजानकीजी रघुनाथजीको ऐसेही चारिउ परस्पर लखि देखिकै नेत्रनमेंतो सकुच है अरु हृदय में हर्षत हैं देखनहार सब मुदित चारिउ जोड़िनकी सुंदरता सराहत प्रशंसा करत कि भली जोड़ी बनीहै अरु देवगण फूल वर्षत ६० वरन के तन के रंग यथा श्रीरघुनाथजी भरतजी श्यामल तथा श्रीजानकीजी मांडवी गौर यथा लक्ष्मण शत्रुहन गौर तथा उर्मिला श्रुतिकीर्ति श्यामली तथा रूप अवस्थादि राजकुमार अत्यंत सुंदर तथा राजकुमारी सब सुंदरी पतिनके अंगयोग्य तन वर्ण यथा नारदपञ्चरात्रे ॥ हिरण्यवर्णां सीतां च माण्डवीं पाटलप्रभाम् ॥ उर्मिलां श्यामवर्णाभां श्रुतिकीर्तिसमप्रभाम् ॥ इति सुंदर वर्णसह दूलहन सहित सुंदरी यथा चारिउ भाइ तथा चारिउ बहिनी साथही विवाह सब एकही माँड़वमें राजत ऐसा संयोग मिलना आश्चर्य है तैसेही आश्चर्यमय उत्प्रेक्षा करत कि एक माँड़वमें चारि जोड़ी कैसे शोभित जनु जीवके उरमें विभुन सहित चारिउ अवस्था विराजमान हैं अवस्था यथा जाग्रत् १ स्वप्न २ सुषुप्ति ३ तुरीय ४ विभु यथाक्रमते विश्व १ तैजस २ प्राज्ञ ३ अंतर्यामी ४ जाग्रदवस्था यथा तत्त्वबोधप्रकरणे-श्रोत्रादिज्ञानेन्द्रियैश्शब्दादिविषयं ज्ञायते इति जाग्रदवस्था स्थूलशरीराभिमानी विश्वात्मा उच्यते। स्वप्नावस्था यथा—जाग्रदवस्थायां यद्दृष्टं यच्छ्रुतं च तज्जनितवासनया निद्रासमये यः प्रपञ्चः प्रतीयते सा स्वप्नावस्था सूक्ष्मशरीराभिमानी तैजस आत्मा उच्यते। सुषुप्त्यवस्था यथा—अहंकिमपि न जानामि सुखेन मया निद्रानुभूयते इति सुषुप्त्यवस्था कारणशरीराभिमानी आत्मा प्राज्ञ इत्युच्यते। तुरीयावस्था यथा—स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराद् व्यतिरिक्तः पञ्चकोशाऽतीतस्सन् अवस्थात्रयसाक्षी साच्चिदानन्दस्वरूपःसन् यस्तिष्ठति स आत्माधारतुरीयावस्था ॥ अन्तर्यामी देवता तहां जनकजी के एक ही माँडव बिषे सुन्दरे पतिन सहित सुन्दरी राजकुमारी सब विराजत इहां राजकुमार अङ्ग हैं कुमारी अङ्गी हैं कन्याप्रधान ताते संबन्ध जनकजी को जानिये अर्थात् कैसा आनन्द भया जनु जनकजी के जीव के उर में विभुन स्वामिनसमेत चारिउ अवस्था विराजमान हैं तहां विश्वरूप लक्ष्मण जो रामकाम में सदा सजग रहत

तथा सदा चैतन्य उर्मिलाजी जाग्रत् अवस्था हैं पुनः तैजसरूप शत्रुहन तथा स्वप्नावस्था श्रुतिकीर्ति हैं पुनः प्राज्ञ आनन्दरूप भरतजी तथा सुषुप्ति अवस्था माण्डवीजी हैं पुनः अन्तर्यामी परब्रह्मरूप रघुनाथजी तुरीय अवस्था श्रीजानकीजी हैं यथा पतिनसहित चारिउ कुमारिन को एक माँड़व में देखे तथा मिथिलेशजी को चारिउ अवस्था भी साथ ही सदा प्राप्त हैं काहेते तुरीय अवस्था में सदा रहत ताते विदेह कहावत पुनः राज-भोग भी करते हैं तौ तीनि अवस्था सुगमै प्राप्त हैं ६१ दोहार्थ॥ अब कुमारी अङ्ग कुमार अङ्गी प्रधान तेहि संबन्ध ते दशरथ महाराज को आनन्द कहत कि बधुन पतोहुनसमेत सकल पुत्रन को निहारि अवधपति कैसे मुदित भये ताकी उत्प्रेक्षा कहत कि जनु महिपालमणि दशरथ महाराज क्रियनसहित चारिहू फल पाये फल यथा अर्थ धर्म काम मोक्ष क्रिया यथाक्रम ते उद्यम अनुष्ठान रति भक्ति तहां अर्थ कहे द्रव्य सो तप दान उद्यम करि कीर्ति बढ़त सो श्रुतिकीर्ति हैं पुनः तपदान ते शत्रुनाश होत धन बढ़त सोई अर्थफल शत्रुहन हैं पुनः सत्य शौच तप दान पूर्ण होइ ताको धर्म कही सत्य यथा मन वचन कर्म सत्य कर्तव्यता शौच यथा परस्त्रीत्याग रज वीर्य मलिन पट म्लेच्छ शूद्र पतित क्लीव स्पर्श न करिये रजस्वला कपाली मृतक श्मशान ना दर्शिये त्रिकालस्नान मन शुद्ध पुनः तप यथा॥ फलादि भोजन दिन में पञ्चाग्नि जलशयन इन्द्रिय जीतना दान यथा देश काल सुपात्र विचार सहित श्रद्धा आदर ते निर्वासिक दान देना इति धर्मरूप भरतजी हैं क्रिया यथा क्षत्रिन को कर्म अनुष्ठानपूर्वक यथा शास्त्रदक्ष युद्ध में अचल उदार दानी शूरता धीरता तेजवान् इति क्रियारूप माण्डवीजी हैं पुनः काम यथा लोकसुख की परिपूर्णता अर्थात् भोजन वसन भूषण पान सुगन्ध शय्या सुन्दर युवती इति पूर्ण कामफल लक्ष्मणजी हैं ताकी क्रिया तपस्या वा रति सो उर्मिलाजी हैं पुनः जीव को भवबन्धन छूटना मोक्ष है सो मोक्ष फल श्रीरघुनाथजी हैं मोक्ष की क्रिया भक्ति सो श्रीजानकीजी हैं ६२॥

१५२ जस रघुवीर ब्याहबिधि वरणी। सकलकुँवर ब्याहे त्यहि करणी ६३
कहि न जात कछु दायज भूरी। रहा कनक मणि मंडप पूरी ६४
कम्बल वसन विचित्र पटोरे। भांति भांति बहुमोल न थोरे ६५
गज रथ तुरग दास अरु दासी। धेनु अलंकृत कामदुघासी ६६
वस्तु अनेक करिय किमि लेखा। कहि न जाइ जानहिं जिन देखा ६७
लोकपाल अवलोकि सिहाने। लीन्ह अवधपति अति सुखमाने ६८

दीन्ह याचकन जो जिहि भावा । उबरा सो जनवासहि आवा ६९
तब कर जोरि जनक मृदु बानी । बोले सब बरात सनमानी ७०
छं० सनमानि सकल बरात आदर दान बिनय बड़ाइ कै ॥
प्रमुदित महामुनिबृन्द बंदे पूजि प्रेमलड़ाइ कै ७१
शिरनाइ देवमनाइ सबसन कहत कर संपुट किये ॥
सुर साधु चाहत भाव सिंधु कि तोष जल अञ्जलि दिये ७२
कर जोरि जनक बहोरि बन्धुसमेत कोशलराय सों ॥
बोले मनोहर बैन सानि सनेह शील सुभाय सों ७३
संबन्ध राजन रावरे हम बड़े अब सब बिधि भये ॥
यह राज साजसमेत सेवक जानबी बिन गथ लये ७४
ये दारिका परिचारिका करि पालबी करुणामई ॥
अपराध क्षमिबो बोलि पठये बहुत हौं ढीठी दई ७५
पुनि भानुकुल भूषण सकल सनमान विधि समधी कियो ॥
कहि जात नहिं बिनती परस्पर प्रेम परिपूरण हियो ७६
वृन्दारकागण सुमन बरषहिं राउ जनवासहि चले ॥
दुंदुभी जयधुनि वेदधुनि नभ नगर कौतूहल भले ७७
तब सखी मङ्गलगान करत मुनीश आयसु पाइकै ॥
दूलहदुलहिनिन सहित सुन्दरिचलीं कोहबर ल्याइकै ७८
दो० पुनि पुनि रामहिं चितव सिय, सकुचत मन सकुचै न ॥
हरत मनोहर मीन छबि, प्रेम पियासे नैन ७९

१५२ जैसी विधि श्रीरघुनाथजी के विवाह में वर्णन है तैसेही करणी अर्थात् स्वस्त्ययन विष्टर पाद्यार्घ्य मधुपर्क शाखोच्चार कन्यादान होम भँवरी सप्तपदी सुमंगली सुभगा वामभागी इत्यादि रीति ते सकल राजकुमार ब्याहे गये ६३ जैसा भूरि नाम बहुत दायज दीन्हे सो कुछ गिनती करि कहा नहीं जात और वस्तु छांड़ि केवल सोना अरु मणिन ते माँड़व भरि गयो तदुपरि अपर कहत ६४ कम्बल ऊन वसन यथा बनात तूस दुशालादि पटोरे रेशमी विचित्र यथा फूल गिरंट कारे व कमखाप जरबफ़्त कारचोबी लदाऊ इत्यादि अनेक भांति बड़े मोल के थोरे नहीं ६५ हाथी रथ घोड़े नवीन सुन्दर सजे शुद्ध सुभाव के दासी दास कामधेनु की समान

अनेक गौवें अलंकृत सोने सींगें चांदी खुर मढ़े इत्यादि जनकजी दीन्हे ६६ और महिषी ऊँट पालकी पात्रादि अनेक वस्तु तिनको कहांतक लेखा करिये कवि ते कहा नहीं जात जिन देखा होइ सो जानै अर्थात् सोई कहि सकत ६७ ऐसा दायज समूह है जाको अवलोकि देखिकै ब्रह्मादिक सिहाने ललचाने ताको दशरथ महाराज अत्यन्त सुख मानिकै लीन्हे प्रीतिदान मानि ६८ जेहि याचक को जो जो भावा सो तौ सब दशरथ महाराज याचकन को दै दीन्हे जो उबरा बचा सो जनवास को आवा ६९ जब सब कार्य ह्वै गया तब दान मानादि सब बरातभरेको सन्मान आदर करि हाथ जोरि जनकजी कोमल वाणी बिनतीपूर्वक बोले ७० आदर ते दान दै बिनती बड़ाई करि सब बरात को सन्मानि पुनः महाअनन्द मनते महामुनिन के जे बृन्द हैं वशिष्ठ विश्वामित्रादि तिनको प्रेमलराइ बड़े प्रेम ते पूजाकरि वन्दना कीन्हे ७१ पुनः हरि हर ब्रह्मा इन्द्रादि देवता जे ब्राह्मण वेष ते बैठे हैं तिनको मनाइ पूजाकरि माथ नवाइ सबसों हाथ जोरि जनकजी कहत कि आप लोगों को मैं कौन सन्मान करिसक्काहौं परन्तु एक बल है कि तर्पणादिकन में एक एक अञ्जली जल दै ब्रह्मा विष्णु शिवादि सबहिन को तृप्तवाक्य बोलते हैं यथा 'ब्रह्मा तृप्यताम्' इत्यादि को एक अञ्जली जल दीन्हे ते ब्रह्मादिकन को सन्तोष होता है नहीं प्रेमभाव जो समुद्र है ताको सुर साधु चाहते हैं ताते अञ्जलिही में तृप्त होते हैं ७२ बहोरि बन्धु कुशध्वजसहित जनकजी हाथ जोरि कोशलराज दशरथजी सों मनोहर बैन बोले कैसे सनेह सों सानि शील स्वभाव सों बोले ७३ हे राजन्! रावरे आपके सम्बन्ध भये ते अब हम सब बिधि ते बड़े भये चक्रवर्ती ते सम्बन्ध रघुकुलबिषे शोभा शील वीर उदार श्रीरामादि जामातृ इति लोकविधि पुनः परब्रह्म को जामातृ करि प्राप्ति इति परलोकविधि सदा अचल कीर्ति रही इति वेदविधि बड़ाई देश कोश स्त्री पुत्र वाहनादि सब साजसहित यह मिथिलाराज सहित मोको सेवक करि ऐसा जानब कि गथ कहे धन सो बिना द्रव्य ही मोल लीन्हे ऐसे सेवक जानब ७४ ये जो चारिउ दारिका कन्या हैं तिनको परिचारिका टहलुई करि करुणामयी दृष्टि ते पालन करब जो सेवक के दुःखमें स्वामी भी दुःखित ह्वै जाइ ताको करुणा कही अरु मोको उचित रहै कि अयोध्या में जाइ विवाह करि आवतों सो तौ नहीं किया आप महाराज चक्रवर्ती तिनको मैं बोलाइ पठवा सो सेवक ह्वै मैं बड़ी ढिठाई कीन्ही इस अपराध को क्षमा करब ७५ पुनः भानुकुल के भूषण श्रीदशरथमहाराज सकलविधि ते सन्मान समधी जनक महाराज

को कीन्हे इत्यादि परस्पर बिनती अरु प्रेम ते दोउन को हृदय परिपूर्ण है वचन कहत नहीं बनत ७६ वृन्दारक देवगण सुमन फूल बर्षत महाराज जनवासे को चले देवन की दुन्दुभी जयधुनि मुनिनकी वेदधुनि इत्यादि नभ अरु नगर में भलो आनन्दमय कौतुक मचि रहा है ७७ ता समय शतानन्दादि मुनीशन की आज्ञा पाइ मङ्गलगान करत दुलहिनिन सहित दुलहन को सुन्दरी युवती कोहबर को लै चलीं यथा सत्योपाख्याने ॥ विवेशान्तःपुरं वीरो भ्रातृभिःसह राघवः। यत्र देवालयं राज्ञो नित्यपूजारतस्य च ॥ लक्ष्मीनारायणस्यापि प्रतिमा यत्र विद्यते। तं प्रणम्य यथान्यायं स्थितास्तत्र कुमारकाः ॥ राजदाराः समाजग्मुर्यत्र रामादयःस्थिताः। ब्रह्माणी तत्र रुद्राणी इन्द्राणी शारदा तथा ॥ अन्या वै लोकपालानां स्त्रियस्तत्र समागताः ७८ दोहार्थ ॥ गमन समय पुनि वारंवार श्रीजानकीजी रघुनाथ जीको चितवतीहैं इस हेतु कि नेत्रन ते सकुचती हैं ताते दृष्टिरोकत अरु मन तौ सकुचत नहीं ताते पुनः चितवती हैं इति पुनि पुनि रोकत चितवत समय प्रेमरस प्यासे नयन चञ्चल सो मनोहर मीन मछरीकी छवि हरे लेत७९॥

१५३ श्यामशरीर सुभायसुहावन। शोभा कोटि मनोज लजावन ८०
यावकयुत पदकमल सुहाये। मुनिमन मधुप रहत जहँ छाये ८१
पीत पुनीत मनोहर धोती। हरत बालरवि दामिनि जोती ८२
कलकिङ्किणि कटिसूत्र मनोहर। बाहु बिशाल बिभूषण सुन्दर ८३
पीत जनेउ महाछबि देई। करमुद्रिका चोरि चित लेई ८४
सोहत ब्याहसाज सब साजे। उर आयत उरभूषण राजे ८५
पीत उपरना काँखासोती। दुहुँ आँचरन लगे मणि मोती ८६
नयन कमल कल कुण्डल काना। वदन सकल सौन्दर्यनिधाना ८७
सुन्दर भृकुटि मनोहर नासा। भालतिलक रुचिरतानिवासा ८८
सोहत मौर मनोहर माथे। मङ्गलमय मुक्तामणि गाथे ८९

छं० गाथे महामणि मौर मञ्जुल अङ्ग सब चित चोरहीं ॥
पुरनारि सुरसुन्दरी बरण विलोकि सब तृण तोरहीं ९०
मणि वसन भूषण वारि आरति करहिं मङ्गल गावहीं ॥
सुर सुमन बरषहिं सूत मागध बन्दि सुयश सुनावहीं ९१
कुहबरहि आने कुँवर कुँवरि सुवासिनिन सुख पाइकै ॥

अति प्रीति लौकिकरीति लागीं करन मङ्गल गाइके ९२
लहकौरि गौरि सिखाव रामहिं सीयसन शारद कहैं ॥
रनिवास हासविलास रसबस जन्म को फल सब लहैं ९३
निज पाणिमणि महँ देखि प्रति मूरति स्वरूपनिधान की ॥
चलती न भुजवल्ली विलोकति विरहवश भइँ जानकी ९४
कौतुक विनोद प्रमोद प्रेम न जाइ कहि जानहिं अली ॥
वरकुँवरि सुन्दरि सकल सखी लिवाइ जनवासहिं चली ९५
तिहि समय सुनिय अशीष जहँ तहँ नगर नभ आनँद महा ॥
चिरजीव जोरी चारु चारों मुदित मन सबही कहा ९६
योगीन्द्र सिद्ध मुनीश देव विलोकि प्रभु दुन्दुभि हनी ॥
चले हरषि बरषि प्रसून निजनिज लोक जैजै भनी ९७

दो० सहित वधूटिन कुँवर सब, तब आये पितुपास ॥
शोभा मङ्गल मोद भरि, जनु उमग्यो जनवास ९८

१५३ कैसी शोभा जानकीजी चितै रही हैं सो कहत यथा नीलमणिवत् द्युतिसजलमेघवत् श्यामशरीर देह जो सुभाय विभूषण विना ही सहज ही में सुहावन लागत तामें जो शोभा है सुकुमारता लावण्यता स्वरूपता रमणीकता माधुरी आदि सो कोटिन मनोज कामदेव को लजावन हारी है ८० अरुण कोमल कमलसम चरण ते विचित्र अङ्कित यावक महाउर सहित सुहाये लागत जहां जिन पदकमलन में मुनिन के मनरूप भ्रमर सदा छाये रहत अनुराग ते लगेरहत हैं ८१ पीतरङ्गकी पुनीत पवित्र नवीन रेशमी मनको हरणहारी धोती कैसी सोहत जाकी जरतार किनारी दामिनी की ज्योति को हरेलेत ऐसी चमकत पुनः मध्यभाग बालरवि प्रभातकाल के सूर्यन की ज्योति को हरेलेत ८२ सुवर्णमणिजटित किङ्किणी कलसुन्दरी जामें ऐसी कटिसूत्र करधनी मन हरत विशाल लंबी बाहु तामें केयूर कड़ा कङ्कणादि सुन्दर विभूषण शोभित ८३ श्यामतनु में नवीन पीत जनेऊ महाछवि देत यथा मेघ पै बिजुली की रेखा है कराबिषे मुद्रिका देखत चित्त चोराइ लेत ८४ जामा पटुका महाउर मौरादि ब्याहके साज प्रत्यङ्गनमें साजे उर आयत छाती चौड़ी पर उर के भूषण जो मणि मोतिन की मालापदिकहारादि सुन्दर राजत उर पर शोभा दैरहे ८५ पीतरङ्ग रेशमी जरतारी उपरना जाके दुहूं आँचरन में मणिमोतिन की झालरि लगी ताको कांखा-

सोती यज्ञोपवीतवत् ओढ़े ८६ रसीले कजरारे समशीले नयनकमल कल सुन्दर बड़े लंबे तथा सुन्दर कुण्डल कानन में अरु वदन मुख स्वरूप माधुरी आदि सब सुन्दरता को निधान स्थान है ८७ मैनचाप सी टेढ़ी सुन्दरी भृकुटी शुकतुण्डवत् मनहरणहारी नासिकासहित बुलाक भाल माथ पै केसरिको तिलक सो सुन्दरता को वास स्थान है ८८ हीरादिकन में कंकर दागी मलिनादि दूषणते अशुभ होत सो नहीं उत्तम शुद्ध प्रकाशमान ऐस मङ्गलमय मुक्तामणि जामें गूंथी हैं ऐसा मनोहर मौर माथे पर सोहत यथा नीचे जड़ाऊ समलाकार तेहिमा मोतिन कलाबत्तू किरणिगुहा सेहरा लटकत समला के ऊपर दुइ अंगुर ऊर्ध्व लदाऊ मणिजटित बेलि तापर दुइ अंगुर गोलाकार बाहर को निसरा तेहिमा ते षोड़श दल बाहर को झुके तिनमें श्याममणिमोतिन के गुच्छा लटके गोला के ऊपर दुइअंगुर की बेली तापर तिकोन फांकी उठी षोड़श तिनके बीच बीच फणाकार पत्ती बाहर को झुकीं तिनमें पीत मणि मोतिन के गुच्छा लटके ताके ऊपर आठ मयूर बने तिनके मुख ते हरित मणिमोतिन के गुच्छा मयूरन के पृष्ठ पर आठ चन्द्रिका तिन की नोकन में लाल मणिमोतिन के गुच्छा तापर बीचते नाचत मयूरपक्षाकार तीनिदिशिते देखात ऊपर नोक में हीरन की कलँगी सोहत ८९ जामें महामणिगाथे सात खण्ड को मञ्जुल सुन्दर झलकत सो मौर माथे पर अरु नख ते शिखा पर्यन्त सब अङ्ग देखनहारन के चित्त को चोराये लेत ऐसेही चारिहू भाइन के अङ्ग सुन्दर तिन चारिउ बरन दुलहिनी दुलहन को विलोकि देखिकै जनकपुर की नारी अरु सुरसुन्दरी देवपत्नी ते सब नजरि निवारणहेतु तृण तोरती हैं ९० पुनः भूषण वसन मणि आदि वारि न्योछावरिकरि मङ्गल गीतगानसहित आरती करती हैं सुरदेवता फूल बर्षत सूत पौराणिक मागध वंशप्रशंसक बन्दी कुलपूज्य भाट इत्यादि दोऊ कुल को सुन्दर यश सुनावत ९१ सुवासिनि सौभागिनी युवती सुखपाय आनन्द सहित दुलहिनी दुलहनको कोहबर जहां ठाकुरको मन्दिर है तहां आने सुन्दरे आसन पर बैठाइ अत्यन्त प्रीतिसहित मङ्गलगानसहित लौकिक लोकरीति यथा मधुपर्क दूलह के हाथ ते दुलहिन को खवाय दुलहिन के हाथते दूलह को खवाय पुनः थारामें स्वर्णभूषण डारि दोउन ते जुवा खेलावत जो भूषण पावत ताकी जीति गावत इत्यादि करने लागीं ९२ गौरि पार्वतीजी तौ श्रीरघुनाथजीको सिखावत कि किशोरीजी को दधि मिश्री खवावो जब प्रभु संकोच करे तब गौरीजी अपने हाथमें प्रभुको हाथगहि दधिमिश्री उठवाइ किशोरीजी के सुख में लगाइ दिये भाव हमारा आशी-

र्वाद अबतो परिपूर्ण सफलभया पुनः शारदाजी किशोरीजी सों कहत कि यह प्रेमरसलाभ कवर रघुनाथजी को खवावो अपनी जूठन जानि सकुचीं तब शारदा जानकीजी के हाथ ते प्रभु को खवाये भाव इस जूठनहेतु आपने बड़ा परिश्रम किया तब यह लाभ पाया रुचि ते खाइये कैसा स्वादु है पुनः थारा में भूषण डारि दिये सो कबहूँ किशोरीजी उठाइलेती हैं तब सासुवर्ग प्रभु को कमसल कहि हँसतीं जब रघुनाथजी उठाइलेत तब फूफूवर्ग किशोरीजी को हँसत इत्यादि हासरस को विलास जो आनन्द ताकी वश रनिवास सब जन्मधरे को फल लहत पावत जन्म सफल मानत ६३ इसी खेल के बीच में निज पाणिमणि महँ हाथमें जो आरसी पहिरे ताकी मणि में स्वरूपनिधान जे श्रीरघुनाथजी तिनकी मूर्ति की प्रतिमा देखि स्थिर ह्वै चितै रहीं ताते भुजवल्ली हेम कीसी लता चलती नहीं काहेते जानकीजी विरह भय के वश भईं अर्थात् भुजा टारत दरश को अभाव होइगो तब यह स्वरूप अवलोकन आनन्द गये वियोगविरह होइगो इस भय ते हाथ नहीं टारत ६४ खेल को कौतुक ताको विनोद जो प्रसिद्ध आनन्द है अरु प्रेम करिकै प्रकर्ष मोद जो अन्तर में आनन्दहै ताको समय साधनवाली अली जानै वही कहिसकत कवि नहीं कहिसकत वर कुँवरि सुन्दरी दुलहिनी दुलहा सकलन को सखी लिवाइ लैकै जनवासे को चलती भईं ६५ तेहि समय विषे जनकनगर में अरु आकाश में महाआनन्द है अरु जहांतहां ठौर ठौर आशीर्वाद सुनि परत कैसे कि चारु सुन्दरी चारों जोरी चिरंजीव रहैं ऐसा आनन्द मन ते सुर मुनि आदि सब कहत ६६ योगीन्द्र याज्ञवल्क्यादि सिद्ध लोमशादि मुनीश नारदादि देव इन्द्रादि प्रभु को आवत देखि दुंदुभी बजाइ फूल बर्षि जयजयकार करि अपने लोकन को सब हर्षि चले ६७ दोहार्थ ॥ बधूटी बधुनसहित सब कुँवर तब पिता के पास आये शोभा दूलह दुलहिनिन की मङ्गल प्रसिद्ध उत्सव मोद मानसी आनन्द इत्यादि भरिकै जनु जनवास उमँगि उठा ६८ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीसीतारामविवाहवर्णनोनाम
चतुष्पञ्चाशत्प्रकाशः ५४ ॥

१५४ पुनि जिवनार भई बहु भांती । पठये जनक बुलाइ बराती १
परत पाँवड़े बसन अनूपा । सुतनसमेत गवनकिय भूपा २
सादर सबके पांय पखारे । यथायोग्य पीढ़न बैठारे ३

धोये जनक अवधपति चरणा। शील सनेह जाइ नहिं बरणा ४
बहुरि रामपद पङ्कज धोये। जे हरहृदय कमल महँ गोये ५
तीनिउँ भाइ रामसम जानी। धोये जनक चरण निज पानी ६
आसन उचित सबहि नृप दीन्हे। बोलि सूपकारी सब लीन्हे ७
सादर परन लगे पनवारे। कनककील मणिपरन सँवारे ८
गो घृत नवीन
दो० सूपोदन सुरभी सरपि, सुन्दर स्वादु पुनीत॥
क्षण महँ सब कहँ परसिगे, चतुर सुआर विनीत ९ रसोइदार

१५४ जनवासे में लोकरीति करि पुनः कन्यन को सखी घर को लाईं पुनः बहुत भांति की जेवनार भई समय जानि भोजन करिबे अर्थ बरातिन को जनकजी बुलाइ पठये १ मार्ग में अनूप वसन रेशमी आदि पाँवड़े परत आगे बिछावत जात तिनपर पांव धरत पुत्रनसहित दशरथ महाराज चले २ जब द्वार पर आये तब आदरसहित सब बरातिन के पांय धोय यथायोग्य जो जैसी मर्याद को है ताको ताही भांति स्थान पै पीढ़ा दै बैठाये ३ पुनः जनकजी अवधपति दशरथजीके चरण धोये तासमय जो शील सनेह है सो वर्णा नहीं जात ४ बहुरि श्रीरघुनाथजी के पदकमल धोये जे पांव शिवजी अपने हृदयकमल में गोये गुप्त राखे हैं ५ भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न तीनिउँ भाइनको रघुनाथजी के सम बराबरि जानि तिनके पांय अपने ही हाथ जनकजी धोये ६ जैसो जाको उचित ताको तैसा ही आसन नृप जनक महाराज दीन्हे बैठाये पुनः सूपकारी रसोई करनहार सब को महाराज बुलाइ लीन्हे परोसन की आज्ञा दिये ७ परन पत्ता हरी मणिन के सँवारि बनाये तिनमें सोने की कीलैं लगीं ऐसे पनवारे आदरसहित परन लगे ८ दोहार्थ॥ पुनः सूप जो दालि अर्थात् धोई काँड़ा चना मूंग अरु गवड़ी मसालेदार छेउँकी सुगन्धित पुनः ओदन कहे भात अर्थात् पुराने चाउर छरे बीने लघुजल सघृत पकाये सुगन्धित सुरभी सरपि गोघृत नवीन पवित्र सुन्दर स्वाददार इत्यादि क्षण भरे में सब को परसिगे ऐसे चतुर सुआर रसोईदार विनीत नम्रतासमेत परसत ९॥

१५५ पञ्च कवर करि जेवन लागे। गारिगान सुनि अति अनुरागे १०
भांति अनेक परे पकवाने। सुधासरिस नहिं जाहिं बखाने ११
परसन लाग सुआर सुजाना। व्यञ्जन विविध नाम को जाना १२
चारि भांति भोजन विधि गाई। एक एक विधि बरणि न जाई १३

छरस रुचिर व्यञ्जन बहु जाती। एक एक रस अगणित भांती १४
जेंवत देहिं मधुर धुनि गारी। लै लै नाम पुरुष अरु नारी १५
समय सुहावनि गारि विराजा। हँसत राउ सुनिसहित समाजा १६
यहि विधि सबहीं भोजन कीन्हा। आदरसहित आचमन दीन्हा १७
दो० देइ पान पूजे जनक, दशरथ सहित समाज॥
जनवासे गवने मुदित, सकल भूप शिरताज १८

१५५ प्राणादि पञ्चवायु को बलि इति पञ्चकवर करि पुनः जेवन लगे तासमय स्त्रिन की गारी अर्थात् कौशल्यादि जनकजी को लगाइ गावती हैं ताको सुनि अति अनुरागे अत्यन्त अनुराग के वश भये १० पकवान घृत में पको अन्न ते अनेक भांति यथा पूरी, कचौरी, पुवा, मालपुवा, पेराक, समोसा, मठरी, पपरी, मोहनभोग, पकुची, तिलौरी, सकौरी, खजुरिया, अमौरी, पापरआदि सोंधे, नमकीले, मीठे अगणित मसाला मेवापरे सुगन्धित इति अनेकभांति पनवार में दोनन में परे परोसे गये जिनका स्वादु अमृत समान जो बखाने नहीं जात अनेक स्वादुके हैं ११ विविध प्रकार के व्यंजन जिनको नाम कौन जानिसकत तिनको सुजान सुआर चतुर रसोईदार परसनलगे १२ तहां भोजनविधि चारिभांति वेदने गाई कही है तामें एक एक विधि में जो भेद है सो वर्णे नहीं जात यथा भक्ष्य जो चर्वणवत् रूखी स्वादिष्ठ तामें भेद यथा लड्डू, बोंदी, खुरमा, पपरी, समोसा, पेराक, मठरी, जामुनि, गुलगुला, खाझा, बताशफेनी, शक्करपालआदि पुनः भोज्य सरस खावे योग्य तामें भेद यथा दालि, भात, खिचरी, तस्मई, रोटी, पूरी, पुवा, मालपुवा, अमिरती, जलेबी आदि ले सब मिठाई दूध, दही, मलाई, रावड़ी, हलुवाआदि पुनः चोष्य सालन तरकारी आदि १३ पुनः बहुतजाति के जे व्यंजन हैं तिनमें छःभांति के रस होत तिनमें एक एक रसके भेद वर्णन नहीं करिजात यथा खट्टा तामें खटाई, अँचार यावत् पुनः चरफरा मिर्च अदरखआदि कटु मिरचाआदि खारलौनआदि पुनः कषाय बाकठ अँवराआदि मीठा मिठाई मेवा दूधआदि १४ जेंवतसमय सीरध्वज, कुशध्वज बलाकर आदि पुरुषनको पुनः कौशल्या सुमित्रा कैकेयी आदिकनको नाम लैलै मधुर धुनिगानसहित गारीदेत १५ तहां ब्याहसमय पाय गारीभी सुहावनी विराजमानहैं सबको प्यारी लागत ताको सुनि महाराज समाजसहित हँसत १६ यहिविधिते सबहिन बरातिन भोजन कीन्ह पुनः आदरसहित सबको आचमन करिबेहेतु पात्र धरिदीन्हे खरिका दीन्हे १७ दोहार्थ॥ जेंये पीछे सबको

पान दीन्हे अर्थात् पक्के सफ़ेद देशावरी विविध मसालेपरे सोनेके वरक लपेटे पान दै पुनः षोड़शोपचार अथवा नेग पूजा दीन्हे यथायोग्य सब समाज को जनक महाराज पूजे पुनः सकलभूपन के शिरताज दशरथजी मुदित आनन्द मनते जनवासे को गवने चलेगये १८ ॥

१५६ नितनूतनमङ्गल पुरमाहीं। निमिषसरिसदिनयामिनिजाहीं १९
बड़ेभोर भूपतिमणि जागे। याचक गुणगण गावन लागे २०
देखि कुँवर सब बधुन समेता। किमि कहिजात मोद मन जेता २१
प्रातक्रिया करि गे गुरु पाहीं। महाप्रमोद प्रेम मनमाहीं २२
करि प्रणाम पूजा कर जोरी। बोले गिरा अमी जनु बोरी २३
तुम्हरी कृपा सुनहु मुनिराजा। भयो आजु मम पूरण काजा २४
अब सब विप्र बुलाइ गुसांई। देहु धेनु सबभांति सुहाई २५
सुनि गुरु करि महिपाल बड़ाई। पुनि पठये मुनि वृन्द बुलाई २६
दो० वामदेव अरु देवऋषि, बालमीकि जाबालि ॥
आये मुनिवर निकर तब, कौशिकादि तपशालि २७

१५६ जनकपुरमें प्रतिदिन नित नूतन नवीनमङ्गल उत्सव होतजात ताते यामिनि जो राति अरु दिन निमिषसरिस पलकसमान बीतिजात १९ बड़ेभोर लोहखालागे भूपतिमणि दशरथ महाराज जागे तासमय बन्दी सूत मागधआदि याचकजन गुणनकेगण यश प्रताप कीर्तिआदि गावनलगे २० पुनः वधुन पतोहुन समेत श्रेष्ठकुँवर पुत्रनको देखि जो दशरथजी के मोद आनन्द मनमें भयो जितना सो कैसे कहिजात २१ पुनः दिशा जंगल कुल्ला दतून इत्यादि प्रातक्रियाकरि पुनः प्रेमको महाप्रमोद प्रकर्ष आनन्द मन सहित गुरुवशिष्ठजी के पास गये २२ प्रथम हाथ जोरि प्रणाम करि पुनः पूजा कीन्ह पुनः करजोरे गिरावाणी बोले कैसी जनु अमृत बोरी मीठी वाणीकहे २३ दशरथजी कहे कि हे मुनिराज, वशिष्ठजी! सुनिये तुम्हारी कृपाते आजु मम मेरे सबकाज पूर्ण भये २४ कन्यादान लिये ताके उद्धार हेतु हे गोसाईं! अब सब ब्राह्मणनको बुलाइ तिनको सबभांति सुहाई अर्थात् सवत्स दुग्धवती नवीनी शुद्ध कपिला अलंकृत धेनु सबको दान देहु २५ इत्यादि दान श्रद्धामय वचन सुनि मुनि वशिष्ठजी महिपाल दशरथ महाराजकी बड़ाईकरि कि बड़ेभाग्यशाली धन्यहौ पुनः मुनिन के वृन्द बुलाइ पठाये सब बरातै में रहैं २६ दोहार्थ॥ कौन ऋषि वामदेव अरु देवऋषि

नारद बाल्मीकि जाबालि ये रघुवंश के आश्रित हैं पुनः कौशिक विश्वामित्र आदि तपशालि पूर्ण तपके धाम अपर कश्यप अत्रि भरद्वाजआदि अनेकन आये २७ ॥

१५७दण्डप्रणाम सबहिं नृपकीन्हा । पूजि सप्रेम वरासन दीन्हा २८
चारिलक्ष वर धेनु मँगाई । कामसुरभि सम शील सुहाई २९
सबविधिसकलअलंकृतकीन्हे । मुदित महीप ऋषिन कहँ दीन्हे ३०
करत विनय बहुविधि नरनाहू । लह्यउँ आजु जगजीवन लाहू ३१
पाइ अशीष महीप अनन्दे । लिये बोलि पुनि याचक वृन्दे ३२
कनकवसनमणिहयगजस्यंदन । दिये बूझि रुचि रविकुलनंदन ३३
चले पढ़त गावत गुण गाथा । जय जय जय दिनकरकुलनाथा ३४
यहि विधि रामविवाह उछाहू । सकै न बरणि सहसमुख जाहू ३५
दो० बारबार कौशिक चरण, शीश नाइ कह राउ ॥
यह सबसुख मुनिराज तव, कृपाकटाक्ष प्रभाउ ३६

१५७ यावत् मुनिआये तिन सबहिनको नृप दशरथजी दण्डप्रणाम कीन्हे पुनः प्रेमसहित पूजाकरि उत्तम आसन दीन्ह बैठाये २८ नवीन सवत्सा दुग्धवती कपिला ऐसी धेनु गौवें चारिलाख महाराज दशरथजी मँगाईं जिनको कामधेनु की समान सुन्दर शीलमयी स्वभाव २९ खुर में चाँदी सोने सींगें मढ़ीं पूंछमें मोती पृष्ठपर रेशमीझूलें इत्यादि सब विधिते सकलधेनु अलंकृत करि दशरथजी आनन्दते ऋषिनको दान दीन्हे इहां चारि कन्यादान लीन्हे ताते चारिलक्ष गोदान सुपात्रन को दीन्हे श्रीराम प्रसाद जानि सबऋषि अहोभाग्य मानि लीन्हे ३० पुनः नरनाह दशरथजी ऋषिनसों बहुत विधिसों बिनती करत अरु कहत कि आजु मैं जन्मधरि जगजीवनको लाभ पायों कृतार्थ भयों तब सब ऋषीश्वरन कहे कि आप को सदा कल्याण होई ३१ ऋषिन की अशीष पाइ महीश दशरथजी आनन्द भये पुनः याचकन के वृन्दनको बुलाये दान देनेहेतु ३२ तिनकी रुचि बूझि चाह पूछि पूछि कनक अशरफी, वसन दुशालाआदि, मणि, घोड़े, हाथी, रथआदि जो माँगा ताको सोई वस्तुदीन्हे काहते रविकुलनन्दन उदार वंशमें श्रेष्ठ हैं ताते परम उदार दशरथजी हैं ३३ ते सब आशीर्वाद पद पढ़त यश प्रताप कीर्तिआदि गुणानुवाद गावत भूषण वसन पहिरे वाहनपर सवार दिनकर सूर्यकुलनाथ दशरथ महाराज की तीनिउँ लोक तीनिकाल

में जय होइ ऐसा कहत सब चले ३४ यहिविधिते श्रीरघुनाथजी के विवाह की जो उछाह है सो जाके हजारमुख शेष सोऊ वर्णन नहीं करिसकत और कोऊ कैसे कहै ३५ दोहार्थ ॥ कौशिक विश्वामित्र के पांवनमें शीश नवाइ राउ दशरथजी वारंवार ऐसा कहते हैं कि हे मुनिराज! हमको यह यावत् सुख प्राप्तभया सो सब तुम्हारी कृपाकटाक्ष को प्रभाव है कारण आपही हो ३६ ॥

१५८ जनकसनेह शील करतूती। नृप सबराति सराह बिभूती ३७
दिन उठि बिदा अवधपति मांगा। राखहिं जनक सहित अनुरागा ३८
नित नूतन आदर अधिकाई। दिनप्रति सहसभांति पहुनाई ३९
नित नव नगर अनन्द उछाहू। दशरथगवन सुहाहि न काहू ४०
बहुत दिवस बीते यहि भांती। जनु सनेह रजु बँधे बराती ४१
कौशिक शतानन्द तब जाई। कह्यो विदेह नृपहिं समुझाई ४२
अब दशरथ कहँ आयसु देहू। यद्यपि छांड़ि न सकहु सनेहू ४३
भल्यहि नाथकहि सचिवबुलाये। कहि जयजीव शीश तिन नाये ४४
दो० अवधनाथ चाहत चलन, भीतर करहु जनाउ ॥
भये प्रेमवश सचिव सुनि, विप्र सभासद राउ ४५

१५८ सनेह अर्थात् प्रीतिसहित हँसनि बोलनि मिलनि पुनः शील छोटेहूको बड़ाई देना पुनः करतूति आदरते उत्तम भोजन उदारताते दान देना इत्यादि यावत् जनकजी में हैं तिनको नृप दशरथजी सब राति भरि विभूति ऐश्वर्य को सराहते रहे वा बरातसहित बड़ाई करते रहे ३७ प्रति दिन प्रभात उठि दशरथजी विदा मांगते हैं सो अनुरागसहित जनकजी राखते हैं विदा नहीं करत ३८ दिन प्रति नित नूतन नवा आदर अधिकते हजारन भांति की पहुनई होत नये पदार्थ रोज अधिक होतजात ३९ जनकनगर बिषे नितनवा आनन्द उछाह बढ़तजात ताते दशरथजी को गवन अयोध्याजी को जाना पुरवासिन में काहूको नहीं सुहात कि जायँ ४० नितनई पहुनई यहभांति बहुत दिन ब्याहते पीछे पैंतिसदिन बीति गये काहेते जनु सनेहरूप रज्जु रस्सी में बराती बँधे ताते कैसे जाइसकैं ४१ तब पौषशुक्ल दशमीको विश्वामित्र अरु शतानन्द जनकजी को समुझाइकै अर्थात् बहुतदिन बीते आनन्दते अब दोऊ राजकाजकी हानि है ऐसा कहे ४२ अब श्रीदशरथजी को अयोध्या जानेको आयसु देउ यद्यपि सनेह

ते छांड़ि नहीं सकत तदपि अब बिदैकिहे चनत ताते धैर्य धरना उचित ४३ विश्वामित्र शतानन्द के वचन सुनि जनक महाराज कहे कि हे नाथ! भली कही ऐसाकहि सचिव कामकाजी लोगनको बुलाये ते सब जय जीव आपको जीवन सदा जयवान् रहै ऐसा कहि तिन सचिवन शीश नाये ४४ दोहार्थ ॥ सचिवनते जनकजी कहे कि अवधनाथ दशरथ महाराज अयोध्याजी को चलन चाहत ताते महलके भीतर रानिनते जनाउ करौ बिदाकी सामग्री सजौ सो सुनि सचिव अरु संपूर्ण सभाके जन ब्राह्मण राजासहित सब प्रेमके वश विह्वल भये ४५॥

१५९ पुरवासिन सुनि चली बराता। बूझत विकल परस्पर बाता ४६
सत्यगवन सुनि सब बिलखाने। मनहुँ सांझ सरसिज सकुचाने ४७
जहँ जहँ आवत बसे बराती। तहँ तहँ सीध चला बहु भांती ४८
विविधभांति मेवा पकवाना। भोजन साज न जाइ बखाना ४९
भरि भरि बसह कहार अपारा। पठये जनक अनेक सुआरा ५०
तुरगलाख रथ सहस पचीसा। सकल सँवारे नख अरु शीसा ५१
मत्त सहस दश सिन्धुर साजे। जिनहिं देखि दिशि कुंजर लाजे ५२
कनक वसन मणि भरि भरि याना। महिषी धेनु वस्तु विधि नाना ५३
दो० दायज अमित न जाइ कहि, दीन्ह विदेह बहोरि॥
जो अवलोकत लोकपति, लोक संपदा थोरि ५४

१५९ जब पुरवासी सुनिनि कि आजु बरात चली तब वियोग जानि विकलह्वै परस्पर एकएकनते पूछतजात कि बरात बिदा होई? सो सुनि जानहार कहे कि बिदा होई ४६ बरातको गवन बिदा सत्य है ऐसा जानि सब बिलखाने रोदन करनेलगे कैसे उदासीनभये मनहुँ साँझसमय पाय सरसिज कमल संकुचित भये अफुल्लता गई ४७ आवतसमय जहां जहां बराती बसे राति विश्राम करे तहां तहां को सीध यथा चाउर, दालि, मैदा, घृत, शक्कर, तरकारी, लोन, मसालाआदि चलाय पठाये बहुभांतिको ४८ गरी, बदाम, छुहारा, पिस्ता, किशमिश, अनार, अंगूर, अमरूद, नारंगी, केला आदि मेवा अनेकभांति पकवान यथा पूरी, कचौरी, मालपुवा, पेराक, लड्डू, बोंदी, खुरमा इत्यादि भोजनसाज बखानी नहीं जात ४९ गाड़ी बसहबर्ध कहारनमें अनेकन वस्तु भरिभरि पुनः अनेकन सुवार रसोईकरनहारे जनकजी आगे पठाये ५० पुनः तुरङ्ग जो हैं घोड़े सो एकलाख अरु

पच्चीसहजार रथ तिनको नखते शिखापर्यन्त भूषणनते सजि सँवारेगये घोड़नके लगाम पूजी गंडा दुमची आदि रथनमें ध्वजा पताका किंकिणी बिछौनाआदि ५१ सिन्धुर हाथी मत्त शोभामात्र कुलबोलें नहीं कि ढिठाई करें ऐसे दशहजार साजे पुष्टाङ्ग उन्नत ऐसे कि जिनको देखि दिशिकुञ्जर दिग्गज लजात ५२ कनक स्वर्णमुद्रा, वसन दुशाला जरीआदि, मणि हीरा ते सब यान रथनमें भरे अरु गाई भैंसीआदि अनेकन विधिकी वस्तु ५३ दोहार्थ॥ बहुरि अमित संख्यारहित दायज जनकजी दीन्हे सो कहा नहीं जात जो अवलोकत देखतमें लोकपति इन्द्रादिकन के लोकन में थोरी संपदा देखात ५४॥

१६० सब समाज यहि भांति बनाई। जनक अवधपुर दीन्ह पठाई ५५
चलिहि बरात सुनत सबरानी। विकल मीनगण जिमि लघुपानी ५६
पुनि पुनि सीय गोदकरि लेहीं। देइँ अशीष सिखावन देहीं ५७
ह्वैहौ संतत पियहि पियारी। चिर अहिवात अशीष हमारी ५८
सासु ससुर गुरु सेवा करयहू। पतिरुखलखिआयसुअनुसरयहू ५९
अतिसनेह वश सखी सयानी। नारिधर्म सिखवहिं मृदुबानी ६०
सादर सकल कुँवरि समुझाई। रानिन बारबार उरलाई ६१
बहुरि बहुरि भेटहिं महतारी। कहहिं विरंचि रची कत नारी ६२
दो० त्यहि अवसर भाइन सहित, राम भानुकुल केतु॥
चले जनक मन्दिर मुदित, बिदा करावन हेतु ६३

१६० इत्यादि घोड़े, हाथी, रथ, मणि, वसनआदि सब यहि पूर्वविधि समाज दायज साजसाजि बनायकै मार्गवासी अरु अवधबासिनको देखने हेतु जनकजी अयोध्याजीको प्रथमही पठाइ दीन्हे अर्थात् दशरथजी उदार हैं इहैं सब दान करिदेइँगे याते ५५ बरात चली यह बात सुनतही सुनयना, चन्द्रकान्ती, विदग्धा, सुभद्रा, मोदिनी, शोभनाङ्गी, विलक्षा, विनीताआदि निमिवंशिनकी रानी सब कैसी विकल भई यथा लघु थोरा पानी होत मीन मछरीगण विकल होत ५६ पुनि वारंवार जानकीजीको गोदमें लैकरि पुनः अशीष दैकै स्त्रीधर्मको सिखावन देत सो आगेहै ५७ कौन आशीर्वाद देतीं कि सन्तत कहे सदा अपने पीयको परमप्यारी होइहौ पुनः चिर कहे बहुत कालतक तुम्हारा अहिवात बनारहै यह हमारी अशीष है इति आशीर्वाद देतीं ५८ पुनः सिखावन देतीं कि सासुकी अरु ससुरकी अरु गुरु यावत्गुरु-

जन जे अपनाते बड़े होइँ तिनकी सेवा किहेउ अरु उत्तमधर्म तौ यही है कि पतिको रुख लखि देखिकै कार्य किहेउ नातरु पतिको आयसु आज्ञा पाय कै कार्य किहेउ जैसी पतिकी आज्ञा होइ तैसेही किहेउ अर्थात् आज्ञाभङ्ग न किहेउ यामें महाअपराध है ५६ सयानी जे पतिव्रत में प्रवीण सखी हैं अत्यन्त सनेहवश किशोरीजी को मृदु कोमलवाणीते नारिधर्म पतिव्रत सिखावती हैं यथा शिवपुराणे पार्वतीयात्राप्रसङ्गे ॥ भुञ्ज्याद्भुक्ते प्रिये पत्यौ पतिव्रतपरायणा। सुप्ते स्वपिति सा नित्यं बुध्यात्तु प्रथमं सुधीः॥ सर्वदा तद्धितं कुर्यादकैतवगतिः प्रिया। आहूता गृहकार्याणि त्यक्त्वा गच्छेत्तदन्तिकम्॥ सत्वरं साञ्जलिः प्रीत्या सुप्रणम्य वदेदिति। किमर्थं व्याहृता नाथ स्वप्रसादो विधीयताम्॥ तदादिष्टाचरेत्कर्म सुप्रसन्नेन चेतसा। स्वप्नेपि यन्मनो नित्यं स्वपतिं पश्यति ध्रुवम्॥ नान्यं परपतिं भद्रे उत्तमा सा प्रकीर्तिता। या पितृभ्रातृसुतवत् परं पश्यति सद्धिया॥ मध्यमा सा हि कथिता शैलजे वै पतिव्रता। बुद्ध्वा स्वधर्मं मनसा व्यभिचारं करोति न॥ निकृष्टा कथिता सा हि सुचरित्रा च पार्वती। पत्युः कुलस्य च भयाद् व्यभिचारं करोति न॥ पतिव्रताऽधमा सा हि कथिता पूर्वसूरिभिः। उक्ता प्रत्युत्तरं दद्या नारी क्रोधतत्परा॥ शरभा जायते ग्रामे शृगाली निर्जने वने। उच्चासनं न सेवेत न गच्छेद्दुष्टसन्निधौ॥ न त्रपाकरवाक्यानि वदेन्नारी पतिं क्वचित् ६० इत्यादि आदरसहित सकल कुँवरिनको पतिव्रत समुझायकै पुनः सब रानी पुत्रिन को वारंवार उरमें लाइ मिलत ६१ एक छांड़ि दूसरीको इत्यादि वारंवार पुत्रिनको माता मिलती हैं पुनः माता पिताआदि त्यागि परवश निर्वाहना नेकही बात में दूषण सदा दण्डकी त्रास इत्यादि विचारि सब रानी कहतीं कि हे ब्रह्मा! नारिनको कत काहेको बनाये यह कहतहीं नारी बनायबे को हेतु ब्रह्माने दिखाया ६२ दोहार्थ॥ कौनहेतु दिखाया ताही अवसर भाइन सहित भानुकुलमें पताका श्रीरघुनाथजी विदा होने हेतु मुदित मन ते जनकजीके मन्दिरको चले सब लाभथल जानेते मोद है ६३॥

१६१ चारिउ भाइ सुभाइ सुहाये। नगर नारि नर देखन धाये ६४
कोउ कह चलन चहत हैं आजू। कीन्ह विदेह बिदाकर साजू ६५
लेहु नयनभरि रूप निहारी। प्रियपाहुने भूपसुत चारी ६६
को जानै क्यहि सुकृत सयानी। नयनअतिथि कीन्हे विधि आनी ६७
मरणशील जिमि पाव पियूखा। सुरतरु लह्यो जन्मकर भूखा ६८
पाव नारकी हरिपद जैसे। इनकर दरशन हमकहँ तैसे ६९

निरखि राम शोभा उर धरहू । निजमन फणि मूरतिमणि करहू ७०
यहिविधि सबहि नयन फल देता । गये कुँवर सब राजनिकेता ७१
दो० रूपसिन्धु सब बन्धु लखि, हर्षि उठीं रनिवासु ॥
करहिं निछावरि आरती, महामुदित मन सासु ७२

१६१ जे सहजही में सुन्दर चारिउभाइ दूलह तिन्हैं देखनहेतु नगर के नारी नर सब धाये ६४ पुरजन परस्पर वार्ताकरत कोउ कहत कि दशरथराजकुमार आजु चलनचहत काहेते विदेहजी बिदाकी साज सामग्री कीन्ह ६५ भूप दशरथके सुत पुत्र या समय में प्यारे पाहुन हैं अर्थात् राजमन्दिरको आवत तहां स्नान भोजनआदि में एकाकी देखने को समय है ताते राजकुमारन को रूप नयननभरि अघायकै निहारिलेहु ६६ हे सयानी सखी ! को जानै कौन सुकृत उदय भई ताते विधि ब्रह्माने राजकुमारन को हमारे नयननके अतिथि पाहुन आनि कीन्ह विना कारण पठाइ दिये ६७ कौन प्रकार ये हमको प्राप्त भये यथा मरणशील प्राण तन त्याग समय जिमि कोऊ पियूष अमृत पावै अथवा जन्मभरे को भूखा सुरतरु लहेउ कल्पवृक्ष पायो ६८ अथवा नारकी नरकगामी यथा हरिपद वैकुण्ठ पावा ताही भांति हम सबको इन राजकुमारन के दर्शन दुर्लभ रहैं ६९ श्रीरघुनाथ जी की शोभा निरखिकै उरमें धरि राखो कौनभांति कि निज अपनो मन जो फणि सर्प ताकी मणि श्याममूरति को करहु इति सखिन की पूर्वाभिलाष वार्ता है पद यथा ॥ राम बना जस अजब सलोना । तस नहिं सुना दीख नहिं नयनन भयो न है नहिं आगेहु होना १ श्याम अनूप भूप लालनको रूपसमान विरंचि रचो ना । भूलि निरखि मुखचन्द्रमाधुरी कामिनि देह गेह सुधि हो ना २ अवसर आजु राजमन्दिर में लेवैं लाभ लाज धरि कोना । सो पछिताइ खाइ विष मरि है खोलि नयन लखि लेवै रि जो ना ३ मैं भरि अंक सफल तन करिहौं उमगो मैन लाज उरझो ना । बैजनाथ सीतावल्लभ पै निश्चय आजु पतिव्रत खोना ४ । ७० जाके मन में जैसो भावत सो ताही भांति की वार्ता सखी परस्पर करत प्रभुको निहारि निहारि अपने नेत्र सफल मानत याही विधि सब नर नारिनको नयन फल देत सब राजकुँवर राजमन्दिर को गये ७१ दोहार्थ ॥ यथा चुम्बक लोहा को खैंचत तैसेही जो दृष्टिको खैंचै ताको रूपकही ऐसे रूप जल पूर्ण समुद्र श्रीरामादि चारिउ भाइनको देखि रनिवास हर्षिउठीं यह ब्रह्माने दिखाया

कि जो तुम्हारे कन्याहै ताहीते यह आनन्द प्राप्तहै महाआनन्द मनते सासु सुनयनाजी न्योछावरि आरती करतीभई ७२ ॥

१६२ देखिरामछवि अतिअनुरागीं। प्रेमविवश पुनिपुनिपगलागीं ७३
रही न लाज प्रीति उरछाई। सहज सनेह वरणि नहिं जाई ७४
चारिउभाइ उबटि अन्हवाये। छरस अशन अतिहेतु ज्यँवाये ७५
बोले राम सुअवसर जानी। शील सनेह सकुचमय वानी ७६
राव अवधपुर चहत सिधाये। बिदा होनहित हमहिं पठाये ७७
मातु मुदित मन आयसु देहू। वालक जानि करव नित नेहू ७८
सुनत वचन बिलख्यउ रनिवासू। बोलि न सकत प्रेमवश सासू ७९
हृदय लगाइ कुँवरि सब लीन्ही। पतिनसौंपि बिनती अति कीन्ही ८०
छं० करि विनय सिय रामहिं समर्पी जोरिकर पुनि पुनि कहै ॥
बलिजाउँ तात सुजान तुम कहँ विदित गति सबकी अहै ८१
परिवार पुरजन मोहिं राजहिं प्राणप्रिय सिय जानबी ॥
तुलसी सुशील सनेह लखि निज किंकरी करि मानबी ८२
सो० तुम परिपूरण काम, जान शिरोमणि भाव प्रिय ॥
जन गुणगाहक राम, दोषदलन करुणायतन ८३

१६२ श्रीरघुनाथजी की छवि देखि रानी अनुरागीं प्रीतिते अन्तर भरि आयो ताकी उमङ्ग प्रेमकी विह्वलतावश वारंवार पगलागीं पांयनपरीं ७३ प्रीति पूर्ण उरमें छाई है ताते लाज रही न गई नेत्रन में रामरूप है लाज कहां रहै पुनः सरहज आदिकन में जो सहज सनेह दोऊ दिशि ते मिलनि बोलनि हँसनि चितवनि हाव भावादि सोतौ वर्णन नहीं कीन जात ७४ पुनः रानीजी श्रीरामादि चारिउ भाइनको उबटन लगाइ अन्हवाइ भूषण वसन साजि पुनः सिंहासनपर बैठारि षट्रसमय अशन भोजन अतिहेतु प्रीतिसहित जेंवाये ७५ भोजन करि पान खाइ बैठे तव सावकाश देखि सुन्दर अवसर जानि पुनः शील बड़ाई दै सनेह प्रीतिपूर्वक सकुचमय दबिकै वाणी श्रीरघुनाथजी बोले ७६ प्रभु बोले कि राव दशरथजी अवधपुर को सिधाये अयोध्याजी को जावा चहत ताते बिदा होनहेतु हमको इहां आपके पासको पठाये ७७ प्रभु कहे कि हे मातु! मुदित आनन्द मनते हमको अवध जानेकी आज्ञा देहु पुनः हमको अपना वालक जानि नित्यही

नेहकरब मयाराखे रहेउ ७८ प्रभुके कहे वियोग वचन सुनतही सब रनिवास विलख्यो रोदन करनेलगीं पुनः सासु ऐसी प्रेमके विवश हैं जो कण्ठावरोधनते बोलि नहीं सकत ७९ जानकी माण्डवी उर्मिला श्रुतिकीर्ति इति सब कुँवरिन को माता हृदय में लगाइ लीन्ही पुनः पतिन को सौंपि पुनः माता बिनती करतीं अत्यन्त करि कीन्ही बारबार निहोरा देत ८० श्रीजानकीजी को हाथ गहि माता श्रीरघुनाथजी को समर्पी हाथ पकराय पुनः सुनयनाजी हाथ जोरि बिनती करि बारबार कहती हैं कि बलि जाउँ हेतु आपको सब की गति विदित है काहेते सुजान सब वस्तु के ज्ञाता हौ ८१ सुनयनाजी कहतीं कि पुरवासी जन हमारे परिवार के जन मोको अरु राजा इत्यादिकन को प्राणन के समान प्रिय जानब अर्थात् बहुत प्यार की पाली हैं कदाचित् कुछ कहते करते न बनै तौ क्षमा करिबे को आप समर्थ हौ गोसाईंजी की उक्ति पुनः सुनयनाजी कहत कि जानकीजी बिषे जैसा शील पुनः सनेह अपना में प्रीति लखि देखि कै ताही भांति निज किङ्करी अपनी टहलुई करि मानब अर्थात् जो शीलमय सनेह ते आपको स्वामी मानै तौ आप करुणादृष्टि किङ्करी करि माने रहब ८२ सोरठार्थ॥ आपतौ सब कामना ते परिपूर्ण हौ पुनः सुजानन में शिरोमणि हौ पुनः आपको भाव प्रिय है भाविक जन प्यारे हैं हे रघुनाथजी ! आप तौ निज जनन के गुणगाहकहौ जनके दोष दलनहारे हौ अर्थात् अवगुण त्यागि गुणै ग्रहण करते हौ काहेते करुणा के आयतन स्थान हौ अर्थात् जन के दुःख में आपहू दुःखी होते हौ ८३ ॥

१६३ अस कहि रही चरण गहि रानी। प्रेम पङ्क जनु गिरा समानी ८४
सुनि सनेहसानी वर बानी। बहुविधि राम सासु सनमानी ८५
राम बिदा मांग्यो करजोरी। कीन्ह प्रणाम बहोरि बहोरी ८६
पाइ अशीष बहुरि शिर नाई। भाइन सहित चले रघुराई ८७
मञ्जु मधुर मूरति उर आनी। भईं सनेह शिथिल सब रानी ८८
पुनि धीरज धरि कुँवरि हँकारी। बारबार भेंटति महतारी ८९
पहुँचावहिं पुनि मिलहिं बहोरी। बढ़ी परस्पर प्रीति न थोरी ९०
पुनि पुनि मिलत सखी बिलगाई। बालवत्स जनु धेनु लवाई ९१

दो० प्रेमविवश नरनारि सब, सखिन सहित रनिवास ॥
मानहुँ कीन्ह विदेहपुर, करुणा विरह निवास ९२

१६३ अस पूर्ववत् वचन कहि प्रभु के चरण गहि रानी चुप रहिगईं कैसे

जनु प्रेमरूप पङ्क कीच में वाणी समानी फँसिगई ८४ थोरे वर्ण अर्थ बड़ा विलक्षण उक्ति समय सुहावनी इति वर श्रेष्ठ वाणी पुनः सनेहरस ते सानी ताको सुनि रघुनाथजी सासु को बहुत भांति ते सन्मानी समुझाई धैर्य दीन्ह ८५ पुनः श्रीरघुनाथजी हाथ जोरि सासु ते बिदा मांगे अरु बारबार प्रणाम कीन्ह ८६ सासुन के प्रणाम कीन्हे सबन आशीर्वाद दीन्ही सो अशीष पाइ पुनः माथनाथ भरतादि भाइन सहित श्रीरघुनाथजी जनवासे को चले ८७ विकाररहित मञ्जु अमल मधुर मन नयनन को प्रिय आनन्ददायक मूर्ति श्रीरघुनाथजी को भाइन सहित उर में आनि सब रानी रामसनेहवश शिथिल विह्वल भईं ८८ पुनः रानी धीरज धरि जानकी आदि कुँवरिन को हँकारी समीप बोलाईं तिनको बारबार महतारी भेटती हैं ८९ धैर्य धरि पहुँचावहिं बिदा करहिं पुनः बहोरि मिलत प्रीतिवश ते फिरि फिरि मिलत इत्यादि परस्पर पुत्री मातन में थोरी नहीं बड़ी प्रीति बढ़ी ९० मिलत समय सखिन सों बिलगाइ बारबार मातन को पुत्री कैसी मिलत जनु बालबच्चा को लवाई थोरे दिन की ब्याई धेनु मिलत ९१ दोहार्थ ॥ इस दशा को देखि पुर के सब नरनारि सखिनसहित रनिवास प्रेम के विवश कैसे आर्त विह्वल भये मानहुँ विदेहपुर में करुणा विरह आइ निवास वास कीन अर्थात् विरागिन को विरक्तपुर रहा सो वियोगिन को करुणापुर ह्वै गयो यह रामसनेह की महिमा है करुणा यथा ॥ छूटि जात केशव जहां सुख के सबै उपाइ। उपजत करुणारस तहां आपुन ते अकुलाइ ९२ ॥

१६४ शुक सारिका जानकी ज्याये। कनक पींजरन राखि पढ़ाये ९३
व्याकुल कहहिं कहां वैदेही। सुनि धीरज परिहरै न केही ९४
भये विकल खग मृग यहि भांती। मनुज दशा कैसे कहि जाती ९५
बन्धु समेत जनक तब आये। प्रेम उमँगि लोचन जल छाये ९६
सीय विलोकि धीरता भागी। रहे कहावत परम विरागी ९७
लीन्ह लाइ उर जनक जानकी। मिटी महामर्याद ज्ञान की ९८
समुझावत सब सचिव सयाने। कीन्ह विचार अनवसर जाने ९९
बारहिंबार सुता उर लाई। सजि सुंदरि पालकी मँगाई १००

दो० प्रेम विवश परिवार सब, जानि सुलगन नरेश ॥
कुँवरि चढ़ाई पालकिन, सुमिरे सिद्धि गणेश १

१६४ प्रीतिवश दुःख को करुणा कही प्रियावियोग दुःख को विरह कही

सो देखावत कि श्रीजानकीजी जे सुवा अरु सारिका जिआये पाले सुन्दर पदार्थ खवाय सोने के पिंजरन में राखि पढ़ाये चुचुकारि प्रिय करि राखे ६३ ते शुक सारिका वियोग विरहते व्याकुल है कहत कि जनकनन्दिनी कहां हैं इत्यादि विरहमय पक्षिन के वचन सुनि क्यहिको धीरज न परिहरै अर्थात् सबको धैर्य छूटि जाय ६४ जहां खग पक्षी मृगादि जड़ जीव यहि भांति वियोग दुःख ते विकल भये तहां चैतन्य पुनः नेही मनुज मनुष्यन की जो दशाहै सो कैसे कहि जात ६५ बन्धु कुशध्वजसमेत जनकजी तब ताही समय महलको आये कन्यनको देखतही ऐसा प्रेम उमँगा कि नेत्रन में जल छाइगयो अश्रु भरि आये ६६ यद्यपि विदेहजी विरागी परम वैराग्यवान् कहावत रहे तिनहुँन के उर ते श्रीजानकीजी को जात देखत ही धीरता भागि गई प्रीतिवश भये ६७ श्रीजानकीजी को जनकजी उर में लगाइ लीन्ह किस हेतु कि रूक्ष ब्रह्मानन्द ते हृदय रूखा रहा अब रामसनेहरस ते हृदय भक्तिरसगाहक भयो सो जानकीजी आह्लादिनी पराशक्ति भक्तिरूपउर में लगाइ बाहर भीतर भक्तिपूर्ण कीन्ह तब ज्ञान की जो महामर्याद विषयवारि रोकने को पुष्ट मेड़ रही सो मिटी प्रेम प्रवाह में बहिगयो वा विना इन्हें रामरूप नहीं रहि सकत यथा अगस्त्यसंहितायाम् ॥ यावन्न ते सरसिजद्युतिहारिपादे न स्याद्रतिस्तरुनवांकुरखण्डितासे । तावत्कथं तरणिमौलिमणे जनानां ज्ञानं दृढं भवति भामिनि रामरूपे ॥ इनको उर में लगाइ रामरूप दृढ़ राखे अथवा भक्तिरूप उर में लगाइ ज्ञान असार जानि त्यागे यथा भागवते ॥ श्रेयः श्रुतिं भक्तिमुदस्यते विभो क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये । तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम् ६८ सयाने चतुर मन्त्री लोग समुझावत कि समय पर धैर्य चाहिये तब अनवसर अवसर नहीं है ऐसा जानि विचार करि महाराज धैर्य कीन्ह ६९ बारबार पुत्रीको उरमें लगाइ पुनः सुन्दरि पालकी सजि महाराज मँगाये जामें जरी को ओहार दिव्य बिछावन १००दोहार्थ॥ सब परिवार नर नारि ते तौ प्रेमकी विशेषवश अरु मुनिनकी बताई शुभलग्न आयगई अर्थात् पौषशुक्लदशमी सोमवार रेवती दाहिने चन्द्रमा मीनलग्न जाको स्वामी गुरु पँचयें रवि भौम दशयें लग्न में चन्द्र जानकीजी के तीसरे इति शुभलग्न वार इष्ट पर जानि नरेश जनकजी सिद्धिदायक गणेश को सुमिरि श्रीजानकी आदि कुँवरिन को पालकी पर चढ़ाये १ ॥

१६५ बहुविधि भूप सुता समुझाई। नारिधर्म कुलरीति सिखाई २

दासी दास दिये बहुतेरे। शुचि सेवक जे प्रिय सिय केरे ३
सीय चलत व्याकुल पुरवासी। होहिं शकुन शुभ मंगलरासी ४
भूसुर सचिव समेत समाजा। संग चले पहुँचावन राजा ५
समय विलोकि बाजने बाजे। रथ गज वाजि बरातिन साजे ६
दशरथ विप्र बोलि सब लीन्हे। दानमान परिपूरण कीन्हे ७
चरणसरोज धूरि धरि शीशा। मुदित महीपति पाइ अशीशा ८
सुमिरि गजानन कीन्ह पयाना। मङ्गलमूल शकुन भे नाना ९
दो० सुर प्रसून वर्षहिं हरषि, करहिं अप्सरा गान॥
चले अवधपति अवध कहँ, मुदित बजाइ निशान १०

१६५ भूप जनकजी सुता जानकी आदि तिनको बहुत विधि अर्थात् कन्या को पितुगृह नहीं है पतिन को घर अपना जानौ पुनः घर के जन शीलवान् हैं तुम्हें सांसति न होई पुनः तुम हीं चारि वहिनी हौ ताते बन्धु-वर्ग विरोध निर्मूल है पुनः चक्रवर्ती के घरको जाती हौ यह बड़ाई पावोगी जब मन चही तब इहां मँगाइ लेइँगे इत्यादि बहुत विधि ते समुझाइ मन थिर करि तब नारिधर्म पतिव्रत की यावत् रीति है पुनः कुल की रीति सम शीलता क्षमा उदारता दीननको दान गुरुजन को मान इत्यादि द्विजकुल उजियारता सिखाये २ पुनः जे मन कर्म वचन ते शुचि पवित्र पुनः जानकी जी को प्रिय ऐसी दासीदास सेवाहित बहुत दिये ३ जानकीजी के चलत समय वियोग दुःखते पुरवासी नरनारि सब व्याकुल भये अरु मार्ग में दधि सघट नारी आदि मंगल की राशि शुभ शकुन होते हैं ४ भूसुर ब्राह्मण शतानन्दादि अरु सचिवादि समाज सहित राजा जनकजी पहुँचावन हेतु पालकिन के साथ चले ५ पालकी चली देखि इति चलिबे को समय विलोकि देखि पयान के वाजा बाजे सो सुनि सुनि बराती जन हाथी घोड़ा रथादि वाहन सब साजै लगे ६ ता समय दशरथ महाराज जनकपुर देशादि के विप्रन को अपने निकट वोलाइ लीन्हे पुनः मणि सोना वसन वाहनादि दानदै प्रणाम विनयादि मान करि परिपूर्ण काम कीन्हे ७ ब्राह्मणों के चरणकमलों की धूरि अपने शीश पर धरे विप्रन आशीर्वाद दीन्ह कि सराज्य पुत्र चिरंजीव रहौ इति अशीष पाइ महीपति दशरथजी मन मुदित आनन्द भये ८ गजानन गणेशजी को सुमिरि अवध को पयान कीन चले सवाल नारी दधि नकुलादि मङ्गल के मूल अनेकन शकुन भये ९ दोहार्थ॥

हर्षि आनन्द ते सुर इन्द्रादि प्रसून फूल वर्षत विमानन पर अप्सरा मंगल गान करत बरात में निशान नगाराआदि बाजा बजाइ मुदित आनन्द सहित दशरथ महाराज अयोध्याजी को चले १० ॥

१६६ नृप करि विनय महाजन फेरे । सादर सकल मांगने टेरे ११
भूषण वसन वाजि गज दीन्हे । प्रेमपोषि ठाढ़े सब कीन्हे १२
बारबार विरदावलि भाखी । चले सकल रामहिं उर राखी १३
बहुरि बहुरि कोशलपति कहहीं । जनक प्रेमवश फिरा न चहहीं १४
पुनि कह भूपति वचन सुहाये । फिरिय महीप दूरि बड़ि आये १५
राउ बहोरि उतरि भे ठाढ़े । प्रेमप्रवाह विलोचन बाढ़े १६
तब विदेह बोले कर जोरी । वचन सनेह सुधा जनु बोरी १७
करौं कवन विधि विनय बड़ाई । महाराज म्वहिं दीन्ह बड़ाई १८
दो० कोशलपति समधी जनक, सनमाने सब भांति ॥
मिलन परस्पर विनय अति, प्रीति न हृदय समाति १६

१६६ पुनः नृप दशरथजी विनय नम्रता वचन कहि महाराज ने उत्तम जनन को फेरे पुनः आदरसहित मांगने याचकन को टेरे बोलाये इहां के याचक ऐसे हैं कि बोलाये ते आये ११ तिन याचकन को माला कंठाआदि भूषण दुशालाआदि वसन हाथी घोड़ाआदि दीन्हे प्रेमपोषि आदरवचन कहि प्रेम बढ़ाइ सबको ठाढ़ कीन्हे १२ विरदावली कुल को प्राचीन यश कीर्ति प्रतापादि वारंवार भाषि वन्दीजनादि श्रीरघुनाथजी को रूप उर में राखि लौटि चले १३ कोशलपति दशरथ महाराज बारबार ठाढ़ होने को कहत परन्तु प्रेम के वश ते जनकजी फिरि जाना नहीं चाहत लौटत नहीं १४ पुनः भूपति दशरथजी सुहाये प्रीति ते सुन्दर वचन कहे कि हे महीप, जनकजी ! बड़ी दूरि चले आयो अब फिरिये लौटि जाइये वहांहूं को भी काम देखिये १५ बहोरि राउ दशरथजी रथ ते उतरि ठाढ़ भये प्रेम को प्रवाह जो उरते उमँगा ताते विलोचन में बाढ़ि आयो नेत्रन में आँसू बहि आये १६ तब विदेहजी हाथ जोरिकै बोले कैसे वचन जनु सनेहरूप सुधा अमृतसों बोरिके श्रवणरोचक १७ जनकजी कहत कि हे महाराज ! आपकी बिनती बड़ाई मैं कौन विधि ते करौं आप ऐसे महाराज समर्थ हौ कि मोको भी अपनो संम्बन्धीकरि बड़ाई दीन्ह १८ दोहार्थ ॥ कोशलपति दशरथजी समधी जनकजी को सब भांति अर्थात् हम तुम एकही हैं पुनः अब सम्बन्ध भया पुनः अन्तर

में प्रीति ताते अब सोना सुगन्धित सनेह भया इत्यादि सन्माने वचन आदर दिये तासमय परस्पर जो मिलन है अरु मुखनते बिनती तेहि करिकै जो प्रीति बढ़ी सो दोउन के हृदय में समाती नहीं १९॥

१६७ मुनिमण्डलिहि जनक शिरनावा। आशिरवाद सबहि सन पावा २०
सादर पुनि भेंट्यो जामाता। रूप शील गुणनिधि सब भ्राता २१
जोरि पङ्करुह पाणि सुहाये। बोले वचन प्रेम जनु जाये २२
राम करौं क्यहि भांति प्रशंसा। मुनि महेश मनमानस हंसा २३
करहिं योग योगी ज्यहि लागी। कोह मोह ममता मद त्यागी २४
व्यापक ब्रह्म अलख अविनाशी। चिदानन्द निर्गुण गुणराशी २५
मनसमेत ज्यहि जान न बानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी २६
महिमा निगम नेति करि कहहीं। जो तिहुँ काल एक रस रहहीं २७
दो० नयन विषय मोकहँ भयो, सो समस्त सुखमूल॥
सबहि सुलभ जग जीव कहँ, भये ईश अनुकूल २८

१६७ महाराज ते बिदा ह्वै जनकजी मुनिमण्डली वशिष्ठादिकन को शिर नवाइ प्रणाम करि सबन सन आशीर्वाद पाये २० पुनः आदरसहित जामाता श्रीरामादिकन को भेंटे जे रूप अरु शीलादि गुणन के निधि भरे पूर्ण चारिउ भ्राता सबन को मिले २१ पुनः जनकजी पङ्करुहपाणि करकमल जोरि सुहाये सुन्दर वचन बोले कैसे सुन्दर जनु प्रेम के जाये प्रेम ही ते उत्पन्न भये २२ जनकजी कहत कि हे श्रीरघुनाथजी ! आपकी प्रशंसा मैं क्यहि विधि ते करौं अर्थात् अपार सिन्धु सम आपकी महिमा पिपीलिका सम मेरे मुख में कहा समाइ काहेते मुनि मननशील यथा सनकादिक नारदादिक पुनः महेश इत्यादिकन के मन अमल मानसर हैं तामें हंसवत् सदा वास किहेहौ २३ पुनः योगीजन ज्यहि लागि ज्यहि रूप की प्राप्ति हेतु यम नियमादि अष्टांगयोग करते हैं कौनप्रकार कोह कहे क्रोध अरु मोह जो हृदयको अन्धकार पुनः ममता जो धनधामादि में अपनपौ पुनः जाति विद्यादि को मद इत्यादिकन को त्यागिकै शुद्धमन ते २४ अन्तर्यामी ब्रह्म ह्वै चराचर में व्यापक हौ पुनः अलख हौ आप सब को देखत हौ आपको कोई नहीं देखे पावत पुनः अविनाशी कबहूं नाश नहीं पुनः चिदानन्द सदा चैतन्य आनन्दघन हौ पुनः निर्गुण तीनिउँ गुणन ते परे हौ पुनः कृपा उदारतादि गुणन की राशि हौ २५ ब्रह्मादि आचार्य यावत् कवि हैं ते

सकल अनुमानमात्र आपको रूप महिमा कहते हैं कोऊ तरकि नहीं सकत आपकी विभूति को पार नहीं पाइ सकत काहेते मनसमेत वाणी जाको जानि नहीं सकत ताको कोऊ कैसे कहै २६ निगम वेद सोऊ आपकी महिमा को नेति करि गावत अन्त नहीं पावत जो रूप तीनिहूं कालमें एक ही रस रहत ऐसे आप हौ २७ दोहार्थ ॥ सोई प्रभु आप मूर्तिमान् मोको नयनन की विषय भयउ सुन्दररूप नेत्रन भरि देखने को मिलेउ सो आप को दर्शन कैसो है कि लौकिक पारलौकिक समस्त सुख को मूल है काहेते न्यहि पर ईश ईश्वर अनुकूल प्रसन्न भयो त्यहि जीव को जग में सबै सुख सुलभ होते हैं २८ ॥

१६८सबहिभांतिम्वहिंदीन्हबड़ाई।निजजनजानिलीन्ह अपन्याई २९
होहिं सहस शत शारद शेखा । करहिं कल्प कोटिक भरि लेखा ३०
मोरि भाग्य राउर गुणगाथा । कहि न सिराहिं सुनहु रघुनाथा ३१
मैं कछु कहौं एक बल मोरे । तुम रीझहु सनेह सुठि थोरे ३२
बारबार माँगौं कर जोरे । मन परिहरै चरण जनि भोरे ३३
सुनि वर वचन प्रेम परिपोषे । पूरणकाम राम परितोषे ३४
करि वर विनय श्वशुर सनमाने । पितु कौशिक वशिष्ठ सम जाने ३५
बिनती बहुरि भरतसन कीन्ही । मिलि सप्रेम पुनि आशिष दीन्ही ३६

दो० मिले लषण रिपुसूदनहिं, दीन्ह अशीष महीश ॥
भये परस्पर प्रेमवश, फिरि फिरि नावहिं शीश ३७

१६८ अरु आपने तौ मोको लोकवेद सब भांति ते बड़ाई दीन्ह सो कहां तक कहौं निज अपना जन जानि कै मोको अपनाय लिहेउ अपनो वनायउ २९ तहां जे शतसहस्र सौहजार शेष शारदा होइँ ते सब कोटिन कल्पभरि लेखा करैं संख्या कीन करैं ३० तवौ मेरी भाग्य अरु आपके गुणानुवाद ताकी गाथा जो है कथा सो हे रघुनाथजी ! सुनिये वे शेष शारदा सोऊ न कहि सिराहिं न पार जाहिं और की कौन गति यह दृढ़तातिशयोक्ति अलंकार है यथा ॥ सामासंख्य विचारिकै, फिरि विशेष दृढ़ भाव । दृढ़ता अतिशय उक्ति सो, वरणत रसिक सुदाव ॥ या प्रकार विधि जो बनै, तब तौ ऐसो होय । होय न होय कि होय नहिं, त्रिविध वाद इमि सोय ३१ मैं जो कछु कहत हौं सो मेरे एक बल है कौन बल है सो कहत कि सुठि कहे अत्यन्त परिपूर्ण जो सनेह है ऐसे सनेह ते जो थोरिहू पूजा नैवेद्य आदि कुछ भी अर्पण

करै तौ आप रीझते हौ सोई सनेह ते कन्या दासी आपको अर्पण कीन्हेउँ इस बल ते मैं कहत हौं अथवा आप ऐसे कृतज्ञ हौ कि अति थोरे ही सनेह ते रीझिजाते हौ अर्थात् महिमा जो अपार है तौ आप स्वामी तौ सुलभ हौ ३२ जनक महाराज बोले कि हाथ जोरि बारबार यही वर मांगत हौं कि आपके पदकमलों को मेरा मन भोरे जनि परिहरै भूलिहू न त्यागै अर्थात् मेरे मन को पांयन में लगाये रहो ३३ वर वचन यथा थोरे वर्ण बड़ो अर्थ गूढ़ आशय विलक्षण चातुरै देशकाल सुहावने श्रवणरोचक सनेहवर्द्धक ऐसे श्रेष्ठ वचन जनकजी के सुनि प्रेमपरिपोषे प्रभुके उर में प्रेम पुष्ट भया अथवा प्रेम के परिपोषे प्रेम ते पुष्ट वर वचन सुनि जे पूर्णकाम राम कामनारहित तेऊ रघुनाथजी सकामवत् कामना सी पाइ परितोषे हृदय में संतोषित भये भाव ते अघाइ गये ३४ दशरथजी अरु विश्वामित्र वशिष्ठ इनके समान जनकजी को जाने ताते प्रभु उत्तम रीति बिनती करि श्वशुर जनकजी को सन्माने वचन आदर दिये ३५ बहुरि जनक महाराज भरतजी ते बिनती कीन्ह प्रेम सहित मिले पुनः भरतजी प्रणाम कीन्हे तब जनकजी आशीर्वाद दीन्हे ३६ दोहार्थ ॥ पुनः लक्ष्मणजी शत्रुहनजी सों मिले दोऊ भाइन प्रणाम कीन्ह तब महीश जनकजी अशीष दीन्ह तासमय लक्ष्मणजी को देखि सुधि करे अर्थात् रंगभूमि में जनकजी करुणावश भये तब लक्ष्मणजी वीरता वचन कहि प्रसन्न करि दिये यह सुधि करि जनक महाराज प्रेमवश होत भये पुनः बड़े जानि राम महा प्रेम भरे जानि दोऊ भाई प्रेमवश भये ताते परस्पर प्रेम के वश भये पुनः जे सरोष वचन रंगभूमि में कहे तिनके क्षमा हेतु लक्ष्मणजी बारबार शीश नावत ३७ ॥

१६९ बारबार करि विनय बड़ाई। रघुवर चले संग सब भाई ३८
जनक गहे कौशिकपद जाई। चरणरेणु शिर नयन लगाई ३९
सुनिय मुनीश दरश फल तोरे। अगम न कछु प्रतीति मन मोरे ४०
जो सुख सुयश लोकपति चहहीं। करत मनोरथ सकुचत अहहीं ४१
सो सुख सुयश सुलभ म्वहिं स्वामी। सब विधि तव दरशन अनुगामी ४२
कीन्ह विनय पुनि पुनि शिरनाई। फिरे महीपति आशिष पाई ४३
चली बरात निशान बजाई। मुदित छोट बड़ सब समुदाई ४४
रामहिं निरखि ग्राम नरनारी। पाय नयनफल होहिं सुखारी ४५
दो० बीचबीच वर वास करि, मग लोगन सुख देत॥
अवध समीप पुनीत दिन, पहुँची आइ जनेत ४६

१६९ जनकजी सों बिनती अरु बारबार बड़ाई करि सब भाई संग ले रघुनाथजी चले ३८ जनकजी जाइ कौशिक विश्वामित्रजी के चरण गहे अरु पांयन की रेणु धूरि लैकै शीश में अरु नेत्रन में लगाये भाव इसी पदन के प्रसाद ते नेत्र सुफल भये ३९ जनकजी बोले कि हे मुनीश, विश्वामित्र जी ! सुनिये आपके दरश सों ऐसा फल है जो प्रभावते कुछ पदार्थ अगम नहीं है ऐसी प्रतीति मेरे मन में है भाव जो परब्रह्म की प्रसिद्ध प्राप्ति भई तौ और पदार्थ की कौन गनती है ४० जो सुख अरु सुयश इन्द्रादि लोकपाल लीन चहैं तौ पावना को कहै मनोरथ करतही के सकुचि जात अर्थात् हम इस योग्य नहीं हैं ४१ सुख यथा घर बैठे परब्रह्म दर्शन प्रतिज्ञा पूर्ण प्रभु जामातृ ह्वै प्राप्त चक्रवर्ती दशरथ ऐसे सम्बन्धी चारिउ कन्यन को संगही ब्याह जामातृ सब उत्तम सुखते निर्वाह इति सुख पुनः श्रीरामयश के साथ सदा अचल सुन्दर यश इति हे स्वामिन् ! आपको अनुगामी सेवक जो मैं हौं ताको आपके दर्शन भयेते सोई सुख अरु सुन्दर यश मोको सब विधिते सुलभ प्राप्त भयो ४२ इत्यादि बिनतीकरि वारंवार शिर नवाइ अशीष पाइ महीपति जनकजी फिरे ४३ छोट दासादि बड़े वशिष्ठादि समुदाई सब जन मुदित आनन्द मन निशान बाजा बजाइ बरात चली ४४ मार्ग जात में जे ग्राम परत तिनके नर नारी रघुनाथजी को दूलहरूप देखि नेत्रन को फल पाइ सब सुखी होत प्रभुको देखि ठगे से रहि जात ४५ दोहार्थ॥ जिस ग्राम में निकरत तहां के वासी बरात की शोभा देखि प्रसन्न होत पुनः दूलह देखि कृतार्थ होत इति मगलोगन को सुख देत अरु जहां जामें टिके रहैं तहां ही मग बीच बीच वर उत्तम स्थानन में वास करि इसी भांति पौषशुक्ल पूर्णिमा पुनीत दिन रविवार को अयोध्याजी के समीप जनेत बरात आय पहुँची १४६ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते
श्रीरामचरितमानसभूषणे श्रीरामविवाहान्तविविधविलासबरात-
अवधप्राप्तवर्णनोनाम पञ्चपञ्चाशत्प्रकाशः ५५ ॥

१७०हने निशान पणव वरबाजे। भेरि शंखधुनि हय गय गाजे १
झांझ बीण दुन्दुभी सुहाई। सरस राग बाजहिं सहनाई २
पुरजन आवत अकनि बराता। मुदित सकल पुलकावलि गाता ३
निज निज सुन्दर सदन सँवारे। हाट बाट चौहट पुर द्वारे ४
गली सकल अरगजा सिंचाई। जहँ तहँ चौकैं चारु पुराईं ५

बनी बजार न जाइ बखाना। तोरण केतु पताक विताना ६
सफल पुंगफल कदलि रसाला। रोंपे बकुल कदम्ब तमाला ७
लगे सुभग तरु परसत धरणी। मणिमय आलवाल कलकरणी ८
दो० विविध भांति मङ्गल सकल, गृहगृह रचे सँवारि॥
सुर ब्रह्मादि सिहाहिं सब, रघुवर पुरी निहारि ९

सुर ब्रह्मादि सिहाहिं सब, रघुवर पुरी निहारि ९

१७० निशाने हने सब बाजन पर चोट परी ताको भेद कहत पणव
ढोल वर जंगी ढोलैं बाजीं भेरी तुरुही शंखन की धुनि भई हय गय गाजे
घोड़े हाथी बोलने लगे १ झांझैं वीणा दुन्दुभी नगारा बाजत ताके साथ
शृङ्गाररसवर्धक रागसहित सहनाई बाजत २ अवधपुरवासी जन बाजा
सुनि बरात आवत अकनि जानि सकल स्त्री पुरुष मुदित आनन्द पुलका-
वली गात में छाइ गई ३ आनन्द ते अपने मन्दिरन को सुन्दर सँवारे हाट
बजार बाट गली चौहट बजार में चौरहा पुर के भीतर द्वारे पर मङ्गल साज
सजे ४ बजार गली आदि में केसरि कपूर चन्दनादि को अरगजा सिंचाई
छिरके दुकानन मन्दिरन के द्वारन पर इति जहां तहां ठौर ठौर सुन्दरी
चौकैं पुराईं ५ तोरण बाहरी द्वारन पर केतु पताका वितान चँदोवा ताने
जैसी बजार विचित्र बनी सो बखानी नहीं जाति ६ पुंगफल सुपारी कदली
केला रसाल आँब बकुल मौलसिरी कदम्ब तमालादि वृक्ष फलन हित रोंपे
रचे ७ सुभग सुन्दर वृक्ष लगे ते फल पल्लव भार ते शाखा धरणी परसत
भूमि छुये हैं जिनमें आलवाल जे थाल्हा ते कल करणी सुन्दरी कारीगरी
ते मणिमय बने हैं ८ दोहार्थ॥ मणिजटित सोने के सादे गोठे अंकुरसहित
पल्लव धान्य दीपसहित इत्यादि अनेक भांति के कलश गृहप्रति द्वार द्वार
सँवारिकै रचे सोना मणिनमय मन्दिर तिन पर कामदार ध्वजा पताका
चमकि रहे जरी के वितान मोतिन की झालरि सोने मणिमय कलश
मणिन के दीप मोतिनसों चौक इत्यादि मङ्गल रचनासहित दिव्य ऐश्वर्य-
मय रघुवरपुरी अयोध्याजी को निहारि कै ब्रह्मादिक सब देवता सिहात
ललचाते हैं ९॥

१७१ भूपभवन त्यहि अवसर सोहा। रचना देखि मदन मन मोहा १०
मङ्गल शकुन मनोहरताई। ऋधि सिधि सुख संपदा सुहाई ११
जनु उछाह सब सहज सुहाये। तनु धरि धरि दशरथ गृह आये १२
देखन हेतु राम वैदेही। कहहु लालसा होइ न केही १३

यूथयूथमिलिचलींसुआसिनि। निजछविनिदरहिंमदनविलासिनि १४
सकल सुमङ्गल सजे आरती। गावहिं जनु बहु वेष भारती १५
भूपति भवन कुलाहल होई। जाइ न बरणि समय सुख सोई १६
कौशल्यादि राम महतारी। प्रेमविवश तनु दशा बिसारी १७
दो० दिये दान विप्रन बहुरि, पूजि गणेश पुरारि॥
प्रमुदित परम दरिद्र जनु, पाइ पदारथ चारि १८

१७१ त्यहि अवसर बिषे भूप दशरथजी को भवन घर ऐसा सोहत जाकी रचना देखि मदन कामदेव को मन मोहित होत १० मंगल प्रसिद्ध उत्सव पुत्र ब्याहआदि शकुन मङ्गललाभसूचक दर्श मनोहरताई जो सुन्दरता ऋद्धि अन्न धनादि ढेरी सिद्धि अणिमादिक सुखभोजन भूषण वसनादि संपदा धनसमूह इत्यादि सुन्दरी सब ११ सहजही में सुहाये जो सहज विना बनावटही प्राप्त भये सबको सुन्दर लागत यथा पुत्रजन्म होनाआदि यावत् उछाह हैं ते सब अयोध्याजी में कैसे परिपूर्ण हैं जनु सब प्रसिद्ध देहधारी ह्वै दशरथजी के घर को आये हैं १२ कौन हेतु आये हैं सो कहत कि श्रीराम दूलह जानकी दुलहिनि तिनको देखने की लालसा कहौ केहिके नाहीं है सबके है इसी हेतु आये १३ सुआसिनि सौभागिनी युवती यूथ झुण्डझुण्ड मिलिकै चलीं कैसे भूषण वसन सजे हैं जे अपनी छविते मदन विलासिनि जो रति ताकी निन्दाकरत १४ दधि रोचन अक्षत दल फूल फल दूर्वादि सकल सुमङ्गल के साज सहित माणिक दीपादि कंचन थारन में आरती सजे हाथन पर धरे गावती चलीं आवत में कैसी सोहत जनु बहुत वेष धरे भारती सरस्वती हैं अर्थात् संस्कृतगान में शुद्धाक्षर उच्चारण करत १५ भूपति दशरथजी के भवन घर में कोलाहल बहुतन के उच्चरित वचन मिले ते भारी शब्द ह्वै रहाहै तासमय में रानी आदिकन को सोई अपूर्व सुख ह्वैरहा है जो कविन करिकै बरणि नहीं जात १६ कौशल्या आदि जे रघुनाथजी की माता हैं ते सब पतोहुन सहित पुत्रन को आवत जानि ऐसी प्रेम के विवश विह्वल हैं कि तनु की दशा देह की सुधि बिसारे हैं १७ दोहार्थ॥ प्रथम तौ ब्राह्मणन को सब रानी दान दीन्हे बहुरि गणेश को अरु पुरारि महादेवजी को पूजे तासमय सब रानी कैसी प्रमुदित परम प्रसन्न हैं यथा दरिद्री जनु अर्थ धर्म काम मोक्षादि चारिउ पदार्थ पाइ प्रमुदित होइ १८॥

१७२ प्रेमप्रमोदविवशसबमाता। चलहिं न चरणशिथिलसबगाता १९

रामदरश हित अति अनुरागीं। परिछन साज सजन सब लागीं २०
विविध विधान बाजने बाजे। मङ्गल मुदित सुमित्रा साजे २१
हरद दूब दधि पल्लव फूला। पान पूगफल मंगल मूला २२
अक्षत अंकुर रोचन लाजा। मंजुल मंजरि तुलसि विराजा २३
छुहे पुरटघट सहज सुहाये। मदन शकुन जनु नीड़ बनाये २४
शकुन सुगन्ध न जाइ बखानी। मङ्गल सकल सजहिं सबरानी २५
रची आरती विविध विधाना। मुदित करहिं कल मङ्गलगाना २६
दो० कनकथार भरि मङ्गलनि, करकमलन लिय मात॥
चलीं मुदित परिछन करन, पुलक प्रफुल्लित गात २७

१७२ पतोहुन समेत पुत्र आये ताको प्रमोद प्रकर्ष आनन्द अरु पुत्र पतोहुन में जो प्रीति की उमङ्ग सो प्रेम ताकी विह्वलता आनन्द की थिरता ताकी विशेष वश सब माता भईं ताते शिथिल सब गात प्रत्यङ्ग ढीले परि गये ताते चरण चलते नहीं पांय उठत ही नहीं १९ तहां चारिउ फल प्राप्ति में मोक्षपर्यन्त में सन्तोष न करी भक्तिवश श्रीरामदरशहित अनुरागीं श्रीराम प्रीति में मन नेत्र रँगि गयो ताते सब माता दूलह दुलहिनिन को परिछन की साज सामग्री सजने लगीं २० नगारा ढोलआदि विविध अनेक विधान के यथा ढोल तासा झांझ पुनः नगरिया सहनाई पुनः मृदंग रबाब इत्यादि अनेक रीति के बाजा बजे पुनः परिछन समय के जे मङ्गल साज हैं यथा चौक कलश आरती आदि ते सब मुदितमनते सुमित्राजी साजे ताको कारण यह है कि रावण सुने कि कौशल्या के पुत्र हाथ मेरी मृत्यु है इस भय ते लग्न तैलादि चढ़ि गये पर कौशल्याजीको हरिलै रावण संदूक में बन्द करि सिन्धु में राघव मच्छ को सौंपे जब ब्याहदिन दशरथ जी गये तब राजा कौशल्याजी को हाल कहि छोटी कन्या सुमित्रा रहै इन को विवाह करि दियो पीछे दशरथजी गरुड़ को पठाये राघव मच्छ को गाफिल देखि संदूक गरुड़जी उठाइ लाये तब कौशल्याजी को विवाह भयो यद्यपि सब बड़ाई को अधिकार कौशल्यैजी को रही तथापि दैवात् प्रथम पाणिग्रहण तौ सुमित्रैजी को भयो ताते देवपूजन कार्यादि में अधिकार सुमित्रैजी को रहा यह पौराणिक कथा है मैंने रामरक्षा के तिलक में पावा है २१ कौन साज यथा पीसी हरदी दूब के नवीन दल गाई का दही आम्रादि के नये पल्लव गुलाबआदि फूल पान पूगफल सुपारी इत्यादि मंगल

के मूल हैं २२ धोये अक्षत यवादि के अंकुर गोरोचन अथवा रोरी लाजा धान के लावा मंजुल सुन्दर नवीन मञ्जरीसहित तुलसीदल विराजमान २३ शकुनपक्षी यथा॥ शकुनद्विजाः इत्यमरः नीड़ पक्षीको धाम यथा अयते यत्र नीडं द्वे पक्षिगृहस्य इत्यमरविवेके। पुरट सोने के घट छुहे गोठे रँगे यव जामें हरित सहजही सुहाये सुन्दर कैसे सोहत जनु मदन कामपक्षी ह्वै नीड़ वासस्थान बनायो है २४ गुलाब केवड़ा चन्दन कर्पूरादि जो शकुन में सुगन्धें आवतीं सो बखानी नहीं जात जो सकल मङ्गल रानी साजती हैं २५ माणिक घृत कर्पूरादि अनेक विधान आरती रचि आनन्द ते मङ्गलगीत गान सुन्दर स्वर ते करती हैं २६ दोहार्थ॥ मङ्गल पदार्थैं सोने के थारन में भरि कै करकमलन में कौशल्यादि माता लिहे प्रेम करि गात प्रफुल्लित तनुमें रोमाञ्चादि उठ प्रसन्न मन परिछन करने हेतु सब माता चलीं २७॥

१७३ धूपधूम नभ मेचक भयऊ। सावन घन घमंड जनु दयऊ २८
सुरतरु सुमनमाल सुरबरषहिं। मनहुँ बलाक अवलि मन करषहिं २९
मञ्जुल मणिमय बंदनवारे। मनहुँ पाकरिपु चाप सँवारे ३०
प्रकटहिं दुरहिं अटनपर भामिनि। चारु चपल जनु दमकहिं दामिनि ३१
दुन्दुभि धुनि घन गरजहिं घोरा। याचक चातक दादुर मोरा ३२
सुर सुगन्धि शुचि बर्षहिं वारी। सुखी सकल शशि पुर नर नारी ३३
समय जानि गुरु आयसु दीन्हा। पुरप्रवेश रघुकुलमणि कीन्हा ३४
सुमिरि शंभु गिरिजा गणराजा। मुदित महीपति सहित समाजा ३५
दो० होहिं शकुन बरषहिं सुमन, सुर दुन्दुभी बजाइ॥
विबुध वधू नाचहिं मुदित, मञ्जुल मङ्गल गाइ ३६

१७३ पुर में वर्षाऋतु करि शोभा कहत धूप के धूम धुवां उठते नभ मेचक आकाश श्याम भयो कैसे सोहत जनु सावनमास के घनघमण्ड दयू सजल सघनमेघ छाइ रहे हैं २८ कल्पवृक्ष फूलन की माला देवता बर्षत सो धूम में कैसे सोहत जनु बलाकअवलि बकुलन की पांती मेघन में उड़ी जात सो मन को कर्षत खैंचे लेत ऐसे सुहावने लागत हैं २९ राजमन्दिर में मञ्जुल उज्ज्वल मणिमुक्ता आदि लाल पाट में गुहे हरित नव दलन सहित बन्दनवार बांधी कैसी सोहत मानहुँ पाकरिपुचाप इन्द्रधनुष सँवारे उदित भयो शोभित है ३० भामिनी गौराङ्ग युवती देखनेहेतु अँटारिन पर प्रकटत लज्जा करि दुरत आड़होत सोई जनु चारु सुन्दरी चंचल दामिनी

दमकि रही ३१ दुन्दुभी नगाराआदि की जो धुनि ह्वै रही सोई जनु घोर शब्द ते मेघा गर्जि रहे अरु याचकजन जे हैं तिनमें जे केवल रामदरश के प्यासे ते चातक हैं पपीहा अरु बन्दीजन आदि जयजयकार करि रहे ते जनु दादुर मेढक हैं अरु ढाढ़ी आदि जे नृत्य करिरहे ते जनु मयूर हैं ३२ केवड़ा गुलाब आदि सुगन्धित शुचि कहे पवित्र वारि जल देवता वर्षिरहे सोई जनु वृष्टि ह्वैरही पुर के नरनारि सब सुखी हैं तेई जनु शसि धानादि अन्न हरितहैं ३३ माघकृष्ण द्वितीया बुध पुष्य में यह समय जानि गुरु वशिष्ठजी ने आज्ञा दिये तब रघुकुल में शिरोमणि दशरथ महाराज ते पुत्र पतोहुनसमेत पुर अयोध्याजी में प्रवेश कीन पैठ ३४ गणेश शिव पार्वती को सुमिरि समाज सहित दशरथ महाराज प्रसन्न मन ते चलेजात ३५ दोहार्थ ॥ दधि सघट नारी आदि शकुन होत आकाश में दुन्दुभी बजाइ देवता फूल वर्षत मञ्जुल उज्ज्वल कीरति मङ्गलगीत गान करि देवन की स्त्री विमानन परं नाचि रहीं ३६ ॥

१७४ मागध सूत बंदि नट नागर। गावहिं यश तिहुँलोक उजागर ३७
जयधुनि विमल वेद वरबानी। दशदिशिसुनियसुमङ्गलखानी ३८
विपुल बाजने बाजन लागे। नभसुर नगर लोग अनुरागे ३९
बने बराती बरणि न जाहीं। महामुदितमन सुखन समाहीं ४०
पुरवासी तब राउ जुहारे। देखत रामहिं भये सुखारे ४१
करहिं निछावरि मणिगण चीरा। वारि विलोचन पुलक शरीरा ४२
आरति करहिं मुदित पुर नारी। हरषहिं निरखि कुँवर वर चारी ४३
शिबिका सुभग उहार उघारी। देखि दुलहिनिनहोहिं सुखारी ४४
दो० यहि विधि सबहिन देत सुख, आये राज दुवार ॥
मुदित मातु परिछन करहिं, बधुन समेत कुमार ४५

१७४ मागध वंशप्रशंसक सूत यशगायक वंदी कुलपूज्य भाट नागर नट चतुर नृत्यकार इत्यादि सब महाराज को उज्ज्वल यश गाइ रहे जाकी उजियारी तीनिउँ लोक में फैली है ३७ सब के मुखन ते जयधुनि होत ब्राह्मणन के मुखन ते अमल उत्तम वाणी सो वेदधुनि होत इत्यादि दशौ दिशनमें सुमङ्गलकी खानि सुनात ३८ नगारा ढोलआदि विपुल बहुत भांति के बाजन बाजि रहे इत्यादि देखि सुनि आकाश में देव अरु नगरलोग सब अनुरागवश भये ३९ भूषण वसन वाहनादि साजसहित बरातीजन कैसे

शोभामय बने हैं जो बखाने नहीं जात अरु सब के मन में ऐसा महामोदानन्द है जो सुख तनु में समात नहीं बाहर देखात ४० तब पुरवासी सब राउ दशरथजी को जुहारे माथनाये पुनः रघुनाथजी को दूलह वेष देखत सुखारे जो विना देखे दुःखित रहे सो अधिक सुखी भये ४१ आनन्दवश सब पुरवासी मणिन के गण समूह दुशालाआदि वसन अनेक भांतिते निछावरि करत अरु प्रेम उमंग ते वारि विलोचन नेत्रन में जल गात पुलकित रोमाञ्चादि उठे ४२ मुदित प्रसन्न मन ते पुर की नारी प्रभु की आरती करत अरु वरश्रेष्ठ चारिउ राजकुमारन को दूलहरूप निरखि नेत्रनभरि देखि सुखी होत ४३ शिबिका पालकी सुभग ऐश्वर्यसहित गजदन्त सुवर्ण मणि जटित बनी तिनमें जरी आदि के ओहार उघारि दुलहिनिन को अत्यन्त रूपवती देखि युवती जन अत्यन्त सुखी होत ४४ दोहार्थ ॥ याही विधि सबहिन को मार्ग में सुख देत सब पालकी राजद्वार पर आई तहां बधू पतोहुन समेत राजकुमारन को मुदित प्रसन्न मन ते कौशल्यादि माता सब परिछन करती हैं ४५ ॥

१७५ करहिं आरती बारहिंबारा । प्रेम प्रमोद कहै को पारा ४६
भूषण मणि पट नाना जाती । करहिंनिछावरि अगणितभांती ४७
बधुनसमेत देखि सुत चारी । परमानन्द मगन महतारी ४८
पुनिपुनि सिया राम छवि देखी । मुदित सकल जगजीवन लेखी ४९
सखी सीयमुख पुनि पुनि चाही । गानकरहिं निज सुकृत सराही ५०
वर्षहिं सुमन क्षणहिं क्षण देवा । नाचहिं गावहिं लावहिं सेवा ५१
देखि मनोहर चारिहु जोरी । शारद उपमा सकल ढँढोरी ५२
देत न बनै निपट लघु लागी । यकटक रहीं रूप अनुरागी ५३
दो० निगमनीति कुलरीति करि, अर्घ्य पांवड़े देत ॥
बधुनसहित सुत परछि सब, चलीं लिवाय निकेत ५४

१७५ बारबार आरती करती हैं अरु प्रेम को प्रमोद मन में जो आनन्द है सब मातन के सो कौन कवि ऐसा है जो कहिकै पार पावै ४६ पुत्र पतोहुन को देखि दुशाला जामा जरबफ़आदि अनेक जाति के पट कपरा अरु भूषण मालादि मणि मुक्तादि अनेक भांति की निछावरि करत ४७ बधू पतोहुनसमेत चारिउ पुत्रन को देखि महतारी कौशल्यादि सब परम आनन्द में मगन बूड़ी हैं देह की सुधि काहू को नहीं ४८ चारिउ जोड़िन

में उत्तम श्रीजनकनन्दनी रघुनन्दन की छवि अर्थात् रंग रूप अवस्था शील आदि सब अनुकूल अद्भुत शोभा है ताते माता पुनः बारबार देखती हैं अरु नयन तृप्त नहीं होते यह माधुरी गुण है देखती हैं पुनः मुदित मन में प्रसन्न है अपनो जीवन जग में धन्य धन्य करि मानत कि हमारा जन्म सफल भयो ४९ पुनः श्रीराम जानकी जोड़ी में भी दुलहिनि उत्तम शोभाखानि जानि ताते सखी पुर की युवती ते सब श्रीजानकीजी को सुख पुनि पुनि चाहत बारबार देखा चाहत देखत पुनः अपनी सुकृत की सराहना करि पुनः मङ्गलगीत गान करत यह प्रेम की विक्रान्त दशा है ५० ज्यों ज्यों लोकरीति व्यापार होत त्यों त्यों क्षणक्षणप्रति देवता फूल वर्षत देवाङ्गना नाचत गावत इति अपनी सेवा जनावत ५१ मन की हरणहारी चारिउ जोड़ी देखि तिनको वर्णन करिबे हेतु शारदा उपमा सकल लोकन में ढँढोरी ढूंढ़ी ५२ सब लोकन में यावत् उपमा विचारी ते सब लघु लागीं थोरी देखानीं ताते उपमा देत न बनी अनूप रूप के अनुराग के वश है यकटक पलकरहित चित्र प्रतिमा सी रहिगई ५३ दोहार्थ ॥ वशिष्ठजी निगमनीति वेद के विधान कराये अरु कुल के वृद्धजन कुल की रीति करि पुनः अर्घ्य सुगन्धित जल छिरकत पुनः पांवड़े सुन्दरवसन बिछावत इस प्रकार परिछनकरि सब बधू पतोहुनसमेत पुत्रन को निकेत राजमन्दिर को लैकै चलीं ५४ ॥

१७६ चारि सिंहासन सहज सुहाये। जनु मनोज निज हाथ बनाये ५५
तिन पर कुँवर कुँवरि बैठारे। सादर पांय पुनीत पखारे ५६
धूप दीप नैवेद्य वेद विधि। पूजे वरदुलहिनि मङ्गलनिधि ५७
बारहिं बार आरती करहीं। व्यजनचारु चामर शिरढुरहीं ५८
वस्तु अनेक निछावरि होहीं। भरी प्रमोद मातु सब सोहीं ५९
पावा परम तत्त्व जनु योगी। अमी लह्यउ जनु सन्तत रोगी ६०
जन्म रंक जनु पारस पावा। अन्धहि लोचन लाभ सुहावा ६१
मूकवदन जनु शारद छाई। मानहुँ समर शूर जय पाई ६२
दो० यहि सुख ते शत कोटि गुण, पावहिं मातु अनन्द ॥
भाइनसहित बिवाहि घर, आये रघुकुलचन्द ६३
लोकरीति जननी करहिं, वर दुलहिनि सकुचाहिं ॥
मोद विनोद विलोकि बड़, राम मनहिं मुसुकाहिं ६४

१७६ सुवर्ण मणिमय ऐसे बने जे सहजही में सुहाये सुन्दर लागत मानो मनोज कामदेव ने अपने ही हाथन ते रचिकै बनायो है ५५ प्रथम आंगन धोय साफ करि तापर फरस चांदनी बिछाइ तापर सिंहासन धरि तापर क्षीरफेनसम वसन बिछाइ तिन सिंहासनन पर श्रीरघुनाथजी आदि राजकुमार श्रीजानकी आदि कुँवरिन को बैठारे पुनः पुनीत लोक पावनकर्ता ऐसे पवित्र पांय पखारे पांय धाये सहित आदर वात्सल्य प्रीति सहित इष्ट जानिकै ५६ पुनः वर दुलहिनिन को मङ्गलनिधि प्राप्ति मानि पूजे कौन विधि चन्दन दल फूल चढ़ाइ धूप दीप करि विविध मेवा पकवान नैवेद्य भोजन कराइ नीराजनादि जो षोड़शोपचार वेदविधि वाक्यनसहित पूजे ५७ पुनः बारबार आरती माता करत पुनः चारु सुन्दर सोने मणिजटित डांड़ी लगी किरणि की झालरिजरी वसन मोती गुंधे ऐसे दिव्य व्यजन पंखा तथा कनकमणिमय डांड़िन के चँवर शिर पर ढोरहिं डोलावती हैं ५८ भूषण वसन मणि सोनाआदि अनेकन वस्तु निछावरि ह्वैरहीं प्रमोद मानसी आनन्द की भरी सब माता सोहत विराजमान हैं ५९ कौन प्रकार को आनन्द मातन के मन में है सो कहत तहां मुख्य माता तीनि हैं तिन प्रति दुइ दुइ प्रकार के लाभ सुख देखावत सो वेदन में तीनि शक्ति हैं यथा ज्ञान उपासना क्रिया सो दशरथजी वेद को अवतार हैं तीनि रानी क्रम ते तीनि हूं शक्ति हैं यथा ॥ शिवसंहितायाम् ॥ ज्ञेयो दशरथो वेदस्साध्यासाधनदर्शनः । क्रिया ज्ञानं तथोपास्तिरिति शक्तित्रयी सताम् ॥ तासां क्रियां तु कैकेयीं सुमित्रोपासनात्मिकाम् । ज्ञानशक्तिं च कौशल्यां वेदो दशरथो नृपः ॥ इति ज्ञानशक्ति कौशल्या हैं तहां ज्ञान के साधन देश में जीव के भव रोग हैं जब साधन करि स्वस्वरूप को ज्ञानरूप अमृत पायो तब जीव आत्मरूप अमर भयो तैसे यथा जन्म को रोगी अमृत पायो ऐसा आनन्द कौशल्याजी को भयो पुनः सिद्धदेश में परमात्मरूप की प्राप्ति में अचल आनन्द तथा मानहुँ योगी परमतत्त्व पावा परमात्मरूप ऐसा आनन्द भयो ६० सुमित्रा उपासना हैं ताके साधनदेश में जीवरंक है नवधादि साधन ते भक्ति पारस पाइ संतोषी भयो अरु सिद्धदेश में जो अन्धा जीव रहा ताको रामरूप दरश नेत्रन को लाभ पायो इत्यादि आनन्द सुमित्राजी को भयो ६१ कैकेयी क्रिया है ताके साधन देश जीव मूक रहा विद्याध्ययन पूजा पाठ करि विद्वान् भयो पुनः सिद्धदेश में पुरश्चरणादि करि कार्य सिद्धि रूप जय पाई कर्म कर्तव्यता समर है करता शूर है कार्यसिद्धि जय है तथा कैकेयीजी को आनन्द भयो ६२ दोहार्थ ॥ यहि सुख यथा योगी परमतत्त्व

पावा सदा को रोगी अमृत पावा जन्मदरिद्री पारस पावा अंधा आँखी पावा गूंगा वेदवक्ता भयो वीर समर में जय पाई इत्यादि को जैसा आनंद होत यहि सुखन ते सौकरोरिगुणा अधिक माता आनन्द पावती हैं जा समय विवाहकरि भाइनसहित श्रीरघुनाथजी घर को आये रघुकुलकुमुदवनप्रकाशक चन्द्र श्रीरामचन्द्र ६३ लोकरीति यथा रंगदेवजी के मन्दिर लिवाइ लैगईं तहां चौकपूरि सदीप धान्य पल्लव कलश स्थापि वरदुलहिनि की गाँठि जोरि पुनः गणेश गौरि पुजाइ पुनः ग्रामदेव आदिकन को पुजाइ सबके प्रणाम कराइ पुनः रंगदेव को प्रणाम कराइ पुनः लहकवरि करि थार में भूषण डारि जुआ खेलाइ रहीं इत्यादि में वर दुलहिनि सकुचाते हैं जुआ खेलत में एकत्र हैं तहां भरतादि स्वस्त्रिन के साथ खेलत रघुनाथजी को संकोच करत तथा तीनिउँ दुलहिनी जेठन को सकुचात अरु हार जीत देखि सखी गारी गावत जो हारत सो सकुचात इत्यादि विनोद लौकिक लीला ताको बड़ा भारी मोद आनन्द देखि रघुनाथजी मन में मुसुकाते हैं कि जो हम योगिन को ध्यान में अगम हैं सो लौकिकरीति में बाँधे फिरित सब देवन ते पायँ लगवावत अथवा यह ऐसी आनन्द है काहे न जीव यामें भूलै अथवा अब तौ माता बहुत प्रसन्न हैं कुछ काल में ऐसे ही दुःख मानैंगी अथवा ऐसा सुख साकेत में नहीं है वा इसी सुख हेतु हमको पुत्र करि मांगे ६४ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे ब्याहांतरसजानकीरघुनाथजीअयोध्याराजमन्दिरप्राप्तवर्णनोनाम षट्पञ्चाशत्तमःप्रकाशः ५६ ॥

१९७देवपितर पूजे विधि नीकी। पूजी सकल वासना जीकी १
सबहिं बन्दि मांगहिं बरदाना। भाइनसहित राम कल्याना २
अन्तरहित सुर आशिष देहीं। मुदित मातु अंचल भरि लेहीं ३
भूपति बोलि बरातिन लीन्हे। यान वसन मणि भूषण दीन्हे ४
आयसु पाइ राखि उर रामहिं। मुदित गये सब निज निज धामहिं ५
पुर नर नारि सकल पहिराये। घर घर बाजन लाग बधाये ६
याचकजन याचहिं ज्वइ जोई। प्रमुदित राउ देहिं स्वइ सोई ७
सेवक सकल बजनियां नाना। पूरण कीन्ह दान सन्माना ८
दो० देहिं अशीष जुहारि सब, गावहिं गुणगण गाथ ॥

तब गुरु भूसुर सहित गृह, गमन कीन्ह नरनाथ ९

१७७ कौशल्यादि माता शिवादि देवतन को अरु सूर्यादि पितरन को नीकी विधि ते पूजे अरु जीव की जो वासना रही सो पूजे पूर्णमाने वा जीव की वासना सहित देव पित्रादि सबको पूजे १ जीव में कौनि वासना है सो कहत कि पूजि पुनः सबहिन की वन्दना करि यह वरदान मांगत कि भाइनसहित श्रीरघुनाथजी को कल्याण होइ प्रसन्नरहैं २ अन्तर्हित देखि नहीं परत वाणी सुनात इति अन्तर्हित देवता आशीर्वाद देत सो सुनि मुदित प्रसन्नमन ते माता अञ्चलभरि आँचर पसारि तामें भरिलेत आदर ते ३ भूपति दशरथजी सब बरातिन को बोलाइ लीन्ह तिनको यान रथ वसन दुशालाआदि भूषण मालाआदि मणि मुक्तादि इच्छापूर्वक सबको दीन्हे ४ पुनः सब बराती महाराज की आज्ञा पाय श्रीरामरूप उर में राखि मुदित आनन्दसमेत सब अपने घरन को गये ५ अवधपुर के सब नर नारिन को भूषण वसन पहिराये आनन्द ते पुर घरन प्रति बधाई बाजन लगी ६ बन्दी सूत मागध आदि जो याचकजन जो जौन वस्तु मांगत ताको सोई भूषण वसन सोना मणि आदि महाराज देत प्रमुदित दानवीरता है मनभावत देना उदारता है ७ नाऊ बारी कहारआदि जे सेवक हैं अनेक बाजा बजावनेवाले जे बजनियां अनेक इत्यादिकन को सम्मानसहित दानदै इच्छा पूर्ण कीन्हे ८ दोहार्थ ॥ मनभावत पाइ सेवक बजनियां आदि जुहार करि आशीर्बाद दै उदारतादि गुणन की गाथा कथा गावत घर को चले तब भूसुर ब्राह्मणवृन्द गुरु वशिष्ठसहित नरनाथ दशरथजी गृह राजमन्दिर को गये ९ ॥

१७८ जो वशिष्ठ अनुशासन दीन्हा। लोक बेद विधि सादर कीन्हा १०
भूसुरभीर देखि सब रानी। सादर उठीं भाग्य बड़ जानी ११
पायँ पखारि सबहिं अन्हवाये। पूजि भलीविधि भूप जिवांये १२
आदर दान प्रेम परिपोषे। देत अशीष सकल मन तोषे १३
बहुविधि कीन्ह गाधिसुत पूजा। नाथ मोहिं सम धन्य न दूजा १४
कीन्ह प्रशंसा भूपति भूरी। रानिनसहित लीन्ह पग धूरी १५
भीतर भवन दीन्ह वर वासू। मन जुगवत सब नृप रनिवासू १६
पूजे गुरुपद कमल बहोरी। कीन्ह विनय उर प्रीति न थोरी १७
दो० बधुनसमेत कुमार सब, रानिन सहित महीश ॥

पुनि पुनि बन्दत गुरुचरण, देत अशीष महीश १८

१७८ मन्दिर गये महाराज तब वशिष्ठजी जो अनुशासन आज्ञा दीन्हे सो लोकरीति कुलदेवादि को पूजनादि सो वेदविधि ते आदरसहित महाराज कीन्हे १० ब्राह्मणन की भीर देखि अपनी बड़ी भाग्य जानि भोजन सामग्री सुधारिबे हेतु सब रानी उठीं अशनशाला में भोजनपदार्थ सुधारने लगीं ११ तबतक महाराज ब्राह्मणन के पायँ पखारि धोय सबको स्नान कराये पुनः भली विधि चन्दन फूल धूप दीपादि षोड़शोपचार पूजि पुनः महाराज विविध व्यंजन पकवानआदि आदरसहित ब्राह्मणनको जिवाँये १२ जेवाँइ दक्षिणा दीन्हे इति आदर को भोजन दान प्रेमपोषे दै विप्रन को मन संतोषित कीन्हे वा आदर दान पाइ प्रेम परिपोषे ब्राह्मणों के उर में प्रेम पुष्ट भया वा दशरथजी के प्रेम के पोषे आदर दान पाइ सकल ब्राह्मण मनसन्तोष ते अशीष देत चले १३ गाधिसुत विश्वामित्र की बहुत विधि प्रतिक्षण नवीन उपचारन ते पूजा कीन्ह पुनः कहे कि आपके आगमन ते हे नाथ! मेरे समान धन्य जग में दूसरा नहीं है १४ इत्यादि भूपति दशरथ जी भूरि बड़ी विश्वामित्रजी की प्रशंसा कीन्ह पुनः रानिनसहित पग की धूरि धोइ चरणामृत लीन्ह १५ राजभवन के भीतर ही विश्वामित्रजी को वास दीन्ह अर्थात् निकट रहे प्रतिक्षण की सेवा भली बनत ताते प्रतिक्षण सब रानी राजा विश्वामित्रजी को मन जोगवत रहत अर्थात् कोई साइति उदासीनता नहीं आवै यावत् प्रतिक्षण पूछा करत १६ बहोरि गुरु वशिष्ठजी के पद पूजे षोड़शोपचार पूजा कीन्हे अरु थोरी नहीं उर में बड़ी प्रीति सहित महाराज दशरथजी बिनती कीन्हे १७ दोहार्थ॥ बधू छिनसहित श्रीरामादि सब राजकुमार अरु कौशल्यादि रानिन सहित महीश दशरथजी बारबार गुरु के चरणन की वन्दना करत तब मुनीश वशिष्ठजी आशीर्वाद देत १८॥

१७९ विनयकीन्ह उर अतिअनुरागे। सुतसंपदा राखि गुरु आगे १९
नेग मांगि मुनिनायक लीन्हा। आशिर्वाद बहुत विधि दीन्हा २०
उर धरि रामहिं सीयसमेता। हरषि कीन्ह गुरु गमन निकेता २१
विप्रबधू सब भूप बुलाये। चीर चारु भूषण पहिराये २२
बहुरि बुलाइ सुआसिनि लीन्ही। रुचि विचारि पहिरावन दीन्ही २३
नेगी नेग योग सब लेहीं। रुचि अनुरूप भूपमणि देहीं २४
प्रिय पाहुने पूज्य जे जाने। भूपति भली भांति सनमाने २५

देव देखि रघुवीर विवाहू। वर्षि प्रसून प्रशंसि उछाहू २६
दो० चले निशान बजाइ सुर, निजनिज पुर सुख पाय॥
कहत परस्पर रामयश, प्रेम न हृदय समाय २७

१७९ पुत्र संपदा धनादि सब अपने ऐश्वर्य को गुरु वशिष्ठ के आगे राखि कि सब आपही को है मैं सेवक हौं इत्यादि उर में अनुराग अचल प्रीति सहित दशरथजी बिनती कीन्ह १९ तासमय में जो सदा रीति को नेग उचित रहै सो मुनिनायक वशिष्ठजी मांगि लीन्ह अरु बहुत विधि यथा आरोग्य दीर्घायु सपुत्र परिवार अचल राज्य रहै पौत्र संपदा यश प्रताप नित्य अधिक जय रहै शत्रुनाश होइ इत्यादि बहुत विधि आशीर्वाद दीन्हे २० श्रीजानकीजी समेत रघुनाथजी को उरमें राखि हर्षसहित गुरु वशिष्ठजी अपने निकेत मन्दिर को गवन कीन्ह चले गये २१ विप्रवधू वशिष्ठ वामदेवादि ब्राह्मणन की नारी पुर में यावत् रहीं तिन सबको भूप दशरथजी बुलाये तिनको चीर चारु वसन सुन्दर जरतारी सारी आदि सब कपड़ा अरु सर्वाङ्गभूषण पहिराये मणि सोनाआदि दै प्रसन्न करे २२ बहुरि सुवासिनी सौभागिनी युवती जे गानादि उत्सव कार्य्य करनहारी तिनको बुलाये तिनके मन की रुचि विचारि भूषण वसनादि पहिरावन सबको महाराज दीन्हे २३ पुनः मागध सूत वन्दीजनादि वा नाऊ बारी कहार बजानियाआदि वा यावत् कोऊ नेगी हैं ते अपने योग्य उचित नेग लेते हैं मांगत तिनकी रुचि अनुरूप जो इच्छा करत सोई महाराज देते हैं २४ पुनः मान्यादि जे पूज्य प्यारे पाहुन जिनको जाने विचारे तिनको भूषण वसन मणि सोना वाहनादि दै भली विधि रुचिते अधिक महाराज सम्मान कीन्हे २५ जनकपुरते अयोध्यागमन पर्यन्त श्रीरघुनाथजी को विवाह देखि उछाह प्रशंसि विभव आनन्द लोकोत्तर वर्णन करि बारबार देवता फूल वर्षि २६ दोहार्थ॥ अत्यन्त सुखपाय निशान बाजा बजाय सुर इन्द्रादि अपने २ पुरन को चले मार्ग में परस्पर एक एकन ते श्रीरघुनाथजी को पावन यश कहत अरु प्रेम की उमंग हृदय में नहीं समात अश्रु आदि प्रकट ह्वै आवत २७॥

१८० सबविधि सबहिं समधि नरनाहू। रहा हृदयभरिपूरि उछाहू २८
जहँ रनिवास तहाँ पगुधारे। सहित वधूटिन कुँवर निहारे २९
लिये गोदकरि मोद समेता। को कहिसकै भयो सुख जेता ३०
वधू सप्रेम गोद बैठारी। बारबार हियहर्ष दुलारी ३१

देखि समाज मुदित रनिवासू। सबके उर आनँद किय वासू ३२
कह्यउ भूप जिमि भयउ विवाहू। सुनि सुनि हर्ष होहिं सब काहू ३३
जनकराज गुण शील बड़ाई। प्रीति रीति संपदा सुहाई ३४
बहुविधि भूप भाट जिमि बरणी। रानी सब प्रमुदित सुनि करणी ३५
दो० सुतनसमेत नहाइ नृप, बोलि विप्र गुरु ज्ञाति॥
भोजन कीन्ह अनेक विधि, घड़ी पांच गइ राति ३६

१८० संअधि समधि संसम्यक्प्रकारेण सं उपसर्ग को अर्थ है सम्पूर्ण प्रकार करिकै अरु अधि यथा सारस्वतप्रसादे ॥ अधिरध्ययनैश्वर्यवशित्वं एक अर्थ अध्ययन यथा विद्याध्ययन दूसरा अर्थ ऐश्वर्य यथा राजाधिराज तीसर वशित्व कहे आधीन यथा अधिदैवत दैवाधीन इत्यादि यहां अधि को अर्थ वशित्व लेने योग्य है यथा आदर दान सन्मान बिनती सनेहादि सब विधि ते छोटे बड़ेन को समधि अपने सनेहवश करि तब निश्चिन्त भये दानादि बाह्य व्यापार मिटा अब हृदय में केवल उछाह करिकै भरि पूरि रहा उत्सव को आनन्द हृदय में भरा है अर्थात् पूर्व दानवीरता की उत्साह रही तबतक उदारता करे अब केवल उत्साह रहिगयो २८ अब आनन्दवश प्रेम उमँग्यो तब जहां सब रनिवास हैं तहां पगुधारे महाराज गये तहां वधूटी पतोहुनसहित रघुनाथजीआदि कुँवरनको निहारे नेत्रनभरि देखे २९ प्रेम की उमंग ते मोद मन आनन्दसमेत चारिउ पुत्रन को गोद करि लियो गोद बैठावन में जितना सुख भयो तितना को ऐसो कवि है जो कहिसकै कहिकै पार पावै अर्थात् निज सुकृत वृक्ष सफल जानि असंख्य सुख भयो ताको कोऊ कैसे कहै ३० पुनः प्रेम की उमंगसहित वधू श्रीजानकी आदि पतोहुन को महाराज दशरथजी गोद में बैठारि लिये वात्सल्यभाव ते पांचै वर्ष की अवस्था देखत सो लालन पालन योग्य है ताते हृदय में हर्षसहित मीठे वचन कहि बारबार दुलारे ३१ पुत्र पतोहुन को लालन करते समय महाराजजी को शुद्ध प्रेम देखि सहित सब समाज रनिवास मुदित भई सबके उर में वही आनन्द आय वास कियो ऐसेही लालन करिबे को सबको मन भयो ३२ जिमि जाभांति ते सब कुमारन के विवाह भयो ताके साङ्गोपाङ्ग समग्र हाल जैसा भयो सो भूप दशरथजी सब आद्योपान्त कहे ताको सुनि सुनि समाज भरे में सबकाहू के मन में हर्ष होत ३३ जनक महाराज के गुण यथा॥ सत्य शौच दया विवेक विराग धैर्य स्थैर्य आदर दान सम्मान उदारता सुशीलतादि पुनः बड़ाई यथा॥ यश कीर्ति प्रताप-

योग सिद्धाई आदि महत्त्व पुनः प्रीति साङ्ग यथा ॥ प्रणय प्रेम आसक्ति पुनि लगन लाग अनुराग । नेहसहित सब प्रीति के जानब अङ्गविभाग इति पुनः प्रीतिको स्वरूप यथा ॥ भगवद्गुणदर्पणे ॥ अत्यंतभोग्यताबुद्धिरानुकूलादिशालिनी । परिपूर्णस्वरूपा या सा स्यात्प्रीतिरनुत्तमा ॥ पुनः प्रीति की रीति यथा ॥ ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यं वक्ति च पृच्छति । भुंक्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम् ॥ संपदा यथा राज्य कोश वाहन भूषण वसन धान्यादि इत्यादि सब सुहाई नाम सुन्दर जो परिपूर्ण है ३४ गुण कीर्ति यश प्रताप प्रतिष्ठादि यावत् जनकजी के हैं तिनको भूप दशरथजी जैसे भाट उपमा दैदै बहुविधि ते वर्णन करै जैसे उल्लेखालंकार एक में बहुत गुण तिनकी उपमा बहुतन को दै वर्णन करै यथा ॥ कवित्त ॥ क्षमा भू गँभीर सिंधु धीर गुरुता सुमेरु देवतरु दारधर्म भारधर शेशके । कौमुदी सुकीरति सुयश चंद्र भानुतेज सगुण कृपासफल धनिशधनेशके ॥ कपिलसे बोध शुद्धसम सनकादि भक्त ध्रुवसे अचल राजसमता सुरेशके । रानिनसों बैजनाथ भाषत अवधनाथ कहांलौं बखानौं गुण जनक नरेशके ॥ इत्यादि करणी जनकजी की कर्तव्यता सुनि रानी कौशल्यादि सब प्रमुदित मन में प्रसन्न भईं ३५ दोहार्थ ॥ पुनः श्रीरामादि पुत्रनसमेत नृप दशरथजी स्नान कीन्ह पुनः वामदेवादि विप्र विश्वामित्र गुरु वशिष्ठजी पुनः ज्ञाति वंश वर्णादि सबको बोलाइ यथायोग्य आसन बैठारि विविध व्यञ्जन पकवानादि पनवारन में परसि सबके सङ्गही पुत्रन समेत महाराज भोजन कीन्ह तबतक पांच घड़ी राति गई ३६ ॥

१८१ मङ्गल गान करहिं वर भामिनि । भइ सुखमूल मनोहर यामिनि ३७
अँचै पान सबकाहू पाये । स्रग सुगन्ध भूषित छबिछाये ३८
रामहिं देखि रजायसु पाई । निजनिज भवन चले शिर नाई ३९
प्रेम प्रमोद विनोद बड़ाई । समय समाज मनोहरताई ४०
कहि न सकहिं शत शारद शेशू । वेद विरञ्चि महेश गणेशू ४१
सो मैं कहौं कौनि विधि बरणी । भूमिनाग शिर धरै कि धरणी ४२
नृप सब भांति सबहिं सनमानी । कहि मृदु वचन बुलाई रानी ४३
वधू लरिकनी परघर आईं । राखेहु पलकनयन की नाईं ४४

दो० लरिका श्रमित उनींदवश, शयन करावहु जाइ ॥
असं कहि गे विश्रामगृह, रामचरण चित लाइ ४५

१८१ तासमय में वर उत्तम भामिनी स्त्री सुन्दर मङ्गलगीत गान करत

इत्यादि उत्सव अधिकार ताते यामिनि जो है रात्रि सो मन को हरणहारी सब सुख की मूल भई पतोहें घर में आईं ३७ स्रग फूल माल सुगन्ध अतरआदि अरु स्वर्णमालादि भूषण करिके भूषित सब समाज छवि ते छाई ते भोजनकरि अँचैसब काहू पान पाये वा कैसे पान हैं केवड़ाआदि समूह सुगन्ध भरे खैरआदि पीसा मसाला परा भूषित सोने के वर्क लपेटे इति छवि छाये हैं ३८ श्रीरघुनाथजी को नेत्रन भरि देखि महाराज की रजायसु आज्ञा पाय कै शिर नाय सब अपने २ घरन को चले ३९ प्रेम को प्रकर्ष मोद मानसी आनन्द विनोद आनन्दमय लीला वड़ाई द्वौ दिशि की प्रशंसा तासमय में समाज की मनोहरताई सब वस्तु की सुन्दरतादि ४० इत्यादि को वखान जो शेष शारदा वेद विरञ्चि ब्रह्मा महेश गणेशादि यावत् समर्थाचार्य हैं ते शत सैकरन होइँ तेऊ न कहिसकैं ४१ कवि की उक्ति कि सोई सुख समाजादि प्राकृत कवि मैं कैसे कहौं काहे ते जो शेषजी के योग्य सो धरणी पृथ्वी को क्या भूमिपर के नाग धरि सकत अर्थात् नहीं धरि सकते हैं ४२ नृप दशरथजी दान आदरादि सब विधि ते सबहिन को सन्मानि उत्तम रीति ते मान राखि पुनः मृदु कोमल वचन कहिकै रानी कौशल्यादिकन को बुलाये ४३ महाराज कहे कि वधू लरिकनी हैं अर्थात् माता पिता के समीप दुलारी प्रौढ़ा ते रीति ते रहिरहीं अब परारे घर को आईं सो लज्जाभय ते शोकित होइँगी ताते इनको पलक नयन की नाईं यथा पलक नेत्रन की रक्षा राखत सोवत में अपने अन्तर राखत तैसे ही तुम इनकी रक्षा पालन राखेहु ४४ दोहार्थ ॥ लरिका श्रमित मार्ग के थके उनींदवश औंघाने हैं इनको जाइ शयन करावहु शय्यापर पौढ़ावहु ऐसा कहिकै श्रीरामपदकञ्ज में चित्त लगाइ पुनः विश्राम शयन घर को गये इहां पुत्र पतोह एकत्र पाइ वात्सल्यरसपूर्ण ह्वै थिरता पायो अरु ऋषिमखरक्षण अहल्यातारण धनुर्भङ्ग परशुराम पराजयादि ऐश्वर्य विभाव देखि शान्तरस उद्दीपन भयो ताते चरण में चित्त लगाये ४५ ॥

१८२ भूपवचन सुनि सहज सुहाये । जटित कनक मणि पलँग डसाये ४६
सुभग सुरभि पयफेन समाना । कोमल कलित सफेदी नाना ४७
उपबरहण. बर बरणि न जाहीं । स्रगसुगंध मणिमन्दिर माहीं ४८
रतनदीप सुठि चारु चँदोवा । कहत न बनै जान जिन जोवा ४९
सेज रुचिर रचि राम उठाये । प्रेमसमेत पलँग पौढ़ाये ५०
आज्ञा पुनि पुनि भाइन दीन्हे । निजनिज सेज शयन सब कीन्हे ५१

देखि श्याम मृदु मञ्जुल गाता। कहहिं सप्रेम वचन सब माता ५२
मारग जात भयानक भारी। क्यहि विधि तात ताड़का मारी ५३
दो० घोर निशाचर विकट भट, समर गनैं नहिं काहु॥
मारे सहित सहाय किमि, खल मारीच सुबाहु ५४

१८२ भूप दशरथजी के वचन सुनि जे सहज ही में सुहाये सुन्दर सोने के पावा मणिजटित विचित्र विद्रुम की पाटी नेवार सों बीने ऐसे सुन्दर पलँग डसाये तिन पर बिछावन बिछाये ४६ कैसा बिछौना सुभग सुन्दर ऐश्वर्यसहित कैसो सुभग सो कहत कि सुरभिपय गौ को दूध ताके फेनसमान तौ कोमल सोऊ नाना अनेक भांति की सफेदी कोमल नवीन चादरें ऊपर अरु धुनकी नवीन रुई जामें मोटी भरी ऐसी विचित्र तोशक नीचे सुन्दर कलित नाम रचित पावन में रेशम कलाबत्तूमय डोरी खैंची ४७ उपवर्हण तकिया शिरहने बगली पायँनतर की गलसुआदि ऐसी सुन्दरी जो वर्णी नहीं जात मणिरचित मन्दिरके अन्तर जहां स्रग् फूलमालन की सुगन्ध छाई है ४८ हीरा आदि बहुमणियुक्तनकी रत्नसंज्ञा यथा॥ मुक्ताफलं हिरण्यं च वैडूर्यं पद्मरागकम्। पुष्परागं च गोमेदं नीलं गारुत्मकं तथा॥ प्रवालयुक्तान्युक्तानि महारत्नानि वै नवेति॥ इत्यादि रत्नन के दीप ताको सदा प्रकाश है सुठि चारु अत्यन्त सुन्दर चँदोवा अर्थात् जरतारी कामदार किरणिन की झालरि लगीं ऊपर तने हैं तिनकी शोभा कहत नहीं बनत जो कोऊ जोवा नाम देखा होइ सो जानै कहै ४६ रुचिर सुन्दर शय्या रचि पुनः श्रीरघुनाथजी को उठाये वात्सल्य प्रेमसहित पलँगपर पौढ़ाये छोटे भाई भरतादि वैठे हैं ५० तव प्रभु भाइन को पहुड़ने की बारबार कई बार आज्ञा दीन्हे तव सब भाइन निज अपनी अपनी सेज पर जाइ शयन कीन्ह ५१ जब प्रभु को पौढ़े देखे तव ताड़कावधादि की सुधि करि प्रभु को श्यामल कोमल सुन्दर गात देखि विस्मयभया ताते सब माता प्रेमसहित वचन कहि पूछती हैं ५२ हे तात! तुम्हारो कोमल गात है अरु मार्ग जातसमय भारीतनु भयानकचेष्टा सबल ताड़का मिली ताको तुम क्यहि विधि ते मारे ५३ दोहार्थ॥ मुनिमखरक्षा समय रणसम्मुख घोर भयंकर निशाचर आये विकट भट कठिन योद्धा जे अपनी वीरता के आगे समर में देव दैत्य नर नागादि काहू को वीर करि नहीं गनते रहे तिन खल मारीच सुबाहु को सहाय सेनासहित तुम कोमल करते किमि कैसे मारे ५४॥

१८३ मुनिप्रसाद बलि तात तुम्हारी। ईश अनेक करिवरै टारी ५५

मखरखवारि करी द्वौ भाई। गुरुप्रसाद सब विद्या पाई ५६
मुनितिय तरी लगत पगधूरी। कीरति रही भुवन भरिपूरी ५७
कमठपीठि पविकूट कठोरा। नृपसमाज महँ शिवधनु तोरा ५८
विश्वविजय यश जानकि पाई। आये भवन ब्याहि सब भाई ५९
सकल अमानुषकर्म तुम्हारे। केवल कौशिक कृपा सुधारे ६०
आजु सफल जग जन्म हमारा। देखि तात विधुवदन तुम्हारा ६१
जे दिन गये तुमहिं बिन देखे। ते विरञ्चि जनि पारहिं लेखे ६२
दो० राम प्रतोषी मातु सब, कहि विनीत वर बैन॥
सुमिरि शंभु गुरु विप्रपद, किये नींदवश नैन ६३

१८३ इन बातों को जब प्रभु उत्तर न दियो अपने मुख ते अपनी करणी कहना अयोग्य जाने तब माता अनुमान करि अपने ही वचनन ते बोध करती हैं कि ये काम सब अविधि भये काहेते लोह ते काठ को काटना विधि है अरु काठ ते लोह काटना अविधि है तहां अग्नि की सहायता ते काठ भी लोह को काटिसकत तथा मुनि की सहायता ते सब कार्य सिद्ध भयो सो कहत कि मैं बलिजाउँ हे तात! मुनिप्रसाद विश्वामित्र की कृपा ते तुम्हारी अनेक करिवैरे शत्रुघातादि बाधा तिनको ईश्वर टारिदीन बचाइ लीन ५५ काहेते मुनिप्रसाद विश्वामित्र की कृपा ते सब बाणविद्या पायो पुनः दोऊ भाई यज्ञ की रखवारी करि सबल राक्षसन को मारे इति बाहुबल ते अमलयश भयो ५६ तुम्हारे पग की धूरि लागे ते गौतम मुनि की त्रिया अहल्या तरी सुगतिदान ते उज्ज्वल कीर्ति भई सो भुवन में भरिपूरि रही फैली है ५७ कमठ कछुवा ताकी पीठसम चीमर पुनः पविकूट वज्र के शिखरसम कठोर गरू यथा॥ कूटोऽस्त्री शिखरं शृङ्गम् इत्यमरः ऐसा कठोर गरू शिव को धनुष नृपसमाज में कोऊ टारि न सका ताको तुम तोरिडारा ५८ तेहि धनुष तोरेते इतना लाभ कि विश्व संसार विना युद्ध ही जयप्राप्ति पुनः उत्तम यश अरु जानकी पायो पुनः सब भाई ब्याहि आनन्द समेत घर को आयो ५९ मारीच सुबाहु को वध अहल्यातारण धनुर्भङ्ग परशुराम की पराजय इत्यादि सकल कर्म तुम्हारे अमानुष्य हैं मनुष्यन करिकै नहीं ह्वै सकत काहेते ईश्वरी शक्ति के कर्म हैं भाव तुम परब्रह्म हो ये विवेक दृढ़ता के वचन हैं पुनः वात्सल्यता ते कहत कि तुम कोमल तनु तिनको ये कर्म तिर्पट रहैं सो केवल विश्वामित्रजी की कृपा ने

सुधारि दिये ६० हे तात ! तुम्हारा विधुवदन मुखचन्द्र देखि आजु जग में हमारा जन्म सफल भया ६१ अरु तुमहिं विना देखे जे दिन बीति गये ते दिन विरञ्चि ब्रह्मा लेखे में न पारहिं हमारी आयु में न पारैं काहेते ये दिन वृथा गये तहां कौशल्याजी तौ इतने ही दिन कहे जो कुवारकृष्ण द्वादशी को विश्वामित्र के साथ गये तब ते माघकृष्ण द्वितीया को ब्याहि के घर आये तीनिमास बीसदिन अरु प्रभु ने तौ कौशल्याजी के जन्म ते अरु प्रभु के अवतार पर्यंत पुनः ब्याहादिन वनवासादिन ये सब दिन कौशल्या की आयु में नहीं मोजरे भये काहेते त्रेता में दशहजार वर्ष की आयु होत अरु इहां जबतक प्रभु प्रसिद्ध रहे तबतक कौशल्याजी बनी रही हैं ६२ दोहार्थ॥ विनीत नम्रतासहित अर्थात् हम बालक आपके सेवक हैं पुनः वर बैन अर्थात् आपको मनोरथ सब सिद्ध है इत्यादि विनीत श्रेष्ठ वचन कहि श्रीरघुनाथजी कौशल्यादि मातन को प्रतोषी दृढ़ सन्तोष दीन शम्भु स्वप्न में सत्य बात दर्शावत गुरु परमार्थ उपदेशी विप्र वेद धर्मपर आरूढ़ ह्वै सबको उपदेशत इत्यादि के पद सुमिरि लोकशिक्षा दै पुनः नेत्र नींदवश कीन्हे ६३ ॥

१८४उनिदहु वदन सोह सुठिलोना। मनहुँसांझसरसीरुहसोना ६४
घरघर करहिं जागरण नारी। देहिं परस्पर मङ्गल गारी ६५
पुरी विराजत राजत रजनी। रानी कहैं विलोकहु सजनी ६६
सुन्दरि वधू सासु लै सोई। फणिपति शिर जनु उर मणिगोई ६७
प्रात पुनीत काल प्रभु जागे। अरुणचूड़ वर बोलन लागे ६८
वन्दी मागध गुणगण गाये। पुरजन द्वार जुहारन आये ६९
वन्दि विप्र सुर गुरु पितु माता। पाइ अशीष मुदित सब भ्राता ७०
जननी सादर वदन निहारे। भूपति संग द्वार पगुधारे ७१
दो० कीन्ह शौच सब सहज शुचि, सरित पुनीत नहाइ ॥
प्रात क्रिया करि तात पहँ, आये चारिउ भाइ ७२

१८४ उनींदहु वदन ओंघाईसहित संपुटित चेष्टामय मुख सुठि लोना अत्यन्त लावण्यता भरा सोहत है कैसा मानहुँ सांझ समय में सोना सरसीरुह लाल कमल सोहत जाग्रत अवस्था रवि अस्त शय्या सर मुख कमल है ६४ पुर नारी घर घर में जागरण करती हैं बाजा बजाइ मङ्गलगीत गान में परस्पर आपस में उचित गारी देतीं यथा॥ भाउज नन्द को भाइन

को लगाइ ६५ माघकृष्ण द्वितीया को दुइ घड़ी बादि रात्रि भरि की चांदनी सहित रजनी रात्रि प्रकाशमय राजत शोभादेत तथा मङ्गल गानादि उत्सवमय पुरी विराजति विशेष शोभा देत सो विचारि नारी परस्पर कहत हे सजनी यह शोभा विलोकहु यह आनन्दमय रात्रि जागबे योग्य है ६६ सुन्दरी वधू पतोहुन को उर में लगाइ सब सासुइ सोईं कौनी प्रीति ते मानहुँ फणिपति सर्प अपने शीश की मणि लै उर अन्तर में गोईं गुप्तराखि यहि भांति रात्रि व्यतीत भई ६७ रात्रि व्यतीत होत अरुणचूड़ कुक्कुट वर श्रेष्ठ वचन बोलने लगे सो सुनि पुनीतकाल दुइ दण्ड रात्रि रहे इति प्रात प्रभु जागे ६८ तासमय में वन्दी भाट अरु मागध वंशप्रशंसक ते प्रभु के गुणन के गण गायरहे हैं अरु पुरवासीजन महाराज के जुहारन वन्दना करिबे हेतु राजद्वार पर आये ६९ प्रभु उठिकै ब्राह्मणन के देवन के गुरु वशिष्ठ विश्वामित्र के कौशल्यादि मातन के पिता की वन्दना करि सबसन अशीष पाइ सब भाइनसहित प्रभु मन में प्रसन्न भये ७० जननी कौशल्या चारिउ भाइन को आदर दुलारसहित वदन मुख नेत्रन भरि निहारे पुनः भूपति दशरथजी के संग चारिउ भाई द्वार पगुधारे सभा मन्दिर को आये ७१ दोहार्थ ॥ पुनः जे प्रभु सहज ही में शुचि पवित्र हैं ते दिशा कुल्ला दतूनि आदि शौच क्रिया कीन्ह पुनः पुनीत सरित सरयूजी में नहाइ प्रातक्रिया पूजा पाठादि करि तातपहँ पिता के पास चारिउ भाई आये ७२ ॥

१८५ भूप विलोकि लिये उर लाई। बैठे हर्षि रजायसु पाई ७३
देखि राम सब सभा जुड़ानी। लोचनलाभ अवधि अनुमानी ७४
पुनि वशिष्ठ मुनि कौशिक आये। आसन सुभग मुनिन बैठाये ७५
सुतनसमेत पूजि पद लागे। निरखि राम दुउ गुरु अनुरागे ७६
कहहिं वशिष्ठ धर्म इतिहासा। सुनहिं महीप सहित रनिवासा ७७
मुनिमनअगम गाधिसुत करणी। मुदित वशिष्ठ विपुलविधिवरणी ७८
बोले वामदेव सब साँची। कीरति कलित लोक तिहुँ माँची ७९
सुनि आनन्द भयो सब काहू। राम लषण उर अधिक उछाहू ८०
दो० मङ्गल मोद उछाह नित, जाहिं दिवस यहि भांति ॥
उमँगि अवध आनन्द भरि, अधिक अधिक अधिकाति ८१

१८५ भूप दशरथ महाराज विलोकि देखि चारिउ पुत्रन को उर

छातीमें लगाइ लियो पुनः कहे कि बैठौ इति रजायसु पिताकी आज्ञापाइ हर्षिकै सबभाई बैठे ७३ श्रीरघुनाथजी के श्यामतनुकी माधुरी देखि लोचन नेत्रनके लाभकी अवधि हद्द अनुमानि विचारि सबसभा जुड़ानी उरशीतल भयो ७४ पुनः वशिष्ठमुनि अरु कौशिक विश्वामित्रजी सभाको आये तिनको प्रणामकरि पुनः सुभग सुन्दर ऐश्वर्यवान् आसनपर मुनिनको महाराज बैठाये ७५ पुत्रनसमेत महाराजने वशिष्ठ विश्वामित्रजीकी पूजाकरि पदलागे प्रणामकीन्हे पुनः श्रीरामरूपकी माधुरी नेत्रनभरि देखि दोऊ गुरुवशिष्ठ विश्वामित्र अनुरागे श्रीरामप्रीतिमें नेत्र मनरँगिगये ७६ सभामें वशिष्ठजी धर्मके इतिहास जो पुराण संहिता आदिकनमें धर्मकी रीतिहै सो कहत ताको रनिवास पुत्रनसहित महीप दशरथजी श्रद्धासहित सुनते हैं ७७ पुनः जो अपर मुनिनको करने की को कहै मनमें मनोरथ करबे में अगम है ऐसी करनी तपोबल क्षत्रीते ब्राह्मण होना दूसरी सृष्टिनिर्माण करना बिना बलिदान यज्ञपूर्ण करना इत्यादि कर्तव्यता गाधिसुत विश्वामित्रकी ताको मुदित, आनंदमनते विपुल बहुत विधिते वशिष्ठजी वर्णनकीन्हे ७८ वामदेवजी बोले कि जो वशिष्ठ जी कहते हैं सो प्रत्यक्षर सबसांची है काहेते विश्वामित्रजी की जो कीरतिहै सो कलित बाल्मीकिजी की रचित रामायणद्वारा तीनिहूंलोकनमें मची है सुर नर नागादि सबलोकन में ठौर ठौर गाइरहे हैं ७९ विश्वामित्रजी की प्रशंसासुनि सबकाहू सब सभा भरे के जनन के मनमें आनन्द भयो परंतु निज गुरुकी प्रशंसा सुनि श्रीराम लषण के उरमें सबते अधिक उत्साह भई धन लुटाइबेकी उदारताआई ८० मंगल प्रसिद्ध आनंद मोद मानसी आनंद उछाह उत्सवादि नित्यही रहत याहीविधिते दिनरात्रि बीततजात काहेते अयोध्याजीमें आनंदभरिकै उमँगि प्रतिदिन अधिक अधिक अधिकात जात यथा माड़व सेरुवावन सुघरी कुलदेव पूजन पतोहुनको प्रथम रसोई करनादि ८१ ॥

१८६ सुदिन साधिकर कंकणछोरे । मंगल मोद विनोद न थोरे ८२
नितनव सुख सुर देखि सिहाहीं । अवध जन्म याचहिं बिधि पाहीं ८३
विश्वामित्र चलन नित चहहीं । राम सप्रेम बिनय बश रहहीं ८४
दिन दिन सौगुण भूपतिभाऊ । देखि सराह महा मुनि राऊ ८५
मांगत बिदा राउ अनुरागे । सुतन समेत ठाढ़ भे आगे ८६
नाथ सकल संपदा तुम्हारी । मैं सेवक समेत सुतचारी ८७
करब सदा लरिकन पर छोहू । दरशन देत रहब मुनि मोहू ८८

अस कहि राउ सहित सुत नारी। परे चरण भरि लोचनबारी ८९
दीन्ह अशीष ऋषय बहु भाँती। चले न प्रीति रीति कहिजाती ९०
राम सप्रेम संग सब भाई। आयसु पाइ फिरे पहुंचाई ९१
दो० रामरूप भूपति भगति, ब्याह उछाह अनंद॥
जात सराहत मनहिं मन, मुदित गाधिकुलचंद ९२

१८६ माघकृष्णसप्तमी गुरुबार हस्त इति सुदिनशोधि बिचारि सबराजकुमारनके कंकणछोरे कौनभांति मंगलगान बाजादि मोद मानसी आनंद बिनोद आनंदमय लीलादि सब अधिक थोरे नहीं ८२ प्रतिदिन उत्सवते नितनवा सुखहोत ताको देखि सुर इन्द्रादिदेवता सिहात ललचात ताते बिधि पाहीं ब्रह्मात याचत मांगत कि हमाराजन्म अयोध्याजीमें होइ तामें सजाती ह्वै नेत्रनभरि उत्सवदेखैं ८३ कुछ दिन बीते तब विश्वामित्रजी नित्यहीजाने की तैयारी करत जबै चलनचाहत तबै प्रभु बिनतीकरि राखिछांड़त इति रघुनाथजी के प्रेमते बिनतीबश प्रेम सहित बिनतीसुनि रहिजातेहैं ८४ दिन प्रति आजुतेकालिह सौ गुणा इत्यादि भूपति दशरथजीको प्रेमभाव देखि महामुनि विश्वामित्रजी राउ दशरथजीको सराहत शील उदारतादि स्वभाव की प्रशंसाकरत ८५ जब तैयारी करि विश्वामित्रजी बिदामांगे हे राजन् बहुतदिन बीते अब बिदाकरो सो सुनि राउ दशरथजी अनुरागे प्रीतिते सर्वांग भरिगये श्रीरामादि पुत्रनसमेत विश्वामित्रजीके आगे ठाढ़भये ८६ महाराज बोले कि हे नाथ वाहन भूषण राज कोशादि मेरे यावत् संपदाहै सो सकल तुम्हारीहै अरु चारिहू पुत्रनसमेत मैं आपको सेवकहौं ऐसा जानि ८७ सेवक मानि लरिकनपर सदा छोह करब मयाराखब पुनः हे मुनि मोकोभी दर्शन देत रहब अर्थात् इहां कृपाकरि आवाकरब भुलाइ न देब ८८ ऐसा पूर्बवत्काहि पुनः राउ दशरथजी श्रीरघुनाथ आदि पुत्र कौशल्यादि रानिन सहित लोचन नेत्रनमें बारि अश्रुजलभरे मुनि विश्वामित्र के पांयनपरे ८९ प्रणाम करतमें ऋषि विश्वामित्रजी बहुत भांति यथा आनंदते सर्वांग राज्य परिपूर्ण परिवार कुशल पौत्रधन बढ़ै इत्यादि महाराजको आशीर्बाददीन पुनः जब चले तासमय जो फिरि अवलोकनि बिह्वलता आंशुआदि प्रीतिकी रीति है सो कही नहीं जात ९० पुनः सब भाइन सहितश्रीरघुनाथजी कुछ दूरि पहुंचाइ पुनः मुनिकी आयसु आज्ञा पाइ प्रणाम करि फिरे लौटिआये ९१ श्रीरघुनाथजी श्यामसुन्दर रूपकी माधुरी अरु प्रेम सहित सेवा शुश्रूषामान्यतादि भूपति दशरथजी की भक्ति पुनः श्रीरामादि ब्याहउत्सवमें जो आनंद

भयो इत्यादिकनको गाधिकुलमें चंद्र विश्वामित्रजी आनंद मनहीं मन अंतर में सराहत प्रशंसा करत चले जात ९२ ॥

१८७ बामदेवअरुकुलगुरुज्ञानी। बहुरि गाधिसुत कथा बखानी ९३
सुनि मुनि सुयश मनहिं मन राऊ। बरणत आपनपुण्यप्रभाऊ ९४
बहुरे लोग रजायसु भयऊ। सुतन समेत राउ गृह गयऊ ९५
जहँ तहँ राम ब्याह सब गावा। सुयश पुनीत लोक तिहुं छावा ९६
आये ब्याहि राम घर जबते। बसे अनंद अवध सब तबते ९७
प्रभु बिवाह जस भयो उछाहू। सकहिं न बरणि गिराअहिनाहू ९८
कबिकुल जीवन पावन जानी। राम सीययश मंगल खानी ९९
त्यहिते मैं कछु कहा बखानी। करन पुनीत हेतु निजबानी १००

छंद० निज गिरा पावन करन कारन रामयश तुलसी कह्यो॥
रघुबीर चरित अपार बारिधि पार कबि कौने लह्यो १०१
उपबीत ब्याह उछाह मंगल सुनि जे सादर गावहीं॥
बैदेहि राम प्रसाद ते नर सर्बदा सुख पावहीं १०२

सो० सिय रघुबीर बिवाह, जे सप्रेम गावहिं सुनहिं॥
तिनकर सदा उछाह, मंगलायतन रामयश १०३

इति श्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने बालकाण्डे
विमलवैराग्यसंपादनोनाम प्रथमः सोपानस्समाप्तः॥

१८७ जब विश्वामित्र गये पीछे वामदेव अरु रघुकुल के गुरुज्ञानी वशिष्ठ जी ये दोऊ वहुरि गाधिसुत विश्वामित्रजीकी करणीकी कथा बखानी बिस्तार ते कहे ९३ मुनि विश्वामित्रजी को सुंदरयश सुनि महाराज मनहीं मन उरांतरमें अपनी पुण्य को प्रभाव अर्थात् मेरी वड़ी पुण्य उदय होत भई जाते विश्वामित्रजी दर्शनदै समग्र सुख को हेतु भये इत्यादि वर्णत ९४ यावत् जन साथरहैं तिनको घरन जाने की महाराजकी रजायसु आज्ञा भई सो सुनि लोग वहुरे घरन को गये अरु पुत्रन समेत राव दशरथजी गृहघर को गये ९५ श्रीरघुनाथजी के ब्याहउत्सव आनंद को जहां तहां ठौर ठौर सब गावत परस्पर कहत सुनत ताते पुनीत पवित्र सुयश तीनोंलोकमें छावाहै ९६ श्रीरघुनाथजी ब्याहि श्रीजानकीजी सहित घरको आये तबते सब भांति के आनंद अयोध्याजीमें बसे यद्यपि आनंदरूप रघुनाथजी हैं परंतु जहां मंगल होत

तहैं आनंद थिर होत सो मंगलमूर्ति किशोरीजी मिथिला में रहैं सो जब अयोध्यामें आईं तब थिरह्वैके आनंदबसे वा किंचित् बाधाभय रहै जब राक्षसनको मारि परशुरामको परास्तकरि त्रिलोक बिजयी धनुषतोरि ब्याहि घर आये तबते आनंद सहित सब पुरबासी बसे ९७ प्रभु रघुनाथजीके ब्याहमें जो उछाह आनंद भयो सो सम्पूर्णशेष शारदा नहीं वर्णन करिसकत ताको कोऊ और कैसे कहै गिरा शारदा अहिनाह शेष ९८ श्रीराम जानकी को लोकपुनीत कर्त्ता पावनयश मंगलकी खानि जाके गाये सुनेते मंगल जो प्रसिद्ध उत्सवते होतही रहत पुनः कविनके कुलको जीवनहै अर्थात् यावत् कवि कुछ काव्य करे तिनमें रामयश अवश्यही होई अरु जहां रामयश नहीं वह काव्य वृथा है यथा पद्मेशिववाक्यं॥ न तत्पुराणो न हि यत्र रामो यस्यां न रामो न च संहिता सा। स नेतिहासो न हि यत्र रामः काव्यं न तत्स्यान्नहि यत्र रामः॥ शास्त्रं न तत्स्यान्नहि यत्र रामस्तीर्थं न तद्यत्र न रामचंद्रः। यागः स आगो न हि यत्र रामो योगः स रोगो न हि यत्र रामः॥ न सा सभा यत्र न रामचंद्रः कालोप्यकालः कलिरेव सोस्ति॥ संकीर्त्यते यत्र न रामदेवो विद्याप्यविद्या रहितात्वनेन। स्थानं भयस्थं न हि रामकीर्तिं रामेति नामामृतशून्यमास्यं॥ सर्पालयं प्रेतगृहं गृहं तद्यत्रार्चते नैव महेन्द्रपूजा। इत्यादिकनते ऐसाजानि ९९ पूर्वजानि त्यहिते मैं भी अपनी वाणी पुनीत करने हेतु कुछ थोरा राम जानकी को यश बखानिकै कह्यों निजमति अनुहार कहेउँ १०० निजगिरा अपनी वाणी पावन पवित्र करनेके कारण श्रीसीतारामजी को अमलपावन यश तुलसी कहेउ अपनी बुद्धि अनुसार जो कुछ बना सो वर्णन कीन्ह अरु रघुवीर को चरित तौ अपार वारिधि समुद्र है तामें कौने कविने पारलह्यो व्यास बाल्मीकि शेष शारदा शिव ब्रह्मादि को रामचरितको पार पावा कोऊ नहीं पारपावा तथा मैं भी पिपीलवत् किनारे बूड़त उतरातहौं १०१ कविको आशीर्वाद है कि श्री रघुनाथजीके जन्मते यज्ञोपवीतपर्यंत जो बाललीला है पुनः विद्यावान् शिक्षा अश्वारोहण मृगयादि ब्याहपर्यन्त पौगंड किशोरतक जो लीला तामें जन्म नामकरण कर्णबेध यज्ञोपवीत ब्याहादि जो उछाह है इत्यादिके बीच मिलान लीला सो मंगल है इत्यादिकी श्रद्धा प्रेम सहित जे सुनहिं या गानकरहिं ते श्रीजानकी रघुनाथजीके प्रसाद कृपाते आविकनर सदा सर्वदा संपूर्णसुख पावहिं १०२ श्रीरघुनंदन जानकीजी को केवल विवाह लीला अर्थात् विश्वामित्रगमनते अंतपर्यंतउत्तरार्द्धकांड मंगलको आयतन घर जो श्रीरामयश ताको प्रेम सहित जे जन गावहिं वा सुनहिं तिनको सदा उछाह प्राप्तरहै १०३ पद॥ देखन योग्य सियादुलहीरी॥ सुखमासत्य शृंगाररसार लै रचतनवल विधिबुद्धि

गहीरी १ कुंदनवरतड़ित निवछावरि सब सुठौर जस अंगवहीरी ॥ खुलत करोरि चंद्रआननद्युति छहरि छोनि सखि चकिसि रहीरी २ थिर चित शांत सुभाव शीलमय बैनश्री उरलाजमहीरी ॥ सासु सनंद बधूमुख देखन नेम योगऋधि सिधि न लहीरी ३ कनकालय केकयी सुमित्रा सुतसेवाहित दीन लहीरी ॥ भूषण रामरतन कौशल्यादियगुमानसुरनारिचहीरी ४ माघ हस्त गुरु अश्विन सप्तमी बधू सूफरु सासु कहीरी ॥ मज्जन शुचिह्वै शुद्ध वसन साजि अशन शाल बिधि शोधतहीरी ५ छरस तूर्य बिधि बहु व्यंजनकै बैठे सब धरि पीढ़महीरी ॥ थाराशिष्ठ भूप राघवदै भरत लषण पुनि रिपुहनहीरी ६ मुनि प्रेरित नृप चूड़ामणिहि करि भोजन जग द्वारबहीरी ॥ सासु खवाय दास दासिनदै आपु बहिनि सह ग्रास लहीरी ७ सुखमय तल्पकंज मानस ये सहसमाज समयासुयहीरी ॥ अंस बांह दै लाल प्रियासह बैजनाथ बसिहौ कबहीरी ८

दो० श्रुति श्रुति अंक मयंक शर पौष शुक्लपूर्णमास ॥ गुरुवासर मृगशीर्ष में भूषण बाल समाप्त ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमासियवल्लभपदशरणागतवैजनाथविरचिते श्रीरामचरितमानसभूषणे सप्तपंचाशत्प्रकाशः ५७ ॥

इति बालकाण्डस्समाप्तः ॥